# श्रीरामचरितमानस

टीकाकार : महाराज करुणासिंधु

टीकाकार

**महाराज करुणासिंधु**

# श्रीरामचरितमानस

रामचरितमानस तुलसीदास की सबसे प्रमुख कृति है। इसकी रचना सं. 1631 ई. की रामनवमी को अयोध्या में प्रारम्भ हुई थी किन्तु इसका कुछ अंश काशी ( वर्तमान वाराणसी ) में भी निर्मित हुआ था, यह ध्वनि इसके किष्किन्धा काण्ड के प्रारम्भ में आने वाले एक सोरठे से निकलती है।

घर-घर में 'रामचरितमानस' का पाठ पिछली साढ़े तीन शताब्दियों से बराबर होता आ रहा है और इसे एक धर्मग्रन्थ के रूप में देखा जाता है। इसके आधार पर गाँव-गाँव में प्रतिवर्ष रामलीलाओं का भी आयोजन किया जाता है। फलतः जैसा विदेशी विद्वानों ने भी स्वीकार किया है, उत्तरी भारत का यह सबसे लोकप्रिय ग्रन्थ है और इसने जीवन के समस्त क्षेत्रों में उच्चाशयता लाने में सफलता प्राप्त की है।

तुलसीदास ने राम तथा उनके भक्तों के चरित्र में ऐसी कौन-सी विलक्षणता उपस्थित की है, जिससे उनकी इस कृति को इतनी अधिक लोकप्रियता प्राप्त हुई है? तुलसीदास की इस रचना में अनेक दुर्लभ गुण हैं जिससे उनकी इस कृति को इतनी अधिक मान्यता मिली।

तुलसीदास की इस रचना में अनेक दुर्लभ गुण हैं किन्तु कदाचित् अपने

*शेष अगले फ्लैप पर*

रामचरि
सबसे प्र
सं. 16
अयोध्य
इसका
वाराण
यह ध्व
के प्रा
से निव
घर-घ
पाठ ि
से बर
एक ध
है। इस
प्रतिव
आयो
जैसा
किय
सबसे
जीव
उच्च
की है
तुल
के
विल
उनव
लोव
तुल
दुर्ल
कृि
मित
तुल
दुल

श्रीमद्गोस्वामी तुलसीदास कृत

# श्रीरामचरितमानस

टीकाकार

**महाराज करुणासिंधु**

**लोकभारती प्रकाशन**

पहली मंजिल, दरबारी बिल्डिंग, महात्मा गाँधी मार्ग, इलाहाबाद-१

रामचरितमानस की प्रस्तुत टीका का प्रकाशन अयोध्या शोध संस्थान द्वारा प्रदत्त वित्तीय सहायता से किया गया है। इसमें उल्लिखित तथ्यों एवं अभिव्यक्त विचार लेखक के है—अयोध्या शोध संस्थान के नहीं।

**अयोध्या शोध संस्थान**

**की ओर से**

**लोकभारती प्रकाशन**

**पहली मंजिल, दरबारी बिल्डिंग, महात्मा गाँधी मार्ग, इलाहाबाद-211 001**

**वेबसाइट : www.lokbhartiprakashan.com**

**ई-मेल : info@lokbhartiprakashan.com**

**शाखाएँ**

**1-बी, नेताजी सुभाष मार्ग, दरियागंज, नयी दिल्ली-110 002**

**अशोक राजपथ, साइन्स कॉलेज के सामने, पटना-800 006 (बिहार)**

**36-ए, शेक्सपियर सरणी, कोलकाता-700 017**

**मूल्य : ₹ 2500**

**प्रथम संस्करण** : 2018

**ग्राफिक ऑफसेट,** इलाहाबाद द्वारा मुद्रित

SHREE RAMCHARITMANAS
Annotation by Maharaj Karuna Sindhu

ISBN : 978-93-86863-66-9

# श्रीरामचरितमानस

## अनुक्रमणिका

श्रीरामचरितमानस
श्रीमद्गोस्वामी तुलसीदास कृत

# ॥रामायण तुलसीदासकृत सटीक॥

## ॥बालकाण्ड॥

श्रीगणेशायनमः॥ श्लोकार्थ॥ ग्रन्थके प्रथम श्लोकके आदि चरणमेंमगनगन पर्‍योहै सोतीनिहूं अक्षर दीर्घहैं वर्णानां सो शेषके मणितेउत्पन्न भयो है ताको देवता महिजानब दिब्य गुणको उत्पन्नकरत है पुनिश्लोक के दूसरेचरणमें यगनगन पर्‍योहै रसानांसो शेषके हृदयतेहै जलदेवताहै पुनि भाषाजब कियो तबप्रथमसोरठामें भगनगनपरेउहै सो शेषके फणितेभयो है ताको देवता शशिहै सर्वबीजको पोषणकरतुहै ताते तुलसी कृत मंगलमय है अरु श्रीमद्रामायण तो स्वाभाविकै सर्व मंगलमय है ग्रंथके निर्विघ्न हेतु प्रथमही वाणीजोहै सरस्वती विनायक जोहैं गणेश तिनदोउनको गोसाईं तुलसीदासजू बन्दनाकरतेहैं वर्णजेहैं अक्षर अनेक मैत्रीसंयुक्त तिनको संघट्ट कहीसमूह परस्पर मिलाप ताकीकर्त्तावाणी है तिनअक्षरनमें

श्लोक॥ वर्णानामर्थसंघानांरसानांछन्दसामपि॥ मंगलानांचकर्तारौवंदेवाणीविनायकौ १ भवानीशंकरौवंदे श्रद्धाविश्वासरूपिणौ॥ याभ्यांविनानपश्यन्ति सिद्धाःस्वांतःस्थमीश्वरम् २ वंदेबोधमयंनित्यं गुरुंशंकररूपिणम्॥ यमाश्रितोहिवक्रोऽपिचंद्रः सर्वत्रवंद्यते ३ सीतारामगुणग्राम पुण्यारण्यविहारिणौ॥ वंदेविशुद्धविज्ञानौ कवीश्वरकपीश्वरौ ४ उद्भवस्थितिसंहार-

अनेकप्रकारके जे अर्थ हैं तिनके कर्त्ता गणेशहैं रसजे हैं शृंगारइत्यादिक तिनकेकर्त्ता सरस्वती हैं अरुअनेकप्रकारके जेछन्दहैं तिनके कर्त्ता गणेशहैं तेद्वौसर्वमंगल के कर्त्ता हैं तौद्वौ अहंबंदे किन्तुवर्णजो अक्षर अरु अर्थ तेहिको मंगल कर्त्तावाणी है अरुरसछन्दकेकर्त्ता गणेश हैं ( १ ) द्वितीय भवानीशंकरौवन्दे श्रद्धास्वरूप श्रीभवानी हैं विश्वासकर्त्ता श्रीशंकर हैं तिनदोउनकी कृपाबिना सिद्धनको ईश्वरजो है परमात्मा स्वकही अपने स्थित अन्तःकरणमें नाहींदेखिपरत है जेहिभवानी शंकरकी कृपाबिना ईश्वरबिषे श्रद्धा विश्वास नहींआवे ताते भवानीशंकरको नमस्कारकरतहौं ( २ ) पुनिगुरुको नमस्कारकरतहौं कैसे हैं गुरु शंकररूप हैं नित्य हैं बोधकही ज्ञानमय हैं जिनशंकर के आश्रय ह्वैकै बक्रकही टेढ़बाल चन्द्रमा जो है द्वितीयाको सर्वत्रबन्दनीय है तैसे गुरुनकेशरणागत भयेसंतेजो टेढ़होइ तोजगत्में बन्दनीयहोत है किंतु शंकरै सबजगत्के गुरुरूप हैं तिनहींको नमस्कारकरतहौं ( ३ ) पुनि कवीश्वर जे बाल्मीकि हैं कपीश्वरजे हनुमान्‌जी हैं तिनको बंदना करतहौं श्रीसीतारामजूके गुणग्रामजे हैं सोपुण्यारण्यकही पवित्रारण्यहैं ताकेबिहारीअरुरक्षक हैं अरुपरमरसिकहैं विशुद्ध बिज्ञानमय हैं तेद्वौअहंबंदे ( ४ ) अबश्रीमती श्रीजानकीजीको नमस्कारकरतहौं कैसीहैंश्रीमती जानकीजी अपनीभृकुटीकीजोहै अंशबिलासमायातातेउद्भवस्थितिसंहार करतीहैं सर्बश्रेयकही अनेकप्रकारकेजोहैं कल्याणगुणवात्सल्य इत्यादिक तिनको करतीहैं श्रीरामचन्द्रजूकी बल्लभा कहीअतिप्रियाहैं तेश्रीमती श्रीजानकीजू मेरेऊपर कृपाकरैं जातेमेरी मतिशुद्धहोइ तब श्रीसीताशरामचरितसमूह मेरेहृदयमें आवैं किन्तुउद्भवस्थिति संहार संतनके हृदय में योगबैराग्य ज्ञान भक्तिप्रेमापराउत्पन्नकरतीहैं पुनि तिनहीं संतोषशीलकरुणा दया इत्यादिक स्थितकरती हैं पुनि कामक्रोध लोभ मोह मदमान इत्यादिक जन्म मरण संहार करतीहैं सर्बकल्याण करतीहैं जोरघुनाथजीको अतिप्रियहै सोईकरतीहैं तातेरामबल्लभा कही तिन श्रीजानकीजी के नतकही दीनह्वैकैशरणहौं किंतु नमस्कार करतहौं ( ५ ) अबश्रीरामचन्द्रकोअवरेवकरिकैनमस्कार करत हौं कैसेहैं श्रीरामचन्द्र अशेष कारणते

कारिणींक्लेशहारिणीम्॥ सर्वश्रेयस्करीं सीतां नतोऽहंरामवल्लभाम् ५ यन्मायावशवर्तिविश्वमखिलं ब्रह्मादिदेवाःसुराः यत्सत्त्वादमृषैवभातिसकलं रज्जौयथाहेर्भ्रमः॥ यत्पादप्लवमेकमेवहिभवांभोधेस्तितीर्षावतां वन्देऽहंतमशेषकारणपरं रामाख्यमी-

परेहैं अशेष कारण काकोकहिये जेहिपुरुषकी ईक्षणाते मूलप्रकृतिहोतीहै पुनिताहीते तीनों गुण अरुपांचों तत्त्व मिलिकै आठहूते ब्रह्माण्डरचना बिस्तारहोतहै अनुलोमकरिके पुनिप्रतिलोमकरिकैप्रलयहोतहै ब्रह्माण्डरचनापंचतत्त्वमें लीनहोतहै पांचोंतत्त्व अहंकारमें लीनहोत हैं अहंकारमहत्तत्त्व में लीनहोत है महत्तत्त्व मूलप्रकृति में लीनहोत है मूलप्रकृति पुरुषको प्राप्त होतहै ताको महा ईश्वरकही पुनि जगत्कर्ताकही महाकारणकही जाको सहस्त्रशीर्षापुरुषवेदप्रतिपादनकरते हैं। ( सहस्त्रशीर्षा पुरुषः सहस्त्राक्षः सहस्त्रपात् इतिश्रुतिः ) संहितावेदका अंगहै सोऊप्रतिपादन करतीहैं जाकेअंशते ब्रह्मा बिष्णु शिवउत्पन्न होते हैं ( सदाशिवसंहितायां श्लोक ) निलयंपरमंदिव्यं महावैष्णवसंज्ञकं॥ सहस्त्रमूर्द्धा विश्वात्मा सहस्त्राक्षः सहस्त्रपात् १ यन्निमेषाज्जगत्सर्वं लयीभूतव्यवस्थितम्॥ यदंशेन समुद्भूता ब्रह्माविष्णुमहेश्वराः २ ताही पुरुषको अशेष कारणकही अशेषकही संपूर्ण जो संसारहै तेहिकेकारण महाईश्वरहैं ताते महाईश्वरको अशेषकारण कही अरुतिनही को महाबिष्णुकही सो राघवजूके दिब्यगुणरूपहैं ( श्लोकएक अन्येचाध्याये सौमित्रवाक्यंवेदान्प्रति ) राघवस्य गुणोदिव्यो महाविष्णुस्स्वरूपवान् वासुदेवंघनीभूतं तनुतेजोमहाशिवः १ तिन महाईश्वरकेपरे जोईशहै सो कौनईशहै आख्यकहीराम ऐसोनामहै

जिनको ऐसे ईश श्रीरामचन्द्रहैं तहां प्रमाणहै ( वाल्मीकीये सुन्दरकाण्डे श्लोकत्रयः ) परंब्रह्मपरंतत्त्वं परंज्ञानंपरंतपः॥ परंबीजंपरंक्षेत्रं परंकारणकारणं ( पुनः बृहन्नाटके ) एकोमहामोहभूतादिसृष्टिस्थितिर्ध्वंसहेतुर्महाविष्णुरास्ते॥ रामस्तुतज्ज्योति पादाम्बुजातः परःकारणात्कार्य्यतोऽसौपरात्मा २ ( पुनःश्रुतिः ) यस्यांशेनैवब्रह्मा-विष्णुमहेश्वराअपिजातामहाविष्णुर्यस्यदिव्यगुणाश्च सएव कार्य्य कारणयोःपरः परमपुरुषोरामोदाशरथीबभूव ॥ पुनिहरिकही हरिर्हरंतिपापानि ॥ जिन श्रीरामचन्दके रामनाम उच्चारणकरतसंते महापापजोहैं जन्ममरण सो नाशहोतहैं ताते हरिकही पुनि जिन श्रीरामचन्द्र की मायाकेबश बर्त्तमानहै अखिलकहे अनन्त विश्वजोहै अनंतब्रह्मादिकदेवताहैं अनंतअसुरहैं अनंतसिद्धमुनि चराचरजीव सर्वमायाकेबशहैं सो

**शंहरिम्॥६॥नानापुराणनिगमागमसम्मतंयद्रामायणे निगदितंक्वचिदन्यतोऽपि॥ स्वांतःसुखायतुलसीरघुनाथगाथाभाषानिबन्धमतिमंजुल-मातनोति॥७॥** * * * * * *

मायाकौनिहै त्रिगुणात्मिकाहै कारणरूपाहै तामायाकोकीन्हजोहै त्रैगुण्यमयकार्य सो असत्यहै भ्रमरूपहै जिन श्रीरामचन्द्रकी सत्यताते सत्यइव भासतहै जैसे रज्जुकही जेवरीबिषे सर्पभासतहै पर बिना श्रीरामचन्द्रकी शरणभये यहभ्रमनहींमिटै जो कोटियत्नकरै यह भ्रममृगतृष्णाइव है पर समुद्रवत्है ऐसोजोहै संसारसागर ताकेपारजाबेको श्रीमद्रामचन्द्रजूके चरणारबिंदही एक दृढ़जहाजहैं तंश्रीरामचन्द्रं अहंनमामि ( प्रमाण भगवद्गीतायां ) दैवीह्येषागुणमयी ममकायादुरत्यया ॥ मामेवयेप्रपद्यन्तेमायामेतांतरंतिते ॥६॥ श्रीगोसाईंतुलसीदास कहतेहैं कि यह जो मैंभाषाकरतहौं सोनानापुराण अरु चारिहूवेद छहूशास्त्र अरु श्रीमद्रामायणजोहै शतकोटि अपर निगदितं नामकथितं तिनसबनको सम्मत क्वचित् कही विशेष लेतहौं तहां श्रीमद्रामायण बिशेषहीहै अपरको क्वचित्क्वचित् लेतहौं किंतु औरौ लेतहौं उपनिषद् स्मृति संहिता उपपुराण अपरमुनिनकोसम्मत सतसभाषासम्मत गुरुबाक्य निजअनुभवसबकोसम्मत बिशेषलैकै भाषाप्रबन्ध करतहौं स्वकहे मेरोअन्तःकरण सुखानन्दको प्राप्तहोइ आतनोतिनाम बिस्तारसमेत कैसोहै सबसम्मत मतिमंजुलकहे अतिउज्ज्वलहै ॥७॥

सोरठार्थ ॥ श्रीभगवत्पार्षद विष्वक्सेनके स्वरूपहैं श्रीरामज्ञानुकूलसर्बमंगलकेभंडारी रामानुकूल सर्ब मंगलदाताहैं ताते ग्रन्थनिर्विघ्नहेतु प्रथमहि श्रीगणेशजूको स्मरणकरतहौं जेहिकेसुमिरेते श्रीरामसिद्धीप्राप्तहोतीहैं अरु अष्टादशसिद्धी प्राप्तहोतीहैं आगेसिद्धिनको स्वरूपकहेंगे गणनायकअनेकहैं पर हाथीकोऐसोहै बदनज्यहिको सो गणेशमेरेऊपरअनुग्रहकरौ बुद्धिकी राशिहौ शुभगुणकेसदनहौ ॥८॥ श्रीगोसाईंतुलसीदासजीने दूसरे सोरठा में मूकपदकह्यो बाचालकह्यो पंगुकह्यो चढ़बकह्यो वरकह्यो गहनकह्यो जासुकह्यो कृपाकह्यो सुदयालकह्यो द्रवौकह्यो सकलकह्यो कलिकह्यो मलकह्यो दहनकह्यो अब सबपदनकोअर्थकहतहौं क्रमहीते मूककही गूंगा मूकमें चारिभेदहैं एक बचनमूक द्वितीयअज्ञानमूक तृतीयधर्ममूक चतुर्थज्ञानमूक जासुकही जेहिपरमेश्वरकी कृपानामदयालुताते वहै बचनमूक वेदबक्ताह्वैजातहै ताकोबाचअलकहे अलंकृतनाम शोभितहोतहै भक्तमालग्रन्थ में ज्ञानदेवजूभक्तभयेतिननेभैंसिकेपाड़ाको वेदपढ़ाइदयो श्रीरामचन्द्रकी कृपासूत्रते एक अज्ञानकही

**सो० ज्यहि सुमिरेसिधिहोय गणनायक करिवर बदन॥ करहु अनुग्रह सोय बुद्धिराशि शुभगुण सदन॥८॥ मूकहोहिंबाचाल पंगु चढ़ैं गिरिवर गहन॥ जासु कृपा सुदयाल द्रवौ सकल कलिमलदहन ९ नील सरोरुहश्याम तरुणअरुण बारिज नयन॥ करहु**

बालमूक ध्रुव प्रह्लाद इत्यादिक बालहीअवस्थामें श्रीरामचन्द्रकीकृपातेवेदतत्त्वके बक्ताभये धर्ममूककही जोकेहूके कार्य्यके निमित्त केहूते कहनोपरै तब न कहनोपरै तब न कहै तेऊ भगवत्कृपाते परमार्थैकहनेलगे ज्ञानमूककहीपरमेश्वरके परमतत्त्व जानिकै मौनह्वैरहेहैं अन्यथा नहीं बोलतेहैं जैसे दत्तात्रेयजड़भरत श्रीजनकादिकरामकृपाते

परमार्थैबोलतेहैं पुनिबधिरमूक यहीरीतिजानिये जो परमार्थ रामसम्बन्धनकहै ताहीकोमूककहिये अरु जैश्वासापरमार्थमेंकहै सोईवेदबक्ताहै अरु जैश्वासाकेवललोकलिहे कहै सोई महामूकहै यहिप्रकारबधिरजानिये श्रवणद्वारव्यवहार ह्वैकै यहीप्रकारते अपरइन्द्रिनकों व्यवहारजानिये अब पंगुकही येहैं पंगुकही लँगरे को ते तीनि प्रकार के हैं एक पद को पंगु एक कर्मको पंगु एक सुमति को पंगु जो श्री रामचन्द्र की कृपा कही सुष्टु दयाहोइ तौ वहैजो चरण पंगु है सोई पहाड़ चढ़िजाइ पर दौरिकै बिना श्रमही गहन कही गम्भीर अति ऊंचो अति बिस्तर अति अगम शैलपर चढ़ि जाइ अथवागहन बन संयुक्त बड़े पर्वत जेहैं पुनि कर्म पंगु कही गीध शवरी कोल भिल्ल इत्यादिक बनाइ कर्मके पंगु रहे हैं जिनस्वप्नेहुं सुकर्म नहींकीन्ह तेऊश्री राम कृपाते परमपद महा पर्बत रूप तापर चढ़ि गये पुनिसुमति पंगु कही श्रीरामनाम स्वरूप को पाइकै मति पंगु होइगई काहूको नहीं चलैन कर्मको न ज्ञानको न कोई देवताकी उपासनाको मतिरामस्वरूप शैलपरचढ़िगई श्रीमद्रामचंद्रजीकी कृपाकरिकै अचलह्वैरहेहैं सोप्रभु मेरे ऊपरद्रवै जैसे भूखे बालकोदेखिकै माता द्रवतिहै सकलकही सम्पूर्ण कलि कहे क्लेश मलकही मनक्रमबचनकी मलीनता किन्तु कलियुगके मलकहीपाप कलियुगहिकोधर्महै चारिहूयुगमें अथवाकलिकहीकलित कलितकही मिलित चारिहूयुगकेपापदहन कही जरायदेतहैं जेहिजीवपरकृपाकही सुष्टुदयाहोइ जब श्रीमद्रामचन्द्रद्रवहिं अपनीमतिके अनुसार दूसरेसोरठाको अर्थकियोहै ॥९॥ अबतीसरे सोरठाको अर्थ करतेहैं नीलकमलतद्वत्श्यामहै शरीर अरुलाल कमलकी कली जो प्रथमैं बिगसी हैं तद्वत् नेत्रहैं सो भगवान् मेरे हृदयमें बसैं जोक्षीर सागरमें शयन करतेहैं किन्तु जैसेक्षीरसागरमें बसतेहौ तैसे बसौ अब तीनहूं सोरठा को एक अन्वय करिकै प्रतिलोम करिकै कहतेहैं जोक्षीरशायी भगवान्हैं तिनकी कृपाते मूकबाचालहोयँ पंगुपर्बतपरचढ़ैंअरुजेहिकेसुमिरेते गणेशादिकदेवता अनेकसिद्धिनकोप्राप्तहोतेहैं जो कोईकहे कि श्रीगुसाईंतुलसीदासजू श्रीमद्रमचन्द्रके उपासकहैं क्षीरशायी श्रीमन्नारायणको क्योंकहा मेरे हृदय में बासकरैं तहां यहतात्पर्यहै यहब्रह्मांडकोश जोहै तेहिमें जो परमपुरुषपरमात्मा जाको भूमापुरुषकहीसोअविद्याविद्याजो द्वैप्रकारकीमायातेहि ते परे पुरुषहै सो कौनश्रीमद्रामचन्द्र सो केवलभक्तानुग्रहार्थ प्रकृतिमंडल में अवतीर्णभये तिनकोचरित अपरम्पारहै श्रुतिस्मृति शेषशारदा शिव ब्रह्मादिकदेवता सिद्धमुनिसबको श्रीमद्रामचरित्रसम्पूर्ण जानिबेकोअगमहै तहांक्षीरशायी जो भगवान्हैं सो श्रीरामचरित्र नीकीप्रकार सम्पूर्ण परम्परा पूर्बक जानतेहैं क्योंजानिये श्रीमद्रामचन्द्रजूके द्वितीय बिग्रहका तात्पर्यहै द्वितीय बिग्रहको यह जो संसारहै मायामें सोकार्य रूप है क्षीरशायी श्रीमन्नारायण कारण रूपहैं श्रीमद्रामचन्द्र कार्यकारणतेपरेहैं क्यों जानिये श्रीमद्रामचन्द्रके निकट श्रीमती जानकीजूहैं श्रीमन् लक्ष्मणजूअखंडएकरस बिराजमानहैं जैसे श्रीरामचन्द्रके दूसर बिग्रहक्षीरशायी श्रीमन्नारायणहैं जैसे श्रीजानकीजीके दूसर बिग्रह श्रीलक्ष्मी जूहैं तैसेही श्रीलक्ष्मणजूके दूसर बिग्रह श्रीशेषजूहैं जिनको अनन्त भगवान् कही ताते श्रीमद्रामचन्द्रजू श्रीजानकीजू श्रीलक्ष्मणजू तीनिहू स्वरूप को चरित्र परमदिव्यतम अनन्त ऐसो जो चरित्रहैताको क्षीरशायी भगवान् लक्ष्मी शेषये तीनहूं को चरित्रसंपूर्ण जानतेहैं काहेते अपनी कर्तव्यता अपने को अच्छी तरह जानी जाती है तातेगोंसाईं तुलसीदासने कहा कि क्षीरशायी भगवान् मेरे हृदय में बसैं तब श्रीरामचरित्रमोको आवै अथवा अभेदकरिकै कहा अरु ग्रंथकर्त्ताकोआशयलैकै तब अर्थकरनेको होतहै श्रीतुलसीदासजू श्रीमद्रामउपासक हैं ताते तुलसीकृत श्रीरामस्वरूप धनुर्द्धरपरात्परहैं औ श्रीरामनामधामपरहै श्रीरामलीलापर है ताते हमनेतीसरे सोरठाको ऐसो अर्थ कियो तहां प्रमाणहै ( बशिष्ठसंहितायांपञ्चश्लोकाः ) रामस्यनामरूपञ्चलीलाधामपरात्परम्॥ एतश्चतुष्टयंनित्यंसच्चिदानन्दबिग्रहं १ ( पुनःबृहन्नाटके ) एको महामोहभूतादिसृष्टिस्थितिर्ध्वंसहेतुर्महाविष्णुरास्ते॥ रामस्तुतद्गीतपादाम्बुजातःपरः कारणात्कार्य्यतोऽसौपरात्मा २ ( तिलक ) एकःमहाविष्णुः आस्तेवर्त्ततेकिंभूतःमहामोहभूतादिसृष्टिस्थितिध्वंसहेतुःमहामोहमूलाज्ञानंप्रकृतिः साद्विधामायाअविद्याचतयोः कार्य्यंचमहाभूतादिपंचभूतप्रभृति आदिपदेनतद्गुणाश्चउत्पत्तिपालननाशहेतुः सएवअतःकारणरूपःइत्यर्थःश्रीरामस्तुतद्गीतपादाम्बुजातः महाविष्णुमुखोच्चारित श्रुतिवहगीतचरणसरोजः कार्यकारणयोः परः असौगुणरूपसन्नपि परमात्मेत्यर्थः२॥ श्लोक॥ सब्रह्मणस्तज्जगतोविधातुर्न्नारायणः कारणएकएव। जातस्ततो

**सो मम उरधाम सदा क्षीरसागर शयन १० कुन्दइन्दु समदेहउमारमण करुणा अयन॥ जाहि दीनपर नेह करहु कृपा मर्दन मयन ११ बन्दौं गुरुपद कंज कृपासिन्धु नररूप हरि॥ महामोहतमपुञ्ज जासुबचनरबिकरनिकर १२ चौ० बन्दौंगुरुपदपद्म परागा।**

भातिससप्रपंचः प्रपंचमेतत्परितोविधत्ते ३ (तिलक) सब्रह्मणइतिब्रह्मणचेतनस्वरूपेणसर्वव्यापकेनतदंशेनसवर्त्तमानस्य जगतः विधातुउत्पत्ति कर्त्तुः कारणरूपस्येवापि कार्य्यरूपस्यब्रह्मादेःएकएवनारायणःक्षीरशायीकारणरूपःयतस्ततोनारायणात् सब्रह्माजातःसमुत्पन्नस्सन्सप्रपंचः प्रपंचेन जगद्व्यापारेणसवर्त्तमानः भातिदीप्तिमान् भवतियेनैवप्रेरितस्मत्युतःएतत्प्रपंचंपरितस्सर्वशोभावेनविधत्तेकरोतिअतोनारायणस्य कारणाप्रसिद्धेत्यर्थः ३ (बाल्मीकीयेसुन्दरकांडे) परंब्रह्मपरंतत्त्वंपरंज्ञानंपरंतपः। परंबीजंपरंक्षेत्रंपरंकारणकारणं ४ (पुनःश्रुतिः) यस्यांशेनैवब्रह्माविष्णुमहेश्वरा अपिजातामहाविष्णुर्यस्यदिव्यगुणाश्चसएवकार्य्यकारणयोःपरः परमपुरुषोरामोदाशरथीबभूव ५ इत्यथर्वणेउत्तरार्द्धे (१०) यह मानस रामायण जोहै ताके कर्त्ता शिवजूहैं सो शिवमेरेऊपर कृपाकरो कैसे हैं शिवजूकुन्दके पुष्पजो हैं तद्वत्शरीर उज्ज्वलहै कोमलसुगन्ध मकरंदमयहैं चन्द्रवत् उज्ज्वलप्रकाश शीतल अमृतमय हैं अखंडएकरसहैं ऐसे तनमनबचनतेशिवजूके हृदयमानस ते उमग्यो श्रीमद्रामायणमानस सो प्रत्यक्षभयो उमाकेहेतु हित उमारमणतोहईहैं परउमानाम शुद्ध आर्त्तजिज्ञासू तिनकेमनमें शिवजू रामायणरमावतेभये तातेउमारमणकह्यो करुणाके स्थानहैं दीनपर बड़ोनेहहै दीनद्वैप्रकारके एकमायाके दीन हैं एकभगवान्के दीन हैंसोदोऊ दीनता शिवजूकी कृपाते मिटिजायँ कैसे हैं शिवजू मयनमर्दन हैं तेशिवमेरेऊपर सबप्रकारतेकृपाकरौ (११) अब श्रीमद्गुरुचरणकमलबन्दौं गुरुकही जाको आत्माब्रह्म परब्रह्मशब्द ब्रह्मकोबोध अच्छीप्रकार तेहोइ ताकोगुरुकही गुकार अन्धकार शिष्यबिषे बाचक है रुकारअन्धकारको दूरिकरदेत है ताते शिष्यको अज्ञानकही अन्धकार दूरिकरै ताको गुरुकही (प्रमाण) गुशब्दस्त्वंधकारस्य रुशब्दस्तंनिरोधकः। अन्धकारनिरोधत्व गुरुरित्यभिधीयते॥ पुनि गुरुगरिष्ठ शब्दहै गरिष्ठकही सर्वपूज्यहै फेरिगुरु कैसेहैं कृपाके समुद्रहैं पुनिगुरु नररूप प्रत्यक्षहरिहैं अथवाहरिकहिये सूर्य अपनीकिरणिपंक्ति करिकै रात्री को दूरिकरतेहैं गुरुअपने बचनकिरणनते शिष्यकेहृदयका अन्धकार दूरिकरिदेतेहैं तौ गुरुचरणौअहंबंदे (१२) चौ०॥ श्रीमद्गुरुचरणकमलकीपरागकही रजताको बन्दौंकैसी

**सुरुचिसुबाससरसअनुरागा १३ अमियमूरिमय चूरणचारू। शमनसकलभवरुजपरिवारू १४ सुकृतशम्भुतनविमलविभूती। मंजुल**

है रजजामें सुरुचिहै सुष्टुबासनाहै श्रेष्ठअनुरागहै देखिंये तो श्रीमद्गुरुनकेचरणनमें कमलकोधर्म का कहीं जिनचरणनमें रजकहूंते लपटिगई है तामें कमलके धर्म्म बर्त्तमानहैं धर्मकाकोकही गुणस्वभाव क्रियासंयुक्तहोइताको धर्मकही कमलनमेंमकरंद सो कृपाकही जो सुगन्धकोमलता सो सुभावकही जो पराग रंग सो गुणकही तीनोंमिलैं धर्मकही श्रीमद्गुरुन के चरणरजबिषे सुरुचिहै सो मकरन्दजानिये जो सुष्टुबासनाहै सो सुगन्धजानिये जो सुष्टुअनुरागहै सो पराग रंगजानिये ताते गुरुचरणरज सर्बधर्ममयहै सो रज बन्दौं (१३) पुनिगुरुचरण रज कैसीहै अमृतमयमूरि ताकोचूर्णहै चारुकही सुन्दरहै वैद्यकग्रन्थमें एक अमरमूरिकही है ताकोचूर्ण बनायकै जो कोईखाय सो अमरहोय देवतारूप होय अरु सर्बसिद्धी ताको प्राप्तहोहिं काहेते अमरमूरि अमृतसंयुक्तहै गुरुचरणरज चूर्णजोहै सो मोक्षअमृतमयहै ताकोसेवनकरै तौ भवकही संसारताको रुज कही रोग सो कौनहै जन्ममरण तेहिको परिवार काम क्रोध लोभ मोहमद मान मत्सर इत्यादिक अनेकनहैं जिनके बशह्वैकै संसार में जन्मतहैं अरु मरतहैं ऐसो जन्म मरण श्रीगुरुचरण रजचूर्णते शमनकही नाशहोतेहैं (१४) पुनि गुरुचरणरजकैसीहै सुकृतजोहै सो शिवरूपहै तेहिके तनको निर्मल विभूतिहै अरु मंजुलकही निर्मल जो मंगलहै मोदकहीआनंद तिनको उत्पन्नकरिबेको प्रसूता नाम माताहै पुनि विपर्यय भाव करिके अर्थसिद्धकरतेहैं शिवजू चिताकी विभूति धारणकरतेहैं सोविभूतिमहामलिनहै जबशिवके अंगमेंलागी तब विमलभई अरु गुरुचरण रज विभूति कैसीहै शम्भुरूप जो सुकृतहै ताके तनको निर्मल करतिहै कैसेजानिये जेहिसुकृतमें गुरुचरणरज नाहीं प्राप्तिहोइ सो सुकृत न कही ताकोकुकृत कहियेहै अरु मंगलकाकोकहिये जो बाह्यइन्द्रिनकी कर्त्तब्यतेसुख उत्पन्नहोइ सो मंगलकही अरु जो अंतःकरणके बिचारते सुख

उत्पन्नहोइ ताकोमोदकही तामें द्वै द्वै भेद हैं एक उज्ज्वल मंगलमोद एक मलिन मंगलमोद है जो शुद्धसात्त्विक भगवत् सम्बन्ध बाह्यकर्म है अरु अंतष्करणते रामतत्त्वबिचारजोहै ताते जो सुख उत्पन्नहै ताको मंजुल मंगलमोद कही जो बाहर-भीतर इन्द्रिनकरिकै परधन परनारि परनिंदा हिंसा परबिघ्न इत्यादिक जो कर्त्तव्यताको करिकै सुनिकै समुझिकै देखिकै मनमेंल्यायकै जो सुखजीबउत्पन्नभयोहै सो मलिनमंगलमोदकहिये ताते गुरुनके चरणारबिंदकीरज मंजुलमंगल मोदप्रसूतीकही माताहै जो अपनेगर्भते तुरंत पुत्र उत्पन्न करतुहै अरु जो गर्भको धारणकरेताको

**मंगल मोद प्रसूती १५ जनमनमंजु मुकुरमलहरणी। कियेतिलकगुणगण बशकरणी १६ श्रीगुरुपदनख मणिगणजोती। सुमिरत**

प्रसूती कही अरु मलिन मंगलमोदको नाशकरतीहै ( १५ ) पुनि गुरुचरणकमलरज कैसीहै जनकही भगवद्दास अथवा जनकही पूर्णप्राणी तिनको मन मुकुर कही दर्प्यणहै ताको मलहरिकै मंजुलकरिदेतहै जो भालमेंतिलककरैतौ संपूर्ण उत्तमगुण बशहोतेहैं जैसे सिद्धजनबशीकरण तिलककरिकै सर्बजनको बश करते हैं तैसे गुरुनकेचरणकीरज भाल में तिलककरै तौ संपूर्ण शुभगुण बशहोते हैं दूसर अर्थ पुनि तिलककही जैसे कोई राजनके तिलक होतहै तबसंपूर्ण प्रजा अरुसेना अरुभाई कुम्बादिकबशहोते हैं तैसे धर्म सर्ब के ऊपर गुरुके चरणरजका तिलककरै तो अनेकन उत्तम गुण बशहोतेहैं ( १६ ) श्रीमद्गुरु चरणके नखजेहैं तेमणिगणकी ज्योतिहैं इहां श्रीपद क्यों कहा प्रथमहिरजको वर्णन करिआयेहैं अबनखनको प्रभावकहा चाहतेहैं ताते बीचमेंश्रीपददयो दीपदेहरी अक्षरहैं पूर्बापर प्रकाश करैहैं श्रीकाको कहिये श्री धन यश प्रताप ऐश्वर्य तेज प्रकाश स्वरूपशोभा तप योग वैराग्य ज्ञान विज्ञान भक्तिइत्यादिक अनन्तदिव्य गुणसंयुक्त श्रीकहिये जाबिषे एतेगुण बर्त्तमान होहिंसो श्रीमान्है ताते श्रीमद्गुरुनके चरणारबिन्दकीरज अरुचरण अंगुलिनके नख श्रीमान्हैं श्री गुरुपदनखनको मणिगण प्रकाशको दृष्टान्तदीन्ह दीपावली प्रकाश को दृष्टान्त क्यों नहीं दीन्ह दीपकाप्रकाश हिंसा सहित है मणिगण प्रकाश हिंसा उपाधि बर्जितहै दिव्यहै अपर कर्म धर्म हिंसा उपाधि संयुक्तहै तहां श्रीमद्गुरुचरणारबिंद नख मणिगण प्रकाशमय तिनकेसुमिरेते दिब्यदृष्टिहोतीहै ( १७ ) श्रीमद्गुरुचरण नख सूर्य करिकै कहते हैं पुनि श्रीमद्गुरुचरणारबिंद नखप्रकाश कैसेहैं जिनके ध्यानकियेते मोह दलन होतेहैं मोहकाको कहिये धन धाम दारा पुत्र पौत्रादिकमें अपनपौ मानै ताको मोहकही ऐसो जोहै मोह सो तम कही अंधकार रूप है ताको नाश करिबेको सोसु कही सूर्यस्वरूपहै श्रीमद्गुरुचरणनख ऐसेहैं जाके उरमेंनखनको ध्यानआवै सो बड़भागी है जो गुरुनको तन मन धन धर्म धामधरणी समर्पण करै निष्कपटह्वैकै हृदयमें ध्यानआवै है ( १८ ) जो श्रीगुरुचरणनख ध्यानआवै तौ हृदयके बिमल नेत्रखुलैंहृदयके नेत्रकौनहैं ज्ञान वैराग्य सो खुलैं काहेते नखप्रकाश सूर्यस्वरूप हैं सूर्यनेत्रके देवताहैं ताते ज्ञान वैराग्य जो नेत्रहैं तिनके श्रीमद्गुरुचरणनख सूर्यदेवताहैं बिनादेवता इन्दिय प्रकाश नहीं करती हैं भवजोहै

**दिब्यदृष्टिहियहोती १७ दलनमोहतमसोसुप्रकासू। बड़ेभाग्यउरआवतजाशू १८ उघरेबिमलबिलोचनहीके । मिटैंदोषभवरुजरजनीके १९ सूझहिंरामचरितमणिमाणिक। गुप्तप्रकटजहँजोजेहिखानिक २० दो०॥ यथासुअंजनआंजि दृग साधकसिद्धसुजान॥**

संसारता के जेहैं दोषदुःख ते मिटिजातहैं रात्रिकोदोष अंधकारदुःखचौर राक्षसादिक तामसीजीव सोई दुःखहै भवरात्रीके का दोषदुःखहै अज्ञान सो दोषहै अज्ञानकाकोकही शरीराभिमान आत्माविस्मरणतामें दुःखकाहै कामादिकते मिटिजातेहैं जब श्रीमद्गुरुचरण नख सूर्यहृदयमें उदय होइं ( १९ ) पुनि जब हृदयके नेत्र प्रकाशितभये तब सूझै नाम देखिपरैहै श्रीमद्रामचरित्र मणिमाणिक स्वरूप मणिकाकोकही माणिक्यकाको कही तत्रदृष्टांतदिखावतेहैं मणि सर्वसंज्ञाहे पर सर्पते उत्पन्नहोइ ताकीविशेषमणिसंज्ञाहै पर्बतते उत्पन्नहोइ ताको माणिक्यकहेहैं अब दार्ष्टांत यह जो पंचभौतिकशरीरहै विषयमें सो सर्पजानिये तिनमें क्वचित् काहूके अनुभवते श्रीमद्रामचरित उत्पन्नभयो सो मणिकहिये अरु श्रुति स्मृतिसंहिता पुराण नाटक तंत्रादिक पर्बतनते उत्पन्न जो होइ श्रीमद्रामचरित सो माणिक्यस्वरूपहैं तिनमें जो गुप्तहै अरु जो प्रकटहै जहां तहां जैसी

जो खानि श्रीमद्रामचरितकी सो सकलदेखिपरैहै अथवा रामचरित सब गुप्तहीहै सो सब प्रकट देखैहै जब श्रीमद्गुरुचरणारबिन्दनख सूर्य हृदयमें उदयहोइं ( २० ) दृष्टांत-दोहार्थ ॥ यथानाम जैसे सुअंजनसुष्टुअंजनआंजिकहीदैकै दृगनामनेत्रबिषे कौनजन साधकजन सिद्धहोइ बेकेनिमित्त सिद्धअंजनदेतेहैं सिद्धकोप्राप्तभये सुजानभये दिव्यदृष्टिभईजब वे अनेकचरितदेखतेहैं जो अनेकपर्बतमें चरितहोतेहैं जो अनेकबनमें चरितहोतेहैं जो भूमितलमण्डलमें चरितहोतेहैं सो निधाननामस्थान स्थान संपूर्णचरितदेखतेहैं अब दृष्टांत मुनि श्रीगुसाईं श्रीमद्गुरु चरणारबिन्दरजको अंजनकरिकैबर्णतेहैं इस अंजनको जोकोई हृदयकेनेत्रमेंदेय तौ परमसुजानहोइ परमदिव्य दृष्टिहोइ श्रमद्रामचंद्रकेचरित अनेकप्रकारके वे देखतेहैं तहां पर्बतस्थाने श्रुति स्मृति शास्त्र पुराणादिकअनेकग्रंथ तिनमें जो श्रीरामचरित अनेकहैं सो देखते हैं बनकहीसंसार तामें जो अंतर्यामीस्वरूप अनेक चरितकरतहैं सो देखतेहैं भूतलकहीसंतसभा तामें श्रीमद्रामचंद्रके चरित अनंतहोतेहैं सो देखतेहैं जानतेहैं श्रीमद्गुरुचरण अंजनदियेसंते ( २१ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसनेबालकांडे श्रीमद्गुरुचरणकमलरजनखपुनिप्रतापभावयथार्थवर्णनंनामप्रथमस्तरंगः १

**कौतुक देखहिंशैलवन भूतल भूरिनिधान २१ * * * * * * * * * गुरुपदरजमृदु मंजुलअंजन । नयनअमियदृगदोष बिभंजन १ तेहिकरबिमल बिबेकबिलोचन ॥ बरणौंरामचरितभवमोचन २**

दो० ॥ द्वितीयतरंगनि सतसभा गुणउपमा करिभाषि॥ रामचरण लक्षण कहे दै प्रयागकी शाषि १ ॥ पुनि श्रीमद्गुरु पद रज मृदुलकही कोमल मंजु कही उज्ज्वलअंजन है अंजनके अनेकनाम हैं गुरुपदरजकौनअंजन है एक अंजनको नयनामृतनामहै सो अंजन जो नेत्रमेंदेइ तौ नेत्रकेदोषतिमिरजाय फूलीमोतियाबिन्दु इत्यादिक दोषनाशहोहिं मृदुमंजु क्यों कहा एक अंजनदिये प्रथमकरुवायहै आगे शीतलता ल्यावतहै अरु नयनामृत अंजनकेदियेते बर्त्तमान परिणाम अमृतफल देतहै एकरस तहां श्रीमद्गुरुचरण रज अंजन जो हृदयके नेत्रमेंदेइ तौ अविवेक दोष नाशहोइ कोई दृगदोष बिभंजनपाठ कहतेहैं दृगकहीदशौदिशा पांचज्ञानइन्द्रिय पांच कर्मइन्द्रिय सोईदशौदिशाहैं तेहिके जो दोष शब्द स्पर्श रूप रस गन्धइत्यादिकबिषयताते श्रीमद्गुरुचरणरज करिकै दशौइन्द्रिनको दृगबन्धनकरौइन्द्रिनकेदेवताजो बिघ्नकर्तातिनकोबांधिकै इन्द्रिनकी बिषयदोषरूपदूरिकरिकै-बाह्यांतरशुद्धकरिकैतबश्री मद्रामचन्द्र के चरितबरणौंनाम कहौं ( १ ) श्रीमद्गुरुचरणरज अंजनजोहै ताकोहृदयके नेत्रजोहैं विवेक ज्ञान तामें करिकै नामदैकै तबविवेकनिर्मल करिकै तब श्रीरामचन्द्र केचरितबरणौंकैसेहैं श्रीमद्रामचन्द्रकेचरितजाके कहत सुनतसमुझतभवजोहै संसारसोमोचनकही छूटिजाइनाशको प्राप्तहोइ॥२॥ पुनिप्रथमही महीसुरजो ब्राह्मणहैं तिनकेचरणारविन्दबन्दतहौं कैसेहैं ब्राह्मणके चरण मोह तेज नितनाम उत्पन्नजोहै अनेकसंशय सोनाशहोइजाइ है सुमिरतसंते प्रथमतौ श्रीमद्गुरुचरणारबिन्दरज बर्णनकरिआये हैं अबब्राह्मणकेचरण कमल बंदन प्रथम क्योंकहेजाते प्रथमब्राह्मणैहैंपितामह जो ब्रह्माजूहैं तिनते उत्पन्नभये जोहैं ब्राह्मणप्रथमहिं सनकादिक नारदबशिष्ठादिकजेहैं ब्राह्मणतिनके चरण संसारसागरतारनेकोजहाजहैं ताते प्रथमकहा पुनिपदार्थभिन्नकरिकै प्रथमकहा गुरुचरणभिन्नपदार्थहै ब्राह्मणचरण भिन्नपदार्थहै तातेप्रथमकहा अरुब्राह्मणै सुकर्मसुष्टुधर्मके अधिष्ठाता हैं पुनिगोसाईं कहतेहैं कि मेरीकाब्यमें प्रथम ही मगनगन पर्यौहै अरुतेहिकोदेवता महिहै पुनि महिकोदेवताब्राह्मणहै ताते प्रथमकहाहै ( ३ ) पुनिसुजनजनजोहैं सुष्टुजन तिनकीजोहै समाज सोकैसीहै श्रीमद्रामचन्द्रके मिलिबेकेजेहैं अनन्तगुणदिब्यतर तिनगुणनकीखानिहै तेहि

**बन्दौंप्रथम महीसुरचरणा। मोह जनित संशय सब हरणा ३ सुजनसमाजसकलगुण खानी। करौंप्रणाम सप्रेमसुबानी ४ साधु चरितशुभ सरिसकपासू। निरसबिशद गुणमय फलजासू ५ जो सहि दुखपरछिद्र दुरावा। बन्दनीयजेहिं जग यशपावा ६ मुद**

समाजको नमस्कार करतहौं प्रेमसंयुक्त सुष्टुबाणीते ( ४ ) पुनिसाधुनकोचरित कैसोहै जैसोकपासको चरितहै अबरूपक दृष्टांतकरिकै कहतेहैंकपासकैसीहै निरसहै जामें रसलेशहू नहीं है अरुबिशदकही सुष्टु उज्ज्वलहै अबरूपक दृष्टांतकरिकै कहतेहैं साधुनकी समाजमें निरसपदकाहै शुद्धवैराग्य पुनि बिशद पदकौनहै उज्ज्वल बिशुद्धज्ञान

अरु अनेक बिशदगुण कपासमेंहैं अरु अनेक बिशदगुण साधुनमेंहैं सोईगुण दोउनमेंफलहै अरुआगेकी चौपाईमें अंग संयुक्त गुणनको स्वरूप कहतेहैं ( ५ ) जोकपास अनेक दुःखसहिकै परायाछिद्रकही इन्द्रिन की निर्लज्जता ताको दुरावतनाम छिपावतहै मर्यादेतहै कपासकौनदुःखसहतहै ओटब धुनबकातब तनब बिनब धोबीकर धोउब दरजीकरफारब सियबइत्यादिकदुःख सहिकै परायाछिद्र दुरावतहै साधुकौनदुःखसहिकै परावा छिद्रदुरावतेहैं जिनसंतनसंपूर्णजगत्को बन्दनीयकीन्हहै आपुबन्दनाको प्राप्तभयेहैं सर्वत्र अपनेस्वामीको व्याप्तरूप देखतेहैं ताते संपूर्णजगत्कोबन्दनीयकहीस्तुतियोग्यभयो तब तिनकोकोऊ मानकरै वाअपमानकरैवा निन्दाकरैवैकाहूके अवगुणनहीं देखतेहैं अरुअनेक मान अपमानदुःखसहतेहैं सबको बड़ाईदेतेहैं तातेकपास अरु संत सर्ब जगत्में बन्दनीयहैं सबजगत् तिनकीबन्दनाकरतेहैं सर्बजगत्में दोऊजन समानहैं ( ६ ) पुनि संतनकी सभा कैसीहै मुदमंगलमय है पुनिकैसीहै समाज संपूर्ण जगत्में तीर्थराज प्रयागरूप है प्रयागस्थावररूपहै संतसमाजजंगमकही चलताप्रयागरूपहैन्यूनाधिक्यरूपकालंकारकहतेहैं ( ७ ) सातचौपाईकी एकही अन्वयहै प्रयागबिषे श्रीगंगाजूकीधाराहै अरु सरस्वतीकीधाराहै अरुयमुनाजीकीधाराहैसंतसमाजसो प्रयागरूपहै तामें श्रीमद्रामचन्द्रकी भक्तिगंगारूपहै अरुश्रीमद्रामचन्द्रकोरूप अन्तर्य्यामी ब्रह्मताको जोविचार प्रचारकही उत्कर्षयुक्तबिचार अथवा प्रचारकही प्रचुर अनुभव प्रत्यक्षब्रह्मबिचारजोहै सो सरस्वतीजानिये ( ८ ) साधुनकी समाजमें जो कर्मकथाहै बिधि निषेधसंयुक्तकलिकोजोहै मलमय कहीसमूह ताको नाशकरतहै सो कर्मकथा रबिनन्दनिकही यमुनाजूहैं बिधि निषेध काकोकही बिधिकही ग्रहणनिषेध कही त्यागको भगवत् भागवत्कर्मजोहैताको बिधिकहिये संतनकी समाजबिषेइनदोउन

**मंगलमय सन्तसमाजू। जोजगजंगमतीरथ राजू ७ रामभक्तिजहँ सुरसरिधारा। सरसैब्रह्मबिचारप्रचारा ८ बिधिनिषेधमय कलिमल हरणी। कर्मकथारबिनन्दनि बरणी ९ हरिहर कथाबिराजतबेनी। सुनतसकलमुदमंगलदेनी १० बटबिश्वासअचल**

कर्मनकोछोड़े और कर्मजोहैं ताको निषेधकहिये ताते साधुन की समाजमें बिधिजोहै सोयमुनाजूहैं प्रयागमेंगंगासरस्वतीयमुना पृथक्-पृथक् शोभितहैं पुनिमिलिकै शोभित हैं संतसमाजजो है प्रयागरूप तामें भक्तिकांडज्ञानकांड कर्मकांड पृथक्-पृथक् शोभित हैं पुनिमिलिकै शोभित हैं ( ९ ) प्रयागमेंगंगा सरस्वतीयमुना तीनों मिलितहैं त्रिबेणी कहियेअरु पृथक् संतसभाबिषेका बेनीहै हरिहर कथा जोहै सोबेनीहै बेनी काको कहिये दुइ तीन चारिपांच छह सात इत्यादिक अपर मिलिजाइं ताकी बेनीसंज्ञाहै अरु हरिभगवत् हर भागवतकी कथाअभेदहै तेहि कथामें भक्तिज्ञानसुकर्म तीनों मिलिकै जहांएकताहै तहांसिद्धांतहै कौन प्रयागते जानिये जहांमोहके बशसती जीजानकीजूको स्वरूपधारणकीन्हहै तबशिवजूसतीबिषे जानकीरूप ग्रहणकीन्हहै सोबिधिभयो सतीस्वरूपकोत्यागकियो सो निषेध भयो सोबिधि निषेधमें जोकर्महै सोयमुना स्थाने अरुजोबिचारकीन्हसोबिचारकरिकैश्रीरामइच्छा को अपने अन्तष्करणमें दृढ़कीन्ह अन्तष्करण शांतिरसको प्राप्तभयो सोज्ञानहैअरु जो जानकी जूको स्वामिनी भावकीन्ह सो भक्तिहै कर्म ज्ञानभक्ति यहांतीनोंमिलितहैं ताते हरिहरकथा बिराजत बेनीत्रिबेनी सेवन करतसंते सकलमुदमंगलदेतहै हरिहर सेवनकरतसंते सकलमुदमंगल देतहै ( १० ) प्रयाग बिषे बटहै सोअक्षय है अरुप्रयाग तीर्थ राजकहावे है संतसमाजजो प्रयाग है तामें बिश्वासजो है सोबटहै बिश्वास काको कहिये यहजो संसार सागरहै तेहिते मेरीरक्षा श्रीमद्रामचन्द्रकरहिंगे सबप्रकारते यहअचल बिश्वास है तत्रप्रमाण श्रीराममंत्रार्थे॥जानक्यासहदेवेश रघुनाथो जगत्गुरुः ॥ रक्षकः सर्बसिद्धान्ते वेदान्तेषु प्रगीयते १ बटतो अक्षयहै यहांनिजधर्मकही साधुधर्मजोहैसोईअक्षयहैअचलहै पुनिप्रयागतोतीर्थराजहैयहांसमाजभरे कर जो स्वाभाविक सुकर्म जो शास्त्रनमें कहेहैं सन्तनकेकर्मसो समिष्टि करिकै एकएक सन्तमें शुद्ध भगवत् कर्महै वाह्यान्तरसोई भक्तराजपदहै अथवा तीर्थ राजमें समाज जुटैहै सन्तसभामें सुकर्महै ( ११ ) अरु प्रयागक्षेत्र जोहै सो सबको सुलभनहींहै अरु मकरके सूर्य भरि बड़ो माहात्म्यहै अरु सर्बदेशमें नहीं है अरुसन्तसमाजरूपी प्रयाग सबको सुलभहै अरु सर्बदिनमें एकरस

**निजधर्मा। तीरथराजसमाज सुकर्मा ११ सबहिंसुलभसब दिनसबदेशू। सेवतसादर समनकलेशू १२ अकथअलौकिक तीरथराऊ। देइसद्यफल प्रकटप्रभाऊ १३ दो० सुनिसमुझै जनमुदितमन मज्जहि अतिअनुराग॥ लहहिंचारिफलअछततन साधुसमाज**

सर्बदेशमें प्राप्तहै ताते सन्तसमाज प्रयागते अधिकहै प्रयागमें कल्पबास कियेते सम्पूर्ण क्लेश नाशहोतेहैं सन्तसमाजकेसेवनकियेतेजन्ममरणादि क्लेशनाशहोतेहैं (१२) तीर्थराज प्रयागजोहै ताको माहात्म्यवेदने कथनकियोहै कियहजोप्रयागहै सो अर्थ धर्म काम मोक्ष देतहै अरुलौकिक कही प्रत्यक्षहै यहनेत्रनते देखिपरैहै शरीर छूटै कालांतरमें फलदेतहै अरुसंतसमाज प्रयाग जोहै सो अलौकिक कही परोक्षहै यहनेत्रनते नहीं देखिपरैहै ज्ञाननेत्रनते देखिपरै है अरु सन्तन को माहात्म्य वेदनहीं कहिसकैं अरुसन्तसभा चारिफलकेपर भक्तिदेतहै अरुफल लौकिककही प्रत्यक्षहै अरुसद्यकही तुरन्त याहीतनमें फल देतहै (१३)। दोहार्थ ॥ जनजोहै प्राणी प्रयागको माहात्म्य सुनतभये कि प्रयागचारि फलदाता है तबसुनि कै समुझिकै चलिकै मुदितमनते मज्जनकही स्नानकरतेभये जबशरीरछूटै तबफलको प्राप्त होहिं अरुसन्तसमाजप्रयागजोहै तहां जन कही दासजिज्ञासू जोहै सन्तसभामें जाइकै सन्तनकेबचनसुनै कही श्रवणपुनि समुझब कहीमननपुनि मुदितमनकही निद्ध्यासन नित्य निरंतर अभ्यास पुनि अतिअनुरागकही साक्षात् होइ ऐसी सन्तसमाजहै तहां याही तनमें चारिहूफलको प्राप्तहोतेहैं चारिफलकौनहैं अर्थ धर्म काम मोक्ष पुनि सालोक्यसामीप्य सारूप्य सायुज्य प्राप्तहोतेहैं प्रयाग रूपी समाजऐसीहै ताउपरांत भक्तिदेतहै (१४) प्रयागमें मज्जनकियेकरफल तुरन्तनहीं देखाजाइ देहांतरमेंअपनेकर्त्तव्यको फलआपही देखतेहैं अरुसन्तसमाज प्रयागमें अनुरागरूप जो मज्जनहै ताको फल तत्काल कही बर्तमान काल तुरन्त याही तनमें अपनाको अरुसबको देखिपरैहै ताते सत्संगको प्राप्त होइकै काकजेहैं ते कोकिला होतेहैं बकुलाजेहैं तेहंसहोतेहैं (१५) यहसुनिकैजो कोई आश्चर्यकरै किकाकते कोकिला बकुलाते हंसकहांभयेहैं तहांसत्संगकी महिमा प्रसिद्धहै छिपी नहींहैं सो कहते हैं (१६) बाल्मीकि नारद घटयोनि कही अगस्त्य जोसत्संगके प्रभावते जैसे महत्वको प्राप्तभयेहैं तेअपने-अपने मुखनते कहतेभये श्रीबाल्मीकि श्रीमद्रामचन्द्र जूसों कहते भये श्रीनारद श्रीवेदव्यासजूसों कहते भये श्रीअगस्त्यजू श्रीशिवजूसों कहते भये बाल्मीकिजू कहा जब श्रीरामचन्द्र आश्रम-

**प्रयाग १४ ॥चौ०॥ मज्जनफलदेखियततकाला॥ काकहोहिंपिकबकउमराला १५ सुनिआश्चर्यकरैजनिकोई॥ सतसंगतिमहिमानहिंगोई १६ बालमीकिनारदघटयोनी॥ निजनिजमुखनकहीनिजहोनी १७ जलचरथलचरनभचरनाना॥ जेजड़चेतनजीव-**

हिं आये तबबाल्मीकि कहते हैं हे श्रीमद्रामचन्द्रजू मैं प्रचेताको पुत्रहौंमोको पूर्बहीं किरात की संगतिपरिगई तेहिदुष्ट दशामें केवल तुम्हारी कृपाते सप्तऋषिनकी संगति भई अल्पकाल तेहि प्रभावते मोको हंसवत् बिबेक भयो तुम्हारो गुण मुक्ता रूपहै तुम्हारो यशदुग्धरूप है सो तो ग्रहतभयोयह जगत्में मानादिककंकरी संबुक रूपहै देहजनितरागादिबिषयसो जलरूपहै सोसमस्त त्यागभयो तेही सत्संगके प्रभावते आप मिलेमोको हे श्रीरामचन्द्रआप सबजानतेहैं मैं ऐसेते ऐसोभयोंपुनिनारदजूकबकहा जबकोई कालमें ब्यासजूके कछू शांति हृदयमें नहींभई तब श्रीनारदजी कहा हेश्रीवेदव्यासजू पूर्बहींमैंदासीपुत्र रह्यों जहां हमरहेतिसकेयहां साधु बहुतआवैं तिनकी मैंसेवा करौं तिनको प्रसाद अन्न जल बस्त्र करिकै शरीर पालन करौं मेरी काकबृत्तिरहै जैसेकोईपनवारामें शेषछोड़िदेइ ताको काक बिनि बिनि खाइहैं तैसे मैंकरों तेई सत्संगके प्रभावते मैं भगवत्यशगान को अधिकारी भयों मेरीकोकिलवत् बाणीभई देखो तो सत्संगते मैं ऐसेते ऐसो भयों ताते हेश्रीवेदव्यास जू तुमसत्संगकरिकै केवल भगवत् यशगावहुहृदयमेंशांति ह्वैजायगी श्री अगस्त्यजूने कबकहा एकसमय में शिवजू अगस्त्यजूके आश्रममें आये शिवजू कहा श्रीरामचन्द्रजूको चरितकहौ तबअगस्त्यजूकहा हे श्रीमहादेव तुमतो ईश्वरहौ तुमसन मैं का कहौं मैंतो घटते उत्पन्नहौं पूर्बहीं कोई काल में सूर्य जोहैं मित्राबरुण तिनने यज्ञ प्रारम्भ कीन्ह तहां देवता ऋषिमुनि सिद्ध अनेकन

आये सबमिलिकै कलशस्थापनकियो कलश में सूर्य बीर्य स्थापनकियो जेती सत्सभारही तिनने कोई अपनोबल कोई बीर्य कोई तेज कोई प्रताप कोई धृति कोई शांति कोई सन्तोष कोई क्षमा कोई ज्ञान कोई वैराग्य कोई भक्ति कोई बिमल अनुराग कोईप्रेम इत्यादिक ने योगध्यान समाधि अपनी शक्तिताही कलशमें स्थापनकियो पुनि समस्त मुनि जोरहे महान् भागवत् घटस्पर्श करिकै आशीर्बाद देतेभयेघट ते बालक उत्पन्न ह्वै ऐसे कह्यो तबमैं उत्पन्न भयों कोईकालपाइकै समुद्र को पानकरिगयो सोकेवल श्रीराम प्रताप औआपकी कृपाते आपसबजानतेहौ सत्संग प्रभावसे ऐसेते ऐसोभयों अबजोआज्ञाहोइसोकरौं हे श्रीमहा-

## जहाना १८ मतिकीरतिगतिभूतिभलाई जबजेहियतनजहांजेहिपाई १९ सोजानबसतसंगप्रभाऊ लोकहुबेदनआनउपाऊ २०

देवजू तब शिवजू कहा हे अगस्त्यजू श्रीराम चरित कहहु ताते प्रयाग क्षेत्रते अति अधिकतरहै संतसभा ( १७ ) जलकेजीव थलकेजीव नभ के जीव नानाकही अनन्त जीव जड़ चेतन जीव जेते जहान कहींसंसारमें जेजीवहैं जड़ तृण तरुपाषाण इत्यादिक जे श्वासारहित तिनकीजड़ संज्ञाहै चेतन श्वासा संयुक्त जेते जीव संसार मेंहैं जलचर ग्राह इत्यादिक थलचर गज इत्यादिक नभचर गीध इत्यादिक जड़ सेत बांधतसंते पहाड़ वृक्ष तृण इत्यादिक तरे चेतन कोल भिल्ल मृग बानर ऋक्ष इत्यादिक तरे देव दानव मनुष्य इत्यादिक जेतेहैं ( १८ ) इनसबनकी मति कीरति गतिकही मोक्ष भूति कही ऐश्वर्य भलाई इत्यादिक पदार्थ जो हैंअनेक जो काहू जीवको प्राप्तभयो है जब कहूं कौन्यूयतन ते जहां कहूं प्राप्तभयो होइ ( १९ ) सो सत्संगहिके प्रभावते जानिये आन उपाय नहींहै लोकमें वेदमें सत्संग काको कहिये सत्की संगति असत्को त्याग सत् कहिये एकरस सर्वकालमें सो को है श्रीरामस्वरूप श्रीराम नाम श्रीरामधाम श्रीरामचरित श्रीरामदास इनमें एकहूकी संगति करै सो सत्संग कहिये सो संसार तरिजाय अरु इनमें जो एकहूकी संगति करै तो सबकीसंगति ह्वैजाती है ( २० ) बिना सत्संग बिवेक नहीं होतहै सत्संग काको कहिये जबमन मिलै बचन मिलै कर्म मिलै उपासना मिलै इष्ट मिलै भजन मिलै रीति रहस्य अर्च्चाप्रकार विधिवत् बिशेष मिलै ताको सत्संग कहिये है सो सत्संग बिना श्रीरामचन्द्रकी कृपा नहींमिलै अरु बिशेष सत्संग यहीहै अपर सत्संग सामान्य हैं अथवा अपनी ओरसे अपनो मन क्रम बचन जब सत्संगमें मिलाइ देइ तब अपनो संतह्वै जाइ है किन्तुसत्कृपा करै तब सन्त होय ( २१ ) सत्संगति जोहै मूलहै मूलकर्हा जर है मुदमंगलमय एकतरुहै अरु मोक्षकी अनेक साधनाहै सो फूलहै अरु जोसत्संगको सिद्धान्तहै सोईफलहै परबकला गुठली रहित रसमयहै केवल रसहीहै सो फलहै ( २२ ) शठ जेहैं सुष्टुसंगति पाइकै सुधरिजातेहैं कैसे जैसेपारसके स्पर्शते लोहा सोना होतहै शठ काको कहिये जो अपनी हानि लाभ स्वार्थ परमार्थ नहीं समुझै अरु बिना समुझे जो हठकरै सो शठ अरुजो लोहा पारसके बीचमें कागज प्रमाणकहूं अन्तराइहोइ तो लोहा सोना न होइ तैसे जो सत्संगमें नेकहू कपट राखै तो संतनके गुण नहीं प्राप्तहोहिंअरु जो सर्वप्रकार कपटको छोड़िकै लोक मर्यादा दूरिकरिकै मिलै तो संत

## बिनुसतसंगबिबेकनहोई रामकृपाबिनसुलभनसोई २१ सतसंगतिमुदमंगलमूला सोइफलसिधिसबसाधनफूला २२ शठसुधरैसतसंगतिपाई पारसपरसिकुधातुसुहाई २३ बिधिबशसुजनकुसंगतिपरहीं फणिमणिसमनिजगुणअनुसरहीं॥२४॥ बिधिहरिहरकबि

अपनी बराबरि करदेते है पारस अपनी बराबरि नहीं करतहै ( २३ ) बिधिकही बिधाता अथवा बिधिकही संस्कार तेहिके बशह्वैकै सुजन कुसंगतिमें परैं तो अपने गुणको कैसे अनुसरब कही बर्त्ततेहैं जैसे सर्पविषे मणिअरुबिष दोऊ रहतहैं पर मणि जो है सो सर्पके अवगुण जो बिष ताको नहीं परसैहै तैसेही संसार सर्पहै असाधुबिषहै बिषकेगुण खलकेगुण एकही हैंसाधुमणिहै मणिगुण साधु गुण एकहीहै तैसे सत्जन कुसंगके अवगुण नहीं परसेहैं पुनिदूसर अर्थ सर्प अपनी मणि प्रकटिकै वाहीके प्रकाशमें बिचरतहै जबकोई बिजातीय आयो तब मणि लीलिलेतहै तैसे साधु अपने गुणके प्रकाशमें बिचरतेहैं जब कोई योगते कुसंगति प्राप्तभयो तब अपनेगुणको

आवान्तरकरिकै मौन ह्वैरहतेहैं जैसो जहां तात्पर्य होतहै ताही अनुसार अपने-अपने स्वभावते असाधु अरु साधु मणि अरु गुण बिषअरु अवगुण बर्ततेहैं मणिजेहैं बिषके स्वभाव नहीं ग्रहणकरैंहैं तैसो गुणमान् पुरुषजेहैं ते अवगुण के स्वभाव नहीं ग्रहण करते हैं ( २४ ) बिधिजोब्रह्माहैं हरिजो बिष्णुहैं हरजो महादेवहैं कबिजोबाल्मीकिआदिक हैं कोबिदजे बृहस्पति आदिकहैं बाणीजोसरस्वतीहै अथवा येजे सब महान्हैं तिनकी बाणीजोहै सो साधुनकी महिमाकहतसकुचातिहै ( २५ ) तिन साधुन की महिमा मैं कैसे कहिसकौं जैसे शाक जोहै पोतिसो कांचकी होतीहै ताको बणिककही जोबेचिबेवारोहै अरुजो मणिमाणिक अमोल करिकै जवाहिरनकहा तेहिमणिकै कीमतिपोतिको बेचनहारो गरीबक्याजानै तैसेमोको संतनकीमहिमाकहिबे कोअगमहै यहगुसाई तुलसीदास जू कहतेभये जोकोई कहै किबिधि हरिहर ईश्वरहैं साधुतो जीवहै जीवकीमहिमा ईश्वर क्योंन कहै तहांयेजो ईश्वरहैं तिनकी बृत्तिकार्यहेतुगुणाभिमानीहै अरुसंतजेहैं तिनकी अकार्य गुणातीत बृत्तिहै ताते कहतकै संकोचतेहैं अथवा बिष्णुअपनो सपूत पुत्रजानिकैनहींकहते हैं ( २६ ) दोहार्थ तातेबंदौं संतनकोसमचितहै जिनको नकोई हितहै नकोई अनहितहै जैसे दोऊकरमें प्राप्तभयोहै शुभसुमन गुलाब इत्यादिक एकहाथसों उतारतेहैं एक हाथमें लेतेहैं परदोऊ करांजलिमें समसुगंधहै तैसेसंतहैं अथवासंतनके सबहितैहैं अनहित कोई नहीं हैं जैसे फूलमें सुगन्धहै कोई तोरै

**कोबिदबानी॥ कहतसाधुमहिमासकुचानी २५ सोमोसनकहिजातनकैसे॥ शाकबणिकमणिगुणगणजैसे २६ दो०॥ बंदौंसंतसमानचित हितअनहितनहिंकोइ अंजलिगतशुभसुमनजिमिसमसुगन्धकरदोइ २७ संतसरलचितजगतहितजानिसुभावसनेहु बालबिनयसुनिकरिकृपा-रामचरणरतिदेहु २८** * * * * *

वारक्षाकरै ( २७ ) संतनको सरलचित्तहै सरलकही सबकेहितैचित्तमें बसैहैस्वाभाविकैसनेहसंयुक्त ऐसेसुभावसनेह संतनको जानिकै बंदामैंरोबालक की ऐसीबुद्धिहै तोतरीविनयसुनिकैकृपाकरिकै श्रीरामचन्द्रमेंरतिदेहुजैसेबालककोकभीमाता पितालडुवाखवायेहैं पुनिकबहूं बालककेअन्तष्करणमों इच्छाभई तो तोतरीबाणीसों लडुआको अडुवाकहतहैं बारबार मांगैहैतब सुनिकै मातापिताहर्षको प्राप्तहोतेहैंहँसिकै प्रसन्नह्वैकै लाडुहीदेतेहैं तैसे मोसों कछुबिपर्यय कहिआवै तो हे संतजनहु तुम मेरेमाता पिताहौ स्वार्थपरमार्थहूको क्षमाकरिकै कृपाकरहु श्रीरामचरणरतिदेहु ( २८ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वंसने बालकांडेसाधुगुणस्वभावलक्षणवर्णनन्नामतृतीयस्त-रंगस्समाप्तः ३॥

दो० खलगुणचौथतरंगमेसंगदोषगुणजानि । रामचरणनिजनीचता अनुसंधानबखानि ॥ बहुरिखलनकेगण जेहैं तिनकी बन्दनाकरतहौंसतिभायकही यथार्थगुणतिनके बर्णनकरतहौं निन्दाते नाहीं बर्णतहौं कैसेहैं खल दाहिनकहीसन्मुखहैं बिनाकार्यहि बामकही टेढ़ह्वैजातेहैं ( १ ) पुनिखल कैसेहैं परायेहितकी जो हानि देखतेहैं सोई लाभ आपनोहित मानिलेतेहैं अरु किसूको गृहग्राम देश भंडार उजरिजातेहैं तो हर्षमानते हैं जो किसीकी भलाई देखतेहैं तो अपने हृदयमें हानि मानतेहैं ( २ ) हरिहरकर जोहै यश सोईराकेशहै राका नाम पूर्णमासीको ईश पूर्णचन्द्रहै ताको ग्रासकरिबेको खल राहुरूप है जहांहरिहर यश कथाहोइ तहां खल गये तहां कछु उपाधि करतेभये कोई शोच की बातैं कहतेभयवा कथामें तर्ककरतेभये वा कोई बिषयीकी बातकहते भये तेहिकरिकै जो कथा एकहूदंड बन्दभई तो एकहीदंड ग्रहणजानिये अरु जो कथा उपनेतहोइ तो सर्व ग्रासग्रहण जानिये अरु परावा अकाजकरिबे को सहस्राबाहुकी समहैं खलन के तो हजारभुजा नहीं हैं हजारभुजाकी उपमा क्यों दई परावा

**चौ०॥ बहुरिबंदिखलगणसतिभाये जेबिनुकाजदाहिनेबायें १ परहितहानिलाभजिनकेरे उजरेहर्षबिषादबसेरे २ हरिहरयश राकेशराहुसे परअकाजभटसहसबाहुसे ३ जेपरदोषलखहिंसहसाखी परहितघृतजिनकेमनमाखी ४ तेजकृशानुरोषमहिषेशा अघ अवगुणधनधनीधनेशा ५ उदयकेतुसमहितसबहीके कुंभकरणसमसोवतनीके ६ परअकाजलगितनपरिहरहीं जिमिहिमउपल**

अकाजकरिबेको हजार भुजाकी समान हर्ष बल पौरुष प्रबलता करते हैं अथवा जो कोऊ उनके सम्मतमें परअकाज करिबे को जातेहैं तिनकी भुजा सब उनहींकीहैं यहिप्रकारते खलनके सर्वप्रसंग रूप यथार्थ जानिलेव ( ३ ) जे खलपराये दोष हजार नेत्रकरिकै देखतेहैं किन्तुपराये दोषको सहसा साखीभरतेहैं परहित जोहैसौ घृतहै ताघृतके बिघ्नकरिबेको खल अपने मनको माखीकरिकै मरिजाते हैं ( ४ ) जो खलनके ऐश्वर्य गुण बलकरिकै तेजहैं सो अग्निसमहैं सोतेज जीवन ते नहींसहाजाइ ताते खलनके तेज रोष दोनों दुःखरूपहैं रोषमहिषेशकही यम के समहैं किंतु महिषासुरहै अघकही पाप अवगुणकही अनेक कुलक्षणतिनके धनेश कही कुबेर हैं ( ५ ) पुनिऐश्वर्यरोष अवगुण तीनिहूंकरिकै जो खलनकी उदयभई तो जैसे केतु आकाशमें उदयहोतसंते सर्वजीवनकोभयउत्पन्न होतभई कियहिसम्मत मेंधौंकाउपद्रवहोइ केतु प्रभावते उपद्रवभई दैवराजा अग्निरोग ग्रह चौर व्याघ्र इत्यादिक करिकै जीवन को पीड़ाभई ताते केतु अरु खलएकहीहै कुंभकर्णकी सम जो सोवतरहै तो सर्वजीव सुखीरहैं खलनके सबप्रकार दरिद्ररूपनिद्रा बनीरहै जाते सोवतैरहैं नामसदापराये आश्रयरहैं ( ६ ) पुनिपरावा अकाजकरहिं अपने शरीर को त्यागिकै जैसे पाला अरु पत्थर कृषीको नाशकरै आपगलिजायहै ( ७ ) पुनिखलबंदौं शेषको ऐसोरोषहै शेषजी तो हजार मुखते श्रीरामनाम अहर्निश कहते हैं तैसे खलपरावा दोष निशिदिनकहतेहैं ( ८ ) पुनिखलबंदौंराजा पृथुकी समान राजा पृथु भगवान्से मांगिलीनहै कि जबमैं तुम्हारी कथा सुनों तब मोको दशहजार श्रवणको फल होइ तैसेही प्रीतिसे खलपरावा अवगुण दशहजार श्रवण सम सुनते हैं ( ९ ) पुनि शक्रकही इन्द्र सम खल हैं इन्द्रको अमृत प्रिय है वा आपने देवता प्रिय हैं वा आपनोऐश्वर्य प्रिय है तीनहूंको एकही सुख है अरु सन्तत ही निरन्तर खलन को मदिरा प्रिय है वा जाति कुलकुटुम्ब मद प्रिय है अथवा ऐश्वर्य मदमोहप्रिय है ( १० ) इन्द्रको बज्र प्रिय है खलनके बचनै बज्र हैं इन्द्रहजार

कृषीदलगरहीं ७ बन्दौंखल यशशेषसरोषा सहसबदनबरणहिंपरदोषा ८ पुनिप्रणवौंपृथुराजसमाना परअघसुनहिंसहसदशकाना ९ बहुरिशक्रसमबिनवौंतेही संततसुरानीकहितजेही १० बचनबज्रजेहिसदापियारा सहसनयनपरदोषनिहारा ११ दो०॥ उदासीनअरिमीतहित सुनतजरहिंखलरीति जानुपाणियुगजोरियशबिनतीकरौंसप्रीति १२ ॥चौ०॥ मैंअपनीदिशिकीन्हनिहोरा

नेत्रनते अपने देवतन को हित देखत हैं खल हजार नेत्रकरिकै पर दोषदेखते हैं ( ११ ) ॥दोहार्थ॥ खल कैसेहैं उदासीन सबते रहते हैं अरु सबके अरि हैं पुनि जे उनके मित्र हैं तिनहूं को हितकारहोत सुनहिं तो जरिजाते हैं यहखलन कै रीतिही है ऐसे लक्षण जिनमें होइँ तेई खल हैं पुनि जे संसारते उदासीन हैं साधुजन तिनकेतौअरिहैं पुनि उदासीनजेहैं मुनिजन तिनको अरि रावण है तिनके मित्र जो शिव हैं शिवको हित श्रीरामचन्द्र हैं तिनको यश सुनतमात्र जरिजाते हैं यह खलन की रीतिही है ताते जानुकही जांघ पानि कही हाथ दोनों जोरिकै जैसेखलहैं तैसेही यथार्थ सप्रीतिसमेत बिनतीकरतहौं जानुपानिक्योंकहा अतिप्रीतिते अथवा हास्यरसते बिनयकीन किन्तुगोसाईं कहतेहैं हेमन खलनको असजानुदोनोंकरजोरिबन्दनाकरु ( १२ ) मैंतो अपनीदिशिते अतिप्रीतिते निहोराकीन पर तेखलअपनी ओरतेभोरकही न भूलैंगे निंदाविघ्न करिबेमें न चूकैंगे ( १३ ) जैसे बायसकही कागअतिअनुरागतेपालिये पर आमिष भक्षणन छोड़ैगो तैसे खल हैं इहांपुनरुक्ति न जानब ( १४ ) सन्त असन्तन दोनों के चरणबन्दौं दुःखदातादोऊ हैं पर कुछ बीच है ( १५ ) सन्तजे हैं ते बिछुरत कै प्राण हरिलेते हैं खलमिलतसन्तेदारुण दुःखदेते ( १६ ) सन्त अरुअसन्त जगत्मेंएकही संग उपजते हैं जैसे कमलअरुजोंक जलहीमें उपजैहैं खलजोंकइवहैं सन्तकमलहैं जगत्जल है ( १७ ) सन्तसुधारूपहैं खलमदिरारूपहैं सुधासुराकेपिता एक समुद्रही है सन्तअसन्तकेपिता एकजगत्ही है ( १८ ) एकहीसंग दोऊ निजनिज करतूति ते उपजतभये एकसंत कहाये भलेसुयशकी बिभूतिकोप्राप्तभये अरुएकमलिनकरतूतिते खलकहाये अपयशकी विभूतिकोप्राप्तभये तातेकर्त्तव्यही सन्तहै कर्त्तव्यही असंतहै ( १९ ) सुधाजोहै सुधाकरजोहै सुरसरी जोहै साधुजोहै येचारिअपनी करतूतिते जगत् में पूज्यमानहैं अरु गरलजोहै अनल

तेनिजओरनलाउबभोरा १३ बायसपालियअतिअनुरागा होहिंनिरामिषकबहुंकिकागा १४ बन्दौंसन्तअसज्जनचरणा दुखप्रद उभैबीचकछुबरणा १५ बिछुरतएकप्राणहरिलेहीं मिलतएकदुखदारुणदेहीं १६ उपजहिंएकसंगजगमाहीं जलजजोंकजिमि गुणबिलगाहीं १७ सुधासुरासमसाधुअसाधू जनकएकजगजलधिअगाधू १८ भलअनभलनिजनिजकरतूती लहतसुयशअपलोक बिभूती १९ सुधासुधाकरसुरसरिसाधू गरलअनल कलिमलसरिब्याधू २० गुणअवगुणजानतसबकोई जोजेहिभावनीकतेहिहोई २१ ॥दो०॥ भलोभलाईहीलहै लहैनिचाईनीच सुधासराहियअमरतागरलसराहियमीच २२ ॥चौ०॥ खलअघअगुणसाधु

जो है अनलमें केवल दाहक अवगुणलेव अपरगुणहै ताते एकदेश लैलियाकलिमलसरि कहीकर्मनाशा जोहै असाधुजोहै येतेचारि अपनी करतूतिते जगत् में अपूज्यहैं क्रमते जानिलेव एकसुद्दगुणमयहै एकअवगुणमय है ( २० ) ताते गुणअरुअवगुण सब जानतेहैं परिजाको जौनभावतहैतेवाही को नीकमानिलियोहै ( २१ ) दोहार्थ ॥ परजो भलोहै सो भलेफलकोदेइगो अरु जो नीचईफलकोदेइगो जोमहत्गुणहै औ महत्अवगुणहै इन सबको जो कोई अपने ज्ञानते गुणको अवगुणकरिकै मानते हैं अवगुणकोगुणकरिकै मानतेहैं पर ये सबअपने यथार्थगुणकोदेतेहैं सुधाकोजानिग्रहण करै वा अजानग्रहणकरै सो अमरपदैदेइगो अरु बिषकोजानि ग्रहणकरैवा अजान ग्रहणकरै सो मारिहीडारैगो ताते दोनोंसराहिबेयोग्य हैं ( २२ ) खलजो है अघअवगुण समुद्रवत् ग्रहणकिये हैं साधुजोहै दया इत्यादिकशुभगुण समुद्रवत्ग्रहणकियेहैं तातेदोऊ अवगुण गुणके अवगाहकही अपार अगाधसमुद्रहै ( २३ ) जो कोईकहै कि तुमको किसीकेगुणदोषते कौनप्रयोजनहै सो सत्यहैपरमैंयातेकहतहौं कि गुणदोषकोबिभाग मैं समुझा चाहतहौं काहेते गुणदोषपहिंचानेबिनु संग्रह त्याग नहीं होतुहैं ( २४ ) अरुभलेपोचगुण बिधिजोहैब्रह्मा तिननेउपजायेहैं अथवा भलेपोचकै बिधि जोहै सो कर्तारजोहै भगवान् तिननेउपजायेहैं गुणअरुदोष गनिगुणकहीबिचारिकै वेदने बिलगाइदियेहैं ( २५ ) वेदजोहैं अरुशास्त्रजोहैं अरु इतिहास भारत हरिबंशइत्यादिक अरु पुराण ऐते सबकहतेहैं कि बिधि जो हैब्रह्मातेहिकर प्रपंचजोहै संसार तामें गुणअवगुणसनिरहेहैं अथवाप्रपंच ह्वै विधिजोहै तामें गुण अवगुण सनिरहेहैं ( २६ ) दुइचौपाई अक्षरार्थेजानिये २ माया तहां ब्रह्मजीव तहां जगदीश मायाकही जो तीनिहूं गुण को स्फुरितकरिकै परस्पर सर्व जीवनविषे मोहकी फांसकरि दियो है ब्रह्मके आश्रयहै अनेक बिकारमयह्वैगई सो मायाजानिये अरु ब्रह्म

गुणगाहा उभेअपारउदधिअवगाहा २३ तेहितेकछुगुणदोषबखाने संग्रहत्यागनबिनुपहिंचाने २४ भलेपोचसबबिधिउपजाये गनि गुणदोष बेदबिलगाये २५ कहहिंबेदइतिहासपुरानाबिधिप्रपंचगुणअवगुणसाना २६ दुखसुखपापपुण्यदिनराती साधुअसाधुसुजा-

निर्बिकार अन्तर्यामी सर्वकोसाक्षी जेहि ब्रह्मके एकदेशमें माया सदा बिलाशकरती है तीनिगुणमय अरु ब्रह्मत्रिगुणातीतहै पर माया ब्रह्म में मिलितहै ब्रह्ममाया मिलिकै अनेक ब्रह्मांडहै जो ब्रह्म अनेक विश्वमें अन्तर्यामी रूपबिश्वको चैतन्यकियेहै आपु एकरसमायामें सूत्रात्मक व्याप्त है जैसेमणिमेंसूत्र तहां भगवद्गीता सूत्रेमणिगणाइव जैसे फूलमें सुगन्धहै जैसे पदार्थमें स्वादहै परिफूलमें सुगन्धपदार्थ में स्वादमिले है अरु भिन्नभी है ऐसे मायाब्रह्महै पुनि जीवकही कार्यरूप जो प्रकृतिहै ताकोभोक्ता अरु जीवतत्त्वएकहीहै ब्यक्तिअनेकहै जैसे अन्नधान तत्त्व एकहै परिस्वरूपभिन्नहै ऐसेजीवहै कर्माधीन सुख दुःख हर्ष शोक पापपुण्य स्वर्ग्ग नरकइत्यादिक भोक्ताहै ईश्वरकीकृपाते मोक्षहोत है अरु ईश्वरको अंशहै गीताश्लोकार्द्ध ममैवांशोजीवलोके जीवभूतःसनातनः १ पुनि जगदीशकही जगत् के ईशते कोहैं ब्रह्मा विष्णु शिव इत्यादिक सर्ब बिश्वकेकार्य उत्पत्ति पालन प्रलयकर्त्ता गुणाभिमानी गुणन के बशनहींहै गुणतीनों तीनिहूं स्वरूप के वशहैं अरु जीवनको कर्मफल प्रदाताहै आपुस्ववशहै सम्पूर्णकर्म ते

रहितहै ईश्वरहै तैजगदीश हैं अथवा कोई असकहते हैं ब्रह्मसोई चारिरूप है ब्रह्मरूप सर्वसाक्षी ईश्वररूप प्रदाता जीवरूप भोक्ता मायाइच्छाभूत भोग्य पुनि माया लक्षिकही प्रत्यक्ष ब्रह्म अलक्षिकही परोक्षआदृश्य रंककही दीनसो जीव अवनीशकही जगदीश अथवा मायाब्रह्म मायाबादी माया को ब्रह्ममानते हैं जीवजगदीश जीवजगदीशबादी जीवको जगदीश मानतेहैं यह अवगुण है कोई यथार्थ मानतेहैं मायाको माया ब्रह्मको ब्रह्म जीवको जीव जगदीश को जगदीश मानतेहैं यहगुण है पुनि कोईपदार्थहै लक्षिदेखिबे में आवै अलक्षि नदेखिपरै किन्तु लक्षण अलक्षण पुनि रंकराजा यहअर्थ है जो कोई कहैकि मायाब्रह्म जीवजगदीश येभी बिधिकेउपजायेहैं सो अर्थनहींहै बिधि कही कर्त्तारको जो बिधि विशेष ब्रह्माकोकही तौ एककारण गुणअवगुणहै एक कार्य गुण अवगुणहै मायाब्रह्म जीवजगदीश कारण गुण अवगुण है सो कर्त्तार आपुही चारिलीलारूपहै अरु चारिहू को मिलिकै जो कार्य गुण अवगुणमें है तेहि प्रपंचको कर्त्तार ब्रह्मा है चारिहूं को कार्य कौन है

**तिकुजाती २७ दानवदेवऊंचअरुनीचूअमियसजीवनमाहुरमीचू २८ मायाब्रह्मजीवजगदीशालक्षिअलक्षिरंकअवनीशा २९ काशी**

मायाको कार्य स्वर्ग नरक मृत्युलोक की प्राप्ति ब्रह्मको कार्य सबको चेतनकरैहै जीवकोकार्य अहंमम हर्ष शोकइत्यादिक जगदीश को कार्यउत्पत्ति पालन प्रलय इहां ब्रह्मा विष्णु महेश को एकहीकरिकै कहाहै तीनिहूंके बिधिनाम कहेहैं सो जानेव ताते माया ब्रह्मजीव जगदीश इनचारिहूं को कार्यहै तिसको कर्त्ता ब्रह्माहै जो ये चारिहूब्रह्मा के प्रपंचमेंहैं तौ जैसेकोईक्षत्री के ग्राममें कोई ब्राह्मणवस्यो है तो क्या ब्राह्मणको कर्त्ता क्षत्रीहै सो नहींहै तैसे ब्रह्माकोप्रपंच जो कार्यरूप गुणअवगुणमय है तामें मायाब्रह्मजीवजगदीश एकार्ण रूपगुण अवगुणमय है परिब्रह्मा के कियेनहींहै परब्रह्म जो कर्त्तारहै सो इनकोकर्त्ताहै अथवा कर्त्तारही अपनी इच्छाते चारिरूपहै इत्यर्थ २९ देखिये तौ यहबिश्वमें काशीपंचकोश मर्याद मोक्षदेतुहै अरु मगहनरकदेतुहै दोउनकीसींव समीपहीहै पुनि सुरसरिश्रीगंगा मोक्ष देतुहै अरु निकटही कर्मनाशा नदी नरकदेतुहै मगहकर्मनाशा कैसेभयेहैं मैं सूक्ष्मकहतहौं राजात्रिशंकुरहै सो श्रीबशिष्ठमुनि को शिष्यरहै अधर्मी रहै कोईकालमें वशिष्ठको अपमानकियो बशिष्ठ तौ नहींबोले बशिष्ठ के शिष्यने त्रिशंकुको शापदियो राजाचांडालरूपहोइगयो तब राजा विश्वामित्र के पास जातभयो विश्वामित्र आपने तपकेबलते सहितरथ स्वर्ग को पठायो सो गुरुनके अपमानते ब्रह्मादिक देवतनते न जाड़पायो तबबीचमेंरह्यो रथसहित अर्द्धमुखटँगि रह्यो ताके रथकीछाया जहांतक परी सो मगहभयो पश्चिम पूर्व चौबीसयोजन पर्यन्त दक्षिण उत्तर सोरहयोजन पर्यन्त अरु राजाके तनकोपसे विमुखद्वार ह्वै बहतहै सो कर्मनाशा नदीही पापमयहै को जानै केतेकालमें निष्पाप होइगो गुरुअपमानकोयहफल है शास्त्रकहैहै अरु जहां माड़वाड़ निर्जलदेश अरु ताकी सींव मिलित मालवादेश जलमयहै अरु जेहिग्राममें महिदेव जो ब्राह्मण ताहीग्राममें नीचयोगबासकही चर्मकारआदिक सो भी रहतेहैं ३० सामान्य स्वर्गकहते हैं स्वर्ग नरक अनुरागबिरागा यहबिश्वमें सबहै यमलोकभी हैतामेंचारिद्वारहैं तहाँउत्तरदरवाजेस्वर्गभोग्यहैसात्त्विकगुणहै जेपुरुषसकाम सात्त्विककर्म करतेहैं ते वह स्वर्गको प्राप्तहोतेहैं जहां अनेकभोगहैं जबयहजीव स्वर्ग को जातहै तब देवी चन्द्रमुखी किशोरीअवस्था निर्मलस्वरूप अनेकस्वर्ण रत्नमय अलंकार सदाकिहे अनेकप्रकार के बाजन बीणादिकदिब्यगानकरत धूप दीप नैवेद्य कल्पबृक्षकेदिये भोजन दिव्यबस्त्र अनेक रत्न थारनभरे कमल करनलिये आरतीसजे ऐसी देवबधू देवकन्या तेहिपुरुष को आगे लेतीहै षोड़शप्रकार पूजनकरिकै अनेकरत्नमय महल तहां।

**मगसुरसरिक्रमनासामरुमालवमहिदेवगवासा ३० स्वर्गनरकअनुरागबिरागानिगमागमगुणदोषबिभागा ३१ दो०॥ जड़चेतनगुणदोष**

बासदेतीं है बनितादिक अनेकभोग पुरुषकरतहै जब पुण्य क्षीणहोइ तबफेरि मृत्युलोकमें जन्मलेतहै (गीता) क्षीणेपुण्येमृत्युलोकंबिशंति आवागमन नहींमिट्यो ताको स्वर्गकही पुनि यमलोकमें दक्षिणदरवाजे में अट्ठाईसनरकहैं तेकौननरक तामिश्र अन्धतामिश्र रौरव महारौरव कुम्भीपाक कालसूत्र असिपत्र शूकरमुख अन्धकूप कृमिभोजन संदंश तप्तभूमि बज्रकंटक शालमली वैतरणी पूयोद प्राणरोधन बिषसन लालाभक्षण सारमेयादन अवीचिरयः पानकर्दमों रक्षोगण भोजन शूलपोत द्वंद्वसुक कूपनिरोधन

पर्यावर्त्तन शूचीमुख एते अट्ठाईसनरक इनकेस्वरूपफल उत्तरकांड में कहैंगे पश्चिम पूर्व दरवाजे सुख दुःखदोनों हैं एकही ठौर हैं एकहीजगहमें अनुराग है अरु बिरागभी है देखिये तौ महाराजा ऋषि भये देवभये तिनके एकसैपुत्रभये तिनमें नवतौ नवोंखंडके राजाभये तिनमें भरतजू परमहंसभये पुनि नवविरक्तभये महायोगेश्वरभये अपर सब ब्राह्मणभये अनुरागकही विषयमें प्रीतिकरना बिरागकहिये ब्रह्मादिक को ऐश्वर्य ताकोत्याग यह जो बिश्वहै गुणअवगुण में ताको बिभागकही भिन्नभिन्न गुणअवगुण जनायदियोहै बेदने अरुशास्त्रने ताते सबजानत हैं ३१ ॥ दोहार्थ ॥ जड़ जो है चैतन्यजोहै दोनोंगुण दोषमयहै जड़कही बृक्ष तृणजल पाषाण इत्यादिक जो न चलै तिनमें बृक्ष आंबचन्दन कटहरइत्यादिक उत्तमबृक्षजे हैं ते गुणमयहैं बबूरइत्यादिक कंटक विषसंयुक्त जेबृक्षहैं ते अवगुणमयहैं ऐसेही तृणइत्यादिक जानिय ऐसेहीपाषाणइत्यादिक जानिये चैतन्यकही नर देव दानव पशुपक्षीकीटइत्यादिक जिनके श्वासाचलैं ते चैतन्य अरु श्वासारहित हैं तिनकी जड़संज्ञा है इनसबनमें अनेकन्ह गुणमयहैं अनेकन्ह अवगुणमयहै यहविश्वअरु बिश्वके कार्य सबको कर्त्तार कही परमेश्वरहै तहाँ गुणदूधमय है अवगुण जलमय है संतजन हंसरूप हैं गुण जो है दूधरूप ताको ग्रहणकरते हैं बिकार जलरूपत्यागकरते हैं ( ३२ ) हंसको ऐसो बिबेक जो बिधातादेइ बिधाता कही परमेश्वर अथवा बिधाता कही ब्रह्मा आचार्य रूप सो बिबेकदेइ तब गुणको ग्रहणहोइ अवगुणको त्यागहोइ ( ३३ ) काल केवश स्वभाव के वश कर्मके वश कालकही जेहिकालकेबिषे चंद्रमा सूर्य देवदानवमनुष्य घरीपहरदिनमासवर्ष युग कल्प ये सब कालहीमें फिरतेहैं उपजतेहैं बिनशतेहैं सर्ब ऐसो प्रबलताको कालकही अरु कइव जन्मको

**मयविश्वकीनकरतारसन्तहंसगुणगहहिंपयपरिहरिवारिबिकार ३२ चौ०॥ असबिबेकजबदेइबिधातातबतजिदोषगुणहिंमनराता ३३ काल सुभावकर्मबरिआईभलेहुप्रकृतिबशचूकभलाई ३४ सोसुधारिहरिजनइमिलेही दलिदुखदोषबिमलयशदेही ३५ खलउ**

संस्कार सूक्ष्मरूप जो शरीरमें बर्त्तमान होत है अपने को नहीं समुझिपरैताको स्वभावकही अरु पूर्बसंस्कार संयुक्त जो कृतमान स्थूलरूप है सो इन्द्रियद्वार ह्वैकै बर्त्तमान होतहै ताको कर्मकही ए तीनिहूं प्रबलहैं जेहिपुरुषकी भली प्रकृतिकही भली रीति रहीहै अरु कभू कालकर्म स्वभाव की बरिआयी कही प्रबलता के बशह्वैकै भलीरीतिमें चूकिगयो कुरीतिह्वैगई कहूं ( ३४ ) शरीर की प्रकृतिते जो बिकारह्वैगयो ताको हरिजन सुधारिलेते हैं इमि जो कहा ताको दृष्टान्त आगेकी चौपाई में है अथवा याही चौपाई में है सो सुधारि हरिजन इमि किमि जैसे हरिके जनन्हते अनेकचूकपरी है ताको हरि सुधारते आये हैं चारिहू युग में तैसे अबहूं सुधारते हैं अथवा हरिके जनन्हते जब चूकपरी तब आपुही ते आपु समुझिकै सुधारि लेत हैं अथवा सद्गुरु उपदेश करिकै सुधारिलेते हैं इमि कही जैसे परंपरा सुधारते चले आये हैं तैसे दोष जो भई चूक तेहि करिकै जो भयो है दुःख सो दुःख दलिकही नाशकरिकै बिमलयशको प्राप्तकरते हैं अरु बिमल यश को प्राप्त होते हैं ( ३५ ) खलजो हैं खल काको कही जो नीक बिकार समुझते हैं परि बिकारही करै हैं किसूको उपदेश नहीं मानै जैसे कोई जागत है मुखमूंदि कै सोइरह्यो है सो जगायेते नहीं जागै ऐसे खलहैं तेऊ भलाई करतेहैं सुन्दरिसंगतिपाइकै फेरि जब खल खलनकी संगतिमेंगये तब वै खलत्वको सुधारिकै जैसे आगे खलरह्योहै तैसेहीकरिदये काहेते वाके खलत्व स्वभाव जो अनेकजन्मके संचित अभंग रह्योहै ताते मलिनस्वभाउ नहीं मिट्यो पाछे की चौपाई में जो इमि पदकह्यो ताकोदृष्टान्त यहांसिद्धिभयो इमिकहीजिमिखलनकोसुधारिकै खलकरिलीन तिमिसाधुते जो चूकपरी ताको सुधारि कै साधुजन साधुकरलेतेहैं ३६ लखिसुवेष सुन्दरवेष बनाये हैं अरु जगवञ्चककही जगत् उनको छलिलीनहै अथवा सबको आपुछलत फिरतेहैं तेऊबेषके प्रतापते जगत्में पूजेजाते हैं ( ३७ ) पर अन्तमें उघरिजाते हैं जेपुरुष सुन्दरवेष बनायकै बञ्चकई करतेहैं सो पाखण्ड अन्तमें खुलिजात है जैसे कालनेमिनामे राक्षस सो मार्गके मध्यमें बैठ्योजाइ संन्यासवेषसुन्दर बनायकै हनुमान्जूके छलिबेको जब हनुमान्जू लंकाते संजविनी को जातेरहे तब कोई यत्नते हनुमान्जू जानिगये तब उसको मारिडार्यो पुनि रावण संन्यासीको बेषकरिकै पंचबटीमें श्रीजानकीजूके नि-

**करहिभलपाइसुसंगू मिटैनमलिनसुभावअभंगू ३६ लखिसुवेषजगबंचकजेऊ बेषप्रतापपूजियततेऊ ३७ उघरेअंतनहोहिनिबाहू कालनेमिजिमिरावणराहू ३८ कियेकुबेषसाधुसनमानू जिमिजगजामवंतहनुमानू ३९ हानिकुसंगसुसंगतिलाहू लोकहु बेद**

कट भयसमेतजातभयो तब जानकीजू जानिलीन तब संन्यासीते राक्षसदेखिपरो अन्तमें पुनि भगवान् जब क्षीरसमुद्र मथनकीन तब चौदहरत्न निकसे लक्ष्मी कौस्तुभमणिशशि कामधेनु कल्पबृक्ष ऐरावत धन्वन्तरिरम्भानामे अप्सरा अमृत अश्व मदिरा बिष शंख धनुष १४ तेहिमें अमृत जब भगवान् देवतन्हको पारुसिकरने लगे तब देवतारूपह्वैके राहुजाइबैठोअन्तमें ताको पाखण्ड खुलिगयो अथवा कैसो बंचकहोइ बेषके प्रतापते जगत्में पूजनीयहोइहै अरु उघरहिअन्त न ताकी बंचकता अन्तहूमेंनहींउघरै निबाह ह्वैजाइहै नाममोक्षहोइहै जैसे हनुमान्के मारे अन्तकालमें कालनेमिमोक्षभयो श्रीरामचन्द्रकेमारे अन्तमेंरावणमोक्षभयो पुनिबिष्णुके चक्रकरिकै राहु को शीशछेदनभयो चक्रांकितभयो ताते अन्तमें मोक्ष होइगो ( ३८ ) कियेकुबेष जो कदाचित् केवल अन्तष्करणते साधुता होइअरु ऊपरते कुवेषकियेहोइ अरु साधुरीति होइ सो रघुनाथजी को बहुत प्रियहै जैसे विदितजगत्में जाम्बवन्त हनुमान् आदिक श्रीरामचन्दजूके अनन्यभक्तहैं अरुजेशेषसंयुक्त निष्कपटभक्तहैं तिनकीकाकहौं ( ३९ ) हानि कुसंग देखियेतौ कुसंगतिमें हानिहीदेखिपरैहै अरु सुसंगतिमें लाभही देखिपरैहै लोकहूमें वेदहूमेंप्रसिद्धहै ( ४० ) गगनचढ़े रजदेखिये तौ सुसंगति कुसंगतिकोप्रभाव रजकहीधूरि सो पवनकेप्रसंगकरिकै आकाशको चढ़िजातीहै पुनि कीचमेंमिलिजातीहै नीचजोहैजल ताकेसंगकरिकै नीचत्वको प्राप्तभईधूरि कीचह्वैगई जलकोनीच क्यों कहाजेहिके संगकरिकैकोई नीचत्वकोप्राप्तहोइ वाकेलेखे वहनीचहीहै अथवा जलनीचहीको बहतहै ताते येद्वै प्रकारकरिकै जलकोनीचकहा ( ४१ ) साधु असाधु दोऊने अपनेघरमेंकोईने सुवापाल्यो कोई ने सारिकापाल्यो साधुकेयहाँ श्रीराम श्रीराम कहतुहै असाधुकेयहां गारीदेतुहै देखियेतौ सुसंगकुसंगकरिकै पक्षिनकीप्रकृतिबिगरीजातीहै मनुष्यकोस्वभाव क्यों नबदलैगो ( ४२ ) धूमजोहै सोतृणलकड़ीकण्डा इनको कुसंगपाइकै कारिषहोत है उहै धूम नेत्रन को दुःखदेतहै पुनि तेल की संगतिपाइकै सुन्दरिमसि बनती है तेहिमसिते पुराणलिखे जाते हैं पुनि सोई कज्जल नेत्रन को शोभित करै है ( ४३ ) सोई धुआं घृतशक्कर इत्यादिकनके संगते होमहोत है ताको धुआं जल अग्नि पवनके

**विदितसबकाहू ४० गगनचढ़ैरजपवनप्रसंगा कीचहिंमिलैनीचजलसंगा ४१ साधुअसाधुसदनशुकसारी सुमिरहिंरामदेहिंगनिगारी ४२ धूमकुसंगतिकारिषहोईलिखियपुराणमंजुमसिसोई ४३ सोइजलअनलअनिलसंघाताहोइजलदजगजीवनदाता ४४ दो०॥ ग्रह**

संगकरिकै मेघहोत है सम्पूर्ण जगत्को जीवनहोतहै अथवा अवरेवकरिकैअर्थ सिद्धिहोत है धूम सोई जलनाम उत्पन्नभयो अनलतेलकही लीन उत्तमसाकल्यके प्रसंगहोइकै पुनि अनिलकही पवनके प्रसंगते सो धूममेघभयो सम्पूर्णजगत्को जीवनजल ताको दाता होतभयो है॥श्लोक॥ श्रीभगवद्गीतायां ॥ अन्नाद्भवन्तिभूतानि पर्जन्यादन्नसंभवः । यज्ञाद्भवन्तिपर्जन्यो यज्ञःकर्मसमुद्भवः ( ४४ ) दोहार्थ ॥ ग्रह भेषजग्रह नव आदित्य चन्द्र मंगल बुध बृहस्पति शुक्र शनिश्चर राहु केतु भेषजनामओषधि जलपवन पटइत्यादिक येते सुयोग पाइकै सुवस्तु होतेहैं कुयोग पाइकैकुबस्तु होतेहैं देखिये तौ चन्द्रमा एकही है काहू के दूसर सन्मुखदाहिन मंगलदाताहै अरु काहूके आठम पाछंयामें अमंगलदाता है ऐसेही नवोग्रह जानिये ओषधि कोई काल में गुणकरैहै कोईकाल में नहींगुणकरैहै जलएकही कूपको कोईम्लेच्छके पात्रमेंपरयो कोई वैष्णवके पात्र में परयोहै पवन पुष्पके प्रसंगकरिकै सुगन्धमय बहतहै विकारको प्रसंगपाइकै दुर्गन्धबहत है पटएकईथान ते मुर्दाकेकफनको गयो वाही थान ते ब्राह्मण वैष्णव के अंगमेंलग्यो इत्यादिक अनेक दृष्टान्तहै ( ४५ ) समप्रकाशहै अरु सम अन्धकारहै शुक्लपक्ष में अरु कृष्णपक्ष में दोउन में बराबरिहै शुक्लपक्षकी पूर्णमासीलेव कृष्णपक्षकी परिवालेव दोनोंप्रकाशमयहैं शुक्लपक्षकी परिवा कृष्णपक्ष की अमावस दोऊ अन्धकारमयहैं शुक्लपक्षकी चतुर्दशी कृष्णपक्षकी द्वितीया दोउनमें एकएककला अन्धकार

पन्द्रह पन्द्रहकला प्रकाश हैं शुक्लपक्ष की त्रयोदशी कृष्णपक्ष की तृतीया दोउनमें प्रकाश तम बराबरिहै येहीप्रकार क्रमही ते शुक्लपक्षको चढ़ाइ कृष्णपक्ष को उतारि आदिअन्त ताईं प्रकाश अरु तम दोउनमें बराबरिजानिये कृष्णकही कालारंग तामसगुण शुक्लकही श्वेतरंग सात्त्विकगुण देखिये तौ विधाता ने एकहीमास में द्वै पक्षकियो है शुक्लपक्ष कृष्णपक्ष काहेको कियो एकमासमें तहां प्रथमहि ते पन्द्रहदिनदिनप्रति चन्द्रमा की हानिकरैहै ताते विधाता ने कृष्णपक्ष कह्यो है कुसंगति ते ऐसीहानिहै अरु पन्द्रहदिन दिनप्रति चन्द्रमा बढ़ावैहै तातेशुक्लपक्ष कह्यो सुसंगति में ऐसी बृद्धिहै ताते जो कोई किसीकी हानि

**भेषजजल पवनपटपाइकुयोगसुयोग होइकुबस्तुसुबस्तुजग लखहिंसुलक्षणलोग ४५ समप्रकाशतमपाखदुहु नामभेदविधिकीन शशिशोषकपोषकसमुझि जगयशअपयशदीन ४६ जड़चेतनजगजीवजत सकलराममयजानि बन्दौंसबकेपदकमल सदाजोरियुग पानि ४७ देवदनुजनरनागखग प्रेतपितरगन्धर्व बन्दौंकिन्नररजनिचर कृपाकरहुअबसर्ब ४८ ॥चौ०॥ आकरचारिलक्षचौरासी**

करैहै सो जगत्में अपयशको प्राप्ति होतेहैं जो कोई किसी के धर्म को बढ़ावतेहैं ताको बिधाता यह जगत्में सुयशको प्रप्तकरतुहै ताको सुसंग कही ( ४६ ) जड़चेतन जगत्में जेते जीवहैं सकलमें अन्तर्य्यामी राममय जानिकै सबके पदकमल बन्दौं सदा दोऊकरजोरिकै श्रीअध्यात्म रामायणे वशिष्ठवाक्यं यस्मिन्रमन्ते मुनयो विद्ययाज्ञान बिक्लवेतंगुरुंप्राहरामेतिरमणाद्राम इत्यपि ( ४७ ) देवदनुज नरनागखग प्रेतपितर गंधर्व किन्नर निशिचर मैं सबके पदवन्दौं मेरेऊपर कृपाकरौ देव बृहस्पति इत्यादिक दानव प्रह्लाद इत्यादिक नर वशिष्ठ विश्वामित्र जनक इत्यादिक नागअनन्त जो शेषइत्यादिक खगकागभुशुण्ड जटायु गरुड़ इत्यादिक प्रेतराज धर्मराजइत्यादिक पित्रअर्यमा इत्यादिक गंधर्व तुम्बरु इत्यादिक किन्नर शुक इत्यादिक निशिचर विभीषण इत्यादिक एते समस्त मेरे ऊपर कृपाकरहु ( ४८ ) आकर चारि अंडज अंडा ते उत्पन्न हैं पुनि उद्भिज भुइँ फोरिकै उपजते हैं तृण वृक्ष इत्यादिक पुनि जरायुज जराकही झोरी बँधिकै जन्मते हैं पशु मनुष्य इत्यादिक उष्मज बर्षाऋतु में मसा डंसादिक ये चारि खानि हैं ताते चौरासीलक्षयोनिहैं स्थावर तृण बृक्ष इत्यादिक बीसलक्ष अरु जलके जीव नवलक्ष कूर्म संज्ञा कछुहा मूससर्प्य दीमक चींटी इत्यादिक जे भूमिखनिकै रहतेहैं ते ग्यारहलक्ष अरु विहंग पतंग इत्यादिक नभचर दशलक्ष उरु पशु चौपया इत्यादिक तीसलक्ष अरु बानरचारिलक्ष मनुष्यतन चारिखानिमें तौ है पर चौरासी ते न्यारोहै मनुष्यतनबिषे विकार कर्म करिकै चौरासी होतीहैं धर्मशास्त्रे ॥ श्लोकद्वै ॥ स्थावरंबिंशतेर्लक्षं जलजंनवलक्षकंकूर्मेश्चरुद्रलक्षंच दशलक्षंचपक्षिणः १ त्रिंशलक्षंपशूनांचचतुर्लक्षंचबानरः ततःमनुष्यतांप्राप्य ततःकर्माणिसाधयत् ( ४९ ) सीताराममय सब जगत्को जानिकै प्रणामकरतहौं यहां मयकही समूह तदात्मक को जैसे सूर्य प्रकाशमय है पावक तेजमय है शशि शीतमय है ऐसे अनेक दृष्टांत हैंतैसे श्री सीता राम मय सबजगत्है जो कहौ कि पांचतत्त्व तीनिगुणमय सबजगत् है तेहीमें श्रीसीता रामजूहैं सो यहअर्थ असिद्धहै काहेते यहसबप्रपंच अविद्यामय है ताको कारण प्रकृतिहै अरु श्रीसीताराम कार्य्य

**जातिजीवजलथलनभबासी ४९ सीयराममयसबजगजानी करौंप्रणामजोरियुगपानी ५० जानिकृपाकरिकिंकरमोहू सब**

कारण दोऊ ते परे हैं तहां चौपाई सीयराममयसबजगजानी ताको यहअर्थ है सो जानब अन्तर्यामी चैतन्यब्रह्म तेहि मय श्रीरामचन्द्र हैं अरु ब्रह्मानन्द जो है तेहिमय श्रीसीताजूहैं ऐसे जानिकै दोनों हाथजोरिकै प्रणाम करतहौं श्लोकचारसनत्कुमारसंहितायां रामंसत्यंपरंब्रह्म रामा किंचिन्नविद्यते तस्माद्रामस्यरूपोयं सत्यंसत्यमिदंजगत् १ ब्रह्मांडपुराणेश्रीरामचन्द्रवाक्यंवशिष्ठंप्रति यथानेकेषुकुम्भेषु रविरेकोपिदृश्यते तथासर्वेषुभूतेषु चिंत्यनीयोस्म्यहंसदा २ तहां श्रीसीतारामएकहीहै प्रमाणश्रुतिःरामःसीताजानकीरामचन्द्रो नित्याखण्डोयेचपश्यन्तिधीशः ३ जनकस्य राज्ञःसद्मनिसीतोत्पन्नाताछं सर्वपरापरानन्दमूर्त्तिर्गायन्तिमुनयोपिदेवाश्चकारणकार्य्याभ्यामेवपरातथैव कारणकार्य्योशक्तिर्यस्याः

विधात्रीश्रीगौरीणां सैवकर्तृ सैवरामानन्द स्वरूपिणी जनकस्ययोगफल मिवभांति ४ इत्यथर्वणेश्रुतिः उत्तरार्द्धे यहां तटस्थलक्षणाह जगकहिकै जीवको लक्ष कीन है पाछेदोहा में कहा है जड़चेतन जगजीवजत सम्पूर्ण जगत् में जेते जीवहैं सबकोमय श्रीसीताराम मय जानौहौं ताते मोको आपन किंकरजानिकै मेरेऊपर छोहकरो छलछांड़िकै सबको सीताराममय कौनरीति जानिकै किंकरहोते हैं अरु सबजीव में छलकाहै जीवतत्त्व जो है सो तौ सदा शुद्धहै जीवको अन्तर्यामी ब्रह्महै अरु ब्रह्मानन्द परमानन्दजो है यहआनन्द जीवब्रह्म के संयोगमें है काहेते की ब्रह्म अरु ब्रह्मानन्द अरु जीव ये जो हैं तीनिहूंतत्त्व सो कभी भिन्ननहींहैं सर्बकाल में एकहीसंगमिले हैं सच्चिदानन्द रूप है तहां शुद्ध जीवतत्त्व सद्रूप है ब्रह्म चिद्रूपहै अरु दुःख सुख पाप पुण्य स्वर्ग नरक हानिलाभ निन्दास्तुति मानापमान हर्ष शोक बर्णाश्रम सम्पूर्ण धर्म कर्म इत्यादिक ए कहू नहींसम्भवै सोई ब्रह्मानन्द है सो आनन्द आनन्दैरूप है चिन्मयश्रीरामचन्द्र हैं आनन्दमय श्रीसीताजूहैं सन्मय चिदानन्द है अरु यह जो जगत् है प्रपंचरूप सो सच्चिदानन्दमिले येभीसत्यहै कारणरूप तातेसीताराम मय सबजगत्को जानिकै प्रणामकरतहौं दोऊकरजोरिकै अरु जो काहूको प्रमाणदैकै कहतहौं कि स्त्रीबर्ग समस्त सीतामयहै अरु पुरुषवर्ग सर्बराममयहै सो यहअर्थ व्यावहारिकहै परमार्थिकनहीं है ( ५० ) सर्बजीव जो तुमहौ सीताराममय सो सबमिलिकै मेरे ऊपर कृपाकरोआपनों किंकरजानिकै छोहकरो छलछोड़िकै जाते श्रीश्रीरामचरितमें

## मिलिकरहुछांड़िछलछोहू ५१ निजबुधिबलभरोसमोहिंनाहीं तातेबिनयकरौं सबपाहीं ५२ करनचहौंरघुपतिगुणगाहा लघुमति

विघ्न न होइ जीवमेंछलकाहै जीवस्वस्वरूप परस्वरूप भूलिगयो है बर्णाश्रम धर्म कर्म तामें अहंमम मानिलियो है मायाको आपनीमान्यो है ताते अनेकछल जीवको होइगयोहै सो सबछलछोड़ जीव सीताराममयहै सो मेरेऊपरकृपाकरहु शुद्धरूपह्वैकै काहेते अन्तर्यामी ब्रह्म श्री सीता रामचन्द्र को रूपहै साक्षीभूत है अरु ब्रह्मानन्द श्रीसीताको रूपहै अरु जीव श्रीसीता रामचन्द्र को अंशरूप है श्रीसीता रामस्वरूप है अरु अंशीहै अरु सच्चिदानन्द बाचकपद है अरु श्रीसीताराम बाच्यहै ताते सीतारामय कहा अथवा मैंतो सबको सीताराममय देखौं हौं जो मेरे देखिबे में कहूं सम बिषम ह्वैजाय सो छल मेरोछोड़िकै छोहकरबजाते श्रीसीतारामचरित मैं करतहौं जामें बिघ्न न होय ( ५१ ) इत्यर्थः ॥ मैं श्रीरामचरित करतहौं निजकही अपनी बुद्धि को बल ताको भरोस मोको नहीं है ताते तुम सबन ते बिनय करतहौं ( ५२ ) अरु बिशेषि श्रीरामचन्द्रको गुण कराचाहतहौं केतेगुण हैं श्रीरामचन्द्र के गाहा कहेसमूह अथवा गाहाकहे ग्रहणकरतिहै मेरीमति सो मतिलघु है सो चरित को अवगाहा चाहतिहै नाम प्रवेश कीनचाहतिहै अथवा मेरीमति लघुकही छोटीहै अरु श्रीरामचरित अवगाहकहे अथाहहै थाह पावनेवाली मेरी मतिनहींहै चौपाई के दोऊचरण के अन्त में गाहापाठहै सो पुनिरुक्ति न जानब अर्थ भिन्न-भिन्न है ( ५३ ) अरु जहांतक काव्य के अंग हैं तिसकीउपाय है अनेक सो मोको एकोनहीं सूझिपरै अथवा अंक जोअक्षरमात्र तिनके जो अंग हैं ह्रस्व दीर्घ प्लुत अनुसार बिसर्ग इत्यादिक अनेकअंगहैं अक्षरनबिषे तेहिको उच्चार काव्यनबिषे जहां जसचाही इनको उच्चार तेहिकी बासना मेरे एकहूनहींहै काहेते मन अरु मति दोऊ रंकनाम कंगाल हैं मनकोचाहिये श्रीरामचरित मनन करै नामबिचारतरहै अरु मतिकोचाहिये जो मन मनन करै ताको धारणकरै सो यह कृपा में दूनोंदरिद्री हैं अरु दूनोंको मनोरथ राजाहै मनोरथ नाम चाहना बड़ीहै ( ५४ ) मति जेहिमति ते श्रीरामचरित ग्रहणकरिबेकोहै सो मति तो नीचिहै मानबड़ाई यश इत्यादिकको मनि ग्रहणकरिरही है ताते नीचिहै छाछीस्थाने कर्म सोभी नहींमिलै अरु अन्तष्करण में अच्छी रुचि है कि श्रीरामचरित जो अमृतमयहै सो मोको बहुतमिलै जैसे कोई कंगालहै जगत्मय छाछीकही जो छाछनाम माठाकोपात्रहै ताको धोवन ताको

## मोरिचरितअवगाहा ५३ सूझनएकौअंगउपाऊ मनमतिरंकमनोरथराऊ ५४ मतिअतिनीचऊंचरुचिआछी चहियअमिय जगजुरैनछाछी ५५ क्षमिहैं सज्जनमोरिढिठाई सुनिहैंबालबचनमनलाई ५६ जोबालककहतोतरिबाता सुनिमनमुदितहोहिं

छाछीकही सोऊ नहींमिलै ऐसो दरिद्री है अरु चाहना अमृत की करै है यतनी दीनता श्रीतुलसीदासजू क्यों कहते जहां हैं यहरीति को बचन आवै तहां नीचानुसंधान जानिये बिना नीचानुसंधान श्रीरामचन्द्र शीघ्रनहिंद्रवहि अरु कार्यन्य शरणागत है यहमुख्य है अथवा जैसे कोई बड़ा आदमी श्वेतबस्त्रओढ़े है काहू कालारंग की छीट परिगई सीकरमात्रताके छुटाइबे को वह मनुष्य शीघ्र यत्न करिकै छुटाइडारैहै तैसे जिनसंतन के मन सर्बथा उज्ज्वल ह्वै रहेहैं काहूकाल संस्कार के बशकी निवासनाआइगई है तब श्रीरामचन्द्रसे यदिवा श्रीराम दासन ते अथवा सर्ब जी वन ते नीचानुसंधानकरिकै धोइ डारते हैं काहेते नीचानुसंधान जलरूप है अरु जेआपु को ऊंचे मानिरहे हैं ते मृत्तिकाके धूहकी समान हैं ताते गोसाई तुलसीदास नीचानुसंधानुकीन है आपु तो सर्बथा उज्ज्वलहैं यह सर्बको शिक्षाभाग है ( ५५ ) येती बड़ीढिठाई मेरीमतिके छाछी नहींमिलै अरु चाहे अमृत यह मेरीढिठाई आश्चर्य है परिसज्जन क्षमाकरिकै मेरोबालकको ऐसो बचन मानिकै मनलाइकै सुनहिंगे ( ५६ ) जैसे बालक तोतरोबचन बोलैहै ताको माता पिता आनन्द मनते सुनते हैं सो मेरीबाणी बिपर्यय सुनिकै मेरे मनोरथपूर्णकरहिंगे सन्त जैसे कोई बज्रकंगाल को बालक कभी किञ्चित् लड्डूखायो है सोई मनमें बासनाबनी है सोईतुतुरायकै एड्डू एड्डू करिकै मांगतहै तहां कोई राजा बालक को तोतरो बचन सुनिकै कोई दशबीस लड्डूमँगाय दियोहै तैसे साधुजन जो मोसे नकहतबनैगो तबहूं रीझिकै मेरो मनोरथपूर्णकरहिंगेअरु मेरीढिठाई सज्जन क्षमाकरहिंगे ( ५७ ) अरु कूरजेहैं कुटिलजेहैं कुबिचारीजेहैं ते हँसहिंगेजे परावा दूषण जो है ताहीको भूषण धारणकियेहैं कूरकही कठोर हृदय कुटिलकही टेढ़े मन बचन कर्म कुबिचारी कहे मलीन विचार अथवाश्रीरामचन्द्र को छोड़िकै अपरदेव को सिद्धान्त करते हैं अथवा रात्रिदिन बिषय को बिचार करतेहैं ते सबकुबिचारी हंसहिंगे ( ५८ ) निजकही अपनी कबिताई सबको नीकीलगैहै सरसकही मीठीहोइ अथवा फीकीहोइ

**पितुमाता ५७ हंसिहैंकूरकुटिलकुबिचारी जेपरदूषणभूषणधारी ५८ निजकबित्तकेहिलागुननीका सरसहोयअथवाअतिफीका ५९ जेपरभणितसुनतहरषाहीं तेबरपुरुषबहुतजगनाहीं ६० जगबहुनरसरसरिसमभाई जोनिजबाढ़िबढ़हिंजलपाई ६१ सज्जनसकृत सिन्धुसमकोई देखिपूरबिधुबाढ़तजोई ६२ ॥दो०॥ भागछोटअभिलाषबड़करौंएकबिश्वास पैहैं सुखसुनिसुजनजनखलकरिहैं**

अपनी बाणी आपु आपुको सबको नीकीलगै है ( ५९ ) पुनिजो पराई भनितकही कबिताई सुन्दरिहै अथवा नाहीं सुन्दरिहै अरु रामयशसंयुक्त है ताको सुनिकै जोहर्षकोपावै बरनाम श्रेष्ठ ऐसेपुरुष जग में बहुतनहींहैं ( ६० ) अरु सर जो तलाव सरि जो नदी ये दोनों परायाकहे बर्षा को जलपाइकै बढ़तहैं ऐसे मनुष्य तो बहुतहैं जगत्में ग्रंचुबक जे यहां वहांकी सीखिकै पण्डित कहावतेहैं हठकरिकै अपनी बाणीको भूषणकरतेहैं पर बाणीको दूषण करत फिरतेहैं ऐसेबहुत हैं ( ६१ ) अरु समुद्रकी समान सकृत सज्जनहै सो कोटिनमें एकहै जैसे पूर्णचन्दमाको देखि कै समुद्र बाढ़तहै तैसे जिनके अनुभव बिद्या प्राप्तिभई है तेई समुद्रवत्हैं श्रीरामचन्द्र को स्वरूप पूर्णचन्द्रवत् देखिकै हृदय के नेत्रनते ज्ञानरूप बिद्या उमगत है बढ़तहै ( ६२ ) दोहार्थ ॥ जे कबि श्रीरामचरितके बक्ताहैं तामें मेरोभागछोटो है अरु अभिलाष ऐसीबड़ीहै कि महूंबराबरि भाग पाऊं यहआश्चर्यहै पर एक विश्वास है कि श्रीरामचरित के बक्ता जेकबिहैं जैसे उनकी बाणीको सज्जन सुनतेहैं तैसे मेरी बाणीको सुनिकै सुखपावहिंगे काहेते यामें रामयशहै अरु खल परिहास करहिंगे ( ६३ ) परखलन को परिहास मेरो हितहोइगो काकजेहैं ते कलनाम कोकिला की बाणीको हँसतेहैं कि कोकिला नाहीं बोलैजानै है मैं भलोबोलतहौं तब काक को तिरस्कारकरिकै कोकिला की बाणी सबसराहते हैं ( ६४ ) अरु बकजेहैं ते हंसको हँसतेहैं कि हंसमें अच्छीचालनहींहै अच्छो बिबेकनहीं है मेरी भलीचालु है मैं बिबेकीबड़ोहौं अरु दादुरनाम मेढुक चात्रिक को हँसतहैं कि चात्रिक में नीकीबोली नहींहै अरु मेघमें बड़ीप्रीतिनहींहै मेरी नीकीबोली है अरु प्रीतिबड़ी मेरेहै तैसे मलिनमन जेहैं खल ते बिमलबतकही कही श्रीराम सम्बन्ध बार्त्ता श्रीरायश मिश्रित काब्य ताको खल हँसतई हैं यहखलन को स्वभावही परिगयो है ( ६५ ) जे भगवत्यश की बार्त्ताको हँसतेहैं सोहँसब सुखदाताहोइगो किनको जे कोई नतो कबित्त के रसको जानहिं नतो श्रीरामपद में नेह

**उपहास ६३ ॥चौ०॥ खलपरिहासहोइहितमोरा काककहहिंकलकंठकठोरा ६४ हंसहिबकदादुरचातकही हँसहिंमलिनखल बिमलबतकही ६५ कवितरसिकनरामपदनेहूतिनकहँसुखदहासरसयेहू ६६ भाषाभनितमोरिमतिथोरी हँसबेयोगहंसेनहिंखोरी ६७ प्रभुपदप्रीतिनसामुझिनीकी तिनहिंकथासुनिलागिहिफीकी ६८ हरिहरपदरतिमतिनकुतर्की तिनकहँमधुरकथारघुवरकी ६९**

है तिनको हास्यरस सुखदाता है अथवा जे कवित्त के रसिक हैं अरु श्रीरामचन्द्र के पदमें नेहनहीं है तिनको हास्यरस सुखदाता ( ६६ ) श्री गुसाईंजी कहतेहैं जो कोई मोकोकहै कि तुम्हारी वनाई कथा बहुतबनीहै अदूष है जो दूषै सो खलहै तहां मैं आपनी काव्य को नहींकहौंहौं श्री रामयश के सद्कबिजेहैं तिनकी कहतहौं उनकी अदूषबाणीहै अरु मेरीभणितकही जो भाषाहै सो एक तो भाषा करतहौं दूसरे मेरी मतिथोरी है ताते हँसबे योग्य है हँसेते दूषणनहीं है ( ६७ ) जिनको प्रभुके चरणबिषे प्रीतिनहींहै अरु नीकी सामुझि नहींहै तिन प्राणिन को यह कथा सुनिकै फीकीलगैगी ( ६८ ) अरु जिनके हरि जो भगवान् हर जो महादेव हैं उभयपद में कुतर्क काहेते भगवत् भागवत एकही जानते हैं तिनको श्रीरघुनाथजी की कथा बहुत मधुरकही मीठी मधुर सुन्दरि कोमलसुगन्धमय ऐसी मधुर उनकोलागती है श्रीभागवते वैष्णवानांयथाशंभुः अथवा हरिहर को एकजानते हैं प्रमाण केशवो बाशिवोबा शिवोबाकेशवोबा अथवा हरिचरित जो है ताके कर है ताते हरिहर पद अतर्क है जाके हरिहरपद में प्रीति है ताको यहकथा मधुर है ( ६९ ) काहेते यहिकथा में श्रीरामचन्द्रजू के भक्ति भूषित है अरु हर राम भक्तराजहै यह जानिकै अरु सन्तजननकै जो सुष्टुबाणी है तेहि बाणी ते सराहि कै सुनहिंगे अथवा मेरी बाणी को सराहिकै सुनहिंगे काहेते श्रीराम भक्ति भूषित जानिकै ( ७० ) काहेते नतो मैं कबिहौं न चतुर हौं न प्रबीणहौंसकल कही सम्पूर्ण जो काब्यकी कला हैं अरु चौदहौबिद्या के चौंसठि अंग इनसबन ते मैं हीनहौं मेरे अन्तष्करण में इन सबन की बासनानहीं है मेरे श्रीरामचन्द्र के गुणगाइबेकी बासनाहै अपर जो अनइच्छित होइ अथवा न होइ कलाःशैवतंत्रोक्ताः गीतं गान करना १ वाद्यं बाजन बजावना २ नृत्यं नाचना ३ नाट्यं नटकोनाचना ४ आलेख्यं लिखब ५ बिशेषछेद्यं हीरा को बेधना ६ तंडुल कुसुम बलिबिकारा चाउर कुसुम सुमास इनके रंगनिकारना ७ पुष्पास्तरणं फूलन को बिछौना ८ दशनबसनांगरागाः दाँत वस्त्र अंगको राग मिस्सी इत्यादिक वस्त्र लालरंग इत्यादि ९ मणिभूमिका कर्म मणिनकरिकै भूमिरचना १० शयनरचना सेज की रचना ११ उदकवाद्यं जलतरंग के बाजा १२ उदकवाद्याः जलताड़नकरना १३ चित्रयोगाः चितेरे को काम १४ माल्यगन्थनबिकल्पः माला को पोहना १५ शेषरापीडयोजनम् मस्तक के भूषणको बिधान किरीटचन्द्रिकादिक १६ नेपथ्ययोगाः कटिवस्त्र में धागा डारना १७ कर्णपत्र भंगाः कान में भूषण पहिरावना १८ गन्धयुक्तिः फूलन के सुगन्ध निकारना १९ भूषण योजनं भूषण को गूथना २० ऐन्द्रजालाः आंबइत्यादिक लगाइ देना २१ कौचुमारयोगाः बहुरूपिआनट इत्यादिक अनेक रूपधरै २२ हस्तलाघवं पटा बान इत्यादि में शीघ्रता २३ भोज्य बिकाराः भोजन अनेक प्रकार बनाइबेकीसुघराई २४ पानकरसरागसबयोजनंपीबेके रस अरु मातबेकेरस इनको बनावना २५ सूचीवान् कर्मसुईकोसियब अरु बाण को चलावना २६ सूत्रक्रीड़ा धागा में खेलौनाको खेलना चकई इत्यादिक २७ बीणा डमरू बाद्यानि बीणा डमरू को बजाना २८ प्रहेलिका कहानी इत्यादिक बार्त्ता में प्रबीणता २९ प्रतिमाला जैसो कोईजन्तु बोली बोलै तैसी बोलना ३० दुर्वचकयोगा दुष्टछलकरना अथवा दुष्टछलिन के संग मिलि चलना ३१ पुस्तकबांचना शुद्ध शीघ्र पुस्तक बांचना ३२ नाटिकाख्यापिकादर्शनं नटीको नाचब ताको हावभाव दिखावना ३३ काव्यसमस्यापूर्ण जो कोई कबित्त श्लोककी समस्यादेइ ताकोयथार्थ पूर्णकरिदेना ३४ पट्टिका वेत्रवान्बिकल्पा नेवार इत्यादिक अरु बेत अरु रज्जु इनकी बिबिध रचना करना ३५ तर्क कर्माणि तर्ककरियुक्तिकरि कर्मकरना ३६ तक्षणं बढ़ई को कर्म ३७ बास्तुबिद्या थवईको कर्म ३८ रूपरत्न परीक्षा रूपा सोनादिक परखना ३१ धातुबाद सुनारको कर्म ४० मणिरागाकार ज्ञानं मणिन को रंग परखने को ज्ञान ४१ बृक्षापूर्वेदयोगः बृक्षको अकार व छावने को प्रकार जानना ४२ मेषकुक्कुट लावा युद्धबिधिः मेढ़ा मुर्ग बटेर को युद्ध विधि जानना ४३ शुक सारिका प्रलापकं सुवासारव इत्यादिक पढ़ावना ४४

उत्सादनं बैरी कोकोई यत्नते उच्चाटन कही निकासिदेना ४५ केशमार्जनकौशलं बारन को कंगहीसे धोवनेमें सुगन्धादि ते सुधारना ४६ अक्षर मुष्टिकाकथनंजो मूठी में कोई बस्तु लेइ ताको बताइ देना ४७ म्लेक्षितबिकल्पाः म्लेक्षभाषाको ज्ञानम्लेक्षन के बिबिध पदार्थ को बनावना ४८ देशभाषाज्ञान सर्ब देश की भाषा जानना ४९ पुष्पसकटिका निमित्तज्ञानं फूलन के रथ इत्यादिक बनावना ५० यन्त्रमात्रिका कटपुतरी नचावना ५१ धारणमात्रका संवाच्यम् कोई धारणा अरुबचनमें प्रवीणता ५२ मानसी काव्यक्र्या मानसी काव्य करना कहनानहीं पराये मनकी जानना ५३ अभिधानकोशा सबको नामजानना ५४ छन्दोज्ञान पिंगलरीतिसे छंदन की बिधि जानना ५५ क्रियाबिकल्पाः अनेक उपाइ करिकै कार्य सिद्धिकरना ५६ छलितयोगाः अनेक छल जानै ५७ बस्त्रगोपनानिबस्त्रकी

## रामभक्तिभूषितजियजानी सुनिहैंसुजनसराहिसुबानी ७० कबिनहोउँनहिंचतुरप्रबीनू सकलकलासबबिद्याहीनू ७१ आखर

रक्षाकरना ५८ धूतबिशेषः पांसा इत्यादिक खेलना ५९ आकर्ष क्रीडाखेलहू में अपनी ओर घसीटने की क्रीड़ा ६० बालंक्रीड़ंमकानि बालकन को खेल ६१ बैनायिकीनां बिनयकरिकै राजादिकन को प्रसन्नकरै ६२ बैजयिकीनां बिजय सष्ट्रकरना अथवा बिद्यैदेनेवाले जे देवता तिनकेबश करिबे की जो बिद्या ६३ बैयासिकी नांच बिद्याज्ञानं ब्यासादिकन केजे पुराण तेहि सबनकी बिद्या में प्रबीण ६४ इतिःचतुः षष्टिकलाः पुनि चौदह बिद्या ब्रह्मज्ञान रसायन सप्तस्वरजानना बेदपढ़ना ज्योतिष शास्त्रब्याकरण धनुषविद्या जलतरं बैद्यक कृषी कोक घोड़ादिक बाहन नट नृत्य चातुरी सम्बोधनं यथार्थ बोध सर्बबस्तु में येती चौदहबिद्या चौंसठिकला इनसबन की बासना मेरे नहीं है॥श्लोक॥ ब्रह्मज्ञानरसायनंस्वरधरं बेदंतथाज्योतिषं ब्याकरणंचधनुर्धरंजलतरं बैद्यंचकृष्यापरं कोकेबाहनबाजिनांनटबृतां सम्बोधनंचातुरी बिद्यानामचतुर्दशप्रतिदिनं कुर्बन्तुनोमंगलं ७१ कबित्त विषे अक्षर मधुरपरै अक्षर के आगे जो अक्षरपरै सो अक्षर के अर्थ की मित्रता लिहेहोइ ताको अक्षरकही अर्थ किं अक्षर को फल सोई अर्थहै देशकाल समाज इनको धर्मलिहे अर्थधरैअथवा प्रयोजन को अर्थकही अथवा जेहि पदार्थ को बर्णनकरै सो अर्थ है पुनि अलंकार कही उपमेय उपमान धर्मबाचक ये चारि अलंकार के चरणहैं उपमेय कही श्रीरामचन्द्र मुख उपमान कही जेहिकै उपमादेइ मुखचन्द्र तद्वत्है अथवा कमलइव है चन्द्रमा अरु कमल उपमानकही पुनि धर्म कहते हैं गुणस्वभाव क्रिया तीननिमिलिकै धर्महै शशि में श्वेतता सो गुणप्रकाश सो स्वभाव शीत सो क्रिया श्रीरामचन्द्र के मुखकै निर्मलता सो गुण प्रकाश सो स्वभाव अति मधुरबोल सो क्रिया ताको धर्मकही जिमि तिमि यथा तथा इत्यादिक सो बाचक मुख जिमिचन्द्रमुख जनु कमल ऐसो जहांपरै ताको पूर्णोपमा लंकारकही अरु यह चारिमें जै घटैं तितने लुप्ता लंकारकही इत्यादिक लंकार के बहुतभेदहैं छंदकरिबे को प्रथमहिं आठगण हैं दुइप्रस्तारहैं एकमात्रा प्रस्तार है एकवर्ण प्रस्तार है दोउनमें चारिखानि हैं एक बृत्ति पुनि जाति पुनि दण्डक पुनिमुक्तक तामें प्रथम एकअक्षर गुरुकही दीर्घ ताको एकचरण ऐसे एकएक अक्षर के चारिचरण ताको श्रीछन्दकही इत्यादिक छन्द की जातिबान्नबेलाख सत्ताइसहज़ार चारिसैबासठि छन्द हैं केवल मात्रा प्रस्तार में इतने ते कछु अधिक बर्णप्रस्तार में हैं यह मैं प्रमाण पायोंहैं पिंगलग्रन्थ में ॥दोहा॥ दुइकल ते बत्तीसलगि छन्द बान्नबेलाख॥ सहस सताइस चारिसै

## अर्थअलंकृतनानाछंदप्रबंधअनेकबिधाना ७२ भावभेदरसभेदअपाराकबितदोषगुणबिबिधिप्रकारा ७३ कवितविवेकएकनहिंमोरेसत्य

बासठि पिंगलभाख १ ताको कौन जानिसकै है येते छन्दनके जातिनामहैं पुनि प्रबन्ध कही वत्तीसमात्रा बत्तिस अक्षर के आगे जो मात्राअक्षर बढ़तजाइ ताको दण्डककही पुनि वाहीको प्रबन्ध कही पुनि बहुत छन्दको एकजगह करना पुनि बहुत अर्थको थोरे अक्षरन में करै ताको प्रबन्ध कही अरु प्रबन्ध गान को कही ताछन्द प्रबन्ध के अनेक विधानकही बिधिहै को जानै है ( ७२ ) काव्यन बिषे भावहाव है भाव सात्त्विक तामें आठभेद हैं पुनि हाव के दशभेद हैं ते भावके अंग संगी हैं सो सबबिषयमें मिसुमात्र हैं श्रीरामचन्द्र की भक्ति में अर्थसिद्धि है सो कहतेहैं लाज ते हर्ष ते जो अंग शिथिल होइजाइ ताको स्तम्भभाव कही पुनि हर्ष लाज भय कोप श्रम इत्यादि ते शरीर में पसेवचलै

ताको स्वेदभावकही २ पुनि हर्षभयादिकन ते जो रोमांच ठाढ़होइ ताको रोमांच भावकही ३ पुनि क्रोधते हर्षते मदते भीत ते भयते बचनआन कहिबेको आनै कहि आवै ताको स्वभांगभाव कही ४ क्रोध भय लाज हर्ष ते जो देहथहरातिनाम कांपै ताको कम्पभावकही ५ पुनि मोह कोह भयआदिकन ते शरीरमें और बर्णहोइजाइ ताको बिबर्णभाव कही ६ पुनि रूपाशक्त हर्ष दुखभयआदिक ते जो नेत्रन में आंशुआवै ताको आशुभाव कही ७ पुनि हर्षते दुःखते भयादिकनते इन्द्रिनको निरोधन भयो नाम रोकिगयो ताको प्रलाप भावकही येह आठभाव हैं ८ पुनि दशहाव कही नायक को बेष नायकाकरे प्रियभूषण प्रियबचन ते जो लीलाकरै ताको लीलाहावकही १ पुनि चालुमें अरु नेत्रनते अरु बचनादिकन ते जो कछुक बिशेष रसहोइ ताको बिलासहावकही २ पुनि थोरेभूषण थोरेबस्त्र ते जहां शोभा अधिकपाइये ताको बिक्षिप्तहावकही ३ पुनि उलटे भूषण उलटेवस्त्र पग को अलंकार शीश में शीश को कटिपगमें ताको बिभ्रमहाव कही ४ पुनि हर्ष गर्ब अभिलाष श्रमहास रोषभीत येते सातौ जहां एकही बारहोंहिं ताको किलकिंचित् हावकही ५ पुनि जो कोई बातन ते निरादरकरै हैअरु मिलाप की चाहबनी है ताको मोटाइत हावकही ६ पुनि ईहानाम चेष्टा जहां दुःख संयुक्त सुखकी चेष्टाहोइ परमललित ताको कुट्टंमितहावकही ७ पुनि जो आपने रूप गुण अभिमान ते आपने स्वामीको निरादर करै अथवा अभिमान ते कोई बड़ाहोइ ताको निरादरकरै ताको बिव्वयोक हाव कही ८ पुनि सकल बाणिकन ते सब बनावकरिकै सबअंग बनिरही है ताको ललित हावकही ९ पुनि जो अच्छी अभिलाषा स्वामीकीसेवा में नहीं पूर्णहोइ ताको विहितहाव कही अथवा श्रीराम तत्त्व को जिज्ञाशा की अभिलाषा बनीहै सदा कभी पूर्णनहींहै सो बिहितहावकही १० येते दशहाव कही ॥श्लोकएक॥ भावानामनुभावानां विभावानांचसंश्रयात् जायतेयः पदार्थस्तु तमाहुर्मुनयोरसं १ पुनि नवरस हैं शांतकरुणा बीर रौद्र भयानक बिभत्स हास्य अद्भुत शृंगार येते नवरस पुनि तीनिमिलिकै बारहरस हैं तीनिकौन दास्य सख्य बात्सल्य ये तीनि हैंरसन को रूप आगेकहेंगे ताते कबित्तबिषे दोष गुण दूषण भूषण बिबिधि प्रकार के हैं पुनि छन्द प्रबन्ध भाव भेदरस अलंकार इत्यादिक कबित्तबिषे छुटिजाइ सोई दोष दूषण है अनेक अरु येते समस्तकबित्त में आवहि सोई गुण भूषण है ( ७३ ) ताते कबित्त के बिबेकजेहैं अनेक प्रकारके सो मेरेमनमें एकहूबासना नहींहै कि मेरी काव्यमें काव्यनके लक्षण समस्त परैं यह बासना नहींहै काव्य लक्षणपरै किन्तु न परै यह सपेदेपर स्याही चढ़ाइकै कहतहौं अथवा कबित्त बिबेक एकनहीं है अनेक हैं अरु काव्य बिषे दूषण भूषण गुण दोष इत्यादिक अनेक हैं पिंगलगन्थबिषे मात्राप्रस्तार के छन्द कबित्तजे हैं तिनके प्रथमचरण में जै मात्रा परैं सो चारिहू चरणमेंपरैं अरु वर्णप्रस्तारके कवित्तन में जोप्रथमचरणमें जैअक्षर परैं सो चारिहू चरणमें परैं अरु जीभरोचक पदहोइ अरु अर्थभाव भेदरस युक्ति उक्तिगण लघु दीर्घ छोट बड़ देशकाल समाजसबको धर्मलिहे वर्णनकरै इत्यादिक अनेक बिबेक हैं परि मेरे इनसबनकी एकहूबासना नहीं है सत्यकहौं लिखि सत्यपदार्थ सेरभरिको सेरभरि मनभरेको मनभरि यथार्थ अर्थ कोरेकागद पर लिखिकै कहतहौं किन्तु सत्यकहौं जे जैसी बोली बोलते रहे हैं त्रेताविषे देशभाषा तैसोयथार्थ सत्य कहतहौं अरु महान् कवीश्वर जे भये हैं तिनने काव्यकर बिबेक बिचारिकै देवबाणी आपने अनुकूलकहे हैं परि बिशेष तौ सत्यराम यश है सो कोरे कागदपर लिखतहौं सब काब्यनकर आत्माप्रकाश कर्त्ता अरु मेरेकवित्तके बिबेक एकहूनहींहै ( ७४ ) दोहार्थ॥ मोरिभणित सब गुणरहित हैं पर बिश्वमेंएकश्रीराम गुण बिदितहै सो पहिले में है तेहिगुणन को सुनिकै जिनके बिमल बिबेकहैं ते बिचारि लेहिंगे ( ७५ ) इति श्रीरामचरितमानसे सकल कलिकलुष विध्वन्सने बालकाण्डे विमल नीचानुसन्धानवर्णनं नाम चतुर्थस्तरंगः४॥

कहौंलिखिकागदकोरे ७४॥दो०॥ भणितमोरिसबगुणरहितविश्वबिदितगुणएक सोबिचारिसुनिहैंसुमतिजिनकेबिमलबिबेक ७५॥

यहिमहँरघुपतिनामउदारा अतिपावनपुराणश्रुतिसारा १ मंगलभवनअमंगलहारी उमासहितजेहिजपतपुरारी २ भणितबिचित्र सुकबिकृतजेऊ रामनामबिनुसोहनतेऊ ३ बिधुबदनीसबभांतिसँवारी सोहनबसनबिनावरनारी ४ सबगुणरहितकुकबिकृतबानी

दोहा॥ रामचरण निजनीचता अनुसन्धान बखानि॥ रामकृपा अनहेतुपर पंचतरंगमजानि ५ मेरी भणित यद्यपि सबगुण रहितहै तदपिपर यहीमें श्रीरामनाम अतिशय उदारहै अतिपावन है श्रुति स्मृति पुराणसमस्त ग्रन्थन को सारभूत है ( १ ) पुनि कैसो है श्रीरामनाम समस्त शुभ मंगल को भवनहै समस्त अमंगल को नाशकर्त्ता है कैसे जानिये जाको सहित उमा पुरारिजपते हैं अहर्निश सो नाम यहि में प्रसिद्ध है ( २ ) अरु जो कोई कबि बिचित्रकाब्य करैहै सबकाब्यन के अंग पूर्णधरेहैं अरु श्रीरामनामकी विशेषता नहींपरै तौ वह काब्य अशोभितहै ( ३ ) कैसे जैसे कोई स्त्री चन्द्रमुखी हेमांगी नखशिख लौं सुन्दरीहै अरु सबभूषण कनक मणिन के पहिरेहै अरु एकबस्त्र नहींपहिरेहै तौ महा अशोभित है तैसेही रामनाम बिनु काब्यहै ( ४ ) देखिये तौ जो कोई कुकबिहैं अरु सर्बगुण रहित हैं जिनकैबाणी छन्द प्रबन्ध भाव भेदरस अलंकार इत्यादिक रहित है अरु केवल रामनाम रामयश जान्यो है ( ५ ) तेहिकबित्त को बुधजन सादर कहते हैं सुनतेहैं अरु सन्तजन गुणको ग्रहण करते हैं जैसे भ्रमर केवल सुगन्ध को ग्रहण करतहै फूल चाहै उत्तमहोइवा निकृष्टहोइ ( ६ ) यद्यपि मेरी बाणी समस्त कबित्त के गुणनकरिकै रहितहै पर श्रीरामप्रताप यहिमें प्रगट है ( ७ ) सोई मेरेमनमें दृढ़भरोस आयोहै काहेते सुष्टुसंगति ते किनने नाहीं बड़ाईपायो है सबहीपायो है ( ८ ) देखिये तौ धूमजोहै सो सहज में करुआई त्यागिदेत है अगरचन्दन शक्कर घृतादिकनके प्रसंग ते तैसे मेरी बाणी श्रीरामयश के प्रसंग तेशोभितहोइगी ( ९ ) मेरीबाणी तौ भदेसकहे अच्छी नहींहै पर तत्त्वभलो बरण्यो है श्रीराम कथा सम्पूर्ण जगत् की मंगल करणहारी है

रामनामयशअंकितजानी ५ सादरकहहिंसुनहिंबुधताही मधुकरसरससन्तगुणग्राही ६ यदपिकबितरसएकौनाहीं रामप्रताप प्रकटयहिमाहीं ७ सोइभरोसमोरेमनआवा कोनसुसंगबड़ाईपावा ८ धूमौतजैसहजकरुवाई अगरप्रसंगसुगंधबसाई ९ भणित भदेसबस्तुभलिबरणी रामकथाजगमंगलकरणी १० छं०॥ह०॥ मंगलकरणिकलिमलहरणितुलसीकथारघुनाथकी गतिकूरकबितासरितकीज्योंसरितपावनपाथकी प्रभुसुयशसंगतिभणितभलिहोइहिसुजनमनभावनी भवअंगभूतिमसानकीसुमिरतसोहावनिपावनी ११॥दो० प्रियलागिहिअतिसबहिममभणित-रामयशसंग दारुबिचारुकिकरैकोउबंदियमलयप्रसंग १२

( १० ) छन्दार्थ॥ श्रीरामचन्द्र की कथा मंगल को करतिहै अमंगलकोहरतिहै गुसाईं तुलसीदास कहतेहैं कवितनकै गति कूरकही टेढ़ी है जैसे नदी काहेते कि छन्दनबिषे खंडान्वयजो है अरु प्रसंग की अन्वय उलटिपलटि करिकै अर्थ सिद्ध होतहै सोई काब्य की टेढ़ाई है पर सरित जो है सो पाथकहे जलके संयोग ते पावनिहै सबकोई जलको ग्रहणकरते हैं नदीकी कूरता ते कौन प्रयोजन है पर जलके संयोग ते नदीशोभित है पुनि जैसे भवजो महादेव हैं तिनके अंगमें चिताकी बिभूतिलगीहै सोअति अपावनिहै तेहि संयुक्त शिवको ध्यानकरिबेमें आवत है तब ध्यानी पुरुषको अन्तष्करण पवित्र होतहै तैसे श्रीरामचन्द्र के यशके संगते मेरीबाणी पवित्र है सन्तन के मनभावनी होयगी ( ११ ) दोहार्थ॥ मेरीबाणी श्रीरामचन्द्र के यशके संगते सबको प्रियलागैगी जैसे दारु जो है काष्ट ताको बिचार कोई नहींकरै काहेते मलय जो है चन्दन तेहिके प्रसंग ते सब कोई बन्दते हैं तैसे मेरी भणित जानिये ( १२ ) पुनि जैसे कोऊश्यामगऊ है ताको दूध श्वेत है पर तात्पर्य दूधही ते है गुणदायकहै ताते सबकोई पीवत है तैसे मेरीगिरा जो है सो श्रीसीताराम जी के यशको ग्राम्यकही समूह जोहै तेहिके संग मेरीबाणी सुजान पुरुष जे हैं ते गावहिंगे सुनहिंगे काहेते मेरीबाणी श्यामगऊहै श्रीरामयश दूधहै सो उत्तमगुणदायक है ( १३ ) जो किसूकी काब्य नीकीबनी है तौ उसके इहां नहीं शोभितहै अपरस्थानमें शोभितहोत है कैसे जैसे अहि गिरिगज में मणिमाणिक मुक्ता उपजतुहै पर तिनके मस्तक पर नहीं शोभित होतहै अपरस्थानमें शोभित होतहै परमणि संज्ञातो सबकी है तथापि क्रमालंकारतेभिन्न होतहै सर्पके

उपजतहै सो मणि पर्वतमें उपजै सो माणिक हार्थीके उपजै सो मुक्ता पूर्बको अक्षर पूर्बमें मध्यको मध्य में परको पर में लागै सोक्रमालंकार कही ( १४ ) जे मणिमाणिक मुक्ता हैं अहिगिरिगज के

श्यामसुरभिपयबिशदअति गुणदकरहिंसबपान गिराग्राम्यसियरामयश गावहिंसुनहिंसुजान १३ चौ०॥ मणिमाणिकमुक्ता छबिजैसी अहिगिरिगजशिरसोहनतैसी १४ नृपकिरीटतरुणीतनपाई लहहिसकलशोभाअधिकाई १५ तैसहिंसुकबिकबितबुध कहहीं उपजहिंअनतअनतछबिलहहीं १६ भक्तिहेतुबिधिभवनबिहाई सुमिरतशारदआवतिधाई १७ रामचरितसरबिनुअन्हवाये सो श्रमजाइनकोटिउपाये १८ कीन्हेप्राकृतजनगुनगाना शिरधुनिगिरालागिपछिताना १९ कबिकोबिदअसहृदयबिचारीगावहिंहरियश

उपजत हैं पर राजनके किरीट में अरु रानिन के तन में शोभा पावतहैं ( १५ ) तैसे सुकबिन के कवित्त जे हैं ते बुधकही पण्डितजन कहतेहैं कि बिबेकिन की समाज में शोभादेते हैं ( १६ ) पर ऐसे सुन्दर कवित्त कबबनैजब शारदा प्रसन्नहोइ शारदा कब प्रसन्नहोइ जब श्रीरामयश कबिगावै क्यों जानिये जब कोई कबि काव्य करबे की इच्छाकरतेहैं तब शारदाकोप्रथम सुमिरण करतेहैं तब शारदा श्रीरामभक्तिहेतु अथवा अपनी भक्ति मानिकै ब्रह्माको लोक तजिकै दौरिकै आवति है ( १७ ) पर श्रीरामचरित सागर स्नानकिहे बिना ब्रह्मलोक से आगमन को जो भयोहै श्रम सो कोटिहू उपाय न मिट्यो ( १८ ) कब जब उहै कबि जौने शारदाको सुमिरण कियो है पुनि श्रीरामयश छोड़िकै कोई प्राकृत मनुष्य राजा इत्यादिक अथवा प्राकृत देवता कोई प्राकृत कही प्रकृति जो माया ताके बशहोयसदा ताको प्राकृतकही ताको गुणानुबाद गानकियो तब शारदा शिरधुनि कै पछिताइलागी यह कहिकै मैं केहि अपराधी के बुलाये ते आईहौं तबवह काव्य अशोभितभई काहेते कि शारदा ते बड़ो एक श्रीरामचन्द्र है और सब शारदा ते छोटे हैं ताते यह सर्वदेश रीतिहै जो छोटेको बड़े सेसम्बन्धहोइ तौ वह बहुतप्रसन्नहोइ अरु जो वातेनीचहोइ ताको सम्बन्ध होइ तौ वह बहुत खेदपावै है ( १९ ) कविजांहे कोविदजांहे पण्डिततेईहैं विचारते हैं कि श्रीरामयश गाये ते शारदा प्रसन्न होतीहै अरु हमारी रसना पवित्रहोइगी काहेते हरियश कलिमलहारीहै ताते हरियशै गावनेहैं ( २० ) काहेते सुजान यह कहते हैं कि कविताको हृदय समुद्रहै अरु मति सीपस्थाने कहते हैं शारदा स्वाती नक्षत्र है ( २१ ) अरु सुन्दरबिचार बरबारिहै जब स्वातीबर्षै तब सीपमें सुन्दर मुक्ताहोते हैं तैसे जब शारदा बिचार बरबारि बर्षै तब कविताकी सुमति में सुन्दर मुक्तारूपकबित्त होते हैं ( २२ ) दोहार्थ॥ मुक्ता तौ सराग ते बेधिकै धागा में पोहिकै कोई राजा पहिरते हैं अति शोभा पावते हैं तैसे कवित्त जो मुक्तारूपहैं ताको युक्तिसे बेधिकै श्रीरामचरित बरनाम समेटिकै सोई धागा

कलिमलहारी २० हृदयसिंधुमतिसीपसुजाना स्वातीशारद कहहिंसमाना २१ जोबरषैबरबारिबिचारू होहिंकबितमुक्तामणि चारू २२ दो०॥ युक्तिबेधिपुनिपोहियेरामचरितबरताग पहिरहिंसज्जनबिमलउरशोभाअतिअनुराग २३ चौ०॥ जेजनमेकलिकालकराला करतबबायसबेषमराला २४ चलतकुपंथवेदमगछांड़े कपटकलेवरकलिमलभांड़े २५ बंचकभक्तकहायरामके किंकर

बनाइकै तामें मुक्तारूप जो कवित्त सो कवि पोहिदेहिं तहां सन्तजनजिनके हृदय विमल होइरहेहैं ते सज्जनपहिरहिं शोभारूप अनुराग को प्राप्तहोते हैं युक्ति काकोकही जो ऐसोकरै कहै न तौ सत्यहोइ नतौ असत्यहोइ पर सत्य विशेष भासे हैं अरु जासों कहै सो प्रसन्नहोइ ताको युक्तिकही लंकाकाण्डे दोहा॥ कहमारुतसुतसुनहुंप्रभु शशितुहार प्रियदास॥ तवमूरति बिधुउरबसी सोइश्यामता भास ( २३ ) जो कोई कहै कि तुम्हारी काव्य मुक्तारूप बनीहै तहां मैं ता सत्कविन की काव्य कोकह्यो है अरु मैंतो एसोहौं

एक तौ जे यहकलिकाल में जन्मलीन्हहै जिन प्राणिन पुनि बेष तौ हंसको ऐसो किहेहैं अरु कर्तव्य तौ बायसकही कागकी ऐसीहै ( २४ ) पुनि कुमार्ग चलतेहैं वेदमार्ग छोंड़िकै मन बचन कर्म कपटहि कलेवर नाम शरीरहै बहुतका कहौं कलिमल के भांड़ेकही बर्त्तनहैं ( २५ ) पुनि कैसेहैं यहां अवरेब ते अर्थ हैं भक्तकहाइ राम के अरु भक्ति ते बंचक हैं बंचककही छली हैं कैसे जानिये श्रीरामभक्त कहावते हैं अरु किंकर होइरहे हैं कंचनके अरु कोहकाम के पुनि रामभक्त काहे को कहा यातेकहा जो गुरुनकरिकै पायो है परमेश्वर को नाम आयुधकंठीतिलक भगवत् सम्भेष नाम ऐसो पंचसंस्कारयुक्त परमेश्वर के कोईस्वरूप को भक्तहोइ तौ वह प्राणी को शरीरमहँ तीर्थरूप भयो है जो एकौ अवगुणकरै तौ लाख होतेहैं अरु उत्तम गुणकरे तौ एकको लाखहोते हैं अरु जो बिना वैष्णवभये पाप पुण्यकरै तौ एक को शतहोत है काहेतेसुक्षेत्रपाइकै बीजबढ़े है श्रीअयोध्या चित्रकूट मथुरा बृन्दाबनपुष्कर काशी प्रयाग इत्यादिकनमें जैसो पाप पुण्यकरै है तैसो बढ़ैहै ताते रामदासही को कहाहै काहेते रामभक्त सुक्षेत्रहै अरु जो कोई आपुहीते बेषबना-इकै गुण अवगुणकरै तौ वाहू क्षेत्रही समान है देखौ तौ जैसे एकसुखेतहै अरु भल कमायोहै जो वामें बबूरको बीर्यपरै तौ बहुतबाढ़ै है अरुचन्दनको बीजपरै तौ चन्दनैकी बृद्धिहोइ इत्यादिक अनेकदृष्टान्तहैं ( २६ ) ऐसे जे हैं तिनमें प्रथम मेरीलीक है जो पाछे कहिआये हैं तिनमें पुनि

**कंचनकोहकामके २६ तिनमहँप्रथमरेखजगमोरी धृगधर्मध्वजधंधकधोरी २७ जोआपनअवगुणसबकहऊं बाढ़ैकथापारनहिं लहऊं २८ तातेमैंअतिअल्पबखाने थोरेमहँजानिहैंसयाने २९ समुझिबिबिधबिधिबिनतीमोरी कोउनकथासुनिदेइहिखोरी ३० येतेहुपरकरिहैंजेशंका मोहिंतेअधिकतेजड़मतिरंका ३१ कबिनहोउँनहिंचतुरकहाऊं मतिअनुरूपरामगुणगाऊं ३२ कहँरघुपति केचरितअपारा कहँमतिमोरिनिरतसंसारा ३३ जेहिंमारुतगिरिमेरुउड़ाहीं कहहुतूलकेहिंलेखेमाहीं ३४ समुझतअमितरामप्रभु**

कैसे हैं वे धृगधर्मध्वजी कही पाखण्डीहैं जे कोई लोक के दिखावे कोकिंचित् सुकर्मकहूं कियोहै ताको कहतफिरतेहैं कि हमने बहुत दानकियो है बहुत भजन करते हैं हम संसारके बिषय जीते हैं अरु हम सर्बत्रब्रह्मदेखतेहैं ऐसे अनेक झूठीबातें कहत फिरते हैं अरु जो कहतेहैं तामेंआरूढ़ता कहूंलेशहूनहींहै तिनको धर्मध्वजीकहिये तिनहूमें जो धृगकही अतिनीच हैं पुनि कैसेहैं धन्धकधोरी हैं धन्धाकही बृथाकतर्व्यता ताहीकीधुरी हैं ( २७ ) पांच चौपाई अक्षरार्थै जानब ( ३२ ) एक सन्देह है मेरे काहेतेकि कहां रघुपतिकेचरित अपरम्पार निर्ब्यकार हैं अरु कहां मेरीमति लघु पुनि संसार में निरतनाम रत है ( ३३ ) देखिये तौ जेहि पवन के बेगते सुमेरु उड़िजाइ तहां रुईकी कौनचली है ( ३४ ) श्रीरामचन्द्र की प्रभुताई अमितहै समुझत सन्ते मेरीमति कथा करतसन्ते कदरातिहै ( ३५ ) दोहार्थ॥ श्रीरामचन्द्र के चरितजे अमित हैं ताको निरन्तर गानकरतेहैं यामें एक श्वासहू को अन्तर नहीं परै अरु पार नहीं पावते हैं नेति नेतिकरिकै गावते हैं शारद शेशमहेश विधि शास्त्र वेद स्मृति पुराण संहिता इत्यादि तहां मेरीमति की काचलीहै ( ३६ ) जो कोईकहै कि पुनि क्योंकहतेहौ तहां प्रभु की प्रभुता सब जानतेहैं कि अपरम्पारहै तदपि बिना कहे कोई नहींरहा ( ३७ ) काहेते तहां वेद यह कारण राखिदीनहै किभजन को प्रभाव बहुभांति है बहु रीति शोभित है अरु अनेकभाव है अनेक बाणीकरिकै है कैसे जानिये कोई सुनिबे को भजन कहतेहैं कोईगानही को भजन कहते हैं कोई स्मरणही को कहते हैं कोई पूजाही को अनेक बाणीकरिकै है कैसे जानिये कोई सुनिबे को भजन कहतेहैं कोईगानही को भजन कहते हैं कोई स्मरणही को कहते हैं कोई पूजाही को कहते हैं कोई दास्यभाव को कहते हैं कोई सख्यभाव को कहते हैं कोई आत्मवेदन को कहते हैं कोई बेद पुराण स्तोत्र इत्यादि पाठको कहते हैं कोई जाप्य को कहतेहैं कोई ध्यान को कहतेहैं कोई मानसीको कहतेहैं कोई प्रेमको कहतेहैं कोई लुएको कहतेहैं कोई सात्विककर्म यज्ञइत्यादि

**ताई करतकथामनअतिकदराई ३५ ॥दो०॥ शारदशेशमहेशबिधिआगमनिगमपुरान नेतिनेतिकहिजासुगुण करहिंनिरंतरगान ३६ चौ० ॥ सबजानतप्रभुप्रभुतासोई तदपिकहेबिनरहानकोई ३७ तहांवेदअसकारणराखा भजनप्रभावभांतिबहुभाखा ३८ एक**

करिकै भगवत् अर्पणकरै सोई कहते हैं कोई शुभ अशुभ जो कर्महोइसंचितक्रियमाण प्रारब्ध बशहोइ सो सब श्रीरामायेतिसमर्पयामि सो सब भजन है तामें सामान्य विशेषहै अरु अनेक बाणी ते भजनहै देववाणी नागबाणी प्राकृतिबाणीमें बंगालादेश उड़ैसादेश तैलंगदेश माड़वाड़देश पंजाबदेश ब्रजदेश श्रीअयोध्यादेश ऐसे अनेक देशभाषा हैं ऐसे सर्बद्वीप सर्बखण्ड में है अपनी अपनी बाणी ते अनेकभांति ते सबै भजन करते हैं तैसे मैंभी अपनी बाणी ते भजन करतहौं ( ३८ ) परमात्मापरब्रह्म एक है अनीह कही ईहाकहे चेष्टाकबहीं हर्ष शोक कबहीं प्रसन्न उदासीन कबहीं मोट दूबर कबहीं बाल युवा बृद्ध इत्यादिक अनेकभांतिलघु दीर्घ सो चेष्टा ते रहित है अरूपकहे प्राकृतरूप रहित है दिव्यरूप है नेत्रन की विषयरूप है ताते प्राकृत नेत्र ताकी विषयते रहितहै तातेअरूप कही अनाम कही जाको नाम राशि लग्न नक्षत्र योग मुहूर्त्त सर्व क्रिया कालरहितहै ताते अनामकही पुनि जाकेनाम की मितिनहीं पुनिजाके नामके प्रभाव को वेद नेतिनेति करिकै कहे हैं ताते अनाम कही अरु जो कही कि ब्रह्मजोहै रूपनामकरिकै रहितहै तो जहां रूपनहींहै तहां नाम कैसे सम्भवहै जो ऐसेकहिये तो श्रीरामतापिनी उपनिषद्है तामें बिरोधहोत है ॥श्लोक॥ रमन्तेयोगिनोनन्ते सत्यानंदेचिदात्मनिइतिरामपदेन्यासौ परंब्रह्माभिधीयते १ ताते रूपहै तबतो नामकहां ताते रूपनाम परमदिव्य है त्रैगुण्यरहित है पुनि वह प्रभु कैसोहै अजहै नामअजन्मा है गर्भमें नहींआवै पुनि सत्चिदानन्द है सतकही एकरस सर्व कालमें अरु कालरहितहै असत् जो माया है ताके परेहै ताको सत्कहीपुनि चित्कही चैतन्य जामें जड़को अभावहै जाकी चेतनता ते जगत्कालमें अरु कालरहितहै असत् जो माया है ताके परेहै ताको सत्कहीपुनि चित्कही चैतन्य जामें जड़को अभावहै जाकी चेतनता ते जगत् चैतन्य है अरु सबको साक्षी भूतहै वह सबकी गतिको जानै है वाकीगतिको कोई नहींजानै सो चित्कही आनन्द आनन्दय स्वरूपहै जहां प्राकृत दुःख सुखरहित सो आनन्द ताको सच्चिदानन्दकही परधामकहीपरस्वरूप है किन्तु परधाम सर्बोपर धामहै जाको ( ३९ ) कैसो है वह ब्रह्मब्यापक है बिश्वरूपभरे में कैसे ब्यापक है जैसे सूर्य अपने स्वरूपकरिकै एक है अपनेरूप महत्प्रकाश करिकै सब जगत्को प्रकाश कियेहै अरु जेते घटहोहिं कोटिन तामें लक्षि है तैसे ब्रह्मजानिये ॥श्लोक॥ ब्रह्माण्डपुराणे श्रीरामचन्द्रवाक्यं वशिष्टंप्रति यथा-नैकंपुकुम्भेपुरबिरेकोऽ

**अनीहअरूपअनामा अजसच्चिदानन्दपरधामा ३९ व्यापकबिश्वरूपभगवाना तेइधरिदेहचरितकृतनाना ४० सोकेवलभक्तन**

पिदृश्यते तथासर्वेपुभृतेपु चिन्तनीयोऽस्म्यहंसदा १ ऐसे सर्व में ब्याप्तहैसबते परेहै सूर्यके दृष्टान्तकरिकै अथवा ब्यापक रूप है जाके आपरूपी है किन्तु ऐश्वर्य्यबर्णतेहैं बिश्वरूप वहै ब्यापक वहै भगवान्वहै भगवान्कहे खड्भाग युक्त ऐश्वर्य धर्म यश श्री बैराग्य मोक्ष खड्भाग संयुक्त ताको भगवान् कही सो भगवान् शब्दको अर्थ आगे सती के मोहके प्रसंगमें कहैंगे तेई धारिदेह नानाप्रकार के चरित करतभये जैसे देहधारी प्राकृतराजा चरित करत है तैसे वहै प्रभु चरितकीन अवतीरनहैकै अरु जोकोई कहै कि देहरहित ब्रह्म है तेई भक्तन केकेवल हितलागि देहधारण करिकै अनेकचरित करिकै फेरि देहरहित ब्यापक ब्रह्म ज्योंके त्यों भयेसो यह अर्थ गुसाईंको सम्मतनहीं है काहेते ग्रन्थको आदि अन्त मध्य सो बिशेष सिद्धान्त है आदि बालकाण्डे श्लोकार्द्ध यत्पादौप्लवमेकमेवहिभवां भोधेस्तितीर्षावतां बन्देऽहं तम शेषकारणपरं रामाख्यमीशंहरिं मध्यआरण्यकांडे शांद्रानन्दपयोदशौभगतनुं पीताम्बरंसुन्दरं पाणौबाणशरासनम्कटिलसत्तूणीरभारंबरं अर्द्धश्लोक उत्तरकाण्डे केकीकण्ठाभनीलं सुरबरबिलसद्विप्रपादाब्जचिन्हं शोभाढ्यंपीतबस्त्रंसरसिजनयनं सर्वदासुप्रसन्नं ताते गुसाईंको सिद्धान्तआदि मध्य अन्त धनुर्द्धारी श्रीरामचन्द्र अपर काहूको मतहोइ सो होइ ( ४० ) सो भगवान् अवतीर्ण होइकैप्राकृतइव लीला कीन सो केवल भक्तानुग्रह अर्थ काहेते परमकृपालु हैं प्रणत जो शरण है तेहिपर बड़ो अनुराग नाम प्रीति है ( ४१ ) पुनिकैसेहैं प्रभु जाकी शरण जीव एकहूबार भयो तापर अति ममता छोह करत हैं ऐसी करुणा जापर कीन तेहिके ऊपर पुनि कबहूंनहीं कोपकीनजो वाते कालकर्म स्वभावबश अनेक चूकपरै सो देखिकै बिमार्गिते हैं ऐसेप्रभुहैं ( ४२ ) पुनि कैसेहैं प्रभुगई बहोर हैं गरीबनेवाज हैं गईबहोरकही जो बस्तु जाइरही है योगभ्रष्टभयो है सो फेरि सिद्धकरि देते हैं किन्तु बिधाताने एकहू

अंकनहीं लिख्योहै सो जो सकृत श्रीरामशरणभयोताको अनेक परम दिब्य गुण योग बैराग्य ज्ञान मुक्ति भक्ति नवधा प्रेमा परा सबदेते हैं अथवा गईबहोर कही जो बस्तुरही है पुनि जातरही हैसो कवनिबस्तु जातरही है अपनो स्वरूप निर्मल शुद्ध एकरस अखण्ड नित्य सो अपने अज्ञान ते भूलिगयो है सोई स्वरूप अज्ञान दूरिकरिकैबहोरिदेते हैं ऐसे श्रीरामचन्द्र गईबहोर हैं जो बिधाता कहै कि मैं तो

हितलागी परमकृपालुप्रणतअनुरागी ४१ जेहिजनपरममताअतिछोहू तेहिकरुणाकरिकीन्हनकोहू ४२ गईबहोरगरीबनेवाजू सरलसबलसाहेबरघुराजू ४३ बुधबरणहिंहरियशअसजानी करहिंपुनीतसफलनिजबानी ४४ तेहिबलमैंरघुपतिगुणगाथा करिहौंनाइरामपदमाथा ४५ मुनिनप्रथमहरिकीरतिगाई तेहिंमगचलतसुगममोहिंभाई ४६ ॥ दो० ॥ अतिअपारजेसरितबरजोनृप

लिखबै नहींकिया तुम क्यों देतेहौ अरु जो काम क्रोध लोभ इत्यादिकअनेक भट हैं अपनो स्वरूप के प्राप्तहोत संते बाधाकरैं तो ब्रह्मादिक देवता अरु मायासहित परिवार तिनसबन को तिरस्कार करिकै अपनीतत्त्व श्रीरामचन्द्र देते हैं जापर करुणाकरहि काहेते सबलहैं सबके ऊपर बर्त्तमान है सरल स्वभावही सबके साहेब हैं ऐसे रघुराय हैं ( ४३ ) तातेबुधजन कबिजन हरिको यशही बर्णतेहैं काहेते गईबहोर जानिकै अरुअपनी बाणीको पुनीतकहे पवित्र अरु सफल करतेहैं ( ४४ ) ताते गईबहोर श्रीरामचन्द्रजी को जानिकै तेहीबल ते मैं श्रीरघुबर के गुणनके गाथाबरणौं श्रीरघुनाथजी के पद पंकज में माथनाय कै श्रीरघुनाथजी गईबहोरहैंमेरो मनोऽर्थ पूर्णकरहिंगे जरूर ( ४५ ) अरु मुनिन श्रीरामचन्द्रकी कीर्त्ति प्रथमगाइराख्यो है तेहि मार्ग में मोको चलत सुगम भावत है ( ४६ ) दोहार्थ ॥ जैसे कोई अपार नदीहै तामें हाथी नहीं पार जाइसकैहै तामें कोई राजा सेतबांधत भयो तापर चढ़िकै चींटीपार होइजाती है बिनाश्रमही ( ४७ ) इतिश्री रामचरितमानसे सकलकलिकलुषबिध्वन्सने बालकाण्डे निजनीचानुसंधान श्रीरामकृपा बर्णनंनाम पंचमस्तरंगः ५ ॥ :: :: :: :: :: :: :: :: :: :: ::
दोहा षट्तरंगमुनिबन्दिकवि अभिनिवेशमनकीन रामचरणसबमिलि कृपा करहुजोमोहिं लखिदीन ६ जो महामुनीशन हरिकै कीर्तिगायी है सोई बल आपने मनको दिखाइकै श्रीरघुपति कै कथा शोभायमान् करिहौं ( १ ) श्रीबेदब्यासादि जे पुङ्गवकही श्रेष्ठ कबि नानाकहे अनेक जिन आगेही भविष्य हरिके चरित बखाने हैं ( २ ) तिनसबन के पद पंकजबन्दौं मेरे मनोऽर्थ पुरबाहु ( ३ ) पुनि कलि के कविनको बन्दौं जिन श्री रामचन्द्र के गुणनके ग्रामबरणेउ है संस्कृत करिकै ( ४ ) अरु जो प्राकृति कविहैं परम सयाने जिन श्रीरामचरित भाषाकरिकै बरणेहुहै ( ५ )

सेतुकराहिं चढ़िपिपीलिकापरमलघुबिनुश्रमपारहिंजाहि ॥४७॥ * * * * * * *

चौ०॥ यहिप्रकारबलमनहिंदेखाईकरिहौंरघुपतिकथासुहाई १ ब्यासआदिकबिपुंगवनाना जिनसादरहरिचरितबखाना २ चरणकमलबंदौंतिनकेरे पुरवहुसकलमनोरथमेरे ३ कलिकेकबिनकरौंपरणामा जिनबरणेरघुपतिगुणाग्रामा ४ जेप्राकृतकबिपरम सयाने भाषाजिनहरिचरितबखाने ५ भयेजेहहिंजेहोइहहिंआगे प्रणवौंसबहिंकपटछलत्यागे ६ होहुप्रसन्नदेहुबरदानू साधु

जे कवि भूत भविष्य वर्त्तमान भविष्य जे होहिंगे श्रीरामचरित के बक्तातिन सबनको कपट छल छोड़िकै बन्दौं कपटकही श्रीरामचन्द्र गुरु राम भक्त तिनको अवराधन करतेहैं अरु अन्तष्करण में और भेद भरोस कछुराखै कोई देवता को कोई धर्मको कोई कर्मको भरोस किन्तु लोक में मानबड़ाई मर्यादा इत्यादिक की बासना औरेबको

धर्म कर्म मर्याद बचनकपटिडारै अपने बचन ते खण्डनकरै ताको कपट कही अरु लोकमें जो काहूसों भेदकरिकै फेरफार करिदेय सोभी कपट है अरु जो भगवत् यशको प्रबन्ध गान करिकै लोक में पुजायबे की बासनाकरै ताको छलकही अरु लोकमें जो अपने बचनकरिकै औरको ब्यामोहित करै किन्तु सुन्दरबचनकहै अरु अन्तष्करणमें वाको बिघ्नताकै किन्तु निन्दाकरै ताको छलकही ( ६ ) समस्त कपट छल छोंड़ि बन्दौं किन्तु श्रीरामचन्द्र के चरितके जे कवि हैं ते सदा कपट छल त्यागे है ते सबमिलिकै प्रसन्न ते बरदेहु जामें मेरीबाणी सन्तसभा में आदरहोइ इहां काब्य के यश की बासना नहीं है जेहि तत्त्व को सन्तन के आदरहोइ सो मेरीबाणी में आवै सो बरदेहु ( ७ ) जो प्रबन्ध बुधजन नाहीं आदरकरैं सो बाल बुधिकवि है तिनको श्रममात्र है उनकी काब्य बालक को ऐसोखेल है बुध कही पण्डित जाको अनात्मा आत्मा परमात्मा को ज्ञान यथार्थ होइ समदर्शीहोइ ताको पण्डित कही ( ८ ) कीर्ति जो सबकोई सराहै भणित कही बाणी जो सबको प्रियलागै काहूको बिरोध न आवै अरु बिभूति जो धन जो सबके कामआवै सोई सब भलोहै जैसे गङ्गाजीहैं नीच ऊंच ज्ञानी अज्ञानी पापी पुण्यात्मा सबको हितकरैहै जो कीर्ति भणितबिभूति सबको हितकारी न होइ तौ कर्मनाशा समान है ( ९ ) श्रीरामचन्द्र कै कीर्ति सुष्टनाम उत्तम है अरु मेरी बाणी भदेसहै ताते मेरे मनमें असमंजस है काहेते श्रीरामचन्द्र की कीर्तियोग्य मेरी बाणीहोइ तौ यह आश्चर्य है ताते मेरेमन में असमंजस नाम सन्देह है अंदेशा नामचिन्ता है कि जो सन्तजन मेरीबाणी को न ग्रहणकरैं तौ बिना प्रबन्ध

**समाजभणितसनमानू ७ जोप्रबंधबुधनहिंआदरहीं सोश्रमबादिबालकबिकरहीं ८ कीरतिभणितभूतिभलिसोई सुरसरिसमसब करहितहोई ९ रामसुकीरतिभणितभदेशा असमंजसअसमोहिंअंदेशा १० तुम्हरीकृपासुलभसबमोरे सियनिसोहावनिटाट पटोरे ११ करहुअनुग्रहअसजियजानी बिमलयशहिअनुहरैसुबानी १२ ॥ दो० ॥ सरलकबितकीरतिबिमल सोआदरहिंसुजान**

किहे भल है पर मोसे बिनाकिहे नहीं रहाजाइ है ( १० ) अब कछुकब्यंग्य में लाड़ जनावतेहैं हे सन्तजनहु श्रीराम कीर्ति योग्य मेरी बाणी नहींहै पर तुम्हारी कृपा ते मोको सबप्रकार सुलभ है काहेते कि जोसुन्दर रेशमहै ताकरिकै जो टाटको बनाइकै सियाजाइ तौ टाटहू शोभा पावतहै तैसे मेरीबाणी तौ टाटहीरूपहै पर रामयश सुन्दर रेशमहै तातेसियतहीं तुम्हारी कृपाते शोभितहोइगी ( ११ ) हे सन्तजनहु जो अपने जियमें जानौ कि जो यह तुलसीदास है सो बड़ो अनारी है देखौ तौ सुन्दर पाट टाट में सियतहै जो आपनजानिकै यह नहीं नीकलागै तौ अनुग्रहकरिकै पाटके अनुहारि पटदेहु श्रीरामयश बिमल अनुहरित मेरीबाणीहोइ ( १२ ) दोहार्थ ॥ सरल कबितहोइ अरु कीर्ति बिमल केवल श्रीरामयश परै सो कबित्त सुजान आदर करतेहैं अरु जे बैरीहैं तेऊ सहजहि वैर बिसारिकै बखानकरते हैं आदरकरतेहैं सरल कबित काकोकही जा कबित में बहुधा द्युत्तअक्षरपरै कठिन अक्षर न परै मात्राबरण चारिहूचरणमें बराबरिपरै अर्थसरलहोइ आशय बहुतहोइ बहुधा धुनि अवरेव परै जाकबित में जीभ रसपावै ताको सरलकही पुनि काव्य में कठिनअक्षर अर्थपरै है अरु जेहिके बाचबे सुनबेवारेजे हैं तिनको अर्थ नहीं भाष्योहै ते बैरी दूषण करतेहैं अरु ईर्षावारे अरु असत्कबि अरु मतबादवारे ते रिपुखण्डन करते हैं ताते कठिन अक्षर अर्थ नहीं परै अरु किसूकेमतमें विरोधनहींपरै केवल श्रीरामयशपरै सो काव्य अदूष अखंडित है ताको सब बखानतेहैं ( १३ ) आदर करतेहैं एते जे सहज बैरी रिपुहैं तेऊ ग्रहण करतेहैं सो बिना विमलमति ऐसोकवित्त नहींबनै अरुमेरीमति थोरी है जो सन्तजन कृपाकरहु तो श्रीरामयश कहौं बारबार निहारतहौं ( १४ ) कबि कोबिदजे हैं श्रीरामयश मानसरहै ताहीं में जिनके मंजु हंसवत् बिहरतहैं ते तुम सब मेरी बालबिनय सुनिकै मेरी सुरुचि देखिकै कृपाकरहु काहेते तुमकृपा के स्थान हौ ( १५ ) ॥ सो० ॥ बन्दौंमुनिपद बन्दना नमस्कार दण्डवत प्रणाम एकहीहै तामें तीनिभेद

**सहजबैरबिसराइरिपु जोसुनिकरहिंबखान १३ सोनहोइबिनुबिमलमति मोहिंमतिबलअतिथोरि करहुकृपाहरियशकहौं पुनि पुनिसबहिंनिहोरि १४ कबिकोबिदरघुबरचरित मानसमंजुमराल बालबिनयसुनिसुरुचिलखि मोपरहोहुकृपाल १५॥ सो० ॥ बंदौं**

हैं एक सहजैहै जैसे कोई अपनो सम्बन्धी है किन्तु मिलापी है चलतेबैठते बन्दना करिलियो अरु दूजोबचन अभिवेष है जैसे कोई अपनेते बड़ोहै राजा इत्यादिक ताके प्रणामकरत सन्ते राजा को प्रताप ऐश्वर्यबाणीमें अभिनिवेश आइजात है अरु तीसरो स्वरूप अभिनिवेश बंदना है जैसे गुरुहैं किन्तु अपनो इष्टहै तिनके नमस्कार करत सन्ते तिनकोस्वरूप प्रताप ऐश्वर्य सेवा मनबचन कर्म में अभिनिवेश होत है ताते गुसाईं तुलसीदासजी स्वरूपाभिनिवेश बन्दना करतेहैं जाते मुनिबाक्य श्रीमद्रामायण स्वरूप हृदय में प्रवेशकरै अब श्लेखालंकार करिकै सोरठाको अर्थ करते हैं ॥ सोरठार्थ ॥ बन्दौं मुनिपद कंज कौनमुनि जिननेश्रीमद्रामायण निर्मितकीन है नाम श्रीबाल्मीकिजी इहां चरणको बिशेषण नहीं है श्रीमद्रामायण को विशेषण है बाल्मीकि जो श्रीमद्रामायणकीन्ह सो रामायण कैसी है सखर खर दूषण नाम जे राक्षस तिनसंयुक्त है पुनि सकोमल है मंजु है दोषरहितहै ॥श्लोक॥ नमस्तस्मैकृतायेनपुण्यारामायणीकथा सदूषणापिनिर्दोषा सखरापिसुकोमला १ जो कोई कहै कि रामायण जो है अमित तासु सर्ब में खरदूषण की कथाहै यामेंबाल्मीकि की अधिकता का भई तहां मुनि कबिन के बाल्मीकि श्रेष्ठ हैं आदिकबि हैं श्रीमद्रामायण के आचार्य हैं ताते कहा किन्तु जिन जिनमुनिन श्रीमद्रामायण कीन्ह है तिनसबन के पद बन्दौं पुनि दूसरा अर्थ करते हैं काब्यनविषे दोष दूषणपरे बिनु नहींरहै दोष ही जो मनभरिबस्तुहोइ ताको सेरभरिबरणै कबि ताको दोषकही अरु दूषणकही सुन्दर गणनपरै अगनपरै पुनि उपमेय उपमान की उपमादेत संते बिरोधपरैअथवारस न आवै जैसे कोऊकहै कि ये सन्तकैसे हैं जैसे इन्द्रहैं यहधर्म बिरोध उपमा है सो दूषणकही अरु कोई कबि ने भगवान् के कर चरणकी ललामीजो है सो बानरके चूतर की उपमादीन है यह रसास्वाद दूषणभयो इत्यादिक अनेक दोष दूषण हे थोरा बहुत दोष दूषण बिनाकाव्य होतईनहीं जो कहौं कि बाल्मीकि कृत श्रीमद्रामायण महाकाव्य है तौ याहूमें दोष दूषणहोइगो सो सही है महामुनि कृत रामायणमें खरनाम राक्षस जो है खर ऐसोनाम सोई दोषहै काहेते खरनाम गदहा को है ताते दोषकही अरु खरको भाई दूषणनाम सोई दूषण है ताते खर दूषण नाम जो रामायणमें है सोईनाम मात्रशेष दूषणहै नतु श्रीमद्रामायण दोषरहितहै सहित दूषण दोषरहित है काहेते बाल्मीकिजू उपमेयउपमान धर्मबाचक यथार्थ कहेहैं ताते दोष दूषण रहितहै ताही ते सकोमल कहा पुनि मंजुकही पुनि तीसरअर्थसखरसकोमल मंजु सखरनामउदारको उदारकही जो जवनैमांगे सोईदेइ जैसे कोई कल्पबृक्ष तरगयो अनेक उत्तम पदार्थ की बासनाभई सो दियो पुनि भयकरिकै सिंहकी बासनाभई तब सिंह प्राप्तभयो मारिडारेउ तहां कल्पतरु उदार तो भयो पर कठोर उदारता कोमल उदारता दोनों उसमेंहैं अरु दोनों फलदियोतैसे उदार श्रीमद्रामायणनहीं है सखरनाम उदार सकोमल उदार है मंजुनाम उज्ज्वल फलदाताहै दोष दूषण रहित उदारता श्रीमद्रामायणहै जो कहौ कि जो कोई रामायण सुनैं कहै अरु अर्थ धर्म कामकी बासना करै तो देइ किनदेइ नतुदेइ पुनि उसमें तौ दोष दूषण भरे हैं ये तीनों विषयमय हैं ताते मलिन है बन्धनरूप है ताते दोषमय है कठोर है अरु तीनिहूं में हर्ष शोक इत्यादि दूषण हैं सो सत्य है पर तहां मंजुकहेनिर्मल अर्थ धर्म काम देतहै श्रीराम सम्बन्ध तीनों दिब्यरूप देतहै दोष दूषण रहित तीनोंफल दिब्यभोग भगवत् सम्बन्ध में कराइकै तदुपरान्त वाही तनुमें परमपद देत है ऐसो उदार रामायण है यहप्रसिद्धहै प्रमाण उत्तरकाण्डे जेसकामनरसुनहिजे गावहिं सुखसम्पति नानाविधिपावहिं सुरदुर्लभसुखकरिजगमाहीं अन्तकाल रघुपतिपुरजाहीं ॥ पुनि चौथअर्थ ॥ पुनि श्रीमद्रामायण कैसो है सखरकहे सखररसहै जेहिबिषे सखके आगेजो रकारहै सो दीपदेहरी अक्षर जानब पूर्बापर दूनोंअर्थ प्रकाश करतु हैं ताते सखररस सखरकहे बहुत केवल रसमय फलहै जैसे सहतूत इत्यादिक फल बिनागुठुली बकला को फलहै काहेते कि केवल श्रीसीताराम चरितै है अरु अपर जो श्रुति स्मृति पुराण इतिहास महाभारतादिक तेसबबकला बीजरस संयुक्तफल है काहेते कि कर्मकाण्ड ज्ञानकाण्ड भक्तिकाण्ड तीनिउ मिश्रित सबग्रन्थ है कर्म छिलकास्थाने ज्ञान गुठुलीस्थाने भक्तिरसस्थाने भक्तिनवधा प्रेमापरामय श्रीमद्रामायणहै केवल भक्तिरस रूप रामायण है पुनि रस दुइप्रकार के हैं एक कोमल एककठोर जैसेपक्वफल सहतूत सेव इत्यादि बाल युवा बृद्ध सबके खाबेमें आवै है अरु नारिअर की गरी कठोररसमय है जाके दांतहोइ सो चाबै यह दृष्टान्तहैअब द्राष्टान्त कहते हैं भक्ति तीनिप्रकार की है एककर्म मिश्राभक्ति एक ज्ञानमिश्रा भक्ति एक केवल भक्ति प्रेमा पराकर्म मिश्राज्ञान मिश्रा भक्तिकठोररस गरीतुल्य है सबते न सधै अरु केवल भक्ति सबको अधिकार है केवल राम नाम कहना रामाश्रय रहना

निरादर ९ पुनि नामके माहात्म्य में अपरकल्पना कल्पनाकहे यह मनमें ल्यावत हैं कि जो नामकहेते मोक्ष है तौ सबैप्राणी नाम कहते हैं तौसबै मोक्षमानहैं किंतुयह मन में ल्यावत हैं कि नाम अपर साधनसहित मुक्तिदाता है १० येतेदश नामापराध हैं जो हरि अपराध होइ तौ नाम के जपेते मिटिजात है अरु जो जानिकै नामापराधकरै सोकितनौ नामजपैफलीभूतनहींहोत है अरु अजान नामापराधहोइ तौ परमेश्वर के स्वरूप में मनआवेश करिकै प्रेमसमेत आर्त्तिसंयुक्त नामउच्चारणकरै तौ नामापराध मिटिजात है परपुनि नामापराध न करै तब परमेश्वर को नाम कोटिनजन्म के संचितकर्म शुभाशुभ सो नाशकरिदेत है मोक्षकरतु है तातेजे भावसमेत नामजपते हैं नामापराध बचाइकै तेसारूप्य सामीप्यमुक्ति को प्राप्तहोते हैं अरु जे कुभावते किंतु अनख ते परमेश्वर के नाम मुख ते निकसते हैं अरु कहते कहते शरीर पातहोइजाइ तबते कैवल्य मुक्ति को प्राप्तहोते हैं अरु उनको नामापराधको ज्ञाननहीं है अरु जे आलस आसक्त आरत ते अपनी रक्षाहेतु नाम उच्चारण करते हैं ते सालोक्यमुक्ति को प्राप्त होते हैं उनको भी नामापराध की सुधिनहीं है ( १ ) ऐसो श्रीरामनाम ताको हृदय में स्मरणकरिकै धारण करिकै श्रीरामचन्द्र जीको माथनाइकै श्रीरामचन्द्रजी के गुणन के गाथाकरौं ( २ ) जिन श्रीरामचन्द्र को नाम ऐसो है ते श्रीरामचन्द्र मेरी सब प्रकारते सुधारैंगे जिनश्री रामचन्द्र की कृपाकै कृपाचाहतु है ब्रह्मा शिवादिकन कै कृपा सो अघाति ही नहीं इनसबनकै कृपा यह चाहती है श्रीरामकृपा हमारेऊपर नित्य करतहीरहैं किंतु जासुकही जिन श्रीरामचन्द्र की कृपा बिना अपरदेव की कृपा ते अघाती कहैं अघको हातकहै नाशहोतई नहीं ( ३ ) देखिये तौ हमैं एसे कुसेवक तिनहूंको अपनी दिशि देखिकै पोषण कीन्ह काहेते श्रीरामचन्द्र जी सुष्टुस्वामी हैं अरु दया के समुद्र हैं ( ४ ) अरु यह बात तौ लोकहू वेद में प्रसिद्ध है कि सुष्टु साहेब जे हैं ते सबकी बिनती सुनिकै जाकी जैसी प्रीति होती है तैसही सुसाहेब पहिचानिजाते हैं ( ५ ) जैसे कोई राजा है ताके ग्राम में सबै बसते हैं गनी हैं गरीब हैं नरनमें नागर हैं पण्डित हैं मूढ़ हैं मलीन हैं उजागर हैं ( ६ ) सुकबि हैं कुकबि हैं इत्यादिक अनेकहैं ते सब अपनीमति करिकै राजाको सराहते हैं सबनरनारि ( ७ ) तहां राजा जो है सो साधु है सुजान है सुशील है ईश

**रीती विनयसुनतपहिचानतप्रीती ५ गनीगरीबग्रामनरनागर पंडितमूढ़मलीनउजागर ६ सुकबिकुकबिनिजमतिअनुसारी नृपहिं सराहतसबनरनारी ७ साधु सयानसुशीलनृपालू ईशअंशभवपरमकृपालू ८ सुनिसनमानहिंसबहिंसुबानी भणितभक्तिमतिगति**

को अंश है अरु परम कृपालु है ( ८ ) राजा जो है सो सबकै स्तुतिसुनिकै सुष्टुबाणी ते सबको सन्मान करतभयो यथायोग्य तहां सुकबिकी भणितकही काव्य की रचना अरु पण्डित की भणित वेद शास्त्र बांचबेकीअरु अर्थन की रचना दुइकी भणित पहिचान्यो है अरु गनीकही गनतीवाले धनवान् जो हैं तिनकी भक्ति कही सेवा जो धनकरिकै करते हैं अरुनागरकही जे नरन में श्रेष्ठ हैं कुल में जातिमें क्रियामें ते राजासे उत्तम कर्म्म धर्म्म कराइकै राजा की भक्ति करते हैं इनदोनों की भक्ति पहिचान्यो है अपने विषय अरु उजागर कही सभाचातुर तिनकी सुमति की चातुरी सुष्टुमतिवाले सब सराहते हैं राजै तिनकी सुमति पहिचान्यो अरु गरीबकही दीन को कि मोंसे कछुनहींबनै जाके एक राजहीकीगति है अपर किसूको कभी जानते नहीं हैं अरु एकैग्रामीण जे गवाँर हैं अरु एकै मूढ़ हैं मूढ़कही जो किसूकी कही समुझतेनहीं मानतेनहीं एकमन बचन कर्म राजही की गति है मँते अरु एकै मलिन हैं जाको धर्म कर्म इत्यादि एकौ आवतैनहीं एक राजा के आश्रय हैं अरु एकैकुकबिहैं जिनको छन्द प्रबन्ध अलंकार अक्षरन की मैत्री लघु दीर्घ घटिबढ़ि इत्यादिक समझते नहीं एक राजाको यश प्रेमसंयुक्त पदबनाइकै गावते हैं एकराज ही की गति है इनचारिहू किंतु पांचहू की गति पहिचान्यो तहां राजा सबको सराहतभयो पर इनचारिहू पांचकी गति हृदय में जानिकै हँसिकै सराहतभयो एतासुभाउ तौ प्राकृतराजन में है यह दृष्टान्त है अब दार्ष्टांतकहते हैं जे ब्रह्मा शिवादिक सर्वज्ञ त्रिकालज्ञ तिनसबन के शिरोमणि श्रीरामचन्द्र सबके ईश महाराजन के राजा तिन श्रीरामचन्द्रजी के अनेक ब्रह्मांड सोई ग्राम हैं ताते सब बसते हैं गनीकही गनतीवाले सर्व दिग्पाल चन्द्र सूर्य इत्यादिक नागर ब्रह्मापुत्रन संयुक्त पुनि पण्डित मुनीश्वर बृहस्पति शेष इत्यादिक पुनि कबि शुक्र व्यास वाल्मीकि इत्यादिक पुनि उजागर शारदा इत्यादिक पुनि गरीब गवांर मूढ़ मलीन कुकबि ये जो पांच हैं सो गुसाईं तुलसीदास कहते हैं कि ये पांचहम सरीखे जिनको कछू आवतैनहीं सब प्रकार ते हीन हैं पर एक महाराजन के राजा श्रीरामचन्द्र परमेश्वर परब्रह्म हैं तिनही की गति हमको केवल है

**पहिंचानी ९ यहप्राकृतमहिपालसुभाऊ जानिशिरोमणिकोशलराऊ १० रीझतरामसनेहनिसोते कोजगमंदमलिनमतिमोते ११ ॥दो०॥ शठसेवककीप्रीतिरुचिरखिहैंरामकृपालु उपलकियोजलयानजिनसचिवसुमतिकपिभालु १२ महूंकहावतसबक**

अपर जे अनेक साधन लोकपरलोक के हैं कर्मकांड ज्ञानकांड अरु भक्ति जो दोनोंलिहे हैं सो सब हमको आवतै नहीं है यह सत्यकरिकै कहत हौं केवल श्रीरामगति हमको है यह उपाय शून्य प्रपत्ति शरणागत कहावत है दुर्लभ है ध्वन्यात्मक अर्थ है ( ९ ) अरु यह तौ प्राकृत राजनके सुभाव हैं अरु श्रीरामचन्द्र तौ जान शिरोमणि हैं यह भरोस है परम दृढ़करिकै अरु कोशलाधीश परम उदार दीनदयाल अशरण शरण हैं श्रीरामचन्द्र यह भरोस है ( १० ) जान शिरोमणि तौ श्रीरामचन्द्र हैं पर निसोत स्नेह ते रीझते हैं निसोतकहैं निर्मल तैलवत्धार ताते यह जरूर चाहिये कि जो कोई कर्त्तब्य ते श्रीरामचन्द्र में स्नेहहोइ ताही में संकल्पकरै अरु जो स्नेह में प्रतिकूलताहोइ ताको विशेष त्यागकरे आधी चौपाई को अर्थ पुनि कार्य ते कहते हैं यह जगत् में मेरी समान मतिमन्द कोई नहीं है मोसे कछुनहींबनै यह सत्यकहौहौं ताते मेरे ऊपर रामजी कैसेरीझेंगे ( ११ ) दोहार्थ इहां आरत गोप्तृत्व मिलित है गुसाईं कहते हैं कि मैं तौ मतिमन्द हौं पर शठ जे बालबुद्धी सेवक हैं तिनकी प्रीति कै रुचि श्रीरामचन्द्र राखतई आयेहैं कैसे जानिये जिन श्रीरामचन्द्र पाषाण की नाव अरु सुमतिमान मन्त्री कपि भालु कीन्हेंहैं अरु काठ की नाव अरु सुपात्र प्रबीणमन्त्री चाहिये अरु ज्ञानभक्ति करिकै जीव संसारतरे है यह वेद की बाक्य है अरु ब्रह्मा ने अपनीसृष्टि में ये ही मर्यादाकियो है तहां पाषाण की नाव कपि भालु चंचल ते मन्त्री अरु तृण पाषाण कोलभिल्ल राक्षस

बानर भालु इत्यादिक जिनकी ओर प्रभुदेख्यो अरु जिनने प्रभुकोदेखे तिनसबहीको परमपददीन जेहि पदको महामुनीश कठिनते प्राप्त होते हैं देखियेतौ प्रभुस्वरूप बहुत है अरु सामर्थसबहैं परजैसो श्रीरामचन्द्र कीन्हहै ऐसोकिसू प्रभुने नहींकियो ताते श्रीरामचन्द्र महाराज हैं महाप्रभु हैं परब्रह्म हैं परमकृपालु हैं यहमोको जानपरेउ है ( १२ ) रीझतराम सनेह निसोते यह चौपाई लैकें अरु यह दोहातक रामनिकाई रावरीहै सबहीको नीक यहप्रसंग में श्रीरामचन्द्रकी शरणागतजो षट्प्रकार है सोकहते हैं तातेषट्शरणागतके लक्षणप्रथम जनाइकै तब आगे चौपाइन को अर्थ करैंगे तहांप्रमाण है अन्यच्चश्लोकडेढ़॥ आनुकूलस्यसंकल्पः प्रातिकूलस्यबर्जनं रक्षिष्यतीतिबिश्वासो गोप्तृत्वबरणंतथा १ आत्मनिक्षेपवर्प्पण्यंषड्विधाशरणागतिः ताको अर्थ जो धर्मकर्म

**हतरामसहतउपहास साहेबसीतानाथसेसेवकतुलसीदास १३ अतिबड़िमोरिढिठाईखोरी सुनिअधनरकहुंनाकसकोरी १४**

ज्ञानउपासना इत्यादिक जो केवल श्रीरामचन्द्र के अनुकूलहोइ रामस्नेहमयहोइ तामेंसंकल्पकरै बारंबार कि यह करिबे योग्य है मन बचन कर्म इहैकरौं बिशेष अरु कालकर्म गुणसुभाउ बशनहोइ सोलाचार १ अरु जोरामचन्द्रसेप्रतिकूलहोइ रामस्नेहमें बिक्षेप करै सो धर्मकर्मज्ञान उपासना ताकोत्यागकरै २ पुनि आत्मसमर्प्पण तनमनबचन श्रीरामार्प्पण समस्त अपनपौदूरिकरै ३ पुनि कार्य्यन्य है श्रीरामचन्द्र मोसेकछु नहीं बनै ४ पुनि गोप्तृत्वबर्णन जिन श्रीरामचन्द्र अपनोकीन्ह है कोलभिल्ल सेवरी गीध बानर रिच्छराक्षस जिनकोजाति शरीर धर्मकर्म मनबचन लोकवेदकरिकै निंदित है तिनकोअवगुण श्रीरामचन्द्र एकहुनहींलीन अरु अपनोनीकी प्रकारतेकीन है देखियेतौ जिनकी समस्तरीति चौरासीनरक भोगकरिबे योग्यतिनसबको सेवतेरक्षाकीन परमपदको प्राप्त करिदीन ऐसे श्रीरामचन्द्र उदारकृपालुदयालुहैं जोवेदने नहीं कही गुप्तराख्यो है सो श्रीरामचन्द्र प्रत्यक्षकरिदीन अपने प्रताप ते यह स्तुति करे यहगोप्तृत्व बर्णन है पुनिरक्षामें बिश्वास जो कोई कैसउहोइ कैसिहु रीतिसे प्रीतिभय आरत इत्यादिक जे सुकृतकहे एकहुबार श्रीरामशरणजाइ ताजीवको श्रीरामचन्द्र अभय करिदेते हैं परस्वाभाविकहिंते अरु तेहिं को अवगुण देखि नहीं लेते हैं सुग्रीव बिभीषण इत्यादिक में देखिलेव यह विश्वास करना ऐसही मेरीरक्षा करैंगे इति षट् ६ बाल्मीकीये श्लोक द्वै श्रीरामचन्द्र वाक्यं॥ सकृदेवप्रपन्नाय तवास्मीतिचयाचते अभयंसर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतंमम १ मित्रभावेनसम्प्राप्तं नत्यजेयंकथंचन दोषोयद्यपितस्यस्यात्सतामेतदगर्हि तं २ दोहार्थ देखिये तौ जो मोको कोई बूझत है कि तुमकोहौ तब यहकहतहौं कि मैं श्रीराम सेवकहौं अरु औरौसबकोई श्रीरामदास कहते हैं यह बड़ी उपहास कही हँसौवाहै काहेते कि जैसो साहेबहोइ तैसोसेवक चाहिये श्रीरामचन्द्र की सेवकाई योग्य शिव हैं हनुमान् अगस्त्य शुक सनकादि शारद इत्यादिक हैं अरु मैं मतिमन्द अरु साहेब सीतानाथ तिनको मैं सेवक कहावत हौं यह बड़ी उपहास है बड़ी लघुता है इहां सीतानाथ क्यों कहा तीनिशक्ति हैं श्रीशक्ति भूशक्ति लीलाशक्तिसो श्रीसीताजी से उत्पन्न है ताते सीतानाथ कहा प्रमाण है अन्यच्च श्लोक जनाव्यंशसमुद्भूत श्रीभूलीलादिभेदतः प्रकाशंश्रीश्चभूधारं लीलालयभस्थितिं ( १३ ) देखिये तौ एते बड़े सीतानाथ स्वामी अरु मैं मतिमन्द तिनको सेवक कहावत हौं एतीबड़ी मेरीढिठाई ताकी खोरि कहें खोटाई अतिशय है ताको सुनिकै अघ अरु नरक दोनों नाक

**समुझिसहमिमोहिंअपडरअपने सोसुधिरामकीन्हनहिंसपने १५ सुनिअवलोकिसुचितचषचाही भक्तिमोरिमतिस्वामिसराही १६ कहतनशाइहोइहियनीकी रीझतरामजानिजनजीकी १७ रहतनप्रभुचितचूककियेकी करतसुरतसैवारहिये की १८ जेहिंअघब**

सिकोरते भये यह जानिकै पापकहत भयो कि यह तौ हमारो सम्बन्धी है अरु नरक कहत है कि हमारे योग्य है अरुरामसेवक कहावत है यह तौ बड़ी ढीठता है ( १४ ) अब सात चौपाई में आत्मसर्प्पण कहते हैं मैं रामसेवक कहावतहौं औ अपनी करणी समुझत हौं तौ रामचन्द्र की सेवकाई योग्य मेरे एकहुलक्षण नहीं हैं धर्मविरोधी कर्म मेरे हैं

ताते अपने मन में यह समुझिकै आपुही ते आपु मैं डरिगयो हौं तहां मेरे गुण अवगुण जाग्रत के सवप्न के श्रीरामचन्द्र जी एकहू सुधि नहीं कीन्ह कैसे जान्यो जो मेरे अवगुण श्रीरामचन्द्र सुधिकरते तौ मेरे अन्तष्करण में उद्वेगउठतो ( १५ ) तब मैं जहांतहां सन्तनते सुनेउँ शास्त्रनमें सुनेउँ गुरुन ते सुनेउँ तब सब सुनिकै हृदयके नेत्रन ते सुचित्तह्वैकै अवलोकन कियेउँ तब यह देखिपरेउ कि मेरीमति अनुसार जो है सोमैं भक्तिसो स्वामी की सराही ऐसी समुझि परतीहै कि स्वामी अंगीकार कीन्हें हैं ( १६ ) काहेते जो कहत कै नशाइजाइ कहते न बनै करते न बनै अरुहृदय में नीकीप्रकार ते सांचाहोइकै चतुष्ठ अन्तष्करण आत्मा श्रीरामार्पण करिदेइ चाहे कर्म सबनते वेद को कहा कछुबनै चाहै न बनै श्रीरामचन्द्र अपने जन के अन्तष्करण की जानिकै रीझते हैं ( १७ ) पुनि जन सों जो कछु चूकपरै सो श्रीरामचन्द्र चित्त में ल्यावते नहीं काहेते उसके मन में तौ केवल अनन्य भजन की निश्चय है अरु जो संसार बशते किंतु कालवश ते किंतु सङ्गदोष ते बचन कर्म ते ब्यभिचार बिकार होते जाते हैं सो चूक श्रीरामचन्द्र देखतेनहीं बारवार उसके हृदय की सचाईपर सुरति करते हैं अरु उसको अपनोजन बिशेष मानते हैं यह श्रीरामचन्द्र की सहजरीति है श्रीवाल्मीकीये श्लोक ४ तद्ब्रूहिवचनंदेवि राज्ञोपदभिकांक्षितं करिष्येप्रतिजानेच रामोद्विर्नाभिभाषिते १ कथंचिदुपकारेण कृतेनैकेनतुष्यति नस्मरेत्युपकाराणां सतमप्यात्मवत्तया २ नाट कैद्विःशरंनाभि संघत्तेद्विःस्थापयति नाश्रितानद्विर्ददातिन चार्थिभ्योरामोद्विर्नाभिभाषिते ३ पुनः श्रीभगवद्गीतायां अपिचेत्सुदुराचारो भजतेमामनन्यभाक् साधुरेवसमंतव्यः सम्यग्व्यवसितोहिसः ४ कैसे जानिये कि श्रीरामचन्द्र अपने जनकी चूकनहींलेते उसके हृदय की प्रीति बारम्बार सुरति करते हैं गुसाईं तुलसीदास यह कहते हैं कि मैंतो मन बचकर्मश्रीरामार्पण करिदियो है पर उपाय शून्य ताते अब चाहै मोसे कर्म धर्म

**धेउब्याधजिमिबाली सोइसुकंठपुनिकीन्हकुचाली १९ सोइकरतूतिबिभीषणकेरी सपनेहुंसोनरामहियहेरी १० तेभरतहिंभेंटत**

बनै चाहै न बनै मेरे कछु शोचनहीं है अरु मेरी दशा श्रीरामचन्द्र जानते हैं जिन श्रीरामचन्द्र मोको आपन कीन्हे हैं समस्त अवगुण मेटिकै ताते मैंतौ आपुहीते जान्यों है कि श्रीरामचन्द्र जन की चूक नहीं लेते हैं ( १८ ) जो कोई कहै कि तुम कैसे जानेउ कि श्रीरामचन्द्र मेरो अवगुण मेटिकै अपनो कीन्ह है तहां यह बात प्रसिद्ध है देखिये तो जौने अघतं बालि को मारयो सोई सुग्रीव कीन्ह देखिये तो सुग्रीव की स्त्री संयुक्त जो विषय में बालि लीनरहेउ सोई विषय में सुग्रीव लीनभयो श्रीरामचन्द्र के देखत सन्ते सो सुग्रीव को अवगुण एकहू नहीं लीन काहेते सुग्रीव शरणागत भयो है कैसे जानिये सुग्रीव सांचाह्वैकै कह्यो है श्रीरामचन्द्रसों॥चौपाई॥ सुखसम्पतिपरिवारबड़ाईसबपरिहरिकरिहौं सेवकाई सो श्रीरामचन्द्र मानिलीन पुनिकहा है सखे राज्यकरो अरु विषयकोफल जन्ममरण सो मोसे न होने पावैगो ताते एकबार श्रीरामशरण भयो ताको अभयकियो अरु ऋद्धिभोगकरै पर दंडरहितभयो श्रीराम प्रतापते ( १९ ) अरु सोई विभीषणकी रीतिजानिये ताते जीव श्रीरामशरण एक बारजाइ पुनि उसके अवगुण जाग्रतस्वप्नके एकहूनहींलेते ( २० ) देखियेतौ तेविभीषण सुग्रीव इत्यादिकन को भरत के मिलतसंते श्रीरामचन्द्र बखानतेभये पर राजसभा में जहां बशिष्ठ सुमंत्र भरजीतहां बड़ाईदेतेभये ( २१ ) दोहार्थ॥ अब रक्षा में बिश्वास कहते हैं देखिये तो प्रभु जो हैं स्वामी श्रीरामचन्द्र ते तरुके नीचे बैठे हैं अरु बानर तरुके ऊपर चढ़ेहैं पर कपिन कै सुरति श्रीरामचन्द्र के कार्य्य में लगी है ताते ऊंचे नीचे की सुधि कपिन को नहीं है तिन कपिन को श्रीरामचन्द्र अपने समानकीन्हे हैं ताते श्रीरामचन्द्र की समान शील को निधान को है अपर जे भगवत् के स्वरूप हैं ते भी ऐसी साहबी नहीं जानते हैं जैसी श्रीरामचन्द्र जानते हैं अपरकी कौन चली है श्रीरामचन्द्र अपनो स्वरूपदीन्ह समस्त रीछ राक्षस बानर इत्यादिकन को स्वरूप मुक्ति को प्राप्तकीनपर याही तनमें देखिये तौ ऐसो अपर अवतार में कब कियो है किन्तु बिना अवतारही जो परमेश्वर को स्वरूप वेद बर्णत हैं तिनने ऐसोप्रभाव कब कियो है जैसो श्रीरामचन्द्र कीन्ह हैं पाषाण की नाव रीछ बानर कोलभिल्ल राक्षस तिनसवनको सुमन्त्रीकीन्ह अरु अपनो स्वरूपकरिदीन तहां प्रसिद्ध है प्रमाण उत्तरकाण्डे हनुमदादि सबबानरबीरा धरे मनोहरमनुजशरीरा मनोहर तो एक श्रीरामचन्द्र हैं ताते समस्त रामरूपही है ऐसे एकउदार श्रीरामचन्द्रही हैं ( २२ ) ताते श्रीरामचन्द्रम-

**सनमाने राजसभारघुराजबखाने २१ दो०॥ प्रभुतरुतरकपिडारपरतेकियआपुसमान तुलसीकहूं नरामसमसाहेबशीलनिधान २२ रामनिकाईरारीहैसबहीकोनीक जोयहसांची है सदातोनीकोतुलसीक २३ बहुरिसबहिंशिरनाययहिबिधिनिजगुणदोष कहि**

महाराज ईशन के ईश परमकृपालु हैं जो श्रीरामचन्द्र कै निकाई सबकोनीकीहै ब्रह्मा शिव शुक सनकादि नारद बाल्मीकि व्यास अगस्त्य इत्यादि जे बड़े हैं अरु शवरी गीध इत्यादिक जे नीच हैं तिनसबन को रामनिकाई एकरस नीकी है जो ऐसी रामरावरी निकाई सांची है अनुमान में आवत है प्रमाण वेद कहते हैं प्रत्यक्ष मोको आपुही ते देखिपरेउ है अनुमान प्रमाण प्रत्यक्ष सर्बकाल में एकरस सांची है तो तुलसी को नीकोबनो बनायो है यह अचल विश्वास है कि श्रीरामचन्द्र मेरी रक्षाकरैंगे लोकपरलोक दोनों में यह ध्रुव विश्वास है यह षट्शरणागत गुसाईं तुलसीदास बर्णनकियो पर धारणासंयुक्त ( २३ ) यहिप्रकार ते निजगुण दोष कहिकै निजगुण कौन हैं मोहिं में मैं केवल श्रीरामशरण हौं इतनो गुण है अरु अपरकर्म धर्म योग बैराग्य ज्ञान ध्यान समाधि इत्यादिक शुभ गुण तिन सबनते रहितहौं यह अवगुण है सो सबकह्यो पुनि सबको प्रणाम करिकै श्रीरामचन्द्र के बिशद निर्मल उज्ज्वल यश जोसुनिकै कलिकहे कलित होइ रहे हैं अनेक जन्म के कलुषकहे पाप जाके बश जन्म मरणहोते हैं किंतु कलिकही क्लेश जो अनेक हैं सो समस्तनाशहोइजाइ हैं ऐसो राम यश बर्णत हौं ( २४ ) जो कोई कहै कि गुसाईं तुलसीदास श्रीरामोपासक हैं अनन्य हैं अरु बारम्बार देवतादिकनकै नमस्कार करते हैं इसमें तो अनन्यता में बिरोध भासते हैं तिसको समाधान करते हैं सुनो जो कोई देवता श्रीरामचन्द्र की बराबरि होइ तबतो देवतान्तर होइ अरु ब्रह्मा शिवादिक जे देवता हैं ते सब कोई अंश हैं कोई कला हैं कोई बिभूति है ताते श्रीरामचन्द्र से कोई भिन्नहईनहीं है तिनसब में जे रामभक्त अनन्य हैं तिनकी स्तुति गुसाईं तुलसीदास कीन्ह है मुनि देव इत्यादिक देखिये तौ महादेव श्रीरामचन्द्र के परमानन्य भक्त हैं अरु पार्बती श्रीरामतत्त्व की परम अधिकारिणी हैं अरु गणेश पार्वती की सेवा में रहते हैं अरु केवल रामनाम जपते हैं ब्रह्मा श्रीरामचन्द्र के प्रथम भक्त हैं अरु अपने को छोट मानते हैं ब्रह्मरामायणेब्रह्मणोवाक्यं नारदंप्रति श्लोकएक सीतारामौपराभक्तिः कृत्स्नंवेदशिवःशिवं तदर्द्धांगिरिजावेत्ति तदर्द्धंवेद्म्यहंमुने १ पुनि वेद कहते हैं सत्यलोके ब्रह्मारत्नसिंहासने मण्डपमध्ये श्रीरामंस्थापयित्वातस्यपूजामकरोत् तदनंतरंश्रीरामं पार्वतीरुद्रौपूतौसन्तौ तस्यपूजामकुरुतां रुद्रपूजा-

**वरणौंरघुपतिबिशदयशसुनिकलिकलुषनसाइ २४॥** * * * * *

नंतसूर्य्य श्रीरामपूजितवान् इत्यथर्व्वणे अरु सूर्य्य श्रीरामभक्त हैं अरुसिंहासन है श्रीरामस्तवराज अर्द्धश्लोक सूर्य्यमण्डलमध्यस्थं रामंसीता समन्वितम् ताते जो श्रीरामदासन को सेवनकरै स्तुति इत्यादिककरै तेहि जनपर श्रीरामचन्द्र अति प्रसन्न होते हैं अपनी सेवाते ऐसो नहीं प्रसन्न होते हैं जैसो अपने भक्तन की सेवा ते प्रसन्नहोते हैं भक्त कैसहू होइ यह सब शास्त्रन में प्रसिद्ध है ताते गुसाईं तुलसीदास जी भागवत् जे रामानन्य देवता हैं तिनकी स्तुतिकीन है अरु भागवत् मुनिनकीस्तुतिकीन है अरु चराचर की स्तुतिकीन है श्रीरामचन्द्रको सर्बांतरयामी देखिकै तामें देवतान्तर मन्त्रांशही होते हैं श्रीतुलसी की काव्य केवल श्रीरामानन्यभाव है अरु जे कोई देवतांतर मन्त्रांतर कहते हैं तिन ने तुलसीकृत की तत्त्व नहींजान्यो किंतु विरोधी हैं॥ श्लोक ९॥ आदिपुराणे भगवद्वाक्यं मद्भक्तोवल्लभोयस्य सएवममवल्लभः तत्परोवल्लभोनास्तिसत्यंसत्यंवदाम्यहं १ भारतेपाण्डवगीतायां वासुदेवस्य येभक्ताःशांतास्तेहुतमानसाः तेषांदासस्यदासोऽहं भवेज्जन्मनिजन्मनि २ कोई आचार्य्यबाक्यं नाहंविप्रोनचनरपतिर्नापिवैश्योनशूद्रो नोवावर्णीनचगृहपतिर्नोवनस्थोपतिर्वा ३ किंतुप्रोद्यन्निखिलपरमानन्दपूर्णामृताद्यं सीता भर्त्तुःपदकमलयोर्दासदासानुदासः ज्ञानावलम्बकाःकेचित केचित्कर्मावलम्बकाः वयंतुरामदासानां पादत्राणावलम्बकाः ४ ब्रह्माण्डपुराणे श्रीरामगीतायां श्रीमुखवाक्यं मद्भक्तमादरेद्यस्तु मनस्पर्शनभाषणैः तंहितंमयिपस्यामि वशिष्ठमहतामिव ५ मद्भक्तेभ्यः प्रयच्छन्ति सुवस्तूनिधनान्यपि आतिथेयंकरिष्यामि तस्याहंसीतयासह ६ येमद्भक्तस्तुतिर्नित्यं मांप्रसन्नोहितेकृतम् ७ पुनि भागवतेएकादशे सर्वभूतेषुमद्भावं सवैभागवतोत्तमः

८ श्रीरामस्तवराज रामंसत्यंपरंब्रह्म रामत्किंचित्रविद्यते तस्माद्रामस्यरूपोऽयं सत्यंसत्यमिदंजगत् ९ ताते सबको राममय जानिकै रामभक्तजानिकै स्तुतिकीनहै ( २४ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसने बालकाण्डे षद्शरणागत सर्वस्तुतिवर्णनं नाम नवमस्तरङ्गः ॥९॥

चौ०॥ याज्ञवल्क्यजोकथासुहाई भरद्वाजमुनिबरहिंसुनाई १ कहिहौंसोइसंबादबखानी सुनहुसकलसज्जनसुखमानी २ शम्भुकीन्हयहचरितसुहावा बहुरिकृपाकरिउमहिंसुनावा ३ सोशिवकागभुशुण्डिहिंदीन्हा रामभक्तिअधिकारी चीन्हा ४ तेहिंसनयाज्ञवल्क्यपुनिपावा तिनपुनिभरद्वाजप्रतिगावा ५ तेबक्ताश्रोतासमशीला समदर्शीजानहिंहरिलीला ६ जानहिंतीनिकालनिजज्ञा-

दोहा॥ दशतरङ्ग महिमाकथा शिवभुशुण्डि मुनिभाष रामचरणभाषाकियो पुनिनिज गुरुकीसाख १० जो कथा शोभायमान श्रीयाज्ञबल्क्यजू श्रीभरद्वाजको सुनायो है ( १ ) सोई सम्बाद बखानिकै करतहौं समस्त सज्जनजोहौ सो सुखमानिकै सुनउ ( २ ) यह जो रामचरित मानस है अतिसुन्दर सो महादेवकोकीन है बहुरिकृपा करिकैपार्बतीको सुनायो है ( ३ ) पुनि शवजी कोई काल में काकभुशुण्डि को दीन्हों है काहेते श्रीरामभक्तको अधिकारी जानिकै ( ४ ) पुनि कोईकालमें तिन काकभशुण्डितें याज्ञबल्क्यपायो है तिन याज्ञवल्क्यजू भरद्वाजसेकह्यो है ( ५ ) तेबक्ता अरु श्रोतादोऊ समशीलकहे बरोबरि बुद्धिरहैं अरु समदर्शीरहैं अरु दोऊजन श्रीरामचन्द्रजीको समान जानतेरहैं ताते यथार्थबोधको प्राप्तरहैं ( ६ ) अरु तीनिकाल जानतेरहैं भूतभविष्यबर्त्तमान भूतकहे जो कालपीछे बीतिआयो है भविष्यकहे जो कालआगे होइगो बर्त्तमानकहे काल विद्यमानहै ते तीनिहूंकालकीगति सब जानतेरहैं जैसे अपने हाथ में प्राप्त है अमराकोफल तेहिफलको ज्ञानस्वाभाविकै जानबेमें आवत है तैसेही तीनिहूंकाल वे जानतेरहैं ( ७ ) औरो जे हरिकेभक्तसुजान हैं कोई हरियशसुनते हैं कोई कहते हैं ते सब यथार्थबक्तारहैं स्पर्श पर शास्त्रबोध यथार्थरहै ( ८ )॥दोहार्थ॥ सोई कथा हमारे गुरुनको प्राप्तिभई है कोजानै कहांते सोई कथा मैं अपने गुरुनते सुनेउ है कथासुकहै सुष्टकथा अरु शूकर कहै जो सुष्टपदार्थ को उत्पन्नकरै ताकोशूकर खेतकही तहां सुष्टपदार्थ श्रीरामयशगुण चरित सो सत्सङ्ग उत्पन्न करतु है ताते सत्संगै शूकरखेत है तेही सत्सङ्ग में गुरुनते सुनते सुनेउहै अथवा शूकरखेत कहे बाराहक्षेत्र श्रीअयोध्या के पश्चिम तीनि योजन है सरयू तीर तहां सुनेउ है तब मेरी बालअवस्थारहै अचेत दशारहै तेहीदशामें जसकछु समुझिपरेउ सो ग्रहणभयो किंतु शूकरखेत शूकरजो है जैसे भूमि खोदत है जहांतहां तैसे मोंको बालपने में कछु समुझिपरेउकछुनहीं समुझिपरेउ सो ग्रहणभयो है ( ९ ) अरु मोको यथार्थ कैसे स-

ना करतलगतआमलकसमाना ७ औरौजेहरिभक्तसुजाना कहहिंसुनहिंसमुझहिंबिधिनाना ८॥ दोहा ॥ मैंपुनिनिजगुरुसनसुनी कथासुशूकरखेत समुझनहींतसबालपनतबअतिरहेहुंअचेत ९ श्रोताबक्ताज्ञाननिधिकथारामकैगूढ़ किमिसमुझौं मैमंदमति कलि मलग्रसितबिमूढ़ १०॥चौ०॥ यदपिकहीगुरुबारहिंबारासमुझिपरीकछुमतिअनुसारा ११ भाषाबद्धकरौमैंसोई मोरेमनप्रबोधजेहिंहोई १२ जसकछुबुधिबिबेकबलमोरे तसकहिहौंहियहरिकेप्रेरे १३ निजसंदेहमोहभ्रमहरणीकरौं कथाभवसरितातरणी १४ बुध

मुझिपरै कांहते श्रीरामकथा अतिगूढ़ है ताकेसमुझिबेको अरुकहबेको श्रोतावक्ताज्ञानकोनिधानचाहिये अरुमैं कैसेसमुझों एकतो बालबुद्धि दूजो कलिकालहोइकै मतिमन्द होइरही है ताते बिमूढ़होइरह्योहौं ( १० ) यद्यपि गुरुन बारबार कहा मेरी अज्ञानता को देखिकै तदपि अपनी मतिके अनुसार समुझिपरेउ ( ११ ) जो गुरुन कहेते कछु समुझि परेउ है ताको मैं भाषाबद्ध करतहौं काहेते जातेमेरे मनमें प्रबोधहोइ जो कोईकहै कि गुरुन के कहेतेबोध नहींभयो अपनेग्रन्थ किहेते बोधहोइगो यामें जो यशकी इच्छा

भाषैहैं तहां यह प्रयोजन नहीं है यातेभाषा करत हौं कि गुरुन कै कहीतत्त्वभूलि न जाय तातेलिखिलेतहौ किंतुअपने लिखेपर मनबिशेषदृढ़करै है ( १२ ) जसकछुमेरी बुद्धि के बिवेक को बलहोइगो हरिकी प्रेरणाते तसकहौंगो ( १३ ) यह श्रीरामकथा जो है सो निजकहे जोमोरसंदेह भ्रमतेहि कीहरणहारी है सो कथा मैं करतहौं भवजो है संसार सोमहानदी है ताकेपारजाबेको यहकथा नावरूप है इहां पुंल्लिङ्ग स्त्रीलिंगको भेद न लबे संसार में सबसंभवित है अरु भाषा में जैसों प्रयोजन परत है तैसेसबकहबेमें आवत हैं ( १४ ) पुनि श्रीरामकथा कैसी है बुध जो हैंपंडितजन तिनको बिश्रामस्थान है अरु समस्त जनजे हैं तिनको रंजन कहे आनन्द दाता है कलिकहे क्लेश जो अनेक प्रकार के कलुष कहेपापतिन सबनको नाशकरदेत है श्रीरामकथा ऐसी है ( १५ ) पुनि रामकथा कैसी है कलिकहे जो है जन्ममरण अथवा कलिकहे कलिकाल सोसर्प है ताके बिषनिबृत्त करिबेको रामकथा भरणी मंत्रहै गरुड़मंत्रकहै अरु कोई कोषबिषे भरणीनाम मयूरीको ताते रामकथा मयूरी है कलिकही क्लेशसर्प है अरु जो कोई कहै कि एक भरणी जन्तुहोत है ताकोसर्प लीलिजातुहै तबवह पेटफारिकै निकसिजातु है यह दृष्टांत सो सामान्य है पुनिरामकथा बिवेक अग्निरूप ताके उत्पन्न करिबेको अरणीकहे लकरीहै बक्ताश्रोता कीदृष्टिते बिवेक उपजत है अरुकथातो बिवेकमय हैं ( १६ ) श्रीरामकथा अनेक कलेश दूरिकरिवेको दिब्यकामधेनु है अरु सुजनजेहैं तिन

**बिश्रामसकलजनरंजनि रामकथाकलिकलुषबिभंजनि १५ रामकथाकलिपन्नगभरणी पुनिबिबेकपावककहंअरणी १६ रामकथा कलिकामदगाई सुजनसजीवनिमूरिसोहाई १७ सोइवसुधातलसुधातरंगिनि भवभंजनिभ्रमभेकभुअंगिनि १८ असुरसेनसमनरकनिकन्दनि साधुबिबुधकुलहितगिरिनन्दनि १९ सन्तसमाजपयोधिरमासी बिश्वभारभरअचलक्षमासी २० यमगणमुंहमसिज-**

को परमदिब्य सजीवनमूरि है अविनाशी करिदेतु है ( १७ ) पुनिबसुधाजोपृथ्वीमण्डल तामें अमृतमय तरंगिणीनाम नदी है अरु भयभञ्जनि है अरु भ्रमभेककही मेंढुक है ताके भक्षणकरिवेको सांपिनि है ( १८ ) पुनिरामकथा गिरिनंदनिइवहै पार्वतीदुर्गा स्वरूप असुरनको नाशकीन्हहै अरु देवतन को हित कीन्ह है अरु श्रीरामकथा नरकनको निकन्दन करिकै साधुनको हित करतु है ( १९ ) पुनि श्रीराम कथा लक्ष्मीरूप है सन्तनकीसमाज क्षीरसागर है तहांरहतीहै अरु ताहीते उत्पन्न है अरु सम्पूर्ण विश्वजोहै अरु विश्वरूप यह शरीर है तेहिके भारधारिबेको अचल क्षमासी नामपृथ्वीकी समान है ( २० ) अरु श्रीरामकथा यमुनाइवहै यमुनासूर्यकी पुत्रीहै अरु यमसूर्यके पुत्र हैं तहां यमुनाजी सूर्य्यसे वरमांगिलीन है अरु यमराजै भ्राताहै तिनहूंते वरमांगिलीन है किजोप्राणी यमद्वितीयाकोमोंहिमें स्नान करै ताको यमकेदूतनको दण्ड न होई यमके दूतनकेमुखमें कारिख लगिकै फिरिजाहि तैसे रामकथा सदा यमद्वितीयाको प्रभावहैंयमकेगण तिनके मुखमें कारिख लगाइबेको यमुनाइवहैं अरु जीवनको मुक्तिदेबेको काशी समहैं ( २१ ) पुनि श्रीरामचन्द्रको यहकथा तुलसीसम प्रिय है अरु तुलसीदासजी कहते हैं कि मेरेहृदयको श्रीरामचन्द्र विषय हुलासरूपहीहै ( २२ ) पुनि महादेव को कैसी प्रिय है जैसे मेकलशैलताकी सुता गङ्गा जाको शीशपर लिहे हैं किंतु नर्मदा सम प्रिय हैं अरु भगवत् सम्बन्धी जो सिद्धी है अरु सुख सम्पति है अरु सुखसंपते हैं अरुगुणसम्बन्धी जो सिद्धि सुख सम्पति है तिनसबनकी राशिहै ( २३ ) पुनि सद्गुण जो गुण श्रीरामचन्द्र को प्राप्त करनेवारे सोईगुण देवतनकेगण हैं तिनको उत्पन्नकरिबेको माताअदिति सम है यह श्रीरामकथा अरु श्रीरामचन्द्र की प्रेमापरा इत्यादिक जो भक्ति हैं तिनकीतो परमितिकहे मर्याद है ( २४ ) दोहार्थ॥ पुनि श्रीरामकथा मन्दाकिनी है अरु

**गयमुनासी जीवनमुक्तिहेतुजनुकाशी २१ रामहिंप्रियपावनितुलसीसी तुलसिदासहितहियहुलसीसी २२ शिवप्रियमेकल शैलसुतासीसकलसिद्धिसुखसम्पतिराशी २३ सदगुणसुरगणअम्बअदितिसी रघुबरभक्तिप्रेमपरिमितिसी २४॥ दोहा॥ रामकथामन्दाकिनी**

**चित्रकूटचितचारु तुलसीसुभगसनेहबनसियरघुबीरविहारु २५ रामकथाचिन्तामणिचारू सन्तसुमतितियसुभगसिं गारू २६ जगमंगलगुणग्रामरामकेदानिमुक्ति-धनधर्म्मधाम के २७ सदगुरुज्ञानविरागयोगकेविबुधबैद्यभवभीमरोगके २८ जननिजनक**

सन्तन कर चारुचित्त जो है सोई चित्रकूट है अरु श्रीतुलसी गुसाई कहते हैं कि सन्तनकर स्नेह जो शुभ है सोई सुन्दर है वन है किन्तु वननामजल तहांश्रीसीताराम लक्ष्मणसंयुक्त सदाविहारकरते हैं ( २५ ) पुनि श्रीरामचरित चारु चिंतामणि है जोई चिंतवनकरै सोई देइ संतन कै सुमति जो है सोई सुन्दरि स्त्री है ताको सुन्दर शृंगार है ( २६ ) श्रीराम गुणग्राम जो है सो संपूर्ण जगत्को मंगलरूप है अरु धनधर्म मुक्ति तिन सबनकी दाता है पर सर्बकालमें ( २७ ) अरु ज्ञान बैराग्य योगतिनकेबोध करिबेको सद्गुरु रूप है अरु बिबुधवैद्य अश्वनी कुमार सूर्य के पुत्र देवतनकेरोग नाशकरिदेते हैं किंतु धन्वन्तर हैं तैसे भव जो संसारमहाभीम रोग जेहिबश सर्बजीव रोगी होइरहे हैं तहां जेहि जीवको श्रीराम चरित प्राप्तभयो ताको संसाररोग नाशकरिदेतु है ( २८ ) अरु श्रीसीताराम के प्रेम को उत्पन्नकरिबेको माता पिता है अरु समस्त ब्रतधर्म नेम यम तिनको तो बीजरूप है ( २९ ) अरु पापसंताप शोक इत्यादिकनको शमनकहे नाशकरिदेतु है अरु लोक परलोक दोनों प्रियपालक हैं ( ३० ) अरु बिचाररूप राजा है ताके रक्षाको सुभटमन्त्री है अरु लोभ जो समुद्रवत् अपार ताको अगस्त्यरूप है ( ३१ ) अरु काम क्रोध कलि के मल सोई हाथी है अरु जनजे संपूर्ण प्राणी हैं तिनको मन सोई बन है तहां रहते हैं तिनकेनाश करिबेको रामचरित सिंहरूप है ( ३२ ) अरु पुरारि जो हैं तिनको अति प्रियतम पूज्यमान है सदा अतिथिइव है अरुदरिद्र जो असंतोषादिक सो दावानल है ताके बुझाइ देबे को कामदघन है ( ३३ ) अरु बिषमरूप जो सर्प्प है ताको बिष निबृत्त करिबे को महामणि मन्त्र है एकमणिहोती है जो सर्प्प के काटेघाउपर धरिदेइ तौ बिष

**सियरामप्रेमके बीजसकलब्रतधर्म्मनेमके २९ शमनपापसन्तापशोकके प्रियपालकपरलोकलोकके ३० सचिवसुभटभूपति बिचारके कुम्भजलोभउदधिअपारके ३१ कामकोहकलिमलकरिगणके केहरिशावकजनमनबनके ३२ अतिथिपूज्य प्रीतमपुरारिके कामदघनदारिददवारिके ३३ मंत्रमहामणिबिषयब्यालके मेटतकठिनकुअंकभालके ३४ हरनमोहमदतमदिनकरसे सेवकशालिपालजलधरसे ३५ अभिमतदानिदेवतरुबर से सेवतसुलभसुखदहरिहरसे ३६ सुकबिशरदनभमनउडुगणसे रामभक्त जनजीवनधनसे ३७ सकलसुकृतफलभूरिभोगसे जगहितनिरुपधिसाधुलोगसे ३८ सेवकमनमानसमरालसे पावनगंगतरंगमालसे ३९॥दोहा॥ कुपथकुतर्ककुचालिकलिकपटदंभपाखंड दहनरामगुणग्रामजिमिईंधनअनलप्रचंड ४० रामचरितराकेशकर**

नाश होइ जात है अरु भाल में जो बिधाते कुअंक लिख्योहै ताको मेटिडारते हैं ( ३४ ) मोह मद तम जो है ताके नाशकरिबे को सूर्य्य है अरु सेवक जो है सो धान है तिनके पालन करिबे को मेघ है ( ३५ ) अरुवांछित फल देबे को कल्पवृक्ष है अरु सेवतकै सुलभ है अरु सुखदेवे को हरिहर के सम है ( ३६ ) अरु सुकविन के मन शरदनभ हैं तहां नक्षत्रइव उदित है श्रीरामभक्तन को जीवन धन है ( ३७ ) अरु समस्त सुकृहरिहर के सम है ( ३६ ) अरु सुकविन के मन शरदनभ हैं तहां नक्षत्रइव उदित है श्रीरामभक्तन को जीवन धन है ( ३७ ) अरु समस्त सुकृत के भूरिफल जो हैं ताको भोग्य है अरु हितकारी तौ सबजगत् को हैं पर निरुपाधित रूप साधुनको है किंतु जगहित साधुसम हैं ( ३८ ) पुनि श्रीराम सेवकनको मन मानसर है तहां को हंस है अरु पवित्र करणीगङ्गा सरयू की तरङ्ग की माल है ( ३९ ) दोहार्थ॥ कुमार्ग जो वेद मर्याद

छोंड़िकै चलै कुतर्क जो विशेष पदार्थ है ताको उक्ति युक्ति करिकै दूषणदैकै सामान्य करिदेइ कुचाल जो लोक वेद कै रीति छोंड़ि करै कलिकहे अनेक क्लेश कपट जो है मीठीबात मनमें राखै आट दम्भ जो औरेकेदेखावे को शुभकर्म करै पाखण्ड जो वेद शास्त्र निंदिकै जो करै इत्यादिकन को नाशकरिदेत है श्रीरामचरित्र जैसे प्रचण्ड अग्नि में सूखीलकरीभस्महोइजाइ ( ४० ) श्रीरामचरित्र पूर्णमासी को चन्द्रमा है शरदऋतु को सबको सुखदाता है पर सज्जनजे हैं तिनको जो चित्त सो कुमुद अरुचकोर है तिनको बिशेष बड़ लाभ है ( ४१ ) इति श्री रामचरित मानसे सकल कलिकलुषबिध्वंसने बालकांडे श्रीमद्रामायण माहात्म्य प्रतापयथार्थ वर्णनंनाम दशमस्तरङ्ग :१०॥ दोहा ॥ रामचरण दश एक में महिमा अवधअपार उमाप्रश्न शिवबोधकृत मानससर अवतार ११ गोसाईं तुलसीदास कहते हैं जौनेहेतु

शरदसुखदसबकाहु सज्जनकुमुदचकोरचितहितबिशेषबड़लाहु ॥४१॥

कीन्हप्रश्नजेहिंहेतुभवानी जेहिंबिधिशंकरकहेउबखानी १ सोसबहेतुकहबमैंगाईकथाप्रबंधबिचित्रबनाई २ जेयहकथासुनी नहिंहोई जनिआश्चर्यकरैसुनिकोई ३ कथाअलौकिकसुनहिंजेज्ञानी नहिंआश्चर्य करैं असजानी ४ रामकथाकैमितिजगनाहीं असिप्रतीतिजिनकेम नमाहीं ५ नानाभांतिरामअवताराारामायणशतकोटिअपारा ६ कल्पभेदहरिचरितसोहाये भांतिअनेकमुनीशन

पार्वतीजू प्रश्नकीन है अरु जेहिबिधिते शङ्कर बखानिकै कहेउ है ( १ ) सो सब हेतु मैं बिचित्रकथा जो है ताको प्रबन्धकरिकै कहौंगो ( २ ) जे यह कथाकबहुं न सुनेउहोय तौ सुनिकै अश्चर्य्य न करब ( ३ ) काहेतेजे ज्ञानीपुरुष हैं ते जोकबहूं अलौकिककहे सर्बलोकनमें कहिबेमें देखिबेमें सुनिबेमें कहूं नहीं आयो अरु कहूं सुनिबे में दैवयोगते आयगई तौ यहजानिकै आश्चर्य्यनहीं करते हैं ( ४ ) काहेते श्रीरामकथाकै मितिनहीं है यहि जगत् में जिनपुरुषनके ऐसी प्रतीति है ( ५ ) काहेते कि श्रीरामचन्द्र के अवतार नानाभांति करिकै तातेरामायण शतकोटि अरु अपर अपार है पर एतेंरामायणके ग्रन्थ हैं शतकहैं सौहजारको एकलाख सौलाखको एककोटि ऐसे सौकोटि अरु अपर अपार श्रीमद्रामायणके ग्रंथ हैं किन्तु जाको एतीप्रतीति न आवै सो एतेश्लोकै मानिलेइ ( ६ ) तहांप्रसिद्धश्लोक हैं॥ चरितंरघुनाथस्य शतकोटिप्रविस्तरम् ॥ एकैकमक्षरंपुंसां महापातकनाशनम् १ अरु प्रभु के अवतार कल्पकल्प प्रतिहोते हैं तहां मुनीशजन जे हैं तिनने अनेक ग्रन्थकीन्ह है अरु अनेक भांति ते प्रभु के चरित गाये हैं ताते परमेश्वर के चरित को शुमारनहीं हैं वेद जे हैं ब्रह्मा शिव शेष शारदा इत्यादिक ते नेतिनेति करते हैं पर प्रभु के चरित को पारनहीं पावते हैं ( ७ ) श्रीरामचरित अपरम्पार जानिकै संशय न करी श्रीरामकथा आदर प्रीतिसमेत श्रवण करिये ( ८ ) दोहार्थ॥ जैसे श्री रामचन्द्र अनन्त हैं तैसे श्रीरामगुण अनन्त हैं तैसे अमितकथा विस्तार है यह बिचारिकै जे बिमल विवेकी हैं ते आश्चर्य्य न करैंगे ( ९ ) यहै विधि समुझिकै सम्पूर्ण संशय दूरिकरिकै श्रीगुरुपदरज शिरधरिकै ( १० ) पुनि सबके करजोरिकै बिनयकरौं जाते श्रीरामचरित करत कै कोई दूषण न देइ ( ११ ) पुनि शिवके पद बन्दि कै श्रीरामचरित अतिनिर्मलहैसो वर्णन करौ हौं ( १२ ) सोरहसै इकतीस के संवत् में श्रीरामकथा

गाये ७ करियनसंशयअसउरआनी सुनियकथासादररतिमानी ८ दो० रामअनन्तअनन्तगुणअमितकथाबिस्तार सुनिआश्चर्यन मानिहैंजिनकेबिमलबिचार ९ यहिबिधि सबसंशयकरिदूरी शिरधरिगुरुपदपंकजधूरी १० पुनिसबहींबिनवोंकरजोरी करतकथा जेहिंलागनखोरी ११ सादरशिवहिंनाइपदमाथा बरणौंविशदरामगुणगाथा १२ संवतसोरहसैयकतीसा करौंकथाहरिपदधरि शीशा १३ नौमीभौमबारमधुमासा अवधपुरीयहचरितप्रकाशा १४ जेहिदिनरामजन्मश्रुतिगावहिं तीरथसकलतहांचलिआ-

श्रीरामपदरज शीशपरधरिकै करत हौं ( १३ ) अति पुनीत चैत्रमास शुक्लपक्ष नवमीतिथि मङ्गल दिन श्रीअयोध्या में यह रामचरित को प्रकाश कही प्रारम्भकियो सो श्रीराम जन्मस्थान में श्रीहनुमान् जू की आज्ञापाइकै प्रारम्भ कीन्ह ( १४ ) जेहि दिन में श्रीरामजन्म देव गावते हैं जेहि कल्प की मैं करतहौं अरु श्रीरामकथा में प्रारम्भ कीन्ह है जेहि मङ्गल को श्रीराम जन्मभयो सो मङ्गल श्रीरामनवमीको प्राप्तभयो मध्याह्न सूर्य सबयोग मङ्गलमय तब मैं प्रारम्भकीन्ह अरु अद्यापि श्रीरामजन्मचैत्रशुक्लनवमीको जो दिनपरै ताहीदिन में ब्रह्माण्ड में जेते तीर्थ हैं ते सब आवते हैं ( १५ ) असुर प्रह्लाद विभीषण इत्यादिक नाग अनन्तइत्यादिक खग गरुड़ कागभुशुण्ड इत्यादिक नर अर्ज्जुन निषाद इत्यादिक मुनि अगस्त्य व्यास बाल्मीकि शुक सनकादि नारद इत्यादिक देवता ब्रह्मा शिव इत्यादिक जेते ब्रह्माण्ड में शुभजीव हैं तेते समस्त अद्यापि श्रीरामनवमी के दिन सबआवते हैं श्रीरामचन्द्रकै सेवाकरतेहैं ( १६ ) अरु श्रीरामजन्म उत्सव की रचना करते हैं श्रीरामचन्द्र कै कल कहे सुन्दरकीर्त्ति गानकरते हैं प्रेमसंयुक्त नृत्य करते हैं ( १७ ) दोहार्थ॥ समस्त सज्जन जे हैं ते श्रीसरयू अतिपावन जल तामें स्नानकरते हैं श्री रामनाम जपते हैं श्रीरामचन्द्र को बालस्वरूप श्याम मयूर के कण्ठतद्वन्नील अतिसुन्दर सो ध्यान करते हैं ( १८ ) श्रीसरयूकैसी है जाके दर्शन ते जलछुये ते मज्जन ते पानकियेते जन्ममरण सो पापनाश करिदेतु है यह पुराण श्रुति स्मृति कहत है ( १९ ) श्रीसरयू अति पुनीत नदी है जाकी महिमा निर्मल मति शेष शारदा कहाचाहैं तौ नहीं कहिसकैं श्रीसरयूजू कैसी है जो हजारमन्वन्तर काशी में शुद्धह्वैकै बासकरै तेहिसरिस फल श्रीसरयू जी के दर्शनमात्रते होत है ( २० ) पाद्मेश्लोक मन्वन्तरसहस्त्रेषु काशीवासेनयत्फलं॥ तत्फलंसमवाप्नोति सरयूदर्शनेकृते १ प्रयागेयोनरोगत्वा माघानांद्वादशंवसेत् ॥ तत्फलादधिकंप्रोक्तं सरयूदर्शनेकृते २ मथुरायांकल्पमेकं वसतेमानवोयदि॥ तत्फलादधिकंप्रोक्तं सरयूदर्शनेकृ

वहिं १५ असुरनागखगनरमुनिदेवा आयकरहिंरघुनायकसेवा १६ जन्ममहोत्सवरचैंसुजाना करहिंरामकलकीरतिगाना १७ दो० मज्जहिंसज्जनवृन्दवहु पावनसरयूनीर॥ जपहिंरामउरध्यानधरि सुंदरश्यामशरीर १८ दरशपरशमज्जनअरुपाना हरहिंपाप कहवेदपुराना १९ नदीपुनीतअमितमहिमाअति कहिनसकैशारदाबिमलमति २० रामधामदापुरीसोहावनि लोकसमस्तबिदितअति

ते ३ पुनःश्रुतिः प्रवाहरूपेणभवती नाम्नासरयूरहमेवात्रमनसे जलरूपिणी चतुर्युगेसरयू कलौगङ्गावशिष्ठजा ४ पुनि श्रीअयोध्यापुरी कैसी है श्रीरामधामदा है अरु धामकहैं स्वरूप श्रीराम स्वरूप को दाता है पुनि दूसर अर्थ श्रीअयोध्या अयोध्यहिं की दातब्य है यह जो श्रीअयोध्या ब्रह्मांड कोष में है सो श्रीरामचन्द्र की माधुर्यलीला धाम है अरु जो ब्रह्माण्ड के परात्पर श्रीअयोध्या है सो श्रीरामचन्द्रको भोग ऐश्वर्य्य लीलाधाम है दोनों एकहीहै दोनों अखण्ड एकरसहै माधुर्य्य ऐश्वर्य्य लीलाको भेदहैअरु तत्त्वकरिकै स्वरूप करिकं नाम करिकै नित्यताकरिकै अभेद है ( शिवसंहितायां श्लोक ) भोगस्थानंपरायोध्या लीलास्थानन्त्वियंभुवि ॥ भोगलीलायतीरामो निरंकुशविभूतिकः १ अरु प्रकृति पर जो श्रीअयोध्या है सो कहते हैं कोई ग्रन्थ में यह कहा है कि भूर्ल्लोक १ भुवर्ल्लोक २ स्वर्ल्लोक ३ महर्लोक ४ जनलोक ५ तपलोक ६ सत्यलोक ७ एते सात लोक हैं भूलोककही मृत्युलोक ताके ऊर्ध्व पचीसलक्ष योजन भुवःलोक है सो अल्पस्वर्ग्ग है अरु उतनै बिस्तार है तामें जान देवता रहते हैं जे कर्मकरिकै देवता होते हैं तिनको जान देवताकही जहां ऊर्ध्व अधवारबार है पुनि ताके ऊर्ध्व पचासलक्ष योजन है स्वः कही स्वर्गलोकहै जहां इन्द्ररहते हैं तहां जान अजान दुइप्रकार के देवता रहते हैं अजान देवता कही जे इन्द्रके अरु ब्रह्माके संकल्प में होते हैं इन्द्र के संकल्पवाले इन्द्रही के संग मन्वन्तर प्रति पतनहोतहैं अरु ब्रह्माके संकल्पवाले ब्रह्मा के संगही जो कछुहोइ सो होइ ताके पर महर्ल्लोक कोटि योजन ऊंचाहै जहां कश्यप प्रजासंयुक्तरहतेहैं पुनि ताकेपर जनलोकहै द्वैकोटियोजन तहां सामान्य मुनि ऋषिवसते हैं ताकेपर तपलोक है चारिकोटि योजन तहां परमतपस्वी रहते हैं ताकेपर ताको दून सत्यलोक है जहांब्रह्मा बिराजते हैं तहां जान अजान देवता रहते हैं द्वौ एकते सातलोक अब सदाशिवसंहिताको मत कहते हैं पृथ्वीते कोटियोजन महर्ल्लोकहै क्रैमही ते लोक के ऊपर लोक दूनदून जाने जीव महर्ल्लोक पर जनलोक ताके पर तपलोक ताकेपर

सतलोक ताकेपर कौमारलोक सनकादिकरहते हैं ताके पर उमालोक पार्वती रहती हैं ताकेपर शिवलोक है निज शक्तिसंयुक्त शिवरहते हैं यह सप्तावरण कहावत है इहांताईं देवलोकसंज्ञाहै जो जैसो कर्मकरै तैसे लोक को प्राप्त होते हैं अरु सत्यलोक ताकेउत्तर ऊर्ध्व प्रमाणरहित रमा बैकुण्ठहै जहां सनकादिकन जय विजयको शापदीन्हहै तहां शुद्ध सात्त्विक भगवत् कर्म निर्वासकरिकै जीवप्राप्त होते हैं अब ब्रह्माण्डतत्त्वावरण कहते हैं सातआवरणकरिकै ब्रह्मांडहै शिवलोकऊपर पचासकोटियोजन को अन्तर है तहां पृथ्वीको आवरण पचासकोटि योजन की मोटी है अब क्रमही ते दशदशकी अधिकता जानब महितत्त्व के परे महिते दशगुण जलतत्त्व है जलतत्त्व के परे ताको दशगुण अग्नि तत्त्व है अग्नि ते दशगुण पवनतत्त्व है पवन ते दशगुण आकाशतत्त्व है आकाश के परे त्रिधाहंकार है तामसाहंकार राजसाहंकार सात्त्विकाहंकार तीनिहूं अहंकार मिले हैं एकही हैं ताके परे महातत्त्व है एते सातआतेरणकरिकै ब्रह्माण्ड है अब तिसको भेदनकहते हैं जिनजीव के मुक्त की इच्छाभई कोई योग ते प्रथम अपने बर्ण को कर्म धर्म सवासिक तेनीचे ते करैं अरु महर्ल्लोक ताईं प्राप्तहोते हैं पुनि आश्रम के कर्म धर्म सवासिक ते करैं जनलोक को प्राप्त होते हैं पुनि ते जीव तपस्या सवासिक करैं ते तपलोक को प्राप्त होते हैं पुनि जे शुद्ध यज्ञ सवासिककरैं ते सत्यलोक को प्राप्तहोते हैं पुनि जो अपने मन शरीर शुद्धदान सवासिककरैंसो कौमारलोक को प्राप्त होते हैं पुनि जो सात्त्विकी विद्यादान सवासिक करैं सो उमालोक को प्राप्त होते हैं पुनि जो शास्त्रजन्य ज्ञान दान सवासिकरैं सो शिवलोकको प्राप्तहोते हैं एते कर्मकांडी निर्वासिक होते ही नहीं इन कर्मन को यहफलै है कैसहूहोइकै करै यह सातोंलोककी प्राप्तिक्रमही ते है पुनि जो स्थूल शरीर जो सूक्ष्म शरीर को कारण शरीर तीनिहूं की विषय स्थूल सूक्ष्मताकी भेदनकहते हैं जो नासिकाकी बिषयदुर्गंध सुगन्ध भक्तिभाव करिकै जीतै किन्तु ज्ञानभावकरिकै सो महि आवरण भेदन करिजाइ पुनि जो रसना विषय जीते अनरस सुरस निन्दास्तुति इत्यादिक जीतै सो जल तत्त्वभेद करिजाइ पुनि जो नेत्रकी बिषय जीतै प्रकृतिको रूपत्याग अरु चराचर विषय रामरूप ग्रहण सो अग्नितत्त्व आवरण भेद न करिजाइ पुनि जो त्वक् की विषय स्पर्श शीतोष्ण इत्यादिक जीतै सो पवनतत्त्व आवरण भेदनकरिजाइ पुनि जो श्रवण बिषय जीतै सो नभतत्त्व भेदनकरिजाइ तब स्थूलशरीरको भाव मिटिजाइ पुनि जो पंच बिषय शब्दस्पर्शरूप रसगन्ध पुनि पंचप्रानअपान उदान ब्यान समान पुनि पंचकर्म इन्द्रिन की बिषय चलब बिसर्ग मैथुन भक्षण व्यवहार अरु मन बुद्धि इन सत्रहतत्त्वकी विषय जीतै सो अहंकार तत्त्व भेदनकरिजाइ तब लिङ्गशरीर को अभाव ह्वै जातु है पुनि अहंकार की बिषय उलटिकै यह बृत्तिआवै कि मेरो स्वरूपसर्बकाल में शुद्ध है मैं तो चैतन्यरूप हौं सदा श्रीरामदासहौं अरु चित्त की बिषय सो उलटिकै स्वरूपपर स्वरूप की चिन्तवनकरै सर्बभूत में श्रीरामरूप अनन्य ह्वैकै देखै सर्बमान ते रहित ह्वैजाइ एकरस सर्बकाल में हर्ष शोक निंदा स्तुति मानापमान इत्यादिक रहितहोइ सद्गुरुनकबेचनलैकै सदा आनन्दरहै तब स्वरूप प्राप्तभयो पर रूपकोचल्यो है तब महत्तत्त्व भेदनकरिजाइ तब कारण शरीर छूटिजाइ तब तुरीयाको प्राप्तह्वैकै तब सातों आवरण ब्रह्माण्ड के भेदिजाइ ब्राह्मांड के ऊपर अनन्त योजन महाविष्णुको लोक है जाको वेद सहस्त्रशीर्षा पुरुष करिकै बर्णते हैं सो पुरुष ब्रह्माण्ड को कारण है अरु ताहीपुरुष में ब्रह्माण्ड लीन होत है पुनि जब पुरुष की रक्षणाहोती है तब महत्तत्त्व होत है ताते अहंकार होत है ताते सात्त्विक गुणहोत है पुनि राजस तामसी तीनिउँगुण भिन्नभिन्न भये पुनि तामस ते आकाश तत्त्वभयो ताते शब्दभयो तातेपवनभयो ताते स्पर्शभयो ताते अग्निभयो ताते रूपभयो ताते जलभयो ताते रसभयो ताते महिभयो ताते गन्धिभयो ताते औषध ओषधी होती भईं तरु तृण अन्न इत्यादिक होतभये ताही ते सर्ब जीवनको पालनहोतभयो अरु तीनिगुण पांचतत्त्व मिश्रित देव दानव मनुष्य इत्यादिक सब जीव के शरीर होतभयो अनादि कर्मानुसार जीव को भोग्यहोत भयो पुनि जब महाप्रलय को कालप्राप्त भयो तब जैसे अनुलोम करिकै तत्त्व उत्पन्नभये तैसे प्रतिलोमकरिकै प्रलयभई महाविष्णु में सबप्राप्तभये सर्ब की साम्यतारही ताते महाविष्णु बिराट् के कारण हैं सो महाविष्णुको स्वरूप हजारनशीश हजारन नयन करचरण इत्यादिक अंग हैं वेदकहते हैं ( प्रमाण ) सहस्त्र शीर्षापुरुषः सहस्त्राक्षस्सहस्त्रपात्सभूमिग्वं इतिश्रुतिः तहां रघुनाथ जी के परम दिव्य जे अनन्त गुण हैं करुणा बात्सल्य दया इत्यादिक सोई महाविष्णुको स्वरूप है सोई हजारन अंगरूप पृथक् पृथक् शोभित हैं ( श्लोक सौमित्रवाक्यं वेदान्प्रति ) राघवस्यगुणो दिव्यो महाविष्णुःस्वरूपवान् । वासुदेवोघनीभूतं तनुतेजोमहाशिवः

॥ सो महाविष्णु अनादि है निर्बिकार है अखण्ड एकरस है जिन महाबिष्णु ते ब्रह्मा बिष्णुशिवहोते हैं तहां जे जीव महाबिष्णुकी उपासनापर मानन्यह्वैकै करते हैं ते ब्रह्माण्ड पारह्वैकै महाबिष्णुको प्राप्त होते हैं पुनि महाबिष्णु लोक ताके पर महाशम्भुको लोक है सो महाशम्भु ज्योतिस्स्वरूप है जाको आदिज्योति कहते हैं सो श्रीरामचन्द्र के तनुको तेज है अक्षर ब्रह्म है जे तिनकी उपासना योगी जन करते हैं ते कैवल्य मुक्ति को प्राप्त होते हैं ताही लोकको पुनितेहि लोकके पर बासुदेव लोक है चतूर्व्यूह भगवान् रहते हैं बासुदेव संकर्षण अनिरुद्ध प्रद्युम्न तिनको स्वरूप तेजो मय है सो बासुदेव श्री रामचन्द्र को घनीभूत तेज है निरक्षर ब्रह्म है एकरस है जे तिनकी उपासना ज्ञानीजन करते हैं ते तेहि लोक को प्राप्त होते हैं जाको कैवल्य परमपदकही दोऊ लोककी मुक्ति एकही जानब श्री भगवद्गीतायां ( श्लोकार्द्ध ) सांख्ययोगोपृथक्बाला: प्रवदंतिनपंडिता: ॥ पुनिताके पर असंख्य ऊंचो गोलोक है सो अनंत योजन बिस्तारित है सो श्रीरामचन्द्रकोदेशहै दृष्टांत जैसे नगर के मध्यमेंराजा को महत्महलहैदृष्टान्तकोएकदेश है तैसेताके मध्य में श्री अयोध्या है तामेंदशआवरण हैं जो भीतर को आवरण है सो सवावकोटि योजन बिस्तारित है यह संज्ञावेदने जीवन के बोधहेतु कीन है नतु अनंत योजन ऊंचो विस्तार है ( प्रमाणश्लोकार्द्ध ) अनंतयोजनोच्छ्रायमनंतयोजनायतं॥ पुनि क्रमहीते ताको दूनदून बिस्तार जानिलेब दशो आवरणताके बाहर चारिहू दिशा में चारि दरवाज़े हैं तिनके अग्रभाग में परमदिब्य चारिबनहैं अमित बिस्तारहै श्री अयोध्या के उत्तर श्रीसरयू है दक्षिण बिरजा गंगा है सरयू बिरजा एक ही है तहां श्रीअयोध्या के दक्षिण द्वारपर श्रीहनुमान् हैं सहित पार्षदन संयुक्त कैशोरस्वरूप श्रीराम लक्ष्मणजू के रूप हैं सब तहां अशोक बनहै पुनि पश्चिम द्वारपर बिभीषण अनंत पार्षदन संयुक्त हैं तहां वृन्दावन है उत्तर अङ्गद अनंत पार्षदन संयुक्त है तहां आनंदबन है पूर्वसुग्रीव अनंत पार्षदन संयुक्त सब किशोर अवस्था श्री रामलक्ष्मण के स्वरूप हैं तहां अशोक बनहै ऐसे नव आवरणमें सबसखा दासनके मन्दिर बनेहैं परम दिव्य अखण्ड एकरस ब्रह्ममय सब जानब अरु अन्तर आवरण जो है दशवां तहांअनन्त सखिन के मन्दिर बने हैं पुनि श्री अयोध्या को दशवों आवरण जो है अंतर ताके मध्यमें परमदिव्य ब्रह्मस्वरूप कल्पतरु है क्षत्राकार है रत्नमय पेड़ स्कंध डार पात फूल फल संपूर्ण परम दिव्य चिन्मय श्रीराम रूपारूप है ताके तर मंडफ ब्रह्ममय है ताके तर वेदिका है परम दिव्यरत्नमय है ताके पर सिंहासन है कोटिन सूर्य के प्रकाशको हरतहै ता सिंहासन पर हज़ार दल को कमल है रत्नमयी ताके पर दुइमुद्रा हैं अग्निमुद्रा पुनि चन्द्रमुद्रा अगस्त्यसंहिता में तीनिमुद्रा कहे हैं अग्नि सूर्य चन्द्र ताके मध्य में श्रीसीताराम विराजमान हैं श्रीलक्ष्मण भरत शत्रुहनभ्राता अरु श्रीहनुमान् इत्यादिक षोड़श पार्षद छत्र चमर व्यजन इत्यादिक लिये हैं तहां जे श्रीसीताराम उपासक हैं परमानन्य उपाय शून्य प्रपत्ति जे हैं ते सातोंलोक के आबरण अरु सातों तत्त्व के आवरण भेदिकै ते महाविष्णु के लोक को प्राप्तिभये महाविष्णु अतिआदर संयुक्तमहा शम्भु के लोक को पहुंचाये तब महाशम्भु ने अति आदर ते बासुदेव लोक को प्राप्तिकिये तहां अतिआदर संयुक्त गोलोक को प्राप्तिभयेवृजापारभये तहां श्रीहनुमान् परम आचार्य तिनको मिले तब तिनने अति आदर ते श्रीलक्ष्मण इत्यादिक भ्राता पार्षदनसंयुक्त जहां श्रीसीताराम विराजमान हैं तहां को प्राप्ति किये तब श्रीसीताराम प्रसन्नह्वैकै तिनको मिलतभये तब श्रीजानकी जी की आज्ञा ते जैसी भावना इहांकरत रहैं ताही सेवा को प्राप्तिभये तहां यह श्री अयोध्या जे सेवनकरैं यहि काल में अरु वह श्रीअयोध्या की बासनाकरैं तो तिनको वह श्रीअयोध्या प्राप्ति होतु है पर बिना श्रमही यह प्रकरण हमने सूक्ष्मकरिकै कहा ( २१ ) तहां प्रमाण है सदाशिवसंहितायां श्रीसौमित्रवाक्यं वेदानप्रतिश्लोक उन्तालिस ३९ महर्लोकांक्षितंरूद्‌र्ध्व मेककोटि:प्रमाणत: कोटि द्वयेनबिख्यातं जनलोकंव्यवस्थितं १ चतुष्कोटि:प्रमाणस्तु तपोलोकोबिराजित: उपरिष्ठात्तत:सत्यमष्टकोटि: प्रमाणत: २ आप:प्रव्याप्तकोमारं कोटिषोड़शसंभवं तद्रूद्‌र्ध्वपरिसंख्यात उमालोकस्सनिष्ठित: ३ शिवालोकास्तद्रूद्‌र्ध्वन्तु प्रकृत्याचसमागत: विश्वस्यपुरतोवृत्ति: शिवस्यपुरतोब हि: ४ एतस्माद्बहिरावृत्ति: सप्तावरणसंज्ञका: अन्यच्चतद्रूद्‌र्ध्वकोटिपंचाशत्क्रमात् दशगुणात्परं ५ भूमिरापोनलोवायु खमहंचत्रिधापरं प्रकृतेर्महा मूलेनसप्तावरणसंज्ञका: ६ सदाशिव संहितायां तद्रूद्‌र्ध्वसर्वसत्वानां कार्य्यकारणमानिनां निलयंपरमंदिव्यं महावैष्णवसंज्ञकं ७ सहस्रमूर्द्धाविश्वात्मा सहस्राक्ष: सहस्रपात् यन्निमेषाज्जगत्सर्बं लयीभूतव्यवस्थितं ८ उद्भवन्तिबिनश्यन्ति कालज्ञानविडम्बने: यदंशेनसमुद्‌भूता ब्रह्माविष्णु महेश्वरा: ९ एतद्गुह्यंसमाख्यानं ददातुवांछितंहिन: तदर्ध्वंतुपरंदिब्यंसत्यमन्यद्‌व्यवस्थितं १०

न्यासिनांयोगिनांस्थानं भगवद्भावनात्मनां महाशम्भुर्मोदतेतत्र सर्बशक्तिसमन्वितः ११ तदूर्ध्वंतुपरंकांतंमहाबैकुण्ठसंज्ञकं बासुदेवादयस्तत्र बिहरंतिस्वमायया १२ तदूर्ध्वंतुस्वयंभांतो गोलोकः प्रकृतेः परः बाङ्मनोगोचरातीतोज्योतिरूपः सनातनः १३ तस्यमध्येपुरिंदिब्यं साकेतमितिसंज्ञकं योषिद्रत्नमणिस्तम्भ प्रमदागणसेवितं १४ तन्मध्येपरमोदारः कल्पबृक्षोवरप्रदःतस्याधः परमंदिव्यंरत्नमण्डपमुत्तमम् १५ तन्मध्येवेदिकारम्या स्वर्णरत्नविनिर्मिता तन्मध्येचपरंसुभ्रं रत्नसिंहासनंशुभं १६ सहस्त्रारंमहापद्मं कर्णिकारैस्समुत्तमंतन्मध्येमुद्रिकाभिन्नंमुद्राद्वाभ्यांबिभिन्नकं १७ वन्हींदुमण्डलेनापिवेष्ठितंविन्दुभूषितं चन्द्रकोटिप्रतीकाशं छत्रकंचसचामरं १८ सदामृतघनश्राविमुक्तादामवितानकं तन्मध्येजानकीदेवी शर्बशक्तिनमस्कृता १९ तत्रास्तेभगवानरामः सर्बदेव शिरोमणिः तत्रादौचिन्तयेत्तेजो वन्हिरूपंसुशक्तिकं २० तेजसामहताश्लिष्ट मानंदैकाग्रमन्दिरं एकाग्रमनसापश्येत्तत्रदेवंसुविग्रहं २१ स्निग्ध मिंदीवरश्यामं कोटींदुललितक्षुतिं चिद्रूपंपरमोदारं बीरभद्रंरघूद्वहं २२ द्विभुजंमघुरंशांतं जानकीप्रेमविह्वलंदोर्दंचण्डकोद्दण्डं शरच्चन्द्रमहाभुजं २३ सीतालिंगितवामांग कामरूपंरसोत्सुकं तरुणारुणसंकाशं विकचांबुजपादकं २४ पदद्वन्द्वनखश्चन्द्रः प्रियंतेजः समाबृतं कूर्मपृष्ठयदाभासं रणन्मंजीरपादकं २५ कटिसूत्रांकितंश्रीशं यक्षसूत्रैरलंकृतं रत्नकंकणकेयूरंशोभिताग्रभुजद्वयं २६ चन्द्रकोटिप्रतीकाशं कौस्तुभेनविराजितं दिव्यरत्नसमायुक्तं मुद्रिकाभिरलंकृतं २७ नाशांशैकसमायुक्तं मुक्ताफलस्फुरन्मुखं सूर्य्यकोटिप्रतीकाशं कुण्डलादिश्रुतिद्वयं २८ प्रबृत्तारुणसंकाशं कीरीटेनविराजितं गोबिन्दंगोविदांश्रेष्ठं चिन्मयानन्दविग्रहं २९ दिब्यायुधसुसम्पन्नं दिब्याभरणभूषितं अक्षरंकेवलंब्रह्म पीतकौशेय वाससं ३० शंखचक्रगदापद्मचर्मासिहलमूशलैः तद्रूपविविधाकारैः सेब्यमानंपरात्परं ३१ बशिष्ठवामदेवादि मुनिभिःपरिसेवितं लक्ष्मणंपश्चिमेभागो घृतछत्रसुचामरं ३२ उभौभरतशत्रुघ्नौ तालबृन्दकरांबुजौ अग्रेब्यग्रंहनूमन्तं वाचयंतंसुपुस्तकं ३३ भार्गवपुराणे नारायणवाक्यं नरंप्रति इदमेवपुराप्रश्नंबैकुण्ठनगरेहरिं सर्वेश्वरीजगन्माता पप्रच्छकमलालया ३४ त्रिपादिविभूतिवैकुण्ठे विरजायाः परेतटे यादेवानां पुरयोध्याह्यमृतेनमृतापुरी ३५ अन्यच्च बैकुण्ठेपंचविख्यातं क्षीराब्धिचरमाब्ययं कारणंमहावैकुण्ठं पंचमंबिरजापरं ३६ नित्यंदिब्यमनेकभोगविभवंबैकुण्ठरूपोत्तरम् सत्यानंदचिदात्मकंस्वयमभून्मूलंत्वयोध्यापुरी ३७॥ इतिअर्द्धश्लोक॥ गोलोकाच्चपरंज्ञेयंसाकेतोऽतः पुरः प्रियं गोप्यागोप्यतरा गोपासायोध्याजीवदुर्ल्लभा ३८ इतिमहारामायणे शिवबाक्यं रामस्य नामरूपंचलीलाधामपरात्परं एतच्चतुष्टयंनित्यंसच्चिदानंदबिग्रहं ३९ इति वशिष्ठ संहितायां पुनिवेद कहते हैं यायोध्यापुरीसासर्बबैकुंठानामेवमूलाधारामूलप्रकृतेः परातत्सद्ब्रह्ममयाविरजोत्तरादिब्यरत्नकोशाढ्यातस्यां नित्यंमेवंसीतारामयोर्विहारस्थलमस्तीत्य थर्बणेउत्तरार्द्धे ४० देवानापुरायोध्यातस्यांहिरण्यमयः कोषः स्वर्गोलोकोज्योतिषाबृतायोवैतांब्रह्मणेवेदो मृतेनाबृतांपुरीतस्मै ब्रह्मचब्रह्माचआयुः कीर्तिप्रजांददुरितिसामवेदेतैत्तरीयश्रुतिः श्रीअयोध्या आनंदरूप विदित है ( २१ ) इत्यर्थः ॥४० चारिखानि जीव हैं ताते अपार हैं चारिखानिमें कोई जीवहोइ जो श्रीअयोध्यामें शरीरछूटै तो पुनि संसार में न आवै जे अयोध्या में जीव बसते हैं अरु कोई भजन करते हैं सुकर्म करते हैं तिनको शरीर जब छूटतो है तब जाकी जैसीभावना भई सो तैसी मुक्तिको प्राप्तिभयो श्रीरामचन्द्रजू के समीप सारूप्य मुक्तिको प्राप्ति होते हैं किंतु सायुज्य अलंकार को प्राप्तिहोइ अरु जे अयोध्या में पापकरते हैं तिनको शरीर छूटतो है तबते कीट पतंग पशु

पाबनि २१ चारिखानिजगजीवअपारा अबधतजेतननहिंसंसारा २२ सबबिधि पुरीमनोहरजानी सकल सिद्धिप्रद मंगलखानी २३

इत्यादिक योनि में जन्मलेते हैं पर श्रीअयोध्यामें जब तिनको शरीर छूटतो है तबते सालोक्य मुक्तिको प्राप्ति होते हैं काहेते कि पाप पुण्यको फल भोग्य मनुष्य तनुको है अपर योनि में नहीं है ताते जे मनुष्य अयोध्या में बसिकरिकै पाप करते हैं ते चौरासी के दंड से छूटिकै अरु नरक दंडते छूटिकै श्री अयोध्याको प्राप्तिहोते हैं अरु जे अन्यत्र के जीव कोई योगते श्री अयोध्यामें आधहू निमेष निवास करिगये हैं जब उनको शरीर कहूं छूटो तब वै श्री अयोध्या में जन्म लेते हैं कर्मानुसार मनुष्य कीट पतंग पशु इत्यादिक योनिमें जन्म लेते हैं तब श्री अयोध्या में शरीर छोड़िकै श्री रामधाम जो श्री अयोध्या तहांको प्राप्त होते हैं यह प्रमाण है पद्मपुराणे श्लोक षष्ठिवर्षसहस्त्राणिकाशीवासेषुयत्फलं तत्फलंनिमिषार्द्धेणकलौदासरथीपुरी १ स्कांधे॥ जलरूपेनब्रह्मैवसरयूमोक्षदासदानैवात्रकर्मणोभो गो रामरूपोभवेन्नरः २ यदामतिंप्रकुरुते

अयोध्यागमनंप्रति तदानरकनिर्मुक्ता गायन्तिपितरोदिवि ३ यस्या:प्रभावमतुलः ब्रह्मावेदा:शिवोह्यहं नहिवक्तुंसमर्थास्ते विष्णुश्चसगुणः पुमान् तहां जो अनेक वासना जीवकै है सो श्रीअयोध्या में टिकै मोक्षदेती है किंतु सब एकही तनुमें मोक्ष है ( २२ ) सबप्रकारते मनोहरहै अरु सकल सिद्धि सम्पूर्णमंगल तेहिकै दाताहै ( २३ ) ऐसी पुरी जानिकै श्रीरामजन्म स्थान में विमलकथा को प्रारम्भकीन मैं कथासुनतसंते दुःख दोष मोह दम्भ पाखण्ड काम मद सर्बनाशहोइजाइ ( २४ ) यह जो श्रीरामचरित है ताको नाम मानसररामायण है जो कोई यह श्रीमद्रामायण सुनै ताको मन विश्राम स्थान को प्राप्तिहोइ विशेषि कै ( २५ ) मन जो है सोई हाथी है विषय बनरूप है तेहि में तीनिताप संयुक्त चिंता अनेक सोई दावानल है लगिरह्यो है पर विभव देखिकै जरत है ताही में मन हाथी जरत है जो श्रीरामचरित मानस में परै तो सुखीहोइ ( २६ ) यह श्रीरामचरित मानसर मुनिन के मन भावन है यह श्रीरामचरित अतिसुन्दर अतिपावन श्रीमहादेव जू कीनहै ( २७ ) कैसो है श्रीमद्रामचरित मानस तीनिप्रकारके दोष जे हैं काम क्रोध लोभ किन्तु तीनि कामना अर्थ धर्म काम किन्तु मात्सर्य मद मानकिन्तु तीनिईक्षणा सुतबित लोक मर्याद किन्तु तीनिगुण जेजे तीनिबि

**बिमलकथाकरकीनअरंभा सुनतनशाहिंकाममददंभा २४ रामचरितमानसयहिनामासुनतश्रवणपावहिंबिश्रामा २५ मनकरि विषय अनलबनजरई होयसुखी जोयहिसरपरई २६ रामचरितमानसमुनिभावन बिरचेउशम्भुसोहावनपावन २७ त्रिबिधदोषदुखदारिददावन कलिकुचालिकुलिकलुषनशावन २८ रचिमहेशनिजमानसराखापाइसुसमयशिवासनभाषा २९ तातेरामचरितमानसवर धरेउनामहियहेरिहरषिहर ३० कहौंकथासोइसुखदसोहाई सादरसुनहुसुजनमन लाई ३१ दो० जसमानसजेहिबिधिभयोजगप्रचार जेहिहेतु अबसोइकहौंप्रसंगसबसुमिरिउमावृषकेतु॥३२॥** * * * * *

कार हैं तिनते जनित जो दुःख तिनसंयुक्त सबनको श्रीमद्रामायण नाशकरत है परमपद देत है पुनि कलिकुचालि अरु संचित क्रियमान प्रारब्धि संयुक्त भूतभविष्यत वर्त्तमान समस्त पापनाश करिदेत है ( २८ ) श्रीमहेश जी अपने मनके अनुभवते यह मानस रामायण रचिराख्यो है कोई सुष्टकाल पाइकै तब शिवा जो पार्वती तिनको सुनावतेभये ( २९ ) ताहीते यह जो श्रीरामचरित है ताको मानस नाम महादेव धरेउ है अपने हृदय में बिचारिकै हर्षसंयुक्त ( ३० ) श्रीमहादेवकृत मानस रामायण ताहीको भाषा करत हौं हेसज्जनहुसादरते मनलगाइकेसुनहु ( ३१ ) दोहार्थ॥ जैसोमानसकोस्वरूप प्रताप है अरु जेहिहेतुकरिकै जगत् में प्रचुरभयो सोअबसमस्तप्रसङ्गकहतहौं पार्बती महादेव को स्मरणकरिकै ( ३२ ) इतिश्रीमानसेसकलकलिकलुपविध्वंसनेनामबालकांडे श्रीरामचरितमानसप्रारम्भश्रीअवधस्वरूपप्रभावयथार्थबर्णनंनाम एकादशस्तरङ्गः।११॥

दोहा॥ रामचरणदशदोइ में मानसथलजलपूरि॥ रामकिरतिसरयूप्रकटसुनतन्हातअघदूरि १२ श्रीमहादेव की प्रसन्नताते हृदयमें सुमतिको हुलास भयोहै ताते श्रीराम चरित मानस ताको मैं जो कबि तुलसीदास होतभयों मैं तो मानस रामायण के काव्य करिबेयोग्य नहीं हौं पूरिशिवजी की कृपाते योग्यभयों ( १ ) श्रीराम चरित जो मनोहर है ताको अपनीमति के अनुसार कहत हौं किंतु श्रीराम चरित करिकै अपनी मतिको मनोहर करौं हौं ताते हे सज्जनहुं जो मोंसे न बनै सो सुष्टुचित्त जो तुम्हार है ताते सुधारिलेव किंतु यह सुष्टुचरित है याको चित्तमें धारण करव ( २ ) अब रूपका लंकार करिकै मानसर जो है किम्पुरुष खण्ड में अरु श्रीराम चरित मानस जो है तिन दोनों की तुल्य योग्यता लंकार करिकै कहते हैं मानसर जो उत्तरा खंडमें है उसमानसर में थलभूमि है या भूमि में कुण्ड है श्रीराम चरित मानस में कबिकै सु-

**शंभुप्रसादसुमतिहियहुलसी रामचरितमानसकबितुलसी १ करौंमनोहरमतिअनुहारी सुजनसुचितसुनिलेवसुधारी २ सुमतिभूमि थलहृदयअगाधू वेदपुराणउदधिघनसाधू ३ बरषहिंरामसुयशबरबारी मधुरमनोहरमंगलकारी ४ लीलासगुणजोकहैबखानी**

मति थलभूमि है अरु हृदय अगाधता है अरु मानसर तौ सदाभरोरहतु है पर समुद्रते जललैकै मेघ और भरिदेते हैं अरु कबिकी हृदयमानसर भरिबेको बेद पुराण समुद्र हैं सन्तजन मेघ हैं ३ श्रीराम सुयश बरकही श्रेष्ठ बारिहै सोई बर्षते हैं सो मधुर है मनोहर है मङ्गल कर्त्ता है दृष्टांत जैसे समुद्र में खारजल अरु मीठोजल दोऊ मिश्रित है तहां और किसुसेनहीं भिन्नहोइ एक मेघहीकी गति है मीठोजल लेते हैं खारको त्यागकरत हैं जब वर्षा करतहै जबताईं भूमि में नहीं परै तबताईं वह जल मधुरमनोहर मंगलकारी है मेघ को जल जो कोई पात्र में ऊर्द्ध्वहीतेलैकैपान करै कोईदेश में तो कफ बात पित्त इत्यादिक एकहूं नहींहोइ अरु छहूंऋतु में सर्बकाल में मधुरकहे स्वरूपकी माधुर्यता अतिकोमल मनोहर कहे अतिसुन्दर है अरु जो कोई समुद्रते जल भरिलैजाइ अरु कोईपीवै तब ताको अनेकरोग होंइ किंतु पचैनहीं अरु सुन्दर नहीं है तैसेही बेद पुराण खारसमुद्र हैं काहेते कर्मकांड सोतौखार है अरु भगवत् यशसो मधुर है दोनों मिलिरहे हैं तहां साधुजन जे हैं ते मेघ हैं जैसे मेघ मधुरै जललेते हैं तैसे वेदपुराण ते सन्तजन भगवत्यश मधुर मनोहरमंगलकारी लैकै बर्षते हैं ताके पानकिये ते काम क्रोध लोभ इत्यादिक नाश ह्वै जाते हैं अरु जे कोई असाधु हैं ते वेद पुराण बांचिकै सुनावतेहैं ते जनुखारही जलभरिभरिपिआवते हैं काहेते सब सानिकै कहतेहैं अरु मेघ खारहीसमुद्र ते जललेते हैं अरु सूर्य्य की किरणिकी गर्मी ते मेघ जल बर्षते हैं किंतु सूर्य्य मेघ के आबरण ते बर्षते हैं यह मुनिन को अनेकमत है ( ४ ) श्रीरामचन्द्र की जो नरनाट्य लीला है ताको साधु प्रेमसमेत बखानि बखानि कहते हैं सोई जलकी स्वच्छता है अरु मेघ को जल शरीरको मलहरै है अरु श्रीरामलीला सम्पूर्ण बाह्यांतर के कर्म बासना रूप मल जन्म मरण मल हरत है ( ५ ) अरु जो प्रेम लक्षणा भक्ति है सो बरणबे योग्यनहीं है पर जब सन्तकहनेलगे तब प्रेम ते गद्‌गदबाणी ह्वै जाती है रोमांचठाढ़े होते हैं कभी बैठिजाते हैं कभी खड़े ह्वै जाते हैं कभी निर्लज्जह्वैकै नाचिउठते हैं कभी स्थम्भह्वैकै कंपायमानहोते हैं कभी रोइदेते हैं कभी ठठाइकै हँसिदेते हैं कभी प्रेमभरे गाइउठते

**सोइस्वच्छताकरैमलहानी ५ प्रेमभक्तिजोवरणिनजाई सोइमधुरताशीतलताई ६ सोजलसुकृतशालिहितहोई रामभक्तजनजीवन सोई ७ मेधामहिगतसो जलपावन सकिलिश्रवणमग चलेउसुहावन ८ भरेउ सुमानससुथलथिराना सुखदशीतरुचिचारुचिराना ९**

है कभी स्वरूपाकार बृत्ति पराभक्ति को प्राप्तह्वैकै अपनपौ समस्त भूलि जाते हैं पुनि स्वामी की इच्छा ते चैतन्य ह्वैजाते हैं इत्यादिक अनेक दशा होती हैं ताको प्रेमलक्षणा भक्तिकही सोई जल की माधुर्यताकहीस्वाद है श्रीरामचन्द्र को माधुर्य स्वरूप सो स्वाद है अरु शांतरस शांति क्षमा करुणा सोई शीतलता है जब ते मेघ ते जलछूट्यो अरु भूमि में नहीं परेउ तब की बर्णन भई तैसे सन्तजन के मुख ते श्रीराम सुयश उच्चारणभयो तब की बर्णनभई ( ६ ) पुनि जब मेघको जल भूमि में परेउ तब शालि जो है धान इत्यादिक ताको हितभयो शालि की वृद्धि ते कृषीकार को हितभयो तैसे जब साधु श्रीराम सुयशबर्षे तब कबिन केश्रोतनके अन्तष्करण में परेउ तब सुकृतरूपी शालिबढ़ेउ तब रामभक्त श्रोतनको आनन्दभयो परमानन्द जीवकाभयो आत्माको ( ७ ) पुनिमेघको जल भूमिपरेउ तब कोई नारेखोरन में परिकै जाइ मानसर में प्राप्त भयो अरु श्रीरामसुयश जो सन्तबर्षै तब कविकै मेधा कही बुद्धि सोई भूमि तामेंपरेउ तब श्रवणराह ह्वैकै हृदय में प्राप्तभयो सुमति जो है सो मानसकी थल भूमि है अरु बुद्धि मानसके बाहिरकी भूमि है ( ८ ) तबउहां जो सुष्टुथल मानसरहै सो भरोभयो जब द्वन्द्ववर्षारहित भयो शरदऋतु प्राप्तिभई तब जल थिरातभयो अपने पूर्वरूपको स्मरणकरतभयो तब वीच में भूमिकी उपाधि करिकै जलढाबर ह्वैगयो है जब अपने पूर्व स्वरूप को जलसमुझेउ तब कीचकीच में बैठिगई अपने शुद्ध स्वरूप को प्राप्तभयो तब सुखदाताभयो पुनि एकरस शीतलभयो पुनि सबकोरोचक भयो पुनि चारु कहे सुन्दरभयो पुनि चिरानकहे पुरानभयो जैसे मेघते छूट्यो तैसो निर्मल भयो यह तद्रूप दृष्टान्त है अब द्राष्टान्तकहते हैं जब सन्त श्रीरामसुयश केवल निर्मलवर्षे तब श्रोता कबिताकी बुद्धि भूमि रूप तामें परेउ तहां बुद्धि में राजसगुण जोहै सो मिलिगयो ताते ढाबर

ह्वैगयो किन्तु जो सन्तन प्राकृत दृष्टांतसंयुक्त श्रीरामसुयश कहते हैं श्रोताकेबोधहेतु तब श्रोतानेसहित दृष्टांत बुद्धिकरिकै श्रवणकियो तब सुमति थल में पर्‍यो तब मननकियो तब बुद्धिको राजसगुण अरु सन्त गुरुनको प्राकृत दृष्टांत सो धीरेहीधीरे क्रमहीते त्यागभयो तब निदध्यासन भयो

**दो० मुठिसुंदरसंबादवरबिरचेउबुद्धिबिचारि तेयहिपावनसुभगसरघाटमनोहरचारि १० सप्तप्रबंधसुभगसोपाना ज्ञाननयननिरखत मनमाना ११ रघुपतिमहिमाअगुणअवाधा बरणबसोइबरबारिअगाधा १२ रामसीययशसलिलसुधासम उपमाबीचिविलास**

तब श्रीराम सुयश केवल निर्मल आनंदरूप साक्षात् भयो अंतष्करण थिरभयो तब वे पुरुष सर्ब जीवको सुखदाता भये सबको शीतलरूप भये रोचकभये पुराण पुरुष को प्राप्त भये पुनि जलके दृष्टांत करिकै जैसे जैसे यह जीव अपने स्वरूप को चिन्तवन करै तैसे तैसे जो बीच की उपाधि ते जीव मलिन ह्वै गयो है सो बिकार मिटिजात है (९) दोहार्थ॥ मानसर में चहूंदिशि मणिनसे घाटबंध्यो है श्रीरामचरित मानस अतिसुभगता में चारिसम्बाद अतिशय सुन्दर तेई चारिहूघाट हैं प्रथम सम्बाद शिव पार्बती को दूसर कागभुशुण्डि गरुड़ को तीसर याज्ञवल्क्य भरद्वाज को चौथगुसाईं के गुरु अरु गुसाईं को अपनी अपनी बुद्धि करिकै बिरचे हैं तेई मनोहर घाट हैं (१०) अरु सातों प्रबन्ध प्रसंगयुक्त तेई सुभग सोपानकहे सीढ़ी हैं वह मानसर प्रत्यक्ष नेत्रनते देखिपरत है श्रीरामचरित मानस हृदय के नेत्र जे ज्ञान बैराग्य हैं तिनते देखिपरतहै तब यह मन प्रतीति मानत है (११) वह मानस में जलअगाध है यह मानसमें रघुपति की महिमा कहे मर्य्याद सो निर्गुण है किंतु गुणभूत सबमें सूत्रधर व्याप्त सबको नियन्ता अन्तर्यामी साक्षीरूप सबको चेतनकर्त्ता श्रीरामचन्द्र को घनीभूत तेज सूक्ष्मरूप निर्गुण सो महिमा किंतु श्रीराम गुण सब निर्गुण है यहै जो महिमा सो अगाध अगाध कहे कोई कबि बरणि नहींसकै काव्यन में नहींसमाइसकै किंतु अगाधकहे निर्दोषहै सोई श्रीरामसुयश बर बारि को अगाधता है (१२) वह मानस में तरंग उठती है यह जो श्रीसीताराम को यश सुधा सलिल है तामें उपमा जो अनेकप्रकार की हैं सोईतरंग है जाको देखत सन्ते मनरमत है कबिजनन के उपमेय को उपमान के सदृश कहते हैं सो उपमेय को लक्षिकरावते हैं सो उपमानकहीं (१३) वह मानस में पुरइनि छाइरही है अरु सीपहै तिनमें मुक्ता प्रसवहोते हैं श्रीरामचरित मानस में चौपाई सुन्दरि सघन पुरइनि है अरु कबिकी सुमति सीप है अरु युक्ति जो है सो मंजुनाम मोती है मंजु केवल उज्ज्वल को नाम है ताते मोती को नाम मंजु है चारिभांति सबकेनाम कहेजात हैं एकलाड़नाम कहीं एकजसकर्म करै तसनाम परत है ताको क्रिया नामकही एक जैसो गुणहोइ तैसो नाम

**मनोरम १३ पुरइनिसघनचारुचौपाई युक्तिमंजुमतिसीपसोहाई १४ छंदसोरठासुंदरदोहा सोबहुरंगकमलकुलसोहा १५ अर्थ अनूपसुभावसुभासा सोइपरागमकरंदसुबासा १६ सुकृतपुंजमंजुलअलिमाला ज्ञानबिरागबिचारमराला १७ धुनिअवरेवकवितगुण**

कहाजात है ताको गुणनामकही एकजैसो रूपहोइ तैसोनाम कहाजात है ताको रूपनामकही अरु मंजुकही उज्ज्वल को अरु मोती में केवल उज्ज्वलै धर्म है ताते इहां रूपनाम कहे हैं ताते मोती को मंजुनामहै (१४) वह मानस में कमल के कुल बहुतरंग के हैं श्रीरामचरित मानस में अनेकभांतिके छन्द हैं सोरठा दोहा इत्यादिक तेईबहुरंगके कमल हैं (१५) अरु कमलन में पराग है मकरन्द कहे रस है सुगन्ध है अरु छन्द सोरठा दोहादि जे कमल हैं तिनमें अर्थ जे अनूपम हैं तेई पराग सुन्दर हैं अरु सुन्दरिभावना सोईमकरंद है अरुसुन्दरिभाषा जोनप्रताकरिकैकही है सोई सुगन्ध है (१६) पुनिउनकमलकेरससुगन्धकोभ्रमर जे निर्मलहैंते आस्वादनकरते हैं अरु परागमेंरँगिजाते हैं अरु छन्दजेकमलरूप हैं तिनकेसर्वस्वाद के ग्रहणकर्त्ता सुकृतिनके सुकृति जेहैं तेई भ्रमर हैं पुनि उस मानसर में हंसरहते हैं श्रीरामचरित मानसरमें ज्ञान वैराग्य विचार इत्यादिक तेई मराल हैं (१७) पुनि उस मानसरमें मनोहरमीन हैं अनेक भांति के अरु श्रीरामचरित मानस में छन्दन में अर्थ चारिभांति करिकै हैं चारि खानि है चारि लक्षण

हैं चारि गति हैं सो जानब काव्यनके विषय एकधुनि है एक अवरेव है एक गुण है एकजाति है सोई मनोहर मीन है धुनि काको कही जहां दुइ तीनि चारि अक्षर को पद होइ ताही शब्दमें कइउअर्त्थ होइँ यह चौपाई ते जानब। बन्दौंनामरामरघुबर को। पुनि सखरसकोमल मंजु इत्यादिक जहांहोइँ ताको धुनिकाव्य कही ते चेल्हवा इत्यादिक मीन हैं जे चमकते हैं अवरेव काको कही जो अक्षर उलटिकै अर्थ सिद्धिहोइ॥ चौपाई॥ रामकथाकलिबिटपकुठारी। जहां अवरेव काव्य है ते बांबामीन हैं तिनकी सर्प्प इव रूपचाल है पुनि कबित्त बिषय गुण काकोकही जे दुइ तीनि अक्षर के पदहोहिं अरु जो अक्षर पूर्व्वहीपरै सोईपद में जमकअनुप्रास परतजाहि अरु एकै अर्थहोइ॥ चौपाई॥ भवभवबिभव पराभवकारिणि। जहां यहरीति काव्यहोइ ताको गुणकाव्यकही तहां जे छोटीछोटी मीन सौ पचासमिलिकै चलती हैं ते मीन हैं पुनि जातिकाव्य काकोकही जहां आठ दश बारह इत्यादिक अक्षरनकेपदहोहिं अरु अर्थ प्रसिद्धहोइ ते बड़ेबड़े मीन हैं एकही एक रहते हैं। हरिगीतछन्द॥ मनजाहिराचेउमिलिहिसोबर सहजसुन्दरसांवरो। यहिरीति जहां काव्यहोइ ताको जातिकाव्य कही काव्य की अरु चतुरंगिनी

**जाती मीनमनोहरतेबहुभांती १८ अर्थधर्म्मकामादिकचारी कहबज्ञानविज्ञानविचारी १९ नवरसजपतपयोगविरागा तेसब**

सेना की एकही रीति वर्णन है काव्यनविषे जो धुनि है सो घोड़ेनकी रहस्य है अवरेव जो है सो गाड़िन की रहस्य है गुणजोहै सो पैदरन की रहस्य है जाति जो है सो हाथिन की रहस्य है जैसे चतुष्पद सेना है गज रथ तुरंग पैदर तैसे चतुष्पदकाव्य है धुनि अवरेव गुण जाति तेई श्रीराम चरित मानस में अनेकभांति के मीन हैं ( १८ ) उसमानस में अनेकभांतिके जलचर हैं अरु श्रीरामचरित मानसमें अर्थ धर्म काम मोक्ष ज्ञान विज्ञान बिचार नवरस अरु जप तप अरु योग बैराग्य येते सब जलचर हैं अर्थकहे द्रब्य अन्न वस्त्र बाहनइत्यादिक सो तप दानते अर्थ सिद्धि होत है धर्म्मकहे बर्णाश्रम के धर्म्मते अपने कर्म्मते सिद्धिहोत है कामकहे कामना सो अष्टसिद्धि इत्यादिक सो देवता इष्टते सिद्धिहोत है मोक्षकहे संसारकी निबृत्ति परपद की प्राप्ति सो ज्ञानभक्ति ते सिद्धिहोत है ज्ञानदुइप्रकार का है एकशास्त्रजन्य ज्ञान दूसर निजअनुभव ते स्वस्वरूप की प्राप्ति विज्ञान कहे बिशेषज्ञान स्वस्वरूपते परस्वरूपकी प्राप्ति सर्बत्र एकदृष्टि बिचारकहे सारासार को बिभागकरना आत्मा अनात्मा को विचार करिकै भिन्नकरना ( १९ ) नवरस श्रीरामचन्द्र जी ते उत्पन्न हैं शृङ्गार जनकपुर में हास्य फागुमें अरु सूर्पनखा की नाककाटते करुणा जब श्री लक्ष्मणजी के शक्तिलगी किंतु विभीषण पर जब शक्तिचली रौद्र खर दूषण के युद्ध में अद्भुत जब कागभुशुण्डि को दिखायो है अरु श्रीकौशल्या को दिखाये अरु जयन्ताविषे वैभत्स जब नागफांस में स्वइच्छितबँधे भयानक जब सेतबांधे रावण को भयभई बीररावण के संग्राम में पुनि शांत जब राज्याभिषेक भयो॥ इति ९॥ प्रमाण शृङ्गारमालाग्रन्थे श्लोकएक ॥ शृङ्गारोजनकगृहेरघुवराद्धास्यःकृतोद्वैनस्यात् कारुण्योऽनुजरोद नेखरबधे रौद्रौद्भुतःकाक के वैभत्स्योहरिबन्धनेभयकरः सेतौरणेबीरहा शांतः श्रीभुवनेश्वरेभवहरा द्रामाद्रसोभून्नवः १ शृङ्गार की दशअवस्था अभिलाष चिन्ता स्मृति गुणकथन उद्वेग प्रलाप उन्माद व्याधि जड़तामरण १० स्वामी के मिलबे की इच्छा चिन्तासंयुक्त सो अभिलाष स्वामी के दर्शन अरु स्वामी के मिलबे को सन्तोष बार्त्तालाप करिकै सो चिंता स्वामी की जेतीचेष्टा दुःख सुख सबको स्मरण ज्ञान सो स्मृति स्वामी को बिछोह बहुतदिन को तिनको गुण किसू से कहना स्पर्श पर पति पत्नी के भावसो गुणकथन स्वामी के विषे कामकोक्लेशते विषयिक ज्ञान सो उद्वेग प्रिय जो हैं स्वामी तिनके आश्रित कल्पना जो है व्यवहार सो प्रलाप स्वामी को चकितह्वैकै ताकना अरुनेत्रसंयुक्त उन्मीलित मन अरु दूनोंहाथ से जाही को पावै ताही को धरै अरु भ्रम के वचनकहना सो उन्माद मदनको क्लेशकरिकै सन्ताप ते शरीर दूबरि ह्वैगई है सो व्याधि बिरह ब्यथा जो है सोई जीवन है दूनोंकरिकै जड़ ह्वैरहीहै सो जड़ता बिरह के क्लेश ते उत्पत्ति भयो जो व्यवहार सो मरण १० मानो मरिगई है शृङ्गारबिधि में द्वै भेद हैं एक बिप्रलंभ स्वामी के देखिबेहेतु प्राणबिहंग ह्वैकै उड़िकै जाबेकी इच्छा है सो बिप्रलंभ पुनि सम्भोग सम्भोगमें चारिभेद हैं उद्दीपन उत्कण्ठा अभीसार साक्षात्अरु उसीमें अनुभाव बिभावहै सो कहते हैं प्रथम उद्दीपन कही तामे द्वै भेद हैं एकवचन उद्दीपन स्वामी जो हैं श्रीरामचन्द्रजू तिनकी जो चर्च्चा कोई करै

ताको सुनिकै स्वामीको गुण कृपा हृदय में प्रवेशभयो तब तन पुलकि उठतु है पुनि रूपोद्दीपन कही जब स्वामीके रूपरंगकी अनुहारिकोई पदार्थ देखिबे में आयो तब स्वामीके स्वरूपकी सुधिआई हृदयमें स्वरूप प्रवेशभयो किन्तु स्वामीके बिरहकी दशा काहूमें देखिपरेउहै तबवाह्यांतर अंग अंग पुलकितभयो सो उद्दीपन कही पुनि दूसरे उत्कण्ठा कही स्वामी के मिलबेकी अति चाहनाभई अपर कछु नहीं सोहात है नेत्रन में जलभरिआये हैं हृदय गद्गद् ह्वैआयो है सो उत्कण्ठा कही पुनि अभीसार स्वामी के मिलबेको चलतभई अति आतुरते अनेक सुखकोअनुभव होतजाते हैं अरु मगमें पग डगमगात परते हैं अंग अंग पुलकित हैं सो अभीसारकही पुनि साक्षात् स्वामीकोस्वरूप देखिपरेउ तब मग्नह्वैगई स्तम्भ भावको प्राप्तभई है तहां साक्षात् सम्भोगमें तीनिभेद हैं मनसम्भोग चक्षुसम्भोग स्पर्शसम्भोगसम्भोग में दुइभावना हैं एक तत्सुख एकस्वसुख तत्सुख स्वामी के सुखहेतु शृङ्गार है अरु एकस्वामी करिकै अपने सुखहेतु शृङ्गार है बिशेषशृङ्गाररस रतिको कही तहां मन वचनकर्म के ब्यवहार एकह्वैजातु है तहां शृङ्गाररसमें षोडशउद्दीपन हैं प्रथम मज्जन है पुनि वस्त्रहार तिलक अञ्जन कुण्डल नासिकाकी मोती कबरीनूपुर जावक कुचमणि क्षुद्रघण्टिका ताम्बूल कंकण अङ्गराग चन्दन केसरि अगर कस्तूरी इत्यादिक को लेपन इति १६ पुनि शृङ्गाररस के सहायक बारह आभूषण हैं चूरी करमुद्रिका बाजूबन्द ग्रीवभूषण कटिकिंकिणी मञ्जरी नाम बिछुवा श्रवणताटंक भालमें कञ्चनमणिके टीकाशीशफूल बेनी मोतिनते गुहीहै बेसरि शृङ्गारहूमें है आभूषणहूमेंहै कोछी इति १२ पुनि बारह आभूषण शील क्षमा दया पतिव्रत सन्तोष लज्जा बिनय दृढ़ता सुन्दरता माधुर्य शुद्धता गुरुसेवा इति १२ शृङ्गारश्यामरङ्ग ताकी स्थायीभाव रति इत्यादिक प्रीति १ हास्य या उरंग ताके लक्षणविपर्यय अलंकार किन्तु हास्यके वचन २ करुणा धूम्ररंग परदुःखदेखिकै

**जलचरचारुतड़ागा २० सुकृतीसाधुनामगुणगाना तेबिचित्रजलबिहंगसमाना २१ सन्तसभाचहुंदिशिअमराई श्रद्धाऋतुबसंत समगाई**

दृविउठै ३ रौद्ररक्त अनुचित देखिकै क्रोधउपजै ४ अद्भुतपिङ्गल रंगआश्चर्य्यवत् देखिपरै ५ वैभत्स्य कृष्णरंग देखिकै लज्जा उत्पन्नहोइ मनमें धृतिआवै ६ भयानक नीलरंग जाको देखिकै भय उत्पन्नहोइ ७ वीरगौररंग रणमें दानमें तपमें शरीर इत्यादिक सर्वदेह हर्ष संयुक्त नेकहू नहीं मुरै ८ शांतश्वेतरंग निंद्या स्तुति मानापमान हर्षशोक इत्यादिक रहितइति ९ पुनि तीनि रस वात्सल्य कंचन रंग पुत्र भाव लाड़न पोषण पुनि दास्यचित्ररंग निष्काम सेवा पुनि सख्य अरुण स्वामी को प्रसन्न सबप्रकार राखै इति ३ इतिरससमाप्त ॥ पुनि जैजै अक्षर को मन्त्रहोइ तै हजारदिन प्रतिजपै अरु अक्षरप्रति लक्षको पुरश्चरणकरै अरु तप इन्द्रिनकी विषयजीतै पुनि योगाष्टांग नेम यम आसन प्रत्याहार प्राणायाम ध्यान धारणा समाधि इति ८ वैराग्य कहे तीनिगुण सम्बन्धी जो है सिद्धि तिनको त्याग येते समस्त श्रीरामचरित मानस के जलचर हैं चारु कहे सुन्दर जो श्रीरामचरित तड़ाग है तामें सुन्दर जलचर हैं अरु उसमानसर में अनेकभांति के जलचर हैं ( २० ) इत्यर्थः ॥ उसमानस में जल बिहंग जो जलहीमें रहते हैं अहर्निशि तिनको कुक्कुटनाम है रतमानस में जे सुकृती साधु हैं जे केवल रामनाम ही गानकरते हैं तेई विचित्र जल बिहंग हैं ( २१ ) उतअमराई है चहूंदिशि इतसन्तसभा अमराई है उतबसन्त ऋतु करिकै शोभित है इत सदा श्रद्धा बसन्तऋतु है श्रद्धाकही अपनी उपासना अनुकूल वेदवाक्य सन्तवाक्य गुरुवाक्य निज अनुभव की एकता करिकै प्रतीतिकरना सो श्रद्धाकही अन्यच्चश्लोक एकशास्त्रदृष्टंगुरोर्वाक्यं तृतीयंचात्मनिश्चय त्रिविधंयोऽभिजानाति समुक्तोजन्मबन्धनात् १ सन्तसभा अमराई में वसन्तरूपी श्रद्धा सदा है ( २२ ) पुनि उस अमराई में अनेक तरह के द्रुम हैं आमन की जातिबहुत हैं पुनि कटहर बड़हर सहतूत चिंचिनी ढुमरि इत्यादिकहैं पर अपने अपने फूल फल सुगन्ध स्वाद इत्यादिक करिकै शोभित हैं अरु तिनपर लता चढ़िरही हैं बिताइव छत्राकार शोभायमान ह्वै रही हैं अरु इत श्रीरामचरित मानस में सन्तसभा अमराई में पृथक् पृथक् द्रुम दिखावते हैं क्रमालंकारकरिकै जानब भक्तिनिरूपणविविधविधाना। भक्ति के निरूपण विविध प्रकार के हैं भक्तिकही सेवा भजधातु है सो सेवाबिषे सिद्धिहोतु है तहां सन्तसभा में पराभक्ति के प्राप्तिवारे प्रेमलक्षणावारे नामाकार वृत्तिवारे मानसीवारे ध्यानकरनेवारे नवधाभक्तिवारे इत्यादिक भक्तजन हैं ज्ञाननेष्ठी योगनेष्ठी कर्मनेष्ठी इत्यादिक सभा में

**भक्तिनिरूपणविविधविधानाक्षमादयाद्रुमलताबिताना २३ संयमनेमफूलफलज्ञाना हरिपदरतिरसवेदबखाना २४ औरोकथाअनेक**

सबहैं अरु अपनी अपनी भावनाते आपुआपुको सबैभक्तमानै हैं यह कहतेहैं कि सेवा को भक्तिकही सेवाकही सेवायां प्रसन्नता जाहीरीति से स्वामी प्रसन्नहोइ सो भक्ति है सोई सेवा है तहां पराभक्तिवारे श्रीरामचन्द्र के स्वरूप में तदाकारभक्ति मानते हैं प्रेमलक्षणावारे कभी दिशा भूलि जाते हैं कभी नाचिउठे कभी गाइउठे कभी रोइ कभी बैठि जाते हैं समाधिस्थ होते हैं इत्यादिक दशा बिरही बिरह भक्तिमानै हैं नामवारे रामनाम रटते प्रेमभरे भक्तिमाने हैं मानसीवारे मानसी सेवाभक्तिमाने हैं ध्यानकरनेवारे अपने स्वरूप को ध्यानकरिकै परस्वरूप को निरखते हैं सोई भक्तिमाने हैं अरु नवधा वारे कोई श्रवण को भक्तिमाने हैं कोई नत्यगान स्तोत्र पाठ पुराण इत्यादिक बांचना ताहीको भक्ति माने हैं कोई सुमिरण को मानेहैं कोई चरण सेवन भक्ति माने हैं कोई शालग्राम अरु धातु शिलादारु मृत्तिका अरु चित्रलीलाइत्यादिक विग्रह अरु गुरु सन्त तिनकी अर्च्चननाम परिचर्य्या जल चन्दनतुलसी पुष्प धूप दीप नैवेद्य ताम्बूल इत्यादिक सेवा सोई भक्तिमानते है कोई परिक्रमा करिकै संस्कृत किंतु भाषा स्तुति करिकै साष्टांग दण्डवत् दोनों पग दोनोंजांघ छाती शिर मनवचन सर्बांग भूमि स्पर्शकरै जैसे दण्डभूमि में परै है जैसे सर्प्प भूमि में लपटिरह्यौ है सो बन्दनाभक्तिमाने हैं पाद्मेश्लोक दोर्भ्यांपद्भ्यांचजानुभ्यां उरसाशिरसादृशा मनसा वचसाचेति प्रमाणोऽष्टांगईरितः १ कोई दास्य भाव परमेश्वर की आज्ञानुकूल सब करते हैं कोई सखाभाव स्वामी से केलिभक्ति मानते हैं कोई मन बचन कर्म आत्म समर्प्पण किये हैं जो करै सो रामहीकरै ज्ञानीजन जे हैं ते अपने अन्तष्करण की बृत्ति अखण्डकरिकै अपनो स्वस्वरूप निर्मलताही को सेवनकरते हैं सोई भक्ति मानते हैं अरु योगीजन अष्टांग योगनेम यम आसन प्रत्याहार प्राणायाम ध्यान धारणा समाधि करिकै ब्रह्म जो ज्योतिस्वरूप तेहीकी प्राप्तिहेतु सेवाभक्ति मानते हैं अरु कर्मवारे यज्ञ दान जप तप तीर्थब्रत इत्यादिक करिकै भगवत्को समर्प्पण करते हैं सोई सेवाभक्ति मानते हैं सोईभक्ति निरूपण है बिविधप्रकार के सोई सन्तसभा अमराई में बिबिधभांति के द्रुम हैं अरु सबमें क्षमा है सोई लता है दया है सोई बितानइव ह्वै रही है ( २३ ) उसमानसर की अमराई में फूलफूले हैं पुनि फूल हैं पुनि फलहैं पुनि फलमेंरस है इसमानसर में सन्तसभा अमराई में संयम नेम फूल हैं अरुज्ञान फलहै हरि के चरणारबिन्द में रति सोईरसहै संयमदश हैं अहिंसा सत्यअस्ते-

**प्रसङ्ग तेशुकपिकबहुबरणबिहङ्ग २५॥ दो०॥ पुलकबाटिकाबागवनसुखसुबिहङ्गबिहारु मालीसुमनसनेह जलसींचत लोचन**

य ब्रह्मचर्य्य दया नम्रता क्षमा धृति अल्प भोजन शौच येते दश संयम १० नेम शौच होम तप दान विद्याध्ययन इन्द्री निग्रह ब्रत चान्द्रायण इत्यादिक किंतु व्रतकहे प्रण उपवास एकादशी आदि मौनरहना स्नानत्रिकाल संध्याकरना दशनेम १० श्लोक द्वैप्रमाण गायत्रीभाष्ये अहिंसासत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्य्यदयार्जवंक्षमाधृतिमिताहारः शौचंइवयमादशः १ शौचेप्याचतपोदानं स्वाध्यायोयंस्थितगृहः ब्रतोपवासमौनानि स्नानंच नियमादश २ येते संयम नेम ( २४ ) उतअमराई में बिहंग हैं मयूर शुक पिक इत्यादिक इत अमराई में अनेक प्रसंग हैं॥ चौपाई॥ तनय ययातिहियौबनदयऊ इत्यादिक प्रसंग जो हैं अरु सन्तसभा में एकएकते अपर प्रसंग कहते हैं तेई अनेक बर्णके बिहंग हैं तरह तरह की मनोहर बाणी बोलते हैं ( २५ ) दोहार्त्थ उतमानसके चहूंफेर किनारे किनारेबाटिका शोभित है यामें केवल रस सुगन्धमय फूलहीलगे हैं सो बाटिका तामें बिहंग मधुकरराय मुनि इत्यादिक जे केवल रसै ग्रहण करते हैं पुनि ताही के पीछे अमराई है यामें रसाल पनस इत्यादिक तरु हैं तामें शुक पिक बिहङ्ग हैं फलन के रस ग्रहणकरते हैं ताके पीछे वन है जामें अनेकरीति के तरु हैं तहां के बिहंग अनेकप्रकार के हैं उत्तम मध्यम निकृष्ट बनके फल अनेक ताके भोक्ता हैं अरु इतमानस में जो समाजकी पुलकावली है सो तीनिप्रकार की है एकनकी पुलकावली केवल भक्तिरसमय है श्रीरामलीला माधुर्य्य में पुलकि के मग्नरहते हैं तेई बाटिका हैं अरु केवल श्रीसीताराम के स्वरूप माधुर्य्य रसमें मग्न है प्रेम उमगत है तेई बाटिका के पुष्प हैं परमानन्दरस है जीव बिहंग है सोईग्रहणकरत है अरु एकन के मन में केवल ज्ञान ही की पुलकावली है सो बाग है अरु

तेहि को फल जीवन्मुक्त है अरु ब्रह्मानन्दरस है चित्त विहंगहै सोई रसको भोक्ता है अरु एकन के कर्म्मकाण्ड में पुलकावली होती है सोई बन है तामें अर्त्थ धर्म्म काम फल है ताको भोग सो रस है अहंकार बिहंगभोक्ता है ताते उपासनाकाण्ड ज्ञानकाण्ड कर्म्मकाण्ड ये तीनिहू बाटिका बाग बन हैं अरु तीनिहू को सुष्टुमन सोई माली है जैसे बाटिका बाग बन है तैसोताको मन माली है अरु अपनी अपनी भावना में स्नेह जो है सोई जल है अरु दोऊनेत्र ते चारुघट हैं ताहीते भरिभरि सींचते हैं पुनि दूसर अर्त्थ पुलकावली सोई

चारु २६॥ चौ०॥ जेगावहिंयहचरितसम्हारे तेयहितालचतुररखवारे २७ सदासुनहिंसादरनरनारी तेसुरबरमानसअधिकारी २८ अतिखलजेविषयीबककागा यहिसरनिकटनजाहिंअभागा २९ शम्बुकभेकसियारसमाना इहांनविषयकथारसनाना ३०

बाटिका हैं या बाटिका में सर्वपदार्त्थ हैं ताते बागकहा अरु बन कहे समूह बाटिका बाग बन तीनिहू को एकही अर्त्थ है ( २६ ) उतमानसरमें रक्षक हैं इत श्रीरामचरित सँभारिके जे गावते हैं अपर चौपाई दोहा छन्द न मिलैपावै कहीं कुपाठ न होनेपावै कहीं अर्त्थ को अनर्त्थ न होनेपावै तेई चतुर रखवारे हैं ( २७ ) उत देव देवी स्नान करत हैं इत नरनारिजे सादरते सुनते हैं सदा तेई सुरबर स्नान के अधिकारी हैं ( २८ ) उत बकुलाकागलानहीं जाते हैं इतअति खलजे विषयीतेई बक काग हैं अति खलकही जे कहेते समझते हैं पर मानते नहीं अरु धारणा नहीं करते हैं अरु निन्दक हैं ते खल हैं पुनि विषयीजे विषय में लीन हैं अरुभगवत् के बिग्रह में अरु भगवत्पदार्थ में विषय आरोपण करते हैं अरु भगवत् के स्वरूप मायिक कहते हैं तैसही चरित है यह मानते हैं ते विषयी हैं अरु भगवत् के स्वरूप लीला में विषय लेसहू नहीं है ( २९ ) उतबककाग क्यों नहींजाते शम्बुक कही घोंघा भेककही मेढुक जो सेवारमें समाइरहे हैं ते उतै मानसरमें तीनिहू नहीं हैं ताते बककाग नहींजाते हैं इतै श्रीरामचरित मानसरमें विषयकीकथाको रससो नहीं है लोभसेवार है क्रोधशम्बुक है कामभेक है क्रोधकाम दोनों लोभहीके भीतर रहते हैं सो इत मानस में नहीं है ( ३० ) ताहीते हृदय में हारिकै नहीं आइसक्ते हैं कामीकाक बलाक बिचारे उनको चारा इतमानसरमें नहीं है तातेनहीं आइसक्ते हैं अथवा बिचारे कहे कङ्गाल हैं ज्ञानहीन हैं मूर्ख हैं मलीनहैं ते श्रीरामचरित मानसमें कैसे आवहिं ( ३१ ) उतै जावेको कठिन है इतआइवेको कठिन है बिना श्रीरामकृपा नहीं प्राप्तहोइ ( ३२ ) काहेते उतकुपन्थ कराल है इतकुसङ्गै कराल कुपन्थहै उतमानसके मार्ग में व्याघ्रहरिकही सिंहजाको पञ्चाननकही चारिहूपगके चंगुलचारि अरुएकमुखपांचहूते पांचहाथी एकहीबार मारतु है ताते पञ्चाननकही किन्तु पांचमुखहोहिंगे शास्त्र कहते हैं अरु सर्प्प इत्यादिक तामसी जीवन करिके मार्ग्ग कठिन है इतमानसरमें जो कदाचिमन सम्मुखहोइ तौ

त्यहिकारणआवतहियहारे कामीकाकबलाकबिचारे ३१ आवतयहिसरअतिकठिनाई रामकृपाबिनआइनजाई ३२ कठिनकुसङ्गकुपन्थकराला तिनकेबचनब्याघ्रहरिब्याला ३३ गृहकारजनानाजंजाला तेअतिदुर्ग्गमशैलविशाला ३४ बनबहु विषममोहमद माना नदीकुतर्कभयङ्करनाना ३५ दो० जेश्रद्धासम्बलरहितनहिंसन्तनकरसाथ तिनकहंमानसअगमअतिजिनहिंनप्रियरघुनाथ ३६ चौ० जोकरिकष्टजाइपुनिकोई जातहिनींदजुड़ाईहोई ३७ जड़ताजाड़बिषमउरलागा गयउनमज्जनपावअभागा ३८ करिनजाइसर

कुसङ्गी पुरुषजे हैं जिनको बचन जो भयदायक सोई ब्याघ्रहरि ब्यालहै ( ३३ ) उतबिशाल पर्ब्बत है इत गृहकार्य्य जो नाना जंजाल है सोई शैल है ( ३४ ) उतविषम बन है इत मोह मद मान जो हैं तेई बिषम बन हैं उत भयंकर नदी है इत मनकी कुतर्क जो हैं तेई भयंकर नदी हैं ( ३५ ) दोहार्त्थ उत मानस को मार्ग्ग एकतौ कठिन है दूसरे खर्चनहीं है पुनिसंगतिनहीं है ताते अगम है इत मानस में श्रद्धाखर्च नहीं है पुनि संतन की संगति नहीं है पुनि जिनके श्रीरघुनाथजी नहीं प्रिय हैं तिनको मानसअगम है

( ३६ ) जो कदाचि कोईकष्ट करिकैजाइ तौ उसको जूड़ा ह्वै जात है इत जो कष्टकरिकै आयो तबपूर्ब्ब पापते निद्रा आइगई ( ३७ ) उतअतिशय जाड़ लागि आइ है ताते स्नानपान नहीं भयो इत जड़ता जो है अज्ञानता जाते कछुनहीं समुझिपरेउ ताते बाह्यांतर नहींभीज्यो भाग्यहीन है ( ३८ ) उतइत शीतके जोरते नतौ मज्जन भयो नतौपान करिगयो अभिमान समेत फिरिआयो है अभिमान कही इतैनिद्रा अज्ञानबश इतेअति जाड़बश अभिमान भयो कि सूनेते स्नानकियेते काहोतहै ताते फिरि आयो है ( ३९ ) जो कोई पूछबे को आयो तब मानसरमें अनेक दूषण रोपण करिकै निन्दा सुनावत भयो ( ४० ) अरु तेहि प्राणीको एकहू बिघ्न नहीं ब्यापै जेहि पर श्रीरामचन्द्रकृपा करहिं ( ४१ ) उसमानसरमें जोसादर समेत स्नानकरै तौ तीनिताप मेटिकै मोक्षदेतु है इतमानस में प्रेम समेत श्रवणकरै तौ तीनिताप मेटिकै श्रीरामचन्द्र को प्राप्तिहोइ तीनिताप कौन हैं अधिभूत अध्यात्म अधिदैवत अधिभूत कही जो सुत कुटुम्ब राजा सर्प्प चोर ब्याघ्र इत्यादिकनते जो बाधाहोइ अरु अपनेमनमें जो कोई जीवको बिघ्नताकै सो अधिभूत कही लोक परलोकहू में ॥ पुनि आध्यात्म॥ जो शरीरते बाधा उत्पन्नहोइ ज्वररोग बरतोर इत्यादिक पुनिकाम क्रोध ईर्षा मात्सर्य्य इत्यादिकनते बाधा स्वार्थ परमार्थहू में सो अध्यात्मताप कहिये पुनि आधिदैवत जो दैवयोगते होइ पाला पाथर अतिबृष्टि अनाबृष्टि इत्यादिक किन्तु इन्द्रिनके देवतन करिकै

**मज्जनपाना फिरिआवहिसमेतअभिमाना ३९ जोबहोरिकोउपूंछनआवा सरनिंदाकरिताहिसुनावा ४० सकलबिघ्नब्यापैंनहिंतेही रामसुकृपाबिलोकहिंजेही ४१ सोइसादरसरमज्जनकरई महाघोरत्रैतापनजरई ४२ तेनरयहसरतजहिंनकाऊ जिनकेरामचरण भलभाऊ ४३ जोनहाइचहयहिसरभाई सोसतसंगकरैमनलाई ४४ असमानसमानसचषुचाही भइकबिबुद्धि बिमलअवगाही ४५ भयउ**

बाधाहोइ स्वारथ परमारथहू के ताको अधिदैवत तापकही इहै जो तीनिहूंताप महाघोर जेहिकरिकै सर्ब जीव तप्त है जो श्रीरामचरित मानसर में मज्जनकरै तो त्रैतापमें नहींजरै ( ४२ ) सब तजिकै जिन जीवन के श्रीरामचन्द्र जी के चरणारबिन्द में भलीप्रकार ते भाव है ते प्राणी यहमानस को नहीं तजते हैं ( ४३ ) जो भावयुक्त यहमानसर स्नानकीनचाहै तो सर्बको त्यागि मनको अच्छीतरह लगाइकै सत्संगतिकरै किन कै सन्तन कै जे पुरुष शास्त्र सम्प्रदायलिहे सबप्रकार निरभिमान निरपेक्षनिर्दम्भ संसार ते वैराग्य समदृष्टि इत्यादिक लक्षण एकरस श्रीरामतत्पर तिनपुरुषन कै संगतिकरै अहर्निश सो मानसर अन्हाहि नीकीप्रकारते ( ४४ ) अरु यह मानसर देखिबे को हृदय के नेत्रचाहिये उतमानसर भरोभयो इत कविता को हृदय मानसरभरोभयो अवगाह भयो तब कविताकै विमल अनुभवित बुद्धि तब अवगाहतभई ( ४५ ) श्रीरामचरितमानस में प्रवेश करतभई तब कविके हृदय में आनन्द को उत्साहभयो तबप्रेमको प्रमोद कही आह्लाद उमगतभयो ( ४६ ) तहां उतमानसर उमगत भयो तब शुभमङ्गलमय नदीचली तामें श्रीरामचन्द्र को यश करुणामयजलभरिकै चली सो सरयूनाम है सो सरयूमानसरमें कहां ते प्राप्तिभई तहां भक्तराज जो श्रीबशिष्ठजू तिनने पूर्बही महा तपस्याकीन्ह्यो परब्रह्मको स्मरणकीन्ह्यों तब परब्रह्म परमात्मा जो श्रीरामचन्द्र ते प्रसन्नभये तब जो गोलोक के मध्य में श्रीअयोध्या ताके दक्षिण विरजागंगा श्रीअयोध्याके उत्तर श्रीसरयू है सो श्रीरामचन्द्र की करुणारूप है को जानै अनादिही नेत्रद्वारा ह्वै प्रबाह चरणसेवति है सो सरयू श्रीरामचन्द्रकी आज्ञानुकूल श्रीबशिष्ठजू के हेतु श्रीसरयू चलतीभई प्रथम बासुदेव लोकमें आई पुरुष ने पूजनकियो पुनि महाशम्भु के लोक में आई पुनिपुरजन समेत महाविष्णुके लोक में आइकै महाविष्णुके अंग में प्रवेशकरिकै सम्पूर्ण लोक को मेखलाकरिलियो तहां महाविष्णु के लोक में सरयू कछु रहिभई कोई कालपाइकै श्रीबामनजीके चरण सों ब्रह्माण्डफूटि

**हृदयआनन्दउछाहू उमगेउप्रेमप्रमोदप्रबाहू ४६ चलीसुभगकबितासरितासो रामबिमलयशजलभरितासो ४७ सरयूनामसुमंगल**

गयो तब धारा चलतीभई तब ब्रह्माजी कमण्डलुमें लैलियो पुनि कोईकाल में राजाभगीरथ के हेतु ब्रह्मा कमण्डलु से छोड़िदीन सो गंगा भगीरथ लैकै चले ताते भागीरथी नामकहाई अरु महि ते गमनकीन तातेगंगानाम कही अरु प्रथमहि महाविष्णुके लोकमें कछु आपनो अंशछोड़ि कै श्रीसरयू श्रीबशिष्ठ के हेतु चलतीभई तब ब्रह्माण्डभेदन

कियो महत्तत्त्वत्रिधा अहंकार नभ पवन पावक जल महि येते सातआवरण ब्रह्माण्डके ते भेदिआई पुनि शिवलोक उमालोक कौमारलोक सत्यलोक तपलोक जनलोक महर्लोक समस्तलोकनको भेदनकरति सन्ते किंपुरुषखण्ड में मानसर है तामें धाराआइ प्राप्ति भई तब श्रीबशिष्ठ जी आगे ह्वैकै लेतभये षोडशप्रकार पूजनकीन तब आगे श्रीबशिष्ठजूभये तव मानसर ते श्रीसरयू चलतीभई श्रीसरयू श्रीरामचन्द्र की मनरूपी हैं श्रीरामचन्द्र के मानस ते भई हैं अनादिही ताते सरयूकही अरु कविकी हृदय जो श्रीरामचरित रूप मानसर तहां वशिष्ठस्थाने जीवतत्त्व तिनके हेतुकविके हृदय ते काव्यरूप सरयू चलतीभई श्रीरामयश जल विमलभरिकै चली इति प्रसंगबशिष्ठसंहितायां उत्तरार्द्धे ( ४७ ) सो नदी और काव्यरूपनदी दोउनके सरयूनाम दोउमङ्गल की मूल हैं सरयूके दोउकिनारे शोभित है अरु काव्यरूप सरयू में लोकसम्मत जो है अरु वेदसम्मतजो है सोई निर्मल दोऊकूल हैं ( ४८ ) पुनीतनदी जो मानसनन्दनी है सो तृण तरु निकन्दनि करतीचली है श्रीरामकीर्त्ति अमृतरूप जल काव्यरूपी नदीभरिकै चली है सो कलिके मल सोई तृणतरु है ताके मूलनाश करतचिली है ( ४९ ) दोहार्थ ॥ सरयू के दोऊकिनारे पर पुरग्रामनगरबसे हैं जो पांचघर ते अरु सौताईं ताको पुरकही अरु सौते हजारताईं ग्रामकही हजार के आगे असंख्य ताको नगर संज्ञा है अरु सरयू तीरश्रीअयोध्या है अरु सरयू के दोऊकिनारेपर पुर ग्राम नगर बहुत हैं अरु श्रीअयोध्या एकही है अरु काव्य सरयू के तीर त्रिविधिश्रोता हैं एकै आर्त्त हैं सुत वित लोक बड़ाई शरीर रक्षा इत्यादिक हेतु भगवत् कथा सुनते हैं ते पुर हैं दूसर श्रोता अणिमा महिमा इत्यादिक सिद्धि हैं अरुअल्पसिद्धि मारन मोहन उच्चाटन इत्यादिक तिनके सिद्धिहोने के हेतु वेद पुराण इत्यादिक सुनिकै मन्त्र यन्त्र देवतावराधन करते हैं सिद्धिनके हेतु ताको अर्त्थार्त्थी श्रोताकही ते ग्राम हैं पुनि तीसरश्रोता जिज्ञासू जे कथाश्रवण करते हैं ते केवल ज्ञान बैराग्य योग शील सन्तोष शांतिइत्यादिक ग्रहणकरते हैं चारिमुक्तिहेतु तिनको जिज्ञासू श्रोताकही ते

मूला लोकवेदमतमंजुलकूला ४८ नदीपुनीतसुमानसनन्दनि कलिमलतृणतरुमूलनिकन्दनि ४९॥दो०॥ श्रोतात्रिबिध * *

नगर हैं अरुजे श्रोतानहीं हैं केवल ज्ञानीभक्त हैं भगवत्यश सुनते हैं अपने स्वस्वरूप में सदा आरूढ़ हैं श्रीरामचन्द्र की स्वरूप अति माधुर्य्य नाम धाम लीला सोई रसपान करते हैं ऐसे जन दशबीस की एकरसवृत्ति है आर्त्त अर्त्थार्त्थी जिज्ञासू इनतीनिहूं कामनाते रहित हैं तिन सन्तनकै सभा जो है समाज सोई अनूपम श्रीअयोध्याजी है अपरअर्थजो करते हैं सूप चलनी ऊंट बकरी इत्यादिक दृष्टांत करिकै श्रोता कहते हैं सो भलो दृष्टान्त नहींलागै अरु श्रीसरयू के दोऊकिनारे पुर ग्राम नगरबसेहैं अरु श्रीरामकीर्त्ति सरयूरूप तहां दुइकूललोक वेद मत कहे हैं तहां पुर ग्राम नगर कौन है तहां तीनि प्रकार के श्रोता पुनि कहते हैं अर्त्थार्त्थीजिज्ञासू किन्तु त्रिवर्गी श्रोता हैं अर्थी धर्मी कामी तिनमें भेद है एकविषय हेतु आर्त्त अरु एक श्रीरामहेतु आर्त्त अरु एक विषयहेतु अर्त्थार्त्थी अरु एक श्रीरामहेतु अर्त्थार्त्थी अरु एक विषयहेतु जिज्ञासाकरते हैं गुण सीखते हैं लोक में पुजाइबेहेतु अरु एक श्रीरामतत्त्व के जिज्ञासू हैं अरु एक विषय अर्त्थी हैं एक श्रीरामअर्त्थी हैं अरु एक विषय धर्म्मी हैं अरु एक श्रीरामधर्मी हैं अरु एकैविषय कामनामें हैं अरु एकै भगवत्कामनामें हैं अरु दोउनको सिद्धान्त श्रीरामकथा श्रवणकरिकै है तहां जो विषय सवासिक हैं ते तीनोंलोक सम्मत किनारेपर बसेहैं अरु जो श्रीरामसवासिक हैं ते वेदसम्मत किनारे पर बसे हैं पर दोऊ श्रीरामचन्द्रको प्राप्ति हैं तहां एकै तुरन्त प्राप्ति है एक कालान्तर प्राप्ति है ( ५० )॥ इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसनेबालकाण्डे श्रीरामचरित मानसबर्णनंनामद्वादशस्तरङ्गः १२॥ :: :: :: :: :: ::

दो० ॥ रामचरण दशत्रयलहरि रामकीर्त्तिबिस्तार भरद्वाज मुनियाज्ञबलि कहिसम्वाद उदार १३ श्रीराम भक्तिरूप सुरसरी जो है सो राम कीर्त्तिरूप सरयू में मिलतभई अरु जो कही कि सुरसरीमें सरयू मिली हैं तहां श्रीसरयू को श्री वशिष्ठजूल्याये हैं प्रथम भूमंडल में श्रीसरयूजी आई हैं काहेते को जानै श्रीवशिष्ठजू श्रीसरयू को कबल्याये हैं पर पुराणन में बर्णन है राजा सगर के आगे श्रीसरयूजी विद्यमान रहीं हैं अरु कइउ पुस्तिबीते भगीरथ भये तेगंगा को ल्याये हैं ताते श्रीसरयूके पीछे राजाभगीरथ करिकै सुरसरी बहुत कालपीछे भूमंडलमें आई हैं ताते सुरसरी

**समाजपुर ग्रामनगरदुहुंकूल सन्तसभाअनुपमअवध सकलसुमंगलमूल ॥५०॥** * * * *

**चौ०॥ रामभक्तिसुरसरितहँजाई मिलीसुकीरतिसरयुसोहाई १ सानुजरामसमरयशपावन मिलेउमहानदसोनसुहावन २ युग बिचभक्तिदेवधुनिधारा सोहतसहितसुविरतिविचारा ३ त्रिविधितापत्रासकत्रिमुहानीरामस्वरूपसिन्धुसमुहानी ४ मानसमूलमिली**

श्रीसरयू में मिलतभई हैं तैसे रामकीर्तिमें भक्तिमिली है यह बिचारिलेव ( १ ) उत श्रोणनद मिल्योहै इत श्रीलक्ष्मणजी संयुक्त श्रीरामचन्द्र को संग्रामयश जो है सोई श्रोणनद मिल्यो है ( २ ) जैसे सरयू के अरु श्रोणनदके बीचमें भागीरथी शोभित हैं तैसे सुष्टुबैराग्य अरु सुष्टुबिचार जो है दोउनके बीच में दूनों संयुक्तभक्ति शोभित है सुष्टुबैराग्य कही असत्य को त्याग सत्य की लक्षिसत कहीयोग ज्ञानबिज्ञान ध्यान समाधि इत्यादिक सत है तहां सुष्टुबिचार करिकै सर्बसतकोलिहै श्रीराम नामस्वरूपलीला ग्रहणसो सुष्टुबिचार है तामेंप्रीति करना सो भक्ति तात्पर्य यह है किबिना बैराग्य बिनाबिचार भक्ति शोभितनहींहोती है अरु तीनिहूं मिलत शोभित हैं ( ३ ) त्रिमुहानीक्षेत्र जहां शालिग्रामी नदीको संगम है तेहिकोलोग कहते हैं पर यह प्रसंग में त्रिमुहानी श्रीसरयूगंगा श्रोणनद तीनिहूंको एकतातहां सरयूगंगा संगमभई सो त्रिमुहानी है अरु इत बिचारभक्ति बैराग्य यहतीनों मिलित त्रिमुहानी तहां दूनों त्रिमुहानी तीनिहूं ताप हरतुहै अरु उत समुद्रकोचली मिलतभई अरु इतश्रीराम स्वरूप सिंधु तहां को चली प्राप्तिभई ( ४ ) जहां मानसमूल जोहै सरयू अरु सुरसरी मिलीहैं स्नानते निर्मलहोत है इतश्रवण किहेते निर्मलहोत है मन बचन कर्मते ( ५ ) पुनि उलटि करिकै सिंहावलोकन प्रसंग कहते हैं श्रीसरयू अरु सरयूको तीर अरु श्रीराम कीर्त्ति सरयूद्वौ को वर्णन करते हैं तहां बीचबीच में अपर इतिहास कथा है सोई सुन्दर बनबाग है सरयू तीरके ( ६ ) श्रीसरयू में जलचर हैं इहां उमा महेश बिवाह के बराती जे हैं तेई अनेकप्रकार के जलचर हैं ( ७ ) श्रीसरयू में भ्रमरकी शोभा अरु तरंगकी शोभा मनोहर है इतश्रीरामजन्मको आनन्द जो है सोई भ्रमरहै अरु जो बधाई बहुतबाजती है त्रैलोक्य में मनोहर सोई तरंग उठती है ८॥ दोहार्थ॥ श्रीसरयूमेंपांचरंग के अरु बहुरंग के कमल फूले हैं नीलरंग पुनि हरित लाल मिश्रितरंग

**सुरसरिही सुनतसुजनमनपावनकरिही ५ बिचबिचकथाविचित्रविभागा जनुसरितीरतीरबनबागा ६ उमामहेशविवाहबराती तेज लचरअगणितबहुभांती ७ रघुबरजन्मअनन्दबधाई भ्रमरतरंगमनोहरताई ८॥ दो०॥ बलिचरितचहुं बन्धु के बनजविपुल बहुरङ्ग नृपरानीपरिजनसुकृत मधुकरबारिबिहङ्ग ९॥ चौ०॥ सीयस्वयम्बरकथासुहाई सरितसोहावनिसोछबिछाई १० नदीनाववटुप्रश्नअनेका केवटकुशलउतरसविवेका ११ सुनिअनुकथनपरस्परहोई पथिकसमाजसोहसरिसोई १२ घोरधारभृगुना**

पुनि अरुणरंग पुनि श्वेतरंग पुनि पीतरंग इत्यादि मिलित बहुरंग हैं कमलपर मधुकर रसलेते हैं पुनि जलके बिहंग हैं इतै चारिहूभाइन के बालचरित जे हैं अनेक रसरंग के तेई कमल हैं अरु शांति करुणाहास्य वात्सल्य दास्य सख्य शृङ्गार इत्यादिक सबरस तेई रस हैं अरु सुगन्ध है यथायोग्य अधिकारी प्रतिरस सुगन्ध ताको दर्शावते हैं बाललीला में तहां श्रीदशरथमहाराज अरु कौशल्यादिक महारानी इनके सुकृत जे हैं तेई मधुकर हैं वात्सल्यरस विशेष पीवते हैं अपररस सुगन्ध है सम्पूर्ण परिजनन को सुकृत जे हैं ते बारिबिहंग हैं सुगन्धलेते हैं ( ९ ) सरयूमें शोभा छबिछाइरही है श्रीरामकर्त्तिसरि में श्रीजानकीजी के स्वयम्बर कै कथा जो है सोई शोभाछबि छाइरही है

श्रीरामकीर्त्तिरसमें श्रीजानकी जी के स्वयम्बर की कथा जो है सोई शोभा छबि छाइरही है ( १० ) श्रीसरयू में नाव है नावपर केवट है कुशलते पारउतारि देते हैं अरु इतेबटुसंज्ञा ब्रह्मचर्य ग्रहणसंयुक्त विद्यार्थी जे हैं विद्याके अर्थ ताही के प्रश्नकरते हैं अनेकबिधि ते पुनि बटुसंज्ञा सबश्रोतनकी है तिनके जे प्रश्न हैं अनेक तेई लोह लकरी संयुक्त सोई नावहै अरु कुशलनाम पण्डित जोबक्ता हैं सबके प्रश्न को उत्तर दैकै बोधकरतु हैं विवेक संयुक्त सोईकेवट के पारउतारिदेतु है कुशलपूर्बक ( ११ ) श्रीसरयू में पथिकजन को पारकरते हैं इहां बक्ताके मुखते सुनिकै तब दुइचारि मिलिकै परस्पर अनुकथन करते हैं अरु बक्ताकी बाणीकरिकै परस्पर बोधकरते हैं सोई पथिकनकी समाज है ( १२ ) सरयू में घोरधार हैं इहां परशुराम को कोप घोरधार है श्रीसरयू में घाटबँधे हैं सुन्दर·अचल अटूट इत श्रीरामवचन परशुराम प्रति तेई सुन्दर अटूट घाट हैं ( १३ ) श्रीसरयूमें उमंग है जो जलरा शिकी राशि लगिजातु है अरु इतै सहित अनुज श्रीरामचन्द्र के बिवाहको उत्साह जो है सोई सुख सबको सुखदाता उमंग है ( १४ ) श्रीसरयू

थरिसानी घाटसुबन्धरामवरबानी १३ सानुजरामविवाहउछाहू सोसुखउमैगसुखदसबकाहू १४ कहतसुनतपुलकतहरषाहीं ते सुकृतीमनमुदितनहाहीं १५ रामतिलकहितमंगलसाजापर्ब्बयोगजनुजुरेउसमाजा १६ काईकुमतिकेकयीकेरी परीजासुफल बिपतिघनेरी १७॥दो०॥ शमनसकलउतपातअति भरतचरितजसयाग कलिअघखलअवगुणकथन तेजलमलबककाग १८॥ चौ०॥ कीरतिसरितछहूं ऋतुरूरी समयसुहावनिपावनिभूरी १९ हिमहिमशैलसुताशिवब्याहू शिशिरसुखदप्रभुजन्म

में सुकृतीजन स्नान करते हैं अरु इतै श्रीरामकीर्त्तिसरि जोहै तहां सुनते हैं समुझते हैं पुलकते हैं हर्षते हैं मनमुदित होते हैं इतेई स्नानकरते हैं ( १५ ) श्रीसरयू में पर्बयोग परतु है इतै श्रीरामचन्द्र के राज्याभिषेक की समाज सोई पर्बयोग है ( १६ ) अरु जल में एकदेश में कहूंकाई को योग कबि कहते हैं इहां कैकेयीमें कुमति जो देवमायाकरिकै भई है जेहि करिकै सर्बजीवको दुःखै फल होतभयो सोईहै ( १७ ) दोहार्थ॥ जैसे वर्षाऋतु में जोरजलपाइकै काई बहिजाती है तैसे समस्त उत्पात जो कैकेयीकरिकै भया है सो भरतके जप यज्ञकरिकै शमनकही नाश है गयो अरु जो कलियुग के स्वरूपकहे हैं अरु कलिके अघ कहे हैं उत्तरकाण्डमें अरु बालकाण्ड में बन्दना में खलन के अवगुण कहेहैं सो जलको विकार फेन अरु बक काग है क्रम ते जानव ( १८ ) श्रीसरयू अरु श्रीसरयूकेतीर छहूंऋतुकरिकै शोभित है अरु कीर्त्तिसरि जो है सो छहूं ऋतु रूरिनाम शोभित हैं समय समय सुहावनि लागती है अरु भूरिनाम अति पावनि है ( १९ ) प्रथमै हितऋतु कहते हैं हिमकहै हिमाचल शैल जो है तिनकी कन्या पार्बती अरु शिवजूको विवाह जोहै सोई यह अगहन पूषहिम ऋतु है हिमऋतु ठण्ढपरतु है गरीबनको दुइचारिघड़ी दुःखदेतुहै शिवजूके बिवाह में भूतप्रेतनको देखिकै बाल बालबुद्धी जीव दुःखित भयेसोई जाड़ है हिमऋतु में बड़े आदमी विषय भोग में सुखीरहते हैं अरु हिमऋतु में तुषार जब परेउ तब कमल ताम्बूल इत्यादिक नाश होइजाते हैं अरु शिवपार्बती के विवाह में स्वामिकार्तिक के जन्म को हेतु है तेहि करिकै देवता बड़े आदमी हैं ते सुखीभये खल कमल नाशभये पुनिमाघ फाल्गुन शिशिरऋतु है माघ में मकर के सूर्यहोते हैं प्रयाग में मेलाभरतु है अरु फाल्गुन में फागुहोती है बाजन गानहोते हैं श्रीरामजन्म के समय में ब्रह्मादिक देवता सिद्धमुनिआये मेलाहोतभयो अरु त्रैलोक्य में बधाई गानअगर कपूर चन्दन केसरि कस्तूरी कुंकुम अर्बारकी कीचमचिरही है श्रीरामजन्म के उत्सव में सोई शिशिर है ( २० ) अरु श्रीरामचन्द्र

उछाहू २० बर्णबरामबिवाहसमाजू सोइमुदमंगलमयऋतुराजू २१ ग्रीषमदुसहरामबनगवनू पंथकथाखरआतपपवनू २२ बर्षाघोर निशाचररारीसुरकुलशालिसुमंगलकारी २३ रामराज्यसुखबिनयबड़ाई बिशदसुखदसोइशरद सोहाई २४ सतीशिरोमणिसियगुण

के बिवाहकी समाज जो है मुदमङ्गलमय सोई चैत्र बैशाख ऋतुराज बसन्त है बसन्त में पल्लवफूल करिकै तरु तृण भूमि शोभित होरही है अरु श्रीरामचन्द्रके बिवाहमें बरातकी शोभा हाथिनकेयूथ घोड़ेनकेयूथरथनकेयूथ पैदरनकेयूथ तिनसबनके शृङ्गार हेममणिबनात पाटम्बरनकरिकै शोभित देवलोक नरलोक नागलोक सबके मन प्रफुल्लित सोई बसन्त शोभित है ( २१ ) अरु श्रीरामचन्द्र को बनगमन सोई ज्येष्ठ आषाढ़ ग्रीष्मऋतु है अरु पन्थकीकथा सोई घाम अरु पवन है श्रीरामचन्द्र को वियोग श्रीदशरथ महाराज के बियोगकरिकै सबको भयो क्लेश सो सब ग्रीष्मको धर्म्म है ( २२ ) अरु खर दूषण रावणादि राक्षसन के महाघोर संग्राम जो है सोई श्रावण भादौं बर्षाऋतु है दोऊदलकी अनी अनी ब्यूह रचना जे हैं तेई मेघ हैं अरु बाजन के आयुधन के वीरन के घोरशब्द जे हैं तेईमेघ के गर्ज्जब है अरु राक्षसन के धनुषकेगोशा अरु बानरनके लूम की शोभा सोई दामिनी की चमक है अरु श्रीरामचन्द्र के बाणन की बिशेषता बहु अरु दोऊदलन के बाणनके छूटब तेई जलके विन्दुन की वर्षा है अरु सन्त गो महि मुनि सिद्ध देवतादिकन के कुल तेई शालिनाम विशेषधान है तिनको मंगलकारी है ( २३ ) अरु श्रीरामचन्द्रजी को राज्याभिषेक को जो सुखहै सर्ब्बजीवन को अरु देव मुनिकरिकै जोबिनती है अरु बाल्मीकि व्यास इत्यादिक जे महाकवि हैं अरु वेदनकरिकै जानिये योग्य जो बड़ाई अरु यश है सोई विशद अतिसुखदायी त्रैलोक्यको सोई कुवार कार्तिक शरदऋतु है अरु शरदऋतु में भूमि जल नभ सबनिर्मल उज्ज्वल होतभयो श्रीरामचन्द्र राज्यपर बैठे तब यशकरिकै त्रैलोक्य उज्ज्वलहोतभयो शिव की उज्ज्वलतालय होइगई तहांपरमपुरुष श्रीमन्नारायण अपनो क्षीरसमुद्र ढूंढ़ते हैं शिव कैलास ढूंढ़ते हैं इन्द्र ऐरावतहाथी ढूंढ़ते हैं राहुश्वेत ह्वै गयो चन्द्रमा को ढूंढ़त हैं तहां अपनोरूप नहींसमुझिपरै तैसेही ब्रह्मा हंस ढूंढ़ते हैं ऐसेही रीति ब्रह्माण्डकोषभरे में होतभयो तामस राजस गुणनहीं रह्यो केवल शुद्ध सात्त्विक शांतरस पूरिरह्यो है ( २४ ) प्रमाण है श्रीहनुमन्नाटके श्लोकएक ॥ महाराज श्रीमन्जगति यशसातेधवलिते पयःपारावारं परमपुरुषोऽयंमृगयते

**गाथा सोइगुणअमलअनूपमपाथा २५ भरतसुभावसुशीतलताई सदाएकरसबरणिन जाई २६॥दो०॥ अवलोकनिबोलनिमिलनि प्रीतिपरस्परहास भायपभलिचहुं बंधुकेजलमाधुरीसुबास २७॥चौ०॥ आरतिबिनयदीनता मोरी लघुता ललितसुवारिनथोरी २८**

कपर्द्दीकैलासंकुलिशभृद्धौमंकरिवरं कलानाथंराहुः कमलभवनोहंसमधुना १ सती जो है नरनाग देवी जेती स्त्री वर्ग्ग ब्रह्मांड में हैं पतिव्रता सती जेती हैं तिनसबनकीशिरोमणि श्रीजानकी जी जिन श्रीजानकीजी के सुमिरे ते सबको पतिब्रत रहत है तिन श्रीजानकी जी को जो निर्मल अनूप गुण गाथ है सोई जलकी निर्मलता है ( २५ ) अरु भरतजीको सुभाव जो निर्मल एकरस सोई जल की शीतलता है बर्णिबे योग्यनहीं है ( २६ ) दोहार्थ॥ पुनि चारिहूभाइनकी जोपरस्पर अवलोकनिहै बोलनिहै मिलापहै ये तीनिहूं तीनिप्रकार जल की माधुर्य्यता है जल के स्वरूप की माधुर्य्यता पुनि स्वादुकी माधुर्य्यता पुनि गुणकी माधुर्य्यता है पुनिपरस्पर परमप्रीति जो है अरु परस्पर हास्य जो है भायप जो है सोई तीनिप्रकार के जलकी सुगन्धता है एकस्वरूपै में सुगन्ध है अरु एक सुयशकी सुगन्ध है अरु एक प्रबाह अखण्ड नित्य एकरसकी सुगन्ध है क्रम हीते जानब ( २७ ) श्रीरामकीर्त्ति सरयूद्वौकीलालित्य अतिशय है जेहिपदार्थ्थके सुनत कहत देखत समुझत ग्रहण करत सन्ते बाह्यान्तर विषे आह्लाद उत्पन्नहोइ ताको लालित्यकही इतकीर्त्ति सरयूबिषे मेरी आरतबिनय दीनता सोई लालित्य है पर मेरो सब लघु है अरु कीर्त्तिसरयू की लालित्य थोरी नहीं है बहुति है जेहि बस्तुकी किसूसे अतिचाहना भई अरु ताकी बिनती करत है अतिदीन होइकै ताको आरतकही किंतु आरत बिनय दीनता लघुता येई लालित्य हैं ( २८ ) अद्भुत कही जो यहिनेत्रनते अदृश्य होइ अरु हृदय के नेत्रन ते देखिपरत है अरु प्रत्यक्ष देखि परत है पर जो सुनिबे में नहींआवै आश्चर्य्यवत् देखिये जैसे मेघपर नक्षत्र उदयहोइ इत्यादिक जानब अरु जाकी शोभा कहिबे में नहीं आवै ताको अद्भुत कही सरयू सलिल जो है अरु काव्यसरि में रामकीर्त्ति सलिल जो है अद्भुत दोऊ हैं सुनबे में स्नान है सुखकारी अनेक आशापियास दोनोंहरत है अथवा आशकही श्रीरामचरित की चाहना सोई पियास है सो सन्तुष्टकरत है पुनि चाहना बढ़त है मनकोमल दोनोंहरत है ( २९ ) श्रीरामचन्द्र को प्रेम दोनों पोषत है अरु कलिकही कलियुग को किंतु कलिकही क्लेश को तिनके कलुष जो पाप सम्पूर्ण तेहिकरिकै जो

सुनतसुखकारी आसपियासमनोमलहारी २९ रामसुप्रेमहिंपोषतपानी हरतसकलकलिकलुषगलानी ३० भवश्रमशोषकतोषक तोषा शमनदुरितदुखदारिददोषा ३१ कामकोहमदमोहनशावन विमलबिबेकबिरागबढ़ावन ३२ सादरमज्जनपानकियेतेमिटत पापपरितापहियेते ३३ जिनयहिबारिनमानसधोये तेकायरकलिकालबिगोये ३४ तृषितनिरखिरविकरभवबारी फिरहिंमृगा

ग्लानि है सो दोनोंहरतु है ( ३० ) अरु भव जो संसारसागर तेहिकरिकैश्रम जन्म मरण दोनों सोखि लेते हैं अरु सन्तोष को तोषण कही पोषण करत है दोनों अरु शमनकही नाशकरिदेत है दुसह जो नहींसहाजाइ ऐसो दुख अरु दरिद्रकही असन्तोष अरु सर्व्वदोष शमन करिदेतु है ( ३१ ) अरु काम कोह मद मोह नाशकरत है दोनों विमल विवेक वैराग्य को वढ़ावत है ( ३२ ) उतै जो सादरसमेत मज्जनकरै किंतु पानकरै अरु इतै श्रवणकरै अरु धारणा करैं ते दोनों बाह्यान्तर के जे हैं पाप अरु परितापकही अनेक चिन्ता तेहिकरिकैं जो क्लेश सो हरत है ( ३३ ) जिनने श्रीसरयू में स्नान नहींकियो अरु श्रीराम कीर्त्तिसरि में अपने मनको नहींधोयो तिनकादर्य्य जीवन को कलिकाल ने बिगोइलियो है बिगोइ कही कलिकाल ने अपने में लीनकरिलियोहैं अपने खानेजाद गुलामकरि लियो है ( ३४ ) जे प्राणी श्रीमद्रामचरितसरमें नहीं तृप्तभये ते अपरधर्मकर्म संसार मृगतृष्णा को जल तामें दुखित भ्रमते हैं ( ३५ ) दोहार्थ॥ अपनीमति के अनुसार दोऊबारि कै गुणगनिकैं अरु गुनिकैनाम बिचारिकै अपने मनको स्नानपान कराइकै भवानी शंकर को सुमिरि कै श्रीमद्रामचरित जो शोभायमान है तेहिको कवि मैं होत हौं ( ३६ ) अब श्रीरघुपति के पद पंकज हृदय में धरिकै तेहि को प्रसादकही प्रसन्नतापाइकै युगलमुनिवर्य्यनाम श्रेष्ठ तिनको मिलाप अरु तिनको परम उत्तमोत्तम ऐसो जो सम्बाद सो कहत हौं ( ३७ ) जेहिप्रकार भरद्वाज प्रश्नकीन्ह है याज्ञवल्क्य मुनि पाइकै सो सम्बाद प्रथम सुख्यकरिकै कहतहौं जाते सब सम्बाद मोको स्फुरितहोइ सो सबहेतु समुझिकै कहौंगो यह दोहा भरद्वाज जिमिप्रश्नकरि सो कहूंकहूं नही है पर विरोध भी नहीं है ( ३८ ) इति श्री रामचरितमानसे सकलकलिकलुषविध्वंसनेबालकाण्डे मानसररूपकसमाप्तंत्रयोदशस्तरङ्गः॥१३॥

जिमिजीवदुखारी ३५॥ दोहा॥ मतिअनुहारिसबारिगुण गणिगुणिमनअन्हवाइ सुमिरिभवानिसशंकरहि कहकविकथासुहाइ ३६ अबरघुपतिपदपंकरुहहियधरिपाइप्रसाद कहौंयुगलमुनिवर्यकरमिलनसुभगसम्बाद ३७ भरद्वाजजिमिप्रश्नकरियाज्ञबल्क्यमुनिपाइ प्रथममुख्यसम्बादसो कहिहौंहेतुबुझाइ॥३८॥ * * * * * * *

चौ० ॥ भरद्वाजमुनिबसहिंप्रयागा तिनहिंरामपदअतिअनुरागा १ तापसशमदमदयानिधाना परमारथपथपरमसुजाना २ माघ मकरगतरविजब होई तीरथपतिहिजाइसबकोई ३ देवदनुजनरकिन्नरश्रेणी सादरमज्जहिंसकलत्रिवेणी ४ पूजहिंमाधवपदजलजाता परसिअक्षयबटहर्षितगाता ५ भरद्वाजआश्रमअतिपावन परमरम्यमुनिवरमनभावन ६॥ तहांहोइमुनिऋषयसमाजा जाहिं जेमज्जनतीरथराजा ७ मज्जहिंप्रातसमेतउछाहा कहहिंपरस्पर हरिगुणगाहा ८॥ दोहा॥ ब्रह्मनिरूपणधर्म्मबिधिबरणहिं तत्त्व

दोहा ॥ रामचरण दशचारि में बसिप्रयाग सतसंग ब्रह्मनिरूपणकांडत्रैचौअनुबन्ध प्रसंग १४ जब मकरके सूर्य होते हैं तब जे भागवत जीव ब्रह्मांड में हैं ते सब तीर्थपति जो प्रयाग तहां को जाते हैं तहां भरद्वाज मुनि परम विवेकी श्रीराम तत्त्व के परम वेत्ता तिनके आश्रम को समस्त नर मुनि ऋषि देव दानव इत्यादिक जे भागवत हैं ते समस्त भरद्वाजसेसत्सङ्ग हेतु जाहिंतहां समाजहोइ यह आठहू चौपाई को भाव जानब अरु अर्थ अक्षरार्थ जानिये ( ८ ) ॥दोहार्थ॥ मकरके समय प्रयाग में जेतेसाधु जाहिंते सब

भरद्वाज के आश्रम को जाहिं तहां समाज होइ तब ब्रह्मको निरूपण करहिं ब्रह्म निरूपण धर्मबिधि अवरेव करिकै अर्थहोत है प्रथम कर्मकांड पुनि ज्ञानकांड पुनि भक्तिकांड निरूपण करहिं धर्म बिधि अपने अपने धर्म की बिधि कहहिं सो कर्मकांड है पुनि सांख्य संयुक्तब्रह्म निरूपण करहिं सो ज्ञानकांड है पुनि भगवत् की भक्ति कहहिं ज्ञान बैराग्य संयुक्त सो उपासनाकांड है अथवा ब्रह्मनिरूपण धर्मबिधि ब्रह्मनिरूपण करहिं धर्मबिधिसे तहां एक अधर्मबिधि ब्रह्मनिरूपण है अरु एक धर्मबिधि ब्रह्मनिरूपण है एकैकहते हैं कि अपरब्रह्म कहां है यहसंसारैब्रह्म है यहिजगत् को कर्त्ता कोई नहीं है आपुहीते यह जगत् उत्पत्ति होतु है मनुष्यते मनुष्य पशुते पशु पक्षीते पक्षी तरुते तरु अन्नते अन्नइत्यादिक चराचर काल में उपजते पलते मरते हैं यह परम्परा अनादि कालते चलाआवत है जैसे जलमें लहरी स्वाभाविक उठती हैं पुनि बनीरहती हैं पर आदि अंत मध्य एक जलही है ऐसेही पांचहूतत्त्व एकही हैं तेही करिकै स्वाभाविक रचना वनिरही है ताते संसारैब्रह्म है पुनि कोई कहते हैं कि अपरब्रह्म कहां है सांख्य जो है सोई ब्रह्म है महत्तत्त्वसे महत्भयो पुनित्रिधा अहंकार भयो पुनि पांचतत्त्व नभपवन पावकजल महिपुनिपंच बिषय क्रमहीते शब्दस्पर्शरूप रस गंध पुनि अनेक व्यवहार भयो पुनि स्वाभाविकै कोई समय में सृष्टि महिमें लय भई महिजलमें जलपावक में पावक पवन में पवननभमें नभगुणनमें गुण अहंकार में अहंकार प्रणवमें प्रणव महद्में महद् महत्तत्त्व में ऐसे ही उपजत है पलत है लयहोत है जैसे आकाशही के कोष ते मेघ उठत है प्रत्यक्षहोत है पुनि आकाशही में अदृश्य होइजातु है ऐसेही संसार की परम्परा है ताते सांख्यैब्रह्म है अरु कोई शक्ति को ब्रह्म कहते हैं कि शक्ति कोई है सो अति अनिर्वचनीयहै तिनने अपनी इच्छा ते ब्रह्मा विष्णु शिवको उत्पन्नकियो तिनते तीनिगुण की प्रबृत्तिभई तेहिते सम्पूर्ण जगत् को व्यवहार भयो पुनि कालपाइकै सबजगत् क्रमही ते शक्ति में लीनभयो ताते शक्तिही ब्रह्म है पुनि कोई कहते हैं कि कालही ब्रह्म है जेहि कालके भीतर यह संसार उत्पत्ति पालन प्रलयहोतु है ताते कालही ब्रह्म है अरु कोईकहते हैं कि कर्मैब्रह्म है काहेते कि जे जैसे कर्मकरते हैं तैसे कर्मानुसार भोग करते हैं ताते कर्मैब्रह्म है अरु कोई कहते हैं कि ब्रह्म सोतोएक है निराकार है नामरूप रहित है निर्विशेष है जीव अरु ब्रह्म दुइकहना अज्ञानदेश में है ब्रह्मएक अखण्ड दण्डायमान परिपूर्णसजातीविजाती स्वगतभेदरहित है यह जो संसार सोतो भ्रमरूप है कल्पनामात्र है कछुहै नहीं अपने भ्रम ते ब्रह्म में द्वैत भासते हैं जैसे रज्जु में भुजंग भ्रांतिहोतु है जैसेसूर्यकीकिरणि में जलकी भ्रांति होती है जैसे सीप में रूपभासत है ऐसे ब्रह्ममें जगत्भासत है अरु जीव ब्रह्मअज्ञान के आवरणते द्वैतभासत हैं जैसे दर्पण में अपने द्वैस्वरूपभासत हैं जब दर्पण दूरिभयो तब एकही है जैसे घटोपाधि ते सूर्य द्वै भासते हैं ऐसे अविद्या उपाधि ते ब्रह्म द्वैभासत है जैसे घटाकाश मठाकाश महदाकाश है आकाशतत्त्व एकही है अविद्या उपाधि जीवविद्या उपाधि ईश्वर द्वौ उपाधि रहित ब्रह्म हैं घटमठभंगभये आकाश एकही है घटअविद्या मठविद्या ऐसेअविद्या विद्या त्यागे ब्रह्म एकही है अथवा प्रश्न एकदेशमें माया है अनादि है तेहिउपहित जो ब्रह्म है ताहीको ईश्वरकही ईश्वरते जगत् उत्पत्ति पालनप्रलय होत है जैसे आकाश के एकदेश में कहूंमेघरहतुहै सदा जबकबहूंइच्छाकियोतब आकाशहीबिषे मेघविस्तार ह्वैजातुहै पुनि कछुकालबनोरहतुहै पुनि आकाश के एक देशमें कहूं मेघसिमिटि रहतहै आकाश के एक देश में आश्रित है शुद्ध है तहां मेघ में शब्द जो है दामिनि जो है जल जो है सो अति सूक्ष्मरूप सम ह्वैके रहे हैं तैसे ब्रह्म के एक देश में माया है सो शुद्ध है तहां तीनि गुण पांच तत्त्व शुद्ध साम्यताको प्राप्त हैं ताही देशमें जो ब्रह्म उपहित है ताही देश को ईश्वर कही सो साकाररूप है ईश्वर जब ईक्षणाकरत है तब तीनिगुण पांचतत्त्व भिन्न भिन्न होते हैं ताते जगत् बिस्तार होत है पुनि पालन भयो पुनि प्रलय भयो तहां संसार कार्य्यरूप है अरुईश्वर कारणरूप है अरु ब्रह्मकार्य्य कारणते परे है निराकार है निर्विशेष है सच्चिदानन्द है निर्गुण है तेही ब्रह्मते अरु जीव इश्वरते अभेद कहते हैं कि ईश्वरकी विद्यामाया अरु जीव की अविद्यमाया है अरु ईश्वरकी सर्बज्ञता अरु जीव की अल्पज्ञता इन सबनको त्यागिकै जीव ईश्वर ब्रह्मतत्त्व एकही है अभेद है तहां यह विचार में आवत है जीव अपनी अविद्या अल्पज्ञता ज्ञानभये त्यागिसकै है अरु ईश्वर की विद्या सर्वज्ञता यह कौन त्यागनेवाला है इसके त्यागे नहीं त्यागीजाइ है सो आगे कैलास के प्रसङ्ग में कछुकहैंगे पुनि कोई कहते हैं कि जो कोई यहि संसारकोकर्त्ता है सोई ब्रह्म है पुनि कोई कहते हैं सर्बत्र भगवान् के हाथ हैं सर्वत्र पायँ हैं सर्बशीश हैं सर्ब नयन हैं सर्ब मुख हैं पुनि कोई कहते हैं भगवान् चतुर्भुजरूप सोई ब्रह्म है जिनको वेद नारायण कहते हैं तिनहीते जगत की उत्पत्ति पालन संहारहोत है अरु नारायण सर्बजीव में साकाररूप ब्याप्त है अरु नारायण विरजापार पर बैकुण्ठ में दिव्य बिभूति

संयुक्त बिराजमान हैं सर्बोपर हैं ताते नारायण ब्रह्म हैं अरु दूसर बिग्रह क्षीरसागर में लक्ष्मी संयुक्त बिराजमान हैं जगत् के कारण हैं अरु एक रूप रमाबैकुण्ठ में बिराजमान हैंकै सात्विकगुणकरिकै जगत् को पालन करते हैं अरु सर्बजीव नारायणके दास हैं अरु कोई कहते हैं कि ब्रह्म द्विभुजस्वरूप है जिनको वेद श्रीकृष्ण ऐसोनाम कहते हैं सर्बोपर हैं प्रकृति के पारगोलोकहै तहां श्रीराधा संयुक्त परमदिव्य बिहार सदाकरते हैं अरु कार्य्य कारणतेपरे हैं सर्बब्याप्त हैं परमपुरुष हैं परब्रह्म हैं अरु कोई कहते हैं कि द्विभुजस्वरूप श्रीरामचन्द्र सोई परब्रह्म हैं सो सर्बोपर कार्य्य कारुणके परे हैं सर्बोपर श्रीअयोध्या तहां श्रीजानकी संयुक्त परमदिव्य बिभूतिसंयुक्त बिहार करते हैं अरु ब्रह्म जो सर्वत्रब्याप्त सो श्रीरामचन्द्र को घनीभूततेज है परतेज चैतन्यरूप एकरस अखण्ड दण्डायमान परिपूर्ण सर्बभूत में रमिरह्यो है ताते रामकही अरु अतिलावण्य माधुर्य्य स्वरूप में योगी मुनिन के मनरमत हैं ताते रामकही सोईस्वरूप याज्ञवल्क्य निरूपणकरहिंगे ऐसेही अपने अपने मतिकेअनुरूप ब्रह्मनिरूपण सबैकरते हैं अरु जेहितत्त्वन करिकै ब्रह्म अरु जीवकेबीचमें आवरण परिगयो है नहींदेखिपरै ताते तत्त्वनको बिभागकरते हैं ताते स्वस्वरूप जीव अरु परस्वरूप परमात्मा सो देखिपरै ताते यह बर्णते हैं कि ईश्वर जब ईक्षणाकरतहै सो मूलप्रकृति है ताते महत्तत्त्वभयो तेहिते महद्संज्ञाभयो पुनि अहंकार भयो ताते त्रिधारूपभयो सात्विकाऽहंकार राजसाऽहंकार तामसाऽहंकार पुनि पांचतत्त्व आकाश पवन अग्नि जल पृथ्वीभये पुनि पंच विषय भये क्रमहीते शब्द स्पर्श गन्ध पुनि दशइन्द्री भई पांचज्ञानइन्द्रीक्रमही ते जानब श्रवणत्वक् नयन जीभ नासिका पुनि पांचकर्म्म इन्द्री मुख हाथ पग लिंग गुदा पुनि क्रमहीते देवताजानब दिशा पवन सूर्य्यबरुण अश्विनीकुमार एते ज्ञानइन्द्रीके देवता पुनि कर्म्म इन्द्रीके देवता क्रमहीते अग्नि इन्द्र यज्ञ बिष्णु दक्षप्रजापति यमराज येते कर्म्म इन्द्रीके देवता तामसगुण ते तत्त्वभये राजससों इन्द्रीभई सात्विक ते देवता भये पुनि चतुष्ट अन्तष्करण चित्त अहंकार मन बुद्धि चारिदेवता वासुदेव संकर्षण प्रद्युम्न अनिरुद्ध पुनि जीवरुद्र चन्द्रमा ब्रह्मा पुनि दशबायुभई प्राण अपान उदान ब्यान समान पुनि देवदत्त कृकल कूर्म्म नाग धनंजय पुनि पंचकोशभये आनन्दमय विज्ञानमय मनोमय प्राणमय अन्नमय येते पंचकोश इत्यादिकन में अनेकभेद हैं मैं अतिअल्प कहेहैं पर येते पंचीकृत विषयमें हैं अनित्य हैं तिनके अन्तर्भूत जीव तेहिके अन्तर्भूत ब्रह्म है ब्रह्म ते जड़चैतन्य है अरु ब्रह्मभिन्न है जैसे चुम्बक शिलाते लोहा स्फुरित होत है जैसे ब्रह्म ते पंचीकृत स्फुरित है पंचीकृतमें जीवब्रह्म कैसे मिले हैं अरु भिन्न है बिशेष जैसे फूल में सुगन्धरस जैसेमिठाई में स्वादपुष्टी जैसे दूध में माखन घृत जैसे फल बीज पुनि बीजांतर बीज है ऐसे अनेक दृष्टांत हैं जहां जीवब्रह्म अन्तर्यामी एकही तत्त्व है आचार्य्यन के मतकरिकै भिन्नभी है एकभी है यामें कछु बिरोधनहीं है कर्म्माधीन जीवभोक्ता है अन्तर्यामी साक्षी है अरु शुद्ध दशा में एकही है वही कैवल्यरूप है वहै दासरूप है श्रीरामचन्द्र को कोई यह कहते हैं कि पंचीकृत में एकरूप कैसे ब्याप्त है जैसे दारु में अग्नि जैसे तिलमेंतेलजैसे धातुमेंशब्दइत्यादिक अनेकभांतिते तत्त्वनकोविभागकरिकै आत्मा को बिलक्षण दिखावते हैं पुनि जब तत्त्वनतें बिलक्षणभगवान् देखिपरेउतब भगवन्तकै भक्तिकह तेहैं ज्ञान बैराग्यसंयुक्त भक्तिएकअरु दश हैं अरु साठि अरुचारिअंग हैं अस्सीचौरासीअंगकहतेहैं सोसबग्रन्थनमेंप्रमाण है मेरे जाने हैं कवनि अंग हैं परमेश्वर के आठपहर में कर्मकिंतुआठपहरकीमानसी सोई भावनाचौंसठिकहीअरुवाहीमेंबढ़ायकै अस्सीकहे हैं चौरासीभीकहे हैं परमैंग्यारहस्वरूप कहत हौं श्रवणकीर्त्तन स्मरण पादसेवन अर्च्चनबन्दन दास्य सख्य आत्मसमर्प्पण प्रेमापरा अब इनकीदशा कहते हैं श्रवणभक्तिजैसे मृगा राग सुनतसंते अपनीदशा भूलिजात है तैसे श्रीराम यश सुनै अरु जो बक्ता कहै सो सब धारणा करिलेइ पश्चात् मनन करै सो श्रवणभक्तिकही पुनि कीर्त्तन श्रीभगवद्यश गावते हैं नाचते हैं मग्नहोते हैं जैसे मयूरगति सो कीर्त्तन भक्ति कही पुनि स्मरण श्रीराम स्वरूप गुणलीलानाम स्मरण करते हैं जैसे बिरहिनी अपने पति को सुमिरति है जैसे कमठ अंड को सुमिरत है इहां दृष्टांत को एक देशलिया सो स्मरण भक्तिकही पुनि पादसेवन श्रीरामपाद सेवन अर्च्चा विग्रहमें करै किंतु मानसीमें करै पर निष्काम प्रीतिसमेतकरै जैसे पतिब्रता आपने पतिके पदसेवनकरति है पर अपर धर्म्मकर्म्म जानतिनहीं सोपादसेवन भक्तिअर्च्चन बाह्यांतर प्रथम अपनोस्वरूप शौच स्नान भूत शुद्धि इत्यादिक करिकै शुद्धकरै तदुपरान्त परमेश्वर को मन्दिरलेपन पार्षद स्नान शृङ्गार फल तुलसी धूप दीप नैवेद्य आचमन तांबूल आरती दण्डवत्रागभोग इत्यादिकभाव प्रीतिसों अर्पणकरना जैसे सनेहवती माता के एकहीपुत्र है वह उसका लाड़न पोषण करती है सो अर्च्चन भक्ति बन्दना साष्टांग द्वौजानुकटिबक्षःस्थल द्वौपाणि नासिका ललाट इत्यादिक सर्बांग भूमिमें स्पर्श होइ जैसे सर्प्प भूमि में लोटत है

जैसे दण्ड पृथ्वी में गिरत है पुनि ह्वैकरजोरिकै दीनह्वैकै भगवान् के आगे बिनयकरै सो बन्दना भक्तिकही दास्य श्रीरामचन्द्र की इच्छानुकूल सेवाकरै अरु सर्बकाल में रामरजायपर आरूढ़रहै अरु चारिहूं पदार्थन ते निष्कामरहै सदाप्रसन्नरहै देहादिसंसारते रागको त्यागकरै प्रीति एक श्रीरामचन्द्र से करै अरु श्रीरामचन्द्र स्वामी हैं में दासहौं दासत्व कैसे करै जैसे नयन पद कर ये तीनिहुँ मुखको सेवनकरते हैं नेत्रदेखिकै पगचलिकै करकरिकै अनेक व्यंजनप्रीतिसंयुक्त बनावते हैं मुखको भोजनकरावते हैं अरु आप ब्यंजन को स्वादु लेशहूनहींग्रहणकरते हैं तहां मुख सर्बइन्द्रियन को पोषणकरतहै तैसे भगवान् के दास अरु भगवान् हैं यह दास्यभक्ति सख्य जोई रीति से स्वामी श्रीरामचन्द्र प्रसन्नहोहिं सोईकरै सङ्गभोजन शयन जागब खेलब बैठब बोलब हास्यइत्यादिक निर्भर बाराबरिकरै पर स्वामी भाव मनकी रुचिलिहे सबकरे सख्यभक्ति आत्मनिवेदन अपनो मनबचन कर्म्मजीव श्रीसीताराम को समर्प्पणकरै अपनाउपाय शून्यअकर्त्तार है यह आत्म निवेदन भक्ति पुनि प्रेमा श्रीरामचन्द्र के प्रेममें मग्नहोइजाते हैं कभीहँसिउठते हैं कभी रोयदेते हैं कभी उठिदौरते हैं कभी बैठिजाते हैं दिशिबिदिशि नहीं सूझिपरै प्रेममें मत्त हैं जैसे मदान्ध ताको प्रेमलक्षणा भक्तिकही प्रेमापराभक्ति श्रीरामचन्द्रकी सेवामें है अरु प्रेम करिकै सेवामें बिपर्य्ययभई अपरअङ्ग के भूषणपट अङ्गराग इत्यादिक अपरअङ्ग में पहिरावते हैं औरै भोजन चाही औरैभोजन देते हैं सो प्रेमापराभक्ति मिलित कही जैसे शवरी विदुरकोफल पुनि पराभक्ति श्रीरामचन्द्र अतिसुन्दर जिनको देखिकै कोटिन काम मोहित ह्वै जात हैं जेहिस्वरूपकै छवि ब्रह्मांड भरेके जीवन के चित्त को आकर्षण करति है जेहिस्वरूपकी माधुर्य्य लावण्यछटा बाह्यांतर नेत्रनते दृश्यमान् होतसन्ते जड़ीभूत समाधिस्थ ह्वैजातेहैं मुनीश्वरजे हैं परमहंस जे हैं ते दखिये तौ उत्तरकाण्ड में जब श्रीरामचन्द्र के समीप सनकादिक चारिहू भाईगये हैं कैसे सनकादिकहैं सदा ब्रह्मतत्पर जिनकी ब्रह्मविषे सहजानन्दसमाधि सर्ब्बकाल में बनीहै ते महामुनि परमहंस जे सर्बकाल में तुरीयावस्था में आरूढ़ अरु जीवन्मुक्त विदेहमुक्त ऐसी नित्यदशा एकरस मूर्त्तिजिनकी दृष्टि सदा ब्रह्ममयजिनकी ब्रह्माकार अखण्डबृत्ति जिनने ब्रह्मज्ञानकरिकै प्रश्नकीन्ह तब ब्रह्माते प्रत्युत्तरनहींआयो तब भगवान् ने हंसरूपह्वैकै ब्रह्माकोपक्षकरिकै प्रत्युत्तरदैकै समाधानकीन्ह ऐसे आवालही ते ब्रह्मनेष्ठी ते सनकादिक रीरामचन्द्रकैछवि अतुलितविलोकिकै श्रीरामरूप में डूबिगये कछु सुधि न रही जैसे भीति में चित्र जैसे शिलामेंप्रतिमा तब तिनकीबड़ाई श्रीरामचन्द्र आपु श्रीमुख ते करतेभये सोई सुतीक्षण की दशाभई ताते जहांसेवककी सेवकाई अरु स्वामीको स्वामित्व भूलिजाइ ताको पराभक्ति कही भक्तिकही भजधातु सेवाबिषे होत है सेवाकही प्रसन्नता जाही में स्वामीप्रसन्नहोइ सोई भक्ति है तहां सबभक्ति में श्रीरामचन्द्र प्रसन्न हैं पर प्रेमा परा में बिशेष प्रसन्न हैं सनकादिक नारद सुतीक्षण शवरी में देखिलेवताको भक्तिकही पुनि ज्ञानकहते हैं स्वस्वरूप कै प्राप्ति जाते परस्वरूपमें भक्तिहोइ अपनो स्वरूप अपने शरीरही में है कैसे है जैसे फूलमें सुगन्ध जैसे पदार्थ में स्वाद जैसे दूधमें घृत जैसे दारुपाषाणमें अग्नि जैसे तिल में तेल जैसे मृगमें कस्तूरी है पर बिनाजाने बाहेर ढूंढ़तु है तैसे अपनेस्वस्वरूप मायाके आवरण विक्षेपकरिकै ढपिरह्यो है तहां नित्य नित्य को विवेककरिकै आवरण विक्षेपको दूरिकरिकै अपनोस्वरूप आपुहीमें देखैआवरणकही अपने अज्ञानते अपनोस्वरूपढपिरह्यो है बिक्षेपकही शरीर इन्द्री मन इनकी ब्याधि आधिकी उपाधिकरिकै स्वस्वरूप भूलिगयोहैताको बिक्षेपकही बुद्धिके अनुभव विचार ते अपनो स्वरूप शरीरते भिन्न करिकै देखै कि मेरोस्वरूप नतो चारिवर्णाही है नतो चारिआश्रमै है नतो देवता है नतो दानव है नतो मनुष्य है नतो चरहै न अचर है यह तो सब अनित्यहै अरु मेरोस्वरूप नित्य है अखण्ड एकरस है शुद्ध चैतन्य निर्मल है चौबीसतत्त्व मायाके हैं अरु पच्चीसवांतत्त्व आत्मा है चौबीसते भिन्न है चौबीसों आत्माकरिकै सत्य हैं चौबीसों तत्त्व ते आत्माकोज्ञान के यत्न ते भिन्नकरिलेइ जैसे फूल ते अतर चोवा फुलेल काढ़िलेते हैं जैसे दूध में घृतब्याप्त है यत्न ते काढ़िलेते हैं इत्यादिक अनेक दृष्टांतहैंऐसेही जब अपने अनुभवते अपने स्वरूपकीप्राप्तिभई तब उसको न सुख न दुःख न पाप न पुण्य न निन्दा न स्तुति तब वह आनन्दमय होतहै जब स्वस्वरूप की प्राप्तिभई ताको ज्ञानकही ज्ञानतीनि प्रकारको एक वर्णाश्रम को ज्ञान एकशास्त्रजन्य ज्ञान अरु एक विशेष अनुभव स्वरूपाकार ज्ञान औ जाते ऐसोज्ञानहोइ सो वैराग्य कहते हैं वैराग्य में चारिभेद हेतुस्वरूप फलअवधि विषयजो है ताको विषहूते अतिअधिकजाने काहेते कि जो कोई बिषखातु है तो शरीर छूटिजात है पुनि जो कहुं कर्मानुसार शरीर को धारणकियो तहां वह विषनहीं अमलकरै अरु जोमनुष्यतनु पाइकै विषय जो है महाविषरूप ताहीभोग में आसक्तभयो तब शरीरछूटिगयो तब विषयविष जो है सो चौरासीलक्षयोनिमें अमलकरतु है

जियतहै मरतहै को जानै केतेयुगबीतेंगे याहीहालमें ताते विषयको बिषहू ते अधिकजाने ताको हेतु वैराग्यकही पुनि स्वरूप वैराग्य में द्वैभेद हैं एकफल को त्याग एकस्वरूप को त्याग एकैविषय को व्यवहारकरि कै कर्मकरते हैं पर ताको फलभोग्य त्यागकरते हैं यह कहते हैं कि वेद की आज्ञा करते हैं फल भगवत् समर्पणकरते हैं अरु एकै जब विषय प्राप्तिभई ऋद्धि सिद्धि मान बड़ाई इत्यादि तेहि विषय को स्वरूपै त्यागकरतेहैं यह काहेते है कि जेहिको फलै नहींखाना तिसकाउपाय काहेको करना ताको स्वरूप वैराग्यकही पुनि जो विषय प्राप्तिभई अरु ताकोत्यागिदियो पुनि उसमें बासना न चलै दीनाधीनको त्याग करैं दीनकही जो पदार्थमें त्यागकीन है सो मेरेपास फेरिआवै तौ कछुक उसमेंसेलैकै अपनो निर्बाह करौं यह दीनताकी बासना न उठनेपावे आधीन यह जो पदार्थ मेरेइहां आयोरहै सो मैं पुण्यकरिदेत्यों तो भलीहोती जाते कोईकाल में मोको फेरिप्राप्तिहोती यह बासना न उठनेपावे पुनि अहंपद न आवै मनबचनकर्म ते कि मैं बड़ोत्यागीहौं यह बासना कबहूं न उठैताको फल बैराग्यकही पुनि जो विषय जानिकै त्यागकियो है तैसेही बिषय इहांताई जानै सातलोक नीचे हैं अतल बितल सुतल रसातल तलातल महातल पाताल इति ७ पुनि सातलोक ऊपर हैं भूर्लोक भुवस्वः महः जन तप सत्यलोक इति सात ७ पुनि शेषलोक ऐश्वर्य मृत्युलोक ऐश्वर्य ब्रह्मलोक ऐश्वर्य येते समस्त महाविषरूप जानै ताको अवधि वैराग्यकही एक वैराग्य चारिप्रकारको है व्यतिरेक एकइन्द्री बशीकार जितमान सारासार को विचार नीकीप्रकारते अहर्निशि करना यह संसार असार है संसारकही अपनीदेह अरु देह के स्नेही माता पितास्त्री पुत्र भाई नात कुटुम्ब अरु देवदानव मनुष्य पशु पक्षी इत्यादिक समस्त न काहूके भये हैं न काहूके हैं न काहूके होहिंगे न कोई संगजाइगो न कोईसंग आयो है मैं तो सदा एकहीहौं देखिये तौ बड़ो आश्चर्यहै मेराशरीर अनित्य है अरु शरीर के हेतु जिनमें स्नेहमान्यो है सोभी अनित्य है अरु तिनदोनोंमें अहंमम मानिरह्योहै सर्बभूत में मित्र अरिमानापमान इत्यादिक अनेकन विकार ग्रहणकरिरह्यो है मेरेविचार में त्रैगुण्यजनित व्यवहार जो है सो सब अनित्य है अरु आत्मानित्य है सोई मेरो स्वस्वरूप है सोई सार है नित्यानित्य दूनों कैसे मिलिरहेहैं जैसेदूध अरु जल तहां हंसवत् बुद्धिकरिकै सार को ग्रहण असार को त्याग ताको जितमान वैराग्यकही पुनि व्यतिरेक काम क्रोध लोभ मोह मदइत्यादिकनको स्वरूप शोधनकरै अरु ज्ञान वैराग्य विज्ञान शांति सन्तोष शील इत्यादिक इनदूनों को स्वरूप शोधै कौन परिपक्व है कौन अपक्वहै जो परिपक्वहोइ तामें चित्तलगावै अरु जो अपक्वहोइ ताको किसी योग करिकै मिटाइडारै अरु काल जो है सो सर्प है सबकोडसै है तहांअपनीबुद्धि को नेउररूपकरै जब नेउरको सर्पकाटैहै तब नेउर भी सर्प को काटिडारतु है अरु नेउर जो है सो कोईबूटी सूंघिलेतु है सर्पको विष नहीं व्यापत है वह सर्पको खण्डखण्ड करिडारतु है तैसे गुरुमन्त्र बूटी ते कालको विषय निवृत्तकरै जेते विषयभाव हैं तेतेसर्ब अभावकरिदेइ ताको व्यतिरेक वैराग्यकही पुनि इकइन्द्री जो मनमें विषय भोग की इच्छाहोइ तो विषयकोही अनित्य जानिकै अरु अपनेधर्म को बाधक जानिकै बाह्य इन्द्रिन संयुक्त मनको विचारकरिकै रोंकि देइ अरु इन्द्रिनसंयुक्त चतुष्ठ अन्तष्करण के अभिमान को त्यागकरै अरु सर्व इन्द्रिनमें व्याप्त श्रीरामचन्द्र को देखै जैसे एकघट में अनेक छिद्र हैं ताघट के भीतर दीपक बारि देइ दीपक सब छिद्रन को प्रकाश करतु है तैसे श्रीरामचन्द्र सबको प्रकाश किये हैं यह अचल दृष्टि होइ ताको यकेन्द्री बैराग्यकही पुनि बशीकार नरलोक विषय भोग्य देवलोकविषयभोग्य नागलोक विषयभोग्य तीनिहूं लोकनकी विषय महा रोगसम अरु नाशमान जानि कै ताको स्वरूपही त्यागकरै ताको बशीकार बैराग्यकही पुनि बैराग्य में चारिभेद हैं मन्द तीब्र तीब्रतर तीब्रतम मृतक को देखिकै किन्तु कोई योगते विषय नष्टहोइ गयो है अथवा गृह के लोगन अपने को त्यागि दियो है तब आपुको धिक् मानिकै बैराग्य आई है ताको मन्दबैराग्य कही पुनि तीब्र श्रुतिस्मृति पुराणइत्यादिक श्रवण करिकै संसारको अनित्य जानिकै सुत दारा धन धाम इत्यादिक दियो है ईश्वरके भजन की लालसा उठी है जो कुछ प्राप्तिहोइ ताहूको अभाव अरु प्राप्ति में बासना नास्ति मुमुक्षु रूप है ताको तीब्र बैराग्यकही तीब्रतर जाको अपनी देहते बैराग्य है शीतउष्णदुःखसुख मानापमान इत्यादिकनकी शरीर में चेष्टानहीं आवै अरु किसी के

**विभाग कहहिंभक्तिभगवंतकी संयुतज्ञानबिराग ९ चौ० यहिप्रकारभरिमाघनहाहीं पुनिसबनिजनिजआश्रमजाहीं १० प्रतिसंवत**

गुण अवगुण दृष्टि में न आवैं अरु चौदह भुवन तीनि लोकको विषयमनते भूलिजाइ अर्त्थ धर्म काम इनकी गन्धि दूरि ह्वैगई है जीवन्मुक्त हैं केवल मोक्षदशामें आरूढ़ है समविषमते परे हैं सर्बत्र ब्रह्मदृष्टि है ताकोतीब्रतरबैराग्यकही पुनि तीब्रतम जोई तीब्रतर के लक्षण हैं सो लक्षण तो साधारणै हैं पर जिनके मोक्षहूको त्यागहै अरु जिनके नित्यानित्यको अभाव है अरु श्रीरामचन्द्र के स्वरूप बिरहमेंप्रेमा पराभक्तिमें एक रस आरूढ़ हैं जिनकी दशा अलक्षि है ताको तीब्रतम बैराग्यकही यहदोहा सातहूकाण्डके अर्थको सूचितकरतु है ताते अमित अर्थहैं मैंने अपनी मति अनुसार कहा मकर के समय में सब मुनि प्रयाग को जाहिंभरद्वाज के आश्रम में आसन करहिं प्रातःकाल समस्त क्रिया करिकै सत्सङ्गहोइ तहां ब्रह्मनिरूपण अरु सम्पूर्ण धर्मकै बिधिकरहिं पुनि सांख्यबर्णन करहिं भगवन्त की भक्ति अरु ज्ञानबैराग्य कहहिं येहीप्रकारते मासभरि सत्सङ्गहोइ ( ९ ) येही प्रकार ते माघभरि स्नान करहिं पुनि निज निज आश्रम को जाहिं ( १० ) ऐसेही प्रतिसम्बत् आनन्दहोइ पुनि अपने अपने आश्रमको जाहिं ( ११ ) एकबार कल्पबास करिकै सब मुनिनिज निज आश्रमकोगये ( १२ ) तहां याज्ञबल्क्य महामुनीश परमबिबेकी तिनको भरद्वाज चरणगहिकै राखतेभये ( १३ ) चरण धोइकै सुन्दर आसनदियो ( १४ ) षोड़श प्रकार पूजन करिकै स्तुतिकीन पुनि भरद्वाजदोऊ करजोरिकै मृदुबाणी बोलतेभये ( १५ ) हे नाथ सम्पूर्णवेदकैतत्त्व तुम्हारे करतलहै अरु मेरे एक बड़ी संशय है ( १६ ) सो कहिकै बड़ीलाज लागती है काहेते सबकोई कहैंगे कि भरद्वाज के संशय अबहीं बनी है अरु जो लोकलाजकरिकै नहींपूछौं तौ परमअकाजहै ( १७ ) दोहार्थ॥ अरु सन्तजन श्रुति स्मृति पुराणइत्यादिक कहते हैं कि जो सत्‌गुरुनते नेकहूदुराउ करै तो बिमलबिवेकको नहींप्राप्तिहोइ ( १८ ) हे नाथ

**असहोइअनन्दा मकरमज्जिगवनहिंमुनिवृन्दा ११ एकबारभरिमकरनहाये सबमुनीशआश्रमनसिधाये १२ याज्ञवल्क्यमुनि परमविवेकी भरद्वाजराखेपदछेकी १३ सादरचरणसरोजपखारे अतिपुनीतआसनबैठारे १४ करिपूजामुनिमुयशबखानी बोले अतिपुनीतमृदुबानी १५ नाथ एक संशयबड़िमोरे करतलवेदतत्त्वसबतोरे १६ कहतसोमोहिंलागतिअतिलाजा जोनकहौं बड़ होइअकाजा १७॥दो०॥ संत कहैंअसनीतिप्रभुश्रुतिपुराणअसगाव होइनविमलबिबेकउरगुरुसनकिहेदुराव १८॥ चौ० ॥ असबिचारिप्रकट्योनिजमोहू हरहुनाथकरजनपरछोहू १९ रामनामकरअमितप्रभावा सन्तपुराणउपनिषधगावा २० सन्ततजपत शम्भुअबिनाशी शिवभगवानज्ञानगुणराशी २१ आकरचारिजीवजगअहहीं काशीमरतपरमपदलहहीं २२ सोपिराममहिमा**

ऐसे बिचारिकै अपनोमोह प्रकटकरतहौं मोरेऊपर छोहकरिकै मोहकोनाशकरहु ( १९ ) हे नाथ रामनामकोप्रभाव अमित है जाके प्रभाव को सन्तजनपुराण उपनिषदगावते हैं पर पारनहीपावैं ( २० ) अरु शिवजी निरन्तरजपते हैं यामेंएक लवमात्र अन्तरनहींपरै जो कही कि शिवजी अपने जन्ममरणके छुटाइबेकोजपते हैं किन्तु महत् ऐश्वर्य्यके हेतुजपते हैं किन्तु ज्ञानगुणकेहेतु जपते हैं सो नही है काहेते शिवजी सदा अबिनाशी हैं भगवान् हैं ज्ञानगुणकी राशि हैं ईश्वर हैं तिनको इष्ट रामनामही है अरु महादेव के समान तो कोई हई नहीं है अधिक कहांतेहोइगो अरु तिन महादेवको इष्ट रामनाम है ताते निरंतर जपते हैं ( २१ ) चारिखानि ते अनेक जीवते हैं काशीमेंजेमरते हैं ते परमपदको प्राप्तहोते हैं ( २२ ) सो शिवजी रामनाम उपदेश करते हैं तातेमोक्षहोते हैं सो रामनामही की महिमा है ( २३ ) भरद्वाज पूछते हैं हे महामुनीश श्रीयाज्ञबल्क्यजी प्रभुकहे सामर्त्थ हैं मैं पूंछतहौं आपुकोशिष्यह्वैकै मेरी अज्ञानताको अपराध क्षमाकरब हे नाथ जेहि रामनाम को महेशजपते हैं सो राम को स्वरूप अखंड एकरस कौन है तुमकृपाकेनिधानहौ नीकीप्रकारते यथार्त्थमोंसे समुझाइके कहौ ( २४ ) यह संदेह है कि कोई मुनि श्रुति स्मृतिको प्रमाणदैकै कहते हैं कि रामचन्द्र सर्ब्बमेंरमिरह्योहै मन बचन कर्म अगोचर अरूप अनुभवगम्य कही प्राप्त ज्ञानस्वरूप कैवल्यरूप निर्बिकार सूक्ष्मतर है सर्बमें रमिरह्यो है ताको रामकहीअरु मैं श्रुति स्मृति बिचारिकै अरु जहां

तहां सुनिकै एकस्वरूप श्रीरामचन्द्र को जानतहौं अखंड एकरस अवधेश जो श्रीदशरथ महाराज तिनकेकुमार भक्तानुग्रहार्त्थ तिनको चरित निर्मल अमित सो ब्रह्मांड के बाह्यांतर पूर्ण बिदित ह्वैरह्यो है ( २५ ) ऐसे परब्रह्म परमात्मा श्रीरामचन्द्रजी तहां यह आश्चर्य्य देखिबे सुनिबेमें आयो कि नारिनके बिरह करिकै आपु

मुनिराया शिवउपदेशकरतकरिदाया २३ रामकवनप्रभुपूंछौंतोहीं कहहुबुझाइकृपानिधिमोहीं २४ एकरामअवधेशकुमारा तिनकरचरितविदितसंसारा २५ नारिविरहदुखलहेउअपारा भयउरोषरणरावणमारा २६ दो०॥ प्रभुसोइरामकिअपरकोउजाहि जपतत्रिपुरारिस त्यधामसर्ब्बज्ञतुमकहहु-बिबेकविचारि २७ चौ०॥ जैसे मिटैमोहभ्रमभारीकहहुसोकथानाथविस्तारी २८ याज्ञवल्क्य

दुःखको प्राप्तिभये हैं पुनि आश्चर्य देखै हैं कि रावण त्रैलोक्य विजयी ताको संग्राम में रोषकरिकै नाशकरि दियो तहां यह संशय है कि परब्रह्म बिषे दुःख अरु क्रोध कैसे संभवै हैं ( २६ ) ॥दोहार्थ॥ हे प्रभुसोई रामचन्द्र हैं जिनको महेश जपते हैं किंतु अपररामहैं तुम सत्यके धामहौ पुनि सर्बज्ञहौ अरु यथार्त्थबक्ता आपुहौ ताते बिबेक करिकै बिचारिकै कहौ कौनराम हैं ( २७ ) हे नाथ यहबड़ी संशय है सिद्धांतबिषे श्रीरामजीको कौन स्वरूप है निर्गुण निराकाररूप है किंतु सगुण साकार स्वरूप है कौनस्वरूपमें हम निश्चय करैं तातेजेहि प्रकारते मोहमिटै सो बिस्तारपूर्वककथा कहहु ( २८ ) तहां गुसाईं तुलसी दासजी कहते हैं कि भरद्वाज को प्रश्नपरमबिचित्र परम तत्त्व को प्रत्यक्ष करनहारो ऐसो शुभ प्रश्न सुनिकै श्रीयाज्ञवल्क्यजी अतिहर्ष संयुक्त बिहंसिकै बोलतेभये हे भरद्वाज तुमधन्यहौ तुम्हारी आश्चर्य्य बुद्धि है तुम्हारे प्रश्न में जो वेद में गुह्यादगुह्य गुह्यतम परमतत्त्व है सो आपुही ते प्रत्यक्ष होइगो हे भरद्वाज मोको तौ ऐसो समुझि परतु है कि तुमको रघुपति की प्रभुतानीकी प्रकारते बिदित है रघुपति कही जेते रघुबंशकुलमें उत्पन्नभये हैं अरु हैं अरु होहिंगे तिन सबको बिनाश्रमही परम पदको अधिकार दियो है ताते श्रीराम चन्द्र को रघुपति कही पुनि रघुसंज्ञा जीवकी है अरु सर्ब्ब जीवकेपति श्रीरामचन्द्र हैं ताते रघुपतिकही तिन रघुपतिकै महिमा हे भरद्वाज तुमको बिदित है किंतु लीला प्रकरणमें रघुबंश कुलमेंश्रेष्ठ ताते रघुपतिकही ( २९ ) हे भरद्वाज तुम मन वचन कर्म्मसे श्रीराम भक्तहौ तुम्हारी चतुराई मैं अच्छी तरह जानी है ( ३० ) श्रीराम चन्द्रके गूढ़ गुण सुनाचाहत हौ अरु प्रश्न मूढ़की नाईं किहेउ है सो एसेही चाहिये ( ३१ ) हे तात मनको सावधान करिकै सादरते सुनहु श्रीरामतत्त्व अति गूढ़ है अब श्रीराम कथा शोभायमान मैं कहत हौं ( ३२ ) महामोह महिषासुर दानवको ईश है ताकेनाश करिबे को रामकथा कालिका भवानीतद्वत् है ( ३३ ) पुनि श्रीरामचन्द्र बिमल पूर्णचन्द्र हैं अरु रामकथा अमृतमय घनकिरणि है संतन को चित्तचकोर

बोलेमुसुकाई तुमहिंबिदितरघुपतिप्रभुताई २९ रामभक्ततुममनक्रमबानी चतुराईतुम्हारिमैंजानी ३० चाहहुसुनारामगुणगूढ़ा कीन्हेउप्रश्नमनहुंअतिमूढ़ा ३१ तातसुनहुसादर मनलाई कहौंरामकैकथासुहाई ३२ महामोहमहिषेशविशाला रामकथाकालिकालकराला ३३ रामकथाशशिकिरणिसमाना सन्तचकोरकरहिंजेहिपाना ३४ ऐसेहिसंशयकीनभवानी महादेवतबकहाब

ताको पान करते हैं हे तात श्रुति स्मृति इत्यादिक अरु श्रीमद्रामायणशतकोटि अपर है सो प्रतिपादकहै अरु दशरथनन्दन श्रीरामचन्द्र प्रतिपाद्य हैं प्रतिपादक प्रतिपाद्य ताकोअर्त्थ समस्तग्रन्थ श्रुतिस्मृति पुराण श्रीमद्रामायण इत्यादिक श्रीरामहीको गावते हैं हेभरद्वाज अबचारि अनुबन्ध कहते हैं सो सुनो जबचारि अनुबंध सद्गुरुन ते प्राप्तहोइ तब श्रीरामचरित श्रीरामतत्त्व प्राप्तहोत है सो कहते हैं प्रथम अधिकारी पुनि विषय पुनि सम्बन्ध पुनि प्रयोजन अब इनके स्वरूप कहते हैं जब बैराग्य बिवेक अरु षड़सम्पति संयुक्त होइ ताको बिशेष अधिकारी कही बैराग्य सोतौ पाछेके दोहा मे कहिआये हैं पुनि बिबेक कहते हैं समुझिकैस्वधर्मको ग्रहण परधर्म्म को त्याग पुनि आत्मा अनात्मा दोऊ मिलि रहे हैं जैसे जल अरु दूध जैसे हंस दूधको ग्रहणकरत है जल को त्यागकरत है तैसेही राम सम्बन्ध पदार्त्थ ताको ग्रहण संसारसम्बन्धकोत्याग

जामें अचल दृढ़ बुद्धिरहै ताको विवेक कही पुनि षट्सम्पति कहते हैं शमदम उपरति तितीक्षा श्रद्धा समाधान शमकही अन्तष्करण चित्त बुद्धि मन अहंकार इनकी वृत्ति को बेगएकरस थिरह्वैजाइ सो शमकही पुनि पांचज्ञान इन्द्री पांचकर्म्मइन्द्री इनके विषय को दमनकरै जीतिलेइ सो दम पुनि अन्तर्बाह्य इन्द्रिनको बेग एकरस थिरह्वैजाहि सो उपरति पुनि दुखसुख निन्दा स्तुति मानापमान हर्ष शोक इत्यादिक अनेक द्वन्द धर्म्मके प्राप्ति होतसन्ते हँसिकै एकरसरहै सो तितीक्षा पुनि अपने इष्ट अनुकूलवेदबाक्य गुरुबाक्य में प्रतीति सो श्रद्धा पुनि अपनेस्वरूप ते श्रीरामस्वरूप में चिंतवन चित्तकै बृत्ति डिगैनहीं सो समाधान येती षट्सम्पति पुनिषट्सम्पति षट्शरणागत को कहते हैं श्रीरामचन्द्र के अनुकूल जो साधन होइ तामें संकल्पकरै कि मैं यहै करौंगो पुनि राम प्रतिकूल जो कर्म्मधर्महोइ ताको विशेष त्याग करै पुनि मनबचनकर्म आत्मसमर्प्पण करै पुनि कार्पण्य हे श्रीरामचन्द्र मोसे कछुनहींबनै मैं बड़ोनीचहौं पुनि गोप्तृत्वबर्णनदेखिये तोजो वेदने गुप्तराखेउ है नहीं कह्यो सो श्रीरामचन्द्र कीन्ह्यो है संसार ते उबारि लीन्हो है शबरी के फल जूठेखाये माता की समानमान्यो निषाद और बानर भालुन को परमसखा कीन मंत्रीकीन निज स्वरूप मुक्तिदीन पाषाणकी नावकीन श्रीरामचन्द्र कै कृपा करुणा दयासमुझै पुनि रक्षामें बिश्वास जिन श्रीरामचन्द्र लोक परलोकहू में रक्षा कीन है बिभीषण सुग्रीव गज द्रौपदी इत्यादिक अनेकन कै रक्षाकीन है सो मेरी रक्षाकरहिंगे यह अचल विश्वास करना इति षट्शरणागत हैं इनसबनकरिकै युक्तहोइ सो अधिकारी कही जब ऐसो अधिकारी होइ तब विषयको प्राप्तहोइ विषयकही श्रुति स्मृति शास्त्र पुराण श्रीमद्रामायण समस्त ग्रन्थन की विषय श्रीरामचन्द्र हैं जब विषयको अच्छीतरहजानै तब सम्बन्ध को प्राप्तहोइ सम्बन्धकही जीवते अरु परमेश्वर ते सजातीय सम्बन्ध है अंशअंशी सम्बन्ध है धर्म्मधर्म्मी सम्बन्ध है प्रकाशप्रकाशी सम्बन्ध है भोक्ता साक्षी सम्बन्ध है दीनदयालुसम्बन्ध है पुत्र पिता सम्बन्ध है सेवक स्वामी सम्बन्ध है राजा प्रजासम्बन्ध है रूपरूपी सम्बन्ध है सख्यसखा सम्बन्ध है पत्नीपति सम्बन्ध है इत्यादिक सम्बन्ध है सब अनादि हैं ताको जानै गुरूकीबाक्य ते पुनि प्रयोजनकही जीवकोप्रयोजन सांचो श्रीरामचन्द्र कै भक्तिकरै चारिहूफलते निष्कामह्वैकै सो भक्ति पीछे के दोहा में कहे हैं जो चारिउ अनुबन्ध जानै सो रामभक्ति पहिंचानै अधिकारी विषयसम्बन्ध प्रयोजन तब बुद्धि निष्काम मुमुक्षूभक्त होइ याज्ञबल्क्य कहते हैं हे भरद्वाज चारिहू अनुबन्ध तुम्हारे करतल हैं तुम जीवन्मुक्त भक्त हौ श्रीरामचन्द्र के यह चारिउ अनुबन्ध भरद्वाजजी से याज्ञबल्क्यजी ने यहिचौपाई में आशयजनाये हैं॥चौपाई॥ रामभक्ततुममनक्रमबानी चतुराईतुम्हारिमैं जानी ( ३४ ) याज्ञबल्क्य कहते हैं हे भरद्वाज अब जो प्रश्न तुमकीन है तैसेही संशय पार्बती कीनरहै तबमहादेव विस्तार कथाकहिकै संदेह खण्डनकरिदीन है ( ३५ ) दोहार्थ॥सो अपनी मतिअनुसार शिव पार्बतीको सम्बाद जौनेसमय जेहिहेतु भयो है सो कहत हौं जो सुनिकै सम्पूर्ण बिषाद मिटिजाइ पर कछुक सूचनिकामें प्रथमकहिकै तब सम्बाद कहौंगो हे तात श्रीरामचन्द्र कै द्वैस्वरूप हैं एक अबिग्रहमान है अरु एक विग्रहमान है दृष्टान्त जैसे सूर्य्य अरु सूर्य्य के सघनप्रकाश पुनि मणि मणिको प्रकाश सूर्य्य मणिस्थानसाकारस्वरूप रामप्रकाशस्थान निराकाररूपराम दोऊस्वरूप एकही हैं अखण्ड हैं यह श्रुति स्मृति उपनिषद पुराण समस्त मुनिन को परमसिद्धांत है अरु कोई कहते हैं कि साकारस्वरूप परमेश्वर मायिक बिग्रह हैं तहां वेद कै तत्त्व सत्सङ्गकै तत्त्व महामुनीशन को मत उनको नहीं प्राप्त भयो अरु महादेव रामनामही जपते हैं सो साकार स्वरूप राम जिनके

खानी ३५ दो० कहौंस्वमतिअनुहारिअब उमाशम्भुसम्बाद भयउसमयजेहिहेतुअब सुनुमुनिमिटैविषाद ॥३६॥

एकबारत्रेतायुगमाहीं शम्भुगयेकुम्भजऋषिपाहीं १ सङ्गसतीजगजननिभवानी पूजेऋषिअखिलेश्वरजानी २ रामकथामुनि

रूपकी छटा कोटिन सूर्य्य कोटिनशशि कोटिनकाम लज्जितहोतेहैं जिनको दशरथनन्दन कही अरु जिनके अंश ते ब्रह्मा विष्णु महेश बिराट हैं हे भरद्वाज अब उमा महेशको सम्बादसुनो ( ३६ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वन्सने बालकाण्डे श्रीयाज्ञबल्क्यभरद्वाजसम्बादे चतुर्दशस्तरंगः ॥१४॥ :: ::

दोहा ॥ रामचरणरसपांचमें शिवअगस्त्यमिलिप्रेम सतीमोहमायालख्यो लषणरामसियक्षेम १५ हे भरद्वाजजी एकसमय त्रेतायुग के चौथे चरण में महादेवजी महामुनि जो अगस्त्य हैं तिनके आश्रम को जातेभये ( १ ) सङ्गमें जगत् की माता सतीजी हैं महादेवको सब के ईश्वर जानिकै अगस्त्यजीने पूजनकिये ( २ ) शिवजीकी आज्ञाते अगस्त्यजीश्रीमद्रामचरित नीकीप्रकारकहतेभये परमसुख मानिकै महादेवसुनते भये ( ३ ) पुनि ऋषि रामभक्ति पूछतेभये तहां चारिउ अनुबन्ध जिनके हस्तामलकहैं पुनि रामतत्त्व रामउपासनाताके परम अधिकारी जानिकै महादेव श्रीरामभक्ति नीकी प्रकार कहते भये तातेबिनाअधिकारी श्रीरामतत्त्व नहीं कही कबहूं ( ४ ) श्रीरघुपति गुणगाथ परस्पर कहते सुनते कछुकाल रहते भये ( ५ ) पुनि मुनिसन बिदा मांगिकरि दक्षकुमारि संगचलते भये कैलाशको ( ६ ) तेही काल में श्रीरघुबंशमणि अवतीर्ण भये हरि क्यों कहे महिको भार हरहिंगे ताते हरि कहेउ ( ७ ) श्रीदशरथ महाराज के वचन के मिसु करिकै दण्डकारण्य में अपनी लीला अबिनाशी करते हैं ( ८ ) दोहार्त्थ॥ महादेव अपने हृदय में विचार करते चले जाते हैं कि श्रीरामचन्द्र गुप्तरूप श्रीअयोध्या में अवतीर्ण ह्वैकै अरु गुप्तै लीला आरण्य में करते हैं याते हमारोप्रभाव कोई न जानै अरु मेरेदर्शनकी वड़ीलालसा है जो यहिकालमें मैं जाइकै प्रत्यक्षदर्शन करौं तो देवता मुनि

वर्ण्यबखानी सुनीमहेशपरमसुखमानी ३ ऋषिपूछीहरिभक्तिसोहाई कहीशम्भुअधिकारीपाई ४ कहतसुनतरघुपतिगुण गाथा कछुदिनतहांरहेगिरिनाथा ५ मुनिसनबिदामांगित्रिपुरारी चलेभवनसँगदक्षकुमारी॥६॥ तेहिअवसरभंजनमहिभारा हरि रघुबंशलीनअवतारा ७ पिताबचनतजिराज्यउदासी दण्डकबनबिचरतअविनाशी॥८॥ दो०॥ हृदयविचारतजातहर केहिविधिदर्शनहोई। गुप्तरूपअवतरेउप्रभुगयेजानसबकोइ ९ सो०॥ शङ्करउरअतिक्षोभसतीनजानैमर्म्मसो। तुलसीदरशनलोभमन डरलोचनलालची १० रावणमरणमनुजकरयांचा। प्रभुविधिवचनकीनचहसांचा ११ जोनहिंजाउंरहैपछितावा करतविचारनबनतब

इत्यादिक सब जानिजाहिंगे अरु श्रीरामचन्द्रको संकोच होइगो किन्तु यह विचारिकै श्री अयोध्या में दर्शनकैइच्छा करते हैं यह सामान्य अर्थ है ( ९ ) ॥दोहार्त्थ॥ हे भरद्वाज न तौ महादेवसे जातबनै न विनादर्शनसन्तोषहोइ यह द्वन्द्वविचारताहीको क्षोभकही तहां शङ्करके मनमें क्षोभ भयो सो मर्म्मसती नहीं जानैं अरु शिवकोमन जात सन्ते डरत है अरुदर्शनहेतु लोचन ललचाइरहे हैं ( १० ) हे भरद्वाज कोई कालमें रावण वड़ो तपकीन तब ब्रह्माबोलतेभये कि बरमांगु तब रावण कहा कि बानरनरछोड़िकै अपर किसूकेमारे हमनहीं मरैं ताते परमात्मा परब्रह्म श्री रामचन्द्रजी ब्रह्माका वचन सत्यकरिबेको अरु रावण के बधहेतु नरलीलाकरते हैं ( ११ ) तहां यहै समुझिकै महादेव अपने मनमें कहते हैं कि जो न जाउं दर्शनको तो पश्चात्ताप बनोरहैगो काहेते कि श्रीरामचन्द्र बनमें भलेएकांत हैं अरु बहुतदूरि नहीं हैं एसेही मनमें संकल्प विकल्प होत है कछुविचार में नहीं आवैहै ( १२ ) ऐसेही ईश जो महादेव सो शोचसंयुक्त चलेजाते हैं अरु तेहीसमय में श्रीराम इच्छाते दशशीश जो रावण है सो मारीचको संगलैकै पंचवटी को जातभयो ( १३ ) तहां मारीचकंचनमृग भयो तेहिके बधबेको श्रीरामचन्द्र जाते भये पुनि पीछे श्रीलक्ष्मणजी जातेभये ( १४ ) तहां रावण प्रभुकी लीलाको प्रभाव नहींजान्योहै रावण जो है मूढ़ सो छलकरिकै छलकृत रूपजो हैं वैदेहीं तिनको हरतभयो कैसे जानिये छलीको छलैरूप जानकीजी प्राप्तह्वैकै कृतार्त्थ करती हैं अरु सांचेको सांचहीगति सों प्राप्तहोती हैं जो कोईकहै कि साक्षात् सीतालंका को गई हैं मायाकी सीता नहींगई काहेते जो मायाकी सीतालंका को गई हैं तौ माया के रामचन्द्रहू लंका को गये हैं तौ समस्त लीला मायिकभयो असत्यभयो तहां उसको प्रत्युत्तर देते हैं देखिये तौ रावण इतनो अधिकारी नहीं है जहांसाक्षात् सीताजी जाहिं

नावा १२ यहिविधिभयेशोचबशईशा तेहीसमयजाइदशशीशा १३ लीन्हनीचमारीचहिसङ्गभयउतुरतसोकपटकुरङ्ग १४ करि छलमूढ़हरीवैदेही प्रभुप्रभावतसविदितनतेही १५ मृबगधिबंधुसहितप्रभुआये आश्रमदेखिनयनजलछाये १६ बिरहबिकल

किंतु साक्षात् सीता को रावण लैजाइ सो ऐसो होत ही नहीं काहेते कि जो जैसो अधिकारी होत है ताको तैसीही भगवत् कृपाहोती है तहां रावण जो है सो केवल अपनी मुक्तिहेतु बिरोधाभावकरिकै सीताजीको लै गयो है ताते श्रीरामचन्द्र जी की आज्ञा ते श्रीसीताजी अपनी एकशक्ति मायारूपी ताको अपनी सदृश स्वरूपकरिकै ताही ते लक्ष्मणजी को छलबचन कहिकै पुनि लंकाको जातभई कृपाकरिकै रावणकी मुक्तिहेतु काहेते जे जीवकैसहू परमेश्वरको जानैहै राधे वा बिरोधे तिनको परमेश्वर थोरही में कृपाकरिकै कृतार्थ करिदेते हैं ताते रावण के अधिकार योग्य श्री वैदेहीको एकअंशभूत लंकाको प्राप्ति भई है पुनि अपने मनमें बिचार तौ करौ जो सीताजी साक्षात् लंकाकोजातीं तो सीतासंयुक्त सतीको दर्शन कैसे हो तो तातेसीता रामकबहूं पलमात्र अभिन्न नहीं होते हैं अरु साक्षात् सीताजीको स्वरूप ताके अधिकारी श्रीजनक ऐसे हैं अरु श्री रामचन्द्र अपने अंग में सीताजीको अगोचर किहे हैं अग्नि के मिसुकरिकै तब लंकाकोगये हैं कैसे जानिये साक्षात् स्वरूप को दर्शनपाके अधिकारी बिभीषण हैं कब जानिये जब लंकाजीतिभये तब श्रीसीताजी अग्निप्रवेशकीन तब अग्नि मूर्त्तिमान् प्रत्यक्ष ह्वैकै श्रीसीताजी को गोदमेंलिहे बोलतेभये हे श्रीरामचन्द्र जी हम आपुके आज्ञानुकूल सदा निकटही रहते हैं आपु दण्डकारण्य में सीताजी की सेवकाई को मोकोसौंपेहौ अपनेलीलाहेतु सो लीला आप करतभये अब श्रीजानकीजी के चरणके पीछे में आपुके समीपठाढ़ो हौं जैसीआज्ञाहोइ सो करौं तब श्रीरामचन्द्र बिहंसे अतिप्रसन्नभये तब श्रीरामचन्द्र के बामांगमें श्रीजानकी जीको स्थापिकै युगुलस्वरूप हृदय में धरिकै पावक अन्तर्ध्यानभयो तब बिभीषण इत्यादिक को साक्षात् सीताजीको दर्शनभयो है यह प्रसिद्ध है बाल्मीकि में लंकाकाण्ड में अग्निप्रवेश प्रसंगमें भूषण तिलक में देखिलेव अरु नाटकमें अध्यात्म तुलसीकृत में प्रसिद्ध कहे हैं ( १५ ) हे भरद्वाज जब रावणनमस्कार करिकै श्रीजानकीजी को लैगयो तब श्रीरामचन्द्र मारीच मृगरूप ताको बधिकै सहित लक्ष्मण आश्रमको आवतेभये तहां श्रीजानकीजीको नहींदेख्यो ( १६ ) तब श्रीरामचन्द्र अपने कौतुकते श्रीजान-

नरइवरघुराई खोजतबिपिनफिरतदोउभाई १७ कबहुंकयोगवियोगनजाके देखाप्रगटदुसहदुखताके ( १८ )॥ दो० अतिविचित्र रघुपतिचरितजानहिंपरमसुजान तेमतिमन्दविमोहबशहृदयधरहिंकछुआन १९ शम्भुसमयतेहिरामहिंदेखा उपजाहियअति

कीजी के बिरहकरिकै प्राकृतइव लीलाकरनेलगे नेत्रन में जलभरिकै सम्पूर्ण जीवन से पूछते हैं हे तरुलतहु तुम श्रीजानकी जी को देख्यो है शीघ्र कहो हे मृग मृगिहु तुम श्रीजानकी जी को देख्यो है शीघ्रबोलो हेबिहंग बिहंगिनिहुं तुम श्रीजानकीजी को देख्यो है हेदीर्घ लघुपर्वतहु तुम श्रीजनकनन्दनीजी को देख्यो है हे पृथ्वी तुम श्रीजनकनन्दनीजी को शीघ्रबताइदेहु हे नंद नंदिहु तुम श्रीमैथिलीजीको देख्यो है हेतलाव तलावहु तुम श्रीवैदेहीजीको देख्यो है हे सम्पूर्ण बनस्पतिहु तुम श्रीजनकलाड़िलीजी को देख्यो है हे वनकेदेव देविहु तुम श्रीभूमिजाजी को देख्यो है हे दशहुदिशा के देवतहु सहित शक्तिनतुम प्राणप्रियाको देख्यो है हे भरद्वाज ऐसे ही श्रीरामचन्द्रजी जानकीजी के बिरहमें मग्न होते हैं पुनि बूझते चलेजाते हैं मर्यादा को आवान्तरकिहे बिरह करते हैं ( १७ ) देखिये तौ जिन श्रीरामचन्द्रके न तौ योग न बियोग सर्बकाल एकरस सच्चिदानन्दघन मूर्त्ति ते श्रीरामचन्द्र प्रत्यक्ष दुखकरते हैं तिनके चरित को जानै है केवल भक्तानुग्रहार्त्थ तहां रघुनाथजी बिरह करते हैं लक्ष्मणजी नहीं बोलते हैं ( १८ ) दोहार्त्थ॥ हे भरद्वाज श्रीरघुपति के चरित अतिबिचित्र हैं कोई नहीं जानिसकै जे परमसुजान सन्त श्रीरामचन्द्र के कृपापात्र हैं दैवीबुद्धि हैं ते जानतेहैं श्रीरामचरित चित्रबिचित्र तामेंआनन्दपावते हैं यह समुझिकै कि श्रीरामचन्द्र यह दिखावते हैं कि जैसे मैं श्रीजानकीजी के मिलबेको बिकलहौं तैसे मेरेभक्त मेरेमिलबेको बिकल होंहि यह शिक्षाकरते हैं अरु जिन जीवन कै आसुरी बुद्धि है ते यह समुझते हैं कि रामचन्द्र परमात्मा परब्रह्म जो होते तौ जानकीजीको क्योंढूंढ़ते फिरते ( १९ ) हे भरद्वाज जेहिसमय में श्रीरामचन्द्र लीलाकरते हैं तेहीसमय में शिवजी सतीसंयुक्त चलेजाते रहे तहां श्रीरामचन्द्रको देखत भये अतिहर्ष को प्राप्तभये हैं ( २० ) श्रीरामछबि समुद्र लोचनभरि निहारिकै महादेव छकिरहे हैं कुसमयजानिकै पहिचान नहींकियो है ( २१ ) जयसच्चिदान्द जगपावन जिन श्रीरामचन्द्र को लीला सम्पूर्ण जगत् को पबित्र करती यह कहिकै नमस्कारकरि मनोज नशावनचले मनोजनशावन क्यों कहे शिवजी सदा कामजीते हैं अथवा आगे कामको नाश

**हर्षविशेषा २० भरिलोचनछविसिन्धुनिहारीकुसमयजानिनकीन्हचिन्हारी २१ जयसच्चिदानन्दजगपावन असकहिचलेउमनोज नशावन २२ चलेजातशिवसतीसमेता पुनिपुनिपुलकितकृपानिकेता २३ सतीसुदशाशम्भुकैदेखी उरउपजासन्देहविशेषी २४ शङ्कर जगतवंद्यजगदीशा सुरनरमुनिसबनावहिंशीशा २५ तेनृपसुतहिकीन्हपरणामा कहिसच्चिदानन्दपरधामा २६ भयेमगनछविता**

करहिंगे ( २२ ) सतीसमेत शिवचलेजात सन्ते पुनः पुनः पुलकत गद्‌गदप्रेमभरे कृपानिकेत शिवजी को इहां क्यों कहा श्रीरामस्वरूप द्विभुज परात्पर सच्चिदानन्द बिग्रह जो अगस्त्य जी के इहां सत्संगभयो है सो परमतत्त्व सतीजीको अच्छी प्रकार नहीं प्राप्तभयो अब यह प्रसंग के द्वारहैके महादेवकी कृपाते श्रीरामस्वरूप सतीको प्राप्तहोइगो कछु सती तनमें लक्षिहोइगो पुनि सम्पूर्ण दुसरेतन में प्राप्तहोइगो ताते कृपानिकेत कहा अथवा कृपाके निकेत श्रीरामचन्द्र तिनकोदेखिकै अंग अंग पुलकके संयुक्त चलेजाते हैं ( २३ ) शिवजी प्रेमतेभरे चलेजाते हैं डगमगात पगमगमें परते हैं कभी रस्ताछूटि जाती है कभी राहलेते हैं अश्रुपात होते हैं रोमांच खड़े हैं ऐसीदशा महादेव की सतीजी देखतीभई तब सती के मन में बिशेष सन्देह होतभयो ( २४ ) अपनेमन में यह बिचारकरती है कि शंकरको सम्पूर्ण जगत् बन्दनाकरत है काहेते जगत्के ईश हैं सुरनरमुनि सब शीशनावते हैं शंकरको ( २५ ) ते शंकर राजादशरथकेपुत्र तिनकोप्रणामकरतेभये पर सच्चिदानन्द परधाम कहिकै धामकहे स्वरूप पर यहीस्वरूप जो बनमें फिरते हैं ताही मूर्त्तिको सच्चिदानन्द परस्वरूपकह्यो यह बड़ोआश्चर्य्य है ( २६ ) अरु तिनकीछवि देखिकै मग्नह्वैगये हैं अरु अद्यापि तिनमें परमप्रीति रोंकीनहींरहे है ( २७ ) दोहार्थ॥ यहकैसो बिचारकरियेजो कहिये कि सच्चिदानन्द तौ ब्रह्मकोकही सो ब्रह्म कैसो है सर्वत्रव्याप्त है सर्ब ते भिन्न है बिरजहै रजकहे माया ते भिन्न है अरु अजन्मा है अरुनिर्गुण है अरु अकल है कलारहितहै अभेद है अद्वैतहै अरूपहै एकरस है सर्बमय है सर्ब ते भिन्न है ऐसो जो ब्रह्म है सो नरदेह काहेको धारैगो वामें कछुकारण कार्य्य नहीं है जाको वेदहूनहींजानै है सो ब्रह्म ये राजपुत्र नहीं है यह सतीजी निश्चयकियो है ( २८ ) पुनि सतीजी बिचारकरती हैं कि विष्णु सगुणरूप ईश्वर हैं तिनकोभी सच्चिदानन्द कहौ सोविष्णु देव- तनकेहेतु नरतनधरते हैं पर विष्णु तौ सर्वज्ञ हैं जैसे महादेवसर्बज्ञ हैं ( २९ ) विष्णु तौ ज्ञानकेधाम हैं श्रीपति हैं असुरारि हैं ते विष्णु अज्ञानकीनाईं

**सुबिलोकी अजहुं प्रीतिउररहतनरोकी २७॥ दो०॥ ब्रह्मजोब्यापकबिरजअजनिर्गुणअकलअभेद सोकिदेहधरिहोइनरजाहिनजानहिंवेद २८चौ०॥ विष्णुजोसुरहितनरतनुधारी सोउसर्ब्बज्ञयथात्रिपुरारी २९ खोजहिंसोकिअज्ञइवनारी ज्ञानधामश्रीपतिअसुरारी ३० शम्भुगिरापुनिमृषानहोई शिवसर्बज्ञजानसबकोई ३१ अससंशयमनभयउअपारा होइनहृदय प्रबोध प्रचारा ३२ यद्यपिप्रगट**

कैसे अपर्नाप्रिया को ढूंढ़ैंगे यह तौ नहीं सम्भव है ताते ये जो राजपुत्र हैं सो नतौ ये निर्गुण निराकारब्रह्म हैं अरु नतौ ये सगुण ईश्वर हैं जिनको विष्णुकही अरु बिराट्कही सोनहीं हैं यहसतीजी निश्चयकरती भई ( ३० ) पुनि बिचारकरती हैं कि ये जो राजपुत्र हैं तिनको महादेवने सच्चिदानन्द परधामकहिकै नमस्कार कियो है धामकही स्वरूप बिग्रह ये जो हैंराजतनय ते सच्चिदानन्द मूर्त्ति सो सर्बोपरियहकहिकै प्रणामकरिकै तिनकी छबिदेखिकै नमस्कार कियो है धामकही स्वरूप बिग्रह ये जो हैंराजतनय ते सच्चिदानन्द मूर्त्ति सो सर्बोपरियहकहिकै प्रणामकरिकै तिन की छबिदेखिकै परमानन्दमय मग्न हैं यह बड़ो आश्चर्य्य है अरु महादेव की बचन बृथानहीं है काहेते कि महादेव ईश्वर हैं सर्वज्ञ हैं त्रिकालज्ञ हैं यह सबै जानते हैं ( ३१ ) हे भरद्वाज सती के हृदय में यह सन्देह भरिरह्यो है कि ये जो दशरथकुमार हैं नतौ निर्गुण हैं न सगुण ईश्वर हैं अरु महादेव का बचन बृथानहीं है यहमनमें त्रिधासंशय अपारभई हृदय में प्रबोध को प्रचार नहींहोत है ( ३२ ) यद्यपि सती प्रकटनहींकियो है तदपि अन्तर्यामी

श्रीमहादेव सब जानिलियो है ( ३३ ) तब महादेवजीबोलेहेसतीजी तुम स्त्रीसुभाव से यह संशय करती हौ ऐसी संशय कबहूं मनहुं में न ल्याइये ( ३४ ) काहेते जिनकी कथा अगस्त्यजी ने महेश से कह्यो है पुनि जिनकी भक्ति मैं अगस्त्यजी से कह्यो है ( ३५ ) सोई मेरे इष्ट हैं जिनको रघुबीर कही दशरथकुमारकही सतीजी ये जो दशरथकुमार हैं जिनको इहै स्वरूपताही को ध्यावते हैं ब्रह्मा नारद सनकादिक शुक शेष अगस्त्य जनक बशिष्ठ बामदेव याज्ञबल्क्य ब्यास बाल्मीकि इत्यादिकबड़ेबड़े धीर मुनीश्वर जे हैं जिनने अच्छीप्रकार वेद कै तत्त्वजाने हैं ते समस्त इनहीं रामचन्द्र को ध्यावते हैं जिनको हमने नमस्कार कियो है ( ३६ ) छन्दार्त्थ ॥ मुनि धीर योगीश सिद्ध इत्यादिक अपनेमन को निर्मल करिकै ध्यावते हैं अरु निगमागम पुराण इत्यादिक जेहिकी कीर्त्तिनेतिनेति करिकै गावते हैं ( ३७ ) सो यही रामचन्द्र हैं धनुर्द्धर सबके परे हैं ईश्वर हैं सबते भिन्न हैं अरु येई श्रीरामचन्द्र सच्चिदानन्द घनतेज भूतनिर्मल एकरस ते सर्बत्र ब्याप्त हैं आकाश पवन पांचहूं तत्त्व तीनिहूं गुण

नकहेउभवानीहरअंतर्यामीसबजानी ३३ सुनहु सतीतवनारिसुभाऊसंशयअसनधरीउरकाऊ ३४ जासुकथाकुम्भजऋषिगाईभक्तिजासु मैंमुनिहिसुनाई ३५ सोइममइष्टदेवरघुवीरासेवहिंजाहिसदामुनिधीरा ३६ ॥छन्दगीतका॥ मुनिधीरयोगीसिद्धसन्ततविमलमनजेहि ध्यावहीं कहिनेतिनिगमपुराणआगमजासुकीरतिगावहीं ३७ सोइरामब्यापकबह्मभुवननिकायपतिमायाधनी अवतरेउअपनेभक्त

में जैसे कोई सुगन्धहैतामें आह्लादव्याप्त है जैसे रसमें स्वादव्याप्त है जैसे आकाश में शब्दब्याप्त है जैसे सूर्य्यकीकिरणि में जलब्याप्त है जो कोई कहै कि सूर्यकी किरणिमें जलबृथा है तहां बिचार करिकै कहौ देखो तोसूर्य्य अपनी किरणिकरिकै जलबृष्टि करते हैं सूर्य्यकै किरणि सूक्ष्म है तामें जलसूक्ष्मतर है जो सूक्ष्मजल न होतो तौ सूर्य्यकी किरणिते जलकीवृष्टि न होती ताते सूर्य्य की किरणि में सूक्ष्मजल सर्बकाल में है तैसे जीवके आवान्तर ब्रह्मब्याप्त है इत्यादि सूक्ष्म के दृष्टांत सूक्ष्म की ब्यापकता कहे हैं अरु जीवकी ब्यापकताकरिकै सर्व देहधारी जेते हैं ते सब दुख सुख के भोक्ता ह्वै रहे हैं अनित्यको दृष्टांत नित्य में देते हैं तहां दृष्टान्तकोतात्पर्यदैकै पदार्थ की लक्षिकरावते हैं जिज्ञासूके बोधहेतु शिवजी कहते हैं हे सतीजी तुम श्रीरामचन्द्रको ऐसेजानहु जैसे सूर्य्य अरु सूर्य्यकोएकघनस्तेज है अरु एकप्रकाश है तहां तेजमें प्रकाशमिलो है एकही ह्वै रह्यो है अरु घनस्तेज जो है ताहीतेज के सूत्रते प्रकाशहू तेजमान् है परसामान्यतेज प्रकाश में है अरु सब भुवनको प्रकाशकिहे हैं तहां सूर्य्य तेजप्रकाशमें मूर्त्तिमान् है तहां सूर्य्य अपनेसघन तेज प्रकाश के आवरण ते नहींदेखिपरते हैं यह दृष्टांत है अब दृष्टांत कहते हैं श्रीरामचन्द्र मूर्त्तिमान् अखण्ड एकरस सूर्य्यस्थाने जानिये तहां न तौ उदय है नतौ अस्तहै नतौ प्रातःकाल है न तौ सन्ध्याकाल है नतौ मध्याह्नकाल है श्रीरामचन्द्र सच्चिदानन्द परब्रह्म बिग्रह है एकरस तेजप्रकाशमय हैं अरु जिनको सहजघनस्तेज प्रकाशमय सो चैतन्यरूप है ताही तेज के आवरण ते श्रीरामचन्द्र नहीं देखिपरते हैं अरु तेही तेजको वेदब्रह्मकहते हैं मन वचन इन्द्रीअगोचर है काहेते मन बाणी इन्द्री जो उहां लक्षिकीन तब लयह्वैजाती है पुनि को कहै अरु सघन जो तेज प्रकाशमय है सो अपने प्रकाश ते अनेकब्रह्मांडको प्रकाशकिये है ऐसे श्रीरामचन्द्र अनेक ब्रह्माण्ड में ब्याप्त हैं अरु सब के परेहैं सो येई रामचन्द्र हैं जिनको हमने नमस्कार कियो है सोई रामअनेक ब्रह्माण्ड के पति हैं सो तै जानु हे सती अपने भक्तनके हेतु अवती-

हितनिजतंत्रनितरघुकुलमनी ३८ सो० लागनउरउपदेशयदपिकहेउशिवबारबहुबोलेबिहंसिमहेशहरिमायाबलजानिजिय ३९ चौ० जोतुम्हरेमनअतिसन्देहू तौकिनजायपरीक्षालेहू ४० तबलगिबैठिरहौंबटछाहींजबलगितुमऐहहुमोहिंपाहीं ४१ जैसे जायमोहभ्रमभारीकरेउसोयतन विवेक विचारी ४२ चलीसतीशिवआयसुपाईकरैविचारकरौंकाभाई ४३ इहांशम्भुअसमन अनुमानादक्षसुताकरनहिं कल्याना ४४ मोरेहुकहेनसंशयजाही बिधिबिपरीतभलाईनाही ४५ होइहिसोइजोरामरचिराखा कोकहितर्कबढ़ावैशाखा ४६ अस

र्णभये रघुवंशकुल में काहे ते भक्तवात्सल्य है तहां राजादशरथ पूर्बजन्म में अखण्डभक्ति कियो तिनकेहेतु अवतीर्णभये साक्षात् जैसे कोई ऊंचे महलते नीचे अपनेअजिर में उतरिआवते हैं तैसे श्रीराम निजतन्त्रकहीं स्वतन्त्र हैं किंतु निजतन्त्रकही भक्तिहेतु लीलाकरिबे की इच्छा है सो लीलानित्य है सो तुमजानहु हे सतीजी ( ३८ ) सोरठा॥ हेभरद्वाजमहादेवजी अनेकप्रकारते उपदेशकियो पर सतीजी के हृदय में उपदेश नहींलग्यो तब महादेव हरिकीमाया अतिबलिष्ठ जानिकै विहंसिकै बोलतेभये ( ३९ ) हे सतीजी जो तुम्हारे मनमें अति सन्देह भयोहै तौ तुम कछु परीक्षा लेहुजाइ ( ४० ) तबलगि मैं यहि बटकी छाया तर बैठोहौंजबलगि तुम लौटिआवहुगी ( ४१ ) पर हे सती जेहियत्नते यह महामोह मिटै सोई करेउ बिबेक विचारिकै अपर कछु अधिक न करेउ ( ४२ ) शिवकी आज्ञा पाइके सतीजी परीक्षालेबेको चलतीभई बिचार करती हैं कि मैं केहिप्रकारते परीक्षालेउँ तबयह मनमें आयो कि सीताजीको स्वरूपकरौं ( ४३ ) अरु इहां महादेवजी यह बिचारकीन्ह कि दक्षसुता को कल्याण नहीं है ( ४४ ) काहेते जो हमारेहु कहेते संशय नहीं गई तौबिधिही विपरीत है किन्तु विधि कही कर्म कछु भलाई नहीं देखिपरै है ( ४५ ) तब तुरन्त बिचार कीन कि जो कुछ श्रीरामचन्द्र रचि राख्योहै सोई होइगो तर्कणा की शाखा बढ़ावै जो शोचकी तर्क करिये तौ मन कै बृत्ति शोचहीमें चली जाती है ऐसेही भगवत् विचार में जानब ( ४६ ) यह परम सन्तन के लक्षण हैं जो कुछ होइ सो रामरजाइ अरु कहते सब हैं तहां न तौ हानिमें शोच न तौ लाभ में हर्ष यह समुझिकै कि यहजीवअरु प्रकृति भगवद् बिभूति है परमेश्वर चाहैं सो करैं श्रीरामचन्द्र जीके जे परम भक्तहैं तिनको हर्ष शोच काहेमें होतहै जब कोईकाल में भजननहीं बनिपर्यो तब शोच करते हैं अरु जब भजन वनोचलो जात है तब

**कहिजपनलगेहरिनामा गईसतीजहंप्रभुसुखधामा ४७ दो० पुनिपुनिहृदयविचारकरिधरिसीताकररूप आगेहोइचलिपन्थतेहिजेहिआवतनरभूप ४८ लक्ष्मणदीखसतीकृतबेषा चकितभयेभ्रमहृदयबिशेषा ४९ कहिनसकतकछुअतिगंभीरा प्रभुप्रभावजानतमतिधीरा ५० सतीकपटजानेउसुरस्वामी समदर्शीसबअन्तरयामी ५१ सुमिरतजाहिमिटैअज्ञानासोइसर्ब्बज्ञराम भगवाना ५२ सती**

हर्ष में भरे हैं ऐसे विचारिकै शिवजी रामनाम जप करनेलगे आनन्दयुक्त अरु सुखकोधाम जो श्रीरामचन्द्र तहां को सतीजाती भई ( ४७ ) दोहार्थ पुनि पुनि हृदय में विचार करिकै श्रीसीताजीको रूपधरिकै जेहिमार्गमें नरलीलाकरत श्रीरामचन्द्र चलेजाते हैं तहां आगेजाइके सती प्राप्ति भई ( ४८ ) तहां लक्ष्मणजी की दृष्टि दशौदिशामें है तहां सती जबसतीरूपरहीं तब लक्ष्मणजी देखे अरु जब सतीरूपते सीतारूप धारणकरत सन्ते तब देखे तब लक्ष्मणजीके विशेष सन्देहभयो यह सतीजी कौन चरित कीन्ह्यों है किन्तु लक्ष्मणजी चकितभये हैं सतीजी में विशेषभ्रम जानिकै ( ४९ ) श्रीलक्ष्मणजी अति गम्भीर हैं कछु बोले नहीं काहेते कि सर्वज्ञता जो है अरु अन्तर्यामित्त्व जो है सो स्वाभाविक सामान्य एक गुण है श्रीरामचन्द्रको यह लक्ष्मणजी जानते हैं तहां यह विचार कीन्ह श्रीरामचन्द्रजीकी लीला यथार्थ कोई नहीं जानै है ताते इहांरघुनाथजी कछुचरित कीन्ह चाहते हैं सो समुझिकै लक्ष्मणजी कछुनहींबोले ( ५० ) तहां सर्वकेस्वामी श्रीरामचन्द्रजी सतीको कपट करतसन्तेजान्यो है काहेते सबके अन्तर्यामी हैं समदर्शी हैं सबके अन्तष्करणमें देशकाल दिशि बिदिशि सर्वत्र सूत्रात्मक व्याप्त हैं ( ५१ ) जिन श्रीरामचन्द्रकोनाम सुमिरेते सम्पूर्ण अज्ञान नाशह्वैजातहै काहेते परमात्मा परब्रह्म परमेश्वर सर्वज्ञ पूर्णभगवान् हैं भगवान् क्योंकहा ताकोअर्थ भगवान्कही षट्भग युक्त ऐश्वर्य्य धर्म्म यश श्रीवैराग्य मोक्ष तिनको स्वरूप कहते हैं ऐश्वर्य्य जाको अनेक ब्रह्मांडहै पुनि धर्म काको कहा सत्यवाक्य सर्वदाता निष्कपट शुद्धकर्म ताको धर्मकही पुनि यश काकोकही तेज जाके तेजकेआगे सूर्य चन्द्र अग्नि दामिनि इत्यादिक छिपिजाहिं श्रीकही शोभा स्वरूप करिकै सर्व गुणकरिकै शोभित है श्रीकही प्रताप जाको सबडरैं जाकी आज्ञा में पृथ्वी अप तेज वायु आकाश तीनिहूं गुण देव दानव मनुष्य इत्यादि चराचर वर्त्तमान हैं श्री कही लक्ष्मीजी जाकी आज्ञानुकूल ह्वैकै कोटिन ब्रह्मांडमें सुख भोग भरिदियो है ताको श्रीकही पुनि वैराग्य काकोकही शब्दस्पर्श

**कीन्हचहततहांदुराऊ देखहुनारिसुभावप्रभाऊ ५३ निजमायाबलहृदयबखानी बोलेबिहंसिराममृदुबानी ५४ जोरिपाणिप्रभुकीन्ह प्र-**

रूप रस गंधि चित्त बुद्धि मन अहंकार सात्विक राजस तामस इनसबन को अपने वशकिये हैं अरु इनकेपरे हैं ताकोवैराग्यकही पुनि मोक्षकाको कही सालोक्य भगवान् के लोकमें बसै समीप्य सदा निकटरहै सारूप्यजैसो भगवान्को रूप है तैसो रूपहोइ सायुज्य अलंकार होइकैरहै अथवा कोई के मत में जैसे सूर्य्यकोतेज घटफूटे सूर्य्यहीमें लीनहोइताको सायुज्यकही पुनिसारिष्टि मुक्ति सामान्य ऐश्वर्य्य अपने सामान्यऐश्वर्य्य देते हैं। येपांचमुक्तिहैं ताते ऐश्वर्य्य धर्म्म यश श्री वैराग्य मोक्ष येते षट्भग जामे संपूर्णहोहिं अरु अपने जनकोछ्रसहुकोदाता ताको पूर्णभगवान् कही जो स्वरूप षट्भगमेंकछुककमहोइताकोअंशकला विभूतिकही देखिये तौयेते षट्भग श्रीरामचन्द्रको बामचरण में षट्कोण अंक हैं तामें षट्भगशस्त्रकहतुहैं ताते श्रीरामचन्द्र पूर्णस्वयंभगवान् हैं श्लोक द्वै श्रीमन्महारामायणे ऐश्वर्य्येणचधर्मेण यशसाचश्रियैवच वैराग्यमोक्षषट्कोणैः संज्ञातोभगवान्हरिः१ पोषणंभरणाधारं शरण्यंसर्बब्यापकंकारुण्यंषड्भिः पूर्णरामस्तुभगवान्स्वयं २ अनेकब्रह्मांडको पोषणगुण अरुभरणगुण अरु आधारगुणअरुसर्बशरण्य त्वगुणअरुसर्बब्यापकत्वगुण अरुकरुणागुण येतेषड्गुण परमदिव्यपूर्ण श्रीरामचन्द्र स्वयंभगवान् हैं ५२ परब्रह्महैं कोटिनाब्रह्माण्डके स्वामी सबके नियंता हैं तिन श्रीरामचन्द्रजी से सतीजी दुरावकरिकैपरीक्षालीन चाहती हैं देखो तौ स्त्री स्वभाव में येती अज्ञानता है ( ५३ ) तब श्रीरामचन्द्र अपनी मायाकी प्रबलता विचारिकै सतीके निकटजाइकै मनमें बिहँसिकैदोनोंकरजोरिकै शीशनाइकै नमस्कारकरते भये ( ५४ ) पुनि मनुष्य की नाईं कोमलवाणी जामें अनेक मर्म्म के अर्त्थ सो श्रीरामचन्द्र बोलतेभये हमारो राम एसो नाम है अरु अयोध्या के राजा श्रीदशरथमहाराज तिनके हमपुत्र हैं पिता ने हमको बनदियो है हम बनमें आये हैं हमारीप्रिया तिनको कोई हरिलैगयो है हम बिकल ढूँढ़ते हैं श्रीजनकनन्दनी जी को कहूं तुम देख्यो तौ नहीं अरु तुम तौ दक्षप्रजापति की कन्या हौ अरु महादेव की प्रियाहहु सती ऐसो तुम्हारो नाम है नर नाग देव स्त्री जे पतिव्रता तिनमें तुम शिरोमणि हौ अरु भवानी जगत् की माताहहु सर्बज्ञहहु शिवकी सत्सङ्गिनीहहु सर्बयोग्यहहु हे सतीजी ताते हम तुमको नमस्कारकरते हैं काहेते हम राजपुत्र हैं अरु तुम अरु महादेव सबके पूज्यहौ ( ५५ ) पुनि श्रीरामचन्द्र बोलते भये हे सतीजी सबको ईश्वर

**णामा पितासमेतलीननिजनामा ५५ कहेउबहोरिकहांवृषकेतू बिपिनअकेलिफिरहुकेहिहेतु ५६॥दो०॥ रामवचनमृदुगूढ़सुनि उपजा अतिसंकोच सतीसभीतमहेशपहँ चलीहृदयबड़शोच ५७॥चौ०॥ मैं शङ्करकरकहानमाना निजअज्ञानरामपरआना ५८ जाइ**

अरु देव दानव मनुष्य मुनि अरु चराचर सबके पूज्य सबके कर्त्ता सर्बज्ञसत्यबादी सत्यसंकल्पी ऐसे श्रीवृषकेतु तिनको परित्यागकिहे बनमें अकेली तुम काहेको फिरती हौ श्रीरामचन्द्र के बचनमें अनेकन अर्त्थ हैं तहां येते समुझि परते हैं श्रीरघुनाथजी को शिवजी सच्चिदानन्द कहिकै नमस्कारकीन अरु सतीजी यहजान्यो कि निर्गुण ब्रह्म जो है सो तौ ये नहीं हैं अरुसगुणईश्वर विष्णु जो है सोभी ये नहीं हैं अरु शिवजी राज पुत्र को सच्चिदानन्दकह्यो यह संशयभई तहां सतीजीको श्रीरामचन्द्रजी येही स्वरूप के आश्रय दोनोंस्वरूप लक्षिकरावते हैं सतीजी श्रीसीताको रूपधारण किये हैं तहां श्रीरामचन्द्र बोलतेभये हे सती तुम महादेवकी अवज्ञाकीन अरु श्रीसीता को रूपधरेहु ताते महादेव तुमको परित्यागचुके अब तुम अकेलिही भइहु यह अपने व्यापकत्त्व अन्तर्य्यामित्व रूप गुणजनायो है अरु सर्बज्ञता भी दिखायो है अरु यह दिखायो कि हम राजपुत्रसच्चिदानन्दब्रह्म सर्बब्यापी एकरस ऐसेराजपुत्र अखण्डहम हैं अरुजोतुम अपनेमनमें कहेहु कि ये तो विष्णुभी नहीं हैं सोआगेदेखिलेहु ( ५६ ) दोहार्त्थ ॥ तहां श्रीरामचन्द्र जू की बाणी अतिकोमल अतिगूढ़ अर्त्थ सो सतीजी सब समुझिगईं तब अतिसंकोच बशह्वैकै बड़ेशोचसंयुक्त महेश के पास सतीरूप ह्वै कै चलतीभईं ( ५७ ) तहां सतीजी शोचकरती हैं हे परमेश्वर हाय हाय मैं अपने अज्ञान ते शंकर को कहा नहीं मान्यों अरु अपनी अज्ञानता श्रीरामचन्द्र में आरोपण कियों अब धौं विधाताका करैगो ( ५८ ) अब महेशजी को कौनउत्तर देहौंजाइ हाइहाइ मोंपै कछुकरतनहीं बन्यो सतीके दारुणदुःख उत्पन्नभयो हे भरद्वाज जे कोई भागवत की बाणी का अपमान

करते हैं तिनको दिनप्रति क्लेशैं फलप्राप्त होते हैं ( ५९ ) तब श्रीरामचन्द्र जान्यो कि सती दुःखितभई तब अपनोप्रभाव कछुक अपरदिखावते हैं शिवकीप्रियाजानिकै अपनेप्रभाव में अपनो स्वरूप सतीजीको दिखावते हैं कृपाकरिकै ( ६० ) सतीजी शोचसंयुक्तशिवके पास चलीजाती हैं तब आगे देखती हैं श्रीरामचन्द्र जी श्रीजानकीजी श्रीलक्ष्मणजी तीनिहूं स्वरूप सतीजी देखतीभई पर कैसे स्वरूप देखतीभई षोडशौ शृंगारसंयुक्त देखे ( ६१ ) पुनि पीछे देखतीभई तहां

**उतरअबदेहौंकाहा उरउपजाअतिदारुणदाहा ५९ जानारामसतीदुखपावा निजप्रभावकछुप्रकटजनावा ६० सतीदीखकौतुकमग जाता आगेराम सहितसियभ्राता ६१ फिरिचितवापाछेप्रभुदेखा सहितबन्धुसियसुन्दरबेषा ६२ जहँदेखहिंतहंप्रभुआसीना सेव-**

श्रीराम सीता लक्ष्मणजी तीनिहूंस्वरूप सुन्दरवेष शृङ्गार की रचनासंयुक्त देखे श्रीरामचन्द्र को स्वरूपकैसो है जैसे नीलमणि की चमक आवरणरहित झकाझक्क हलहलात परब्रह्म मूर्त्ति प्रकाशमय मन वचन कर्म अगोचर तैसही श्रीजानकीजीको स्वरूप जैसे पद्मरागमणि पुनि जैसे शरदऋतुके बालसूर्यनिर्मल आवरणरहित झकाझक्क प्रकाशमय मन वचन इन्द्री अगोचर तैसेंही श्रीलक्ष्मणजी को स्वरूप जैसे पिरोजमणि झकाझक्कहलहलात प्रकाशमय आवरणरहित मन बचन कर्म अगोचर ऐसोस्वरूपपुनि परमदिव्य प्रकृतिरहित चिद्रूप परब्रह्म मूर्त्ति श्रीरामचन्द्रजी हैं अरु ब्रह्मानन्द परमानन्द एकरसमूर्त्ति श्रीजानकीजी हैं अरु परमशुद्ध निर्मलएकरस जीवतत्त्वरूप निर्बिकारमूर्त्ति श्रीलक्ष्मणजी हैं ऐसेही तीनिहूं स्वरूप सच्चिदानन्द परमदिव्य एकरस भिन्नभिन्न सतीजी देखतीभई काहेतेश्रीरामचन्द्र जी कृपाकरिकै सतीजीको परम दिव्यदृष्टि दियो है ताते देखतोभई शृङ्गारसंयुक्त सो कहते हैं तहां सतीजी देखतीभई श्रीरघुनाथजी अपनी परमदिव्य त्रिपादविभूति दिखावते हैं सो परमदिव्य संधिनी संदीपनी आह्लादिनी संधिनी जीवपरमात्मा की संधिमिलावैहै सो संधिनी संदीपनी परब्रह्म को स्वरूप जीव के अन्तरदीप्तकरै है सो संदीपनी आह्लादिनी जीवके अन्तर परमानन्द परमात्मा को आह्लादकरै है ये तीनिहुं नवधा प्रेमापराभक्ति हैं कंचनमणिमय भूमि अरु जेते तरु तृण सो कल्पतरुमय जाके पेड़स्कन्ध शाखापर्ण फूल फल यथायोग्य दिव्य हेममणिरंगतद्वत् अरु अमृतमयरस सर्बकाल एकरस ऐसेही दशौदिशा आकाश पाताल मध्यसम्पूर्ण ब्रह्माण्ड श्रीअयोध्यास्वरूप देखिपरयो तहां अनन्तसिंहासन दिव्यरत्न मणिनमें दशौदिशा परिपूर्ण तहां सिंहासनप्रति श्रीसीता श्रीरामचन्द्र श्रीलक्ष्मणसंयुक्त आसीनहैं शीश पै किरीट कुण्डलकोटिन सूर्य के प्रकाश कोटिन चन्द्रमाकी शीतलता अरु अलकैंबंक कपोलन पै झुकिरही हैं मधुपकी अवलीकी शोभाहरत हैं मुखपंकज शोभित है अरु भाल में युगरेख तिलकदामिनी की छटाहरत है भृकुटीबंक कामकी धनुषकीछवि हरत है श्वेत अरुण श्याम कमल तरुणतेहि की शोभाहरतु है लोचन नासिका अतिमनोहर तहां एक मोतीशोभित है अधर पर हलत है जनुरति जो है सो अपनी सेंदुरदानी छोटीसी चन्द्रमाको दियो है तब पूर्णचन्द्र जो निष्कलंक तिनने अल्पदामिनी ते पोहिकै अपने हृदय में पहिरयो है कपोलआदर्शवत् निर्मल हैं कुण्डलकझलकमानहुं मैननृत्यकरत है अरु कुण्डल अरु अलकैं दोनों की हलनिजनुरविसुवन अरु राहुसुवन लरते हैं मिलते हैं शशिके सुधाहेतु पुनि जनु नागन के छौना अपनेपिता की मणि अपर्नामणि संयुक्त चन्द्रमा को देते हैं बदले में अमृतपान करते हैं अधर बिम्बकी अरुणताहरत है दशनहीं की पोढ़ाई प्रकाश निर्मलरंग दाड़िमके बीजकीसघनता रंग निर्मलता दामिनीकी छटा ईषद्धास्य प्रकाशमय अनूपम ऐसेदशन हैं बदन अनूप है अरु चिबुक जैसे नीलगोलमणि तामें पीतबिन्दु शृंगारहूको शृंगार योगीशन के चित्तहरत हैं ग्रीवत्रेरेखा सो सुन्दर तार्कासीव तीनिरेखाहैं यहिके परे सुन्दरतानास्ति है कंठमें गजमुक्तन के कंठा अनूप पुनि कौस्तुभ मणि त्रिकोण है सो शुद्धसमिष्टी जीवतत्त्व जगमगाइरह्यो है पुनि वक्षः स्थलविषे दक्षिणभाग में श्रीबत्सलांक्षण परमदिव्य सम्पूर्ण श्रीतेहिको समिष्टी स्वरूप श्रीजानकीजीको दूसररूपसुन्दर प्रकाशमय भुक्ति मुक्ति भक्तिप्रदायनी सर्बदा पुनि पदिक ढिगन में मणिनकी कनीलगी हैं जनु चौकोण चन्द्रमा के ढिगन बृहस्पति शुक्र इत्यादिकनक्षत्रन की सभा अचल बैठी है पुनि मोहनमाला मुक्ता पद्मरागमणि पिरोजमणि मुनि वैजयन्तीमाला नीलहरित लालश्वेतपीत मणिनमय जगमगाइ रह्यो है पुनि बनमाला तुलसीदल श्वेत पीत फूल पदकंजमें नूपुरतप्त हेम

इव प्रकाशमय मणिनकीकनी जटित स्वाभाविक ओंकारशब्द मधुर मधुर होते हैं जनु मुनिनके निर्मल मन चित्र बिचित्र मधुकर रूप चरणकमल के मकरंद पानकरते हैं अरु आनन्द से गुंजार करते हैं अरु पदके नखनकी शोभाजनु पंकजके दलनपर मुक्तानकी अवलीबैठीहैं अरु दोनोंचरण के तल में मनोहर अंक चालिस अरु आठशोभित हैं दक्षिणचरणके मध्यमें अष्टांगयोग रूपऊर्ध्वरेखा है १ मध्यएड़ी में सर्बकल्याण स्वरूपस्वस्ति कहै २ ऊर्ध्वरेखा के बामें स्वस्तिकके आगे अष्टांगयोग अष्टसिद्धि स्वरूपवअष्टकोण है ३ सम्पूर्ण श्रीस्वरूप श्री है ४ क्रूरबुद्धि शमनकरिबे को हल है ५ कर्मके कूटिबे को मूशल है ६ क्षमा क्षिति धारिबेको शांतस्वरूपशेष है ७ प्रलयस्वरूप बाण है ८ निर्मल आकाश अंबर है ९ जो भगवान् के हाथ में पद्म है सोई अष्टदल कमल है १० परमदिब्य पुष्पकबिमानसर्बपदार्त्थ पूर्ण है ११ पापपर्बत नाशकरिबे को बज्ररूप ब्रह्म है १२ अंगुष्ठमध्य में शुद्धयज्ञ स्वरूपयव है १३ ऊर्ध्वरेखा के दाहिने स्वस्तिक के आगे चारिहूपदार्त्थ पूर्ण कल्पतरु है १४ मनमतङ्ग फेरिबेको अंकुश है १५ सर्बबिजयरूप ध्वजा है १६ त्रैलोक्य में त्रैतापरूप मुकुट है १७ जो भगवान् के हाथ में सो चक्र है दुष्टनको संहारकर्त्ता १८ पुनिसिंहासन परमसंतोष बोधरूप ही है १९ पुनि चमर षट् बिकार को नाशकर्त्ता ऐश्वर्य्यरूपही है २० पुनि छत्र सर्बरक्षक शांति निष्कंटककर्त्ता श्रीरामचन्द्र की दयारूप ही है २१ पुरुषअंक सर्बसाक्षी मूर्त्तिमान् चरण सेवाकरत है शांतरस रूपही है २२ पुनि यवमाला शृङ्गारस्वरूप है २३ पुनि यमदण्ड कालरूप है यमदण्ड बचावत है परमदिब्य अनन्त गुणमय शोभित है क्रमही तेजानब पुनि बामचरण के मध्य में श्रीसरयू है श्रीरामचन्द्र की करुणारूप ही है पुनि एड़ी के मध्य में गोपद है कामधेनुही है परमदिब्य गुणदाता है सरयू दाहिन गोपद के आगे क्षिति है परमदिब्य गुण उत्पन्नकरत है पुनि अमृत कुम्भ है सर्ब मङ्गलरूप है पुनि पताका है शुभ कीर्त्तिरूपही है पुनि जम्बूफल है रामरूप को दरशावत है पुनि अर्द्धचन्द्र है बाह्यान्तर की क्रूरता हरत है पुनि पांचजन्य शंख है जो भगवान् के हस्तकमल में शोभित है सोई चरणसेवन करत है अनहद शब्द जामें स्वाभाविक होत है पुनि षट्कोण है षट् ऐश्वर्य्य रूप ही है पुनि त्रिकोण है त्रैकाण्ड रूपही है समस्त त्रिदोष हरै है पुनि गदा है भगवान् के हस्त कमल में शोभित है दुष्टन को नाशकरत है पुनि वहै चरणसेवन करत है पुनि जीवरूप है जगमगाइ रह्यो है पुनि अंगुष्ठ में बिन्दु है सो प्रकाश रूपही है वात्सल्य शृंगार रसमय है पुनि सरयू के बामदिशिमें गोपद के आगे शक्ति है मूलप्रकृति रूप ही है सम्पूर्ण जगत्को कारण मूर्त्ति है प्रकृति के बिकार हरति है पुनि अमृत कुण्ड है जामें मुनीश्वरनको चित्त मीन ह्वैरहे हैं अमर करतु है पुनि त्रिबली है तीनिगुण हरत है पुनि त्रैदेव एक एक रूप ह्वैकै चरण सेवन करते हैं पुनि मीन है संपूर्ण दिव्य जो सद्गुण है सो समस्त समिष्टी रूप है पुनि पूर्ण चन्द्र है परम आह्लाद रूपही है पुनि बीणाहै सम्पूर्ण राग रागिनी तालमूर्च्छनास्वर ग्राम इत्यादिकन को समिष्टी रूपहै पुनि बेणु है जामें स्वाभाविक मधुर शब्द होतहै जो योगी सुनीशन के चित्त को आकर्षण करतु है पुनि धनुष है महाकाल रूपही है बीररस रूपही है मनके बैरी हरतु है पुनि तून है सख्य रस रूपही है पुनि हंसहै दास्यरस विवेकरूप ही है पुनि चंद्रिका है शृंगाररस बिजय सुकीर्त्ति रूप ही है येते अठचालिस अंकन के स्वरूप मैंने सूक्ष्मै कहे हैं अरु श्रीमन्महारामायण में अठचालिस अध्यायमें नब्बे अरु एक्यानबे श्लोक कहे हैं अंकन के रंग ऐश्वर्य स्वरूप अरु जो अंक श्रीरामचन्द्र के दाहिने पगमें है सो श्रीजानकी जी के बाम पगमें है जो श्रीराम के बामपग में है सो श्रीसीताके दाहिने पगमें है राज्यासन श्रीरामचन्द्र बैठे हैं सुखासन श्रीजानकी जी बैठी हैं श्रीरामचन्द्र के पीताम्बर शोभित है कटि में बाल सूर्य की ज्योति हरतु है कटि किंकिणी तीनि अवली पुनि यज्ञोपवीत तड़ित की शोभा हरतु है पुनि बाजूबन्द हेमरत्नमय शोभित है पुनि कंकण तीनि अवली यवाकार हेमरत्नमय है पुनि मुद्रिका हेमरत्नमय है बिशाल भुज हैं नखजनु पंकज दलनपर मोतिनकी अवली है अनूपम धनुषबाण चित्र विचित्र लिहे हैं नखशिख लौं अनूपमशोभा बनिरही है यहीप्रकार ते जहांजस चाही षोड़शौ शृंगार हैं नखशिखलौं अद्भुत अलंकार चन्द्रिकादिक अंगराग इत्यादिक संयुक्त श्रीजानकीजी शोभित हैं पर येते अलंकार फूलहूते हरुहैं दाहिनेकरकंज में नीलकमल सुन्दर लिहे हैं अरु बामकरमें बिचित्र गेंद लिहे हैं सीता रामचन्द्रजीके बामांगबिषे स्थितहैं अरु जैसे श्रीरामचन्द्रैजी के शृंगारकहे हैं तैसेही श्रीलक्ष्मणजीको जानिलेब

श्रीरामचन्द्रके दाहिनेभागमें चमरलिहे ठाढ़े हैं श्रीसीतारामजीके मध्य में श्रीभरतजी छत्रलिहे श्रीसीतारामजी के पाछे ठाढ़े हैं अरु श्रीभरतजी के बाम भाग में श्रीजानकीजी के बामदिशिमें शत्रुहनजी व्यजनलिहे ठाढ़ेहैं तहां तीनिहूंभाईको एकहीजानब अरु हनुमान् अग्रभाग में श्रीमद्रामायणगान करतेहैं अपर पार्षद षोड़शौ हनुमान् सुग्रीव अंगद दधिमुख द्विविद मयंद जाम्बवन्त सुखेन दरीमुख नील नल गवाक्ष पनस गन्धमादन बिभीषण इत्यादि अनन्त पार्षद ते सब किशोरमूर्त्ति श्रीराम लक्ष्मण के रूप श्याम गौर ते सब सेवामें अनेकन अनेक पदार्त्थ लिहे अमित छत्र चमर व्यजन धनुष बाण बेंत इत्यादिक लिहेठाढ़े हैं यथायोग्य ॥ प्रमाणअगस्त्यसंहितायांउत्तरार्द्धश्लोकाः॥ षोड़शपार्षदानित्यादिव्यदेहाव्यवस्थिताः किशोरावयसामध्यारामलक्ष्मणरूपिणः १ श्यामगौडाःसुमनसाःकामादधिकसुन्दराः अनेकानिपदार्थानिगृहीताःकरकंजकैः २ मनोवाक्कर्मभिः सर्वेरामसेवासुतत्पराः स्थिताः समीपगाः श्राद्धाः सीतारामैकमानसाः ३ यादृशीरामवांछास्यात्तादृशोहिभवंतिते रामाभिलाषिणःसर्वेरामरूपैकतत्पराः ४ हनुमानथसुग्रीवोह्यंगदोद्विविदस्तथा मयंदश्चसुखेनश्च कुमुदश्चदरीमुखः ५ नीलोनलोगवाक्षश्चपनसोगंधमादनः बिभीषणोजाम्बवन्तःदधिमुखाषोड़शाःस्मृताः ६ अरु जानकीजीके निकट पंच अष्ट षोड़श इत्यादिक सखी अनेक षोड़शौशृंगार बारहौआभूषण नित्य श‍ृङ्गार आभूषण सदा सब मध्यकिशोरी नित्य एकरस अनेक पदार्त्थ लिहे ठाढ़ी हैं आह्लादिनी द्वौदिशि सहजानन्दिनी मदनमंजरी चन्द्रकला चन्द्रावती चन्द्रमुखी इति षष्टबिमला उत्कर्षिणी क्रिया योगा पार्वती ईशाना ज्ञाना सत्या इति अष्ट उज्ज्वला कांचनी चित्रा चित्ररेखा सुधा सुखी हंसी प्रहंसी कमला विषदाक्षी सुदन्शका चन्द्राननी चन्द्रभद्रामाधुर्य्या शालिनी कर्पूरांगी बरारोहा इतिषोड़श पुनि रघुनन्दन की

**हिंसिद्धमुनीशप्रवीना ६३ देखेशिवविधिविष्णुअनेका अमितप्रभावएकतेएका ६४ बन्दतचरणकरतप्रभुसेवा विविधिवेषदेखे**

क्षणामहंब्यापेउसकलपुर घर २ यह सम्बाद ६९॥चौ०॥ तबमयनाहिमवन्तअनन्दे पुनि पुनि पारबतीपदबन्दे ७० नारिपुरुषशिशुयुवासयाने नगरलोगसबअतिहरषाने ७१ लगेहोनपुरमंगलनामा सजेसबहिंहाटकघटनाना ७२ भांतिअनेक भयउजिवनारा सूपशास्त्रजसकछुब्यवहारा ७३ सोजेवनारकिजाइबखानी बसहिंभवनजेहिमातुभवानी ७४ सादरबोले सकलबराती बिष्णुबिरंचिदेवसबजाती ७५ बिबिधपांतिबैठेजेवनारा लगेपरोसननिपुरासुआरा ७६ नारिवृन्दसुरजेंवतजानी लगींदेनगारीमृदुबानी ७७॥छं०॥ गारीमधुरसुरदेहिंसुन्दर रिब्यंग्यवचनसुनावहीं भोजनकरहिंसुरअतिबिलम्बविनोदसुनिसचु पावहीं जेंवतजोबढ़ेउअनन्दसोमुखकोटिहूनमरैकह्यो अचवाइदीन्हेपानगवनेबासजहँजाकोरह्यो ७८॥दो०॥ बहुरिमुनिन हिमवन्तकहँ लग्नसुनाईआइ समयबिलोकिकिबिवाहकर पठयेदेवबोलाइ ७९॥चौ०॥ बोलिसकलसुरसादरलीन्हें सबहिय थोचितआसनदीन्हे ८० वेदीवेदबिधानसँवारी सुभगसुमङ्गलगावहिंनारी ८१ सिंहासनअतिदिब्यसुहावा जाइनबरणिविरंचि बनावा ८२ बैठेशिव बिप्रनशिरनाई हृदयमुमिरिनिजप्रभुरघुराई ८३ बहुरिमुनीशनउमाबोलाई करिशृङ्गारसखीलैआई ८४ देखतरूपसकलसुरमोहे बरणौछबिअसकबिजागकोहै ८५ जगदम्बिकाजानिभवबामा सुरनमनहिंमनकीनप्रणामा ८६ सुंदरता मर्यादभवानी जाइनकोटिहुबदनबखानी ८७॥छं०॥ कोटिहुबदननहिं बनैबरणातजगजननिशोभामहा सकुचहिंकहतश्रुतिशेय शारदमन्दमतिलुलसीकहा छबिखानिमातुभवानिगवनी मध्यमण्डफशिवजहां अबलोकिसकहिनसकुचपतिपद कमलमन मधुकरतहां ८८ ॥दो०॥ मुनिअनुशासनगणापतिहि पूजेशम्भुभवानि कोउसुनिसंशयकरैजनि सुरअनादिजियजानि ८९चौ०॥ जसबिवाहकैबिधिअुतिगाई महामुनिनसोसबकरवाई ९० गहिगिरीशकुशकन्यापानी भहिसमर्पीजानिभवानी ९१ पाणिग्रहणजबकीन्हमहेशा हियहर्येतबसकलमुरेशा ९२ वेदमंत्रमुनिवरउच्चरहीं जयजयजयतिसकलसुरकरहीं ९३ बाजहिं बाजनबिविधिबिधाना सुमनवृष्टिनभइबिधिनाना ९४ हरगिरिजाकरभयहुबिवाहू सकलभुवनभरिरहाउछाहू ९५ दासीदास तुरँगरथनागा धेनुवसनमणिबस्तु बिभागा ९६ अन्तकनकभाजनभरियाना दायजदीननजाइबरवाना ९७॥छं०॥ दायजदियो बहुभांतिपुनि करजोरिहिमभूधरकह्यो कादेउंपूरणाकामशङ्करचरणापंकजगहिरह्यो शिवकृपासागरसुरकरसन्तोय सबभांतिन कियो पुनिगह्योपदपाथोजमयना प्रेमपरिपूरणहियो ९८॥दो०॥ नाथउमासमप्राणप्रियगृहकिंकरीकरेहु क्षमेहुसकलअपराधअब होइप्रसन्नवरदेहु ९९॥चौ०॥ बहुबिधिशम्भुसासुसमुझाई गवनीभवनचरणाशिरनाई १०० जननीउमाबोलितबलीन्ही लै उछंगसुन्दरशिपदीन्ही १०१ करेहुसदाशंकरपदपूजा नारिधर्मपतिदेवनदूजा १०२ वचनकहतभरिलोचनबारी बहुरिलाइउर लीन्हकुमारी १०३ कतविधिसृजीनारिजगमाहीं पराधीनसुखसपनेहुंनाहीं १०४ भइअतिप्रेमबिकलमहत्तारी धीरजकीन्हकुसमय बिचारी १०५ पुनिपुनिमिलतिपरतिगहिचरणा परमप्रेमकछुजाइनवरणा १०९ सकलसखींमिलिभेंदटिभवानी जाइजन निउरपुनिलपटानी १०७॥छं०॥ जननीबहुरिमिलिचलींउचितअशीयसबकाहूदई फिरि फिरि बिलोकतिमातुतनतबसखीलैशिवपहं गई याचकसकलसन्तोषिशङ्कर

उमासहभवनहिंचले सबअमरहर्षेसुमनबर्षि निशाननभबाजेभले १०८॥दो०॥ चलेसंगहिम वन्ततब पहुंचावनअतिहेतु बिबिधिभांतिपरितोषकरि बिदाकियेवृषकेतु १०९॥चौ०॥ तुरभवनआयेगिरिराई सकलशैल

की बिधिकहीहे सो सबबनाईहैं ( ७३ ) पुनि चौहचरिकी चौपाई से एकसौ अठारह की चौपाई ताईं अक्षरार्थै जानब ( ११८ ) दोहार्थ॥ गिरि रमणकहे श्रृंगाररस पुनि शटमुख को जन्म बीररस अरु देवतन को क्लेशमेटेउ तब करुणारस अरु शांतरस दास्यरस में सदा है सर्वरसपूर्णहैं पर जब गिरिजाबिषे रीरामचरित रमायो तहां शांत दास्यमूर्त्तिही है ताते गिरिजारमण को चरित समुद्र है को पारपावै है तहां तुलसीदास

सरलियेबोलाई ११० आदरदानबिनयबहुमाना सबकहंबिदाकीन्हहिमवाना १११ जबहिंशम्भुकैलासहिआये सुरसबनिज २ लोकसिधाये ११२ जगतमातुपितुशम्भुभवानी तेहिश्रृंगारनकहेउंबखानी ११३ करहिंबिविधिबिधि भोगबिलासा गणानसमेत बसहिंकैलसा ११४ हरगिरिजाबिहारनितनयऊ यहिविधिविपुलकालचलिगयऊ ११५ तबजन्मेउयटपदनकुमारा तारक असुरसमरजिनमारा ११९ आगमनिगमप्रसिद्धपुराना षटमुखजन्मसकलजगजाना ११७॥छन्द॥ जगजानषटमुखजन्मकर्म प्रतापपुरुषारथमहा तेहिहेतुमैंवृषकेतुसुतकर चरितसंक्षेपहिकहा यहउमाशम्भुबिवाहजे नरनारिसुनहिंजेगावहीं कल्याणाका र्यबिवाहमंगल सर्वदासुखपावहीं ११८॥दोहा॥ चरितसिन्धुगिरिजारमण वेदनपावहिंपार बरणैतुलसीदासकिमि अति मतिमन्दगंवार ११९॥ * * * * *

चौ०॥ शम्भुचरितसुनिसरससुहावा भरद्वाजमुनिअतिसुखपावा १ बहुलालसाकथापरबाढ़ी नयननीररोमावलिठाढ़ी २ प्रेमबिवशमुखआवनबानी दशादेखिहर्षेमुनिज्ञानी ३ अहोधन्यतवजन्ममुनीशा तुमहिंप्राणसमप्रियगौरीशा ४ शिवपदकमलजिनहिंरतिनाहीं रामहिंतेसपनेहुंनसोहाहीं ५ बिनछलबि श्वनाथपदनेहू रामभक्तकरलक्षणयेहू ६ शिवसमकोरघुपतिब्रतधारी

किमिकहै अरु अतिमतिमन्द गंवारकिमिकहै ( ११९ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वन्सने बालकाण्डे श्रीमहेशचरितपरमानन्य भावभक्तिदर्शन वर्णनंनामएकोनबिंशतिस्तरंगः १९॥ :: :: :: :: :: :: :: ::

दोहा॥ रामचरणबिसईलहरि भरद्दाजसुखपाइ उमाप्रश्नशिवश्रवणपुनि ध्यानउतरहरषाइ २० पुनि एककी चौपाईते छःकी चौपाई ताईं अक्षरार्थै जानब ( ६ ) श्रीसीताराम बिषे भावभक्ति को ब्रत जो है सो ब्रतशिवकी समान धारण को करै ऐसो कौन है सो ब्रत कैसो है बिनुअघ है सो ब्रत शिवजी धारणकरिकै सती ऐसी नारिको त्यागि दियो यह परमभक्ति कहावैहै यह पराभक्ति है ( ७ ) महादेव प्रणकीन्ह्यो है सतीविषे श्री जानकीजीको भाव यह प्रणकही संकल्पकरिकै श्रीरामचन्द्र कै भक्ति दृढ़करिकै श्रीरामभक्तन को दिखाइदीन कि जो कहूं कोईजीवमें सतीविषे श्री जानकीजीको भाव यह प्रणकही संकल्पकरिकै श्रीरामचन्द्र के भक्ति दृढ़करिकै रीरामभक्तन को दिखाइदीन कि जो कहूं कोईजीवमें किन्तुकोई पदार्थमें कहूं थोरहू श्रीसीताराम को चिह्न देखै ताको श्रीसीताराम सममानै पर दृढ़बुद्धि करिकै ताको बिलक्षण भक्ति कही तामें श्रीरामचन्द्र तुरन्त प्राप्तहोते हैं सो शिवजी कियो ताते शिवकीसमाज श्रीरामचन्द्रको को प्रिय है कोई नहीं है अरु जो महादेवकी ऐसीभक्ति कोई करै तो वोहू

बिनुअघतजीसतीअसिनारी ७ प्रणकरिरघुपतिभक्तिदेखाई कोशिवसमरामहिंप्रियभाई ८ ॥दो०॥ प्रथमहिंकहिमैं शिवचरितबूझाम रमतुम्हार शुचिसेवकतुमरामकेरहितसमस्तबिकार ९॥चौ०॥ मैं जानातुम्हारगुणशीला कहौसुनहुअबरघुपतिलीला १० सुनुमुनि आजुसमागमतोरे कहिनजाइजससुखमनमोरे ११ रामचरितअतिअमितमुनीशा कहिनसकैंशतकोटिअहीशा १२ तदपियथा श्रुतकहैंबखानी सुमिरिगिरापतिप्रभुधनुपानी १३ शारददारुनारिसमस्वामी रामसूत्रधरअन्तरयामी १४ जेहिपरकृपाकरहिंज नजानी कविउरअजिरनचावहिंबानी १५ प्रणावहुंसोइकृपालुरघुनाथा बरणौंबिशदजासुगुणागाथा १६ परमरम्यगिरिवरकैलासू

प्रियहोइगो (८) पुनि नवकेदोहाते तेरह की चौपाईताईं अक्षरार्थं जानघ (१३) शारदा दारुकी स्त्री है अरु श्रीरामचन्द्र अन्तर्यामी सूत्रधर हैं तहां शारदा जो है वाणी सो चारि रूप है कृपासंयोगते परा बाणी को हृदयनाभिमें बास है सो गुणातीत है ब्रह्ममय है अरु पश्यन्ती वणीका हृदय के शिरोभागमें बास है सो सात्त्विकगुणयुक्त है पुनि मध्यमाबाणीका कंठमेंबासहै सो राजसगुणयुक्त है पुनि बैखरीबाणी को मुखमेंबास है सो तामस गुणयुक्त है येते चारिस्थान हैं शारदाके तहां तीनि वाणी के सूत्र तीनिहूंगुणहैं सूत्रधारी आद्याशक्ति है किन्तु विष्णु बिधि शिव हैं ते रामाधीन हैं अरु परावाणीको सूत्र अन्तर्यामी ब्रह्म है सूत्रधर रीरामचन्द्र हैं (१४) तहां तेहिकविको आपनजन जानिकै श्रीरामचन्द्र कृपाकरहिं तब तेहि के हृदय में पारवाणीको नचावते हैं तब वह कविकी काव्य में यथार्थश्रीसीतारामचरित आवत है तीनिहूं बाणी को भेदिकै (१५) हे भरद्वाज ऐसे श्रीरामचन्द्र कृपानिधिहैं तिनको मन वचन कर्म्म नमस्कार दण्डवतकरिकै श्रीसीताराम चरित बिशद सो बर्णतहौं (१६) कैलासपर्वत परमरम्यकही अति सुन्दर अतिश्वेत है तहां श्रीमहादेव पार्वती सदाबिराजते हैं (१७) दोहार्थ॥ जेहि कैलासविषे सि जन तपस्वी जिनके तपैधन है अरु योगीश्वर बिरक्त मुनि अनेक अरु देवता किन्नर इत्यादिक बसते हैं श्रीमहादेव के चरणरविन्द सेवते हैं (१८) जे जीव हरिहर के पद में रत सोई परमधर्म्म है तेहिते बिमुख हैं अरु अनेक कर्म्म करते हैं तिनको कैलास दुर्लभ है (१९) तेहि कैलास के मध्यताके उत्तर कछु ताहींपर एकवट बिटप है तेहिको लघुदीर्घ को प्रमाण नहीं है श्रीमहादेवकी इच्छानुकूल है छत्राकार है सघनपूर्ण हैं ललित नील अरुणयुक्त मणितद्वत् पर्ण हैं अरु अरुणमणि इव फल हैं मालाइव शोभित है नित्यएकरस है सर्बकाल में अविचल छाया है (२०) शीतलमन्द सुगन्ध पवन

सदजहांशिवउमानिवासू १७॥दो०॥ सिडतपोधनयोगिरजनसुरकिन्नरमुनिवृन्द बसहिंतहांसुकृतीसकलसेवहिंशिवसुखकन्द १८ हरिहरबिमुखधम्मरतनाहीं तेनरतहंसपनेहुनहिंजाहीं १९ तेहिगिरिपरबटबिटपबिशाला नितनूतनसुन्दरसबकाला २० त्रिबि धिसमीरसुशीतलछाया शिवबिश्रामबिटपश्रुतिगाया २१ एकबारतेहितरप्रभुगयऊ तरुबिलोकिउरअतिसुखभयऊ २२ निजकर

बहते हैं सदा शीतल छाया शिव के मन भावित सो बट शिवको आनन्द विश्रामद वेद कहते हैं (२१) एकबार महादेव तेहिबटतर जातेभये बटबिलोकि कै अतिसुखभयो है शिवजू जो सदा आनन्दरूप हैं पर यहिकाल में पार्वती के सत्संग को संयोग है ताते कहा (२२) श्रीमहादेव जू निजकरते नागरिपु सिंह तेहिकी छाला बटतर बिछाइकै सहजही बैठतेभये कैसे हैं शम्भु कृपालु हैं इहां रीतुलसीदास गुसाईजी महादेवमें समस्त आचार्य्य धर्म्म सदगुरधर्म्म बकतृत्वधर्म्में महादेव के द्वारहैकैलक्षिकरावते हैं कि आचार्य, सदगुर वक्ता ऐसो जबहोइ जैसे महादेव हैं तब वह भगवत्तत्त्वउपदेश करिबेको अधिकारी है तब उसआचार्यकी बाणी से जो श्रीरामतत्त्व निकसै तब जिज्ञासू जो है श्रोता तिनको यथार्थ तत्त्व प्राप्तिहोइ जब बक्ता मन कर्म्म निरभिमानहोइ अरु अपने भजहेतु किसूसे टहलकराइबे की अपेक्षा न करे अपनेहाथ अपने शरीरकी

परिचर्य्याकरै आसन बासन- बसन अशन जल इत्यादिक देखिये तो शिव ईश्वर हैं अरु लाखन पार्षद हैं पर अपनेहाथ सिंहचर्म्म बिछायकै बैठे हैं सिंहचर्म्मासन आसीन ह्वैकै जाते श्रोता को सन्देह मोह संशय भ्रम इत्यादिक गजरूप नाश ह्वै जाहिं ऐसेबक्तनकी बाणी सिंहरूप है किन्तु निबृत्ति आसन है जाको कोई नहींलेइ है तेहि चर्म्मपर महादेव सहजही बैठतेभये सहजहीकही सहजानन्द निष्काम निर्बासिक यह बासनानहीं है कि हमारो कोईशिष्यहोइ हमको कोई गुरुमानै हमारो कोई उपदेशलेइ हमको कोई पूजै हमको कोई भलाकहै इत्यादिक अहंममरहित भलीबुरी बासना ते रहितहोइ अरु बाह्यांतर भगवत् तत्परहोइ अहर्निश तब उसबक्ता की बाणी में पराबाणी जानिये पवनरूप भगवत्तत्त्व सुगन्धमय है तब जिज्ञासू श्रोता की बुद्धि नासिकारूप सुगन्धमय रामतत्त्व ग्रहणकरतु है आनन्द को प्राप्तिहोत है सो महादेवमें देखिलेव ( २३ ) श्रीमहादेव कैसे हैं कुन्दइन्दुदरगौर ऐसोशरीर है कुन्दकेफूल तद्वत् श्वेत कोमल सुगन्ध मकरंदमय सुन्दर शरीर हैअरुचन्द्रमा

डासिनागरिपुछाला बैठेसहजहिशम्भुकृपाला २३ कुन्दइन्दुदरगौरशरीरा भुजप्रलम्बपरिधनमुनिचीरा २४ तरुणअरुणअम्बुज समचरणा नखद्युतिभक्तिहृदयतमहरणा २५ भुजगभूतिभूषणत्रिपुरारी आननशरदचंद्रछबिहारी २६ ॥ दो०॥ जटामुकुटसुरसरि

तद्वत् उज्ज्वल प्रकाश शीतल अमृतमय शरीरहै पुनि दरकही शंखतद्वत्धवल निर्म्मल सचिक्कन मङ्गलमय ऐसो विग्रहहै किंतु मन बचन कर्म्म शिवऐसे हैं कुन्दके फूल समधर्म्म गुणसहित मन है पुनि शिव के मुखके बचन कैसे हैं इन्दुके धर्म गुणसहित पुनि शिवके कर्म्म कैसे हैं शंख सरिस सचिक्कन उज्ज्वल गुणसंयुक्त ऐसे महादेव सदा हैं काहेते श्रीरामनाम श्रीरामरूप श्रीरामभक्ति जिन महादेव के मन बचन कर्म्म रोमरोम में पूर्ण ह्वै रहे हैं सो सब पार्बतीको प्राप्तिहोइगो पुनि शिवजी उदारहैं काहेतें भुजप्रलम्बकही बिशाल हैं जिनके सदा दानहीदेव है अरु कटि में मुनिबस्त्र है ऐसे बिरक्त हैं ( २४ ) शिवकेचरण लालकमल जो प्रथमफूलेउहै अरु नखद्युति भक्तन के हृदयको अन्धकारहरत है ( २५ ) अरु भुजंगकही अनन्त शेष जो है आचार्य्यरूप सोई महादेव को भूषण है तातेदोऊ भक्तराज सदा मिले हैं ताते श्रुतिस्मृति रीति परात्पर स्वरूप भक्ति उपदेश करते हैं अरु महादेव बिभूति धारण किहे हैं सो बिभूति जो श्रीअयोध्याके जीव पर बिभूति को जाते हैं तेहि श्मशान कै बिभूति जो है सोई बिभूति महादेव भूषणकरते हैं अद्यापि अपर बिभूति महेश नहींधारणकरते हैं यहै निश्चयजानिये काहेते शिवजी श्रीरामउपासकहैं अरु उपासक ताहीको कही जो अपने इष्टाको सम्बन्धकहूं थोरहूपावै तहां इष्टकी समान मानै यह भावबिना इष्टकीकृपा नहींआवै किंतु ऐसे उपासक जव कृपाकरहिं तब आवै ताते शिवजी बिभूति धारण किहेहैं शिवजीको श्रीअयोध्या अयोध्याबासी रामसम प्रिय हैं शिवजी सो बिभूति धारण करिकै परम उपासना को दिखावते हैं अरु त्रिपुरारिकहा यह मन असुरहै ताके तीनिपुर हैं तीनिगुण कबहीं सात्त्विक में जातहै कभी राजस में कभी तामस में किन्तु काम क्रोध लोभ इनमें क्षणक्षण जातहै किंतु अर्थधर्म्म काम इनमें रहत है किन्तु सुत बित लोक मर्य्याद इनमें रहत है इत्यादिक तीनि तीनि में मनरहत है जब सहित स्थान मनको नाशकरिदेइ तब परमतत्त्व उपदेशकरै सो महादेव ऐसेही हैं ताते त्रिपुरारिक हा पुनि शिवजी को बदन शरद चन्द्रहूकी छबिहरत है काहेते चन्द्रमाअपनीकिरणि अमृतमय ताकरिकै एकसूर्य्य की तापहरत है परफेरिदूसरे दिन सूर्य्यकी तपनिहोइ है अरु आचार्य्य को मुखचन्द्रवत् है तिनके बचन जो किरणरूप तामें श्रीसीताराम चरित परम अमृतमय है सो श्रोतनके बाह्यान्तर के ताप अधिभूत अध्यात्म आधिदैवत नाश ह्वै जात हैं फिरि कबहीं नहींहोइ ताते शरदचन्द्रहू की छबिहरत है मुख की छबि ऐसी है ( २६ ) महादेव के शीशपर जटामुकुटाकार है जो शिवमें जटा अहि बिभूति भूषणचर्म्मासन इत्यादिकहैं सो वैराग्यदिखावतेहैं किबक्ता भूषण बसन सोई धारणकरै जो कोई नहींलेइ काहेते जो नीको भूषणबसन भोजन है अरु ताको ग्रहणकरैगो बक्ता किन्तु श्रोताकी तो उसमें चित्तकै बृत्ति जरूरजाइगी मन की गति अतिसूक्ष्म है तहां नतौ बक्ताते यथार्थ कहतबनैगो अरु नतौ श्रोता ते समुझतबनैगो ताते बक्ता श्रोता दोऊ संसारते बाह्यान्तर त्यागहोइ तब श्रीरामतत्त्व यथार्त्थ कहिबेसुनिबे धारणामें आवै तहांदेखिये तो शिव पार्बतीकी बिभूति त्रैलोक्य है ते महादेव श्रीरामतत्त्वहेतु जटाको मुकुट सर्प्प कपाल बिभूति भूषणअरु मृग चर्म्म बस्त्रधारण

हैं सदा निवृत्ति भजनहेतु अरु शिवजीकी जटा में श्रीगंगाजी हैं तहां शिवजी तो सदा यथार्थ सत्यबक्ता हैं तहां सुरसरिताको अर्त्थ युक्तिकरिकै कहतेहैं कैसे जैसे कोई श्रीगंगामाथेपर धारै तब वह सत्यै कहत है ताते महादेव सौगन्धकरिकै श्रीरामतत्त्व कहैंगेपार्बतीजीसे अरु महादेव के नेत्र कमलतद्वत् बिशाल हैं शीतलकृपाभरे तहांबक्ता के नेत्र शीतल सौम्य कृपासंयुक्त चाहिये जाते श्रोता के मनमेंआह्लादहोइ नीलकण्ठ लावण्यनिधि शिवजी के कण्ठ में बिषकी नील रेखा है गम्भीर पुष्ट सो उपमाको समुद्र है काहेतें जब समुद्र ते विषनिकस्यो तब समस्त लोक देव दानव मनुष्य इत्यादिक चराचर बिष की ज्वाला ते जरेजातेरहैं तब भगवत् आज्ञा ते शिवजी बिषको पानकरिगये तब संसार सुखीभयो सो विष शिवके कण्ठही में रहिगयो तेहिविषमें येती लावण्यता शोभितहोत है एकतो कृपा करुणा दयालुता सूचितहै कि शिवजू ऐसेदयालु हैं सबको दुख पीगये पुनि शिव की बड़ाई जनावते हैं कि बड़े जो हैं सो बड़ेकी मर्य्याद राखिकै दण्डदेते हैं तातेकण्ठमें प्रत्यक्षराख्यो अरु शिवजू जो चाहते विष पचाइडारते विषको नामरूप लेशहू नहींराखते शिवजू ऐसेसमर्त्थ हैं पुनि स्वामीविषे सेवकभाव दिखावते हैं कि जो स्वामीकी आज्ञाहोइ तो विषहूपान करिजाइये आज्ञाभङ्ग नहींकरना मरबे जीबे को नहींडरिये पुनि उक्तिकरिकैं अर्थकरते हैं तहां शिवजू विषको पानकरिकै पचाइगये हैं तब परमेश्वर में जो भक्तबात्सल्य है सो यह विचारकियो कि शिवजू अत्यन्त मेरीआज्ञा कीन्ह्यो है अरु मेरोस्वरूप नील है मैं शिवके कण्ठमें सदा बासकरौंगो तहां शिवजूके कण्ठमें भगवान् को एकस्वरूपबस्यो है तहां परमेश्वर को सबैहै विष अमृत इत्यादिक तहां विषको महादेव नाशकरिदियो तब भग

**तशिरलोचननलिनबिशाल नीलकण्ठलावण्यनिधिसोहबालबिधुभाल २७ बैठेसोहकामरिपुकैसेधरेशरीरशांतरसजैसे २८ पार्ब्बती**

वान् विष के मर्य्यादहेतु शिवजू के कण्ठ में नीलस्वरूप आपुबसे हैं इत्यादिक अनेक लावण्यता नीलकण्ठ में है ताते लावण्यनिधिकही पुनि बालबिधुभाल में शोभित है जेहि के दर्शन ते केवल मंगलहोतेहैं ( २७ ) कामरिपु शिवजू कमलासन पै बैठे कैसे शोभित हैं मानहुं शान्तरस की मूर्त्तिही हैं तहां जब सत्गुरु ऐसोहोइ बैठे कही आसन दृढ़होइ कामरिपुकही निष्कामहोइ अरु शान्तरस कही उदार दृष्टि वाह्यान्तर कैवृत्ति ब्रह्मानन्द विषे लयहोइ ब्रह्मानन्द में आरूढ़ ऐसे शुद्ध स्वरूप को ज्ञानसदा ताको शान्तरस कही जब ऐसोहोइ तब श्रीरामस्वरूप सुन्दर मध्य किशोर ताको अधिकारीहोइ श्रीरामनाम श्रीरामधाम श्रीरामचरितकोयथार्त्थ वक्ताहोइ तब तत्त्वमें जिज्ञासूको बोधहोइ सो महादेव सदा ऐसेहीहैं इहां पार्वतीको श्रीरामतत्त्वके उपदेशको अवसरहै ताते हमने अपनी बुद्धि अनुसार महादेवकोगुण स्वभावकृपा कहे हैं ( २८ ) पार्बतीभलो अवसर जान्यो तहां कैलास ऊपर सदा मङ्गलमय काल है अरु शिवजू सदा आनन्दमयस्वरूप हैं पर यहिकाल में श्रीरामकृपाते पार्वतीके अन्तःकरणमें आनन्द होतभयो यहसमुझिकै कि सतीतनमें श्रीरामचन्द्रजूके स्वरूपमें मोको भ्रमभई तहां श्रीमहादेवजूकोकहा मैं नहींमान्यों यह महाअपराध मोंसे भयो है ताहूपर महादेव मोरेऊपर कृपैकरतआयेहैं अब उनकी संकल्पभी पूर्णभई अब मोको आपनी दासी जानिकै अंगीकार कियो है ताते अब महेशते श्रीरामचन्द्रजूको जो परात्परतरस्वरूप है जो मैं बनमें देख्यो है तेही स्वरूप को प्रश्नकरिकै परमानन्दकी प्राप्तिह्वैकै तब भजनकरों अरु आरण्यमें यथार्त्थ स्वरूपमैं देख्यो है परमहेशकी अवज्ञा कियेसन्ते यथार्त्थ नहीं भास्यो यहसमुझिकै आनन्दपूर्वक महेशके पास पार्वती जातीभई ताते जेहिकालमें श्रीरामचन्द्रजूकी सुधिआवै कैसहू सोई उत्तम अवसर कालहै तहां प्रमाण है अन्यच्च तदेवलग्नंसुनिदंतदेव ताराबलंचन्द्रबलंतदेव विद्याबलंदैवबलंतदेव सीतापतिर्नामयदास्मरामि १ पार्वती सम्पूर्ण जगत्की माता हैं तहां माता जो है सो सबप्रकार बालकको पालनकरतीहै ताते पार्वतीजी सर्वजीवके कल्याणहेतु महेशते प्रश्नकरिबेको जातीभई जब पार्वती महादेवके समीप जातीभई ( २९ ) तब परमप्रियाजानिकै अतिआदरकीन बामभागमें आसनदीन ( ३० ) पार्वतीजी शिवकेसमीप हर्षाइकै बैठतीभई

भलअवसरजानी गईंशम्भुपहंमातुभवानी २९ जानिप्रियाअतिआदरकीन्हा बामभागआसनहरदीन्हा ३० बैठींशिवसमीपहरषाईं पूरबजन्मकथाचितआई ३१ पतिहियहेतुअधिकअनुमानी बिहंसिउमाबोलींमृदुवानी ३२ कथाजोसकललोकहितकारी सो पूछनचहैंशैलकुमारी ३३ विश्वनाथममनाथपुरारी त्रिभुवनमहिमाबिदिततुम्हारी ३४ चरअरुअचरनागनरदेवा सकलकरहिं

पूर्वजन्ममें जो सतीतनमें मोहभयो है श्रीरामचन्द्र विषे तेहिकी सुधिआवतीभई ( ३१ ) पति जो महादेव हैं तिनके हृदयमें अति प्रीतिदेखी अपने विषे तब बिहँसिकै पार्वतीजी मृदुवाणी बोलती भई मुसुकानीकही प्रसन्नह्वैकै किन्तु पाछिलशिवको तिरस्कार अरु अपनी अज्ञानता अरु अब बर्त्तमानमें अपनी सन्मुखता अरु शिवकी प्रसन्नताको शिवजू ऐसे कृपालुहैं मेरीचूक समस्त क्षमाकियो है यहसमुझिकै मुसुकाइ कै बोलतीभई ( ३२ ) जो श्रीरामचन्द्रकै कथा समस्त लोकनकीमंगलकरनहारी सो शैलकुमारी जो हैं पार्वती सो पूछ्याचाहती हैं शैलकुमारी क्यों कहा सबप्रकारते शैल परमार्थैकरतुहै साते कहां ( ३३ ) हे विश्वनाथ हेममनाथ हे पुरारि कहे त्रिपुरमें दानवरहै ताके तीनिपुर रहैं एकस्वर्ग में एक मृत्युलोक में एक पातालमें तहां उसदानवमें ऐसी शक्तिरहै किएकहीबार तीनिहूंपुरमें निवासकरै तीनि रूपह्वैकै अरु देव मुनिदुखदाता रहै ताकोमहादेव त्रिशूलकरिकै तीनिहूपुरसहितदानवको नाशकरिदीन एकहीबार ताते त्रिपुरारि कही अरु इहां तीनिशरीरहैं सोई पुर है स्थल लिंग कारण ताकी तीनि अवस्था हैं सोई महलहै जाग्रत स्वप्न सुषुप्ति तहाँ एकही अहंकार त्रिधारूप है सात्त्विक राजस तामस सोई त्रिपुर दानव है तेही पुरस्थानमें बसते हैं तहां आत्मा शिवरूप है अरु वैराग्यज्ञान भक्ति सोईत्रिशूलहै तीनिहुंकरिकै तीनिहूं अहंकारसहित बासना नाशकरै अपने विषे अरु शिष्य बिषे ताको सद्गुरु कही अरु जिज्ञासूकही तहां महादेव तो तीनिहूं अहंकारके परेहैं अरु पार्वती त्रैअहंकार दूरि करिकै तब आई हैं अरु कछु झीनी होइगी सो महेश दूरि करिकैतब श्रीरामतत्त्व उपदेश करहिंगे ताते त्रिपुरारिकहा हेमहादेव तुम्हारी महिमा त्रैलोक्य में बिदित है ( ३४ ) हेमहादेवजू तुम्हारेपदपकंजकैसेवा चराचरकरतेहैं नरदेवइत्यादिक सकल सम्पूर्ण ( ३५ ) दोहार्थ॥ पार्वती बोलतीभई हे प्रभु तुम सबप्रकार सामर्थ्य हो सर्वज्ञहो अरु चौंदहोविद्या अरु विघ्नके चौंसठिकला सो पाछे कहिआये हैं यह चौपाईमें स-

पदपङ्कजसेवा ३५ दो०॥ प्रभुसमर्थसर्ब्बज्ञतुम सकलकलागुणधाम योगज्ञानवैराग्यनिधिप्रणतकल्पतरुनाम ३६ जोमोपरप्रसन्न सुखरासी जानियमोहिंसत्यनिजदासी ३७ तौप्रभुहरहुमोरअज्ञाना कहिरघुनाथाकथाविधिनाना ३८ जासुभवनसुरतरुतरहोई

कलकला सबविद्याहीना अथवा षोड़शकलापूर्ण परमपुरुष है सो कलाकौनि हैं ऐश्वर्य धर्म यश श्री मोक्ष भरण पोषण आधार उत्पत्ति पालन संहार शत्रुनाशक रक्षक शरणपालन सामर्थ्य इति षोड़श आगमग्रन्थे अथवा जैसे सोरहकला करिकै जब पूर्णचन्द्रमा तब पूर्णमासी पूर्ण है तैसे महादेव सदा पूर्ण षोड़शकला हैं अनन्तशक्तिगुणपूर्ण हैं अरु इहांतीनि गुणको प्रयोजन नहीं दिब्यगुण कहिबे को प्रयोजन है दिब्यगुण कौन हैं करुणा वात्सल्य ज्ञान क्षमा शान्ति उदार सर्वज्ञ व्यापकत्त्वसर्व नियन्ता सर्वकारण सौम्य शील सदाप्रसन्न पूर्णदया सन्तोष सम सहन इत्यादि दिब्यगुण तेहि सबकालनके अरु सबगुणनके हे श्रीमहादेवजी आप धामहैं अरु योग ज्ञान वैराग्यके निधिहौ निधिकही समुद्रहौ किंतु निधि कही नवनिधि हौ प्रणत जो तुम्हारी शरण है तिनको जो तुम्हारोशिवनामहै सो दिब्यकल्पतरुहै ( ३६ ) पार्वती कहती हैं हे परमसुखकी राशि हे प्रभु जो मोरेऊपर प्रसन्नहोहु अरु मोको सत्य अपनी निजदासीजानतेहोहु ( ३७ ) हे प्रभु तो मेरो अज्ञान हरहु हे प्रभु श्रीरघुनाथजीकी कथा बहुबिधिसे कहिकै काहेते कि श्रीरघुनाथजू के स्वरूपमें मोकोभ्रमभईहै ( ३८ ) काहेते कि जेहिकोभवन सुरतरुतरहोइ सो दरिद्रते जोदुख उत्पत्ति है सो काहेको सहैगो ( ३९ ) हे महादेव ऐसे बिचारिकै मेरीमतिमें जो भारीभ्रम है सन्तापदाता सो हरहु काहेते तुम शशिको भूषण किहे हौ ( ४० ) हे प्रभु जे मुनि परमार्थबादी कही ब्रह्मवेत्ता हैं ते मुनि रामकोअनादि ब्रह्म कहते हैं

( ४१ ) अरु शेष शारदा वेद पुराण इत्यादिक सबै रघुपतिके गुणानुबाद गानकरतेहैं ( ४२ ) अरु हेमहादेव आपहू अहर्निश रामहीनाम जपतेहौ सादरकही आदर प्रीतिसंयुक्त जपतेहौ हेअनंगअरि अनङ्गअरि क्यों कहे अनङ्ग नाम कामको तहां कामकही कामनाकोसो कामना दुइप्रकारकी एक स्थूल एक सूक्ष्म है स्थूलकही जो मनमें उठै ताको करिउठै ताको स्थूलकही अरु जो मनमें उठी है अरु करिबे की इच्छा न है प्राप्तिहूभये ते नहीं अंगीकारहै अरु सूक्ष्मबासना मनकीचली है ताको सूक्ष्म कामनाकही तहां सूक्ष्मबासना बद्धनहींकरै है कैसे जैसे एक कोई क्षुधितब्राह्मण बजारमें निकरयोजाइ तहां कोई म्लेच्छके दुका

**सहकिदरिद्रजनितदुखसोई ३९ शशिभूषणअसहृदयबिचारी हरहुनाथममप्रतिभ्रमभारी ४० प्रभुजोमुनिपरमारथवादी कहहिं रामकहंब्रह्मअनादी ४१ शेषशारदावेदपुराना सकलकरहिंरघुपतिगुणगाना ४२ तुमपुनिरामनामदिनराती सादरजपहुअनङ्गअराती ४३ रामसोअवधनृपतिसुतसोई कीअजअगुणअलखगतिकोई ४४॥दो०॥ सोनृपतनयतौब्रह्मकिमि नारि**

नमें अनेक व्यञ्जनबनेधरेरहैं अरु देखिकै ब्राह्मणको मनचलिगयो अरु ब्राह्मणको जोवह व्यञ्जनको मालिकदेवहूकरै सो वहब्राह्मण छुवहूनहीं करै अरु मनकी झीनीलहरि गई है तहाँ ब्राह्मणको धर्म्म तो नहींगयो तैसे झीनीबासना है पुनि झीनी कामना कैसीहै जैसे भूजाअन्न नहींउगै जैसे जरी जेवरीजरेउ पटकोथान तहां इनकोस्वरूप तो देखिपरै है पर उनते कछुकार्य्य नहींसिद्धिहोइ तैसे बिनाचाहना मनमें कछुबासना उठै है सो यह मनकीलहरिकहावै है स्वाभाविक उठै है जैसे सूर्यकी किरणि में जलकी लहरिलहलहाती है भ्रममात्र है तैसे मनकीगति है पर सन्त जन मनकीगति झीनिहू नहीं सहिसकैं तहां झीनीबासना अपने पुरुषार्थसे नहींमिटै पुनि कबमिटै जब बासना नाशहेतु अति आरत ह्वैके राम नाम उच्चारणकरै अहर्निश तब झीनी बासना नाश ह्वै जाती है अरु स्थूलबासना सन्तजन मिटाइसक्ते हैं काकरिकै वेदवाक्य गुरुवाक्य निज अनुभवते अरु झीनीबासना बिना श्रीरामकृपा नहींमिटै तहां शिवजू श्रीरामकृपाके मूर्त्तिहीहैं कैसेजानिये श्रीरामचन्द्रके भजनमें काम ने विघ्न कियो ताको नाशकरिदीन है ताते अनङ्गारिहैं अरु बिना अङ्गको काम ताको झीनी कामना कही ताहीको झीनीबासना कही सो महादेव सदा नाशकिहेहैं रामनाम अखण्ड अहर्निश जपते हैं अनंग आराती कहिबेकोतात्पर्य पार्वती के यह है कि मेरीस्थूल अरु झीनी दोऊ भ्रम महादेव नाशकरैंगे जरूर अपनी सादृश्यकरैंगे ताते अनंगारिकहा ( ४३ ) हेस्वामीमहादेव श्रीअवधपति जो दशरथमहाराज हैं तिनके पुत्र जो श्रीराम हैं तिनही को नाम स्वरूप सबध्यावतेहैं कि अपर कोई राम हैं जिनके अजअगुण अलखगति वेदकहते हैं ( ४४ ) हे महादेवजू यहसन्देह मोको सती तनमें भयोरहे कछुक अबहूं है जो राजाके पुत्रहैं तिनको ब्रह्म कैसेकही जो कही ब्रह्म शरीरको धारणाकियो है तहां ब्रह्मशरीर धारणाकरै सो प्रयोजनै नहीं सम्भवै तथापि भक्तानुग्रहार्थ ब्रह्मशरीरको धारणाकरिकै आविर्भावभयो तहां नारि के विरहकरिकै अज्ञानइव नारि को ढूंढ़ते हैं

**विरहमतिभोरि देखिचरितमहिमासुनत भ्रमितबुद्धिअतिमोरि ४५ ॥ चौ०॥ जोअनीहव्यापकविभुकोऊ कहहुबुझाइनाथ म्वहिंसोऊ ४६ अज्ञजानिउररिसजनिधरहू जेहिविधिमोह मिटैसोइकरहू ४७ मैंबनदीखिरामप्रभुताई अतिभयबिकलनतुमहिं**

यहबात कैसे सम्भवै ब्रह्मविषे अरु मैं जो बनमें चरित प्रथम प्राकृत इवलीलादेखेउं पुनि आप की जब अवज्ञा करिकै परीक्षालेबे को गई तब औरैचरित देखेउं अरु आपु के मुख ते अरु श्रुति स्मृति में तिनकी महिमा सुनेउं सब मिलिकै मेरी बुद्धि अतिभ्रम को प्राप्ति ह्वै गई तहां पार्वती ने प्रथम यह कहा कि शेष शारदा वेद पुराना सकल करहिं रघुपति गुणगाना ऐसे तो रघुपतिको पार्वती जानती भई फिरि यह प्रश्नक्यों कियो कि जाको सबमहान्ध्यावते हैं सो येही दशरथकेपुत्रराम हैं जाको अजअगुण अलख ब्रह्मकही सोई दशरथनन्दन हैं भक्तहेतु देहधरेउ है किंतु यहबिग्रह है अजअगुण अनूपमहै किन्तु अजअगुण ब्रह्म औरै है दशरथनंदन औरै है पार्वतीके प्रश्नमें यह अर्त्थ है

धुनिकरिकै ( ४५ ) हेनाथ जो ब्रह्मअनीह है अनीहकही चेष्टारहित है चेष्टा कही षट व्यकार रहित एकरस है कालावच्छिन्न है अरु सर्बब्यापक है अरु सबको प्रभुहै सामर्थ्य है ऐसो जो ब्रह्म है सो मोसे समुझाइकै कहौ वह प्रभु कैसो है अरु राजपुत्र राम तिनको समुझाइकै कहौ सो कसे हैं ( ४६ ) हे नाथ अज्ञानी जानिकैरिसनकरब जेहिप्रकारते मोहमिटै सोईरीतिसोंकहहु ( ४७ ) काहेतेमैं जो बनमें श्रीरामचन्द्रकै प्रभुतादेखेउं सो अमितदेखेउं सो कछुशुमार नहींमिलेउ तब आपुकी जो अवज्ञा करिकैगइउं अरु श्रीराम प्रभुताअमितदेखिकै दोऊकैतिकै अतिभयते बिकल होइगइउं ताते आपुते कछुकहेउं नहीं ( ४८ ) यदपि मैं श्रीरामचन्द्रकै प्रभुता सबप्रकार अमितदेखेउं तदपिआपुके बचनमें मोको प्रतीति नहींआई ताते मेरी मतिमलीन ह्वैगई ताते देखिकै बोधनहींभयो तहां आपुके बचनकी अवज्ञाको फलमैं भलीप्रकारते पायों ताते जाको गुरुनके बचनमें प्रतीतिनहीं है ताको कल्याण नहीं है जो कोटिप्रकारकरै कोटिन जन्मभरि ( ४९ ) हेनाथ जोमैं श्रीराम प्रभुतादेखेउं सो अब आपुकी प्रसन्नताते मोको बहुत भासिआयो तथापि कछुक संशय अबहूंबनी है सोसंशयकोकृपाकरिकै नाशकरहुमैं दूनोंकर जोरिकै बिनयकरतीहौं ( ५० ) अरुहेनाथ प्रथम सतीतनमेंमोको आपुबहुतप्रबोधकीन

## सुनाई ४८ तदपिमलिनमनबोधनआवा सोफलभलीभांतिमैंपावा ४९ अजहूंकछुसंशयमनमोरे करहुकृपाविनवोंकरजोरे ५० प्रभुम्वहिं तबबहुभांतिप्रबोधा नाथसोसमुझिकरहुजनिक्रोधा ५१ तबकरअसबिमोहअबनाहीं रामकथापररुचिमनमाहीं ५२ कहहु पुनीतरामगुणगाथा भुजगराजभूषणसुरनाथा ५३॥दो०॥ बन्दौंपदधरिधरणिशिर विनयकरौंकरजोरि बरणहुरघुपतिविशदयश श्रुतिसिद्धान्तनिचोरि ५४ ॥चौ०॥ यदपियोषिताअनअधिकारी दासीमनक्रमबचनतुम्हारी ५५ गूढ़ोतत्त्वनसाधुदुरावहिं आ

तहां मेरी अभाग्यते मेरेहृदयमें नहींआयो सोसमुझिकैक्रोधनकरब ( ५१ ) हेस्वामी तबकोऐसोमोहअबनहींहै अब श्रीरामचन्द्रकी कथामें अत्यन्त प्रीति है जाकेसुनेते सबसंशय जातीरहैगी ( ५२ ) अब श्रीरामचन्द्रको अतिपुनीत जो गुणगाथ है सो कहहु भुजंगराज जो शेषजू हैं जिनको अनंत कही सर्बजीवनके कल्याणकर्त्ता आचार्य्यरूप हैं सोई तुम्हारे भूषण हैं अरु तुमकैसेहौ संपूर्ण जो देवता हैं तिनकेनाथहौ ताते आपुते कछुजानिबेको बाकीनहीं है ( ५३ ) ॥दोहार्थ॥ पार्बती जू महिमें माथ नाइकै महादेवके युगलपदकै बन्दनाकरिकै यह कहतीभई हेप्रभु श्रीरघुपतिको यश अतिशय विशद सो कहहु पर वेदनकर सिद्धांत विचारिकै कहहु जोतत्त्वचारिहू वेदको सिद्धांत जाको वेदबर्णन करते हैं अरु पारनहीं पावते नेति नेति कहते हैं अरु जो तुमअपने अनुभवबिषे सिद्धांतकीनहै सोई कहहु काहेते तुमतेश्रेष्ठ कोईनहीं है तुमईश्वरहौ तुम ब्रह्मादिक देवतन में श्रेष्ठ अरु योगेश्वरनमें श्रेष्ठ अरु बिरक्तज्ञानी बिज्ञानी अरु जे परमानन्य परपतिभक्त हैं तिन सबनमें तुमश्रेष्ठहौ सबप्रकारसे ताते वेदांतके सिद्धांतको जो होइ परमरस सो रसकहौ निचोरिकै ( ५४ ) यदपि श्रीवेदांतश्रवणका अधिकारी नहीं है तदपि मैंतौ मनबचन कर्मसे तुम्हारीदासीहूं ( ५५ ) अरु यहप्रमाण है कि साधुजन जो हैं सो गूढ़कही जो तत्त्ववेदमें छपी है अनुभवते प्रत्यक्ष है सोऊनहीं दुरावते हैं कबजब कोईजीव परम तत्त्वके आरत अधिकारी हैं आरतकही जिनको यहिसंसारमें जेतेदेहकेसम्बन्धी अरु देह अरु मानबड़ाई इत्यादिक दुखरूपलाग्यो है जैसे बनके मध्यमें हाथी है अरु बनमेंचहूंफेर दावालाग्योहै अरु गजदावाकी तपनिते बिकल आरतह्वैकै भाग्यो कोईनदमें पर्योजाइ सुखी भयो तैसेजगत् की तापते विकलह्वैकै सत्संगसागरमें परैजाइ तब सुखीहोत है ताको अतिआरतकही अधिकारीकही वैराग्यविवेक षट्संपतियुक्तहोइ शम दमतितीक्षा उपरति श्रद्धा समाधान इतिषट् पुनि षट्शरणागत भगवत् अनुकूल मयसंकल्प प्रतिकूल मयत्याग आत्मसमर्पण कार्प्पण्यगोप्तृत्त्वबर्णन रक्षाप्रतीति इतिषट् इनसबनको स्वरूप कहिआये हैं याज्ञवल्क्य भरद्वाजके संबादमें इनकरिकै युक्तहोइ ताको अधिकारीकही

## रतअधिकारीजहंपावहिं ५६ अतिआरतपूछौंसुरराया रघुपतिकथाकहौकरिदाया ५७ प्रथमसोकारणकहहुबिचारी निरगुणब्रह्म

तहां जे केवल आरत हैं ते सामान्य हैं अरु जे केवल अधिकारी हैं तेभीसामान्य हैं दूनोंमिले विशेषहैं तासों साधुनहीं दुरावते तहां मैं दूनों हौं ताते मोसे कहौ ( ५६ ) पार्बती कहती हैं हेसंपूर्ण देवतनके स्वामी मैंअतिआरत अधिकारी ह्वैकै पूछतिहौं श्रीरघुपति कै कथा अतिपवित्र सो दया करिकै कहहु ( ५७ ) पार्बतीजू महत्प्रश्नकरती हैं जा प्रश्न में पूर्बापर मध्यप्रसंग समस्तसूचितहोइगो हे महादेव स्वामी तुमपरमगुरुहौ प्रथमहिं सो कारण विचारि कै कहौ निर्गुण जो ब्रह्म सर्बब्यापक सबको नियन्तासर्बसाक्षी सर्व ते भिन्न अतिसूक्ष्मतर सूक्ष्म अज अकल अभेद ऐसोब्रह्म सगुण कैसे होत है पार्वती के जो पूर्बही सतीतन में तीनिसन्देह भयेरहैंएकतो यह सन्देह कि महादेव राजा के पुत्रको सच्चिदानन्द परधाम कहे परस्वरूप बिग्रहकहे हैं तब सतीतन में यह सुनिकै विचार कीन कि ब्रह्मकेद्वैस्वरूप वेदवरणत है एकसगुणब्रह्मएकनिर्गुणब्रह्म तिनको सच्चिदानन्द कहौ जो कहौ कि निर्गुण ब्रह्म जो है सोई देहधरेउ है तहां निर्गुण ब्रह्म जो सर्वव्यापक ताको देहधरिबे को कछुकारणै नहीं है ताते ब्यापक ब्रह्म निर्गुण सो षेराजपुत्रनहीं हैं अरु जो कहौ कि विष्णुभगवान् देवतनकेहेतुनरतनधरते हैं तहं विष्णु तो सर्बज्ञ हैं जैसे महादेव सर्बज्ञ हैं ते विष्णु अज्ञानकी नाईं कैसे आपनीप्रिया को खोजैंगे ताते ये राजपुत्र विष्णुभी नहीं हैं सतीजूके मनमें दोऊस्वरूप को निषेधभयोहै अरु सतीजू यह विचारकीन कि महादेव के बचन बृथानहीं हैं ते तीनिहूं सन्देह अब पार्बतीतनमें स्मरणकरिकै गर्भित प्रश्नकरती हैं क्रमहौ ते दोऊप्रश्न के अवान्तर समस्त तात्पर्य्य हैं। दोऊप्रश्न कौन हैं चौ०॥ प्रथमसोकारणकहहुबिचारी निर्गुणब्रह्मसगुणबपुधारी प्रनिप्रभुकहहुरामअवतारा प्रथम निर्गुण ब्रह्मको प्रश्नकरती भई काहेते कि मेरीमतिमें निर्गुणब्रह्म सगुणनहीं होतहै आगे जो महादेव कहैंगे कि निर्गुणब्रह्म सगुणरूप धारणाकरतु है तौ मैं यह समुझौंगी कि मोते सतीतनमें नहींसमुझतबन्योहै अबमैं यह जानिहौं कि श्रीरामचन्द्रै निर्गुणब्रह्म हैं भक्तनके हेतु स्वरूप धारणाकियो है अरु जो श्रीरामचन्द्रको निर्गुणब्रह्म नहींकहैंगे तो श्रीरामस्वरूप धौं कवनी रीति वर्णनकरैंगे तहां पार्वतीके प्रथमप्रश्नको तात्पर्य्य यहीहै जो

**सगुणबपुधारी ५८ पुनिप्रभुकहहुरामअवतारा बालचरितपुनिकहहुउदारा ५९ कहहुयथाजानकीबिबाही राजतजासोदूषणकाही ६० बनबसिकीन्हेउचरितअपारा कहहुनाथजिमिरावणमारा ६१ राजबैठिकीन्हेउबहुलीला सकलकहहुशङ्करसुखशीला ६२**

कहिआये हैं ( ५८ ) आगे दूसरप्रश्न करतीहैंहे प्रभु पुनि श्रीरामचन्द्रको अवतार कहौ पुनि बाललीला कहौ जो अतिउदार है जाते मोको सर्ब जानिपरै यह प्रश्न को तात्पर्यहै कि जो निर्गुणब्रह्म श्रीरामचन्द्रको नहींकहैंगे तो यह कहैंगे कि श्रीरामचन्द्र साक्षात् विष्णुको अवतार है तब मैं यह जानिहौं कि सतीतनमें जो मैं सन्देह कीन्ह्योरहै कि ये राजपुत्र विष्णुनहीं हैं सो यह मोसे नहींसमुझत बन्यो अरु महादेव तौ श्रीरामचन्द्र को नतौ निर्गुणब्रह्म कहैंगे अरु न तौ विष्णु को अवतारकहैंगे तबधौं श्रीरामचन्द्र दशरथ के पुत्र हैं तिनको स्वरूप कवनीरीति वर्णनकरैंगे जो मैं देखेउहै बन में परात्पर बिग्रहस्वरूप ताते दूसरे प्रश्न कीन्ह्यो है पार्वतीजी हे भरद्वाज ( ५९ ) समस्तप्रश्न दोईप्रश्न के भीतर जानब हे प्रभु श्रीजानकीजी को विवाह अतिसुन्दर नीकीप्रकारकहौ अरु राज्यको त्यागकीन सो कवने दूषण ते ( ६० ) अरु जो वनमेंबसिकै चरित्रकीन सो कहौ अरु रावण त्रैलोक्यबिजयी ताको रणमेंनाशकरिदीन सोकहौ ( ६१ ) अरु राज्यपर बैठे तब अनेक दिव्य लीलाकीन सो कहौ अरु यह बड़ी बिचित्र लीलाभई कि जब श्रीरामचन्द्र राज्यपर बैठे तब ब्रह्माण्डभरके जीवपरमपद के अधिकारी होत भये हैं सो कहौ ( ६२ ) दोहार्थ॥ अरु हे करुणायतन यह बड़ो आश्चर्य्य श्रीरामचन्द्र कीन है ऐसी लीला नतौ कोई अवतार में कीन है अरु बिनाअवतारहू नहींकियो है जैसी लीला श्रीरामचन्द्र कीन है किसहित प्रजा अरु श्रीअयोध्याकी मर्य्याद द्वादश २ योजन चारिहू दिशा तहां के जीव जे चराचररहे अरु जेते बानर रीछसमस्त सेनारही रावण के संग्राम में तिनसबन को अपनो स्वरूप सबको दैकै सबको संगही परधाम को लैगये सो कैसे लैगये सो कहौ सो महादेव उत्तरकाण्ड में कहे हैं जहां प्रभाव वर्णन कीनहै अरु श्रीरघुनाथजीकी बाटिका स्थितताई ॥ चौपाई॥ एकबार रघुनाथबुलाये ( ६३ ) हे प्रभु पुनिसो तत्त्व बखानिकै कहौ जेहितत्त्व बिज्ञानते मुनीश्वर मग्नहोते हैं सो कहौ ( ६४ ) भक्ति ज्ञान बिज्ञान वैराग्य इत्यादि समस्त बिभागबि-

दो०॥ बहुरिकहहुकरुणायतनकीन्हजोअचरजराम प्रजासहितरघुबंशमणि किमिगवनेनिजधाम ६३ चौ०॥ पुनिप्रभुकहहुसोतत्त्व बखानी जेहिविज्ञानमगनमुनिज्ञानी ६४ भक्तिज्ञानविज्ञानविरागा पुनिसबवरणहुसहितबिभागा ६५ औरौरामरहस्यअनेका कहहुनाथअतिबिमलबिवेका ६६ जोप्रभुमैंपूंछानहिंहोई सोउदयालुराखहुजनिगोई ६७ तुमत्रिभुवनगुरुवेदबखाना आनजीवपामर काजाना ६८ प्रश्नउमाकरसहजसुहायेछलविहीन शंकरमनभाये ६९ हरहियरामचरितसबआये प्रेमपुलकिलोचनजलछाये ७०

भागकहौ ( ६५ ) औरौ श्रीरामचन्द्रकी रहस्य जो अनेक प्रकारकी है सोकहौ रहस्यकही श्रीरामचन्द्रको स्वभाव कृपा करुणा दया उदारता सदा प्रसन्नता एकरस अरु यावल्लीला है सो सब परम रहस्य है अरु ज्ञानभक्तिको भेद इत्यादिक सोभी राम रहस्यकही अरु हे नाथ बिमल बिवेक कहौ एक विवेकगुण सम्बन्धी है अरु एक विवेक भगवत् सम्बन्धी है सारासारको बिवेक ताते बिमल कहां ( ६६ ) हेनाथ जो मोरनहीं जाना है अरु जो मोरे पूंछिबेमें कछुरहिगयोहोइ अरुजोमैंनहींपूंछ्योंहोइ सो सबकहहु काहेते तुम दयालुहौ अरु मैं आरतहौं ताते सबकहौ कछु गोइन राखहु ( ६७ ) तुमतीनिहुं लोकके गुरुहौ शिक्षाकरिबे को अपर जीवजे हैं पामरकहे जिनको तीनिहीं गुणकोज्ञान है तेपामरकाजानैंगे ( ६८ ) तहां हे भरद्वाज उमाकोप्रश्न सहजही शोभितहै अरु निश्छल निष्कपट ऐसोप्रश्न पार्बतीकोसुनिकै शंकरके मनमें बहुत आनन्दभयो ( ६९ ) तहां पार्बतीके प्रश्नकिहेसंते तब महादेवके हृदयमें श्रीरामचरित सबआये तब महादेव प्रेमतेमग्न होतभये नेत्रनते जल चलतभयो ( ७० ) श्रीरघुनाथजीकोरूप महादेवके हृदयमें आयो परमानन्द जो अमितसुख है तातेभरिरहे हैं तहां जैसेजैसे पार्बतीजीप्रश्न कीन्ह्योहै तैसेतैसे क्रमहींते महादेव स्मरणकरते हैं शिवजी तोसदारामानन्दमें इछके हैं तहां पार्बती के प्रश्न के अनुस्यूतस्मरणकरिकै समाधान करैंगे प्रथम पार्बती जी श्रीराम चरितको प्रश्नकीन्ह्यो है सो हरकेहृदयमें श्रीरामचरित सब आयो है पुनि निर्गुणब्रह्मकोप्रश्न कीन्ह्यो है कि निर्गुण जो ब्रह्मव्यापक सो कैसे सगुणहोत है ताते श्री रामरूप हृदयमें आयो काहेते श्रीरामरूपही चेतनरूप सर्बत्रव्याप्त है तहांप्रमाण ( सनत्कुमारसंहितायांश्लोकएक ) रामंसत्यं परंब्रह्म रामात्किंचिन्न विद्यते ॥ तस्माद्रामस्यरूपोऽयंसत्यंसत्यमिदंजगत् १ ताते महादेवकेहृदयमें रामरूप आयो पुनि पार्बती प्रश्नकीन्ह्यो श्रीरामवतार कहहु ताते आगेके दोहामें श्रीरामचन्द्रके स्वरूपको ध्यानकरहिंगे सुन्दर श्याम किशोर विग्रहपरब्रह्मसूरति जाते सबप्राप्त हैं पर चरितरूप स्वरूपकही है ( ७१ ) दोहार्थ॥ तहां हेभरद्वाज श्रीमहादेव श्रीरामस्वरूपको ध्यानकीन्ह्योताही ध्यानकेरसमें दुइदंड मग्नकही डूबिगये पुनि मनको बाहरकरिकै

श्रीरघुनाथरूपउरआवा परमानन्दअमितसुखपावा ७१ ॥दो०॥ मगनध्यानरसदण्डयुग पुनिमनबाहरकीन्ह रघुपतिचरितमहेश तब हर्षितवरणैलीन्ह ७२॥ * * * * * * * *

महेशजी श्रीरघुपति को चरित कहिबेकी अतिहर्ष संयुक्त इच्छाकीन जोकोईकहै कि दुइदंडमग्नभये हैं अरु मग्नह्वैकैं पुनि मन ऐसे आनन्दसे क्यों निकारयो है सो कहते हैं युगदंडकही द्वैत सेवकसेव्यभाव पुनिद्वैदंडकही मायासंबंधजे द्वैत हैं मैं मोरतोरतैं मैं इत्यादिक जो द्वन्द्व तेहिकोएक रसकरिकै तब ध्यानको रसमिलत है अथवा पार्बतीकोद्वैत हृदयमें बिचारिकै कि इनकोद्वैत कैसे नाशहोइ तब श्रीरामस्वरूप को ध्यानकरतसंते समस्त अभिप्राय हृदयमें आइगयो ताते दुइदण्डकहा अरु साधारण शास्त्रनमें बर्णनहै कि जे निजभगवज्जनहैं तिनको भगवान् अपनीविभूति ऐश्वर्य्यलीला इत्यादि दुइदण्ड में जनायदेते हैं अरु ध्यानविषे पार्बतीके प्रश्नको अनुसन्धान बनोरह्योहै अरु ताहीहेतु ध्यानकीन्हहै तातेमन बाहरभयोहै ( ७२ ) इतिश्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषविध्वंसनेबालकाण्डेउमाप्रश्नशिवश्रवणध्यानबर्णनंनामएकोनविंशतिस्तरङ्गः १९॥

दोहा॥ विंशतिसुभगतरंगमें प्रश्नोत्तरगौरीश सावधानश्रोताबहुरि रामचरणधरिशीश ( २० ) आगे तीनि चौपाई की एकही अन्वय है हेभरद्वाज शिवजी रघुपति के बालस्वरूप को ध्यानकरिकै मनको बाहरकरिकै पुनिबालस्वरूप श्रीरामचन्द्रको वन्दनाकीन्ह अरु मनमें यह बिचारकीन्ह कि श्रीरामचन्द्रै अपने स्वरूप करिकै सर्बव्यापक हैं जैसे सूर्य अपने घन तेजकरिकै सर्वत्र प्रकाशकरिरहे हैं तैसे श्रीरामचन्द्र अपनाघन तेजरूप जो है परमदिव्य एकरस सर्बकाल परिपूर्ण सोई रूप ते व्याप्त हैं ( ब्रह्माण्डपुराणेश्रीरामगीतायांश्लोकएक ) यथानेकेषुकुंभेषु रविरेकोऽपिदृश्यते ॥ तथासर्वेषुभूतेषु चिंतनीयोऽस्म्यहंसदा १ तहां यह जगत् झूंठा है जिन श्रीरामचन्द्र को व्यापकरूप जाने बिना जगत् सत्यइव भासत है जैसे रात्रिविषे जेवरी कोई देख्यो तब वाको सर्प्प भ्रमभयो जब कोई यत्न ते जेवरीका ज्ञान यथार्त्थ भयो तब इसजेवरीविषे सर्प्प की भ्रांति मिटिगई तहां आगे वह प्राणी सर्प्प देखैहै तव तो रज्जुविषे सर्प्पकाभ्रमभयाहै ताते जेहिको रज्जुविषे यथार्त्थ ज्ञानभयो तेहि को भ्रममिटिगयो है जब रज्जुमें निश्चयभई तब सर्प्पकी भ्रांति मिटिगई अरु जोकहै कि सारे जगत्के सर्प्पमिटिगये हैं सो यह कहना नहीं सम्भवै है तहां अपनेस्थान में माया भी सत्य है अरु श्रीरामस्वरूप व्यापक ब्रह्मविषे माया झूंठी है नहींहै अरुयहां तो महादेव के समुझिबे और कहिबे को यह तात्पर्य है कि श्रीराम

**चौ०॥ झूंठौसत्यजाहिबिनुजाने जिमिभुजंगबिनुरजुपहिंचाने १ जेहिजानेजगजाइहेराईजागेयथास्वप्नभ्रमजाई २ बन्दौंबालरूपसोइरामू**

चन्द्र विषे पार्बतीने सतीतनमें प्राकृतइव लीला देख्यो तव भ्रमभयो सोवहै लीला प्राकृतरहित परमदिव्य ब्रह्ममय सो शिवजी देखाइकै पार्वती को भ्रमहरहिंगे जैसे रज्जुमें सर्प्पकोभ्रमभयो कोई ने रसरीचिन्हाइदियोतब भ्रममिटिगई तैसे श्रीरामचन्द्र की लीला जो परमदिव्य है तेहिलीलामें जो कोई प्राकृत रोपणकरै ताको रज्जु भुजङ्गवत् भ्रमहोतहै काहेतेउनको प्राकृत गुरूमिलेउ है अच्छो वेदवेत्ता गुरुनहीं मिलेउ है अरु निर्गुणब्रह्म सगुणब्रह्म दोऊ स्वरूपनकी एकता अरु भिन्नता इनकाबोध करनेवाला ऐसो सद्गुरु उनको नहींमिलेउ अथवा सद्गुरुनकै कही उनको नहींसमुझिपरउ ताते जब सद्गुरुनकरिकै श्रीरामचन्द्र जानिजाहिं तब जगत् श्रीरामचन्द्रविषे भ्रमरूपसो मिटिजाइहै जैसे रज्जुके ज्ञान ते अहि को भ्रम मिटिजात है ( १ ) जेहिकेजाने यह जगत् हेराइजात है फेरिनहींमिलै जैसे स्वप्नविषे किसू को कोई पदार्थ प्राप्तभयो तब उसने निश्चय कियो जबवह पुरुष जाग्यो तब स्वप्नको पदार्त्थजातरह्यो तैसे जो जागबहै सोई श्रीरामचन्द्र को जानब है जब श्रीरामचन्द्र को सद्गुरुन करिकै जान्यो तब श्रीरामचन्द्र विषे जो भ्रमभयो सो हेराइगयो अरु तब उसको सहित व्यवहारसमस्त स्वप्नवत् बीतिगयो वह प्राणी जीवन्मुक्तभयो अन्त में परमपदकी प्राप्तिभई ( २ ) ऐसे जे श्रीरामचन्द्रहैं तिनके बालकस्वरूपको महादेव नमस्कार करते हैं जिन श्रीरामचन्द्र को रामनाम जो है तेहिके जपेते सब अबिधि नाशहोत है अरु सर्वविधि सुलभहोतहै काहेते कि श्रीरामनाम के आधीन समस्त बिधि है तहां एकबिधि है अरु एक निषेध है इहां यहविधिकही जो बिधि श्रीरामचन्द्रको प्राप्तकरै योगवैराग्य ज्ञान बिज्ञान ध्यान भक्ति इत्यादिकजो श्रीरामचन्द्र के अनुकूल है ताको विधि कही अरु काम क्रोध लोभ मान मद ईर्षा मात्सर्य इत्यादिक जे श्रीरामचन्द्र से प्रतिकूल हैं ताको निषेधकही तहां रामनाम जपेते समस्त बिधि स्वाभाविके सुलभहोती हैं अरु निषेधको नाशहोतहै अथवा सब विधिकही सबप्रकारते श्रीरामस्वरूप श्रीरामधाम श्रीराम लीला श्रीरामप्रताप सहजही प्राप्तहोत है ऐसो श्रीरामचन्द्रको नाम तिनको बालस्वरूप बन्दौं ताते बालचरित इत्यादिक समस्त चरित मेरे हृदयमें आवैं ताते महादेव ने बालहीस्वरूप की बन्दनाकीन्हहै पुनि श्रीरामचन्द्र श्रीदशरथमहाराज के सदनमें अवतीर्ण भये तहां जैसे राजन के बालक लीलाकरते हैं तैसे करहिंगे जैसे कोईराजन के बालकके हाथमें रत्न है अरु तेहिबालकको जो एकलेडुआकोईदेय तो वह बालकते रत्न

**सबविधिसुलभजपतजेहिनामू ३ मंगलभवनअमंगलहारी द्रवौसोदशरथअजिरबिहारी ४ करिप्रणामरामहिंत्रिपुरारीहर्षिसुधासमगिरा उचारी ५ धन्यधन्यगिरिराजकुमारी तुमसमाननहिंकोउउपकारी ६ पूंछेहुरघुपतिकथाप्रसंगासकललोकजगपावनिगंगा ७ तुमरघुबीर**

मांगिलेइ अरु वह बालकहू हर्षिकै दै देत है अरु जो वहै बालक सयानभयो तब कितनीहूं मिठाईदेइ तब वहरत्न नहींदेइ है तैसे श्रीमहादेव श्रीरामचन्द्र के बालस्वरूपको नमस्कारकरिकै सम्पूर्ण परमतत्त्व लीलाधाम नामस्वरूप गुण प्रताप ज्ञान बिज्ञान भक्तिइत्यादिक समस्त फुसिलाइकै मांगिलीन्ह है कैसे जानिये देखिये तो दशरथमहाराजके अजिरमें जो बाललीलामें कागभुशुण्डकोबरदीनहै सो बर किसूमुनीश्वरकोनहीं दियो है ताते महादेव प्रथम बालही स्वरूप की बन्दनाकीन्ह यह अर्त्थ उक्तिकरिकै कहे हैं ( ३ ) ते श्रीरामचन्द्र अरु रामनाम सम्पूर्ण मङ्गल के भवन हैं अरु सम्पूर्ण अमङ्गलके नाशकर्त्ताहैं ते श्रीरामचन्द्र वालस्वरूपदशरथ के अजिरबिहारी मोपर द्रवैं जाते समस्त श्रीरामपदार्त्थ मेरे हृदय में आवै ( ४ ) श्रीरामचन्द्रको प्रणामकरिकै अमृतमय बचन महादेव बोलतेभये ( ५ ) गिरिराज जो हिमाचल है तिनकी तुम कन्याहौ ताते तुम धन्यधन्य हौ दुइबार धन्यकहां सो अतिआदर कीन्ह तुम्हारीसमान सबको हितकारी दूसर कोई नहीं है गिरिजो है सो सबको हितकारी स्वाभाविकै होत है ताते गिरिराज कुमारी कहा ( ६ ) श्रीरघुपतिकी कथासमस्त प्रसङ्गसंयुक्त जो तुम प्रश्नकीन्ह है सो श्रीरामकथा कैसी है श्रीगङ्गाइवहै तुम्हारो प्रश्न भगीरथरूपहै तहां भगीरथ गङ्गालैकै जगत्को कल्याणकीन्ह पर जेहिलोक में गङ्गागई हैं अरु श्रीराम कथारूप गङ्गा जो है नवखण्ड सातहुद्वीप चौदहौभुवन तीनिहुंलोक इन सबनको पवित्रकीन्ह ताते तुम धन्यतरहौ ( ७ ) अरु हे पार्बती तुम तौ श्रीरामचन्द्र के चरण पंकजकी अनुरागिनीहौ मैं जानतहौं अरु जो प्रश्नकिह्योहैं सो यहरीतिहीहै कि जे श्रीरामतत्त्व जानिकै जीवन्मुक्त होइरहे हैं तेऊ अति प्रीति ते श्रीरामकथा पूंछते हैं अरु जो अपनेते जिज्ञासाकरै है ताहूते कहते हैं अरु उनहीं के कहेते सुनेते सब जगत्को हितकारहोत है ऐसो तुम्हारो प्रश्न है ( ८ ) दोहार्थ ॥ हे गिरिसुता श्रीरामकृपाते तुम्हारे शोकमोह सन्देह भ्रम सो मेरे बिचार में अब नहीं है काहेते कि शोक इत्यादिक तबताईं जानिये जबताईं आरत ह्वैकै सद्गुरुन ते प्रश्न न करै तबलगि सब है गिरिसुता क्यों कहा अबते तुम्हारीबुद्धि अचल है जो मैं कहौंगो तामें नहींचलैगो पुनि शोक काकोकही जो तत्त्व कछु प्राप्तरह्योहैअरु कोईयोगते जातरह्यो ताकी कल्पना ताको शोककही पूर्व सतीतन

## चरणअनुरागीकीन्हेउप्रश्नजगतहितलागी ८ दो० रामकृपातेगिरिसुतासपनेहुंतवमनमाहिंशोकमोहसंदेहभ्रमममविचारकछुनाहिं ९

में जो शिव अगस्त्य के सम्बाद में तत्त्वप्राप्तभयो अरु आगेहूते जो प्राप्तरह्यो सो श्रीरामचन्द्रकी बनकीलीला देखिकै जातरह्यो सतीको शोक भयो पुनि मोह कही जो महान्पुरुषके कहेमें सामान्य बोधकरै अरु अपने जानबेमें बिशेष बोधकरै इत्यादिक अपनपौ सोई मोह अरु सद्गुरु वाक्यमें अप्रतीति सो मोह तहां सतीजू महादेव को कहानहींमान्यो अरुअपनीबुद्धि ते श्रीरामचन्द्र को राजपुत्र निश्चय कियो ताते मोह ह्वैगयो सन्देहकही सन्देहालंकार कोई पदार्थ है तामें सन्देहभयो कि ऐसोहै तहांसतीजू श्रीरामाचन्द्र को राजपुत्रमान्यो अरु महादेवने सच्चिदानन्द कहा तब सती के मन में यहआयो कि ये दोऊकुमार राजपुत्रहैं कि परमात्माहैं यह सन्देहभयो पुनि भ्रमकही कोई पदार्थहोइ तामें अपरपदार्थ आरोपणकरै जैसे रज्जुबिषे भुजंग सोभ्रमालंकार है तहां सतीजू श्रीरामचन्द्र परब्रह्म तिनमें प्राकृत भावनाकीन्ह सो भ्रमभयो तहां महादेव कहते हैं कि हे पार्वती मोरे बिचारमें शोक मोह सन्देह भ्रम अब तुम्हारे नहींहैतात्पर्य्य यह है कि अब एकहू नहींरहैगो ( ९ ) हे पार्वती यद्यपि तुम निस्सन्देहहौ तदपि नीकीशंका किहेहु है इहां व्यंग्यार्थहै तुम्हारे प्रश्नमें शंकानहीं है अशङ्काहै काहेते जो सुनत कहत सब को हितकारहोइगो यहिप्रसंगमें आश्वासन अरु भयदर्शन अरु प्रीति शिवजू पार्बतीको दिखावते हैं प्रथम आश्वासन कीन पुनि भयदर्शन करावते हैं सावधान करते हैं यहसद्गुरु जिज्ञासू की रीति वेद बर्णत हैं कि प्रथम आदर करै जाते श्रोताको मन प्रसन्नहोइ पुनि कोईयुक्तिसे अरु किसूके मिसु करिकै जिज्ञासूको भय दिखायकै तब तत्त्व उपदेशकरै तेहिके उपरान्त तत्त्व में प्रीतिकरावै तब मुमुक्षु जीवन्मुक्तहोइ ताते श्रीमहादेव जी प्रथम आदरदीन्ह अब भय दिखावते हैं ( १० ) हे पार्बती जे श्रीरामकथा श्रवण ते चित्तलगाइकै नहींसुनैं तिनके कान रन्ध्र हैं कौन रन्ध्र हैं अहि भवनसम किन्तु एककान कोट को रंदा है अरु एक कान सर्प्पको बिल है जे कोई श्री रामयश छांड़िकै किसूकी निन्दाबिषे बार्त्ता सुनते हैं तहाँ जैसे रंदामें बंदूकचलैहै अरु अहिभवनमें अहि समातहै तैसे उनकेकानमेंनिन्दा बिषयप्रवेश करत है तहां श्रीरामकथाकैसेसुनैं जैसे मृगा

तदपिअशंकाकीन्हेउसोई कहतसुनतसबकरहितहोई १० जिनहरिकथासुनीनहिंकाना श्रवणरन्ध्रअहिभवनसमाना ११ नयनन सन्तदरशनहिंदेखा लोचनमोरपक्षकेलेखा १२ तेशिरकटुतुमरीसमतूला जेननमहिहरिगुरुपदमूला १३ जिनहरिभक्तिहृदयनहिं आनी जीवतशवसमानतेप्रानी १४ जेनहिंकरहिंरामगुणगाना जीहसोदादुरजीहसमाना १५ कुलिशकठोरनिठुरसोइछाती सुनि

राग सुनते हैं तहां सबको कहतेहैं अरु पार्वतीको कहतेहैं कि सावधानह्वैकैसुनो जो मेरी बाणी सुनत सन्ते चित्तकी वृत्ति अन्तै कहूं गई तो तुम्हारे श्रवण रन्ध्रअहि भवनह्वै जाहिंगे महादेवकेकहिबेको यहै तात्पर्यहै पर यहसबको कहा है अब याहीरीतिते यह प्रसङ्गभरेको अर्त्थ जानब ( ११ ) पुनि जहां सन्त सुनैं अरु चलिकै दर्शनको न जाहिं तो उनकेनेत्र मयूरकेपक्षर्कीरेखाहैं नाम नेत्रको आकार मात्रहै पर अन्धेहैं तहां महादेव कहतेहैं कि मेरे मुखमें तुम्हारी दृष्टि नहीं चलै काहेते कि बक्ताके मुखको श्रोताकैदृष्टिलगीरहै डिगैनहीं तब सद्‌गुरुकै तत्त्व नेत्रद्वारह्वैकै प्रवेशकरतु है ( १२ ) पुनि तिनकेशिर करूलौकी सम हैं ताके भीतर कटुपदार्त्थ रह्योहै तिनके शिर अरु गुरु जो है सो प्रत्यक्ष तिनको पद मूल एँड़ी अंगुली नख पद पीठ युगल तामें जाके शिर आरतह्वैकै नहीं नवैं तिनकेशिर कटुतुंबी सम हैं ( १३ ) पुनि जे प्राणी अपने हृदयमें श्रीरामचन्द्रकै भक्ति नहीं ल्यावैं ते प्राणी जीवतहैं पर शव कही मुर्दा समहैं जीवत मृतक क्योंकहेमृतकको सियार श्वान गीध इत्यादिक नोचि नोचि खाते हैं अरु हरिबिमुखनको कुटुम्ब दारा पुत्र इत्यादिक निशिदिन फारि फारि खाते हैं ( १४ ) जे प्राणी जीभते श्रीरामगुण नहीं गानकरते रामनाम नहीं उच्चारणकरते तिनकै जीभ दादुरकी समहै जो कहो कि दादुर तो जीभ रहितहै उसकीबाणी कपोल कल्पित है अनर्त्थ है तहां दादुरके कपोलही में जीभहै तहां जे रामगुण रामनाम संबंध रहित बोलते हैं तिनकीबाणी दादुरसम बिनुअर्त्थ है बृथा है अरु जेहिसमाजमें श्रीरामगुण यशनहीं कथनहोइ सो सभामेंढुकनकी समाजजानिये काहेतेकि इक्कीसहजारछसै २१६०० श्वासा आठपहरमें चलती हैं साधारणअरुजेबहुतसोवते हैं बहुत चलते हैं बहुत भोजनकरते हैं बहुतबोलतेहैं तबश्वासाबढ़िजाती है तितने बिधाताके अंकहुते आयुर्बलक्षीणहोती है अरु ब्रह्मा श्वासहीकी गिनतीते दिनमासबर्ष बांधते हैं ताते जन्ममरण पर्य्यन्तताई जैश्वासा बिनुराम नामजाती हैं तितनेही हिसाबमें जन्ममरण होतहै ताते जे बिवेकी जनहैं ते अहर्निश श्रीरामयश गुणनाम अनेक कथनकरते हैं ( १५ ) हरिकोयश सुनिकै जिनको हृदय नहींहर्षत है तिनकीछाती कुलिशहुते कठोर जानिये यहिप्रसंग

हरिचरितनजोहर्षाती १६ गिरिजासुनहुरामकैलीला सुरहितदनुजविमोहनशीला १७ ॥ दो० ॥ रामकथसुरधेनुसमसेवतसबसु

में यहधुनिहै कि पार्वतीको सावधान कीन है अरु भयदर्शन कराये हैं किजो अब मेरीवाक्यते कोई अंगडिगैगो तौ ऐसही होइगो जैसे कहिआये हैं पुनिधुनिहै कि जबजिज्ञासू सद्‌गुरुनते तत्त्वकी जिज्ञासा करै तो सर्बांगसवाधान ह्वैकै सद्‌गुरुकी बाणीसुनै जैसेमृगा रागको सुनै है तब सद्‌गुरु की बाणी फलीभूत होती है ( १६ ) हेगिरिजा श्रीरामचन्द्रकी लीलासुनहुअबतुम्हारी बुद्धि स्थिरहै श्रीरामलीला कैसीहै जिन जीवनकै बुद्धि दैवी संपत्ति में है तिनको अति हितकारी हैअरु जिन जीवनकै बुद्धि आसुरीसंपत्तिमें है तेव्यामोहित हैं श्रीरामलीला देखिकै सुनिकै दैवी बुद्धिवारे यहकहते हैं कि देखिये तो परब्रह्म श्रीरामचन्द्र जो हैं ते अपने जननकेसुखहेतु अनेक तरहकी लीलाकरते हैं जालीलाको सुनिकै समुझिकै गाइकै अनेकनजीव कृतार्त्थ होते हैं अरु जिनकै आसुरी बुद्धि है तेयह कहतेहैं कि रामचन्द्र परमेश्वरहोते तौजानकीकोक्योंढूंढ़ते फिरते नागफांसमें क्योंबंधन होते जब लक्ष्मणके शक्तिलागी तबक्यों रोवनेलगे ऐसेही अनेक असंभावना करिकै परमेश्वरबिषे प्राकृतभाव रोपण करिकै व्यामोहित होते हैं हे पार्बती ऐसेही सतीतनमें तुमहूं मोहको प्राप्तभईहौ सो सुनहु ( १७ ) ॥ दोहार्थ॥ हे पार्बती श्रीरामकथा सुरधेनुसम है परसुरधेनु तीनि हींफलकी दाताहै अरु श्रीरामकथा चारिहूफल अरुभक्ति श्रीराम स्वरूप श्रीरामधाम सबकीदाता है अरु सुरलोक सम संतसमाज तहाँ रहतीहै ऐसो समुझिकै ऐसो कौन अभागी है जो श्रीरामचरित नहीं सुनै अरु जो

श्रीरामचरित नहींसुनैहैं तिनको लोक परलोक दोनोंनष्ट हैं अरु जिनकै दैवीबुद्धि है तिनको अमृतरूप है अरु जिनकै आसुरीबुद्धि है तिनको बिषरूप होइजात है जैसे स्वाती नक्षत्रको जल जो सीपके मुखमें परै तो मुक्ताहोत है अरु सर्प्पके मुखमें परैतो विषहोत है तैसे श्रीरामकथा सुनिकै संतजन परम दिव्यलीला जानते हैं अरु आसुरी बुद्धिवाले प्राकृतइव लीला मानते हैं ( १८ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वंसनेवालकांडे श्रोतासावधानकृतेएकविंशतिस्तरंगः २१॥ :: :: ::

दोहा ॥ बाइससुभग तरंगमें उत्तरप्रश्नबहोरि रामचरण भयदर्शना श्वासनप्रीतिनथोरि ( २२ ) हे पार्बती श्रीरामकथा सुन्दरिकरतारी सम है

खदानि सन्तसभासुरलोकसमकोनसुनैअससजानि १८ * * * *

राककथासुन्दरिकरतारी संशयबिहंगउड़ावनिहारी १ रामकथाकलिविटपकुठारी सादरसुनुगिरिराजकुमारी २ रामनामगुण चरितसुहाये जन्मकर्म्मअगणितश्रुतिगाये ३ यथाअनन्तरामभगवाना यथाकथाकीरतिगुणनाना ४ तदपियथाश्रुतिजससिमति

संशयरूपी बिहंग ताको उड़ाइ देतहै पर जो एक हाथहलावै तो बिहंगनहींउड़ै है काहेते शब्द होतहीनहीं कैसे बिहंग उड़ै तैसे अकेलही कथा बांचै तौ संशय नहींजाइ है अरु एक अंगुली अरु हथौरीबजावै तहां अल्पशब्द होइगो तबहूं नहीं बिहंगउड़ैगो तैसे जो श्रोता में अल्पबुद्धि है किन्तु बक्तै अल्पबुद्धि है तहां संशय नहींजाइ है तहां जो बराबरि ताल बाजै तौ बिहंगउड़ै है तैसे श्रोता बक्ता जानब ( १ ) हे पार्बती कलि जो कलियुग है पापमय किन्तु कलिकही क्लेश जो है जन्ममरण सो बिटपहै ताके काटिडारिबे को श्रीरामकथा कुठारीइव है सो रामकथा आदर संयुक्त सुनहु चित्तकी बृत्ति एकाग्रकरिकै ( २ ) हे पार्बती श्रीरामनाम श्रीरामगुण परमदिब्य श्रीरामकीर्त्ति परम निर्म्मल श्रीरामजन्म श्रीरामकर्म्म इत्यादिक जो हैं परमदिब्यतर सो अगणित हैं वेद भी कहते हैं ( ३ ) यथाअनन्त श्रीरामस्वरूप हैं तथा कथा कीर्त्ति गुण इत्यादिक नानाविधिते हैं किसू के जानिबे कहिबे योग्यनहीं भगवान् शब्द को अर्त्थ पूर्ब कहिआये हैं ( ४ ) तदपि यथा वेदकहते हें तथा मैं कहौंगो अरु जो मेरीमति के अनुभवमें आवैगो सोभी कहौंगो काहेते तुम्हारीप्रीति श्रीरामचरितमें अतिशय देखिपरती है ( ५ ) उमा मा संज्ञा जीवकीहै उ कही उपसर्ग्गनाम संस्कार जेहि जीव के श्रीरामतत्त्व जानिबे को अरु सद्गुरुनते प्रश्नकरिबे को संस्कारहोइ ताको शुद्ध जिज्ञासूकही ताते उमाकहा अथवा महादेव कहते हैं हे उमा मा कही मेरी उपसंगी तू है ताते तुम्हारो प्रश्नमोको अतिप्रिय लागेउ है सहजही शोभित है काहेते तुम्हारे प्रश्न में सर्बसन्त सम्मतहै ताते तुम्हारो प्रश्न मोको बहुत भायो है आगे उमा तो ईश्वरी है महादेव की अर्द्धांगी है अहर्निश रामाकार है ( ६ ) इन चौपाइन में श्रोता को आदर करिआये अब श्रोता को भय दिखावते हैं अरु जो अपनेइष्टको छोड़िकै दूसरे स्वरूपको निश्चय ब्रह्मकरै तौ सद्गुरु नहींसहिसकै है यहिप्रसंग में यह धुनिहै श्रीमहादेव कहते हैं हे पार्बती तुम्हारी प्रश्न अतिप्रिय लागेउहै पर एकबात तुम्हारी मोको नहीं

मोरी कहिहौंदेखिप्रीतिअतितोरी ५ उमाप्रश्नतवसहजसुहाई सुखदसन्तसम्मतम्वहिंभाई ६ एकबातनहिमोहिंसोहानी यदपिमोहवशकहेहुभवानी ७ तुमजोकहारामकोउआना जेहिश्रुतिगावधरहिंमुनिध्याना ८ ॥ दो०॥ कहहिंसुनहिंअसअधमनर ग्रसेजेमोहपिशाच पाखण्डी हरिपदविमुखसमुझहिंझूठनसांच ९ अज्ञअकोविदअन्धअभागी काईबिषयमुकुरमनलागी १० लम्पटकप

नीकीलगी यद्यपि तुम का करहु मोहके वशकहेहु है ( ७ ) हे भवानी तुमतौ हमारीप्रिया हौ पर श्रीदशरथनन्दन जो श्रीरामचन्द्र हैं जिनको बनमें हमने नमस्कार कीन है सोई हमारे इष्टदेव हैं अरु तिनको छोड़िकै तुम्हारे मनमें यह निश्चयआई कि जाको वेदगावते हैं नेतिनेति करिकै अरु मुनीश्वर ध्यानधरते हैं सो राम आन हैं ( ८ ) दोहार्त्थ॥तहां

हे भवानी अब मैं तोको का कहौं पर जैसो तू कहेहु है ऐसोकहै अरु जो सुनै सो दोनों महाअधम हैं उन दूनहुंको महामोहरूपी पिशाच लग्यो है बनाइग्रसे हैं अरु पाखण्डी श्रोता बक्ता दोनों हैं अरु हरिपद ते बनाइ बिमुख हैं न तो उनको झूंठ समुझिपरै नतो पुरुष समुझिपरै अथवा समुझहि झूंठनसांच झूंठही समुझते हैं सांच समुझते नहीं तिनके ऐसो पशुइव ज्ञान है जे दशरथनन्दन श्रीराम परमात्मा परब्रह्मविग्रहतिनको छोड़िकै अपरराम सिद्धान्त करते हैं ते अधम पिशाच पाखण्डी हरिपद ते बिमुख हैं सबप्रकारते ( ९ ) तहा प्रमाण है पाद्मे आरण्यमुनिवाक्यं हनुमान्प्रतिश्लोक ११॥ नततपुराणंनहियत्ररामो यस्यान्नरामोनच संहितासा सनेतिहासोनहियत्ररामः काव्यंनतत्स्यान्नहियत्ररामः १ शास्त्रंनतत्स्यान्नहियत्ररामस्तीर्थंनतद्यत्रनरामचन्द्रः॥ यागःसयागोनहियत्र रामो योगःसयोगोनहियत्ररामः २ नसासभायत्रनरामचन्द्रः कालोऽप्यकालोकलिरेवसोऽस्ति संकीर्त्यतेयत्रनरामदेवो विद्यापविद्यारहितात्वनेन ३ स्थानंभयस्थाननरामकीर्त्तिः रामेतिनामामृतशून्यमास्यं ॥ सर्प्पालयंप्रेतगृहंचतद्वैयत्रार्च्यतेनैवमहेन्द्रपूज्यः ४ उक्तेनकिंस्याद्बहुनातुविश्वं सर्बमुधास्याद्यदिरामशून्यं ॥ तदेवसत्यंविहितंतदेव तदेवयोग्यंरघुनाथयुक्तं ५ सर्वेषांवेदसाराणां रहस्यन्तेप्रकाशितं एकोदेवोरामचन्द्रोब्रतमन्यत्रतत्समं ६ मन्त्रंत्वेकंचतन्नाम शास्त्रंतद्ध्येवतत्स्तुतिः ॥ तस्मात्सर्वात्मनारामचन्द्रंभजमनोहरं ७ येषान्तुमानसंरामे लग्नंनेहमनोरमे वंचिताविधिना पापस्तेवैक्रूरतरेणच ८ रामंशृण्वन्तिसद्भक्तया सम्भूताःकथयन्तिये ॥ श्रूयन्तेचसुकथ्यन्ते देवैरिन्द्रादिभिस्तुते ९ येषांरामःप्रियोनैव नवैवारीशजातथा दृष्टव्यंनमुखंतेषांगतिरस्तुकुतस्तदा १० पुनःश्रीमन्महारामायणे श्रीरामेयेचविमुखाखलमतिनिरताः ब्रह्ममन्यद्वदन्ति तेमूढाःनास्तिका

**टीकुटिलबिशेषीसपनेहुंसन्तसभानहिंदेखी ११ कहहिंतेवेदअसम्मतबानी जिनहिंनसूझलाभअरुहानी १२ मुकुरमलिनअरुनयनबिहीना रामरूपदेखहिंकिमिदीना १३ जिनके अगुणनसगुणबिवेका जल्पहिंकल्पितवचनअनेका १४ हरिमायाबशजगतभ्र**

स्तेशुभगुणरहितासर्वबुध्यातिरिक्ताः ॥ पापिष्टाधर्म्महीनाःगुरुजनविमुखावेदशास्त्रेविरुद्धाः तेहित्वागांगमम्भोरविकिरिणिजलंपातुमिच्छन्तित्रस्ताः ११ श्रीरामचन्द्र धनुर्द्धर तिनको छोड़िकै जो अपर राम तत्त्व सिद्धान्तकरते हैं ते अज्ञानी हैं अरु अकोविद कही मूर्ख हैं अरु अन्ध हैं बाहेर भीतर के नेत्रफूटे हैं अरु अभागी हैं अरु मनरूप दर्प्पणतामें विषय रूप मल लगिरह्योहै ( १० ) अरु वे लम्पटहैं पर धन पर दारामें लीनहैं अरु कपटी हैं कहतेहैं आन अरु करतेहैं आन अरु कुटिलहैं सब प्रकारतेटेढ़ेहैं विशेषकै अरु सन्तनकैसभा स्वपनेहु नहीं देखेउहै सत्सङ्ग नहींकियो मनसुखी हैं ( ११ ) ते प्राणी वेदकी सिद्धान्त सम्मत जो तेहिको छोड़िकै कहते हैं जे अपने जीवकी हानि लाभ नहीं समुझतेहैं ऐसो पशुइव ज्ञान है जिनके ( १२ ) दृष्टान्त जैसे कोई एकअन्धहै अरु दर्प्पण मलीन हाथमें लिये है अपनोमुख देखाचाहत है सो कैसेदेखैगो जो कोईकहै कि अन्धेको निर्म्मल दर्प्पण काकरैगो किन्तु नेत्रहैं अरु दर्प्पण मलीनहै तबहूं नहीं अपनोमुख देखिपरैहै तहां नेत्र अरु दर्प्पण दोनोंकी मलीनता क्योंकही तहां दर्प्पण स्थाने उनके गुरूहैं अरु गुरुतत्त्व वेत्तानहींहैं अरु वदेशास्त्रोंमें बोध नहींहै ताते मलिनहै अरु शिष्य जिज्ञासू जोहै तेहिके ज्ञान वैराग्य रूप नेत्र नहींहैं ताते दोऊ अन्धेहैं तहा मुखस्थाने श्रीरामरूप कोटिन सूर्य्यनको प्रकाश कोटिन कन्दर्प्पकी शोभा कोटिन दामिनीकी छटा ऐसो रूप वह अन्धमुकुर मलिन कैसे देखैगो ज्ञानकरिकै विहीनहै ताते दीनह्वैरह्योहै ( १३ ) जिनके निर्गुण ब्रह्मको विचार नहीं है जानतै नहीं हैं कि निर्गुण काकोकही जो कहूं कहबेको भयो तो यहकहदेतेहैं कि जो सर्व्वमेंव्यापकहै सो निर्गुणहै यह नहींजानते कि निर्गुण कैसोहै अरु कास्वरूप है अरु कैसे व्याप्तहै कैसे भिन्नहै यहविचार जिनके नहीं है अरु सगुणब्रह्मको विचार नहींहैं यहकहतेहैं कि सगुणरूप बिग्रहमायिकहै सात्विकगुणमय बिग्रहहै जाको ईश्वर कही सो बिद्या माया उपहित बिग्रहहै ताकोसगुण कही किन्तु भक्तनकेहेतु गुणनको ग्रहण करिकै बिग्रहवान् होतहै ताको सगुण कही अरु यह जानतैनहीं कि कौनगुणवैहैं जो सगुणब्रह्ममें विशेषणहैं अरु परब्रह्म मूर्त्ति विशेष्य है ताको सगुणकही यहजानतै

**माहीं तिनहिंकहतकछुअघटितनाहीं १५ बातलभूतबिबशमतवारे तेनहिंबोलहिंबचनबिचारे १६ जिनकृतमहामोहमदपाना**

नहीं तातेजिनके अगुण सगुणको बिवेक नहीं है तेई जल्पितकही जल्दी अतिआतुरता संयुक्त कल्पितवचन बनाइ बनाइ अनेकन कहतेहैं और किसूकी सुनतेनहींहैं हे पार्वती ते अज्ञानी आन राम कहतेहैं ( १४ ) वे मनुष्य हरिकीमाया जो अति प्रबलहै तेहिके बशह्वैकै जगत्में भ्रमतेहैं ते जो आन राम कहहिं तो उनका यह कहना घटितहै नामउचितहै काहेतेहरिकी मायाकेबशहैं ( १५ ) काहेते जो प्राणी बात कही सन्निपातके बशहै अरु जिनको भूत लगिरह्योहै अरु जे मदिरापान कियेहैं ते मनुष्य सँभारिकै वचन नहीं बोलतेहैं तेई अनुचित वचन कहतेहैं अरु जिनको सन्निपात अरु भूत अरु मद तीनिउ ग्रसेहैं तिनकीकाकहौं तहां बात पित्त कफतीनिउके तिले सन्निहोती है अरु इहां काम क्रोध लोभ जिनकेहै तिनके सदा सन्निपात जानिये ॥चौ०॥ उत्तरकाण्डे॥ कामबातकफलोभअपाराक्रोधपित्तनितछातीजारा प्रीतिकरहिं जोतीनिउभाई उपजसन्निपातदुखदाई अरु अशास्त्र अविद्यामान् ऐसो गुरु तिनकी वचन दृढ़करिकै ग्रहणसोई भूतचढ़ेउ है अरु मोहरूपी मदअपने को उत्तमजाति मानेहैं अरु रूपमान् माने हैं अरु युवाअवस्था माने हैं अरु बिद्यामान्मानेहैं अरु महातत्त्व माने हैं अरु वैराग्यमान् माने हैं अरु ज्ञानी माने हैं अरु ध्यानीमाने हैं येते अष्टमद पानकिहे हैं देहाभिमानी हैं येते प्राणी विचारिकै वचन नहीं बोलते हैं ते आन रामतत्त्व कहतेहैं ( १६ ) हे प्रिया जिन महा मोह मद पान कीनहै तिन मनुष्यनकर कहा कबहूं नहीं सुनिये उनकेसङ्ग न बोलिये न बैठिये न संगकरिये एकमोह एक महामोह कही जो संसार सम्बन्ध विषेहै तेहिमेंअपनपौ मानना सो मोहहै अरु जो परमात्मा परब्रह्म श्रीरामचन्द्र जी हैं किन्तु भगवत् के कोई विग्रह होहि अरु तिनके स्वरूपमें लीला में नाममें धाममें तर्ककरिकै मायाभाव रोपण करना अपने अज्ञान ते ताको महामोह कही इहां औरे के द्वार ह्वैकै पार्बतीको कहतेहैं पार्बतीके श्रीरामलीला देखिकै महामोह भईरहै किन्तुपार्बती के मिसुकरिकै सर्बजीव को शिक्षाकरते हैं ( १७ ) सोरठार्त्थ ॥ यह सबकहिकै पार्बती को सावधान दृढ़करिकै भलीप्रकारते पुनि महादेव प्रसन्नह्वैकै बोलतेभये हे प्रिया जस मैं कहिआयो हौं तैसे अपनेहृदय में दृढ़विचार करिकै सबसंशयत्यागिकै श्रीरामपदपंकज भजहु अपरसमस्तसमुझब भ्रम है अन्धकाररूप है अरु मेरीबाणी रवि की किरणि है भ्रम

**तिनकरकहाकरियनहिंकाना १७॥ सो० ॥ असजियजानिविचारि तजुसंशयभजुरामपद सुनुगिरिराजकुमारि भ्रमतमरविकरवचनमम १८॥**

**अगुणहिंसगुणहिंहिंकछुभेदा गावहिंमुनिपुराणबुधवेदा १ अगुणअरूपअलखअजजोई भक्तप्रेमबशसगुणसोहोई २ जो**

तम नाशकरिदेतुहै सो बचन सुनहु तुम गिरिराजकुमारीहौ तुम्हारीबुद्धिअचल है १८॥ इतिश्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषविध्वन्सने बालकाण्डेउमाप्रश्नोत्तर श्रोताभयदरश आश्वासनप्रीतिसावधानकृते द्वाबिंशतिस्तरङ्गः२२॥

दो०॥ अगुणसगुणदुइरूपप्रभु रामचरणकरिएकरामस्वरूपबिशेष परतेइसलहरिविवेक ( २३ ) हे भरद्वाज अब श्रीमहादेवजी पार्वती के प्रथम प्रश्नका प्रत्युत्तरदेते हैं सो कैलासके प्रसंगभरेमें जानब प्रथम यहप्रश्नहै चौपाई प्रथमसोकारणकहहुविचारी निर्गुणब्रह्मसगुणबपुधारी तीनि चौपाई की एकही अन्वय जानब अरु इहा केवल पार्बतीके प्रश्नको प्रत्युत्तरहै अरु ताहीके आवांतर श्रीराम स्वरूपको बर्णन है यह निश्चय जानब अरु दूसर पार्बती को यह प्रश्न है चौपाई पुनिप्रभुकहहुरामअवतारायहिप्रश्नको प्रत्युत्तर जय विजय जलंधर नारदको मोहलैकै अरु श्रीराम जन्मताई केवल श्रीरामस्वरूप बर्षन जानब महादेवबोले हे पार्बती निर्गुणब्रह्म अरु सगुणब्रह्म ते कछु भेदनहींहै यह मुनीश पुराण बुध वेद कहते हैं ( १ ) अगुणब्रह्म अरूपअलख अज जो है सोई ब्रह्मभक्तन के प्रेमबशह्वैकै सगुणहोतहै ( २ ) जो ब्रह्म गुणरहितहै सो सगुणकैसेहोत है जैसे जलकारणपाइकै पाला अरु ओला ह्वै जातु है जब कार्य्यकरिभयो पुनिजलको जल ह्वै गयो तैसे ब्रह्म जो ब्यापक अलखहै जो कोई भक्तन यह अभिलाषाकियो कि जो ब्रह्म सर्वत्रब्याप्तहै सोई हमारी रक्षाकरैगो तहांवह ब्रह्म कैसो चेतन है सर्वसाक्षी है सर्वकीगति जानत है ताते भक्तनकी अभिलाषा प्रेम को जानिकै स्वरूपको धारण करतेहैं जैसे प्रह्लाद अपनेपितासोंकहेउ कि मेरी रक्षाकरतुहै जो प्रभु सर्वब्यापकहै तब नृसिंहजू प्रकटभये पर माया गुणरहित स्वेच्छितस्वरूप आगे जो कोईकहै कि निर्गुणब्रह्म जो

सर्बव्यापक सो प्रत्यक्ष विग्रहमान् होतही नहीं है तहां ऐसो नेम नहीं है काहेते कि जहांजहां जैसो कारण होत है तहां तहां तैसी अभिलाषा भागवतन के होति है अरु देवतनके होतहै उसीस्थान ते प्रभु प्रत्यक्षहोते हैं कवहीं क्षीरसागर ते कबहीं बैकुण्ठ ते कबहीं परधामते कबहीं सर्वब्यापक जो है येते स्वरूप प्रभुके एकहीहैं भक्तनकीअभिलाषा अनुकूल प्रत्यक्ष होत है यहसब वेदशास्त्र में प्रमाण है काहेते प्रभुमें अनन्तशक्ति है· प्रभुके अनन्तरूपहैं अनन्तलीला हैं अनन्तकारणहैं अनन्त कार्य्य हैं तहां जो कोई यहिमेंसन्देहकरैगो तो उसको प्रभुकीप्रभुता अरु शास्त्रको विचार अरु आत्मअनुभव अच्छीतरह नहीं आयो है अरु इहां महादेव केवल पार्वती के प्रश्नको प्रत्युत्तरकहते हैं काहेते कि जैसोजिज्ञासू प्रश्नकरै तैसेही बक्ताको कहनाचाहिये तहां पार्वती प्रथमयहप्रश्न कीन कि हे महादेव प्रथम यहकहो कि निर्गुणब्रह्म सगुण कैसेहोतहै यहप्रश्नपार्वतीजू क्यों कियो तहां सतीतनमें तीनिसन्देहभयेरहैं एकतो यह कि महादेवजी राजपुत्र राम तिनको परस्वरूप बिग्रह सच्चिदानन्दकहिकै प्रणामकीन है तब सतीजू सन्देहसंयुक्त विचार करती हैं कि मेरे समुझबे में ब्रह्म जो ब्यापक बिरज अज निर्गुण अकलअभेदहै ताकोसच्चिदानन्दकही पर सोतो देहधरतै नहीं प्रयोजनै नहीं हैं काहेते वाको वेदहू नहीं जानैं ताते सो ब्रह्म ये राजपुत्र नहीं है अरु विष्णुभगवान्हैंसो देवतनके हेतु देहधरते हैं सोभी सच्चिदानन्द विग्रहहैं पर वे सर्वज्ञहैं सोभी ये राजपुत्र नहीं हैं अरु शिवको बचन बृथानहीं है यह पूर्वसन्देहकछुक है ताते यहप्रश्नकीन है कि जो मोसे समुझतनहीं बन्योहोइ तो महादेवके कहेते बोधहोइगो जो महादेव यह कहहिंगे कि श्रीराम दशरथनन्दन येई निर्गुण व्यापकब्रह्म हैं भक्तनकेहेतु शरीरको धारणकीन है तो मैं मानिकै बोधकरोंगी अरु जो विष्णुभगवान् हैं तिनहीं को अवताररामजीको कहैंगे तो मानिकै बोधकरिहौं कि मोसे नहीं समुझत बन्योंहै अरु जो ब्रह्मब्यापक अरु विष्णुभगवान् इनदोनोंस्वरूपते रामस्वरूपपरेवर्णनकरैंगे तो जौनी रीति कहेंगे तब तौनीरीति मैं समुझौंगी ताते यह प्रश्न कीनहै कि हे महादेव निर्गुण कैसे सगुणहोत है तात्पर्य्य यहहै कि निर्गुण सगुण होत है कि नहींहोत है ताते महादेव कहते हैं कि निर्गुण होत है एकदेश ये भी है हे पार्वती पर श्रीरामचन्द्रके स्वरूप के वर्णवेकोइहां तात्पर्य्य नहीं है अरु महादेव के कहिबेको हेतु यह है कि हेपार्बती जो तुम सतीतनमें सन्देहकीन है सो सब बृथा है निर्गुण सगुणहोत है सो कैसो होत है जैसे सूर्य आपुतेज की मूर्ति हैं अरु अपने तेजप्रकाश करिकै व्याप्त हैं तहाँ जबकोई को अग्निका कार्य्यभयो तब सूर्यमुखी चस्मा सूर्य के सन्मुख देखावत है अरु नीचेकण्डा धरत है तब वहै तेज जो अतिसूक्ष्म है सो ऐनक अरु कण्डा के योग ते स्थूल ह्वैजातुहै यह दृष्टान्त सूर्यस्थाने श्रीरामचन्द्र जी अरु तेजस्थाने व्यापकब्रह्म अरु ऐनक

**गुणरहितसगुणसोकैसे जलहिमउपलबिलगनहिंजैसे ३ जासुनामभ्रमतिमिरपतङ्गा तेहिकिमिकहियबिमोहप्रसङ्गा ४ राससच्चिदानन्ददिनेशा नहिंतहँमोहनिशालवलेशा ५ सहजप्रकाशरूपभगवाना नहिंतहँ पुनिबिज्ञानबिहाना ६ हृदयबिषादज्ञानअज्ञा**

स्थाने प्रह्लाद अरु कण्डास्थाने हिरण्यकश्यप तहां उत्तरएकदेश महादेवकहे हैं कि ऐसहूहोतहै अब दूसराअर्थ किन्तु जो गुणरहित सो सगुण कैसेहोत है जल हिम उपलके दृष्टान्तते तहां जल भी साकार है अरु अवस्थान्तर करिकै उहै जल हिम उपलहोत है सोभी साकारही है तहां श्रीरामचन्द्र किशोर मूर्त्ति तिनते भक्तबात्सल्य इत्यादिक परम दिव्यगुण भक्तानुग्रहार्थ अवस्थान्तरभये श्रीदशरथ महाराज भक्तराज तिनके पुत्रभये बालअवस्था पौगण्डअवस्था कुमारअवस्था आदि किशोरअवस्था पुनि किशोर के किशोर है ऐसो किशोर विग्रह श्रीरामचन्द्र परमात्मा परब्रह्म एकरस ते प्रत्यक्षभये इत्यर्थः ( ३ ) श्रीमहादेवजी पार्वतीकेप्रश्नको उत्तरदैकै बोधकरिकै तब नाम स्वरूपकहतेहैं हे पार्बतीजी जिन श्रीरामचन्द्र को नाम नित्य एकरस सूर्य है अरु भ्रम अन्धकार रूप तेहिको नाशकरतु है विनाश्रमही अरु तिन श्रीरामचन्द्रविषे तुम मोहरोपण कीन्ह्यो है यह महाअज्ञान है ( ४ ) हेपार्बती श्रीरामचन्द्र सच्चिदानन्द एकरस नित्य अखण्डमूर्त्ति ऐसे दिनेश हैं तहां मोह जो तिमिररूप सो कहूंलेशहू नहींसम्भवै है ( ५ ) हे प्रिया श्रीरामचन्द्रजी स्वयंभगवान् हैं षड्भागपूर्ण हैं ऐश्वर्य्य जिन के चारिपद विभूति है एकपद में अनेक ब्रह्माण्डहैं सो अविद्यामय है अरु विद्याभी है अरु त्रिपाद विभूति परधाममें

है संधिनी सन्दीपनी अह्लादिनी तहां श्रुतिप्रमाणहै त्रिपादूर्ध उदैत्यपुरुषः पादोत्सेहाभवत्पुनः इनको स्वरूप पूर्वकहे हैं सती के मोह के प्रसंगमें यहऐश्वर्य है पुनि धर्मचारिपद सत्य शौचतप दान पुनि जिनकोयश चारिवेद चारियुग में उज्ज्वल एकरस पूर्ण है पुनि श्रीचारिहू विभूतिमें प्रकाशरूपहै पुनि वैराग्य तीनिगुण पांचतत्त्वमूल प्रकृति इत्यादिक सबते भिन्नहैं श्रीरामचन्द्र जी पुनि मोक्षसालोक्य सामीप्यसारूप्यसायुज्यसारिष्टि येतेसमस्त षड्भाग पूर्ण हैं श्रीरामचन्द्रजी पुनि षड्भाग अनेक ब्रह्माण्डको श्रीरामचन्द्र जी पुनि मोक्षसालोक्य सामीप्यसारूप्यसायुज्यसारिष्ठ येतेसमस्त षड्भाग पूर्ण हैं श्रीरामचन्द्रजी पुनि षड्भाग अनेक ब्रह्माण्डको पोषण गुण अरु भरणगुण अरु आधारगुण सर्ब शरण्यत्वगुण सर्बब्यापकत्वगुण करुणागुण इत्यादिक अनन्त परम दिब्यगुण श्रीरामचन्द्र में स्वाभाविक पूर्ण हैं ताते भगवान् कही अन्यच्चश्लोक द्वै ऐश्वर्येणचधर्मेण यशसाचश्रीयैवच वैराग्यमोक्षषट्कोणैः संजातोभगवान्हरिः १ पोषणंभरणाधारं शरण्यंसर्बब्यापकं कारुण्यषड्भिःपूर्णं रामस्तुभगवान्स्वयं २ पुनि श्रीरामचन्द्र आपुरूपी हैं अरु सहजप्रकाश एकरस रामरूप है जो

## ना जीवधर्म्मअहमितअभिमाना ७ रामब्रह्मब्यापकजगजाना परमानन्दपरेशपुराना ८ दो० ॥ पुरुषप्रसिद्धप्रकाशनिधिप्रगटप-

अनेक ब्रह्माण्ड को प्रकाश किहेहै रूपीरूप सहज प्रकाशको दृष्टान्त जैसे सूर्यरूपी है प्रकाशरूप है तहां सो प्रकाश सूर्य में सहजही बन्यो है शोभित है ऐसे ही चन्द्रमा अरु मणिको दृष्टांत है देखिये तो जैसे सूर्य के महत्प्रकाश आवरण ते सूर्य की मूर्त्ति नहींदेखिपरैहै पुनि जैसे एकमहा तप्त सुवर्ण को गोलाहै तहां गोलाही के प्रकाश आवरणते गोला नहीं देखिपरै है तैसे श्रीरामचन्द्र जी को सहज जो महत्प्रकाश सो चिन्मय एकरस है तेहिके आवरण ते श्रीरामचन्द्र कै मूर्त्ति नहींदेखिपरै है मन बचन कर्म अगोचर है श्लोक ४ वाङ्मनोगोचरातीतं ज्योतिरूपंसनातनं कौशल्यानन्दनंरामं सच्चिदानन्दविग्रहं १ नखेन्दुकीरणैःश्रेणी पूर्णब्रह्मैककारणं केचिद्वदन्तितस्यांशं ब्रह्मचिद्रूपमब्ययं २ तदंघ्रिपंकजद्वन्द न खचन्द्रमणिप्रभा आहुःपूर्णब्रह्मणोऽपि कारणंवेददुर्गमं ३ पद्मपुराणेपातालखण्डेएकोनसप्ततमोध्यायः ९ रामैवघनस्तेजोब्रह्मैवब्यापकत्वात्व्यापकैवसाक्षिणः निराकारो सूक्ष्मत्त्वात्सूक्ष्मतरो चेतनत्त्वाच्चेतनकरो वाह्याभ्यंतरप्रकाशरूपेण एकैव इतिश्रुतिः नहिंतहँ पुनि विज्ञान विहाना तहां श्रीरामचन्द्र के विज्ञानको विहानै नहीं है काहेते कि जहां रात्री है तहांरात्री के बीते प्रातःकाल को तात्पर्य है अरु जहां रात्रिहीननहीं है तहां बिहान करिबेको कौन तात्पर्य है ताते जहां अज्ञान हैं जब अज्ञानदूरिभयो तब विज्ञानकही विशेष ज्ञान जो है अरु जहां सच्चिदानन्द दिनेश श्रीरामचन्द्रजी एकरस उदय हैं तहां अज्ञान ज्ञान विज्ञान ध्यान समाधिकाल कर्म स्वभाव गुण इत्यादिक जहां एकहूनहीं हैं ( ६ ) हेप्रिया हर्ष विषाद ज्ञान विज्ञान अज्ञान अहंमम अहमिति कही अहं इति सुतवित्तइत्यादिक मोरहैं अभिमान कही मैं बड़ोगुणमान् हों इत्यादिक सब जीवके धर्म्म हैं ( ७ ) हे पार्बतीजी श्रीरामचन्द्रही सर्व ब्यापक ब्रह्म आपनेमहत् प्रकाश गुणमत्व करिकै जग जाना कही सम्पूर्ण जगत्में साक्षी मात्र सबको नियंता अन्तर्यामीहैं जैसे कठपुतरीमें सूत्रधर अपने सूत्र करिकैब्याप्तहै अनके कला करावतहै आप भिन्नहै तैसे श्रीरामचन्द्र सूत्रात्मक व्याप्तहैं आपु भिन्नहैं परमानन्द स्वरूपहैं अरु परेश कहे सबके परे ईशहैंशिवजू कहतेहैं ब्रह्मा अरु हम बिष्णु इत्यादिक सबके ईश हैं अरु पुराण पुरुष जिनको आदि अन्त मध्य वेदहू नहीं जानि सकै नेति नेति करिकैगावतेहैं मैं जो हौं श्रीरामकृपाते कछुक श्रीराम स्वरूप जानतहौं सो येई श्रीरामचन्द्रहैं सोमैं तोपै कहतहौं ( ८ ) दोहार्त्थ ॥ कैसेहैं श्रीरामचन्द्रजीप्रसिद्ध पुरुषहैं वेद शास्त्र पुराणनमें श्रीरामचन्द्रही प्रसिद्धकही सिद्धान्त

## रावरनाथरघुकुलमणिममस्वामिसोइकहिशिवनायउमाथ ९ निजभ्रमनहिंसमुझहिंअज्ञानी प्रभुपरमोहधरहिंजड़प्रानी १० यथा

हैं किन्तु एक प्रसिद्ध पुरुषहैं परोक्ष जो सर्ब्बत्र व्यापक ब्रह्म अरु एक प्रसिद्ध पुरुष प्रत्यक्ष साकारब्रह्म श्रीरामचन्द्रजू तहां अप्रसिद्ध प्रसिद्ध पुरुष एकही तत्त्व हैं अरु प्रकाशनिधि हैं निधि कही समूहको जैसे समुद्र जलनिधि है सूर्य्य प्रकाश निधि है चन्द्रमा शीत निधि है अग्नि तेज निधि है इत्यादिक जहांलगि जाको कोशहै तहांतकते अपने

ऐश्वर्य्य प्रकाशकरिकैपूर्णहैं तैसेही श्रीरामचन्द्रको कोश अनेक ब्रह्माण्ड है तहां ब्रह्मांड ऐश्वर्य है अरु व्यापक ब्रह्म प्रकाश है जाते ब्रह्माण्ड प्रकाशित है तहां प्रकाशीश्रीरामचन्द्रहैं अरु प्रकाश व्यापकहै तहां प्रकाशी एकही है तहां असिद्ध कही अदृश्यहै अरु प्रसिद्ध कही अन्तरवाह्य दिव्यनेत्रते दृश्यमान्है तहांयाही प्रकारते दूनोंरूप स्वरूप श्रीरामचन्द्रहीहैं ताते प्रसिद्ध प्रकाशनिधि पुरुषकहा पुनि प्रकट कही प्रत्यक्ष विद्यमान् श्रीरामचन्द्र जिनको हमनेनमस्कार किया अरु तुम्हारे भ्रमभई लीलादेखिकै ताते प्रकटकहा पुनि परावरनाथ और जो माया है अरु पर जो जीवहै श्रीरामचन्द्रजी दूनोंकेनाथ हैं किन्तु और जीव अरु पर सर्वजीवके अन्तरब्याप्त सो तिन दूनों केनाथहैं किन्तु और ब्रह्मादिक देवता अरु दशोदिग्पालहैं अरु परविष्णुभगवान् हैं ते दोनों के नाथ श्रीरामचन्द्र हैं जे श्रीरघुवंशकुलके मणि हैं सो दशरथनन्दन साक्षात्हैं किन्तु रघुसंज्ञा जीवकीहै ताते जहांलगिजीवपदहै बद्ध मुमुक्षू मुक्त कैवल्य नित्य तिनसबकेशिरोमणि ईश श्रीरामचंद्र कौशल्यानन्दन द्विभुज अखण्ड एकरस अविद्या विद्या दूनोंपरे निर्विशेषपरब्रह्म सच्चिदानन्दमूर्त्ति परात्पर तरतत्त्व वेदांतको सारभूत पंचप्रकारके जीव कौन हैं तिनको भेद कहते हैं बद्धमें तीनिभेद हैं एक पांवर जाकोईश्वरको ज्ञानै नहीं है दूसर विषयी जो कछु पढ़ै गुणै पुराण इत्यादिक बांचै अपरको उपदेशकरै पर केवल बिषयको अनुसंधान मनमें है तीसरबद्ध जो वेद पुराण पढ़े हैं बांचतेहैं तत्त्वको समुझते हैं अरु अपरतेसुनते हैं कहत सुनत वैराग्नमें अनुसन्धानहोतहै आपुको धिक्मानतेहैं पर जबकहबसुनब बन्दभयो तब अर्थ धर्म काम यहि तीनिमें आसक्तहोते हैं पुनि मुमुक्षू में चारिभेद हैं एक विषयशील मुमुक्षू द्रव्यकी उपाय करते हैं परभगवत् भागवत्में लगाइदेते हैं शास्त्र सुनिकै अरु आप मन्द वैराग्नमें आरूढ़ हैं दूसर कृपाशील शास्त्रसुनिकै अध्ययन करिकै सन्ध्या त्रिकालपूजा पाठ जाप्य यजन इत्यादिक करिकै भगवत्अर्पण करते हैं आपुवैराग्यमान् हैं पुनि तीसर मननशीलशास्त्र सुनते हैं ताको मननकही सारासार को विचार करते हैं ताहीमें मोक्षमाने हैं ते तीब्र वैराग्यमान् हैं चौथे मुक्तशील मुमुक्षू मननकरिकै सिद्धान्त को ग्रहणकरिकै मुक्तनकी दशामेंअनुसन्धान करते हैं ते तीब्रतर वैराग्यमान् हैं पुनि मुक्त में तीनिभेद हैं एक जीवन्मुक्त हैं जनक बशिष्ठ विश्वामित्र बामदेव याज्ञवल्क्य भरद्वाजबृहस्पति ब्रह्मा इत्यादिकहू जे विदेह मुक्त ऋषभदेव दत्तात्रय जड़भरत इत्यादिक तीसरे जीवन्मुक्त विदेहमुक्त दूनों दशा हैं जिनमें सनकादिकनारद शुकदेव इत्यादिक पर तीनिहूं की यही तत्त्व है कछुक कृपा भिन्न है पर तीनिहूं में तीब्रतर वैराग्य है अरु योग ज्ञान भक्तिकरके परिपूर्ण हैं पुनि कैवल्यजीवहै अष्टावक्रहस्तामलक इत्यादिक जे वेदान्त शास्त्रविचारिकै ज्ञानानन्दमें मग्न ह्वै रहे हैं आपुको ब्रह्मास्मिमाने हैं जीव ब्रह्मकीएकता मानते हैं तेऊ तीब्र तम वैराग्यमें आरूढ़ हैं पुनि नित्यजीव हैं जे श्रीरामचन्द्र जी के नित्य निकटरहते हैं श्रीहनुमान् इत्यादिक षोडशौपार्षद अरु अनन्त पार्षद हैं तहां यह पदकहा रघुकुलमणि तहां रघुसंज्ञा सर्वजीवकी है ताते जहांतक जीवकुल है तिनसबके मणि कही ईशस्वामी श्रीरामचन्द्रजी हैं श्री दशरथनन्दन जिनको कही हे पार्बतीजी सोई मोर स्वामी हैं यहकहिकै प्रेमते गद्गद होइगये आसनते उठिकै श्रीरामचन्द्रजी साष्टांग दंडवत् प्रणाम करिकै पुनि आसनपर बैठे तुरंत पार्बतीजी उठिकै प्रेमसे मग्नहोइकै श्रीरामचन्द्रजी अरु महादेव जी को सर्वभावतेप्रणाम करिकै श्रीमहावेदकी आज्ञाताइकै आसनपर बैठतीभई बामभाग सम्मुखकर जोरिकै ( ९ ) श्लोक १५ श्रीवशिष्ठसंहितायांसप्ताशीतितिमोऽध्याये श्रीवशिष्ठवाक्यंभरद्वाजंप्रति॥ जयश्रीमन्महाराज कुमाररघुनन्दन रामचन्द्रमहावाहो सच्चिदानन्दविग्रह १ गुणातीतपरब्रह्म परात्परतमप्रभो वात्सल्यादिपरानन्त कल्याणगुणसागर २ जयमत्स्याद्यसङ्ख्यावतारोद्भवकारणब्रह्मविष्णुमहेशादिसंसेव्यचरणाम्बुज ३ पुनः सनत्कुमारसंहितायांश्रीवेदव्यासवाक्यं युधिष्ठिरंप्रति तत्त्वस्वरूपंपुरुषंपुराणं स्वतेजसापूरितविश्वमेकं राजाधिराजंरविमण्डलस्थं विश्वेश्वरंराममहंभजामि ४ विभूतिदंविश्वसृजंविराजं राजेन्द्रमीशंरघुवंशनाथं अचिन्त्यमव्यक्तमनन्तमूर्त्तिं ज्योतिर्मयंराममहंभजामि ५ मुनीन्द्रगुह्यंपरिपूर्णमेकं कलानिधिंकल्मषनाशहेतुं परात्परंयत्परमम्पवित्रम् नामामिरामंमहतोमहांतम् ६ पुनःश्रीरामतापिन्यां ॐयोवैश्रीरामचन्द्रः सभगवानद्वैतपरमानन्दात्मयः परब्रह्मभूर्भुवःस्वस्तस्मैवैनमोनमः ७ ॐयोवैश्रीरामचन्द्रः सभगवान्यो ब्रह्माविष्णुरीश्वरोयःसर्ववेदात्मा भूर्भुवःस्वस्तस्मैबैनमोनमः ८ ॐयोवै श्रीरामचन्द्रः सभगवान्योब्रह्माण्डस्यान्तर्हिर्व्याप्तोयोविराट्भूर्भुवः स्वस्तस्मैवैनामोनमः ९ इतिश्रुतिः यत्तद्ब्रह्मतत्तस्यतनुभाश्रुतिः १० नित्योनित्यानांचेतनश्चेतना

**गगनघनपटलनिहारी कम्पेउभानुकहहिंकुविचारी ११ चितवहिंलोचनअंगुलिलाये प्रकटयुगुलशशितिनकेभाये १२ उमाराम**

नामेकोबहूनांयोविदधातिकामान्श्रुतिः ११ अन्यच्चसच्चिद्रूपगुणस्वरूपविभवैश्वर्य्यैकदिव्यंबपुर्नित्यानन्द गुणानुभावकरुणासौंदर्य्यशुद्धोदधिः त्रय्यन्तम्प्रतिपाद्यवस्तुघटने कर्त्तास्वतन्त्रःस्वतो जातश्चाणुकरान्वयेविजयते श्रीजानकीशोविभुः १२ अंशभूताविराट्ब्रह्म विष्णुरुद्रास्तथापरे ब्रह्मतेजोघनीभूतं बर्त्ततेजानकीपतेः १३ सगुणंनिर्गुणंचैव परमात्मातथैवचयेतेचांशाहिरामस्य पूर्वंचांतेचमध्यतः १४ पुनःनारदपंचरात्रे आनन्दोद्विविधःप्रोक्तः मूर्त्तश्चामूर्त्तएवच अमूर्त्तस्याश्रयोमूर्त्तिः परमात्मानराकृतिः १५ इतिविशेषेण यहनौचौपाईसमाप्तः हेभरद्वाज श्रीमहादेवजी पुनिबोलते भये हेपार्वती सुनु यहैतेरोकहना अनुचितभयोहै जो तुमकहेहु कि रामआनहैं ऐसोतौते कहहिंजेप्राणी अज्ञानीहैं जे अपनो भ्रमनहीं समझते हैं अरु अपनोमोह प्रभुविषे रोपण करते हैं यह कहते हैं किजोरामपरमेश्वरपरब्रह्महोते तौजानकीजो को क्योंढूंढ़ते फिरते तहां प्रभुकी चित्रविचित्र लीला वैजड़प्राणी कहाजाने हैं १० जिनके पशुज्ञान हैं तेप्राणी अपनीभ्रम प्रभुविषे ऐसेरोपण करते हैं जैसे आकाश में मेघकोपटलछायरह्यो है त्यहिमेघकेनीचे आपुढपे हैं अरु सूर्य घनके ऊपर हैं सूर्यकेप्रकाशते मेघढप्योहै तहां वेमूर्ख यहकहतेहैं कि मेघकरिकै सूर्यढपिरहे हैं ( ११ ) जैसे कोई अंगुली नेत्रके मध्यमेंलगाइकै देखते हैं तबवेकहते हैं कि चन्द्रमा दुइउदित हैं देखोतो अपने नेत्रकोदोष शशिमेंरोपण करतेहैं तैसेहीजोमाया करिके भ्रमित हैं तेअपनी भ्रमश्रीरामचन्द्रविषे आरोपण करतेहैं ऐसेनरपशुहैं १२ हेउमाश्रीरामचन्द्र लीलाकरतेहैं ताकोजिन जीवनदेखे हैं अरु जिन शास्त्रमेंसुनतेहैं कि श्रीरामचन्द्र भगवान् हैं अरुयेभी सुनतेहैं कि श्रीरामचन्द्र आरण्यबिषे बिकल श्रीजानकीजीको ढूंढ़तेहैं यहदूनौंदेखिकै सुनिकै महामोहको प्राप्तिहोतेहैं यहमनमें ल्यावते हैं कि श्रीरामचन्द्र कैसेभगवान् हैं जोमनुष्यकी नाईं बिकलबनमें फिरते हैं तहां श्रीरामचन्द्रकी प्राकृतइवलीलाजोहै सो अज्ञानीजीवनको मोहरूपहै अरुवहैलीला प्राकृतमोहरूपसो श्रीरामचन्द्रबिषे परमदिब्य है जैसे श्रीगंगा श्रीसरयू केप्रबाहमें जोकुछपरै सोअतिपवित्र सरयूगंगामयसोहतहै तैसे श्रीरामचन्द्रबिषे प्राकृतइवलीला ब्रह्ममयजानिये अतिशोभाको पावतहै जैसेआकाशबिषे रात्रि शोभापावती हैं धूमयज्ञादिकनके शोभापावैहै रजशोभापावतहै किंतुहेप्रिया श्रीरामचन्द्र बिषयक असमोह श्रीजानकीबिषेहै तो यह शृंगाररबिषे अतिशोभितहै जैसेनभबिषेतमधूमधूरि शोभापावतहै देखियेतो गगनबिषे रात्रीसहित चन्द्रमा नक्षत्र कैसीशोभापावतहै अरुधूमनभ

**विषयकअसमोहा नभतमधूमधूरिजिमिसोहा १३ बिषयकरनसुरजीवसमेता सकलएकतेएकसचेता १४ सबकरपरमप्रकाशक**

बिषे मेघहोतहै अरुधूरिनभमें प्राप्तिह्वैकै राजनके किरीट नेत्रनमें शोभित होतहै देखियेतो ऐसेदेव दानव मनुष्य इत्यादिक कौनमोहकरैगो जैसो श्रीरामचन्द्र श्रीजानकीबिषेमोहकरे है जिन श्रीजानकी जी के मोहद्वार ह्वैकै संपूर्ण राक्षसनकोनाशकरिकै परमपददीनहै अरु संपूर्ण महिदेव गऊ ब्राह्मण मुनिसंत सर्बको निष्कंटक करिदीनहै किंतु श्रीरामचन्द्र बिषे बिषयिकप्राणी जे हैं तेअसमोह करते हैं कि नभ जो है सो तमधूमधूरिकरिकै मलीनह्वै गयो है अरु यहनहीं विचारते कि नभविषे येतीनिहूं शोभित हैं अरु नभतौ तमधूरि धूमते निर्लेप है इनते नतौ शोभित है न अशोभित हैं तैसेश्रीरामचन्द्रजी सबते निर्लेपहैं एकरसहैं सर्बते भिन्नहैं ( १३ ) द्वैचौपाईकी एकअन्वयहै है उमासुनहु एकबिषय है शब्दस्पर्शरूप रस गन्ध ये पांचज्ञान इन्द्रीके विषय हैं पुनि चलन बिसर्गकही मलकोत्याग मैथुनभक्षण ब्यवहार एक कर्मइन्द्री के विषय हैं पुनि करणकही इन्द्री श्रवण त्वक् नयन जीभ नासिका ज्ञान इन्द्री पग गुदा लिंग मुख हाथ कर्मइन्द्री पुनि सुर इन्द्रिनके देवता श्रवण को देवता दशौदिशा त्वक् को वायु नयन को सूर्य जीभ को बरुण नासिका को अश्वनीकुमार पुनिपगको देवता यज्ञ विष्णु गुदा को यमराज लिंगको दक्षप्रजापति मुखको अग्नि हाथको इन्द्र पुनि जीव अरु अन्तर्यामी ब्रह्म तहां विषयकरनसुरजीवसमेता सकलएकतेएकसचेता विषय करन ते सचेतन है करनसुरन ते चेतन है सुरजीव ते चेतन है ( १४ ) अरु इनसबनके परम प्रकाशक श्रीरामचन्द्रजी अनादि पुरुष अखिल ब्रह्माण्ड के पति हैं अवधपतिकहे दशरथकुमार सोई मोरस्वामी हैं कैसे सबके परम प्रकाशक हैं जैसे एक कोई महाराज है तिनको एक सूबा है तिनको एक आमिल है तिनको

एक जमादार है तिनको एक चाकर है सो सबप्रजापर अमलकरै हैं तहांराजा को तेजप्रताप सूबा में विशेषहै पुनि वहै तेजप्रताप सूबाके द्वारह्वैके आमिल में प्राप्ति है पुनि आमिल के द्वार जमादारविषे ताहीद्वार चाकरमें प्राप्त है देखौ तो वहै चाकर राजाके तेजप्रताप ते सारी राज्यमें आज्ञा करैहै ऐसेही श्रीरामचन्द्रजी अनेक ब्रह्माण्ड के राजा अपनेगुण प्रतापतेजरूपते आपु सूत्रात्मकव्याप्त हैं जीवबिषेजीव देवतनविषे देवता इन्द्रिन विषे इन्द्रीविषे में या दृष्टान्त ते श्रीरामचन्द्र अनादि सर्बको अवधि श्रीअवधपति तिनकेपति सबके परम प्रकाशकहैं हे पार्वती सो येई राम हैं

## जोई रामअनादिअवधपतिसोई १५ जगतप्रकाश्यप्रकासकरामू मायाधीशज्ञानगुणधामू १६ जासुसत्यतातेजड़माया भाससत्यइव

जिनको देखिकै तुम्हारे भ्रमभई है ( १५ ) यह जगत् प्रकाश्यहै अरु एक अन्तर्यामी प्रकाश है अरु श्रीरामचन्द्र प्रकाशक हैं जाते जगत् प्रकाशमान् है पुनि मायाधीश हैं अविद्या विद्या आह्लादिनी तीनिहूके अधीश कही ईश हैं श्रीरामचन्द्रजी पुनि गुणधामहैं तामस राजस सात्त्विक यहतीनि गुणके परे हैं तीनिहू गुण ईश के आधीन हैं परमदिव्यगुण जे हैं ज्ञान इत्यादिक तेहिके धाम हैं सो कौनगुण हैं ज्ञानशक्ति बल ऐश्वर्य तेज बीर्य्य सौशील्य बात्सल्य आर्जव सौहार्द सर्बशरण्यत्व सौम्य कारुण्य स्थिरता धैर्य्य दया माधुर्य्य आर्द्दव येते अष्टादशगुण तिनके स्वरूप कहते हैं अरु इनके विशेषण कहते हैं क्रमही ते सर्बदेशकाल बस्तु को प्रत्यक्ष अनुभवसो ज्ञान १ अघटघटना करनेकी सामर्थ्य सो शक्ति २ विश्वधारणादिकी सामर्थ्य सो बल ३ सर्बनियमनशक्ति सो ऐश्वर्य ४ काहू ते पराभवनहोइसर्बको पराभव करने की सामर्थ्य सो तेज ५ अपरमित श्रमके प्राप्तिहोत सन्ते श्रम न होय सो वीर्य ६ येते षड्गुणसृष्टि आदिक के उपयोगी हैं भगवच्छब्द को बाच्य है सो परब्रह्म में रहतेहैं अरु निकटविषे मूर्त्तिमान् हैं पुनि जाति बर्णाश्रम इत्यादिक के बड़ाईकी उपेक्षा छोड़िकै निष्कपट मन्दजनहूं के संग मिलिरहनो सो सौशील्य ७ भृत्यके दोष न विचार करना सो बात्सल्य ८ मन बचन कायको सामान्यब्यापार सो आर्ज्जव ९ अपने जनको अपना ते अधिक मानना सो सौहार्द १० ब्रह्मादिक स्थावरान्त की साधारण रक्षा सो सर्बशरण्यत्व ११ ताही को नाम सौम्य १२ पर दुःखको दूरिकरना सो करुणा १३ दान युद्धादिकमें अचलता सो स्थिरता १४ प्रतिज्ञापालनसोधैर्य्य १५ कारण बिनापरावा दुःखदेखिकै दुःखीहोयकै ताके दुःख निवारणकै इच्छा सो दया १६ अमृतपान की नाईं स्वाददर्शन सोमाधुर्य्य १७ अपने शरणागत जनको दुःख न सहनोसो आर्द्दव १८ इतिअष्टादश पुनि महाकुलीन सर्बरमण सर्बलोक प्रसिद्ध नियतात्मा महावीर्य द्युतिमान् वशीमान् बुद्धिमान् नीतिमान् वाग्मी श्रीमान उदार अदभ्रशत्रु निवर्हण सर्बब्यापकत्व इतिषोड़श अब इनके विशेषणकहते हैं क्रमही ते सर्बोत्तमकुल सो महाकुलीन १ शब्दार्थरमणीयाख्यावान् रामनामसंसार दुःखनिवृत्तिपूर्बक अपनी नित्य नैमित्यलीलामें रमणकरावैं सो राम अथवा रमणकरैं योगीजन जेहिविषे सो राम अथवा स्वरूपलावण्य दर्शनध्यान ते रमणकरैं मुनीशजन जिनविषे सो राम इतिसर्बरमण २ औ ब्रह्मादि स्थावरांत प्रसिद्ध सो सर्बलोकप्रसिद्ध ३ आब्रह्मादि स्थावरान्तको खींच्यौ है आत्मा अन्तष्करण जिनने सो नियतात्मा ४ जिनके पराक्रम ते कणमें अनन्तकोटि ब्रह्माण्डधारी महाबिराटादि के पराक्रम लीनहोइजाहिं सो महाबीर्य्य ५ सर्बकाल एकरससुन्दर सो द्युतिमान् ( ६ ) हर्ष शोक दुःखसुखरहित सो धृतिमान् ( ७ ) अपने गुणक रिकै सर्बजीवनको बाह्यान्तर वशीकृतकीन जिननेसोवशी ( ८ ) प्रशस्तबुद्धि सर्ब्बजीवनको निश्चयरूप सो बुद्धिमान् ( ९ ) आब्रह्मादिस्थावरान्त अपनीअपनीमर्यादमें सर्बकोराखते हैं सो नीतिमान् ( १० ) जाकी सहज पराबाणी है जा बाणीमें योगी समस्त रमणकरिकै रामपदको प्राप्तिहोते हैं अथवावेदहैं सहजबाणी जाकी सो वाग्मी ( ११ ) अनेक ब्रह्माण्ड में जेती हैं बिभूति त्रिपाद सहित जाको एकबिलासहै सो श्रीमान् ( १२ ) सर्वजीव जाही में प्रसन्नहोइ सोई देते हैं पुनि सम्मुख होइकै जोई पदार्थ प्रार्थनाकरै सोई देते हैं सो उदार ( १३ ) जाको आदिअंत मध्यनहीं जानै कोई अधिकाधिकतरहै सो अदभ्र ( १४ ) भक्तजनमहि गो ब्राह्मण तिनके जो शत्रु तिनको नाशकरिदेते हैं अथवा संतजनके शत्रु कामक्रोधलोभ इत्यादिक तिनको बर्जितकरते हैं नाशभी करते हैं सो शत्रु निवर्हण ( १५ ) अपने चैतन्य गुण भूतते अनेक ब्रह्मांड चैतन्यकिये हैं सो सर्बव्यापकत्व ( १६ ) येतेअष्टादशषोड़श इत्यादिक अनंतगुण परमदिव्य तिनको धामहैं

श्रीरामचन्द्रजी अपने भक्तनको सोई गुणदेते हैं ( १७ ) हेपार्वती जिन श्रीरामचन्द्रजूकीसत्यताकही सत्ताते यहजड़ अबिद्यामायाहै सो सत्यइवभासती है जैसे एकचुम्बकशिला होतहै तेहिकी सत्तातेलोहा स्फुरितहोत है आपुभिन्न है तैसे श्रीरामचन्द्रसबतेभिन्न हैं तिनकी सत्ताते जड़चेतन है सत्ताकहे अंशप्रकाश प्रताप तीनहूं एकहीतत्त्वहैं सत्ताके आश्रययह जड़कैसे चेतन है जैसे शरीरके आश्रयबार अरु नखबढ़ते हैं पर बारनख दोनोंजड़ै हैं कैसे जानिये देखिये तो वारनख जो काटिडारौ तौ शरीरको पीड़ानहीं होती है ताते जड़हैं ऐसेहीजड़ चेतनमिले हैं अरु भिन्नभी हैं तहां बार अरु नखको मूलशरीरमें प्रवेशहै सो सर्बकालमें चेतन है जो बारनख ऊपर बाढ़िआये हैं सो जड़हैं उनकी उत्पत्ति नाशबनी है अनित्यको दृष्टान्त नित्यमें देते हैं सो जानब दृष्टान्त शरीरके स्थाने श्रीरामचन्द्रजी अरु बारनखके मूलस्थाने सत्यतातेहिमिलितविद्याहै अरु ताको विशेषण ज्ञान इत्यादिक है अरु ऊपर के नखस्थाने अविद्या जड़रूप जो त्रैलोक्यमेंदेवदानव मनुष्य इत्यादिक सर्वको वशकरिरही है पर श्रीरामकी सत्यताते जड़ सत्यइव भासती है पर मोहकी सहायते यहजीव मायामें अपनपौ मानिरह्यो है सोई मोहकी सहायते यथार्थ भासै है ताते श्रीरामचन्द्रकी सत्यता एक असंभाग ते जड़ जो माया सो सत्य इव स्थित ह्वैरही है॥ अन्यच्चश्लोकद्वै २॥ प्रकाशांशःप्रतापंचसत्ताचैवंरघुत्तम जड़श्चचेतनंकृत्वाब्यापकंचैवमव्ययं १

## मोहसहाया१७॥दो०॥ रजतसीपमहँभासजिमियथाभानुकरबारि यदपिमृषातिहुंकालसोइ भ्रमनसकैकोउटारि १८ यहिविधिजग

पुनि गीतायां॥ तत्तदेवावगच्छत्वंममतेजोंऽशसंभवं विष्ठभ्याहमिदंकृत्स्नमेकांशेनस्थितोजगत् १७॥ दोहार्थ॥ हे पार्वती श्रीरामचन्द्रजी अपनेसत्यता स्वरूप करिकै परिपूर्ण ह्वैरहे हैं चैतन्यरूपतेहिचैतन्य विषय जड़ माया कैसे भासतीहै जैसे रजतजोहैरूपासो सीपमें भासतहै अरु यथा भानुकी किरणि में जलभासतु है पर सीपमें चाँदी अरु रविकरमें बारि मृषाहै तीनहूं भूत भविष्य वर्त्तमान कालमें न कभी रूपा जलरह्यो है न होइगो न है पर यहाँ भ्रमको कोई टाराचहै तो किसूके टारिबेयोग्यनहीं है देखिये तो बृथाभी कहा अरु किसूके टारिबे योग्य नहीं है येभी कहा तहां बड़ो आश्चर्य्य है जो कछु वस्तुही नहींहै तो उसको टारनाकाहै तहां नहीं है अरु है सो दोनों वाक्य सिद्धकरना काहेते बिनावस्तु भ्रम नहीं सम्भव है तहां यह विचार में आवत है कि सीपमें रूपाकोछटा सूक्ष्मताको भासतहै काहेते कि जिनको सीपमें रूपाकीभ्रमभई है तिसने आगे रूपाको व्यवहारकियोहै तबतो मोहकरिकेभ्रमभईहै अरु रविकीकिरणिमें जलको भासहै काहेते कि सूर्य अपनी किरणिते जल वर्षते हैं ताते सूक्ष्मजलको भासहै तबतो किरणिमें जलकीभ्रमहोती है पर सीपमेंरूपाअरु रविकिरणिमें जल दूनौं कार्यकारीनहींहैं आत्माहै तहां यह समुझि परत है कि एकको भ्रमभई है अरु एकभ्रमहै अरु एक जेहि बिषयभ्रमभई है ये तीनिहू अनादि समुझिपरते हैं माया अरु सत्यता कहे जीव चेतनरूप ताको भ्रमभई है अरु जेहिविषय भ्रमभईहै सो शुद्ध सत्यताब्रह्म है सो ये तीनिहूतत्त्व अखण्ड अनादि हैं तहां जेहि जीवपर परमेश्वर श्रीरामचन्द्रकी कृपाहोइ तब तीवकै जो अविद्यारूपभ्रमहै सो मिटिजाइ है तब यथार्थ बोधहोत है तहां रामोपनिषद् ते प्रमाण है॥ जीव मायेश्वरायेते त्रयस्तत्वाअनादयो खण्डाश्चैकरसास्सर्ब दैवइतिश्रुतिः जीवात्मा जो है सो परमेश्वर की सत्यता का अंश है चेतन है सोमाया के बशह्वैकै भ्रमित ह्वै गया है अपने शुद्ध स्वरूपमें आपुको भ्रमभई है पुनि अपनी भ्रम परमेश्वरमें रोपणकरे हैं तहां विना परमेश्वरकी कृपा वहभ्रम नहींमिटैहै तीनिहूकालमें तहां उत्तरकाण्डे॥चौ० ॥ ईश्वरअंशजीवअबिनाशी चेतन अमलसहजसुखराशी सोमायाबशभयउंगोसाईं बँध्योकीरमर्कटकीनाईं पुनि अयोध्याकाण्डे तुम्हरीकृपातुमहिंरघुनन्दन जानहिंभक्तभक्तउरचन्दन सोजानैंजेहिदेहुजनाई ताते जीवही को भ्रम होतीहै काहेते कि जीव अनादि मायाको भोक्ता है तहां सीपस्थाने श्रीराम सत्यता है जो नित्यशुद्ध है अरु रूपाको भ्रमस्थाने अविद्या माया है सत्यता चैतन्य में है अरु वहै सत्यता चैतन्यरूप सों अविद्या के बश ह्वैकै अनेकरूप है अनादिही ते मोह के बशबद्ध ह्वै रहेउ है ताही कोभ्रम होती है तहाँ श्रीराम सत्यता में द्वै भेद हैं पर अनादिही ते एकभेदबद्ध अरु एक भेद शुद्धमुक्तहै ताते श्रीरामचन्द्र कैसत्यता अरु मायादोनों मिलके ब्रह्मांडकी रचनाह्वैरही है अरु श्रीरामचन्द्रजी दोऊते परोत्तमहैं श्रीभगवद्गीतायां ॥श्लोक॥ द्वाविमौपुरुषौलोके क्षरअक्षरएवंवचक्षरःसर्वाणिभूतानिकूटस्थोऽक्षरउच्यते १ उत्तमः पुरुषस्त्वन्यः परमात्मेत्युदाहृतः योलोकत्रयमाविश्य

विभुर्त्यव्ययईश्वरः २ यस्मात्क्षरमतीतोऽहमक्षरादपि चोत्तमः अतोऽस्मिल्लोकेवेदेच प्रथितःपुरुषोत्तमः ३ किंतुबुद्धिके भ्रमहोती है आत्माबिषे किंतु सतीके भ्रमभई है श्रीरामचन्द्रविषे तातेरजते सीपको दृष्टांतदीन है पुनि दूसरार्थ रजतसीपमहंभासजिमि तहां सीपस्थानेमायाअरु रूपास्थानेसत्यता अरु रबिकिरणिमायावारिसत्यता जैसे रूपाभिन्न है रूपाकीसत्यता सीपमें भासित है अरु करणिमें जलकी सत्यता भासितहै तहांसीप अरु रबिकरते रूपाजल भिन्नहै पर अनादि सत्य है तहांसत्यता अरु माया दोनों ते श्रीरामचन्द्र परे है अरु श्रीरामसत्यता अरुमायादूनौते समस्त रचनाबनीहै ताते श्रीरामचन्द्र अरु सत्यता अरु मायातीनहूंतत्त्व पृथक्-पृथक् अनादि शोभित हैं अरु जेमायाकोतीनहूकालमें मृषा कहते हैं सो यहकहना भ्रमहै सोउनका यह कहना भ्रमरूप किसूकेटारबे योग्यनहींहै अरु जोकहीकि सर्बथाबृथाहै तोयहजीवको बन्धन कौनकिहे है ताते बृथानहीं कहीजातीहै अरुजोकही किसत्यहै तोइसको कौनटारि सकैहै काहेको कभीछूटैगी जो कहोकि अपने अज्ञानते सत्य है ज्ञानभयेतेअसत्यहै तहांदेखिये अज्ञानतो अबहिंतेहै अरुजो कहोकि अज्ञानअनादि है जीवबिषे ज्ञानभयेते शांति ह्वैजातुहै तवजीव मोक्षहोत है तो बृथा क्योंकहतेहो ताते यह श्रीरामचन्द्रकी सत्यता अरु माया येदूनौं चित्अचित् महद्विभूतिहैं किसूके कहिबे योग्य नहीं है अरु मायाजोहै न तौ सत्यकहीजाय न असत्य कहीजाय अनिर्बचनीय है इत्यर्थः १८ यही प्रकारते जैसे पाछेदोहा में कहिआये हैं तैसेही यहजगत् हरिबिषे आश्रित है यहां हरिकही आत्माको काहेते श्लोकार्द्ध हरिर्हरतिपापानि दुष्टचित्तैरपिस्मृतःता तेजब आत्मज्ञानभयो तब सम्पूर्ण भ्रम मिटिजाती हैं जैसे सीपके ज्ञान भयेते रूपाको भ्रम मिटिजाती है जैसे रबिकिरणिके ज्ञानभयेते जलकी भ्रांति मिटिजाती है पर श्रीरामकृपाते तहां यद्यपि माया भ्रमरूप असत्यहै तदपिदुःखदेतीहै काहेते असत्यकहां जाते आत्माको कल्याणकारी न

## हरिआश्रितरहई यदपिअसत्यदेतदुखअहई १९ ज्योंसपनेशिरकाटैकोईबिनजागेनदूरिदुखहोई २० जासुकृपाअसभ्रममिटिजाई

हीं है ताते असत्य है पुनि द्वितीयार्थ यह जगत् जोहै मायामय तेहिबिषे आत्मा आश्रितहै कैसे जैसे रूपासीपमें रबिकरमें वारि है तहाँ यहिरीति से चित्तबुद्धि मन अंहकार ये चतुष्टय अन्तष्करण आत्माकी ज्योत्स्नाहै ताहीकरिकै जीवात्मा मायाको भोक्ताहै आपु भिन्न है जैसे सूर्य अपनी ज्योत्स्ना जो है किरणि ताहीकरिकै शुभाशुभ रस आकर्षण भोगकरतेहैं तैसे आत्माचित्त बुद्धि मन अहंकार ते भोगकरतहै चित्तकरिकै शुभाशुभ पदार्थ को चिन्तवनकरै है बुद्धि करिकै निश्चयकरे है मनकरिकै संकल्प बिकल्प यह करौं कि न करौं यह होई कि न होइहि इत्यादिक अनेक मनकी बिषय हैं अहंकार करिकै अहंमम इत्यादिक चारिहू कीबिषयकरिकै इन्द्रिनके द्वारह्वैकै आत्मा भोगकरत है जैसे श्रीरामचन्द्र की सत्यता जीवात्मा है तैसेही आत्माकी सत्यता चित्तबुद्धि मन अहंकारहै ताही ते माया जो शुभाशुभ है ताको भोग आत्मा करै है यद्यपि यह भोग असत्य है तदपि दुःखदाता है ( १९ ) जैसे कोई स्वप्न में शिरकाटतहै तब अनेक दुःख को प्राप्ति होतहै पर बिनाजागे ते वह दुःख नहींमिटेहैं पर स्वप्नमें शिरमें लेशहू चोटनहीं लगी है पर दुःख प्रसिद्ध भयो है श्रीरामकृपा सोई जागब है ( २० ) हे पार्वती जिन श्रीरामचन्द्र की कृपा ते ऐसो प्रबल जो भ्रम है सो जीवबिषे मिटिजाती है सोई रघुराई श्रीदशरथनन्दन हैं सुनहु जैसे सीपमें रूपाको भ्रम रबिकरमें वारि स्वप्नमें शिर को काटब यह भ्रम है तैसे जीवके भ्रमभई है अपने शुद्धस्वरूप बिषे सोभ्रम जो जीवमिटाना चाहे अपनेज्ञानते तो कोटिहूयत्नते नहींमिटै बिना श्रीरामकृपाते तहां हे पार्बती तिन श्रीरामचन्द्रबिषे तुम भ्रमरोपणकीनहै यह बड़ो आश्चर्यहै कि हमारी सत्सङ्गिनि प्रिया ते तुमको श्रीरामस्वरूप नहीं जानिपरेउ है ताते अब अच्छीप्रकार ते मैं दिखावतहौं सो सुनिकै देखहु हेप्रिया जब श्रीरामचन्द्रकृपाकरहिं तब यह भ्रममिटै तब अपनो शुद्धस्वरूप चैतन्यरूप प्राप्तिहोइ तब श्रीरामस्वरूप परब्रह्मबिग्रह किशोरमूर्त्ति देखिपरै जो कोटिन काम की शोभा कोटिनसूर्य को प्रकाश कोटिन शशिकीशीतलता ललित अमृतमय कोटिनदामिनीकीछटा कोटिनश्याममणि मेघकञ्ज इत्यादिक सचिक्कणता निर्मलता झलकता अमोलता गंभीरता उदारता कोमलता लालित्य सुगंध मकरंद माधुर्यइत्यादिक लज्जितहोते हैं श्रीरामस्वरूप की उपमादेतसन्ते ऐसो श्रीरामस्वरूप देखि

**गिरिजासोइदयालुरघुराई २१ आदिअन्तकोउजासुनपावामतिअनुमाननिगमअसगावा २२ पगबिनचलैसुनैबिनकानाकरबिनकर्म**

परै है कैसेदेखपरैं है जैसे एककोईजन्मको अन्धाहै अरु पश्चिममुखबैठो है तहां दैवसंयोगते अर्द्धरात्रीमें उसकेनेत्रखुले तब उसको अन्धकारनिश्चय भयो जबभोरभयो तबअन्धकारको अभावभयो उजियारीमें निश्चयभई पुनि जब सूर्यकी उदयभई तब सूर्यके प्रकाशमें निश्चयभई उजियारी अरु प्रकाशकी एकता देखिपरी तब कोईनेकहा कि तुम पूर्वदिशा देखोतो तब पूर्वदिशा देखतसन्ते सूर्यको स्वरूप देखिपरयोहै तब सूर्यमें निश्चय भई सूर्यके आश्रय प्रकाश देखिपरेउहै पर सूर्यहीके प्रकाशते सूर्यदेखिपरते हैं और प्रकाशते सूर्य नहींदेखिपरैहैं जो षोड़शौकला चन्द्रमा उदयहोहिं अरु कोटिनमन तैल बारि देइ अरु सुमेरु इत्यादिक पर्वतनमें दावा लगिजाहि पर सूर्य नहीं देखिपरै हैं तैसे यहजीव अविद्याअंधकारमें निश्चयकियोहै अनादिहीते जब याको गुरुकृपाते विशेष शास्त्रज्ञानहोइ तब उजियाररूपीविद्या प्राप्तिहोइ तब जीवकी लक्षिहोइ पुनि जब सद्गुरुनकै कृपाहोइ तब ब्रह्मबिद्या प्राप्तिहोइ तब विज्ञानहोइ तब श्रीरामचन्द्र कृपाकरहिं तब जीवके अन्तर्भूत ब्रह्म जो व्याप्त है सो लक्षिहोइ तब श्रीरामचन्द्रको स्वरूप देखिपरै है ऐसे श्रीरामचन्द्र हैं सो तुमजानहु बिशेषते ( २१ ) हे पार्बती जिन श्रीरामचन्द्रको आदि अन्त मध्य किसूक जानिबे योग्य नहीं है श्रुतिस्मृति पुराण ब्रह्मादिक देवता महामुनीश्वर ऋषीश्वर इत्यादिक कोई नहीं जानिसकैहैं अपनीअपनी मात के अनुसार कहते हैं जैसे सरयू गङ्गाकी प्रवाह चलीजाती है अरु गरुड़इत्यादिक बड़े अरुमसाइत्यादिकलघु अरु गजइत्यादिक बड़े अरु पिपीलिका इत्यादिक लघु एते सर्ब तृषितभये जलपानकरिबेको गये अपनी अपनी प्यास प्रमाण सबैजल पीवतभये पर जलको आदि अन्त मध्य शुमार पार किसूने नहीं पायो है तैसे श्रीरामस्वरूप रामनाम रामधामरामलीला किसूके जानिबे में नहींआवे है अपनी अपनी अनुसार सबै गावते हैं सो अब मैं तुसमे वर्णतहौं श्रीरामचन्द्र को परब्रह्म बिग्रह निर्बिशेष अखंडएकरस सो तुम सावधानह्वैकै सुनहु तहाँ यहि प्रसंगमें महादेवजी निराकार ब्रह्मके अवांतर साकार ब्रह्मदेखावते हैं अरु साकार ब्रह्मको निराकार करिकै देखावते हैं अरु निराकार को साकार करिकै देखाव

**करैविधिनाना २३ आननरहितसकलरसभोगी बिनवाणीवक्ताबड़योगी २४ तनबिनपरसनयनबिनदेखा ग्रहैघ्राणबिनबासविशेषा २५ अससबभांतिअलौकिककरणी महिमातासुजाइकिमिबरणी २६ दो०॥ जेहिइमिगावहिंवेदबुध जाहिधरहिंमुनिध्यान**

ते हैं आदि अंत मध्यमें साकारही प्रतिपाद्य करते हैं यह मैं कौनो पक्षकरिकै नहींकही है शपथ करिकै कहतहौं यहां वेदको सिद्धांत अरु महादेवको सिद्धांत आशययही है जो आगेमहादेव कहते हैं तहां महादेव कहते हैं हेप्रिया अपनी मति अनुसार निगम असकहिकै गावते हैं ( २२ ) यहांतीन चौपाई की एकही अन्वय है हे उमा सो तुमसुनहु मनलगाइकैप्रभुकैसे हैं पगबिनुचलैं पगनहीं हैं अरु चलते हैं काननहीं हैं अरु सुनते हैं सबकी पुनि करनहीहैं अरु कर्मकरते हैं नानाविधिके ( २३ ) अरु मुखनहीं है पर सर्बरस भोगकरते हैं अरु रसना बाणीनहीं है परबक्ता बड़ोयोग्य है ( २४ ) अरु तनकही त्वक्नहीं है परस्पर्श सबते करते हैं अरु नेत्रनहीं हैं पर देखते हैं सबको अरु नासिकानहीं है पर उत्तम मध्यम निकृष्ट गन्धसुगन्ध सबविशेष ग्रहण करते हैं ( २५ ) यहअर्थ में निराकार ब्रह्मसूचितभयो जो कही कि सोई निराकार साकार भयो है भक्तनके हेतुकरिकै तिनही को कहा है तहां नहींबनै है काहेते कि यहां इन्द्रीरहित कहाहै अरुइन्द्रिनकी विषय संयुक्तकहा है तहां इन्द्री विषय रूपरहित निराकार ब्रह्म है तातेचलब सुनब कर्म्म करब रसभगेक्ता स्पर्शरूप देखना सुगन्ध लेनायेते बिशेषण निराकार निर्गुण ब्रह्मबिषे नहीं सम्भवतहै काहेते निर्गुण निराकार ब्रह्म निर्बिशेष वेदकहते हैं काहेतेवहतौ परिपूर्ण ( प्रमाणं ) अखंडमंगलाकारं व्याप्तंयेनचराचरं इतिस्मृतिः तहां चलबकैसे संभवै जो कहूं न होइ तबतौचलै अरु ब्रह्मतौ एकहै एकमेवाद्वितीयंब्रह्मश्रुतिः ताते जोदूसरहोइ तबतौ दूसरी बाणीसुनै पुनिजो ब्रह्मते कछुभिन्नहोइ किंतु बासनाहोइ तबतौ कर्म्मकरै तहां ब्रह्मतौ अकर्म्महै अकर्म्मणः ( ब्रह्मेतिश्रुतिः ) पुनि रसभोक्ता जो कौनौरस उसमें अपूर्णहोइ तबतौ रसभोगकरै सर्बरसश्चैकपूर्णो भोक्ताब्रह्मेतिश्रुतिः पुनि बक्तृत्वतौ तबकरैजो बाणीमें होइअरु ब्रह्मतौ बाणीतेपरे है बाक्मनोगोचरातीतंज्योतिरूपंसनातनं इति स्मृतिः

पुनिस्पर्शतौ तवकरै जो वासेकछुभिन्नहोइ॥ सूत्रेमणिगणाइवइतिगीता पुनि जो कहूंनहोइ तबतौ कहूं देखै अरु गंधसुगंध ग्रहणकरै तहांब्रह्मांड को बाह्यान्तर जो है सर्बत्र ब्रह्मपूर्ण ह्वैरह्यो है वायु आकाशवत् वाहीब्रह्म के भीतरसबहैं जैसेकोईसागरमेंघट बोरि देत तहां घटजलके भीतरतहांघटके बाहिर भीतर जल पूर्ण है जैसे घट के बाहिर भीतर आकाशपूर्ण है जैसे घटकेबाहिरभीतर सूर्य है तैसे ब्रह्म बाहिरभीतर पूर्णहै श्लोको भगवद्गीतायां यथासर्वगतंसौक्ष्म्यादाकाशंनोपलिप्यते ॥ सर्वत्रावस्थितोदेहेतथात्मानोपलिप्यते १ अध्यात्मे प्रकाशरूपोऽहमजोऽहमद्वय: सकृद्विभातोऽहमतीव निर्मल: विशुद्धविज्ञानमयोनिरामय: सम्पूर्णआनन्दमयोहमक्रिय: २ पुन:श्रीमन्महारामायणे सर्ववसतिचैवास्मिन्सर्वेऽस्मिन्वसतेऽपिवै: तमाहुर्वासुदेवंच योगिनस्तत्त्वदर्शिन: ३ वायुवद्गगनेपूर्ण जगतामेववर्त्तते सर्वभिन्ननिराकारं निर्गुणंब्रह्मउच्यते ४ ऐसो जो ब्रह्महै तहां शब्दस्पर्शरूप रस गन्ध चलन भक्षण व्यवहार इत्यादिक विशेषण ब्रह्ममें नहीं सम्भवत हैअरु जो कहो कि सगुण भगवान् विषे एते विशेषणकहे हैं तहां पुनि इन्द्रियरहितकैसेकहैंगे सो भी नहींबनै है तहां यह तीनिहूं चौपाईको यहअर्थ सिद्धिहोत है निर्गुण सगुण ते परोत्तम है श्रीरामचन्द्रजी पग बिनुचलैं तहां श्रीरामचन्द्र को स्वरूप परब्रह्म बिग्रह ऐसो है त्रिपुटी रहितहैं देवता इन्द्री विषय ये तीनि त्रिपुटी कहावती हैं इत्यादिक जहाँलगि तीनितीन हैं सो त्रिपुटी सबकहाबती हैं प्रकृतिमय सब हैं तहां सबत्रिकुटीकरिकै रहित हैं श्रीरामचन्द्रजू को स्वरूप जो है बिषयकही शब्दस्पर्शरूपरसगन्ध इत्यादिक गोलककही श्रवण त्वक् नयन रसना नासिका अरु जो सत्ता विषयको ग्रहणकरै सो इन्द्री है अरु विषयके भोक्ता सो देवता है तत्रप्रमाणं महारामायणे श्लोक २ विषयेन्द्रियदेवाश्च त्रिपुटीविश्रुताबुधै: राम:साक्षात्परब्रह्म त्रिभिरेभिर्विवर्जित: १ पदश्रवणकराननबाणी त्वग्नयननासिकादीय विषयार्धीशै:॥ विवर्जितोराम: साक्षात्परब्रह्मविग्रह: सच्चिदानन्दात्मक:स्वयं २ इतिशिवस्मृति: तहां श्रीरामचन्द्र जू के पग कैसे हैं पगविनु चलैं बिनुचलै पग है विराट् अरु त्रिधा सृष्टि जो है इत्यादि सर्व के पगमें यज्ञ विष्णु देवताको बास है ताही देवताके प्रभावते सर्व के पग चलते हैं अरु देवताही के प्रभाव ते इन्द्रीविषय सबहै तहां हे पार्वती श्रीरामचन्द्र के पग बिगु चले हैं जेहिते सबकोई चलते हैं तेहि बिनुहैं पग श्रीरामचन्द्रजूके तहां यज्ञ विष्णु देवता श्रीरामपग परनहीं हैं स्वयंपद हैं ऐसेही सर्व अर्थजानब सुनै बिनुकाना श्रीरामचन्द्र के श्रवणसुने बिनु हैं सब के श्रवणपर दिशा देवता हैं ताते सब सुनते हैं श्रीराम श्रीवण तेहिबिनुहैं स्वयंश्रवण हैं श्रीरामकर कर्मकरे बिनुहैं सब के कर पर इन्द्रदेवता को बास है ताही ते सर्बकर्म करते हैं श्रीरामकर तेहि देवताबिनु हैं स्वयंकर हैं श्रीराममुख सर्बरसभोगी बिनु है सर्बकेमुख पर अग्नि देवता है बरुण संयुक्त ताही ते सर्वरस भोगी है अरु श्रीराममुख तेहि देवताबिनु है स्वयंपदनहीं है श्रीराम रसना बिनु बाणी है सब की रसनापर वरुणको बास है पर सरस्वती संयुक्त ताहीते सर्ववक्तृत्व योग्य है श्रीरामरसना तेहि देवताबिनु है स्वयंरसनाहै तहां सर्बके मुख रसनाको एक संयोग है ताही ते मुख जो है सो अग्निदेवता करिकै भक्षणकरै है अरु जीभको देवता बरुण ताको लैकै रसग्रहणकरलु है अरु रसना जो है सो अग्नि को लैकै ग्रहणकरतु है अरु बरुणकोलैकै विषय को रसभोग करै है अरु सरस्वतीकरिकै बचन जो अनेक हैं तेहिके रसको भोगै है इति पुनि श्रीरामतन बिनु परसहै सबके तनत्वक्पर वायु देवताको वास है ताहीते सर्वस्पर्श करते हैं श्रीरामतन तेहि देवता बिनु है स्वयंतन है श्रीरामनयन बिन देखा है सबके नेत्रनपर सूर्य देवतारहतेहैं ताही ते सर्वदेखते हैं श्रीरामनयन तेहिबिनु हैं स्वयंनयन हैं श्रीराम नासिका गन्ध सुगन्ध ग्रहैबिनुहै सबके नासिकापर अश्विनीकुमार देवताहैं ताहीते सर्वगन्ध सुगन्ध ग्रहणकरत हैं श्रीराम नासिका तेहि बिनु है स्वयंनासिका है यही प्रकार ते सर्व त्रिपुटीरहित श्रीरामचन्द्र हैं त्रिपुटीकही देवता इन्द्रीबिषय तहां सात्त्विकगुणते देवता हैं अरु राजस गुण ते इन्द्री हैं अरु तामसगुण ते इन्द्रिनकी विषय है अरु जेतीत्रिपुटीहैं सो सब त्रिगुणमयहैं अरु श्रीरामचन्द्र जी को स्वरूप बिग्रह त्रिगुणातीत परब्रह्म मूर्त्ति हैं जैसो अर्थ कहिआये हैं ताही ते श्रीरामचन्द्र को निराकार विग्रहकहा है जहां विद्या अविद्या दूनों को आकार लेशहूनहीं है ताहा ते जिनको ब्रह्मा विष्णु महेश अरु महाशम्भु महाविष्णु महामाया सनकादिक नारद शुकदेव इत्यादिक परमहंस मुनीश्वर सब ध्यावते हैं तत्रप्रमाणं वशिष्ठसंहिततायां भरद्वाजप्रश्ने वशिष्ठंप्रतिश्लोक: १४ इदानींश्रोतुमिच्छामि रामस्यबालकौतुकम्॥ ब्रह्मविष्णुमहेशादि ध्येयस्यपरमात्मन: १ सनत्कुमारसंहितायां यत्परंयद्गुणातीतंयज्ज्योतिरमलंशिवं तदेवपरमंतत्त्वं कैवल्यपदकारणम् २ निरामयंनिराभासंनिरवद्यन्निरञ्जनम् नित्यानन्दंनिराकारमद्वैतन्तमस: परं ३ मनसाशिरसानित्यं प्रणमामिरघूत्तमम् महासुन्दरीतन्त्रे श्रीजानकीवाक्यञ्जनकंप्रति द्वितीयेऽध्याये सृष्टिरग्रेपरे धाम्नि सम्वाद:समभूत्किल महाशम्भुर्महाविष्णु र्महामायेरितापुन: ४ महाशम्भुर्महामाया

महाविष्णुश्चसक्रियः कालेनसमनुप्राप्त्यै राघवं पर्य्यचिन्तयन् ५ अखण्डब्रह्मणोनित्या द्राघवान्नित्यबिग्रहात् चिदानन्दात्परानन्दात्साकेतनगराधिपात् ६ पुनः श्रीमन्महारामायणे शिव वाक्यम् पार्बतींप्रति॥ शृणध्वपरमंगुह्यं यन्नजानन्तिकेऽपिच केपिकेपिविजानन्ति रामानुक्रोशएवच ७ तेजोरूपमयारेफः श्रीरामांवककञ्चयोः कोटिसूर्य्यप्रकाशश्च परब्रह्मसउच्यते ८ सोपिसर्वेषुभूतेषु सहस्त्रारेप्रतिष्ठितः सर्वसाक्षीजगद्व्यापी नित्यंध्यायन्तियोगिनः ९ रामस्यमण्डलस्यैव तेजोरूपम्वरानने कोटिकन्दर्प्पशोभाढ्यो रेफाकारोहिविद्धिच १० अकारस्सोपिरूपश्च वासुदेवःसकथ्यते मध्याकारोमहारूपः श्रीरामस्यैवबक्षसः ११ सोप्यकारोमहाविष्णोर्बलम्बीर्य्यस्वरूपकं सर्वेषामेवविश्वाना माधारस्त्वञ्चविद्धिसः १२ मस्याकारोभवेद्रूपः श्रीरामकटिजानुनी सोऽप्यकारोमहाशम्भु रुच्यतेयोजगद्गुरुः १३ रक्षाभूतश्चरामस्यमकारंव्यञ्जनञ्चयत् सामूलप्रकृतिर्ज्ञेया महामायास्वरूपिणी १४ जो श्लोक कहिआये हैं तिनमें निराकार निर्गुणब्रह्म तेहिके अवान्तरसाकररनिर्गुण परब्रह्म दिखाये हैं पुनि अब जो श्लोक कहते हैं तामें साकार परब्रह्म जो है तिनके आश्रय अनादि माया अरु जीव अरु निर्गुण निराकारब्रह्म सो दिखावते हैं क्षर अक्षर निरक्षरोत्तम दिखावते हैं जो कोईकहै कि क्षर सो तौ नाशमानको कही तहां कार्य्यरूपक्षर नाशमानहै कारणरूपनित्य है तहां शिववाक्यं पार्व्वतीम्प्रति ॥श्लोक॥ मायामयादिकंसर्व्वं पञ्चतत्त्वोद्भवन्तनुम् दृष्टश्रुतादिकञ्चैव क्षरमित्यभिधीयते १ व्यापकःसर्वभूतेषु यस्यनाशःकदापिन ॥ जीवात्मासर्व्वगोभेद्यः सोऽक्षरोभूधरात्मजे २ सर्व्वसाक्षीचिदानन्दो निर्द्वन्द्वोऽखण्डएवयः परमात्मापरब्रह्म कथ्यतेसनिरक्षरः ३ असंख्यामित्रवत्तेजो वेदाअपिचयम्बिदुः सवैनिरक्षरा तीतो रामःपरतरात्परः ४ इच्छाभूतोऽक्षरस्तस्य चाक्षरस्तेजउच्यते निरक्षरोघनस्तेजो वर्त्ततेजानकीपतेः ५ तहां श्रीमहादेवको कागभुशुण्डिको याज्ञवल्क्यको सिद्धान्त ऐसे श्रीरामचन्द्रजी हैं अरु परमहंसनकोसिद्धांतश्रीरामचन्द्रही हैं तहां पुनः प्रमाणं श्रीभागवते शुकवाक्यं यस्यामलंनृप सदस्यथसोऽधुनापिगायन्तिचाद्यमृषयोदिगभेन्द्रपट्टं तन्नाकपालवसुपालकिरीटपुष्टम्पादाम्बुजंरघुपतेःशरणम्प्रपद्ये १ पुनःश्रीधरवाक्यं ॐनमःपरम हंसास्वादितचरणकमलचिन्मकरन्दाय भक्तजनमानसनिवासायश्रीरामचन्दाय २ तीनिहूं चौपाई को अर्थकहिआयेहैं पुनि सूक्ष्मते जनावते हैं वेदकेप्रमाणते। अपाणिपादोपवनोगृहीत्वा पश्यंत्यचक्षुःसश्रृणोत्यकर्णःयोवेत्तिसर्वन्नहितस्यवेत्ता तमाहुआद्यम्पुरुषम्पुराणं १ यह श्रुतिको अर्त्थ जो है अरु जो तीनिहूं चौपाईकोअर्त्थ जौनीरीतिसे कहिआये हैं सो अर्थविशेषसाकार ब्रह्मको प्रतिपाद्य जानव अरु जो यहिश्रुतिको अर्त्थ निराकारब्रह्म में लगावते हैं सो उनने अच्छीप्रकार विचार नहींकियो है काहेतेकि जो अपाणि अपाद इत्यादिक कहेहैं सो निषेधाभास अलंकारकह्यो है तहां अंगकोनिषेध नहीं होतहै तहां परब्रह्ममय अंगकहे हैं अरु इन्द्रीइंद्रिनको देवता इन्द्रिनकी विषय तिनको निषेध कीन्हे हैं तहां स्थूल बुद्धिको त्याग सूक्ष्म बुद्धिको विचार तब यहतत्त्व समुझबे में आवेहै श्रुतिको यह अर्त्थहै श्रीरघुनाथजी के पाणि कैसे हैं अगृहीत्वा पाणिहैं अपावन पादहैं अपश्यत चक्षु हैं अश्रृणोति श्रवणहैं इत्यादिजानव ऐसो आदिपुरुषनमेंपुरुषहैं जिनकोवेत्ता कोई नहींहै तहां अर्त्थको सिद्धान्त सोई कहिआये हैं जामेंबिशेषता निकसै अरु सामान्यको त्यागहोइ अरु ग्रन्थकर्त्ताके भावमें अरु मुनीश्वरनकी विशेष वाणी में विरोध न परै तहां महादेवजी केवल श्रीरामनामश्रीरामस्वरूप द्विभुज यहै सिद्धान्तमाने अरु जानेहैं सर्बतत्त्वसोई श्रीतुलसीदासजी को जानिये तहां जो श्रुति कह्यो है कि अपाणि पादौपुरुषंपुराणं तहां पुराण पुरुष श्रीरामचन्द्रहीको शास्त्र कहते हैं मुनीश्वर कहते हैं तहां प्रमाणहै सनत्कुमार संहितायां श्रीवेदव्यास वाक्यम् श्लोक ३ तत्त्वस्वरूपम्पुरुषम्पुराणं स्वतेजसापूरितबिश्वमेकं राजाधिराजंरविमण्डलस्थं बिश्वेश्वररंराम महम्भजामि १ पुनः श्रीभागवते ध्येयंसदा परिभवघ्नमभीष्टदोहं तीर्थास्पदंशिवविरंचिन्वितंशरण्यं भृत्यार्त्तिहंप्रणतपालभवाब्धिपोतं बंदेमहापुरुषतेचरणारबिंदं २ त्यक्तवासुदुस्त्यजसुरेप्सितराजलक्ष्मीं धर्मिष्टआर्यवचसायदगादरण्यं मयामृदंदयितयेप्सितमन्वधावद्वन्दे महापुरुषतेचरणारबिंदं ३ पुनः श्रुतिः ॥ ब्रह्मपक्षप्रतिष्ठाहः॥ तहां ब्रह्म श्रीरामचन्द्र जूको पक्षकही पक्षभागहै पक्षभागकही जैसेसूर्यकी किरणि सघनसूर्य बिषेमिली सर्वत्रपूर्ण ह्वैरही हैं इत्यर्थः ( २५ ) हेपार्बती सब भांतिते ऐसे श्रीरामचन्द्रहैं जैसो कहिआयेहैं अरुअलौकिक करणी कहीलीलाहै जिनकी अलौकिककही जो चौदहौंभुवन तीनिहूं लोकमें नहीं है जैसीकरणी कहीलीला जो श्रीरामचन्द्र कीनहै काहेते ब्रह्मांडभरेमें जेतीईश्वरकोटीहैं तिनसबकै कर्त्तव्य प्रवृत्ति निबृत्तिमय है अरु श्रीरामलीला इनसबके परे है केवल परब्रह्ममय लीला है ताते श्रीरामस्वरूप श्रीरामलीला तिनकी महिमाको बरणिसकै है किन्तु अलौकिक

कही प्रकृति रहित आश्चर्यवत् जौनकहूँ देखिबे सुनबे में नहींआयो है ( २६ ) दोहार्थ हेउमा जाको वेद असकरिके गावते हैं जैसो कहिआयेहैं अरु जेहिस्वरूप को मुनीश्वर ध्यानकरते हैं सो कौनस्वरूप है जिनको दशरथसुतकही भक्त हितकारी हैं कोशलपतिकही पूर्ण भगवान् कही भगवान्कहा अरु दशरथसुतकहा तहां भगवान् केहिको पुत्र है यहसन्देह है तहां दशरथकही जव रथपर आरूढ़होहिं तब तिनकोरथ दशौदिशा में गमनकरैं कोई रोंकि नहिंसकै जिनके रथकी अव्याहत गति है पुनि दशोइन्द्री दशरथ हैं तापर जीवचढ़िकै नाम इन्द्रिन को जीतिकै परमपुरुष के समीप को गमनकरै तब भगवान् उसके बशह्वैके जो वहकहे सोईकरते हैं पुनिजो नवधा प्रेमदशधा भक्ति है सोई दशौदिशा हैं अरु जीव रथपर चढ़े रथकौन है चित्त बुद्धि मन अहंकार चारिहू शुद्ध सात्विकमय सोई रथकी चाका है अरु योग बैराग ज्ञान बिज्ञान सोई चारिघोड़े हैं अरु सूरति

**सोइदशरथसुतभक्तहितकोशलपतिभगवान २७ काशीमरतजन्तुअवलोकी जासुनामबलकरौंविशोकी २८ सोइप्रभुमोरचराचरस्वामी रघुवरसबउरअन्तर्य्यामी २९ बिवशहुजासुनामनरकहहीं जन्मअनेकजनितअघदहहीं ३० सादरसुमिरणजेनरकरहीं भवबारिधि**

बृत्तिलय तीनिहूं रसरी हैं अरु सद्गुरुनकी वाक्य चाबुक है अरु ध्यानसमाधि पताका ध्वजा हैं नामस्मरण कलश है सत्संग सारथी है शील सन्तोष दया करुणाइत्यादिक सहायक हैं शम दम इत्यादिक आयुधहैंऐसे रथपर जीवचढ़ै अरु मोहको दल सम्पूर्ण जीतिकै दशधाभक्ति जो दशौदिशा हैं तहां गमनकरै श्रीरामचन्द्र के आश्रय ह्वैकै ताही के बशह्वैकैभगवान् सुत भाई सखा स्वामी होते हैं सेवक भी होते हैं काहेते भक्त वात्सल्य हैं सो यहसब श्रीदशरथ महाराज से बनी है अपरसे नहीं बनीहै जैसे ब्रह्माण्ड मण्डलविषे जीव ईश्वर कोटी है तिनसबन ते न बनी है न बनि है न बनैगो ताते दशरथकहा अरु ताही ते श्रीरामचन्द्र पूर्णभगवान् जिनको दशरथसुतकही ( २७ ) हे उमा चारिखानिमें जेते जीव हैं ते काशी में मरतसन्ते रामनाम मैं उपेदश करतहौं ताते सर्वजीवमोक्ष और विशोक होते हैं ( २८ ) हे पार्बती सोई मेरेप्रभु अरु चराचरके स्वामी हैं श्रीरघुवंश मणि दशरथनन्दन नित्यकिशोर कोटिन कंदर्प कोटिन रबि शशि घन तड़ित मणिकञ्ज तिनसबकी उपमा क्रम ते देते हैं छवि शोभा तेज प्रताप शीतलता अमृतमय गम्भीर छटा तेईरघुबर सबके अन्तर्य्यामी हैं जेहि रीति पूर्बकहे हैं ( २९ ) तिन श्रीरामचन्द्र को राम नाम जो कोई बिबशहु उच्चारणकरै तो अनेक जन्म के सञ्चित पाप नाशह्वैकै परमपद को प्राप्ति होते हैं ( ३० ) अध्यात्मे श्लोक २ यन्नामविवशोग्रहृणन्म्रृयमानः परंपदं यातिसाक्षात्सएवाद्य मुमूर्षोर्मेपुरःस्थितं १ बाराहपुराणे देवाच्छूकरशावकेननिहतोम्लेच्छोजराजर्ज्जरो हारामेतिहतोऽस्मिभूमिपतितोजल्पंस्तनुंत्यक्तवान् तीर्णोगोस्पदवद्भवार्णवमहो नाम्नः प्रभावात्पुनः किंचित्रंयदिरामनामरसिकास्तेयांतिरामास्पदं २ अरु जो सादर संयुक्त सुमिरणकरते हैं तिनको काकहौं ते तौ श्रीरामपदको प्राप्तिही हैं ( ३१ ) सोई रामचन्द्र परमात्मा परब्रह्म सबके स्वामी प्रभु हैं सर्बके नियन्ता हैं अरु तिन श्रीरामचन्द्र विषे तुमने भ्रमरोपण किया तहां यहबड़ो अनुचिततुमनेकिया यहबड़ी अबिहितबाणी तुम्हारी अबिहितकही अशास्त्रवाणी है हमारे संग हमारीप्रिया हमारी सत्संगिनि ह्वैकै अरु हमारेइष्टप्रभु स्वामी श्रीरामचन्द्र जी अरु तहां तुमकोभ्रमभई यहबड़ो आ-

**गोपदइवतरहीं ३१ रामसोपरमात्माभवानी तहँभ्रमअतिअबिहिततवबानी ३२ अससंशयआनतउरमाहीं ज्ञानबिरागसकलगुण जाहीं ३३ सुनिशिवकेभ्रमभंजनबचना मिटिगैसबकुतर्क्ककीरचना ३४ भइरघुपतिपदप्रीतिप्रतीती दारुणअसम्भाबनाबीती ३५॥**

श्चर्य है हमको लज्जाभई है तहां तुम काकरौ श्रीरामचन्द्रजी की माया बड़ी प्रबल है अरु श्रीराम इच्छा ऐसेही रही है ( ३२ ) हेउमा श्रीरामचन्द्र विषे जैसी संशय तुमकीन्हेउरहै जो ऐसी संशय कोईकरै देव दानव मनुष्य सिद्ध मुनि इत्यादिक कोई होइ तौ उसके ज्ञान वैराग्य इत्यादि समस्त शुभ गुणनाश को प्राप्तिहोइँ विशेषकै यह श्रीमहादेवकोशाप है ( ३३ ) हे भरद्वाज जी महादेव को बचन सम्पूर्ण भ्रम की नाश करनहारी बाणी सुनिकै पार्वती के अन्तष्करणमें जो कुतर्क की रचनारही सो मिटिगई ( ३४ ) श्रीरघुनन्दनके

चरणारबिन्द में विशेष प्रतीति करिकै प्रीतिभई दारुण जो असम्भावना रही सो बीतिगई असम्भावनाकही जो अपरपदार्थ में और पदार्थ की भावनाकरै सो असम्भावना कही अरु असम्भावना कही यथार्थ पदार्त्थ को ज्ञान देहको आत्मामानैअरु आत्मा को देहमानै यह असम्भावना भई अरु देहको देह आत्मा को आत्मा यथार्थ ज्ञान सो सम्भावनाकही तहां पार्बतीजू के सतीतनमें आरण्यविषे श्रीरामस्वरूपमें दारुण असम्भावनाभई है कि ये जोराजपुत्रहैं तिनको श्रीमहादेवजी सच्चिदानन्दकहिकै प्रणामकीन्ह्यो है तहां ये कैसे परमात्मा हैं जो अपनी प्रियाको ढूंढ़ते हैं तब यहकल्पनाकरती हैं कि निर्गुणब्रह्म सो तो येनहींहैंकाहेते ब्रह्म सोतो सबप्रकारते निर्विशेषहै तेहिको देहधरिबेको प्रयोजनैनहीं हैं अरुयेराजपुत्र विष्णुभीनहींहैं काहेते विष्णुतौ सर्वज्ञहैं अरु श्रीमहादेवकोवचन सबप्रकारतेसत्यहै तहां अबमैंकानिश्चयकरा तहांसतीजी निर्गुणजोव्यापकहै ब्रह्म अरु विष्णु जोभगवान् हैं तिनबिषे सच्चिदानन्द परमात्माभावकियो सो सम्भावनाकियोअरु श्रीरामचन्द्रको केवलराजपुत्र निश्चयकियो सो असम्भावनाकियो है अरु महादेवने श्रीरामचन्द्रजूको सच्चिदानन्द परस्वरूपकहा तबसतीके सन्देह भयो अरु जब अपने नेत्रनते श्रीरामचन्द्रविषे अतिप्राकृतइव बिरह देखती भई तब महामोह को प्राप्तिभई पुनि जब श्रीरामचन्द्रजूदोऊकरजोरिकै अरु यह कहिकै कि हम महाराज श्रीदशरथ के पुत्र हैं अरु राम हमारो नाम है हमारीप्रिया श्रीजानकीजी तिनको ढूंढ़तेहैं हमतुम्हारे नमस्कारकरते हैं तुम सती महादेव की प्रियाहौ जो कहूं देखेहु होय हमारी प्रियाको तौ बताइदेहु महादेव त्रिकालज्ञ हैं तिनकी तुम प्रियाहोहु हम बहुतबिकलहैं यहसुनिकै सतीके भ्रमसंकोचभयो तहां येती

दो०॥ पुनिपुनिप्रभुपदकमलगहिजोरिपङ्क रुहपानि बोलीगिरिजाबचनबरमनहुंप्रेमरसशानि १॥ चौ० ॥ शशिकरसमसु-

सब सतीविषे असम्भावना भई तहां जो कोई कहते हैं कि श्रीरामचन्द्रचतुर्भुज श्रीमन्नारायणका अवतार हैं किंतु विष्णु का अवतार कहते हैं ब्रह्मव्यापक सोई श्रीरामअवतारहै यह सब असम्भावनाजानिये तहां महादेवजी पार्व्वतीसे सबप्रकार कहतेभये निर्गुणब्रह्मव्यापक सो कहेसगुण बिष्णु भगवान् सो भी संज्ञा जनाइ दियो आगे पुनि कहैंगे अरु श्रीरामस्वरूप किशोर धनुर्द्धर सर्व्वोपर कृपाकरके दिखावते भये तब दारुण सम्भावनारही सो मिटि गई (३५) इतिश्री रामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसने-बालकाण्डेउमामहेश्वरसम्बादे श्रीरामस्वरूपबिग्रहकिशोर द्विभुजधनुर्द्धर सर्व्वोपरवर्णनंनामत्रयोविंशतिस्तरङ्ग २३॥

दो० ॥ चौबिसशुभगतरङ्ग में संज्ञाबहुअवतार अवतारीपरब्रह्मश्री रामचरणमतसार २४॥ दोहार्थ॥ देभरद्वाज पार्बतीजीकोनिराकार साकार ब्रह्म के निर्णय का सन्देह नाशभयो एकही देखिपरेउ है तब पार्वती परमानन्द को प्राप्त ह्वैके पुनः पुनः पुलकसंयुक्त महादेव के चरणारबिन्द गहती भईं दोनोंकरकमल जोरिकै महादेव से अमृत बचन बोलतीभई (१) हे शिवस्वामी आपु निर्मल एकरस पूर्णशशि हौ अरु श्रीरामचरित परम अमृत तेहिते पूर्ण हौ अरु आपका वचन अमृतभरी किरणिहै जैसेशशिके किरणि ते शरद अरु सर्वऋतु की तपनि मिटिजात तैसे आपुका बचनसुनिकै महामोह जो भारी त्रैतापमय सो बाह्यान्तर की तपनि मिटिगई (२) हे कृपालु तुम सब संशयनाश किहेहु अब श्रीरामस्वरूप मोको जानिपरेउ है साकारब्रह्म बिषे मेरी निश्चयभई पर साकाररब्रह्मविषे कछुक पूछौंगी (३) पर हे नाथ तुम्हारी कृपाते बिषादकही शोच सो मिटिगयो आपुके बचनके प्रसाद ते अबमैं सुखी सबप्रकारते भयों (४) अब मोको अपनी किंकरी जानिकै यदपिस्त्रीकीजाति जड़ और अज्ञानीहै तदपिजबताईं अपने अज्ञानते अपनोबोध सबप्रकारते न होइ तबताईं सद्गुरुनते प्रश्नकिहेजाइ ताते आपुते पुनिबूझतिहौं (५) हेनाथजो मैं प्रथमदुइप्रश्न कियोरहै एकतो निर्गुण कैसे होतहै सोतोबोधभयो पुनि प्रभुकहहु रामअवतार यहिप्रश्न को उत्तरकहहु जो मेरेऊपर प्रसन्नहौ हेप्रभु (६) हेनाथ

निगिरातुम्हारी मिटामोहशरदातपभारी २ तुमकृपालुसबसंशयहरेऊरामस्वरूपजानिमोहिंपरेऊ ३ नाथकृपाअबगयउबिषादासुखी भइउंप्रभुबचनप्रसादा ४ अबमोहिंआपनिकिङ्करिजानी यदपिसहजजड़नारिअयानी ५ प्रथमजोमैंपूंछासोइकहहू जीमोपरप्रसन्न प्रभुअहहू ६ रामब्रह्मचिन्मयअविनासी सर्ब्बरहितसबउरपुरबासी ७ नाथधरेउनरतनकेहिहेतू मोहिंसमुझाइकहहुवृषकेतू ८ उमा

अबमैं श्रीरामस्वरूप सच्चिदानन्द अखण्ड अविनाशी एकरस व्यापकसबतेभिन्न ऐसे श्रीरामरघुनन्दन हैं सोमैं अच्छी प्रकारते जान्योहैं ( ७ ) तहांहे नाथ नरतन केहि हेतु करिके धरेउहै हेवृषकेतु सो अच्छी प्रकार समझाइकैकहहु हेभरद्वाज पार्वती के यहपूछिबेको यहतात्पर्य्य है कि चतुर्भुज जो भगवान् हैं तेई महिदेव गऊ सन्तहित रघुबन्शकुलमें श्रीदशरथमहाराजके पुत्रभये हैं नरतन द्विभुज स्वरूप पुनिपृथ्वीको भारउतारि कै वहै स्वरूप चारिभुजह्वैकै गदा पद्म शंख चक्र धारण करिकै बैकुण्ठ को प्राप्तिभये जो ऐसो श्रीरामचन्द्रको महादेव कहैंगे तौ मैं जानोंगी कि श्रीरामचन्द्र साक्षात् द्विभुज नारायण हैं अरु जो विष्णुको औरैरीतिसे कछुकहैंगे अरु श्रीरामचन्द्र को कोईरीतिसे द्विभुज अखण्ड एकरस श्रीदशरथ नन्दन सर्बोपर हैं असकहैंगे तो मैं सोई निश्चयकरौंगी पार्बती के पूछबेमें यह आशयहै सोमहादेव कहैंगे ( ८ ) हेभरद्वाज उमाको बचन परमबिनी तकही विचित्रहै यहवचनमें आशयधुनि बहुतहै सोयहकहा कि नरतनधरेउ नाथकेहिहेतू तहां श्रीरामस्वरूप द्विभुजबिषे उमाकोबोध अच्छेप्रकारतेभयो तहां द्विभुज स्वरूपको अवतरण सुनाचाहती हैं अरुयहसुनिबेकी बड़ी लालसाहै कि ऐसे श्रीरामचन्द्र कार्य्य कारणकेपरे अरु सगुण रूप भगवान् जो हैं अरु निर्गुण ब्रह्मजो हैं तेहिदूनहुके कारणहैं तहांसगुणरूप विष्णुभगवान् किंतु बिराट्भगवान् अरु निर्गुणब्रह्म सर्ब व्यापक सर्बको चेतन सर्बकोनियंता सर्ब ते भिन्न जैसेआकाश सर्बबिषयमयहैअरुसर्ब ते भिन्नहै एकरस अखण्डपूर्णसजातीबिजाती स्वगतभेद रहितहैसजातीकही ब्राह्मण ब्राह्मण शब्द अरु गऊगऊ बचन इत्यादिक है परब्यक्तिकरिकै अनेकहै परसजाती करिकै एकहै ताते ब्रह्म सजाती रहितहै काहे ते ब्रह्मतौ एकहै जो बहुतहोय तबतौ सजाती कहिवे में आवै अरु बिजातीकही ब्राह्मणक्षत्री बैश्यशूद्र अरु गऊभैंस इत्यादिक बिजाती हैं तहां जो ब्रह्मछोड़िकै अपरपदार्थ कछुहोय तबतौ बिजाती कहिवेमें आवै स्वगतभेदकही ब्राह्मण ब्राह्मणमें भेदहै किंतु कोई ब्राह्मणमोटा कोईदूबर कोई दीर्घ कोईलघु कोई काला कोई गौर ऐसेहीगऊ इत्यादिकन में जानिलेवतहां जो ब्रह्म के समकोई होय किंतु ब्रह्मलघु दीर्घगौर कृष्णइत्यादिक हो-

## बचनसुनिपरमबिनीता रामकथापरप्रेमपुनीता ९ दो०॥ हियहर्षेकामारितबशङ्करसहजसुजान बहुविधिउमहिंप्रशंसिपुनिबोले

इ तबतौ स्वागत भेदकही तहां ब्रह्मसबते बिलक्षणहै ऐसो जो ब्रह्महै अरुविष्णुभगवान्है निर्गुण सगुण दोऊ स्वरूप एकहीतत्त्व हैं निर्विशेषअरु सविशेष को भेदहै तहां दोऊके उपादान कारण श्रीरामचन्द्र हैं जैसेतेजप्रकाश के उपादान कारण सूर्यहैं तहां तेज प्रकाश एकही तत्त्व अनादि अभेदहै पुनि जैसे जलमोतीको उपादान कारणहै पर जल मोतीदोऊसाकाररूपहैं तहां जल मोती कारण कार्य तत्त्व अभेद है तैसे श्रीरामचन्द्रविष्णु भगवान्के उपादान कारणहै पर एकहीतत्त्व हैं अरु श्रीरामचन्द्र बिराट्के निमित्त कारणहैं तहां ऐसे श्रीरामचन्द्रजी सर्बोपर परब्रह्म रूप सो कौनेहेतुकरिकै प्रकृतिमण्डलमें अवतीर्णभयेहैं जो कही कि पृथ्वीके भारउतारिबेहेतु अवतीर्णभये हैं तहां पालन शक्ति तौ विष्णु करिकै है ताते पृथ्वीके भार उतारिवे को विष्णु को चाहिये है श्रीराम अवतारकौनेहेतु करिकै है अरु अवतीर्ण ह्वैकै कैसो चरित करतभये हैं सो सब पर्बती प्रीतिसंयुक्त सुनाचाहती हैं ताते उमाकोप्रश्न महादेवको बहुत प्रियलग्यो है ( ९ ) दोहार्थ पार्वतीको प्रश्नसुनिकै महादेवने हृदय में बहुत प्रसन्न ह्वैकै पार्वती की प्रशंसाकीन काहेते कि जो सद्गुरुकहै अरु जिज्ञासू धारण करिलेय तबवह जिज्ञासू प्रशंसायोग्य है ( १० ) सोरठार्थ पुनि महादेव कृपा के निधान बोलते भये हे भवानी श्रीरामचन्द्रकै अति शुभ कथा मानस रामायणअति बिमल सो सुनहु यह मानस रामायण कागभुशुण्डिजी गरुड़जी से कहे हैं ( ११ ) सो संवाद बड़ोउदारहै उदार कही जेहि संबाद बिषे गरुड़जी को महा मोह दरिद्ररूप सो नाश को प्राप्तिभई है अरु जहां यह संबादहोत है तहां योजन पर्यन्त अविद्यानहीं व्याप्तहोती है ताते उदारकहा सो संवाद जैसो भयो है सो आगेकहैगे अब श्रीरामचन्द्र जी को अवतार अतिसुन्दर अतिनिर्म्मल अघरहितहै सो नीकी प्रकारते सुनहु ( १२ ) हे पार्वतीजी हरिके गुणनाम कथारूप इत्यादिक अगणित अपार हैं हरिक्योंकहा श्रीराम गुणनामकथा इत्यादिक जन्ममरण हरिलेतुहै ताते हरिकहा मैं अपनी मति के अनुसार कहतहौं सो

**कृपानिधान १० ॥ सो०॥ सुनुशुभकथाभवानिरामचरितमानसबिमल कहा भुशुण्डिबखानिसुनाबिहगनायकगरुड़ ११ सो सम्बादउदारजेहिबिधि-भाआगेकहब सुनहुरामअवतारचरितपरमसुन्दरअनघ १२ हरिगुणनामअपार कथारूपअगणितअमित मैंनिजमतिअनुसारकहौंउमासादरसुनहु १३ चौ०॥ सुनुगिरिजाहरिचरितसुहाये बिपुलबिशदनिगमागमगाये १४ हरिअवतारहेतुजेहिहोई इदमित्थंकहिजाइनसोई १५ रामअतर्क्कबुद्धिमनबानी मतहमारअससुनहुभवानी १६ तदपिसंतमुनिवेदपुराना जसकछु**

तुम आदर समेत सुनहु ( १३ ) हे गिरिजा श्रीराम चन्द्रजीके चरित्र बिपुल हैं अनंत हैं अरु सबप्रकारते निर्म्मल हैं अति शोभित हैं जेहि चरित्रको वेदशास्त्र गावते हैं ( १४ ) हे गिरिजा प्रभुके अवतार जौने जौने हेतुकरिकैहोते हैं सो इदमित्थंकही कि जो इतनेही कारण प्रभु के अवतारके हैं सो नहीं कहाजाइ है प्रभुके अवतारके अनेक कारण हैं किसूके कहिबे योग्य नहीं हैं ( १५ ) हे पार्बती जी श्रीरामचन्द्र अतर्क्क हैं तहां मन बुद्धि बाणी इत्यादिक करिकै परे हैं तर्कणामें नहींआवैं हमारो सिद्धान्त मत यहैहै जो कोई तर्क्क करिकै यह कहते हैं कि श्रीरामचन्द्र जो परब्रह्महोते तौ श्रीजानकीजी को क्यों ढूंढ़ते फिरते रावण के संग्राममें क्यों दुःख सहते किन्तु यह तर्क्क करते हैं कि श्रीरामचंद्र जी निराकार व्यापक ब्रह्महैं अपने भक्तनके हेतु अपनी माया करिकै विग्रहमान् दशरथ महाराजके पुत्रभये पुनि भक्तनके कार्य करिकै निराकार के निराकार भयेहैं पुनि कोई यहतर्क्क करते हैं कि श्रीमन्नारायण चतुर्भुज भगवान् तेई अपने भक्तन के हेतु द्विभुज स्वरूप दशरथ महाराज के पुत्र भयेहैं पुनि भूभारउतारिकै पुनि चतुर्भुज स्वरूपह्वैकै बैकुण्ठको प्राप्तिभयेहैं यह सब तर्कणा श्रीरामस्वरूप बिषे वृथाहैं उनहींको भ्रमभई है अरु हे भवानी हमारे मतमें श्रुति स्मृतिके सम्मतमें श्रीरामचन्द्र द्विभुजस्वरूप परब्रह्म अखण्ड एकरस परिपूर्ण अतर्क्कहैं ( १६ ) तदपि सन्तजन जो हैं मुनिजन जो हैं वेदजो हैं पुराण जो हैं जस कछु अपनी स्वमतिकेअनुसारकहतेहैं ( १७ ) हे सुमुखि तुम श्रीरामचन्द्रजूके सन्मुखहौ ताते नीकीप्रकारते सबकोसम्मत अब मैं तुमसे कहतहौं अरु जसकछु कारण मेरे अनुभवमेंप्राप्ति है सो भी कहौंगो ( १८ ) हे पार्व्वती अब श्रीराम जन्मकर हेतुसुनहु जब जब धर्म्मकै हानिहोत है तब तब असुर जो अधम अभिमानी हैं ते बाढ़ते हैं ( १९ ) ते संसारमें अनेक उपद्रवकरते हैं सो वर्णिबेयोग्य नहीं हैं ते राक्षस बिप्र गऊ देवता सन्तजन पृथ्वी तिन सबनको महा पीड़ा देते हैं ( २० ) तहां युग युग कल्प कल्प जब जब ऐसे कारण परैं तब तब ऐसे ही

**कहैंस्वमतिअनुमाना १७ तसमैंसुमुखिसुनावौंतोहीं समुझिपरैजसकारणमोहीं १८ जबजबहोइधर्म्मकैहानी बाढ़हिंअसुरअधम अभिमानी १९ करहिंअनीतिजाइनहिंबरणी सीदहिंबिप्रधेनुसुरधरणी २० तबतबधरिप्रभुविविधशरीरा हरहिंकृपानिधिसज्जन पीरा २१॥ दो०॥ असुरमारिथापहिंसुरनराखहिंनिजश्रुतिसेतु जगबिस्तारहिंबिशदयशरामजन्मकरहेतु २२ सोइयशगाइभक्त**

होइहैं राक्षसन करिकै पृथ्वीको भारहोतहै तब तब प्रभु जो भगवान्हैं ते विविध प्राकारको शरीर धारणकरते हैं जौनेजौने कालमें जैसो २ कारण आइ प्राप्तिहोत है तैसो तैसो शरीर प्रभु धारणकरिकै भूभार उतारते हैं अरु जीवन को मोक्ष करतेहैं तहा हे पार्वती भगवान्के अवतारकोनियम नहीं है काहेते कि जेहिकी जैसी भक्ति है ते तैसेही स्थान में भगवान्की प्रार्त्थना करतु हैं कोई क्षीरसागरते कोई बैकुण्ठते कोई प्रह्लाद इत्यादिक सर्व्वब्यापकते अरु स्वायम्भुवमनु ब्रह्माण्डकेपरेपरधामते परमपुरुषकी प्रार्थना कीन्हे हैं तहां भक्तजन अपनी भक्ति भावते अरु देवता अपनी कामनाते ऐसेही प्रभुकी प्रार्त्थना करते हैं तिसी २ स्थानते प्रभुआविर्भाव होते हैं मत्स्य इत्यादिक शरीर धारण करते हैं पुनि कार्यकरिकै अपने निज धामको तिरोभाव होते हैं अरु कोई मुनीश्वर वेद मत लैकैकहै हैं कि परस्वरूप जैसो परमेश्वरको होय तैसो हम दर्शनपावैं तब प्रभु जो कृपालु हैं भक्तवात्सल्य तब वही स्वरूपका दर्शनदेते हैं भक्तनकी पीड़ाहरते हैं ( २१ ) दोहार्थ॥ असुरनको मारिकै देवतनको स्थापन करते हैं अपने वेदकी मर्य्यादरखते हैं हे पार्व्वती

श्रीरामजन्मको यहहेतुहै सो भी कहौंगो अरु जो पृथ्वीको भार उतारिबेकेहेतु रहित अवतारहै श्रीराम अवतार सो विस्तारसमेत कहौंगो और तेहि अवतारमें भूभारउतारिबेकोमिसुमात्र है सो भी कहौंगो ( २२ ) जो भगवान् अपने भक्तनहित तनधारी ऐसो चरित करतेहैं किन्तु नरको ऐसो चरित अपने तनमें धारणकीनहै सोई यशगाइकै भक्तजन संसारतरिजाते हैं ( २३ ) तहां हे पार्वती श्रीराम जन्मके अनेककारणहैं पर एकतेएक बिचित्रहैं ( २४ ) तहां हे पार्वती अवतुमबहुत सावधानह्वैकै सुनहु अब मैं श्रीरामजन्मकोकारण कार्यस्वरूप अवतारअवतारी कहौंगो अरुताहीमें अपनोमत सिद्धांत सबकरमत देखाइकैकहौंगो ताते तुमचित्त एकाग्र करिकै सुनहु काहेते सबकहौंगो तुमसुमुखि हौ अब मैं अच्छीप्रकार तुमको जान्यो है कि तुम्हारा बाह्यान्तर श्रीरामस्वरूपविषे सन्मुखहै तुम बड़ी सयानीहौ हे भरद्वाज यहकहिकै सावधान

**भवतरहीं कृपासिन्धुजनहिततनुधरहीं २३ रामजन्मकरहेतुअनेका परमविचित्रएकतेएका २४ जन्मएकदुइकहौंबखानी सावधानसुनुसुमुखिसयानी २५॥ * * * * * * * ***

करिकै महादेव कहते हैं हे प्रिया एक अरु दुईतीनि तौ जन्मअवतार श्रीरामचन्द्रको कहौंगो अरु एकस्वरूप अजन्म अवतारी कहौंगो अरु बिष्णु भगवान् जो श्रीरामावतार होते हैं सो भी कहौंगो अरु श्रीरामचन्द्र के अंश ते ब्रह्मा विष्णु भगवान् अरु महेश मैं जो हौं ते जिनके अंशते अनेकन उत्पन्न होते हैं सो स्वरूप कहौंगो हे पार्वतीजी कल्पकल्पप्रति भगवान् के दशौ अवतार जो हैं अरु चौबीस अवतार शास्त्र कहते हैं सो कल्पकल्प किन्तु युगयुगमें अवतार होते हैं कछु नेमनहीं है भगवद्गीतायां श्लोक २ यदायदाहिधर्मस्य ग्लानिर्भवतिभारत अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानंसृजाम्यहं १ परित्राणायसाधूनां विनाशायचदुष्कृतां धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामियुगेयुगे २ तहां तीनिकल्प की मैं कहतहौं यहीरीति जानिलेव तीनिकल्पबिषे विष्णु जो भगवान् हैं सोई श्रीरामचन्द्रस्वरूपभये हैं चतुर्भुजते द्विभुज स्वरूपभये हैं तहां रूपांतरभेद भयो ताही ते अवतारकही तहां कारण कहते हैं एककल्पभरमा बैकुण्ठमें सनकादिकनशापदीह्यौ तीनिजन्मको जय विजय जो विष्णुके द्वारपाल नित्यपार्षद हैं ते द्वौहिरण्याक्ष हिरण्यकश्यपभये तहाँ भगवान् बाराह अवतार श्रीनृसिंह अवातरधरिकै द्वौको नाशकियो है हे पार्वती पुनि हिरण्याक्ष हिरण्यकश्यप द्वौ लंकामें कुम्भकरण रावणभयेजाइ तिनके बधहेतु विष्णुभगवान् श्रीरामस्वरूप होतभये अरु जो श्रीजानकीस्वरूप अवतारलीन्ह अरु कश्यप श्रीदशरथ महाराज भये अरु अदिति श्रीकौशल्या जीभई हैं हे पार्वती पुनि एककल्पबिषे जलंधरनाम दानवभयो सो किसीके सङ्ग ते लंकाविषे रावणभयोजाइ तेहिके हेतु विष्णु भगवान् श्रीराम अवतार लेतभये हैं तहाँ कश्यप अदिति दशरथ कौशल्या भये हैं लक्ष्मी जी श्रीजानकी जी भई हैं पुनि हे उमा एककल्पमें नारद जो हैं ते मोहके बशह्वैकै विष्णुभगवान् को शापदेत भये भगवान् की इच्छा तीनिहूं विषयमें जानबतहां शिवके दूत रावण कुम्भकरण भये तिनकेहेतु विष्णुश्रीरामस्वरूप धारण करतभये तहां लक्ष्मीजी श्रीजानकी रूपहोतभई कश्यप अदिति माता पिता भये हैं तहां ये तीनिअवतार श्रीरामजूके गिरिजा एकअपर कल्प जो आदि कल्प है तेहिबिषे श्रीरामस्वरूप अगुण अज अनादि अनूपम द्विभुज साक्षात् परब्रह्म बिग्रह निर्विशेष रूपान्तररहित किशोरमूर्त्ति अवतारी श्रीरामचन्द्रजी अवतीर्ण भये हैं जिनके अंशते अनेक ब्रह्माण्डमें अनेक ब्रह्मा विष्णु शिव हैं तेहिअवतारको कारणरूपाधि है ब्रह्माके अंगपुत्र महाराज स्वायंभुवमनुभये हैं तिनने महातप महाभजन कियो परमपुरुष हेतु तब तिनके प्रेमबश ह्वैकै परमपुरुष अवतीर्ण भये पुनि परमपुरुष ने अपनीइच्छा ते कारण उत्पन्नकियो है राजा भानुप्रताप सो भगवत् प्रेरणा ते रावण कुम्भकरण भये जाइ तब श्रीरामचन्द्र श्रीदशरथ महाराज के भवनविषे अवतीर्णभये तहां श्रीरामअवतार अवतारी एकहीजानब पुनि कहतहौं तीनिकल्पकोप्रसंग तहां जय बिजयके हेतु जलंधर के हेतु अरु नारदको शाप शिवकेदूतनके हेतु ये तीनिहूं कल्पविषे कश्यप श्रीदशरथ महाराज भये अदिति श्रीकौशल्याजी होतीभई अरु श्रीविष्णु भगवान् श्रीलक्ष्मीजी श्रीरामचन्द्रजी श्रीजानकीजी होतभये जब भूभार उतारिभये तब बैकुण्ठ को प्राप्तिभये हैं चतुर्भुजस्वरूप पुनि चौथेकल्प में अवतारी कहतहौं राजास्वायम्भुवमनु अरु रानी सत्यरूपा ते द्वौ श्रीदशरथ कौशल्याहोतभये तब श्रीरामसखा प्रतापी नाम सो श्रीराम प्रेरणा ते राजाभानुप्रतापभयो पुनि रावण

भयो तब परमात्मा परमपुरुष परब्रह्म द्विभुजस्वरूप अखण्ड एकरस मध्यकिशोर बिग्रह कार्यकारणके परे परात्परतर अवतारी अवतीर्ण होतभये जो कोई कहै कि तुम श्रीरामचन्द्र के स्वरूप में भेदकरते हौ तहां तत्वकरिकै स्वरूपकरिकै नामकरिकै अभेदहै अरु जब तीनिअबतार चतुर्भुज ह्वैके बैकुण्ठ को प्राप्तिभये तब भेद है अंशांशीभेद है गुणाभिमानी गुणातीतभेद है आदिअन्त श्रीरामही हैं मध्य में चतुर्भुजरूप अरु जो कोई कहै कि तुम अपनी कल्पना ते भेदकरते हौ काहेते कि चौथेअवतारके हेतु मैंने जब ब्रह्मके हेतु ब्रह्मबाणी भई है तबयह कहा है कि चौंकश्यपअदितिमहातपकीन्हा तिनकहंमैंपूरबबरदीन्हा तेदशरथकौशल्यारूपा प्रकटतभयेअवधपुरभूपा पुनि नारदश्रापसत्यसबकरिहौं तहां इनवचननको अर्थ कैसे सिद्धिकरहुगे अरु तुमकहतेहौ कि चौथेअवताराविषे मनुसत्यरूपा दशरथ कौशल्याभये हैं अरु वाणी कश्यप अदिति को कहे है हमारो समाधानकरौ तहां तुमने बहुतनीक प्रश्नकियो है पर सावधानह्वैकै सुनहु तहां प्रथम तौ यहै जानहु आगे अवतारन के प्रकरणमें चारि प्रकरण गुसाईंतुलसीदास ने कहे हैं पुनि यह समुझहु कि ग्रन्थकर्त्ता अपने ग्रन्थबिषे बिरोधकरिकै नहीं कहैगो अपनीबुद्धिके समुझबे में बिरोध होत है तहां सुनो भगवत् की सत्य संकल्पवाणी है अरु देवतन को प्रयोजनमात्र बाणी बोले हैं देवतनको केवल भूमिके भारउतारिबे को प्रयोजन है अरु पालनशक्ति बिष्णुकै है ताते परमात्मा श्रीरामचन्द्रजी अपनी बाणीविषे देवतन को विष्णुस्वरूप जनावते हैं अपनो स्वरूप गुप्तराखते हैं तहां श्रीरामचन्द्र जी की सत्यसंकल्प है जाको जो पदवीदीनताकी मर्यादा फेरि नहींतोरते हैं श्रीरामचन्द्र जी ने विष्णु को पालनशक्ति दीन है अरु बिधिको उत्पत्ति शक्तिदई है अरु महादेव को संहार शक्तिदई है श्रीजानकीनाथजी ने तहां गुसाईंजी से कहा है हरिगतिकाछन्द॥ हरिहिहरिताविधिहिबिधिता शिवहिशिवताजिनदई सोइजानकीवरमधुरमूरति मोदमयमङ्गलमई ताते विष्णु भगवान् की मर्य्यादा हेतु आपको अपनी वाणी बिषय बिष्णु स्वरूप देवतन को जनावते हैं ताते कश्यप अदितिकहा है अरु बिष्णु भगवान् अरु श्रीरामचन्द्रजू तत्त्व करिकै अभेद हैं ताते एकता करिके बाणीजनावे हैं पुनि कहा कि नारदशापसत्यसबकरिहौं पर ब्रह्मबाणी बिषे यहअर्थ है कि नारद जो शापदीनहै सो मैं परंपरा मानिलीन है तैसेही लीलायेहू अवतार बिषेकरौंगो नारदको बचनमैं सदासत्य करौंगो तहां बाणीमें विष्णुपद बिभवलिहेअर्थ है अरु जो बाणीयहकहै कि महाराज स्वायंभू अरु रानीसत्यरूपा तिनने महातप कियो है ते दशरथ कौशल्या श्रीअवध पतिभये हैं तिनके गृहबिषे मैं जो परब्रह्महौं सो अवतीर्णहोउँगो जो ऐसो कहैंतौ देवतनको भ्रमहोइजाइ काहेते कि देवतनकै बृत्तिरमा बैकुंठताईं है किन्तु क्षीरसागरताईं है अरु यह अवतार परात्परतर परब्रह्म अवतीर्णहोहिंगेगुप्तअवतार एक महादेव जानते हैं अपरदेवतानहीं जानते हैं काहेते जब कोई देवतन कहा कि बैकुण्ठकोचलो तहां पुकारैंगे अरु कोई देवतनकहा कि प्रभुक्षीरसागर में हैं तहां पुकार करैंगे तहां महादेव जानते रहैं अबकीनतौ बैकुण्ठते अवतारहै अरु नतौ क्षीरसागरते अवतारहै अबकीतौ परमपुरुष परब्रह्म श्रीरामचन्द्र अवतीर्णहोहिंगे तब महादेवजीने युक्ति करिकै कहाहै कि हे देवतहु तुम काहेको बैकुण्ठ क्षीरसागर को जातेहौ प्रभुसर्बत्र परिपूर्ण हैं देशकाल वस्तुप्रच्छेद है ताते तुमयहीं पुकारकरौ तुम्हारे आर्त्ततेप्रभु आपुही प्रत्यक्षहोहिंगे तहां चारिहू अवतार के प्रसंग हमने सूचितकिये हैं सो अच्छीतरह समुझव यहपरम सिद्धांतहै हेपार्वती हमारो मत परम सिद्धांत श्रीरामचन्द्र द्विभुज परब्रह्म सर्बोपरहैं अरु किसूको यहमतहै कि ब्रह्मनिराकारहै सर्ब्बत्र परिपूर्ण है जीवईश्वर ब्रह्मतत्त्व एकही है कैसे एकही है दृष्टांतदेते हैं जैसे आकाश के अवांतर सबहै अरु सबमेंआकाश है जैसे महदाकाश मठाकाश घटाकाश आकाश तत्त्वएकहै अविद्याउपाधि जीवघटस्थाने अरु बिद्याउपाधि ईश्वर मठस्थाने दूनौं उपाधिरहित ब्रह्म महदाकाशस्थाने पुनि जैसे आकाशके एक देशबिषेमेघहै तहां मेघमें जो आकाश भासतहै ताको मेघाकाशकही अरु मेघते जो जलछूटेउहै तहां बूंदबूंदप्रति आकाशमें भासतहै ताको बुन्दाकाशकही अबदृष्टांत कहते हैं ब्रह्मके एकदेश बिषेमायाहै सो अनादिहै अनिर्वचनीयहै सो माया अरु ब्रह्ममिलित है तिनहींको ईश्वरकही ईश्वरसर्ब्बज्ञहै जब ईश्वर ईक्ष्णा करतुहै सोई महत्तत्त्वहै तहां चतुष्टअन्तष्करणभयो तामें बुद्धिके आधीन चित्त मन अहंकार जानब तहां वाही ईक्ष्णा की अनेकबुद्धि है गई बृष्टिरूप भई बुद्धि बुद्धिप्रति बह्मको भासभयो ताको जीवकही तहां आकाश एकही तत्त्व है ऐसेही ब्रह्मतत्त्व ईश्वरतत्त्व जीवतत्त्व एकही है ऐसे ही अनेकदृष्टांत करिकै निराकार प्रतिपादन करते हैं निर्विशेषकहतेहैं तहां हे पार्वती तत्त्व करिकै तो निर्विशेषही है पर सम्पूर्ण विशेषण वाही तेहैं काहेतेमायाजड़ है सो ब्रह्मकरिकै चैतन्यहै

तातेसबविशेषणवाहीके हैं अरुजो कहते हैं कि ब्रह्मकी सत्ता करिकैजड़चेतनहै जैसेचुम्बक शिलाकी सत्ताकरिकै लोहास्फुरितहोतहै तहां यहदृष्टान्तविषेब्रह्ममें परिपूर्णता नहीं आवे है एकदेशीहोतहै काहेतेएकदेशमें सत्ताअरु एकदेशविषे पूर्णहोत है अरु ब्रह्म एकरसपूर्ण है अरु पांचतत्त्व तीनगुणकरिकै ब्रह्मांडहै तहां पांचतत्त्व गुणकरिकै कहूं एकबारको अग्रभागहूभरिखालीनहीं है तहां जो कही कि ब्रह्म इनतेभिन्नहै ब्रह्मांडके बाहिरहैब्रह्मकी सत्ता ब्रह्मांडविषे है तौ एकदेशीभयो अरु जो कही किसर्व्वगुणतत्त्वमेंपूर्ण एकरसहैतो विशेषणबनो है इत्यादिक अनेक दूषण भूषण भतबाद करिकै हैं तहां हेप्रिया जब ऐसो ब्रह्म ज्ञान होइ चतुष्ट साधनसंयुक्त होइ तब तेहि मुमुक्षूको ज्ञान प्राप्ति होइ तब अपने स्वरूप कैलक्षि होइ तब सर्वभूतविषे ब्रह्मदृष्टिहोइ तब ब्रह्मानन्दाकार वृष्टि होइ तब अन्तमें कैवल्यमुक्तिकै प्राप्तिहोइ है अरु जो निराकारब्रह्म किसीने सिद्धांतकियो है सो सत्यहै पर हे पार्वतीहमारो सिद्धान्त निर्विशेष परब्रह्म श्रीदशरथनन्दन तिनको घनस्तेज निराकार व्यापकब्रह्महै अरु हे उमा यहि जगत्को कारण महामाया है सोमहामाया महाविष्णुके आश्रितहै अनादि शुद्धहै ते महाविष्णु श्रीरामचंद्र को दिव्यगुण बिग्रह है तिनहींको महा ईश्वर कही तिनहींकी ईक्षणाते सब जगत् है पुनि हे उमा कोई मुनीश्वर यह सिद्धान्त करते हैं चतुर्भुज भगवान् परात्परतर हैं कार्य्य कारण के परे हैं अरु सोई चतुर्भुज साकाररूप सर्व्व बिषे व्याप्तहैं अरु सोईप्रभु एकस्वरूप ईश्वर क्षीरसागर बैकुंठहै तामें विराजमान सम्पूर्ण जगत्को कारण है अरु हे प्रिया हमारेमतमें चतुर्भुज भगवान् जो हैं सो श्रीरामचन्द्रको महत् अंशहै तिन श्रीरामचंद्र

**द्वारपालहरिकेप्रियदोऊ जयअरुविजयजानसबकोऊ १ बिप्रशापतेदोनौंभाई तामसअसुरदेहतिनपाई २ कनककशिपुअरु हाटकलोचन जगतबिदितसुरपतिमदमोचन ३ बिजयीसमरबीरबिख्याता धरिबराहबपुएकनिपाता ४ होइनरहरिदूसरपुनिमारा जनप्रह्लादसुयशबिस्तारा ५ ॥दो०॥ भये निशाचरजाइतेमहाबीरबलवान कुंभकरणरावणसुभट सुरविजयीजगजान ६ ॥चौ०॥ मुक्तिनभयेहतेभगवाना तीनिजन्मद्विजबचन-प्रमाणा ७ एकबारतिनकेहितलागी धरेउशरीरभक्तअनुरागी ८ कश्यपअदितितहां**

के अवतारको कारण बहुत बिधिसों बिस्तार पूर्वक सुनहु ( २५ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वंसनेबालकाण्डेउमामहेश्वरसम्बादे श्रीरामअवतारअवतारी-मतमतात्सूक्ष्मवर्णनंनामचतुर्विंशतिस्तरङ्गः २४॥ * * * * *

दोहा॥ रामचरणअवतारत्रय भेदमतांतविशेखि सावधानजिज्ञासुकरिलहरिपचीसै देखि २५ हेउमा एककल्पविषे जय बिजय दुईपार्षद बिष्णु के द्वारपाल रमाबैकुण्ठ में तहां सनकादिकन शापदीन तेदोउ हिरण्याक्षहिरण्यकश्यपभये तहां विष्णु बाराहरूपभये पुनि बिष्णुने अन्तर्यामी स्वरूप नृसिंह रूपधरिकैमारे॥श्लोकार्द्ध॥ विसप्रवंशनेधातुर्बिणुरित्यभिर्धायते॥ तेद्वो रावण कुम्भकरणभये तब विष्णु श्रीरामस्वरूपधरिकै मारिडारे मुक्तनहींभये काहेते सनकादिकनकै शापतीनि जन्मको भईरहै यहसातहू चौपाईको अर्त्थ है ( ७ ) हेउमा एकबार यहिकारण करिकै श्री रामावतार भयोहै भक्तनकेहेतु विष्णु चतुर्भुजभये ताते शरीरधारबकह्यो ( ८ ) तहां कश्यप अदिति श्रीदशरथ कौशल्या भये हैं ( ९ ) एककल्पको यहै श्रीरामअवतारको प्रयोजन जानव ( १० ) पुनि हे उमा अपर एककल्प विषे जलन्धर रावण भयो है तबहूँ विष्णुने श्रीरामस्वरूप धरिकै मारिडारेउ परमपदको प्राप्तिकीनहै तेहू अवतारविषे कश्यप अदिति श्रीदशरथ कौशल्या भये हैं चतुर्भुजते द्विभुज ताते नरधारी कह्यो है ऐसेही प्रतिअवतार मुनीश्वर हरियश अनेकभांति करिकै गावते हैं दशचौपाई अरुअठारह चौपाईताई अर्थ जानब ( १८ ) अरु हे उमा एककल्प विषे

**पितुमाता दशरथकौशल्याविख्याता ९ एककल्पयहिविधिअवतारा चरितपवित्रकियेसंसारा १० एककल्पसुरदेखिदुखारे समर जलन्धरतेसबहारे ११ शम्भुकीनसंग्रामअपारा दनुजमहाबलमरैनमारा १२ परमसतीअसुराधिपनारी तेहिबलताहिनजीतिपुरारी १३॥दो०॥ छलकरिटारे-**

उतासुब्रतप्रभुसुरकारजकीन जबतेइजानेउमरमसोइशापकोपकरिदीन १४॥ चौ० तासुशापप्रभुकीन प्रमाना कौतुकनिधिकृपालुभगवाना १५ तहाँ जलन्धररावणभयऊ रणहतिरामपरमपददयऊ १६ एकजन्मकरकारणयेहा जेहिलगिरामधरीनरदेहा १७ प्रतिअवतारकथाप्रभुकेरी सुनुमुनिबरणीकविनघनेरी १८ नारदशापदीनयकबारा कल्पएकतेहिलगिअवतारा १९ गिरिजाचकितभईसुनिबानी नारदविष्णुभक्तपुनिज्ञानी २० कारणकवनशापमुनिदीन्हा काअपराधरमापति कीन्हा २१ यहप्रसंगमोहिकहहुपुरारी मुनिमनमोहआचरजभारी २२॥दो०॥ बोलेबिहँसिमहेशतब ज्ञानीगूढ़न कोइ जेहिजस

नारद शापदीन है तेहू अवतारमें कश्यप अदिति श्रीदशरथमहाराज अरुकौशल्याजू होती भई अरु विष्णु भगवान् लक्ष्मीजी श्रीराम सीता होत भये सो जानब ( १९ ) आगे बीसकी चौपाईते बाईसकी चौपाईताई अक्षरार्थैजानब ( २२ ) दोहार्थ॥ महेश बिहँसिकै बोलतेभये हेप्रिया न कोईज्ञानी है न तो कोई मूढ़है जेहिकालबिषे रघुपति जसजेहिको करै हैं तसते होतेहैं यह अर्थ करतसन्ते श्रीराचन्द्रबिषे सम बिषम दूवणहोतहै काहेते एकको ज्ञानी कियो है अरु एकको मूढ़ कियो है तहां ऐसो नहीं है सर्बको कर्मानुसार फलदेतेहैं जैसे कोईराजाने अपने कारोबारी ते सदाबर्त्तको नेमबांधिदियोहै सोईरीति चलीजातिहै परम्परा पुनिकोईकाल में किसूकी करणीते प्रसन्नभयो तब हाथी दियो अरु बिकारदेखेउ दण्डदियो तैसे श्रीरामचन्द्र अपनीमायाकी प्रेरणाते कर्मअनुसारको सदा ब्रतबांधे हैं तहां काहूजनके अहंकार भयो कोई संयोगते तिनको दण्डदेतेहैं अविद्या मायाके मिसुकरिकै विद्या मायाकी प्रेरणाकरके अहंकारको नाशकरिदेतेहैं शुद्धकरिदेतेहैं जैसे छोटोकांटगड़ै है पगमें तबबड़ेकांटेते निकासि कै दूनोंदूरिकरैहैं देखिलीजिये ब्रह्मा शिव नारद सनकादिक कागभुशण्डिइत्यादिक अरु जो कोई निरभिमानहै कोलभिल्ल शेवरी गिद्ध बानर रीछ

रघुपतिकरहिंजब सोतसतेहिक्षणहोइ २३॥ सो० ॥ कहौंरामगुणगाथभरद्वाजसादरसुनहु भवभंजनरघुनाथभजुतुलसीतजिमानमद २४ हिमगिरिगुहाएकअतिपावन बहसमीपसुरसरीसुहावन २५ आश्रमपरमपुनीतसोहावा देखिदेवऋषिमनअतिभावा २६ निरखिशैलसरिबिपिनबिभागा भयउरमापतिपदअनुरागा २७ सुमिरतहरिहिश्वासगतिबांधी सहजबिमलमनलागिसमाधी २८ मुनिगतिदेखिसुरेशडेराना कामहिंबोलिकीन सन्माना २९ सहितसहायजाहुममहेतू चलेउहरषिहियजलचरकेतू ३० सुनासीरमनमहँअतित्रासा चहतदेवऋषिममपुरबासा ३१ जेकामीलोलुपजगमाहीं कुटिलकागइवसबहिडेराहीं ३२ दो०॥ सूखहाड़लैभाग शठश्वाननिरखिमृगराज छीनिलेइमनजानिजिमितिमिसुरपति-हिनलाज ३३ चौ०॥ तेहिआश्रमहिमदनजबगयऊ निजमायाबसंत निर्म्मयऊ ३४ कुसुमितविविधबिटपबहुरंगा कुंजहिंकोकिलगूंजहिंभृङ्गा ३५ चलीसोहावनित्रिविधिबयारी कामकृशानुबढ़ाव-

राक्षस तिनपर प्रसन्नह्वैकै तुरन्त परमपदको प्राप्तिकीन तहां मोक्षदोऊहैं ताते रघुपति एकरसहैं किन्तु अपने अपने कर्मानुसार सर्वजीव हैं तिन बिषे जब श्रीरामचन्द्र जिसको जसकरैहैं ते तस होइहैं दोहार्थ॥ मशकहिकरैं बिरंचिप्रभु अजहुमशकते हीन किन्तु जे श्रीरामानन्य हैं तिनकरयहै सिद्धांतहै कि श्रीरामैचन्द्र की प्रेरणाते गुप्तहोतहै इत्यर्थः। चौबिसके सोरठाते बत्तिसकी चौपाईताई अक्षरार्थै जानब ( ३२ ) अट्ठाइसकी चौपाईकर अर्थ करतहन दशोबाई को एककरिकै समाधि करिन है शापगति पाठ सामान्य है

( २८/३३ ) दोहार्त्थ॥ सूखहाड़ भूखोश्वान कहूं वतरह्यो तहां सिंहको देखिकै लैभाग्यो कि सिंह मेरो हाड़ छीनिलेइगो तैसही इन्द्रको हालहै यहिदृष्टान्तते इन्द्रपदवीताई विभव जोहै सो श्रीरामदासनको सूखो अस्थिकी समानत्यागहै तिनहींको श्रीरामचन्द्र प्राप्तिहैं ( ३३ ) आगे चौंतिसकीचौपाईते सैंतिसकी चौपाईताई अक्षरार्थैजानब ( ३७ ) पुनि अड़तिसकी चौपाई को अर्थ पाणिकही हाथके भावते पंतगनृत्यकरती है रम्भादिक अप्सरा किन्तु पतंगनाम तम्बूराको है सो पाणि

निहारी ३६ रंभादिकसुरनारिनवीनासकलअसमसरकलाप्रवीना ३७ करहिंगानबहुतानतरंगाबहुबिधिक्रीड़हिंपाणिपतंगा ३८ देखि सहायमदनहर्षाना कीन्हेसिपुनिप्रपंचविधिनाना ३९ कामकलाकछुमुनिहिनब्यापी निजभयडरेउमनोभवपापी ४० सीमकिचापिसकैकोउतासू बड़रखवाररमापतिजासू ४१॥ दो० ॥ सहितसहायसभीतअतिमानिहारिमनमयन गहेसिजायमुनिवरचरणकहिसुठिआरतबयन ४२॥ चौ० ॥ भयउननारदमनकछुरोषा कहिप्रियबचनकामपरितोषा ४३ नाइचरणशिरआयसुपाई गयउमदनतबसहितसहाई ४४ मुनि सुशीलता आपनिकरणी सुरपतिसभाजाय सबबरणी ४५ सुनिसबकेमनचरजआवा मुनिहिप्रशंसिहरिहिशिरनावा ४६ तबनारदगवनेशिवपाहीं जीतिकामअहमितमनमाहीं ४७ मारचरित्रशंकरहिसुनाये अतिप्रियजानि महेशसिखाये ४८ बारबारबिनवोंमुनितोहीं जिमियहकथासुनायहुमोहीं ४९ तिमिजनिहरिहिसुनायहुकबहूं चलेहुप्रसंग दुरायहुतबहूँ ५०॥दो०॥ शंभुदीनउपदेशहितनहिंनारदहिसुहान भरद्वाजकौतुकसुनहुहरिइच्छाबलवान ५१॥ चौ० ॥ राम कीनचाहैंसोइहोई करैअन्यथाअसनहिंकोई ५२ शम्भुबचनमुनिमनहिनभाये तबबिरंचिकेलोकसिधाये ५३ तहँपुनिकछुक दिवसमुनिराया रहेहृदयअहमितअधिकाया ५४ एकबारकरतलवरबीणा गावतहरिगुणगानप्रबीणा ५५ क्षीरसिन्धुगवनेमुनि

में लिहे बजावती हैं नृत्यक्रीड़ा करती हैं ( ३८ ) यहप्रसंगविषे ओन्तालिसचौपाईलैकै छप्पनचौपाई ताई एकही भाव जानब तहां नारदजू माया के वश नहीं भये हैं इहां केवल हरि इच्छा जानव ऐसी इच्छा हरि ने क्यों किया तहां सर्व्व जीवन को अरु भागवतन को भागवतापराध देखावते हैं महादेव की अवज्ञा कियो जाइ ताते भागवतापराध भयो ताते हरि ने कृपा करिकै अपराध नाश कियो शुद्ध करिदियो ( ५६ ) छप्पनसत्तावन चौपाई को अर्थ नारद क्षीरसागरको जातभये भगवान्अतिआदर संयुक्त अपने बराबर अपने आसनपर बैठावते भये तहां यह जानिये कि जो कोई काम क्रोधलोभजीते हैं तिनको भगवान् अपनी बरोबरि मानते हैं पुनि यामें और धुनिहै यहजानिये जो अपनो प्रभु अपनो आदर अपनी बरोबर कियो तब अपनो कछु बर्त्तमानमें बिघ्नजानिये जरूर सो नारदबिषे आदर बिघ्नदूनों देखिलेव आगे अक्षरार्थै जानिये ( ५७ )

नाथा जहँबशश्रीनिवासश्रुतिमाथा ५६ हरषिमिलेउठिरमानिकेता बैठेआसनऋषिहिसमेता ५७ बोलेबिहँसिचराचरराया बहुतेदिननकीनमुनिदाया ५८ कामचरितनारदसबभाखे यद्यपिप्रथमबरजिशिवराखे ५९ अतिप्रचण्डरघुपतिकैमाया जेहिन मोहअसकोजगजाया ६०॥दो०॥ रूखबदनकरिबचनमृदुबोलेश्रीभगवान तुम्हरेसुमिरणतेमिटहिंमोहमारमदमान ६१॥ चौ०॥ सुनुमुनिमोहहोइमनताके ज्ञानबिरागहृदयनहिंजाके ६२ ब्रह्मचर्यब्रतरतमतिधीरा तुम्हैंकिकरैमनोभवपीरा ६३ नारदकहेउसहितअभिमाना कृपातुम्हारिसकलभगवाना ६४ करुणामयमनदीखबिचारी

उरअंकुरेउगर्ब्बतरुभारी ६५ बेगिसोमैंडारिहौं उपारी प्रणहमारसेवकहितकारी ६६ मुनिकरहितममकौतुकहोई अवशिउपायकरबहमसोई ६७ तबनारदहरिपदशिरनाई चलेहृदयअहमितअधिकाई ६८ श्रीपतिनिजमायातबप्रेरी सुनहु कठिनकरणीतेहिकेरी ६९ ॥दो०॥ बिरचेउमगमहँनगरतेइँ

॥दोहार्त्थ॥ अर्त्थअट्ठावनके अंकते अरु सत्तरिताई भगवान् की बाणीब्यंग्यार्त्थ कृपामयहै पुनि बिष्णु भगवान् अपनी बिद्यामायाकोप्रेरणाकी न सो बिद्यामाया बर्त्तमानबिषे अबिद्याइव लीलाकरै है परिणाम शुद्ध दशा करिदेइहै तहां प्रभु जो हैं अपने दासनके जबकबहूं काहूके ज्ञान ध्यान त्यागभजन इत्यादिको अभिमानभयो पर तेहिदशामें आरूढ़ ह्वैकै मानभयो है सो बिद्यामय मानजानब अरु अविद्यामयमान भक्तनके नहीं होतहै ताते बिद्यामयमान जब भक्तनके कहूंभयो तब प्रभुमहाबिद्याको प्रेरणा करिकै मानदूरि करिदेते हैं ताते बैकुण्ठते अधिककहा उत्तरकाण्डे हरिसेवकहिनब्यापअबिद्या प्रभुप्रेरिततेहिब्यापैबिद्या तातेनाशनहोइदासकर भेदभक्तिबाढ़ैबिहंगबर सो हरिमाया सर्वशुभ गुणखानिने मगमें नगर रच्यो शतयोजन का विस्तारकियो अथवासत जो भगवान् हैं तिनके जनजोनारद तिनके निमित्त विस्तारकियो किन्तु सतकही संतजन जो नारद

शतयोजनबिस्तार श्रीनिवासपुरतेअधिक रचनाविविधप्रकार ७०॥चौ०॥ बसहिंनगरसुन्दरनरनारी जनुबहुमनसिजरतितनुधारी ७१ तेहिपुरबसैशीलनिधिराजा अगणितहयगयसेनसमाजा ७२ शतसुरेशसमबिभवबिलासा रूपतेजबलनीतिनिवासा ७३ बिश्वमोहिनीतासुकुमारी श्रीबिमोहजेहिरूपनिहारी ७४ सोहरिमायासबसुखखानी शोभातासुकिजाइबखानी ७५ करै स्वयम्बरसोनृपबाला जुरेतहां अगणितमहिपाला ७६ मुनिकौतुकीनगरतेहिगयऊ पुरबासिनतबपूंछतभयऊ ७७ सुनिसबचरितभूपगृहआये करिपूजानृपमुनिबैठाये ७८॥ दो० ॥ देखिरूपमुनिबिरतिबिसारी बड़ीबारलगिरहेनिहारी आनिदेखाईनारदहिभूपतिराजकुमारिकहहुनाथगुणदोष सब यहिकेहृदय बिचारि ७९॥चौ०॥ लक्षणतासुबिलोकिभुलाने हृदयहर्षनहिं प्रगटबखाने ८१ जोयहिबरैअमरसोहोई समरभूमितेहिजीतनकोई ८२ सेवहिंसकलचराचरताही ८० बरैशीलनिधिकन्याजाही ८३ लक्षणसबबिचारिउरराखे कछुकबनाइभूपसनभाखे ८४ सुतासुलक्षणिकहिनृपपाहीं नारदचलेशोचमनमाहीं ८५ करौं जाइसोइयतनबिचारी जेहिप्रकारम्वहिंबरैकुमारी ८६ जपतपकछुनहोइयहिकाला हेबिधिमिलहिकवनविधिबाला ८७॥दो०॥ यहिअवसरचाहीपरमशोभारूपबिशाल जोबिलोकिरीझैकुवँरितौमेलैजयमाल ८८॥चौ०॥ हरिसनमांगौंसुन्दरताई होइहिजातगहहअतिभाई ८९ मोरेहितहरिसमनहिंकोई यहिअवसरसहायसोइहोई ९० बहुबिधिविनयकीनतेहिकाला प्रकटे प्रभुकौतुकीकृपाला ९१ हरिबिलोकिमुनिनयनजुड़ाने होइहिकाजहृदयहर्षाने ९२ अतिआरतकहिकथासुनाई करहुकृपाहरि

ताईंको भावएकही जानब नारदजू कन्याको तिनकेहेतु (७०) सत्तरिके आगेते अस्सीकी चौपाई ताई अक्षरार्थै जानब (८०) एक्यासी चौपाई ते एक्यानबे की चौपाई ताईंको भावएकही जानब नारदजू कन्याको लक्षण देखिकै बैराग्य ज्ञानभजन सब बिसरि गयोऐसी भगवत् माया प्रबलहै ताते स्त्री को मनमें चिन्तवन करना स्त्री की बात कोई कहै सो सुनब अथवा स्त्री को संभाषण स्त्री को रूपदेखना स्त्रीसे कछु लेनादेना स्त्रीसे कोई सम्बन्ध करना येते यशसुकर्म धर्मयोग बैराग्यज्ञान भक्तिके बाधक बिशेषकै जानब नारदको सब भूलिगयो राजाशीलनिधि भगवान्आपुही लीलारूपहैं तिनते नारदजूने कछुकबातबनायकै कहा कि तुम्हारी कन्या सुलक्षणाहै पर दुइचारिदिन स्वयंवरको सामान्य योगहै यहकहिकै प्राप्तिहेतु भगवान्ते प्रार्थना करिबेको आतुर ह्वैकै

होहुसहाई ९३ आपनरूपदेहुप्रभुमोहीं आनभांतिनहिंपाबोंओही ९४ जेहिबिधिनाथहोइहितमोरा करहुसोबेगिदासमैं तोरा ९५ निजमायाबलदेखिबिशाला हियहंसिबोलेदीनदयाला ९६॥ दो०॥ जेहिविधिहोइहिपरमहितनारदसुनहुंतुम्हार सोइहमकरबन आनकछु बचननमृषाहमार ९७॥चौ०॥ कुपथमांगजिमिब्याकुलरोगी बैद्यनदेहसुनहुंमुनियोगी ९८ यहिविधि हिततुम्हारमैंठयऊ कहिअसअंतरहितप्रभुभयऊ ९९ मायाबिबशभयउमुनिमूढ़ा समुझीनहिंहरिगिराविगूढ़ा १०० गवनेतुरित तहांऋषिराई जहांस्वयंबरभूमिबनाई १०१ निजनिजआसनबैठेराजा बहुबनावकरिसहितसमाजा १०२ मुनिमनहर्षरूपअतिमोरे म्वहिंतजिआनबरिहिनहिंभोरे १०३ मुनिहितकारणकृपानिधाना दीनकुरूपनजाइबखाना १०४ सोचरित्रलखिकाहुनपावानारद जानिसवहिशिरनावा १०५ ॥दो०॥ रहेतहांदुइरुद्रगणतेजानहिंसबभेउ बिप्ररूपदेखतफिरैंपरमकौतुकीतेउ १०६ ॥चौ०॥ जेहि समाजबैठेमुनिजाई हृदयरूपअहमित-अधिकाई १०७ तहंबैठैमहेशगणदोऊ बिप्रबेषगतिलखैनकोऊ १०८ करहिंकूटनारदहिं सुनाई नीकदीनिहरिसुन्दरताई १०९ रीझिहिराजकुवंरि-छबिदेखी इनहिंबरिहिहरिजानिबिशेषी ११० सुनिहिमोहमनहाथप

चले ( ९१ ) बानबे चौपाई लैके अरु एकसौदुइ चौपाई को भावएकहीजानब नारदजू को भगवान् तुरन्त प्राप्तिभये नारदजू कन्याहेतु अनेकप्रार्थना कीन तब भगवान् बड़ेकौतुकी बड़ेकृपालु भक्तबत्सल सरस्वतीकोप्रेरिदीन नारदबोले हे प्रभु तुममेरे परमहितकारीहो जामें मेरोहितहोइ सोकरहु तब हरिबिहंसिकै बोले एवमस्तु तुम्हारोहित हम विशेष करैंगेइहाँ श्लेषालंकारहै नारदहुके वचनमें अरु भगवानहूकी वाक्यमें दुइदुइ अर्थ हैं तब भगवान् अन्तर्द्धानभये नारद जहां रङ्गभूमिबनी है अरुअनेकन राजा बैठे हैं तहां को जातभये ( १०२ ) एकसैतीनि चौपाई लैके अरु एकसै सत्रहकी चौपाईताई एकही जानब नारदजू के अपनेरूपकोअभिमान बहुतभयो अरु भगवान् नारदके हितहेतु कुरूपकरिदीन पर अपर कोई नहीं जानिसकै है सब कोई नारदैजानिकै दण्डवत् करते हैं तहां भगवान् भक्तबात्सल्य हैं अपने भक्तन को कछुदण्डदैकै शुद्धकरिदेते हैं पर मर्य्याद संयुक्त अपर कोई नहीं जानै है तहां जब नारद महादेवको कहा नहींमान्यो तब महादेव त्रिकालज्ञ जानिगये नारदके संग दुइ

राये हंसहिंशम्भुगणअतिसचुपाये १११ यदपिसुनहिंमुनिटअटपटिबानी समुझिनपरैबुद्धिभ्रमहानी ११२ काहुनलखासोचरित बिशेषा सोस्वरूपनृपकन्यादेखा ११३ मर्कटबदनभयंकरदेही देखतहृदयक्रोधभातेही ११४॥ दो०॥ सखीसंगलैकुंवरितबचलिजनुराजमराल देखतफिरहिमहीपसबकरसरोजजयमाल ११५ चौ०॥ जेहिदिशिबैठेनारदफूली तेहिदिशिसोनबिलोकेउभूली ११६ पुनिपुनिमुनिउकसैं-अकुलाहींदेखिदशाहरगणमुसुकाहीं ११७ धरिनृपतनतहंगयउकृपाला कुंवरिहर्षिमेलेउजयमाला ११८ दुलहिनिलैगयेलक्ष्मिनिवासा नृपसमाजसबभयोनिरासा ११९ मुनिअतिबिकलमोहमतिनाठी मणिगिरिगईछूटिजनुगांठी १२० तबहरगणबोलेमुसुकाई निजमुखमुकुरबिलोकहुजाई १२१ असकहिदोउभागेभयभारी बदनदीखमुनिबारिनिहारी १२२ बेषबिलोकिक्रोधअतिबाढ़ा तिनहिंशापदीन्हेउअतिगाढ़ा १२३ ॥दो०॥ होहुनिशाचरजायतुमकपटीपापीदोउ हंसे

दूतकरिदीन कि देखो नारद की कौनदशा भगवान्करते हैं पर तुम ऐसीरीतिरहेउ जामें नारद न जानहिं अरु कोई नहींजानै तब ते शिवकी आज्ञा ते नारदके साथलगे कबहीं अन्तर्द्धान रहैं कबहीं बिप्ररूप देखतेफिरैं तहां नारद अपनेरूप गर्बसमेत सभा को जातभये तब राजन नमस्कार कीन्ह बैंठतेभये राजकन्या सभा में आई सो नारद की दशा राजकन्या देखतीभई सो भगवत् की महाविद्या माया है सो नारदकी दिशि देखिबै नहींकियो अरु नारदरूप दशा के गर्ब ते अकुलाते हैं तहां हरके गणदेखि देखि मुसुकाते हैं यहप्रकरण अक्षरार्थै है ( ११७ ) एकसै अठारह चौपाई से लैकै अरु एकसै अट्ठाइस की चौपाईताईं एकहीअन्वय जानब तेहिसभा बिषे भगवान् राजा को बेषबनायकै गये राजकन्या जयमाल पहिरायउ भगवान् ताको लैगये तहां सभा निराशभई नारद बिकलभये तब शिवके दूतबोले हे मुनि अपनोमुख तौ दर्पणलैकै देखौ तब नारद जलमें देखैं तौ बानरको ऐसोमुख तापर अशोभित पुनि तुरन्त मुखदेखेउ जलमें तब जैसे मुनिरहे तैसेही देखेउ तब कोपकरिकै दोऊदूतन को शापदियो अरु भगवान् पर बहुत क्रोधकियो यहकहतचले कि भगवान्को शापदेहौं कि तौ भगवान् के ऊपर मरिजैहौं ऐसेही मुनि तामसभरे

हुहमहिंसोलेहुफलबहुरिहंसेहुमुनिकोउ १२४ ॥चौ०॥ पुनिजलदीखरूपनिजपावा तदपिहृदयसंतोषनआवा १२५ फरकतअधरक्रोधमनमाहीं सपदिचलेकमलापतिपाहीं १२६ देइहौंशापकिमरिहौंजाई जगतमोरउपहासकराई १२७ बीचहिपंथमिलेदनुजारी संगरमासोइराजकुमारी १२८ बोले मधुरबचन सुरसाईं मुनिकहंचलेहु विकल की नाईं १२९ सुनतबचनउपजाअतिक्रोधा मायाबशनरहामनबोधा १३० परसंपदासकहुनहिंदेखी तुम्हरेईर्षाकपटबिशेषी १३१ मथतसिंधुरुद्रहिबौरायहु सुरनप्रेरिबिषपानकरायहु १३२ ॥दो०॥ असुरसुराबिषशंकरहिआपुरमामणिचारु स्वारथसाधककुटिलतुमसदाकपटब्यवहार १३३ चौ०॥ परमस्वतंत्रनशिरपर कोई भावैमनहिंकरौतुमसोई १३४ भलेहिमन्दमंदहिभलकरहू बिस्मयहर्षनमनकछुधरहू १३५ डहकिडहकिपरचेउसबकाहू अतिअशंकमनसदाउछाहू १३६ कर्मशुभाशुभतुमहिंनबाधा अबलगितुमहिंनकाहूसाधा १३७ भलेभवनअब बायनदीन्हा पावहुगेफलआपनकीन्हा १३८ बंचेहुमोहिंजवनिधरिदेहा सोइतनुधरहुशापममयेहा १३९ कपिआकृततुमकीन

चले जाते हैं क्षीरसागर को तहां भगवान् तुरन्त सागर में ठाढ़े हैं लक्ष्मी अरु राजकन्या संयुक्त ( १२८ ) एकसै उन्तीस चौपाईलैकै अरु एकसै उन्तालिस चौपाईलगि एकअन्वयजानब नारदजी बिकल चलेआवतेहैं तब भगवान् बिहंसिकै बोलतेभये हे मुनीश्वर तुम बहुत बिकलकी नाईं कहां चलेहु है यहबचन सुनत सन्ते मुनि के क्रोध उत्पन्नभयो अनेक दुर्बचन भगवान् को कहतभये पर भगवत् प्रेरण ते मुनिकी बाणी दुर्बचन बिषे ईश्वरैअर्थ बाणीके अवतारहै तहां यहजानब बिशेषकै कैसहू महान्होहि जबकोई कामना में बासनाभई तब बुद्धि भ्रष्टहोजाती है तब सुकर्म सुधर्म संगगुरू भगवान् परमइष्ट सबको असत्कार होत है कामनाबशभये ते भगवत् मायादुस्तर है महामहा मुनीशन को ताते केवल श्री रामशरण प्राप्तिहोइ तब मायाशांति होती गीतायां श्लोक॥दैवीह्येषागुणमयीममामायादुरत्यया मामेवयेप्रपद्यन्तेमायामतान्तरंतिते १ तहांनारद जू माहामोह के बशह्वैकै भगवान्को शापदीन कि तुम राजाको तनुधरौ ( १३९ ) एकसैचालिस चौपाईलैकै एकसैपचासताईं एकहीभाव है अक्षरार्थैजानब नारदजू शापदेतेभये भगवान् आप अंगीकार करिकै अपनीमाया की प्रबलता आकर्षणकरिलीन तब नारद मायारहित भये तब

हमारी करिहैंकीशसहायतुम्हारी १४० ममअपकारकीनतुमभारी नारिबिरहतेहोहुदुखारी १४१ ॥दो०॥ शापशीशधरिहर्षिहिय प्रभुबहुबिनतीकीन निजमायाकीप्रबलताकर्षिकृपानिधिलीन १४२ चौ०॥ जबहरिमायादूरिनिवारी नहिंतहंरमानराजकुमारी १४३ तबमुनिअतिसभीतहरिचरणा गहेपाहिप्रणतारतिहरणा १४४ बृथाहोहुममशापकृपाला ममइच्छाकहदीनदयाला १४५ मैंदुर्बचनकहेउंबहुतेरे कहमुनिपापमिटहिंकिमिमेरे १४६ जपहुजाइशंकरशतनामा होइहिहृदयतुरतबिश्रामा १४७ कोउनहिं शिवसमानप्रियमोरे असपरतीततजहुजनिभोरे १४८ जेहिपरकृपानकरहिंत्रिपुरारी सोनपाउमुनिभक्तिहमारी १४९ असउरधरिमहिबिचरहुजाई अबनतुम्हैंमायानियराई १५० दो० बहुविधिमुनिहिंप्रबोधिहरितबभयेअंतर्द्धान सत्यलोकनारदचलेकरतरामगुण

बहुतग्लानि को प्राप्तिह्वैकै भगवान् की स्तुतिकीन तब भगवान् ने कहाकि मेरी ऐसीही इच्छा है पर हे मुनि तुम शिवशतनाम जपहुजाय महा अपराधसो मिटिजायगो विश्रामको प्राप्तिहोहुगे तहां यह प्रभु की रीतिहै कि जो कोई भागवतापराधकरे है तब उनहीं भागवतन के द्वारह्वैकै अपराधमिटावतेहैं तब शिवके दूतनको मुनिशाप अनुग्रहकीन अबतुमदूनों कुम्भकर्ण रावण लंकाविषे होहुजाय तुम्हारे हेतु विष्णुभगवान् लक्ष्मी अवतारलेहिंगे श्रीसीताराम स्वरूप श्रीअयोध्याविषे तहां कश्यप अदिति श्रीदशरथ कौशल्याहोहिंगे तिनकीआज्ञाके मिसुकरिकै तुमको बधहिंगे तुमपरमपद को प्राप्त होहुगे यहकहिकै नारदजी रामगुण गावतसत्यलोक को चले भगवान् अन्तर्द्धान भये (१५०) एकसै इक्यावन दोहालैकै अरु एकसैतिरसठताईं अक्षरार्थै जानिये सो पाछे अर्थजनाइआये हैं पुनि जनावतेहैं एककल्पबिषे जायबिजय हिरण्याक्ष अरु हिरण्यकशिपुभये तेई कुम्भकर्णरावणभये पुनि एककल्पविषे जलंधर रावणभयोअरु तिसको भ्राता जयशत्रु सो कुम्भकर्ण भयो पुनिएककल्पविषे शिव के दूनोंदूत नारदके शापकरिकै कुम्भकर्ण रावणभये तहां तीनिहूकल्पविषे श्रीविष्णुभगवान् रमावैकुण्ठ ते लक्ष्मीसंयुक्त अवतार लेतेभये श्री राम सीतास्वरूपभये तहां तीनिहूं कल्पविषे कश्यप अदिति श्रीअयोध्याविषे श्रीदशरथ कौशल्याभये तिनकेपुत्र भगवान् विष्णुह्वैकै पृथ्वीकोभार

गान १५१ हरगणमुनिहिंजातपथदेखी बिगतमोहमनहर्षबिशेषी १५२ अतिसभीतनारदपहँआये गहिपदआरतवचनसुनाये १५३ हरगणहमनबिप्रमुनिराया बड़अपराधकीन्हफलपाया १५४ शापअनुग्रहकरहुकृपाला बोलेनारददीनदयाला १५५ निशिचरजाइहोहुतुमदोऊ बैभवविपुलतेजबलहोऊ १५६ भुजबलविश्वजितबतुमजहिया धरिहहिंबिष्णुमनुजतनतहिया १५७ समरमरणहरिहाथतुम्हारा होइहहुमुक्तनपुनिसंसारा १५८ चलेयुगलमुनिपदशिरनाई भयेनिशाचरकालहिपाई १५९ दो० ॥ एककल्पयहिहेतुप्रभु लीन्हमनुजअवतार सुररंजनसज्जनसुखदभंजनधरणीभार १६० यहिबिधिजन्मकर्म्महरिकेरे सुन्दरसुखद बिचित्रघनेरे १६१ कल्पकल्पप्रतिप्रभुअवतरहीं चारुचरितनानाबिधिकरहीं १६२ तबतबकथामुनीशनगाई परमपुनीतप्रबन्ध बनाई १६३ बिबिधप्रसंगअनूपबखाने करहिंनसुनिआश्चर्यसयाने १६४ हरिअनंतहरिकथाअनंता कहहिंसुनहिंबहुबिधिसब

उतारिकै पुनि चतुर्भुजरूप ह्वैकै वैकुण्ठको गमनकीन तहां विष्णुभगवान्को बिद्या उपहित गुणाभिमान जानब पर विष्णुभगवान् को परमदिब्य गुण बिग्रहजानब सात्विक गुणको अपनी इच्छा ते ग्रहणकिये हैं ताते गुणाभिमानी कही अरु जब श्रीरामभये तब अविद्यारहित निर्विशेष पर ब्रह्म विग्रहजानब यह मैं कौनेउ पक्षकरिकै नहींकह्यों है यह सत्यजानबयह ऐसही तत्त्व है ऐसेही प्रभुके जन्म कर्म अनेकतरह तरह के अति सुन्दर सुखकारी बिचित्र निर्मल सच्चिदानन्दमय समस्तलीला जानब तबतब कल्पकल्प मुनीश्वरन परमपुनीतप्रबन्धबनाय बनायगाये हैं ( १६३ ) एकसैचौंसठि चौपाई लैकै अरु एकसै उनहत्तरिताईं एकहीभाव जानब महादेवकहते हैं हे प्रिया बिबिध प्रसंग हमने तुमसे अनूप अनूप कहे हैं तुम अच्छीतरह समुझहु अरु यहसब प्रसंग समुझिकै जे सयानपुरुषहैं ते आश्चर्य न करहिंगे अज्ञानी सन्देह करहिंगे कि ईश्वरमें भेदकरते हैं अरु हम ईश्वरतत्त्व अरु परब्रह्मतत्त्व एकही मानते हैं तहां परमेश्वरकेपांचस्वरूप हैं अनादिही ते कार्य कारण महाकारण पर इत्यादिक वेद कहते हैं कि भक्तानुग्रहार्थ अनादि हैं अर्च्चा अन्तर्यामी बिभु बिपुल पराक्रम ते जानब शालग्राम अथवा धातु शिला दारु चित्र मृत्तिकाइत्यादि बिग्रह सो अर्चा अन्तर्यामी सर्बको चैतन्यकर्त्ता ब्यापक बिभु मत्स्यादिक अवतारब्यूह बासुदेव संकर्षण अनिरुद्ध प्रद्युम्न पर श्रीरामचन्द्रजी श्रीमहाराज दशरथनन्दन जिनको कही तहां जबजब पृथ्वीको भारहोतहै तबतब ईश्वर अवतार लेते हैं मत्स्यादिक अरु परस्वरूप केवल जो

**संता १६५ रामचन्द्रकेचरितसुहाये कल्पकोटिनिगमागमगाये १६६ यहप्रसङ्गमैंकहाबखानी हरिमायामोहेमुनिज्ञानी १६७ प्रभुकौतुकी प्रणतहितकारी सेवतसुलभसकलदुखहारी १६८॥ सो० सुरनरमुनिकोउनाहिं जेहिनमोहमायाप्रबल असबिचारि मनमाहिंभजियमहामायापतिहि १६९॥**

कोई भक्तराज है तिनकी भक्तिकरिकै पृथ्वीके भार मिसुकरिकै अवतीर्णहोते हैं पर सब स्वरूप परमेश्वर एकही तत्त्व है यहसब समुझिकै प्रबीणजन सन्देह नहीं करैंगे ( १६४ ) काहेते हरि अनन्तरूप हैं अरु हरिकेनाम गुणकथा लीला अनन्तहैं ऐसा समुझिकै सन्तजन सन्देह नहीं करते हैं हरिचरित कहते सुनते हैं श्रीरामचन्द्रजी के चरित्र कोटिन कल्पलगिवेदनहीं कहिसकैं अपर की कहाकहौं हे प्रिया हमने तुमसे जय बिजय और जलंधर की कथा नारदको मोहभयो सो सबकहा हे प्रिया भगवत्माया अतिप्रबल है सुरनर मुनि सबको मोहति है कोऊ समर्थनहींहै जो माया को जीतिसकै ताते महामाया पतिकोभजो तब कल्याणहै ( १६९ ) इतिश्रीराचरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वंसने बालकांडे त्रयअवतार भेदाभेद मतमतान्तसिद्धान्तजिज्ञासूसावधानकृते पंचविंशतिस्तरंगः २५॥ :: :: :: :: ::

दो०॥ षटअरुबीसतरङ्गमें नृपरानीतपज्ञान रामचरणपरप्रभुदरशशोभासिन्धुनिधान २६॥ हे भरद्वाज हे गरुड़ श्रीमहादेव बोलते भये हे शैलकुमारि अपनी बुद्धि स्थिरकरो श्रीरामजन्मके तीनिहेतु तौमैं अच्छीप्रकार ते कहिआयोहौं अब अपरहेतु सुनहु जो चित्रविचित्रकथा बिस्तार समेत कहौंगो सो चित्तलगाइ कै सुनहु ( १ ) हे पार्वती अब सो कारणसुनहु जेहिकारणसे अज अगुण अनूप परब्रह्म अवतीर्ण और कोशलपुर भूपभये सो कारण सुनहु अजकही अजन्मा जो गर्भ में नहींआवै अरुजाको अवतारहूको तात्पर्यनहीं है अपनेअंश कला बिभूतिकरिकै पृथ्वी का भारउतारते हैं ताते अजकही पुनि अगुणकही तीनिगुणरहित स्वरूप सच्चिदानन्द बिग्रह परमदिब्यब्रह्ममयगुणज्ञानबिज्ञान मोक्ष करुणा बात्सल्य सौशील्य इत्यादिक स्वाभाविक जिनमें है ताते अगुणकही पुनिअनूपकही जिनकी सदृश कोई नहीं है जिनकी उपमाकोन तौ काम है, न तौ काई भगवत् के अवतारहैं न तौ विष्णुनारायण हैं न तौ ब्रह्मब्यापक है अपरकी का कहौं सो स्वरूप आगेकहतहौं अरु चौपाईके अन्त

**अपरहेतुसुनुशैलकुमारी कहौंबिचित्रकथाबिस्तारी १ जेहिकारणअजअगुणअनूपा ब्रह्मभयोकोशलपुरभूपा २ जोप्रभुबिपिन फिरततुमदेखा बन्धुसमेतधरेमुनिबेषा ३ जासुचरितअवलोकिभवानी सतीशरीररहिहु बौरानी ४ अजहुंनछायामिटीतुम्हारी तासु**

में अनूपही पाठ है पर कोई हठकरिकै और पाठकरते हैं तहां अरूपकहीजाको प्राकृतरूप नहीं है तीनगुण पांचतत्त्व अविद्या विद्या मायारहित रूप है परब्रह्ममय रूपहै जिनको तातें अरूपहु कहतेहैं ऐसो जो परब्रह्मसो कोशलपुर भूप भये कोशलाधीश तौ सदा नित्य हैं तहां चारिहूपद विभूति चारिहूमुक्ति अरु नवधा प्रेमापराभक्ति अरु असंख्य ब्रह्माण्ड तिनसबके ईश हैं तहां भक्तानुग्रहार्थ लीला अनुकरण ते भूप कही ( २ ) हे पार्व्वती जिन प्रभुको तुम विपिनबिषे बन्धुसंयुक्त मुनिवेषकिहे देखेउहै ( ३ ) हेगिरिजा जिनप्रभुकी बनलीला चित्र विचित्र देखिकै तुम सती स्वरूप विषे बौराइगइउरहै अरु मैंनेअनेकप्रकारते तुमकोसमुझायो पर तुमकोमहामोह भ्रमभई तब हमारेकहेते तुम्हारे मनमें निश्चय भई ( ४ ) हे उमा जिनको चरित्र तुम आरण्यबिषे देखिकै महासन्देहको प्राप्त भइउ उससन्देहकीछाया तुम्हारे अद्यापि बनीहै तहां वहचरित्र देखिकै तुमको तौ भ्रमभई पर यहचरित्र कैसो है भ्रम जो है महारोग तेहिके नाशकरिबेकोमहाऔषधहै जिनप्रभुको चरित ऐसोहै तिन प्रभुको चरित कारण कार्य्य ऐश्वर्य माधुर्य लीला विस्तार समेत कहौंगो सो बहुत सावधान ह्वैकै सुनहु जो सुनिकै सर्वसन्देह नाश ह्वै जाहिंगे ( ५ ) हे प्रिया जेहि अवतार की लीला देखिकै तुमको भ्रमभयोरहै तेहि अवतार को महामंगलमयहेतु सो कहौंगो अरु जेहिप्रकार तें परमपुरुष अवतीर्ण भये सो कहौंगो तेहि अवतारविषे जो परम विचित्र लीलाकीन है सो लीला किसूकेकहिबे योग्यनहींहै श्रुति स्मृति पुराण नर नाग असुर ब्रह्मादिक देवता सबको अगम है नेतिनेति कहते हैं तहां अपनीमति के अनुसार सोलीला मैं भी कहौंगो ( ६ ) हे भरद्वाज शंकरके वचन अनेकमर्म्म के अरु माया जीव ईश्वर ब्रह्म अरु परब्रह्म तहां मायाके तीनिभेद हैं अविद्या विद्या आह्लादिनी तहां विद्या जो है सो अविद्याविषे अरु आह्लादिनी विद्याविषे सूत्रात्मकब्याप्त है अरु आह्लादिनी ब्रह्मानन्द परमानन्दमय त्रिपाद विभूति सो कहा अरु पंचप्रकार के जीव कहा अरु ईश्वर सगुण रूप सो कहा अरु ईश्वरते अवतार सो कहा अरु निरावयव सावयवब्रह्म परब्रह्म को स्वरूपकहा जिनप्रभु की लीलादेखिकै सतीके भ्रमभयो

**चरित सुनुभ्रमरुजहारी ५ लीलाकीन्हिजोतेहिअवतारा सोसबकहिहौंमतिअनुसारा ६ भरद्वाजसुनिशंकरबानी सकुचिसप्रेमाउमाहर्षानी ७ लगेबहुरिवरणैवृषकेतू सोअवतारभयोजेहिहेतू ८॥दो०॥ सोमैंतुमसनकहौंसबसुनुमुनीशमनलाय रामकथाकलिमलहरणिमङ्गलकरणिसुहाय ९ स्वायम्भूमनुअरुशतरूपा जिनतेभैनरसृष्टिअनूपा १० दम्पतिधर्मआचरणनीका अजहुंगावश्रुति**

यहप्रकरण महादेव ने भिन्नभिन्नकरिकै कहा अरु अद्वैत विशिष्टाद्वैत द्वैताद्वैतस्कहा महादेवकी परम विचित्र बाणीसुनिकै उमासंकोचसंयुक्त परमानन्द को प्राप्तभई श्रीमन्महारामायणे श्लोक १ मकारंव्यंजनंचैवत्रिधाशक्तिस्वरूपिणी शक्तिराह्लादिनीविद्या विद्यासूत्रात्मकस्स्वयं १ ( ७ ) पुनि जिस स्वरूप विषे सती के भ्रमभयोरहै वह अवतार जौनेहेतु भयो सोमहादेव आनन्द संयुक्त वर्णनकरैलगे ( ८ ) दोहार्थ॥ हे भरद्वाज जेहि अवतार की कथा महादेव पार्वतीजी से कहते हैं बिस्तारसमेत सो कथा मैंतुमसन यथार्थ कहौंगो श्रीरामचरित कैसोहै सम्पूर्ण कलि जो क्लेश जन्म मरण तेहिको नाशकर्त्ता है अरु शुभ मंगल जो है श्रीरामचन्द्रजु की प्राप्ति ताको करतु है ( ९ ) हे उमा अनूप कारण सुनहु जेहिकारणविषे पृथ्वी के भार को प्रयोजन नहीं है तहां महा अनूप कारण बिषे परमात्मा परब्रह्म साक्षात् द्विभुज अखण्ड एकरस सच्चिदानन्द मूर्त्ति अवतीर्णहोहिंगे पुनि यह कारण सिद्धिकरिकै तेहिके पश्चात् पृथ्वीके भार को कारण करिकै अपनीइच्छा से अपनेस्वरूप के कछुक गुप्तसंयुक्त अवतारलेहिंगे सो सुनहु हे भरद्वाज स्वायंभूमनु ब्रह्माजूके पुत्रहैं सहस्त्रचौकरी युगको कल्प तहां एक कल्पबिषे चौदह मन्वंतर होते हैं तहां एकभगवान् को अवतार अरु एकइन्द्र इन्द्रके संकल्पसंगविषे जो देवताहोतेहैं अरु एकमनु होते हैं अरु एकमनुके पुत्रहोते हैं अरु सप्तऋषि होते हैं ये षट्मन्वंतरप्रति होते हैं तहां साढ़ेएकहत्तरि चौकरीयुग जबबीतै है तब एकमन्वंतर होत है अरुकोई मुनि को मत है हजारयुगको ब्रह्माको एकदिन कहते हैं तहां साढ़े एकहत्तरि युगको मन्वंतर जानिये एक कल्पविषे ऐसेही चौदहबार भिन्नभिन्न होते हैं ताको मन्वंतरकही ऐसेही कल्प कल्पप्रति जानब भगवान् सबकी रक्षाहेतु मन्वंतरप्रति होते हैं अरु इन्द्रस्वर्ग को राज्य अरु देवतायज्ञभाग हेतु अरु मनुसृष्टिभरे को राजा सबकी रक्षाकरै अरु मनु के पुत्र

प्रजापालन हेतु अरु सप्तऋषि वेदधर्म पालनहेतु तहां चौदहमनुबिषे जोकल्पके प्रथममनु हैं तिनको स्वायंभुवमनु कही ब्रह्मा के पुत्र कैसे भये तहां महाकल्प के अन्तविषे श्रीमन्नारायण की नाभि ते कमल उत्पन्नभयो कमल ते ब्रह्मा उत्पन्नभये तब पुरुषकी आज्ञाजानिकै ब्रह्मा मानसी सृष्टि सनकादिक इत्यादिक उत्पन्नकीन तिनने सृष्टिको करब नहींअंगीकार कीन विरक्तभये तब ब्रह्मा ने बिचारकरिकै दक्षिणभुज ते एक पुत्रउपजाया स्वयंभू जो बह्मा हैं तिनते उत्पन्नभये ताते स्वायंभुवमनुकही अरु बामभुजते शतरूपानाम कन्या उपजायी तिनदूनोंको विवाह कीन यहां दोष न जानब स्वायम्भुवमनु भगवान्के चौबीसअवतारमें हैं अरु शतरूपातिनकी अनादि दिब्यशक्ति हैं पुनि दोषनहीं है दूसरतौ कोई हई नहीं है केहिते विवाहकरहिं पुनि समर्थ को दोष होतहीनहीं है जिनमनुशतरूपा ते नरसृष्टि जो अनूप है सो होतभई तहां जो कोई कहै कि स्वायम्भुवमनु कौने कल्पविषेभये हैं सो यहप्रमाण हमने नहींपायो परयहसमुझिपरै है कि कोई महाकल्प को अन्त है अरु नैमित्य कल्पविषे अपर अवतारजानब अरु कल्प के प्रमाण तौ विद्यमान हैं प्रलयकहीनाश को कल्पकही जबउत्पन्नभयो पालनभयो ताको कल्पकही तहां प्रलय कईविधि ते मुनिन कहा है तहां एकनित्यप्रलय जो नित्यहीदिनप्रतिउत्पत्ति नाशहोति रहति है पुनि नैमित्तिक प्रलय ब्रह्मा के दिनप्रति तहां ब्रह्मा के दिन जब हजारचौकरी युगबीतैं तब एकदिनहोत है अरु उतनैरात्रिजानब रात्रिदिन को एककल्पकही पुनि आत्यन्तिकप्रलय योगज्ञान भक्तिकरिकै मोक्षहोत है पुनि महाप्रलय ब्रह्माकेदिन जब तीनिसैसाठिबीतैं तब ब्रह्माको एकवर्षहोत है ऐसे एकसैवर्षकी ब्रह्माकी उमिरिहै जब ब्रह्माको अन्तभयो ताको महाप्रलयकही ताही के पाछे आगे को कल्पकही ( १० ) ते महाराज राजामनु अरु महारानी शतरूपाजी ते द्वौ राजा रानी धर्मनीति राजनीति वेदनीति आचरणबिषे अत्यन्त प्रवीण हैं जिनके धर्म के मर्याद की लीक वेद चारिहूयुगबिषे गावते हैं ( ११ ) जिन स्वायम्भुवमनुकेपुत्र राजाउत्तानपादभये ताके ध्रुवजूभये ध्रुवजूहरिके अनन्यभक्तभये पुनि मनुकेज्येष्ठपुत्र उत्तानपादभये अरु लघुपुत्र प्रियब्रत होत भये तिनदोऊ पुत्रनके धर्म नीति यश प्रताप बल बीर्य ऐश्वर्य जिनकोवेदपुराण प्रशंसा करते हैं ( १२ ) जिनप्रियब्रतका रथएकचाककोरहै अरु सूर्य्यको ऐसो प्रकाशरहै ते प्रियब्रत रथपर चढ़िकै पृथ्वीकी परिक्रमाकीनतिनके रथकेचाककी लीकते समुद्र होतभये सातबार सातरथपर चढ़िकै पृथ्वीमंडलमें फिरे तहां प्रथमकी चाका जो रही तेहिको दूनदून सातौरथजानब ताते दूनदून समुद्र होतभये अरु समुद्रके बीचबीच दूनदूनद्वीप होतेभये पर यह समुझिपरतहै कि आगेहू समुद्ररहे हैं काहेते कि सातौसमुद्र विराट्के कुछवेद कहते हैं अरु विराट् प्रथमहै पाछेप्रियब्रतहैं ताते

**जिनकैलीका ११ नृपउत्तानपादसुतजासू ध्रुवहरिभक्तभयउसुततासू १२ लघुसुतनामप्रियब्रतजाहीवेदपुराणप्रशंसहिंताही १३ देवहुतीपुनितासुकुमारी जोमुनिकर्दमकैप्रियनारी १४ आदिदेवप्रभुदीनदयाला जठरधरेउजेहिकपिलकृपाला १५ सांख्यशास्त्रजिन प्रकटबखाना तत्वबिचारनिपुणभगवाना १६ तेहिमनुराज्यकीन्हबहुकाला प्रभुआयसुसबविधिप्रतिपाला १७ सो०॥ होयनविषय**

प्रियब्रतके रथहुकर संयोगहै जैसे राजासगर के पुत्रनका संयोग क्षीरसमुद्रमें हैं भगवत् बिभूतिकछु समुझि नहींपरै अपारहै ( १३ ) पुनि राजा स्वायम्भुवमनुके देवहूती नाम कन्याभई तहां कोई काल पायकै राजामनुनेकर्दममुनिको कन्याविवाहि दीन ( १४ ) तिनदेवहूतीके जठर कही गर्भविषे आदिदेवजोभगवान् परमकृपालु कपिलदेव जिनने सांख्यशास्त्र ज्ञानमें माताते बखानिकै कहाहै तेप्रभु देवहूतीजीके कुक्षिमें अवतारलेतभये ( १५ ) जिन कपिलदेवने सांख्यशास्त्र की रचनाकीनहै जिसग्रंथके सुनने पढ़ने तेआत्मा अनात्मा दोनों भिन्नभिन्न अनुभव की दृष्टिविषे देखिपरै है आत्मा प्रत्यक्ष होतहै तहां कपिलजी परमतत्ववेत्ता तत्वरूपहीहैं कैसे जानिपेश्रीभगवान् और परमकृपालु हैं ( १६ ) तेराजामनु मन्वंतरभरि राज्यकीन सम्पूर्णसृष्टि का पिता जोब्रह्मा तिनकी सब आज्ञानुकूल राज्यकीन्ह्यो ( १७ ) सोरठार्थ ॥ तहां हेभरद्वाज महाराजाधिराज स्वायंभुवमनु यह अपने अन्तष्करणविषे विचारकीन कि भवनमें बास करते करते तीनिपन बीतिगये चौथापन आइ प्राप्तभयो तब राजा आदर्शलैकै मुखदेखतभये जब श्वेतबारदेखे तब बिचारकीन कि तीनिपन बृथागये यहि मनकोविषयते बैराग्यनभयो धिक्है हरिके भजनबिना कालबृथा गयो ( १८ ) तब राजाने बरबश तुरन्त उत्तानपाद

अपने पुत्रको राज्यदैकै रानीसंयुक्त आपबनकोगमनकीन ( १९ ) तहांनैमिषारण्य तीर्थबेदबिषे बिख्यातहै तहां ब्रह्माकेचक्र को नैमिषकही औरको ब्रह्माकी आज्ञाते सोचक्र ब्रह्मांडभरि फिरिआयोतेहि स्थानविषे चक्र आकाशते उतरेउ और पृथ्वीविषे धसिगयउ कुण्ड ह्वै गयो को जानै कबभयो ताते नैमिषारण्यकही अति पावनदेश भूमिजानिकै मुनिन तहा बासकीन ( २० ) नैमिषक्षेत्र कैसो है तहां अनेक मुनिनकेसमाज अरु सिद्धनकेसमाज बासकीन्हे हैं मुनिकही मननशील अहर्निश श्रीरामतत्त्व कोमननकही विचारसंयुक्ततत्त्वके दिव्यगुण प्रताप ऐश्वर्य बलवीर्य करुणादया कृपालुता इत्यादिक परमदिव्यअनन्त गुणतत्त्व विषे समुझते हैं तिनकोमुनिकही पुनि सिद्धनकोभेद पूर्व कहिआये

बिरागभवनबसतभाचौथपन हृदयबहुतदुखलागजन्मगयोहरिभक्तिबिन १८ चौ०॥ बरबशराजिसुतहिनृपदीन्हा नारिसमेतगवन बनकीन्हा १९ तीरथवरनैमिषविख्याता अतिपुनीतसाधकसिधिदाता २० बसहिंतहांमुनिसिद्धसमाजा तहंहियहर्षिचलेमनु राजा २१ पंथजातसोहहिंमतिधीरा ज्ञानभक्तिजनुधरेशरीरा २२ पहुंचेजाइधेनुमतितीरा हर्षिनहानेनिर्मलनीरा २३ आयेमिलन

हैं यहि चौपाई बिषे साधकनामजपहिंलौलायेहोहिं सिद्ध अणिमादिकपाये॥ तहां अष्टसिद्धि भगवत्सम्बन्धी हैं अरु दशसिद्धि तीनि गुण सम्बन्धी हैं तहां बहुतमुनितौ केवल श्रीरामतत्त्वहीको मननकरतेहैं तिनकोमुनिकही अरुबहुतमुनिरामतत्त्वकोमननकरतेहैं पर सिद्धिनकोभी हस्तामलक किहे हैं ते मुनि सिद्ध नैमिषारण्य विषे बसते हैं तेहि महाक्षेत्रको परम पुरुषहेतु संसारते तीव्रतम बैराग्यकरिकै राजा मनु अरु रानीशतरूपा द्वौ सतपदार्थकी मूर्तिही हैं तेद्वौ तपसंयुक्त भजन करिबेको चलतेभये ( २१ ) भक्तिज्ञानकोभेद पूर्वकहे हैं यहि दोहाबिषे दोहा ब्रह्मनिरूपणधर्मविधि॥ महाराज अरु महारानी पंथविषे चलेजाते हैं जनुभक्ति अरु ज्ञान द्वौ मूर्तिमान् ह्वै कै परमेश्वरके मिलबेको चले जात हैं मनमेंतौ अतिआरत हैं अरु तपते अत्यन्तधैर्य्यमान्हैं सबप्रकारते दंपति सदासावधान हैं तहां यहसमुझिपरैहै कि बिनाबैराग्य ज्ञान भक्ति कछु शोभा नहीं पावैहै ( २२ ) तहां राजा रानी अति शोभाको पावत आइकै गोमतीको अति निर्म्मल नीरसो अति हर्ष संयुक्त स्नान करतेभये ( २३ ) तहां राजाको धर्म्मधुरन्धरविरक्त राजर्षि जानिकै समस्त सिद्ध मुनि ज्ञानी मिलवेको आवतेभये ( २४ ) जहां जहां जो तीर्थरहे सो सब मुनि राजाको स्नान करावतेभये ( २५ ) राजा रानीको शरीर कृशह्वै गयोहै अरु प्रसन्न संयुक्त सन्तनकी सभाविषेवेद शास्त्र स्मृति पुराणसुनते हैं ( २६ ) ॥ दोहार्त्थ ॥ अरु द्वादशाक्षर वासुदेव मंत्र वरकहे श्रेष्ठ सो अनुराग संयुक्त जपते हैं अरु बासुदेव के चरणकमल विषे दम्पतिको अनुराग अतिशयहै वासुदेव मंत्र क्यों जपते भये तहां वासुदेव शब्द सब मतको बोधकरैहै अद्वैत मत बिशिष्टाद्वैतमत द्वैतमत द्वैताद्वैतमत अरु उपासकनको मत ताते गोसाई श्रीतुलसीदासजीने कहा कि राजाने वासुदेवमंत्र जपेउहै तहां मंत्र जेहि स्वरूपकोहोत हैं सोईस्वरूपजापकको प्राप्तिहोतहै तहां राजाने बासुदेव मंत्र जप्यो अरु स्वरूप द्विभुज किशोर अतिसुन्दर धनुषवाणधरे ऐसो स्वरूप राजाको प्राप्तिभयोताते तिनहींको पर बासुदेवकही अरु चतुर्व्यूह बासुदेव सो पर बासुदेव

सिद्धिमुनिज्ञानी धर्मधुरन्धरनृपऋषिजानी २४ जहँतहंतीरथरहेसुहाये ऋषिनसकलसादरकरवाये २५ कृशशरीरमुनिपटपरिधाना सतसमाजनितसुनहिंपुराना २६ दो०॥ द्वादशअक्षरमंत्रवरजपहिंसहितअनुराग वासुदेवपदपंकरुह दम्पतिमनअतिलाग २७

के आवरणबिषेहै तथाचनारदपञ्चरात्रे ॥ वासुदेवादिमूर्तीनां चतुर्णांकारणम्परं। चतुर्विंशतिमूर्तीना माश्रयश्शरणम्मम १ कर्त्तासर्व्वस्यजगतो भर्त्तासर्व्वस्यसर्व्वग:। संहर्त्ताकार्य्यजातस्य श्रीरामश्शरणम्मम २ ताते जाको बासुदेव पुरुष वेद कहते हैं सो द्विभुजस्वरूप धनुर्धरकिशोर मूर्ति परब्रह्म सोई अद्वैत स्वरूप सोई द्वैतस्वरूप सोई बिशिष्टाद्वैतस्वरूप सोईद्वैताद्वैत स्वरूप तिसी स्वरूपबिषे योगीजन सम्पूर्ण बाह्यान्तर इन्द्रिनको जीतिकै आत्माकौ अखण्ड बृत्ति परमात्मा बिषे एकतामानते हैं सोई ज्ञानी बिज्ञानी मानते हैं

श्रीभगवद्गीतायां॥ सांख्ययोगौपृथग्वाला:प्रवदन्तिनपण्डिता: पर जिनने श्रुतिस्मृति शास्त्र पुराण सत्सङ्गतिको सिद्धांतअच्छीतरह अनुभव किहेहैं तिनको सिद्धान्त यहै स्वरूप है जो महाराज मनुरानी शतरूपाको प्राप्तिभये हैं ताते बासुदेव मंत्र मनुनेजपे हैं अरु श्रीतुलसीदास गोसाईंकहेहैं सब मत श्रीरामचन्द्रबिषे पर्य्यवसानहैं ताते सवकोमत श्रीरामचन्द्रही हैं तहां वासुदेव पर पुरुष जाकोकही अरु ब्रह्मब्यापक आदिज्योति जाको कही सो सब श्रीरामचन्द्रहीको कही श्लोक श्रीमन्महारामायणे॥ सर्वम्वसतिवैयस्मिन् सर्वेस्मिन्वसतेपिवै तमाहुर्वासुदेवञ्च योगिनस्तत्त्वदर्शिन: १ पनु:सनत्कुमारसंहितायां॥ नमोस्तु वासुदेवाय ज्योतिषाम्पतयेनम: नमोस्तुरामदेवाय जगदानन्दरूपिणे २ कोशल्यानन्दनंरामं धनुर्वाणधरंहरिम् किन्तु दम्पति श्रीराम पड़क्षरमंत्र जपतेभये तातेद्वौजनको मिलाइकै द्वादशाक्षरकहा दम्पतिमनअतिलागवर कही सर्व्वोपरि मंत्रहै सो द्वौजन जपते भये ताते वा विकल्प कहे हैं वाके आगे वासुदेव जो परमात्मा परब्रह्म श्रीराम तिनके पद बिषे अतिअनुरागहै ३ इत्यर्थ: ( २७ ) ते राजा रानी तप करने लगे शाक फल कन्द आहार करहिं अरु सच्चिदानन्दब्रह्म तिनको सुमिरण करहिं सतकही जोसर्ब्बकाल विषे एकरसहै जहाँ असत् पदार्थ लेशहू नहीं है सो सतकही पुनि चित चैतन्य स्वरूप अपनी सत्ताकरिकै जड़को चेतन किहे हैं वहसर्वजीवकी गति जानैहै उसकीगतिकोई नहीं जानिसकै है सबकोनियंता सर्वतेभिन्नहै मनवचनकर्मअगोचरहै सोई चितहै आनन्दकही जहां मायासम्बन्धदु:ख सुख शेषलोक मृत्युलोक सत्यलोक पर्यन्त ब्रह्माण्डकेकटाह भरे को सुख तहां नहीं सम्भवै है अरु जौने आनन्दसमुद्रको एककणमात्र योगीज्ञानी भक्त पायकै ब्रह्माण्डकी बिभूति त्यागिदेते हैं ऐसो

**करहिंअहारशाकफलकन्दा सुमिरहिंब्रह्मसच्चिदानन्दा २८ मुनिहरिहेतुकरनतपलागे बारिअहारमूलफलत्यागे २९ उरअभिलाष**

आनन्दहै जाको कोईनहींजानिसकै सो आनन्दकही ऐसोजोब्रह्म सत्चितआनन्दस्वरूप तिनको चिंतवनकरते हैं ( २८ ) यहां हरिशब्दपर तत्त्वजानब पुन: हरिहेतु तपस्या भक्तिमय तेहिको दूसर नेमकरनेलगे बारिकहीजलको आहार करने लगे कंदमूल फलशाक इनको त्यागकियो तहां तपस्या की दूसरी भूमि का ग्रहणभई अरु जो प्रथम तप को कन्दमूल फलइत्यादिक खाइकै प्रारम्भ कीन है अरु तप की प्रथमभूमि का समाप्त ताईं स्थूल शरीर जाग्रत अवस्था तिनको अभाव भयो तप की दूसरीभूमि का विषे जल आहार कहे हैं तहां दूसरी श्रेणीविषे प्रथम ते समाप्त ताईं लिंगशरीर स्वप्नअवस्था को प्रध्वंस भयो अरु जब तीसरी तपकी भूमिकाबिषे पवन आहारकहा है तहां भूमिकाकी आदि अन्त पर्यंतलगि राजा रानी के बिरहसंयुक्त प्रेम की वृद्धिहोती जाती है तब भूमिका समाप्तभये कारण शरीरसुषुप्ति अवस्था पवनको आधार जो रह्यो सो सब क्रमही ते आत्मा ते त्यागभयो पुनि जब तप की चतुर्थअवस्थाविषे आरूढ़भये जहांकहा कि ठाढ़ेरहेएकपगदोउ तहां दम्पति एकपगठाढ़े तपस्या करनेलगे किन्तु एकपग को अर्थ जहांलगि प्रकृति के सम्बन्ध द्वैतआत्माबिषे अनादिही ते रहे सो सबनाश को प्राप्तभये केवल शुद्धस्वरूप परमदिव्य बिग्रह अद्वैतरूप तुरीयावस्था ब्रह्मानन्द भोगअखण्ड पराभक्तिकी अखण्डदशा राजा रानीकी होतभई तब चौथीभूमिकाके अन्तविषे परमात्मा परब्रह्म श्रीरामचन्द्र प्राप्तभयेहैं ताते एकपदकहा ( २९ ) राजारानीके उरअन्तष्करण मध्यआत्मा बिषे निरन्तरकही जामें अन्तर न परै तैलवद्धार अखण्ड अनुराग होतभयो कि परमप्रभु जो है जाकेपरे पुनिदूसरो तत्त्व नहीं है ऐसे परमपुरुष को नेत्रभरि देखिये ( ३० ) श्लोक: पद्मपुराणे आरण्यमुनिवाक्यं॥ रामान्नास्तिपरोदेवो रामान्नास्तिपरंव्रत नहिरामात्परोगयोगो नहिरामात्परोमख: १ भरद्वाज संहितायां॥ एकञ्चापिपरंसमस्तजगतां ज्योतिर्म्मयंकारणं प्रागन्तेचविकारशून्यमगुणंनिर्गम्यरूपञ्चयत् तच्छ्रीरामपदारविन्दनखर प्रान्तस्यतेजोऽमलं प्रध्यो वेदविदोवदन्तिपरमं तत्वन्परन्नास्त्यत: २ जो प्रभुनिर्गुण तीनिगुणकेपरेहै अरु अखण्ड एकरसहै अरु अनन्तकही जाको आदि मध्य अन्त श्रुति

**निरन्तरहोई देखियनयनपरमप्रभुसोई ३० अगुणअखण्डअनन्तअनादी जेहिचितवहिंपरमारथबादी ३१ नेतिनेतिजेहिवेदनिरूपा चिदानन्दनिरुपाधिअनूपा ३२ शम्भुविरंचिविष्णुभगवाना उपजहिंजासुअंशतेनाना ३३ ऐसेप्रभुसेवकबशअहहीं**

स्मृति शास्त्र पुराण सिद्धमुनि इत्यादिक संपूर्ण कोई नहीं जानिसकै हैं तेहि पुरुषको परमार्थवादी चिंतवन करते हैं परमार्थवादीकही ब्रह्मवादी आत्मारामजे हैं शुक सनकादिक नारद इत्यादिक परमअर्थ जो परमेश्वरतेहिकेअर्थीहैं ( ३१ ) जेहिपरम पुरुषको वेद नेतिनेति करिकै निरूपणकरते हैं कैसो है वह परब्रह्म सच्चिदानंदहै निरुपाधिहै अनूपहै निरुपाधिकही आद्याशक्तिसे लैकै अरु तीनिगुण पांचतत्त्व पर्य्यन्त ताको उपाधिकही पुनि राक्षसन करिकै महिदेव गऊ ब्राह्मणको पीड़ा ताको उपाधिकही तिनसमस्त उपाधिको जेहि पुरुषविषे प्रयोजनै नहीं है सर्वोपाधि रहितहै अनूप जेहिकी उपमाको कोई नहीं है ( ३२ ) पुनि जेहि परम पुरुषके अंशतेअनेकनशम्भु बिरंचि बिष्णु भगवान् जो हैं सो उत्पन्न होतहैं सो पुरुष हमको प्राप्तहोहिं श्रीमन्महारामायणे शिववाक्यं पार्बतींप्रति श्लोक ३ यस्यांशेनसमुद्भूताब्रह्मबिष्णुमहेश्वराः॥ नानाकृतिधराःशुद्धास्सर्वेध्यायंतितं सदा१ स्कंदे॥ ब्रह्मविष्णुमहेशाद्या यस्यांशेलोकसाधकाः तमादिदेवंश्रीरामंविशुद्धम्परमम्भजे २ सदाशिवसंहितायां सौमित्रिवाक्यं वेदान्प्रन्ति॥ विष्णुकोटिप्रतीपालं ब्रह्मकोटिविसर्जनं रुद्रकोटिप्रमर्दवं मातृकोटिविनाशनं ( ३३ ) ऐसे जो प्रभुहैं सो सेवकके बशहैं अपने भक्तनके हेतु लीलातनु ग्रहण करतहैं लीलातनु कही अपने तनुबिषे लीला ग्रहण करते हैं किंतुर्लीला जो है ताहीको तनुकही सो लीला परमदिव्य ग्रहण करते हैं बाललीला विवाहलीला बनलीला रणलीला राज्यलीला इत्यादिकलीलाविग्रहमान्हैं ( ३४ ) वशिष्ठसंहितायां॥रामस्यनामरूपञ्च लीलाधामपरात्परं एतच्चतुष्टयंनित्यं सच्चिदानन्दविग्रहम् १ जो यह वचन सत्यकरिकैवेदभाषतहैं कि परमात्मा परब्रह्म अतिदुर्गमहै योगेश्वरनको मुनीश्वरनको परमहंसनको ऐसे जे प्रभु हैं ते अपने सेवकनके बशहैं जो यहवेदवाक्य सत्यहै तो हमारी अभिलाष पूर्ण करहिंगे ( ३५ ) दोहार्त्थ॥प्रथमतपकीभूमिका कन्द मूल फलखायकै पांचहजार वर्षवीते पांचौतत्व विषे स्थूलशरीरसंयुक्त जीतिलियो है पुनि यहिप्रकारते राजारानी परम अभिलाष संयुक्त षट्हजारवर्ष बारिआहार कीन्हेनिहं तब षट्विकार जो हैं काम क्रोध लोभ मोह मद मात्सर्य्य पुनि षट्जन्म वृद्धि विवर्ण क्षीण जरा मरण

भक्तहेतुलीलातनुगहहीं ३४ जोयहबचनसत्यश्रुतिभाषा तौहमारपूजहिंअभिलाषा ३५ दो० ॥ यहिबिधिबीतेबर्षषटसहससुबारि अहार संबतसप्तसहस्त्रपुनिरहेसमीरअधार ३६ चौ०॥ बर्षसहसदशत्याग्योसोऊ ठाढ़ेरहेएकपगदोऊ ३७ विधिहरिहरतप देखिअपारा मनुसमीपआयेबहुबारा ३८ मांगहुबरबहुभांतिलोभाये परमधीरनहिंचलहिंचलाये ३९ अस्थिमात्रहोइरह्यो

पुनि षट्ऊर्मी क्षुधातृषा शीत हर्ष शोक इत्यादिक षट्विकार लिंगशरीरसंयुक्त जीतिलियो है पुनि सातहजारबर्षलगि पवनके आधार रहे हैं तब सप्तधातु रक्त मांस मेद मज्जा अस्थिबसा काम सप्तधातु कारणशरीरसंयुक्त ताके पारभये ( ३६ ) पुनि पवनको त्यागकरिकै दशहजार वर्ष ताईं निराधार एकपग राजा रानी ठाढ़ेरहे परमपुरुष बिषे अखण्ड तैलवद्धारआत्माकीवृत्तिलगिरहीहै तब दशइन्द्रीसम्बन्ध स्थूल सूक्ष्म कारणबासना झीनी प्रध्वंस ह्वै गई है तहां तुरीयावस्था अतिशुद्ध समाधिस्थ ह्वै रहहैं ( ३७ ) राजारानी की अपारजाको पारनहीं है ऐसी तपस्या परब्रह्ममय त्यहितप को तेज सत्यलोक शिवलोक बिष्णुलोक रमाबैकुण्ठ लगि प्राप्त भयो तब विष्णु भगवान् ब्रह्मा शिव अपार तपदेखिकै मनुमहाराज के समीप पृथक् पृथक् अनेक अनेक बारआये पुनि मिलिकै बहुबार आये ब्रह्मा हंसपर चढ़े महादेव नन्दीपर आरूढ़ अरु गरुड़पर आरूढ़ विष्णुने शक्तिन संयुक्त यहकहा कि बरमांगो बरमांगो बरमांगो ( ३८ ) हे राजनहम बहुत प्रसन्न हैं तुम जोई बरमांगोगे सोई हमदेहिंगे तहां परमधीर राजा की निर्बिकल्प समाधि अचललगि रहीहै सो नहींचली काहेते कि परमात्म बिषे राजा की गुणातीत बृत्ति समाधिलगी है अरु तामस राजस सात्विक गुण की सूक्ष्म सुगन्धिलिहे तीनिहूं ईश्वरन की बाणीसमुझि परती है ताते राजाको सोबाणीनहीं सुनिपरीहै ( ३९ ) तहां राजा का अस्थिमात्र शरीर ह्वैरह्योहै ऐसीदशा ह्वैगई है तदपि मनबिषे तपकीपीड़ाको आगमन सो लेशहूनहींहै काहेते कि जहां जाकी एकरस अखण्ड वृत्ति लगिरही है ताकी तहांईकी सुधिरहतीहै ॥ श्रीअयोध्याकाण्डेचौ० ॥मनतहँजहँरघुबरबैदेही विनमनतनदुखसुखसुधिकेही

तहां राजारानी परमानन्द बिषे पूर्णहैं ( ४० ) जो सबके प्रभु सर्बज्ञ परब्रह्म हैं तिनमें अपनेनिजदास जाने राजारानी परमानन्य अपनेविषे अनन्यकहीअपने बाह्यांतरते शरीरशुद्ध जगत् को अभाव अरु सर्ब कर्मधर्म अरु ब्रह्मादिकदेवतनते अरु अनेक मन्त्रादिकनते बासना शून्य परमात्माजो श्रीराम-

शरीरा तदपिमनागमनाहिंनपीरा ४० प्रभुसर्व्वज्ञदासनिजजानी गतिअनन्यतापसनृपरानी ४१ मांगुमांगुधुनिभैनभबानी परमगँभीरकृपामृतसानी ४२ मृतकजियावनिगिरासोहाई श्रवणरंध्रह्वैउरजबआई ४३ हृष्टपुष्टतनभयेसोहाये मानहुअबहिंभवनतेआये ४४

चन्द्रजी तिनके नाम स्वरूप बिषे बाह्यांतर अनुराग अखण्ड वृत्ति लगी है सो अनन्य ( ४१ ) राजारानी के प्रेमापराभक्ति के बशह्वैकै ताते मांगुमांगु बारबार यहबाणी भई तहां परमेश्वरका एकही बचन संकल्पबिषे स्वार्थपरमार्थ सर्ब सिद्धिहोते हैं तहाँ बारबार कहेते अतिकृपा बात्सल्यरसपूर्ण होते हैं पुनि धुनिकही जामें अन्तर नहींपरै ऐसीबाणी नभबिषे परमगम्भीरकृपा अमृतमय त्यहिते सानी होतभई ( ४२ ) मृतक जिआवनीबाणी संजीवनी परम अमृतमय परमानन्द स्वरूपा जब हृदयबिषे प्राप्तभई ( ४३ ) तब तनु जो कृश ह्वैरह्यो है सो हृष्टकही उत्तम काल तेहीसमय बिषे तनु पुष्टभयो किन्तु हृष्टपुष्ट एकहीशब्दहै हृष्टपुष्ट तनु होतभयो किन्तुहृष्टकही आरोग्य परम दिब्यतनु अति शोभितभयो किंतु हृष्टपुष्ट संतुष्ट पुष्ट मानो पद जो कहा है सो उत्प्रेक्षा अलंकार है मानो अबहीं भवनतेतुरंतआये हैं तहां राजारानी की जेहि पुरुषबिषे निर्बिकल्प समाधिरही अरु तेहि पुरुषकी बाणीभई कि बरमांगु बारबार धुनिभई तब परमपुरुषकी इच्छाते अरु बरकी उपेक्षाते निर्बिकल्प समाधिजोरही सो परमात्मा की बाणीके संगही राजारानी की एकरस अखण्डवृत्ति सो हृदय कमलबिषे प्राप्तभई तब सबिकल्पसमाधि बिषे वृत्ति आयगई तब आनन्दसंयुक्त समाधि शांति को प्राप्तभई परशरीर दुबरे मोटेको मान नहींरह्यो मानो अबहींते चलेआवते हैं ( ४४ ) दोहार्थ॥ परब्रह्मबाणी परम कृपामृतमय श्रवण बिषे प्रवेश करिकै अन्तष्करण में प्राप्तहोतसंते हृदयते प्रेमउमगतभयो अब अंगअंग रोमरोमप्रेमभरिकै प्रफुल्लितह्वैकै महाराजारानी साष्टांगदण्डवत् करिकै दोऊकरजोरिकै परमानन्द संयुक्त बोलतेभये हर्ष हृदयमें नहीं समाय ऊपरउमगिचल्यो है ( ४५ ) महाराजामनु बोलतेभये हेपरमप्रभु सुनु तुम अपने सेवकन के सुरतरु सुरधेनु सरिसहौ तहां सुनुऐसापद जो कहा यह समर्षवाक्य क्योंकहा तहां त्वं तू तैं तेरे सुनु गुनु जानु मांगु ले दे कहु गहु लहु इत्यादिक समर्ष पद हैं पर एतेस्थानबिषे शोभित हैं रणदान भय स्त्री सुत सेवक याचक कबिबिषे उचित है अरु अपने प्रभुस्वामीकी स्तुतिबिषे गुणकार्य्यबिषे अरु प्रीतिबिषे आरत इत्यादिक प्रभु स्वामी बिषे तू तैं सुनु रे इत्यादिक अतिप्रीतिको उपजा-

दो०॥ श्रवणसुधासमबचनसुनि प्रेमप्रफुल्लितगात बोलेमनुकरिदण्डवत हर्षनहृदयसमात ४५ चौ०॥ सुनुसेवकसुरतरुसुरधेनू विधिहरिहरपद-बन्दितरेनू ४६ सेवतसुलभसकलसुखदायक प्रणतपालसचराचरनायक ४७ जोअनाथहितहमपरनेहू तौप्रसन्न

वते हैं तहां राजारानी की स्तुति आरत प्रीति संयुक्त है तातेसुनु कहाहै अन्यश्चश्लोकः १ बाल्येसुतानांसुरतेङ्गनानां स्तुतौकबीनांसमरेभटानां॥ सदागुरूणामतियाचकानां त्वङ्कारयुक्ताहिगिराप्रशस्ता १ तहां सुरतरु अरुसुरधेनु कहा तहां सर्ब कामना को एकही पर्णकरे है दुइक्योंकहा तहां राजा अपनी वाक्य बिषे अपनो अरु रानीको भावना संकेतसंयुक्तपरमेश्वरते जनाइदियो है कि मोको तुम परमदिब्य कल्पतरुरूपहौ अरु रानीको परमदिब्य कामधेनु रूपहौ तहां राजाकीवाणीविषे यहआशयहै कि परमपुरुष जो तुमहौ सो अपनी परमानन्दस्वरूप परमदिब्य शक्ति ज्योतिनसंयुक्त हमको दर्शन देव पर जेहि परमपुरुषके चरणारविन्द की रेणु जो है तेहिकी बन्दना ब्रह्मा अरु विष्णु अरु महादेव अपनी शक्तिन संयुक्त करते हैं सदा बन्दते हैं॥ श्लोक १ वशिष्ठसंहितायां॥ जयमत्स्याद्यसंख्येयावतारोद्भवकारण॥ ब्रह्मविष्णुमहेशादि संसेव्यचरणाम्बुज १ सो परमपुरुष जैसो स्वरूप अखण्ड नित्य एकरसहोइ सोई साक्षात्स्वरूप हमको दर्शनहोइ यह परावाणी राजा बोलतेभये ( ४६ ) पुनि हे गरुड़ महाराजमनु यहकहतेभये हेप्रभु

तुम्हारी सेवाकरतसन्ते तुमसुलभहौ सुलभकही सहजमेंप्राप्तहोतेहौ काहेतेकृपालुहौ किन्तु तुम्हारीसेवाअतिसुलभहै तुमकोसेवतसन्ते कौनौसाधनक्लेशनहीं है जप तप यज्ञदान तीर्त्थव्रत योग वैराग्य ज्ञानइत्यादिक एकहूनहीं हैं केवल प्रेमतुम्हारेचरणारविंदबिषे चाही केवलप्रेमकाकोकहीश्रीपरमेश्वरपरब्रह्मके स्वरूपकीनखशिखलौं शोभाछविसुधासिन्धुमहामदताको पानकिहेसदामत्तह्वैरहेहैं जैसे मदान्धकभी रोयउठै कभीगायउठै कभीहँसिदेइहै तहांदुःख सुख पाप पुण्य हानि लाभमित्र अरि स्वर्ग नरक कञ्चन टंम मानापमान चारि बासनाअर्त्थ धर्म्म काम मोक्ष इत्यादिक जहां एकहू नहीं सम्भवै है परमपुरुषके स्वरूपकी छबि में छकेरहते हैं ताको केवल प्रेमकही तेहि प्रेमके आप वशहौ अरु मेरे ऐसो कौन प्रेमभयो जो म्वहिपर इतनी कृपाकीनहै अरु तपादिकनकर्मनते आप दुर्लभहौ ताते आप निर्हेतुक कृपालुहौ ताते तुम्हारी कृपा बिना तुम्हारी सेवा नहीं बनिपरै है अरु तुम सबप्रकारते सर्व्व जीवनकोकेवल सुखदाताहौ प्रणत जो है तुम्हारी शरण त्यहिको पालन केवल आपही करते हौ यद्यपि आप चराचर के नायक अरु सबको यथायोग्यपालनकरतेहौ तदपि जे कोई सर्वधर्मको परित्यागिकै सर्वोपायशून्य ह्वैकै

## ह्वैयहवरदेहू ४८ जोस्वरूपबसैशिवमनमाहीं जेहिकारणमुनियतनकराहीं ४९ जोभुशुंडिमनमानसहंसा सगुणअगुणतेहिनिगम

केवल एक तुम्हारीगतिहै त्यहिको संचित क्रियमान अरु प्रारब्ध अरु कालकर्म गुण स्वभाव इत्यादिक सवनाशकरिकै केवल अपनोकरिकै पालते हौ ऐसे तुमकृपालुहौ ( ४७ ) श्लोकार्द्ध श्रीमद्भगवद्गीतायां॥ सर्व्वधर्मान्परित्यज्य मामेकंशरणम्व्रज ॥ हे नाथ हितअनाथ कही जे दीनहैं जिनको आदर संसारमें कोई नहीं करै यहां यही आरत जानब अरु अनाथकहीब्रह्मांडविषे जो देव दानव मनुष्य सिद्ध इत्यादिक अरु शुभाशुभ धर्मकर्म तीर्थव्रतइत्यादिकजेहैं तिनसर्वकेजेनाथकहेप्रभुहैं तिन सबनआश्रयकहूं लेशहूनहीं है जिनके एकपरमपुरुष जोतुमहौ तिनहींके प्रपन्नहै पुनि अनाथ कही जिनके नाथ नहीं हैं जैसे वृषभनाथैते बशह्वैजात है यहां नाथकहीमोहको ताते मोहनाथ जो है त्यहिकरिकै जेतेजीव ब्रह्मांडविषे हैं सबनाथे हैं अरु जिनपुरुषन मोहरूप नाथतोरि डारे हैं तिनको अनाथकही ऐसे अनाथनके आप नाथ हितरूपहौ ताते तुम्हारो जो अनाथनाम वेदन विषे सुन्योरहै सो मैं आपुते प्रत्यक्ष देख्यों काहेते कि अखिल ब्रह्मांडकार्य्य है अरु महामाया कारणहै अरु महाविष्णु महाकारणहैं अरु हेपरम प्रभु तुम सबके परउपकारणहौ आपुतौ ऐसेहौ अरु मैं ऐसोहौं कि तुम्हारी शरणबिना तीनिपन वृथाबीतिगये विषय विषे ताहूपर आप येती कृपाकीन कि कहतेहौ जो बरमांगहु सो मैं देउँगो जो येतीकृपाहै तौ हे कृपालु मोको प्रसन्नह्वैकै यहबरदान दीजिये ( ४८ ) हे भरद्वाज परम पुरुष ते राजामनु वरमांगते हैं हे परमप्रभु जो हमारेऊपर आपु प्रसन्न ह्वैकै बरदेते हौ तौ यह बरदान देहु काहेते हम तुम्हारो निज स्वरूप नहीं जानते हैं धौं कैसो तुम्हारो स्वरूप एकरस सनातन अखण्ड है ताते जो स्वरूप शिवजूके अन्तष्करण बिषे सदा बसे है सोई स्वरूप जैसोहोइ सो ज्यों को त्यों हमको दर्शनहोइ तहां महादेवकी साक्षी क्यों दियो है याते दियो है कि परात्पर तम परमतत्व स्वरूप महादेव यथार्त्थ जानते हैं काहेते कि शिवजी साक्षात् ईश्वरहैं अरु उत्तम कर्म्मकांडिन बिषे महाऋषीश्वर हैं अरु मुनिन में मुनीश्वर हैं अरु योगिनमें योगेश्वर हैं अरु विरक्तन में विरक्तेश्वर हैं अरु ज्ञानी विज्ञानी बिषे विज्ञानीश हैं अरु ध्यानी समाधिन विषे समाधीश हैं अरु बैष्णवन बिषे भक्त राज हैं सब प्रकारते शिवजू सर्व्वोपरि हैं ताते महाराज मनुने यह कहा कि जो स्वरूप शिवजूको सिद्धान्त होइ सोई सर्व्वोपरि परमतत्व है वही स्वरूप जैसो होइ तैसेही दर्शन हमको होइ अरु जेहि परम तत्वकी प्राप्ति हेतु मुनि जो हैं मननशील ते अनेक यत्न करते हैं सम्पूर्ण बाह्य इन्द्रिन को विषय तिनको दमन करते हैं अरु चतुष्टय अन्तष्करण को सम करतेहैं अरु अनेक सुख दुःख निन्दा स्तुति मानापमान हर्ष शोक हानि लाभ इत्यादिक सबको सहिकै त्यागकरते हैं अरु त्रैगुण्यजनित बिभूतिते वैराग्यकरते हैं अरु सारासार को अहर्निशि बिचार करते हैं गुरु जो हैं परमतत्त्ववेत्ता ते वेदकी बिशेष वाक्यबिषे प्रतीति करते हैं अरु अनेकद्वन्द्व धर्मप्राप्त होतसंते परमतत्त्वबिषे समाधान रहतेहैं ऐसेही अनेकजप तप ध्यान समाधि करते हैं जेहि परमस्वरूप की प्राप्तिहेतु सोई स्वरूपजैसो होइ तैसो ज्योंकात्यों हमको दर्शनहोइ ( ४९ ) पुनि हेपरमप्रभु तुम्हारा जो निजस्वरूप कागभुशुण्ड के मनमानसर में जैसो बसतहोइ तैसो हमको प्राप्तहोइ कागभुशुण्ड की साक्षी क्योंदियो है यहि संसार में स्वर्ग नरक उत्पत्ति

पालन प्रलय तीनिगुण इत्यादिक सब अविद्यामयजानब सो कागभुशुण्ड के स्थानबिषे योजनपर्य्यंत अबिद्या नहीं है अरु भुशुण्ड के स्वरूपकीनिर्मलताका कहौं काहेते महाप्रलयहु बिषे जाकोनाशनहीं है अरु परमपुरुष परमात्माजो है सो निजस्वरूप निर्बिकार निर्मल एकरस सो ऐसेहीस्थान स्वरूपबिषे बासकरते हैं ताते भुशुण्डकोप्रमाणदीन है काहेते कि जो परात्परतर स्वरूपतत्त्व वेदान्तको सारभूत सोई भुशुण्डि को सिद्धान्त होइगो ताते सोई स्वरूप जैसोहोइ तैसोही हमको दर्शन होइ पुनि तेहि स्वरूप को वेद सगुणब्रह्म अरु निर्गुणब्रह्म एकहीस्वरूप को दूनों बिशेषण करिकै प्रशंसाकरते हैं एकही स्वरूपबिषे सगुण निर्गुणब्रह्म कैसे सम्भवै हैं तहां परम दिब्य गुण जेहि स्वरूप बिषे युक्तहै सौशील्यवात्सल्य कृपा करुणा दयालुता उदारता इत्यादिक ब्रह्ममेंअनन्तगुणहैं ताते वेद सगुण कहते हैं अरु मायाके जेते गुण हैं सात्विक राजस तामस इत्यादिक सबते रहित स्वरूप है ताते वेद निर्गुण ब्रह्म कहैहैं ऐसो स्वरूप जैसोहोइ सो हमदेखें पुनि दूसरा अर्थ अथवा सगुणस्वरूपईश्वर बिष्णु भगवान् महाविष्णु भगवान् बिराट् भगवान् महाबिराट्भगवान् अरु चेतन निर्गुणब्रह्म अरु चेतनको चेतनकर्त्ता परब्रह्म अरु चारिहूवेद अरु वेदको शिरोभाग उपनिषध जो हैं येते समस्त जेहिस्वरूपकी प्रशंसाकरते हैं सो स्वरूप हमदेखें यहबर देहु ( ५० ) बासुदेवादिमूर्त्तीनां चतुर्णांकारणंपरं॥ चतुर्बिंशतिमूर्त्तीनामाश्रयश्शरणंमम १ उदरंब्रह्मेतिसाकाराख्याउपासते हृदयंब्रह्मेत्यादित्य रूपेणपापब्रह्मादैवतादि इति श्रुतेः अतएवकेवलंशून्याच्छून्यतरंशून्यं सूक्ष्मात्सूक्ष्मतरंसूक्ष्मं ब्यापकात्व्यापकतरंव्यापकं प्रकाशात्प्रकाशतरंप्रकाशं ज्ञानात्ज्ञानतरंज्ञानं नित्या-

**प्रशंसा ५० देखहिंसोस्वरूपभरिलोचन कृपाकरहुप्रणतारतिमोचन ५१ दम्पतिबचनपरमप्रियलागे मृदुलविनीतप्रेमरसपागे ५२**

न्नित्यतरंनित्यं ध्येयाद्ध्येयतरंध्येयं ईश्वरादीश्वरपरं ईश्वरं तत्त्वात्तत्त्वपरंतत्त्वं स्थूलात्स्थूलपरंस्थूलं आनन्दादानन्दपरंआनन्दं सुखात्सुखपरं सुखं चैतन्याच्चैतन्यपरंचैतन्यं रूपाद्रूपपरंरूपं ज्योतिषोज्योतिपरंज्योतिःज्योत्स्नायाज्योत्स्नातरंज्योत्स्नासमस्तंप्रमुच्यते इतिश्रुतिः जैसोअर्थ यहि श्रुतिविषे सिद्धांत है सो यही स्वरूपहै जो महाराजमनुको दर्शदीन है अपरअर्थ कल्पनामात्र है हे परमप्रभु सर्वोपरि परात्परतरमय जेहिकेपरे पुनि दूसरस्वरूप न होइ जो शिव भुशुण्डि मुनीश्वर वेदांत इनसबनको परमसिद्धांत जैसो स्वरूपहोइ तैसही स्वरूप ज्योंकोत्यों हम नयनभरि देखहिं अपर हम कछू जानते नहीं हैं सो कृपा हमारे ऊपर करहु काहेतेआप प्रणतकही जो तुम्हारे केवलशरण हैं अरु तुम्हारे जे आर्त्त हैं तिनकी आर्त्ति तुम मिटाइकै पूर्णकरतेहौ ( ५१ ) दम्पति को वचन परमप्रियअतिमृदुलकही आरतप्रपन्न विनीतकही जामें अनेकनअर्थ नीतिमय हैं अरु परमप्रेममय ऐसीवाणी दम्पतिकी परमपुरुष सुनिकै परमप्रसन्नहोतभये ( ५२ ) परमप्रभु कैसे हैं भक्तवात्सल्य कही जैसे धेनुगऊ अपनेबालक बछरा को जीभते चाटिकै निर्मल करिदेतु है तैसे परमप्रभु जे हैं ते अपने भक्तन को कृपारूप जीभते चाटिकै निर्मलकरिदेते हैं काहेते कृपाके निधानकहे स्थानहैं विश्वास कही सम्पूर्ण विश्व विषे अन्तर्य्यामी घनस्तेज गुण भूत एकरस बसे हैं अथवा विश्व बास प्रकटे सम्पूर्ण विश्व के नाथ विश्व विषे व्याप्त विश्व के परेते परमप्रभु महाराज मनु के परा प्रेम के वश ह्वैकै विश्व विषे जीवन के कल्याण हेतु परम विचित्र लीला करिबे हेतु परम पुरुष विश्व बिषे प्रकटे प्रत्यक्ष भये बास कीन हे पार्व्वती ( ५३ ) दोहार्त्थ॥ हे भरद्वाज महाराज रानी के समीप परमपुरुष साक्षात् अवतीर्ण होतभये कैसो स्वरूप है अखण्ड एकरस नित्य किशोर प्राप्ति भये हैं नील कमल नील मणि नीलघन तद्वत् श्याम शरीर है कञ्ज मणि मेघ तीनि की उपमा क्यों दियो है एकही नीला विषे बोध होत है यहि दोहा विषे उपमा न तो कहूं है अरु उपमेय लुप्तालंकार कहे हैं अरु कञ्ज मणि घन इनको धर्म्म लुप्त करिकै कहे हैं तहां जहां लुप्तालंकार करिकै कहे हैं वहाँ उपमान को धर्म लैकै उपमेय बिषे लक्षणाकरिकै कहते हैं तहाँ नीलधर्म तो तीनिहूको लियोहै अरु कञ्जविषे चारिधर्म लिये हैं कोमल सुगन्ध मकरन्द केसर

**भक्तबछलप्रभुकृपानिधाना विश्ववासप्रकटेभगवाना ५३ दो०॥ नीलसरोरुहनीलमणिनीलनीलधरश्याम लाजहिंतनशोभानिरखिकोटिकोटि-शतकाम ५४॥**

* * * * * *

युक्त शोभा तहां परमपुरुष को विग्रह ऐसो कोमल सुगन्ध मकरन्द शोभामय विग्रह है अरु नीलमणि सचिक्कन निर्मल आवरणरहित प्रकाशमय अमोल अलोम ऐसो स्वरूपहै पुनि नील मेघकी गम्भीरता अनेकतड़ितसंयुक्त अधिकरस उदारतामय ऐसे अनेक परम दिव्यधर्मकी उपमा के योग्य तनुहै पुनि कोटिन काम अंगअंगप्रति निछावरि करिदीजिये जिनकी सुन्दरतापर कोटिनकाम क्यों कहे एकही कामकी शोभा विषय बोध क्यों नहीं कियो तहाँ दृष्टांत जैसे एकमणिको प्रकाशजानिये अरुजहां कोटिनमणिकी एकताकरिये तहां केती प्रकाशकी शोभा होती है ताते कोटिनकामकी अंगअंग उपमा लघुलगै है काहेते जब परमपुरुषअवतीर्ण भये हैं तब ब्रह्मांडमण्डल प्रकाशितभयो है ऐसो परमस्वरूप प्राप्तिभये हैं॥ श्लोक ३ ॥ रामंसांद्रघनस्वरूपममलंसच्चिद्घनानन्दकं विद्युद्दिव्यदुकूलपीतयुगलं श्रीदामवक्षस्थलं॥ मंजीरांगदरत्नकंकणरणत्कांचीलसन्मुद्रिकं मुक्ताहारकिरीटकुण्डलधनुस्संचित्रवाणोज्वलम् १ काश्मीरीतिलकालकावृतमुखंसाचीक्षणंसस्मितं तांबूलाधरपल्लवंरसमयंनासाग्र मुक्ताफलं॥ ध्यायेच्छत्रसुदिव्यचामरयुतं-साकेतरत्नासने जानक्यंशभुजंसखीगणवृतंनित्यंनिकुंजेस्थितं २ परिपूर्णगुणोदेवो धीरोदात्तगुणोत्तरः॥ नटवर्यवपुश्श्रीमान्कोटिकंदर्पसुन्दरः (५४)॥ इतिश्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषविध्वंसनेबिमलवैराग्यबालकांडे महाराजरानीपरमत्याग तपवैराग्यज्ञानपराभक्तिपरमपुरुषप्राप्तिदर्शनंनामषट्बिंशतिस्तरंगः २६॥

दो० बीसै सप्ततरंगमें रामचरणहियधारि॥ दम्पतिसुरपुरबासभणि पूर्वअर्द्धनिर्द्धारि २७॥ शरदऋतुकीपूर्णमासीको निर्मलमयंकऐसो बदनहै यहां बाचकधर्म लुप्तालंकारहै मयंकविषे श्वेतता गुणहै प्रकाशस्वभाव है शीतक्रिया है श्रीरामचन्द्रजूको मुख अतिनिर्मल सो गुणहै अति मधुरप्रकाश स्वभावहै अतिमधुरमन्द मुसुकानि सो क्रिया है ऐसो मुख छबिकीसीवकही मर्याद है चारु अतिसुन्दर निर्मल आदर्शवत् कपोल हैं चिबुक जो ठोढ़ी है सो नीलगोलमणि इवहै चिबुकके मध्यमें पीतबिन्दुहै सो शृंगाररस को शृंगारहै पुनि जनु शृंगाररसविषे वात्सल्यरसशोभितहै दरकही शंखकीऐसी ग्रीवविषे तीनिरेखाहैं शंखकीरेखा गहिर गम्भीर सचिक्कणनिर्मल मंगलमय ग्रीवत्रयरेखसंयुक्त शोभितहै जनु छबिशोभा सुन्दरता की त्रिलीक है शृंगारकी मूर्तिविषे (१) अधरअरुणहैं जैसे कुंदुरूको पक्वफल अरु बन्धूकपुष्पहै अरु दशनश्वेत अरु कछुक अरुणाई लिहेहै जनु

**चौ० शरदमयंकबदनछबिसीवाचारुकपोलचिबुकदरग्रीवा १ अधरअरुणरदसुन्दरिनासा बिधुकरनिकरविनिन्दकहासा २ नवअम्बुज**

विधुके कोशविषे लघुवज्रनकी अवली बैठीहैं अरु जनु पक्वदाड़िमकेबीजशोभितहैं अरु नासिका जनु शुक श्याम अरु तल अरुण चोंचहै जनु प्रफुल्लित अरुणकंज तेहिकेदलनपर चन्द्रमाके अमृतको बिन्दुहलतहैं ताको शुक चुनतेहैं चपलते पावतनहीं हैं यह उपमानकी उपमा नासिका मोती अधरकी है पुनि हास्य जो प्रसन्नता मन्दमन्द मुसुकानि सो बिधुजो है तेहिकी किरणि जो अमृतमय तेहिकीहास्य निन्दाकरतु है अरु रसनाकी उपमा अभूत है जनु परस्पर दोवज्रनके भूषण तड़ितते पोहिकैशृंगारकरिकै अरुणकंजके कोशदलपर बैठिकै जीव बालकको लाड़करिकै खेलावतहै नित्यमधुर जबबोलते हैं तबकी उपमाहै मुखरसना दशननासिकाकीमोती अरुअधरकोवर्णनजानब तहांचौपाइनविषेरसनाअरुमोती कोप्रसिद्ध वर्णननहीं है परयहिचौपाईकी ध्वनिविषे रसनाअरुमोतीकी शोभासूचितहोती है चौपाई बिधुकरनिकरबिनिन्दकहासा हासकही हास्यप्रसन्नताप्रफुल्लित प्रकाश मुसुकानि हँसवशोभाकी सुन्दरतातहां मध्यकिशोरसुन्दर बालकके नासिकाबिषे मोती अतिशोभादेतुहैताते चौपाई के संकेत बिषे रसना अरु मोतीकी शोभा श्रीगोसाईं तुलसीदासनेकहा है किंतु यहिश्लोकको आशयकरिकै हमने रसनामोतीकेहेहैंश्लोक॥ काश्मीरीतिलकालकावृतमुखं साचीक्षणंसस्मितं तांबूलाधरपल्लवंरसमयंनासाग्रमुक्ताफलं १ किंतु रसना मोतीकेबिरसिककीरुचिहै (२) नवीनअम्बुज जो प्रथमबिकस्यो है तद्वत् नेत्रहैं कमलकी उन्नताचढ़ाउ उतार अरुणता निर्मलताकोमलतासुगन्धता शीतलतामकरन्दलालित सुन्दरता शोभादिकसर्वरसमय नेत्र हैं क्रमालंकारते अर्थजानब विशाल कृपाऽवलोकनि सुन्दर वात्सल्यरसमयहै चितवनि काम क्रोध लोभादिकनको नाशकरै है अरु दासरसमें कोई को पक्षनहीं है वाह्यान्तर सब देखते हैं चितवनि दयासिन्धुहै करुणाउदार अवलोकनि है चितवनि अमृतमय त्रयतापहर कटाक्ष शृङ्गार रस मय मुनीशनके चित्ताकर्षण करतुहै छटा जो है गढ़नि प्रसन्नता प्रकाश तेज माधुर्य्यमयहै कञ्ज खञ्ज झख अनङ्ग समस्तउपमा लघुहैं अम्बककी

छबि अति नीकी है अरु चितवनिकी लालित्य जीवको भावै है अरु इंद्रीमन बुद्धि चित्त करिकै अगोचर है अरु राजा रानीकीदृष्टि वाह्यान्तर परम दिव्य है तहां नेत्रकी छबिकी उपमा कविकीमतिको अगोचर है ( ३ ) भृकुटी कैसी हैं मनोजको धनुष तेहिकी छबिको हरतुहै अरु ललाट बिषे के-

## अम्बकछबिनीकी चितवनिललितभावतीजीकी ३ भृकुटिमनोजचापछबिहारी तिलकललाटपटलद्युतिकारी ४ कुण्डलमकर

सरिको तिलक है सो पटल जो दामिनी तेहिकी युगरेख तेहिकी शोभाको करतुहै किन्तु तेहिकी शोभाको मन्दकरतुहै तिलककी रेखा जनु मदनके बाणहैं उर्द्धरतेनके चित्तको आकर्षण करतु हैं ( ४ ) अरु कुण्डल मकराकृत हैं मकराकृत मकर जो मनि लघु तेहिकी आकृत मीनको मुख पुच्छ एकहैरह्यो है तेहिबिषे गोलकुण्डल जाको देशबाणी में झुमका कहते हैं अनेक परमदिब्य मणिनकीकणी छोटे मोतिनकी अवली कंचनबिषे युक्तहैं सो कुण्डलमें कोटिनसूर्य्य चन्द्रको प्रकाशहै अरु कोटिन दामिनीकी चञ्चलताहै श्लोकः १ सूर्य्यकोटिप्रतीकाशं चन्द्रकोटिप्रमोदकं विद्युत्कोटिचलच्छुभ्रं कुण्डलंयत्श्रुतिद्वये १ मुकुट शीशपर भ्राजतहै कोई मुनिके मतबिषे पञ्चखण्डको मुकुट वर्णनहै कोई मुनिके मतबिषे सप्तखण्ड वर्णन है षट्खण्ड चौफेर अरु एकमुकुटाकार मध्यबिषे है अरु षट्खण्डकेबीच २ लघु २ फणाकार झुकिरहे हैं अनेक तरहकी मणिनकी कणी परम दिब्य प्रकाशमय कंचनबिषे जटितहैं अति हरूहै कोटिन सूर्य्य चन्द्रकोपरमदिव्य प्रकाशकी छबिको हरतुहै अरु केश जो हैं अलकैं सो कुटिल जनु मधुपनकीअवली अरुण पंकजकेमध्य प्रफुल्लित तेहिकोश के द्वौकूलबिषे झूमिझूमि मकरन्द पीवते हैं पुनि जनु सर्पनकेछौना पूर्ण परमदिब्य चन्द्र तेहिके अमृतको पानकरते हैं ( ५ ) उरबिषे श्रीवत्सलांछनहै सो श्रीजानकीजी को दूसरस्वरूपहै काहेते कि श्रीरामचन्द्रजी सदा दानदेते हैं भुक्ति वैराग्य योग ज्ञान मुक्ति भक्ति इत्यादिकनकोदान जहांनित्यहै तातेश्रीजानकीजी श्रीवत्सरूप दक्षिणांगबिषे शोभितहैं अरु श्रीरामचन्द्रबिषे धर्म्मनीति नित्यहै श्रीजानकीजी वामांगमें शोभितहैं किन्तु समस्त श्रीदिव्यवक्षस्स्थलबिषेवसीहैं अरु ग्रीवाते पगलगि बनमाल शोभितहै तिन करिकै तुलसीदल श्वेत पीत फूल तहां भ्रमर जे हैं ते प्रसादी मकरन्दहेतु गुंजार शोभाकरते हैं पुनि ग्रीवाबिषे त्रिवलीशोभितहै जनु शृङ्गाररस की मूर्तिकी तीनिरेखाहैं अरु मञ्जुमुक्तनके कण्ठविषे कण्ठाहैं जनु शृङ्गाररसके आवरणविषे शान्तरस शोभितहै पुनि कण्ठाकेअर्द्ध कौस्तुभमणि त्रिकोण शोभितहै नित्य परमदिब्य त्रयतत्वबिशिष्ट त्रयकोणहै तहां शुद्धत्रैतत्व श्रीरामचन्द्र छातीमें लगायेरहते हैं ताते भक्तवत्सल कही कोटिन शशिके प्रकाशको करै हैं कौस्तुभतरपदिक है सो चौकोण चारिहू मुक्तिमिलिकै चतुष्टकोण शोभितहै अरु ढिगनबिषे मणिमोती जटितहैं मणिमो-

## मुकुटशिरभ्राजा कुटिलकेशजनुमधुपसमाजा ५ उरश्रीवत्सरुचिरबनमाला पदिकहारभूषणमणिजाला ६ केहरिकन्धरचारुजनेऊ बाहुबिभूषणसुन्दरतेऊ ७ करिकरसरिससुभगभुजदण्डाकटिनिषङ्गकरशरकोदण्डा ८ दो०॥ तड़ितबिनिन्दकपीतपट उदररेखबर

तीरूप शुद्धजीवतत्व चारिहूमुक्तिको प्राप्तिहैकै हृदांगसेवन करतेहैं पदिककेतर हार शोभितहै कइउरंग मणिनकीकणी अरु लघुमोतिनकी अवली जहांजहां जसयोग्यचाही तहांतहां तस स्वयंरचितहै शृङ्गाररस कारणमूर्त्तिबिषे तहां शृंगाररस सख्यदास्य वात्सल्यशान्त सोई पांचलरैं हैं अति मधुर ऐसोहार ग्रीवते अरु नाभिलग शोभितहै पुनि भूषण मणिनकोजालहै चतुरंगुल चौड़ाहै अनेक मोती मणि अति छोटी लरैं तिर्छ्र तिर्छ्र स्वयं पोहिरही हैं परम छबिरूप सुन्दरता शोभा लावण्य माधुर्य इत्यादिक एकहैकै श्रीरामकेउर अंगकरिकै जालस्वरूप अति शोभित है रसिकमुनीश्वरनके चित्तफँसायबेको जालहै हारबनमालके बीचबिषे शोभित है ( ६ ) केहरिकन्धइव द्वौ कन्धहैं केहरि कही पञ्चानन चारु कही सुन्दरयज्ञोपवीत शोभित जनु नीललघु मेघपरतड़ितकी तीनिरेखा थिरहैरही हैं अरुबिशाल भुजबिषे बाजूबलय कंकणामुद्रिका कञ्चनमणिनमय परमदिब्य अति सुन्दर शोभित हैं ( ७ ) करिकर करि कही हाथी पर कामहीको करिहोइ तेहिको जो करकहे शुण्ड ताहूते सरस कहे श्रेष्ठ किन्तु तेहिसम ऐसो चढ़ाव उतार भुजदण्डहैं अरु कटिबिषे पीतधोती पहिरे हैं ताकी अभूतोपमालंकार है जनु असितरंग गम्भीर नीर झरोखनि ताके मध्यबिषे बाल सूर्य्य ताकी छबिहरै है तहां कटिबिषे धोतीपर कटिसूत्र अरु

किंकिणीकीत्रयअवली सो जनु श्रीजानकीजी के नामकी ध्वनिहोती है जनु प्रातरवि कोघेरि मण्डलाकारकिहे सम्पूर्णबालखिल्या परमदिव्यरूप वेदकोसारभूतकारण प्रणवउच्चारण ध्वनिकरतेहैं तहां कटि पट तूणीर चित्रविचित्र कनक मणिमय अति शोभित है ताबिषेबाणभरे हैं सुवर्णकेपंख चित्रविचित्रडांड़ीहै अरु अति श्वेत अग्रभागविषे गांसी अति पैन अति सुन्दरहैं श्रीरामाज्ञानुकूल अनेकस्वरूप महाकालहूकेकालहैं अरु कहांलगिकहौं पातकिहुजीवनको परमपद दाता हैं करविषे बाण अरु धनुष निषंग अनूपम शोभितहै ( ८ ) दोहार्थ॥ जनु मधुर घननीलबिषे तड़ितकीनिन्दा करतसन्तेपीताम्बर शोभितहै पुनि अनूपमहै दोऊ आचरणबिषे परमदिव्य मणिन कीकणी अरु छोटेछोटे मोती लगेहैं कषाय धोती पीताम्बर धारणकिहेहैं पुनि पीताम्बर तप्तकांचनकी द्युतिहरै है जनु शृंगाररस बिषे वात्सल्यरस शोभित है उदरविषे तीनिरेखाहैं वर कही अतिसुन्दरहैं शृंगाररसकी मूर्त्तिविषे जनु तीनिलीकहैं कि इनके समपर शृंगारनहीं है दक्षिणावर्त्त नाभि

**तीनि नाभिमनोहरलेतजनुयमुनभँवरछबिछीनि ९ चौ०॥ पदराजीववरणिनहिंजाहीं मुनिमनमधुपबसैंजिनमाहीं १० बामभाग**

परम मनोहर शोभित है जनु यमुनाके भँवरकीछबि छीनिलेतुहै तहां भँवर यमुनाकी शोभा गम्भीरता अथाहताको जनावते हैं यहां शृंगाररस श्याम सुधा नदरूप तहां नाभी भँवररूप सो शृंगाररस नदकीशोभा गंभीरता अथाहताको जनावतुहै ( ९ ) पद कैसे हैं राजीव जो अरुण तद्वत् कोमल सुगन्ध मकरन्दमय पर किसूके वर्णिबेयोग्य नहीं हैं जेहिचरणारविन्द बिषे मुनीश्वरनकेमन लुब्ध मधुप ह्वैकै बसिरहे हैं नूपुर सुवर्णकेहैं मणिनकीकणी मुहड़ेनपर जटितहैं जनु मधुकर परागते भरिकै अरुणतापीततालिहे शोभितहैं मधुर ॐकारशब्द होतेहैं जनु मधुर मधुरकर गुंजार करते हैं पदकी अंगुलिनबिषे नखनकीअवली जनु कमल दलनपर मोतीजटितहैं पद पीठपर जावक शोभितहै पगतरविषे अंकुश कमलादिकअड़तालिस चिह्न अनूपमहैं यहां श्रीगोसाईजी ने श्रीरामचन्द्रजूके स्वरूपबिषे षट्रस वर्णनकिये हैं प्रथम शान्तरसकहेहैं पुनि शृंगाररस पुनि वीररस पुनि दास्यरस पुनि करुणारस पुनि वात्सल्यरसकहे हैं ( १० ) श्रीरामचन्द्रजूके बामभागबिषे अतिशय अनुकूल कही श्रीरामचन्द्रजूकी आज्ञा प्रसन्नता कृपाआनन्द स्वरूपही आदि शक्ति सर्व शक्तिनकी आदि श्रीसीताजी हैं शक्ति कवनि है श्रीशक्ति भूशक्ति लीलाशक्ति उत्कृष्टाक्रिया योगा उन्नती ज्ञाना पर्वी सत्या अनुग्रहा ईशाना कीर्त्ति विद्या इलाक्रांति:लम्बिनी चन्द्रिका क्रूराकांता भीषणी क्षांता नन्दिनी शोका शांता बिमला शुभदा शोभना पुण्या कला मालिनी महोदया आह्लादिनी इत्यादिक तीस अरु तीनि महामुख्य शक्ति हैं ते सब श्रीजानकीजीकी भृकुटी को विलास निरखि निरखि अनेकन ब्रह्माण्डके कार्य्य करती हैं अरु इनएकएकके हजार हजार उपशक्तियाँ हैं अब तेंतीस शक्तिनके गुण कहते हैं ( ३३ ) अनेक ब्रह्माण्डविषे जेती श्री हैं तिनकी प्रेरक श्रीशक्ति है १ ब्रह्माण्डको आधार भूशक्ति है २ जेती लीलाहै सो लीला शक्तिसे जानिये ३ जेतो उत्कर्ष ब्रह्माण्ड गोलकविषे है सो उत्कृष्टाशक्ति ते जानिये ४ क्रियाजेती है सो क्रियाशक्तिते जानिये ५ अष्टाङ्गयोग इत्यादिक जेते हैं ते योग शक्तिते हैं ६ महत्वृद्धि जेतीहै सो उन्नतीशक्तिते जानिये ७ वैराग्य ज्ञानविज्ञान जो है सो ज्ञानाशक्तिते जानिये ८ जय पराजय तेहिकीप्रेरक पर्वी शक्तिहै ९ सत्यपदार्थकीप्रेरक सत्याशक्ति है १० दया इत्यादिक जे उत्तमगुणहैं ताकी प्रेरक अनुग्रहाशक्तिहै ११ जेतेभेद जगत्बिषे अति दुस्तर हैं तेहिकी प्रेरक ईशानाशक्तिहै १२ जेतेसुयशहैं ताकी प्रेरक कीर्त्तिशक्ति है १३ सम्पूर्ण विद्याकीप्रेरक विद्याशक्तिहै १४ सद्वाणीप्रेरक इलाशक्तिहै १५ जितनीक्रान्ता ब्रह्माण्डबिषे हैं तेहिकीप्रेरक क्रान्ताशक्ति है १६ तीनिलोकचौदह भुवन अरु एकसैआठ बैकुण्ठ भूपरहैं सो सब श्रीरामहींके धामहैं सब अद्भुत हैं अरु भगवत्के परम दिव्य गुण अनन्तहैं अरु भगवान् जेतेरूप धारण करते हैं अंश कला बिभूति आवेश सो सब विलम्बिनी शक्ति करिकै करतेहैं १७ शीत अरु प्रकाश जहां जहांहै तिनकी प्रेरक चन्द्रिकाशक्तिहै १८ क्रूरा शक्ति आपु तौ अक्रूरहै पर जेती अक्रूरता ब्रह्माण्डमें है तितनेनकी प्रेरक क्रूराशक्तिहै १९ राग मोह शुभाशुभजेते हैं तिनकी प्रेरककान्ताशक्तिहै २० जेती भीति जगत्बिषे हैं तिनकी प्रेरक भीषणाशक्ति है २१ क्षमागुण जेते हैं तिनकी प्रेरक क्षमाशक्ति है २२ जेते आनन्दहैं तिनकी प्रेरक नन्दिनीशक्तिहै २३ शोकाशक्ति आपु तौ बिशोकहै पर ब्रह्माण्ड भरे में शोक प्रेरक करे है २४ सम्पूर्ण शान्ति तेहिकी प्रेरक शान्ता शक्ति है

२५ विमल विमलगुण जेते हैं तिनकी प्रेरक विमलाशक्ति है २६ सद्सद् गुण अरु शुभशुभधर्म्म कर्म्म जेते हैं तेहिकी प्रेरक शुभदाशक्तिहै २७ अरुजितनी शोभा छबिरूप सुन्दरता शृंगार इत्यादिक तिन सबनकी प्रेरक शोभनाशक्ति है २८ जेते पुण्यपदार्त्थ हैं तिन सबनकी प्रेरक पुण्य शक्तिहै २९ इन्द्रजाल सूर्य चन्द्रमा इत्यादिकनबिषे जेती कलाहैं सो कलावती शक्तिते जानिये ३० सर्ब ब्रह्माण्डबिषे ब्याप्तिहै सो मालिनीशक्तिजानिये ३१ ब्रह्माण्ड मण्डल बिषे त्रैगुण्यजनित जेती विभवहै अरु जीवनविषे प्राकृतिक सुभाव अरु भगवत्बिषे भक्ति जो है नवधा अरु चौरासी अंगइत्यादिक भक्तिकी प्रेरक श्रीसीतारामाज्ञानुकूल सोमहोदयाशक्तिते है अरु प्रेमापराभक्ति स्वतंत्राहै ३२ परम आह्लाद जो ब्रह्मानन्द परमानंदहै तिनकी प्रेरक आह्लादिनी शक्ति है ३३ एकएक शक्तिमें हजार हजार उपशक्तियां हैं जौनेजौने कालबिषे श्रीसीतारामकी आज्ञाहोती है तौने २ काल तैसोतैसो कार्य तेंतीस अरु उपशक्तियांजेती हैं ते सबकरती हैं सर्ब शक्ति श्रीजानकीजीकीही कला अंश विभूतिहै ताते श्रीगोसाईंजी ने श्रीसीताजूको आदिशक्ति कहा याहीते सबशक्तिनकी आदि अरु मूलप्रकृति वाही महामायाको कही सोई सम्पूर्ण जगत्का मूलकारणहै वही श्रीजानकीजीको महत्अंश है ताते अंशी अंश भावकरिकै श्रीजानकीजीको सब जगत्कीमूलकहाहै ॥ तत्रप्रमाणमाह श्रीमन्महारामायणे श्रीशिववाक्यंपार्वतीम्प्रति श्लोकः २१ संप्रवक्ष्यामियाशक्तीर्जानक्यन्शास्त्रिंशतः निकटेसंस्थितानित्यं सर्वाभरणभूषिताः १ श्रीर्भूलीलातथोत्कृष्टा क्रियायोगोत्रतीतथा ज्ञानापर्वीतथासत्या कथिताचाप्यनुग्रहा २ ईशानाचैव कीर्तिश्च विद्येलाक्रान्तिलम्बिनी चन्द्रिकापितथाक्रूरा कान्तवैभीषणीतथा ३ क्षान्ताचनन्दिनीशोका शान्ताचविमलातथा शुभदाशोभनापुण्या कलाचाप्यथमालिनी ४ महोदायाह्लादिनी शक्तयएकादशत्रिकाः भृकुटी दर्शयन्तीमा जानक्यानित्यमेवच ५ श्रीश्चश्रीःप्रेरकाज्ञेया भूरण्डाधारउच्यते लीलाबहुविधालीला उत्कृष्टोत्कर्षप्रेरका ६ क्रियासमक्रिया सम्यग्योगायोगांन्वतागतिः उन्नतीमहतीबृद्धिर्ज्ञानाबिज्ञानप्रेरका ७ करोतिप्रेरणं सभ्यक्पर्वीजयपराजयौ सत्यस्यप्रेरकासत्यानाग्रहायादयागुणा ८ येचसर्वेजगन्मध्ये भेदाअपिसुदुस्तराः ईशानाप्रेरकातेषां बर्त्ततेनात्रसंशयः ९ यशोऽधिकारिणीकीर्त्तिर्विद्याविद्याधिकारिणी सद्वाणीप्रेरकेलास्यात् क्रांताक्रांतिविवर्द्धिनी १० यानिधामानिसर्वानि श्रीरामस्याद्भुतानिच गुणाश्चा नंतरूपाणिप्रेरिकैषांबिलम्बनी ११ शीतप्रकाशयोस्सम्यक् प्रेरकाचन्द्रिकापिच क्रूरत्वंप्रेरकाक्रूरा मनोबाक्कायकर्मभिः १२ प्रेरकाबर्त्ततेकांता राग मोहोशुभाशुभौ प्रेरकाभीषणीतेषांयेचसर्वेभयादयः १३ बर्त्ततेप्रेरकाक्षांताक्षमागुणविशेषतः नन्दिनीचतथाशक्तिः सर्वानन्दप्रकाशिनी १४ शोकास्वयंविशोकाच लोकानांशोकप्रेरका शांतिप्रदायिनीशांता बिमलाबिमलान्गुणान् १५ शुभदासद्गुणंशोभां प्रेरयंतीचशोभना पुण्यापुण्यगुणोपेता कलाबहुकलावती १६ मालिनीब्यापकान्सर्बान् प्रेरयंतीमहोदयं विभवंप्रकृतिर्भक्तिर्भक्तिंबर्द्धयतेसदा १७ आह्लादिनीमहाह्लादं संबर्द्धयतिसर्वदा स्वेस्वेकार्य्येरतास्सर्वा शशक्तयश्चैवतास्सदा १८ यस्मिन्कालेभवेद्यासांसीतारामानुशासनं तस्मिन्कालेप्रकुर्वीत सर्वकार्यमशेषतः १९ एकैकानां सहस्राणि वर्त्ततेचोपशक्तयः ब्यापकास्सर्वलोकेषु सर्वतोगगनंयथा २० जानक्यंशादिसंभूताऽनेक ब्रह्माण्डकारणं सामूलप्रकृतिर्ज्ञेया महामाया स्वरूपिणी २१ आदिशक्ति छबिनिधि श्रीरामचन्द्रके बामांग बिषे श्रीसीताजू अति अनुकूल शोभित हैं अति अनुकूल कही श्रीरामानन्दस्वरूपिणी श्रीरामानन्दकारिणी सब प्रकारते छबिकीनिधि जैसे समुद्रजल निधि है तैसे श्रीसीताजू छविनिधि हैं छबिकही शोभाकी क्रान्ति जो है अतिप्रकाश छटामय शोभा काकोकही नखशिखलौ सर्बांग यथायोग्य केश मस्तकभरि अतिसूक्ष्म सघनश्याम सँवारेउ अरु भालविशाल भृकुटी बंक कामधेनुकी छबिहरैं लोचन विशाल अरुण श्वेत श्याम कमलाकरयुत तेहिकी छबिहरै क्रमते मृगको शावकबिछुरो तेहिके लोचनकी फिरनि दीर्घता मीनकी केवल चपलता खंजनकोकछु आकार अरु कटाक्षकीफिरनि सुन्दर नासिका शुककीछबिहरै मुखगोलपूर्ण चन्द्रकी छबिहरै अधर अरुण विद्रुम अरु बिम्बकी छबिहरै पुनि दशनदाड़िम दामिनिकीद्युति हरे सुन्दरि रसना अरुण चिबुक गोल मणिइव कपोल आदर्शवत् श्रवण

शोभितअनुकूला आदिशक्तिछबिनिधिजगमूला ११ उपजहिंजासुअंशगुणखानी अगणितलक्ष्मिउमाब्रह्मानी १२ भृकुटिबिलास

सम सुन्दर ग्रीवत्रैरेखा संयुक्त उर आयतभुज विशाल चढ़ाय उतार करतल अरुण अंगुली यथायोग्य नख जनुनवीन कंज दलन पर चन्द्रमाके अमृत के बिन्दु लहलहात हैं कटि सूक्ष्म है पट यथायोग्य शोभित हैं जंघयथार्थ जैसो चाहिये चरण लालकमलतल अंगुलिन के नखजनु कमलदलनपर मोतीबैठेहैं सर्वांगशुभगरूपकही सम्पूर्णतनगौर श्याम इत्यादिक रंगगढ़नि सम्पूर्ण लैकै ताको शोभाकही अरु अंग अंग प्रतिकनकमणिनके अलंकार इत्यादिक षोड़शौ शृंगारकी क्रान्ति ताको सुखमाकही अरु सम्पूर्ण तनकी सचिक्कणता निर्मलता स्वच्छता ताको सुन्दरताकही अरु तनभूषणबसन इत्यादिकनबिषे जो लालित्यहै ताकोपरमाकही परसबएकही हैं इनसबको शोभाकहीशोभाकीछटाजोहै ताको द्युतिकही अरु शोभाकीक्रान्ति ताको छबिकही सो सीताजू परमदिव्यछबिकीनिधि हैं जाकीछबिके एकअंशकी छटाते अनेकब्रह्माण्ड बिषे छबि है श्लोकार्द्ध ॥ सुखमापरमाशोभा शोभाकान्तिर्द्युतिश्छबिः इत्यमरः ( ११ ) जासुकही जिनश्रीसीताजूके अंशते अगणित लक्ष्मी उमा ब्रह्माणी उत्पन्नहोती हैं ये तीनिहूं शक्तियां तीनहूगुणकी खानिहैं पुनि श्रीजानकीजूके चरणारविन्दोंकी बन्दनाकरते हैं हरिजो विष्णुभगवान्हैं अरु हर जोमहादेवहैं अरु सहितशक्तिनब्रह्मा अरुयोगीश जो सनकादि नारद शुक व्यास अगस्त्य बाल्मीकि इत्यादिक जो मुनीश्वर योगेश्वर परमहंस जे ब्रह्मानन्द परमानन्द रसकेरसिक तेसब श्रीजानकीजूके युगुलचरणको ध्यानकरतेहैं अहर्निशि परमानन्यह्वैके चरणपंकजबिषे मनमधुपकिहेहैं तहां प्रमाणहै॥ बिधात्रीश्रीगौरीणांसेवकर्त्री श्रुतिः॥ यहश्रुति पूर्वकहीहै चौपाईबिषे॥ सीयराममय सबजगजानी॥ पुनः श्री हनुमत्संहितायां श्लोकएकः जयति जनकजायाः पादपद्मंमनोज्ञं हरिहरविधिवंद्यं साधकानां सुसेव्यं॥नखरनिकरकांतंमुद्रिकानूपुराद्यं रहरहहृदिमध्येयोगयोगीशभाव्यं ( १२ ) जिनकी भृकुटीके विलाशअंशते मूलप्रकतिहै ऐसीजो श्रीसीताजीहैं सो श्रीरामचन्द्रजूके बामांगबिषे शोभितहैं श्रीमहादेवजी कहतेहैं हे पार्वतीजी श्रीसीताजी सोई हैं जिनको श्रीरामचन्द्र बनबिषे अपनी लीलापूर्वक ढूंढ़तेरहैं तहां तुम देखिकै महामोहको प्राप्तभईरहौ जिनकी भृकुटीके बि-

**जासुजगहोई रामरामदिशिसीतासोई १३ छबिसमुद्रहरिरूपबिलोकीयकटकरहेनयनपटरोकी १४ चितवहिंसादररूपअनूपा तृप्तिनमानहिंमनुशतरूपा १५ हर्षबिवशतनदशाभुलानी परेदण्डइवगहिपदपानी १६ शिरपरसेउप्रभुनिजकरकञ्जा तुरतउठायो**

लासते अनेक ब्रह्माण्डहोतेहैं सोईसीताहैं ( १३ ) छबिसमुद्र छबिकेसमुद्रजैसे सबजलको कारण समुद्रहै तैसे अनेकब्रह्माण्ड विषे जेतीछबिहै तिन सबको कारण श्रीसीतारामरूपहै ऐसीछबिदेखिकै राजारानी मग्नहोतेभये नेत्रनकी पलकैं थकिरहीं जैसे पूर्णचन्द्रको देखिकै चकोरकी दशाहोतीहै तैसेहीभई इहांएक भावार्थधुनिहै तहांमहाराज मनुने एकपरब्रह्मकी प्रार्थनाकीनहै तहांपरब्रह्म श्रीरामचन्द्रजी श्रीजानकी संयुक्त प्रत्यक्ष भये काहेते कि परमेश्वरकासर्वभाव जीवनाहींजानिसकैहै तहां परमेश्वरबिषे जो एकहूभावनाआवै ती परमेश्वर जो सर्वातर्यामी सर्वज्ञहै वह अपनेजनको सर्वभावसे सुखदेतेहैं जातेराजाके पुत्रकीभावनाहै ताते राजाके हेतु आपुआये अरु रानीकेहेतु श्रीजानकीजी प्राप्तिभईहैं काहेते बिना पुत्रपतोहू दम्पतिको सम्पूर्णसुखनहींहोतहै ताते युगलदर्शनदीनहै जाते सम्पूर्णपरमानन्दहोइ युगुलदर्शनबिषे यहधुनिहै अरु श्रीसीताराम कभी भिन्ननहींहोते ( १४ ) महाराजमनु अरु महारानीशतरूपा श्रीसीतारामजीका अनूपरूपदेखतेहैं पर तृप्तनहींहोते अनूपकही जिनकी उपमाको कहूं कोईनहींहै श्रीसीतारामसम श्रीसीतारामही हैं यहअनन्वयालंकारहै ( १५ ) अतिहर्षके बिबशह्वैकै तनकीदशा भूलिगई है प्रेमाकुलह्वैकै राजारानी दण्डइव श्रीसीतारामजीके पायनबिषे हाथधरिकै गिरतभये ( १६ ) श्रीरामचन्द्र निजकर राजारानीकेशीशपर अतिप्रसन्नताते धरतभये श्रीरामचन्द्रजीकरुणाके सागरहैं तुरन्त राजारानीको उठावतेभये ( १७ ) दोहार्थ कृपाके निधानकहीस्थान ऐसे श्रीरामचन्द्रजी राजारानीको उठाइकै पुनि बोलतेभये हे राजन् जो तुम्हारे अभिलाप होइ सो बर मांगहु कौनिहु बातकी चिन्ता मोको महादानी जानिकै नहीं मानों मैं सब देबे योग्यहौं तहां एक दानी अरु एक महादानी दानी कही जो कोई अर्थ धर्म काममांगै मो देइ तहां ऐसे दानी ब्रह्मादिक देवता भी हैं अरु चारिहू फलके दानी श्रीविष्णुभगवान्भी हैं अरु महादानी चारिहू फल अरु योग वैराग्य ज्ञान विज्ञान नवधा प्रेमापरा भक्ति अरु आपु समेत सब एकही बारदेइ अरु जो उसके मांगिबेकी गम्यनहीं है सो भी देइ अरु जो कदाचित् वह कछु बिकारलिहे मांगै तो बिकार उ-

**करुणापुंजा १७ दोहा॥ बोलेकृपानिधानपुनि अतिप्रसन्नमोहिंजानि मांगहुबरजोभावमन महादानिअनुमानि १८ चौ० ॥ सुनि प्रभुवचनजोरियुगपाणी धरिधीरजबोलेमृदुबाणी १९ नाथदेखिपदकमलतुम्हारे अबपूजेसबकामहमारे २० एकलालसाबड़ि मनमाहीं सुगमअगमकहिजातसोनाहीं २१ तुमहिंदेतअतिसुगमगोसाईं अगमलागमोहिंनिजकृपणाई २२ यथादरिद्रबिबुध**

लटिकै दिब्यफलदेइ ताको महादानीकही ऐसे श्रीरामचन्द्रही हैं ( १८ ) हे पार्वती श्रीरामचन्द्रजूके अति आनन्दमय बचन सुनिकै राजाद्यौकरजोरिकै अतिशय धीरजधरिकै अति मृदुलबाणी बोलतेभये बड़ेनकेआगे अति सँभारिकै बोलना चाहिये यह मर्याद है ( १९ ) राजा बोलतेभये हे नाथ तुम्हारे पदकमल देखिकै अब हमारी सब कामना पूर्णभई ( २० ) हे करुणा निधान एक लालसा मोरे मनविषे बड़ी ह्वैरहीहै पर अति सुगम है अरु अति अगम भी है ( २१ ) हे गुसाईं तुमको देतसंते अति सुगमहै अरु मोको अपनी कृपणाई समुझिकै अगमलगै है काहेते जो कोई जैसो दानदेइ जैसो सुकृतकरै तैसोही उत्तम फलको प्राप्तिहोय अरु मैंने न तौ कछु दानदियो अरु न तौ कछु सुकृतकियो मैं सब प्रकारते दीनहौं पुनि कृपण कही कार्पण्य शरणागतको तहां भगवत् प्राप्तिहेतु जेते साधन वेदशास्त्र पुराण इत्यादिक कहते हैं कर्म योगज्ञान भक्ति इत्यादिक मनवचन कर्म्मसे निरन्तर सब करै पर यह मनमें स्वप्नेहु नहींआवै कि मैं कछु करतहौं यहकहै कि हेप्रभु मोंसोंकछु नहींबनै मैं सबते नीचहौं ताते राजा ने आपुको कृपानिधि कहा अरु प्रथम गोसाईंने कहा है गोइन्द्री गोपृथ्वी अरु यह ब्रह्माण्ड मण्डलको कामधेनु गऊस्वरूप आगमसार ग्रन्थबिषे बिस्तार संयुक्त कहेहैं तहां मैं कछुक कहतहौं सम्पूर्ण ब्रह्माण्डकोश नभ जो है सो ताको उदर है पवन श्वास है अग्नि पित्त है जल श्रोणित है पृथ्वीमांस है बनस्पति रोमहैं पर्बत अस्थि हैं सातौं समुद्रकुक्षिहै सम्पूर्ण नदीनस हैं सातहू पाताल जाकी अन्त्रावली हैं अरु सातहू ऊर्द्धलोक सातहू चक्र हैं मूलाधार स्वाधिष्ठान आधार अनाहत बिशुद्ध आज्ञाब्रह्म चक्र ७ सुमेरु मेरुदण्ड है चारिहूदिशा चारिहू पग हैं चारिहू युगस्तन हैं चारिहू फलदुग्ध है जीवबत्स है धर्म्मराजपुरी गुदहै यमदन्त हैं ब्रह्मायोनि है सुरवीथी पूंछहै मेघपुच्छके बारहैं इन्द्रलोक गलकंवल है शशिसूर्यनेत्र हैं रातिदिन पलक हैं नक्षत्र अलंकार है शुभाशुभकर्म्म आहार है पापपुण्य शृंगहैं उदयास्ताचल कान हैं रुद्रजाको क्रोध है सो गऊ ऊर्द्धमुख है महाविष्णुको लोक मस्तक है महाशम्भुको लोकत्रिकुटी है बासुदेवको लोक नासिका है चारिहूवेद जाकीहुंकार हैं गोलो

**तरुपाई बहुसम्पतिमांगतसकुचाई २३ तासुप्रभावनजानतसोई तथाहृदयममसंशयहोई २४ सोतुमजानहुंअन्तरयामी पुरवहुमोर**

कोर्द्धमुख है अपरदिशा दिग्पाल अपर अंगहैं अन्तर्यामी ताकोजीव है ऐसो ब्रह्माण्डरूप गोतेहिके सांई श्रीरामचन्द्रहैं ताते गोसांई कहा सब देवे योग्य हैं ( २२ ) हेनाथ मैं दीनहौं आपुसे बरमांगतसंते मोको संदेहहोतहै कैसे जैसे कोई दरिद्री कल्पतरुको पाइकै बहुत सम्पति मांगत संते अति संकोच पावत है तथापि देवतरु सर्बदेवे योग्य है पर वह अपनी दरिद्रता अरु बहुत सम्पति समुझिकै मांगत भयपावतहै यह समुझिकै कि मैं इतनेको पात्रनहींहौं पाऊं किधौं न पाऊं ( २३ ) हेनाथ वह दीनजो है सो कल्पतरुके प्रभावको नहीं जानै है ताते बहुसम्पति मांगतसंते संकोच पावतहै तैसेही हे कृपालु मोरे हृदयबिषे संशयहोतीहै ( २४ ) हे करुणा निधान आपतौ परात्पर ब्रह्ममूर्त्तिहौ आपुही सर्वजीवनके नियन्ता निर्गुण सर्ब ब्यापक परिपूर्ण सर्बान्तर्यामीहौ ऐसे तुमपर स्वरूपपरमात्मा प्रभुका नहीं जानतहौ सर्ब जानतहौ ताते हे भक्तबत्सल भक्तबश कृपालु जो मेरे मनको मनोर्थहै सो आपु पूर्णकरहु हेस्वामी यहांस्वामी क्यों कहा जाते श्रीरामचन्द्रजी परब्रह्मसच्चिदानन्द घनमूर्त्ति अखण्ड एकरस अरु श्रीसीताजू परमानन्द एकरस अखण्डमूर्त्ति परात्परतर ऐसोयुगुलस्वरूप कोटिन कामरतिकी शोभाको हरे हैं जिनको देखिकै शृंगारहूकी मूर्त्ति मोहिजाय सो अनूप युगुल स्वरूप राजामनु देखते भये प्रत्यक्ष लोचन गोचर तहां देखिकै बुद्धि बिषे यह जानिकै निश्चय भई कि यही युगुल स्वरूप श्रीमहादेव अरु कागभुशुण्डि के हृदय बिषे अखण्ड बसत है अरु पुत्रन सहित ब्रह्मा अरु शुकादिक

परमहन्स लोमशादिक योगेश्वर अरु महान् महान् मुनीश्वर अरु चारिहू वेद सिद्धांतबिषे इनहीं को ध्यावते हैं यह साक्षात् बुद्धि बिषे परमानन्दको प्राप्ति होइकै अरु जानिकै अखण्ड निश्चयभई ताते स्वामी कहा तहांस्वामीपद जो है सो सब महत् शब्दनते श्रेष्ठ है ( २५ ) श्रीरामचन्द्रजी बोले हे राजन सकुचि विहाइकै जो मनमानै सो मांगु यह धुनिहै कि हेराजनमोहींको मांगु मोरे तोको कछु अदेय नहीं है मैं सब देवेयोग्यहौं ( २६ ) दोहार्थ ॥ तब सत्यसंकल्प प्रभुको जानिकै राजा सत्यबचन बाले हे दानि शिरोमणि तहां जेते बरदायक ब्रह्माविष्णु शिवादिकहैं तिनमें तुम

मनोरथस्वामी २५ सकुचबिहाइमांगुनृपमोहीं मोरेनहिंअदेयकछुतोहीं २६ दो०॥ दानिशिरोमणिकृपानिधि नाथकहौंसतिभाव चाहौंतुमहिंसमानसुत प्रभुसनकवनदुराव २७ चौ०॥ देखिप्रीतिसुनिवचनअमोले एवमस्तुकरुणानिधिबोले २८ आपुसरिसकहं खोजौंजाई नृपतबनयहोबमैंआई २९ शतरूपहिबिलोकिकरजोरे देविमांगुवरजोरुचितोरे ३० जोवरनाथचतुरनृपमांगा सो

शिरोमणिकही सर्वोपरि दानी हौ आपुकृपाके समुद्र हौ ताते आपुतेकवन दुराउकरौं हे त्रैलोक्यनाथ आपुते सतिभाव कहतहौं तुम्हारी समान पुत्रचाहत हौं देखिये तौ ज्ञानमुक्ति भक्ति एकहू नहींमांग्यो है अरुबुद्धि इहांताई है कि चारिभुज चारिमुख पंचमुख तिनतें बरदान नहीं लीन अरु द्विभुज परब्रह्म बिषे बिशेष प्रतीति करिकै पुत्रही बरमांग्यौ यह बात्सल्यरस है यामें सब है अरु महाराजा हैं ताते ब्रह्माण्डभरे को पुत्रबरमांगिकै कल्याण कीनहै ( २७ ) तहां राजाकै अतिप्रीति आपु बिषे देखिकै काहेते सर्वत्यागिकै बात्सल्यरस में लीनहै अरु अमोल बचन सुनिकै अमोलकही निष्काम केवल परमार्थमय बचन सुनिकैकरुणानिधि एवमस्तु बोले इहां करुणारसमय वचन बोले काहेते राजा के वचनविषे सर्वजीवनकी दीनता सूचितभई है ( २८ ) प्रभु कहते हैं किहे राजन् आपुसरिस कहां खोजैजाउँ इहां अनन्वयालंकारहै श्रीरामसमँ श्रीरामही हैं हे नृप तुम्हारतनय हमहींहोब आइकै ( २९ ) राजामनुको बरदैकै रानीशतरूपाजी को करजोरे प्रभु देखतेभये किन्तु करजोरे रानी श्रीरामचन्द्र अरु श्रीजानकीजीको अतिआनन्दते बिलोकती हैं प्रभुबोलहे देवि जो तुम्हारे रुचिहोइ सो बर तुमहूं मांगहु ( ३० ) तब रानीजीअति ऐश्वर्य वात्सल्यरस बोरी वाणी बोलती हैं हे अनेकब्रह्माण्ड के नाथजो चतुर राजाने बरमांग्यो सो मोहूको अतिप्रिय लाग्यो है ( ३१ ) हेप्रभु परन्तु यहिअवसर बर मांगतसन्ते वड़ी ढिठाई होती है काहेते सिद्धांतविषे तौ जो राजाको आपु बरदीन सोईहै तथापि आपुकीआज्ञा परमानन्दमयहै किसूकै टारिबेयोग्य नहीं है अरु तुम भक्तवत्सलहौ भक्तहितवाणी आपुको बहुतप्रिय लगतीहै तहां बड़ेनकै यहरीतिहीहै अरु आपु तौ सबतेबड़ेहौ ब्रह्मादिक जे ईश्वर कोटी में हैं तिनहूंके तुम उत्पन्नकर्त्तापरमेश्वरहौ सबजगत् के स्वामी तुमहींहौ अरु ब्रह्म सर्वान्तर्यामीहौ अरु

कृपालुमोहिंअतिप्रियलागा ३१ प्रभुपरन्तुसुठिहोतिढिठाई यदपिभक्तहिततुम्हहिंसुहाई ३२ तुमब्रह्मादिजनकजगस्वामी ब्रह्मसकलउरअन्तरजामी ३३ अससमुझतमनसंशयहोई कहाजोप्रभुप्रमाणपुनिसोई ३४ जेनिजभक्तनाथतवअहहीं जोसुखपावहिं जोगतिलहहीं ३५ दो०॥ सोइ सुख सोइगतिसोइभगति सोइनिजचरणसनेहु सोइविवेकसोइरहरिनप्रभु हमहिंकृपाकरिदेहु ३६ चौ०॥ सुनिमृदुगूढ़भक्तियुतरचना कृपासिन्धुबोलेमृदुबचना ३७ जोकछुरुचितुम्हरेमनमाहीं मैं सोदीनसबसंशय नाहीं ३८

सर्व कारण कार्य रूप तुम्हारीही बिभूति है ( ३२ ) तहां हे कृपासिन्धु उदार तुम अनेकब्रह्मांडके स्वामी सर्वान्तर्यामी ब्रह्मादिकनके जनकहौ अस तुमको समुझितहै तब महासंशय होतहै कि ऐसे जे प्रभु परात्परतर परब्रह्म जीव ईश्वरके मातापिता अरु तिनकेमातापिता हमहोवेकी चाहना करते हैं यहि ढिठाईमें सन्देह अतिहोतहै तहां आपु

सबकेहृदयको भावअरु प्रीतिजानतहौ अरु कृपाकरुणा दया इत्यादिककेसमुद्रहौ ताते जो आपनेकहा कि तूहूंबरमांगु सोमैंप्रमाणकीन सबकेप्रभुकोआपनप्रभुजानिकै बरमांगतिहौं ( ३३ ) महारानीशतरूपाजी बोलतीभई हेनाथ जे तुम्हारे निजभक्तहैं जे केवलतुम्हारीशरणहैं मृत्युलोक स्वर्गलोक मोक्षलोक तीनिहूंकी प्राप्तिकेउपायसेशून्य केवलप्रपन्न ऐसेजे तुम्हारे निजभक्तहैंतेजौने सुख अरु जौनीगतिकोप्राप्तहैं ( ३४ ) हेनाथतुम्हारेनिजभक्तजेहिसुखकोजेहिगतिको प्राप्तिहोतेहैं ( ३५ ) दोहार्थ॥ तुम्हारेनिजभक्तनकोजोसुख जोगति जो भक्ति जो तुम्हारे चरणारविन्दबिषे सहजस्नेहहोइ सोईविवेक सोईरहनिकहीरहस्य जो विशेषसन्तनके जो सहजानन्दलक्षण जो पाछे दुइचारि जगह कहिआये हैं सोई परम दिव्य गुण जो तुम्हारे सन्तन के सोहमहि कृपा करिकै देहु ( ३६ ) रानी के वचन मृदुगूढ़ भक्तिकी रचना जा बाणीबिषे अनेक दिव्यरस अनेक भावभक्ति अनेक सुखकी रचना अरुभूत भविष्य वर्त्तमान तीनिहूंकालबिषे निर्दोष सो बाणीसुनिकै कृपासिंधु बिहँसिकै मृदुवचनबोले यहां कृपासिन्धुकहा तहां कृपाके समुद्रकी बिषेराजा रानी सदारहैंगे ( ३७ ) कृपासिन्धु बोले जो कछु तुम्हारेमनमें रुचि होइ सो हम तुमको सबदीन यहिमें संशयनहींहै ( ३८ ) प्रथमहिं माता कहा यह कृपाकीन हे मातु अलौकिक बिवेक तोरेहृदयसे मेरेअनुग्रहते नहीं टरैगो ( ३९ ) पुनिराजामनु चरणारबिन्दबन्दिकै बोलतेभये हे प्रभुमोरि अवरिएक बिनतीहै ( ४० ) तुम्हारे चरणकमल अरु स्वरूप बिषे असि मोरिरतिहोइ जैसे पुत्रविषय अति स्नेहते होतिहै बरु मोको बड़ोमूढ़ संसारकहै कि राजाके गृहबिषे परमात्मा अवतीर्णभये हैं राजाने के-

**मातुविवेकअलौकिकतोरे कवहुंनमिटिहिअनुग्रहमोरे ३९ बन्दिचरणमनुकह्योबहोरी अवरिएकविनतीप्रभुमोरी ४० सुत विषयकतवपदरतिहोऊ म्वहिंबरुमूढ़कहैकिनकोऊ ४१ मणिबिनुफणिजिमिजलबिनमीना ममजीवनतिमितुम्हैंअधीना ४२ असबरमांगिचरणगहिरहेऊ एवमस्तुकरुणानिधिकहेऊ ४३ अबतुममम‌अनुशासनमानी बसहुजायसुरपतिरजधानी ४४**

वल पुत्रहीभावमान्योहै यहनिन्दा मोकोअंगीकारहै यहिबातमें यहआशय है कि परमेश्वर बिषे कोई यत्नतेलगै अरु तेहिलागि में लोकनिन्दित देखिपरै तहां लोकबिड़ंबना त्यागिकै रामबिषेलगै यहवेदकहतेहैं ( ४१ ) हेप्रभुतुमरेबिषे मोरअस मनलगै जैसे मीनजल अरु सर्पमणिके बिछुरत संते प्राणको त्यागिदेइहैं तैसेतुम्हारेबिछुरत हमारेप्राणछूटिजाहिं यहबरदेहु तहां जोकहोकि राजाने यहबर तौ मांग्योहै अरुजब विश्वामित्र श्री रघुनाथजीको अपनीयज्ञ अरुजनकपुर हेतु लैगयेहैं तबबिक्षेप भयोहै पुनि तबतौ शरीर नहीं छूटो अरुजबदक्षिण आरण्यको श्रीरामने गमन कीन तेहि बिक्षेपबिषे शरीरछोड़िदियो यहसन्देहहै उत्तर तहां विश्वामित्रको विक्षेप सुखपूर्वकहै अरुदूसरा बिक्षेप दुःखपूर्वकहै ( ४२ ) तहां राजा ऐसो बरमांगिकै श्रीरामचन्द्रजीके चरणगहिरहेहैं कियहबर विशेष पाऊंतबमुसुकायकै एवमस्तु करुणानिधिने कहेउ ( ४३ ) तबश्रीरामचन्द्र बोले हेराजन् अबतुमहमारी आज्ञामानिकै इन्द्रपुरमें बासकरहुजाय ( ४४ ) सोरठार्थ। हेताततेहि इन्द्रलोकबिषे कछुककाल भोगबिलासकरिकै पुनि तुमअवधके राजाहोहुगे तबहम तुम्हारे पुत्र होहिंगे तहां ब्रह्माके एकदिनको एककल्पकही सोहजारचौकरीको एकदिन अरुहजार चौकरीकीराति सो एककल्प तहां एककल्पबिषे चौदहमन्वन्तरहोतेहैं मन्वन्तरप्रति इन्द्रहोतेहैं तहां राजामनुने तपकियोहै प्रथमकल्प प्रथममन्वन्तर प्रथमयुग के चौथेचरणबिषे पुनि जबइन्द्रपुरमें रहेजाय आगेनहीं जानाजाय किधौं कवनेकल्प अरु मन्वन्तरबिषे कवने त्रेताके चौथेचरणविषे श्रीअवध केराजा श्री दशरथमहाराजभये हैं तहां श्रीरामचन्द्रजी ने राजा को इन्द्रपुरी की आज्ञाक्यों दियो है तुरन्त अवध की आज्ञा देते यहां वेदकी मर्य्याद राखीहै तपकोफल इन्द्रपुरबिषे बहुतकाल भोगकरिलेहिं तब हम पुत्रहोहिंगे तबैते राजासे इन्द्रकी मित्रताहै तहां जोतपसंयुक्त भजनकरतेहैं सो स्वर्गभोग करिकै श्रीरामचन्द्रके समीप प्राप्तहोतेहैं अरु जोकेवल अनन्यभजन करतेहैं तेस्वर्गको नहींजाते परमपदहीको जातेहैं यहतौ हमने

**सो० तहंकरिभोगबिशाल तातगयेकछुकालपुनि होइहहुअवधभुवालतबहमहोबतुम्हारसुत ४५ इच्छामयनरदेहसंवारे होइहौं प्रकटनिकेततुम्हारे ४६ अंशनसहितदेहधरिताता क़रिहौंचरितभक्तसुखदाता ४७ जेहिसुनिसादरनरबड़भागी भवतरिहैंममता**

सुकृतीजीवनको कहाहै अरु राजाश्रीदशरथमहाराजजी श्रीरामचन्द्रजी के नित्यनिकटहैं श्रीरामचन्द्रजी नित्य इनहींके अवतीर्णहैं ( ४५ ) हे राजन् अपनीइच्छासे नरदेहसँवारिकही रचिकै तुम्हारेगृहबिषे प्रकटहोइ हौंनरदेहसंवारी यहकहा नररूपतौ अबै हहिंद्विभुज धनुषबाणलिहे किरीट कुण्डलइत्यादिक अलंकार किहेहैं तहां अब नरदेहसंवारिबेकोकाहे अरु यहीस्वरूप षड्विकाररहित अखंड एकरस है ॥ अध्यात्मेपरशुराम वाक्यं श्लोकार्द्ध ॥ विकाररहितंराम त्वद्रूपंचिन्मयंसदा पुनःसत्यात्सत्यपरंसत्यं चैतन्याच्चैतन्यपरं चैतन्यं आनन्दानन्दपरंआनन्दं नित्यान्नित्यपरंनित्यंद्विभुजंधनुर्द्धरं इति श्रुतेः तहां नरदेहसँवारबकही नरदेहबिषे अवस्थाहोतजातीहैं तैसे राजन् तुम्हारे निकेतबिषे प्रकट होइकै बालपौगंड कौमारअवस्थाकी लीला मैंभीकरौंगो पुनि नित्यकिशोरलीला अपनी इच्छासे मैं जोचाहौंगो सोकरौंगो ( ४६ ) हेतात अंशन सहित देह धरिकै तुम्हारे गृहबिषे अवतीर्ण होउंगो भक्तनको सुखदाता चरितकरौंगो जोकही कि भरत लक्ष्मण शत्रुहन ये श्रीरामचन्द्रके अंशहैं देहधरेउहै तौ ये तीनिहूं स्वरूप नित्यविग्रह अखण्ड एकरस श्रीरामचन्द्रके निकटरहते हैं सो पाछे यहि चौपाईके अर्थमेंकहे हैं चौपाई शेष सहस्त्र शीश जगकारण तहां देहधरब कैसे सम्भवै तहां एक महत्अंशहै अरु एक विभूतिअंश है जैसे सरयू गंगाकी प्रवाह धाराते कोई दुइचारि श्रोतफटिकै तेहिते पृथक् चलीं पर धाराबिषे श्रोतलग्यो है सो महत्अंशकही वह सरयूगंगाको स्वरूपहीहै अरु जो धाराते कोई किसी पात्रविषे जलभरिलैगयो ताको बिभूतिअंश कही तैसे श्रीरामचन्द्र परब्रह्म तिनको महत्अंश जे ईश्वरकोटीहैं अरु भरत शत्रुहन इत्यादिक जो षोड़शौपार्षद कहेहैं अरु हनुमानादिक ये सब महत्अंश श्रीरामस्वरूपही हैं अरु देव दानव मनुष्यादिक चराचरजीव बिभूतिअंशहैं ताते प्रभुनेकहा कि अंशन सहित देहधरि तहां यह अर्त्थ है कि ये जो मेरे महत्अंश हैं मेरी देहधरे हैं कि भरत सौमित्रशत्रुहन हनुमदादि सर्ब पार्ष्यद क्षत्र चमर ब्यजन सिंहासन सम्पूर्ण त्रिपाद परमदिब्य बिभूति ये सब मेरिही देहधरे हैं तिनसंयुक्त अवर्तीर्ण होउंगो इहां उहां परिपूर्ण करिदेउंगो ( ४७ ) जो लीला मैं करिहौं सो वड़-

**मदत्यागी ४८ आदिशक्तिजेहिजगउपजाया सोअवतरिहिमोरियहमाया ४९ पुरउबमैंअभिलाषतुम्हारा सत्यसत्यप्रणसत्यहमारा ५० पुनिपुनिअसकहिकृपानिधानाअन्तरध्यानभयेभगवाना ५१ दम्पतिउरधरिभक्तिकृपाला तेहिआश्रमहिबसेकछुकाला ५२**

भागी नर गाइकै सुनिकै समुझिकै ममता मद आपुही त्यागिकै भवसागरको तरिजाहिंगे ( ४८ ) यहि चौपाईको अर्थ सोई जानब जो पाछे यहि चौपाईको अर्थभयो है चौपाई. आदिशक्तिछबिनिधिजगमूला यहां खण्डान्वयते अर्थहै उपजाया जेहि आद्याशक्तिको जेहिते जगत्की उत्पत्ति है जिसने आद्याशक्तिको उपजायाहै वह मोरिमायाहै मायाकही दयामेरी दयाकीमूर्त्ति श्रीसीताजू हैं तिनकी कृपाबिना मैं जीवनको अंगीकारनहींकरौंहौं यह सत्य जानब सोई अवतीर्ण होहिगी अथवा श्रीजानकीजीको नहीं कहतेहैं आदिशक्ति जो जगत्की कारणहै ऐसी जो मेरी माया है तेहि संयुक्त परम दिब्यलीला करौंगो काहेते तेहिको अध्यारोपण करिकै सबके जानिबेको नरइवलीला करौंगो पर मेरी लीला ब्रह्ममयहै ( ४९ ) हे राजन् तुम्हारी अभिलाषा मैं सब पूर्णकरिहौं तहां मेरोप्रण सत्यसत्यसत्य है तीनिबार सत्य क्योंकहा श्रीरामचन्द्रकी तौ एक सत्य संकल्प है बाल्मीकीये श्लोकैक चरणं रामोद्विर्नाभिभाषते तहां यह कहा है हेतात मेरोप्रण सत्यात्सत्य तरसत्य जहां तक सामान्य विशेष सत्य है तहां मेरीसत्य सर्बोपरिहै ( ५० ) पुनःपुनः कही बारम्बार ऐसेही कहिकैकृपा के निधानकही स्थान तेअन्तर्ध्यान होइगये ( ५१ ) तब दम्पतिकही राजारानीजे हैं तिनके कृपालु जो श्रीरामचन्द्र तिनकीभक्ति अपनेहृदयविषे धरिकै तेहि आश्रम विषे कछुककाल बासकीन ( ५२ ) आगे श्री रामाज्ञा समयानुकूल पाइकै अनायासही जैसे गजके कण्ठसे सुमनकी माल छूटिपरै तैसेही तनको तजिकै इन्द्रके पुरमें बासकीनजाइ तन तजि कहा जैसे शुद्धलोह धातुने पारसको स्पर्शकियो तब लोहाने सब निजधर्म तजिदियो है धातु सुवर्ण भयोहै दृष्टांतको एकदेश लिया है तहां राजारानी तौ जब भजन करने लगे तबही परमदिब्य भये हैं तब राजारानी अपनी भक्ति योगबलते स्वेच्छित तनदिब्य देवरूप इन्द्रपुर में बसेजाइ इन्द्रने अतिआदर संयुक्तलैकै अर्द्धसिंहासन आसन दीन आपुको धन्यमानते भयेहैं ( ५३ ) ॥ दोहार्थ॥ हे भरद्वाज यह इतिहासिक सम्बाद महादेवने पार्बतीजीसे कहाहै सो अति पुनीतहै एकपुनीत जो कर्म्मकाण्ड ज्ञानकाण्ड उपासनाकाण्ड त्रयकाण्ड मिश्रित ग्रन्थमें

समयपायतनतजिअनयासा जायकीन्हअमरावतिबासा ५३ दो०॥ यहइतिहासपुनीतअति उमहिंकह्योवृषकेतु भरद्वाजसुनु अपरअबरामजन्मकरहेतु ५४॥ * * * * * * * * *

## मुनिमनरंजनगंजनबिपतिबरूथा मनवचक्रमबानीछांड़िसयानीशरणसकलसुरयूथा १४ शारदश्रुतिशेषाऋषयअशेषाजाकहँकोउनहिंजाना जेहिंदीनपियारेवेदपुकारेद्रवौसोश्रीभगवाना भववारिधिमन्दरसबबिधिसुन्दरगुणमन्दिरसुखपुंजा मुनिसिद्धसकलसुर परमभयातुरनमतनाथपदकंजा १५ दो० जानिसभयसुरभूमिसुनिबचनसमेतसनेह गगनगिरागम्भीरभइहरणिशोकसन्देह १६ चौ०

ब्रह्माकहते हैं हे प्रभु तुमसम्पूर्णपापके हरैयाहो हमारेदुःखको चिंतवनआपकरिये तुम्हारी पूजाभक्ति एकौनहींजानते जो प्रभु सबभय भंजन हैं अरु मुनिनकेमनको रञ्जनकही आनन्ददाता हैं अरु सम्पूर्ण विपत्तिनाशकरत हैं सो प्रभु हमारी रक्षाकरैं हे प्रभुहम जो देवता हैं सो मनक्रमवचनते सबसयानीछोड़िकै तुम्हारीही शरण हैं सयानीकही हमारीचतुराई और बल राक्षसनतेनहींचलै इससे हमसब तुम्हारीही शरण हैं ( १४ ) शारद श्रुतिशेषा ऋषयअशेषा कही सम्पूर्ण सिद्धदेवता कवीश्वर जेहिप्रभुको कोई नहींजानिसकै हे प्रभु दीनजन तुमको बहुतप्रियहैं वेदकहते हैं अरु हमसब देवतादीनहैं ताते हे श्रीभगवान् तुमद्रवहु भगवान् शब्दकोअर्थ पूर्व्व कहिआये हैं हे प्रभुतुमकैसेहो भव जो संसार सो समुद्र है किंतु तुम्हारनाम मन्दराचलपर्व्वत है ताकोमथिकै अमृतस्वरूप जो उत्तमगुण सोकाढ़ि कै देवतारूपतुम्हारेसन्ततिनकोबांटिदेतेहौ ऐसेतुमदयालुहौ अतिसुन्दर दिव्यगुणके मन्दिर सुखकेपुंजहौ हेप्रभु मुनिसिद्ध सकलदेवताभयकरिकै आतुरविकल हैं ते तुम्हारे पदकञ्जविषे नमत हैं ( १५ ) दोहार्थ सम्पूर्ण देवता सिद्धमुनि इत्यादिक सबको भयसंयुक्तजानिकै अरु तिनकेवचन अतिआरत प्रेमसंयुक्त सुनिकै परमात्माकी आकाशबिषे अति गम्भीर शोकसन्देह हरनहारी बाणी होतभई ( १६ ) हे देवमुनिसिद्ध तुम जनिडरपहु तुम्हारेहेतु मैं नरवेष धारणकरौंगो नरवेषकही सबके देखिबे को मनुष्यइव जैसे कोईराजाको अलङ्कारलीला तैसे धारण करैंगे अरुश्रीरामदासनके देखिबेमे कैसोहैउहै अलङ्कारलीला स्वरूप परब्रह्ममय है ( १७ ) अंशनसहित मनुजकही मनुष्यावतार लेउंगो इस अर्त्थ बिषेदुइविरोध होतहैं एकउपासनाबिरोध दूसरशास्त्रविरोध काहेते यहिमें यह आशय आई कि पूर्व्वहीएक आपुहीकछु और स्वरूपरहे अब देवतनमुनिनसनकहत हैं अपने अंशनसंयुक्त मनुष्य अवतार मनुष्यरूप में श्री रामभरत लक्ष्मणशत्रुहन होउंगो यहिअर्थमें दुइविरोधभये काहेते श्रीरामचन्द्रजी भरत लक्ष्मण शत्रुहनचारिउस्वरूपकिशोरमूर्ति द्विभुज किरीट कुण्डल बनमाल पीताम्बर धनुर्वाणइत्यादिक अलङ्कारसंयुक्त नित्यअखण्डएकरस सर्वोपरिप्रकृतिकेपरे परधाम ऐसोस्वरूप विराजमानसोस्वरूप

## जनिडरपहुमुनिसिद्धसुरेशा तुम्हहिंलागिधरिहौंनरवेशा १७ अंशनसहितमनुजअवतारा लेइहौंदिनकरबंशउदारा १८ कश्यप

श्रीतुलसीदासजी ने राजामनु के दर्शनविषेकहा है ताते यह चौपाई अर्थ सन्धिसंकेतसंयुक्तकहीहै अंशनसहित अनुजसहित तहां तकारकेआगे जो मकार है ताको अनुस्वारहोत है अरु मकार की अकार लैकैअनुजपदहोत हे ताते अंश सर्व्वसखादासजानिये अरु अनुजतीनोंस्वरूप अरु तिनअंशन सखादासइनसबकेसहित सूर्य्यबंशविषे अवतीर्णहोउंगो सूर्य्यबंशकैसो है अतिउदारउदारकहीसर्व्वोपरिवंश सर्व्वसदानी सर्व्वकोप्रकाशकर्त्तासर्व दुःखहर्त्ता ताहीबंशमेंअवतीर्णहोउंगो ( १८ ) नभबिषे ब्रह्मवाणी यहहोतभई हेदेवतहुकश्यप अदितिने महातपकीन्ह है तिनकोमैंने पूर्व्वहीवरदीन्ह है वे ही श्रीअयोध्याविषे श्रीदशरथकौशल्याभये हैं जो कोई कहै कि तीनिकल्पबिषे बिष्णुभगवान् बैकुण्ठतेरामावतार गोसाईंने वर्ण्यो है तहां कश्यप अदिति दशरथ कौशल्याभये हैं अरु यहिकल्पबिषे परब्रह्म परमेश्वरहीका अवतार साक्षात् होइगो अरु स्वायम्भूमनु रानीशतरूपाने तपकीन्हहैते दशरथ कौशल्या श्रीअवध में भये हैं अरु ब्रह्मबाणी तो सत्यसंकल्प है तहां यह ब्रह्मबाणीकाकहै है यह सन्देह है यहतुम सत्यकह्यो तहां ब्रह्म बाणीबिषेतात्पर्य और है कौनतात्पर्य है भारतसंयुक्त जीवनबिषे जो वासनाहोति है सो कर्म्मानुसार तेहिकोफल दाताईश्वर है तहां देवतनकैवासनायह है कि हे प्रभु पृथ्वीको भारउतारहु जामें हम सुखीहोहिं तहांपालनशक्ति बिष्णुभगवान्की है अरु बिष्णुभगवान् बहुधा कश्यपही के अवतारलेते हैं ताते देवतनके प्रयोजनमात्रहेतु बिष्णुरूपबाणी होतभईकाहेते कि

बिष्णुभगवान् जो हैं सो परब्रह्म के महत्अंश हैं तहां अंशअंशीएकही हैं जैसेगङ्गाकीबड़ी धाराहै अरु गङ्गाकाकोईस्रोत है बड़ीधारामेंमिली है सो बड़ीधाराकोमहत्अंश है सोदूनोंएकही तत्त्व हैं तहां स्रोत ईश्वरतत्त्वकही अरु बड़ीधारा परब्रह्म तत्त्वकही तहांदूनों एकहीहैं सर्वज्ञ हैं अरु जो घटबिषे गङ्गाजल भरिजात है सो जीवतत्त्व अल्पज्ञहै तहांपरब्रह्म परमेश्वर जो श्रीरामचन्द्र सो श्री बिष्णु भगवान् को अपनो स्वरूपअभेदमानिकै बिष्णुरूपबाणी बोलतेभये अरु तीनअवतारविषे विष्णुभगवान्ने पूर्वही कश्यपको बरदीन है ताते ब्रह्मबाणी सत्यकहैहै यहिचौपाई को यह अभिप्राय है जो कहिआये हैं कश्यप अदितिमहातपकीन्हातिनकहँमैंपूरुबरदीन्हा पुनियहि चौपाई को दूसर अभिप्राय है (प्रमाणंश्लोकैकचरणम्) रामोद्विर्नाभिभाषते जाको श्रीरामचन्द्र ने एकबार देख्यो किन्तु श्रीरामचन्द्र को प्रत्यक्ष अथवा ध्यानबिषेदेख्यो अरु जो कोई श्रीरामशरण एकहूबारभयो अरु श्रीरामचन्द्रने जो बचन कहा अरु काहूको कछुदीन फिरनहीं दूसरीबात सो अचल है तहां श्रीविष्णुको विष्णुपदवी बिधिको बिधिपदवी शिवकोशिवपदवी श्रीरामचन्द्र दीनहै सो तुलसीदासने विनय पत्रिका में कहा है हरिगीतिका छन्द॥ हरिहिहरिता बिधिहिबिधिता शिवहिशिवता जिनदई। सोइजानकीपतिमधुरमूरतिमोदमय मङ्गलमई॥ देखिये तौ श्रीरामचन्द्रजी ऐसे मर्यादापुरुषोत्तम हैं तहां बिष्णुको पालनशक्तिदीन है अरुदेवतनकेहेतु राक्षसन को बध अरु पृथ्वीके पालन को प्रयोजन आइपरेउ है ताते बिस्मयरूप होइकै आकाशबिषे परब्रह्मबाणी होतभई काहेते कि सबकोई जानै कि बैकुण्ठते श्रीबिष्णु भगवान्ने श्रीअयोध्याबिषे राजा दशरथ महाराज के भवनबिषे श्रीरामावतारलीनहै अरु जब श्रीदशरथमहाराजके अवतीर्णहोइकै परमदिव्यहोइकै लीलाकरहिंगे तब भृगुलताभी धारणकरैंगे अरु जब राजामनु की अभिलाषा परात्परतम पुरुष के स्वरूपकीभई तब सोई पुरुष प्राप्तभयो तब भृगुलता गोसाईं ने नहींबर्ण्यो अरु जब दशरथमहाराजके अवतीर्णलीलाबिषे भृगुलता कहेहैं अरु बैकुण्ठ बिषे श्रीबिष्णु स्वरूप में बक्षस्स्थल बिषेभृगुमुनि चरणस्पर्श कीन है अरु परबिभूति परपुरुष को यहि तनुमें किसूकी प्राप्तिनहीं है शुकसनकादि नारदादिकन की यहितनुमें प्राप्तिनहीं है ताते परब्रह्मबाणी विष्णु स्वरूपहोइकै कश्यपको दशरथ अदितिको कौशल्या सोयेहू अवतारबिषेकहाहै परम्परा देवतनको जनावते हैं काहेते कि पूर्वभूत तीनिहूँ कल्पमें श्रीअयोध्याबिषे कश्यप अदिति श्रीदशरथ कौशल्याभयेहैं चौथेकल्पबिषे राजामनु रानीशतरूपा श्रीदशरथ कौशल्याभये हैं तहांब्रह्मबाणीने कश्यप अदितिको श्रीदशरथ कौशल्या भूतबिषे कहा है अरु राजामनु शतरूपाको दशरथ कौशल्या बर्त्तमानबिषे कहा है अरु अपनोस्वरूप जोपरात्पर है तेहिको अवतीर्ण श्रीअयोध्याबिषे श्रीदशरथ कौशल्याको भविष्यबाणी कहे हैं अरु इहां तटस्थ लक्षणाबाणीबिषे अर्थ है (गङ्गायांघोषः) तहां गङ्गाकीधाराबिषे घोषनहीं है परन्तु तटपर है किंतु कश्यप अदिति गङ्गाकी धारास्थाने अरु मनुशतरूपा तटस्थाने अरु ब्रह्मबाणी अपनेअवतीर्णकोहेतु घोषस्थाने अरु ब्रह्मबाणीने कश्यप अदितिकरिकै कहाहैतहां इसमें व्यंजनाभी होति है ताते कश्यप अदितिको लक्षणाब्यंजना अध्यारोपकरिकै ब्रह्मबाणीने स्वायंभुवमनुशतरूपाकोश्रीदशरथ कौशल्याकहा है यहिप्रसंग के अर्थ को अभिप्राय यही है अरु जो कोई कहै कि राजा मनु रानीशतरूपा द्वौजन परमात्माते बरपाइकै शरीरकोस्वेच्छित त्यागिस्वर्गको प्राप्तहुये पुनिकोई कालपाइकै कश्यप अदितिभये तब तिनतप कीन तब ब्रह्मबरपाइकै स्वर्गको प्राप्तहोइकै कछुकालमें श्रीअवधमेंराजाश्रीदशरथरानी कौशल्या सहितभये हैं तिनके गृहबिषे अवतारलेहौं यह ब्रह्मबाणी कहैहै तहां यहि अर्थबिषे बहुदूषण हैं काहेते कि कश्यप कल्पभरि बनेरहतेहैं यह शास्त्रनबिषे कहाहै तहां मनुकैसे कश्यपहोहिंगे अरु जो कहैं कि यहिकल्पकेआगेजोकल्पहोइगो तेहिकल्पबिषे मनुकश्यपभयेहैंतहां येभीनहीबनै राजामनुको परमेश्वर ने यह बरदीनहै कि तुमकछुकाल स्वर्गबास करिकै श्रीअवधकेराजा होहुजाइ तबमैं तुम्हार पुत्रहोउँगोतहां राजामनु पुत्रबात्सल्य भावमें अतिआर्त्तरहे हैं सो कैसे कल्पांतर सहैंगे अरु कल्पचौदह मन्वन्तरको होत है अरु राजा स्वायंभुवमनु कल्प के प्रथममन्वन्तर के राजा हैं अरु तेही मन्वन्तरके चौथेचरण में तपकीन है अरु मन्वन्तर कछुकम साढ़ेयकहत्तरि चौकरी युगकोहोतहै अरु जबचारिउयुग मिलिकै साढ़ेयकहत्तरि युगबीतैं तब चौथचरणहोतहै तहांयुग प्रमाण है सतयुग सत्रहलक्ष अट्ठाईससहस्त्र वर्ष त्रेता बारहलक्षनब्बेहजार द्वापर आठलक्ष चौंसठिसहस्त्र कलियुग चारिलक्ष बत्तिसहजार अरु राजामनुने कल्पके प्रथममन्वन्तरविषे चौथचरणलागत नैमिषारण्यविषेआइकै पांचहजारवर्षतकतपकीन पुनि जल आहार करिकै छःहजार पुनि पवनआहार सप्तहजारपुनिनिराधारदशहजारवर्षरहेतब

परमात्माकीबाणीद्वारा सत्यसंकल्पमय बरदानहोतभयो पुनि कछुकाल श्रीरामाज्ञातेस्वर्ग में रहे पुनि श्रीअवधकेराजाभये त्रेताबिषेचौथेचरणमें तहां दशहजार की आयु तहां श्रीदशरथमहाराजकेचौथेपनविषे श्रीरामचन्द्र अवतीर्णभये आइ ताते कल्प के प्रथममन्वन्तर चौथेचरण में जो त्रेताप्राप्तभयो तेहिकेचौथेचरणबिषे राजामनु शतरूपाश्रीदशरथकौशल्याभये हैं श्रीरामपरब्रह्म अवतीर्ण भये हैं अरु तेहीमन्वन्तरकेचौथेचरणमें बालकौमार पौगंड कैशोर बिवाह बन राज्यलीलासबनित्यकरिकै परबिभूतिसंयुक्त परविभूति को गमनकीन्ह है अरु जोकोईकहै कि राजामनु सोईकश्यपभये हैं तब पुनितपकीनहै तब ब्रह्मवाणीनेवरदीन तेईकश्यपश्रीदशरथभये हैं तहां जोमनुतनुमेंतपकीन अरु परमेश्वर जो सत्यसंकल्प तिनवरदीन तहां दूनोंपदार्त्थ अफलहोते हैं यामेंबहुदूषण हैं पूर्व्वकथितअर्थसिद्ध है अरु इहै अभिप्राय इसचौपाई को जानब नारदवचनसत्यसबकरिहौं। परमशक्तिसमेतअवतरिहौं॥ कश्यपको अरु राजामनुको प्रसंगजानै तब यहिचौपाईको अर्थजानै इहै प्रयोजन आरण्यकाण्ड में नारदकीवाक्यमेंजानब मुनिनेकहा कि श्रीरामचन्द्रऐसे भक्तवत्सल पुरुषोत्तम हैं मेरे शापको परम्परामानिलीन ताते अनेक

**अदितिमहातपकीन्हतिनकहँमैपूरबवरदीन्हा १९ तेदशरथकौशल्यारूपा प्रकटतभयेअवधपुरभूपा २० तिनकेगृहअवतरिहौंजाई रघुकुलतिलक-सुचारिउभाई २१ नारदबचनसत्यसबकरिहौं परमशक्तिसमेतअवतरिहौं २२ हरिहौंसकलभूमिगरुवाई निर्भयहोहु**

दुःखकेहरैया ते दुःखसहते हैं ( १९ ) हे देवतहु तेकश्यप अदिति श्रीअयोध्याबिषे श्रीदशरथ कौशल्या राजारानी हैं इहां कश्यपअदितिको अध्यारोपकरिकै परम्परा राजामनु रानीशतरूपाको श्रीदशरथकौशल्या करिकैयहिचौथे अवतारबिषेकहते हैं ( २० ) तिनकेगृहबिषे रघुबंशिनके हमतिलक चारिउभाई अवतीर्णहोहँगे अथवा रघुबंशकुल सर्व्वकुलबंशको तिलकहै ( २१ ) हे देवतहु नारदकोवचन मैं सत्यकरिहौं अरु मेरी जो परम शक्ति है तेहिकेसंयुक्त अवतीर्णहोउँगो यहिपरब्रह्मबाणीबिषे औरैअभिप्रायअर्थ है काहेते कि जेहिकल्प विषे विष्णुभगवान्‌को नारदशापदीन है कि तुमजाइकै राजपुत्रका तनुधारणकरहु वहां अपनी प्रियाकेहेतु विरहकोप्राप्तहोहु तहांबानर अरु रीछ तुम्हारी सहायकरहिंगे ताते जैसी नारदके शापके अवतारबिषे परमदिव्यलीला कीन्हिहै तैसी मैं परम्परा मानिकै यहू अवतारबिषे लीलाकरौंगो काहेते नारद मेरेपरमभक्त हैं अरु मैं अपने भक्तनकेवाणी सदाअंगीकार करते आयोहौं जो कोईकहै कि यह जो परब्रह्मबाणीभई है सो नारदहिके शापसे अवतार यह होइगो सो यहबात नहीं काहेते कि पूर्व्वप्रसंग बिषे बिरोधपरैगो पूर्व्व चौपाई॥ नारदशापदीनयकबारा। एककल्पयहिलगिअवतारा॥ तहांनारदके शापको हेतु गोसाईं पूर्व्वहि कहिआये हैं नारद के मोहकेप्रसंगबिषे महादेव के दुइदूतकुम्भकर्ण रावणभये हैं तब श्रीविष्णुभगवान् को अवतारकह्यो है अरु यहि अवतारकोहेतु राजास्वायम्भुवमनु अरु रावण राजाभानुप्रताप तातेनारदवचनसत्यसबकरिहौं यहि चौपाईकोअर्त्थ जैसो कहिआये हैं तैसो जानब अरु परमशक्ति कही परमानन्द जो मेरो सोई सीता है सो राजाजनकके भवन बिषे अवतीर्ण होहिगी अरु मैं राजादशरथके भवनबिषे अवतीर्ण होउँगो ( २२ ) ब्रह्मबाणी कहति है कि सम्पूर्ण भूमि काभारहरौंगो है देवतहु तुमनिर्भयहोहु न डरहु ( २३ ) गगनबिषे ब्रह्मबाणी सुनिकै देवता फिरे हृदय शीतलभयो ( २४ ) तब ब्रह्मै भूमिको समुझावा अभय भरोसभयो ( २५ )॥दोहार्थ॥ ब्रह्मबाणीको अभिप्राय

**देवसमुदाई २३ गगनब्रह्मबाणीसुनिकाना तुरतफिरेसुरहृदयजुड़ाना २४ तबब्रह्मैधरणिहिसमुझावा अभयभईभरोसजियआवा २५ दो०॥ निजलोकहिबिरंचिगेदेवनयहै सिखाय बानरतनुधरिधरणिमहँहरिपदसेवहुजाय २६॥चौ०॥ गये देवसबनिजनिजधामा भूमि सहितमनकहँबिश्रामा २७ जोकछुआयसुब्रह्मै दीन्हा हर्षेदेवविलम्बनकीन्हा २८ बनचरदेहधरीक्षितिमाहीं अतुलितबलप्रताप तिनपाहीं २९ गिरितरुनखआयुधसबबीरा हरिमारगजोवहिंमतिधीरा ३० गिरिकाननजहँतहँमहिपूरीरहेजहँतहँअनेकरुचिरूरी ३१ यहसबचरितरुचिरमैंभाखा अबसोसुनहुजोबीचहिराखा ३२॥**

*  *  *  *  *  *  *  *  *

ब्रह्मा सब समुझिगये तब ब्रह्मा देवतनको आज्ञादेतभये कि तुमसब बानर रीछ तनुधरि धरि हरिपद सेवहु जाइके यहकहिकै ब्रह्मा निजस्थान कोगये ( २६ ) सब देवता निजनिज धामकोगयेभूमिसंयुक्त आनन्दकोप्राप्तभये ( २७ ) जोब्रह्मैआयसु दीन्ह सोदेवतनहर्षिकैकीन्ह ( २८ ) बानरका तनु धरतभये अतुलित बलवान् भये ( २९ ) गिरितरुनखआयुध जिनके तेहरिकी प्राप्तिको मगजोवत हैं ( ३० ) गिरिबनबिषे अनीबनाइ बनाइकै पूरि रहे ( ३१ ) हे पार्वती यह सब रुचिर चरित हमने तुमसेकहा अब जो बीचहिराखे सोसुनहु ( ३२ ) इतिश्री रामचरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वंसने बालकाण्डेउमामहेश्वरसम्बादे देवस्तुतिब्रह्मबरवाणीवर्णनंनामत्रिंशतितस्तरंगः ३०॥ :: ::

दो० ॥ बत्तिससुभगतरंग में परमपुरुषअवतार कौशल्यादरशनलह्यौरामचरणशिशुप्यार ३२ हेपार्बती अब श्रीरामचन्द्रजी के जन्म को अपरप्रसंग सुनहु श्रीअयोध्यापुरी परमदिब्य सुन्दरितहांके राजामहाराजश्रीदशरथजी ऐसोनाम श्रीरघुबंश कुलकेमणि जिनके यशको वेदगावते हैं ( १ ) काहेतेराजा धर्मधुरंधर गुणज्ञानको समुद्र हैं धर्मकाकोकही रणविषे सूरतेजस्वी सबडरै धैर्यमान् सर्ब कालमें परमदक्ष वेदशास्त्र राजनीति अरु युद्ध में अचल अरु याचकके मनभावित ईश्वरहेतु किंतु ईश्वरभावते दानदेना अरु भगवत् सम्बन्ध परमदिब्य गुणकरुणदयाउदरता शीलइत्यादिक ज्ञान शास्त्रजन्यज्ञान अरु आत्मज्ञान परमात्मकज्ञान इत्यादिकधर्मनकेधुरीण अचल संतोषतेहिके धरैया एकदशरथमहाराज अरु शार्ग पाणि जो श्रीरामचन्द्रजी तिनकै परमानन्य भक्तिहृदयमतिबिषे तहांबुद्धिमन अहंकार चित्त इनचारिहु की सम्बन्धी जोमतिहै सो त्रैगुण्यमयहै अरु आत्मासम्बन्धी जो मतिहै सो गुणातीत है ताते जो आत्मक मतिसे धारणहोइ सो अचल है काहेते शरीर में पंच आकाश हैं शीशकंठ हृदय

**अवधपुरीरघुकुलमणिराऊ वेदबिदिततेहिदशरथनाऊ १ धर्मधुरंधरगुणनिधिज्ञानी हृदयभक्तिमतिशारँगपानी २ दो० ॥ कौशल्यादिनारिप्रियसब-आचरणपुनीत पतिअनुकूलसुप्रेमदृढ़हरिपदकमलबिनीत ३ चौ०॥ एकबारभूपतिमनमाहीं भैगला**

उदर कटितहां चित्तको बासशीशपुर अहंकार कंठमेंमनउदर में बुद्धिकटिमें अरु आत्मा हृदय आकाशते ताते आत्मक मतिबिषे ज्ञानभक्ति अचल रहती है किंतु हृदय ते भक्तिकरते हैं अरु मतिते एकरसग्रहणहै ताते हृदयमतिते शार्गपाणिकी भक्तिकहाहै ( २ ) दोहार्थ श्रीदशरथ महाराजके श्री कौशल्यादिकरानी सबप्रिय हैं अरु सब आचरणबिषे पवित्र अरु पतिकेअनुकूल प्रेमकरिकै दृढ़हरिकेचरणनबिषे अतिप्रबीण हैं तहां राजाकेसाढ़ेतीनिसैरानी श्रीबाल्मीकि मुनिने कहाहै अरु महारामायण में तीनसै साठिकहाहै तिनमें चारिभेद हैं महिषी परिब्रतावावता पालाकली जो प्रथम ब्याहिआई सो महिषी अरु पाछे जो बिवाही जाहि सो परिब्रता तहांयज्ञदानबिषे महिषी अधिकारिणी है महिषीकेपाछे परिब्रता अधिकारिणी अरु बिनाबिवाही जे हैं जिन्हैं राजै रीझिकै अंगीकारकीन है सोई वावाताहै वह यज्ञदान में राजाकेसंग अधिकारिणी नहीं हैं पुनि पालाकली तिनकी दासीसंज्ञा है पर राजाकी सबपर प्रीति है तहां दशरथ महाराज के महिषी परिब्रता हैं अरु रानिनकी सेवाहेतु अपरभी हैं काहेते रघुबंश कुल बिषे बिनाबिवाही से रतिकीप्रीति नहीं है ताते कौशल्यादिक जे रानीहैंते पातिब्रत इत्यादिक जितने परमधर्म्म हैं तिनमें अति प्रवीण हैं अरु हरि जो श्रीरामचन्द्र तिनके पदकमल बिषे अतिप्रवीण प्रीतिजानब ( ३ ) एकबार राजाके मनमें ग्लानिआई कि हमारे पुत्र नहींभयो अरु बिना पुत्रलोक में सुख अरु यशकी हानिहै सुखयश जो होबहू करैतो शोभितहैपरस्वर्ग अरु बंशकीहानिहै ( ४ ) इहै बिचारिकै बशिष्ठजी के इहां जातभये चरणगहिकै बिनयकीन आपुसर्बज्ञहौ ताते हमारे पुत्रहोइगो कि न होइगो ( ५ ) आपन दुःखसुख सब कहतभये बशिष्ठजू प्रसन्न होइकै बोलतभये ( ६ ) हेराजन् तुम धैर्यधरहु तुम्हारेचारिपुत्रहोहिंगे त्रैलोक्यबिदितविजयी यशमान् अरु भक्तनकेक्लेश जन्ममरणकाभयहरैंगे तब बशिष्ठजू आज्ञा देत भये हे राजन् सर्बद्वीप अरु सर्ब देशनके राजन् को निमंत्रण पठवहु अरुसर्बऋषि मुनि वर्षदिन बिषे आवहिं अरु यज्ञशाला मुनिन अरु राजन् के निवास को मन्दिर बिस्तार समेत बनवावहु अरु यज्ञको सरञ्जाम करहु राजमहल के उत्तर सरयू पार मनोरमा नदी अति पवित्र निर्मल सर्ब

**निमोरेसुत नाहीं ४ गुरुगृहगयउतुरतमहिपाला चरणलागिकरिविनयबिशाला ५ निजदुखसुखसबगुरुहिसुनावा कहिवशिष्ठ बहुबिधिसमुझावा ६ धरहु धीरहोइहैंसुतचारी त्रिभुवनविदितभक्तभयहारी ७ शृंगीऋषिहिंवशिष्ठबुलावा पुत्रकाजशुभयज्ञकरावा ८**

फलदायिनी तेहि के दक्षिण किनारे रचनाकरहु बर्ष दिनताईं यज्ञहोइहितव तुम्हारे पुत्रहोहिंगे यह राजा सुनिकै परमानन्द को प्राप्तिहोइकैराजसभा में आइकै सब मंत्रिन को बोलाइकै आज्ञा देतभये कि सरयू में सेतुबँधावहु श्रीमहाराज गुरुकी आज्ञालैकै मनोरमा के किनारे यज्ञशाला अरु सुवर्ण मणिन के अनेक मन्दिरनकी बिस्तारपूर्बक रचना करहुतब चिरञ्जीव कहिकै बशिष्ठकी आज्ञालैकै रचनाकी तैयारी करने लगे ( ७ ) शृङ्गीऋषि को श्रीवशिष्ठजी बोलावतेभये अरु पुत्रके कार्यशुभयज्ञ करावतेभये शृङ्गीऋषि कहांरहते हैं वे कैसे श्रीअयोध्याकोआये हैं श्रीगङ्गा भागीरथी के किनारे जाको शृंगीरामपुरकही सोई स्थान हैबिभाण्डक मुनिके पुत्र शृंगीऋषि हैं तिनके आश्रमबिषे गर्म्भीरवन सुन्दर कन्दमूल फलफूल अंकुर सदारहैं विषयरसको संचार नहींरहैतेही समयबिषे पटना शहर जो मगधदेशमें है तेहिको राजा रोमपाद तिनके देशबिषे महादुकाल परेउ तब विद्वान् जो ब्राह्मण तिन्होंनेराजासे कहा कि शृंगीऋषि आवैं यज्ञकरैं तो वर्षाहोइपरवे बालनेष्ठी बिरक्त हैं जो इन्द्रकी अप्सरा आवहिं तो शृंगीऋषि को लैआवैंतब राजाने इन्द्रकी प्रार्थनाकरी तत्कालही अप्सराआइ प्राप्तभई राजा की आज्ञाभई कि शृंगीऋषिको लैआवहु तब वे शृंगीऋषि के आश्रमको जातभई तहां शृंगीऋषिके पिताकहूं अन्यत्र गयेरहैं तहां वेश्याबाजा गान नृत्यकरनेलगीं तहां शृंगीमुनिके स्त्री पुरुष को ज्ञान नहीं है तिनकेसमीप आवतभई यह जानतेभये कि ये किसी देशके मुनि हैं कोई अपूर्व बिद्याध्ययन करते हैं तब शृंगीमुनि ने प्रसन्नह्वैकै तिनको कन्दमूलफलदीन्हआइ तब तिनने कहा कि जेहिवन बिषे हम रहत हैं तेहिबनकेफलकन्द हमदेत हैं तुमलेहु भगवत् अर्पण करिकै प्रसाद करहु तब तिनकन्दमूलके आकार अनेक स्वादुके लड्डू पेड़ा इत्यादिक अनेक प्रकार की मिठाई शृंगीमुनिको दीन तब मुनिने भोगलगाइकै प्रसादकीन अतिस्वादुरस स्वरूप मधुर पुष्टता सुन्दर पाइकै प्रसन्न होइकै तिनके पास आये तुमकहां रहते हो अरु यह फल तुमनेकहां पायो है तब उनकहा कि हमारो देश पूर्बहै अरु हमारे बनबिषे यहिते नीक नीक फल हैं अरु बारह मास फलते हैं कोकिला मयूर शुक सारस बोलते हैं अरु शीतल मन्दसुगन्ध पवन बहते हैं अरु श्रीगंगाके किनारे हमारो आश्रम न जीकहीं है तुमचलिकै देखहु तो बहुत प्रसन्न होहुगे उनकी नावमें अनेकन मेवालगीहैं अमृतइव फलकेरस हैं तब मुनि संगचले नावपरचढ़े परन्तु उन पर बाटिकाफल अनेक संरजाम की रचना देखिकै मग्नहोइगये तब तिनतुरन्त नावचलाइदई मुनिके पिताका भयमानिकै अति आतुरलैचलीं तब इहां राजाको खबरिभई कि शृंगीऋषि आवते हैं तब राजाबड़ेउत्सवसे आगेलैकै धूपदीप नैवेद्य आरती करिकै महलमें लैगये अनेकन प्रकार से सेवाकीन कछुदिनबिषे यज्ञकरायो राज्यसुखीभई इहां बशिष्ठजीदशरथजूसे बोले हे राजन् बीरसिंह तुम्हारे भाई हैं तिनको पठवहु शृंगीऋषि रोमपादराजाके इहां हैं तिनको अच्छे भावभक्ति समेत बोलाइ ल्यावहिं तब बशिष्ठकी आज्ञा जैसे भई तैसेही बीरसिंहजू नव सुवर्ण मणिनते रचित बहुतसी नावन सहित बड़े सरंजामसे गाननृत्य करावते मुनिको लैआये तब बशिष्ठ अरु राजा बड़ेभावते मुनिको आगे लेतभये अर्घ्यपाद्य धूपनैवेद्य आरती करिकै सुन्दर आश्रमबिषे आसन दीन्ह तबघोड़ा बिदाकियो आगे बर्षदिनताईं घोड़ालैकै पृथ्वी मण्डल फिरिआये अरु तेही वर्षदिन में यज्ञशाला बनिकै तैयारभई बसन्तऋतु चैत्रमास शुक्लपक्ष अष्टमी को सर्बयोग उत्तम शुभदिन शोधिकै उत्तम मुहूर्त्त में घोड़ाचलेउ है अरुबर्षदिन पूरेअष्टमीको आयोतब शृंगीऋषि को लैकै यज्ञशालाकोगयो तहां ब्रह्माण्ड भरेके राजा ऋषि मुनि ब्रह्मा शिवादिक देवता आयेहैं तहां वेदकी विधि बिधानते बर्षदिनताईं यज्ञभई ( ८ ) समस्त मुनिनबिषे यज्ञमें आचार्य्य शृंगीऋषि होत भये शृङ्गीऋषि अरु बशिष्ठादिक मुनि भक्तिसहित श्रीरघुनाथजी के प्राप्ति हेतु अग्निबिषे प्रीतिसमेत बर्षदिनताईं वेदबिधिते आहुति देतभये तब चैत्र शुक्लाष्टमी मध्याह्न सूर्यजात सोमबार नक्षत्र योग लग्न ग्रह मुहूर्त्त समस्त उत्तममंगलमय तेही साइत अग्नि मूर्त्तिमान् अतिसुन्दर तेजोमय धृतालङ्कार यथायोग्य किशोरविग्रह प्रत्यक्षभये दोऊकरकञ्जगहे कंचनकोथार प्रकाशमय तामें चारुसुन्दर चरुकही परमदिव्य पायस परिपूर्णभरे ( ९ ) अग्निबोले हे बशिष्ठ जो कार्य तुम हृदयबिषे बिचार कीनहै

सो सर्बसिद्धभयो ( १० ) हे बशिष्ठ यह हवितुम राजाकोदेहु तब वशिष्ठजूने कह्यो कि हे राजन् तुम यथायोग्य भागकरिकै रनिवासनको देहुजाइ यहिप्रसंगबिषे यह अभिप्राय है कि परब्रह्मने अग्निकेहाथ पायसको प्रस्थान पठयो

भक्तिसहितमुनिआहुतिदीन्हे प्रकटेअगिनिचारुचरुलीन्हे ९ जोबशिष्ठकछुहृदयबिचारा सकलकार्य्यभासिद्धतुम्हारा १० यहहविबांटिदेहुनृपजाई यथायोग्यजेहिभागबनाई ११ दो०॥ तबअदृश्यभेपावक सकलसभहिसमुझाइ परमानन्दमगनमन हर्षनहृदयसमाइ १२ चौ०॥ गुरुपदबन्दिभूपगृहआये मंजुलमङ्गलमोदबधाये १३ तबहिंराउप्रियनारिबोलाईं कौशल्यादितहांचलिआईं १४ अर्द्धभागकौशल्यहिदीन्हा उभयभागआधेकरकीन्हा १५ कैकेयहीकहंसोनृपदयऊ रह्यउसोउभयभागपुनिभयऊ १६

है कि राजा श्रीदशरथजू के इहां यह प्रस्थानधरि आवहु हमआवते हैं ( ११ ) दोहार्त्थ॥ तबसकल सभा को समुझाइकै पावक अंतर्द्धानभये तहां पावक के मंगलमय बचन सुनिकै समस्तसभा आनन्दको प्राप्तभई आगेयज्ञबिषे जो सरञ्जाम बचेउ सो सब ब्राह्मणन अरु याचकन को देतभये श्रीरामप्रसादी सबहीलीन पुनि चैत्रशुक्ल नवमीको समस्त समाज राजसभामें आये महाराज श्रीदशरथजी यथायोग्य सबको आश्रम देतभये ( १२ ) तब राजा गुरुपदबन्दिकै अत्यानन्द मंगलतेभरे मञ्जुकही निर्मलमनते आज्ञापाइकै राजमन्दिरको आवतभये ( १३ ) तबराजाने प्रियनारि जो हैं श्रीकौशल्याजी कैकेयजी सुमित्राजी तहां सबरानी प्रिय हैं पर तीनिपरम प्रिय हैं तिनको बोलावतभये ( १४ ) आगे राजाके समीप तीनिहूं रानी अति हर्षसमेत आवतीभईं तब राजा सम्पूर्ण पायस से अर्द्धभाग श्रीकौशल्याजीकोदेतभये पुनि आधेके दुइ भागकीन्ह ( १५ ) तामें एकभाग कैकेयीजी को दीन पुनि आधेमें आधा जो चौथभागरहा ताके दुइभागकीन ( १६ ) एक कौशल्या अरु एक कैकेयीके हाथ धरयउ राजाकी आज्ञा पायकै अतिप्रसन्नता संयुक्त दोउन रानिन सुमित्राजी को दीन प्रथम श्रीकौशल्याजी दीन सो श्रीलक्ष्मणजी होहिंगे पुनि कैकेयी देतभई ताते शत्रुहन अवतीर्ण होहिंगे जेहिरीतिते बशिष्ठजीने आज्ञादीन्ह तेही रीति से राजा रानिन को देतभये ( १७ ) तबरानिन पायस भोजनकीन्ह रानिनके गर्भबिषे भरत लक्ष्मण संयुक्त श्रीरामचन्द्रजी को दिव्यप्रस्थान शोभितभयो तब रनिवास अति आनन्द को प्राप्त भयो ( १८ ) जादिनते हरिको आगमनगर्भबिषे भयो तादिनते तीनिहूंलोक चौदहौ भुवन अरु त्रैलोक्य भुवनको जो अन्तरायहै तहां २ सुख सम्पत्ति छाइरही है हरिकही बिष्णुको बिष्णुनाम पायसको जबते पायस गर्भबियेआयो तबते सुखसम्पत्तिछायो ( १९ ) मंदिरनबिषे शोभा शील तेजकीखानिरनिवास शोभित है ( २० ) येहीप्रकार परमानन्दसंयुक्त बारहमासबीततभये जौनसमय प्रभुके आविर्भावहोबेकोहै सोईसमय आइप्राप्तभयो जौनीसाइतको हवि-

कौशल्याकेकयीहाथधरि दीन्हसुमित्रहिमनप्रसन्नकरि १७ यहिविधिगर्भसहितसोनारी भयउहृदयहर्षितसुखभारी १८ जादिनतेहरिगर्भहिआये सकललोकसुखसम्पतिछाये १९ मन्दिरमहँराजहिंसबरानी शोभाशीलतेजकीखानी २० सुखयुतकछुक कालचलिगयऊ जेहिप्रभुप्रकटसोअवसरभयऊ २१दो०॥ योगलग्नग्रहबारतिथिसकलभयेअनुकूल चरअरुअचरहर्षयुतरामजन्म

ध्यान्नदियो है सोई मास तिथि ग्रह लग्न योग इत्यादिक मंगलमय अवसर श्रीरामचन्द्रजीके आविर्भावकोप्राप्तभयो ( २१ ) दोहार्त्थ॥ श्रीरामजन्म के समय सर्बमंगलकेमूल उत्तमयोग लग्न ग्रह बार तिथि इत्यादिकप्राप्तभये ब्रह्मांडबिषे जेतेजीव चराचरतेसब परमानन्दको प्राप्तभये आगे श्रीरामजन्मके समयबिषे पञ्चग्रह उच्चस्थानबिषे प्राप्तभये मेषकेसूर्य मकरकेमंगल तुलाके शनैश्चर कर्कके वृहस्पति सहित चन्द्रमा मीन के शुक्र कर्कलग्न उदय होतसंते तन भवन बिषे अरु पुनर्बसु नक्षत्र चतुर्थ चरण बिषे रामजन्म

भयो पांचों ग्रह उच्च विषे जन्मसमय जिसके होयँ सो अखिल लोकनायकहोइ सो श्रीरामके जन्मविषे सबयोगपरेहैं प्रथमस्थान में कर्कके चन्द्रमा अरु वृहस्पति द्वितीयस्थानविषे केवल सिंहराशि तृतीयस्थान विषे कन्याकेराहु चतुर्थस्थान विषे तुलाके शनैश्चर पंचमस्थान केवलवृश्चिकराशि छठयें केवल धन सतयेंस्थान विषे मकरके मंगल अठयें केवल कुम्भराशि नवमस्थान विषे मीनके शुक्र अरु केतु दशयेंस्थानविषे मेषके सूर्य ग्यारहवें स्थानविषे वृष के बुध बारहवें स्थान केवल मिथुन राशिनाम प्रथम मेष १ वृष २ मिथुन ३ कर्क ४ सिंह ५ कन्या ६ तुला ७ वृश्चिक ८ धन ९ मकर १० कुम्भ ११ मीन १२ ग्रहनव प्रथमसूर्य १ चन्द्र २ मंगल ३ बुध ४ वृहस्पति ५ शुक्र ६ शनैश्चर ७ राहु ८ केतु ९ तन १ धन २ सहज ३ सुहृद ४ सुत ५ रिपु ६ जाया ७ मृत्यु ८ धर्म ९ कर्म १० आय ११ व्यय १२ श्रीरामजन्मबिषे पञ्चग्रह उच्चस्थान में प्राप्तभये वाल्मीकीय में शिवलाल पाठकको तिलक॥ पञ्चमग्रहेपुरवि भौमशनि गुरुभार्गवेपुस्वोच्चसंस्थेषु निजोच्चराशिसंस्थेषु मेषमकरतुलाकर्कमीनस्थेषुसत्सु कर्कटाख्यलग्नेराश्युदये वाक्पतौइन्दुनासहप्रोद्यमाने उदयतिजगन्नाथंपंचोच्चैर्लोकनायकः ॥ हिरण्यंहिरणमय ब्रह्मांडंगर्भेयस्यैवतदर्थकं हिरण्यनाभेतिजन्मनामप्रतिष्ठितम् ॥श्री॥ पञ्चग्रह उच्चस्थान

**सुखमूल २२ चौ०॥ नौमीतिथिमधुमासपुनीता शुक्लपक्षअभिजितहरिप्रीता २३ मध्यदिवसअतिशीतनघामा पावनकाललोकबिश्रामा २४ शीतलमन्दसुरभिबहबाऊ हर्षितसुरसन्तनमनचाऊ २५ बनकुसुमितगिरिगणमणिआरा श्रवहिंसकलसरितामृतधारा २६ सोअवसरबिरंचिजबजाना चलेसकलसुरसाजिबिमाना २७ गगनबिलम्बसकलसुरयूथा गावहिंगुणगन्धर्बबरूथा २८ बर्षहिंसुमन**

विषे प्राप्तभये मेषके सूर्य्य मकरके मंगल तुलाके शनैश्चर कर्कलग्नउदयहोतसंते वृहस्पति सहित चन्द्रमा कर्कराशिके भयेसंते तन भवनबिषे प्राप्तभये मीनकेशुक्र पञ्चग्रहउच्चबिषे रामकाजन्मभयो पांचोंग्रह उच्चस्थसमयमें जिसकाजन्महोइ सो अखिललोक नायकहोइ तहां रामजन्मबिषे पांचोंउच्चग्रह परेहैं और भगवान् के अवतारहूमें नहींपरेहैं अपर देवतामनुष्यादिकनकी काचली है अरु श्रीरामजन्मबिषे पुनर्वसु नक्षत्र चौथे चरणपरयो है पुनि कोई॥ ज्योतिष् श्लोकः॥ उच्चस्थेग्रहपञ्चकेसुरगुरौसेन्दौनवम्यांतिथौ लग्नेकर्कटकेपुनर्वसुदिनेमेषस्थितेभास्वति निर्दग्धानि खिलाः पलाशसमिधोमेध्यादयोध्यारणे राविभूर्तमभूतपूर्वविभवं नीलस्वभावंमहः ॥ अथ योगानाहकनकदण्डः श्लोकः॥ एकः कनकदण्डाख्यो देवानामपिदुर्ल्लभः मीनेमेषेवृषेचैवतुलायांचस्थितग्रहे २ इतिकनकदंडः॥ :: :: :: ::

रामजन्मकुण्डली ॥ अथचतुःसागरयोगः चतुर्षुकेंद्रस्थानेषु सौम्याःपापस्थिताग्रहाः ॥ चतुःसागरयोगोऽयंराजसिंहासनेविशेत् ३ परमोच्चगताःसर्वे स्वोच्चांशेयदिसोमपः ॥ त्रैलोक्याधिपतिंकुर्य्युः देवदानवपूजितः ४ सातग्रह उच्चकेहोत हैं अजकही मेष तेहिकेसूर्य वृषकेचन्द्रमा मृगकही मकर तेहिके मंगल अंगना कही कन्या तेहिकेबुध कुलीरकही कर्क तेहिके वृहस्पति मीनके शुक्र तुलाके शनैश्चर येसातों उच्चके उच्चकी राशि से सतईराशि जो परै तो नीचके होइजात हैं॥श्लोक॥ अजोवृषोमृगोंऽगना कुलीरमीनतौलिनो दिवाकरादिकग्रहाःक्रमेणसंस्थिताहिचेत् ॥ इमानिभानिसूरयो वदन्तिचोच्चकानिवै यथेभ्यएवनीचकान् रसातलंगतान् विदुः ५ पुनि राशिनके पतिक्रमते कहते हैं। मेष वृश्चिकके पतिमंगल वृष अरु तुलाके पतिशुक्र मिथुन कन्याकेपति बुध कर्ककेपति चन्द्रमा सिंहकेपति सूर्य धनमीनकेपति वृहस्पति मकरकुम्भकेपति शनैश्चर ॥श्लोकः॥ कुजशुक्रसौम्यशशिसूर्यचन्द्रमा कविभौमजीवशनिसौरयोगुरुः। इहराशिपाः क्रियमृगास्यतौलिकं दुभतोनवांशविधिरुच्यतेबुधैः ६ श्रीरामकेजन्मबिषे चन्द्रमाकर्कमेंप्राप्त है अरु सर्बग्रह लग्न नक्षत्र मुहूर्त्त योगकाल इत्यादिक श्रीरामजन्मबिषे प्राप्तहोइकै सर्व मंगलमयभये ( २२ ) बसंतऋतु ब्रह्माण्ड मण्डलबिषे अरु मधुमास अतिपुनीत अरु नवमी तिथि शुक्लपक्ष अभिजित उपनक्षत्र अरु मुहूर्त्त हरिप्रीता उत्तम उपयोग किन्तुहरिप्रीता कहीहरिबिषे प्रीतिउपजावनेवाले हरिकीप्रीति करनेवारे सर्बआइ प्राप्तभये ( २३ ) दुइदण्डऊन मध्याह्नबिषेसूर्य्य तेहि समयबिषे न तौ अतिशीतल न घाम मातदिल मंगलमय समय ब्रह्माण्डभरे को मंगलदाता सम्पूर्णलोकको बिश्रामकर्त्ता ऐसो पावनकाल प्राप्तभयो ( २४ ) शीतलमन्द सुगन्ध पवन बहतभयो सम्पूर्ण ब्रह्मा शिवादिक देवता हर्षको प्राप्तभये अरु ऋषि मुनि इत्यादिक सन्तजनन के तनुमनबिषे परम उत्सवभयो

( २५ ) ब्रह्माण्डमण्डलबिषे जेते तृणतरुरहे ते सब नवीन पल्लव फूलफल समयपाय शोभितभये अरु सुमेरुउदयास्तादिसम्पूर्ण पर्व्वतनबिषे मणिमाणिक प्रकटतभये अनेकन जगमगाइरहे हैं अरु नदी सरसागर समुद्रनते सब अमृतमय धाराबहती हैं अरु भरिरहेहैं यथायोग्य जहांजसचाही तहां कमलफूले हैं हंसादिक बिंहग बोलते हैं ( २६ ) सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड मण्डल प्रकाशमानभयो चराचरजीव परमानन्दको प्राप्तभये ब्रह्मासमस्त देवतन संयुक्त अपने अपने बिमान पर चढ़ि चढ़ि हर्षसंयुक्त श्रीअयोध्यापुरीके समीप नभबिषे प्राप्तभये ( २७ ) नभबिषे बिमान बिलम्बितकही स्थिरभये सकल देवतागन्धर्व यूथकेयूथ श्रीराम अरु दशरथ महाराजके परमदिव्य गुणगावते हैं जिनराजाके परमेश्वरपुत्र हैं ( २८ ) अरु कल्पतरुकेफूल अंजुलिनभरिभरि बर्षते हैं सर्व देवता अरु गन्धर्व परमेश्वरके आनन्द में प्राप्तह्वैकै गगनबिषेगहगहेदुन्दुभीकही बड़ेबड़ेनगाराबजावतेभये गहगहेकहीगम्भीर ( २९ ) देवतामुनिनागस्तुतिकरते हैं अरु अपनीअपनी सेवापृथक् २ जनावते हैं ( ३० ) ब्रह्मादिकदेवताओंके समूह बिनयसंयुक्त स्तुतिकरिकै निजनिज स्थान को प्राप्तभये जगनिवासकही सम्पूर्ण जग बिषे अन्तर्यामीरूप सर्बसाक्षीभूतनियंतास्वरूप जग बिषे निवासकिये हैं किन्तु सम्पूर्ण जगत्जिनबिषेनिवासकियेहै सूत्रेमणिगणाइव किन्तु जगबिषे निवासकरिबेको प्राप्तभये यहबिशेषार्थ है ( ३१ ) छन्दार्थ॥ श्रीरामचन्द्रजीप्रकटभये दीननकेदयालुहैं विशेष श्रीकौशल्याजीके हितकारीहैं

सुअंजुलिसाजी गहगहगगनदुंदुभीबाजी २९ अस्तुतिकरहिंनागमुनिदेवा बहुबिधिलावहिंनिजनिजसेवा ३० दो०॥ सुरसमूह करिबिनतीपहुंचेनि-जनिजधाम जगनिवासप्रभुप्रकटभे अखिललोकबिश्राम ३१ छंदचौपय्या॥ भयेप्रकटकृपालादीनदयालाकौशल्याहितकारी हरषितमहतारीमुनि-मनहारीअद्भुतरूपनिहारी ३२ लोचनअभिरामातनघनश्यामानिजआयुधभुजचारी भूषणबन-

अपनी शोभाकरके मुनीशनके मनहरते हैं ऐसी अद्भुतशोभादेखिकै माताअति हर्षकी प्राप्तभई अद्भुत कही योगीशन मुनीशनके देखिबे सुनिबे में ध्यानसमाधि मनवचनकर्म्मते अगम है सो स्वरूप श्रीकौशल्याजू देखतीभई ( ३२ ) घनश्यामस्वरूप कोटिकन्दर्प्पकी शोभा लोचनको अभिराम कही वाञ्छित परमानन्द फलदाता निजआयुध भुजचारी चरगतिभक्षणयो: धातु है गतिप्राप्तिबिषे होतहै ताते निजआयुध जो धनुषबाण सो द्वौभुज बिषे ग्रहण कियो है किन्तु चरगमनबिषे होतहै धनुषबाण द्वौभुजबिषे फेरते हैं किन्तु धनुषबाण ग्रहणकिहे चरकही महिबिषे बिचरिबे को प्रकटभये हैं तहां भाषाबिषे जहां छन्दनकेचरणके अन्तबिषे कोई स्वरप्राप्तभये हैं अरु पदकेअर्थबिषे वे स्वर बिरोधकरते हैं तहां स्वरनको पादपूर्णार्थजानब अरु कोई सूत्रकरिकै लुप्तहोइजाते हैं ताते चरपदसिद्धहै किंतुनिजआयुध भुजचारी चारिभुजा बिषे गदापद्मशंखचक्रधरे हैं काहेते कि श्रीरामचन्द्रजीने बिष्णुभगवान्कोपालनशक्तिदीनिहै ताते श्रीरामचन्द्रजी बिष्णुस्वरूप प्रकटतभयेजाते सबजानें कि बिष्णुभगवान् अवतीर्णभये ताते चतुर्भुजप्रकटे बनमाला इत्यादिक भूषण नखशिखलौं अंगअंगप्रतिशोभित हैं अरु नयनबिशाल अरुणकञ्जइव शोभाकेसमुद्र हैं खरारिनाम परम्परासेकहाहै ( ३३ ) श्रीकौशल्या द्वौकरजोरिकै बोलतीभई हे प्रभु मैं तुम्हारीस्तुति केहिप्रकारतेकरूं काहेते तुम अनन्तहौ अरु मायाके जेतेगुण हैं अरु ज्ञान हैं तेहितेतुमअतीतकही परेहौ अरु तुम अमानहौ कैसे जानिये आपुको स्वरूप कार्य्यकारणके परे सो स्वरूप जीवन को केवल कृपाकरिकै प्राप्त होत है यह वेदपुराण कहते हैं ( ३४ ) आपुकरुणा अरु सुखके सागरहौ अरु परमदिब्य गुणनके आगरकही स्थानहौ ऐसे तुमको जानिकै वेद संतगावते हैं सो तुममेरेहितलागिकै प्रकटतभये काहेतेतुमअपने जननके बिशेषकरिकै अनुरागी हौ काहेतेआप श्रीकान्त अरु सब जीवतत्त्व श्रीजूके पतिहौकिंतु श्रीकही ऐश्वर्य यशतेज प्रताप बलबीर्य उदारता दयाज्ञान वैराग्य योग ध्यानसमाधि मोक्ष भक्तिइत्यादिक सबके तुमपतिहौ किंतु

मालानयनविशाला शोभासिन्धुखरारी ३३ कहद्वौकरजोरीअस्तुतितोरी केहिबिधिकरौं अनंता मायागुणज्ञानातीतअमानावेदपुराणभनंता ३४ करुणासुखसागरसबगुणआगर जेहिगावहिंश्रुतिसंता सोममहितलागीजनअनुरागी भयेप्रकटश्रीकंता ३५॥ व्रह्मांडनिकायानिर्मितमायारोमरोम-प्रतिवेदकहै ममदरसोबासीयहउपहासीसुनतधीरमतिथिरनरहै ३६ उपजाजबज्ञानाप्रभुमुस-

कोटि ब्रह्मांडकी श्री अरु परबिभूति त्रिपाद तेहिसबके तुम पतिहौ सकलजीवन के ऊपर कृपाकरहु ( ३५ ) पुनि श्रीकौशल्याजी कहती हैं हे प्रभु तुम्हारे स्वरूप के आश्रयतुम्हारी मायामोको कैसीदेखिपरे है कि अपने रोमरोमप्रति निकायकही समूह ब्रह्मांड निर्मितकियेहैं अरु निर्मित करती है जो हमने वेदनबिषे सुन्योहै सो प्रत्यक्ष देखियतहै ऐसी तुम्हारी मायाकोविशेष प्रभाव है अथवा ऐसो वेदकहते हैं अब सामान्य अर्थ तुम्हारे रोम रोम प्रति तुम्हारीमायाने निकायब्रह्माण्ड निर्मितकिये हैं हे प्रभु तुमसर्बोपरिब्रह्म तुम्हारोस्वरूप है जो तुमऐसेही स्वरूप बनेरहोगे तौ काहूके प्रतीति न आवेगी कि ये कौशल्याकेपुत्र हैं। अरु बड़ीउपहास है जे तुम्हारेप्रभावको जानैहैं बड़ेबड़ेधीर तिनकीमति थिरनहींरहैगी बिश्वासनहीं आवैगो अरु मैंतुम्हारी कृपाते तुमकोजानतीहौं जो नैमिषारण्यबिषे स्वहिंसंयुक्तराजाको बरदीन है सोई करिये ( ३६ ) जब ऐसो श्रीकौशल्याजूको पूर्व ज्ञान उत्पन्नभयो तब प्रभु मुसुकाने यह जानिकै कि माता हमारो स्वरूप जानती है काहेते अनेकचरित्र कीन्हचाहतेहैं ताते मातासों कहते हैं हेमातामै बिष्णुरूप अनेकलीलाकरौंगो तुममोको परमपुरुष जानेरहौअब जामें तुमको पुत्रप्रेमउपजै सो कहो वह मैंकरौं जामें तुमको आनन्द सुखहोइ ( ३७ ) मातापुनि बोली जो कोई कहै कि अबहीं तौ लोकवेदहूकीरीतिसे श्रीकौशल्यामातानहीहैं अरु गोसाईनेमाताकहा तहां श्रीरामचन्द्रने पूर्व्वही माता राजामनुके प्रसंग में कहाहै चौ०॥ मातुबिवेकअलौकिकतोरे॥ अरु वर्त्तमान में जेहिप्रकार सुतप्रेमलहै ताते प्रथमै माता कहा पुनि बोलतीभई सो मति पूर्व्वही श्रीराम ऐश्वर्य्यमय निश्चयभईहै प्रभुकी प्रेरणाते अब वह मति डोलिगई वह मतिऐश्वर्य शान्तरसते टरि गई वात्सल्यरसमें निश्चयभई तातेकहा॥ तजहुतातयहरूपा॥ अब बाललीलाकरिये यह अतिप्रियशीला कही अतिशयप्रीतिको स्थान है अरु यह सुख परमअनूपहै सो करिये ( ३८ ) हे पार्व्वती कौशल्याके वचन सुजानकही अति प्रवीणवाणी श्रीरामचन्द्रजी सुनतेभये किन्तु श्रीरामचन्द्रने

**कानाचरितबहुतबिधिकीनचहै कहिकथासुहाईमातुबुझाईजेहिप्रकारसुतप्रेमलहै ३७ मातापुनिबोलीसोमतिडोलीतजहुतातयह रूपा कीजिय-शिशुलीलाअतिप्रियशीलायहसुखपरमअनूपा ३८ सुनिबचनसुजानारोदनठानाहोइबालकनरभूपा यहचरितजोगावहिंहरिपदपावहिंतेनपरैंभवकूपा ३९॥दो०॥ विप्रधेनुसुरसन्तहितलीन्हमनुजअवतार निजइच्छानिर्मिततनुमायागुणगोपार ४०॥**

अतिसुजान माताकी वाणी सुनी सुजानकही जेहिकी वाणीविषे अनेकअभिप्रायहोंइ सो सुजान अरु तेहिको जो समुझैसो सुजान सुजानवाणीसुनिकैबिहँसिकै नरभूप जो राजादशरथ तिनकोकहूं कहूंपाठसुरभूपाहैबालकका स्वरूपहोइकै रोदनकरनेलगे यहचरित्र जो गावै सो हरिकोबिशेषकै प्राप्तहोइ फेरि भवकूप में न परै ( ३९ ) दोहार्थ ब्राह्मण गऊसन्तके हेतु मनुज अवतारलीन्ह मनुज अवतारकही नित्यकिशोर विग्रहते बालकभये निजइच्छा निर्म्मित बालतनुभये प्राकृतइव बाललीला करहिंगेताते निजइच्छा निर्म्मित तनुकहा मायाके तीनि गुण इन्द्री मनसहित सबते परे किन्तु मायाके गुण इन्द्री मनते परे नित्य किशोरमूर्त्ति बालकभये इहै अर्त्थ जानब ( ४० ) इतिश्री रामचरितमानसे सकलकलिकलुषबिध्वसन्सने बालकाण्डे श्रीपरमपुरुष आविर्भाव श्रीकौशल्या दर्शनंनामद्वात्रिंशतिस्तरंगः ३२॥ :: :: :: ::

दो० ॥ तेंतिससुभगतरंगमहँ रामजन्मउत्साह रामचरणआनन्दजगबालचरितअवगाह ( ३३ ) शिशुरोदन परममाधुर्य्य वात्सल्य रसमय सबके श्रवणमनको परमानन्द रसदाता चित्ताकर्षण रोदनवाणी परमप्रियपुरीभरमें महलमहलमें सबको सुनिपरी है मधुरै मधुर सो बाणीसुनिकै सम्भ्रमकही निर्ब्भरप्रेमते जे जैसेहैं ते तैसही सर्व्वरनिवास उठिधावतीभई आरतीसजे अरु जो सम्भ्रम भ्रमकोकहै कि पुत्रकीकन्या यह अर्थग्रामीण है ( १ ) पुनि परमहर्षसंयुक्त जहांतहांते दासीआवतीभई धाइधाइ परमानन्दबिषे सम्पूर्ण पुरबासीमग्न हैं मग्नकही डूबिजावेको जैसे कोईमर्जीवा होते हैं समुद्र में डूबिजाते हैं रत्नकाढ़िल्यावते हैं तैसे सम्पूर्ण अयोध्यावासी ब्रह्मानन्द समुद्र में मग्नकही डूबिकै श्रीरामबालस्वरूप रूपरत्नलेते हैं तहां वात्सल्यरस रत्नकोछद्‌मामहै ( २ ) श्रीदशरथ महाराजने पुत्रकोजन्मश्रवणनसुन्यो इहां उत्प्रेक्षालंकार है॥ मानहुंबह्मानन्दसमाना॥ श्रीराम जन्म जिनने राजाको सुनायो उनका वचन ब्रह्मानन्द समान राजाकेश्रवण द्वारहोइकै हृदय में समातभयो किन्तु श्रीरामजन्म होतसन्ते राज

सुनिशिशुरुदनपरमप्रियबानीसंभ्रमचलिआईसबरानी १ हर्षितजहँतहँधाईदासी आनँदमगनसकलपुरबासी २ दशरथपुत्रजन्मसुनिकाना मानहुब्रह्मानन्दसमाना ३ परमप्रेममनपुलकशरीरा चाहतउठनकरतमतिधीरा ४ जाकरनामसुनतशुभहोई मोरेगृहआवाप्रभुसोई ५ परमानन्दपूरिमनराजा कहाबोलाइबजावहुबाजा ६ गुरुवशिष्ठकहँगयोहँकाराआयेद्विजनसहितनृपद्वारा ७ अनुपमबालकदेखिनजाई

महल ब्रह्मानन्दसमान होतभयो जेहिमन्दिरबिषे राजाको मन समातभयो प्रवेशकरतभयो किन्तु पुत्रजन्मसुनिकै राजा ब्रह्मानन्द समानभये तब परमानन्द स्वरूप बालक श्रीरामचन्द्रजी तिनके देखिबेकी प्राप्तहेतुराजाकोमन बालककेसमीप चलतभयो ( ३ ) राजाकोमन परमप्रेमते पूरि रह्यो शरीर पुलकिआयो है प्रेमकही जो सत्गुरनकी वाक्यकरिकै तत्त्वउद्दीपनबिषे प्रेमहोइ सो प्रेमकही अरु जो गुरुनकी वाक्यबिषे आत्म अनुभव परस्वरूपाकार प्रेम सो परमप्रेमकही आगेराजाके परमप्रेमबिषे पुत्रके देखिबेको अनुसन्धानबनाहै ताते पुत्रकेदेखिबेको उठाचाहते हैं पर अपनी मतिको धीरकरिकै ( ४ ) पुनि श्रीरामचन्द्रकी प्रेरणाते राजाके अन्तःकरण बिषे शान्तरस ऐश्वर्य्य आइगयो मनमें राजा कहते हैं देखिये तो जेहि प्रभुको नाम कहत सुमिरत सुनतसन्ते सर्व्व अमंगल नाशहोइकैपरममंगल परमशुभहोते हैं सदा जाके नामको शिवसनकादि इत्यादिक अहर्निशि जपते हैं सो परमपुरुष मेरे गृहबिषे अवतीर्णभयो मैं अपनेभाग्यको कहांतक कहौं अरु कोई नहींकहिसकै ( ५ ) राजाकोमन परमानन्द में पूरि रहा है आज्ञा देते हैं कि बाजा बजावहु तहां सन्देह है कि शास्त्रन बिषे प्रमाण है कि जब परमानन्दकी दशा भई तब मन क्रम वचन काव्यवहार वाहीआनन्द में शांतकही स्थिरहोइजातैहैं तहां व्यवहारकेद्वैभेदहैं स्वार्थिक परमार्थिक स्वार्थिक बिषयानन्दमयहै परमार्थिक परमानन्दमय है तहां श्रीदशरथ महाराजको व्यवहार परमानन्दमय है जिनराजाकोपुत्र परमात्मा परब्रह्मभयो है जैसे क्षारसमुद्र अरु क्षीरसमुद्र द्वौमेंजलचरहैं पर जलचरनको व्यवहार समुद्र के भीतर समुद्रभरेमें है तैसे राजाको व्यवहार परमानन्दहिमेंहै पुरीभरि श्रीरामचन्द्रहिबिषे आनन्दहै ( ६ ) गुरुवशिष्ठ सर्बोपरि श्रीबशिष्ठजीके बोलाइवेको सुमन्त आज्ञानुकूल तुरन्तजातभये सुमन्तकीबाणी सुनतसंते बाणीकेसंगही श्रीबशिष्ठ ब्रह्मवेत्ता ब्राह्मणोके संगराजद्वार पर आये राजामिलिकै भवनको चले ( ७ ) अनुपम श्रीरामचन्द्र बालस्वरूप तिनकी शोभा छबिलालित्यगुण इत्यादिकनकी राशि एसे अनूपबालक देखतेभये जिनकी उपमा देबेको चौदहौभुवन तीनिहूंलोकमें ऐसे अनेक ब्रह्माण्डबिषे न कोईहै न रहानहोइगो

रूपराशिगुणकहिनसिराई ८ दो०॥ नन्दीमुखशुभश्राद्धकरिजातकर्मसबकीन्हहाटकधेनुबसनमणिनृपबिप्रनकहँदीन्ह ९चौ० ध्वज

ताते अनूप कहा पुनिअनन्त गुणबालकमें कैसेलक्ष्यकीन्हतहां श्रीबशिष्ठइत्यादिकनकी जो राजमहल में समाज है सो सर्बजीवनमुक्त हैं ताते श्रीराम स्वरूप के अधिकारी हैं ताते सब जानते हैं कहिबेकी सामर्थ्य नहींहै दोहार्थ॥ नन्दीमुखश्राद्ध जातकर्म्म करिकै हाटकधेनु बसनमणि इत्यादिक पदार्थ राजाब्राह्मण अरु याचकन को देतभये तेहिसमयके श्राद्धको नन्दीमुखनामहै तहां युक्तको अर्थकरते हैं तेहिश्राद्धमें पितृनकोमुख नांदको ऐसोहोत है पितृआनन्दसों सम्मुखआवते हैं आगे जब ब्राह्मण क्षत्रीकेपुत्रजन्मतभयो जबताईं नारनहीं छीनगयो तबताईं के समय में देवपितृ ब्राह्मण अपरयाचक ऐतेपिता औ पुत्रहुके सम्मुखहोते हैं बहुत पदार्थहेतुमन अरु मुखको बिस्तारकरते हैं आनन्दहोते हैं देवयज्ञहेतु पितृश्राद्ध तर्पणहेतु देवब्राह्मण अरु याचक दानहेतु राजादशरथ महाराजने सर्बवेदबिधान करिकै सबको संतुष्टकीन्ह ( ९ ) समस्त नगर में घरघर ध्वजाकही बड़ेबड़े निशान पताका छोटेछोटे अरु तोरणबन्दनवार भूमिमें महलपरयथायोग्यछाइरहे हैं मानोआगेहीते बनिरहे हैं सो रचनाकहिबेयोग्य नहीं है ( १० ) देवता आकाशते कल्पतरुके फूलबर्षाते हैं सर्बब्रह्मानन्द में मग्न हैं ब्रह्मानन्दकोअर्थ पाछेके दोहा में कहि आये है ( ११ ) वृन्दावन मिलिकै खीचलतीभई पर सहजशृंगार जो सर्बकालमें शृंगारकिहे किन्तु सहजहीशृंगारमय हैं तेसब उठिधावतभिई ( १२ ) कोई हजारनकञ्चनके कलश मोतिनतेछुहे आगेही बनिरहे हैं अरु हेममणिमय थारतामें मंगलमयपदार्थभरे

तुलसी पीतसमेत चाउर दधि हरदी केशरि चन्दन दूर्वा गुलाल अबीर कुंकुम छोट छोटे कलश जामें रोरी अतर फुलेल गुलाब इत्यादिक सुगन्ध मोती पञ्चरत्न इत्यादिकभरे धूप दीप नैवेद्य ताम्बूल आरती युवतीलिहे धावती भई ( १३ ) सम्पूर्ण जो रनी अरु नगरकीस्त्री ये सबबालक जो श्रीरामचन्द्र तिनकीआरतीकरती हैं बारबार शिशुके चरणनपरती हैं यह संदेह है कि तुरन्तभयो बालक अरु तेहि केचरणपरै वह परिपाटी कैसेसम्भवै तहां जब राजामनुको श्रीरामचन्द्रने बरदीन है कि हमतुम्हारेपुत्र

पताकतोरणापुरछावा कहिनजाइजेहिभांतिबनावा १० सुमनवृष्टिआकाशतेहोई ब्रह्मानंदमगनसबकोई ११ वृन्द वृन्द मिलिचलीं लोगाईं सहजसिंगारकियेउठिधाई १२ कनककलशमंगलभरिथारा गावतपैठहिंभूपटवारा १३ करिआरतीनिछाबरिकरहीं बारबारशिशुचरणानपरहीं १४ मागधसूतबंदिगुणागायकपावनगुणागावहिंरघुनायक १५ सर्बसदानदीनसबकाहू जिनपावाराखान हिंताह १६ मृगमदचन्दनकुंकुमकीचा मचीसकलबीथिनबिचबीचा १७॥दो०॥ गृहगृहबाजबधवशुभप्रकटभयेसुखकन्द हर्षवं-

होहिंगे तब यह कहिकै अन्तर्द्धानहोइकै परमदिव्यविभूतिकोजातरहे जब राजाके पुत्र होने को समय आयो तब प्रथम श्रीअयोध्या पुनि अवधबासिन को आज्ञादीन कि तुम एकस्वरूपसहितऐश्वर्य्य ब्रह्माण्ड मण्डलमेंजाहु हमआवतेहैं तहां यतनाबीच परिगयउ अब अवतीर्णभये ताते बारबार शिशुचरणन परहीं ( १४ ) मागधकहीकथिक कलावतादि पदकरिकैगावतेहैं सूतकही जेपुराणकरिकैगावतेहैं बन्दीभाट कवित्तकरिकैगावते हैं श्रीरघुनाथके नित्यपावनगुणगावतेहैं इहांरघुनाथकही श्रीरामचन्द्रतोहीं पर श्रीदशरथमहाराजकोकही ( १५ ) सर्वसकहीमनबांछितदानदीनपुनिसर्बसकही एकएक शरीरको वस्त्रकटिपट निर्वाहमात्र रहिगयो अपरघर बाहर को सरमञ्जा सर्बस दानजाको उचिततिन तिनहूं जो दानलीन अरु सर्बघरको दानदीन तहां सबहीदीन लीनकीन तहां ब्रह्मादिकै देवता याचकरूप ह्वैकैश्रीराम जन्म कै उत्सवका प्रसादलेते हैं ( १६ ) मृगमद चन्दनकेशरि कुंकुमादि सुगन्ध रंगनकी बीथिनबिषे कीचमचि रही है ( १७ ) दोहार्थ॥ गृहगृहबिषे बधाई बाजती हैं काहेते सर्ब सुखके कन्दकही मूर्त्ति श्रीरामचन्द्र प्रकटे जहां तहां नगरके नरनारि वृन्दवृन्द हर्षकोप्राप्ति हैं ( १८ ) जब श्रीरामजन्म भयोहै तेहिके चारिदण्डबीते श्रीकेकईके श्रीभरतजी आविर्भावभये हैं पुनि चारिदण्डबीते श्रीसुमित्राजी के श्रीलक्ष्मणजी आविर्भाव भये पुनियहीरीतिसेशत्रुह्नप्रकटे जेहि जेहि समय में भरत लक्ष्मण शत्रुघ्न प्रकटेहैं तेही समयमेंनगरभरेमें घरघरप्रति एकएकबालक प्रकटतभये अतिसुन्दर श्रीरामचन्द्रजी के सखादास हैं घरघर परम उत्सव बधाई बजिरही हैं ( १९ ) हे पार्वती बहिसमयमें सुखसम्पत्ति अरुसमाज जो भईहै श्रीरामजन्मकेअवसरबिषे सो शारदाअरु अहिराज नहीं कहिसकैं ( २० ) अवधपुरी तेहि

तसबजहँतहँनगरनारिनरवृन्द १८ चौ०॥ केकयसुतासुमित्रादोऊ सुंदरसुतजन्मतभइँ वोऊ १९ वह सुखसम्पतिसमयसमाजा कहि नसकहिंशारदअहिराजा २० अवधपुरीसोहैयहिभांती प्रभुहिमिलनआईजनुराती २१ देखिभानुजनुमनसकुचानीतदपिबनी सन्ध्याअनुमानी २२ अगरधूपजनुबहुअंधियारी उड़हिअबीरमनहुंअरुणारी २३ मन्दिरमणिसमूहजनुतारानृप गृहकलश सोइंदुउदारा २४ भवनवेदधुनिअतिमृदुबानी जनुखगमुखरस मयअनुमानी २५ कौतुकदेखिपतंगभुलाने येकमासतेइजात नजाने २६ दो०॥ मासदिवसकरदिवसभा मर्मनजानैकोइरथसमेत रविथाकेउनिशाकवनिबिधिहोइ २७ यहरहस्यकाहून

समयबिषे यहि भांति शोभितभई जनु प्रभुके मिलिवेको रात्री आई है ( २१ ) वह जनुभानुको देखिकै सकुचाइगई तदपि अनुमानिकै सन्ध्या रूपबनी ( २२ ) अगर धूप इत्यादिक सुगन्धमय होमकोधुवां सोईअँधियारी है अरु अबीर जो बहुतउड़ती है सोई सन्ध्यासमयकी अरुणाई है ( २३ ) मन्दिरन बिषे मणिनके समूहलगे हैं सोई नखतकहे तारागणहैं

राजमन्दिर को कलश सोईमानो पूर्णचन्द्र है ( २४ ) भवनविषे ब्राह्मण वेदध्वनि करते हैं मृदुबाणीते जनु संध्यासमयके बिहंग बोलते हैं ( २५ ) कौतुक श्रीरामचन्द्रके अद्भुत चरित्रका देखिकैसूर्य भूलिगये एक महीना जातेही नहीं जान्यो ( २६ ) दोहार्थ ॥ एकमासको एक दिवसभयो परयहमर्म किसूने नहीं जान्यो काहे कि श्रीरामजन्मको उत्सव देखिकै सहित घोड़ेरबि के चित्तकी वृत्ति श्रीराम चरितमें लगिरही है ताते रथ एकमासथंभिगयो तो रात्रीकैसे होइ तहांमास कैसे जान्यो श्रीरामचन्द्रकी कृपाते साधुकबीश्वर जानत हैं ( २७ ) यहरहस्य काहूने नहीं जान्यो एकमाससूर्यकोरथ टिकिरह्यो श्रीराम जन्मोत्सवानन्द में किसूको शरीरादिकव्यवहारकी सुधि नहींरही दिनमणि श्रीराम गुण गानकरत चलतेभये ( २८ ) यह महानन्द महोत्सव देखिकै सुरमुनि नागइत्यादिक श्रीरामगुण गान करतसंते अपनेभाग्य सराहत अपने अपने भवन को चलते भये ( २९ ) महादेव कहते हैं हे गिरिजा हमारीएक चोरीसुनहु काहेते कि तुम्हारी दृढ़बुद्धि है ( ३० ) हम अरु कागभुशुण्डि मनुष्य रूपतनुधरे हमारी गतिकोकोई जानै नहीं ( ३२ ) परमानन्द प्रेम में फूले श्रीअवधकी बीथिनमें भूले फिरैं यहचोरी काहेतेकी कि यह श्रीरामजन्मबाल इत्यादिक उत्सव मनुष्यहि तनुते निकटप्राप्ति है ( ३३ ) हेपार्बती यहशुभचरित्र सोई जानैगो

हिंजाना दिनमणिचलेकरतगुणगाना २८ देखिमहोत्सवसुरमुनिनागा चलेभवनबरणतनिजभागा २९ औरौयेककहौंनिजचोरी सुनुगिरिजाअतिदृढ़मतितोरी ३० कागभुशुण्डिसंगहमदोऊमनुजरूपगतिलखैनकोऊ ३१ परमानन्दप्रेमसुखफूले बीथिन फिरहिंमगनमनभूले ३२ यहशुभचरितजानपैसोई कृपारामकैजापरहोई ३३ तेहिअवसरजोजेहिबिधिआवा दीनभूपजोजेहि मनभावा ३४ गजरथतुरँगहेमगोहीरा दीन्हेनृपनानाबिधिचीरा ३५ दो०॥ मनसन्तोषसबनकरजहँतहँदेहिँअशीश चिरजीवहु चारिउतनयतुलसिदासकेईश ३६॥

जेहिपर श्रीरामचन्द्रकै कृपाहोइगी तेहि अवसर बिषे जो जोनीरीतिसे आये ताको तैसही राजामन भावित पदार्थ देतभये ( ३४ ) हाथी घोड़े रथ गज हेमरत्न हीरा इत्यादिक अरु नाना बिधिके जरावनकै अनेकन पट सबको देतभये ( ३५ ) दोहार्थ सबके मनको संतोष करिदीन ते सब जहां तहां आशीर्वाद देते हैं महाराज श्रीदशरथ के चारिउतनय चिरञ्जीविरहैं चिरञ्जीवि क्यों कहा श्रीरामचन्द्र तौ परमेश्वर हैं इहां राजपुत्र करिकै आशीर्वाद देते हैं श्रीतुलसीदास कहते हैं मेरेईश्वरको आशीर्वाददेते हैं ( ३६ )॥ इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसनेबालकाण्डेश्रीरामजन्मउत्सवलीलावर्णनोमत्रयस्त्रिंशतिस्तरङ्गः ३३॥

दो० रामचरणचौंतिसलहरि लीलाबालकराम॥ नामकरणदैबिबिधसुख छायरह्योगृहग्राम ३४ कछुक दिवसबीते यहिभाँती जो पाछे श्रीरामचन्द्रकी परमानन्दमय बाललीला कहिआये हैं यह बारह दिनकी प्रथमबाललीला गोसाईजीने बर्णन कियो है तहां आनन्दमेंभरे रातिदिनकाहू कोनहीं जानिपर्‌यो तब नामकरणको अवसर जानिकै बैशाखबदीपंचमीशुभयोगलग्न मुहूर्त्तबिषे पूर्णज्ञानी श्रीबशिष्ठजीको अतिआदरते बुलावते भये पुनि अतिआदरकीन ( २ ) पूजाकरिकै राजाबोलतेभये हे मुनीशचारिहू बालकनकेनाम आप बिचारिराखाहोइ सो धरिये ( ३ ) बशिष्ठजी बोले हे राजन् इनकेनाम अनन्त हैं अरु सबनाम अनूपहैं मैं अपनी मतिके अनुरूप कहौंगो ( ४ ) जो परमतत्त्व परमात्मा परब्रह्म परमानन्द स्वरूप परमसुखकी पूर्णराशि ऐसो परमपुरुष आनन्दसुखको समुद्र जेहिकेएकशीकर अंशभागते त्रैलोक्य प्रकाशित है सो चैतन्यरूप निर्बिकार सर्बान्तर्यामी सर्बब्यापी सर्बसाक्षी है ( ५ ) जो आनन्द सिंधु सुखकीराशि तिनको रामअसनाम सो रामनाम कैसो है अखिल कही समूह

कछुकदिवसबीतेयहिभांती जातनजानेउदिनअरुराती १ नामकरणकरअवसरजानी भूपबोलिपठयेमुनिज्ञानी २ करिपूजाभूपति असभाषा धरियनामजोमुनिगुनिराखा ३ इनकरनामअनेकअनूपा मैंनृपकहबस्वमतिअनुरूपा ४ जोआनंदसिंधुसुखराशी सो करतेत्रैलोक्यप्रकाशी ५ जोसुखधामरामअसनामा अखिललोकदायकविश्रामा ६ बिश्वभरणपोषणकर जोई ताकरनामभरत अ–

लोक जोहै अतल वितल सुतल तलातल महातल रसातल पाताल भूःभुवः स्वः भरूः जनः तपः सत्यलोक इत्यादिक चौदहौभुवन तीनिहूंलोक किन्तु अखिलकहीअनन्त ब्रह्माण्डकोविश्रामदाता केवल एक श्रीरामनामहीहै तहांयह प्रसिद्ध निगमागमकहते हैं ( ६ ) अरु हेराजन् येजोकैकेयीको पुत्रहैतिनको भरत ऐसो नामकही काहेतेसम्पूर्ण बिश्वकोभरण पोषणकरैहैतातेभरतकही तहां जिनबालकको रामकही तिनको जो बिश्वभरण गुण है अरु भरण शक्तिहै सो गुणशक्ति परमदिब्य अनादिमूर्त्तिभरतजूहैंपुनि दूसरअर्थ भरणकही पदार्थकीप्राप्ति पोषणकही सन्तोषसोदोनों एकही बार कोई पदार्थ में नहींहोतहैं काहेते जीवनके राजाहोबेकीइच्छा राजाके इन्द्रहोबेकी इन्द्रके ब्रह्माहोबेकी ब्रह्माकेपरमेश्वर इन्होंमें सन्तोषनहीं है अरु भोजनादिक करनेहारे देवता अमृत पानकिये हैं तौभी सन्तोषनहीं है अरु कर्म्मी तपस्वी कहते हैं कि मैं इन्द्रब्रह्माहोउं अरु परमार्थिक बिषे योगीकहते हैं कि हमकालको जीतिलेहिं अरुज्ञानीकहते हैं कि हमहींईश्वर ब्रह्म हैं तहां भरणपै तो जहां तहां कछुकछुहै परपोषणनहींहै काहेते कालअजितहै जीवईश्वर ब्रह्मनहींहोइहै तहां भरणपोषण दूनौएकहीसंगहोत हैं श्रीरामचन्द्र के प्रेमबिषे जैसे सुष्टुभोजन करतसंते तुष्टी पुष्टी एकही संग है तैसे जब श्रीरामप्रेममें मत्तभयो तब परमानन्द भरण पोषणसंगही है ( प्रमाण चौ० ) अवधराजसुरराजसिहाहीं। दशरथधनलखिधनदलजाहीं॥ तेहिपुरबसतभरतबिनुरागा। चञ्चरीकजिमिचम्पकबागा॥ रमाबिलासरामअनुरागी। तजतबनमइवजनबड़भागी॥ ताते श्रीरामचन्द्रबिषे जो साधुनकर अरु सन्तनबिषे श्रीरामचन्द्रजीको प्रेमहै ताहीकैमूर्त्ति श्रीभरतजीहैं ( भरद्वाजबाक्य ) मोरेजानभरततुमएहू। धरेउदेह जनुरामसनेहू॥ ( ७ ) येजो सुमित्रा के छोटेपुत्र हैं जेहिके सुमिरेते शत्रुनकोनाशहोत है ताते शत्रुहनकही जिनबालकको रामकही तिनमें जो शत्रुनाशकशक्ति है तेहिकीमूर्त्ति यह बालकहै ताते शत्रुहनकही पुनि संतनकोशत्रु काम क्रोध लोभ मोह मद मात्सर्य्य इत्यादिक नाशहोते हैं जेसंत

सहोई ७ जाकेसुमिरणतेरिपुनाशा नामशत्रुहनवेदप्रकाशा ८ दो०॥ लक्षणधामरामप्रियसकलजगतआधार गुरुबशिष्ठतेहि राखेउलक्ष्मणनामउदार ९ धरेउनामगुरुहृदयबिचारी वेदतत्त्वनृपतवसुतचारी १० मुनिजनधनसर्बसशिवप्राना बालकेलि रसते-

श्रीरामका सुमिरणकरते हैं अरु श्रीरामसंतनको सुमिरणकरते हैं तेहिकेअनदिमूर्त्ति शत्रुहन हैं ( ८ ) दोहार्थ जो सन्तन के लक्षण श्रीरामचन्द्र को प्रिय हैं तेहिकेधाम अरु सम्पूर्ण जगत् की आधारशक्ति श्रीरामचन्द्र की जो है तेहिके अनादिमूर्त्ति ये बालक हैं तहां साधुनकेलक्षण सामुद्रिक ग्रन्थ के लक्षणते लक्षितहोते हैं बैराग्ययोग ज्ञान बिज्ञान शांतिसंतोष शीलकरुणा दयाशमदम विवेक समता श्रद्धाध्यान समाधि समाधान नवधाभक्ति प्रेमापरा इत्यादिक अनन्तलक्षण सन्तनमें हैं सो श्रीरामचन्द्रकीकृपा करुणादयाते अरु येहीलक्षण सर्बजगत् को आधार हैं तिनसबके समष्टीमूर्त्ति अखण्ड एकरसयेई बालक हैं ताते लक्ष्मणकहीते सर्बजीवनके कल्याणहेतु आचार्य्य हैं अरु जो अपरअर्थ करते हैं शंख चक्र शेषकरिके सो गोसाई तुलसीदासके मतकरिकै प्रमाण है ( ९ ) गुरुनेअपने हृदय में बिचारिकै चारिहू भाइनके गुणनाम धरेउ तहांनाम चारि प्रकारकेहोते हैं लाड़रूप क्रियागुण तहां लाड़केनाम लाललालन छगनमगन बबुआ इत्यादिक रूपनाम श्यामगौर सुंदर इत्यादिक क्रियानाम रघुबर खरारि रावणारि धनुर्द्धर इत्यादि गुणनाम रामकृष्ण बासुदेवभगवान् इत्यादि ताते गुरुन इहांचारिहू भाइनके गुणनामकहेहैं मुनिने कहा हे राजन् जो वेदनबिषे सारभूततत्त्व है सोई चारिहू तुम्हारे पुत्रहैंजेहि तत्त्व को परमहंस योगेश्वर भक्तजन संसार को जीतिके ध्यावते हैं सो तुम्हारेपुत्र ऐसेहैं आपुबड़भागीहौ सुनिकै राजाकासुख कहिबेयोग्यनहींहै ( १० ) येबालक मुनीश्वरन के जीवनसर्बसहैं शिवजीको प्राणहींहैं जो बालही लीलाते किशोरताई के रसमेंपगेहैं ( ११ ) बारकही बालहीअवस्थाते निजहितपति जानिकै लक्ष्मणने श्रीरामचन्द्र के चरणोंमें रति मानी है इहांशांतरसहै ( १२ ) अरु शत्रुहनकी भरतकेसंगप्रीति अरुदूनोंभाई मिलिकै श्रीरामकी सेवाहीमें अतिप्रीति करिकै यशबड़ाई को सदाप्राप्त हैं ( १३ ) श्रीरामचंद्र भरतश्याम मयूरकेकण्ठ इव अरु लक्ष्मण शत्रुहन गौरजनु द्वौबालकस्वरूप शृंगाररसके सेवकबीररस द्वौबालक स्वरूप हैं चारिहूस्वरूप की अनूपछबि निरखि माता तृणतोरती हैं अथवा राजा अरु गुरुसमाजकेआगे तृणनाम घूंघुटलज्जाको तोरिकै देख-

इसुखमाना ११ बारेहितेनिजहितपतिजानी लक्ष्मणरामचरणरतिमानी १२ भरतशत्रुहनदूनौभाई प्रभुसेवकयशप्रीति बड़ाई १३ श्यामगोर सुंदरदोउजोरी निरखहिंछवि जननीतृणतोरी १४ चारिउशीलरूपगुणधामा तदपिअधिक सुखसागररामा १५

तीहै ( १४ ) चारिहू बालक शीलरूप गुणकेधाम हैं तदपि श्रीरामचन्द्र अधिकसुखके सागर हैं छः चौपाई को एकही अन्वय जानब अरु यहि चौपाईते॥ वेदतत्त्व नृपतवसुतचारी यहि चौपाईताईं ॥ तदपि अधिकसुखसागर रामा॥ ( १५ ) ( प्रमाणंबशिष्ठसंहितायां श्री बशिष्ठबाक्यभरद्वाजम्प्रति ) जयश्रीमन्महाराज कुमार रघुनन्दन ॥ रामचन्द्रमहाबाहोसच्चिदानन्दबिग्रह १ गुणातीतपरब्रह्म परात्परतमप्रभो॥ बात्सल्यादि परानंत कल्याणगुणसागर २ जयमत्स्याद्यसंख्येया ऽवतारोद्भवकारण ॥ ब्रह्मबिष्णुमहेशादि संसेब्यचरणांबुज ३ राघवेंद्रमहाराज पुत्ररत्नमहाद्युते॥ सौमित्रेमातृबात्सल्य सिंधुचन्द्रजयप्रभो ४ रामप्रणमनः पक्षि रत्नपञ्जरलक्ष्मणः ॥ जयासंख्येयसौन्दर्य्य बात्सल्यादिगुणार्णब ५ जयानन्तधराधार शेषकारणबिग्रह॥ कोटिकन्दर्पदर्पघ्न सच्चिदानन्दरूपधृक् ६ जयश्रीराजराजेंद्र भोग्यभूर्लोकभूषण॥ भरतानंतमाधुर्य्य परमानन्दबिग्रह ७ जयश्रीरामपादाब्ज भ्रमरभ्रातृबत्सल॥ गाम्भीर्यौदार्यसौशील्य बात्सल्यादिगुणांबुधे ८ सुमित्राब्धिमहाचन्द्र शत्रुघ्नभ्रातृभूषण ॥ जयश्रीलक्ष्मणामेय गूढ़बात्सल्यबिग्रह ९ राजेंद्रहृदयाम्भोज मार्त्तण्डमधुरद्युते॥ जयत्वंसच्चिदानंद स्वरूपगुणमन्दिर १० इत्यर्थः ( १५ ) हृदयअनुग्रहरूप हृदयमें जनुशीतल अमृतमय इंदुको प्रकाशहै अरु हास्य जो हैसो किरणिकी अतिमनोहर सूचनिका जनावति है ( १६ ) माताकबहूं उछंगलैकै हलरावती है कबहूं मणिजटित रेशमसहित पालनेमें आनंदभरी प्रियललना कहिकहि झुलावतीहै ( १७ )॥ दोहार्थ॥ ब्यापकब्रह्म अपने घनस्तेज रूपकरिकै वृहद्ब्याप्त अनेक ब्रह्माण्डबिषे जैसे आकाशब्याप्त सोईतेज ज्योतिस्वरूप जाको योगीश समाधिकरके ध्यावतेहैं अरु ज्ञानी चित्तकीबृत्ति एकाग्र करिकै आत्मा ब्रह्माकार आनंदमें रहते हैं अरुजाकोऐसो परमदिब्य तेजगुण तेहीबालकको भक्तजन प्रेम लक्षण भक्ति करिकैध्यावते हैं परमानन्दको लहते हैं निरंजन कही मायारहित निर्गुणकही तीनिहूंगुणनके परे विगतबिनोद कही शोक हर्षरहित अजकही अ-

हृदयअनुग्रहइंदुप्रकाशा सूचतिकिरणिमनोहरहासा १६ कबहुँ उछंगकबहुंबरपलना मातुदुलारहिकहिप्रियललना १७ दो०॥ ब्यापकब्रह्मनिरंजन निर्गुणविगतविनोद सोइअजप्रेमभक्तिबश कौशल्याकीगोद १८ कामकोटिछविश्यामशरीरा नीलकंजबारिदगम्भीरा १९ अरुणचरणपंकजनखज्योती कमलदलनबैठीजनुमोती २० रेखकुलिशध्वजअंकुशसोहै नूपुरधुनिसुनिमुनिमनमोहै २१ कटिकिंकिणीउदरत्रयरेखा नाभिगंभीरजानुजेहिदेखा २२ भुजबिशालभूषणयुतभूरी हियहरिनख

जन्मा गर्भ में नहीं आवें ऐसे परमेश्वर सर्वजीव ब्रह्मादिकनकेपिता ते प्रेमअरु भक्तिवश श्रीकौशल्याकी गोद में बालकस्वरूप परमानन्ददेते हैं ( १८ ) कोटिन कामकीछवि हरते हैं श्यामशरीर में कोटिनकामकी उपमा क्योंदियो जो एककामकी छवि सोई कोटिनविषे तहां जैसे एकमणिधरो तो एकहीमणिकीशोभा प्रकाशितहोती है अरु जो कोटिनधरो तो महाशोभाप्रकाश होती है ताते कोटिन कहा है कैसो श्यामशरीर है नीलकंजइव कोमल सुगन्ध मकरन्द भरे पुनि नीलबारिद गम्भीर शोभा परमार्थभरे ( १९ ) पुनि अरुणचरण पंकजकेदलतल अंगुली शोभित हैं तापर नखन कीज्योति जनुअरुण नीलपंकजके दलनपर मोतिन की पंक्तिबैठी है ( २० ) पुनि अरुण चरणतलविषे कुलिश ध्वज अंकुश इत्यादिक चालिस अरु आठअंक भक्तनके मंगलदाता शोभित हैं महारामायणमेंशिवजीनेकहा है आठ अरु चालिस अध्यायविषे पुनि नूपुरहेम मणिकनिन से जटित हैं जाकी स्वाभाविक ध्वनि प्रणवहोति है जेहिको सुनिकै मुनिन के मनमोहितहोत हैं ( २१ ) कटिबिषे किंकिणीका अतिमधुर शब्दहोत है अरु उदरबिषे तीनिरेखा हैं जनु शोभाकी तीनिलीकै हैं अरु नाभि गम्भीरदहिनावर्त्त रसिक भक्तनके मनको बिश्रामस्थली है जे मुनीश्वर ध्यान बिषे देखतेहैं ते यहिशोभाको जानते हैं ( २२ )

भुजविशाल हैं बाजूबंदकंकण इत्यादिक भूषणन संयुक्त अति शोभित हैं अरु हृदयकेबिषे सिंहको नखपहिरेहैं जाते कोई की कुदृष्टि नहींलगै तहांअति सुंदरशोभा है ( २३ ) उर विषे मणिनको हार है पंचरंगमणि हैं पीत श्वेत अरुण हरित नील ताके बीचमें पदिक चौकोण चहुँफेर मोती मणिकनी जटित हैं जनु नवग्रह अरु नक्षत्रन के मण्डलके मध्यमें पूर्णचन्द्र एकरस चौकोण शोभित है वक्षस्स्थल विषे भृगुलता अतिशोभित है तहां विष्णुभगवान् के लक्षणअपनेविषे सबको देखावते हैं तहां यहभेद श्रीदशरथ कौशल्या जानते हैं अपर नहींजानते हैं सो पूर्व यहि प्रसंग में कहिआये हैं॥ चौपाई॥ कश्यपअदितिमहातपकीन्हा तिनकहँमैंपूरबबरदीन्हा॥ सो जानब ( २४ ) कंबुकंठ

शोभाअतिरूरी २३ उरमणिहारपदिककीशोभा बिप्रचरणदेखतमनलोभा २४ कम्बुकंठअतिचिबुकसोहाई आननअमितमदन छविछाई २५ दुइदुइ दशनअधरअरुणारे नासातिलककोबरणैपारे २६ सुन्दरश्रवणसुचारुकपोला अतिप्रियमधुरतोतरेबोला २७ चिक्कणकचकुंचितगभुआरे बहुप्रकाररचिमातुसंवारे २८ पीतझंगुलियातनुपहिराई जानुपाणिबिचरनिमोहिभाई २९

ऐसी श्रीकौशल्या सुमित्राजी हैं जिनके ऐसेपुत्र हैं यहसुनिकै सम्पूर्णनारीजो हैं सो अतिहर्षको प्राप्तभई ( २७ ) अपर एकप्रौढ़ासखी श्रीरामचन्द्र की छबि नेत्रनभरि देखिकै बोलतीभई हे सखि ये श्रीजानकीहीके योग्यहैं ( २८ ) हे सखी जो इनकी शोभा राजाजनकजू देखैंगे तौ बशीभूत ह्वै जाहिंगे तब प्रणतजिकै हठकरिकै बिवाहकरहिंगे यामें मध्यानायका जोहै सो श्रीरघुनाथके स्वरूपमें आसक्तभई है तहां प्रौढ़ाने वाको समाधान कीनहै ( २१ ) तब दूसरीनायका जो प्रवीण है सो बोली हे सखी इनकोनरनाह जानते हैं सहित मुनि इनको सम्मान कीन है ( ३० ) हे सखी इनकोचीन्हो तो है परन्तु प्रणको नहीं तजहिंगे काहेते बिधिकेबशते बिधिजो परमेश्वर हैं तिनकेबश जनकको प्रण अरु राजा जो है सो तो बिवेकमानहै इनकी शोभा देखिकै ऐसो कौनहै जो प्रणको न त्याग करै राजातौ प्रणको त्यागिकै विवाह करते पर राजाको प्रण बिधिके बशहै ताते राजा हठकरिकै अबिबेकको भजत कही अविवेकहीको ग्रहण किये हैं देखिये तौ सखीकी चातुरता राजाको तौ बिवेकमान किये है अरु प्रण को अबिवेकमान किये है काहेते शृङ्गार रस के भावते पुनि सखी की बाणीमें यह अभिप्रायहै ( ३१ ) कि कर्म्म धर्म्म नेष्ठी योगी ज्ञानी इत्यादिक इनकी शोभा देखिकै अपने नेम धर्म्म कर्म्म ध्यान समाधि इत्यादिकजो प्रण न त्यागिदेइ ऐसो कौन अज्ञानी है काहेते कि सबकेफल येई हैं अरु राजाके प्रणद्वारह्वैकै परमेश्वर अपनीईश्वरता जनावाचाहते हैं तातेराजाको प्रण ईश्वराधीनहै ( ३२ ) कोईसखी बोली कि जो बिधाता ऐसो भलो सबको उचित फलदाता है तौ श्रीजानकीजू को यही बर निश्चयकरिकै मिलहिगा हे आली यामें सन्देह नहीं है अली कही भ्रमरी अरु श्रीरामचन्द्र को स्वरूप नीलकमलहै छविकेशरहै शोभामकरन्द है ताकोपानकरतीहै ताते अलीकही ( ३३ ) अपरसखीबोली कि जो विधिकेवशते

**जई ३१ कोउकहजोभलअहैविधाता सबकहंसुनियउचितफलदाता ३२ तौजानकिहिमिलीवरयेहू नाहिनआलीयहसंदेहू ३३ जोविधिवशयहबनैसंयोगू तौकृतकृत्यहोहिंसबलोगू ३४ सखिहमरेअतिआरतताते कबहुंकयेआवहिंयहिनाते ३५ दो० ॥ नाहिंतौहमकहँसुनहुसखि इनकरदरशनदूरि यहसंघटतबहोइजबपुण्यपुराकृतभूरि ३६ चौ०॥ बोलीअपरकह्यउसखिनीका यह बिवाहअतिहितसबहीका ३७ कोउकहशंकरचापकठोरा**

येश्यामलमृदुगातकिशोरा ३८ सबअसमंजसअहैसयानी यहसुनिअपर कहैमृदुबानी ३९ सखिइनकहँकोउकोउअसकहहीं बड़प्रभावदेखतलघुअहहीं ४० परसिजासुपदपंकजधूरी तरीअहल्याकृतअघ

यहसंयोगबनैबिधिकहीबिधाता किन्तु बिधिकहीकर्म हमारेकर्मभाग्यते यहसंयोगबनै तौ हमलोगनकीकृत्य कृतार्थ अरु आनन्दितहोय ( ३४ ) हेसखी बिवाहकेसम्बन्ध अरु हमारी आरतकेनातेते कबहींकबहीं ये फेरिआवहिंगे काहेते दशरथनन्दन करुणानिधानहैं ( ३५ ) दोहार्थ॥ जो यह सम्बन्धनहोइ तोहमकोइनकेदर्शनदूरिहैं श्रीजानकीजी अरुइनकेविवाहको जो संघट्टहोइ तौजानिये कि हमारोसुकृतपुण्य अमितहै ( ३६ ) अपरसखीबोली हेसखी तूअतिनीककहैहैयहविवाह जबहोइ तबअतिशयहितकारसबकोहै ( ३७ ) पुनि कोईसखीहृदयते प्रेमविषेगद्गदह्वैकैबोली कि बिधाता अरु शंकर अरु जनकइनकाहूमेंविवेककनहींहै कहां धनुष अतिकठोर अरु कहांयेसुन्दरकिशोर अतिकोमलइनकोधनुष के तोरिवेकोप्रणनचाही ताते जाकोधनुष अरु जिनप्रणकीन्ह अरुजो यहबिधातानेलिखा सोतीनोंअविवेकीहैं ( ३८ ) हेसखी हेसयानिसबअसमंजसैदेखिपरतहै हमारोकीन्हकछुनहींहोतहैयहसुनि कैअपरसखी मृदुवाणीतेबोली ( ३९ ) हेसखी तुमसब विह्वलनहोहु इनको कोईकोईअसकहते हैं कि देखतकै बालकहैं पर तेजप्रताप बड़ो है ( ४० ) ऐसे तेजस्वी हैं जिनके पदपंकज के स्पर्शते अहल्या जो अघ की भूरिरहीसो कृतार्थभई ( ४१ ) हे सखि जिनके चरणकी रजविषे इतनोप्रतापहै ते शिवको धुनषतोरे बिनातान रहैंगे नतु विशेषतोरहिंगे हे सखी यहप्रतीतिभूलिहू न त्यागकरी ताते विशेष विश्वास न करहु ( ४२ ) हे सखी यहतौ विचार करहु जेहिबिरंचिने श्रीजानकीजी को रच्यो है तेहीने श्यामलबरभी बिचारिकैरच्योहै हे पार्वती इहां सखी ऐश्वर्य माधुर्यविषेकहैहै ( ४३ ) तेहिसखीके वचनसुनिकै सब हर्षको प्राप्तह्वैकै मृदुवाणीते आशीर्वाददेतीहैं कि तेरेवचन परमेश्वरसत्यकरिहैं ( ४४ ) दोहार्थ॥ ऐसेवचन परस्पर सुमुखी सुलोचनी कहतीहैं हृदयविषे हर्षती हैं फूलबर्षाती हैं यहीप्रकारते जहांजहां दूनों बन्धु जातेहैं तहांतहां सम्पूर्णनगर में ऐसही परमानन्द

भूरी ४१ सोकिरहैबिनुशिवधनुतोरे यहप्रतीतिपरिहरियनभोरे ४२ जेइविरंचिरचिसीयसवाँरी तेइश्यामलवररच्योविचारी ४३ तासुबचनसुनिसबहरषानी ऐस्यइहोउकहइँमृदुबानी ४४ दो० ॥ हियहर्षहिंवर्षहिंसुमनसुमुखिसुलोचनवृन्द जहँजहँजाहिंबंधुदोउ तहँतहँपरमानंद ४५॥

चौ०॥ पुरपूरबदिशिगेदोउभाई जहां धनुषमखभूमिबनाई १ अतिबिस्तारचारुगचढारी विमलवेदिकारुचिरसवाँरी २ चहुंदिशि कंचनमंच विशाला रचेजहांबैठहिंमहिपाला ३ तेहिपाछेसमीपचहुंपासा अपरमंचमंडलीविलासा ४ कछुकऊंचसबभांतिसोहाई

होतेहैं इहां सखिनके वचनविषे अनेकन अभिप्रायसंयुक्त रसहैं मैंने अपनी मतिअनुसार कहेहैं ( ४५ ) ॥ इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसनेबालकांडे परस्पररघुनन्दनविषयिकं सखीनांदशारसवाक्यविलासवर्णनंनामैकचत्वारिंशतिस्तरङ्गः ४१॥

दो०॥ चालिसदोइतरंगवररामचरण सुखधाम॥ धनुषभूमिदर्शननगये सुमनबाटिकाराम ( ४२ ) हे भरद्वाज पुरके पूर्व्वदिशि जहां धनुषयज्ञकीभूमि बनी है तहांको दूनोंभाई जातभये ( १ ) अति विस्तारहै चारु अतिसुन्दरहैकञ्चन मणिनकरिकै गच सुढरिरहीहै तेहिकेमध्यमें परम दिव्य वेदिका बनी है ( २ ) पुनि चहुंफेर कञ्चन मणिनमय मञ्चान बहुविशाल बनेहैंजहां सम्पूर्ण देशेदशनके महिपाल बैठहिं सो प्रथम आवरणहै ( ३ ) तेहि के समीपही उनते कछुकऊंच जापर राजाजनककी सजातीय मण्डलीबैठहि सो द्वितीय आवरणके मञ्चहैं ( ४ ) अरु द्वितीय आवरणके पाछे तेहिते कछुकऊंच तृतीय आवरणके मञ्चानबने हैं जहां समष्टी नगरकेलोग बैठहिं ( ५ ) तृतीयआवरणकेपाछे चतुर्त्थ आवरणहै वाते कछुक ऊंच स्फटिकमणिनमय चहुंफेर अनेकनधाम अतिसुन्दरबने हैं ( ६ ) जहांबैठिकै नगरकी सम्पूर्णस्त्रीदेखहिं यथायोग्यनिजकुलके अनुहारिबैठहिं

( ७ ) अरु रघुनाथजीकेसङ्ग पुरकेबालकहैं ते अपनी २ रुचिते अतिमधुरबाणीतेकहिकहि श्रीरघुनाथजीको अति प्रीतिते रचना देखावते हैं ( ८ ) दोहार्थ सम्पूर्ण जे शिशु हैं ते देखावनेके मिसुते मनोहरगात स्पर्शकरते हैं तनमेंपुलकते हैं हृदयमें अतिहर्षते हैं दोऊ भाइनकै शोभा अंगअंग निरखते हैं

बैठहिंनगरलोगजहँजाई ५ तिनकेनिकटविशालसोहाये धवलधामबहुबरणबनाये ६ जहँबैठीदेखहिंसबनारी यथायोग्यनिज कुलअनुहारी ७ पुरबालककहिकहिमृदुबचना सादरप्रभुहिंदेखावहिंरचना ८ दो०॥ सबशिशुयहिमिसुप्रेमबशपरसिमनोहरगात तनुपुलकितअतिहर्षहिय देखिमनोहरगात ९ चौ० ॥ शिशुसबरामप्रेमबशजाने प्रीतिसमेतनिकेतबखाने १० निजनिजरुचिसब लेहिंबोलाई सहितसनेहजाहिंदोउभाई ११ रामदेखावहिंअनुजहिंरचना कहिप्रियमधुरमनोहरवचना १२ लवनिमेषमहँभुवननिकाया रचैजासुअनुशासनमाया १३ भक्तिहेतुसोइदीन-दयालाचितवतचकितधनुषमखशाला १४ कौतुकदेखिकचलेगुरुपाहीं

अरु बिशालभुज धरिकै अपनी अपनी रुचिते लैजाते हैं रचना देखावते हैं अरु रघुनाथजीने बालकन के प्रेमबश ह्वैकै जितने बालकहैं तितनेही स्वरूप धारणकीन्ह एकएक बालक जानत है कि हमारेही संगरघुनाथजीहैं ताते बालकनके परमानन्द होतहै ( ९ ) सब शिशुनको रघुनाथजी प्रेमबश जानिकै पृथक्-पृथक् बालकनते मन्दिरनकी शोभा बारंबार बखानते हैं ( १० ) पुनि निजनिज रुचिसेसब बोलाइलेते हैं स्नेहसमेत दोऊभाई जाते हैं ( ११ ) तहां श्रीरामचन्द्र मधुर मनोहर बचनते कहते हैं हे श्रीलक्ष्मणजू देखौतौ अद्भुतरुचना बनिरहीहै ( १२ ) हे पार्वतीजिन श्रीरामचन्द्रके एकनिमेष के लवमात्रमें माया अनेकन ब्रह्माण्डनको रचै है जिनकीआज्ञानुकूल ( १३ ) सो दीनदयालु श्रीरामचन्द्र अपनी भक्तवात्सल्यता ते चकित ह्वैकै धनुषयज्ञकी रचनादेखते अरु देखावते हैं बालकनको आनन्ददेते हैं काहेते यहरचना मायाते भिन्नहै ( १४ ) यहपरमदिब्य कौतुक देखिकै बिलम्ब जानिकै वेदमर्य्यादसे त्रासमानिकै गुरुके समीपचले ( १५ ) हे गरुड़जी देखिये तौ जिन श्रीरामचन्द्रके त्रासते कालहूको त्रासहोतहै तेप्रभु विश्वामित्रकी त्रासमानते हैं कि संसारी देवदानव मनुष्य मेरेबशहैंअरु जे मेरोभजन करते हैं तिनके मैं बशहौं ( १६ ) तब मृदुमधुर शोभायमानबचन कहिकै बालकनको बरिआई बिदाकीन्ह ( १७ ) दोहार्थ जनकपुरकी रचनादेखिकै बहुत आनंदित हैं सो भय करिकै गुरुनबिषे अतिप्रेम अरु बिनीतकही अधीन अतिसंकोचते दोऊभाई गुरुनके चरणारबिंद गहतभये आयसु पायकै बैठे प्रेमयह जानिकै कि गुरुनबड़ी कृपाकीन जो जनकपुर हमको देखायो दीनबचन अरु संकोच कछुबिलम्ब मानिकै ( १८ ) तब निशिको प्रवेशजानिकै मुनि आयसु दीन सबबिधिते सबहिन संध्या बन्दन कीन्ह ( १९ ) सन्ध्यावन्दन करिकै बिश्वामित्र पुराणपुरुष की कथाकहनेलगे सब मुनीश्वरन सहित रघुनाथजी सुनते हैं ऐसेही सुखपूर्वक

जानिबिलंबत्रासमनमाहीं १५ जासुत्रासडरकहँडरहोई भजनप्रभभावदेखावतसोई १६ कहिबातैंमृदुमधुरसुहाई कियेबिदाबालकबरिआई १७ दो० ॥ सभयसप्रेमबिनीतअति सकुचसहितदोउभाइ गुरुपदपंकजनाइशिर बैठेआयसुपाइ १८ चौ०॥ निशिप्रवेशमुनिआयसुदीन्हा सबहींसंध्यावंदनकीन्हा १९ कहतकथाइतिहासपुरानीरुचिरजनीयुगयामसिरानी २० मुनिवरशयनकीन्हतबजाई लगेचरणचापनदोउभाई २१ जिनकेचरणसरोरुहलागी करतविविधिजपयोगविरागी २२ तेदोउबंधुप्रेमजनुजीते गुरुपदपद्मपलोटतप्रीते २३ बारबारमुनिआज्ञादीन्हा रघुबरजाइशयनतबकीन्हा २४ चापतचरणलषणउरलाये सभयसप्रेमपरमसचु-

दुइयामरात्री ब्यतीतभई ( २० ) तब बिश्वामित्रजी शयनकरते भये दोऊभाई चरण चापनेलगे ( २१ ) हे भरद्वाज जिन श्रीरामचन्द्रके चरण कमलनके निमित्त योगबैराग्य ज्ञानबिज्ञान ध्यानसमाधि इत्यादिक अनेकक्लेशकरिकै जेहिचरणन बिषे प्रीतिचाहते हैं सो अनेकन जन्ममें सिद्धिहोतीहै भगवद्गीतायां श्लोकार्द्धं अनेकजन्मसंसिद्धिस्ततोयातिपरांगतिं ( २२ ) तेदोऊबन्धु प्रेमलक्षणा भक्तिकरिकै जीतेगये हैं देखिये तो मुनीशको गुरु करिके प्रीतिसमेत चरण पलोटते हैं विश्वामित्र तौ जानते हैं कि परमेश्वरस्वामी हैं अरु अपने चरणनकी सेवा क्योंकरावते हैं तहां जे आत्म समर्पण शरणागतलीनहैं ते यह जानते हैं कि जाही में स्वामी प्रसन्नहोहिंसोई करना शीश कर पद धन धर्म कर्मसबस्वामीकोहैचाहैसो करे ( २३ ) तब बारम्बार मुनीश आज्ञादेते हैं बारम्बार कहेते दोऊजननकीप्रीति अतिसूचितहोती है तब रघुबरने जायकै शयनकीन्ह ( २४ ) तब रघुनाथजीके चरणारविन्दकी सेवा लक्ष्मणजीकरते हैं हृदयमें लगायकै भयसंयुक्तकहे कही करेरेहाथ न लगैं सेवकाईको यहीधर्म्महै ताते प्रेमसमेत चरणकमल सेवतसन्ते परमानन्दको प्राप्त हैं ( २५ ) पुनि २ प्रभुकहते हैं हेतातसोवहुजाइ तब लक्ष्मणजूने प्रभुकी आज्ञामानिकै कमलपद हृदयमें धरिकै आरामकीन्ह ( २६ ) दोहार्त्थ॥ हेपार्व्वति निशिबीती अरुणशिखापुरगाबोले तिनकी धुनिसुनिकै लक्ष्मणजूउठे पुनि जगत्केपति रघुनाथजी गुरुनते प्रथमहीजागे काहेते सुजानहैं गुरुनते प्रथमही जागना मर्यादहै ( २७ ) प्रातःक्रिया सबकरिकै स्नानकीन्ह नित्यनेम करिकै गुरुनको प्रणाम कीन्हजाइ ( २८ ) तब सुन्दर समयजानिकै कुवारशुदीचतुर्द्दशी दुइदण्डदिनचढ़े गुरुन आज्ञादीन्ह तब दोऊभाई फुलवाईमें फूललेबेकोचले

**पाये २५ पुनिपुनिप्रभुकहसोवहुताता पौढ़ेधरिउरपदजलजाता २६ दो०॥ उठेलषणनिशिविगतसुनिअरुणशिखाधुनिकान गुरुते पहिलेजगतपतिजागेरामसुजान २७ चौ०॥ सकलशौचकरिजाइनहाये नित्यनिवाहिमुनिहिशिरनाये २८ समयजानिगुरुआयसु पाई लेनप्रसूनचलेदोउभाई २९ भूपबागबरदेख्यउजाई जहँबसंतऋतुरहीलोभाई ३० लागेबिटपमनोहरनाना बरणबरणबरवेलिबिताना ३१ नवपल्लवफलसुमनसुहाये निजसंपतिसुररूखलजाये ३२ चातृककोकिलकीरचकोरा कूजतविहँगनचतकलमोरा ३३**

कौन समय जानिकै गुरुनआज्ञादीन्ह कि माताकी प्रेरणाते गौरीपूजनहेतु आजु जानकीजू फुलवारीको जाहिंगी ताते यहविचारिकै मुनि रघुनाथजीको फुलवाईमें प्रथमहिं पठावतेभये कि रघुनाथजीको जानकीजूदेखहिंगी अरु रघुनाथजू जानकीजूको देखहिंगे शोभादेखिकै जानकीजू की प्राप्तिहेतु धनुषको तृणइव जानहिंगे अरु रघुनाथजीकी शोभादेखिकैरघुनाथजीकी प्राप्तिहेतु जानकीजू अति आरति होहिंगी तब रघुनाथजी जानकीजीकी आरतता नहीं सहिसकेंगे तब धनुषको तोरहिंगे ताते यहसमय जानिकै आज्ञादीन्हहै ( २९ ) तहां रघुनाथजी जायकै राजाको बाग वर श्रेष्ठ देखतेभये तेहिबागको देखिकै बसन्तऋतुलोभिरहीहै हे भरद्वाजजहां शोभा वर्णिबेमें आवतिहै तहां यहकहते हैं कि यहि बनबाटिकामें सदा बसन्तह्वैरह्यो है अरु जेहि बाटिकाविषे बसन्तौ मोहित है तेहिकीशोभा कोकहै ( ३० ) तहां अनेक जातिके बिटप मनोहरलागे हैं छत्राकार अतिललित तिनपर वेलीचढ़िरही हैं ते वितानइव शोभित हैं ( ३१ ) तेतरु कैसे हैं सदानवीनपल्लवित कि छहूंऋतुमें एकरस तिनपल्लवनकी शोभा निर्म्मलता सचिक्कणता लालित्य सुन्दरताई इत्यादिक अनेकनछविसहित है आवरणरहित जैसे बनाईनीलमणि कछुअरुणतायुक्तहोइ अरु तैसेही फल पृथक् २ पांचहू रङ्गनकी मणि नील हरित अरुण श्वेत पीतअरु अपरको कछुरङ्ग मिलित मणितद्वत् फलहै प्रकाश शोभाकीमति रस में तद्रूप इहां पूर्णोपमालंकार जानब इहां उत्प्रेक्षालंकार कहते हैं पुनि पुष्प कैसे हैं जनु बृहस्पति शुक्र मंगल अगस्त्य शनैश्चर इत्यादिक नक्षत्र सर्व्वग्रह अनेकनरूप धरिधरि श्रीजनकजूको बगैचा देखिबेको आये मदनकेकहेते देखिकै मोहिकै बसिरहे अपने अपने एकएक अंश अंश आकाशको पठैदिये आपु अचलह्वैबैठे तहां प्रकाश प्रकाशै परमार्त्थ कोमलता यशमान सुगन्ध गुणरस ऐसे फूलहैं पहिलपद चौपाईके अन्त में जो सुहायपदहै ताते पर्ण फूल फलनकी उपमादीन्हहै सो जानब अरु जिनके पर्ण फल फूल ऐसे हैं तेतरु कैसेहैं अपनी सम्पत्ति करिके सुर रूखकी

**मध्यबागसरसुभगसुहावा मणिसोपानबिचित्रबनावा ३४ बिमलसलिलसरसिजबहुरंगाजलखगकूजतगुंजतभृंगा ३५ दो०॥ बाग तड़ागबिलोकिप्रभुहरषेबंधुसमेत परमरम्यआरामयहजोरामहिसुखदेत ३६॥ * * * ***

सम्पत्ति को लज्जित करते हैं काहेते कल्पतरु अर्त्थ धर्म्म काम तीनिहीफलकोदाता है अरु जनकजीकी फुलवारी चारिहू फलनकीदाताहै काहेते जनकइव ज्ञानमय जनकपुरसर्व्वहि तृण तरु मृग बिहंग इत्यादिकहैं तातेपुरीभरि मोक्षदाता है तहां राजाकी फुलवारीके तरु तृण खग मृग इत्यादिक श्रीजानकीजी के हाथसे स्पर्शित है ताते अर्थ धर्म काम मुक्ति भुक्तिसबके दाता हैं फुलवारी में सर्व तरुकल्पवृक्षको लज्जित करतेहैं अरुदूसर पदबिषेकह्यो सुर रूखलजाय तहां फुलवारीके वृक्षनकी शोभा देखिकै रसमयी कल्पवृक्षकीशोभा रूखी रस रहित सब कबिनको देखिपरै है ताते रूखकहा ( ३२ ) तेहि फुलवारी विषे बिहंग शोभित हैं चात्रिक कोकिलमोर चकोर कीर इत्यादिक अनेकन बिहंग उत्तमोत्तम हैं ते शुक सारिका कोकिल भृंग बिहंग राग रागिनी स्वरसंयुक्त मनोहरबाणीते जनु गानकरतेहैं अरु मयूर नृत्यकरते हैं अरु चात्रिक चकोर श्यामाकोयल राय मुनियां पारावत येते बिहंग जनु तालसंयुक्त बाजावजावतेहैं तमूरा सितार बीणा सारंगी मञ्जीर मृदंग इत्यादिक क्रमहीतेजानब जनु बसन्त अपनी कैयों अति सुन्दर समाज साजिकै श्रीरघुनाथजी को रिझावतहैं ( ३३ ) बाटिकाकी मर्याद योजन पर्य्यन्तहै मणिनमय भीतिहै कलशसंयुक्त कंगूरा जनु अनेक रूपधरे नवग्रह उदित हैं तेहि बागकेमध्यमें सुन्दरसरहैं चहूंफेर मणिनमय सोपान विचित्रबनेहैं ( ३४ ) अतिनिर्म्मल जाको जल है बहुरंगके कमलफूले हैं तिनपर भृंगगुंजारते हैं अरु हंस मधुरमधुर बोलतेहैं ऐसेही सुभगअपरबिहंगबोलतेहैं जनु रघुनाथजीको बुलावतेहैं ( ३५ ) दोहार्त्थ॥ बगैचाके चहुंफेर रंगरंगके फूलनकी अवलीलगीहैं जनु मदनने सूत्रधरिकै निजहाथबनायो है ऐसो बागहै तेहिके मध्यमें तड़ाग तिनकी शोभादेखिकै श्रीरघुनाथजी बन्धुसमेत हर्षे हे पार्व्वती रम्य कही यहबाटिका परम रमणीकहै आराम कहीबाग काहेते सर्व्वजीवनको श्रीरामचन्द्रसुखदेते हैं अरु यहबाटिका श्रीरामचन्द्रको सुखदेति है ताते अनूपरम्यहै ( ३६ )॥ इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वंसने बालकांडे धनुषयज्ञदर्शन बाटिकागमन बर्णननाम द्विचत्त्वारिंशतिस्तरंगः॥४२॥

चौ०॥ चहुंदिशिचितैपूंछिमालीगन लगेलेनदलफूलमुदितमन १ त्यहिअवसरसीतातहँआई गिरिजापूजनजननिपठाई २

दो०॥ रामलषणवरबाटिका चालिसतीनितरङ्ग रामचरणलहिजानकी दरशअनन्दउमङ्ग ४३॥ बगैचाकीचारिहुंदिशि देखिबेको दोऊभाईचले हैं तबकी कैसीशोभा है जनु मदन अरुबसन्त अपनेहाथनसे बगैचाकीरचनाकरिकै अपनीसुघराई देखत फिरते अरु रक्षाकरते हैं पुनि दोऊभाइनकी छटातरुणमें फल फूल पत्रनमें झलझलाइ रही है जनु मदन अरु बसन्त श्रीरघुनाथजी अरु श्रीलक्ष्मणजी तिनकेदेखिबे अरु जीतिबेको अनेकनरूपधरिकै आयो है देखिकै तृप्तनहीं होते चाहत हैं कि सम्पूर्णशोभाकी राशि हमहींलूटिलेहिं ताते चंचलह्वैकै देखत हैं अरु कोई अंगमें जीतिबे को सन्धिनहींपावै ताते चंचलह्वैकै निहारतहैं ऐसीशोभा बगैचाकीह्वैरहीहै आश्चर्यवत् चहुंदिशि बगैचा देखिकै मालिन के गण जो हैं ते कैसे हैं जनु विश्वकर्मा अनेकरूप धरिकै अपनी सुघराईकेफलहेतुटिकाहै तिनमालिनते रघुनाथजी पूछतेभये कि हम गुरुनकी पूजाहेतु फूललेहिं जो तुमकहो नतु न लेहिं तब रघुनाथजीकी शोभादेखिकै बचनसुनिकै मालीगण अतिप्रेमते धाये अतिआतुर कोई फूलफललिहे अरु कोई खालिही आये प्रेममें संभारनहीं है आइकै रघुनाथजी को चहुंदिशिते देखते हैं अरुहेलाल फूल फल दल इत्यादिककी जो आज्ञाहोइ तौहम आनिदेहिं तब रघुनाथजीनेकहा कि गुरुनकेहेतु हमहींलेहिंगे उनकह्यो हेलाल आपुकीइच्छातबलगेलेनदल फूल मुदितमन तब मुदितमनते दल फूल इत्यादिक लेनेलगे मालीगण चंद चकोर इव देखते हैं ( १ ) यहीविधिसे बाटिकामें दोऊभाई बिहरते हैं तेही अवसर विषे सुनयनाजीने गौरीपूजनहेतु सखिनसमेत जानकीजीको फुलवारी विषे पठायो है ( २ ) संगविषे बहुसखीहैं सुभगकही अतिसुन्दरी आदि मध्य अंत किशोरी सदा एकरस सदासुहागषोड़शौ शृंगार बारहौ आभूषण जहां स्वाभाविक सदाबना है परमदिब्य एक रसताको सुभग अरु सयानीकही

जिनकी चातुर्यताके आगे सरस्वती मंद है पुनि अपनी-अपनी चातुर्यताते श्रीजानकी जी की सेवाकरती हैं प्रौढ़ामध्या मुग्धादशा ते एक आज्ञानुकूल सेवा एकअपनी रुचि से सेवा अरु एकस्वामिनीके अंतष्करणसे आनंद पूर्वकसेवा तिनमें अनेकभेद सेवाके हैं ऐसी सयानीसखी विषेजे हैं सदातेई सखीमनोहर बाणी ते गीतगावती हैं जेहिगानमें मुनीशनके मनमोहित होतहैं जनुसंपूर्णरागिनी अरु उपरागिनी मनोहररूप धरिकै श्रीजानकीजी की सेवामेंआई

**संगसखीसबसुभगसयानी गावहिंगीतमनोहरबानी ३ सरसमीपगिरिजागृहसोहा बरणिनजाइदेखिमनमोहा ४ मज्जनकरिसर सखिनसमेता गईमुदितमनगौरिनिकेता ५ पूजाकीन्हअधिकअनुरागा निजअनुरूपसुभगबरमांगा ६ एकसखीसियसंगबिहाई**

अरु गानकरती हैं ऐसेही महाआनंद गानहोत बाटिकाके विषे प्राप्तिभई ( ३ ) पुनि मध्यबागमें सागर ताके निकट पश्चिम तटपर गिरिजाको गृहहै वहकनक मणिनमय रचित अनूपम शोभितहै वर्णिबेयोग्यनहींहै देखिकैकवीश्शवरनके मनमोहि जाते हैं फिरिको कहै जनु बसंतने अपनी नाभि पर्य्यन्त पदिक भूषण पहिर्‍यो है ( ४ ) तेहिअवसरविषे सखिन समेतजानकीजी स्नानकरतीहैं परस्पर जलक्रीड़ा करतीहैं फूलनके गेंदखेलतीहैं कोई हंसधरिलेती हैं कोईमीनधरिलेतीहैं चुम्बनकरती हैंपुनि उड़ाइ छोड़िदेती हैं ऐसेही अनेक कल्लोलकरिकै निकसिकै षोड़शौशृंगार बारहौभूषणकरती हैं पुनि मणिनके आभूषणनके बीचबीच फलनके आभूषण अष्टसखी श्रीजानकीजीके करती भईं तैसेही शृंगार सब सखिनके जानब सर्बांग शृंगार करिकै षोड़शौ प्रकार पूजन की बिधि लैकै आनंद पूर्बक श्रीजानकीजी सखिन समेत गौरीके मन्दिर बिषे प्रवेश करती भईं ( ५ ) तहां अतिअनुरागते गौरीकी पूजाकीन्ह अनुरूप सुभगवर मांगती भई निज अनुरूपकही जो अपने को रुचै किंतु निज अवस्था अनुरूप वरमांगे ( ६ ) तहां जब श्री जानकी जी ने फुलवारी में प्रेवश कीन्हहै तबहीं एकसखी सयानिन बिषे समाज बिहायकै फुलवारी देखिबेको गईरहै किंतु पार्बती सखी को रूप धरिकै श्रीराम जानकी को सयोग शृंगार को दूतपन करती हैं ( ७ ) सोई सखी दोऊ बन्धुन को फूल लेतसंते बिलोकत भई शोभा देखिकै विवर्ण भावको प्राप्ति भई अंचल केश मोतिन के हार शरीरपर बिथरि रहे हैं प्रेमकी बिह्वलता ते अश्रुपात कज्जलयुत चुइ रहे हैं जनु चन्द्रमा अरु मदनसे युद्ध भई है बाणन की चोटते यहहाल ह्वैरही है मग बिषे पग डगमगात बिह्वल दशाते जानकीजी के समीप को आवतभई ( ८ ) दोहार्त्थ॥ ताकीदशासखी देखतीभई गातगात पुलकितहैं हार पीठिपरपरेहैं केशमुख अरु कपोलनपर परे हैं अंचलकन्धपर परे हैं अलंकार जहांकेतहां ह्वैरहे हैं उसास लेती है देहकी सुधि भूलिगईहै ऐसेही देखिकै बिहँसिकै मृदबैनते सखी पूछती हैं हे प्रवीणसखी धीरज

**गईरहीदेखनफुलवाई ७ तेदोउबन्धुबिलोक्यउजाई प्रेमबिबशसीतापहँआई ८ दो० ॥ तासुदशादेखीसखिन पुलकगातजलनयन कहुकारणनिजहर्षकर बूझहिंसबमृदुबयन ९ चौ० ॥ देखनबागकुंवरदुइआये वयकिशोरसबभांतिसुहाये १० श्यामगौर किमिकहौंबखानी गिराअनयननयनबिनुबानी ११ सुनिहरषींसबसखीसयानी सियहियअतिउतकंठाजानी १२ एककहहिं नृपसुततेआली सुनेजेमुनिसंगआयेकाली १३ जिननिजरूपमोहिनीडारी कीन्हेस्वबशनगरनरनारी १४ बरणतछबिजहँतहँ**

धरिकै अपने हर्ष को व्यवस्थाकहहु यह कहाभयो है कोई तेरी दृष्टि में पर्‍यो है किन्तु किसी की दृष्टि लगी है किन्तु तोरे ऊपर कोई ने बशीकरणमंत्र डार्‍यउ है किन्तु मदनके समाजके भँवरमें परिगइसि सो कहु ( ९ ) तब धीरजधरिकै गद्गद वाणी ते बोलती भई हे सखि दुइराजकुवँर बागदेखिबे को आयेहैं वे किशोरअवस्थामें प्राप्त अरु सबभांति तेसुन्दर हैं ( १० ) श्याम गौरहैं तिनकी शोभा बखानिकै किमि कहौं काहेते जेहि रसनाते बखानिकै कहौं सोतौ अन्धीहै अरु नेत्र जे देखते हैं ते बक्ष्मूकहैं तहां देखै और कहै और यथार्थ है सेवनै ताते देखतबनै कहिनाहीं जाइ जिनकोदेखिकै मेरी दशा ऐसीभईहै ऐसे वे कुमारहैं ( ११ ) यहसुनिकैसखीहर्षी कोईसखी वहिसखीके

अलंकार सुधारतीभई अरु प्रवीणसखी श्रीजानकीजीके हृदय विषे उत्कण्ठा जानती भई उत्कण्ठाकही जेहिकोसुनिकै देखिबे अरु मिलिबेकी आरति अतिआतुरहोइ ( १२ ) एक प्रौढ़ा नायका कहतीहैं हे सखिहु जो तुमसब मिलि काल्हि सुन्यो है कि मुनिकेसंग दुइराजकुमार आये हैं ( १३ ) कैसेहैं वे जिन अपनेरूपको मोहिनी यंत्र डारिकै सम्पूर्ण नगरके बाल युवा वृद्ध इत्यादिकनको वशीभूतकरिलियो है ( १४ ) जिनकीछबि जहांतहां सबलोग वर्णते हैं परस्पर पुरीभरे में यही चर्चा ह्वैरही है ताते हे सखिहु अवशिदेखिये देखनयोग्यहैं ( १५ ) तेहि सखीके वचन श्रीजानकीजी को बहुत सोहाने दर्शनके निमित्तलोचन अतिललचाइरहेहैं तहां यह प्रौढ़ासखीको वचनहै प्रौढ़ामें तीनिभेद हैं एकतो स्वामिनीके अन्तष्करणकी रुचि जो सेरभरेकी होइ तौ मनन के कार्य सुखउत्पन्न युक्तिसों करनेवाली है अरु एकस्वामिनी को प्रसिद्धशिक्षा करैहै अरु एकै स्वामिनीकी आज्ञानुकूलकै कार्यकरतीहैं यहीरीति ते स्वामिनी के कार्यमें मध्यामुग्धाविषे तीनिभेद जानिलेव तहां रघुनाथजी के देखिबेको श्रीजानकीजीके नेत्रसखिन संयुक्त अतिआरति हैं ( १६ )

**सबलोगू अवशिदेखियेदेखनयोगू १५ तासुवचनअतिसियहिसोहाने दरशलागिलोचनअकुलाने १६ चलीअग्रकरिप्रियसखिसोई प्रीतिपुरातनलखैनकोई १७ दो० ॥ सुमिरिसियानारदबचनउपजीप्रीतिपुनीत चकितबिलोकतिसकलदिशि जनुशिशुमृगी सभीत १८ चौ०॥ कंकणकिंकिणिनूपुरधुनिसुनि कहतलषणसनरामहृदयगुनि १९ मानहुमदनदुंदुभीदीन्ही मनसाबिश्वबिजय**

तब जो सखी रघुनाथजीको देखिआई है ताहीको अग्रकरिकै जानकीजीसखिन सहित चलती भई तहां पुरातनि प्रीति जानकीजू की रघुनाथ जी विषे काहूके लखिबे योग्यनहीं है पुरातनि प्रीतिकौनिहै नित्यसंयोगश्रृंगार तामें आई है ताते पुरातनि प्रीतिकहां पुनिजब दोऊकुमार जनकपुर गयेरहैं तब श्रीजानकीजी ने नहीं देख्यो अब देखिबे को समय प्राप्तभयो है ताते पुरातनि कहा जो सखी अग्रचली है सो जनु श्री जानकी जीके बियोग शृंगार की मूर्त्तिहै श्रीरघुनाथ जी बिषे संयोग शृंगार करिबेको चलीहै ( १७ ) दोहार्त्थ॥ श्रीजानकीजीसे बालहीअवस्थामें नारदजी कहिगयेरहैं कि फुलवारीमें रघुनाथजीका दर्शनहोइगो पुनि धनुषतोरेपरसंयोगहोइगो यहनारदका पूर्व्वकथित वचन स्मरण करिकै जब अतिपुनीतप्रीति उपजतीभई तब चकितह्वैकै रघुनाथजीको सकलदिशि विलोकतीहैं कैसी आतुरता देखबेकी है जैसे मृगीके शावकको अपने समाजते बिक्षेप परिगयो है अति चञ्चल नयन फेरत है सर्व्वदिशि सभीत ह्वैकै अपनी समाज ह्वेरतहै तैसे जानकीजी हैं इहां वियोग शृंगारको संयोगके योगमें सञ्चारी भावहोत है ( १८ ) श्रीजानकीजी सखिनसहित हंसगमनचलीजाती हैं अति मधुर गान ताल बन्धान समेत कङ्कणताल देतसन्ते किन्तु कङ्कणकी रव स्वाभाविक अरु किंकिणी नूपुरकीरव गमनबिषे एकतालहोति है तिनकी अरु गानको मधुरशब्द शृंगाररसको परम उद्दीपन करत है सो रसमय धुनिसुनिकै श्रीरामचन्द्रने लक्ष्मणजूसे बिचारिकै बिहँसिकै कह्यो ( १९ ) हे तात मानहुं मदन अपनी सेनासजिकै नगारा बजाइकै विश्व के विजयहेतु चल्यो यहिअर्त्थमें यह अभिप्रायहै कि हे तातकाम दुन्दुभी बजाइकै जनु मेरे जीतिबेकोचल्यो है ( २० ) इतना कहिकै जेहि ओर गानधुनिहोति है तेहिओर चितये तहां श्रीजानकीजी को मुखपूर्णचंद्र निर्मल सदा एकरस रूप शोभा प्रसन्नता छबि क्रमते उज्ज्वलता प्रकाश शीतलता अमृतमय ऐसोचन्द्रमयमुख देखिकै श्रीरामचन्द्रकेनेत्रचकोरभये हैं ( २१ ) श्रीरघुनाथजीके चारुकही अतिसुन्दर नेत्र जानकीजी

**कहँकीन्ही २० असकहिफिरिचितयेत्यहिओरा सियमुखशशिभयेनयनचकोरा २१ भयेबिलोचनचारुअचंचल मनहुंसकुचि निमितज्यउदृगंचल २२ देखिसीयशोभासुखपावा हृदय सराहतवचननआवा २३ जनुबिरंचिसबनिजनिपुणाई बिरचिबिश्वकहँ प्रकटदेखाई २४ सुंदरताकहँसुंदरकरई छबिगृहदीपशिषाजनुबरई २५ सबउपमाकबिरहेजुठारी केहिपटतरिंयबिदेहकुमारी २६**

के मुखकी शोभा देखिकै अचञ्चल ह्वैरहे हैं पलक नहींचलती चकोरवत्‌दशाह्वैरही है जनु राजानिमि अपनेबंशमें जानकीजीको जानिकै अरु रघुनाथजीको जानकीजीके मुखको अवलोकन देखिकै सकुचिकै पलकनपरजो बासरह्यो सो छोड़िगये ( २२ ) हे पार्व्वती श्रीजानकीजीकीशोभा रघुनाथजी देखिकै अति सुख पावतेभये हृदयमें शोभा सराहते हैं वचनमेंनहीं कहिआवत वहशोभा और को कविकहै ( २३ ) श्रीरामचन्द्र अपने हृदयमें सराहतेहैं कि जनु बिरंचिने अपनी सब निपुणाई कही सुघरईकी एकमूर्त्ति बनाइकै सारेबिश्वको देखाइदियोहै किहम ऐसेसुघरहैं ( २४ ) तहां श्रीजानकीजी की शोभासुन्दरताजो है ताहूको सुन्दरकरै है जनुछबिको शीशमहल है ताकेमध्यमें दीपकीशिषा बरैहै जगमगाइ रह्योहै तहां सबसखी छबिकी भवनहैं श्रीजानकीजी मध्यमें दीपकी शिषाहैं ( २५ ) जेतीउपमा वेदन अरु शास्त्रनमें कहीहैं सोकबिन जुठारिकही सब कह्योहै जब श्रीजानकीजी की उपमा नहींपाई तब जुठारिडारयउ काहेते जेतीउपमाहैं सो देहधारिनमें होती हैं अरु येबिदेहकुमारीहैं ताते उपमारहित हैं अबकेहिकी पटतरदीजिये इनकीसमान येईहैं ( २६ ) दोहार्थ॥ हेतातश्रीजानकीजीकी शोभा श्रीरघुनाथजीने अपने हृदयमें अच्छीतरह अनूप बर्णनकीन्ह पुनि अपनीदशाका बिचारकीन्ह किहमरघुबंशी सत्यबादी सत्यधर्मी सत्यबिचारी तहां यह काभयो तहां अपनी दशाकी बिपर्यय जानिकै शुचिकही पवित्रमनसे अनुजजे लक्ष्मणजी तिनसेप्रभु समयकी अनुहारि बोलतेभये यहिसमयमें श्रीजानकी जी की शोभादेखिकै जैसी दशा भई है सोअनुजसे कहते हैं अरु कोईदोहाका यहअर्थ कहते हैं कि आपनिदशाबिसारि सो रघुवंशकुलकी दशा रघुनाथजीको बिसरिगई जानकी को देखिकै ( २७ ) रघुनाथजी बोले हेतात यही जनकजूकी तनयाहै जेहिकेनिमित्त धनुषयज्ञहोती है राजाजनक यहप्रणकीन्हहै कि जो धनुषको तोरै

**दो० ॥ सियशोभाहियबरणिप्रभु आपनिदशाविचारि बोलेशुचिमनअनुजसन बचनसमयअनुहारि २७ चौ०॥ तातजनकतनयायहसोई धुनषयज्ञज्यहिकारणहोई २८ पूजनगौरिसखीलैआई करतप्रकाशफिरतिफुलवाई २९ जासुबिलोकिअलौकिकशोभा सहजपुनीतमोरमनक्षोभा ३० सोसबकारणजानबिधाता फरकहिंसुभगअंगसुनुभ्राता ३१ रघुवंशिनकरसहजसुभाऊ मनकुपंथपगधरहिंनकाऊ ३२ म्वहिंअतिशयप्रतीतिमनकेरी ज्यहिस्वपनेहुपरनारिनहेरी ३३ जिनकेलहैंनरिपुरणपीठी नहिं**

तासों बिवाहकरैं ( २८ ) वह जनक तनया सखिन संयुक्त पार्बतीके पूजनको आईहै पूजाकरिकै फुलवारी देखत फिरती है प्रकाशकही फुलवारी को शोभित करती है ( २९ ) जासुकही जिन जानकीजीकी शोभा अलौकिक देखिकै अलौकिक कही ब्रह्माकीसृष्टिके लोकनबिषे ऐसीशोभा नहीं है जो शोभादेखिकै मोरमन अतिपुनीतसो क्षोभकही लोभिगयो है तातेसंदेहहै ( ३० ) सो सबकारण बिधाताजानै परहेतात हमारे सुभगकही दक्षिणअंग फरकते हैं श्रीरघुनाथजीकेबचनमें यह अभिप्रायहै कि श्रीजानकीजी हमहींको मिलैंगी ( ३१ ) काहेते कि रघुबंशिनको यह सहज स्वभाव है कि कुपन्थबिषे भूलिहूकैमन पगनहींधरैं काऊकहे कबहूंनहीं धरैं ( ३२ ) अरु त्यहिकुलबिषे मैं अपनेमनकी प्रतीति राखतहौं कि पर नारिबिषे स्वप्नहूंमें तीनिहूंकालबिषे नहींजाइ अरु जनकतनयाकी शोभादेखिकै हमारोमन मोहिगयोहै यह धुनिहै कि धनुषहमहीं तोरैंगे ( ३३ ) अरु हेतात यह मर्य्याद है रिपुनकेरणबिषे जेक्षत्री पीठिनहींदेहिं अरुपराईस्त्रीबिषे दृष्टिनहीं देते ( ३४ ) अरु जिनके याचकनके याचनाका नाहींनहीं है सर्बदेते हैं ऐसे धर्मज्ञनर जगत् बिषेथोरे हैं यहिवचनमें यहधुनिहैकि रघुनाथजी अपने बिषे आरोपणकरिकै क्षत्रिनको महद्धर्मकहिकै लक्ष्मणजूको सर्बकालको उपदेशकीन्ह ( ३५ ) दोहार्थ॥ हे पार्बति ऐसीबातैंअनुजसे कहतेहैं अरु मन श्रीजानकीजीके रूपमें लोभिरह्यो है मुखसरोज जो है तेहिके मकरन्दकोमन अरु नेत्रमधुपह्वैकै पानकरते हैं यहिस्थानबिषेरघुनाथजीके मन बाणीके अभिप्राय कबिनको अगोचरहै ( ३६ ) इतिश्री रामचरितमानसे सकलकलिकलुषबिध्वंसनेबालकाण्डे श्रीरामलक्ष्मणबाटिकाबिहार श्रीजानकीसुन्दरतासबिशेषचक्षुसंभोग शृंगाररसबर्णनन्नाम द्विचत्वारिंशतिस्तरंगः ४२॥ :: :: :: :: :: :: :: :: :: :: ::

लावहिंपरतियमनडीठी ३४ मंगनलहैनजिनकेनाहीं तेनरवरथोरेजगमाहीं ३५ दो० ॥ करतबतकहीअनुजसन मनसियरूपलोभान मुखसरोजमकरंदछबि करतमधुपइवपान ३६॥ * * * * *

चौ० ॥ चितवतिचकितचहूंदिशिसीता कहँगयेनृपकिशोरमनचीता १ जहँबिलोकिमृगशावकनयनी जनुतहँबरषकमल

दो० ॥ चालिसतीनतरंगमें रामचरणयहआस भवनगमनसियहर्षयुतरामगमनगुरुपास ४३ हेपार्बती अब श्रीजानकीजीकी और सुनिये जानकी जी रघुनाथजी की ओर चकित ह्वैके देखती हैं कि नृपकिशोरकहांगये कहां हैं यह चित्तविषे आतुर चितवतिहै ( १ ) जेहिस्थान बिषे मृगशावक नयनी जो श्रीजानकीजी श्रीरघुनाथजीको चहुंफेर देखती हैं तहां नयननकी चंचलता अरु मनकी आतुरता सो कहते हैं तहां जानकीजी के नेत्र तरुण पत्रन फूलन फलन लतन मृगन बिहंग आदिक जो संपूर्ण आदर्शवत् निर्मलहैं तिनबिषे नेत्रनकी छटाछाइरहीहै झलझलाइरहीहै जनुतहं कही संपूर्णबाटिकाविषे श्रितकहीउत्पन्नभयेहैं अभूतअनेकन कमलतिनकीबर्षाहोती है पुनि जनुतहां तेहिस्थानविषेकमलाश्रित जो ब्रह्माहैं तिनके वर्षके बर्ष श्रीजानकीजी को पलपल श्रीरघुनाथजीके देखेबिना बीततेहैं तहां यहि अवसरबिषे श्रीजानकीजीको बियोग शृंगारहै कछुक संयोग की संधिहै सो कहते हैं प्रथम वियोगको संचारीपांच उत्कंठा चिंता चपलता भ्रम बितर्क पुनि अवस्थात्रयभई अभिलाषा चिंता सुमिरण पुनि सात्त्विकभाव एक स्वेदतन में पसेवचलै पुनि हावएक मोटाइत दर्शकी इच्छाहै अरु दशा विलक्षणहै ( २ ) श्रीजानकी जी की ऐसी दशा देखिकै तब सयानी सखीजे हैं ते कछुक लताओटहैं तहां श्यामगौर सुन्दर किशोररघुनाथजीको देखावती भई ( ३ ) तब श्रीजानकीजीके रघुनाथजीको रूपदेखिकै लोचन अत्यन्तहर्षकोपाय ललचाइरहेहैं जनुनिजनिधि पहिचाने निजनिधिकही नेत्रनकीनिधिसूर्य हैं तेदोऊकुमारजनुउदितबालसूर्य हैं बाटिकाकोप्रकाशकिये हैं पुनिनेत्रनकेनिधिरूपहैं तिनकोपहिचानिकै हर्षे ( ४ ) श्रीरघुनाथजीको देखतसंते श्रीजानकी जीकेनेत्रथकितरहेपलकननिमेषको तजिदीन्हहैतहांपुनिरघुनाथजी जानकीजीकोनिमेषनकोत्यागिकैदेखते हैं दोऊजनेनके स्वरूपविषे इतउत नेत्रनकेतार कैसे शोभित हैं जनु अनंग ने शृङ्गारके सूत्रकरिकै तानातान्यो है मनचक्षु संभोगपट बिनतहै संयोगशृंगार स्पर्श संभोग पहिराइवेके हेतु ( ५ ) रघुनाथजीको देखतसन्ते श्री

शितश्रयनी २ लताओटतबसखिनलखाये श्यामलगौरकिशोरसोहाये ३ देखिरूपलोचनललचाने हर्षेजनुनिजनिधिपहिंचाने ४ थकेनयनरघुपतिछबिदेखी पलकनहूपरिहरीनिमेखी ५ अधिकसनेहदेहभइभोरी शरदशशिहिजनुचितवचकोरी ६ लोचनमगरामहिउरआनी दीन्हेपलककपाटसयानी ७ जबसियसखिनप्रेमबशजानी कहिनसकहिंकछुमनसकुचानी ८ दो०॥ लताभवनतेप्रकटभे त्यहिअवसरदोउभाई निकसेजनुयुगबिमलबिधु जलदपटलबिलगाइ ९ चौ० शोभासीवसुभगदोउवीरा नीलपीतजलजात

जानकीजीको अतिसनेह भयोहै देह भोरीकही बिह्वल दशा ह्वैगई है जैसेशरदपूर्णमासी के चन्द्रको चकोरी देखै अंगअंगकी सुधि मुखचन्द्र मकरन्दपान करतसन्ते भूलिजाइ ( ६ ) तहां श्रीरघुनाथजी को स्वरूप जानकीजी अपने नेत्रनके द्वारते हृदयमें आनिकै पलकनके कपाटदैकै बैठिगईं इहां सयानी प्रेमके वशकीन्ह काहेतेकहूं ओट न परिजायँ किन्तु चले नजाहिं ( ७ ) जब सखिन जानकीजीको अतिप्रेमवश जान्यो तब कछुकहि नहींसकतीं काहेते कि जेहिफलके सुखहेतु गौरीकीपूजनकरैहैं त्यहिफलके सुखमें जानकीजीमग्न हैं ताते जो हमकछुकहैं तौ बिक्षेपरसाभास ह्वैजाइ ताते मनमेंसंकोचकरिकै कछुनहींकहैं यहउत्तमनायकन को बिचार है ( ८ ) दोहार्थ॥ तेहिअवसरविषे लतारूपभवनते दोऊभाई न्यारेह्वैके प्रत्यक्षप्रकटभये कैसे जैसे जलदकोपटल बिलगाइकै जनुदुइचन्द्रमाप्रकटेपुनि तहांलताघनस्थाने दोऊकुमारपूर्णमयङ्कहैं ( ९ ) चौ०॥शोभाकेअरुसुभग इहां शुभलक्षणाको कही तेहिकेसींवकहीमर्य्याद हैं ब्रह्मांडके बाह्यान्तरमें जेती शोभा शुभलक्षणा है किन्तु शोभाकेशुभलक्षणजेते हैं तिनसबन के

ये कारण हैं दोऊबीर इहां बीर कहा है सो कहा बीररस न जानिये इहांदोऊकुमारको शोभाकेबीर कहाहै जिनअपनी शोभाकरिकै त्रैलोक्योत्पन्न कामादिककी शोभाको पराजयकरिकै अपनेआश्रय कीन्हे हैं सबकीशोभाकी मर्याद यथायोग्य राखेहैं अरु अपनीशोभा करिकै सखिनसहित जानकीजीके मनको बिजयकीन्हहै ताते बीरकहा है कैसे हैं दोऊ बीर नीलजलजात तद्वत् श्रीरामचन्द्रहैं अरु पीतकमल तद्वत् लक्ष्मणजी हैं किन्तु दोऊभाई मिलिकै ठाढ़े हैं नीलपीतरंगयुक्त कमल तद्वत् हैं परस्पर आभास भासैहै ताते नीलपीतकहा ( १० ) काकपक्षकही शीशविषे दोऊओर बारनकेपट्टा अतिसुन्दर सूक्ष्म सचिक्कण काकपक्षइव शोभित हैं तेहिपट्टनविषे फूलनकीकली यथार्थगूंथी हैं जनु शृंगाररसने अपनोशृंगार आपुही ते कीन्ह्योहै ( ११ ) भालविषे केसरिकै युगरेखाको तिलक है जनु नीलमणिके शृंगपर सूर्यबैठे हैं तिनके कछु अर्द्ध तेहिबिषे तड़ितके युगरेख

**शरीरा १० काकपक्षशिरसोहतनीके गुच्छाबिचबिचकुसुमकलीके ११ भालतिलकश्रमबिन्दुसोहाये श्रवणसुभसगभूषभणछबि छाये १२ बिकटभृकुटिकचघूंघुरवारे नवसरोजलोचनरतनारे १३ चारुचिबुकनासिका कपोला हासबिलासलेतमनमोला १४ मुख**

स्थिर शोभितहै पुनि जनु क्रोधितमैनने युगबाण सूर्यनकेसम्मुख सन्धानकीनहै पुनि जनु मधुकर सूर्यते भोरहेतु द्वैकिरणिलायेहैं इहां सूर्यकी मदनकी भँवरकी निशिकी कमलकी लक्षणाकरिलेब अरु बागके फिरबेके श्रमकरिकै मुखपर पसेवबिन्दु शोभित है जनु नील अरुणयुक्त कमल के दल पर चन्द्रमाके दुइबिन्दु अमृतके झलकत शोभितहैं अरु श्रवणनबिषेहेमके गोलकुण्डल प्रकाशमय रत्ननकी कणिन अरु लघुमोतिन ते जटित हैं अतिछबिको देत हैं स्वाभाविक हलत हैं जनुमयन कुण्डलरूप ह्वैकैचन्द्रमाके दुइदिशि नृत्यकरते हैं अरु बंक अलकैं कपोलनपर शोभित हैं हलती हैं जनुसर्पन के छौना ललकिललकि चन्द्रमाके अमृतको पानकरतेहैं पुनि कुण्डल अलकमिलिजाते हैं जनुरबि राहुसुवन झगरिझगरि सुधापान करतेहैं अरु दोऊकीझलक वाह्यान्तर जगमगाइ के छबिछाइरही है ( १२ ) बिकट भृकुटी हैं जनु मदनको धनुषहै अरु शीशेकेकच घुंघुवारे हैं जनु मधुपनकी समाजमिलिकै नयनमुख कंजके मकरंदकेहेतु बैठिरहेहैं अरु अरुण नवीनसरोजकी जो प्रथमकलीबिकसीहै ऐसेरतनारेलोचन हैं जिन नेत्रनकी श्यामता श्वेतता अरुणता कछुककमलननेपाई है ( १३ ) अरु चारुचिबुक जैसे गोलनीलमणि तेहिमध्य एकपातबिंदु है जनु जानकी जूको चित्त है नासिका अतिसुन्दरि है जनुमदन के शुक शावकनकोनिन्दत है अरु कपोलश्याम आदर्शवत् हैं अरु हास्यको बिलास मनको मोललैलेत है अधर अरुण हैं बिम्बफल को निंदत हैं बिहंसतबदनमें दशननकीद्युति बज्रदाड़िमको निन्दतिहै ( १४ ) सम्पूर्ण मुखकी शोभा मोपै कही नहींजाइ जेहि मुखकीशोभा देखिकै बहुकाम लज्जितहोत हैं ( १५ ) उरबिषे मणिनको हारहै बैजेयन्ती पञ्चरङ्गकी मणिलगीहैं अरु मोतिनको मालहै अरु उरपर पदिक चौकोणहै अरु मणिनकीकणीलगीहैं जनु पूर्ण चन्द्रके निकट नक्षत्रनकी सभाबैठी हैं पुनि ग्रीवबिषे मुक्तनकेकण्ठा अरु कौस्तुभमणि अरु गुञ्जशोभित हैं अरु कम्बु कही शंखकी ऐसी ग्रीवबिषे रेखात्रयहैं अरु कामकोगज तेहिकोशावक तेहिकोशुंड

**छबिकहिनजातमोहिंपाहीं जेहिबिलोकिबहुकामलजाहीं १५ उरमणिमालकम्बुकलग्रीवा कामकलभकरभुजबलसीवा १६ सुमनसमेतबामकरदोना सांवरकुंवरसखीसुठिलोना १७ दो०॥ केहरिकटिपटपीतधरसुखमाशीलनिधान देखिभानुकुलभूषणहि बिसरासखिनअपान १८ चौ० धरिधीरजयकसखीसयानी सीतासनबोलीमृदुबानी १९ बहुरिगौरिकरध्यानकरेहूभूपकिशोरदेखि**

तद्वत् दोऊभुज छबि बलकी सींवहैं ( १६ ) हे सखि हरितमणिइव पत्रतेहिकोदोना तिस पुष्प पूर्णको बामकरमें लिहे दोऊ भाई जनु अरुणकमल पर हरितकमल तेहिकेकोषमें पुष्प अनूपशोभितहैं पुनि जनुमदन अरुबसन्त शृंगार करिकै दोनामें फूलभरिकै जानकीजीकी पूजाकरिबेको आयेहैं सखिनयुक्त जानकीजीकी शोभादेखिकै मोहिगये पूजाभूलिगई ( १७ ) दोहार्त्थ ॥ हेसखि जिनकी केहरिकी ऐसी कटिहै अरु पीतपट धरित हैं जनु लघुघन नीलमध्य बालसूर्य्य उदित हैं पुनि कुंवरकैसे हैं सुखमाकहीशोभा

अरु स्नेह शील तेहिके निधान कही स्थान हैं हे पार्व्वती भानुकुल भूषण श्रीरामलक्ष्मण दोऊकुंवर जो हैं तिनकी शोभादेखिकै सखिनको अपानकही अपनपौ भूलिगयो ( १८ ) चौ० ॥ तब तो एकसखी जो सयानिहै सो धीरज धरिकै देख्यो कि यह तौ सम्पूर्ण समाज परबशभई तबसीताजीसे मृदुबाणी ब्यंग्य युक्तिसमेत बोली ( १९ ) इहां गूढ़ोक्ति अलङ्कार व्यञ्जनाहै गौरीके ध्यान मिसु करिकै जानकीको ध्यानछुड़ावतीहै तहांगौरीको ध्यान बहुरिकही पुनि कीन्ह्यो जिनके देखिबेकी आईहौ ते दोऊकुमार प्रत्यक्षदेखौ ( २० ) यह व्यंग्य बचन ध्यानकी विक्षेपकारी प्रत्यक्षकी करनहारी सुनिकै सकुचिकै जानकीजू नेत्रखोलतभई सम्मुख दोऊ रघुबीर कही दोऊकुमार देखतीभई इहां बीरनाम लाड़प्रीतिको रघुकुलबिषे दोऊ अतिदुलारे अतिप्रियसबके ताते रघुबीरकहा अरु जहां रघु सिंह निहारे यह पाठहै तहां सम्मुख तौ द्वौ हैं पर रघुबंश कुलमें सिंहश्रीरामचन्द्रहैं तिनको देखतीभई सिंहकही बीररसदेखाये जाते जानकीजीको धनुष तोरबेकी प्रतीति होइ तहां जानकीजी अतिप्रीतिसे देखतीभई ( २१ ) तहां नखशिखलौं श्रीरामचन्द्रकीशोभा बिशेषदेखतीभई तहां पिताकर प्रण अतिकठिन अरु इनकी अति माधुर्य्यता समुझिकै देखिकै मनमें क्षोभ कही सन्देह होतहै ( २२ ) तब सखिन श्रीजानकीजीको श्री रामचन्द्रकी शोभामें परवशजान्यो तब एक मध्यासखी जानकीजी के सङ्कोच भयतेबोली कि बिलम्ब बहुतभई ( २३ ) पुनि एकमध्यासखी बिहँ

किनलेहू २० सकुचिसीयतबनयनउघारे सम्मुखदोउरघुबीरनिहारे २१ नखशिखदेखिरामकैशोभा सुमिरिपिताप्रणमनअति क्षोभा २२ परबशसखिनलखीजबसीता भयउगहरयककहहिसभीता २३ पुनिआउबयहिबेरियाकाली असकहिमनबिहँसीथक आली २४ गूढगिरासुनिसियसकुचानी भयउबिलम्बमातुभयमानी २५ धरिबड़धीररामउरआनी फेरिअपनपौपितुबशजानी २६

सिकै बोलती भई कि यही बेर फुलवारीमें काल्हि फिरि आवहिंगी इहांवाक्यविदग्धा करिके आलम्बन श्रृंगारबिषे दोनोंसखीने अपने वाक्यबिषे लक्षणा ब्यञ्जना बहुत कियो है पुनि अपने वाक्य बिषे जानकी रामकेजनु नित्य मिलापको स्वयंदूतपन करती हैं ( २४ ) ऐसी गूढ़गिरा सखीकी श्रीजानकीजी सुनतीभई जो बाणीमें हावभाव रसराज उद्दीपन उत्कंठा अभीसार सम्भोग पूर्ण हैं तेहि सम्भोगमें चारिभेद प्रथम वाक्यसम्भोग वाक्य करिकै मनसम्भोग मनपर चक्षुसम्भोग चक्षुपर स्पर्शसम्भोग पुनिश्रृंगाररसको स्थायी अतिप्रीति अरु सञ्चारी ब्यंग्यतामें अनुभाव बिभाव संचारी बहुत लक्षणा हैं पुनि श्रृंगाररसके मर्म्ममें अनेक सहायक अरुपरिणाम रसकी सिद्धिऐसी अगूढ़ बाणी सखीकी सुनिकै जानकीजी सकुचाइगईं अरु माताको भयमान्यो कि आजुबिलंब ह्वैगयो पुनि यह जानिकै कि जो सखीने गूढ़बाणी कहीहै सो ऐसेही कदाचित् माता न जानै ताते भयमाना ( २५ ) पुनि बड़ो धीर धरिकै श्रीरामचन्द्रके अति मधुरमूर्त्ति हृदयमें आनिकै अरु आपनि प्राप्ति श्रीरामचन्द्र को अरु श्रीरामचन्द्रकी प्राप्ति अपनाको यह पिताके बशजाना ( २६ ) दोहार्थ ॥ तबनयनखोलिकै उठिकै सखिन संयुक्त चलतीभई बारबार फिरि फिरि रघुनाथजी को मृगविहंग तरुनके मिसुकरिकै देखती हैं रघुबीर की छबि देखिदेखिअतिप्रीति उपजति है इहाँ क्रिया बिदग्धादशाहै ( २७ ) तहां महादेवको चाप अतिकठिन अरु श्रीरामरूप अतिहीकोमल जानिकै अपनेमनमेंजानकीजी बिसूरतिकही चिंतवनकरती हैं कि धौं परमेश्वर का करैंगो किन्तु शम्भुको चाप बिसूरतिहै कि बेढबहै अरु ये मूर्त्ति कि कही विशेषिकै मूर्त्तिकही सुन्दर कोमल है पुनि धीरजधरिकै किशोर श्यामलमूर्त्ति हृदयमें राखिकै पुनि पार्वतीके मन्दिरको चलतीभई ( २८ ) पुनि रामचन्द्रने जब जानकीजी को जातजान्यो है कैसी हैं जानकीजी सुखसनेह शोभा सो षोड़शश्रृंगार बारहोआभूषण अरु पातिब्रतइत्यादिक गुणनकी खानि हैं ( २९ ) तब श्रीरामचन्द्र परमप्रेमकी मृदुमसिकीन्ह अरु

दो० ॥ देखनमिसुमृगबिहँगतरु फिरतबहोरिबहोरि निरखिनिरखिरघुबीरछबि बाढ़ीप्रीतिनथोरि २७ चौ०॥ जानिकठिन शिवचापबिसूरति चलीराखिउरश्यामलमूरति २८ प्रभुजबजातजानकीजानी सुखसनेहशोभाकैखानी २९ परमप्रेममयमृदुमसि कीन्हा चारुचित्तभीतरलिखिलीन्हा

**३० गईभवानीभवनबहोरी बन्दिचरणबोलीकरजोरी ३१ जयजयजयगिरिराजकिशोरी जय महेशमुखचन्द्रचकोरी ३२ जयगजबदनषड़ाननमाता जगतजननिदामिनिद्युतिगाता ३३ नहिंतवआदिमध्यअवसाना अमितप्रभा**

अपनोचित्त अतिसुन्दर ताको कागजकीन्ह अरु शृंगाररसकीकलमकीन्ह जानकीजीकीमूर्त्ति लिखिलीन परमप्रेमकही तैलवत्धार अखण्ड ( ३० ) बहुरिकै श्रीजानकीजी सखिनसंयुक्त पार्बतीके मन्दिरको जातीभईं भवानीके चरणबन्दि अरु दोऊकरजोरिकै बोलतीभईं ( ३१ ) जयकही अति श्रेष्ठबाणी पुनि जयकही सदा जयमान पुनि जयकही सदा सबप्रकारसामर्थ पुनि श्रीजानकीजी श्रीपार्बतीकी स्तुतिकरती हैं हे गिरिराज किशोरी तुम्हारीजय तुमसदा जयमानहौ महेशको चन्द्रमुख तेहिकी तुमचकोरीहौ यामें यह अभिप्राय है महेशके मुखते अमृतमय जो रामतत्त्व निकसत है सो तुम चकोरीह्वैकै पानकरतीहौ ( ३२ ) पुनि तुम ऐसी जयमानहौ मंगलमय गणेश तिनकी तुममाताहौ अरु सुरासुर सबकेबिजय करनेवाले स्वामिकार्त्तिक ऐसेऐसे जयमान बीररसयुक्त तिनकीतुम माताहौ पुनि सम्पूर्ण जगत् की कारणहौ अरु तुम्हारो अङ्गअङ्ग गात दामिनी इवहैं किन्तु दामिनीकी द्युतिकोदेखावतेहैं ( ३३ ) हेभवानी तुम्हारो आदि मध्य अवसानकही परिणाम तीनिहूंकालमें अमितप्रभावहै जाप्रभावको वेदनहींजानिसकते ( ३४ ) पुनि आपुकैसीहौ भव जो संसार तेहिकोभवकही उत्पन्नकरतीहौ पुनि बिभवकही पालनकरतीहौ पुनि पराभवकही संहारकरतीहौ अरु सम्पूर्ण बिश्वदेव दानब मनुष्य इत्यादिकनको अपनेगुणनते ब्यामोहितकरतीहौ अरु स्वबशकही स्वतन्त्र सम्पूर्ण बिश्वमें बिहारकरतीहौ ( ३५ ) दोहार्थ॥ हे मातु जहांतक पतिब्रता सुष्टुस्त्रीहैं तिनबिषे प्रथम आपुकीरेखाहै आपुकीमहिमा अमित है हजारन शेष शारदा श्रुतिनहींकहिसकते ( ३६ ) चौ० ॥ हेअम्ब तुमको सेवतसंते चारिहूफलसुलभहैं तुमको निष्कामसेवै सो मोक्षहोइ काहेते तुममहादेवकी अतिप्रियहौ अरु अनन्य सत्संगिनिहौ ताते मोक्षदाताहौ अरु जेसकाम सेवतेहैं ते अर्त्थ धर्म्म काम पावते हैं ऐसी बरदायिनि तुमहौ अरु त्रिपुरारिको अति

**ववेदनहिंजाना ३४ भवभवबिभवपराभवकारिणि बिश्वबिमोहनिस्वबशबिहारिणि ३५ दो०॥ पतिदेवतासुतीयमहँमातुप्रथमतवरेष महिमाअमितनकहिसकहिंसहसशारदाशेष ३६ चौ० ॥ सेवततोहिंसुलभफलचारी बरदायिनित्रिपुरारिपियारी ३७ देवि पूजिपदकमलतुम्हारे सुरनरमुनिसबहोहिंसुखारे ३८ मोरमनोरथजानहुनीके बसहुसदाउरपुरसबहीके ३९ कीन्ह्योप्रकटनकारण तेही असकहिचरणगहेबैदेही ४० बिनयप्रेमबशभईभवानी खसीमालमूरतिमुसुकानी ४१ सादरसियप्रसादउरधर्‌यऊ बोलीगौरि**

प्रियहौ ( ३७ ) हे देवि तुम्हारेचरणकमल सेइकै सुर नर मुनि सबसुखीहोते हैं ( ३८ ) हेअम्ब मोरमनोरथ नीकीप्रकारते जानतीहौ काहेते सबकर जो है उरपुर तामें तुमबसतीहौ आद्याशक्तिरूपहौ ( ३९ ) हे गरुड़ जानकीजीने आपन मनोरथ प्रकट नहींकहा यहिकारणते कि तुम सबके मनकी जानतीहौ अरु मेरेमनोरथको बिशेष जानतीहौ इतना कहिकै भवानीकेचरण गहतभईं ( ४० ) तहां प्रेमसंयुक्त जानकीजूकी बिनयसुनिकै पार्वती जू बशह्वै गईं तहां यहचौपाई में लक्षणा ब्यञ्जनादूनों हैं प्रथम लक्षणाकी जब जानकीजी पार्व्वतीके चरणनमें परनेलगीं तब फूलनकी माला पार्व्वती को पहिरावनेलगी हैं तहां माला अरु दण्डवत् एकही बारभये तहां माला ग्रीवामें नहीं पर्‌यो काहेते कि जानकीजीके चित्तकै वृत्ति प्रेम युक्त श्रीरघुनाथजी के स्वरूप में रहै पार्व्वती कै पूजा कैसे बनै तबभवानी यह ब्यंग्यजानिकै कि सुरति तो रघुनन्दनबिषे है हमारीपूजा कैसे बनै यह जानिकै मूर्त्ति मुसुकातभई अपरअर्त्थ जो करते हैं सो सामान्यहै ( ४१ ) जब माला खसिपरेउ तब जानकीजी उठाइलीन्ह उरबिषे बड़े आदरसे धारणकरिलीन कि भवानीमोको प्रसाददीन्हहै तहां जानकीजीजानती हैं कि मैंने पार्व्वतीको माला पहिरायो है सो माला मोको प्रसाद दीन्हहै अरु माला पहिलेही खसिपर्‌यो ताते मुसुकाइकै हर्षिकै बोलतीभईं ( ४२ ) हे भरद्वाज पार्व्वतीजी बिचार करती हैं कि जानकीजीकै प्रेम भरी सुरति रघुनाथजीबिषे अतिशय लगीहै जाते हमको मालापहिरावतनहीं बन्यो है ताते

बिहँसिकै सोई आशीर्व्वाददेती हैं हे जानकीजी हमारोआशीर्व्वाद सत्यमानिकै सुनो तुम्हारो मनोरथ सिद्धिहोइगो ( ४३ ) नारदजूने जो तुमते पूर्व्वहीकहाहै सो उनके वचन वेदकरिकै शुचिकही अति पवित्रहैं अरु सदासत्य हैं मुनीशकी वाक्य अरु हमारो आशीर्वादसत्यजानिकै जो बर तुम्हारे मनमें रच्यो है सो विशेषि मिलहिंगे ( ४४ )

हर्षउरभर्यऊ ४२ सुनुसियसत्यअशीषहमारी पूजीमनकामनातुम्हारी ४३ नारदबचनसदाशुचिसांचा सोइबरमिलिहिजाहिमन राचा ४४ छंदहरिगीतिका ॥ मनजाहिराच्योमिलिहिसोबरसहजसुन्दरसांवरो करुणानिधानसुजानशीलसनेहजानतरावरो ४५ यहिभांतिगौरिअशीष सुनिसिय सहितहियहर्षी अली तुलसीभवानिहिंपूजिपुनिपुनिमुदितमन मन्दिरचली ४६ सो.॥ जानिगौरि अनुकूल सियहियहर्षनजातकहि मंजुलमंगलमूल बामअंगफरकनलगे ४७॥ * * * * * * * * * *

छन्दार्थ ॥ जो तुम्हारे मनमें रच्यो है सहजसुन्दर श्यामलबर सो तुमकोजरूर प्राप्तिहोहिंगे काहेते वे करुणानिधान हैं अरु सर्वकीगति जानते हैं अपने जननको शील सनेह जानते हैं मनोरथ पूर्णकरते हैं ( ४५ ) यहिप्रकारते पार्वतीका आशीर्वाद सुनिकै सखिनसहित जानकीजी अतिहर्ष को प्राप्तभई गोसाईंजी कहतेहैं कि अतिहर्षसंयुक्त पार्वतीजीकीपूजा पुनिपुनि करतभई पुनि पार्वतीते बिदाह्वैकै मुदितमनते निजमन्दिरकोचलत भई ( ४६ ) सोरठार्थ॥ गौरिको अनुकूल जानिकै श्रीजानकीजीके हृदयकी हर्ष कविन को अगोचरहै कहा नहींजाइ मंजुल मंगलकेमूल श्रीजानकीजीके बामांग बारबार फरकतेहैं ( ४७ )॥ इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वंसनेबालकांडेश्रीरामजानकी वाटिकाविहारगौरिसत्य बरवर्णनंनामचतुश्चत्वारिंशतिस्तरङ्गः ४४॥ :: :: :: :: :: :: ::

दो०॥ पैंतालिसशुभलहरिमें रामचरणआनन्द बिरहरामसियप्राप्तहितहियहुलसतसुखकन्द ४५ हेपार्वती श्रीजानकीजीकै लोनाईकही सुन्दरता हृदयमेंसराहत श्रीरामचन्द्रजी लक्ष्मणसहित गुरुनकेसमीप गवनकरतेभये ( १ ) जोकछु फुलवारीविषे भयोहै सोश्रीरामचन्द्र गुरुनते सबकहते भये जोबाणीमें छल लेशहूनहींछुइगयो ( २ ) तब गुरुप्रसन्नह्वैकै सुमनपाइकै मनमें श्रीरामचन्द्रहीको पूजन करतभये काहेते श्रीरामचन्द्रमुनि विषे आपको शिष्यभावमानते हैं ताते परोक्षपूजाकीन्ह पुनि दोऊभाइनको आशीर्बाद देतेभये ( ३ ) मुनिनेकहा कि तुम्हारे मनोरथ सिद्धहोहिंगे सो सुनिकै राम लक्ष्मण बहुत सुखीभये ( ४ ) दोऊभाइनसंयुक्त मुनिविज्ञानी भोजनकरिकै व कछु बिश्रामकरिकै पुरानिकही जो वेदविषे सि

चौ० ॥ हृदय सराहतसीयलुनाई गुरुसमीपगवनेदोउभाई १ रामकहासबकौशिकपाहीं सरलसुभावछुवाछलनाहीं २ सुमनपाइमुनि पूजाकीन्ही पुनिअशीषदोउभाइनदीन्ही ३ सुफलमनोरथहोहिंतुम्हारे रामलषणसुनिभयेसुखारे ४ करिभोजनमुनिवरबिज्ञानी लगेकहनकछुकथापुरानी ५ विगतदिवसगुरुआयसुपाई सन्ध्याकरनचलेदोउभाई ६ प्राचीदिशिशशिउयउसोहावा सियमुखसरिसदेखिसुखपावा ७ बहुरिबिचारकीन्हमनमाहीं सीयबदनसमहिमकरनाहीं ८ दो० ॥ जन्मसिंधुपुनिबन्धुबिष दिनमलीनसकलंक सियमुखसमतापावकिमि चन्द्रबापुरोरंक ९ चौ०॥ घटैबढ़ैबिरहिनिदुखदाई ग्रसैराहुनिजसंधिहिपाई १० कोकशोकप्रदपंकजद्रोही

सिद्धांत रामतत्त्व बर्णन है सो युक्तिसे मुनि बर्णनकरते हैं ( ५ ) दिनअस्तहोतभयो गुरुनकी आज्ञापाइकै दोऊभाई सन्ध्याकरनेकोचले ( ६ ) तहां जानकीजी की शोभाबिषे रघुनाथजीको चित्त अतिशय आसक्तहोइरह्योहै ताते सन्ध्याकरन भूलिगये कुवारशुदी पूर्णमासी को पूर्वदिशि चन्द्रमा उदयभयो अतिसुन्दर ज्ञानकीजी के मुखसदृश

देखिकै श्रीरघुनाथजीने अतिसुखपायो ( ७ ) बहुरि अपने मनमें बिचारकीन्ह कि जानकीजीके मुखकेसम चन्द्रमा नहीं है ( ८ ) आगे न्यूनाधिक्यरूपकालंकार कहते हैं दोहार्थ॥ काहेते सिन्धु जो समुद्र तेहिते चन्द्रमाको जन्महै अरु बंधु विष हैं अरु दिनमें मलीन हैं अरु गुरुनकी स्त्री ते गमनकीन्ह है तातेसकलंक है श्रीजानकीजीके मुखकी समता किमिपावै शोभाकरिकै रंक है ( ९ ) पुनि घटत बढ़त है अरु विरहिनिनको दुखदाता है अरु राहुअपनी संधिपाइकै ग्रसत है ( १० ) अरु कोक को शोकप्रदहै अरु पंकज कोद्रोही है हे चन्द्रमा तेरे बिषे अवगुण बहुतहैं ( ११ ) अरु जानकीजीको मुख निर्दोष निर्विकार निर्मल एकरस नित्यसुधा शोभा ते पूर्ण तेहि बैदेहीके मुख की तेरी उपमा हमनेदिया सो या अतिअनुचितकि याकिजोप्रथम मुखकेसम कहा है ( १२ ) हे भरद्वाज यहां यह अभिप्राय है कि चन्द्रमाके ब्याजकही मिसुकरिकै जानकीके मुखकी अतिशयछबि अपनेमनमेंकहा सो छबि हृदयमेंधरिकै निशाबड़िजानिकै बड़िकही चारिदंड तक संध्याको प्रमाण है तहां छ:दण्डरात्रि बीतिगई ताते यहकहा निशाबड़िजानी अरु जो जानकीके मुखकीछबिके व्यवहारविषेमनरह्यो संध्या को नेमकोकरै तब निशाबड़ीजानि गुरुनके समीपको चले ( १३ ) जाइकै मुनिके पदपंकजको प्रणामकीन्ह आज्ञापाइकै जाइविश्रामकीन्ह आजु प्रणाममात्र गुरुनकी सेवकाईभई जानकीजीकी छबिमेंमग्नहैं ताते तहां श्रीरामचन्द्र के मन की सेवाकीगति लक्ष्मणजी जानते हैं काहेते प्रौढ़

**अवगुणबहुतचन्द्रमातोही ११ बैदेहीमुखपटतरदीन्हे होइदोषबड़अनुचितकीन्हे १२ सियमुखछबिबिधुव्याजबखानी गुरुपहँ चलेनिशाबड़िजानी १३ करिमुनिचरणसरोजप्रणामा आयसुपाइकीन्हबिश्रामा १४ बिगतनिशारघुनायकजागे बन्धुबिलोकिकहनअसलागे १५ उयउअरुणअवलोकहुताता पंकजकोकलोकसुखदाता १६ बोलेलषणजोरियुगपानी प्रभुप्रभावसूचक मृदुबानी १७ दो०॥ अरुणोदयसकुचेकुमुद उडुगणज्योतिमलीन तिमितुम्हारआगमनसुनि भयेनृपतिबलहीन १८ चौ०॥ नृपसब**

सेवकहैं चौकी में आरूढ़हैं ( १४ ) याहीरसमें रात्रीब्यतीतभई भोरभयो रघुनाथजी जागे बंधुकोठाढ़े बिलोकिकै असकहनलगे ( १५ ) कि हेतात पंकजकोक सर्बलोक के सुखदाता ऐसे अरुणकहीसूर्य सो देखौ तौ उदयभये ( १६ ) तब दोनोंपाणिजोरिकै लक्ष्मणजी बोलतेभये प्रभुकरप्रभाव यहबाणी में सूचक है सूचककही प्रभुके प्रभावको जनावतेहैं श्रीरघुनाथजीने लक्ष्मणजी ते बूझा कि हे तात सूर्यउदयभये तहां यहिबाणी में लक्ष्मणजूको यह अभिप्राय समुझिपरेउ कि रघुनाथजीकोमन श्रीजानकीजीकी शोभा के बश है ताते यह बचनकहा कि जानकीजीकैप्राप्ति धनुष के आधीन है जामें सूर्यके उदयहोतसन्ते धनुषकेसमीप कोई राजा नहींजाइ हमहीं गुरुआज्ञाते प्रथमजाहिं ( १७ ) दोहार्थ॥ ताते श्रीरामप्रताप अरु सूर्य अरु दोऊकर विशेषण एकही संगतुल्य योग्यतालंकारकरिकैकहते हैं लक्ष्मणजी बोले हे नाथ अरुणोदयभये कुमुदसकुचे उडुगण की ज्योति किमि मलीनभई जिमि तुम्हारे आगमनको प्रतापसुनिकै समस्तराजा बलकरिकै हीनभये ( १८ ) हेनाथ जो आपुबिचारतेहौ कि कदापि कोई राजा धनुषको तोरि न डारै सो राजन के तोरिबेयोग्य नहींहै कैसे जैसे अनेक नक्षत्रनके उदयहोतसन्ते रात्री नहींमिटै तैसे राजनकर बल नखतहै अरु तम धनुषजानिये ( १९ ) हे नाथ रविउदयभये निशा अवसानकही व्यतीतभई तब कमलकोक मधुकरके गण और खग हर्षितभये ( २० ) हे प्रभु ऐसेतुम्हारे सबभक्तजन धनुषकेटूटेते सुखीहोहिंगे ( २१ ) हे श्रीरामचन्द्र भानुउदयभये बिनाश्रमही तम नाशभयो नक्षत्रदुरिगये जगत्विषे तेजप्रकाश पूरिरह्यो है कैसे जबआपु रंगभूमिको जाहुगे तब आपुको प्रतापरूप सूर्य के उदयहोतही बिनाश्रमही धनुष तमनाशहोहिगो नखतनृप मलीनहोहिंगे सन्तदेव कोक नदकोक सुखीहोहिंगे ( २२ ) हे पार्बती रविकोउदय ब्याजमात्रकरिकै निज जो रघुराय तिनको अरु

नखतकरहिंउजियारी टारिनसकहिंचापतमभारी १९ कमलकोकमधुकरखगनाना हर्षेसकलनिशाअवसाना २० ऐसेहिप्रभुसब भक्ततुम्हारे होइहैंटूटेधनुषसुखारे २१ उयेभानुबिनुश्रमतमनाशा दुरेनखतजगतेजप्रकाशा २२ रबिनिजउदयब्याजरघुराया प्रभुप्रतापसबनृपनदेखाया २३ तवभुजबलमहिमाउदघाटी प्रकटी धनुबिघटिनपरिपाटी २४ बन्धुबचनसुनिप्रभुमुसुकाने होइशुचिस-

नृपनको प्रभाव जैसे पाछे, कहिआयेहैं सो लक्ष्मणजू कहतेभये आगे जोयहअर्थ करते हैं कि निजकही अपने उदयकरिकै प्रभुकोप्रभाव सबनृपन को देखावते हैं सो यहअर्थ नहीं बनै रविउदयकरिकै प्रभुको प्रभाव सबनृपनके देखाइबेको कछु विशेषणनहीं निकसै ताते प्रथम जो अर्थकहाहै सोई सिद्ध है ( २३ ) लक्ष्मणजू पुनि बोले हे श्रीरामचन्द्र जो तुम यहकहौ कि तुम हमको अपनोस्वामी जानिकै बड़ाईकरतेहौ जो इहांधनुष को कोई औरैराजातोरै सो लक्ष्मणजू कहतेहैं कि ऐसो नहींहोइगो काहेते कि तवभुजबलमहिमाउदघाटी॥ तुम्हारे भुजनके बलकी महिमा जो है तेहिकी उदघाटकही उद्योतकरिबेकोयहधनुषप्रकट्योहै कब जबतुम्हारेभुजनकरिकै धनुषको बिघटनिकहीनाशहोइ अरु जोकहौकि हमारेभुजन ते कदापि धनुष नहींटूटै तहा आपुके भुजनकरिकै धनुषटूटैगो परिपाटीकही परम्परा है किंतु तुम्हारे भुजा उदघाटीकही उदयाचलकी घाटी हैं अरु तुम्हारे भुजन के बलको प्रताप सूर्य है अरु तमरूप धनुष प्रकट्योहैसो विघटनि कही नाशहोइगो अरु परिपाटीकही सूर्यके परम्परा दृष्टांत करिकै ( २४ ) हे पार्बती बन्धुकेबचन यथार्थ उक्तिसहित सुनिकै प्रभुबिहँसिकै आपु नित्यपुनीत प्रातःक्रियाकरिकै स्नानकरतेभये ( २५ ) पुनि श्रीराम लक्ष्मण नित्यनेम करिकै गुरुनके पद पंकजविषे जाइकै शीशनावतेभये ( २६ ) तब तेहि अवसरविषे जनकजू सतानंदकोबुलाइकै श्री विश्वामित्रके पास पठावते भये ( २७ ) तिन सतानंदजी जनककीबिनयमुनिको सुनावतेभये सो सुनिकै मुनीश हर्षिकै दोऊभाइन को बोलावते भये ( २८ ) दोहार्थ॥ श्रीरघुनाथजी आइकै सतानन्दकेपदबंदिकै गुरुनके समीप बैठेजाइ तब मुनि ने कहा हेतात रंगभूमिकोचलिये जनकजी ने बोलायो है ( २९ ) हे तात श्रीजानकीजी को स्वयम्बर देखीजाइ ईशजो महादेव सो धौं केहिको बड़ाईदेहिं किन्तु ईश तौ परमेश्वर हैं ( ३० ) तब लक्ष्मणजी बोले हे नाथ यशको भाजन सोई है जापर तुम्हारीकृपाहेइ यामें यहधुनि है कि तुम्हारीकृपा रघुनाथजीपर है ताते हमहीं यश

हजपुनीतनहाने २५ नित्यक्रियाकरिगुरुपहँआये चरणसरोजसुभगशिरनाये २६ सतानन्दतबजनकबोलाये कौशिकमुनिपहँ तुरतपठाये २७ जनकबिनयतिनआयसुनाई हर्षेबोलिलियेदोउभाई २८ दो० ॥ सतानंदपदबन्दिप्रभु बैठेगुरुपहँजाय॥ चलहुतात मुनिकह्यहुतब पठवाजनकबोलाय २९ चौ०॥ सीयस्वयंबरदेखियजाई ईशकाहिधौंदेहिंबड़ाई ३० लषणकहायशभाजनसोई नाथकृपातवजापरहोई ३१ हर्षेमुनिसबसुनिबरबानी दीन्हअशीषसबहिसुखमानी ३२॥ * * * * *

चौ० ॥ पुनिमुनिवृंदसमेतकृपाला देखनचलेधनुषमखशाला १ रंगभूमिआयेदोउभाई अससुधिसबपुरबासिनपाई २ चलेसकलगृहकाजबिसारी बालकयुवाजरठनरनारी ३ देखाजनकभीरभइभारी शुचिसेवकसबलियेहँकारी ४ तुरतसकललोगनपहँजाहू

कभाजनहोहिंगे ( ३१ ) विश्वामित्रआदिक समस्त मुनिवरोंकीवखानी बाणीसुनिकै अतिहर्षकोप्राप्तभये और अतिशुभमानिकै सबहिन आशीर्बाददीन्ह कि लक्ष्मणजीको बचनसत्यहै ( ३२ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वन्सनेबालकाण्डे श्रीरघुनाथस्यजानक्यासहगोप्यविरहस्ताया सतानन्दकौशिकबार्त्ता बर्णनन्नामपंचचत्वारिंशतितस्तरंगः ४५॥ :: :: :: :: :: :: ::

दो०॥ चालिसषष्ठतरंगमें रंगभूमिप्रभुजाइ रामचरणरससबनकोयथायोग्यदरशाइ ४६ हे भरद्वाज पुनि मुनिनके वृन्दसमेत कृपालु श्रीरामचन्द्र धनुषयज्ञ देखनेको चले (१) रंगभूमि को दोउभाईआये यहसुधिसम्पूर्ण पुरबासी पावतेभये (२) तब बालकजे हैं युवाजेहैं बृद्धजेहैं ते सम्पूर्ण गृह अरु तनकोकार्य बिसारिकै शीघ्रचले रंगभूमि के समीप श्रीरघुनाथजी को अतिआनन्दसंयुक्त देखतभये (३) तहां जनकजीनेदेखा कि भारी भीरभई तब शुचिसेवक बोलाइलेतेभये (४) तबकहा हेसेवकहुतुरन्त सबलोगन के पासजाहु सबको उचित आसनदेहु (५) दोहार्थ॥ तिनसेवकन सबनते बिनीतकही प्रबीण मृदुबचनकहिकहि उत्तम मध्यमनीच लघु नर नारिको यथायोग्य निजनिज थल अनुहारि बैठारते भये (६) त्यहिअवसरविषे मुनिसंयुक्त दोऊराजकुंवर रंगभूमिविषे प्राप्तभये जनु मनोहरताकहीशोभा अरु छबिरंगभूमिकी समाजविषेछाइ अरु जगमगाइरही है (७) कैसे दोऊभाई हैं परमदिब्य गुणनके सागर अरुनागरकही श्रेष्ठ सर्बोपरि प्रवीणहैं अरु परमबल परमवीरता तिनसबनके

आसनउचितदेहुसबकाहू ५ दो०॥ कहिमृदुबचनबिनीततिनबैठारेनरनारि उत्तममध्यमनीचलघुनिजनिजथलअनुहारि ६ चौ० ॥ राजकुंवरत्यहिअवसरआये मनहुंमनोहरताछबिछाये ७ गुणसागरनागरबरबीरा सुन्दरश्यामलगौरशरीरा ८ राजसमाजबिराजत रूरे उडुगणमहँजनुविधुयुगपूरे ९ जिनकेरहीभावनाजैसी प्रभुमूरतिदेखीतिनतैसी १० देखहिंभूपमहारणधीरा मनहुंबीररसधरे

सागरहैं पुनि कैसे हैं अतिसुन्दर श्यामगौर शरीर हैं (८) राजन की समाजमें दोऊकुंवर रूरेकही सुन्दर कैसे विराजते हैं जानो अनेकन उडुगणकेमध्य में दुइविधु निर्दोष निर्मल पूर्ण विराजते हैं (९) जेते सबमण्डली में राजा इत्यादिक अरु सब पुरवासिरहे ते सबमिलिकै श्रीरघुनाथजीको देखतेहैं जिनके जसभावनारही तिनकोतैसेरसरूपमूर्त्तिदेखावतेभये (१०) तहां जे महा महारणधीरराजा हैं ते श्रीरघुनाथजीको वीररसकी मूर्त्ति देखते हैं वीररसको गौररंग ताको स्थाईभावहर्ष तामें दुइभेद एकमृत्युलोक से स्वर्गादिकविषे की प्राप्तिकोहर्ष अरु एकभगवान् के प्राप्तिको हर्ष काहेते कि जब आत्माको अपने स्वस्वरूपको ज्ञानभयो सोई वीररसजब ऐसोवीररस प्राप्तहोइ तब शरीरविषे जे ज्ञानभक्ति के विरोधी हैं ते अपने विषयन समेत नाशकोप्राप्तिहोहिं अरु ज्ञानभक्ति के विरोधी तिनके नाशविना आत्मा शांतिको नहींप्राप्तहोतीहै अरु बिना शांतरस ब्रह्म ज्ञान अरु भक्ति नहीं सिद्धिहोइ तबलगि द्वौसाधन हैं अरु जब शांतरसभयो तब विज्ञानकही ब्रह्मज्ञान सिद्धिभयो तब प्रेमापरा भक्ति सिद्धिभई काहेते वीररस चारिस्थान में सूचितहोत है दान संग्राम तप ज्ञान तहां चारो इंद्रीनके दमनविनानहींहोत अरु जो यहचारिइन्द्रिनकै दमनभयो तब परमात्मा को चीन्हिकै आत्माकोहर्षभयो पुनि संचारी भाव गर्व मद अंग अंग को फरकना पुनि रसके तीनकारण भाव अनुभाव विभाव सब रसनविषे होत है जो मनमें रसकीचाहउठै तेहिकोभाव कही अरु जो रसकी चाहकोबढ़ावै तेहिको बिभावकही अरु जो रसको प्राप्तिकरै तेहिको अनुभावकही ऐसेही सबरसनमेंजानिये (प्रमाणरसकल्लोलग्रन्थविषे) श्लोक भावानामनुभावानां विभावानांचसंश्रयः जायतेयःपदार्थस्तुतमाहुर्मुनयोरसं १ पुनि भावकही रसकेहेतु मनमें जलतरंगसम बिकारकाउठना अरु विभावकही उद्दीपन अरु अनुभावकही क्रियाकोकटाक्ष पुनि आननलोचन वाक्यते प्रसन्नतानिकसै सोईभाव अनुभाव विभाव पुनिसबरसनमें जैसे चरतहै सो संचारी सो एकतीसकहतेहैं आलंबनआलंब्य जामेंरहे सो कौन हैं दैन्य १ असूया २ स्मृति ३ मद ४ आलस ५ श्रम ६ उन्माद ७ ब्रीडा ८ जड़ता ९ चित्तहर्ष १० मतिआवेग ११ आकृतिगो-

शरीरा ११ डरेकुटिलनृपप्रभुहिनिहारी मनहुंभयानकमूरतिभारी १२ रहेअसुरछलजोनृपभेषा तिनप्रभुप्रकटकालसमदेखा १३ पुरवासिनदेखेदोउभाई नरभूषणलोचनसुखदाई १४ दो०॥ नारिबिलोकहिंहरषिहियनिजनिजरुचिअनुरूप जनुसोहतशृंगारधरि मूरति

पन १२ चपल १३ अप्समार १४ भय १५ उत्कंठा १६ निद्रा १७ स्वप्न १८ बोध १९ उग्रता २० व्याधि २१ प्रमाधि २२ वितर्क २३ भ्रम २४ निर्वेद २५ ग्लानि २६ गर्व २७ चिंता २८ मोह २९ विषाद ३० शंका ३१ इत्यर्थः ( ११ ) कुटिल राजाजेहैं ते प्रभुको निहारिकैडरे मानहु भयानकरस की भारीमूर्त्तिदेखा ताको नीलरंग कुटिलकही टेढ़ेमन क्रम वचनते अशास्त्रक्रिया पुनि भयानकरस को स्थाईभाव भीति त्यहिमें दुइभेद लौकिक वैदिक त्यहिके संचारी कंप स्वरभंग चिंता मोह विषाद ( १२ ) अरु जेअसुर राजाके वेषबनाइकै रंगभूमिमें आये हैं ते प्रभुको काल के समान रौद्ररस अंगअंग बिकराल देखतेहैं ताकोरंग अतिरक्त कैसे देखते हैं प्रभुकी माया डुमरिकोपेड़ है अनेक ब्रह्माण्ड फल हैं तरुविषेलगे हैं बढ़त हैं पकत हैं झरत हैं कालभक्षण करतहै यहप्रभुविषे नित्यदेखे रौद्ररसको स्थाईभाव क्रोध मद मान अहंकार रौद्ररसके संचारी नेत्रलाल अधरफरकत उग्रता शंका श्रम ( १३ ) पुनि सम्पूर्णपुरवासिन दोऊभाइनको देख्यउसख्यरस रूप सबनरनविषे भूषण लोचन के सुखदाता ताको रंग अरुण क्वचित् श्वेत मिलित पुनि सख्यरसको स्थाईभाव आनन्द पुनि संचारीदोऊभाइन के स्वरूपमें नेत्रक्रीड़ा करते हैं अरु तृप्तनहींहोते हैं अरु चाह अतिशय है ( १४ ) दोहार्थ ॥ जनकपुर की नारिजे हैं ते हर्षिकै लज्जानिवारणकरिकै निजनिज रुचिके अनुरूप दोऊभाइन को विलोकती हैं जनुशृंगाररस परम अनूपमूर्त्ति धरि कही मूर्त्तिमानह्वैकै सोहतहै शृंगाररसको श्यामरंग किंतु जनकपुर की नारिजेहैं ते परम शृंगार के अनेकरूप धरिकै परम अनूपमूर्ति जो श्रीरघुनाथजी तिनको देखती हैं तहां जनकपुरकी नारिनमें तीनिभेद हैं मुग्धा मध्या प्रौढ़ा ये तीनिहूं निजनिजरुचि से देखती हैं तहां अज्ञातमुग्धा शृंगाररस की मूर्त्ति देखती है केवल चक्षुसंभोगके सुखको प्राप्ति है तेहिको स्थाई आनन्दसंचारी अंगअंगन विषे लोचनन की चपलता अरु आकृति गोपान भय स्वप्न पुनि मध्याजेहैं तेश्रीरघुनाथजीकोदेखती हैं जनुपरमशृंगारकीमूर्त्तिपरमकहीशृंगारहूकेशृंगार की मूर्त्तिदेखतीभई परमशृंगारकोस्थाईरति अरु परस्पर संभोगकीचाहना अरु तेहिको सञ्चारी चिन्ता लज्जा स्मृति अवलोकन पुनि प्रौढ़ा जेहैं ते श्रीरघुनाथजीकी परम अनूपमूर्त्ति देखती हैं जहां शृङ्गारहूकी उपमानहींदईजाइ तहां मनसम्भोग प्रधानहै अरु प्रीतिस्थाई भावहै अरु तेहि

परमअनूप १५ चौ० ॥ बिदुषनप्रभुबिराटमयदीशा बहुमुखकरपगलोचनशीशा १६ जनकजातिअवलोकहिंकैसे सजनसगेप्रिय

को सञ्चारी चित्त हर्षआवेग उत्कण्ठा ( १५ ) पुनि बिदुषजन जे हैं बिद्यामान् ते प्रभुको बिराट्मय अद्भुत रसरूप देखते हैं ताको रङ्गपिङ्गल पीत अरु मिलित अनेकन सर्व्वत्र पग कर मुख लोचन शीश पुनि बिराट्रूपकेसे देख्यो पदको तल अरु पग पृष्ठि अरु गुल्फ अरु पिंडुरी अरु गांठी अरु जंघा अरु स्तम्भ नीचेके सातहूलोकनको क्रमहीते सातौअङ्ग जानबपाताल रसातल महातल तलातल सुतल बितल अतल पुनि ऊर्द्धकटि ते शीशताई सातौ अङ्गजानव कटि नाभि उदर हृदय बक्षस्स्थल ग्रीव शीशअङ्ग क्रमहीतेऊद्धकेसातौलोकजानव भूर्ल्लोक भुवःलोक स्वर्ल्लोक महर्ल्लोक जनलोक तपलोक सत्यलोक अरु महत्तत्त्व तीनोंगुण चारिउकी एकतासोई त्वक्है अरु मोहबस्त्रहै अरु पृथ्वीतत्त्व मांसहै जलशोणित है अग्नितत्त्वजठराग्निहै पवनतत्त्वश्वासाहै वेदवचनहै नभतत्त्व पांचोनभहैं शीशनभ कण्ठनभ हृदयनभ उदरनभ कटिनभ सातहू समुद्रआंतैहैं सातहू द्वीप सातहूचक्रहैं दिग्पाल इन्द्रभुजहैं सबदेवताअंगुली हैं अरु सबरत्ननखहैं दशौदिशा श्रवणहैं शशि सूर्य्य नेत्रहैं कालकेधनुबाण भृकुटीतीब्र अवलोकनिहै चारिउयुग पलकहैं रातिदिन निमेषहै कालमुखहै लोभअधरहै बरुणरसना है बज्र गदा इत्यादिक संयुक्त यमराजदशन हैं अश्वनीकुमार नासिकाहै नक्षत्र अलंकारहै यमपुरीगुदाहै कामलिङ्ग है सम्पूर्णनदी नसजालहैं सम्पूर्ण बनस्पति रोमहैं अरु ब्रह्मा जाकी बुद्धिहैं अंहकार शिवहैं चित्तबिष्णुहैं अरु मनचन्द्रमाहै अरु संकल्प जाको विशेषण है अरु पञ्चप्राण रामनामहै रेफरेफकी अकार अरु दीर्घअकार अरु मकारकी अकार अरु हलमकार अरु रामनामही रकार मकार ब्रह्मजीवहै कुबेर ऐश्वर्य्यहैइतिबिराट् विश्वरूप अद्भुत रसरूप सर्व्वांगदेखे जो श्रीकौशल्याजी अरु कागभुशुण्डिजीको अद्भुत रसरूप देखाये हैं सो ऐसो विराट् विश्वरूप श्रीरामचन्द्रको बिदुषनदेखा ( प्रमाणभगवद्गीतायां ) श्लोकएक ॥ सर्व्वतः पाणिपादन्त त्सर्व्वतोऽक्षिशिरोमुखं ॥ सर्व्वतःश्रुतिमल्लोके सर्व्वमावृत्यतिष्ठति ( १६ ) जनकजाति जे सम्पूर्ण निमिबंशी हैं ते श्रीरघुनाथजीको सगे जामाताइव शंकरस्वरूप देखते हैं वात्सल्य सख्यरस मिश्रित तेहिकोरङ्गअरुण पीत मिश्रित तेहिको स्थाईभाव बिलास अरु सञ्चारी प्रीतिहास्य

**लागहिंजैसे १७ सहितबिदेहबिलोकहिंरानी शिशुसमप्रीतिनजाइबखानी १८ योगिनपरतमत्त्वमयभाशा शांतशुद्धसमसहजप्रकाशा १९ हरिभक्तनदेखेदोउभ्राता इष्टदेवइवसबसुखदाता २० रामहिंचितवभावजेहिसीया सोसनेहसुखनहिंकथनीया २१ उरअनु-**

(१७) अरु बिदेह संयुक्त रनिवास श्रीअवधनन्दन श्रीरघुनन्दनजीको शिशुसम अतिप्रीतिसे वात्सल्यरस रूप देखती हैं ताको सुवर्ण को रंग ताको स्थाई पोषण अरु संचारी लाड़दुलार (१८) अरु योगी जनजे हैं ते श्रीरघुनाथजी को परमतत्त्व परम प्रकाश सम कही एकरस परम शुद्ध शान्तरस देखते हैं तेहिकोरङ्ग शुद्धश्वेत अरु स्थाई शुद्धज्ञान ब्रह्मानंद तेहिको संचारी निंदास्तुति हर्षकर रहित क्रिया समदृष्टि (१९) अरु हरिभक्त दोऊभाइन को इष्टदेव सर्बसुखदाता दास्यरसकी मूर्त्तिदेखते हैं किंतु सर्बदास दास्यरसकी मूर्त्तिही ह्वैके परम इष्टदेव देखते हैं तेहिको विचित्ररंग अरु स्थाई परमसुख अरु संचारी अनेककैंकर्य (२०) अरु श्रीरघुनाथजीको जेहिभावसे जानकीजी देखती हैं सो स्नेहसुख अकथनीयहै इहां करुणा रसरूप सूचितहोत है तेहिकारंग शुद्धबैंजनी अरु स्थाई शुद्धदया अरुसंचारी कृपा उदारता पोषण (२१) जेहिभावतेश्रीजानकीजी श्रीरामलाल को देखती हैं सो सद्कबिनके हृदयमें अनुभवित होतहै पर कहिनहीं सकते कौनीप्रकार कहैं काहेते किरामलाल बिषे जानकीजीको शृंगार भाव अवलोकन परस्पर तहां कविनको कर्ममनबाणी अगोचरहै कबिकैसेकहैं किंतु जानकीके मनमें बहुसुख स्नेह अनुभवित होत है परकहिनहीं सक्तीं सखिन प्रति सो कबि कौनी प्रकारतेकहै किंतु जानकीजी के रामलालकोकतजो स्नेह सुख भयो है सो श्रीरामचन्द्र के अंतष्करण में अनुभवित होत है पर कहिनहीं सक्ते सो कबि कौनी प्रकार ते कहैं (२२) जिनकेजस भावनारही तिनतस कोशल राजकुमारको देखा तातेकोशल राजकुमार सबरसनके कारणहैं उपादान अरु निमित्त कारणदूनों हैं अरु आपनअंशकला बिभूति अवतारन करिकै सबरसन के देवता भी हैं तहां धनुष लीलाबिषे श्रीरघुनाथजी राजनबिषे हास्यरस अरु बीभत्सरस देखावहिं तब राजाधनुषको उठावहिंगे अरु नहींउठैगो अरु फिरि उठावहिंगे नहीं उठैगो तब गिरिगिरिपरहिंगे हँसीहोइगी तहां उनकी मूर्खतादेखिकै सब हँसहिंगे तब हास्यरस उनहींको लज्जाआवैगी सब निन्दाकरहिंगे तब बीभत्सरस अरु स्थाई सञ्चारीयाहीमें जानिलेव अरु हास्यरसको पाण्डुररङ्गका बिषइव अरु बीभत्सकोकालारङ्ग (२३) दोहार्थ॥ तहां सातहूद्वीपके

**भवितनकहिसकसोऊ कवनिप्रकारकहैकबिकोऊ २२ जेहिबिधिरहाजाहिजसभाऊ त्यहितसदेख्यो कोशलराऊ २३ दो०॥ राजतराजसमाजमहँ कोशलराजकिशोर सुंदरश्यामलगौरतन बिश्वबिलोचनचोर २४॥**

**चौ० ॥ सहजमनोहरमूरतिदोऊ कोटिकामउपमालघुसोऊ १ शरदचंदनिंदकमुखनीके नीरजनयनभावतेजीके २ चितवनिचारुमारमद**

राजा अरु देव दानव जेराजबेष बनाइकैआयेहैं तिनके समाजबिषे कोसलराजकिशोर अतिसुन्दरश्यामलगौर अपनीशोभाकरिकै सबकेबिलोचन अरु चित्तकेचोरावनेवालेसर्बोपरि बिराजितहैं इहांप्रथम उल्लेषलंकार कहाहै (२४) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वंसनेबालकाण्डे द्वादशरससम्पूर्ण श्रीरामश्रयबर्णनन्नामषट्चत्वारिंशतिस्तरङ्गः ४६॥ :: :: :: :: :: :: ::

दो० चालिससाततरङ्गमें शोभासिंधुअपार रामचरणमिथिलेशलै बैठारेसुखसर ४७ आगेपदार्थैस्वतः सिद्धिहै सहजहीकही कौन्योशृङ्गारके आश्रयह्वैके शोभानहीं है सहजै मनोहरमूर्त्तिहै परमहंस मुनीश्वरनकेमनकोआकर्षणकरैहै तनकीशोभा कैसीहै कोटिनकामकी उपमादेबेकोलघुहै (१) अरु मुखकीनिकाई शरदपूर्णचन्द्रकी छबिकोनिन्दतहै मुखकीनिर्मलताप्रकाशईषद्धास मधुरबोल शशिकैउज्ज्वलता प्रकाशकिरिणि शीतलताको निन्दत है न्यूनाधिक्य रूपकालङ्कार बाचकलुप्तोपमाहै नीरजश्वेत अरुणनीलचित्रवत् सुगन्धमकरन्द लालित्य अतिकृपाशील शोभामयनेत्रहैं कैसे हैं कर्म्म मन बचन अगोचरहैं जीव जो आत्माको गोचरह्वै भावते हैं (२) अरु नेत्रनकीचितवनि चारुकही

अतिसुन्दरिबांकी है मारजो कामतेहिके सुमनकेवाण तेहिकेस्वरूप गुणक्रियाको हरतहै कहूं मारमनहरणीपाठहै सो चितवनि मारकेमनको हरतिहै भावतहृदय अष्टदलकमल मध्यशुद्ध सात्विकस्वरूप आत्मापराबाणीकोभावतहै पश्यन्ती मध्यमा बैखरी तीनोंकोलैकै वह चितवनि नहींबरणीजाय ( ३ ) कलकही अतिसुन्दर नीलमणि आदर्शवत् सचिक्कण निर्मलकपोल हैं श्रुतिकही श्रवणनविषे कुण्डलहैं इहां हेमविषेझुमकालेब मणिनकीकनी मोतिनकीअवली मधुरप्रकाशमयऐसे कुण्डल स्वाभाविक लोलकही कपोलनपर हलतहैं जनुमयनआदर्शलघु अजिरपरनृत्य करतहै पुनि चिवुक गोलमणिइव तामेंएकपीतविन्दुहै जनु शृङ्गारसकोशृङ्गार है पुनि जनु रसिकनकैबुद्धि निश्चयकरिकैस्थितह्वैरहीहै अरु अधरयुगविम्वकीअरुणताहरतहैं अरु सुन्दर मृदु मधुरमनोहरबोलते

हरणी भावतहृदयजातनहिंबरणी ३ कलकपोलश्रुतिकुण्डललोला चिबुकअधरसुन्दरमृदुबोला ४ कुमुदबन्धुकरनिन्दकहासा भृकुटी बिकटमनोहरनासा ५ भालविशालतिलकझलकाहीं कचबिलोकिअलिअवलिलजाहीं ६ पीतचौतनीशिरनिसोहाई कुसुम

हैं अरु बोलतासन्ते दशननकीशोभा जनु तड़ितकेरंगतेथोरे लघु २ हीरनकीअवलीहै पुनि जनु पक्वदाड़िमकेबीजकीअवलीशोभितहै ( ४ ) पुनि कुमुदिनी तेहिकोबन्धु इन्दु तेहिकीकरकही अमृतमय प्रकाशरूपकिरिणि तेहिकीनिन्दाकरतहै मन्दमधुरहास्य रसिकजननकोबाह्यान्तरप्रफुल्लितकरतहै काहे ते बिहँसतसंते दशन अधर रसनाकीलालित्य एकह्वैजाति है अरु षोड़शकला पूर्णचन्द्रविषेकिरणिहैं अरु इहां अधररसनामिलिकै पैंतिसकलापूर्ण चन्द्रमाकीहास्यहै ताते हास्यशशिकीकरकोनिन्दतहै अरु भृकुटीबिकटकही बांकी है जनु कामकेयुगधनुषहैं चितवनिबाणहैं रसिकनकोचित्त हरतुहै अरु नासिका मनोहरजनु श्याम अरुणतलशुकहै ( ५ ) अरु भालबिशाल शोभामय है तेहिविषे तिलकके युगरेख झलकतहैं जनु नीलमणि आदर्श केमध्यमें तड़ितकेयुगरेखझलकतहैं तिलकके मध्यमें कस्तूरी को बिन्दुहै जनु मदनके सुवनने युगशर अतिसुन्दर नारिनर मुनिदेवके जीतिबे को संधानकीनहै पुनिजनुतमालके पत्रको अपने सुख हेतु रतिपूजनकीनहै पुनि जनु अलिसूर्यते अपनेसुखहेतुदुइकिरणि मांगिल्याये हैं कचजेसूक्ष्म अतिसचिक्कण कोमल कछुकछूटे कछुकलटुरे हैं ते सर्पनके बच्चनको अरुअलिकी पंक्तिको अपनी शोभा करिकै लज्जितकरतेहैं जनुशशि अरु कमलके मकरंदको झूमिझूमि पानकरतेहैं ( ६ ) पतिचौतनी जो है सो शीशपर शोभितहै तेहिके बीचबीच कुसुमन कीकली अतिशोभित अरु जगमगाइरही हैं ( ७ ) अरु ग्रीवबिषे तीनिरेखा हैं कलकही अतिसुन्दर शंखकी रेखाको निंदति हैं जनु तीनिउ भुवनकी सुखमा कही शोभा तेहिकी मर्याद हैं ( ८ ) दोहार्थ ॥ गजमुक्तनके कण्ठा अतिललितहैं जनु नीलमणिलघुशृंगविषे शुककीपंक्ति शोभितहै अरु उरविषे श्वेतपीत फूल अरु तुलसीदलकरिकैयुक्त बनमाला अतिशोभित है जनु तमालतरुकेमध्यमें श्वेतपीत हरित शुककीपंक्तिबैठी है अरु बृषभके समउच्चकन्ध हैं अरु केहरिकी

कलीबिचबीचबनाई ७ रेखारुचिरकंबुकलग्रीवा जनुत्रिभुवनसुखमाकीसीवा ८ दो०॥ कुंजरमणिकण्ठाकलितउरतुलसीकोमाल वृषभकंधकेहरिठवनिबलनिधिबाहुबिशाल ९ चौ०॥ कटितूणीरपीतपटबांधे करशरधनुषबामबरकांधे १० पीतयज्ञउपबीतसुहाये नखशिखमंजुमहाछबिछाये ११ देखिलोगसबभयेसुखारे यकटकलोचनटरहिंनटारे १२ हर्षेजनकदेखिदोउभाई मुनिपदकमल गहेतबजाई १३ करिबिनतीनिजकथासुनाई रङ्गअवनिसबमुनिहिंदेखाई १४ जहंजहंजाहिंकुंवरबरदोऊ तहंतहंचकितचितवसबकोऊ १५ निजनिजरुचिरामहिंसबदेखा कोउनजानकछुमर्मबिशेखा १६ भलिरचनानृपसनमुनिकह्यऊ राजामुदितपरमसुख

ठवनि कही निर्भयगम्भीर अरु बिशालभुजाहैं बलनिधिकही बलकेसमुद्रहैंअलङ्कारतरंगहै ( ९ ) पुनि कटिबिषे पीतपटपर हेममणिनमय तूणीर बांधे हैं अरु करबिये बाणलिहेहैं अतिसुन्दर बामकन्धबिषे धनुषहै ( १० ) पुनिपीत यज्ञोपवीत जनुनीलमधुर घनबिषे तड़ितकीतीनिरेखा स्थिरह्वैरही हैं अतिशोभित हैं नखते शिखलौं मंजुकही अतिनिर्मल छबिछाइरहीहै ( ११ ) अद्भुतछबिदेखिकै सबलोग अतिसुखको प्राप्तभये लोचन सबके एकटकरहिगये जैसे पूर्णचन्द्रको अनेक चकोरचितैरहैं ( १२ ) दोऊभाइनको देखिकै जनकजीने अतिहर्षसंयुक्त मुनिकेपद कमल गहेजाइ ( १३ ) विनयकरिकै अपने प्रणकी सम्पूर्ण कथा सुनायकै राजासम्पूर्ण रंगभूमिदेखावतेभये ( १४ ) जहां जहां दोऊकुंवरबर जाते हैं तहां तहां सबलोग चकितह्वैकै देखते हैं ( १५ ) सबरसन के खानि सबरसनके रूप श्रीरामचन्द्रको अपनी २ रुचि अनुसार सब देखतेभये जिनजसदेखा तिन तैसे माना विशेषकै अपर मर्म काहूनहिंजाना ( १६ ) विश्वामित्र ने सम्पूर्ण रचनादेखिकै राजासे प्रसन्नह्वैकै कहां कि अतिसुन्दर विचित्रबन्योहै सुनिकै राजाको अतिआनन्द भयो है ( १७ ) दोहार्थ ॥ सब मंचानन ते एकमंचान विशालकही अति उच्चविस्तार अतिसुन्दर विशद तहां राजा जनमजूने मुनिसमेत दोऊबन्धुन को आसनदीन ( १८ ) प्रभुको देखिकैसब राजा हृदयमेंहारे जैसे राकेश जो पूर्णमासी को चन्द्र तेहिके उदय भये सन्ते नक्षत्रनके तेज मन्दह्वैजाते हैं ( १९ ) असिप्रतीति सबके मनमेंहोतिभई कि श्रीरामचन्द्रधनुषतोरहिंगे यहिमें शककहीसन्देहनहींहै ( २० ) अरु जो रामचन्द्र धनुषको भंजबकही नहीं तोरहिंगे तबहूं श्रीरामचन्द्रकेउरबिषे श्रीजानकीजी जयमाला मेलहिंगी ( २१ ) बिबेकी राजा कहते

लह्यऊ १७ दो० ॥ सबमञ्चनतेमञ्चयकसुंदरबिशदविशाल मुनिसमेतदोउबंधुतहंबैठारेमहिपाल १८ चौ०॥ प्रभुहिदेखिसबनृपहियहारे जिमिराकेशउदयभयेतारे १९ असिप्रतीतिसबकेमनमाहीं रामचापतोरबशकनाहीं २० बिनुभंजेभवधनुषबिशाला मेलिहैं सियारामउरमाला २१ असविचारिगवनहुघरभाई यशप्रतापबलतेजगवांई २२ बिहँसेअपरभूपसुनिबानी जेअविवेक अधमअभिमानी २३ तोरेहुधनुषब्याहअवगाहा बिनुतोरेकोकुंवरिबिवाहा २४ एकबारकालौकिनहोऊ सियहितसमरकरबहम सोऊ २५ यहसुनिअपरभूपमुसुकाने धर्मशीलहरिभक्तसयाने २६ सो० ॥ सीयविवाहबरामगर्वतोरिसबनृपनके जीतिको सकसंग्राम द-

हैं कि ऐसही विचारिकै अपने अपनेगृहकोजाहु अपनअपन यशप्रतापबल तेज प्रतापकहे जेहिके हुकुमनाम ते कार्य सिद्धिहोइ पुनि बलकही अपने पराक्रम ते कार्य सिद्धिकरै पुनि तेजकही जाको देखिकै सबडरैं सोयेते सब रघुनाथजी के यशप्रताप बल तेजविषे गवांइकै अपने अपनेगृह को जाहु ( २२ ) यह सुनिकै जे राजा अबिबेकी अज्ञानी अधम अभिमानी ते बिहँसे ( २३ ) अबिबेकी राजाबोले कि जो कदाचित् ये धनुष को तोरहिंगे तबहूं बिवाहहोना दुर्लभहै अरु बिना धनुषतोरे विवाहकौनकरिसकै है ( २४ ) एकबारकालहु जो आवै तौ जानकीकेहेतु हमसमर करैं ( २५ ) यहसुनिकै अपरभूप जे धर्मशील हरिकेभक्त सयानेह ते मुसुकाने ( २६ ) सोरठार्थ॥ अरु प्रणकरिकै कहते हैं कि श्रीजानकीजी को श्रीरामचन्द्र सबराजनके गर्वतोरिकै बिवाहहिंगे तिनते संग्रामविषे कौनसमर्थ है जो जीतिसकैगो राजा दशरथ के कुमार हैं रणविषे बांके हैं राजादशरथ कैसे हैं जिनको देखिकै इन्द्र आधासिंहासन छोंड़िदेइ ( २७ ) बृथा क्यों गालबजावतेहौ मनोरथ के लड्डूखाये कहूंक्षुधामिटती है ( २८ ) परमपुनीत हमार सिखापनमानहु श्रीजानकीजी को जगदम्बा जानहु ( २९ ) अरु जगत् के पिता रघुपतिको नेत्रभरिकैबिचारहु छबिनिहारिकै अपन कल्याणकरहु ( ३० ) अतिसुन्दर सुखकेदाता अरु परम दिव्यगुणनकी राशि अरु जेते तुम सबसमाजहौ सो यहजानहु कि ये दोउबन्धु महादेव के हृदयमें अहर्निश बसते है ( ३१ ) तुमअपने अज्ञानते सुधासमुद्रको निकट बिहाइकै मृगतृष्णा को जल तुम्हारीतृष्णा तेहिको क्यों दौरि मरते हौ ( ३२ ) हमने तौ तुमसे भलाकहा है आगे जाकेजस मनमेंभावै सो तसबृथाकरहु हम तौ मनुष्यतनधरेके फलको प्राप्तभये ( ३३ ) अस

शरथकेरणबांकुरे २७ चौ० ॥ वृथामरहुजनिगालबजाई मनमोदककीभूखबुताई २८ शिषहमारिसुनिपरमपुनीता जगदम्बाजानहु जियसीता २९ जगतपितारघुपतिहिविचारी भरिलोचनछबिलेहुनिहारी ३० सुन्दरसुखदसकलगुणरासी येदोउबन्धुशम्भुउरबासी ३१ सुधासमुद्रसमीपबिहाई मृगजलनिरखिमरहुकतधाई ३२ करहुजाइजाकहँजसभावा हमतौआजुपरमफलपावा ३३ असकहि भलेभूपअनुरागे रूपअनूपबिलोकनलागे ३४ देखहिंसुरनभचढ़ेबिमाना बरषहिंसुमनकरहिंकलगाना ३५ दो०॥ जानिसुअवसरजनकतबपठईसीयबुलाइ चतुरसखीसुंदरिसकल सादरचलींलिवाइ ३६॥ * * * * * *

कहिके भलेकही भक्तराजा अतिअनुराग संयुक्त श्रीरामचन्द्रको अनूपरूपदेखते हैं ( ३४ ) पुनि देवतनकेगण नभविषे बिमाननपरचढ़े श्रीरामचन्द्र को अनूपरूप देखते हैं कल्पवृक्षके फूलबर्षतेहैं श्रीसीतारामचन्द्रके परमदिब्य पुनीत चरित्र कल अतिमधुर रागिनी सुरताल संयुक्त गानकरते हैं ( ३५ ) दोहार्थ ॥ तब सुन्दर मंगलमय अवसरजानिकै जनकजी श्रीजानकीजीको बोलावतेभये तहां शतानन्दके बचनसुनिकै प्रवीण जे सखीहैं अति आदर ते रंगभूमिमें श्रीजानकीको ल्यवाइचलतीभई ( ३६ ) इतिश्रीरामचरित्रमानसे सकलकलिकलुषविध्वन्सने बालकाण्डे गुरुसंयुक्त श्रीरघुनाथजी रंगभूमिप्राप्त बर्णनंनाम सप्तचत्वारिंशतितिस्तरंगः ४७॥

दो०॥ चालिस आठतरंगमें रामचरणधरिधीर सियउपमावाणीजनकलषणबाक्यरसबीर ४८ सखिनसंयुक्त श्रीजानकीजी रंगभूमि को चलीं श्रीजानकीजीकी शोभाकही नहींजाइ काहेते जगदम्बिका हैं रूपशोभासुन्दरता इनगुणनकीखानि हैं ( १ ) तहां जानकीजी की उपमादेबेको मोको सब उपमा लघुलागती हैं काहेते प्राकृतनारिन के अंगविषे सबउपमा अनुरागकिहे हैं ताते लघु हैं याही ते कविनकरिकै झूंठीह्वैगई काहेते कबिन प्राकृतनारिन के अंगविषे सबउपमन को अनुराग कीन्ह है ताते लघु हैं ( २ ) श्रीजानकीजीकी किसूकीपटतरदैकै वर्णनकरै कुकबि कहाइकै सद्कविनबिषेको अयशलेइ ( ३ ) प्राकृतस्त्रिनमहँ जो श्रीजानकीजीको पटतरकही उपमादेई तौ ब्रह्मांडकोषमें ऐसी युवती कमनीयकही सुन्दरि हईनहीं है ( ४ ) जो कोईकहै कि देवस्त्रीनमहँ उपमा देहु तहांसोभी नहींबनै काहेते कि येती देवस्त्रीनविशे श्रेष्ठ हैं शारदा पार्बती रति

चौ० ॥ सियशोभानहिंजाइबखानी जगदम्बिकारूपगुणखानी १ उपमामोहिंसकललघुलागी प्राकृतनारिअंगअनुरागी २ सीयबरणिकेहिउपमादेई कुकबिकहाइअयशकोलेई ३ जोपटतरियतियनसमसीया जगअसियुवतिकहांकमनीया ४ गिरामुखरतनअर्द्धभवानी रतिअतिदुखितअतनुपतिजानी ५ विषबारुणीबंधुप्रियजेही कहियरमासमकिमिबैदेही ६ जोछबिसुधापयोनिधिहोई परमरूपमयकच्छपसोई ७ शोभारजुमंदरशृंगारू मथैपाणिपंकजनिजमारू ८ दो०॥ यहिबिधिउपजै लक्षिजब

रमा जो शारदाकी उपमादेई तौ शारदा मुखरकही बाक्यचंचल है तातेदूषण है अरु जो पार्वतीकी उपमादेई तौ अर्द्धांगी आधाअंग पुरुषचिह्न ते युक्त है ताते दूषण है अरु जो रतिकी उपमादेई तौ अतनुपतिजानिकै रतिदुखितहै ताते तेजमन्द है ( ५ ) अरु जो लक्ष्मीकी उपमादेई तौ विषबारुणी तिनकोबंधुहै अतिप्रियमानिकै ग्रहणाकिहे है ताते दूषणहै तिनकीसमान बैदेहीको किमिकहिये काहेते बिदेहजनक तिनके योगज्ञान भक्तिते आविर्भावहै ( ६ ) जो छबिसुधाक्रांतिमय सिंधुहाई छविकही शोभाकीक्रांति तेहिकीद्युति शोभाक्रांतिद्युतिः छबिरित्यमरः अरु छबिमें जो आह्लादहै सोई सुधाको गुणस्वादपुष्टि है अरु परमरूप कच्छपहोइ तहांरूपकही नीलहरित अरुण श्वेत पीतसो प्रकृतिकरिकै ब्रह्माकेरचे हैं अरु रूपकही अंगअंगकीबरोबरि यथायोग्य सोभी त्रैगुण्यकरिकै ब्रह्माकेरचेहैं अरु परमरूपकही स्वयंसम अंगरंग सोईकच्छपहोइ ( ७ ) पुनि शोभाकी रज्जुहोइ

शोभाकही शरीरको प्रकाश लालित्य अरु शृंगाररसको मन्दराचलहोइ अरु मार जोहै काम सोऐसेसमुद्रको अपने करपंकजसेमथै ( ८ ) दोहार्थ ॥ श्रीरसमुद्र देवदानव मथतभये तब कछु नहींप्राप्तिभयो तब बिष्णुभगवान्‌निजहाथसेमथतभये तब रत्नप्रकटेइहांतात्पर्यलक्ष्मीकोहै अरुइतै छबिरूपसमुद्रको काममथै यहिबिधिते जब लक्ष्मीप्रकटै सुन्दरता कही जाकोदेखिकै देवदानव मनुष्यादिक चराचरके मन मोहि जाहिं अरुसुख कही लौकिक पारलौकिक आनन्द जो है ऐसीसुन्दरता अरुसुखतेहिको मूलकहीकारण ऐसी लक्ष्मीउपजैतदपिसद्कविजेहैं ते अतिसंकोच समेत लजाइकै तेहि लक्ष्मीकी श्रीसीताजूकी समतुल्यता कहहिं देखिये तौ जब समुद्रतें लक्ष्मी प्राप्तिभई तब समुद्र कच्छप रज्जुस्थाने शेष अरु मंदराचल इनते कछु प्रयोजन नहीं है प्रयोजन लक्ष्मीते है तैसे छबि परमरूप शोभाशृङ्गार इनके मथे ते परमानन्द स्वरूप अनूप लक्ष्मी निकसीं पर तिन

**सुंदरतासुखमूल तदपिसकोचसमेतकवि कहहिंसीयसमतूल ९ चौ०॥ चलींसंगलैसखीसयानी गावतगीतमनोहरबानी १० सोहनवलतनुसुंदरिसारी जगतजननिअतुलितछबिभारी ११ भूषणसकलसुदेशसुहाये अंगअंगरचिसखिनबनाये १२ रंगभूमिजबसियपगुधारी देखिरूपमोहेनरनारी ( १३ ) हरषिसुरनदुंदुभीबजाई बरषिप्रसूनअप्सरागाई १४ पाणिसरोजसोहजयमाला अवचकचित**

लक्ष्मी को श्रीजानकीजीकी उपमा तुल्य कहत सन्ते कबिनकी मति सकुचाति है तिन श्रीजानकीजीकी शोभा त्रैलोक्य बिषे को कहिसकै ( ९ ) सखी जे सयानी हैं ते श्रीजानकीजी को मनोहर गीत गान करतसन्ते रंगभूमिको लैचलीं ( १० ) नवलतनुबिषे सारी अति शोभादेतिहै श्रीजानकीजी जगत्‌की जननी हैं तिनकी अतुलितछबिहै को कहिसकै इहां नवलतनु सुन्दरिसारी शृंगाररसकहा पुनि जगत् जननि कहिकै शृंगाररस बिषे शान्तरस योजितकीनहै किंतुसारीको बिशेषणहै जगत्‌बिषे अतुलितछबि जे भारी हैं त्यहिकीजननीसारीहै केवल शृंगारही पूर्णभयो ( ११ ) श्रीजानकीजूके सकलभूषण सुदेशकही अंगअंगसुदेशबिषे जहांजसचाहीतहांतस चतुरसखीरचिकै पहिरावतीभईं ( १२ ) जब श्रीजानकीजी रंगभूमिको जातीभई तब रूपदेखिकै नरनारीमोहतेभये ( १३ ) श्रीजानकीजीको देखिकै हर्षसंयुक्तदेवता दुन्दुभीबजावतेहैं कल्पवृक्षके पुष्पबरषतेहैं अप्सरागावती हैं ( १४ ) श्रीजानकीजीके हस्तकमलबिषे जयमालासोहतिहै देखिकै अवचककही अज्ञानके बशह्वैकै कुटिलराजा कुदृष्टितेयकटक चितैरहे ( १५ ) श्रीजानकीजी चकित शीघ्र चितैकाग्रकरिकै श्रीरामचन्द्रको चाहती हैं अरु अज्ञानी नर नारि मोहके बशभये ( १६ ) मुनिके समीप दोऊभाइन को देखिकै श्रीजानकीजी के लोचन ललकिकै निजनिधिपाइकै आनन्दभये ( १७ ) दोहार्थ श्रीजानकीजी रघुनाथजीकोरूप देखिरहीं तब समाजविषे गुरुजनजेहैं महत्‌जन तिनकी लाजकरिकै सकुचाइकै श्रीरघुनाथजीको हृदयमेंराखिकै सखिनकीदिशि देखनेलगीं ( १८ ) रंगभूमि विषे श्रीसीता राम कै छबिदेखिकै नरनारिन निमेषकोत्यागकीन्ह ( १९ ) सकल शौचकोकरिकै पछिताते हैं बिधाताते करजोरिकै मनविषे बिनयकरते हैं ( २० ) हे विधाता यहिधनुपविषे जनक के प्रणकी जोजड़ताई है सो बेगिहरहु हमारी ऐसीसुन्दर मतिदेहु ( २१ ) राजाबिचार

**येसकलभुआला १५ सीयचकितचितरामहिचाहा भयेमोहबशसबनरनाहा १६ मुनिसमीपदेखेदोउभाई लगेललकिलोचननिधिपाई १७ दो०॥ गुरुजनलाजसमाजबड़ि देखिसीयसकुचानि लागिबिलोकनसखिनतन रघुबीरहिउरआनि १८ चौ० ॥ रामरूपअरुसियछबिदेखी नरनारिन परिहरीनिमेषी १९ शोचहिंसकलकहतसकुचाहीं विधिसनविनयकरहिंमनमाहीं २० हरुविधिबेगिजनकजड़ताई मतिहमारिअसदेहुसुहाई २१ बिनबिचारप्रणतजिनरनाहू सीयरामकरकरहिंबिवाहू २२ जगभलकहैभावसबकाहूहठकीन्हेअंतहुपछिताहू २३ यहिलालसामगनसबलोगूबर-शांवरोजानकीयोगू २४ तबबंदीजनजनकबोलाये बिरदावलीबदतचलिआये २५ कहनृपजाइकहहुप्रणमोरा चलेभाटहियहर्षनथोरा २६ दो०॥ बोलेबंदीवचनबरसुनहुसकलमहिपाल प्रणविदेह**

न करै प्रणको तजिकै श्रीसीताराम को विवाहकरहिं ऐसीमतिदेहु इहांशुद्धसात्विक भावकहती हैं ( २२ ) जो राजा यहकरहिं तौ सबजगत् में लाभ है अरु सबको यहै भावत है अरु यहप्रण को हठकीन्हेते अन्तविषेपछिताव है काहेते कि जानकी के योग्य यईबर हैं अतिसुन्दर सुकुमार कोमल धनुष तोरिबे योग्यनहीं हैं ताते प्रणतजिकै बिवाहकरहिं ( २३ ) हे भरद्वाज यह अतिमाधुर्य्य लालसाबिषे सबलोग मग्न हैं बारबार यहै मनक्रम वचनते कहते हैं कि जानकी के योग्य यहसाँवरो बर है ( २४ ) तब तेहि अवसरविषे जनकजी बन्दीजनको बोलावतेभये ते वंशबिरदावली बर्णत आवते भये ( २५ ) राजाबोले हे प्रवीण बन्दीजनहु मोरप्रण सबराजनकी समाजमें कहहुजाइ तब जय जीव कहिकै हृदयमें अतिहर्ष संयुक्त अनेकन भाटचले ( २६ ) दोहार्थ राजनकीसमाजनविषे बंदीजनजनक की बिरदावली कहिकै बोलतेभये हे समस्त महीपहु सुनहु हम बिशालभुजा उठाइकै बिदेहको बिशालप्रण कहते हैं ( २७ ) बन्दीजनअतिहर्ष ते पुकारिकै कहते हैं यहिसमाजमें देवदानव जे राजाका वेषकरि आये हैं अरु सातहू द्वीपके भूप अरु भरतखण्ड के देशदेश के भूप ते हेसर्वभूपहुसुनहु सर्बराजनको वल समिष्टीकरिकै पूर्णउज्ज्वल प्रकाशमय चन्द्र है पर रुद्रकोधनुष राहु है अतिगरूकठोर है यह त्रैलोक्यमें सबकोबिदितहै इहांब्याजस्तुति निन्दालंकारहै ( २८ ) काहेते रावण बाणासुर जिनकी महाभटन में लीक है ते पिनाकको अतिदुर्घट देखिकै अपनीगवँहिते सिधारिगये ( २९ ) सोई पुरारि का दण्ड है अतिकठोर है तेहि

करकहहिंहमभुजाउठाइबिशाल २७ चौ० ॥ नृपभुजबलबिधुशिवधनुराहू गरुअकठोरबिदितसबकाहू २८ रावणबाणमहाभटभारे देखिशरासनगवहिंसिधारे २९ सोपुरारिकोदंडकठोरा राजसमाजआजुजेहिंतोरा ३० त्रिभुवनजयसमेतबैदेही बिनहिंबिचारबरहिं हठितेहीं ३१ सुनिप्रणसकलभूपअभिलाषे भटमानीअतिशयमनमाषे ३२ परिकरबाँधिउठेअकुलाई चलेइष्टदेवनशिरनाई ३३ तमकितमकितकिशिवधनुधरहीं उठैनकोटिभांतिबलकरहीं ३४ जिनकेकछुबिचारमनमाहीं चापसमीपमहीपनजाहीं ३५ दो० ॥ तमकिधरहिंधनुमूढ़नृप उठैनचलहिंलजाइ मनहुँपाइभटबाहुबलअधिकअधिकगरुआइ ३६ चौ० भूपसहसदशएकहिबारा लगे

को राजन की समाजमें जो कोई आजुतोरै ( ३० ) सो त्रिभुवनमें जयको प्राप्तिहोइ अरु बैदेहीको बिना बिचारे राजाबरहिंगे यहि बचनमें अभिमानी राजनको भयदरशकरायो अरु श्रीरामचन्द्रको बीररसउत्सव सिद्धांत जनायो ( ३१ ) हेपार्वती बंदीजननके मर्म संयुक्त वचनसुनिकै मानी भूप अज्ञान अभिलाषाकरिकै मनमें माखिउठे ( ३२ ) परिकरकही कटिमें पटबाँधिकै अकुलाइकै धनुषतोरिबेको उठतभये अपने अपने इष्टदेवन को शिरनाइकै चले ( ३३ ) शीघ्रधनुषके समीपजाइकै दण्डकरिकै तालठोंकिकै तमकि तमकि तकि २ शिवके धनुषकोधरतेहैं कोटि उपायते वल करते हैं पर नेकहू नहींउठै बारबार धरते उठावतेहैं गिरिगिरिपरते हैं श्रमकरते हैं पसेवाचलते हैं अविद्या के बश हैं ( ३४ ) जिन भूपनके कछुक मनमें बिचार है ते चापके समीप नहींजाते ( ३५ ) दोहार्थ॥ बारबारतमकि तमकि मूढ़राजा धनुष को धरते हैं नेकहूनहींउठै तब लज्जित ह्वैकै निजनिज आसन को जातभये मानहुँ भटनके बलपाइकै वे भट कैसे हैं काहूके शतहाथिनके तुल्यबलहै काहूके हजारहाथिनके तुल्यबल है काहूके दशहजार हाथिनके तुल्य बलहै काहूके लक्षहाथीनके तुल्य बलहै ऐसे २ अनेकनभट धनुषकोउठावते हैं अरु नहींउठै मानहुँभटनके बलपाइकै अधिक २ गरुवाइहै ( ३६ ) पुनि अपनेमूर्खत्वते दशहजार राजा एकहीबार उठावनेलगे सोधनुषनेकहूनहींटरै पुनि यारकहीएकदिन में दशहजार भटलगे सो अर्थसामान्य है ( ३७ ) शम्भुशरासन कैसेनहींडिगै जैसेकामीपुरुष सतीते कामके बचन कहै परसतीको मननहींडिगै ( ३८ ) सब राजाउपहांसकही हँसौवा निंदाकेयोग्यभये कैसे जैसै बिनाबैराग्यको संन्यास ( ३९ ) समस्तराजाजे हैं ते अपनी अपनी कीर्त्तिबिजय भारीबीरता इत्यादिक चापके हाथ बरबशकही अपने अपने अभिमानते हारिचले अबइन राजनमेंकीर्त्तिबिजय बीरता इत्यादिक भारी एकहूनहींरही ( ४० ) जेगजा धनुष

उठावनटरैनटारा ३७ डिगैनशंभुशरासनकैसे कामीबचनसतीमन जैसे ३८ सबनृपभयेयोगउपहासी जैसेबिनुबिरागसंन्यासी ३९ कीरतिबिजयबीरताभारी चलेचापकरबरबसहारी ४० श्रीहतभयेहारिहियराजा बैठेनिजनिजजाइसमाजा ४१ नृपनबिलोकिजनकअकुलाने बोलेबचनरोषजनुसाने ४२ द्वीपद्वीपकेभूपतिनाना आयेसुनिजोहमप्रणठाना ४३ देवदनुजधरिमनुजशरीरा बिपुलबीरआयेरणधीरा ४४ दो० ॥ कुवँरिमनोहरिबिजयबड़ि कीरतिअतिकमनीय पावनहारबिंरचिजनु रचेउनधनुदमनीय ४५

उठाइ उठाइआये हैं अपने अपने आसनपर बैठेहैं किसूको मुखनहींदेखावतेहैं मानहु ब्रह्महत्याकिये हैं हृदयमें हारिगये हैं सम्पूर्ण श्रीहतह्वैगई है ( ४१ ) धनुषबिषे सब नृपनकै हारिदेखिकै जनकजी अकुलाइउठे मानहु क्रोधकेरसतेसानिकै यथार्थ बचनबोले जनकजू ( ४२ ) बोले कि सातहूद्वीपके राजाहमारी प्रणसुनिकै आवतेभये ( ४३ ) दवेता दनुज मनुजको शरीरधरिधरि बड़ेबड़े रणधीरबीर अनेकनआये ( ४४ ) ॥ दोहार्थ॥ कुँवरजो मनोहरि है अरु बिजय अरु कीर्त्ति जो कमनीयकही सुन्दरि यहतीनिउ तिनकोप्राप्तिहोइ जो धनुषको दमनकरै सो बिरञ्चिने रच्योनहीं है तहां राजाजनकके बचनमें यह अभिप्रायहै कि श्रीरामचन्द्रको ब्रह्मारचवैनहींकीन्ह जो कहो कि जनकजू कुँवरिमनोहरि कैसे कहेंगे इहांबीर रसको उत्सव बढ़ावनाहै ताते दूषणनहींहै किन्तु कुँवरिमनोहरि बिजयरूपजो मनोहरि कुँवरिहै किंतु कीर्त्तिरूप जो कुँवरिमनोहरि कमनीयहै तेहि कोकहा ( ४५ ) कोई काकरै यह लाभकेहिको नहींभावै पर शङ्करकोचापकाहू न चढ़ावा यह बचनमें ब्यंग्य है कि बिना पौरुषके लालसाकाकरतेहौ ( ४६ ) चढ़ाउब तोरब यह तौ रहा पर तिलभरि भूमिहूतो कोऊनहींछुड़ाइसक्यउ ( ४७ ) यह जनकजूकहतेहैं कि जेते भटहौ जिनके बीरत्व करमानहै ते सबकोई अबमाख न मानै काहेते कि बीरबिहीन तीनिहूलोकको हमनेजाना ( ४८ ) अबआश तजितजि अपने अपने गृहको जाहु काहेते बिधातैं अपनीसृष्टिबिषे वैदेहीको बिवाहै नहींलिख्योहै ( ४९ ) अरु जो अपनेप्रणको छोड़िदेउँ तो सुकृतउजाइ ताते कुँवरि जो कुँवारि रहै तो मैं काकरौं परमेश्वरकी यहीइच्छाहै ( ५० ) जो प्रथमै मैं जानत्योंकि बिनाभटकी पृथ्वीहै तौ यह प्रणकरिकै आपन अरु सबको हँसौवाका

चौ० ॥ कहहुकाहियहलाभनभावा काहुनशंकरचापचढ़ावा ४६ रहाचढ़ाउबतोरबभाई तिलभरिभूमिनसक्यउछुड़ाई ४७ अब जनिकोउमाखैभटमानी बीरबिहीनमहीमैंजानी ४८ तजहुआशनिजनिजगृहजाहू लिखानबिधिबैदेहिबिवाहू ४९ सुकृतजायजो प्रणपरिहरऊं कुंवरिकुंवारिरहैकाकरऊं ५० जोजनतेउंबिनुभटमहिभाई तौप्रणकरिनहिंहोतिहँसाई ५१ जनकबचनसुनिसबनरनारी देखिजानकिहिंभयेदुखारी ५२ माखेलषणकुटिलभइँभौहैं रदपुटफरकतनयनरिसौहैं ५३ दो०॥ कहिनसकतरघुबीरडर लगेबचन जनुबाण नाइरामपदकमलशिर बोलेगिराप्रमाण ५४ चौ० ॥ रघुबंशिनमहँजहँकोउहोई त्यहिसमाजअसकहैनकोई ५५

हेको करावतो ( ५१ ) यह जनकजीको बचन दीनता लिहे सुनिकै पुरकेसमस्त नर नारि श्रीजानकीजी को देखिकै दुःखितभये इहां वात्सल्य रस है ( ५२ ) हेपार्बती यहजनकको वचन सुनिकै लक्ष्मणजू माखिउठे भृकुटी अधिकटेढ़ी ह्वैगई रदकहे दशननकेपट दोऊअधर फरकनेलगे अरु नयन रिससन्ते हर्षसंयुक्त अरुणारे है आये यहीवीररसके संचारी हैं ( ५३ ) दोहार्थ॥ रघुवीरकोडेराइकै कछु बोलि नहींसकते पर जनक ने बचन जो कहा कि बिनाबीर पृथ्वी है सो सुनिकै बाणसारिखे लगे तथापि नहींरहिगयो श्रीरामचन्द्र के पदपद्मविषे माथनाइकै करजोरिकै प्रमाणकही यथार्थ बाणी बोलतेभये ( ५४ ) लक्ष्मणजू बोले हे जनकजू जेहि समाजमें रघुबंशी एककोई होइ

तेहिमें असकोई न कहै जसतुमने कहा है ( ५५ ) जसअनुचिततुमनेकहा सो अस न चाहिये काहेते तुम योगेश्वरत्रिकालज्ञहौ अरु विद्यमान रघुकुल केमणि श्रीरामचन्द्र सो तुमसबजानतेही तहां अज्ञानकी ऐसीवातकहना यह अनुचित है ( ५६ ) अब श्रीरघुनाथजू तेलक्ष्मणजू कहतेहैं बाक्यबिषे यथार्थ बीररसको उद्दीपनकरतेहैं हे श्रीरामचन्द्र भानुकुलपंकजभानु मैं सहजस्वभावतेकहतहौं कछुअभिमानकरिकैनहीं ( ५७ ) जो आपुकी अनुशासन कही आज्ञापावों तौ यहिब्रह्मांड को फूलके गेंदके समान उठाइकै उड़ाइदेउँ ( ५८ ) किन्तु नहीं असकरौंतौ कच्चेघटकी नाईं ब्रह्मांडको फोरिडारौं जो कदाचित् सुमेरुआड़करै तौ प्रथमैं मेरुको मूरीकी जरकी समान उखारिडारौं ( ५९ ) पर तुम्हारे प्रतापते हेभगवान् यह पिनाक पुरान बापुरो कौनबातहै ( ६० ) हे नाथ अस मोंको जानिकै जो आपुकी आयसु होइ तौ यहकौतुक मैं करौं आपुदेखिये ( ६१ ) यहिचापको जो आपुकी आज्ञा तोरिबे की होइ तौ कमलके

कहींजनकजसिअनुचितबानी बिद्यमानरघुकुलमणिजानी ५६ सुनहुभानुकुलपंकजभानू कहौंसुभावनकछुअभिमानू ५७ जोतुम्हार अनुशासनपाऊँ कन्दुकइवब्रह्माण्डउठाऊँ ५८ काचेघटजिमिडारौंफोरी सकौंमेरुमूलकजिमितोरी ५९ तवप्रतापमहिमाभगवाना काबापुरोपिनाकपुराना ६० नाथजानिअसआयसुहोई कौतुककरौंबिलोकियसोई ६१ कमलनालजिमिचापचढ़ावौं योजनशत प्रमाणलैधावौं ६२ दो० ॥ तोरौंछत्रकदण्डजिमितवप्रतापबलनाथ जोनकरौंप्रभुपदशपथ करनधरौंधनुभाथ ६३॥ * * *

चौ०॥ लषणसकोपवचनजबबोले डगमगानिमहिदिग्गजडोले १ सकललोकसबभूपडेराने सियहियहर्षजनकसकुचाने २

नालकी नाई चढ़ाइकै करमेंलैकै सौ योजन पर्यन्त धाइकै पुनि तोरिकैफेंकिदेउँ ( ६२ ) दोहार्थ ॥ हे नाथ यहि धनुषको कैसे तोरौं जैसे वर्षा ऋतु विषे महिमें फूल छत्राकार होतहै तेहिके दण्डकी समान तुम्हारेप्रतापते मींजिडारौं जो अस नहींकरौं तौ आपुके चरणारबिन्दकीशपथ करिकै कहतहौं पुनि करमें धनुषबाण अरु तूण न धारणकरौं ( ६३ ) ॥ इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसने बालकांडे श्रीजानकी उपमाबिलक्षणजनकवाक्यलषणबीररसवाक्यउद्दीपनवर्णनं नामअष्टचत्त्वारिंशतितस्तरंगः ४८॥

दोहा॥ धनुषभंगश्रीरामकरबरतरङ्गउञ्चास रामचरणजयजयजगतपूरणसबकीआस ( ४९ )॥हेभरद्वाज लक्ष्मणजू जब सकोपवचन बोले तब संपूर्ण पृथ्वी डगमगाइउठी समस्तपर्वत कम्पायमान भये दिशनके दिग्गज हालिउठे कमठशेष कलमलाइउठे ( १ ) सर्वलोक सर्वभूप डेराइउठे भय को प्राप्तभये रनिवासमें सखिनसंयुक्त श्रीजानकीजीके अतिहर्षभयो अरुजनकजू सकुचाइगये लक्ष्मणजीके तेज व्याप्तभयो ( २ ) विश्वामित्र मुनिनसमेत आनन्दसंयुक्त बारबार पुलकते हैं ( ३ ) लक्ष्मणके वचनकरिकै राजनको भयउपजाइकै पुरवासिनको सुखदैकै तब श्रीरघुनाथजीने सैन बिषे लक्ष्मणजूको निवारणकीन्ह प्रेमसमेत निकट बैठाइलीन्ह ( ४ ) तबविश्वामित्र मंगलमय समय जानिकै अतिस्नेहमय वाणी बोलतेभये ( ५ ) हे राम हे तात उठहु महेशको चाप भंजहु जनकको परिताप मेटहु ( ६ ) गुरुके वचन सुनिकै पदपंकजमें शीशनाइकै नतौ कछु हर्षभयो न कछु

गुरुरघुपतिसबमुनिमनमाहीं मुदितभयेपुनिपुनिपुलकाहीं ३ सैनहिरघुपतिलषणनिवारे प्रेमसमेतनिकटबैठारे ४ बिश्वामित्र समयशुभजानी बोलेअतिसनेहमयबानी ५ उठहुरामभंजहुभवचापा मेटहुतातजनकपरितापा ६ सुनिगुरुवचनचरणशिरनावा हर्षबिषादनकछुउरआवा ७ ठाढ़भयेउठिसहजसुभाये ठवनियुवामृगराजलजाये ८ दो० ॥ उदितउदयगिरिमंचपर रघुबरबालपतंग बिकसेसंतसरोजसब हरषेलोचनभृंग ९

**चौ० ॥ नृपनकेरिआशानिशिनाशी बचननखतअवलीनप्रकाशी १० मूढ़महीपकुमुद सकुचाने कपटीभूपउलूकलुकाने ११ भयेबिशोककोकमुनिदेवा बरषहिंसुमनजनावहिंसेवा १२ गुरुपदबन्दिसहितअनुरागा राम**

बिषादभयो ( ७ ) चापतूरिबेको सहजसुभाव उठि ठाढ़ेभये ठवनिकही अतिधीर निर्भय तेहि समयकी उपमाकोदेखिकै युवामृगराज लज्जितहोत हैं ( ८ ) दोहार्थ ॥ ठाढ़भये तहां रघुबर कैसे शोभितहैं जनु मंचान उदयाचलपर्वतहै त्यहिपर रघुबर बालसूर्य हैं रंगभूमि सरहै सन्त जे राजामुनि इत्यादिक ते कमल बिकसे हैं अरु सबके लोचन भृङ्गहैं रघुनाथजीके स्वरूपकी अवलोकनि जोहै सो सन्तनके हृदयकंजविषे सो मकरन्दहै सोई आनन्दमकरन्द पानकरते हैं अन्तर्चक्षुभृङ्ग ते अरु सुख सोईपरागहै त्यहितेभरिरहेहैं इहा धर्मसम्बन्धकीउपमाहै ( ९ ) चौ० ॥ श्रीरामचन्द्ररूपीबाल सूर्य्य उदयहोतसन्ते दुर्बुद्धी राजानकै आशानिशि नाशभई अरु उनहिनको वचन नखतनकी अवलीन प्रकाशिकही नकारहलभयेकेते अप्रकाशी ह्वैगये जो वचन मोहके वश कहतेरहे सो बन्दह्वैगये ( १० ) अरु मूढ़महीपजो रहे सो कुमुदते सम्पुट होइगये अरु कपटीकही जे देवदानव राजनगर वेषकरिकै आये हैं ते उलूकइव लुकाने ( ११ ) सात्विकी देव अरु मुनीश्वर सो चकवा चकई विशोकभये देवता सुमन वर्षते हैं अपनी सेवा जनावते हैं ( १२ ) सहित अनुराग गुरुनके पद बन्दिकै श्रीरामचन्द्र मुनिन ते आयसु मांगिकै ( १३ ) संपूर्ण जगत्के स्वामी श्रीरामचन्द्र सहज चले मत्त मञ्जु कही निर्म्मल मस्त कुञ्जर बर कही श्रेष्ठ तद्वत् सबको आनन्द देत धनुष तोरिवे को चले ( १४ ) हे पार्व्वती श्रीरामचन्द्र के चलतसंते समस्तपुरके नरनारि पुलकावली ते तन पूरितह्वै सुखीभये ( १५ ) सबमिलिकै अपने अपने पितर बन्दतेहैं सत्यसुकृत सँभारते हैं अरु मनमें यह कहते हैं कि जो पुण्यप्रभावहोइ ( १६ ) तौ हे गणेश गोसाईं शिवकरधनुष मृणालकही कमलनालकीनाईं श्रीरामचन्द्र तोरिडारैंगे ( १७ ) दोहार्थ॥ श्रीजानकीजीकीमाता प्रेमसमेत श्रीरामचन्द्रकोदेखिकै सयानीसखिनको समीपबोलाइकै स्नेहके बशह्वैकै बिलखाइ कही शोचसंयुक्त

**मुनिनसनआयसुमांगा १३ सहजहिंचलेसकलजगस्वामी मत्तमंजुबरकुंजरगामी १४ चलतरामसबपुरनरनारी पुलकपूरितनभयेसुखारी १५ बन्दिपितरसुरसुकृतसँभारे जोकछुपुण्यप्रभावहमारे १६ तौशिवधनुषमृणालकिनाईं तोरहिंरामगणेशगोसाईं १७ दो० ॥ रामहिंप्रेमसमेतलखि सखिनसमीपबोलाइ सीतामातुसनेहबश बचनकहैबिलखाइ १८ चौ० ॥ सखिसबकौतुक देखनहारे जेउकहावतहितूहमारे १९ कोउनबुझाइकहैनृपपाहीं येबालकअसहठभलनाहीं २० रावणबाणछुवानहिंचापा हारे सकलबीरकरिदापा २१ सोधनुराजकुंवरकरदेहीं बालमरालकिमन्दरलेहीं २२ भूपसयानपसकलसिरानी सखिविधिगतिकछु**

वचन कहती हैं ( १८ ) श्रीसुनयना कहतीहैं हे सखि जे हमारे हितकारीहैं तेऊ कौतुक देखनेवाले हैं ( १९ ) राजाते कोऊ समुझाइकै नहीं कहत कि ये बालकहैं अस हठकियेते नहींभलहै ( २० ) यहचाप अतिगरूहै जेहिको रावण बाणासुर इत्यादिकने नहीं छुआ अरु सम्पूर्ण वीर जे हैं दाप कही अनेक बलकरिकै हारिगये ( २१ ) सो धनुष राजकुंवरके कर देतेहैं हे सखी कहूं मरालके बालक मन्दराचल लेते हैं जो कोई तर्ककरै कि बड़े मरालका मंदराचल लेहिंगे सो यहतर्क वृथाहै काव्यनविषे ऐसीही कहबेकी परिपाटीहै ( २२ ) भूपकर सयानप सबसिराइ गयो है सखीबिधाता की गतिकछुनहीं जानीजाइ इहां रानीराजाको तिरस्कारित बचनकह्यो पातिव्रत धर्ममेंबिरोधहै पर इहां बात्सल्यरस ताते विरोधनहींहै अथवा ईश्वर पक्षमें सबकर त्यागहै ( २३ ) तब एकप्रवीण सखी मृदुवाणीते बोलती भईहेमहाराणी तेजवन्तको लघुकरिकै नजानी ( २४ ) देखियेतौ कहा अगस्त्य जी अरु कहां अपारसमुद्र तेहिको सोखिगये सुयश संसारमें छाइरह्यो ( २५ ) रविकर मंडलदेखतकै लघुलागतहै तिनके उदयहोतसन्ते तीनिहूं भुवनको तमनाशहोतहै जहांजहां उदयहोतहैं तहांतहांको तमनाशहोतहै किन्तु तीनिउंभुवन दीपमणि इत्यादिकन विषे जेते प्रकशहैं सो सब सूर्यजानब किन्तु भूर्भुवःस्वः तीनिलोक किन्तु बारहकला

सूर्य सबप्रकाशकिहे हैं ( २६ ) दोहार्थ ॥ हे महाराणी मन्त्र परमलघु है तेहिकेबश बिधि हरिहर इत्यादिक सर्वदेवता हैं अरु अंकुश खर्वकहीलघु है तेहिमहामत्तजे गज हैं तिनको वशकरिराख्योहै ( २७ ) काम जो है सो फूलकोधनुष

जायनजानी २३ बोलीचतुरसखीमृदुबानी तेजवन्तलघुगनियनरानी २४ कहँकुम्भजकहँसिन्धुअपारा सोखेउसुयशसकल संसारा २५ रबिमण्डलदेखतलघुलागा उदयतासुत्रिभुवनतमभागा २६ दो० ॥ मंत्रपरमलघुजासुबश बिधिहरिहरसुरसर्व महामत्त गजराजकहँ बशकरअंकुशखर्ब २७ चौ० ॥ कामकुसुमधनुशायकलीन्हे सकलभुवनअपनेबशकीन्हे २८ देवितजियसंशयअस जानी भंजबधनुषरामसुनुरानी २९ सखीबचनसुनिभइपरतीती मिटाबिषादबढ़ीअतिप्रीती ३० तबरामहिंबिलोकिवैदेही सभयहृदय बिनवतजेहितेही ३१ मनहींमनमनावअकुलानी होहुप्रसन्नमहेशभवानी ३२ करहुसफलअपनीसेवकाई करिहितहरहुचापगरुवाई ३३ गणनायकबरदायकदेवाआजुहिलागिकीन्हितबसेवा ३४ बारबारबिनतीसुनिमोरी करहुचापगरुवाईथोरी ३५ दो० ॥ देखि

वाणलिहेहैं तेहिते सकलभुवन आपनेवशकीन है ( २८ ) हे देवि ऐसे जानिकै संशय त्यागकरहु श्रीरामचन्द्र धनुषको जरूर भंजहिंगे ( २९ ) हे पार्व्वती सखीके बचनसुनिकै रानीके प्रतीतिभई विषादमिटिगयो सखीके वचनबिषे अतिप्रीतिबाढ़ी ( ३० ) तबकही तेहिसमयमें श्रीरामचन्द्र को श्रीजानकीजी भयसंयुक्त देखतीभई जेहितेहि देवताकी बिनयकरतीहैं जो कोईकहै कि श्रीजानकीजी तौ त्रिकालज्ञ हैं इहां भय क्यों करती हैं तहां शृंगाररसविषे शांतरस लय ह्वै जात है यहिप्रसंगमें बियोग संयोगशृंगारको योग है आगे संयोग की मुख्यताहोइगी ताते श्रीजानकीजीके मनको संकल्प सबउचित है ताते सभय बिनयकरतीहैं कि धनुषटूटै कि न टूटै ( ३१ ) श्रीजानकीजी अपनेमनमें अकुलाइकै मनावतीहैं हेमहेश भवानी प्रसन्नहोहु ( ३२ ) हम आपुकी सेवकाई कीन्हि है ताको सुफलकरहु हमारो हितकरौ चापकीगरुवाई हरहु ( ३३ ) हेगणनायक समस्त बरदायक देव आजुहीलगि तुम्हारी सेवाकीन्हि है ( ३४ ) हे गणेश बारबार हमारी बिनतीसुनहु चापकी गरुवाई थोरीकरहु ( ३५ ) दोहार्थ॥ बारबार रघुबीरके तनदेखिकै धीरजधरिकै देवतनको मनावतीहैं विकहा दुइको दोऊनेत्रविषे प्रेम जलभरिरह्यो है शरीर पुलकिरह्योहै ( ३६ ) नीकीप्रकार रघुनाथजी को नयनभरि शोभादेखिकै पुनि पिताकर प्रणसमुझिकै मनमेंक्षोभभयो इहां क्षोभकही आवरणको रघुनाथजीकीशोभा के सुखविषे जनक को प्रण मनमें आवरणकरिदियो ( ३७ ) जानकीजीपरमदिव्य बियोग शृंगारविषे व्यथा करती हैं यामें बाह्यान्तर की समस्त

देखिरघुबीरतन सुरमनावधरिधीर भरेबिलोचनप्रेमजल पुलकावलीशरीर ३६ चौ०॥ नीकेनिरखिनयनभरिशोभा पितुप्रणसुमिरिबहुरिमनक्षोभा ३७ अहहतातदारुणप्रणठानी समुझतनहिंकछुलाभनहानी ३८ सचिवसभयशिषदेइनकोई बुधसमाजबड़अनुचितहोई ३९ कहँधनुकुलिशहुचाहिकठोरा कहँश्यामलमृदुगातकिशोरा ४० बिधिकेहिभांतिधरौंउरधीरा सिरससुमनकत बेधियहीरा ४१ सकलसभाकैमतिभइभोरी अबमोहिंशम्भुचापगतितोरी ४२ निजजड़तालोगनपरडारी होहुहरुअरघुपतिहिनिहारी ४३ अतिपरितापसीयमनमाहीं लवनिमेषजनुयुगसमजाहीं ४४ दो० ॥ प्रभुहिचितयपुनिचितयमहि राजतलोचनलोल

क्रिया वृत्तिलय ह्वै जाती है यहको यहै स्वरूप है अहहकही अतिक्लेश ते मनमें कहतीहैं हेतात तुमदारुण प्रणकीन तुमको कछुलाभ हानि नहीं समुझिपर्यो ( ३८ ) देखिये तौ अनेक बुद्धिमान् सचिव राजा के संगहैं पर भयकरिकै कोई शिक्षानहींकरै ताते बुधनके समाजमें यहबड़ाअनुचितहै ( ३९ ) काहेते कहां कुलिशहु ते अधिक कठोर धनुष चाहिकहीनिश्चयकरिकै अरु कहां श्यामल मृदुगात मध्यकिशोर मूर्त्ति ( ४० ) हे विधाता मैं कौनीप्रकार ते उरमें धीरजधरौं सिरसके सुमन ते कहूं हीराबेधाजात है सिरसकही सिरसा तेहिकोफूल अतिसूक्ष्म नर्महोतहै ( ४१ ) अब मैंने जाना कि सकल सभाकैमतिभोरी ह्वैगईहै ताते हे महेश केचापअब मोको तेरीगति है ( ४२ ) हे चाप अपनीजड़ता कठोरता अरु गरुआई सबलोगनपर डारिकै श्रीरघुनाथजी को देखिकै अतिहलुक ह्वैजाहु ( ४३ ) श्रीजानकीजी के मनविषे अतिपरितापकही अतिबिरहको क्लेश सो एकएक निमेषलव सैकरों युग की समान जाते हैं ( ४४ ) दोहार्थ ॥ तहां हे पार्वती श्रीजानकीजी प्रभुकीओर पुनि महिकीओर देखतीहैं बियोगशृंगार की यहीदशाहै तहां दोउदिशि विषे श्रीजानकीजीके नेत्रनकीलोलता कैसी शोभित है जनु चन्द्रमाके मण्डलविषे अमृतके डोलकही युगकुण्ड हैं तेहिविषे जनु कामदुइमीन ह्वैकै कलोलकरतहैं तहां मुखचन्द्रबन्दीमण्डल है नेत्रसुधा कुण्डपुतरी मानहुं काम की युगमीन किंतु रामचन्द्रको स्वरूप नीलमणिइव अरु मणिमय रंगभूमि तहां श्रीरामचन्द्रचन्द्र हैं रंगभूमि चन्द्रमण्डल है उभयकी एकता जनु डोलकही सुधा को कुण्ड है तेहिविषे कामयुग मीनरूप ह्वैकै कल्लोलकरतेहैं श्रीरामचन्द्र के रूपमें अरु रंगभूमि में श्रीजानकीजी के नेत्र अति चपल झलझलाइरहे हैं गुरुजनन की लाजदरशकी आतुरताते आश्चर्य शोभा पावत हैं ( ४५ ) वियोगशृङ्गार की दशायोग सम्बन्धकहे अबदाश्यरस कहते हैं तहां

**खेलतमनसिजमीनयुग जनुबिधुमण्डलडोल ४५ गिराअनिलमुखपंकजरोकी प्रकटनिलाजनिशाअवलोकी ४६ लोचनजलरहलोचनकोना मानहुंपरमकृपणकरसोना ४७ सकुचीब्याकुलताबड़िजानी धरिधीरजप्रतीतिउरआनी ४८ तनमनबचनमोरप्रणसांचा रघुपतिपदसरोजमनरांचा ४९ तौभगवानसकलउरबासी करहिंमोहिंरघुपतिकैदासी ५० जाकरजेहिपरसत्यसनेहू सोतेहिमिलइ नकछुसंदेहू ५१ प्रभुतनचितैप्रेमप्रणठाना कृपानिधानरामसबजाना ५२ सियहिबिलोकितकेउधनुकैसे चितवगरुड़लघुब्या-**

श्रीजानकीजी गिराअलिनिकही भ्रामरीभई मुखपंकजभयो गुरुजनकी लज्जानिशाभई जानकीजी बोलिनहींसकतीं ( ४६ ) लोचन से प्रेमभरे जलसमाज की लाज ते गिरिनहींसकता लोचनके कोनमें भरिरहे हैं कैसे गहिरहे हैं मानहुं परमकृपण कोसोन है ( ४७ ) अपने हृदय में अपने को बड़ी व्याकुलता जानिकै कछु कहिबेको मन उमग्यो तब तुरंत संकोचवश धीरजको धरिकै प्रतीति उरमें ल्यावती भई ( ४८ ) जोतन मन बचनते मोरमन सांचा ह्वैकै रघुपतिकेपद पद्मबिषे रचाहोय ( ४९ ) तौ भगवान् जो सबके उरअंतरके बासी हैं तेरघुपतिकै दासी करहिंगे यामें यह अभिप्रायहै कि रघुपति मोको आपनिदासी करहिंगे काहेते सबके अंतष्करण की प्रीति जानते हैं इहां अभिप्रायमें शांतरस सूचित होतहै ( ५० ) अरु शास्त्र यह सत्य कहतहै कि जाकर जेहिपर सत्यस्नेहहै सो तेहिको मिलताहै यामें संदेह नहीं है ( ५१ ) श्री जानकीजी प्रभु तन चितै कै प्रेमको प्रण ठानतीभई तब कृपानिधान श्रीरामचन्द्र सब जानतेभये ( ५२ ) तब श्रीजानकीजीकी आर्तता देखिकै धनुषको श्रीरामचन्द्रने कैसेतक्यउ जैसे गरुड़ लघुब्यालको निशंकतकै ( ५३ ) दोहार्थ ॥ तब लषणलख्यउ कि रघुबंशमणि हरकोदंड ताकेउ तोराचाहते हैं तब गातपुलकिकै चरणते ब्रह्मांडको दाबिकै बचन बोले ( ५४ ) लक्ष्मणजो ऐसीबाणी बोलेयामें जेहिको आज्ञादेतेहैं ते सबकोई सुनै है हेदिशि कुंजरहु कमठ अहिराज बराह पृथ्वीको धीरजधरिकै धरहु डोलै न पावै ( ५५ ) श्रीरामचन्द्रशंकरकरधनुष तोराचाहतेहैं धनुषकेसंग महिउलटि न जाइ ताते हमारी आज्ञामानिकै तुम सजगहोहु सँभारहु धरहु इहां यहसमुझि परत है कियेते सबके अधिष्ठाता श्रीलक्ष्मणजी हैं ताते आज्ञादेते हैं ( ५६ ) हे गरुड़

लहिजैसे ५३ दो०॥ लषणलख्यउरघुबंशमणि ताक्यउहरकोदंड पुलकिगातबोलेबचन चरणचापिब्रह्माण्ड ५४ चौ०॥ दिशिकुंजरहुकमठअहिकोला धरहुधरणिधरिधीरनडोला ५५ रामचहहिंशंकरधनुतोरा सजगहोहुसुनिआयसुमोरा ५६ चापसमीप रामजबआये नरनारिनसुरसुकृतमनाये ५७ सबकरसंशयअरुअज्ञाना मन्दमहीपनकरअभिमाना ५८ भृगुपतिकेरिगर्बगरुवाई सुरमुनिबरनकेरिकदराई ५९ सियकरशोचजनकपछितावा रानिनकरदारुणदुखदावा ६० शम्भुचापबड़वोहितपाई चढ़ेजाइसब संगबनाई ६१ रामबाहुबलसिन्धुअपारा चाहतपारनकोउकनिहारा ६२ दो० ॥ रामबिलोकेलोगसब चित्रलिखेसेदेखि चितई

जब श्रीरामचन्द्र चापके समीप आये तब समस्त नरनारि सुरसुकृतमनावतेभये ( ५७ ) तहां जिनकेसंशयहै कि बिधाता धौं काकरै अरु जिनको अज्ञानहै कि ये धनुषको का तोरिसकैंगे अरु मन्दमहीपनकर अभिमानजोहै ( ५८ ) अरु भृगुपतिके गर्बकर गरुवाई जो है देवतन अरु मुनिबरनकी कादर्यता जो है कि ये बालकहैं धनुष कैसेटूटैगो ( ५९ ) अरु श्रीजानकीजीकोशोच जनककर पछितावा अरु रानिनकर दारुणदुख दावा रूप ( ६० ) शम्भुके चापको बड़ोवोहित जानिकै ये सब संगबनाईकहीमिलिकै जो कहिआये तिनसबके अन्तष्करणके वृत्ति तहां जहाजरूप धनुष तापर आरूढ़भयेजाइ ( ६१ ) तहां श्रीरामचन्द्रके बाहुकोबल समुद्रतामें धनुष वोहित तापर सबचढ़े पारजावा चाहत हैं पर कण्डहारकही करणवार कोई नहीं है यामें यहअभिप्राय है कि श्रीरामचन्द्र के भुजनकेबलके समुद्रको को पारपाइसकै है जो कोई बड़ेबड़े बीर तेजस्वी महान् पारकी इच्छाराखहिं सो बीचहीमें डूबिजाते हैं पारनहीं पावते ( ६२ ) दोहार्थ ॥ तब श्रीरामचन्द्र ने सबलोगन को देखा कि ये तौ सबचिन्ता करिकै चित्रसे लिखे हैं देहाभ्यास विस्मरण है पर कृपाकेमन्दिर श्रीरामचन्द्र ने श्रीजानकीजी को विशेष बिकलदेखा ( ६३ ) श्रीरामचन्द्र ने वैदेही को अतिबिकलदेखा एकएक निमिष कल्पसमबीतत है ( ६४ ) श्रीरामचन्द्र बिचारते हैं कि जो अति तृषित हैं अरु बारिबिना तनको त्यागिदियो फिर जो सुधाकोतड़ागमिल्यो तौ का भयो सुधानाम जलको ( ६५ ) पुनि कृषीकही धान इत्यादिक जो मृर्य्यकातपनितेबनाइ सूखिकै जरिगये फिर बर्षाभयेते कौनप्रयोजनहै ताते जो कोई कार्य्यबिषेसयपर चूकिगयो कार्य्यनष्ट होइगयो तौ पछिताव वृथाहै ( ६६ ) ऐसा

सीयकृपायतन जानीबिकलबिशेषि ६३ चौ०॥ देखीबिपुलबिकलबैदेही निमिषबिहातकल्पसमतेही ६४ तृषितबारिबिनु जोतनुत्यागा मुयेकरहिंकासुधातड़ागा ६५ काबर्षाजोकृषीसुखाने समयचूकिपुनिकापछिताने ६६ असजियजानिजानकिहि देखी प्रभुपुलकेलखिप्रीतिबिशेषी ६७ गुरुहिप्रणाममनहिंमनकीन्हा अतिलाघवउठाइधनुलीन्हा ६८ दमक्यउदामिनिजिमि घनलयऊ पुनिधनुनभमण्डलसमभयऊ ६९ लेतचढ़ावतखैंचतगाढ़े काहुनलखादीखसबठाढ़े ७० त्यहिक्षणमध्यरामधनुतोरा

हृदयमेंजानिकै श्रीजानकीजीकी अतिप्रीति अपनेबिषे देखिकै प्रभुपुलके ( ६७ ) तब श्रीरामचन्द्र ने मनहिंमें गुरुनके प्रणामकरिकै अति लाघव कही अतिशीघ्रते धनुषको उठाइलीन्ह ( ६८ ) अन्यच्च दोहा॥ पियलखितियकीमाधुरी तृणतोरनकीचाह ॥ झुकितृणधनुकरखण्डिगहि रसशृँगार कीलाह १ जब श्रीरघुनाथजीने धनुषको उठाइलीन्ह तब श्रीरामचन्द्रकोघनश्याम स्वरूप बिषे दामिनीइव दमक्यउ पुनि जब खैंच्यउ तब धनुष नभबिषे मण्डलाकारभयो ( ६९ ) जब श्रीरामचन्द्रने धनुषको उठायो दामिनीसम दमक्यउ क्यों तब सबके नेत्रनबिषे चाखाचौंधीह्वैगई तब लेतकै उठावतकै खैंचतकै गाढ़ेकही बलकरतकै ऐसी शीघ्रताभई सबखड़े हैं पर काहूनलेशहू नहींलख्योहै किन्तु लेतचढ़ावतसन्ते बड़ेबड़ेगाढ़े कही त्रिकालज्ञ त्रैलोक्यदृष्टी सिद्ध मुनि नर देव इत्यादिक काहूने लेशहूनहीं लख्यो देखिये तौ क्षुद्र इन्द्रजालविद्याको कोई नहीं लखिसकै अरु

श्रीरामचन्द्रकी विद्याको कौनलखिसकैहै छुअतैटूटिगयो ( ७० ) त्यहि अवसरक्षणमात्रमें श्रीरामचन्द्रने मध्यसे धनुषतोरिकैं डारिदीन्ह त्यहि तोरिबेको महाघोर कठोररव तेहिकीध्वनि तीनिहूंभुवनमें परिपूर्ण भरिरही है ( ७१ ) छन्दार्थ ॥ धनुष तूरिबेकोरव अतिघोर कठोर सम्पूर्ण भुवनमें भरिरहा सो रवसुनिकैं सूर्यकेघोड़े राहछोंड़िभागे महिअति कम्पायमानभई दिशनके दिग्गज दांतन अरु पगनते दाबतेहैं चिक्कारकरतेहैं अतिशोर होइरहा है अरु अहिराज कलमलातेहैं औ हजारहू मुखनके दशननते कमठकीपीठिपकरते हैं पकरिनहींजाइ पृष्ठिपर दशननकी लीकह्वैजाती है मानहु श्रीरामजानकी के स्वयम्बरको यशलिखतेहैं अरु कमठ कलमलाइकै चारिहुपगनके चंगुल अरु बदनते वाराहको पकरतेहैं अरु बाराह अकुलाइकै शब्दकरिकै चारिहूपगन अरु कांखते पाताल अरु भूमिको पकरते हैं ऐसहीसब कलमलाइरहेहैं ( ७२ ) अरु सुरअसुरमुनि इत्यादिक अनुबहिरह्वैगये

भरेभुवनधुनिघोरकठोरा ७१ हरिगीतिकाछन्द ॥ भरिभुवनघोरकठोररवरबिबाजितजिमारगचले ॥ चिक्करहिंदिग्गजडोलमहि अहिकोलकूरमकलमले ७२ सुरअसुरमुनिकरकानदीन्हेसकलबिकलबिचारहीं ॥ कोदण्डखंड्यउरामतुलसीजयतिबचनउचारहीं ७३ सो०॥ शंकरचापजहाज सागररघुपतिबाहुबल बूड़ीसकलसमाज चढ़ेजेप्रथमहिंमोहबश ७४॥ * * *

अपने अपने काननमें अपनी अपनी अंगुलीदाबिकै सकल बिकलह्वैकैबिचारकरते हैं हे बिधाता यह का होतहै देवतनके बिमान आकाशमें भगे भगे फिरते हैं तब ब्रह्माशिवादिक बिचारिकै भुजाउठाइकै पुकारिकै कहते हैं कि सर्बमिलि धीरजधरौ श्रीरामचन्द्रने कोदण्ड को खण्डनकीन्ह है त्यहिकोरवहै तब सुनिकै धीरजधरिकै जयतिबचन उच्चारणाकरिकै कहते हैं यह श्रीगोसाईं तुलसीदासजी कहते हैं कि धनुषभंग में विचित्ररचना भई ( ७३ ) सोरठार्थ॥ श्रीरामचन्द्रके भुजनको बलसमुद्रहै राजाजनककोप्रण गम्भीरभँवरहै अरु शङ्करकोचाप जहाजहै त्यहिभँवरबिषे जे प्रथम मोहकेबशचढ़े तिनसंयुक्तडूबगये कार्त्तिकबदीप्रतिपदाकोमध्यसूर्य्यसमयमें श्रीरामचन्द्रने धनुषको भंगकीन्ह ( ७४ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वन्सने बालकाण्डे श्रीरामकरधनुषभङ्गस्वयम्बरविजयोनामैकोनपञ्चाशत्तरङ्गः ४९॥ :: :: ::

दो०॥ लहरिपचासअनन्दप्रभु सियपहिराईमाल ॥ रामचरणसुनिपरशुधर आयेकठिनकराल ५० ॥ हे भरद्वाज प्रभुने चापको दोउखण्ड करिकै महिमें डारिदीन्ह सो देखिकै सबलोग सुखको प्राप्तिभये ( १ ) तहांकौशिकको स्वरूप अतिपावन क्षीरसमुद्रभयो अरु प्रेममय बारिका अवगाह सोहावनभयो ( २ ) श्रीरामचन्द्रको स्वरूप पूर्णचन्द्र सम निहारिकैपुलकावली तरंगनकी माल उठती है अरु समस्त मुनि सज्जन चकोरभये हैं ( ३ ) नभ बिषे गहगह कही गम्भीर बहु निशान भेरी मृदंग इत्यादिकदेवनके बाजाबजे देवबधू नृत्यपूर्व्वक गानकरतीहैं ( ४ ) ब्रह्मादिक देवता सिद्धजन मुनीशजन प्रभुकी प्रशंसा करते हैं आशीर्वाद देते हैं ( ५ ) अरुसर्वदेव कल्पवृक्षके रंगरंग के सुमन माल अरु छूठेफूलनकेमाल के माल

चौ० ॥ प्रभुदोउचापखण्डमहिडारे देखिलोगसबभयेसुखारे १ कौशिकरूपपयोनिधिपावन प्रेमवारिअवगाहसोहावन २ राम रूपराकेशनिहारी बढ़तबीचिपुलकावलिभारी ३ बाजेनभगहगहेनिशाना देवबधूनाचहिंकरिगाना ४ ब्रह्मादिकसुरसिद्धमुनीशा प्रभुहिंप्रशंसहिंदेहिंअशीशा ५ बरषहिंसुमनरंगबहुमाला गावहिं किन्नरगीत रसाला ६ रहीभुवनभरि जयजयबानी धनुषभंगधुनिजातनजानी ७ मुदितकहहिंजहँतहँनरनारी भंज्यउरामशंभुधनुभारी ८ दो०॥ बन्दीमागधसूतगण विरदबदहिंमतिधीर करहिंनिछावरिलोगसबहयगयधनुमणिचीर ९ चौ०॥

झांझमृदंगशंखसहनाई भेरिढोलदुंदुभीसोहाई १० बाजहिंबहुबाजनेसोहाये जहँतहँयुवतिनमंगलगाये ११ सखिनसहितहर्षीअतिरानी सूखतधानपराजनुपानी १२ जनकलह्यउसुखशोचबिहाई पैरतथकेथाहजनुपा-

बर्षाते हैं अरु किन्नर गंधर्व इत्यादिक रसालगीत गावते हैं ( ६ ) अरुसम्पूर्णभुवनमें जयजयकार बाणीभरिरही धनुष के भंगकीधुनि जात न जानी धौं कहांगई किंतु जाकही यमदग्निकेतनय तिनने धनुषभंगकीध्वनिजानी ( ७ ) मुदितकही आनन्दभरे जहांतहां नरनारिकहतेहैं कि श्रीरामचन्द्र शंकर को भारी धनुष भंजतभये ( ८ ) दोहार्थ॥ बन्दीगण जे हैं मागधकही कलावत जे हैं सूतकही पौराणिकजेहैं तिनकेगण बड़ेबड़े मति के धीर श्रीरघुकुल की बिरदावली बदतेहैं अरु सबलोग घोड़े हाथी रथकंचन रत्न अनेकबस्त्रादिक श्रीरामचन्द्रकी निछावरिकरते हैं ( ९ ) झांझ मृदंग शंख सहनाई भेरिढोल दुन्दुभी शोभायमान सितार तमूरा मुरचंग सारंगी बीणा बेणुइत्यादिक अनेकबाजा अतिशोभित पृथक् पृथक् ताल स्वरसंयुक्त एकसंग अतिसुहावने मधुर मधुर बाजते हैं ( १० ) जहँतहँ युवती सम्पूर्ण राग रागिनी से यथायोग्य मंगलगावती हैं ( ११ ) अरु सखिनसंयुक्त रनिवास अतिललित हर्षित है जैसे धानसूखतसन्ते वर्षाको जल यथायोग्य प्राप्तभयो ( १२ ) अरु राजाजनक निशोच सुखको प्राप्तिभये जैसे अथाहजल में कोई पैरतसन्ते डूबनेलग्यो तब तुरन्त थाहपायो जैसे उसको आनन्द सुखभयो तैसे जनकजूको सुखभयो ( १३ ) धनुषटूटे ते अज्ञानीराजा श्रीहतह्वैगये जैसे दिवसविषे दीपकन की छबिछूटिजाती है ( १४ ) श्रीजानकीजीको जो सुखभयो सोक्यहिभांति ते वरण्योजाइ जनुवर्षदिनकी तृषितचातृकी स्वातीकेजलकोप्राप्तिभई ( १५ ) श्रीरामचन्द्र को बिलोकतसन्ते लक्ष्मणजूको कैसे सुखहोतहै जैसे चकोर को किशोर पूर्णचन्द्र देखत है ( १६ ) त्यहिआनन्द मंगल के समयविषेशतानन्द की आज्ञा अरु रनिवास की प्रेरणाते श्रीजानकीजी श्रीरघुनाथ

ई १३ श्रीहतभयेभूपधनुटूटे जैसेदिवसदियाछबिछूटे १४ सियसुखहियबरणियक्यहिभांती जिमिचातृकीपाइजलस्वाती १५ रामहिलषणबिलोकहिंकैसे शशिहिंचकोरकिशोरकजैसे १६ शतानंदतबआयसुदीन्हा सीतागमनरामपहँकीन्हा १७ दो०॥ संगमखीसुंदरिचतुर गावहिंमंगलचार गवनीराजमरालगति सुखमाअंगअपार १८ चौ०॥ सखिनमध्यसियसोहतिकैसी छबिगणमध्यमहाछबिजैसी १९ करकम लनजयमालसोहाई विश्वविजयशोभाज्यहिपाई २० तनसकोचमनपरमउछाहू गूढ़प्रेमलखिपरैनकाहू २१

जी के समीप गमनकरतीभई ( १७ ) दोहार्थ ॥ संगविषे सखिनकीसमाज अनेकनरति ते अतिसुन्दरी आदि अन्त मध्य में नवल किशोरी वय अनेकन शारदाकी चतुराई षोड़शौश्रृङ्गारकीन्हे सम्पूर्ण राग रागिनी स्वरतालसंयुक्त ग्राम भेद मूर्छनाप्रबन्धइत्यादिक गानकरत मंगलाचार अति अपार आनन्दसंयुक्त राजमरालकीगतिचलतभई ( १८ ) सम्पूर्णसखिनके मध्यमें श्रीजानकीजी कैसी शोभित हैं मानहु छविके गणके मध्य में महाछबि शोभितहोइ पुनि जैसे निर्मल नक्षत्रनकेमध्यमें निर्मलचन्द्रमाशोभितहोइ महाछबिकही सम्पूर्ण छबिनकोछबिदेइ अनेकमणिनके मध्य में जैसे चिंतामणि शोभितहोइ तैसे ( १९ ) श्रीजानकीजीके करकमलविषे जयमाल शोभित है विश्वके विजयकरनहारी जो शोभा है त्यहिं ज्यहि जयमाला ते शोभापाई है किंतु विश्वबिजय जो श्रीजानकीजीहैं ते ज्यहि जयमाल ते शोभापावती हैं काहेते जयमालकरिकै बिवाहहोत

है किंतु विश्वविजय जो श्रीरामचन्द्र को वीररस है ज्यहि जयमाल ते शोभितहोत है काहेते जयमालकरिकै श्रीजानकीजी की प्राप्ति है इहां भविष्य वर्तमान एकहीसंग है किंतु श्रीरामचन्द्र श्रीजानकीजी करिकै सम्पूर्ण विश्वके विजय की शोभा ज्यहिजयमालाको प्राप्तिहै काहेते मणिइवसुमन पंचरंग की जयमाला है जनु मदन श्रीरामचन्द्रकी शोभा

देखिकै अपनी शोभाहारिकै लज्जितह्वैकै अपने पांचहू सुमनबाणकी जयमाला बनाइकै श्रीजानकीजीके करकमलकरिकै श्रीरामचन्द्रको समर्पा चहतहै किधौं जयमाल शृंगाररसके पांचहू आलम्बन सुमनरूप हैं उद्दीपन उत्कण्ठा अभीसार प्रीति सम्भोग कि धौं पञ्चरस भावको जयमाल है शान्त दास्य वात्सल्य सख्य शृङ्गार काहेते सब रसिकनके मनको बिजय करत है ताते बिश्वबिजय शोभा जेहि पाई अरु कहूं छाई पाठ है सो जयमाला बिषे बिश्वके विजयकी शोभा छाइ रही

जायसमीपरामछबिदेखी रहिजनुकुंवरिचित्रअवरेखी २२ चतुरसखीलखिकहाबुझाई पहिरावहुजयमालसुहाई २३ सुनत युगुलकरमालउठाई प्रेमविवशपहिराइनजाई २४ सोहतजनुयुगजलजसनाला शशिहिसभीतदेतजयमाला २५ गावहिंछबिअवलोकिसहेली सियजयमालरामउरमेली २६ सो० ॥ रघुबरउरजयमाल देखिदेवबर्षहिंसुमन॥ सकुचेसकलभुवाल जिमिबिलोकिरबिकुमुदगण २७ चौ०॥ पुरअरुब्योमबाजनेबाजे खलभये मलिनसाधुसबगाजे २८ सुरकिन्नरनरनागमुनीशा जयजयजय

है ( २० ) श्रीजानकीजी के गुरुजननकी समाज करिकै तनको सङ्कोचहै मनबिषे परमउत्सवहै गूढ़कही लज्जाकरिकै छिपा प्रेम सो काहूको लखि नहीं परै ( २१ ) श्रीजानकीजी श्रीरामचन्द्रके समीप जाइकै छबि देखिकैचित्रवत् रहिगईं ( २२ ) जब चतुर सखिन लखा कि जानकीजी तौ श्रीरामकी शोभा स्वरूपाकार ह्वैकै बिदेहदशाको प्राप्तभईं तब समुझाइकै कहती हैं कि रूपासक्त न होहु समय औरहै अब तुरन्त सुन्दर जयमाला श्री रामचन्द्रको पहिरावहु ( २३ ) मङ्गलमय वचनसुनिकै दोऊकरते जयमालउठावतीभई तथापि संयोग शृंगारको संयोगहै तेहिके प्रेमबशह्वैकै जयमाल पहिराई नहींजाइ तहां दोऊकरउठेते जयमाल कैसी शोभितहै ( २४ ) जनु सनाल कही नाल सहित द्वै कमल जनु शशिके भीतिते दोऊ करनते जयमाल देतिहै जानकीजीकी तहां दोऊभुज नालहैं करकमली कमलहैं कमली कही हथौरी अरु अंगुली दलहैं दोऊकरकी अंगुलिनते जयमाल ग्रहणकिये हैं ताते कर सम्पुटह्वैरहे हैं जनु रामचन्द्रको देखिकै भयकरिकैकमल संकुचित ह्वैरहेहैं ऐसी भुजनकीशोभा ते श्रीजानकीजी श्रीरामचंद्र को जयमालादेती हैं ( २५ ) ऐसही अतिहर्ष भरी श्रीजानकीजी श्रीरामचंद्रके उरमें जयमाला मेलतीभई सो छबि अवलोकि कै सखी मंगल गान करती हैं ( २६ ) सोरठा०॥ श्रीरघुबरके उरबिषे अति सुन्दर जयमाला देखिकै देवता सुमन बर्षते हैं तहां मलीन राजा सकुचिगये जैसे सूर्य्यके प्रकाशते कुमुदकेगण सम्पुटितह्वै जाते हैं ( २७ ) पुर अरु ब्योम बिषे बाजनकीध्वनि ह्वैरही है खल मलिनभये सब साधु आनन्दभरे गाजतेहैं ( २८ ) सुर किन्नर नर नाग मुनीश जयजयकार कहिकै आशीर्व्याददेते हैं ( २९ ) देवतनकी बधूटी नाचती गावती हैं बारबार फूलनकी अवली बृष्टिकरती हैं ( ३० ) जहांतहां ब्राह्मण वेदध्वनि करते हैं अरु बंदीजनविरदावली उच्चारण करते हैं ( ३१ ) चापतोरिकै श्रीरामचन्द्रने श्रीजानकी

कहिदेहिंअशीशा २९ नाचहिंगावहिंबिबुधबधूटी बारबारकुसुमावलिछूटी ३० जहँतहँबिप्रवेदधुनिकरहीं बन्दीविरदावलि उच्चरहीं ३१ महिपातालनाकयशब्यापा रामबरीसियभञ्जेउचापा ३२ करहिंआरतीपुरनरनारी देहिंनिछावरिबित्तबिसारी ३३ सोहतिसियारामकैजोरी छबिशृंगारमनहुँयकठोरी ३४ सखीकहैंप्रभुपदगहुसीता करतिनचरणपरसअतिभीता ३५ दो० ॥ गौतमतियगतिसुरतिकरि नहिंपरसतिपदपानि मनबिहँसेरघुबंशमणि प्रीतिअलौकिकजानि ३६ चौ० ॥ तबसियदेखिभूपअभि

जीको बरयउ यह उज्ज्वल यशको प्रकाश त्रैलोक्यबिषे महि अरु पातालमें ब्यापि रह्योहै ( ३२ ) पुरके नर नारि बित्त बिसारिकै आरती करते हैं बित्त बिसारि कही मन वचन कर्म्म सर्व्वस धन धर्म्मादिकन को श्रीजानकी अरु राम के सबकी सुधि रहित निछावरि कीन्ह पुनि युग कृपाते भरइ देखियतहै ( ३३ ) रंगभूमिके मध्य बिषे श्रीजनकनन्दिनी

अरु श्रीरघुनन्दनजीकी जोरी अतिशोभित है मानहुछवि अरु शृंगारकी मूर्त्ति एक ठौर शोभित है यहिसमय को उत्सव अरु परमानन्द सुख अरु युगुलजोरी की शोभापर रामचरण कहते हैं कि हमारी मतिसे त्रैलोक्यकी शोभानिछावरि है ( ३४ ) तब चतुर सखी कहतीहैं हे जानकी प्रभुके पद पङ्कजदोऊ करन ते स्पर्श करहु तहां हे पार्व्वती अति भीति ते जानकीजी प्रभु के पद नहीं स्पर्श करतीं इहां अति भीति को अर्त्थ दोहा में सिद्धिहोइगो ( ३५ ) दोहार्थ॥ पदपाणि काहेतेनहीं स्पर्शकरतीं गौतमकी तियाकी गति सुरति करिकै तब रघुबंशमणि अलौकिकप्रीति जानिकै बिहँसे इहां योग बियोग शृंगारकी दशा एकहीसंगहोती है तहां श्रीजानकीजी के मन बिषे बियोगको अभावहै अरु संयोगविषे बिहितहावकीप्राप्तिहै तातेगौतमकी तियकीगति सुरतिकीन्ह कि इनपदनको परसिकै गौतमकीतिय परमपदको प्राप्तिभई किंतु निजपतिलोककोगई इनचरणनको ऐसईप्रभावहै कदाचित् ऐसे मोहूंको न होइ यहिभयकरिकै पदपाणिते नहीं परसतीं यह बिचार करती हैं कि पदपाणि परसों अरु गौतमकी तियकीगति ऐसीमोहूंको प्राप्तिहोइ तौ विक्षेपकोप्राप्तहोउँ अरु सखी लौकिक वैदिकरीति करिकै पदपरसिबे को कहती हैं ताते इनके संयोगहेतु मैंने लोक वेद दूनोंको त्यागकीन्ह ताते जानकीजी श्रीरघुनाथजी के पद नहीं स्पर्शकरतीं यह लौकिकरहित अलौकिकप्रीति अतिगूढ़ लखिकै रघुबंशमणि मनविषेबिहँसे यहिप्रकरणविषे श्रीजानकीजीविषे मानसीव्यथा आरोपणाकरी शृङ्गाररसकै यहीदशा है अरु जो कहते हैं कि जानकीजीने गौतमकीतियकी गति यहसुरतिकीन्ह कि पाषाणकी स्त्री ह्वैगई ताते जो मैं पदपरसौं

**लाषे कूरकपूतमूढ़मनमाषे ३७ उठिउठिपहिरिसनाहअभागे जहँतहँगालबजावनलागे ३८ लेहुछड़ायसीयकहँकोऊ ॥ धरि बांधहुनृपबालकदोऊ ३९ तोरेधनुषकाजनहिंसरई जीवतहमहिंकुंवरिकोबरई ४० जोबिदेहकछुकरहिंसहाई जीतहुसमरस-**

साजिकै मुदितमन कही आनन्दते मण्डपको ल्यवाइचली हैं ( ११० ) छन्दार्त्थ॥ तहां हे भरद्वाज श्रीजानकीजीको सजिकै सखी आदर पूर्वक मण्डपको ल्यवाइचलीं तहां नवसप्तकही सोरहौश्रृंगार करिकै अरु सोईसब सखी अपने अपने अंगमें श्रृंगार सजिकै सब सुन्दरी मत्त कुञ्जरके तुल्य गमन करतभईं तहां सोरहो श्रृंगार अरु बारहौं आभूषण कहते हैंतहां सुनयनाकी आज्ञानुरूप सखी जे हैं ते श्रीजानकीजीको मज्जन करावतीभईं अगर कर्पूर चन्दन केसरि इत्यादिक अनेकसुगन्ध श्रीकमलजलमिश्रितते स्नानकरावतीभईं श्रृंगारमें प्रथम मज्जनहै तहां सोरहो श्रृंगार श्रीजानकीजी की षष्ठअष्टमुख्य सखी पुनि षोड़शमुख्य सखी पुनि श्रीरघुनाथजी की षष्ठअष्टमुख्य सखी पुनि षोड़शमुख्य सखीते सबश्रीसुनयनाजी की आज्ञालैकै श्रीजानकीजीको श्रृंगारकरती हैं सखिनकेनाम आह्लादिनी द्यौदिशी सहजानन्दिनी मदनमञ्जरी चन्द्रकला चन्द्रवती चन्द्रमुखी इति षष्ठ पुनि अष्ट बिमला उत्कर्षिनी क्रिया योगा पार्व्वी ईशानाज्ञाना सत्या इत्यष्टसखी पुनि षोड़श उज्ज्वला काँचनी चित्रा चित्ररेखा सुधामुखीहंसी प्रहंसी कमला बिशदाक्षी सुदर्शना चन्द्रानन्नी चन्द्रभद्रा मधुर्य्या शालिनी कर्पूरांगी वरारोहा इतिषोड़श श्रीजानकीजीकी सखी हैं और भी अनन्त सखीहैं अब श्रीरघुनाथजीकी सखी सो जानकीजीकेसंग हैं षष्टसखी आह्लादिनी द्यौदिशी चारुशीला अतिशीला सुशीला हेमा लक्ष्मण इत्यषष्ठ पुनिअष्ट बागीश माधवी हरिप्रिया मनजीवा नित्याबिद्या सुबिद्या कूटरूपा इति अष्टसखी पुनि षोड़शशोभना शुभदा शांता सन्तोषा सुखदा सत्यवती चारुस्मिता चारुरूपा चार्वंगी चारुलोचना क्षेमांगी क्षेमा क्षेमदात्री धात्री धीरा धरा स्मृता इतिषोड़श इत्यादिक अनन्तसखी ते सब श्रीजानकीजीका श्रृंगार करती हैं सब युगुलसेवामें तत्परहैं भूत भविष्य बर्त्तमानमें क्रमतेजानब प्रथमस्नानकराये पुनि नील सारी जामें सुवर्ण मणिनके फूलरचे हैं किनारी जरावनते जटित है सोपहिरावतीभईं दोऊपगनमें जावक जसचाही तसरचतीभईं नूपुर तीनि आवृत्तितेपहिरावतीभईं अंगराग जहांजस चाही तहांतस

करतीभई कटिमें क्षुद्रघण्टिका तीनि आबृतिते पहिराइ दोऊकरमें कङ्कणपहिराये मुक्तन केहार पहिरावतीभई अगर कर्पूर चन्दन केसरि कस्तूरी लेपनकरतीभई कवरीकीरचना चित्र विचित्र करतीभई हैं बेसरि अधरपर शोभितहै श्रवणमें ताटंकशोभितहै भालमें बिन्दुशोभित नेत्रनमेंकाजर देतभई बेणीमुक्तनते गुहतभई येते षोड़शौ शृंगारकरतीभई पुनि उपशृंगारकहे भूषणकहते हैं द्वौ चरण अँगुलिनमें तप्तइव कंचन तामें हरितमणि पीतमणि नीलमणिनकी कनीजटित ऐसोमंजीरकही बिछिया पहिरावतीभई मंजीरंपादभूषणं इत्यमरः पुनि दोऊकरनमें चूरी चित्रविचित्र हेममणि कनिनते जटितशोभित है मुद्रिका शोभितहै द्वौभुजनमें अङ्गदबिचित्र है पुनि ग्रीवकली जवाकार है पुनि पचलरी पुनि पंचकली पदिक जैसे श्रीरामचन्द्रके हैं पुनिचन्द्रहार कैसो है मध्यमें पूर्णचन्द्रवत् मणिलगी हैं पुनि क्रमहीते दाहिनीओर शुक्लपक्षकी चतुर्दशी बामदिशि कृष्णपक्षकी परिवा यहीप्रकारतेजानिलेव द्वौपक्षके षोड़शौकला क्रमहीते जानिलेब शुक्लपक्षकी द्वितीया कृष्णपक्षकी तेरसि ताहीको सुमेरुस्थाने ऐसोहारहै पुनि मणिनकी कनी कइउरंगनके लघुमोती ताको रचितमणि जारसारी किनारीताई जैसे श्रीरघुनन्दनजूके बनमाला है तैसे श्रीजनकनन्दनीजूके मणिजारहै पुनिदुइलरकीबन्दी ताटंक मिलित बन्दीतरटीका सुवर्ण प्रकाशमय ताके द्वौ उठितरंग रंगकीमणि कणीताके मध्यमें ये मणिनीचे झुकितललाटपर अत्यन्त शोभितहैं टीकापर चन्द्रिका सो दाहिनीदिशि झुकित सो सुवर्ण के मध्यमें एकमणि चढ़ाउतार कछुक बंकहै अरु द्वौकिनारे मणि कणिनते रचितहैं ऐसी चन्द्रिका अनेक चन्द्र सूर्य्य दामिनीकी द्युतिको प्रकाश करति है जेते श्रीसीतारामके भूषणहैं ते चैतन्यरूपहैं पुनि नित्यजीवहैं जेजौने रसमें अनन्यहैं ते ताहीमें सायुज्यहोइकै अंगअंग सेवनकरतेहैं रस तौ नव हैं पुनि तीनिमिलि बारहहैं तिनमें पंचभक्तिरस हैं शांत बात्सल्यदास्य सख्य शृंगाररस अथवा सबरसै माधुर्य्य भूषणरूप नित्य अंगअंग सेवनकरते हैं अथवा एकशृंगारैरस अनेक अलङ्काररूप नित्यदम्पति अंगसेवनकरतुहै ऐसे परमदिव्य भूषण श्रीसीतारामजूके अंगअंगनमें अतिही परमशोभाको पावतेहैं ऐसे नवसप्त षोड़शौशृंगार बारहौ आभूषण श्रीजानकीजीके अंग अंगमें सजिकै अरु सोई आपुकरिकै त्रयका मुग्धा मध्या प्रौढ़ा तिनमें अनेकभेद जे शृंगार रसादिक सर्बसेवामें अतिप्रबीणते सब सखि नर्मप्रिय निज अतिसुन्दरी आदि मध्य अन्त किशोरी ते

मुनिध्यानत्यागहिंकामकोकिललाजहीं मंजीरनूपुरकलितकंकणतालगतिबरबाजहीं ११२ दो०॥ सोहतिबनितावृन्दमहँ सहज सुहावनिसीय छबिललनागणमध्यजनु सुखमाअतिकमनीय ११३ चौ०॥ सियसुन्दरताबरणिनजाई लघुमतिबहुतमनोहरताई ११४ आवतदीखबरातिनसीता रूपराशिअतिपरमपुनीता ११५ सबहिंमनहिंमनकीन्हप्रणामा देखिरामभयेपूरणकामा ११६

सखी जानकीजीको मण्डपको लिवायचलीं ( १११ ) तहां श्रीजानकीजीको सखी कलगानकरत लेवायचलीं जो सुनिकै मुनिनको ध्यानछूटि जाइ अरु जो सुनिकै जो कामै कोकिलाको रूपधरिकै बोले तो वहभी लज्जितहोइजाइ तहां मंजीरकही बिछुवा अरु नूपुर अरु सुन्दर कङ्कण सो इनसबके स्वर अरु गान एकताल गतिलिहे बाजते हैं ( ११२ ) दोहार्थ ॥ तहां बनितनके बृन्दकेमध्यबिषे श्रीजानकीजी सहजही शोभित हैं सो कैसे शोभित हैं जनु छबिकही शोभाकीक्रांति तेहिकीद्युतिकही छटातेहिकीमूर्त्ति ललनाकेगणहैं तेहीछबिके मध्यबिषे जो परमानन्द सुख है सोई मूर्त्तिमान् कमनीय कही अतिसुन्दरि शोभितहै तथापि यह उपमाश्रीजानकीके समाजकेआगे लघुहै तहां उपमाकी उत्प्रेक्षाकीन्ही ( ११३ ) हे भरद्वाज श्रीजानकीजीकी शोभा ब्रह्मादिक कबिनको दुर्ल्लभहै काहेतेकि जेते ब्रह्माण्ड मण्डलमें कबिहैं तिनकीमति गुणाभिमानीहै तातेलघुहै अरु श्रीजानकीजी की मनोहरता गुणातीतहै तातेकबि कैसे कहै ( ११४ ) तहां बरातिन श्रीसीताजीको आवतदेखा रूपकीराशिसो रूपसब भाँति ते निर्मलपुनीत ( ११५ ) तब तिन मुनिन अरु देवतन मनहीं मनमाप्रणामकीन्ह तहां प्रकटप्रणाम क्यों नहींकीन्ह यहां यथार्थ श्रीजानकीजी को परमेश्वरी जानिकै शांतरसबिषे मनमें नमस्कारकीन्ह अरु स्वेच्छितनाट्यलीलामें जानिकै बात्सल्यरसमें प्राप्तहैकै प्रत्यक्षप्रणाम नहींकीन्ह पुनि श्रीजानकी रामके बिवाहके सम्बन्धमें एकत्रदेखा तब कामकही सबकी कामना पूर्णभई ( ११६ ) तहां श्रीदशरथमहाराजको निजपुत्रनसहित सखिन संयुक्त श्रीजानकीजीको देखिकै जैसो सुखभयो है सोनहीं कहाजाइ ( ११७ ) तब देवता श्रीराम जानकीको प्रणामकरके

फूलनकीवृष्टि करतेहैं अरु मुनिनके आशीर्बादनकी मङ्गलमय ध्वनिहोती है ( ११८ ) तहां गाननिशान इत्यादिक शब्दनकरिकै कोलाहलकही सोरह्वैरह्यो है नगरके नरनारि प्रेमकरिकै प्रमोदकही आनन्दमें भरिरहे हैं ( ११९ ) यहिप्रकारते श्रीजानकीजी मण्डपको आवतीभई तहां प्रमुदितकही आनन्द

हरषेदशरथसुतनसमेता कहिनजायउरआनँदजेता ११७ सुरप्रणामकरिबरषहिंफूला मुनिअशीषध्वनिमंगलमूला ११८ गान निशानकोलाहलभारी प्रेमप्रमोदनगरनरनारी ११९ यहिबिधिसीयमंडपहिआई प्रमुदितशांतिपढ़हिंमुनिराई १२० तेहिअवसरकरिबिधिब्यवहारू दुहुंकुलगुरुसबकीन्हअचारू १२१ छं० ॥ आचारकरिगुरुगौरिगणपतिमुदितबिप्रपुजावहीं सुरप्रकटपूजा लेहिंदेहिंअशीषअतिसुखपावहीं १२२ मधुपर्कमंगलद्रब्यजोजेहिसमय- मुनिमनमहँचहैं भरेकनककोपरकलशसोतौलिये परिचा-

ते मुनिराय शतानन्द बशिष्ठादिक शांतिकही स्वस्त्ययन पढ़तेभये ( १२० ) तेहिअवसरकर बिधिविधान जो ब्यवहार है सो द्वौकुलके गुरुशतानन्द बशिष्ठ आचार पूर्बक इतै उतै हर्षिकै करते हैं ( १२१ ) छन्दार्त्थ॥ तबसम्पूर्ण आचारपूर्बक बिप्रार्चनसहित गुरुकही श्रेष्ठ जो गौरि गणपति हैं तिनकी प्रथमपूजा करावतेभये तहां जैसोरूप देवतनके बेदबर्णैहैं ते तैसेही स्वरूपते अपने अपने समय समयबिषे प्रत्यक्ष श्रीसीता रामकेरकमल करिकै अपनो अपनोभाग पूजामेंलेतेहैं तुरन्त पाइजाते हैं अपनाकोधन्यमानते हैं अरु आशीर्वाददेतेहैं आशीर्बाद सुनिकै सब अतिसुखपावते हैं ( १२२ ) मधुपर्ककही गोघृत अरु मिश्रितमिश्री दधि अरु मंगलकीद्रब्यकही पुंगीफल पान अक्षत हरिद्रा दूब रत्न इत्यादिक विवाहके जो सरंजाम जौनीसमय जो मुनिमनमें चाहतेहैं सो सब अरु तहां कंचनकेकलशानमहँ अनेक तीर्थनकेजल अरु कंचनके कोपरनमहँ अनेक पदार्थ भरे परिचारककही शुचिसेवकलिहेठाढ़ेहैं ( १२३ ) तहां सूर्यजोहैं सोप्रकट आदरपूर्बक अपने कुलकैरीतिसबकहि देते हैं अरु ब्रह्माजो हैं सो वेदकीरीति सबकहिदेतेहैं तहांयहीप्रकारते श्रीजानकीजीसे सबदेवतनको पुजाइकै सुन्दरसिंहासन पर बैठावतेभये ( १२४ ) तहां श्रीजानकीजी श्रीरघुनाथजीको अवलोकन करतीहैं अरु श्रीरघुनाथजी श्रीजानकीजीको अवलोकनकरतेहैं तहां परस्परचक्षुसंभोगकी प्रीतिते अपनेअपनेतनको अपनपौभूलिगये हैं तहां परस्परकरप्रेम काहूकोलखिनहींपरै तहां कबिनकीमनबुद्धिवाणी जो है बरकही श्रेष्ठ तेहिते अगोचर वह प्रीति कवि कैसेप्रकटकरै ( १२५ ) दोहार्थ॥तहां होमकेसमयविषेअग्नि मूर्त्तिमान्ह्वैकै अतिप्रीतिते प्रत्यक्ष भोजनकरते हैं अरुचारिउवेद ब्राह्मणनकेरूपधरिकै बिवाहकीबिधि कहिदेत हैं ( १२६ )॥

रकरहैं १२३ कुलरीतिप्रीतिसमेतरबिकहिदेतसबसादरकिये यहिभाँतिदेवपुजाइसीतहिसुभगसिंहासनदिये १२४ सियरामअवलोकनिपरस्पर- प्रेमकाहुनलखिपरै मनबुद्धिबरवाणीअगोचरप्रकटकविकैसेकरै १२५ दो० ॥ होमसमयतनुधरिअनलअतिसुखआहुतिलेहिं विप्रवेषधरिवेदसबकहि- बिवाहबिधिदेहिं १२६ चौ०॥ जनकपाटमहिषीजगजानी सीयमातुकिमिजाइबखानी १२७ सुयशसुकृतसुखसुन्दरताई सबसमेटिबिधिरचीबनाई १२८ समयजानिमुनिवरनिबोलाई सुनतसुआसिनिसादरल्याई १२९ जनकबामदिशिसोहसुनैना हिमगिरिसंगबनीजसमैना १३० कनककलशमणिकोपररूरे शुचिसुगंधमंगलजलपूरे १३१ निज

तहांराजाजनककै महिषीकही पटबन्धनीरानी श्रीसुनयना जैसे जनक योगेश्वर तैसे रानी भी सबप्रकारते दिव्यगुण अरु परमशोभाको समुद्रजिनकी उपमाको कोई हईनहीं है इनकीसमान येईहैं ते रानी श्रीजानकीजीकी माता तिनको बखानिकै ऐसो कौन कविहै जो कहै ( १२७ ) कैसी हैं श्रीजानकीजीकी माता असममुझिबेमें आवतहै कि

ब्रह्माण्डभरेमें सुयशजो है अरु सुकृत जो हैं अरु परमसुख जो है अरु परमसुन्दरता जो है चारिउसुष्टसमेटिकै शीलतेसानिकै बिधातैं एकसुनयनाजीकीमूर्त्तिबनावाहै रचनाकरिकै अपनी सुघराई जगत्में देखाइदीन्हि ( १२८ ) तहां समय जानिकै तिनको मुनीश्वर बोलावतेभये तब सुनिकै सुआसिनी कहीनगरकी कन्या छोटी बड़ी मध्यइत्यादिक रानीको मण्डपमें लैआवती भई ( १२९ ) तहां सुनयनाको दिव्यआसनपर बैठावतभये तहां जनकबामदिशि सुनयनाके बामदिशि जनक अरु जनकके दक्षिणदिशि विषे सुनयना शोभितहैं पुण्यकालमें ऐसही चाहिये जैसे पार्वती के बिवाहमेंहिमाचलके दक्षिणांगमें मैना शोभितभई हैं ( १३० ) जहां कनककेकलशा अरु मणिनके कोपर रूरे कही अति सुन्दर तिनविषे अगर कर्पूर चन्दनकेसरि इत्यादिक सुगन्धमिश्रित मंगलमय जलभरे हैं ( १३१ ) रानीसमेत राजाजनक अपनेहाथन श्रीरामचन्द्रके आगे धरतभये ( १३२ ) तहां संपूर्ण मुनीश्वर मंगलवाणी करिकै वेद पढ़ते हैं तहां अवसर जानिकै आकाशते देवता फूलवर्षते हैं ( १३३ ) तब बरको बिलोकि कै दम्पतिअति अनुराग को प्राप्ति ह्वैकै अति पुनीत चरण पखारनेलगे ( १३४ ) छन्दार्थ ॥ तब दम्पति श्रीरामचन्द्र के युगुल चरण कमल पखारनेलगेअति प्रेमते तन पुलकि आयो चरण धोवत जानिकै नभ अरु नगर में

करमुदितराउअरुरानी धरेरामकेआगेआनी १३२ पढ़हिंवेदमुनिमंगलबानी गगनसुमनझरिअवसरजानी १३३ बरबिलोकिदंपतिअनुरागे पायँपुनीतपखारनलागे १३४ छं०॥ लागेपखारनपायँपंकजप्रेमतनुपुलकावली नभनगरगाननिशानजयधुनिउमँगिजनुचहुंदिशिचली १३५ जेपदसरोजमनोजअरिउरसहसदैवबिराजहीं जयसुकृतसुमिरतबिमलतामनसकलकलिमलभाजहीं १३६ जेपरसिमुनिबनिता लहीगतिरहीजोपातकमई मकरंदजिनकोशंभुसिरशुचिताअवधिसुरबरनई १३७ करिमधुपमनयोगीशजनजेहिसेइअभिमतगतिलहैं तेपदपखारतभाग्यभाजनजनक-जयजयसबकहैं १३८ बरकुंवरिकरतलजोरिशाखोच्चारद्वौकुल

गान निशान जय ध्वनि चहुं दिशिमें ह्वैरही है ( १३५ ) जे पद सरोजमनोज अरि जो महादेव हैं तिनको हृदय मानसर है तहां सदैव कही सदा बिराजते हैं जिन चरणोंके सुकृत कही एकबार लवमात्र सुमिरण करतसन्ते सम्पूर्ण कलिकोमल नाशमान होत है ( १३६ ) जिन चरणनको परसिकै गौतमकी पत्नी तरिगई जो पापमय रही जेहि चरणको मकरन्द कहीरस अति शुचि पवित्र महादेवके मस्तकपर शोभित है सुरसरिजी पवित्रताकी अवधिहैं ( १३७ ) पुनि जेहिपद पङ्कजके मकरन्दको अपनेमनको मधुपकीन्हहैं योगीश्वरमुनि परमहंस जेहिको सेइकै अभिमतकही बाञ्छितफलको प्राप्तहोते हैं जनकजीते चरणारबिन्द पखारते हैं ताते भाग्यकेभाजनहैं तहां जनककीस्तुति जयजयकार सबदेवता मुनि सिद्धादिककरतेहैं ( १३८ ) हेभरद्वाज वर जो श्रीरामचन्द्र अरु कुँवरिश्रीजानकीजी तहां दोऊकुँवर कुँवरिको करतलजोरिकै श्रीरामचन्द्रके दक्षिण करतलपर श्रीजानकीजीको दक्षिणकर धराबतेभये तहां शाखोच्चारद्वौकुलगुरु करते हैं प्रमाणंश्रुतिः यामात्र्यदक्षिणकरो परिकन्यादक्षिणकरन्निधाय १ शाखोच्चारकही वेदकीशाखा तेहिको उच्चारण द्वौकुलके गुरुद्वौदिशिते करतेहैं बशिष्ठजी श्रीरामचन्द्रकीदिशि अरु सतानन्द श्रीजानकीजीकीदिशि तहां प्रमाणहै स्वस्तिश्रीमत्सकल जगदघध्वन्सनपरमोदारबिनोद बिचारसदारसच्छास्त्राध्ययनद्विद्वज्जनगोष्टीप्रकाशवर्म्मणः प्रपौत्रः पौत्रः पुत्रः प्रयतपाणिः शरणम्प्रद्यते स्वस्तिस्सम्बादेषूभयोर्वरकन्ययोर्म्मंगलमास्ताम् इतिबरपक्षे बारत्रयम्पठेत् अथकन्यापक्षे स्वस्ति श्रीमत्पदाचाराचरणपरिलब्धगरिष्ठादिमुनिगणयोनीयमानयशश्चन्द्रकर धवलीकृतजगत्रयस्यअमुकगोत्रस्याऽमुकप्रवरस्याऽमुकवर्मणः प्रपौत्रीपौत्रीपुत्रीस्वस्तिसंबादेषूभयोर्मंगलमास्ताम् इतिकन्यापक्षेबारत्रयम्पठेत् २ तब पाणिग्रहणहोतभयो सो बिलोकिकै सुर मनुज मुनि आनन्दको प्राप्तहोत भये ( १३९ )

गुरुकरैं भयोपाणिग्रहणबिलोकिबिधि सुरमनुजमुनिआनँदभरे १३९ सुखमूलदूलहदेखिदम्पतिपुलकतनहुलस्योहियो करिलोकवेदबिधान कन्यादाननृपभूषणकियो १४० हिमवन्तजिमिगिरिजामहेशहिंहरिहिंश्रीसागरदई तिमिजनकसियरामहिंसमर्पीविश्वकलकीरतिनई १४१

**क्योंकरैविनयबिदेहकियोबिदेहमूरतिसाँवरी करिहोमबिधिवतगांठिजोरीहोनलागींभाँवरी १४२ दो०॥ जयधुनिबन्दीवेदधुनिमंगलगाननिशान सुनिहरषहिंबरषहिंबिबुधसुरतरुसुमनसुजान १४३ चौ० ॥ कुंवरिकुंवरकलभाँ-**

तहां सुखकोमूल दूलह जो श्रीरामचन्द्र तिनको अति प्रीतिते नयनभरिबिलोकिकै दम्पतिकोतन पुलकिआयो हृदयमें हुलासभयो तब लोकवेद विधानकरिकै राजनकेभूषण श्रीजनकजी रानीसंयुक्त कन्यादान करतभये ( १४० ) जिमि हिमाचल गिरिजाको महेशको समर्पणकीन्हहै अरु जिमि क्षीरसागर लक्ष्मीजीको बिष्णुभगवान्को समर्प्पणकीन्हहै तिमि तेहिप्रकारते जनक श्रीजानकीजीको श्रीरामचन्द्रजीको समर्प्पणकीन्हहै कीर्त्ति सम्पूर्णबिश्वमें कलकहीसुन्दर नवीनभरिरही है ( १४१ ) तब बिदेहकोबिनयकरिवेकी सामर्थ्यनहींरही काहेते कि साँवरिमूर्त्तिने अपनी शोभा करिकै बिदेहको बिदेह करिदीन्ह तहां बिनय को करिसकै पुनि सावधानहोइकैबिबिधि बिधानते होम करिकै गांठि जोरिकै भाँवरी की तयारी होत भई ( १४२ ) दोहार्त्थ॥ तब नगरमें जयमंगल गानकीध्वनि होतभई सो सुनिकै देवता अति हर्षसंयुक्त कल्पवृक्षके फूलबर्षते हैं ( १४३ ) तब कुँवरि श्रीजानकीजीआगे अरु कुँवर श्रीरघुनाथजीपीछे यहिरीतिते भांवरीहोनेलगी तहां देव नर मुनि इत्यादिक सब नयननको लाभ सादर लेते हैं ( १४४ ) तहां देखिकै सबकेमन हारिगये काहेते मनोहर जोरी बर्णिबेकोकबिनको अगमहै जो उपमा ब्रह्माण्डभरेमें है सो कबिढूंढ़िकैकहैं सो सब थोरीहै तहां सत्कबिनकैबाणी संकोचिकै सीतारामकी प्रतिछाहींकीउपमाकछुकहती है ( १४५ ) जब सीताराम भांवरी फिरनेलगे तब तिनकी प्रतिछाहीं मणिनके खम्भनमें जगमगाइरही है ( १४६ ) तिन प्रतिछाहिनकीउपमा कछुकहते हैं मानो मदन अरु रति बहुरूपधरिकै श्रीरामचन्द्र को बिवाह जो अनूप सो देखते हैं ( १४७ ) तहां दर्शनकी लालसा बहुतिहै अरु अपनीशोभाको महत्समुझिकै अतिसंकोचपावतहैं अरु बिनादर्शन नहीं रहाजाइहै ताते जनु बारबार प्रकटत अरु दुरतहैं जब खम्भनमें प्रतिछाहीं परती है तब मानहुं रति अरु काम प्रकटत है अरु जब खम्भन

**वरिदेहीं नयनलाभसबसादरलेहीं १४४ जाइनबरणिमनोहरजोरी जोउपमाकविकहैंसोथोरी १४५ रामसीयसुन्दरिप्रतिछाहीं जगमगातिमणिखम्भनमाहीं १४६ मनहुंमदनरतिधरिबहुरूपादेखतरामबिवाहअनूपा १४७ दरशलालसासकुचनथोरी प्रकटतदुरतबहोरिबहोरी १४८ भयेमगनसबदेखनहारे जनकसमाजअपानबिसारे १४९ प्रमुदितमुनिनभाँवरीफेरी नेगसहितसबरीतिनिबेरी १५० रामसीयशिरसेंदुरदेहीं उपमाकहिनजाइकविकेहीं १५१ अरुणपरागजलजभरिनीके शशिहिभूपअहिलोभअमीके**

के बीचबीच प्रतिछाहीं परतीजाती है तब मानहु दुरिकही छपिछपिजातहै यहउपमाते मानहु बारबारप्रकटतहै दुरतहै तहां देखियेतौ श्रीगोसाईं तुलसीदासकी रचना कि कामशृंगाररसकीमूर्त्तिहीहै अरु रति शृंगाररसकीमुख्यस्थाईहै तिनदोऊकीउपमा श्रीरामजानकीके प्रतिछाहींकी दीन्हि है पुनि द्वौ जनु अनेकरूप धरिकै श्रीसीतारामकी शोभा देखत हैं तदपितृप्ति नहींहोते हैं तहां सीतारामजूकै शोभा कवि कैसेकहै नाम नहीं कहि सकै ( १४८ ) तहां देव मुनि मनुष्य इत्यादिक तेहिसमयमें सीतारामजीकी सम्पूर्णशोभा देखिकै मग्न ह्वैगये हैं कैसे मग्नभये राजाजनकके समान अपनपौसबको भूलिगयोहै तेहिसमयमें जनकबिदेहते बिदेहभये तैसहीसब चित्रसेरहिगये ( १४९ ) तहांप्रमुदितकही आनन्दते मुनिभांवरी फेरतेभये अरु अपनोनेग लैलै प्रीतिसों सर्वरीति निबेरी कही करतभये ( १५० ) पुनि मुनिनकी आज्ञाते श्रीरामचन्द्र श्रीजानकीजीके भालमें सिंदूरदेतेहैं सो उपमाकै शोभा केहि बिधिते कही जाइ कोई बिधिते नहीं कहीजातिहै ( १५१ ) तहां कछुकसत्कवि कहतेहैं इहां बाचकलुप्तालंकारकी उपमादेतेहैं अरुण जो पराग कही सिन्दूर सो श्रीरामचन्द्रने कमलकरते पांचहू अँगुलिन करिकै भरिलीन्ह श्रीजानकीजीके ललाटकेऊपर भूषितकरतेहैं जनु पराग किंजल्क संयुक्त कमललैकै श्यामसर्पपूर्ण चन्द्रमाकी अमृतकीप्राप्तिहेतु पूजाकरतहै तहां श्रीजानकीजीको मुख सोई पूर्णचन्द्र है अरु श्रीरामचन्द्रकी भुजा सोई श्यामसर्प्प है हथोरी कमलहै अँगुली दल है सिन्दूरपराग

किंजल्क है ऐसी अभूतउपमाहै किन्तु भुजसर्प्प है अरु कमल इव कर तल फण है अरु सिन्दूर मुखमें मणिहै तेहि मणिते अहि सीतामुखचन्द्र को अमियहेतु पूजतिहै ( १५२ ) बहुरिकै वशिष्ठ आज्ञा देतभये कि

१५२ बहुरिवशिष्ठदीन्हअनुशासन बरदुलहिनिबैठहिंयकआसन १५३ छं०॥ बैठेबरासनरामजानकि मुदितमनदशरथभये तनपुलकपुनिपुनिदेखि-अपनेसुकृतसुरतरुफलनये १५४ भरिभुवनरहाउछाहरामबिवाहभासबहीकहा केहिभाँतिबरणिसिरातरसनाएकयहमंगलमहा १५५ तबजनकपायवशिष्ठआयसुब्याहसाजसँवारिकै माण्डवीश्रुतिकीरतिउर्मिलाकुंवरिलइयहँकारिकै १५६ कुशकेतुकन्याप्रथमजोगुणशीलसुखशोभामई सबरीतिप्रीतिसमेतकरिसोब्याहिनृपभरतहिदई १५७ जानकीलघुभगिनीसकलसुंदरिशिरोमणिजानिकै सोजनकदीन्हीब्याहिलषणहिंसकल-बिधिसनमानिकै १५८ जेहिनामश्रुतिकीरतिसुलोचनिसुमुखि

बरदुलहिनि एकआसनपरबैठहिं ( १५३ ) छन्दार्थ॥ श्रीरामचन्द्रजानकीजी बरासनपरबैठे दशरथमहाराजदेखिदेखि परमानन्दकोप्राप्तहैंबारबारतनुपुलकतहै काहेते अपने नवीनसुकृत सुरतरुकोनित्यनवीन फलितदेखिकै ( १५४ ) तहां तीनिउ भुवन में परमउत्साह भरिरह्यो है हे भरद्वाज तहां यह महामंगल एकरस ताते केहिभांतिते कहाजाय ( १५५ ) तब जनकजीवशिष्ठजीकी आज्ञा पाइकै बहोरिकै बिवाहकी रचनासरंजाम शीघ्रसँवारिकै पुनि मांडवी श्रुतिकीर्त्ति उर्मिला तीनिहूँकुँवरिको सखिनकरिकैहँकारिलीन्ह जैसे समाजसंयुक्त श्रीजानकीजी मंडपमें आई हैं तैसेहीतीनिउकुँवरिमण्डपको आवतीभई ( १५६ ) राजाजनककेछोटेभाईकुशकेतुतिनकीजेठीकन्या उत्तमगुण शीलशोभामयमांडवी उसेसबरीतिप्रीतिसमेतकरके भरतजूको ब्याहिदीन ( १५७ ) पुनि श्रीजानकीजीकी लघुभगिनीराजाकीकन्याउर्मिला सकलसुन्दरीनकीशिरोमणि सो सबरीतिप्रीतिकरिकैआनंद पूर्वकराजाने श्रीलक्ष्मणजूकोबिवाहिदीन्ह ( १५८ ) पुनि कुशकेतुकीछोटीकन्या श्रुतिकीर्त्तिनाम कैसी है सुमुखिसुलोचनि अरु उत्तमगुणनके जे गुणी शारदा उमा रमा इत्यादिक तिन बिषे आगरी कही अग्रणीय है तिनकोसबरीति प्रीतिसमेत करिकै श्रीशत्रुहन को बिवाहिदीन्ह ( १५९ ) तहां चारिउ कुँवरि अरु चारौं कुमारनको अत्यानन्दपूर्व्वक बिवाह करतभये ते एकस्थानमें बिराजमान हैं बरके अनुरूप दुलहिनि श्रीरामचन्द्र श्याम श्रीजानकीजीगौरी भरतजूश्याम अरु माण्डवीजी गौरी अरुलषण शत्रुहनगौर उर्म्मिला अरु श्रुतिकीर्त्तिश्याम तहां शृङ्गाररस श्याम है अरु शृङ्गाररसको स्थाई मुख्यरति सो आह्लादकारीगौरी है तहां लक्ष्मणजू उर्म्मिलाके आह्लादकारी अरुशत्रुहन श्रुतिकीर्त्तिके आह्लादकारी अरु श्रीजानकीजी श्रीरामचन्द्रके आह्लादकारी अरु माण्डवी श्रीभरतजीकेआह्लादकारी हैं तहां शास्त्रनके अनुरूप यह कहा जाता है नतु रस अरु स्थाई अन्योन्य परस्पर आह्लादकारी हैं तहां तहां चारिउ कुँवरि अरु चारौंकुमारअपने अपने सम्बन्धमें परस्पर अति हर्षसंयुक्त अवलोकनकरते हैं सो रस

सबगुणआगरी सोदईरिपुसूदनहिंभूपतिरूपशीलउजागरी १५९ अनुरूपबरदुलहिनिपरस्परलखिसकुचिहियहर्षहीं सबमुदितसुंदरतासराहहिंसुमन-सुरगणवर्षहीं १६० सुंदरीसुंदरवरणसहसबएकमण्डपराजहीं जनुजीवउरचारिउअवस्था बिभुनसहितबिराजहीं

कहवेको मन बुद्धि बाणी कबिनकी अगोचर है तेहि समयमें देखिकै सबकोई सुन्दरता सराहते हैं अरु नभते देवतनकेगण फूलबर्षते हैं ( १६० ) सुन्दरी जो चारिउकुँवरि अरु सुन्दर चारौंकुमार सहकहीं कुँवरि कुँवरकिन्तु सहकही राजाते सब एकमण्डपमें राजते हैं जनु जीवके अन्तर्भूत बिषे चारिउअवस्था बिभुकही सामर्थ्य तहां अपने २ पति देवतन संयुक्तबिराजती हैं तहां अवस्थनके अरु तिनके देवता अरु जीव तिन सबके गुण क्रिया स्वरूपकहते हैं तहां जनु पद जो है सो वस्तु उत्प्रेक्षालंकारकोवाचकहै सो सबकहते हैं तहां अवस्था चारिजाग्रत स्वप्नसुषुप्तितुरीय अरु तिनके देवता क्रमते विश्वतैजस प्राज्ञ अन्तर्य्यामीजानब तहां जाग्रत अवस्था चौबिसतत्त्व करिकै है पृथ्वी अप

तेज बायु आकाश ये पांचतत्त्व अरु पांच ज्ञानइन्द्री श्रवण नयन त्वक् रसना नासिका पुनि पांच कर्म्मइन्द्री मुख पाणि पद लिंग गुदा अरु पांच ज्ञानइन्द्रीको बिषय शब्दस्पर्श रूप रस गन्ध पुनि चतुष्टय अन्तष्करण चित्त बुद्धि मन अहंकार यहिचौबीसतत्त्वकरिकै स्थूलशरीर प्रत्यक्षभोग जाग्रत अवस्था विश्वदेवता सत्य गुण तहां जाग्रतअवस्था उर्म्मिलाजी बिश्वरूप लक्ष्मणजी पुनि स्वप्नावस्था सत्रहतत्त्व करिकै पांच ज्ञानइन्द्रीको विषय जो कहिआये श्रवण को बिषयशब्द नेत्रको बिषयरूप त्वक्‌को बिषयस्पर्श जीवको बिषय रसघ्राणको बिषयगन्ध इतिपञ्च पुनि कर्म्मइन्द्रीको बिषय मुखकोबिषय भक्षण हाथकोबिषय ब्यवहार पदकोबिषयगमन लिंगकोबिषय मैथुन मूत्र गुदाकोबिषय बिसर्ग बिसर्गकही मलकोत्याग इतिपञ्च पुनिपञ्च प्राण अपान समान ब्यान उदान इतिपञ्चबायु पुनि मन बुद्धि येते सत्रहतत्त्वकरिकै लिंगशरीर तेहिको सूक्ष्मभोग स्वप्नअवस्था तैजस देवता रजोगुण तहां दिब्यस्वप्न अवस्था श्रुतिकीर्त्ति को जानिये अरु तैजसदेवता शत्रुहनको जानिये पुनि सुषुप्तिअवस्था कही जहां जाग्रतअवस्थाको चौबिसतत्त्व अरु स्वप्नअवस्थाके सत्रहतत्त्व जेहिकालमें सुख बिषे लयहोइजाहिं तहांकारण शरीर अरु आनन्दभोग प्राज्ञ देवता बिमल तमोगुण प्राज्ञकही ज्ञानकेस्वरूपकी प्राप्ति तहां सुषुप्ति अवस्था माण्डवी को जानब अरु प्राज्ञदेवता श्रीभरतजीको जानब पुनि तुरीय अरु कोई मुनीश सुषुप्तिअवस्था को सत्वगुणमय कहते हैं जाग्रतको रजोमय कहते हैं अरु स्वप्नअवस्थाकोतमोमय कहते हैं ताते जो कोई सुषुप्ति अवस्थाको अज्ञानदेशमें कहते हैं उनको स्वरूप भलीबिधि नहीं जानिपरयो है अरु तुरीयावस्थाकही जहांस्थूललिंग कारण तीनिउशरीरको अभाव अरु सुषुप्ति इत्यादिक तीनिउ अवस्थारहितहोइ सहजानन्द बृत्तिहोइ सो तुरीयअवस्था गुणातीत आनन्द बिग्रह ब्रह्मानन्दभोगसो श्रीजानकीजीको जानब अरु तुरीयको दिवता ब्रह्म सर्व्वब्यापक शुद्ध चैतन्य अन्तर्य्यामी रूप राम जो सर्व्वमेंरमिरहेहैंसो श्रीरामचन्द्रको जानब तहां चारिउ अवस्था शुद्ध चारिउ कुँवरि अरु अवस्थन के बिभु कही देवता चारिहु कुँवार अरु जीवस्थाने राजा अरुशरीरस्थाने मण्डप तहां यह कहा कि जनु जीव अरु चारिउ अवस्थाको साम्यता करिकै रहना यह बिरोध भासित होत है काहेते कि कोई मुनियहकहते हैं कि जाग्रत अवस्था सत्वगुणमें है अरु तुरीयावस्था गुणातीत है तहां तीनिउ गुणनमेंभेदहै एकसत्व एकशुद्ध सत्वएकरजःएकशुद्धरजःएकतमःएकशुद्धतमः तैसे इनके देवता जानब तहां श्रीगोसाईं तुलसीदासजीने यहउत्प्रेक्षाकीन्ह कि चारिउ अवस्था अरु तिनके देवता तहां चारिउ कुँवरि अरु चारौंकुँवरनका दृष्टान्तदीन्हहै तहां शुद्धअवस्था शुद्धदेवताजानब काहेते कि जहां जाग्रत अवस्था तहां स्वप्नसुषुप्तिकर बिरोध है अरु जहां स्वप्न अवस्थाहै तहां जाग्रत सुषुप्तिको अभावहै अरु जहां सुषुप्तिहै तहां जाग्रतस्वप्नको अभावहै अरु जहां तुरीयअवस्थाहै तहां तीनिहूंको अभावहै अरु इहां गोसाईं श्रीतुलसीदासनेकहा कि जीवकेअन्तर्ब्भूत चारिउअवस्थासहित देवतन एकहीसंग बिराजते हैं ताते तीनिउअवस्थाको देवतनसंयुक्त इहांशुद्धजानब अरुयहांजीवस्थानेकोईमण्डपको कहतेहैं तहां धर्म के सम्बन्धबिषे बिरोधआवतहै ताते जीवस्थाने दशरथ महाराजकोजानिये काहेते चारिउअवस्था अवस्थनकेदेवता यहिसमयमहँ एकही बेर दशरथमहाराजके बाह्यांतर सुखपूर्वक बिराजते हैं देखिये तौ जाग्रतअवस्थाको स्थूलशरीर अरु तेहिकी क्रिया तनको ब्यवहार अरु अवस्था को देवता विश्व तहां दशरथ महाराज सबक्रिया कर्मकरतेहैं तेहिसमयमेंवेदविधिते ब्यवहार करतेहैं अरु सम्पूर्ण विश्व राजाकी बड़ाई करत है पुनि स्वप्नअवस्था की क्रिया मनको ब्यवहार मनबुद्ध्यादिक सत्रहौंतत्त्वकरिकै अन्तष्करणमें करतेहैं अरु तेहीसमयमें तेजवान् प्रकाशवान् राजा बिराजमानहैं पुनि सुषुप्ति अवस्थाकी क्रियामेंआनन्दकरिकै किसीकर्त्तव्यकी सुधिनहींहै अरु प्राज्ञकही तेहीसमयमें प्राणायाम उत्कर्षकरिकै ज्ञान कही अपने स्वस्वरूपकी प्राप्ति अरु तुरीयावस्थाकी क्रिया निर्विकल्पसमाधि अरु तेहिकर देवता अन्तर्यामी श्रीरामचन्द्र तिनके स्वरूपविषे राजाकेचित्तकी वृत्ति अखण्डलगीहै ताते दशरथमहाराजके वाह्यांतरविषेचारिउअवस्था चारिकुँवरिहैं पुनि चारिउदेवता चारिउकुँवरहैं एकहीबेर

१६१ दो० ॥ मुदितअवधपतिसकलसुतबधुनसमेतनिहारि जनुपायेमहिपालमणिक्रियनसहितफलचारि १६२ चौ०॥ जसरघुबीर

आनन्दपूर्वक राजाकेउरविषे बिराजमान हैं पुनि तत्त्वसारग्रन्थहै तिसकीउक्ति कहते हैं शेषलोक मृत्युलोक स्वर्गलोक तीनिहूंलोकनके कर्मबासना संयुक्त सो स्वप्नावस्थाहै अरु तेहिकोदेवता अष्टांगयोगहै काहेते योगकर्मकोलिहेहै तहां अवस्थारूपी श्रुतिकीर्त्ति सो राजाकेकर्म्म राजाके बासना की कीर्त्ति श्रुतिगावते हैं अरु त्रैलोक्य में पूरिरही है काहेते

राजाकी कर्म्मवासनाको परमदिव्य श्रीरामते सम्बन्धयोगहै पुनि जो कर्म्म करै तेहिके फलकी बासनानहीं सो जाग्रत अवस्था कही अरु तेहिको दवता वैराग्यकही त्याग सो जाग्रतअवस्था उर्म्मिला अरु वैराग्यरूप लक्ष्मण तहांदशरथ महाराज सबनिर्बासिक अरु सर्व्वस्वदान करते हैं सो वैराग्य पुनिसुखबिषे सबलीनहै सो सुषुप्तिअवस्था माण्डवी अरु तेहिको देवता बिवेक लिहेज्ञान सो राजाके आनन्द बिवेकपूर्ण है पुनि जहां दुःखसुख हर्षशोक हानि लाभ समहै अरु ब्रह्मानन्दमें आरूढ़ सो तुरीयअवस्था श्रीजानकीजी अरु तुरीय को देवता विज्ञान स्वरूप सो श्रीरामचन्द्र हैं येतेपरमदिव्य मूर्त्तिमान् अवस्था देवता दशरथ महाराजके अन्तर्ब्भूत एकही बेर एकमण्डपबिषे विराजमान् हैं तहां यहिछन्दके यहिचरणमें अनेकअर्थअनेकभावहैं परन्तु मैंने अपनी मतिकेअनुसारकहा है ( १६१ ) दोहार्थ॥ हे गरुड़ अवधपति सकलसुतन बधुनकोएकहीस्थानबिषे अपनेसमीपदेखिकै अतिमुदितहैं जनुक्रियनसहित चारिउफलएकहीबेर महिपालमणिपावतेभये तहां फलकही अर्थ धर्म काम मोक्ष तहां अर्थ कही द्रब्य रत्न सुबर्णहाथीघोड़े रथपैदर अन्नबस्त्र इत्यादिकनको द्रब्यकही तेहिकी क्रियातप दानते अर्थ सिद्धिहोत है किंतु प्रारब्धके आश्रय पुरुषार्थते सिद्धिहोतहै तहां अर्थ शत्रुहनका जानब काहेते जो शत्रुको नाशकरै तौ अर्थ सिद्धि होय तहां शत्रुहनमें दुइभेद एकअपनेशरीरहीमेंशत्रुहैं कामक्रोध लोभ मोहमद मात्सर्यइत्यादिक जो इनकोनाशकरै तो परमार्थसिद्धिहोइ अरु एक शत्रु बाहरके हैं जीवजीवके जातिनको नाशकरै तौ संसारमें स्वार्थ सिद्धिहोइ ताते परमार्थ स्वार्थ दूनों अर्थरूप शत्रुहन हैं अर्थकीक्रिया तप दान पुरुषार्थ कहे हैं इनको जो निर्वासिक करै तौ परमार्थ मुक्ति सिद्धहोइ अरुजो सवासिककरै तौ मृत्युलोक किंतु स्वर्गलोकमें स्वार्थ कीर्त्ति सिद्धिहोइ तहां निर्वासिक क्रियामें उत्तम कीर्त्ति है अरु सवासिकमें मध्यमकीर्त्ति हैतहां अर्थकीक्रिया श्रुतिकीर्त्तिको जानब निर्वासिक क्रियाकी कीर्त्तिउनको स्वरूप जानब अरु सवासिक क्रियाकी कीर्त्ति उनकी शक्ति जानब अर्थक्रियायुक्तकहेहैं पुनि धर्म कहते हैं धर्मकही सत्यशौच तपदान तहांब्राह्मणनको चारिउ चाही तामें दान सामान्य है अरु क्षत्रीको चारिउ चाहीतेहिमें शौच सामान्य है अरु वैश्यमें तीनि चाही सत्य शौच दान तेहि में शौच सामान्य है अरु शूद्रमें दुइचाही सत्य दान तहां दान सामान्यहै इतिचारिबर्ण पुनि चारिआश्रम कहते हैं ब्रह्मचर्य्य गृहस्थ बाणप्रस्थ संन्यास ब्रह्मचारी को चारिउचाही सत्यशौच तपदान तहां दान सामान्य है अरु गृहस्थको दानविशेष तीनिउ सामान्य हैं अरु जो ब्रह्मचारी बिषे में सोई बाणप्रस्थ बिषेमें अरु संन्यासी बिषेसत्य शौचबिशेष तेहिधर्म बिषेनिर्वासिक सवासिक निर्वासिक मोक्षदाता सवासिक मृत्यु अरु स्वर्गलोकदाता तहां निर्वासिक धर्मकी मूर्त्ति श्रीलक्ष्मणजूको जानिये पुनि धर्मकी क्रिया अपने अपने वर्णाश्रमके कर्म ब्राह्मणके कर्म शमदम शौचशांति आर्जवकही दया ज्ञानविज्ञान इतिनव पुनि क्षत्रीकीक्रिया शूरतेजस्वीधैर्य दक्ष कही शास्त्रादिकनमें प्रवीण अरु युद्धमें अचल अरुदान में उदार इतिषट् पुनि वैश्यकीक्रियाकृषी बाणिज्यकर्म गोरक्षण इतित्रय पुनिशूद्रकीक्रिया तीनिउवर्णकीपरिचार्या इतिएक पुनि आश्रमकीक्रियाब्रह्मचारी बिद्याध्ययन गुरुसेवा भिक्षाभोजन पुनि गृहस्थकीक्रियागृहस्थीकरै जोउत्पन्नकरै तेहिके सत्रहवेंभागमें एकभाग दानकरिकै तुरंग ब्राह्मणकोदेइगृहस्थीकरै पुनि निजयोषितारत पुनि एकएकसीधा पूर्णमासी अमावास्याप्रति देइ पुनि जब रसोई होइ तब भगवत्दर्पण करिकै पंचग्रास देइ गऊ अरु ब्राह्मणको बालक शूद्रको बालक अरु श्वानको अरु पचवां क्षुधितकोई होइ अपनी शक्तिप्रमाण अतिथिकी सेवाकरै इत्यादिक अनेक हैं पुनि बाणप्रस्थकी क्रिया स्त्री संयुक्त बनकोजाइ किंतु अकेलैजाइ तपकरैइन्द्रिनके बिषयको जीतै पुनि संन्यासकी क्रियाविषय ते बैराग्यग्रामके बासकोत्याग भिक्षा भोजन दिनमेंकरै इनसबकी क्रियनमें एक निर्वासिक एक सवासिक स्वर्ग मृत्युलोक निर्वासिक मुक्तहै सो क्रिया उर्मिलाजीको जानिये पुनिकाम कामकही कामना ऋद्धि सिद्धिनकी चाहनासोभरतजीको जानब निर्वासिक आपुहीते सबप्राप्तिहै तेहिकीक्रिया शक्तिन सहित पंचदेवताकी आराधना निर्वासिक सोमांडवीजी को जानिये पुनिअर्थधर्म काम मोक्षकही कैवल्य मूर्त्ति श्रीरामचन्द्र अरु कैवल्यकी क्रिया योग बैराग्य ज्ञान नवधा प्रेमापर भक्तिसो श्रीजानकीजीको जानिये तहांनिर्वासिक अर्थ धर्म काममोक्ष चारिउ कुंवरहैं अरु चारिउफलकी क्रिया

**ब्याहबिधिबरणी सकलकुंवरब्याहेतेहिकरणी १६२ कहिनजातकछुदायजभूरी रहाकनकमणिमंडपपूरी १६३ कंबलबसन विचित्रपटोरे भांतिभांतिबहुमोलनथोरे १६४ गजरथतुरँगदासअरुदासी धेनुअलंकृतकामदुहासी १६५ बस्तुअनेककरियकिमि लेखा कहिनजाइजानहिंजिनदेखा १६६ लोकपालअवलोकिसिहाने लीन्हअवधपतिअतिसुखमाने १६७ दीन्हयाचकनजो**

दिब्य चारिउ कुंवरि हैं तहां देखिये तौ क्रियाफल यकठाईं नहीं सिद्धिहोते हैं तहां दशरथ महाराजके फल अरु फलकी क्रिया तेहिसमय एकहीबार सब प्राप्तिहै ( १६२ ) हे भरद्वाज जेहि बिधिबिधानते श्रीरामचन्द्रको बिवाह बर्णनकीन्ह है तेहि बिधिते तीनिउ कुंवरन को बिवाह दोऊ राजन आनंद पूर्वक कीन्हहै ( १६३ ) तहां जो अतिसमूह दायज जनकजूने दीन्ह है सो कहिबेयोग्यनहीं कनक मणिनते मण्डप परिपूर्ण ह्वैरह्यो है ( १६४ ) तहां कम्बल कही ऊर्णबस्त्र बनात पट्टू दुशाला इत्यादिकअरु खानिखानिके पट्टाम्बर अरु खानिखानिके सूत्रबस्त्र कितनेसाधारण कितने जड़ावनते जटित ऐसे अनेकन अरु कितने भांतिभांतिके जिनकेमोल थोरेनहीं हैं अनन्त हैं कहिबेयोग्य नहीं हैं ( १६५ ) अरु अनेकन गज तुरंग अरु तिनहींके रथ बहुदासदासी अनेक अलंकार संयुक्त श्रीरघुनाथजी अरु श्रीजानकीजीकेहेतु देतेभये अरु अनेक धेनुकही अति दुग्धवती सवत्साकामधेनुके सदृश सदाफलदात्री ऐसी धेनु श्रीराजाजनकजूश्रीराजाधिराज दशरथमहाराजको देतेभये ( १६६ ) हे भरद्वाज राजाजनक

अनेकवस्त्र दायजमें दीन्ह सो कहांताईं लेखाकरिये वह तो अकथनीयहैतेहिसमयबिषे जिनदेखाहोइ सो जानहि तौ जानहि ( १६७ ) सो बिभूति देखिकै लोकपाल सिहाते हैं सो सब पदार्त्थ अति सुखमानिकै दशरथमहाराज लेतेभये ( १६८ ) तहां सो सब सरञ्जाम राजादशरथ याचकन को मनबांछित देतेभये जो उबर्‌यो सो जनवासेको जातभयो ( १६९ ) तब राजा जनक सम्पूर्ण बरातका सन्मान करिकै कर जोरिकै बोलते भये ( १७० ) छन्दार्त्थ॥ सम्पूर्ण आदरदान अरु मान बिनयपूर्वक बड़ाईते यथायोग्य सम्पूर्ण बरातिनको सन्मानकरिकै परमआनन्दते सम्पूर्ण मुनीश्वरनको बन्दतभये अतिप्रेमते सबकीपूजाकीनि है ( १७१ ) पुनि जोदेवता ब्राह्मणको रूपकिहे मण्डपबिषे श्रीरघुनाथजीके बिवाह देखिबे को आये हैं ब्रह्मा शिव भगवान् अरु दशौंदिग्पाल आदिक तिन सबनको सर्व्वज्ञराजा जनकजी करजोरिकै शीशनवाइकै बिनयकरते हैं हे देव मैं तु-

**जेहिभावा उबरासोजनवासहिआवा १६८ तबकरजोरिजनकमृदुबानी बोलेसबबरातसनमानी १६९ छं०॥ सनमानिसकलबरात आदरदानबिनयबड़ाइकै प्रमुदितमहामुनिवृंदबन्देपूजिप्रेमलगाइकै १७० शिरनाइदेवमनाइसबसनकहतकरसम्पुटकिये सुरसाधु चाहतभावसिन्धुकितोषजलअंजुलिदिये १७१ करजोरिजनकबहोरिबन्धुनसहितकोशलरायसों बोलेमनोहरबैनसानिसनेहशीलसुभायसों १७२ सनबन्धराजनरावरे हमबड़े अबसबबिधिभये येराजसाजसमेतसेवकजानवीबिनुगथलये १७३ येदारिकापरचा-**

म्हारो सन्मान अरु आदर केहि प्रकारते करौं क्योंकि जो समुद्र को एकअञ्जुलिदीजिये तौ समुद्रको क्या सन्तोषहोतहै तैसेही आपके सन्मान योग्य मैं नहींहौं पर मोको यतनाबोधहै कि आप भावग्राहकहौ ( १७२ ) पुनि बहोरि कर जोरिकै राजाकुशध्वज बन्धुसहित कोशलरायसों बिनय करते हैं तब जनकजू प्रेमतेभरे शील सुभावते सानिकै मनोहर ( १७३ ) मधुर बचन बोलतभये हे महाराज आपके सम्बन्धभयेते अब हमसबप्रकारते बड़ाईको प्राप्तिभये हेमहाराज यह जो मेरोराज्यसमाजहै उससहित समस्तपरिवारसमेत मोकोअपनोसेवक बिनामोलकोजानिये ( १७४ ) हे महाराज ये जो मेरी चारिउ दारिका कहीकन्याहैं तिनको परिचारिकाकही टहलुई जानिकै इनको प्रतिपाल करब काहेते आपु कि सहित पुत्रन करुणामयहौ आपुकी बिनयकरतहौं कि मैंने आपको बोलाइभेजाहै यहबहुत ढिठाईकीन्हहै मेरो सेवककोधर्म्म तो यहहै कि कन्यनको लैकै च लिकै श्रीअवधमहँ बिवाहकरि आवत्यों ताते अब इहां बोलाइबे को अपराध क्षमाकरब क्योंकि आपु करुणामयहौ ( १७५ ) तब भानुकुल के भूषण दशरथमहाराज

जनकजीकेबचननकीरचनाते अतिसन्मान बड़ाईआदर समधीको करतेभये तहां हे भरद्वाज द्वौ महाराज भक्तराजानकी बिनयप्रीति परस्पर नहीं कही जाती है प्रेमते पुलक अति पूर्णहोइरहे हैं ( १७६ ) तब वृन्दारका कही देवतनकेगण द्वौराजनकी बड़ाई करिकै फूल बर्षते हैं यहिप्रकारते राजादशरथ महाराज बिदाह्वैकै जनवासेको चलतभये तब नभ अरु नगरमें दुन्दुभीवजी हैं जयध्वनिहोती हैं द्वौदिशि आनन्दकोकुतूहल भरिरह्यउ है ( १७७ ) तब त्यहि अवसरबिषे मुनीशकीआयसुपाइकै मंगलगान करतसन्ते दूलह दुलहिनिनको अवलोकन च-

रिकाकरिपालवीकरुणामई अपराधक्षमिवोबोलिपठयेबहुतहौंढीढीदई १७४ पुनिभानुकुलभूषणसकलसनमानबिधिसमधी कियो कहिजातनहिंबिनतीपरस्परप्रेमपरिपूरणहियो १७५ वृन्दारकागणसुमनवरषहिंराउजनवासहिचले धुनिदुन्दुभीअरुवेदधुनिनभनगरकौतूहलभले १७६ तबसखीमंगलगानकरतमुनीशआयसुपाइकै दूलहदुलहिनिनसहितसुंदरि चलींकोहवरल्याइकै १७७ दो०॥ पुनिपुनिरामहिंचितवसिय-सकुचतिमनसकुचैन हरतमनोहरमीनछविप्रेमपियासेनैन १७८ चौ०॥ श्यामशरीरसुभायसुहावन शोभाकोटिमनोजलजावन १७९ जावकयुतपदकमलसुहाये मुनिमनमधुपरहतजहँछाये १८० पीतपुनीतमनोहरधोती हरतबालरविदामिनजोती १८१ कलकिंकिणिकटिसूत्रमनोहर बाहुबिशालबिभूषणसुंदर १८२ पीतजनेउमहाछविदेई

लीजाती हैं सखी कोहवरको लिवाइचलीं हैं ( १७८ ) दोहार्त्थ॥ कोहवरको दुलहिनि दुलहा चलतसन्ते श्रीजानकीजी श्रीरघुनाथजीपर मनमें संकोचसहित तेहि संकोचमहँ आनन्द होतजात है किन्तु मनसकुचतहैअरु नहीं सकुचत अरु मनमें चैनहै इहां मुग्धानायकाकै अवस्थाकही है तहां श्रीरघुनाथजी को रूप शृंगार सागर तेहि बिषे श्रीजानकीजीके नयन मनोहर मीनह्वैकै कल्लोलकरते हैं काहेते प्रेमके पियासे हैं ( १७९ ) कैसो श्रीरघुनाथजी को रूप है श्याम मयूर के कण्ठ इव सुभाये अति शोभित हैं कैसी शोभा है कोटिन कामके लजावनि हारि है ( १८० ) जावक कही महावर संयुक्त पद कमल अति शोभित जहां मुनिनके मन भँवर ह्वैकै छाइ रहे हैं ( १८१ ) अरु पीत अति पुनीत मनकी हरन हारी कटि में धोती पहिरे हैं कैसी धोती है बाल सूर्य्य अरु दामिनीकी ज्योति को हरती है ( १८२ ) कटि बिषे किंकिणी अरु करधनी वह मुनिनके मनको हरते हैं अरु भुजबिशाल तेहिंबिषे अतिसुन्दर बिभूषणपहिरेहैं ( १८३ ) अरु पीतयज्ञोपबीत महाछबिकोदेतहै जनु नीलघनपर बिजुलीकी रेखा थिरह्वैरहीहै अरु करबिषे मुद्रिकाहै सो चित्तकी वृत्तिकोचोरावतीहै ( १८४ ) ब्याहकरसाज रसबसाजे अतिशोभितहैं अरु उरआयतहै उरके भूषण अतिशोभितहैं ( १८५ ) अरु पतिउपरना कांधा सोतीडारेहैंतेहिकेदूनों अचरणमें मोती अरु मणिनकी कनीलगी हैं ( १८६ ) अरु नीलकमल कछु अरुण श्वेत लिहे ऐसे नयन हैं अरु श्रवण बिषे प्रकाशमयगोल मणिनकी कणिनते जटित कुण्डलहैं अरु छोटेछोटे मोती लगे

करमुद्रिकाचोरिचितलेई १८३ सोहतब्याहसाजसबसाजे उरआयतउरभूषणराजे १८४ पीतउपरनाकांषासोती दुहुअचरान लगेमणिमोती १८५ नयनकमलकलकुण्डलकाना बदनसकलसौन्दर्यनिधाना १८६ सुन्दरभृकुटिमनोहरनासा भालतिलकशुचिरुचिरनिवासा १८७ सोहतमौरमनोहरमाथे मंगलमयमुक्तामणिगाथे १८८ छं० ॥ गाथेमहामणिमौरमंजुलअंगसबचितचोरहीं पुरनारिसुरसुन्दरीबरणबिलोकिसबतृणतोरहीं १८९ मणिबसनभूषणवारिआरतिकरहिंमंगलगावहीं सुरसुमनबरषहिं सूतमागधबन्दिसुयशसुनावहीं १९० कोहबरहिआनेकुंवरकुंवरिसुआसिनिनसुखपाइकै अतिप्रीतिलौकिकरीतिलागींकरनमंग-

है सो कुण्डल अतिशोभितहैं जनु पूर्णचन्द्रके दूनौदिशि मैननाचिनाचिअमृतपान करत है अरु वदनसकल सुन्दरता का निधानकही स्थान है ( १८७ ) अरु भृकुटी अति सुन्दरि मयनके धनुषकी छबिकोहरती हैं अरुमनोहर नासिकाहै अरु भालमें जो तिलक है सो रुचिराईको निवासहे ( १८८ ) अतिसुन्दर शीशपर मनोहर मौरसोहतहै अतिजगमगाय रह्योहैजेहिमें मङ्गलमय मणिमुक्ता गुथेहैं ( १८९ ) छन्दार्थ॥ महामणिकही रंगरंगके अमोल चिन्तामणि मौरबिषेगुथेहैं मंजुलकही निर्मल अंगअंगकीछबि सबकेचित्त चोरावते हैं पुरकीस्त्री अरु देवतनकी सुन्दरीजे हैं ते सबदूलह दुलहिनिनिकी सुन्दरताको देखिकै तिनुका तोड़ती हैं जातेदृष्टिनहींलगै किंतु तृणकही लाज सो गुरुजननकी लाजतोरिकै दुलहनको देखती हैं ( १९० ) मणि अरु मणिन के भूषण अरु वस्त्र इत्यादिक अनेकन निवछावरि करिकै मंगल के गीतगावती हैं अरु देवता फूल बर्षते हैं अरु सूतमागध बन्दीजन ये सब उत्तमयशको गावतेअरुसुनावतेहैं ( १९१ ) सुआसिनीजोहैं सो सुखपाइकै दुलहिनि दुलहाको कोहबरको ल्यावती भई अतिप्रीतिते लोककीरीति सुआसिनी करतीं अरु करावतीं हैं ( १९२ ) हे भरद्वाज लहकौरिकेमंगल मंगलसमयबिषे पार्वतीजी श्रीरामचन्द्रको सिखावती हैं हे रघुनन्दन जनकनन्दनीजी को दधि मिश्री मिश्रित लहकौरि अपने हाथसों खवावहु तहां श्रीरघुनाथजी मुसुकाइ अरु सकुचाइकै करनहीं उठावते तब पार्वती अपने करसों श्रीरघुनाथजीको दक्षिणकरधरिकै जानकीजी के मुखचन्द्रबिषे खवावती हैं जनु सर्प अपनी मणिनको प्रकटकिहे शशिकेमध्यमें अमृतरसको ग्रहण करतहै अरु अपनी मणिदेत है ऐसही तीनिबारकर मुखशोभा पावते हैं पुनि यहीरीति ते शारदा जनकनन्दनीको सिखावती हैं कि रघुनन्दनको लहकौरिखिआवो तब जानकीजी अपनो जूठजानिकै अतिसंकोचितहोती हैं करनहीं उठावती हैं तब शारदा अपनेकरते जानकीजीको करधरिकै रघुनन्दनजीको मधुपर्क्क खिआवती हैं जनु फूलीकनककीबल्ली तमालतरुके

लगाइकै १९२ लहकौरिगौरिसिखावरामहिसीयसनशारदकहैं रनिवासहासबिलासरसवशजन्मकोफलसबलहैं १९३ निजपाणि मणिमहँदेखिप्रतिमूरतिस्वरूपनिधानकी चालतिनभुजवल्लीबिलोकतिबिरहबशभइजानकी १९४ कौतुकबिनोदप्रमोदप्रेमनजाइ

फलको चुम्बन करतिहैं तहां यह समयकी उपमा अनूप है कबिनकेमनमहँ नहींसमातीहै तेहिमंगलसमयबिषे रनिवास अनेकन हास्यरस बिलासकरती हैं अरु हास्यरस संयुक्त यह कहतीहैं कि हे रघुनन्दन यह लहकौरिखाहु ऐसो स्वादतुमको कबहूंनहीं प्राप्तिहोइगो यद्यपिरानी कौशल्या केकयी सुमित्राजीके तुमअतिप्रिय हौ तदपि हमारी लरिकनी जनकनन्दनीजीकीजूठनि अतिदुर्लभहै हे लालजी प्रतिसेखाहु तहां यह बिलास को बचनसुनिसुनि श्रीरघुनाथजी बारबार मुसुकातेहैं ( १९३ ) पुनि बहोरिशारदाकरिकै जानकीजीकेकर रघुनाथजीके खवाइबेहेतु मधुपर्क्कलेबे को थारमें प्राप्तिभये तहां करबिषे मणिमय अँगुलिनमें आरसी तेहिबिषेपति जो रघुनन्दन शोभास्वरूपके निधान तिनकर प्रतिबिम्ब आरसीमहँ जानकीजीदेखिकै मग्न होइगई अरु जानकीजीकेमनमेंकछुयहहै कि शारदाजीहमारीभुजकोकदाचित्उठावैंनहीं तहांभुजनकीबल्ली जो अँगुरीहैं सो चलतीनहीं थिरह्वैरहीं हैं काहेते नगमें श्रीरामचन्द्रजी को स्वरूप देखिकैबिरहके वशभई तब श्रीरघुनन्दन जानकीजीकी दशा देखिकै आपौ मग्न होइगये तैसही सब रनिवास समाजसंयुक्त बिदेहदशाको प्राप्तभया तहांतेहिसमयको सुखबिलास सत्कबिनको अगोचर है ( १९४ ) तेहिसमयबिषे बिनोदकही हर्षयुतविलास परस्पर प्रमोदकही आनन्दकर कौतुककही आश्चर्य्यकर्तव्य प्रेमसंयुक्त सो किसूके कहबेयोग्यनहींहै सङ्गकीसखी जानतीहैं तेसब सखी आनन्दपूर्बक मङ्गलगानकरत चारिउसुन्दरि दूलहदुलहिनि तिनको जनवासेको लेवाइचलीं हैं ( १९५ ) तेहिसमयबिषे आशीर्बाद अरु जयजयकारध्वनि नगर अरु नभमेंपरिपूर्णह्वैरहीहै तहां सुरमुनि यहआशीर्बाददेतभये कि सुन्दर जो चारोंजोरीहैं सोसदाचिरञ्जीवरहैं ( १९६ ) योगीन्द्र सिद्धमुनीशदेवता ये सब श्रीरामचन्द्रजीको देखिकै दुन्दुभीबजावतेभये तब देवतासिद्धइत्यादिकहर्षितहै फूलबर्षिकै जयजय-

कहिजानहिंअली बरकुंवरिसुंदरिसकलसखील्यवाइजनवासहिचली १९५ तेहिसमयसुनियअशीषजहँतहँ नगरनभआनँदमहा चिरजीवजोरीचारुचारौमुदितमनसबहीकहा १९६ योगीन्द्रसिद्धमुनीशदेवबिलोकिप्रभुदुन्दुभिहनी चलेहरषिबरषिप्रसूननिज निजलोकजयजय-जयभनी १९७ दो०॥ सहितबधूटिनकुवँरसबतबआयेपितुपास शोभामंगलमोदभरिजनुउमग्यउजनवास १९८

चौ० ॥ पुनिजेवनारभईयहिभांती पठयेजनकबोलाइबराती १ परतपांवड़ेबसनअनूपा सुतनसमेतगवनकियोभूपा २ सादरसब

कारकरत अपने अपने लोकनको जातेभये ( १९७ ) दोहार्थ॥ तब चारिउ कुमारिन संयुक्त चारिउकुमार श्रीदशरथ महाराजके पासआये तहां चारिउभाई शोभा अरु रूपकेपूर्णचन्द्र तिनको आवतदेखिकै सम्पूर्णजनवास उठतभयो मानों मङ्गलमोदको समुद्रउमग्योहै ( १९८ ) ॥ इतिश्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषविध्वंसने बालकाण्डे श्रीसीताराम बिवाहउत्सव त्रैलोक्यमङ्गल वर्णनन्नामचतुःपञ्चाशत्तरङ्गः ५४॥ :: :: :: :: :: ::

दो०॥ पञ्चपचासतरङ्गमें भोबिवाहसुखकन्द रामचरणलीलाकरहिंपलपलहोतअनन्द ५५ तहां दुलहिनि दुलहा जनवासेकोगये जाइकै लोक वेदकी रीति करिकै बरबासमें राखिकै सखी जो हैं सो दुलहिनिनि को मण्डपमें लेवाइगईं तब अनेकप्रकारकी जेवनारभई तब जनक महाराजको बोलाइपठयो ( १ ) अनूप अनूप जे बस्त्र हैं ते पांवड़े कही राहमें परत तिनपर पुत्रनसहित राजादशरथ चलत भये ( २ ) तब आदर पूर्व्वक जनक सबकर पांव धोवतभये अरु यथोचित सबके बैठिबे को देतभये ( ३ ) तब जनक दशरथ महाराज कर पांव धोवतभये तिन जनक कर शील औ स्नेह बर्ण्यो नहीं जातहै ( ४ ) तब श्रीरामचन्द्रके चरणकमल धोवतभये कैसे रामचन्द्रके चरणकमल हैं जिन्हैं महादेव अपने हृदयकमल महँ जैसे रंक धन को छिपावत है तैसेही छिपाये हैं ( ५ ) तब राजाजनक बिवेकसागर ते तीनिहूं भाइन के श्रीराम सम जानिकै अपने हाथ ते पादप्रक्षालन करते हैं ( ६ ) अरु उचित आसन सबको देतभये पुनि सूपकारीकही रसोईके करनहारनको राजाजनकने बोलाइलियो ( ७ ) तहां आदरपूर्बक पनवारे परनेलगे सो हरित मणिनके पत्रहैं अरु सुवर्णकी कीलैं लगीहैं ऐसे पनवारेहैं ( ८ ) दोहार्थ॥ सूप कही पहिती ओदनकही भात सर्पिकही सुरभीका घृत सो अतिसुन्दरकहीनिर्मल पुनीतकही सर्बकालमें शुद्धसुभग है तेहिकी सुआरकही रसोईको

केपांयपखारे यथायोग्यपीढ़नबैठारे ३ धोयेजनकअवधपतिचरणा शीलसनेहजाइनहिंबरणा ४ बहुरिरामपदपंकजधोये जेहर हृदयकमलमहँगोये ५ तीनिउभाइरामसमजानी धोयेजनकचरणनिजपानी ६ आसनउचितसबहिंनृपदीन्हें बोलिसूपकारीसबलीन्हें ७ सादरपरनलगेपनवारे कनककीलमणिपरणसवाँरे ८ दो० ॥ सूपौदनसुरभीसरपिसुंदरस्वादुपुनीत क्षणमहँसबकेपरसिगे चतुरसुआरबिनीत ९ चौ०॥ पंचकवरकरिजेवनलागे गारिगानसुनिअतिअनुरागे १० भांतिअनेकपरेपकवाने सुधासरिस नहिंजाहिंबखाने ११ परसनलागसुआरसुजाना ब्यंजनबिबिधनामकोजाना १२ चारिभांतिभोजनबिधिगाई एकएकबिधिवर

कर्त्ता सबके पनवारन पर क्षणमात्रमें पारुसकरतेभये काहेते सुआर अनेकनहैं अरु अतिचतुरहैं ( ९ ) तब पञ्चकौरकही पञ्चबलिभाग करिकै जेवनलगे तहां स्त्रीगानबिषे गारीदेतीहैं सो सुनिमुनि राजाआदिक बरातिन के अति अनुराग होतभयो ( १० ) तहां अनेकभांतिके पकवान अरु भांतिभांतिकी मिठाई जिनके स्वाद सुधाते सरस बखानिबेयोग्य नाहींइनसबनकी पारुसहोतिहै ( ११ ) तहां अनेक सुआरकही रसोईकेकर्त्ता ते अनेकपारुस करते हैं तहां अनेकव्यंजन तेहिकेनाम कोजानिसकै ( १२ ) तहां

चारिप्रकारके भोजनवेदगाते हैं एकतेएकअधिकसुन्दर जिनकास्वाद बर्णा नहींजाय चारिप्रकारका भोजन भक्ष्यभोज्य लेह्य चोख्य भक्ष्यकहीबुँदिया इत्यादिक जो चाबनेमें आवै अरु भोज्यकही पूरीमिठाई दालि भात इत्यादिक अरु लेह्यकही मोहनभोग इत्यादिक अरु चोख्यकहीजो चुहुकिकै खाबेमेंआवै कोई डार की तरकारी इत्यादिक ( १३ ) पुनि छः रसकही खट्टा मिट्ठा चरपरा कटु षार कषाय तहां खट्टा कही खटाई इत्यादिक मीठाकही मिठाई बृध शर्बत मेवा इत्यादिक चरपराकही मिर्च सोंठि इत्यादिक अरु कटु मिरचा इत्यादिक अरु षार कही लोन इत्यादिक अरु कषाय कही बाकस अवँरा हर्राकोअचार इत्यादिक तहां छः रस बिषे हरएकजातिके अनेकभेद हैं अति पुनीत अनेक ब्यञ्जननकी पारुसहोतिहै ( १४ ) तहां बरातिनको जेवतसन्ते अनेकनस्त्री स्त्री पुरुषके नाम लैलै ब्यंग्यसंयुक्त जहांजसचाही मधुरधुनिसे गारीदेती हैं ( १५ ) सखिनके मुखनकी बिवाहके समयकी गारीसुनिसुनि बरातिनको अति आनन्द

णिनजाई १३ छरसरुचिरब्यंजनबहुजाती एकएकरसअगणितभांती १४ जेंवतदेहिंमधुरध्वनिगारी लैलैनामपुरुषअरुनारी १५ समयसुहावनगारिबिराजा हँसतराउसुनिसहितसमाजा १६ यहिबिधिसबहीं भोजनकीन्हा आदरसहितआचमनलीन्हा १७ दो०॥ देइपानपूजेजनकदशरथसहितसमाज जनवासेगमनेमुदितसकलभूपशिरताज १८ चौ०॥ नितनूतनमंगलपुरमाहीं निमिषसरस दिनयामिनिजाहीं १९ बड़ेभोरभूपतिमणिजागे याचकगुणगणगावनलागे २० देखिकुंवरसबबधुनसमेता किमिकहिजातमोदमनजेता २१ प्रातक्रियाकरिगेगुरुपाहीं महाप्रमोदप्रेममनमाहीं २२ करिप्रणामपूजाकरजोरी बोलेगिराअमीजनुबोरी २३ तुम्हरी

होतहै ( १६ ) तहां यहिप्रकारते राजा समाज समेत आनन्द पूर्व्वक भोजन करतभये पुनि राजाजनक के आदरपूर्व्वक आचमन कही बरातिन प्रति टहलू हाथ बिधिबिधानते धोवावतभये ( १७ ) दोहार्त्थ॥ तब राजाजनकजू अपनेहाथ पुत्रन अरु समाजसहित राजादशरथादि सबनकोआदरते सुगन्धमिश्रितपान देतेभये बिधिबिधानते सन्मानकरिकै बरात जनवासेकोगई ( १८ ) हे गरुड़ यहीबिधिते नित्य नवीनमङ्गल पुरबिषेहोत है परमानन्दमें बराती अरु पुरवासिनको रातिदिन निमिषसमजातेहैं ( १९ ) तहां बड़ेभोरही राजनकेमणि राजादशरथमहाराज जागतेभये तब अनेक याचक राजाके श्रीरामसम्बन्ध परमदिब्य गुणनकेगण गावते हैं ( २० ) ऐसेही दिन प्रति चारिउ पुत्रनको बधुनसमेत देखते हैं सो आनन्द कहा नहींजाय ( २१ ) तब राजा स्नानादिक प्रातःक्रियाकरिकै महाआनन्दभरेबशिष्ठजीके समीप जातभये ( २२ ) तहां गुरुनकी पूजाकरिकै प्रणाम कही साष्टांग दण्डवत्कीन्ह पुनि करजोरिकै सुन्दरवचन बोलतेभये ( २३ ) राजाबोले हे महामुनीश तुम्हारीकृपाते मेरी सम्पूर्ण कामना पूर्ण भई ( २४ ) ताते हे गोसाईं अब समस्त बिप्रनको बोलाइकै सबत्सा दुग्धकरिकैपूर्णगौवनको नख शिख हेममणि पट्टाम्बरनते शृंगारकराइ मुनीशनको देहु यद्यपि मुनि अचाही है तदपि मेरोभाव राखहिंगे ( २५ ) यह सुनिकै बशिष्ठजी राजाकै बड़ाईकरतभये धन्यराजन् ऐसैचाहिये ( २६ ) दोहार्त्थ॥ बशिष्ठके बोलायेते मुनि आवते भये बामदेव और देवर्षि नारदादिक अरु बाल्मीकि अरु याज्ञवल्क्य तहां कौशिकादिक अनेकनमुनि तपके सालि कही स्थान हैं ते सब आवतेभये ( २७ ) तब मुनिनको राजादशरथ अच्छेभावते दण्डप्रणामकीन्ह पुनि सब मुनीश्वरनको भावप्रीतिते पूजिकै बर

कृपासुनहुमुनिराजा भयोआजुममपूरणकाजा २४ अबसबविप्रबोलाइगोसाईं देहुधेनुसबभांतिसुहाई २५ सुनिगुरुकरिकमहिपाल बड़ाई पुनिपठयेमुनिवृन्दबोलाई २६ दो०॥ बामदेवअरुदेवऋषिबालमीकिजाबालि आयेमुनिवरनिकरतब कौशिकादितपशालि २७ चौ० ॥ दण्डप्रणामसबहिनृपकीन्हा पूजिसप्रेमबरासनदीन्हा २८ चारिलक्षवरधेनुमँगाई कामसुरभिसमशीलसोहाई २९ सबबिधिसकलअलंकृतकीन्हे

मुदितमहीपऋषिनकहँदीन्हे ३० करतबिनयबहुबिधिनरनाहू लह्यउँआजुजगजीवनलाहू ३१ पाइअशीषमहीशअनन्दे लियेबोलिपुनियाचकवृन्दे ३२ कनकबसनमणिहयगजस्यन्दन दियेबूझिरुचिरविकुलनन्दन ३३ चले

कहीं श्रेष्ठ आसन देतभये ( २८ ) तव राजादशरथने चारिलक्ष सबत्साधेनुमँगाये नित्ययुवा सबप्रकारते शीलसुन्दरि गुण कामधेनुके समान ( २९ ) सब बिधि बिधानते पट्ट सुवर्ण अनेकन रत्नादिकनते अलंकृत करिकै मुदित अति हर्षसमेत ऋषिनकहँ देतभये तहां ऋषि तौ बिरक्तहैं तिन्होंने गौवनको क्योंलिया तहां श्रीरामचन्द्रके बिवाहकेउत्सवको प्रसादजानिकैर्लीन्ह ( ३० ) तब नरनाह मुनिनते अनेकविनयकरतभये कि आजुमैंधन्य अपने जीवनकेफलकोप्राप्तभयउँ ( ३१ ) तब सबमुनिनआशीर्वाददीन्ह किएसैआनन्दतुमकोसर्वकालमें बनारहै यह आशीर्वादसुनिकैराजाकोआनंद भयो तब मुनिबशिष्ठजीने वृंदकेवृंदयाचकनकहँ बोलायलीन्ह ( ३२ ) तबबशिष्ठजीने राजादशरथकोआज्ञादीन्ह कि इनको मनवांछितदानदेहु तव रघुकुलनन्दन दशरथ महाराज कनकबसन मणि घोड़े हाथी रथ अनेकनमनवाञ्छित सबको देतेभये ( ३३ ) ते सबयाचक अनेक अलंकार पहिरे वाहननपर चढ़े आशीर्वाददेत अरु दिनकरकुलनाथ की जयजयकार करतचले ( ३४ ) यहिप्रकार को श्रीरामचन्द्रके बिवाहकोउत्साह जो कोटिन शेष कोटिनमुख करिकै बर्णा चाहैं तौ नहींवर्णिसकैं ( ३५ ) दोहार्थ॥ तहां बारबार राजादशरथ कौशिकमुनि के पदकमलमें माथ नवावते हैं अरु करजोरिकै यह कहते हैं कि यह परमसुख अतिशय सर्वकोदुर्लभ सोआपके कृपाकटाक्षते लाभभयो ( ३६ ) जनककर शील अरु स्नेह करतूति अरु बिभूति राजादशरथ को अपनी समाजमहँ सबराति सराहतबीततिभई काहेते जनकके योगबलते शील स्नेह अरु श्रीजानकीजीकी प्रेरणाते ऋद्धि सिद्धिन करिकै करतूति अरु बिभूतिसराहते हैं ( ३७ ) जब भोरभयोप्रात:क्रियाकरिकै ब्राह्मणनकर सन्मानकरि वशिष्ठको पठैकै दशरथमहा-

पढ़तगावतगुणगाथा जयजयजयदिनकरकुलनाथा ३४ यहिबिधिरामबिवाहउछाहू सकैनबरणिसहसमुखजाहू ३५ दो०॥ बारबारकौशिकचरणशीशनाइकहराउ यहसबसुखमुनिराजतवकृपाकटाक्षप्रभाउ ३६ चौ० ॥ जनकसनेहशीलकरतूती नृपसब रातिसराहबिभूती ३७ दिनउठिबिदाअवधपतिमाँगा राखहिंजनकसहितअनुरागा ३८ नितनूतनआदरअधिकाई दिनप्रतिसहस भांतिपहुनाई ३९ नितनवनगरअनंदउछाहू दशरथगवनसुहाहिनकाहू ४० बहुतदिवसबीतेयहिभांती जनुसनेहरजुबँधेबराती ४१ कौशिकसतानन्दतबजाई कहेउबिदेहनृपहिसमुझाई ४२ अबदशरथकहँआयसुदेहू यद्यपिछाँड़िनसकहुसनेहू ४३ भलेहिनाथ कहिसचिवबोलाये कहिजयजीवशीशतिननाये ४४ दो०॥ अवधनाथचाहतचलनभीतरकरहुजनाउ भयेप्रेमवशसचिवसुनिवि

राज बिदामांगते भये तब जनकजी अतिअनुरागते बारबार राखतेहैं ( ३८ ) नित्यनवीन आदर अधिकातजातहै दिनप्रति हजार हजार कीआधिक्यता पहुनाई होति है ( ३९ ) नगर विषे नित्यनवीन उत्साह होतहै दशरथमहाराज को बिदाहोन काहूको नहींसोहातहै ( ४० ) यहिभांतिते बहुत दिन बीते मानहुं स्नेहरूपी रसरीमें सबबँधिरहे हैं ( ४१ ) तव कौशिकअरु सतानन्द जाइकै बिदेहते समुझाइकै कहतभये ( ४२ ) हे राजन् अब दशरथमहाराजको आयसुदेहु यद्यपि तुम स्नेह नहीं छांड़िसकतेहौ तदपिअब ऐसै उचितहै ( ४३ ) तब जनकजीने कहा कि हे नाथ आपुकीआज्ञा माथेपरहै तब विश्वामित्र अपनीसमाजको आये अरु जनकजी मंत्रिनको बोलावतेभये तव तिन जयजीवकही चिरंजीवि अरु आपु सर्वजीवन के जयकर्त्ता हहु यहकहिकै राजाको माथनवावतेभये ( ४४ ) दोहार्थ॥ तबमंत्रिनको जनकजी आज्ञादीन्ह कि महाराज श्रीदशरथजी बिदाभाचाहते हैं ताते तुम महलनमें जनाइदेहु अरु सबसरंजामकी तैयारी करहु यहसुनिकै सबमंत्री अरु विप्रनसहित राजा प्रेमतेबिकलभये ( ४५ ) तहांपुरवासी बरातकर चलब सुनिकै बिह्वलह्वैकै

बूझते हैं परस्पर बातैं कहतेहैं ( ४६ ) कि निश्चय सुनाहै कि बरात बिदाहोति है ते सब अतिबिलखाने कही शोचकोप्राप्त होतेभये मानहुं सन्ध्यासमयविषे कमल सकुचाइरह्योहै ( ४७ ) पुनि जहां बरातीआवते कै बसेहैं तहां तहां जनकजी सीधा अरु अनेकप्रकारके सरंजाम पठवतेभये ( ४८ ) तहां बिविधभांति के मेवा अनेकपक्वान्न भोजनकर साजबखानिबे योग्यनहींहै ( ४९ ) तहां अनेकगाड़ी

प्रसभासदराउ ४५ चौ० ॥ पुरबासिनसुनिचलीबराता बूझतबिकलपरस्परबाता ४६ सत्यगवनसुनिसबबिलखाने मनहुंसांझि सरसिजसकुचाने ४७ जहँजहँआवतबसेबराती तहँतहँसीधचलेबहुभांती ४८ बिबिधभांतिमेवापकवाना भोजनसाजनजाइबखाना ४९ भरिभरिबसहकहारअपारा पठयेजनकअनेकसुआरा ५० तुरगलाखरथसहसपचीशा सकलसवाँरेनखअरुशीशा ५१ मत्तसहसदशसिंधुरसाजे जिनहिंदेखिदिशिकुंजरलाजे ५२ कनकबसनमणिभरिभरिजाना महिषीधेनुबस्तुबिधिनाना ५३ दो० ॥ दायजअमितनजायकहिदीन्हबिदेहबहोरि जोअवलोकतलोकपतिलोकसम्पदाथोरि ५४ चौ०॥ सबसमाजयहिभांतिबनाई जनकअवधपुरदीन्हपठाई ५५ चलिहिबरातसुनतसबरानीबिकलमीनगणजिमिलघुपानी ५६ पुनिपुनिसीयगोदकरिलेहीं

बैल कहार भरिभरिचले अरु अनेकसुआरचले तहां लक्षतुरंग अरु पचीसहजाररथ ( ५० ) तेसम्पूर्ण नखशिखलौं कंचनमणिनतेसवाँरे हैं जिनहिं देखिकै सूर्य्यकेघोड़े अरु देवतनकेबिमान लज्जितहोते हैं ( ५१ ) अरु दशहजार हाथीसाजे जे नखशिखलौं सुवर्ण मणिके शृंगारते सजे हैं जिनके आगे दिशनकेकुञ्जर लज्जितहोते हैं ( ५२ ) अरु सुवर्णके जरावनके अनेकबस्त्र अरु अनेक खानिखानिकीमणि ये सब गाड़िनमें भरिभरि पठावते भये अरु अनेक महिषी अरु अनेक गऊ ऐसही अनेक बस्तु पठावतेभये ( ५३ ) दोहार्त्थ॥ हे भरद्वाज बहोरिकै जनक जो दायजदीन्ह सो कहा नहींजाइ जेहिके अवलोकतसन्ते लोकपतिनको अपनी सम्पदा लघुलागतीहै ( ५४ ) यहिप्रकारते सबसमाज जनकजीने बनाइकै श्रीअयोध्याजी को पठवाइदीन्ह ( ५५ ) रानिनसुना कि अब बरात चलिहि यहसुनिकैसब बिकलभई जैसे थोरेजलमें मीननकेगण बिकलहोइजात हैं ( ५६ ) पुनि पुनि श्रीजानकीजीको अरु तीनिहुं कुंवरिनको गोदमेंलैकै आशीर्वाददैकै सिखापन देतभई ( ५७ ) यहआशीर्वाद देतभई कि सन्ततकही निरन्तर अपने अपने पतिनको पियारी होइहौ अरु सदा अहिवात बनारहैयह आशीषहमारी है ( ५८ ) अरु सासु श्वसुर गुरु कही बड़े बशिष्ठादिक इनसबनकै सेवाकरेहु अरु पतिकैरुखलखिकै अरु आज्ञापाइकै सेवाकिहेहु ( ५९ ) सयानी जे सखी हैं अतिप्रीतिके बशहोइकै कोमलवाणीते चारिउकुंवरिनको स्त्रीकेधर्म्म सिखावतीभई ( ६० ) यहिप्रकारते आदरपूर्वक सबकुंवरिनको समुझाइकै रानीबारबार हृदयमेंलगावतभई ( ६१ )

देइअशीषसिखावनदेहीं ५७ होइहौसन्ततपियहिपियारी चिरअहिवातअशीषहमारी ५८ सासुससुरगुरुसेवाकरेहू पतिरुखलखिआयसुअनुसरेहू ५९ अतिसनेहवशसखीसयानी नारिधर्मसिखवहिंमृदुबानी ६० सादरसकलकुंवरिसमुझाई राननिबारबार उरलाई ६१ बहुरिबहुरिभेटहिंमहतारी कहहिंबिरंचिरचीकतनारी ६२ दो० ॥ तेहिअवसरभाइनसहितरामभानुकुलकेतु चले जनकमन्दिरमुदितबिदाकरावनहेतु ६३ चौ० ॥ चारिउभाइसुभायसुहाये नगरनारिनरदेखनधाये ६४ कोउकहचलनचहतहैं आजू कीन्हबिदेहबिदाकरसाजू ६५ लेहुनयनभरिरूपनिहारी प्रियपाहुनेभूपसुतचारी ६६ कोजानैकेहिसुकृतसयानी नयनअतिथिकीन्हेबिधिआनी ६७ मरणशीलजिमिपावपियूषा सुरतरुलह्यउजन्मकरभूषा ६८ पावनारकीहरिपदजैसे इनकरदरशन

बहुरिकहीं फेरिफेरि महतारी मिलतभईं अरु यहकहतीभईं कि ब्रह्मै स्त्रीनकहँकाहेकोरचा यहकहिकै पश्चात्ताप करतभईं ( ६२ ) दोहार्थ्य॥ जेहि अवसरमें रनिवास कन्यनको सिखावनदेतरहीं तेहिसमयमें भाइनसमेतश्रीरामचन्द्र बिदाहोवेकेहेतु आवतभये ( ६३ ) सहजही अतिसुन्दर चारिउ भाई जनककेमन्दिरमें आवतभये तब नगरकेनरनारि देखनकोधावतभये ( ६४ ) कोईअसकहतेहैं कि आजुरघुनाथजी चलाचाहतेहैं राजाजनक बिदाकै तयारीकीन्हिहै ( ६५ ) ताते शोभाकेसमुद्र जे रघुनाथजीहैं तिनकोस्वरूप नयननभरि देखिलेहु काहेते राजाकेचारिउपुत्र प्रियपाहुने हैं ताते देखिलेहु ( ६६ ) हे सखिहुकाजानी कौनेसुकृतते बिधातै चारिउभाइनकोनेत्रनकेअतिथिकही प्रियकीन्हहै ( ६७ ) हे सखिहुइनकरदर्शन हमकहँदुर्लभ है कैसे जैसे मरणशीलकही मृतकस्थानबिषे कोईअमृतको प्राप्तिहोइअरु जैसेकोई जन्मकर भूंखाकल्प तरुको प्राप्तिहोइ ( ६८ ) जैसेकोई नारकी कही पापी हरिके पदको होइ प्राप्तिहोइ हेसखी तैसेही इनकर दर्शनहमकोहै ( ६९ ) ताते श्रीरामचन्द्रकी शोभानिरखिकै उरमें धारणकरहु हेसखिहु अपने मनकहँ फणिकरहु रामचन्द्रकी मूर्त्तिको मणिकरहु ( ७० ) हेगरुड़सबको नेत्रनके फलदेत चारिउभाई राजमहलको जातभये ( ७१ ) दोहार्थ॥ तबरूपके समुद्र चारिउ भाइनको देखिकै रनिवास निर्भर हर्षते उठतभईं उठिकै चारिउ भाइनको अनेकन निछावरिकैकै अतिहर्षतेआरती करती हैं ( ७२ ) श्रीरामचन्द्रकै छबिदेखिकै रानीअति आनन्दको प्राप्तिभईं प्रेमकेवशह्वैकै पुनि पुनि श्रीरामचन्द्रके पग लागतीभईं ( ७३ ) इहां

हमकहँतैसे ६९ निरखिरामशोभाउरधरहू निजमनफणिमूरतिमणिकरहू ७० यहिबिधिसबहिनयनफलदेता गयेकुंवरसबराज निकेता ७१ दो०॥ रूपसिन्धुसबबन्धुलखिहरषिउठींरनिवासु करहिंनिछावरिआरतीमहामुदितमनसासु ७२ चौ०॥ देखिरामछबि अतिअनुरागी प्रेमविवशपुनिपुनिपगलागी ७३ रहीनलाजप्रीतिउरछाई सहजसनेहबरणिनहिंजाई ७४ चारिउभायउबटिअन्हवाये छरसअशनअतिहेतज्यवाये ७५ बोलेरामसुअवसरजानी शीलसनेहसकुचमयवानी ७६ रायअवधपुरचहतसिधाये बिदाहोनहितहमहिंपठाये ७७ मातुमुदितमनआयसुदेहू बालकजानिकरबनितनेहू ७८ सुनतबचनबिलख्यउरनिवासू बोलिनसकहिंप्रेमवशसासू ७९ हृदयलगाइकुंवरिसबलीन्हीं पतिनसौंपिविनतीअतिकीन्हीं ८० छन्द॥ करिविनयसियरामहिंसमर्पीजोरिकरपुनिपुनिकहै बलि

लाज संकोचचाही तहां लाजसंकोच न रह्यो काहेते अतिप्रीति उरमेंछायरहीहै तहां लाजकोकरै तहांसहजस्नेह नहींकहाजाय सहजस्नेहकहीजैसे अग्निके समीपघृत सहजहीं द्रवतहै तैसे मुनीश्वर जे हैं तिनके श्रीरामचन्द्र कर ध्यान करतसंते स्नेहते अश्रुपातहोतहै अरु इहांतौ विद्यमान श्रीरघुनाथजी हैं तहां सहजस्नेह स्वाभाविकहै ( ७४ ) पुनि रनिवास धीरजधरिकै चारिउ भाइनके उबटन करतीभईं अगर कर्पूर केसरि इत्यादिक सुगंध करिकै शुचिस्नान करावतीभईं पीताम्बरपहिरावतीभईं नखतेशिखलौं शृंगारकरतीभईं परमदिव्य आसनपर बैठारिकै धूपदीपनैवेद्य षट्रस चारिप्रकार के भोजन जेंवावतीभईं सखीमधुर मधुर गानहास्य रसतेपरस्परकी बातैं करतीहैं तहां रघुनाथजी विहँसि बिहँसि पावत हैं संकोच ते उतरनहीं देते हैं ( ७५ ) श्रीरामचन्द्र अँचैकै पानलैकै सुष्ट अवसर जानिकै बोले शील स्नेहसकुच मय वाणी बोलतभये ( ७६ ) अब महाराज श्रीअयोध्याजी को चलाचाहते हैं हमको बिदाहोवे को आपुके इहां पठायोहै ( ७७ ) हेमातु अब आनन्दमनते आज्ञादेहु अरु अपनै बालक जानिकै स्नेहको न छांड़ब ( ७८ ) ऐसेमधुर प्रीतिमय बचन सुनिकै रनिवासबिलखब कहीं दुखी होतभयो प्रेमकेबश सासु बोलिनहीं सकती हैं ( ७९ ) तब चारिउ कुमारनको माता हृदय महँ लगाइकै अतिप्रीतिते पुनिपुनिकहती हैं चारिउ कन्यनको चारिउ कुमारनको सौंपतीभईं ( ८० ) छंदार्थ॥ तातकही अतिप्रिय हेतात मैं तुम्हारी बलिजाउं तुमबड़े सुजानहौ अरुतुमको सबजीवनकीगति बिदितहै ( ८१ ) हेतात हमारोपरिवार अरु परिजन अरु पुरजन राजा अरु मैं सबको श्रीजानकीजी प्राणहुते प्रियजानबगोसाईं श्रीतुलसीदास कहते हैं कि श्रीसुनयनाजी कहतीहैं कि हेतातह-

जाउंतातसुजानतुमकहंबिदितगतिसबकीअहै ८१ परिवारपुरजनमोहिंराजहिंप्राणप्रियसियजानवी तुलसीसुशीलसनेहलखिनिज किंकरीकरिमानवी ८२ सो० ॥ तुमपरिपूरणकामजानशिरोमणिभावप्रिय जनगुणगाहकरामदोषदलनकरुणायतन ८३ चौ० ॥ असकहिरहीचरणगहिरानी प्रेमपंकजनुगिरासमानी ८४ सुनिसनेहसानीबरवानी बहुबिधिरामसासुसनमानी ८५ रामबिदामांग्यउ करजोरी कीन्हप्रणामबहोरिबहोरी ८६ पाइअशीषबहुरिशिरनाई भाइनसहितचलेरघुराई ८७ मंजुमधुरमूरतिउरआनी भईसनेहशि-

मारशीलस्नेह श्रीजानकीजीमें जैसो है तैसोआपु जानतेहौ ताते मेरीओरते जानकीको अपनी किंकरी निजकरिकै जानब अरु इनकीचूकसदा क्षमाकरब ( ८२ ) सोरठार्थ॥ हेश्रीरामचन्द्रजी तुमचारिउ पदार्थकी कामनाते परिपूर्णहौ चारिउपदार्थ की कामना औरनको देतेहौ अरु जहांतक सुजानहैं त्रिकालज्ञ तिनके शिरोमणिहौ अरु तुमको केवलभाव प्रियहै अरुजन जो तुम्हारै दासहै तिनके गुणको ग्रहण करतेहौ अरु अनेकन अवगुणनको देखतेनहींहौ काहेते तुमकरुणाके आयतनकहीस्थानहौ ( ८३ ) असकहिकै परमप्रेमयुक्त रघुनाथजीकेचरणनकोगहिरहीहैं कछुकहिनहींआवै जनु गिरा जोहै बाणी सोईमीनहै अरु प्रेम जोहै सोईकीचहै ताते बाणीमीनरूपी फँसिरहीहै ( ८४ ) तब रानीकी रस स्नेहते सानीबरबाणी सुनिकै श्रीरामचन्द्र अतिप्रसन्न प्रेमते सासुकर बहुप्रकारते सन्मानकरतेभये ( ८५ ) तब करजोरिकै श्रीरामचन्द्र बारबार प्रणामकरतेभये ( ८६ ) तब रानी अतिहर्षते आशीर्वाददेतीभई पुनि श्रीरामचन्द्र रानिनको प्रणामकरिकै दशरथमहाराजके समीप जातेभये ( ८७ ) तब मंजुकही निर्मल मधुर परमानन्दमूर्त्ति चारिउभाइनको हृदयमें राखिकै रानीस्नेहते शिथिलह्वैगई ( ८८ ) पुनि रनिवासन धीरजधरिकै चारिउ कुमारिनको बोलाइलीन ( ८९ ) बोलाइकै जनवासेको पहुँचावतीहैं अरु परस्पर बारबारमिलतीहैं थोरीप्रीतिनहींहै अकथनीयहै ( ९० ) हेगरुड़ पुनिपुनिकहीबारबार छोड़ायछोड़ाय चारिउ कुँवरि मातनको मिलतीहैं तहां यह उपमाहै किअतिस्नेही लवाय धेनुबत्सकोदौरै अरु बत्स धेनुको दौरे तहां कोई धरि धरि अलगावै ( ९१ ) दोहार्त्थ॥ तहां तेहिसमाजमें जेतेनरनारिरहेसहितरनवासतेसब प्रेमतेबिह्वलहैं तहां तेहिसमयमें बिदेहकेपुरबिषे मानहुँ

थिलसबरानी ८८ पुनिधीरजधरिकुंवरिहंकारी बारबारभेंटतिमहतारी ८९ पहुंचावहिंपुनिमिलहिंबहोरी बढ़ीपरस्परप्रीतिनथोरी ९० पुनिपुनिमिलतसखीबिलगाई बालवत्सजनुधेनुलवाई ९१ दो०॥ प्रेमविवशनरनारिसबसखिनसहितरनिवास मानहुकीन्हबिदेहपुर करुणाबिरहनिवास ९२ चौ० ॥ शुकशारिकाजानकीज्याये कानकपींजरनराखिपढ़ाये ९३ ब्याकुलकहहिंकहांबैदेही सुनि धीरजपरिहरैंनकेही ९४ भयेबिकलखगमृगयहिभांती मनुजदशाकैसेकहिजाती ९५ बन्धुसमेतजनकतबआये प्रेमउमंगिलोचनजलछाये ९६ सीयबिलोकिधीरताभागी रहेकहावतपरमबिरागी ९७ लीन्हलाइउरजनकजानकी मिटीमहामर्यादज्ञानकी ९८

करुणा अरु बिरहने निवासकियो है तहां करुणाकही परदुख देखिकै नसहिसकै अरु बिरहकही प्रीतमके बिक्षेपको दुखसोरहा ( ९२ ) श्रीजानकीजीने शुककही शुवा शारिकाकही मैना सो जियाये हैं सोनेके पिजरामेंराखिराखिपढ़ायेहैं ( ९३ ) ते जानकीजीके चलतसंतेकहतभये कि जानकी कहांहैं बैदेहीकहांहैं मैथिलीकहांहैं ऐसीबिहंगनकीबाणीसुनिकैक्यहिकरधीरज नहींछूटिगयोहै तात्पर्य्य सबकाधीरजछूटिगयो है ( ९४ ) जहां श्रीजानकीजीके बिक्षेपते खग मृग यहि भांतिते बिकलभये तहां मनुष्यन की दशाकैसे कहीजाइ तिनखग मृगनको राजैं संगही पठायो है ( ९५ ) तब बन्धुजे कुशध्वज तिनसमेत जनकजी आवतेभये तहां रनिवास अरु कन्यनकीदशादेखिकै

प्रेमकेउमंगते लोचननमें जलछाइरहाहै ( ९६ ) यद्यपि जनकजी परमवैराग्यबिषे बड़ेधैर्य्यमान्हैं तदपि तेहिसमयमें श्रीजानकीजीको देखिकै धैर्यभागिगयोहै तहां जो कोईकहै कि जनकजी परमवैराग्यमान्रहे तिनकर कन्याबिषे मोहकरिकै वैराग्यछूटिगयो यह बड़ा आश्चर्य है तहांयह श्रुति में प्रमाणहै कि श्रीजानकीजी पराभक्तिकीमूर्त्तिहैं पराभक्तिकही श्रीरामचन्द्रके स्वरूपमें चित्तकीवृत्ति अखण्डलगी तब परमानन्दबिषेबाह्यांतरकैवृत्ति डूबिगई तहां ज्ञानवैराग्य योग विज्ञान इत्यादिक यह पराभक्तिके साधनहैं सो जब सिद्धिप्राप्तिभई तब सबसाधन छूटिजातेहैं तातेजनकजीकी धीरताछूटिगई यहीरीतिहै इहांश्रुतिप्रमाणहै॥ जनकस्यराज्ञः सद्मनिसीतोत्पन्नाताः सर्व्वपरानन्दमूर्त्तीर्गायन्ति मुनयोपिदेवाश्चकारणकार्य्याभ्यामवपरा तथैव कारणकार्येशक्तिर्यस्याविधात्रीगौरीणां सैवकर्त्री सैवरामानंदस्वरूपिणीजनकस्य योगफलमिवभातिइत्यथर्बणे ( ९७ ) तहांजानकीजीके देखतसंते वैराग्यजातरह्यो जब उरमेंलगाइलीन्ह तब जनकजीके ज्ञानकै महामर्यादमिटिगई तहां पराभक्तिको साधन जो बैराग्यसो जातरहतहै अरु जो पराभक्तिकैप्राप्तिभई तब योग विज्ञानज्ञानसबलय

**समुझावतसबसचिवसयाने कीन्हविचारनअवसरजाने ९९ बारहिंबारसुताउरलाई सजिसुंदरिपालकीमँगाई १०० दो० ॥ प्रेमविवशपरिवारसबजानिसुलगननरेश कुंवरिचढ़ाईपालकिनसुमिरेसिद्धगणेश १०१ चौ० ॥ बहुबिधिभूपसुतासमुझाई नारिधर्मकुलरीतिसिखाई १०२ दासीदासदियेबहुतेरे शुचिसेवकजेप्रियसियकेरे १०३ सीयचलतव्याकुलपुरबासी होहिंसगुनशुभमंगलरासी १०४ भूसुरसचिवसमेतसमाजा संगचलेपहुंचावनराजा १०५ समयबिलोकिबाजनेबाजे रथगजबाजिबरातिनसाजे १०६**

होइजातेहैं तहां प्रमाण श्रीभगवद्गीतायां भगवद्वाक्यंब्रह्मभूतः प्रसन्नात्मानशोचतिनकांक्षतिसमः सर्बेषुभूतेषुमद्भक्तिंलभतेपरां ( ९८ ) जबजनकजीकी बिदेहते बिदेहदशा मंत्रिनदेखा तब सयान जो सचिवहैं सो जनकको समुझावतेभये कि हे महाराज अनवसरहै अवसरजानिकै धीरजधरहु तब जनकजी बिचारिकै धीरजधरतभये ( ९९ ) तब धीरजधरिकै राजाजनकजी कन्यनको बारबार उरमेंलगावतेभये पुनि उरमेंलगाइकै अतिप्रीतिते सुन्दरजड़ावनते जटित पालकीमँगावतेभये ( १०० ) राजाजनकजीने सबपरिवारको प्रेमकेबिवशदेखा अरु ब्राह्मणनकहा कि महाराज यहिसाइति लरिकनिनके बिदाकरिबेकी लग्नअच्छी है यहसुनिकै उठिकै हर्षते श्रीगणेशको सुमिरिकै कन्यनको पालकिनपर चढ़ावतभये ( १०१ ) बहुतप्रकार ते राजा कन्यनको समुझावतेभये स्त्रिनकेधर्म्म अरु कुलकीरीति सिखावतेभये ( १०२ ) अरु दासी दासी बहुदिये जो पवित्रसेवक श्रीजानकीजी के हैं ऐसे दासी दास दायजमें दिये ( १०३ ) श्रीजानकीजी के चलतसंतेपुरवासीलोग प्रेमते ब्याकुलभये पर मंगलकी राशि शुभ सगुनहोते भये ( १०४ ) भूसुर तत्त्ववेत्ता वेदपरायण ऐसे ब्राह्मणन अरु अपर समाज समेत राजाजनकजी पहुंचायबेकोचले ( १०५ ) तब समय बिलोकिकै नानाप्रकारके बाजाबाजतेभये अरु रथ गज बाजि जो हैं सो सम्पूर्णबरातीसँवारतेभये ( १०६ ) तहां सम्पूर्ण ब्राह्मणनको दशरथ महाराज बोलाइ लीन्ह दानमानकरिकै परिपूर्णकीन्ह ( १०७ ) तिन ब्राह्मणनके चरणनकी रज माथेपर धरतेभये तिन ब्राह्मणन आशीर्व्वाददीन्ह ( १०८ ) तब गजानन जो गणेश तिनको सुमिरिकै पयानकरतभये तहां मंगलके मूलनानाप्रकारके सगुनहोतभये ( १०९ ) दोहार्थ॥ तब देवता फूलवर्षते हैं

**दशरथबिप्रबोलिसबलीन्हे दानमानपरिपूरणकीन्हे १०७ चरणसरोजधूरिधरिशीशा मुदितमहीपतिपाइअशीशा १०८ सुमिरि गजाननकीन्हपयाना मंगलमूलसगुनभयेनाना १०९ दो० ॥ सुरप्रसूनवर्षहिंहरषिकरहिंअप्सरागान चलेअवधपतिअवधकहँ मुदितबजाइनिशान ११० चौ०॥**

नृपकरिबिनयमहाजनफेरे सादरसकलमांगनेटेरे १११ भूषणबसनबाजिगजदीन्हे प्रेमपोषिठाढ़ेसबकीन्हे ११२ बारबारबिरदावलिभाखी चलेसकलरामहिंउरराखी ११३ बहुरिबहुरिकोशलपतिकहहीं जनकप्रेमबशफिरानचहहीं ११४ पुनिकहभूपतिवचनसुहाये फिरियमहीपदूरिबड़िआये ११५ राउबहोरिउतरिभयेठाढ़े प्रेमप्रबाहबिलोचन

अप्सरा नृत्य गानकरतीहैं अति हर्षसंयुक्त श्रीअवधपति श्रीअयोध्याकोमुदित कही अति हर्षते निशान बजाइकै चले ( ११० ) नृप जो दशरथ महाराज सो बिनय करिकै महा महाजन तिनको फेरते भये तब आदरपूर्बक सब याचकन को बोलायो तब वेप्रसन्नता सहित आये ( १११ ) तब राजा अतिहर्षते भूषण बस्त्र घोड़ाहाथी रथ रघुनाथजी की बकशीश देतभये ते याचक मोहकेबश जाइ नहीं सकते तबराजा दशरथ महाराजने दानमान सन्मानते याचकन को पोषण करिकै ठाढ़कीन्ह ( ११२ ) तबतेसब याचक माथनाइकै राजाकी बिरदावली बरणत श्रीरामचन्द्रको हृदयमें राखिकै चलतभये ( ११३ ) पुनि कोशलपति बारबार प्रेमतेभरेकहतेहैं कि हे बिदेह राजन् अबफिरिये परन्तु जनकजी प्रेमकेबशते फिरते नहीं ( ११४ ) पुनि अवधपति अतिसुन्दर बचन बोले हेमहीपति अबफिरिये बड़ी दूरिआये ( ११५ ) जबराजा जनक नहींफिरहिं तब दशरथ महाराज रथतेउतरिकै ठाढ़ेभये प्रेमकरिकै नेत्रनतेजलके प्रबाहचले ( ११६ ) तब बिदेह करजोरिकै वचन मानौस्नेह रूपसुधाते सनिकैबोले ( ११७ ) तब जनकजी कहते हैं कि हे महाराज आपको अतिशोभित यशप्रतापकृपा तेहिकै बिनयबड़ाई कहांतककरौं आपुहमको सबप्रकारते बड़ाई दीन्हि है ( ११८ ) दोहार्त्थ॥ हे भरद्वाज कोशलपतिकही दशरथने समधी जो जनकहैं तिनकर सबप्रकारते सन्मानकीन्ह पुनि परस्पर मिलते भये हृदयबिषे प्रीतिउमगिचली पुनि परस्पर यथार्थ बिनयकरते हैं ( ११९ ) तब जनकजी मुनिनकी मण्डलीको पृथक् पृथक् अतिप्रीतिते शिरनावते भये सब मुनिप्रसन्नह्वैकै आशीर्बाद देतभये ( १२० ) पुनि जनकजीने यामाता जो श्रीरामचन्द्र तिनको आदरपूर्बक भेंटेकही मिले कैसेहैं रूपशील

बाढ़े ११६ तबबिदेहबोलेकरजोरी बचनसनेहसुधाजनुबोरी ११७ करौंकवनिबिधिबिनयबड़ाई महाराजमोहिंदीन्हिबड़ाई ११८ दो०॥ कोशलपतिसमधीजनकसनमानेसबभांति मिलनपरस्परविनयअतिप्रीतिनहृदयसमाति ११९ चौ० ॥ मुनिमंडलिहिजनकशिरनावा आशिर्वादसबनसनपावा १२० सादरपुनिभेंट्यउजामाता रूपशीलगुणनिधिसबभ्राता १२१ जोरिपंकरुहपाणिसोहाये बोलेवचनप्रेमजनुजाये १२२ रामकरौंक्यहिभांतिप्रशंसामुनिमहेशमनमानसहंसा १२३ करहिंयोगयोगीजेहिलागी कोहमोहममतामदत्यागी १२४ ब्यापकब्रह्मअलखअविनाशी चिदानंदनिर्गुणगुणराशी १२५ मनसमेतजेहिजाननबानी तरकिन

अरु गुणनिधि कही गुणनके समुद्र हैं ( १२१ ) पुनि जनकजी सुन्दरकरकमल जोरिकै बचनबोले कैसीबाणीहै जनु प्रेमको उत्पन्नकरिबेको जाय कही जननी है ( १२२ ) जनकजी कहते हैं कि हे श्रीरामचन्द्र मैं तुम्हारीकेहिभांतिते प्रशंसाकरौं तुमकैसेहौ कि मुनीश्वरन अरु महेशकर अंतःकरण सो मानसर अरु हृदयकमलहै तहांतुम हंसहौ ( १२३ ) जेहिकेनिमित्तक्रोध मोह ममता मदत्यागिकै योगी योगसमाधि करते हैं ते श्रीरामचन्द्र तुमहौ ( १२४ ) हे श्रीरामचन्द्र तुमही ब्यापकब्रह्महौ अरु अलखहौ त्रैगुण्यजनित नेत्रादिक इन्द्रिनते अगोचरहौ अबिनाशी कही नित्य एकरस अखण्डहौ अरु चिदानन्दकही सत्चित् आनन्दघनमूर्त्तिनिर्गुणहौ निर्गुणकही तीनिहूंगुणनतेपरेहौ अरु परमदिब्यगुणकी राशिहौ ( १२५ ) अरु सत्कबि जे हैं ते मनबाणीते नहींजानिसकते हैं किन्तु बाणी कही सरस्वतीते अपनेमनते नाहिं जानिसकती हैं ते सत्कबि अरु सरस्वती अपने मनबाणीते अनुमानकरि तर्कनानाहींकरिसकतहैं तुमअतर्क्यहौ ( १२६ ) अरु तुम्हारीमहिमाकी मर्यादको वेदनेतिनेति कहते हैं काहेते जो तीनिहूं कालमें एकरसरहते हैं ताते

कोकहिसकै ( १२७ ) दोहार्थ॥ ऐसे श्रीरामचन्द्र तुम जे ब्रह्मा शिव नारदादिक तिनको दुर्लभहौ ते रामचन्द्र मेरेनयननके बिषयभये मेरे नयनबिषे प्राप्तभये पर यहियोग्य मैं नहींहौं जबआपु अनुग्रहकीन्ह तब मेरीभाग्य समस्त जागआई तहां कामोरिनिभाग्य जागी है समस्तजीवनकी भाग्यजागीहै आपु परमअनुकूलभयहु ( १२८ ) जनकजी कहतेहैं कि हे रघुनन्दन आपुमोकहँ आपनजनजानिकै सबप्रकारते बड़ाईदीन्ह अरु अपनाइलीन्ह ( १२९ ) हे रघुनन्दन जो शतसहसकही सौहजार शारदशेषहोहिं अरु कोटिनकल्पभरि लेखाकरहिं ( १३० )

सकहिंसकलअनुमानी १२६ महिमानिगमनेतिकरिकहहीं जोतिहुंकालएकरसअहहीं १२७ दो० ॥ नयनविषयमोकहँभयउ सोसमस्तसुखमूल सबहिसुलभजगजीवकहँभयेईशअनुकूल १२८ चौ० ॥ सबहिभाँतिमोहिंदीन्हिबड़ाई निजजनजानिलीन्हअपनाई १२९ होहिंसहसशतशारदशेशा करहिंकल्पभरिकोटिकलेशा १३० मोरभाग्यराउरगुणगाथा कहिनसिराहिंसुनहुरघुनाथा १३१ मैंकछुकहौंएकबलमोरे तुमरीझहुसनेहसुठिथोरे १३२ बारबारमांगौंकरजोरे मनपरिहरैचरणजनिभोरे १३३ सुनिवरवचनप्रेमपरिपोषे पूरणकामरामपरितोषे १३४ करिबरबिनयससुरसनमाने पितुकौशिकवशिष्ठसमजाने १३५ बिनतीबहुरि

तहां मेरीभाग्य अरु आपुके गुणानुवादका दूनौं मिलिकै लेखाकरहिं तौनहींकरिसकहिं हे रघुनाथ जो आपुके गुणानुवाद अरु मेरोभाग्य शारदै अरु शेषै न कहा तौ मैं काकहौं ( १३१ ) पर मैं जो कछुकहतेहौं सो एकबलते कौनबलहै कि तुमथोरेस्नेहतेरीझतेहौ ( १३२ ) अब हे श्रीरामचन्द्र करजोरिकै बारबार यहै बरमांगतहौं कि मोरमन तुम्हारे चरणनको भोरेकहींधोख्यहु न छांड़ै सर्व्वकालमें एकरसबनारहै ( १३३ ) तहां जनकजी के वरवचनसुनिकै श्रीरामचन्द्रको प्रेमकरिकै परिपोषण होतभयो यद्यपिश्रीरामचन्द्र कामनाकरिकै परितोषे हैं तदपि बिदेहयोगेश्वरके प्रेमते अति परितोष न होतभयो किन्तु प्रेमभरे बिदेहके बचनसुनिकै परितोष करतेभये पुनि श्रीरामचन्द्र पूर्णकामकरिकै जनकको परिपूर्णकरतेभये ( १३४ ) तब श्रीरामचन्द्र बर बिनयकरिकै जनकजीको दशरथ बिश्वामित्र बशिष्ठके समजानिकै सन्मानकरतभये ( १३५ ) बहुरि जनकजी भरतजीकै बिनयकरिकै प्रेमसमेत मिलिकैआशीर्वाद देतेभये ( १३६ ) दोहार्थ॥ पुनि राजालक्ष्मण शत्रुहनकोमिलिकै आशीर्बादेतेभये पुनि परस्पर प्रेमकेबश बारबार शीशनवावतेहैं काहेते दोउदिशि रामानन्यहैं तदपि भरत शत्रुहनबड़जानिकैअधिकनम्रहोतेहैं ( १३७ ) बारबार श्रीरामचन्द्रजनकजीकीबड़ाई करिकै भाइनसंयुक्त चलतेभये ( १३८ ) तब जनकजी विश्वामित्रके पदगहिकैचरणरेणु नेत्र अरु उरमें लगावतभये ( १३९ ) हे मुनीश तुम्हारे दर्शनते कोईफल अगमनहीं है सब सुगम है यह मेरेमनमें प्रतीति है ( १४० ) जौनेसुखकी लोकपति चाहनाकरतेहैं तौनेसुखकर मनोरथ करतसंते संकोच करतेहैं कि वह परमानन्दसुख हमको दुर्लभहै यहिकेअधिकारी अबहींहमनाहींहैं ( १४१ ) हे स्वामी सो सुख अरु सुयश मुझ अनुगामीको केवल

भरतसोंकीन्ही मिलिसप्रेमपुनिआशिषदीन्ही १३६ दो० ॥ मिलेलषणरिपुसूदन दीन्हअशीषमहीश भयेपरस्परप्रेमवशफिरि फिरिनावहिंशीश १३७ चौ० ॥ बारबारकरिविनयबड़ाई रघुबरचलेसंगसबभाई १३८ जनकगहेकौशिकपदजाई चरणरेणुशिरनयननलाई १३९ सुनियमुनीशदरशफलतोरे अगमनकछुप्रतीतिमनमोरे १४० जोसुखसुयशलोकपतिचहहीं करतमनोरथसकुचतअहहीं १४१ सोसुखसुयशसुलभमोहिंस्वामी सबबिधितवदरशनअनुगामी १४२ कीन्हविनयपुनिपुनिशिरनाई फिरेमहीश आशिषापाई १४३

**चलीबरातनिशानबजाई मुदितछोटबड़सबसमुदाई १४४ रामहिंनिरखिग्रामनरनारी पाइनयनफलहोहिंसुखारी १४५ दो० ॥ बीचबीचबरबासकरिमगलोगनसुखदेत अवधसमीपपुनीतदिनपहुंचीआइजनेत १४६॥**

तुम्हारेदर्शनते सब सुलभहै ( १४२ ) राजा बिश्वामित्र की पुनि पुनि बिनय करते हैं अरुचरणनमें शीशनवावतेहैं तब बिश्वामित्र अतिप्रेमते आशीर्वाद देतभये राजा फिरतभये ( १४३ ) तब निशान बजाइकै परम मुदितछोटेबड़े सबबराती चलतभये ( १४४ ) जे नरनारि तेहिसमयमें ठाढ़े सब श्रीरामचन्द्रको स्वरूप निरखिकै नयननकर फलपाइकै मूर्त्ति हृदयमें राखिकै चित्रवत् रहिगये बरात हर्षिकै चलतभई ( १४५ ) दोहार्थ॥ जहांजहां बराती आवतकै टिकेहैं तहां तहां सुन्दर बासकरत मगमें लोगनको सुखदेत अतिपुनीत योगदिन प्राप्ति अयोध्याके समीप जनेतकही बरात पहुंचीआइ पौषसुदी दशमीको मिलत मिलावतसंते पहरदिन बीतिगयो तब जनकपुरसे बरात बिदाभई अरु तेही पौषसुदी पौर्णमासीको अवधके समीप बरात प्राप्तिभई पुनि माघबदी द्वितीयाको श्रीरघुनाथजीने मंदिरमें प्रवेशकियोहै ( १४६ ) इतिश्रीरामचरित्रमानसेसकलकलिकलुषबिध्वंसने बालकांडे जनकपुरनिवासपुनिपरस्परमिलापबरातश्रीअयोध्यागमनप्राप्तिबर्णनन्नामपञ्चपंचाशत्तरंगः ५५॥

षट्पंचासतरंगमेंचलिबरातसुखसार रामचरणपश्चिमचली मनहुंगंगकैधार ५६ जबबराती श्री अयोध्याके निकट पहुंचे तब निशानहने अरु पणव कही ढोलैंबाजीं अरु भेरी बाजत भई अरु शंखध्वनि होतभई अरुहाथी घोड़ा गाजतेभये ( १ ) झांझभेरीसहनाई इत्यादिक सुष्टरागते अति शोभित बाजते हैं एकअंक अरु दुइअंककी इनदूनों चौपाइनमें भेरीकहेहैंतहां पुनिरुक्तिन जानब काहेते समाज दुइहैं ( २ ) तहां पुरके संपूर्णनरनारिन अकनिकही सुनाकि बरातआई तबसबमुदितभये अरु मुदितकहीअंगअंगपुलकिआयोहै ( ३ ) आपन आपन सुन्दरसदन संवारतभये हाटकही

**चौ० ॥ हनेनिशानपणववरबाजे भेरिशंखधुनिहयगजगाजे १ झांझबीणदुन्दुभीसोहाई सरसरागबाजहिंसहनाई २ पुरजनआवतअकनिबराता मुदितसकलपुलकावलिगाता ३ निजनिजसुंदरसदनसँवारे हाटबाटचौहटपुरद्वारे ४ गलीसकलअरगजासिंचाई जहँतहँचौकैंचारुपुराई ५ बनीबजारनजाइबखाना तोरणकेतुपताकबिताना ६ सफलपुंगिफलकदलिरसाला रोपेबकुलकदम्बतमाला ७ लगेसुभगतरुपरसतधरणी मणिमयआलबालकलकरणी ८ दो० ॥ बिबिधिभांतिमंगलकलशगृहगृहरचेसँवारि सुर**

बाजार बाटकही गली चौहटकही चौमुखी बाजार को मध्यचौक अरु पुरकेद्वार अरु आपनआपनद्वार अच्छेप्रकारते सँवारतभये ( ४ ) अरु संपूर्ण गली अरगजा इत्यादिक सुगन्धनते सिंचावते भये अरु चारुकही सुन्दरचौकें पुरावतेभये ( ५ ) पुनिबजारैं अतिसुन्दर बनीहैं बखानिबे योग्यनहीं हैं अरु जहांजहां जसचाही तोरणकही बंदनवार अरु केतुपृथक् २ अरु केतुइत्यादिक नवग्रह अरु पताकाकहीछोटीछोटीझंडी जरावनतेजटित अरु वितानकही मांड़वनमहँ सब बिचित्र रचना गृहगृह बिशेष होतिभई ( ६ ) अरु फलसंयुक्त सुपारी आम्र केला अरु बकुल कही मौरसिरी कदम्ब तमाल इत्यादिक जहां जसचाही तहांतस रोपतेभये ( ७ ) ते सुभग तरुफलफूल संयुक्त धरणीको परसते हैं अरु तिनके आलबाल कही थाला मणिनमय बने हैं अरु कलकही सुन्दरपल्लव फूलफल करिकै शोभित हैंकलकरणीकही सबको आनन्ददेते हैं ( ८ ) दोहार्त्थ॥ तहां बिबिधिभांति के मंगलमय अरु हेममणि मोतिनते रचित कलश गृहगृह विषे सँवारतभये तहां पुरवासी जो इच्छा करते हैं सो रामचन्द्रकी कृपाते हाथ स्पर्श करत सिद्धिहोइजातहै तहां रघुबरकीपुरी जो बनीहै तेहि को देखिकै ब्रह्मादिक देवता सिहातेहैं ( ९ ) हे पार्वती तेहि अवसरमें भूपके भवनकी शोभा देखिकै काममोहित हैजाते हैं ( १० ) मंगल के सगुन जे हैं मनोहरअरु ऋद्धि सिद्धि सुख सम्पदा जे हैं सुन्दर ( ११ ) ते सब अरु जेते उत्साह उत्तमउत्तमहैं ते जनु सुन्दरिदेह धरिधरि अपने सुखहेतु

दशरथकेभवनकोआवतेभये ( १२ ) तहां तेहि अवसरमें श्रीराम बैदेहीके देखिबेहेतु ब्रह्माण्ड मण्डलमें ऐसो को है जेहिको देखिबेकी लालसा नहींहै सबके देखिबेकीलालसाहै ताते सबमूर्त्तिमान् होइहोइ  साक्षात् देखिबेकेहेतु आये हैं तहां

ब्रह्मादिसिहाहिंसबरघुबरपुरीनिहारि ९. चौ० ॥ भूपभवनतेहिअवसरसोहा रचनादेखिमदनमनमोहा १० मंगलसगुनमनोहरताई ऋधि सिधिसुखसम्पदासुहाई ११ जनुउछाहसबसहजसुहाये तनधरिधरिदशरथगृहआये १२ देखनहेतुरामवैदेहीं कहहुलालसाहोइनकेहीं १३ यूथयूथमिलिचलींसुआसिनि निजछबिनिदरहिंमदनबिलासिनि १४ सकलसुमंगलसजेआरती गावहिंजनुबहुवेषभारती १५ भूपतिभवन कोलाहलहोई जाइनवरणिसमयसुखसोई १६ कौशल्यादिराममहतारी प्रेमबिवशतनदशाबिसारी १७ दो०॥ दियेदानविप्रनबहुरिपूजिगणेशपुरारि प्रमुदितपरमदरिद्रजनुपाइपदारथचारि १८ चौ० ॥ प्रेमप्रमोदबिवशसबमाता चलहिंनच-

यहितेरह अंककी चौपाई तेहिके भावतेपाछे,जो बारहकीचौपाई है तेहिमें जो जनुपदकी उत्प्रेक्षाहै तेहिकर निषेधहोतहै यह गोसाईंके काव्यकी रचना इहां जानिबेको अतिसूक्ष्म है ( १३ ) तहां राजमन्दिर को यूथयूथसुआसिनी आवतीभई कैसी सुआसिनी हैं जे अपनी छविकेआगे मदन बिलासिनी जो रतिहै ताको निदरती हैं ( १४ ) आरतीइत्यादिक सम्पूर्णमंगलके साज सजे हैं अरु जनु बहुवेषबनाइकै भारतीकही सरस्वतीगान करतीहैं ( १५ ) तहां भूपतिके भवनमें कोलाहल कही मंगलमय सोर ह्वैरहाहै तेहिसमयकर सुख वर्णिबेयोग्य नहीं है ( १६ ) कौशल्यादिक जो श्रीरामचन्द्रकी माता हैं सो प्रेमकेविवश तनकीदशा भूलिगई ( १७ )  दोहार्थ ॥ अरु रानी गणेश महेश पार्वतीकोपूजिकै विप्रनकहँ मनवाञ्छित दानदेतभई पुनि कैसो आनन्दभयोहै जैसे परमदरिद्री चारिउपदार्थनकोपावै ( १८ ) तहां प्रेमानन्दके वश सबमातनकेगात शिथिलह्वैगये हैं चरण नाहीं चलिसकते हैं ( १९ ) श्रीरामचन्द्रके दर्शनकेहेतु अतिअनुराग ते परिछन के साज साजती हैं ( २० ) तहां बिबिधि विधानके बाजन बाजने लगे अतिमुदित समेत सुमित्राजी मंगलसाजती हैं ( २१ ) हर्दी दूब दधिललितपल्लव फूल पान पुंगीफल सब मंगल के मूल ( २२ ) अक्षत अरु अंकुर मूंग यव इत्यादिक रोचनकही रोरी किन्तु गोरोचन तिलक लाजाकहींलावा अरु मञ्जुकही कोमल मञ्जरीसंयुक्त तुलसीदल ( २३ ) अरु सुवर्णके कलश छुहितकही रँगतभई अतिसुन्दर मोतिन मणिनकीचित्रबिचित्रकनी जमाइदीन्ह सो कलश मानो मदनरूपीपक्षी ने नीड़कही

रणशिथिलसबगाता १९ रामदरशहितअतिअनुरागीं परिछनसाजसजनसबलागीं २० बिबिधिबिधानबाजनेबाजे मंगलमुदित सुमित्रासाजे २१ हरददूबदधिपल्लवफूला पानपुंगिफलमंगलमूला २२ अक्षतअंकुररोचनलाजा मंजुमंजरीतुलसिबिराजा २३ छुहेपुरटघटसहजसुहाये मदनशकुनजनुनीड़बनाये २४ सगुनसुगंधनजाइबखानी मंगलसकलसजहिंसबरानी २५ रचींआरतीबिबिधिबिधाना मुदितकरहिंकलमंगलगाना २६ दो०॥ कनकथारभरिमंगलनिकरकमलनलियेमात चलींमुदितपरिछनकरनपुलकप्रफुल्लितगात २७ चौ० ॥ धूपधूमनभमेचकभयऊ सावनघनघमंडजनुदयऊ २८ सुरतरुसुमनमालसुरबर्षहिंमनहुबलाकअवलिमनकर्षहिं २९ मंजुलमणिमयबंदनवारे मनहुंपाकरिपुचापसँवारे ३० प्रकटहिंदुरहिंअटनपरभामिनि चारुचपलजनुदमकहिंदामिनि ३१ दुन्दुभिधुनिघनगर्जहिंघोरा याचकचातृकदादुरमोरा ३२ सुरसुगन्धशुचिवरषहिंवारी सुखीसकलशशिपुरनर

आपन घरबनायो है ( २४ ) अरु अनेक सुगन्ध सगुनमय सो बखानिबेमेंनहींआवै यहिप्रकारके जो मङ्गल सजेहैं सोरानीसजतभईं ( २५ ) तहां अनेकप्रकारते आरतीरचिकै मुदितह्वैकै कलकहीसुन्दरगानकरतीहैं ( २६ ) कञ्चनके थारनमें मङ्गल मय पदार्थ अरु करकमलनमें माला लिहे हैं मुदित प्रफुल्लित मातु पुलकावलीते परिछनकेहेतुचलीं ( २७ ) तहां धूपकेधुवांकरिकै नभबिषे श्यामताछायरही है मानो श्रावणके घनघमण्डकरिकै शोभितहैं ( २८ ) तहां सुरतरुके श्वेतफूलनके मालकेमाल देवताबर्षते हैंसोई मानहुँ बकुलनकीपांति शोभितहै मनको आकर्षण करति है ( २९ ) पुनि राममन्दिरबिषे मञ्जुलकही निर्म्मलमुक्तामणिनकेबन्दनवारजोशोभितहैं सोजनुपाकरिपुजोइन्द्रहै तेहिकोचापकही धनुषउदयभयोहै ( ३० ) अरु महलनपर स्त्री जो हैं ते प्रकटती अरु दुरती हैं ते चपल जनु दामिनि दमकति है ( ३१ ) अरु दुन्दुभी इत्यादिककी धुनि जो है सो जनु मधुरमेघगर्जते हैं अरु याचक जे हैं जयजयकार करिरहे हैं ते जनु चातकमोर हैं ( ३२ ) अरु देवता इतर इत्यादिक सुगन्ध छिरकते हैं सोई मानों मेघबर्षते हैं अरु पुरकेनरनारि सोई शसिकही धानइत्यादिक हैं सो अतिसुखीहोते हैं ( ३३ ) ऐसीशोभा मंगलपुरीमें छाइरही है तब सुन्दर समय जानिकै बशिष्ठजीने आज्ञादीनहै तब रघुकुलमणि राजादशरथने पुरमेंप्रवेशकीन्ह ( ३४ ) तहां सहित समाज मुदितमन शिव पार्व्वती अरु गणेशको सुमिरिकैचलेहैं ( ३५ ) दोहार्त्थ। तेहिसमयबिषे मंगलमय सगुनहोते हैं देवता फूलबर्षते अरु दुन्दुभी बजावते हैं अरु अप्सरा किन्नरी मं-

नारी ३३ समयजानिगुरुआयसुदीन्हा पुरप्रवेशरघुकुलमणिकीन्हा ३४ सुमिरिशम्भुगिरिजागणराजा मुदितमहीपतिसहितसमाजा ३५ दो० होहिंसगुनवरषहिंसुमन सुरदुन्दुभीबजाइ बिवुधबधूनाचहिंमुदित मंजुलमंगलगाइ ३६ चौ० मागधसूतबंदि नटनागर गावहिंयशतिहुंलोकउजागर ३७ जयधुनिविमलवेदबरबानी दशदिशिसुनियसुमंगलखानी ३८ बिपुलबाजनेबाजन लागे नभसुरनगरलोगअनुरागे ३९ बनेबरातीबरणिनजाहीं महामुदितमनसुखनसमाहीं ४० पुरबासीतबराउजोहारे देखतरामहिंभयेसुखारे ४१ करहिंनिछावरिमणिगणचीरा बारिविलोचनपुलकशरीरा ४२ आरतिकरहिंमुदितपुरनारी हरषहिंनिरखिकुंवरबरचारी ४३ शिविकासुभगवहारउघारी देखिदुलहिनिनहोहिंसुखारी ४४ दो०॥ यहिबिधिसबहिनदेतसुखआयेराजदुवार

गलमयनृत्यगानकरतीहैं ( ३६ ) मागधसूत बन्दीजन नट जेहैं नागरकहीप्रबीण तेसबदशरथमहाराजकोयश तीनिहूंलोकमें उजागरसो गावते हैं ( ३७ ) तहां जयजयध्वनि अरु वेदध्वनि दशहुंदिशामें सुमंगलकी खानिराजासुनते हैं ( ३८ ) अरु बिपुलबाजने बाजते हैं नभबिषे देवता अरु नगरके लोग ते सब अति अनुरागे हैं ( ३९ ) अरु बरातीसबबनावतेबनिरहेहैं बर्णेनहींजातेहैं महामुदित ते सुखनहींसमातहै ( ४० ) पुरबासीजेहैं ते राजाकोजोहारतभये अरु श्रीरामचन्द्रको देखिकै सुखीभये ( ४१ ) मणि अरुबस्त्रइत्यादिक अनेकनपदार्थनकी निछाविरिकरतेहैं अरु शरीर पुलकिआयो है अरु लोचनमें जलभरिआयो है ( ४२ ) पुनि जे स्त्रीहैं ते मुदितह्वैकै आरती करती हैं चारोंकुंवर जेदूलहहैं तिनको निरखिकै हर्षित होतभईं ( ४३ ) शिविका जो पालकी त्यहिकरवहार उघारिकै दुलहिनिनको देखिकै सुखी होतीभईं ( ४४ ) दोहार्थ॥ यहिप्रकारते सबको सुखदेसंते राजद्वारको आये बधुन सहित चारों कुमारनकी मुदितह्वैकै मातापरिछन करती हैं ( ४५ ) माताजे हैं तेबारबार आरती करती हैं तेहिसमय प्रेमकरिकै जो प्रमोदभयो है सो को कहिसकै ( ४६ ) नानाजातिके अनेकपट अरु भूषणनकीन्योछावरि अनेकभांतिते करतीहैं ( ४७ ) तहां बधुनसमेत चारों पुत्रनको देखिकै सब मातापरमानंद ते मग्न हैं ( ४८ ) पुनिपुनि सीतारामकी छबिदेखिकै अतिमुदितते यहिजगत् में अपने जन्मको फल धन्यमानती हैं ( ४९ ) सखी जेहैं ते श्रीजानकीजीको अतिचाहते मुखदेखती हैं अरु अपनेसुकृतसराहिसराहिमंगलगानकरती हैं ( ५० ) अरु क्षणक्षण देवता फूलनकी वर्षा करते

मुदितमातुपरिछनकरहिंबधुनसमेतकुमार ४५ चौ० ॥ करहिंआरतीबारहिबारा प्रेमप्रमोदकहैकोपारा ४६ भूषणमणिपटनानाजाती करहिंनिछावरिअगणितजाती ४७ बधुनसमेतदेखिसुतचारी परमानन्दमगनमहतारी ४८ पुनिपुनिसियारामछबिदेखी मुदितसकलजगजीवनलेखी ४९ सखीसीयमुखपुनिपुनिचाहीगानकरहिंनिजसुकृतसराही ५० बरषहिंसुमनक्षणहिंक्षणदेवा नाचहिंगावहिंलावहिंसेवा ५१ देखिमनोहरचारिउजोरी शारदउपमासकलढँढोरी ५२ देतनबनैनिपटलघुलागी यकटकरहीरूपअनुरागी ५३ दो० ॥ निगमनीतिकुलरीतिकरिअर्घ्यपाँवड़ेदेत बधुनसहितसुतपरछिसबचलींलेवाइनिकेत ५४ चौ० ॥ चारि सिँहासनसहजसुहाये जनुमनोजनिजहाथबनाये ५५ तिनपरकुंवरकुंवरिबैठारे सादरपाँयपुनीतपखारे ५६ धूपदीपनैवेद्यवेदवि-

हैं अरु नाचते गावते हैं अपनी सेवा जनावते हैं ( ५१ ) तहांशारदा आपुअरु जो कविनकी रसनामें शारदा सो चारिउ मनोहर जोरी देखिकै ब्रह्मांडभरेमें उपमा ढँढोरीकही ढूंढ़तीभई ( ५२ ) तहां सबउपमाओंको लघुजानिकै उपमा देत न बनै तबएकटक चारिउ भाइनको रूप निहारिकै रहिगई ( ५३ ) दोहार्थ॥ तबवशिष्ठजी करिकै निगमनीति अरु कुलरीतिलोकरीति अतिहर्षते करिकै अर्घ्यदेत दिव्यबसनके पावँड़ेपरत बधुनसमेत चारिउ पुत्रनकै परिछनि करिकै सबमाता निकेतकही मंदिरको लेवाइचलीं ( ५४ ) तबचारिउ कुंवर मंदिरको आवतभये तहां चारिसिंहासन सहजही शोभायमान मानहुं मनोज अपनेहाथन रघुनाथजीके हेतुबनावतभयो ( ५५ ) तेहिसिंहासनपर चारिउ कुंवर कुंवरिनको बैठाइकरि आदरतेपुनी तपांय पखारतभये ( ५६ ) वेदविधि ते धूपदीप नैबेद्य करिकै मंगलकेनिधि जे बरदुलहिनि तिनको पूजतभये ( ५७ ) बारहिंबार आरती करती हैं अरु व्यजन सुन्दर चमर शिरपर ढरत हैं सेवकलिहे हैं ( ५८ ) अरु अनेकन बस्तुनकी निछावरिहोतिहै तहांसब माताप्रमोद भरीअति सोहतीहैं ( ५९ ) जैसे परमतत्त्व कहँयोगीपावै मानहुँ संततकही निरंतरका कोई रोगी अमृतकोपावै ( ६० ) मानहुँ जन्मको दरिद्री पारसपावै मानहुँ आंधर नेत्र पावै ( ६१ ) मानहुं गूंगाबाणीपावे मानहुँ रणमें शूरजीतपावै ( ६२ ) दोहार्थ॥ यहसुख जो कहिआयेहैं तेहिते सौकोटिगुणा सुखमाता पावतीहैं हे भरद्वाज रघुकुलचन्द्र जे श्रीरामचन्द्र हैं तेभाइन सहित व्याहिकैघरकोआये ( ६३ ) पुनःदोहार्थ॥ तहां लोकरीति जो माताकरतीहैं तबबरदुल-

धि पूजेवरदुलहिनिमंगलनिधि ५७ बारहिंबारआरतीकरहीं व्यजनचारुचामरशिरढरहीं ५८ वस्तुअनेकनिछावरिहोहीं भरींप्रमोदमातुसबसोहीं ५९ पावापरमतत्त्वजनुयोगी अमियलह्यउजनुसंततरोगी ६० जन्मरंकजनुपारसपावा अंधहिलोचनलाभसुहावा ६१ मूकबदन जनुशारदछाई मानहुंसमरशूरजयपाई ६२ दो० ॥ यहिसुखतेशतकोटिगुण पावहिंमातुअनन्द भाइनसहितब्याहिघरआयेरघुकुलचन्द ६३ लोकरीतिजननीकरहिं बरदुलहिनिसकुचाहिं मोदबिनोदबिलोकिबड़राममनहिंमुसुकाहिं ६४॥ * * * *

चौ० ॥ देवपितरपूजेबिधिनीके पूजेसकलबासनाजीके १ सबहिबन्दिमांगहिंबरदाना भाइनसहितरामकल्याना २ अन्तरहितसुरआशिषदेहीं मुदितमातुअंचलभरिलेहीं ३ भूपतिबोलिबरातिनलीन्हा यानवसनमणिभूषणदीन्हा ४ आयसुपाइराखि

हिनि संकोचकरते हैं तेहिसमयमें मोदकै बिनोदकही लीलातेहिको देखिकैश्रीरामचन्द्र बहुतमुसुकातभये ( ६४ ) इतिश्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषबिध्वंसने बालकांडेबिवाहपरमउत्सवत्रैलोक्यमंगलकारीअयोध्याप्राप्तिवर्णनन्नाम षट्पंचाशत्तरंगः ५६॥ :: :: ::

दो०॥ सातपचासतरंगमें नृपपूजतद्विजभूरि रामचरणदैदानबहु बंदिचरणसुखमूरि ५७॥ नानाप्रकारके बिबिध बिधानते देवता अरु पितरन की पूजाकीन्ह अपने जीवनकी जेती बासनारही तेतीपूजाकीन्ह ( १ ) सबमातामिलिकै सब देवतनकहँ पूजिकै करजोरिकै मांगती हैं हे देवतहु भाइन बंधुन संयुक्त श्रीरामचन्द्रकर कल्याणहोइ ( २ ) तबअंतर्हित देवता आशीर्बाद देतभये सो आशीर्बाद माता अंचलपसारिकै लैलेत भईं ( ३ ) भूपति बरातिनको बोलाइकै रथ घोड़ा हाथी बस्तु देतभये ( ४ ) ते बराती राजाकै आज्ञापाइकै अपने अपने धामको जातभये ( ५ ) पुनि दशरथ महाराजने पुरके नरनारिनको मनबांछितपहिरावरिदीन्ह अरु घरघर बधाई बाजतभई ( ६ ) अरु याचकलोग जो जो मांगते हैं राजा मुदितमनते २ सोई तिनको देतेहैं ( ७ ) सकलसेवकअरु अनेकन बजनिया तिनको दानमान करिकै मनोरथ पूर्णकीन्ह ( ८ ) दोहार्थ॥ ते सम्पूर्ण पुरबासी जोहारिजोहारि आशीर्वाद देते हैं तब वशिष्ठ अरु ब्राह्मणसंयुक्त दूसरे मन्दिरको नरनाथने गवनकीन्ह ( ९ ) जो वशिष्ठ आज्ञादेतेहैं सो वेदबिधिते ब्राह्मण करावतेहैं माता सब करती हैं ( १० ) जब ब्राह्मणनकी भीर सबरानिनदेखी तब आपन बड़भाग्य जानि

उररामहिंमुदितगयेसबनिजनिजधामहिं ५ पुरनरनारिसकलपहिरायेघरघरबाजनलागबधाये ६ याचकजनयाचहिंजोइजोईप्रमुदित राउदेहिंसोइसोई ७ सेवकसकलबजनियानाना पूरणकीन्हदानसनमाना ८ दो० ॥ देहिंअशीषजोहारिसब गावहिंगुणगणगाथ तबसुरभूसुरसहितगृह गवनकीन्हनरनाथ ९ चौ० जोबशिष्ठअनुशासनदीन्हा लोकवेदविधिसादरकीन्हा १० भूसुरभीरदेखिसबरानी सादरउठींभाग्यबड़जानी ११ पायँपखारिसबहिअन्हवाये पूजिभलीबिधिभूपज्यँवाये १२ आदरदानप्रेमपरिपोषे देतअशीषसकलमनतोषे १३ बहुबिधिकीन्हगाधिसुतपूजा नाथमोहिंसमधन्यनदूजा १४ कीन्हिप्रशंसाभूपतिभूरी रानिनसहितलीन्हपगधूरी १५ भीतभवनदीन्हवरबासू मनजोगवतसबनृपरनिवासू १६ पूजेगुरुपदकमलबहोरी कीन्हबिनयउरप्रीतिनथोरी १७

कै आदरते उठीं ( ११ ) सबरनिवास ब्राह्मणनके चरण धोइकै स्नानकरावतीभईं तब सुन्दरवस्त्र देतीभईं सुन्दरआसनपर बैठाइकै धूपदीपकरिकै सुन्दर पक्वान्न जेंवावतभईं ( १२ ) पुनि जेंवाइकै अनेकदक्षिणा दीन्हिआदरकरिकै पोषणकीन्ह तब ब्राह्मणन आशीर्वाददीन्ह रानिनकोसंतोष भयो ( १३ ) पुनि रानीराजाने मिलिकै विश्वामित्रकै पूजाकीन्हि सबप्रकारते हाथजोरिकै कहतेहैं कि हे नाथ आजु हमारीसमानधन्य कोई नहीं है ( १४ ) तहां विश्वामित्रकैप्रशंसा भूपतिने बहुतिकीन्हि पुनि रानिनसंयुक्तपगकी धूरि माथेपरचढ़ाई ( १५ ) विश्वामित्रको समाजसंयुक्त भवनकेभीतर बासदीन्ह अरु राजारानी विश्वामित्र के मनकोजोगवतेहैं ( १६ ) पुनिबिबिध बिधान अरु अतिप्रीतिते गुरुवशिष्ठ कै पूजा अरु विनयकीन्ह ( १७ ) दोहार्थ॥ चारिउकुमार बधुनसंयुक्त अरु रानिनसहित राजा पुनिपुनि गुरुनके चरणारविन्द बन्दत हैं अरु मुनि आशीर्वाद देतेहैं ( १८ ) अरु अतिअनुराग संयुक्त वशिष्ठजी के आगे चारिउपुत्रनके सहित समस्त सम्पदा राखिकै विनयकरतभये कि हे महामुनीश सबतुम्हारैहै ( १९ ) तब मुनिनायक जो वशिष्ठ हैं सो आपन नेगमात्र मांगिलेतभये पुनि बहुतबिधिते आशीर्वाददीन्ह ( २० ) तब सीतारामकैमूर्ति हृदयमें राखिकै गृह को आवतभये ( २१ ) तब राजा बिप्रन की बधुनको बोलावतेभये सुन्दरचीर अरु हेममणिमय विभूषण सर्वांगमें पहिरावतभये ( २२ ) बहुरिकै

दो० ॥ बधुनसमेतकुमारसब रानिनसहितमहीशपुनिपुनिबन्दतगुरुचरण देतअशीषमुनीश १८ चौ०॥ बिनयकीन्हउरअतिअनुरागे सुतसम्पदाराखिगुरुआगे १९ नेगमांगिमुनिनायकलीन्हा आशिर्बादबहुतबिधिदीन्हा २० उरधरिरामहिंसीयसमेता हरषिकीन्हगुरुगमननिकेता २१ विप्रबधूसबभूपबोलाये चीरचारुभूषणपहिराये २२ बहुरिबुलायसुआसिनिलीन्ही रुचिबिचारि पहिरावरिदीन्ही २३ नेगीनेगजोगसबलेहीं

**रुचिअनुरूपभूपमणिदेहीं २४ प्रियपाहुनेपूज्यजेजाने भूपतिभलीभांतिसनमाने २५ देवदेखिरघुवीरबिवाहू बर्षिप्रसूनप्रशंसिउछाहू २६ दो० ॥ चलेनिशानबजायसुर निजनिजपुरसुखपाय कहतपरस्पररामयश प्रेमनहृदयसमाय २७ चौ० ॥ सबबिधिसबहिसमधिनरनाहू रहाहृदयभरिपूरिउछाहू २८ जहँरनिवासतहांपगुधारे सहितबधूटिनकुंवरनिहारे २९ लियेगोदकरिमोदसमेता कोकहिसकैभयोसुखजेता ३० बधूसप्रेमगोदबैठारी बारबारहियहर्षिदुलारी ३१**

राजादशरथने सुआसिनिनको बोलाया तिनकीरुचि विचारि २ पहिरावरिदीन ( २३ ) अरु नेगीजन जेहैं तिनको जैसो जोगहै तैसो ते लेते हैं तिनकी रुचि अनुरूप राजा देतेहैं ( २४ ) जे प्रियपाहुने पूज्यमान हैं तिनकरराजा सबप्रकारते सन्मान करतभये ( २५ ) सर्वदेवता श्रीरघुनाथजीको बिवाहदेखिकै फूलनकीवर्षा अरु उत्साहकरिकै प्रशंसा करतभये ( २६ ) दोहार्थ॥ तब निशानवजायकै देवता सुखपायकै परस्पर श्रीरामचन्द्रको यशकहत अपनेअपनेपुरकोचले प्रेमहृदयमेंनहींसमातहै ( २७ ) तहांसबकोसबविधि ते समधिकही समबुद्धिते आदर करतभये किन्तु समधि कही समधी जनकके समान सबते प्रीति करतभये ( २८ ) पुनि राजा जहांजनवास तहां पगुधारतभये तब राजामहलमें जायकै सहितबधुन कुँवरनकहँ देखतेभये ( २९ ) तब राजा प्रेमसमेत लरिकनको गोदमें लेतेभयेत्यहिसमयमें ज्यतनासुख राजाकोभयो सो सुख को कहिसकै ( ३० ) पुनि बधुनको प्रेमसमेत गोदमेंलेतभये हृदयमें हर्षिकै बारबार दुलारतभये ( ३१ ) यह समाज राजाकेगोदमें बधुनकोदेखिकै रनिवास इत्यादिक सबकेमन में आनन्दआइ बासकीन्हे है ( ३२ ) जेहिप्रकार बिवाहभयो सो राजासबते कहतभये सो राजाकी बाणीसुनिकै सबको परमहर्षहोतभयो ( ३३ ) राजाजनककोशीलगुणबड़ाईकही महत्व अरु प्रीति अरु रीति अरु बिभव ये सब अतिशोभितहैं ( ३४ ) सो राजा जनककीबड़ाई राजादशरथने बारबार बर्णनकीन्ह जेहिप्रकार भाटबर्णनकरैहैं तब रानी राजाजनककैकरणीसुनिकै अतिआनन्दभई ( ३५ ) दोहार्थ॥ तब पुत्रनसमेत राजा

**देखिसमाजमुदितरनिवासू सबकेउरआनँदकियबासू ३२ कह्यउभूपजिमिभयउबिवाहू सुनिसुनिहर्षहोहिसबकाहू ३३ जनकराजगुणशीलबड़ाई प्रीतिरीतिसम्पदासुहाई ३४ बहुबिधिभूपभाटजिमिबरणी रानीसबप्रमुदितसुनिकरणी ३५ दो० ॥ सुतनसमेतनहाइनृपबोलिबिप्रगुरुज्ञाति भोजनकीन्हअनेकबिधिघरीपांचगइराति ३६ चौ० ॥ मंगलगानकरहिंवरभामिनि भइसुखमूलमनोहरयामिनि ३७ अँचैपानसबकाहूपाये स्रगसुगन्धभूषितछबिछाये ३८ रामहिंदेखिरजायसुपाई निजनिजभवनचलेशिरनाई ३९ प्रेमप्रमोदबिनोदबड़ाई समयसमाजमनोहरताई ४० कहिनसकहिंशतशारदशेशू वेदबिरंचिमहेशगणेशू ४१ सो मैं**

स्नानकरिकै दिव्यपट धारणकरिकै पुत्रनकोबस्त्र अलङ्कार धराइकै विप्र अरुवशिष्ठ अरु सजातिनको बोलाइलीन्ह अनेक पदार्त्थ अनेकबिधि प्रीतिते भोजनकरतभये पांचघरीरातबीततिभई ( ३६ ) तहां मङ्गलगान बरभामिनीकरतीहैं सो रात्री सुखकीमूलहोतिभई ( ३७ ) ऐसे सुखपूर्बक सबही प्रसाद पाइकै मुखप्रक्षालिकै पानलेतभये स्रगकही फूलनके माला अरु इतरआदिक सुगन्धकरिकै भूषितछबि छाइरहीहै ( ३८ ) श्रीरामचन्द्रको देखिकै हृदयमेंधरिकै राजाकी रजायपाइकै परस्पर प्रणामकरिकै निजनिज भवनको जातभये ( ३९ ) तहां प्रेम अरु प्रमोदकही हर्षबिनोदकही आनन्द मयलीला अरु बड़ाई तेहिसमय में समाजकी मनोहरताई छाइरही है ( ४० ) सो सुख नहींकहिसकै जो शत शारदा अरु शत शेष चारिउवेद चारिउमुखते ब्रह्मा अरु महेश पांचोंमुखतें अरुगणेशसहित भाई षणमुखसो नहींकहिसकै ( ४१ ) सो श्रीगोसाईं तुलसीदास कहतेहैं कि मैं कौनी भांतिबर्णौं भूमिके नागजे फिरते हैं सो भूमिकेभारको कैसेधरैं किंतु भूमिनागकही केचुला सो भूमिकेभारको कैसेधरै ( ४२ ) तहां राजाने

सबप्रकारते सबकर सन्मानकीन्ह पुनि मृदुबाणीते रनिवासको बोलावतभये ( ४३ ) सुनहु ये बधूजेहैं लरिकनीते मानहुं परायेघर आईहैं तिनको पलकनयन कीनाईं राखहु ( ४४ ) दोहार्त्थ॥ हे रानिहु रात्रिबहुतगई लरिका श्रमितभये उनींदके बशमें हैं शयन करहुजाइ असकहिकै रामचन्द्रके चरणमें चित्तको लगाइकै बिश्रामकेगृहबिषे गये देखिये तौ इहां बात्सल्यरसमेंसदा डूबिरहेहैं अरु इहां रामचरणने चित्तलाइ यह शांतरस कहाहै तहां शांतरस सम्पूर्णमें अरु बात्सल्यरसमें मग्न यह अतिदुर्ल्लभहै महाराज श्रीदशरथसे केवलैशांतरसके बाहर भीतर बात्सल्यरस पूर्णबनाहै आनसेनहीं

कहौं कवनिबिधिबरणी भूमिनागशिरधरैकिधरणी ४२ नृपसबभांतिसबहिंसनमानी कहिमृदुबचनबोलाईरानी ४३ बधूलरिकनीपरघरआई राखेहुपलकनयनकीनाईं ४४ दो० ॥ लरिकाश्रमितउनींदबशशयनकरावहुजाइ असकहिगेविश्रामगृह रामचरणचितलाइ ४५ चौ० ॥ भूपबचनसुनिसहजसोहाये जटितकनकमणिपलँगडसाये ४६ सुभगसुरभिपयफेनुसमाना कोमलललितसुपेदीनाना ४७ उपवर्हणबरवरणिनजाहीं स्त्रगसुगंधमणिमन्दिरमाहीं ४८ रतनदीपसुठिचारुचंदोवा कहतनबनैजानुजिन जोवा ४९ सेजरुचिररचिरामउठाये प्रेमसमेतपलँगपौढ़ाये ५० आज्ञापुनिभाइनकहँदीन्हे निजनिजसेजशयनसबकीन्हे ५१

बनैगा ( ४५ ) भूपके बचन सहजही अतिशोभितसुनिकै कनकमणिनकरिकैजटित जो पलंग सो डसावतीभई ( ४६ ) तेहि पलंगपर सुभग कही सुंदर कामधेनुकेपयफेन के समान अतिकोमलललित कही मनोहर ऐसी सुपेदीबिछावतीभई ( ४७ ) तहां उपवर्हण जो हैं तकिया बरकहीश्रेष्ठ ते वर्णिबे योग्यनाहीं सुपेदी तिनपरशोभित है अरु श्रृंग जो मोतिन अरु फूलनकेमालमणि जहांतहां मन्दिरनमें झूमते हैं अरु अतर इत्यादिक सुगन्धमणिनकेशीशा कोईगोल कोई चौपहलू तिनमें सुगन्धभरे ते सब अनेकझरोखन अरु ताखनमेंधरे हैं अरु केते मणिजटित मन्दिरबिषे सुवर्णके सूत्रनकरिकै बँधेझूमते हैं ( ४८ ) अरु रत्नकेदीपक तहां मणिमय महलमेंतौ स्वयंप्रकाशहै पर रत्नकेदीपक भावकरिकै प्रकाशित हैं अरु चारु सुठि कही अतिसुन्दर सुवर्णमणि मोतिनकरिकै जटित बिचित्रचँदोवा मंदिरनमेंतने हैं सो कहतसन्तेनहींबनै जिन वहिसमयबिषेदेखा सो जानै ( ४९ ) तब रनिवास चारुशय्या बनाइकरिकै रामचन्द्रको उठावतीभई तब प्रेमसमेत पलँगपर पौढ़ावतीभई ( ५० ) पुनि तीनिउभाइनको श्रीरघुनाथ जी आज्ञाकीन्हजाइ कि जायआरामकरो तब तीनिउभाई आयसुपाइकैदण्डवत्करिकै भिन्नभिन्न पलँगनपर शयनकरतभये ( ५१ ) तब श्रीरामचन्द्रकर श्याम मृदुल निर्म्मलगातदेखिदेखि सबमाता प्रेममय बचनकहती हैं ( ५२ ) कि हे तात राहबिषे मुनीशकेसाथ जातसन्ते घोर ताडुकाराक्षसीको केहिबिधिमारा ( ५३ ) दोहार्त्थ॥ तहां मुनिकेयज्ञविषे घोर जे निशाचर अति बिकटभट अरु समरमें काहूकोगनैनहीं तिन मारीच सुबाहु इत्यादिक निश्चरनको कैसेमारा ( ५४ ) कौशल्याजी कहती हैं कि हे ताततुम्हारी अनेककरिवरैं कही बिघ्नैंटरीं केवल मुनिकीकृपाते महादेवने अ-

देखिश्याममृदुमंजुलगाता कहहिंसप्रेमबचनसबमाता ५२ मारगजातभयानकभारी केहिबिधिताततताडुका मारी ५३ दो० ॥ घोर निशाचरबिकटभटसमरगनैंनहिंकाहु मारेसहितसहायकिमिखलमारीचसुबाहु ५४ चौ०॥ मुनिप्रसादबलिताततुम्हारी ईशअनेककरिवरैंटारी ५५ मखरखवारिकरीद्वौभाई गुरुप्रसादसबविद्यापाई ५६ मुनितियतरीलगतपगधूरी कीरतिरहीभुवनभरिपूरी ५७ कमठपीठपविकठिनकठोरा नृपसमाजमहँशिवधनुतोरा ५८ विश्वविजययशजानकिपाई आयेभवनब्याहिसबभाई ५९ सकलअमानुषकर्मतुम्हारे केवलकौशिककृपासुधारे ६० आजुसुफलजगजन्महमारा देखितातविधुबदनतुम्हारा ६१ जेदिनगयेतुमहिंबिनु

नेकबिघ्नटारी ( ५५ ) हे तात यह सबहमने सुना कि तुम दोऊभाइन मुनीशकेयज्ञकी रक्षाकीन्ह अरु गुरुनकेप्रसादते सबबिद्या प्राप्तिभई ( ५६ ) अरु तुम्हारेचरणकी धूरी स्पर्श होतसन्ते मुनिपत्नी पापमय सो कृतार्थहोतिभई अरु कीर्त्ति चौदहौभूवनमें पूरिरहीहै ( ५७ ) अरु कमठकीपीठि अरु पबिकहीवज्र त्यहिते अति कठोरधनुष सो राजनकी समाजमें तुमतोरिडारयउ ( ५८ ) अरु सम्पूर्णविश्वमें बिजय अरु यशको प्राप्तिभयउ अरु श्रीजानकीजी परममंगलमयमूर्त्ति तिनकोपायहु अरु सबभाई आनन्दपूर्व्वक विवाहिकै घरआयहु ( ५९ ) हे तात तुम्हारेकर्त्तव्य अमानुष्य हैं मनुष्यके ऐसेकर्त्तव्यनहीं हैं इहां कौशल्याके बचनमें धुनिहै कि तुम परमेश्वरहौ ताते अमानुषकरणीकहा यह कौशल्याको बचनसुनिकै श्रीरामचन्द्रमुसुकाते हैं ( ६० ) पुनि कौशल्याजी कहती हैं कि हे तात तुम्हारबिधुबदनदेखिकै आजुहमारजन्म सफलभयो ( ६१ ) श्रीकौशल्याजी कहतीहैं कि हे तात जो दिन तुम्हैं देखे विना गये हैं सो बिरञ्चिलेखामें नपावै यह मैं तुमते बरमांगतिहौं तहां कौशल्याजीके बरमांगिबेकोयहअभिप्रायहै कि जबते तुम मुनीशकेसंगगयहु अरु आजुताई येतेदिन ब्रह्माके लेखामें न आवैं तहां कौशल्याके बचनमें रघुनाथजीने यहसमझा कि जबतेकौशल्याजी को जन्मभयो है अरु जबते श्रीकौशल्याजीके चौथेपनविषे हमजन्मलीन्हहै यतनेबीचमें कौशल्याजी ने हमको नहीं देखा अरु जब हमचित्रकूटकोजाहिंगे तब चौदहबर्षको बिक्षेपपरैगो ताते यतनेदिनसब जो हमारेदेखेबिना कौशल्याजीकी उमरिब्रह्मैलिखाहै तेहिदिनमेंहमारेदेखेबिना कौशल्याकोगये हैं सो ब्रह्मालेखामें न पावै तब रघुनाथजीने कहा एवमस्तु ताते त्रेतामें दशहजारबर्षकीउमरि शास्त्रनकही है तहां कौशल्याजूने नवहजारबर्ष दशरथमहाराजकेसंग राज्यकीन्ह अरु ग्यारहहजारबर्ष रघुनाथजीके राज्यमें बिराजमानरही हैं तेहि उपरान्त सहित

**देखे तेबिरंचिजनिपारहिंलेखे ६२ दो० ॥ रामप्रतोषीमातुसबकहिबिनीतबरबयन सुमिरिशम्भुगुरुविप्रपदकियेनींदबशनयन ६३ चौ०॥ उनिंदेबदनसोहसुठिलोना मनहुंसांझसरसीरुहशोना ६४ घरघरकरहिंजागरणनारी देहिंपरस्परमंगलगारी ६५ पुरी बिराजतिराजतिरजनी रानीकहहिंबिलोकहुसजनी ६६ सुंदरिबधूसासुलैसोई फणिपतिशिरजनुउरमणिगोई ६७ प्रातपुनीतकाल**

दशरथमहाराजके परबिभूतिको श्रीरघुनाथजीकेसंग जातीभई यहिचौपाईमें यहअभिप्रायहै ( ६२ ) दोहार्थ॥ माताको बचनसुनिकै एवमस्तु कहिकै श्रीरामचन्द्रने माताको बिनीत कही कोमल नीतिमान बचन कहिकै परितोषकीन्ह तबशंभु अरु गुरु बिप्रादिकनके पदसुमिरिकै नेत्रनकोनींदके बशकीन्ह नामसोइगये ( ६३ ) तहां उनींदे बदन अतिलोने कहीसुन्दर शोहतहैं मानहुसांझके सरसीरुहकही कमलशोनकही अरुण सांझके समयको अरुण कमल कछुक खुलाकछुक संकुचित तद्वत् उनींदोवदन शोभित है ( ६४ ) अरु घरघर प्रति तेहिरात्रीबिषे स्त्री जागरण करतीहैं अरु परस्पर मंगल गारीदेती हैं ( ६५ ) अरु पुरीजो है सोअतिसुन्दरि बिराजतिहै अरु रात्री अति शोभित है तेहि समयमें रनिवास संपूर्ण स्त्रिनते कहती हैं कि हेसजनिहुं देखौ तौ पुरीमें रात्री की शोभा अतिशय है अकथनीय है ( ६६ ) हे पार्बती सुन्दरि बधुनको लैलैसासु सोवतीभई जैसेफणिकजे हैं सर्पअपने सिरकीमणि अपने उरमेंगोइकहीछपाइरहे हैं तैसेबधुन को सबसासुगोद में लैकैसोई हैं ( ६७ ) महामंगल होतसंते रात्रीबीतिगई अतिपुनीत प्रातसमय होतभयो श्रीरघुनन्दन भाइनसंयुक्त जागतभये जब अरुणचूड़ जो मुर्गा किंतु अरुणचूड़ कहीसीस को सो सारसबोलनेलगे ( ६८ ) बन्दीगण अरु मागधद्वारपर रघुनाथजीकेगुणगावनलगे अरु पुरजन यथायोग्य जोहारिबेको आयेहैं ( ६९ ) तब चारिउभाई प्रातउठिकै बिप्रसुरुगुरु अरु मातापिताके पदनकीबंदना करतभयेमंगलमय सबभ्राता आर्शीर्बाद पावतेभये ( ७० ) तहांमाता चारिउभ्राता के मुखकमल देखिकै आनंद पावती हैं तबराजाके संग द्वारको जातेभये ( ७१ ) दोहार्थ॥ श्रीरामचन्द्र चारिउभाई सहजहीं परमपवित्र सदाएकरस नित्यते लीलाअनुकरण हेतु प्रातशौचक्रिया पूर्वक श्रीसरयू स्नान अरुनेमकरिकै चारिउभाई राजाकेपासआवतभये ( ७२ ) तबभूपने श्रीरघुनाथ

प्रभुजागे अरुणचूड़बरबोलनलागे ६८ बन्दीमागधगुणगणगाये पुरजनद्वारजोहारनआये ६९ बन्दिबिप्रसुरगुरुपितुमाता पाइअशीषमुदितसबभ्राता ७० जननीसादरबदननिहारे भूपतिसंगद्वारपगुधारे ७१ दो० ॥ कीन्हशौचसबसहजशुचिसरितपुनीतनहाइ प्रातक्रियाकरितातपहँआयेचारिउभाइ ७२ चौ०॥ भूपबिलोकिलियेउरलाई बैठेहर्षिरजायसुपाई ७३ देखिरामसबसभाजुड़ानी लोचनलाभअवधिअनुमानी ७४ पुनिबशिष्ठमुनिकौशिकआये आसनसुभगमुनिनबैठाये ७५ सुतनसमेतपूजिपदलागे निरखिराम दोउगुरुअनुरागे ७६ कहहिंबशिष्ठधर्मइतिहासा सुनहिंमहीपसहितरनिवासा ७७ मुनिमनअगमगाधिसुतकरणी मुदितबशिष्ठ

जीको देखिकै उठिकै उरमें लगाइलीन्ह पुनि राजादशरथ उरमें लगाइकै बैठे तबराजाकै रजायसु पायकै राजाके समीप रघुनाथजी बैठे ( ७३ ) श्रीरामचन्द्रकरस्वरूप अतिसुन्दरदेखिकै सभाजुड़ाइगई संपूर्णसभाकेचित्तकैवृत्तिव्यवहारमेंरही सो मिटिकै श्रीरामचन्द्रकेस्वरूपमेंलगी तातेसबजुड़ाई कही शीतलभये अरु अनुमानकीन्ह कि लोचननके लाभकै अवधिइनके दर्शनै हैं आगे कछुनहीं है ( ७४ ) पुनि राजसभामें बशिष्ठ अरु विश्वामित्र आवतभये तबसभा समेत राजाउठिकै प्रणाम करिकै सुन्दर आसनपर बैठावत भये ( ७५ ) दुनौंगुरुनको राजाबैठाइकै पुत्रनसमेत षोड़शप्रकारते पूजन करिकै पदमें लगावतभये तब श्रीरामचन्द्र को देखिकैदूनोंगुरुन को अनुराग होतभयो ( ७६ ) यहि प्रकारते दिनप्रति वशिष्ठजी धर्म इतिहास पुराण वेदबांचते हैं सो राजारानी सुनते हैं ( ७७ ) तहां गाधिसुत बिश्वामित्र तिनकै करणी मुनिनके मनको अगमहै सो बशिष्ठजी बारबार बर्णतभये ( ७८ ) तब बाम देवमुनि बोले कि यह जो बिश्वामित्रकै करणी बशिष्ठजी कहते हैं सो सबसत्यहै इनकी कीर्त्तितीनिउ लोकमें फैलिरही है ( ७९ ) यहसुनिकै सबको आनंद होतभयो अरु श्रीरामचन्द्रअरु लक्ष्मण के उरमें अधिक उत्साह होतभयो ( ८० ) दोहार्थ॥ तहां जो दिन बीतते हैं सो मंगल मोद उत्साहमय सब श्री अयोध्याजीमें उमगि उमगि दिनप्रति अधिकाते हैं ( ८१ ) तब सुन्दर सुदिन साधिकै कङ्कण छोरतभये तहां मङ्गल अरु मोदबिनोदकही आनन्दमयलीला सोथोरिनहींहै अमितहोतिभई है ( ८२ ) नित्य नवीन नवीन सुखदेखिकै देवतासिहाते हैं अरु बिधिते मनावते हैं कि हे बिधि यहीसमयमें श्रीअयोध्यामें हमारोअजन्महोइ ( ८३ ) तहां बिश्वामित्र नित्यउठि चलाचाहते हैं

बिपुलबिधिबरणी ७८ बोलेबामदेवसबसांची कीरतिकलितलोकतिहुंमाची ७९ सुनिआनन्दभयेसबकाहू रामलषणउरअधिकउछाहू ८० दो० ॥ मंगलमोदउछाहनितजाहिंदिवसयहिभांति उमगिअवधिआनन्दभरिअधिकअधिकअधिकाति ८१ चौ० ॥ सुदिनसाधिकरकंकणछोरे मंगलमोदबिनोदनथोरे ८२ नितनवसुखसुरदेखिसिहाहीं अवधजन्मयाचहिंबिधिपाहीं ८३ विश्वामित्रचलननितचहहीं रामसप्रेमविनयबशरहहीं ८४ दिनदिनसौगुणभूपतिभाऊ देखिसराहमहामुनिराऊ ८५ माँगतबिदा राउअनुरागे सुतनसमेतठाढ़भयेआगे ८६ नाथसकलसम्पदातुम्हारी मैंसेवकसमेतसुतनारी ८७ करबसदालरिकनपरछोहू दरशन देतरहबमुनिमोहू ८८ असकहिराउसहितसुतनारी परेचरणभरिलोचनबारी ८९ दीन्हअशीषऋषयबहुभाँती चलेनप्रीतिरीति

परन्तु श्रीरामचन्द्रकी बिनयप्रेमते रहिजाते हैं ( ८४ ) तहां दिनदिनप्रतिसौंसौ गुणभाव राजाबिश्वामित्रकर करतेहैं राजाकर भावदेखिदेखि महामुनिवर बारबार सराहते हैं ( ८५ ) अब विश्वामित्र बिशेष बिदामांगतेहैंतब राजा अतिअनुरागपूर्वक सुतनसमेत करजोरिकै आगेठाढ़ेभये ( ८६ ) तब राजाबोले कि हेनाथ यह सकलसम्पदा आपुकीहै अरु मैं

पुत्रन अरुरानिनसहित आपुकर सेवकहौं अरु सदासेवक जानेरहब ( ८७ ) अरु ये चारिउपुत्र आपुके लरिकाहैं सदाछोहकही दयाकरतरहब अरु दर्शनमोहूंको देतरहब यह कृपाबनीरहै ( ८८ ) तब विश्वामित्रकै विनयकरिकै पुत्रन समेत राजा औ रानी बिश्वामित्रके पांयनपरतभये प्रेमतेगद्गद नेत्रनमेंजलभरे मुखते बाणीनहींआवै ( ८९ ) तब ऋषयउठाइकै बहुप्रकारते आशीर्बाददेतभये पुनि बिदाहोतभये तहां परस्पर प्रीतिकीरीति कछुकहीनहींजातीहै तब राजाने अनेकप्रकारते भेंटदी अरु अनेकप्रकारके भोजन के सरञ्जाम मंजिलके मंजिल पहुंचावतेभये ( ९० ) तहां विश्वामित्रराजाको ठाढ़कीन्ह अरु अनेक मन्त्रिनसंयुक्त चारिउभाई मुनिको पहुंचावै चले तब विश्वामित्र प्रेमतेभरे बारबार रघुनाथजीको फेरते हैं परन्तु रघुनाथजी प्रेमकेबश नहींफिरते हैं पुनि सुन्दर आशीर्वाद अरु आयसुपायकै फिरतेभये तहां माघके शुक्लपक्षकी पूर्णमासीको श्रीअयोध्याते विश्वामित्रबिदाहोतभये निज आश्रमकोगये तब भाइनसहित श्रीरामचन्द्र भवनको आवतभये ( ९१ ) दोहार्थ ॥ तब विश्वामित्र श्रीरामचन्द्रको स्वरूप हृदयमेंधरे सहितसमाज चलेजाते हैं अरु भूपतिकर भावभक्ति अरु बिवा-

कहिजाती ९० रामसप्रेमसंगसबभाई आयसुपाइफिरेपहुंचाई ९१ दो० ॥ रामरूपभूपतिभगतिब्याहउछाहअनन्द जातसराहतमनहिं मनमुदितगाधिकुलचन्द ९२ चौ० ॥ बामदेवअरुकुलगुरुज्ञानी बहुरिगाधिसुतकथाबखानी ९३ सुनिमुनिसुयशमनहिंमनराऊ बरणतआपनपुण्यप्रभाऊ ९४ बहुरेलोगरजायसुभयऊ सुतनसमेतनृपतिगृहगयऊ ९५ जहँतहँरामब्याहसबगावा सुयशपुनीत लोकतिहुंछावा ९६ आयेब्याहिरामघरजबतें बसेअनंदअवधसबतबतें ९७ प्रभुबिवाहजसभयउउछाहू सकहिंनबरणिगिराअहिनाहू ९८ कबिकुलजीवनपावनजानी रामसीययशमंगलखानी ९९ तेहितेमैंकछुकहाबखानी करनपुनीतहेतुनिजबानी १००

हकेउत्सव को आनन्दमन में सराहत गाधिकुलचन्द चलेजाते हैं राजागाधिके कुलके चन्दकही कुलभरेकी तीनितापहरिकै कृतार्थकीन्ह ( ९२ ) तहां बामदेव मुनि जो हैं अरु रघुकुल गुरुज्ञानी बशिष्ठ जोहैं ते बहुरिकहींबारबार गाधिसुत जो बिश्वामित्र तिनकीकथा अतिप्रीतिते बखानते हैं ( ९३ ) गुरुनके मुखते बिश्वामित्रकर सुयश सुनिकै राजाअपने पुण्यकोप्रभाव बहुतमानतभये ( ९४ ) तब राजाकी रजायपाइकै सबलोग अपने अपने घरकोगये ( ९५ ) हे पार्बती स्वर्ग पाताल मृत्युलोकादि तीनिहूंलोकनबिषे जहां तहां रामचन्द्रके बिवाहको पवित्रसुयश छाइरह्योहै ( ९६ ) हे भरद्वाज श्रीअयोध्याअरु अयोध्या बासी ये तौ सदैव आनन्दमय रहतेहैं पर श्रीरामचन्द्र जबते ब्याहकैआयेहैं तबते आनन्दसमेत बसेहैं ( ९७ ) तहां श्रीरामचन्द्रके बिवाहकरजैसो उत्साहभयोहै तैसो गिराकही सरस्वती अरुशेषजी नहींबरणिसकैं ( ९८ ) श्रीगोसाईं तुलसीदास कहतेहैं कि यह जो श्रीरामचन्द्रकर चरित कबिकेकुलको जीवन अरु पावनकर्त्ताहै सो अपनीबाणी पवित्रकरिबेकेहेतु अरु मेरे कल्याणकेहेतुहै ( ९९ ) ताते अपनीमति केमाफिक मैं जो तुलसीदासहौं श्रीरामचन्द्रकर चरित अपनीबाणीके पुनीतहेतु कहतभयों ( १०० ) छन्दार्थ॥ श्रीगोसाईं तुलसीदास कहते हैं कि यह जो श्रीरामचन्द्रकर सुयशहै उसे अपनीबाणीके पावनकरिबेको कारणजानिकै मैं कह्यउँहै अरु श्रीरामचन्द्रकोचरित तौ अपार समुद्र है वर्णन करिकै कौनेकबि पारपावा नामकेहूंनहींपावा ( १०१ ) श्रीगोसाईं तुलसीदास कहते हैं कि श्रीरामचन्द्रको जन्म अरु यज्ञोपवीत अरु बिवाहका मङ्गलमय उत्साह जो गावते अरु सुनतेहैं ते नरलोक श्रीबैदेही अरु रामचन्द्रके प्रसादते सदासुखपावहिंगे ( १०२ ) सोरठार्थ॥ श्रीरघुनन्दन श्री

हरिगीतिकाछन्द ॥ निजगिरापावनकरनकारणरामयशतुलसीकह्यौ रघुबीरचरितअपारबारिधिपारकविकवनेलह्यौ १०१ उपवीतब्याहउछाहमंगलसुनिजेसादरगावहीं वैदेहिरामप्रसादतेनरसर्वदासुखपावहीं १०२ सो० ॥ सियरघुबीरबिवाह जेसप्रेम गावहिंसुनहिं

**तिनकहँसदाउछाह मंगलायतनरामयश १०३॥ इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसनेबालकाण्डे विमलसम्पादनोनाम प्रथमस्सोपानस्समाप्तः १॥**

* * * * *

जानकीजीको बिवाह जेकोई प्रेमसंयुक्तगावैं अरु सुनैं तिनको सर्बकालमेंउत्साह है काहेते श्रीसीतारामकरयश यह मङ्गलमयको आयतनकही स्थान है ( १०३ ) बर्णसवैया कबित्त॥ निगमागमपादपकल्पलसैं फलरामचरित्रसुधारसमय तुलसीशुककेमुखतेकरिकै द्रवपीवतसन्तसमाजसबय पुनिब्रह्मकण्डलवेददयो सरितासुररामकीकीरतिहय तुलसीसुभगीरथरामचरण भुविजीवसबैजगपावनभय १ सबशास्त्रनकोमतसारलियो जल दूध यथालखिहंसगहयगिरितेजिमिमाणिकलेहिभलेमथिसिंधुअमीजिमिदेवलहयतिमिशा-स्त्रपुराणश्रुतीसुमृतीसुबिचारिबिशेषबिशेषणहयसबरामचरण तुलसीलैकै रचिरामकथामुदमङ्गलमय २ शुचिज्ञानबिरागबिवेकमयी शमतोषदयादमशीलबसी नवधापरप्रेमपराभगती सबसन्तनकेहियमेंहुलसी शुभचारपदारथपूरिभये मदमोहनदीनदकोपुलसी दृढ़रामचरणअतिप्रीतिकरै रघुबीरकथाबरणीतुलसी ३ सरसन्तनकोमनहंसजहां मुकतागुणराम चुनैसुकसी कबिकोबिदको बिश्रामथली सबशास्त्रसुमङ्गलमयमुखसी रघुबीरस्वरूपसदादरसी सुखकोसुखसीदुखकोदुखसी जगजालकोरामचरण असिसी रघुबीरकथाबरणीतुलसी ४ सबकोमतएककरीतुलसी सियरामस्वरूपमेंआनिधरी तेहिग्रन्थकोअर्थकियोमतिजो यहसिंधुसुधारसपूरिभरी सरमानसरामचरित्रजहां गुणकीरतिदिब्यउठैंलहरी सियरामसमीपहिबासकरै जोइरामचरणस्नानकरी ५ दोहा॥ अवधपुरीपूरणभयो सुभग जानकीघाट रामचरणशुभतिलककृत सन्तसमाजकोठाट ६ सम्बतअष्टादशसुभग सत्तरिअर्द्धसपाख रामचरणऋतुराजतिथिपञ्चशुक्लबैशाख ७॥

**इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वंसनेबालकाण्डेश्रीसीतारामबिवाह श्रीअयोध्याबिश्रामपरमोत्साहपरमानन्दत्रैलोक्यमङ्गलबर्णनन्नामसप्तपञ्चाशत्तरङ्गः॥**

# ॥रामायण तुलसीदासकृत सटीक॥

## ॥अयोध्याकाण्ड॥

श्रीमतेरामानुजायनमः॥ घनाक्षरी॥ तुलसीकृतमेघस्वाति योगधर्मज्ञानशालिप्रेमनीरचातकमयूरचित्तमनहै कामधेनुदिव्य सोपिदुग्धभावप्रीतिस्वादतोषपुष्टजीवबत्सदेवरामजनहै धर्मिन को धर्म्मसिद्धियोगिनकोयोगसिद्धि ज्ञानिनको ज्ञानसिद्धि भक्त भक्तिधनहै रामचरणश्रीमद्रामायणश्रीरामअयन रामनामलीला श्रीरामसीयतनहै (१) क्षीरसिंधुअवधकांडपूरभयेभरतभावशेष विज्ञान विष्णुरमारामनामहै विरहअथाहस्वस्वरूपइंदुप्रेमसुधा रामरूपचिंतामणिभक्तिधेनुकामहै भरतकोयोगवैराग्यज्ञानध्यान तपआदि गुणदिव्यभूरिजलचरनकोधामहै रामचरणशरणागत सीपमोती कृपारामआरततरंगेंशोचउमगैसुदामहै २ शर्दनभकांड यहपूरचन्द्रभरतभावमुनिगणचकोरकुमुदअंगअंगछामहैवेदनकी तत्त्वरामसर्वोपरसर्बरसकारणऔरकारजपरेकर्मधर्मधामहैरामगुणप्रतापरूपनाम श्रीधामप्रेमभर्त्तसर्बजीवनकोदीन्होंअभिरामहै रामचरणरामकोचरित्रपरमदिव्यसुधापीवै सोरामभक्तहर्षिआठोयाम ३॥

श्लोक॥ वामांकेचबिभातिभूधरसुतादेवापगामस्तके भालेबालबिधुर्गलेचगरलंयस्योरसिब्यालराट्॥ सोऽयंभूतिविभूषणः सुरवरःसर्वाधिपस्सर्वदा सर्व्वस्सर्वगतःशिवःशशिनिभःश्रीशंकरःपातुमाम् १ प्रसन्नतोयोनगतोभिषेकतस्तथानमम्लेवनवासदुःखतः मुखाम्बुजंश्रीरघुनन्दनस्य सदाऽस्तुमेमंजुलमंगलप्रदम् २॥ * * * * * * *

दो०॥ रामब्याहऐश्वर्यसुखचौदहभुवननपूरि रामचरणश्रीअवधमेंप्रथमतरंगनिभूरि १ प्रथमश्रीअयोध्याकांडविषेप्रथमशंकरभागवत् श्रीरामानन्य मुनिभगवत् श्रीरामचन्द्र श्लोकद्वौ ताको अर्थ श्रीशंकर जो हैं सर्व जीवनके कल्याणकर्त्ता ते माम्पातु मेरेऊपर रक्षाकरहु सहितपार्बती प्रसन्नहोहु कैसेहो तुममहादेव वामांगबिषे बिभाति कही शोभितहैं भूधरसुता जे पार्बती अरु देवापगा जो श्रीगंगाजी सो शीशपर शोभितहैं अरु भालविषे बालचन्द्रमा शोभितहै तेद्वौ सर्व जीवनके पापताप हर्त्ता हैं अरु ग्रीवविषेगरल जो श्यामता सो शोभित है जनु सर्बके दुःखहरिकै आपुगरे बांध्यो है पुनिग्रीव बिषे व्याल जो है राट्कही श्रेष्ठ सर्पराज सो शोभित है जनुसर्बजीवनको भय हरिकै निर्भयकीनहै अरु अंगबिषे विभूति भूषितहै सो सर्व जीवनकी सुखकर्त्रीहै सो महादेव कैसे हैं ब्रह्मादिक सर्ब देवतन मेंबर कही श्रेष्ठ हैं काहेते रामानन्य हैं अरु सर्बाधिप हैं सर्बजीवनके राजा हैं सर्वदा सर्बजीवनके पालकहैं अरु सर्वकही षोड़शौकला करिकै संपूर्णहैं अरु सर्वगतकही सर्वजीवबिषे गतकही प्राप्तिहैं शिवकही कल्याणरूप हैं शशिनिभःकही अतिउज्ज्वल निर्मलअमृतमय शीतलमय प्रकाशमयऐसीदेहकी प्रभाहै ऐसे श्रीशंकर माम्पातु श्रीगोसाईं तुलसीदासजी तिन शंकरको नमस्कार करिकै श्रीअयोध्याकाण्ड प्रारम्भकरते हैं काहेते किश्रीशंकर यहि श्रीमद्रामायणके आचार्यहैं १ गोसाईं कहतेहैं रघुनन्दनस्य मे सदा मंजुलमंगलप्रद नाम मंगलके दाता हैं सो कैसे हैं रघुनन्दन मुखाम्बुज मुख नित्यप्रसन्न है मोकोमंगलकरहिंगे पुनः कैसेहैं रघुनन्दन राजादशरथ महाराज्याभिषेक देनेलगे तब लेशहूप्रसन्नता नहींआई पुनिजब कैकेयी माताने बनबासदियो तब तन मनमुखविषे लेशहूमलीनता नहींआई ऐसे श्रीरघुनन्दन मैं जो हौं रामचरण ताहूको मंगलदेहिं जातेश्रीअयोध्याकाण्डको तिलक यथार्थ सिद्धिहोइ २॥

दो०॥ श्रीगुरुचरणसरोजरजनिजमनमुकुरसुधारि बरणौंरघुबरबिमलयशजोदायकफलचारि १ चौ०॥ जबतेरामब्याहिघरआये नितनवमंगलमोदबधाये २ भुवनचारिदशभूधरभारी सुकृतमेघबरषहिंसुखबारी ३ ऋधिसिधिसम्पतिनदीसुहाई उमगिअवधअम्बुधिकहँआई ४ मणिगणपुरनरनारिसुजाती शुचिअमोलसुंदरसबभांती ५ कहिनजाइकछुनगरबिभूती जनुयतनीबिरंचि

दो०॥ श्रीतुलसीदास अपने गुरुनके नमस्कार करतहैं श्रीगुरुजो हैं तिनकर जो कमल चरण हैं तिन चरणन की रज तेहिकरिकै अपने मन मुकुरको निर्मलकरिकै श्रीरघुबरको विशद यशबर्णौं जो चारिउ फलकरदाता है अरु यहरामायण श्रीरामचन्द्रको अयनहै तातेसर्बरस अरु नवधा भक्ति प्रेमा परा अरु रामस्वरूप की दाताहै ताको वर्णत हौं ( १ ) हे पार्बतीसदा महामंगलमय श्रीअयोध्यामें जबते श्रीरामचन्द्र बिवाहकरिकै आये तबते नित्यही नवीन मंगलमोद बधाई बाजती हैं ( २ ) हेभरद्वाज चौदहौभुवन जेहैंसोई पर्बतहैं अरु चौदहो भुवनकेसुकृत सोईमेघहैं अरु महासुख सोईजलहै सो सुकृतरूप मेघबर्षते हैं ( ३ ) तहां ऋद्धिकहीनवनिधि अरु आठ सिद्धीसो भगवत्सम्बन्धिनी हैं अरुदशसिद्धीगुणसम्बन्धिनी हैं अरु पांच अल्पसिद्धी हैंसो नवोनिद्धि अरुतेइससिद्धीसोईनदीहैं ते सब सुखरूप जलते भरीउमगिउमगि श्रीअयोध्या समुद्रमेंमिलतभईं ( ४ ) अरु समुद्रमेंतोमुक्ता इत्यादिक अनेकन जातिनकी मणिहोती हैं अरु अवध समुद्ररूप तामें पुरके नरनारि मणिहैं अरु शुचिकही पवित्र सोई मणिको प्रकाश है अरु अतिसुन्दरता सोई अमोलता है ( ५ ) तहां नगरकी बिभूति कछु कहीनहीं जाइहै जनु बिरंचिकै यतनीहीं करतूति है ( ६ ) सब प्रकारते संपूर्ण लोग श्रीरामचन्द्रकर मुखचन्द्र देखि देखिसुखी हैं ( ७ ) तहां सबमातु सखीसहेलीइत्यादिक अपने मनोरथ की कल्पबेलिको फलित देखिकै मुदित हैं ( ८ ) अरु श्रीरामचन्द्रकर रूप गुणसुभाव देखि सुनि सुनि राजा

आनंदहोते हैं ( ९ ) दोहार्थ॥ सम्पूर्ण अयोध्यावासी मंत्री इत्यादिकनके यह अभिलाषाहै अरु ते श्रीमहेशको मनावते हैं कि हे महेश आपु अछतकही श्रीरामचन्द्रको युवराजपद राजा अपने आगेदहिं १०॥ इति श्रीरामच-

करतूती ६ सबबिधिसबपुरलोगसुखारी रामचन्द्रमुखचन्द्रनिहारी ७ मुदितमातुसबसखीसहेली फलितबिलोकिमनोरथबेली ८ राम रूपगुण-शीलसुभाऊ प्रमुदितहोहिंदेखिमुनिराऊ ९ दो० सबकेउरअभिलाषअसकहहिंमनाइमहेश आपुअछतयुवराजपदरामहिंदेहिंनरेश १०॥ *

चौ०॥ अतिआनन्दअवधपुरबासी भ्रातनसहितदेखिसुखरासी १ एकबारजानकीसमेता बैठेप्रभुनिजरुचिरनिकेता २ भुज प्रलंबउरनयनबिशाला पीतबसनतनश्यामतमाला ३ कोटिमनोजदेखिछबिमोहा सीताकरचामरबरसोहा ४ तेहिअवसरमुनिनारद आये सुरहितलागिबिरंचिपठाये ५ तेजपुंजकरतलकरबीना हरिगुणगणगावतलयलीना ६ देखिरामसहसाउठिधाये करतदण्डवतमुनिउरलाये ७ सादरनिजआसनबैठारे जनकसुतातबचरणपखारे ८ तेहिचरणोदकभवनसिँचावाजगपावनहरिशीशचढ़ावा

रितमानसे सकलकलिकलुष बिध्वंसने विमल श्रीअयोध्याकांडे श्रीरामचन्द्र विवाह श्री अयोध्याविषे प्राप्तिपरमैश्वर्यबर्णनन्नामप्रथमस्तरंगः१॥

दोहा॥ महाराज दशरत्थमन रामराज्यअभिषेक द्वितियतरंगत्रिलोकमें रामचरणसुखएक ( १ ) नारदकोप्रसंग तीनिदोहापर्यन्त काहूकाहू प्रतिमें नहीं है क्षेपक कहते हैं तातेतीनिउ दोहाकोअक्षरार्थै इहां यहींचौपाई को अर्थ करते हैं नारदकहते हैं कि हेरामचन्द्रतुम्हारनामअरु तुम्हार रूप अरु तुम्हारबपु ये तीनों बर्णकही अक्षरनके अर्थतेअभेद हैं अरु बर्णकहींरंग अरुगुणसोतीनिउअभेदहैं बपुकरप्रकाश जेछटाताकोरूपकही अरुबपुजोशरीरतेहि बिषे जो परमदिब्य समष्टीरूपगुणहै ताकोनामकही काहेते अपनेदिब्यगुणरूपकमाधुर्य्यमेंमुनिनके चित्तको रमावते हौ तातेरामकही ऐसेनामरूप बपु

९ सुनुमुनिबिषयनिरतजेप्रानी हमसारिषेदेहअभिमानी १० तिनकहँसतसंगतिजबहोई करहिंकृपाजापरप्रभुसोई ११ ताकहँमुनि नाहिंनभवआगे जेहिबिनुहेतसंतप्रियलागे १२ तातेनारदमैंबड़भागी यद्यपिगृहकुटुम्बअनुरागी १३ दो०॥ सुनिप्रभुवचनमधुर प्रियकरिबिचारिमुनिधीर परमकृपालुलोकहितकसनकहौरघुबीर १४ चौ०॥ कहमुनितवमहिमारघुराया मैंजानौकछुतुम्हरी दाया १५ वचनकहेउप्राकृतकीनाईं यामेंनहिंकछुघटेउगोसाईं १६ प्रभुयहतुमहिंसदाबनिआई निजलघुताजनकेरिबड़ाई १७ सहजस्वभावप्रणतअनुरागी नरतनधरेउदासहितलागी १८ मायागुणगोज्ञानअतीता अजितनामसोदासनजीता १९ जेहिप्रभुसमअतिशयकोउनाहीं ब्यापकअजसमानसबमाहीं २० उदरचराचरमेलिजोसोवा अस्तनपानलागिसोरोवा २१ नामरूपबपुबरणनभेदा अविगतअकलनेतिकहवेदा २२ निर्ममुक्तनिरामयजोईदशरथसुतकहिगाइयसोई २३ तपजपयोगयज्ञब्रतदाना विमल बिरागज्ञानबिज्ञाना २४ करहिंयतनमुनिपावहिंकोई देखाप्रगटभक्तवशसोई २५ हठवशशठबहुसाधनकरहीं भक्तिहीनभवसिन्धुनतरहीं २६ दो० ॥ जानिसकहुतेजानहु निर्गुणसगुणस्वरूप ममहियपंकजभृङ्गइवबसहुरामनरभूप २७ चौ० ब्रह्मभवनमें

रह्यउँकृपाला गावततवगुणदीनदयाला २८ असिइच्छाउपजीमनमाहीं देख्यउँचरणबहुतदिननाहीं २९ यद्यपिप्रभुसर्वत्रसमाना सनुनरूपमोरेमनमाना ३० अवधचलतबिरंचिमोहिजाना कीन्हीबिनयलागिममकाना ३१ प्रभुजानतसबअन्तरयामी भक्तबत्सलबिनतीयहस्वामी ३२ जेहिहितलीनमनुजअवतारा नाथताहिअबकरियसँभारा ३३ सुनतवचनरघुपतिसुसुकाने मुनिअजहूंबिरंचिभयमाने ३४ कह्यउतातब्रह्महिंसमुझाई कछुदिनगयेदेखिहैंआई ३५ बारबारचरणनशिरनाई ब्रह्मानन्दनहृदयसमाई

अभेदहैं अबिगति हैं अकथहैं नेतिनेति वेदकहते हैं प्रमाण महारामायणेएकपंचाशत्सर्गे श्लोकद्वौ मुनिवेषधरंरामंनीलजीमूतसन्निभं रामंतेयोषितो भूत्वारूपंदृष्ट्वामहर्षयः १ पुनि श्रीरामतापिन्याम्रमंतेयोगिनोऽनंतेसत्यानंदेचिदात्मनिइतिरामपदेन्यासो परं ब्रह्माबिधीयते २२ एकतालिसकेअग्रतेहै पार्वतीएकसमयबिषे महाराज श्रीदशरथजीराजसभाबिषे सहितसमाज बिराजमानहैं ( ४१ ) तहां नरनाह सकल सुकृतकीमूर्त्तिहीहैं अरु श्रीरामचन्द्रके सुभाव क्रियागुणको यशसो संपूर्ण सुनि सुनि हृदयमें उत्साह होत ( ४२ ) कैसे श्रीदशरथ महाराज हैं जिनकी चाहना सबराजा करते हैं अरु लोकपकही चौदहौ लोक के पालक अष्टलोकपाल तेसबके सब प्रीतिरुखराखिबे की इच्छाराखते हैं लोकनकेनाम अतल १ बितल २ सुतल ३ तलातल ४ महातल ५ रसातल ६ पाताल ७ तिनलोकन के अधिष्ठाता कहते हैं महिते अर्धतामें बलिनाम दानवहै १ पुनि ताके अर्ध बितल तामें हाटकेश्वरमहादेव हैं २ पुनिताके अर्धसुतल तामेंबलि ३ पुनिताके अर्ध तलातल तामें मयदानवहै ४ ताकेअर्ध महातल तामें अ-

रामरूपउरधरिमुनिनारद चलेकरतगुणगानविशारद ३७ तबरघुपतिसीतहिसमुझाई पूर्वकथासबहेतुसुनाई ३८ सुरहितलागिसो करियउपाई जाइयबनपरिहरिठकुराई ३९ दो०॥ जगसंभवअस्थितिप्रलयजाकीभृकुटिबिलास सोप्रभुयतनबिचारतकेहिबिधिनिशिचरनास ४० चौ०॥ एकसमयसबसहितसमाजा राजसभारघुराजबिराजा ४१ सकलसुकृतमूरतिनरनाहू रामसुयशसुनि परमउछाहू ४२ नृपसबरहहिंकृपाअभिलाषे लोकपरहहिंप्रीतिरुखराषे ४३ त्रिभुवनतीनिकालजगमाहीं भूरिभागदशरथसम

बिगरिबेकर शोच नहीं है ( ६१ ) तहां एकही दुसहदावाते हृदय जराजातहै काहेते मोरे कारण सीताराम ने बनमें गमनकीन्ह है ( ६२ ) तहां जीवनकर लाभ लक्ष्मणजी ने भलेप्रकार पायो है जिन सर्ब धर्म कर्मनेहनाते त्यागिकै ब्रह्मस्वरूप के पदपद्म को आश्रयलीनहै ( ६३ ) देखिये तौ हे बिधाता मोरजन्म केवल श्रीराम के बनगमनहेतुभयो मैं अभागीझूंठही पछितात हौं ( ६४ ) दोहार्थ॥ अब मैं आपनि दारुण दीनता सबते सविनय करजोरिकै शिरनाइकै कहतहौं श्रीसीताराम के चरणकमल देखेबिना यहजीवकै जरनि न जायगी कोटिहु यत्न ते देखिये तौ गुरु मातु मंत्री इत्यादिकके वचनको नहींमान्वोहै पर भरतकीवाणी में सबै आनन्दको प्राप्तिभये हैं अतिप्रसन्न हैं काहेते भरतजी सम्पूर्णदोष अपनेविषे रोपणकरिकै श्रीरामकी शरणागत में लीनभये सर्बत्यागिकैअरु श्रीरामचन्द्र को दर्शन करावहिंगे यहप्रकार एक भरतहि ते बनै है अपर ते नहीं बनै है ( ६५ ) सबमिलिकै मोरसिद्धान्तसुनहु आनउपायमोको एकहूनहीं सूझै मोरे जियकी एक श्रीरामचन्द्र बिना अपरकोबूझै है ( ६६ ) ताते एकयही अंक मेरे मनविषे लिखिगयो है कि प्रातःकालहोत श्रीरामचन्द्र के पासजाउंगो जैसी आज्ञाहोइगी सोईकरौंगो ( ६७ ) यद्यपि मैं सबप्रकार ते अनभल अपराधीहौं काहेते सबउपाधिको कारणमहींहौं ( ६८ ) तदपि जब मोको अपने सन्मुख आरत दीन देखैंगे तब समस्त अपराध क्षमाकरिकै कृपाकरहिंगे ( ६९ ) काहेते श्रीरघुनाथजी शील संकोच कृपा अरु सनेहके सदन हैं अरु सर्ब जीवनपर सहजसुभाव ते कृपाकरतेहैं पर सम्मुख होवाचाहिये एकहूबार ( ७० ) काहेते श्रीरामचन्द्र अरिहुकर भलाचाहते हैं परमपद देते हैं अरु मैंतो शिशुसेवक हौं

कोजियकीरघुवरबिनबूझा ६६ एकहिआंकइहैमनमाहींप्रातकालचलिहौंप्रभुपाहीं ६७ यद्यपिमैंअनभलअपराधीभइम्वहिंकारणसकलउपाधी ६८ तदपिशरणसंमुखम्वहिंदेखी क्षमिसकरिहैंकृपाविशेषी ६९ शीलसकुचिसुठिसरलसुभाऊकृपासनेहसदनरघुराऊ ७० अरिहुकअनभलकीन्हनरामामैंशिशुसेवकयद्यपिवामा ७१ तुमपैपांचमोरभलमानीआयसुआशिषदेहुसुबानी ७२ ज्यहिसुनिविनय मोहिंजनजानीआवहिंबहुरिरामरजधानी ७३ दो० ॥ यद्यपिजन्मकुमातुतेमैंशठसदासदोषआपनजानिनत्यागिहैंम्वहिंरघुवीरभरोस ७४

यद्यपि सबप्रकार बामहौं मैं श्रीरामचन्द्र कर बालक सेवकहौं ताते चूकको पात्रहौं तहां स्वामी समर्थ हैं माफकरते हैं ( ७१ ) अब तुमपांचमोर भलामानिकै आयसु अरु आशीर्बाददेहु जाते श्रीरामचन्द्र मोको मिलहिं ( ७२ ) जाते मोको आपनजन जानिकै मोरिविनय सुनिकै श्रीरामचन्द्र श्रीअवधराजधानी को बहुरिआवहिं इहां भरतजीकीवाणीमें यहसंकेत है जामें श्रीअयोध्यावासी जानहिं कि अब श्रीरामचन्द्र फिरहिंगे पुनि अभिप्राय चौदहवर्षगये बहुरहिंगे ( ७३ ) दोहार्थ॥ यद्यपिमोर जन्मकुमातुते है अरु सर्बोपाधिको

कारण मैं हौं ताते शठ अचेत ह्वैगयो है तदपि श्रीरामचन्द्र शरणपाल हैं आपनजनजानिकै मोरत्यागनहींकरैंगे यहमोरे दृढ़बिश्वास भरोस है ( ७४ )॥ इतिश्रीरामचरितमानसेसकल-कलिकलुषविध्वंसने श्रीअयोध्याकाण्डेश्रीभरतनीचानुसन्धानसर्वभाववर्णनन्नामपंचमस्तरंगः ५॥ :: :: :: :: ::

दोहा॥ भरतवचनसुनिलोगसबभैसुखहर्षहिंअंग॥ रामचरणकेदरशकीउठतीषष्ठतरङ्ग ६ हे गरुड़ भरतके वचन सुनिकै सम्पूर्ण पुरबासिन को परमप्रियलागे हैं जनु श्रीरामचन्द्रके प्रेमसुधाते पागीकही वाणी है ताते परमआनन्दभयो है ( १ ) श्रीरामचन्द्रके वियोगकही विक्षेप ते सर्व लोग दागिरहे हैं दागिकही विषचढ़िरह्यो है तातेतप्तह्वैरहे हैं तहां भरतके वचन जनु सजीवन बीजमंत्र सुनिकै जागिउठे विषकैगर्मी जाइरही है ( २ ) अरु माता सचिव गुरु पुरके नरनारिसमस्त भरतकर प्रेमदेखिकै प्रेम ते विकल ह्वइगये हैं ( ३ ) ते समस्त भरतजी को सराहि सराहि कहते हैं जनु श्रीरामचन्द्रके प्रेमकैमूर्त्ति हैं ( ४ ) ते सबकहते हैं। हे तातभरततुम कस न असकहहु काहेते तुम श्रीरामचन्द्रको प्राणहुतेप्रियहौ ( ५ )

चौ० ॥ भरतवचनसबकहँप्रियलागे रामसनेहसुधाजनुपागे १ लोगवियोगविषमविषदागे मंत्रसबीजसुनतजनुजागे २ मातुसचिवगुरुपुरनरनारी सकलसनेहविकलभइँभारी ३ भरतहिंकहहिंसराहिसराही रामप्रेममूरतिजनुआही ४ तातभरतअसकांहेनकहहू प्राणसमानरामप्रियअहहू ५ जोपाँवरआपनिजड़ताई तुमहिंसुगाइमातुकुटिलाई ६ सोशठकोटिनपुरुषसमेता बसहिकल्पशतनरकनिकेता ७ अहिअघअवगुणनहिंमणिगहई हरइगरलदुखदारिददहई ८ दो० ॥ अवशिचलियबनरामजहँभरतमंत्रभलकीन शोकसिन्धुबूड़तसबहिंतुमअवलम्बनदीन ९ चौ० ॥ भरतवचनसुनिमोदनथोरा जनुघनधुनिसुनिचातकमोरा १० चलबप्राातलखिनिर्णय

हेभरतजी जे माताकै कुटिलाईविषेतुमकोसुगाइकही जानैंगेते पांवरकहीपशुहैंतेजड़हैं ( ६ ) तिनप्राणिनकेकोटिहूपुस्तिकेपुरुषा ह्वै गये हैं अरु जेहोहिंगे अरु जेहैं ते सबशतकही सौकल्पताईं नरकगामीहोहिंगे ( ७ ) हेभरतजीयद्यपितुमकैकेयीकेपुत्रहौ तदपि कैकेयीके अवगुण तुमको नहींलागिसकते हैं कैसे जैसे सर्प केविष अवगुण सर्पकैमणि नहीं ग्रहणकरै है अरुदुःख दरिद्रकोहरतहै हेभरतजी तैसेतुममणिहौ ( ८ ) दोहार्त्थ॥ तहां श्रीवशिष्ठहर्षिकै सबको सुनाइकैकहतेहैं कि अवश्यकैचलियेज्यहिबनमें श्रीरामचन्द्रहोहिंयहमंत्रभरतजी अतिनीकर्कीन्हहैअवरअसको करिसकैहै काहेतेकिशोककेसमुद्रमें सब डूबते रहे हैं भरतजी अवलम्बन दीन है अवलम्बकही आधारभये हैं ( ९ ) हे भरद्वाज श्रीभरतजी के बचन सुनिकै सबकेमन में मोदकहीआनन्दहोतभयो है जैसे मेघकोगर्जब सुनिकै चातक मयूरहर्षते हैं ( १० ) यहनिश्चसुनिकै कि प्रातही श्रीरघुनाथजीके इहांचलहिंगे तहां श्रीभरतजी सबके प्राणहुँ ते अधिकप्रिय भये हैं ( ११ ) तबश्रीवशिष्ठजी अरु भरतजीके साष्टांगदंडवत्‌करिकरि आयसुपाइकै हर्षिकै सबअपने अपने गृहको तय्यारी हेतु चलतभये ( १२ ) यहसबकहते हैं कि भरतजीको जीवन यहि जगत्‌विषे धन्यहै काहेते कि अपने शील स्नेह करिकै सबके जन्मकोफलदीन है ( १३ ) तहां परस्पर सबकहते हैं कि बड़ा कार्यभयो है यह कहिकहिसकल चलैकर साजसाजते हैं ( १४ ) तहां ज्यहि ज्यहिको कहते हैं कि रखवारी रहो सो कहतहै हमारी गरदननमारो गरदन मारीकही प्राणलेतेहो ( १५ ) तबउनकी दशादेखिकै कोई कोई यहकहतहैं किकाहूतेरहिबेको नहींकहौ काहेते कि अपने जीवनकेलाभ को कोनहीं चाहत है ( १६ ) दोहार्त्थ॥ हे गरुड़ एकै असकहतेहैं संपूर्ण संपतिहैं अरु सदनके

नीके भरतप्राणप्रियभेसबहीके ११ मुनिहिबंदिभरतहिशिरनाई चलेसकलगृहबिदाकराई १२ धन्यभरतजीवनजगमाहीं शीलसनेहसराहतजाहीं १३ कहहिंपरस्परभाबड़काजू सकलचलैकरसाजहिंसाजू १४ ज्यहिराखहिंघररहुरखवारी सोजानैजनुगरदनमारी १५ कोउकहरहनकहियनहिंकाहू

कोनचहैजगजीवनलाहू १६ दो०॥ जरउसोसंपतिसदनसुख सुहृदमातुपितुभाइ सन्मुखहोतजोरामपदकरैनसहजसहाइ १७ चौ० ॥ घरघरसाजहिंबाहननाना हर्षहिंहृदयप्रभातपयाना १८ भरतजाइघरकीन्हबिचारू नगरबाजिगजभवनभँडारू १९ संपतिसबरघुपतिकैआही जोबिनुयतनचलौतजिताही २० तौपरिणामनमोरिभलाई पापशिरोमणिसाइदोहाई २१ करैस्वामिहितसेवकसोई दूषणकोटिदेइकिनकोई २२ असबिचारिशुचिसेवकबोले जेसपन्यहुंनिजधर्मन

जेसुखहैं अरु सुहृदकही मित्रादिक जहांतक स्नेहींहैं अरु मातापिता भ्रातापुत्र इत्यादिक ते सब जरिजाहिं जे श्रीरामचन्द्र जीके सन्मुखहोतसंते सहजही सहायनहीं करते हैं तेजरहिं ( १७ ) घरघर विषे नानाप्रकारकेबाहन साजते हैं अपने अपने अनुकूल प्रभात पयान जानिकै हर्षते हैं ( १८ ) पुनि भरतजीघरमेंजाइकै बिचारकीन्ह कि नगर जो श्रीअयोध्या अरु बाजिजेघोड़े अरु गजजेहाथी भवन अरु भंडारकहीखजाना ( १९ ) यह सम्पूर्ण सम्पत्ति श्रीरघुनाथ जी की है जो याको बिना यत्नतजिकैजाउं तौ भलीबात नहीं है ( २० ) जो तजिकैजाउं तौ परिणाम कही आगे मेरो भला नहीं है पापिन कर शिरोमणि ह्वैजाउंगो अरु साईंश्रीरामचन्द्र हैं तिनकै दोहाई कही द्रोही ह्वैजाउंगो इहांदोहाई सत्यको जानब ( २१ ) स्वामीके हितहेतुकरै कैसो लघुकर्म होइ सोई सेवकहैअरु सोई शुभकर्म है अरु कोई कोटिन दूषणदेइ तौ नहींमानिये ( २२ ) हेगरुड़ ऐसे विचारिकै शुचिसेवकन को बोलावतेभये जिनकर स्वधर्मविषे ते मन सपन्यहुनहीं डिग्यउहै ( २३ ) तिनसेवकन ते सम्पूर्ण मर्म सुधर्म समुझाइ दीनहै अरु यहकहा कि यह विभूति श्रीरामचन्द्र की है जाते बहुत चौकसरहैंगे यहकहिकै जे जसलायक इहां हैं ताको तहां तस राखतभये हैं ( २४ ) ऐसही सबयत्न करिकै रक्षकराखिकै पुनिभरतजीश्रीकौशल्याजी के पासजातभये ( २५ ) दोहार्त्थ॥ तहां भरतजी प्रेमके सुजान यह जाना कि श्रीरघुनन्दनके दरश बिना सबविरहते बिकलहैं तब भरतजी सेवकनको आज्ञादीन कि पालकी सुखासन कही सुखपाल अरु यानकही रथ अनेक सुन्दरतय्यारीकरहु ( २६ ) हेभरद्वाज पुरकेनरनारि चकचकईभयेहैं निशिमें आरतहैं प्रभातचाहते हैं श्रीरामचन्द्रके समीप

डोले २३ कहिसबमर्मधर्मसबभाषा जोज्यहिलायकसोतहँराखा २४ करिसबयत्नराखिरखवारे राममातुपहँभरतसिधारे २५ दो० ॥ आरतजननीजानिसबभरतसनेहसुजान कह्यउबनावनपालकीसजहुसुखासनयान २६ चौ० ॥ चकचकईजिमिपुरनरनारीचहतप्रातउरआनँदभारी २७ जागतसबनिशिभयउविहानाभरतबोलायउसचिवसुजाना २८ कह्यउलेहुसबतिलकसमाजूबनहिंदेवमुनिरामहिंराजू २९ वेगचलहुमुनिसचिवजोहारेतुरततुरगरथनागसँवारे ३० अरुंधतीअरुअगिनिसमाऊ रथचढ़िचलेप्रथममुनिराऊ ३१ विप्रवृन्दचढ़िबाहननानाचलेसकलतपतेजनिधाना ३२ नगरलोगसबसजिसजियाना चित्रकूटकहँकीन्हपयाना ३३ शिविकासुभगनजाहिबखानी

जाबेहेतु ( २७ ) यहीप्रकारते सबरात्रिबीततिभईहै जागतप्रातःकाल भरतजी सुजानजेमंत्रीहैं तिनकोबोलावतेभये हैं ( २८ ) तबमंत्रिनते भरतजी कहते हैं कि राज्याभिषेकको सरंजाम लैचलहु काहेतेकि वनहिविषेमुनिश्रीवशिष्ठजी श्रीरामचन्द्रको राज्य देहिंगे यहसेवक स्वामीकोभावकहावत है ( २९ ) पुनिभरतजीकहा कि तय्यारीशीघ्रकरहु तबमंत्री जुहारिकहीमाथनाइकै हर्षिकैचले तुरंत गज घोड़े रथ पालकी अनेकतय्यारकीनहै ( ३० ) हेपार्वती श्रीवशिष्ठकी स्त्री अरुंधती अरु अग्निसमाउकही नित्यहोमकरसरंजाम तिनसंयुक्त वशिष्ठजी रथपरचढ़िकै प्रथमचलतभये हैं ( ३१ ) अरु विप्रवृन्दके वृन्दतपके निधान वाहनपरचढ़िचढ़ि चलतेभयेहैं ( ३२ ) अरुसंपूर्ण नगरकेलोग रथादिक बाहननपरचढ़िचढ़ि श्रीचित्रकूटको पयान करतेभयेहैं ( ३३ ) अरुशिविकाकही चौपहला पालकी इत्यादिक सुभगकहीअतिसुन्दर बखानिबेयोग्यनहींहैं तिनपरचढ़िचढ़ि

श्रीकौशल्यादिकरनिवासचलतीभई ( ३४ ) दोहार्त्थ॥ हेपार्वती राजनगर घरबारभंडार इत्यादिक संपूर्णशुचिसेवकनको आदर संयुक्तबोलाइकै सौंपिके सीतारामचन्द्रके चरणारविंदसुमिरिकै श्रीभरततशत्रुहनद्वौभाई श्रीचित्रकूटकोचलतेभये हैं ( ३५ ) श्रीरामचन्द्रके दर्शनहेतु सबनरनारि कैसेचलेहैं जैसेपियासेहाथी हथिनी जलदेखिकै चलतेहैं ( ३६ ) अरु श्रीसीतारामचन्द्रको बनवासजानिकै भरतशत्रुहन पयादेहि चलतेभये हैं ( ३७ ) भरतकर अनुरागदेखिकै सबलोगअपने अपनेबाहन त्यागित्यागि पयादेहिंचलतभये हैं ( ३८ ) तबश्रीकौशल्याजी अपनीपालकीभरतके समीपउतारिकै मृदुबाणीबोलतीभई हैं ( ३९ ) हेतात मैं बलिजाउं आपुरथपरचढ़ौ नहींतौ सबप्रियपरिवारदु:खित होहिंगे ( ४० ) काहेते आपुकेपयादे चलतसंते सब पयादेहि

चढ़िचढ़िचलतभईसबरानी ३४ दो० ॥ सौंपिनगरशुचिसेवकनसादरसबहिंबोलाइ सुमिरिरामसियचरणतबचलेभरतदोउभाइ ३५ चौ० ॥ रामदरशबशसबनरनारी जनुकरिकिरणिचलेतकिबारी ३६ बनसियरामसमुझिमनमाहीं सानुजभरतपयादेजाहीं ३७ देखिसनेहलोगअनुरागे उतरिचलेरथहयगयत्यागे ३८ जाइसमीपराखिनिजडोली राममातुमृदुबाणीबोली ३९ तातचढ़हुरथबलिमहतारी होइहिप्रियपरिवारदुखारी ४० तुम्हरेचलतचलिहिंसबलोगू सकलशोककृशनहिंमगयोगू ४१ शिरधरिवचनचरणशिरनाई रथचढ़िचलतभयेदोउभाई ४२ तमसाप्रथमदिवसकरिबासू दूसरगोमतितीरनिवासू ४३ दो० ॥ पयअहारफल

चलहिंगे अरु श्रीरामचन्द्रके शोकविरह करिकै सबकृशित ह्वै रहेहैं मगयोग्यनहींहैं ( ४१ ) तब भरतजी श्रीकौशल्याजीके बचनशीशपर धरिकै द्वौभाई रथपर चढ़िकै चलतभये हैं ( ४२ ) हे गरुड़प्रथम मुकामतमसाविषेभयो पुरीके दूसरे आवरणमें योजनभरि पुनिदूसर निवास गोमतीतीर भयो पंचमआवरणके अंतमें ( ४३ ) दोहार्त्थ॥ तहां श्रीरामचन्द्रके प्राप्तिहेतु सर्वभूषणभोग त्यागिकै कि जबताईं श्रीरामचन्द्र बनविषेरहहिंगेतबताईं यहसंकल्प करतेभये तहां आठपहरमें एकसमय को नेमकीन्हेहैं रात्रिविषे कोईफल कोईकंद कोई पयअहार पुनिपयकही जलहूको कोई जलअहार तहांअत्यंतअरुशूद्रकंद अहार वैश्यफल अरुक्षत्रीदुग्ध अरुब्राह्मणजलअहार यहीप्रकारते चौदहवर्षताईं चतुर्दशइन्द्रीनकी विषयजीति लीन्हिनिहै पांचज्ञानइन्द्री पांचकर्मइन्द्री चतुष्टअंतष्करण तहां संकल्पसंते संपूर्णइन्द्रीनके विषयपरास्तह्वैगई हैं ( ४४ ) पुनिगोमतीते शृंगवेरपुर ताईं पांचआवरण जानबतहां दशआवरण श्रीअयोध्याकरबर्णन है सदाशिवसंहिताविषे आगे श्रीभरतजी गोमतीके तीरते कूचकरिकै सईउतरिकै निवास कीन्हहै पुनिभोरमें कूचकीन शृंगवेरपुर नियरातभयेहैं ( ४५ ) तब अपने चाकरनते खबरिपावतभये हैं कि भरतजी चतुरंगिनी सेना संयुक्त श्रीरामचन्द्र के यहांजातेहैं परकारण हमनहीं जानतेहैं तहां यहसुनिकै निषादराज बिषाद संयुक्त हृदयमेंबिचारकरतहै ( ४६ ) तबनिषादयह बिचारकरतहै कि भरतजी को श्रीरामचन्द्रकेयहां जाबेको का कारणहै यहसमुझिपरतहै कि भरतकेमनमें कछुकपटभावहै इहां श्रीरामचन्द्र

अशनयकनिशिभोजनसबलोग करतरामहितनेमब्रतपरिहरिभूषणभोग ४४ चौ०॥ सईतीरबसिचलेबिहाने शृंगवेरपुरसबनियराने ४५ समाचारसबसुन्यउनिषादा हृदयबिचारकरैसविषादा ४६ कारणकवनभरतबनजाहीं हैकछुकपटभावमनमाहीं ४७ जोपैजियनहोतकुटिलाई तौकतलीन्हसंगकटकाई ४८ जानहिंसानुजरामहिंमारी करौंअकंटकराजसुखारी ४९ भरतनराजनीतिउरआनी तबकलंकअबजीवनहानी ५० सकलसुरासुरजुरहिंजुझारा रामहिंसमरकोजीतनहारा ५१ काआचरजभरतअसकरहीं नहिंविषवेलिअमियफलफरहीं ५२ दो०॥ असबिचारिगुहज्ञातिसन कह्यउसजगसबहोहुहथबासहुबोरहुतरणि

की प्रेरणाते निषादबिषे आत्मसमर्पण शरणागत को प्राप्तिभयो है तातेयहसवकहते हैं ( ४७ ) यहअनुमान बिचाकरतहैं कि जो भरतकेमन में कुटिलाई न होती तौ श्रीरामचन्द्रके इहां बननगमन के दुःखमें चतुरंगिनीसेना क्यहिको सोहाति है सेनाको कौनप्रयोजनहै ( ४८ ) भरतजी यह अपने मनमें जानिकै सिद्धान्त कीनहै कि बनमें जाइकै लक्ष्मणअरु रामको मारिकै तब अकंटकराज्य सुखतेकरैंगे ( ४९ ) पुनि निषाद मनमें कहतहैं कि भरतजीने राजनीति अच्छीतरह अपने मनमें नहींजानीहै काहेते कि तबतौ माताकरिकै कलंकको प्राप्तिभये हैं अरु अब जीवकै हानिहोइगी ( ५० ) काहेते कि जिनदेवतन असुरनके युद्धकरिबे को समार्थ्य उत्साह हैं ते सब जो श्रीरामचन्द्रके सन्मुख संग्राम विषेहोहिं तौ जीतबेकी का चलीहै श्री रामचन्द्रके एकबाणके मारे ते सबनाश एकही वारहोइजाइहि ( ५१ ) जो भरतजी असकीनहै तौकौन आश्चर्य है कहूं विषकी वेलिविषे अमृतकोफल फरैहै ( ५२ ) दोहार्थ॥ तहां जब भरतजी शृंगवेरपुर ते योजनभरे में रहेहैं तबगुहजोहै निषादराज ज्यहि भरत विषे दोषारोपणकीन्ह्यसि है त्यहिको सिद्धांत करिकै ज्ञातिकही अपने जातिभाई कुटुम्बसम्बन्धी चाकर सेवक सबतुरतबोलाइकै कहत है कि शीघ्र सजगहोहु जेती तरणकही नावै हैं ते सब हथवासहुकही रोकिलेहु डाड़पतवारी सुद्धांबोरिदेहु यत्नकरिकै जाते नावन के चिह्न न देखिपरैं अरु घाटघाट रोहाकही रोकिलेहु युद्धकर संयोगआइप्राप्तिभयो है पर शीघ्रही ताते जल्दीकरहु ( ५३ ) निषाद कहत है कि हे भाइहु यहि समर विषे मरैकरठाटठाटहु अब ऐसै काम है अरु हथियार बांधिबांधि घाटघाट रोकिदेहु ( ५४ ) अरु हे बीरहु भरत ते सन्मुख लोहलेहु अपने जियतसुरसरि उतरने न पावहिं ( ५५ ) हे भाइहु मनमांएकौ चिन्तानकरहु काहेते कि एक तौ समरमें सन्मुख शरीरछूटै तौ बिना साधनहि स्वर्गकै प्राप्ति होतिहै सहजमें पुनि श्रीगंगाजीको तीरहै गंगाजी कैसी हैं अन्तकाल विषे गंगाजीको नामउच्चारणहोइ तौ तीनि

कीजियघाटारोहु ५३ चौ० ॥ होहुसजगसबरोकहुघाटाठाटहुसकलमरणकरठाटा ५४ सम्मुखलोहभरतसनलेहू जियतनसुरसरिउतरन देहू ५५ समरमरणपुनिसुरसरितीरा रामकाजक्षणभंगुशरीरा ५६ भरतभाइनृपमैंजननीचू बड़ेभाग्यअसपाइयमीचू ५७ स्वामि

योजन पर्यन्तताईं तौ यह जीव चारिफलको प्राप्तहोत है इहां तौगंगाजी साक्षात् हैं अरु श्रीरामचन्द्र के कार्यहेतु शरीरको त्याग है यहां स्वाभाविकै परमपद होतहै अरु यह शरीर क्षणभंग है तहां यहसंयोगजीवनको अतिदुर्लभ है सो परमेश्वर की कृपाकरिकै सुलभ करनीहै जो योगेश्वरनको फलदुर्लभ है सो तुमआजलेहु अरु त्रैलोक्यविषे उज्ज्वलयशको प्राप्तिहोहुगे ( ५६ ) देखिये तौ श्रीरामचन्द्रजी भरतजीके भ्राता हैं अरु राजा हैं मैं नीचजन हौं ऐसे संयोग विषे भरतके समरविषे मृत्युपाइये तौ बड़ीभाग्य जानिये ( ५७ ) अपने मनमें निषाद यह संकल्प कीन्ह है कि स्वामी जो श्रीरामचन्द्र हैं तिनके कार्यहेतु भरतजू ते रणविषे रारिकरौंगो विशेषकै यहकरिकै चौदहौभुवनमें उज्ज्वलयश लेउंगो अरु ज्यहिपद को योगीश्वर मुनीश्वर सम्पूर्ण मन इन्द्रिनको जीतिकै चाहते हैं तेही रामपद को आजु मैं सहजमें प्राप्तहोउंगो श्रीरघुनाथजी मेरेऊपर अतिशय कृपाकीनि है यहां यह ध्वनि है कि जोईजीव श्रीरामचन्द्र के कार्यविषे तनमन वचन लगाइदेते हैं तेई सज्जन मोक्षकोप्राप्त होते हैं ( ५८ ) तहां आजु भरतके संग्रामविषे श्रीरामचन्द्र के निहोरेप्राणको त्यागिदेउं दोऊहाथनविषे मुदमंगल है मोको लोक में सुयश मंगल है अरु परलोक में परमानन्द परमपद है तहां मुदकही जो अन्तष्करण के विचार ते सुखउत्पन्न होत है अरु मंगलकही जो बाह्यइन्द्रिन के कर्तब्य ते सुख उत्पन्न होत है अरु इहां बीररस अरु शांतरस विषे दास्यरस है याको संकरसकही ( ५९ ) तहां यहशास्त्र कहतहैं कि आत्म समर्पण यह साधुनके उत्तमलक्षण हैं ताते मनुष्य तनपाइकै साधुनकी समाज विषे लेखाकही गनतीभई अरु श्रीरामचन्द्र की भक्तिकररेखा कही लीक हृदय विषे नहींपरी है तिनकर जन्मबृथा है ( ६० ) ते प्राणीजायकही जगत् में वृथाजीवत हैं केवल पृथ्वी के भारहेतुहै अरु तिनके जननी कै युवावस्था सोई तरु है त्यहिके काटिबेको कुठारभये हैं ( ६१ ) दोहार्थ॥ हे पार्वती निषादपति बिषादकही शोच ते बिगतह्वैकै संग्राम

काजकरिहौंरणरारीलेइहौंसुयशभुवनदशचारी ५८ तजौंप्राणरघुनाथनिहोरे दुहूहाथमुदमंगलमोरे ५९ साधुसमाजनजाकरलेखा रामभक्तिउरजासुनरेखा ६० जायजियतजगसोमहिभारू जननीयौवनविटपकुठारू ६१ दो० ॥ विगतविषादनिषादपतिसबहि बढ़ाइउछाह सुमिरिराममांग्यउतुरततरकसधनुषसनाह ६२ चौ० ॥ बेगिहिभाइहुसजहुसँजोऊ सुनिरजायकदराइनकोऊ ६३ भलेहि नाथसबकहहिंसहर्षाएकहिएकबढ़ावहिंकर्षा ६४ चलेनिषादजोहारिजोहारी शूरसकलरणरुचैनरारी ६५ सुमिरिरामपदपंकज

की निश्चयकरिकै सबको युद्धको उछाहबढ़ाइकै श्रीरामचन्द्र को नामसुमिरिकै तरकस धनुष सनाहकहीबखतर तुरन्तमांगिकै पहिरिकै तय्यार होतभयो है ( ६२ ) निषादराज कहतहै कि हेभाइहु वेगीविलम्ब न करहुयुद्धकरसंरजामकरहु भरतकीसेना कोसभरेपरआई है यह हमारीआज्ञा सुनिकै कोई कदराउजनि श्रीराम प्रताप की ओर देखहु ( ६३ ) तबयहैंसुनिकै हर्षसंयुक्त सबकहते हैं हेनाथ भलेकही तुम्हारी रजाय शीशपरहैं यह कहिकै एकएकन ते कर्ष बढ़ावते हैं कि आजु अपनी अपनी शूरतादेखाइदीजिये ( ६४ ) तहां त्यहिकालविषे दशहजार योधा जुरे हैं जेते यूथप हैं ते सब निषादराज को जोहारि जोहारि चलते भये हैं ते सबकैसे हैं जिनको रणविषे रारि अतिशय रुचै है ( ६५ ) ते सब श्रीरामचन्द्रके पदपंकज कै पनहीं त्यहिकी रज सुमिरिकै श्रीरामप्रताप हृदय में धरिकै भाथाकही तरकस दुइदुइ कटिविषे बांधतेभये हैं अरु धनुषचढ़ावते भये हैं ( ६६ ) अरु अंगुरिकही जो अंगुरिनविषे कर्पोस अरु पांयनविषेतारनके जड़े मोजा अंगमें बखतर इत्यादिक पहिरते भये हैं अरु शीश विषे कूंड़ि लोहे की धरतेभये हैं रणविषे यह बीरनको पहिरावा है अरु फरसा अरु सेलकही दुधारा खांड़ा तरवारि किंतु सांग अरु केते गदा परिघ वासकही भाला सुधारतेभये हैं अनेकन सुष्टहथियार धारणकरतेभये हैं ( ६७ ) एक एकनकही केते तौ ऐसे हैं जे ओड़नखांड़े के कलाविषे कुशलकही अतिप्रवीण हैं ओड़नकहीढाल खांड़ेकही तरवारिको अरु कूदिकूदि कै गगनको जाते हैं तरवारिकी गति फेरतसन्ते मानहु भूमिकोछोड़ि दियो है ऐसी कला करतेहैं अरु वैरीको अस्त्रशस्त्र अपने शरीर में नहींलगनेपावै है ढालते बचाइजाते हैं अरु वैरीकोमारिलेते हैं अरु वीर पांच हजार अपरमल्लहैं दशहजार यूथप तहांते सबहथियारनमें कुशलहैं ( ६८ ) तहां यूथप जे हैं तेअपनीअपनी समाज पृथक्पृथक् साजिकै राउतकही

पनहीं भाथाबाँधिचढ़ावहिंधनुहीं ६६ अँगुरीपहिरिकूंड़िशिरधरहीं फरसाबाँससेलसमकरहीं ६७ एककुशलअतिओड़नखांड़े कूदहिंगगनमनहुँक्षितिछाँड़े ६८ निजनिजसाजसमाजबनाई सुहरावतहिंजोहारहिंआई ६९ देखिसुभटसबलायकजाने लैलैनाम सकलसनमाने ७० दो० ॥ भाइहुलावहुधोखजनिआजुकाजबड़मोर सुनिसरोषबोलेसुभटबीरअधीरनहोहिं ७१ चौ०॥ रामप्रतापनाथबलतोरे करहिंकटकबिनुभटबिनुघोरे ७२ जीवतपाँवनपाछेधरहीं रुण्डमुण्डमयमेदिनिकरहीं ७३ देखिनिषादनाथभलटोलू

निषादनकरराजा गुह ताको सब जुहारत कही सलाम करते हैं ( ६९ ) तब गुहराज सबको देखिकै यह निश्चयकीन है कि येसब सुभट शूर सब लायक हैं पुनि भिन्न भिन्न सबके नाम कहि कहि सराहिसराहिआदर देतभयो है ( ७० ) दोहार्त्थ॥ हे भाइहु आजु धोख न लावहु धोख कही विलम्ब न करहु कौनौ कपट न करहु देह गेह की सुधि नकरहु आजु मोको बड़ा काज है सब दिनके कार्य्य को आजु फल है यह सुनिकै सुभट सरोष ह्वैकै बोलते भयेहैं हे स्वामी हे धीरबीर अधीरन होहु ( ७१ ) हे नाथ श्रीरामचन्द्रके प्रतापते अरु तुम्हारे बलते भरत जीकी कटक जोहै त्यहिको बिनाभट बिना घोड़े की करिदेहिंगे ( ७२ ) हेनाथ जीवतसंते तौ पाछेपगनदेहिंगे अरु मेदिनीकही जेतीसेना चतुरंगिनीमयहैतिनसबको बिनामुण्डके रुण्डकरिकै मेदिनी कही पृथ्वीमेंडारिदेहिंगे मेदिनी सेनापृथ्वी दोऊकोजानब ( ७३ ) तबनिषादनाथ देखा कि ढोलकही भलीब्यूहरचनाबनीहै

तबहर्षि कै कहतहै किजुझाऊकही बीररसमय ढोलबजावहु इहां श्रीरामार्पण प्राणह्वैचुके हैं ( ७४ ) हे पार्वतीजब कहा कि जुझाऊ ढोलबजावहु तब इतनाकहतसंते बामभाग विषे छींकहोतिभई है तब सगुनके विचारनेवाले कहते हैं कि सुखेत में छींकभई है ( ७५ ) तब एक बूढ़कही शरीरवृद्ध बुद्धिवृद्धहै सो विचारिकै बोलतभयो है कि भरतते मिलापकरौ रारिनहोइगी ( ७६ ) काहेते सगुन अस कहत है कि विग्रहन होइगो श्रीभरतजी श्रीरामचन्द्रके मनाइवेकोजातेहैं ( ७७ ) तबयहसुनिकै गुहराज बोलतेभयोहै कि बूढ़नीककहत है काहेते कि सहसाकही जल्दी बिनाबिचार कोईकामकरि उठते हैं तेविमूढ़कही विशेषमूर्ख हैं अंतमें पछितात हैं ( ७८ ) तातेभरतकर सुभावशील

कह्यउबजाउजुझाऊढोलू ७४ इतनाकहतछींकभइबांये कहइसगुनियनखेतसोहाये ७५ बूढ़एककहसगुनबिचारी भरतहिमिलहुनहोइहिरारी ७६ रामहिभरतमनावनजाहीं सगुनकहैअसविग्रहनाहीं ७७ सुनिगुहकहैनीककहबूढ़ा सहसाकरिपछिताहिंविमूढ़ा ७८ भरतसुभावशीलबिनबूझे बड़िहितहानिजानिबिनुजूझे ७९ दो० ॥ गहहुघाटभटसिमिटिसबलेउँमर्ममैंजाइ बूझिमित्रअरिमध्यगतितबतसकरियउपाइ ८० चौ० ॥ लखवसनेहसुभायसोहाये बैरप्रीतिनहिंदुरहिदुराये ८१ असकहिभेंटसँजोवनलागे कन्दमूलफलखगमृगमाँगे ८२ मीनपीनपाठीनपुराने भरिभरिभारकहारनआने ८३ मिलनसाजसजिमिलनसिधाये मंगलमूलसगुनशुभपाये ८४ देखिदूरितेकहिनिजनामाकीन्हमुनीशहिंदण्डप्रणामा ८५ जानिरामप्रियदीन्हअशीशा

बिनाबूझे जो युद्धकरिकै जूझीतौ बड़ेहितकै हानिहोतिहै ( ७९ ) दोहार्थ॥ गुहराजकहतहै कि हेभटबीर यूथपहु सबमिलिकै सजगह्वइकै सिमिटिकै घाटरोकहु अरु मैं भावकुभावको मर्मलेउँजाइ मित्रअरि मध्यगति बूझिकै तबतसकरहिंगे ( ८० ) बैरप्रेमभावये सहजसुभावते जानाजातहै ताते बैरप्रीति दुरायेते नहीं दुरैहै ( ८१ ) हे पार्वती यहकहिकै अनेकप्रकारकैभेंटजुड़ावतेभये हैं कन्द मूल फल फूल औषध औषधी खग मृग इत्यादिक अनेकमंगलमय मंगावतभयो है ( ८२ ) पुनि मीनजेहैं पीनकही मोटेमोटे पुराने पुराने शौर पढ़िना रोहूइत्यादिक कांवरिन भरिभरि कहार अनेकन लैआवतेभये हैं ( ८३ ) तब मिलैकर साजसजिकै मिलैहेतु चलतभयोतब अनेक मंगलमय सगुनहोतभये हैं ( ८४ ) तब निषाद दूरिते श्रीवशिष्ठजूकोदेखिकै अपनो गाँव जाति नाम कहिकै साष्टांग दण्डवत् करतभयो प्रणाम कही आर्त्तवचन कह्यउ हम निपटनीच हैं ( ८५ ) तब श्रीबशिष्ठजी गुहको श्रीरामप्रिय जानिकै आशीर्बाददेतेभये पुनि भरतजीतेसमुझाइकै कहते हैं हे भरतजी यह श्रीरामचन्द्रजी को सखा है ( ८६ ) तब भरतजी श्रीबशिष्ठजीकीबाणीसुनतसन्ते तुरन्त रथको त्यागिकै अनुरागभरे निषादके मिलिबे को चलतभये ( ८७ ) तहांनिषाद अपनोगांव जाति गुहनाम कहिकै महिमें माथनाइकै भरतजीको प्रणाम करतभयउहै ( ८८ ) दोहार्थ॥ तहांभरतजू को आवत देखिकै निषाद साष्टांगदण्डवत् करत भयो है तब श्रीभरतजी शीघ्रचलिकै निषादको उठाइकै हृदयमें लगाइलीनहै कैसो सुखभरतकोभयोहै मानो लक्ष्मणजूते भेंटतेहैं अतिहर्ष हृदय

भरतहिंकह्यउबुझाइमुनीशा ८६ रामसखासुनिस्यन्दनत्यागा चलेउतरिउमगतअनुरागा ८७ गाँवजातिगुहनामसुनाईकीन्हप्रणाममाथमहिलाई ८८ दो० ॥ करतदण्डवतदेखित्यहिभरतलियेउरलाइ मनहुंलषणतेभेंटभइप्रेमनहृदयसमाइ ८९॥ * * *

चौ० ॥ भेंटतभरतताहिअतिप्रीती लोगसिहाहिंप्रेमकैरीती १ धन्यधन्यध्वनिमंगलमूलासुरसराहित्यहिबर्षहिंफूला २ लोकवेदसबभाँतिहिनीचा जासुछांहछुइलेइयसींचा ३ त्यहिभरिअंकरामलघुभ्राता मिलतपुलकिपरिपूरणगाता ४ रामरामकहिजोजमुहाहीं तिनहिंनपापपुंजसमुहाहीं ५ यहितौरामलाइउरलीन्हा कुलसमेतजगपावनकीन्हा ६ क्रमनाशाजलसुरसरि

में नहीं समातहै ( ८९ ) इति श्रीरामचरिमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसने श्रीअयोध्याकाण्डे बिमलवैराग्यबीररसदास्यरस निषाद भरतमिलापवर्णनन्नामषष्ठस्तरंगः ६॥

दोहा॥ सप्ततरंगउमंग अतिप्रेमभरतगुहराजरामचरणसुरसरिउतरिचले प्रयागसमाज ७ त्यहिनिषादकहँ भरतजी अतिप्रीति से भेंटतेहैंतहांदेवता मुनिनरनारि इत्यादिकप्रेमकीरीतिदेखिकै निषादकोसिहातेहौंकियहधन्यतरहै ( १ ) तबधन्यधन्यमङ्गलकर मूलकहिकैदेवतासराहिकैफूलवर्षातेहैं ( २ ) ब्रह्मादिक देवता यहकहते हैं कि यहलोक वेदहूकरिकै सबभांति तेनीच है ज्यहिकी छायापरे ते जलसींचै तबशुद्ध होते हैं ( ३ ) त्यहिनिषादको श्रीरामचन्द्र के लघुभ्राता सो प्रेमते पुलकि पुलकि परिपूर्णगात अङ्कभरिमिलतेहैं ( ४ ) तहां बृहस्पति कहतेहैं हे देवतहु बिचार तौ करहु ज्यहिप्राणीके सम्मुख पापके पुंज सो नहीं समुहाय सकतेहैं जेजमुहातौसंते रामनामकहते हैं ( ५ ) देखिये तौ यहिको श्रीरामचन्द्र उरमेंलगाइकै सखाकीनहै अरु कुलसतमेत जगत्में सर्बोपरि पावनकीनहै ( ६ ) अरु जोकहौ कि ऐसोनीच कैसेबोंपरि पावनभयो तहां जैसेकर्मनाशा कर जलसुरसरिमें मिलतसंते सुरसरीको रूपभयो कहौत्यहिको कौनशीशपर धरै सबधरैं तैसे श्रीरामचन्द्र के मिलतसंते सारूप्यमुक्ति को प्राप्त भयो है ( ७ ) देखिये तौउलटानाम जपतसंते वाल्मीकिब्रह्मसमानकही ब्रह्माकारहोतभये तहांनारदजी वाल्मीकिको मरामराउपदेशकीन काहेते वाल्मीकिकी प्रथममलीन बृत्तिरही है ताते प्रथमजीवस्वरूपजब शुद्धहोइ तव जीवकेपरे ब्रह्मकी प्राप्तिहोइ अरु जबब्रह्मकी प्राप्तिभई तब श्रीरामचन्द्र के स्वरूप को अधिकारी होइसो वाल्मीकि विषे देखिलेव यह सब लोकमें विख्यात है तहां प्रमाणहै कोईवाक्य आचार्य को

परई त्यहिकोकहहुशीशनहिंधरई ७ उलटानामजपतजगजानावालमीकिभयेब्रह्मसमाना ८ दो० ॥ श्वपचशबरखसयमनजड़पाँवरकोलकिरात रामकहतपावनपरमहोतभुवनबिख्यात ९ चौ० ॥ नहिंअचरजयुगयुगचलिआई क्यहिनदीनरघुवीरबड़ाई १० रामनाममहिमासुरकहहीं सुनिसुनिअवधलोगसुखलहहीं ११ रामसखहिमिलिभरतसप्रेमा पूंछीकुशलसुमंगलक्षेमा १२ देखिभरत

है श्लोक १॥ रकारार्थोरामः सगुणपरमैश्वर्यजलधिः प्रकारार्थोजीवःसकलविधिकैङ्कर्यनिपुणः तयोर्मध्याकारोयुगलमथसंबंधमनयोरनन्यार्हबूतेत्रिनिगमस्वरूपोयमतुलः ( ८ ) दोहार्थ॥ श्वपचकही चण्डालजे हैं अरुशबरकही बेड़िया नट इत्यादिक अरु खसकही खसिया जो पर्वतनपर बसते हैं अरु यमनकही म्लेच्छ अरु कोलकिरातजो बनमें रहतेहैं इत्यादिक जड़पांबर कही पशुज्ञान तिनसबके मुखतेकहूं धोख्यहुरामनाम उच्चारण भयो है ते सब परम पावनहोतेभये हैं यह बात श्रुति स्मृति पुराण सम्पूर्णभुवनन मे विख्यात है तहां प्रमाण है वाराह पुराणेश्लोक १॥ दै वाच्छूकरशावकेन निहतो म्लेच्छोजराजर्जरो हारामेतिहतोस्मिभूमिपतितोजल्पंस्तनुंत्यक्तवान् तीर्णोगोस्पदवद्भवार्णवमहोनाम्नः प्रभावात्पुनःकिंचित्रं यदिरामनामरसिकास्तेयांतिरामास्पदं ( ९ ) वृहस्पतिकै बाणीसुनिकै चन्द्रादिक देवताकहतेहैं कि जोआपुकहतेहौ सोयहआश्चर्यनहींहै यह युगयुगविषे चलीआई है कि श्रीरघुनाथजी क्यहिको क्यहिको नहीं बड़ाईदीनहै नाम सबको दीनहै ( १० ) हे पार्वती रामनामकी महिमा सुर कहते हैं सो सुनिसुनिकै अयोध्यावासी संपूर्ण परमानन्दकोलहतेह ( ११ ) पुनि श्रीरामचन्द्रके सखाको भरतजू प्रेम संयुक्तमिलिकै कुशलक्षेम पूंछतभये ( १२ ) अरु भरतको शीलस्नेह देखिकै त्यहिसमयमें निषादविदेहहोत भयउहै ( १३ ) तहां आपनपाछिल विचार समुझिकै अतिसंकोचसंयुक्तप्रेमते पूर्णमोद अति आनन्द भरिगयोहैभरतके स्वरूपको एकटकदेखिकै चित्रइवठाढ़ होइगयउहै ( १४ ) पुनि निषाद धीरधरिकै भरतजूके दूनौचरणारबिंदगहिकै दूनौकर जोरिकै भरतजूसे प्रेमसंयुक्त बिनयकरतहै ( १५ ) हे भरतजी मेरी सबप्रकारते कुशलभई आपुके पदपंकज मूलदेखतसंते मूलकही मुख्यकिंतुमेरे कुशलकरमूलभयो अबमैंतीनिहूं कालविषे कुशलहौं काहेते आपु आपनकीन है ( १६ ) हे प्रभु अब

करशीलसनेहू भानिषादत्यहिसमयविदेहू १३ सकुचिसनेहमोदमनबाढ़ा भरतहिचितवतयकटकठाढ़ा १४ धरिधीरजपदबन्दिबहोरी विनयसप्रेमकरतकरजोरी १५ कुशलमूलपदपंकजदेखे मैंतिहुंकालकुशलजनलेखे १६ अबप्रभुपरमअनुग्रहतोरे सहितकोटिकुलमंगलमोरे १७ दो० ॥ समुझिमोरिकरतूतिकुल प्रभुमहिमाजियजोइ जोनभजैरघुवीरपद जगविधिबंचकसोइ १८ चौ० ॥ कपटीकायरकुमतिकुजाती लोकवेदबाहरसबभांती १९ रामकीन्हआपनजबहींते भयउंभुवनभूषणतबहींते २० देखिप्रीतिसुनिबिनयसोहाई मिलेबहोरिभरतलघुभाई २१ कहनिषादनिजनामसुबानी सादरसकलजोहारयउरानी २२ जानिलषणसमदेहिंअशीशा जिअहुसुखीसौलाखबरीशा २३ निरखिनिषादनगरनरनारी भयेसुखीजनुलषणनिहारी २४ कह्यउलह्यउ

तुम्हरेपरमअनुग्रहते मोरेसहित कोटिकुलमंगल होतभयेहैं ( १७ ) दोहार्थ॥ मोरिकरतूति समुझिकै अरु मोरकुल समुझिकै अरु प्रभुजो श्रीरामचन्द्र तिनकी महिमा अपने जियमें जोइकैजे श्रीरामचन्द्रकेपद न भजैं त्यहिकोबिधा तौ जगत्‌विषे छलीकीनहै किंतु जगत् उनको छलिलीन है ( १८ ) देखिये तौ मैं कपटी कायर कुमति कुजाति अरु लोक वेद ते बाहेर सबभांति ते हौं ( १९ ) अरुजब ते श्रीरामचन्द्र आपनकीनहै तब ते संपूर्ण भुवनको भूषणहोतभयउँहौं ( २० ) निषादकै प्रीति विनय अति शोभित देखिकै शत्रुहनजी लेतभये हैं ( २१ ) पुनि निषाद शत्रुहनको मिलिकै अरु सुन्दरिबाणी ते अपनो नामकहिकै सादर कौशल्यादिक रानिनको जोहारिकै शीशनावत भयो है ( २२ ) तब हर्षिकै सम्पूर्ण माता लक्ष्मणके समजानकै अशीष देती हैं हे रामसखे तुम सुखपूर्वक सैकरनलाखन बर्षजीवहु श्रीरघुनाथजी को सदा प्रिय बनेरहहु ( २३ ) श्रीअयोध्यानगरबासी नरनारि निषादको निहारिकै सुखीभये मानहु लक्ष्मणजूको देखतभये ( २४ ) यह कहतभये जन्मकरलाभ यह लह्यउहै काहेते कि श्रीरामचन्द्र के भाई भरत ते बाहुभरिभेंटतभयो है ( २५ ) तब निषादअपनेभाग्य की बड़ाई सुनिकै मनमें प्रमुदितकही आनन्दह्वैकै लिवाइ चल्यउ है ( २६ ) दोहार्थ॥ तब निषाद सब सेवकनको सैनकरत भयउकि सेनाटिकवेके जगह की तयारीकरहु शीघ्र तब ते अति शीघ्रही घर तरु सर बाग बनइत्यादिकनमें यथायोग्यआसनबनाइकै आसनकरायदीन तुरन्त ( २७ ) जब भरतजी शृंगवेरपुर देखतभये तब स्नेह के बश

यहिजीवनलाहू भेंट्यउरामभाइभरिबाहू २५ सुनिनिषादनिजभाग्यबड़ाई मनप्रमुदितलैचलेउल्यवाई २६ दो० ॥ सनकारे सेवकसकलचलेस्वामिरुखपाइ घरतरुतरसरबागबनबासबनायउजाइ २७ चौ०॥ शृङ्गवेरपुरभरतदीखजब भेसनेहवशअङ्गशिथिलतब २८ सोहतदियेनिषादहिंलागू जनुतनुधरेविनयअनुरागू २९ यहिबिधिभरतसेनसबसंगा दीखजाइजगपावनिगंगा ३० रामघाटकहँकीन्हप्रणामू भेमनमगनमिलेजनुरामू ३१ करहिंप्रणाममगननरनारी मुदितब्रह्ममयबारिनिहारी ३२ करिमज्जनमांगहिंकरजोरी रामचन्द्रपदप्रीतिनथोरी ३३ भरतकह्यउसुरसरितवरेनू सकलसुखदसेवकसुरधेनू ३४ जोरिपाणिमांगौंबर

अंगअंग शिथिल ह्वैगये हैं ( २८ ) तहां निषाद को लागूकही लगे समीपलिहे सोहत है तहां विनयरूप निषाद अरु अनुरागरूप भरतजी जनु ह्वैतनुधरे सोहत हैं ( २९ ) यहिप्रकारते भरतजी सम्पूर्ण सेनासंग लिहेसम्पूर्णजगत्‌के पवित्रकर्त्री श्रीगंगाजीको देखतेभये ( ३० ) तब भरतजी श्रीरामघाट को साष्टांग दण्डवतकरतभये मनमें मग्नभये जनु श्रीरामचन्द्रमिलतभये हैं ( ३१ ) पुनि सम्पूर्ण नगरकेनरनारि ब्रह्ममय वारिको निहारिकै प्रणाम करतभये हैं ( ३२ ) तब सम्पूर्ण श्रीअयोध्याबासी श्रीगंगाजीबिषे

स्नानकरिकै द्वौकरजोरिकै यहकहतभये कि हेगंगे हम यहबर मांगते हैं श्रीसीतारामजीके पदकमलविषे हमारी प्रीति सदा एकरसबनीरहैकभी थोरी न होइ ( ३३ ) तब भरतजीबोले हे सुरसरीजी तुम्हारीरेणु सकलसुखकीदाताहै अरु सेवक जो हैं तिनको कामधेनुरूपहौ ( ३४ ) अरु हेगंगे तुम श्रीरामचन्द्रके चरणारविंदकी मकरंदरूपहौ ताते हम यहबर मांगते हैं कि श्रीसीतारामचन्द्रके पदकमलविषे हमारो सहजस्नेह बनोरहे ( ३५ ) दोहार्थ॥ यहिविधि ते बरदानमांगिकै गुरुनकी आज्ञापाइकै श्रीभरतजी मज्जनकरतभये पुरबासी अरु सबमाता स्नानकरि भई तबभरतजी सबको डेराकोल्यवाइ चलतभयेहै ( ३६ ) तब जहांतहां लोग डेरा करतभयेहैं भरतजी शोधकही सबहीकीखबरिलेतभये अरु निषादनेकंदमूलफल इत्यादिककरिकै सम्पूर्णसेनाकोयथायोग्यपरिपूर्णकरिदीनहै ( ३७ ) पुनि भरत अरु गुरुनकीसेवाकरिकै द्वौभाई श्रीकौशल्याजीकेपासजातभये ( ३८ ) श्रीकौशल्याजीके चरणचापिकेमृदुवाणीकहिकहि सम्पूर्णमातनकर सन्मानकरतभये ( ३९ ) तब शत्रुहनजीको मातनकी सेवाविषे राखिकै आपुनिषादको बोलाइलीनहै ( ४० ) तब भरत अरु निषाद सखत्वभावते कर

**येहू सीयरामपदसहजसनेहू ३५ दो० ॥ इहिबिधिमज्जनभरतकरि गुरुअनुशाशनपाइ मातुनहानीजानिसबडेराचलेल्यवाइ ३६ चौ० ॥ जहँतहँलोगनडेराकीन्हा भरतशोधसबहीकरलीन्हा ३७ गुरुसेवाकरिआयसुपाई राममातुपहँगेदोउभाई ३८ चरणचापि कहिकहिमृदुबानी जननीसकलभरतसनमानी ३९ भाइहिसौंपिमातुसेवकाई आपुनिषादहिलीन्हबोलाई ४० चलेसखासनकरिकर जोरे शिथिलशरीरसनेहनथोरे ४१ पूंछतसखहिंसोठाउंदेखाऊ नेकुनयनमनजरनिजुड़ाऊ ४२ जहँसियरामलषणनिशिसोये कहत भरेजललोचनकोये ४३ भरतबचनसुनिभयउबिषादू तुरततहाँलैगयेउनिषादू ४४ दो० ॥ जहँसिंसुपापुनीततरु रघुबरकियबिश्रामअतिसनेहसादरभरतकीन्ह्यउदण्डप्रणाम ४५ चौ०॥ कुशसाथरीनिहारिसोहाई कीन्हप्रणामप्रदक्षिणलाई ४६ चरणरेखरजआँखिन**

जोरिकै स्नेहते शिथिल शरीरहोइरहेहैं ( ४१ ) तब भरतजी बोले हेनिषादसखेजहां श्रीरघुनाथजानकी लक्ष्मणजीने विश्रामकीनहै सो ठांउ देखाउ ज्यहि देखिकै नेत्रनकी जरनि नेकु शीतल ह्वैजाइ ( ४२ ) जहां श्रीराम जानकी लषण सोयेहैं यतनाकहतसंते प्रेमते गद्गदहोइगये नेत्रनमें जलभरि आये हैं ( ४३ ) तहां भरतके वचन सुनिकै निषादको बिषाद होतभयउहै तुरन्त श्रीरामाश्रमको ल्यवाइगयउहै ( ४४ ) दोहार्थ॥ तब भरतजी जहां सिंसुपाको बृक्ष अतिपुनीत जहां श्रीरामचन्द्र बिश्रामकीन तहां भरतजीअतिस्नेहसंयुक्त परिक्रमा करिकै दण्डवत् करतभये हैं ( ४५ ) कुशकीसाथरी अतिसुन्दरि निहारिकै अतिप्रेमते प्रदक्षिणा करिकै साष्टांगदण्डवत् करतभये ( ४६ ) पुनि श्रीरामचन्द्रके चरणकै रेखकी रज श्रीभरतजी के अपने नेत्रनमें लगावतसंते जलभरिआयो सो प्रेम कविनते नहीं वर्णतबनै है ( ४७ ) तहां श्रीजानकीजीकी सारीके कनकबिन्दु दुइचारि झरिपरे हैं सो भरतजीउठाइकै शीशविषे राखतभये श्रीजानकीजीकेसमान मानतभये हैं ( ४८ ) भरतके नेत्रनबिषे जल भरिआयोहै हृदयमेंग्लानिकरिकै सखा सों अतिमृदुबाणी कहतभये ( ४९ ) ते कनकबिन्दु श्रीतेजहतहैं श्रीकहीद्युतितेज प्रकाश त्यहितेहीनहैं श्रीजानकीजीके बिरहते जैसे अयोध्याजीके नरनारि मलीनहैं श्रीरामचन्द्रकेबिरहते ( ५० ) देखियेतौ मेरोअभाग्य बिधातहुकी कर्त्तव्यते अधिकभयउहै ज्यहिकरिकै श्रीजानकीजीको बनभयो काहेते कि श्रीजानकीजी के पिता श्रीजनक ऐसे समर्थ जिनकर योगभोगविषे सिद्धहै अरु भोगयोगते विरोधहै त्यहिजनकके पटतरको ब्रह्मा

**लाई बनैनबरणतप्रीतिसुहाई ४७ कनकबिन्दुदुइचारिकदेखे राखेशीशसीयसमलेखे ४८ सजलबिलोचन हृदयगलानी कहत सखासनअतिमृदुबानी ४९ श्रीहतसीयबिरहद्युतिहीना यथाअवधनरनारिमलीना ५० पिताजनकपटतरदेउंकेही करतलभोग योगजगजेही ५१ ससुरभानुकुलभानुभुआलू**

ज्यहिंसिहातअमरावतिपालू ५२ प्राणनाथरघुनाथगोसाईं जोबड़होतसोरामबड़ाई ५३ दो०॥ पतिदेवतासुतीयमणिसीयसाथरीदेखि बिदरतहृदयनहहरिकैपबितेकठिनविशेखि ५४ चौ०॥ लालनयोगलषणसुठिलोने भेनभाइअसअहहिंनहोने ५५ पुरजनप्रियपितुमातुदुलारे सियरघुबीरहिंप्राणपियारे ५६ मृदुमूरतिसुकुमारसुभाऊ तातबायुतनलागनकाऊ ५७ तेबनबसहिंबिपतिबहुभाँती निदरयउकोटिकुलिशयहिछाती ५८ रामजनमिजगकीन्हउजागर रूप

की सृष्टिविषे कोई नहीं है ( ५१ ) अरु ससुरभानुकुलको भानु है जिनकोऐश्वर्य देखिकै इन्द्रसिहातहै ( ५२ ) अरुजिन जानकीजीके प्राणनाथ श्रीरघुनाथजी हैं जो कही सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड त्यहिके साईं कही ईशहैं जोकोईब्रह्माण्डमें बड़ेहैं ते रामचन्द्रकी बड़ाई दिहेते बड़े हैं ( ५३ ) दोहार्थ॥ पुनि श्रीजानकीजीकैसी हैं सम्पूर्ण जे पतिब्रता हैं तिनकीमणिहैं तिनजानकीजीकीसाथरी देखिकै यह कहत हैं कि हहरिकैहृदय विदरि न गयउ विशेष कै बज्रहुते कठिनभयो ( ५४ ) अरु लक्ष्मणजी अति लोने सुठिलाड़करिवेयोग्यहैं तहां असभाई न किसूकेभयेहैं न होहिंगे ( ५५ ) अरु कैसे लक्ष्मणजीहैं पुरजनपरिजनप्रियजन पितुमातुकेअतिदुलारे हैं अरु श्रीसीतारामजी केप्राणहुतेअतिपियारेहैं ( ५६ ) अरु अतिमृदुल मूर्त्ति अतिसुकुमार अति कोमल सरलसुभाव जिनकेतातवायु कबहूंनहींलागीहै ( ५७ ) तेतनविषेबहुतभांतिक्लेशितरहतेहैं सोसुनिकैसाथरीदेखिकैमोरहृदय न विदरिगयोकुलिशौकी निन्दाकरिकै कठोरता की बड़ाई लीनिहै ( ५८ ) पर श्रीरामचन्द्रअवतीर्ण ह्वइकै संपूर्ण जगत्में यशको उजागरकीन्ह है इहां यह अभिप्रायहै कि जगत् में जन्मिकै संपूर्णजीवनकर कल्याणकीनहै काहेते रूप गुणशील कृपाकेसमुद्रहैं त्यहिकरिकै सबकोपरमसुख देते हैं ( ५९ ) पुरजन परिजन अरुगुरु मातुपितुजेहैं तिनसबनको श्रीरामचन्द्रकर सुभावसर्वथा सुखदाता है ( ६० ) श्रीरामचन्द्रकैबोलनिमिलनिविनयकही नीतिसंयुक्तरसमयबाणी सो देखिकै सुनिकै बैरीजेराक्षस हैं तेऊ अंतष्करणमें बड़ाईकरतेहैं ( ६१ ) शारदा श्रुति शेषजो शतकोटिहोहिं अरु कोटिकोटि मुखक-

शीलगुणसबसुखसागर ५९ पुरजनपरिजनगुरुपितुमाता रामसुभावसबहिंसुखदाता ६० बैरिउरामबड़ाईकरहीं बोलनिमिलनिविनयमनहरहीं ६१ शारदकोटिकोटिशतशेषा करिनसकहिंप्रभुगुणगणलेषा ६२ दो० ॥ सुखस्वरूपरघुबंशमणिमंगलमोदनिधान तेसोवतकुशडासिमहि-बिधिगतिअतिबलवान ६३ चौ० ॥ रामसुनादुखकाननकाऊ जीवनतरुजिमिजोगवतराऊ ६४ पलक नयनफणिमणिज्यहिभांती जोगवहिंजननिसकलदिनराती ६५ तेसबफिरतबिपिनपदचारी कन्दमूलफलवारिअहारी ६६ धिक्केकयीअमंगलमूला भइसिप्राणप्रीतमप्रतिकूला ६७ मैंधिक्धिक्अघउदधिअभागी सबउतपातभयउज्यहिलागी ६८ कुल

रिकैलेखाकरहिं तौ श्रीरामचन्द्रके गुणगणको लेखानकरि सकहिं ( ६२ ) दोहार्थ॥ सुखकेस्वरूप श्रीरघुबंशमणि अरु मङ्गलमोद के निधान कही स्थान हैं ते श्रीरामचन्द्र महिमें कुशके आसनकरिकै सोवतेहैं तहांदेखियेतौ बिधाताकैगति अतिबलिष्ठ है तहां भरतजी अपने अभाग्यको विधि करिकै कहते हैं किंतु लोकरीति करिकै भरतजी ब्रह्माको कहते हैं अरु सिद्धांतविषे विधि कही श्रीराम स्वेछितचाहैं सोकरैं ( ६३ ) श्रीरामचन्द्रने बनकोदुखकाऊकही कबहूंनहीं सुन्योहै काहेतेकिराजाजीवनमूरिकी नाईंजोगवतरहेहैं ( ६४ ) जिन श्रीरामचन्द्रको सकलमाता पलकनयन अरु फणिमणिकी नाईं दिनराति राखतरहीहैं ( ६५ ) ते श्रीरामचन्द्र विपिनविषे बिनापदत्राण चारीकहीबिचरते हैं अरु कन्द मूल फल फूल अहारकरते हैं फूलकही कोईकोई लघुशाखनके अंकुर फूल मधुर होतेहैं ( ६६ ) धिक्कैकेयी अमंगलकै मूलभईहै जो प्राणप्रीतम श्रीरामचन्द्र तिनते प्रतिकूल

होतभईअरु मोकोप्रतिकूल करतभई है ( ६७ ) अरु मोकोधिक् २ है काहेतेकि सबउत्पातम्वहिंकरिकै होतभयेहैं ( ६८ ) मोकोकुलकेकलङ्ककरिकै बिधाता सृजतभयउहै काहेतेकिसाईंजोश्रीरामचन्द्र त्यहितेद्रोहीकरतभई ज्यइंकुमातैंतातेमाताकोबिधातौकुलकर कलङ्ककरिकैरच्योहै ( ६९ ) भरतजीकोविरहदेखिकै प्रेमसंयुक्त निषादसमुझावतहै हेनाथवादिविषाद काहेकोकरतहौ ( ७० ) श्रीरामचन्द्रतुमको बहुतप्रियहैं अरु श्रीरामचन्द्रकोतुमबहुत प्रियहौ यहनिर्दोषबातहै यहसबबिधाता जो बामहै त्यहिकोदोष है ( ७१ ) छन्दार्थ॥ बिधाताजो बामहै त्यहिकैकरणी कठिनहै त्रैगुण्यमयहै त्यइंमाताको बावरी कीन्हहै पर मेरेबिचारमें सब रामरजायकरतेहैं हे भरतजीजेहिरात्रिविषे इहां श्रीरामचन्द्ररहेहैं सो सबरात्री तुम्हारीभक्तिकै सराहना करतरहे हैं ( ७२ )

कलंककरिसृज्यउबिधाता साँइद्रोहम्वहिंकीन्हकुमाता ६९ सुनिसप्रेमसमुझावनिषादूनाथकरियकतबादिबिषादू ७० रामतुमहिंप्रियतुमप्रियरामहिं यहनिर्दोषदोषबिधिवामहिं ७१ छंद॥ विधिबामकीकरणीकठिन ज्यइंमातुकीन्हीबावरी त्यहिरातिपुनिपुनिकरहिंप्रभुसादरसराहनरावरी ७२ तुलसीनतुमसोंरामप्रीतमकहतहौंसौहैंकिये परिणाममंगलजानि अपनेआनियेधीरजहिये ७३ सो० ॥ अन्तर्यामीरामसकुचिसप्रेमकृपायतन चलियकरियबिश्रामयहबिचारदृढ़आनिमन ७४ चौ० ॥ सखाबचनसुनिउरधरिधीरा बासचलेसुमिरतरघुबीरा ७५ यहसुधिपाइनगरनरनारी चलेबिलोकनआरतभारी ७६ परदक्षिणकरिकरहिंप्रणामा देहिंकेकयिहिंखोरिनिकामा ७७ भरिभरिबारिबिलोचनलेहीं बामबिधातहिदूषणदेहीं ७८ एक सराहहिंभरतसनेहू

गोसाईं श्रीतुलसीदासकहतहैं कि निषाद भरतजूसेकहतहै किमैं तुम्हारीशपथकरिकैकहतहौं श्रीरामचन्द्रजीको तुम्हारेसमान और कोईनहींप्रियहै हेभरतजी परिणामकही आगेअपनो महामङ्गल जानिकै हृदयमेंधीरजधरहु ( ७३ ) सोरठार्थ॥ हे भरतजी श्रीरामचन्द्र अन्तर्यामी हैं अरु प्रेमते संकोचिजाते हैं काहेते कृपाकेआयतन कहीस्थानहैं यहबिचारिकै मनमें दृढ़करिकै बिश्रामकरहु ( ७४ ) सखाकेबचनसुनिकै उरमेंधीरधरिकै श्रीरघुनाथजी को सुमिरतआसनकोचलतभयेहैं ( ७५ ) यहसुधिपाइकै अयोध्यावासी नरनारि अतिआरतते श्रीरघुनाथजीको आसनदेखन चलतभये हैं ( ७६ ) श्रीरघुनाथजी के आसनकी परिक्रमा करिकै प्रणामकरतभये हैं अरुकेकयी खोरिदेते हैं निष्कामकही बिनाप्रयोजन यहकामकियो है ( ७७ ) विरहते नेत्रनमें जलबहे चलेजाते हैं अरु बिधाताकी बामताको दूषणदेते हैं ( ७८ ) कोई कोई भरतजू को स्नेहसराहते हैं अरु कोई यहकहते हैं कि राजाधन्यहैं जिनने श्रीरामचन्द्रसे आपन नेह अच्छीप्रकारसेनिबाहाहै ( ७९ ) यहकहिकै समस्त अवधबासी अपने प्रेमको निदरिकै निषाद के प्रेमको सराहते हैं अरु विमोहकरिकै जो निषाद करते हैं त्यहिको कोकहिसकै है ( ८० ) यहिप्रकारते विरहकरत रातिभरि सबलोग जागरणकरत भये हैं भिनसारहोतभयो तबगुदाराकही उतारा लागतभयउहै ( ८१ ) तबगुरुनकहँ सुष्टनावनपर चढ़ाइकै सम्पूर्ण मातनको नईनावपरचढ़ावतभये हैं ( ८२ ) तहां चारिदण्डमहँ सबपारभये हैं तबभरतजू उतरिकै सबलोगनकी सम्भारकरतभये हैं ( ८३ ) दोहार्थ॥ तब भरतजी उतरिकै प्रात:क्रिया

कोउकहनृपतिनिबाह्यउनेहू ७९ निंदहिंआपुसराहिनिषादू करहिंमोहबशपरमविषादू ८० यहिविधिरातिलोगसबजागा भा भिनुसारगुदारालागा ८१ गुरुहिंसुनावचढ़ाइसुहाई नईनावसबमातुचढ़ाई ८२ दण्डचारिमहँभासबपारा उतरिभरतसबसबहिंसँभारा ८३ दो० ॥ प्रातक्रियाकरिमातुपद बंदिगुरुहिंशिरनाइ आगेकियेनिषादगण दीन्ह्यउँकटकचलाइ ८४॥ * * * * *

चौ० ॥ कीन्हनिषादनाथअगुवाई मातुपालकीसकलचलाई १ साथबुलाइभाइलघुलीन्हा विप्रनसहितगमनगुरुकीन्हा २ आपुसुरसरिहिंकीन्हप्रणामू सुमिरेउलषणसहितसियरामू ३ गमनेभरतपयादेहिंपांये कोतलसंगजाहिंडोरिआये ४ कहैंसुसेवकबारहिंबारा होइयनाथअश्वअसवारा ५ रामपयादेहिपांउसिधाये हमकहँरथगजबाजिबनाये ६ शिरभरजाउंउचितअस

करिकै माताकौशल्याजीके पद बन्दिकै गुरुनके शिरनाइकै आगे निषादगण कैसे नावचलाइदीनहै पुनि अपनीसेना चलावतेभये हैं (८४)॥ इति श्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसने श्रीअयोध्याकाण्डेभरतनिषादमिलापपरस्पर सुरसरीपारप्रयागपयानबर्णननामसप्तमस्तरंगः ७॥

दोहा॥ अष्टतरङ्गसुप्रेममय गमनेभरतप्रयाग भरद्वाजसेमिलतभे रामचरणअनुराग (८) निषादनाथ जो है सो अगुवाई करतभयोहै अरु मातन की पालकी चलावतभयो (१) पुनि विप्रनसमेत गुरु रथपरचढ़िकै गमनकीन्ह है तहां भरतजी माता गुरुनकेसाथ शत्रुहन को करिदीन है (२) आपु भरतजी सुरसरीजीको प्रणामकरिकै अरु लषण सहित सीतारामजूको सुमिरिकै चले (३) पुनि भरतजी पयादेपांय चलतभये अरु कोतल जो असवारीके हैं सो संगविषे डुरिआये खालीचलेजातेहैं (४) अरु सुष्टसेवकजेहैं तेबारबार करजोरिकै कहतेहैं हेनाथ घोड़ेपर असवारहूजियो (५) भरतजू कहते हैं हे सेवकहु श्रीरामचन्द्र पांयपयादेहि गये हैं अरु यह बाहन विधातै हमको बादिबनायो है (६) मोको तौ यहउचित है कि ज्यहि राह में श्रीरामचन्द्र पांयनचले हैं तहां मैं शिरकेभरजाउं काहेते कि सबते सेवककर धर्मकठोर है परका करौं शिरभर चलानहींजात है तहां जो कोई कहै कि भरतजी शृंगवेरपुरताईं अयोध्याते रथपर कैसेआयेहैं तहांश्रीरामचन्द्रजी शृंगवेरपुरताईं रथपर चढ़ेआये हैं अरु श्रीकौशल्याजी की आज्ञा ते भरतजी रथपर शृंगवेरपुरताईं आये हैं (७) तहां श्रीभरतकै दशागति देखिकै अरु कोमल वचनसुनिकै सब सेवक अपने मनविषे

मोरा सबतेसेवकधर्मकठोरा ७ देखिभरतगतिसुनिमृदुबानी सबसेवकमनकरहिंगलानी ८ दो० ॥ भरततीसरेपहरकहँ कीन्हप्रवेशप्रयाग कहतरामसिय रामसिय उमगिउमगिअनुराग ९ चौ०॥ झलकाझलकतपांयनकैसे पंकजकोशओसकणजैसे १० भरतपयादेहिंआयेआजू भयेदुखितमुनिसकलसमाजू ११ खबरिलीन्हसबलोगनहाये कीन्हप्रणामत्रिवेणिहिंआये १२ सबिधिसितासितनीरनहाने दियेदानमहिसुरसन्माने १३ देखतश्यामलधवलहिलोरे पुलकशरीरभरतकरजोरे १४ सकलकामप्रदतीरथराऊ वेदविदितजगप्रकटप्रभाऊ १५ मांगौंभीखत्यागिनिजधर्मू आरतकाहनकरहिंकुकर्मू १६ असजियजानिसुजानसुदानी सफल

ग्लानिकरते हैं (८) दोहार्त्थ॥ हे पार्वती भरतजू ने तीसरे पहर प्रयागविषे प्रवेशकीनहै अरु अति अनुराग ते उमगिउमगि श्रीसीतारामनाम कहत सन्ते (९) भरतजूके पाँयनमहँ झलका परिगये हैं सो झलकते हैं जैसे बालकमल के दलपर ओसकेकण झलकै हैं (१०) भरतजू आजुपयादेहिं आये हैं यहसुनिकै सबसमाज दुःखितभये हैं (११) तब भरतजी खबरिलेतभये सबलोग स्नानकरतभये हैं आपु त्रिवेणी के निकटआइकै प्रणामकीन है (१२) सबविधिकही विधि विधान ते सितासितकही श्वेत गंगाकीधारा श्याम यमुनाकी धारा अरु अरुणह्वैकै अन्तर्भूत सरस्वती सोस्नानकरिकै ब्राह्मणनके मनभावितदानदेतेभये हैं (१३) तब श्यामलधवलतर मैं त्यहिकी हिलोरैं देखिकै पुलकगात ह्वैकै भरतजी द्वौकरजोरिकै स्तुतिकरते हैं (१४) भरतजी कहते हैं हे सम्पूर्ण तीर्थकेराज तुम सर्वकाम के प्रद कही दाताहौ यहतुम्हार प्रभाव लोकवेद बिषे विदित है (१५) आपु ते भीखमांगतहौं अपनो सर्बधर्मत्यागिकै काहेते किएक तौ हमरघुबंशी पुनिक्षत्रिय ताते हमारोधर्म है सबकोदेना अरु किसू से याचना नहींकरना अरु इहां महाक्षेत्रराज तहां

हम आपुते याचतेहैं कि आरतकाह कुकर्म नहीं करते हैं सबैकरते हैं तहां यह अभिप्राय है कि जब सर्व धर्मको त्यागकरै तब श्रीरामचन्द्र के अनन्य शरणागतको प्राप्तहोते हैं श्लोकार्द्ध श्रीभगवद्गीतायां॥ सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकंशरणं व्रज॥ किंतु जो कोई कहै कि देवताते मांगब उचित है सो सत्य है देवताके प्रणाम करना आशीर्बाद वा वरदान मांगना परन्तु क्षत्रिनको भीख मांगना यहशब्द क्षत्रियत्व धर्मकर बाधक है ताते काहू ते भीखमांगनाक्षत्रिनको अयोग्य है अरु क्षत्रिजाति रघुकुलमें जन्मरामानुज राजा कहाइकैभीखमांगनातौबहुतैअयोग्यअथवा चौ०॥ मातुपिताप्रभुगुरुकैबानी।बिनहिंविचारकरीभलमानी॥ उचितकिअनुचितकियेविचारू॥ धर्मजाइशिरपातकभारू॥ पुनिरामरजायमेटिमनमाहीं॥ देखासुनाकतहुंकोउनाहीं॥ इत्यादि बाक्यकरिकै माता पिता प्रभुगुरुनकीआज्ञा प्रतिपालकरना यह जो

करहिंजगयाचकबानी १७ दो०॥ अर्थनधर्मनकामरुचिपदनचहौंनिर्वान जन्मजन्मसियरामपद रतिबरदाननआन १८ चौ०॥ जानहिंरामकुटिलकरिमोही लोगकहैंगुरुसाहबद्रोही १९ सीतारामचरणरतिमोरे अनुदिनबढ़ैअनुग्रहतोरे २० जलदजन्मभरि

निजधर्म है त्यहिको छोंड़िकै आपुके इहांआइकै भीखमांगतहौं नाम माता पिता प्रभुगुरुनकी आज्ञारही कि राज्यकरो सो आज्ञा हमनेनहींकिया है किंतु जो कहौ कि धर्म्मछोंड़िकै भीखमांगना सुनिकै जो रघुनाथजीनहींप्रसन्नहोयँ तौ प्रेमबरदान को मांगिकै का करैंगे त्यहिकर अब जवाब देतहैं कि चौ० ॥ जानहिंरामकुटिलकरिमोहीं इत्यादिक आगेचौपाइनमेंहै इत्यर्थः अथवा अवतक हमकबहूं कोईदेवताते याचनानहींकीनहै सो निष्कामता निजधर्म छोंड़िकै भीखमांगतहौं इत्यर्थः ( १६ ) याचकको आरतजानिकै सुजान जे सुदानीहैं जगमें ते याचककीवाणीको सफलकरते हैं ताते हे तीर्थराज तुम सुजान सुदानी राजा हौ अरु मैं आर्त्तहौं ( १७ ) दोहार्त्थ॥ हे तीर्थराज अर्थधर्म्म कामनिर्वाणपदकही मोक्ष यहचारों की चाहना सो मोरेनहींहै अरु जहांजहां मैं जन्मलेउँ तहांतहां श्रीसीता रामचन्द्रके चरणारविंद में रतिप्रीति अखण्ड एकरस बनीरहै यहबरदानदेहु ( १८ ) अरु हे प्रयागराज मैं यहनहीं माग्यउँहै कि श्रीरामचन्द्र मोपर प्रसन्नहोहिं तहां श्रीरामचन्द्र मोकोकुटिलकरिकै जानहिंजाइ अरु समस्त लोग यहकहैं कि ये भरत जो हैं ते गुरु साहब के द्रोही हैं काहेते कि श्रीवशिष्ठजी बहुतकहा राज्यकरबेको तहांतिनकी आज्ञाभंगकीनहै अरु इनहींके हेतु कैकेयी श्रीरामचन्द्रजी को बनदीन है ऐसे सबकोई मोकोजानैकहैजाइ सो डरमोकोनहीं है ( १९ ) पर श्रीसीतारामचन्द्रजीके चरणारविंद बिषे मोरीमति अतिरति प्रीतिसंयुक्त अखण्ड अहर्निश एकरस तुम्हारेअनुग्रह ते बढ़तीजाय यहबरदान मांगतहौं यहां लोकपरलोकको अभाव अरु स्वामीविषे अत्यन्तभावजानब ( २० ) अरु जलद जोमेघहैं सो जन्मभरि सुरतिबिसारिदेहिं अरु चातकमेघ ते जलचाहत है तहां मेघ तौ न दीन्ह्योपविकही बज्रपत्थर बर्षतभयउहै चातकके चंगुलपंख टोंटटूटिगईहै ( २१ ) तापरजो चातककै रटनिप्रीति मेघते घटिजाइ तौचातकके स्नेहकी मर्याद घटिजाइह अरु जो दृढ़प्रेम मेघविषे बढ़तजाइ तौ चातककी भलाईबड़ाई सब प्रकारते है ( २२ ) पुनि जैसे सोनाको अग्निमें धौकेते अधिक

सुरतिबिसारेउ याचतजलपविपाहनडारेउ २१ चातकरटनिघटेघटिजाई बढ़ेप्रेमसबभाँतिभलाई २२ कनकहिबानचढ़ैजिमिदाहे तिमिप्रीतमपदप्रीतिनिबाहे २३ भरतवचनसुनिमांझत्रिबेनी भइमृदुबाणिसुमंगलदेनी २४ तातभरततुमसबविधिसाधू रामचरणअनुरागअगाधू २५ बादिगलानिकरहुमनमाहीं तुमसमरामहिंकोउप्रियनाहीं २६ दो० ॥ तनपुलकहिंहियहर्षसुनिवैणिवचनअनुकूल भरतधन्यकहिधन्यसुर हर्षितबर्षहिंफूल २७॥ * * * * * * *

बानिकही शोभाहोति है तैसेमोको कोटिन दुःखकौन्यहुं योगते होयँ पर श्रीसीतारामचन्द्र के चरणारबिंदविषे अधिकाधिक प्रीतिहोति जाइ तब प्रीतमके प्रीतिकी बड़ाई है ( २३ ) हे पार्वती तब भरतके बचनसुनिकैमध्यत्रिवेणी विषे मङ्गलमयबाणी होतिभई है ( २४ ) हेतातभरत तुम सब प्रकारते साधुहौ अरु श्रीरामचन्द्र के चरणारबिंदविषे तुम्हार

अगाधअनुरागहै ( २५ ) हे भरतजी तुममनमें बादिग्लानि करतेहौ तुम श्रीरामचन्द्र को अतिप्रियहौ हम अच्छीतरह जानते हैं यहसत्यकै मानौ ( २६ ) दोहार्त्थ॥ त्रिवेणीके स्वामीके अनुकूल बचन सुनिकै भरतके हृदयमें अति हर्ष भयो तनपुलकि आयोहै तहां भरतजी को धन्यधन्य कहिकै देवताफूलबर्षते हैं ( २७ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसने अयोध्याकाण्डेभरतप्रयागप्रवेशअत्यंतभावत्रिवेणीवरदानवर्णननामअष्टमस्तरंगः ८॥ :: :: :: :: ::

दोहा॥ भरद्वाजअरु भरतको नवतरंगसम्बाद॥ रामचरणअसपरस्परभावसुधादिक स्वाद ९ भरतकरभाव अरु देवतनकर फूलबर्षबदेखिकै प्रयागवासी चारिउवर्ण चारिउआश्रम वैषानसकही वानप्रस्थ बटुजोब्रह्मचारी गृहीजो गृहस्थ उदासी जो संन्यासी येतेसब हर्षसंयुक्त भरतकी बड़ाई करते हैं ( १ ) ऐसेही दशपांच मिलिकै भरतकर स्नेह अरु शील सत्यसांचा परस्पर वर्णन करते हैं ( २ ) हे पार्वती श्रीरामचन्द्रकरगुण भरतकर भक्तिभाव मिलिकै सबवर्णन करते हैं सो भरतजी अतिप्रेमते सुनत सुनतभरद्वाजके आश्रमको जातेभये हैं ( ३ ) तब भरतजू मुनिको अतिप्रीतिभावते साष्टांग दण्डवत्प्रणाम करतेभये हैं तबमुनि भरतको अपने भाग्यकैमूर्त्ति देखतेभये ( ४ ) तबहर्ष पुलकते उठिधाइकै भरतकी भुजागहिकै उठाइ

चौ० ॥ प्रमुदिततीरथराजनिवासी वैषानसबटुगृहीउदासी १ कहहिंपरस्परमिलिदशपांचा भरतसनेहशीलशुचिसांचा २ सुनतरामगुणग्रामसुहाये भरद्वाजमुनिवरपहँआये ३ दण्डप्रणामकरतमुनिदेखे मूरतिवन्तभाग्यजनुलेखे ४ धाइउठाइलाइउरलीन्हें दीन्हअशीषकृतारथकीन्हें ५ आसनदीननाइशिरबैठे चहतसकुचगृहजनुभजिपैठे ६ मुनिपूंछबकछुयहबड़शोचू बोलेऋषिलखिशीलसकोचू ७ सुनहुभरतहमसबसुधिपाई विधिकरतबपरकछुनबसाई ८ दो० ॥ तुमगलानिजियजनिकरहु समुझिमातुकरतूति तातकेकयीदोषनहिंगईगिरामतिधूति ९ चौ०॥ यहउकहतभलकहैनकोऊ लोकवेदबुधसम्मतदोऊ १० ताततुम्हारविमलयश

कै हृदयमें लगावतेभये आशीर्वाद दीन्ह कृतार्थकीन्ह किंतु आशीर्वाददैकै यहकहा हे भरतजू तुमहमको आजु कृतार्थकीन्ह ( ५ ) तबमुनि भरतजू को आसनदेतभये तापरभरतजू नीचेशीश नवाइकै बैठे जनुसकोचकेगृहविषे भागिकै पैठिगयेहैं ( ६ ) यह बड़ोशोच है कि मुनिमोसे पूंछैगे तबमैं कौन उत्तर देउंगो तब अतिशीलसुभाव संकोचदेखिकै मुनिबोलते भयेहैं ( ७ ) हेभरतजी हमसब सुधिपावाहै इहांविधि श्रीरामचन्द्र को कही ताते श्रीरामचन्द्रकी रजायपर किसूकै नहींचलैहै किन्तु लोकरीतिविषे विधि ब्रह्माकोकहीअरुकालकोकही तापरकाहूकी कछुनहींबसाइहै ( ८ ) दोहार्त्थ॥ हे भरतजी माताकी करतूतिसमुझिकै तुमग्लानि जियमें जनिकरहु अरु हेतात कैकेयिहुकर दोषनहींहै काहेते कि देवतनकी प्रेरणाते सरस्वती रानीकी मतिधूति कही छलीगईहै ( ९ ) जो हमकेवल सरस्वतीकोदूषणदेइं तौ कोई भलानकहैगो काहेते कि श्रीरघुनाथजी लोकवेद की रीतिदोऊ कियाचाहते हैं ताते लोकसम्मतमें कैकेयीकरदोष अरुवेदसम्मतमें देवतन अरुसरस्तीकरदोषहै अरुसिद्धांतविषे श्रीरामरजाय ( १० ) अरु हेताततुमनिर्दोषहौ यहतुम्हारविमलयशजोगाइहिवह लोकहुवेदमें बड़ाईपाइहि ( ११ ) अरु लोकहुवेदहुविषे यह प्रसिद्ध है कि छोटेबड़ेपुत्रको प्रमाणनहीं है ज्यहिकोपिता प्रसन्नह्वइकै राज्यदेइसोई पुत्र राज्यकरै यामेंदूषणनहीं है ( १२ ) हेभरतजी जो राजासत्यव्रतहैं तुमको बोलाइकैप्रसन्नते राज्यदेतेतौ सुधर्मयशकी बड़ाईहोती ( १३ ) तहांसो तौनभयो श्रीरामचन्द्रकोबनगमनभयो है जो श्रीअयोध्याविषे अनर्थकोमूलहोतभयोहै जोसुनिकै सम्पूर्णविश्वको शूलकही दुःखभयो हैं ( १४ ) सोभवितव्यताके बशतेरानीकैकेयी अज्ञानह्वैगई है तातेअज्ञानकेबश कुचालकरतभई है पुनिअंत

गाई पाइहिलोकहुवेदबड़ाई ११ लोकवेदसम्मतसबकहईज्यहिपितुराज्यदेइसोलहई १२ राउसत्यब्रततुमहिंबुलाई देतराजसुख धर्म्मबड़ाई १३ रामगमनबनअनरथमूला जोसुनिसकलविश्वभइशूला १४ सोभावीवशरानिअयानी करिकुचालअंतहुपछितानी १५ तहँहुँतुम्हारअल्पअपराधू कहइसोअधमअयानअसाधू १६ करहुराज्यतुमहिंनहिंदोषू रामहिंहोतसुनतसंतोषू १७ दो० ॥ अबअतिकीन्ह्यउभरतभलतुमहिंउचितमतियेहु सकलसुमंगलमूलजगरघुवरचरणसनेहु १८ चौ०॥ सोतुम्हारधनजीवनप्राना भूरिभाग्यकोतुमहिंसमाना १९ यहतुम्हारअचरजनहिंताता दशरथतनयरामप्रियभ्राता २० सुनहुभरतरघुपतिमन

में अतिपछितातीहै तातेरानी काकरै भगवन्माया अतिदुस्तर है तत्रप्रमाणमाह श्रीभगवद्गीतायां श्लोकार्द्ध॥ दैवीह्येषागुणमयी ममसमायादुरत्यया ( १५ ) हेतात तुमविशेषनिर्दोषहौ तहांजो कोई अल्पमात्र तुमविषेदोषारोपणकरै सोअसाधुहै अज्ञानहै अधम है ( १६ ) अरु जोतुमराज्यकरत्यहु तबहूंतुमको दोषनहींहोत अरु श्रीरामचन्द्र श्रीजानकी लक्ष्मणजूकोसुनिकै परमसंतोषहोत ( १७ ) दोहार्त्थ॥ हेभरतजू अवतौंतुम अत्यन्तनीक भलाईकीन्हहै काहेतेकिसर्व त्यागिकै सर्बमंगलकरमूल श्रीरामचन्द्रकेचरणारविन्दको स्नेहहै सो तुम्हारो सिद्धांत है ( १८ ) श्रीराचन्द्रजीकेचरणारविन्द विषे स्नेह सोईतुम्हारे जीवनधन प्राणहै तातेतुम्हारे समानभूरिभाग्यमान कोईनहींहै ( १९ ) हेतात जोतुम सर्बत्यागिकै श्रीरामचन्द्र के चरणारविन्दविषे अनुराग सिद्धांतकीन्हहै तौयहबातमें आश्चर्यनहींहै काहेतेकि दशरथमहाराजके तुमपुत्र अरु श्रीरामचन्द्रके भ्राता ताते कस न असहोइ ( २० ) हेभरतजीसुनहु श्रीरामचन्द्रकेमनविषे तुम्हारेसमानप्रेमकरपात्र कोईनहीं है ( २१ ) काहेते श्रीलक्ष्मण अरु श्रीजानकीजीते श्रीरामचन्द्रजीकी अपनेबिषे तुम्हारीप्रीतिसराहतेसराहतेरात्रिबीतिजातीभई किन्तु श्रीरामचन्द्रजी श्रीजानकीजीश्रीलक्ष्मणजी परस्पर सराहना करतेरहे हैं सोहम अपने कानहूं सुनतरहे हैं ( २२ ) अरु तुम्हारी प्रतिकरमर्म श्रीरामचन्द्रके मनमें हम अच्छीतरहजानाहै काहेते त्रिवेणीस्नान करतसन्ते तुम्हारे अनुरागमें डूबिनिकसे अथवा जबप्रयाग स्नानकरनलागे तब ब्राह्मण संकल्प पढ़तसन्ते यह बोल्यो कि जम्बूद्वीपे भरतखण्डे यह तुम्हारोनाम सम्बन्ध सुनतसन्ते श्रीरघुनाथजीमग्नह्वैगये हैं यहनामोद्दीपन कहावत है किन्तु तीर्थराज प्रयाग ताको सेवन स्नान करत करत हमारोमन निर्मल ह्वैगयोहै ताते प्रीतिकर मर्म जाना है ( २३ ) हे भरतजूतुम्हारे ऊपर श्रीरघुनाथजी की ऐसी प्रीतिहै जैसे जड़नरहै अरु धनवान्

माहीं प्रेमपात्रतुमसमकोउनाहीं २१ लषणरामसीतहिंअतिप्रीती निशिसबतुमहिंसराहतबीती २२ जानामर्म्मनहातप्रयागा मगनहोहिंतुम्हरेअनुरागा २३ तुमपरअससनेहरघुवरके सुखजीवनजसजगजड़नरके २४ यहनअधिकरघुवीरबड़ाई प्रणत कुटुम्बपालरघुराई २५ तुमतौभरतमोरमतयेहू धरयउदेहजनुरामसनेहू २६ दो० ॥ तुमकहँभरतकलंकयहहमसबकहँउपदेश रामभक्तिरससिद्धहितभायहसमयगणेश २७ चौ० ॥ नवबिधुतातविमलयशतोरा रघुवरकिंकरकुमुदचकोरा २८ उदितसदा

हैं त्यहिसुखमें जैसेवहिको अपने देहको जीवन अत्यन्तप्रियहै कि मैं सदा जीवतरहौं ( २४ ) अरु तुमतौ श्रीरामचन्द्र के लघुभ्राता प्रियहौ तौ कछु यह श्रीरामचन्द्र की बड़ाई नहीं है काहेते कि श्रीरामचन्द्र प्रणतकुटुम्बपाल हैं प्रणतकही जो शरण हैं त्यहिकर पालबकही परमपददेते हैं सहित कुटुम्बके ( २५ ) हे भरतजू हमारेमतमें तुमतौ जनु श्रीरामचन्द्रके स्नेहकी मूर्तिप्रत्यक्षहौ ( २६ ) दोहार्थ॥ हे भरतजू यहिको कलङ्कमानि लिह्यउहै सो तुम्हारो कलङ्ककैसो है हमऐसे मुनीश्वरनको उपदेशरूपहैका हेतु श्रीरामचन्द्र की भक्तिकर रसअनुराग प्रेम त्यहिके सिद्धिहेतुहै गणेशकही यहसमय श्रीचित्रकूटको आपुको गमन सर्वजीवन को महामंगलमय होतभयो ( २७ ) तुम्हारयश एकनिर्मलनवीन

चन्द्रमा उत्पन्न भयोहै तहां श्रीरामचन्द के भक्तजनजेहैं तेकुमुद चकोर हैं ( २८ ) अरुवहचन्द्रमा उदयअस्त होतरहतहै अरु तुम्हार यशरूपचन्द्रमा एकरस उदय रहैगो अरु वह घटत बढ़तहै अरु इहा एकरस रहैगो अरु यह सम्पूर्णजगत् ब्रह्मांड सोईनभहै तामें तुम्हार यशरूप चन्द्रदिनप्रति दूनदूनबढ़त उदितरहैगो ( २९ ) अरु यहचन्द्रमा ते अरु कोक जो चकचकई त्यहि तेबिरोध है अरु तुम्हार यशरूप चन्द्रमा अरु तीनिलोक कोक है त्यहि ते अतिप्रीति होइहि अरु इहां श्रीरामचन्द्रकर प्रताप सोई सूर्य है तुम्हारस्वरूप चन्द्रमाकी छबिको न हरैगो ( ३० ) अरु यह चन्द्र निशिदिन सबको सुखदाता होइगो अरु कैकेयीकै कर्तव्यराहु सो न ग्रसिसकैगो ( ३१ ) अरु वहि शशिमें एकरसपूर्ण अमृतनहींरहै है घटत बढ़तसन्ते अरु तुम्हारे यशरूप चन्द्रविषे श्रीरामचन्द्रकर प्रेमपियूष नित्यपूर्ण सर्बकालमें रहैगो अरु वहिचन्द्रमा बिषे दूषणदोष है श्यामता है गौतममुनि अरु दक्ष प्रजापति को शाप तिरस्कारहै अरु दोष गुरु स्त्री गमन अरु तुम्हारेयश चन्द्रमामें गुरु अपमान दूषण दोषनहीं है काहेते कि गुरुनकही कि

**अथइयकबहूंना घटिहिनजगनभदिनदिनदूना २९ कोकत्रिलोकप्रीतिअतिकरहीं प्रभुप्रतापरबिछविहिनहरहीं ३० निशिदिनसुखदसदासबकाहू ग्रसिहिनकैकेयिकरतबराहू ३१ पूरणतासुसुप्रेमपियूषा गुरुअपमानदोषनहिंदूषा ३२ रामभक्तिअबअमियअघाहू कीन्ह्यउसुलभसुधावसुधाहू ३३ भूपभगीरथसुरसरिआनी सुमिरतसकलसुमंगलखानी ३४ दशरथगुणगणवर्णिनजाहीं अधिककाहज्यहिसमजगनाहीं ३५ दो० ॥ जासुसनेहसकोचबशरामप्रकटभेआइ जेहरहियनयननकबहुं निरखेनाहिंअघाइ ३६**

तुम राज्यकरहु अब तुम उत्तरदैकै गुरु मंत्री कौशल्याको प्रसन्नकरिकै श्रीचित्रकूट को गमनकीन्ह ताते तुम्हारयश निर्दोष है ( ३२ ) तहां श्रीरामचन्दविषे प्रेमलक्षणाभक्ति सो अघाइकही परिपूर्ण सो तुमसारी बसुधासर्बजीवन को सुलभ करिदीनहै ऐसो तुम यशरूपचन्द्रमा कीन्हहै ( ३३ ) हे तात जो सर्बजीवन के कल्याणहेतु यशरूप चन्द्रमा मातुमें प्रकटकीन्हतौ का यह बड़ी बात कीन्ह है काहेते यह रघुबंशकुल ऐसे है जहां ज्यहि बंशमें राजाभगीरथभये जे साक्षात् ब्रह्मद्रव श्रीसुरसरी जाते त्रैलोक्यपावनभयो है जाको सुमिरण मंगल कै खानि है सो महिमण्डल में लै आये हैं ( ३४ ) अरु श्रीदशरथ महाराज के गुणगण परमदिव्य बर्णिबेयोग्यनहीं हैं तिनके समान कोई नहीं है अधिक कहां ते होइगो ( ३५ ) दोहार्थ॥ अरु जासुकही जिन दशरथ महाराज के प्रेमस्नेह संकोच के बशह्वैकै श्रीरामचन्द्र प्रकटभये जिन श्रीरामचन्द्रके स्वरूप को श्रीमहादेव अपनेहृदय के नेत्रन ते निरन्तर निरखत अघातनहीं हैं ( ३६ ) हे भरतजी यह कीर्त्तिरूप चन्द्रमा तुम अनूप उत्पन्नकीन्ह है तहां श्रीरामचन्द्रबिषे प्रेम सोई मृगरूप बसन्त है ( ३७ ) हे तात तुमग्लानि जीवमेंकरतेहौ सो जाइकही बृथाकरतेहौ काहेते जाके हस्तामल पारसमणिहै सो दरिद्र को क्यों डरै हे तात तुम तौ श्रीरामानन्यहौ तुमयश अयशकोक्यों डरौ ( ३८ ) हे भरतजी सुनहु हमझूंठ नहींकहते हैं काहेते कि हम उदासीन तपस्वी विरक्तहैं बनमेंरहते हैं निस्पृही हैं ( ३९ ) ताते हमसत्यकहते हैं जेते साधन मुक्तिकेहैं कर्म तप योग वैराग्य ज्ञान ध्यान समाधि इत्यादिक त्यहिकोफल श्रीलक्ष्मणजी श्रीजानकीजी श्रीरामचन्द्रजी सोहमको दर्शनमेंप्राप्तभये जिनपरमेश्वरकेहेतु यह सबसाधनकीन्हहैसो फल निर्मलरसमयको प्राप्तिभयो है ( ४० ) हेभरतजी त्यहिफलकरफल तुम्हारदर्शनहमकोभयोहै परसहित प्रयाग प्रयागबासिनकरभाग्यजागो है इहां यह

**चौ० ॥ कीरतिविधुतुमकीन्हअनूपा जहँबसरामप्रेममृगरूपा ३७ तातगलानिकरहुजियजाये डरहुदरिद्रहिपारसपाये ३८ सुनहुभरतहमझूंठनकहहीं उदासीनतापसबनरहहीं ३९ सबसाधनकरसफलसोहावा लषणरामसियदर्शनपावा ४० त्यहिफलकरफलदरशतुम्हारा सहितप्रयागसुभागहमारा ४१ भरतधन्यतुमजगयशलयऊ कहिअसप्रेममगनमुनिभयऊ ४२ सुनिमुनिवचनसभासदहर्षे साधुसराहिसुमनसुरवर्षे ४३ धन्यधन्यधुनिगगनप्रयागा सुनिसुनिभरतउमँगअनुरागा ४४ दो०॥ पुलक**

अर्थ भावरस व्यंग्योक्ति है कि कर्म योग तप वैराग्य ज्ञान ध्यानसमाधि नवधा प्रेमापराभक्ति इत्यादिक अरु महात्माजनकेदर्शनसत्संग त्यहिको फल परमेश्वर श्रीरामचन्द्र तिनकैप्राप्तियह वेद मुनीश्वरकहते हैं अरु इहां भरद्वाजने कहा कि श्रीरामचन्द्रकेदर्शनकीप्राप्तिकोफल भरतजूकेदर्शन हैं तहां यहअभिप्राय है कि हे भरतजी सर्बजीवके आचार्य श्रीलक्ष्मणजी श्रीजानकीजी परब्रह्म श्रीरामचन्द्रजी तिनको दर्शन हमकोप्राप्ति भयो पर तिनबिषे सेवाभावकै प्रीतितुम्हारे दर्शनसे प्राप्तभई है तहांरसमय जो फल है त्यहिको फल स्वाद है तैसे परमेश्वर की प्राप्तिकर फल प्रेमप्रीतिसंयुक्त कैङ्कर्य सो भरतकेद्वार ह्वैकै सर्बको प्राप्तभयो है ताते भरद्वाज कहाहै ( ४१ ) हे भरतजी तुम जगतबिषे धन्यहौ सर्बजीवन के कल्याण मङ्गलमय हेतु जस जगजयउ कही उत्पन्नकीन है हेगरुड़ असकहिकै मुनि प्रेममें मग्नह्वैगये ह ( ४२ ) भरद्वाजकै बाणी भक्ति रसमय भरी सुनिकै सम्पूर्णमुनिनकीसभा अतिहर्षकोप्राप्तभई है अरु देवता भरद्वाजको साधुसराहिकै सुमनवृष्टि करते हैं ( ४३ ) तहांआकाश अरु प्रयागविषेभरद्वाज अरु भरतकीबड़ाईकी धन्यधन्यधुनिह्वैरहीहै यहध्वनिसुनिकैमुनिभरत अतिअनुराग को प्राप्तिभये हैं ( ४४ ) दोहार्त्थ॥ तब भरतजीके हृदयविषे श्रीसीतारामजीको स्वरूप आनिकैप्रेमतेपुलकिकै कमलनेत्रन में जलभरआयेहैं दोऊ कमलकरजोरिकै भरद्वाजआदिकमुनिनकीमण्डलीकोप्रणाम करिकैगद्‌गदबयनसे बोलतेभये हैं ( ४५ ) मुनिमण्डलीके नमस्कारकरिकै यहशपथकरिकैकहते हैं कि इहां मुनीश्वरनकी तौ समाजहै अरु तीर्थराज बिषेइहांजो कोऊसांचिउ शपथकरैतौ अघाइके अकाजह्वैजाइहै काहेते कियहजीव कहांलगि सांचाहोइगो ( ४६ ) अरु त्यहिसमाज थलविषे मैं कहत हौं कैसो समाजथल है जो इहांकछु उक्ति बनाइकै कहौंगो तौ यहिसमान महाअघ अधमाई दूसरहई नहीं है यहशपथ करिकै भरत जीक्योंकहते हैं

**गातहियरामसिय सजलसरोरुहनयन करिप्रणाममुनिमण्डलिहिबोलेगद्‌गदबयन ४५ चौ०॥ मुनिसमाजअरुतीरथराजू साँच्यउशपथअघाइअकाजू ४६ यहिथलजोकछुकहौंबनाईत्यहिसमअधिकनअघअधमाई ४७ तुमसर्वज्ञकहौंसतिभाऊ उरअंतर्यामीरघुराऊ ४८ म्वहिंनमातुकरतबकरशोचू नहिंदुखजियजगजानिहिपोचू ४९नाहिंनडरबिगरैपरलोकू पितौमरणकरनाहिं**

हैं तहां जे श्रीरामानन्ददास हैं ते चारिउफल अरु लोकमर्य्याद मानवड़ाई यश अयश इत्यादिकनको तृणइव त्यागेहैं तहां भरद्वाजजी कहा है कि हे भरतजीतुम रामानन्य ह्वैकै अयशको डरतहौ यहिचौपाईविषय में डरहु दरिद्रहि पारसपाये ताते भरतजू अपने अनन्यभावको उत्तर मुनिकोदेते हैं ( ४७ ) हेमुनीशतुम सवर्ज्ञहौ मैं सत्यभावते अपने अन्तष्करणकी कहतहौं अरु सबके उरके अन्तर्य्यामी श्रीरघुनाथजीहैं सो जानतेहैं ( ४८ ) अबमेरे बाह्यांतर की सत्यता सुनोमोको माताकी कर्तव्यकरशोच नहीं है अरु सबजगत् मोको पोचजानै जाइयह दुःखशोच नहीं हैं ( ४९ ) अरु परलोकहु बिगरेकर शोकडर नहीं है अरु पितहुके मरिबेकरशोक नहीं है तहां जो भरद्वाजकहा कि तुम अयशको डरतेहौ त्यहिको उत्तर यहिवचनविषे दियो कि यश अयश लोक परलोक इत्यादिकनहींबासना श्रीरामचन्द्रकी भक्ति के विशेष कर्त्ताहै यह मैं अच्छीतरह जानत हौ ताते मेरेइहां इनकोत्यागहै यहसत्य जानब अरु यहां भरतकहाकि**पितौमरणकरनाहिंनशोकू** तहांयहवचनमें अनन्यभाव में रुखाई आवति है ताते यह भरतकहते हैं ( ५० ) मोको पितहुके मरणकर शेकनहीं है काहेतेकि जिनकर सुकृत सुयश तीनिउँ भुवनमें उत्साहसमेत पूर्णभरिरह्योहै अतिशोभित काहेते श्रीलक्ष्मण श्रीराम ऐसेसरसपुत्रपावतभये हैं सरसकहीश्रेष्ठ जिनको श्री शिव सनकादिक ध्यानकरते हैं ( ५१ ) जिन श्रीरामचन्द्रके विरहविषे राजैंशरीरको तृणइव त्यागिदियो है तिन राजाके शोककर कवनप्रयोजनहै ( ५२ ) इनसबकरएकौडर शोकनहींहै तहांएकशोक विशेषहैकि श्रीरामचन्द्रजीश्रीलक्ष्मणजी श्रीजानकीजीके पगबिनु पनहीं बनबन फिरतेहैं मुनिबेषकिये हैं ( ५३ ) दोहार्त्थ॥ अजिन जो मृगचर्म्म अरु भोजपत्र इत्यादिक बल्कलसोतौ बसनहै अरु अशनकही भोजनकन्दमूलफल अंकुरइत्यादिकहैंअरु तृणपर्णडासिकै महिविषे शयन अरुतरुतरबास करते हैं आतपकहीघाम वर्षाशीत नित्यसहते हैं त्यहिकेकारणमैं ऐसो श्रीरामको सेवकहौं ( ५४ ) हेमहामुनि त्रिकालदर्शी यहदुःखके दाहते नित्य

नशोकू ५० सुकृतसुयशभरिभुवनसोहाये लक्ष्मणरामसरिससुतपाये ५१ रामविरहतनतजिक्षणभंगू भूपशोचकरकवनप्रसंगू ५२ रामलषणसियबिनुपगपनहीं करिमुनिवेषफिरतबनबनहीं ५३ दो० ॥ अजिनबसनफलअशनअहिशयनडासिकुशपात बसितरुतरनितसहतहिम आतपबर्षाबात ५४ चौ०॥ यहदुखदाहजरैनितछाती भूषणबासरनींदनराती ५५ यहिकुरोगकरओषधिनाहीं सोध्यउँसकलविश्वमनमाहीं ५६ मातुकुमतिबढ़ईअघमूला त्यइँहमारहितकीन्हबसूला ५७ कलिकुकाठगढ़िकठिन

छातीजरतिहैन तौ दिनमेंभूंखकीसुधि नतौरात्रीमेंनिद्राकी सुधि (५५) यह कुरोग जोमेरेउत्पन्नभयो है त्यहिकीओषधिकहूंहई नहीं है अपनेमनमें अनुभव विचारते संपूर्ण विश्वविषेमैं खोजिदेख्यों नहठिंहरेउहै इहांभरतजीके उपायशून्यशरणागत कोरसभरद्वाजसेकहाहै मुनिसमुझिकैआश्चर्य भावमानते हैं (५६) हेमुनीश यहकुरोग मिटिबेकोबड़ाअसमंजसहै काहेते हमारीमाताकीकुमति अघकरमूलसोई बढ़ईभयोजो हमारोहितकरराज्य देनेलगी सोईवसूलाभयो है सोईमाताकी कुमति अपनेसुखको अनुसन्धानसोई ग्रहणकरतभयो है (५७) कलिकही अपनीबुद्धिमें कल्पितकियो है कि जोरामचन्द्र राजाहोहिंगे तौमेरेपुत्र जोभरतजीहैं तिनको दुःखदेहिंगे अरु कौशल्यामोका दुःखदेहिगी ऐसीअनेक कल्पना कैकेयी करतभई सोई कुकाठ कहीबबूरइत्यादिकभयोकिंतुकलिकहीक्लेशसोईकुकाठहै अरु मंथराकेवचनमेंप्रतीतिसोईगढ़बहैकुयंत्र कही शनिश्चरकैमूर्ति सोकुयंत्रअनेक कुत कीनकासिद्धांत जामें परिणाम केवल महादुःखसोई कुयंत्रहै सोकुयंत्रअयोध्याविषे गडंतकरतिभई हठसोईगाढ़वहै अरु दूनौंवरदानसोईकुमंत्र हैं सोइपढ़िकही राजासे मांगिकै चौदहवर्षको गाड़िदियोहै ऐसो कुयोगकैकेयी करतिभई है (५८) तहां यह कुठाट जो कैकेयी सब टाट्यउ है सोमेरेहेतु त्यहिसबको कारण मैंहौं ज्यहिकरिकै सबजगत् बारहबाटकहीघाल्यउहै बारहबाटकही लौकिकबाणी है निपिद्धमार्गहै दरिद्र निरादर भयशोक ४ अधिभूततेहैं मूर्खत्वपरिणाम वर्तमान चिन्ता संकल्प बिकल्प उद्वेग ४ येचारि अधिदैवतते हैं कफबातपित्त रोगादिक ४ ये चारि अध्यात्मते हैं येतेबारहबाट आमर्षमें कहेजाते हैं तहांकरुणारसहै किन्तु बारहबाटकही अष्टदिशा अरु चारिउफल तामें सर्वजगत् को घालिकही प्राप्तकियो है श्रीरामचन्द्रको बनगवनकारण देवमुनि इत्यादिक सबकोसकामबाटमें प्राप्तिकियो है (५९) हेमुनीशयह कुयोग तब मिटिहि जब

कुयंत्रू गाड़िअवधपढ़िकठिनकुमंत्रू ५८ म्वहिंलगियहकुठाठत्यइठाटा घाल्यसिसबजगबारहबाटा ५९ मिटिहिकुयोगरामफिरिआये अवधबसैनहिंआनउपाये ६० भरतबचनसुनिमुनिसुखपाई सबहिंकीन्हबहुभांतिबड़ाई ६१ तातकरहुजनिशोचविशेषी सबदुखमिटिहिरामपददेखी ६२ दो० ॥ करिप्रबोधमुनिवरकह्यउअतिथिप्रेमप्रियहोहुकंदमूलफलफूलहमदेहिंलेहुकरिछोहु ६३

श्रीरामचन्द्र श्रीअयोध्याकोफेरि आवहिंगे बीच अयोध्यानहीं बसैहै (६०) मेरेमनमें ऐसो असमंजसहै हे पार्वती भरतके वचन सेवक सेव्यभाव रसमय सुनिकै समस्त मुनिमंडली अतिआनन्द हर्षको प्राप्तिभईहै अरुभरतकी बड़ाई करते हैं कि भरतकी समान सेवक सेव्यभावविषे तीनिहूंलोक तीनिहूंकाल में कोईनहीं है (६१) भरद्वाज कहते हैं हेतात अबतुमइहौ शोच न करहु श्रीसीता रामचन्द्रकर पद पंकज देखतसन्ते विशेषकै सब शोचकोदुःख मिटिजायगो (६२) दोहार्थ॥ यहकहिकै स्नेह अरु प्रेमतेपुलकिकै भरद्वाज भरतजूते कहते हैं हे तात तुम अतिथि प्राणप्रियहौ क्योंकि अपने आश्रमविषे जो कोई आवै तिसको सत्कार अरु आदरकिया चाहिये त्यहिते कन्दमूल फलफूल जो हमदेहिं सो आपछोहकरिकैग्रहणकरौ (६३) ३ इति श्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसनेश्रीअयोध्याकाण्डे भरद्वाजभरतसम्बादे परस्परविलक्षणभाव वर्णनन्नाम नवमस्तरंगः॥९॥ :: :: :: :: :: :: ::

दोहा॥ भरतपहुनईमुनिवचनशोचिरहेत्यहिराति दशतरंगतजिविषयदश रामचरणमतिमाति १० तब भरतजी कै मुनि आयसुलीन भरतजू को महासंकोचभयउ यहसमुझिकै कि प्रयाग क्षेत्र अरु मुनि विरक्त अरुहमरघुवंशी यह कुठाहरविषे हम कौन बिचारकरैं जो नहीं अंगीकारकरैं तौ मुनिके मनमें खेदसंयुक्त यह आवै कि भरतजी कर्मकाण्ड को लिहहैंतौ हमारी उपासना विषे विरोध आवत है ( १ ) तब भरतजू बिचारिकरिकै गुरुकही श्रेष्ठमुनीशके बचन सर्ब धर्म ते गुरुजानिकै पदबंदिकै ह्वौकरजेरिकै बोलते भये ( २ ) हे मुनीश तुम्हारी आज्ञा शीशपर धरिकै हम करिय यहै नाथ हमारो परमधर्म है तब मुनि बहुतप्रसन्नभये ( ३ ) भरतकेवचन श्रेष्ठमुनिके मन में भावतभये हैं तब मुनि सेवक अनेक बोलाबते

चौ०॥ सुनिमुनिवचनभरतमनशोचू भयउकुअवसरकठिनसकोचू १ जानिगरूगुरुगिराबहोरी चरणबंदिबोलेकरजोरी २ शिरधरिआयसुकरियतुम्हारा परमधर्मयहनाथहमारा ३ भरतवचनमुनिवरमनभाये शुचिसेवकतबनिकटबोलाये ४ चाहियकीन्हभरतपहुनाई कंदमूलफलआनहुजाई ५ भल्यहिनाथकहितिनशिरनाये प्रमुदितनिजनिजकाजसिधाये ६ मुनिहिंशोचबड़ पाहुननेवतातसपूजाचाहियजसदेवता ७ सुनिरिधिसिधिअणिमादिकआई आयसुहोइसोकरियगोसाई ८ दो०॥ रामविरहब्याकुलभरतसानुजसहितसमाज पहुनाईकरिहरहुश्रमकहामुदितमुनिराज ९ चौ० ॥ रिधिसिधिशिरधरिमुनिवरबानी बड़िभागिनिआपुहिअनुमानी १० कहहिंपरस्पररिधिसमुदाई अतुलितअतिथिरामलघुभाई ११ मुनिपदबंदिकरियसोइआजूहोहिंसुखी

भये हैं ( ४ ) तब मुनिसेवकनते कहतभये कि भरतकै पहुनाई कीनचाहते हैं कंदमूलफल इत्यादिक ल्यावहुजाइ ( ५ ) तब सबभलेहिनाथकहिकैदंडवतकरिकै अपने अपने कार्यको हर्षिकै जातेभये ( ६ ) तब हेगरुड़ मुनिमनमें बिचारकीनकि पाहुन बड़ाभारी नेवताहै कंदमूलफल इत्यादिक में निर्बाह न होइगो काहेते जसदेवताहोइ तसपूजा चाहिये ( ७ ) यहभरद्वाजजी अपनेमनमें बिचारिकै कहासुनिकै ऋद्धीसिद्धी अणिमादिक आइकै प्राप्तिभई भरद्वाजसे हाथजोरिकै कहती हैं हे मुनीश जो आज्ञाहोइ सोहमकरैं ( ८ ) दोहार्थ॥ तब मुनीशबोले कि भरतजी श्री रामचन्द्रके विरह करिकै सानुज समाजसहित मार्गकरिकै श्रमित हैं ताते अच्छीतरह पहुनाई करिकै श्रमहरहु मुदितमन ते मुनीश आज्ञादीन है ( ९ ) ऋद्धिसिद्धि मुनिकी बरवाणी सुनिकै अपना अपना को बड़िभागिनि मानतीभई कि मुनीश हमारी चाहना कीन है ( १० ) तब ऋद्धि सिद्धि आपुसमें परस्पर कहती हैं कि श्रीरामचन्द्र के लघुभाई अतुलित अतिथिहैं इनकरसत्कार करिवेको हम योग्यनहीं हैं पर अपने बलभरिकराचाहिये ( ११ ) मुनिके पदविषे बन्दनाकरिकै करहु जामें सम्पूर्ण राजसमाज सुखीहोइ ( १२ ) सब ऋद्धिन सिद्धिन आपुसमें असकहिकै अनेकन गृहकी रचना करतभई जिनको देखिकै बिमानकही देवतनके बिमान बिलखाहिं कहीललचाते हैं ( १३ ) तिन मन्दिरन विषे अनेकभोग विभूतिभरिदीनहै जाको देखिकै इन्द्रादिक देवता अभिलाषा करते हैं ( १४ ) अरु अनेक दासीदास अतिसुन्दर किशोर ते सबमुनिके चरणारविंदमें चित्तराखिकै अरु

सबराजसमाजू १२ असकहिरच्यउरुचिरगृहनाना जोबिलोकिबिलखाहिंबिमाना १३ भोगबिभूतिभूरिभरिराषे देखतजिनहिं अमरअभिलाषे १४ दासीदाससाजसबलीन्हे जोगवतरहहिंमुनिर्हिंमनदीन्हे १५ सबसमाजसजिसधिपलमाहीं जोसुखसपन्यहुसुरपुरनाहीं १६ प्रथमहिंबासदियेसबकेही सुंदरसुखदयथारुचिजेही १७ दो०॥ बहुरिसपरिजनभरतकहंमुनिआयसुअसदीन्ह विधिबिस्मयदायकबिभवमुनिवरतपबलकीन्ह १८ चौ०॥

**मुनिप्रभावजबभरतबिलोका सबलघुलागलोकपतिलोका १९ सुख समाजनहिंजाइबखानी देखतबिरतिबिसारहिंज्ञानी २० अशनशयनशुचिबसनबिताना बनबाटिकाबिहगमृगनाना २१ सुरभि**

सबके मनको अपनेमनते त्यहिको जोगवतहैं अरु त्यहिविभूति को जोगवतरहते हैं ( १५ ) सम्पूर्ण सरंजाम एकपल में सिद्धिन रचिदीन है जो सुख विभूति स्वर्गलोक में स्वपन्यहु नहीं है ( १६ ) तब ऋद्धिसिद्धिनसेवक सेवकिनिनकर रूपधरिधरि अति आदर वचन कहिकहि भरत की सेनाको प्रथम मन्दिरन में बासकरावतभई अति सुन्दर सुखद यथारुचिज्यहिको जसिरुचिरही सो बासकरतेभये ( १७ ) दोहार्थ॥ हे पार्वती बहुरिकै भरत परिजन संयुक्त को मुनिआज्ञादीनहै कि अब आसन करहुजाई देखिये तौ जो मुनि अपने तपकेबलते परम ऐश्वर्य उत्पन्नकीन है सो देखिकै ब्रह्मा की बिस्मयजाती है ( १८ ) तब भरतउठिकैजाइकै मुनिकर प्रभाव देखतेभये सब लोकपतिनकर लोक लघुलागत है वरुण वायु कुवेर ईश इन्द्र अग्नि यमराज चन्द्र सूर्य ब्रह्मादिकनके लोक लघुलागते हैं ( १९ ) त्यहिसमाजकर सुखबखानिबे योग्यनहीं है ज्यहिको देखिकै ज्ञानिनकर वैराग्य बिसरिजात है ( २० ) अशन जो भोजन शयन शय्याशुचिकही पवित्र निर्मल अरु हेमरत्नमय जटितवस्त्र मन्दिरनप्रति त्यहि के बितानतनेहैं अरु बनकही सघन बाटिका जो फूलफल पल्लवनकरिकैअतिशोभित हैं ( २१ ) अरु सुरभिकही सुगन्धमय फूलफल तिनके रस अमृतमय अरु निर्मल जलाशय कही कुण्डल मणिमय विविध विधानके बनै हैं ( २२ ) अरु अशनजेहैं चारिप्रकारके भोजन अरु पानकही जो पीवेमें आवत हैं षद्रस इत्यादिक ते सबशुचिकही अतिपवित्र सर्वकालमें निर्मल अमृतकेसमान स्वादगुण त्यहिसबको देखिकै प्राप्तिह्वैकै अयोध्याबासी कैसे सकुचाइकै त्यागेहैं जैसे जमीसकही विषकोजानिकै प्राणीत्यागकरै हैं। तैसे अयोध्यावासिन ऋद्धि सिद्धिनकै बिभूति त्यागकीनहै काहेते कि श्रीरामचन्द्र के मिलवेहेतु सबही संयम नेम ग्रहणकीन है जो यह बिभूतिकोग्रहणकरै तो संयम नेम नाशह्वैजाइगो ताते विषइवत्याग

**फूलफलअमियसमाना विमलजलाशयबिबिधिबिधाना २२ अशनपानशुचिअमलअमीसे देखिलोगसकुचाइजमीसे २३ सुरसुरभीसुरतरुसबहीके लखिअभिलाषसुरेशसचीके २४ ऋतुबसन्तबहबिविधबयारी सबकहँसुलभपदारथचारी २५ स्त्रगचन्दन बनितादिकभोगा देखिहर्षबिस्मयसबलोगा २६ दो० संपतिचकईभरतचकमुनिआयसुख्यलवार त्यहिनिशिआश्रमपींजरा राखेभाभिनुसार २७॥** * * *

कीनहै पुनि सामान्यअर्थ जमीसेकही जे संयमी हैं मुनीश्वर तिनकीनाई बिषयकर त्यागकीनहै अरु जोभरद्वाज कंदमूल फल दल इत्यादिकन को निमंत्रण कीनहै सो मुनिके शिष्यनकेल्यायेको सो तौ ग्रहणकीन अपर विभूतिको त्यागकीन काहेते विना निमंत्रण प्राप्तिभईहै ताते त्यागकीन है ( २३ ) कामधेनु कल्पवृक्ष एकएक सबके मन्दिरनप्रति है तिनको देखिकै अभिलाषा करते हैं सुरेश जो इन्द्र सची इन्द्राणी इत्यादिक देवता देवी इच्छाकरते हैं ( २४ ) अरु बसंतऋतु एकरस ह्वैरहीहै त्रिविध पवन बहते हैं शीतल मंद सुगंध तहां सबको चारिउपदार्त्थ सुलभ हैं अर्थ धर्म काम तौ प्रसिद्धहै अरु इनसबनकर त्याग सो मोक्षहै सो अयोध्यावासिन के मोक्ष पाछेपरी है श्रीराम प्रेमके आश्रय से सब सुलभ है ( २५ ) स्त्रग् जो रत्नकेहार माला इत्यादिक अरु वनितादिकजो नित्यकिशोरी इत्यादिक जो भोग त्यहिको देखिकै सबलोग हर्षविस्मय को प्राप्ति हैं हर्ष तौ बिभवदेखिकै अरु विस्मय यह कि यहबिभूतिकहां ते प्राप्तिभई है पुनि विस्मय यह कि हम श्रीरामचन्द्र के दर्शनको जाते हैं हमारो मन यहिविषयको ग्रहणकरैहैतौ न बनै ( २६ ) दोहार्थ॥ हे पार्वती भरद्वाज की प्रेरी संपति सो तौ चकईभई है अरु भरत चक भये अरु सोई रात्री में मुनिकोआश्रम पींजराभयउ अरु मुनिकीआज्ञासोई खेलवारकही पक्षिनको बझावनेवाला भयो सो संपत्तिको अरु भरतको मुनिकी आज्ञा एक २ जगहकरिदीन है तहां चकचकई एकजगहैरात्री को नहींरहते हैं कदाचित् परवश ते पींजराविषे

एकजगहभये पर स्पर्श नहीं करते हैं तैसे भरतजू समाजसहित विषयको स्पर्शनहींकीनहै मुनिकोनिमंत्रणकंदमूल फलग्रहणकीन है यहीरीतिसेभिनुसारहोतभयो है सकल लोग जागते भये हैं तहां ब्रह्मांडभरेकी बिभूति सो चकईभई है अरु भरतसहित समाज चकभये हैं अरु श्रीरामचंद्र को बनगवन चौदहबर्ष पर्य्यंत सोई महारात्री भई त्यहिविभूति ते भरत चौदहबर्ष भिन्नरहेहैं उपरांत श्रीरामचन्द्र की आज्ञा ते कैङ्कर्य्यकीन है अरु मुनिकीप्रेरी

**चौ० ॥ कीन्हनिमज्जनतीरथराजू नाइमुनिहिंशिरसहितसमाजू १ ऋषिआयसुअशीषशिरराखी करिदण्डवतविनयबहुभाखी २ पथगतिकुशलसंगसबलीन्हे चलेचित्रकूटहिमनदीन्हे ३ रामसखाकरिदीन्हेलागू चलतदेहधरिजनुअनुरागू ४ नहिंपदत्राणशीश**

विभूति की कौनगिनती है ( २७ ) इतिश्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषविध्वंसने श्रीअयोध्याकाण्डे ब्रह्मर्षिराजर्षिपरस्पर वैराग्यज्ञानभक्ति परीक्षा आनंदमयबर्णनंनामदशमस्तरंगः १०॥ :: :: :: :: :: :: :: :: ::

दो० ॥ दशअरुएकतरंगमें भरथप्रयागअन्हाइ मुनिहिदण्डवतकरिचले रामचरणमनलाइ ( ११ ) भरतजू प्रातःकाल उठिकै सहितसमाज त्रिबेणीमें स्नानकरतेभये पुनि भरतजी आइकै सहितसमाज भरद्वाजजी को दण्डवत्कीन ( १ ) पुनि मुनिकै आशीर्बादआयसु शीशपरराखिकै दंडवत्करिकै दोऊकरजोरिकै बिनयकरते हैं ( २ ) पुनि श्रीचित्रकूटकोविदामांगतेभये हैं चित्तदैकैचले जैसे अयोध्यातेचलेहैं तब जेपथकीगति में कुशलकही प्रवीणातिनको मुनीशसंग करिदीन है किन्तु अपने संगकेपथगतिप्रवीण लैचले हैं ( ३ ) तब भरतजी श्रीरामचन्द्रकर सखानिषाद लागू कही अपने संगमें लगाइकै चले जनुद्यौजन श्रीरामचन्द्रके अनुरागकीमूर्तिचले जाते हैं ( ४ ) न तौ पदत्राण हैं अरु नतौ शीशविषे कछुबस्त्र की छाया है अरु श्रीराचन्द्रविषे नेमप्रेम ब्रतकही प्रण अरु सेवकसेब्यधर्म इत्यादिक अमायाकही निष्काम धारणकिहे चलेजाते हैं ( ५ ) अरु श्रीरामचन्द्र जी श्रीजानकी जी श्रीलक्ष्मणजी के पंथ कै कहानी कहीकहबकरब सो भरतजी सखानिषादत्यहिते अति मृदुबाणीते पूछतजाते हैं ( ६ ) जहांजहां श्रीरघुनाथजी टिकेहैं सो विटपकी छायानिषाद बतावत है सो भरतजी के अनुराग उमँगत है रोकानहीं रहत है ( ७ ) भरतकै दशादेखिकै देवता फूलनकी वर्षाकरते हैं अरु पृथ्वीकुशकंटक आकर्षणकरिलीन्ह है अति कोमल मुदमंगलमय होत भई ( ८ ) दोहार्थ॥ अरु मेघ छाया किहेजाते हैं अरु शीतल मंद सुगंध पवन बहती है जैसो मगभरतजी को भयो है तैसोमग श्रीरामचन्द्र को नहीं भयो है काहेते श्रीरामचन्द्र अपने भक्तन की सेवाते जैसे प्रसन्न होते हैं जैसे अपनी सेवातेनहींप्रसन्न होते हैं ताते श्रीरामचन्द्र के जातसंते मंगलमय मगभयो है

**नहिंछाया नेमप्रेमब्रतधर्मअमाया ५ लषणरामसियपंथकहानी पूंछतसखहिकहतमृदुबानी ६ रामबासथलविटपविलोकी उरअनुरागरहतनहिंरोकी ७ देखिदशासुरबर्षहिंफूला भइमृदुमगमहिमंगलमूला ८ दो०॥ कियेजाहिंछायाजलदसुखदबहइवरबात तसमग भयउनरामकहँ जसभाभरतहिजात ९ चौ० ॥ जड़चेतनमगजीवघनेरे जेचितयेप्रभुजिनचितहेरे १० तेसबभयेपरमपदयोगू भरतदरश मेटाभवरोगू ११ यहबड़िबातभरतकैनाहीं सुमिरतजिनहिंराममनमाहीं १२ बारकनामकहतजगजेऊ होततरणतारणानरतेऊ १३**

अरु भरतजी के जातसंते महामंगलमय मगभयो है ( ९ ) मगविषे जड़चेतन अनेकजीव जेहैं जड़कही श्वासारहित हैं अरु चेतनकही श्वासासंयुक्त जेहैं ते सबजिन श्रीरामचन्द्र को देखिनि है अरु जिनको श्रीरामचन्द्र देखिनि हैं ( १० ) सबपरमपद के योग्यभये भरत के दर्शनते भवरोग कही जन्ममरणसो मिटिगयो है इहां व्यंग्यार्थ है अरु श्रीरामचन्द्र परमेश्वर तिनके दर्शनते भवरोग नहीं मिट्यउहै अरु भरतजी श्रीरामभक्त तिनके दर्शनते भवरोग मिट्यउहै यहकहाहै तहां यह विपर्य्ययभाव अर्थसिद्धि है कि श्रीरामचन्द्र के

दर्शनते परमपदके योग्यभयो है पर परमेश्वर बुद्धिभावनहीं आयोहै अबभरत की दशा श्रीरामचन्द्रविषे देखिकै तिनके दर्शनतेरामचन्द्रविषे परमेश्वर बुद्धिभाव अच्छीतरह आयोहै तातेभव रोग मिटिगयो है अबते जेतेजीव मगके जड़चेतनरहे हैं ते सबपरमपदको प्राप्तिहोहिंगे संसारमेंन जन्मैंगे काहेते भागवतै द्वार भगवत् प्राप्ति होतेहैं ( ११ ) तहां जो भरत के दर्शनते भवरोग मिटिगयो है तौ यहबड़ीबात नहीं है काहेतेभरतको स्मरणरघुनाथजी अपनेमनमें करते हैं यहसब शास्त्र कहते हैं कि जे सर्वोपायशून्य परमेश्वर के शरणागत हैं तिन कोस्मरण परमेश्वर करते हैं ( १२ ) देखिये तौ जो कोई यहि जगत् में बारककही एकहू बाररामनाम उच्चारण करते हैं ते पुरुष आपुतरते हैं अरु औरको तारते हैं यह प्रमाण है पाद्मे श्लोकएक अभिरामेति यन्नाम कीर्तितंविवशाच्चये ते विध्वस्ताखिलाघौघायांतिविष्णोःपरंपदं ( १३ ) अरुभरतजीता उपायशून्य श्रीरामानुरागी हैं अरु लघुभ्राता हैं तिनके चलतसंते मग मंगलमय कस न होई ( १४ ) सिद्धजे हैं अरु सिद्धनकेसाधकजेहैं मननशीलते सबयहैकहतेहैं अरु भरत के दशादेखिकै अपने अपने साधन के फलको प्राप्तिभये हैं ताते भरत को देखि २ अति हर्षते हैं ( १५ ) यह भरत की दशाकर प्रभावदेखिकै इन्द्र के शोचभयउ है काहेते कि जगत् में

**भरतरामप्रियपुनिलघुभ्राता कसनहोइमगमंगलदाता १४ सिद्धसाधुमुनिवरअसकहहीं भरतहिंनिरषिहरषिहियलहहीं १५ देखिप्रभावसुरेशहिंशोचू जगभलभलेपोचकहँपोचू १६ गुरुसनकह्यउकरियप्रभुसोई रामहिंभरतहिभेंटनहोई १७ दो०॥ रामसकोचीप्रेमबश भरतसुप्रेमपयोधि बनीबातबिगरन चहत करिययत्नछलशोधि १८ चौ०॥ वचनसुनतसुरगुरुमुसुकाने सहसनयनबिनुलोचनजाने १९ कहगुरुबादिक्षोभछलछाँडू इहांकपटकरिहोइहिभाँडू २० मायापतिसेवकसनमाया करियतौउलटिपरैसुरराया २१ तब कछुकीन्ह**

जेभले हैं ते सबको भलादेखते हैं जो किसूमें थोरिउ भलाई देखते हैं तौ भलामानते हैं अरु जो किसूमें सर्वथा अनभलाई देखते हैं तौ कछु प्रयोजन नहीं राखत हैं इहां इन्द्रसकामी है ताते साधुन को मुनीश्वरनकोसबको सकामी देखैहै पोचकही आपुदुष्ट है सबको दुष्टभावते देखै है ( १६ ) तबगुरु जो हैं वृहस्पति तिनते इन्द्रकहत है हेप्रभु सो यत्नकरीजातेभरत अरु श्रीरामचंद ते भेंटनहोइ ( १७ ) दोहार्थ॥ काहेते श्रीरामचंद्र थोरेहु प्रेमके संकोचके वशह्वै जातेहैं अरु भरतजी प्रेमके समुद्रहैंताते भरतजी अरु श्रीरामचन्द्रते जबभेंटभई तब श्रीरामचंद्र तुरंत फिरि आवहिंगे तौ हमारा अकाजह्वै चुक्यो ताते कोई छलकी यत्नशोधिकै करौ जाते भेंटनहोइ तौ भला है ( १८ ) तब हेपार्वती इन्द्रके वचनसुनिकै सुरगुरुमुसुकात भये हैं अरु यह जाना कि इन्द्र के एकहजार दुइनेत्र हैं सो सब फूटे है ( १९ ) तब बृहस्पतिबोले हे सुरेश तुम बादि कही वृथाक्षोभ छलकरते हौ क्षोभकहीसंदेह अरु छलकही अपने स्वार्थ हेतु परायेगुणविषे दोषारोपण करिकै कपटकरना हे सुरेश इहां कपटकरिकै भड़ई होइहि नाम बिड़म्बना होइहि ( २० ) हेसुरशय मायापति जो श्रीरामचन्द्रहैं तिनके सेवकते जो माया करिये तौ उनके तौ माया नहीं लगै अपने ऊपर उलटि परैहै यह विशेष जानब ( २१ ) हेसुरेश तुम जोश्रीअयोध्या में कछुकीन्ह है तब श्रीरामचन्द्रकर रुखजानिकै अबइहां कुचाल करिकै सब प्रकारते हानिहोइगी ( २२ ) हेसुरेश रघुनाथजीकर सुभावसुनु निज कही अपने अपराधते कबहूं नहीं रिसकरते हैं ( २३ ) अरु जो रामचन्द्र के भक्तनकर अपराधकरै है तौरामरोष पावकमें जरिजाइहै ( २४ ) यह इतिहास लोकवेद में विदित है दुर्वासाऋषि जानते हैं तहां देखियेतौ भृगुमुनिने भगवान् के लातमारी है तब भगवान् लेशहूमात्ररिसनहीं कीन हैं अरु अम्बरीष भगवत् भक्ततिनकर विरोध दुर्वासासुनिकीन्ह

**रामरुखजानी अबकुचालकरिहोइहिहानी २२ सुनुसुरेशरघुनाथसुभाऊ निजअपराधरिसाहिंनकाऊ २३ जोअपराधभक्तकर करई रामरोषपावकसोजरई २४ लोकहुबेदबिदितइतिहासा यहमहिमाजानहिंदुर्बासा २५ भरतसरिशकोरामसनेही जगजपुरामरामजपुजेही २६ दो०॥**

**मनहुंनआनियअमरपतिरघुपतिभक्तअकाज अयशलोकपरलोकदुखदिनदिनशोकसमाज २७ चौ०॥ सुनुसुरेशउपदेशहमारा रामहिंसेवकपरमपियारा २८ मानतसुखसेवकसेवकाई सेवकबैरबैरअधिकाई २९ यद्यपिसम**

है तब भगवान् के कोपरूप सुदर्शचक्रने मुनिको अतिबिकलकीन्ह है ( २५ ) हेइन्द्र असतौ सबभक्तनकेऊपर श्रीरामचन्द्रकी प्रीति है अरुभरत श्रीरामचन्द्र को कैसे प्रिय हैं सबजगत् श्रीरामचन्द्र को भजतहैं अरु श्रीरामचन्द्र भरतकोभजते हैं ऐसे भक्तबात्सल्य हैं अरु तिनभरत के विरोध कियेते कुशल नहीं होइगी ( २६ ) दोहार्थ॥ हे अमरपति रघुपति के भक्तनकर अकाज मनहुंविषे स्वपन्यहुनआनिये जो कदाचित् मनमें यह आवैतौ लोक में अयशक्लेश है अरु देहछूटे पर लोकमेंनर्क है दिनदिनशोककीसमाजही है ( २७ ) हे सुरेशहमारो उपदेशसुनोश्रीरामचन्द्र को श्रीरामचन्द्र के सेवकपरमप्रिय हैं ऐसोप्रिय देवदानव मनुष्य इत्यादिक में कोई नहीं है ( २८ ) जो श्रीरामचन्द्र के सेवककै सेवकाई करै तौ उसको वहुत मानते हैं अरु जो श्रीरामसेवकते बैरकरैतो श्रीरामचन्द्रको कोटिन बैरीहोत है ( २९ ) यद्यपि श्रीरामचन्द्रसमहैं रागरोषते रहित हैं अरु काहू को गुणदोष पापपुण्यइत्यादिकनहींग्रहणकरते हैं ( ३० ) काहेते त्रैगुण्यमयकर्म्मत्यहिकोविश्वविषेप्रधानकही मुख्यकरिदीन्ह है ताते जो सत्कर्म्मकरते हैं त्यहि को तसफलकोप्रदाता ब्रह्माकोकीन्ह है ताते जेजस करते हैं त्यहिकोतस फल ब्रह्मादेते हैं तेतसभोग करते हैं ( ३१ ) यद्यपि श्रीरामचन्द्रसर्वजीवनविषेसमहैं तदपिसमविषमविहारकरते हैं काहेते भक्तन अरु अनुभक्तन के हृदयानुसार विहारकरते हैं जहांभक्त अपनेहृदयबिषे मन वचनकर्म्मते सदा श्रीरामानुसार है ताते समबिहार करते हैं अरु भक्तनके हृदयविषे श्रीरामचंद्रको छोड़े त्रैगुण्यमय अनुसार है ताते तिनके हृदयविषे विषमविहारकरते हैं तहां श्रीरामचन्द्र तौ एकरस हैं पर समविषम विहार करते हैं कैसे जैसेसूर्य्य को प्रकाश है अरु जैसेअनेक घटसमविषमहैं तैसे घटप्रति सूर्य्यदर्शितहोते हैं पुनितीनि चौपाईको समष्टी अर्थकरते हैं तीसचौपाईलैकै इकतीसताईं हेसुरेश रामभक्तयद्यपि सम हैं काहेते रागरोषते रहित हैं अरुकिसूको पाप पुण्य गुणदोष

**नहिंरागनरोषू गनहिंनपापपुण्यगुणदोषू ३० कर्मप्रधानबिश्वकरिराखा जोजसकरैसोतसफलचाखा ३१ तदपिकरहिंसमविषमविहारा भक्तअभक्तहृदयअनुसारा ३२ अगुणअलेखअमानएकरस रामसगुणभयेभक्तप्रेमबस ३३ रामसदासेवकरुचिराखी वेदपुराणसाधुसबसाखी ३४ असजियजानितजहुकुटिलाई करहुभरतपदप्रीतिसुहाई ३५ दो०॥ रामभक्तपरहितनिरतपरदुखदुखीदयाल भक्तशिरोमणिभरतसनजनिडरपहुसुरपाल ३६ चौ०॥ सत्यसंधप्रभुसुरहितकारी भरतरामआयसुअनुसारी ३७ स्वारथ**

नहीं ग्रहणकरते हैं काहेते कि विधाताते विश्व में कर्म्मकोप्रधानकीन्हहैताते जेजीवजस कर्म्म करैहैं ते तस भोगकरै हैं यहसमुझिकै किसूको गुणदोष नहीं ग्रहण करते है यद्यपि रामभक्तसम है तदपि भक्तनके हृदयानुसागुणग्रहणकरते हैं अरुअभक्तनके हृदयानुसार अवगुण त्यागकरते हैं यहीरीतिसे समविषम विहारकही सर्वत्र विचरते हैं इहां समकही हृदयशुद्ध विषमकहीटेढ़ ( ३२ ) हेइंद्रश्रीरामचंद्र निर्गुणब्रह्म हैं अलेखकही अलख हैं अमान हैं एकरस हैं ते श्रीरामचंद्र अपने भक्तन के हेतु सगुणकही शुद्धसात्त्विकी लीला करते हैं ( ३३ ) अरुश्रीरामचंद्र अपने सेवक कै रुचि सदाराखते हैं यहि के साक्षी बेद पुराण सन्त हैं ( ३४ ) ऐसे अपने जीव में जानिकै कुटिलाई को त्यागकरहु भरतजीके चरणारबिन्द विषे प्रीतिकरहु विशेषकै ( ३५ ) दोहार्थ॥ हेसुरपाल श्रीरामचन्द्र जी के भक्त मन क्रम बचनते पराये हितविषे रत हैं अरुपरावा दुखदेखिकै दुखितहोते हैं काहेते दयालुहै अरु भक्तनविषे शरोमणि हैं श्रीभरतजी तिनते डरतहैं न डरैं भरतजी श्रीरामचन्द्र को फेरै नहींजाते हैं आज्ञालेबे को जाते है ( ३६ ) अरु श्रीरामचन्द्र सत्य के सन्धकही सत्यसंकल्प हैं जिनके मुनि अरु देवतनकेहितहेतु बनगवन कीन्ह है अरु जो कहौ कि अपने भक्तनके बशह्वैकै आपन संकल्प छोंड़िदेते हैं सो सत्य है तहां भरतजी श्रीरामचन्द्र

के केवल आज्ञानुकूल हैं तहां कोई बात को न डरहु ( ३७ ) तुम अपनेस्वार्थ के बश ह्वैकै बिकल होते हौ स्वार्थी पुरुष सदा अंध है स्वार्थ मोह के बशसर्बदोषतुम्हार है भरतकर दोष लेशहूनहीं है सदा निदोष हैं ( ३८ ) सुरनविषे घर कही श्रेष्ठ इन्द्रते गुरुनके प्रमोदकही परमानन्दहोतभयउ मनकीग्लानिमिटिगई ( ३९ ) तब सुरराउ फूलन की वर्षाकरिकै भरतकोसुभाव सराहि सराहि स्तुतिकरत हैं खुसामदकरत हैं ( ४० ) हेगरुड़जी श्रीरामचन्द्रजीके प्रेमविषे मग्नमनमें चलेजाते हैं तहां भरत कै दशा रामाकार देखिकै

बिवशबिकलतुमहोहू भरतदोषनहिंराउरमोहू ३८ सुनिसुरवरगुरुसुरवरबानी भाप्रमोदमनमिट्यउगलानी ३९ बर्षिप्रसूनहर्षिसुरराऊ लगेसराहनभरतसुभाऊ ४० यहिविधिभरतचलेमगजाहींदशादेखिमुनिसिद्धसिहाहीं ४१ जबहिंरामकहिलेहिंउसासाउमगतप्रेममनहुंचहुंपासा ४२ द्रवहिंवचनसुनिकुलिशपखाना पुरजनप्रेमनजाइबखाना ४३ बीचबासकरियमुनहिं आये निरखिनीरलोचनजलछाये ४४ दो०॥ रघुवरचरणविलोकिवरबारिसमेतसमाज होतमगनबारिधिबिरहचढ़ेविवेकजहाज ४५॥

मुनीश्वर सिहाते है ( ४१ ) जब श्रीसीताराम यह उच्चारण करिकै उसासलेते हैं तबमानहु प्रेम की नदी चहुंपास उमगिचली है ( ४२ ) तहांभरत के भाव प्रेमकरिकै वाणी सुनिकै पाषाण तरु तृण चर अचर द्रवतभये हैं अरु राहके पुरजननके प्रेमको बखानिसकै है ( ४३ ) बीच में बासकरिकै भरतजी यमुनाके किनारे जातेभये हैं नीरदेखिकै हृदय में आनन्द उमगतभयउ ( ४४ ) दोहार्थ ॥ हे पार्बती यमुनाकर श्यामजल बरकही श्रेष्ठ गंभीर श्रीरामचन्द्रके चरण देखतसन्ते सहित समाज श्रीरामचन्द्र के स्वरूप कोरूपोद्दीपन होतभयो तब भरतजीकी आत्मवृत्ति श्रीरामचन्द्रके रूपसिन्धुमें डूबने लगी तब प्रथमहिंते श्रीरामचन्द के प्रत्यक्ष दर्शन की बासना जोरही सो चारिके बिवेकरूप जहाज पर चढ़ाइदियो है जो जहाजसमुद्रहि विषे सदारह्यो है तहां रूपोद्दीपनविषे आरतप्रपन्न दीप्तप्रपन्न दोऊ की एकताउपाय शून्यप्रपति शरणागत जानिये ( ४५ ) इतिश्रीरामचरितमा नसे सकलकलिकलुषविध्वंसने अयोध्याकाण्डे श्रीचित्रकूटगमन भरतकोबाह्यांतरअखण्डप्रेमवर्णनन्नामद्वादशस्तरंगः १२॥ :: :: ::

दोहा॥ यमुनउतरिपुनिगमनकरि दशअरुतीनितरंग मगजीवनपूरणकरतरामचरणरसरंग १३ त्यहिदिन यमुनातीर बासहोत भयो श्रीराम सखा समय २ सुपासदेतभयो ( १ ) तहां श्रीरामचन्द्रको सखानिषाद रातिभरेमें अनेकनघाटकी तरणी अनेकन मँगावतभयो है ( २ ) प्रातसमय एकही खेवा में सम्पूर्ण सेना पारहोतभई है श्रीरामचन्द्र के सखा की सेवा से समस्त तोषित अरु प्रसन्नभये हैं ( ३ ) पुनियमुनामें स्नान दण्डवत् करिकै निषादनाथ अरु द्वौभाई भरतजी कैसे चले हैं ( ४ ) आगे वशिष्ठादिकमुनीश्वर बाहननपर चढ़िचढ़िचले आगे मातनकी पालकी चली तिनके पाछे राजसमाज अरु सम्पूर्ण सेनाचली है ( ५ ) सब सेनाके पाछे दोऊबंधु पयादे बिना पदत्राण सादेवेषचले जाते हैं ( ६ ) अरु सुहृद्कही शुद्ध

चौ०॥ यमुनतीरत्यहिदिनकरिबासू भयउसमयसमसबहिंसुपासू १ रातिहिघाटघाटकीतरणी आईंअगणितजाहिंनबरणी २ प्रातपारभयेएकहिखेवा तोषेरामसखाकीसेवा ३ चलेनहाइयमुनशिरनाई साथनिषादनाथदोउभाई ४ आगेमुनिवरबाहनआछे राजसमाजजाइसबपाछे ५ त्यहिपाछेदो उबंधुपयादे भूषणबसनवेषसुनिसादे ६ सेवकसुहृदसचिवसुतसाथा सुमिरतलषणसीयरघुनाथा ७ जहँजहँरामबासबिश्रामा तहँतहँकरहिंसप्रेमप्रणामा ८ दो०॥ मगबासीनरनारिसुनिधामकामतजिधाइ देखिसनेहस्वरूपसबमुदितजन्मफलपाइ ९ चौ०॥

कहहिंसप्रेमएकएकपाहीं रामलषणसखिहोहिंकिनाहीं १० बयवपुबर्णरूपसोइआली शीलसनेहसरससोइचाली ११ वेषनसोसखितीयनसंगा आगेअनीचलीचतुरंगा १२ नहिंप्रसन्नमनमानसखेदासखिसंदेहहोइयहिभेदा

सेवक अरु सुमन्त को पुत्र संगविषे श्रीसीताराम लक्ष्मण को सुमिरतचलेजाते ( ७ ) जहां जहां श्रीरामचन्द्र को बास बिश्राम सुनते हैं देखते हैं तहांतहां परिक्रमाकरिकै साष्टांगदण्डवत् प्रेमसमेतकरते हैं ( ८ ) दोहार्थ ॥ हेगरुड़ मगबासी नर नारि सर्व ते सुनिसुनि अपने अपने धामकेकाम त्यागित्यागि धाये हैं भरतकरस्वरूप स्नेह श्रीरामचन्द्र विषे देखिकै अपने जन्म के फलको प्राप्तिहोते हैं मुदितकही आनन्द मंगलसंयुक्त ( ९ ) प्रेम संयुक्त एकएकन ते कहते हैं हेसखी श्रीराम लक्ष्मणहोहिं कि न होहिं ( १० ) बपुकहाशरीर वयकही अवस्था वर्णकही श्यामगौर रूपकही सुन्दरता शील स्नेह चाल सो सब येकहीहै ( ११ ) देसखी इनकर वेश आनै है अरु इनके संग स्त्रीनहीं है अरु आगे चतुरंगिनी सेना अनीकी अनी चलीजाती है ( १२ ) अरु हेसखी प्रसन्नमुख नहीं है अरु मनमें खेदहै ताते सन्देहहोत है कि रामलक्ष्मण हैं कि नहीं हैं ( १३ ) त्यहि स्त्रीकै तर्क सबके मनमें भावितभई है यह कहतहैं कि तेरेसमान सयानी कोई नहींहै इहां मिलितरूपालंकार है ( १४ ) त्यहिको सराहिकै त्यहिकीबाणीको पूजिकही यथार्थ मानिकै दूसरीतिय मधुरबाणी बोलतीभई ( १५ ) प्रेमसंयुक्त सबकथाकर प्रंसग कहती भई है ज्यहिप्रकारते राज्याभिषेकको रस भंगभयो है ( १६ ) मगविषे जातसन्ते ग्रामन के नर नारी भरत को शील स्नेह सुभाय प्रेम सहजानन्द एकरस देखिकै सबभरतको सराहते हैं कि भरत बड़भागी हैं ( १७ ) दोहार्थ ॥ लोग कहते हैं देखिये तौ श्रीराम हेतु बिनापदत्राण पयादेहि चलते हैं कन्दमूलफलखाते हैं अरु पितैराज्यदीन

१३ तासुतर्कतियगणमनमानी कहहिं सकलत्वहिसमनसयानी १४ त्यहिसराहिबाणींफुरपूंजी बोलीमधुरबचनतियदूजी १५ कहिसप्रेमसबकथाप्रसंगू ज्यहिबिधिरामराजरसभंगू १६ भरतहिबहुरिसराहनलागी शीलसनेहसुभायसुभागी १७ दो०॥ चलतपयादेहिखातफल पितहिदीन्हतजिराज जातमनावनरघुबरहि भरतशरिसकोआज १८ चौ०॥ भायपभक्तिभरतआचरणू कहतसुनतदुखदूषणहरणू १९ जो कछुकहबथोरसखिसोई रामबन्धुअसकाहेनहोई २० हमसबसानुजभरतहिंदेखे भईं धन्ययुवतीजनलेखे २१ मुनिगुणदेखिदशापछिताहीं केकयिजननियोगसुतनाहीं २२ कोउकहदूषणरानिहिंनाहिंन विधिसबकीन्हहमहिंजोदाहिन २३ कहँहमलोकबेदबिधिहीनी लघुतियकुलकरतूतिमलीनी २४ बसहिंकुदेशकुगाउंकुबामा कहँयहदरशपुण्यपरिणामा २५

सो त्यागिदीन है श्रीरामचन्द्र के मनाइवेको जाते हैं भरत के समानतीनिहूं काल में कोई नहीं है ( १८ ) श्रीरामचन्द्रविषे भरतकैभक्ति आचरण जो कोईकहै सुनैगो त्यहिको सम्पूर्ण दोष दूषणदुख नाश होइजाइगो ( १९ ) हेसखी जो कही सोसबथोर है श्रीरामचन्द्रके भ्राता असकस न होहिं ( २० ) हमसब भरत शत्रुहन को देखिकै जगत्विषे युवतिन के मध्यविषेधन्यबड़िभागिनी गनीजाहिंगी ( २१ ) भरतके गुणसुनिकै दशादेखिकै पछिताती हैं हे दैव कैकेयी योग्य ये पुत्रनहीं हैं ( २२ ) कोऊकहती हैं कि रानीकर कुछ दोषनहीं है ब्रह्मै हमारे भाग्यको उदयकियो जो दर्शन इनकेपाये हैं ( २३ ) कोई कहती हैं कि देखिये तौ कहां हमलोकवेदकीविधि ते हीनकुलमलीन करतूतिस्त्री सब प्रकार ते लघु ( २४ ) अरु कुदेशकुगांउमें बसीहैं बामाकही स्त्रीनकै जाति टेढ़ीकर्तब्य तहां यह आश्चर्यकी ऐसीपरिणाम कौनपुण्य आगेहमकीन हैं जो ऐसेदर्शन हमकोभये हैं इहां स्वाभाविकै नीचानुसन्धान कार्पण्यशरणागत है ( २५ ) हेगरुड़ ऐसे आश्चर्यपरमानन्द मगविषे प्रतिग्रामहोतहै सर्वजीवनविषेजनु माड़वारविषेकल्पतरु जामो ह जहां सुष्टतरु

होतै नहीं है ( २६ ) दोहार्थ॥ तहां भरत के दर्शन भये ते मगके जीवलोगजे हैं तिनके परमभाग्य प्रकट भये हैं जनु सिंहलद्वीप बासिनको विधाता के बशते प्रयाग सुलभभयो है किंतु इहांविधिकही केवल भागवतानुग्रह यहां और द्वीपखण्ड को नहीं कहा काहेते सिहलद्वीपउपद्वीप है अरु भरतखण्डकर संबन्ध है ताते सिंहलद्वीप बासीकहा है ( २७ ) श्रीरामचन्द्र के गुणगाथविषे आपनगुणमिश्रितसुनत श्रीसीतारामजीको सुमिरत प्रेमते पूर्ण चलेजाते हैं ( २८ ) अरु जहां तीर्थमुनिआश्रम देवस्थान तहांतहांमज्जन पूजन प्रणाम करतचलेजाते हैं ( २९ ) अरु मनहीविषे तीर्थमुनि

**असअनन्दअचरजप्रतिग्रामा जनुमरुभूमिकल्पतरुजामा २६ दो०॥ भरतदरशदेखतखुलेमगलोगनकरभाग जनुसिंघलबासिनभयउ विधिवशसुलभप्रयाग २७ चौ०॥ निजगुणसहितरामगुणगाथा सुनतजाहिंसुमिरतरघुनाथा २८ तीरथमुनिआश्रमसुरधामा निरखिनिमज्जहिंकरहिंप्रणामा २९ मनहींमनमाँगहिंवरयेहू सीयरामपदसहजसनेहू ३० मिलहिंकिरातकोलबनबासी वैखानसबटुगृहीउदासी ३१ करिप्रणामबूझहिंज्यहितेही क्यहिबनरामलषणवैदेही ३२ तेप्रभुसमाचारसबकहहीं भरतहिदेखि**

देवतनते मनभावित बरमांगते हैं कि श्रीसीतारामचन्द्रके चरणारविंदविषेसुखदुख कौनेहु कालविषे लवमात्रविक्षेप न परै तहांप्रमाण है अन्यच्च श्लोक १ उत्तमासजावृत्तिर्मध्यमाध्यानधारणा शास्त्रचिन्ताधमाप्रोक्तातीर्थयात्राधमाधमा ( ३० ) अरु मगविषे कोलकिरात इत्यादिक बनबासी जे वर्ण बाह्य हैं अरु चारीकही विद्याध्ययनकरै जासेपढ़ै त्यहिकी आज्ञानुकूलरहै स्वहस्तभोजन करै देहान्तरकामना फलपावै किंतु विवाह करै गृहस्थहोइ एकपुत्र उत्पन्न करिकै स्त्री संयुक्तबनमें जाइकै सम्पूर्ण इन्द्रिनको जीतिकै तपकरिकै अन्तमें सकामफलको प्राप्तिहोइहै अरु संन्यासधर्म्म रात्रीको भोजनकरै ग्रामविषे न जाइ धातु न ग्रहणकरै अकेलेरहै दुइरात्री कहूं न रहै एते सबमगबिषे भरत को जातसन्ते मिलते हैं ( ३१ ) भरतजू नस्कारकरिकै ज्यहि त्यहिते पूंछते हैं कि श्रीरामचन्द्रलषण वैदेही कौनबनबिषे बसेहैं तुमशीघ्रबतावहु यहआरतदशाकहावै ( ३२ ) हे पार्वती जिससे ये पूंछते हैं ते सब प्रभुको समाचार हर्षिकै कहतेहैं अरु भरतकै दशा रामाकारदेखिकै अपने जन्मके फलको प्राप्तिहोते हैं ( ३३ ) अरु तिनमें जे जन कहते हैं कि हम श्रीरामलक्ष्मण जानकीकोदेखाहै त्यहि को दौरिकै साष्टांग दण्डवत् करते हैं श्रीरामलक्ष्मणको समान मानते हैं यह नामोद्दीपन भावकहावै है ( ३४ ) यहिप्रकारते सुन्दरिवाणीते बूझत श्रीरामचन्द्र के पन्थ की कहानी सुनत चलेजाते हैं ( ३५ ) दोहार्थ॥ त्यहिबासर कोई जलाशय देखिकै टिके प्रातः समय मज्जननेमकरिकै श्रीरामचन्द्रके दर्शनकीलालसा भरत के समानसहितसमाज चलते भये हैं ( ३६ ) मंगलमय सगुन सबकोहोते हैं नरनारि के दाहिन बामसुभग अंग अरुलोचन भुज इत्यादिक फरकते हैं ( ३७ ) अरु श्रीरामचन्द्रके

**जन्मफललहहीं ३३ जेजनकहहिंकुशलहमदेखे तेप्रियरामलषणसमलेखे ३४ यहिबिधिबूझतसबहिसुबानी सुनतरामबनबासकहानी ३५ दो० त्यहिवासरबसिप्रातहीचलेसुमिरिरघुनाथ रामदरशकीलालसाभरतसरिससबसाथ ३६ चौ० ॥ मंगलसगुन होहिंसबकाहू फरकहिंसुखदबिलोचनबाहू ३७ करतमनोरथजससजियजाके जाहिंसनेहसुरासबछाके ३८ शिशिलअंगपगडगमगडोलहिं बिह्वलबचनप्रेमबशबोलहिं ३९ रामसखात्यहिसमयदेखावा शैलशिरोमणिसहजसुहावा ४० जासुसमीपसरितपयतीरा सीयसमेतबसहिंदोउबीरा ४१ देखिकरहिंसबदण्डप्रणामा कहिजयजीवजानकीरामा ४२ प्रेममगनअसराजसमाजू जनुफिरि**

मिलापदर्शनकी जाकेजसिभावना है सो तसमनोरथकरत स्नेहरूप सुराकहीमद छाकेकही पानकिये मत्तसब चलेजाते हैं ( ३८ ) सबके शिथिलअंग होइरहे हैं मगविषे पगडगमगचलते हैं अरु परस्पर विह्वलवचन प्रेमते बोलते हैं ( ३९ ) हे पार्वती त्यहिसमयविषे शैलनकर शिरोमणि अति शोभित चारिउफलकोदाताकामदा त्यहिको श्रीरामचन्द्रको सखा सबको देखावतभयो ( ४० ) पुनि निषादकहत है कि ज्यहिकामदा के निकट पयस्वर्णी नदी है त्यहिके निकट श्रीजानकी सहित श्रीरामलक्ष्मण दोऊबीर विराजे हैं ( ४१ ) यहसुनिकै सबलोग श्रीकामदाजीके दण्डवत् प्रणाम करते हैं अरु श्रीरामचन्द्र श्रीजानकी जयजीव कहिकै दण्डवत् प्रणामकरते हैं किंतु जयजीवनकही श्रीजानकी जीवन तुम्हारी जयजयकही सदा जयमान सर्वोत्कृष्ट सदाचिरंजीव असकहिकै दण्डप्रणाम करते हैं ( ४२ ) ऐसे ही सबराजसमाज प्रेम ते मग्न ऐसो आनन्दभयो है जनु श्रीरामचन्द्र जानकी लक्ष्मण अयोध्या को फिरिचले हैं ( ४३ ) दोहार्थ ॥ हे गरुड़ भरतकर प्रेम कामदागिरि देखिकै जसभयो है तसकही त्यहिकर शेषकही अल्पशोक बिकलनहीं कहिसकै हैं कैसे जैसे जनेपुकही जे जनब्रह्मवादी कहावते हैं अरु अहंममकरिकै बुद्धिमलीन ह्वै रही है तिनको ब्रह्मसुख अगम है तैसे कविन को भरतकरप्रेम शेषमात्र कहिबेको अगम है किंतु कविजननकै बुद्धि अहंममकरिकै मलीन ह्वरही है तिनको ब्रह्मसुख अगम है किंतु त्यहिसमय में भरतकर प्रेमजसभयो है तस अनन्तजो शेष हैं तेऊ नहींकहिसकहिं तहां कविनको अगम है कैसे जैसे जे जन शास्त्रपढ़ते हैं ब्रह्मनिरूपण करते हैं अरु विद्याज्ञानविषे अहंमम बनाहै तब उनको ब्रह्मसुख अगम है तैसे कविनको भरतकरप्रेमकहिबेको अगम है ( ४४ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसने श्रीअयोध्याकाण्डे भरतचित्रकूटप्राप्तअखण्डप्रेमभावबर्णनंनामत्रयोदशस्तरंगः १३॥

अवधचलेरघुराजू ४३ दो० भरत प्रेमत्यहिसमयजसतसकहिसकहिंनशेषु कविहिअगमजिमिब्रह्मसुख अहमममलिनजनेषु ४४॥

चौ० ॥ सकलसनेहशिथिलरघुबरके गयेकोसुदुइदिनकरढरके १ जलथलदेखिबसेनिशिबीते कीनगवनरघुनाथपिरीते २ वहांरामरजनीअवशेषा जागीसीयसपनएकदेखा ३ सहितसमाजभरतजनुआये नाथबियोगतापतनताये ४ सकलमलिनमनदीनदुखारी देखीसासुआनअनुहारी ५ सुनिसियसपनभरेजललोचन भयेशोचबशशोचबिमोचन ६ लषणसपनयहनीकनहोई कठिनकुचाह

दोहा॥ रामचरितअद्भुतकरहिं सेवकसेब्यप्रमान लपणक्रोधचौदहलहरिरामचरणरतिमान १४ श्रीभरतजी सहितसमाज श्रीरामचन्द्रके स्नेह ते बिकल कोसदुइगये दुपहरते दिनढरकिगयो है ( १ ) तहां जल थलदेखिकै मुकामकरत भये हैं रात्रीबीतिगई भोरहोत श्रीरघुनाथजी के मिलबे की प्रीति बिरह समेत मिलतभये ( २ ) हे पार्वती श्रीरामचन्द्र के वहांरजनी अवशेषकही बीततिभई श्रीजानकीजीने जागिकै एकस्वप्नदेखा सो श्रीरामचन्द्र से कहती हैं ( ३ ) हे नाथ आजु मैं एकस्वप्न देख्यों हैं कि सहित समाज भरतजी आवते हैं आपुके वियोग कही दुःख अरु तापकरिकै शरीरताई कही तप्तह्वैरह्यो है ( ४ ) अरु सम्पूर्ण समाज को मनमलीनअतिदुःखित देख्यउँ है अरुसब सासुनको आनि अनुहारि देख्यों है यामें यह अभिप्राय है कि विधवपन देखिपर्यउहै ( ५ ) यह श्रीजानकीजीकर स्वप्नसुनिकै श्रीरामचन्द्रजी के नेत्रन में जलभरिआयो हैं तब सम्पूर्ण शोचके बिमोचनकर्त्ता श्रीरामचंद्र शोच करते हैं यह बिलक्षणलीला जानब ( ६ ) हे लक्ष्मणजी यहस्वप्न नीकनहीहै कोई कठिनकुचाह सुनावैगो ( ७ ) हे पार्वती असकहिकै बन्धु अरु श्रीजानकी सहित स्नानकरतभये महादेवका पूजनकरिकै साधुजो हैं सम्पूर्णमुनि तिनकरसन्मान करतभये ( ८ ) छंदार्थ ॥ सुरमुनिनकर सन्मान करिकै मुनिवृंद संयुक्त बैठतभये उत्तरदिशा देखतभये धूरिउड़िकै नभविषे पूरिरही है अरु खग मृग भूरिकही समूह श्रीरामचन्द्रके आश्रमको भागेचलेआवते हैं ( ९ ) गोसाईं श्रीतुलसीदास जी कहते हैं कि यहकारण अवलोकि कै श्रीरामचंद्र उठतभये कि यह का चरित्र है मुनिनसहित चितचकित होतभये हैं तेही समय विषेकोल्हकिरात भरत के आगमनकर समाचार कहतेभये हैं कि भरतजी

सुनाइहिकोई ७ असकहिबन्धुसमेतनहाने पूजिपुरारिसाधुसनमाने ८ छं०॥ सनमानिसुरमुनिवृन्दबैठेउतरदिशिदेखतभये नभधूरिखगमृगभूरिभागेबिकलप्रभुआश्रमगये ९ तुलसीउठेअवलोकिकारणकाहचितचकृतरहे सबसमाचारकिरातकोलनआइत्यहिअवसरकहे १० सो०॥ सुनतसुमंगलबयन मनप्रमोदतनपुलकभर सरदसरोरुहनयन तुलसीभरेसनेहजल ११ चौ०॥ बहुरिशोचबशभयेसियरमनू कारणकवनभरतआगमनू १२ एकआइअसकहाबहोरी सेनसंगचतुरंगनथोरी १३ सोसुनिरामहिंभाअतिशोचू इतपितबचउतबन्धुसकोचू १४ भरतसुभाउसमुझिमनमाहीं प्रभुचितहितथितिपावतनाहीं १५ समाधानतबभायह

आवते हैं ( १० ) सोरठार्थ ॥ कोल्हकिरातन के मुखनते भरतकर आगमनमंगलमयवचन श्रीरामचन्द्र सुनतभये तब मनविषे प्रमोदकही आनंद भयउ तन पुलकिआयो ( ११ ) हे पार्बती बहुरि सीतारमण शोचके बशहोतभये कि भरतकर आगमन का कारण करिकै है इहां लक्ष्मणजी कर अनन्यभाव तिनके द्वार आपने दासनको देखावा चाहते हैं ताते शोचके बशभये हैं ( १२ ) तब एककोई कोल्हभिल्ल आइकै यह कहत भयो कि भरत के संगविषे चतुरंगिणी सेना थोरीनहीं है बहुत है चतुरंगिणी सेनाकही पैदर रथ घोड़ा हाथी ( १३ ) सहित त्यहिकोबचन श्रीरामचंद्रसुनिकै यह विचार करते हैं कि भरत सम्पूर्ण अयोध्याबासी सेनासमेत आवते हैं मोरपदाभिषेक संयुक्त मनाइबे को ताते अति शोचकरते हैं का समुझिकै इते तौ पिताको वचन अध्यारोपणकरिकै अरु उतै बंधु जे भरतपरमानन्य मेरेदास तिनको संकोच मैं कैसे छांड़ौंगो यहद्वन्द्व विषे अपनी लीला पूर्बक आपने मनको अग्रकरते हैं इहां का हेतु है कि लक्ष्मणजीकी परमानन्य उपासना उपायशून्य अपने भक्तन को ( १४ ) हे गरुड़ भरतकर स्वभाव श्रीरामचन्द्र आपने मनमें समुझिकै प्रभुको चित्त अपने हितकार के थिरताको नहींपावते हैं काहेते श्रीरामचन्द्र अपनेमन में यह विचारकरते हैं कि मैं थोरेप्रेमके बशह्वइजातहौं यह मेरो हितकार वचनगवन सो कैसे सिद्धहोइगो ( १५ ) तब पुनि समाधान होतभये यहसमुझिकै कि भरत मेरी आज्ञानुकूल हैं अरु साधुनमें सयानसाधु हैं सयानकही जे स्वामी की आज्ञानुकूल रहैं शुभाशुभ विचार न करैं ( १६ ) तब लक्ष्मणजी श्रीरामचन्द्रके हृदयविषे खँभारकही व्यग्रमन देखतभये तबजस कछु समय है सेवक स्वामीकै कैङ्कर्य की नीति चाही तस बोलते भये इहां जो कही कि श्रीलक्ष्मणजी श्रीरामचन्द्रके मन की गति का नहीं जानते हैं अरु भरतजी की रीति का नहीं जानते हैं लक्ष्मणजी तौ त्रिकालदर्शी हैं सर्वजीवन के त्रिकालदर्शी हैं अरु परमेश्वर जो श्रीरामचन्द्र हैं तिनके चरित के त्रिकालदर्शी नहीं हैं प्रमाण आरण्यकाण्डे

जानेभरतकहेहमसाधुसयाने १६ लषणलख्योप्रभुहृदयखँभारू कहसमयसमनीतिबिचारू १७ बिनुपूंछेकछुकहौंगोसाईं सेवकसमयनढीठिढिठाई १८ तुमसर्बज्ञशिरोमणिस्वामी आपनिसमुझिकहौंअनुगामी १९ दो० नाथसुहृदसुठिसरलचित शीलसनेह

चौपाई॥ लक्ष्मणहूंयहमर्मनजाना। जोकछुचरितरचाभगवाना। तहांसेवाविधि जानते हैं अरु भरतकी रीतिको जानते हैं अरु नहींजानते हैं काहेते कि भरतकर भाव श्रीरामचन्द्र विषे अगम है एक श्रीरामचन्द्रजानते हैं पर बखानिकै नहीं कहिसकते हैं काहेते गोसाईंजी ने कहा है चौपाई॥ भरत अमितमहिमासुनुरानी। जानहिंरामनसकहिंबखानी ॥ ताते अपनीस्यवकाई की नीतिस्वामीविषे धरिकै लक्ष्मणजी बीररस सानी बाणी बोलते हैं पुनि कवनि अभिप्राय है कि श्रीरामचन्द्र लक्ष्मणजीके अन्तष्करण को देखावते हैं कि लक्ष्मण की नाईं सबरागते रहित होइ सो मेरो अनन्य है ताते लक्ष्मणजी जो कहैंगे तापर श्रीरघुनाथजी नहींबोलेंगे तब लक्ष्मणजी में सेवक सेव्यभाव की रीति बीररसकै आधिक्यता बढ़तजाइगो तब रघुनाथजी देवतन के द्वारह्वैकै पुनि भरतजी के गुणकहिकहि आपु शांतिकरैंगे यहि प्रसङ्गविषे केवल लक्ष्मणजीकी सर्बोपाय शून्य प्रपत्ति शरणागत देखावते हैं ( १७ ) पुनि लक्ष्मणजी कहते हैं हेगोसाईं बिना आपुके पूंछे मैं कछु कहतहौं तहां जो सेवक समयपर ढिठाई करै स्वामी के कार्य्यहेतु तौ वाको ढीठनकही

( १८ ) अरु हे स्वामी आपुतौ सर्वज्ञहौ सबके अन्तष्करण की जानतहौ अरु मैं अपनी स्यवकाई की समुझिते कहत हौं ( १९ ) दोहार्थ॥ पुनि लक्ष्मणजी कहते हैं हे नाथ आपुसर्बते सुहदहौ अरु सुठिकही विशेष सरलचित्तहौ अरु शील स्नेह के निधान कही स्थान हौ अरु सर्बजीवनपर आपुकै प्रीतिप्रतीति करिकैहै ताते अपनी प्रभुता को जनावा चाहते हैं ( २० ) बिषयी जीव प्रभुताको प्राप्तहोकर वे मूढ़ मोहकेबश जनाईकही अहंबुद्धिह्वइजाते हैं ( २१ ) अरुभरतजी जो हैं ते सर्वनीति में रत हैं अरु सुजान साधु हैं अरु आपुके चरणारविन्द लिषे अतिशय प्रीति है यह सबजगत् जानत है ( २२ ) पर हे नाथ भरत यहिकाल में राज्यपदवी को प्राप्तिभये हैं ताते सर्ब धर्मकी

निधान सबपरप्रीतिप्रतीतिजिय जानियआपुसमान २० चौ०॥ विषयीजीवपाइप्रभुताई मूढ़मोहबशहोइजनाई २१ भरतनीतिरत साधुसुजाना प्रभुपदप्रेमसकलजगजाना २२ तेऊआजुराजपदपाई चलेधर्म्मर्यादमिटाई २३ कुटिलकुबन्धुकुअवसरताकी जानिरामबनबासयकाकी २४ करिकुमंत्रमनसाजिसमाजू आयेकरनअकंटकराजू २५ कोटिप्रकारकल्पिकुटिलाई आयेदलबटोरिदोउभाई २६ जोजियहोतिनकपटकुचाली क्यहिस्वहातरथबाजिगजाली २७ भरतहिंदोषदेइकोउजाये जगबौराइराजपदपाये २८ दो० ॥ शशिगुरुतियगामीनहुष चढ़ेभूमिसुरयान लोकबेदतेबिमुखभाअधमकोबेणुसमान २९ चौ०॥ सहसबाहुसुर

मर्याद मिटाइकै इहां चले आवते हैं ( २३ ) अब भरत कुबन्धुभये हैं कुटिलाई करिकै ग्रहण कुअवसर ताकि कै कि रामचन्द्र बन में अकेल हैं अब हम चाहैंगे सो करैंगे ( २४ ) अपने मन में कुमन्त्र करिकै चतुरंगिणीसेनासाजिकै हमैं मारिबे को आवते हैं जाते अकंटक राज्यकरैं ताते यहीहेतु आवते हैं ( २५ ) हे नाथ भरत आपने मन ते कोटिन कुटिलाई कल्पितकरिकै दलबटोरि कै दूनों भाई आवते हैं ( २६ ) हे गोसाईं प्रत्यक्षविषे अनुमान प्रमाणकर कौन प्रयोजन है जो भरत के मनमें कपट कुचालन होती तौ गजरथ बाजिइत्यादिकनकी अवली तिनकीअसवारी क्यहि को स्वहाति है आपु बनविषे हौ अरु भरत सेनासजे चलेआवते हैं तातेकपट कुटिलाई प्रत्यक्ष देखिपरति है ( २७ ) सबको सुनाइकै लक्ष्मणजी कहते हैं काहेते यहि जगत् में ऐसो कौन जीव है जो राज्यपद पाइकैबौराय नहींजाय राज्यपाइकै सब बौरायजाय हैं ( २८ ) दोहार्थ॥ देखिये तौ राजपद करिकै चन्द्रमा गुरुन की स्त्री ते गमनकरत भयउ है अरु राजमद ते राजानहुष मुनिनकर वाहन बनाइकै चढ़तभयो अरु राजा वेणु भयो है राजमद ते सबते आपुही को पुजावै है कि मैंही ईश्वर हौं सो एतेलोक वेद ते बिमुखभये हैं राजमद ते अधमकृत करिकै यह इतिहास श्रीभागवत में प्रसिद्ध है ( २९ ) हे प्रभु राजमदकरिकै सहस्त्राबाहु जमदग्नि की गऊछीनिलियो अरु त्यहिकरिकै नाशह्वइगयो है अरु सुरनाथ जो इन्द्र सो गौतममुनीश्वरकी स्त्री जो अहल्या त्यहिते रति करतभयो त्यहिकरिकै शरीरविषे हजार छिद्र ह्वइगये हैं अरु राजात्रिशंकु राजमदते गुरुन को निरादर करतभयो ताते अद्यापि ऊर्द्ध में अर्द्धमुख टँगिरह्यउ है कोजानै केतेयुगबीतैंगे ताते राजमद क्यहि को नहीं कलंकदियो है नाम सबको दियो है ताते जे जसकरते हैं ताको तसफल उचित है ( ३० ) तातेभरतजी यह उचित उपायकीन है काहेते कि रिपु अरु ऋण यह रंचकौ

नाथत्रिशंकू क्यहिनराजमददीनकलंकू ३० भरतकीनयहउचितउपाऊ रिपुऋणरञ्चकराखिनकाऊ ३१ एककीननहिंभरतभलाई निदरेरामजानिअसहाई ३२ समुझिपरिहिसोआजुविशेषी समरसरोषराममुखदेखी ३३ यतनाकहतनीतिरसभूला रणरसविटपफूलजनुफूला ३४ प्रभुपदबन्दिशीशरजराखी बोलेसत्यसहजबलभाषी ३५ अनुचितनाथनमानबमोरा भरतहमहिंउपचार

न रखिये काहेते परिणामदुःखदायी है ( ३१ ) पर एकबात भरत ते नहींकरतबनी है जो श्रीरामचन्द्र को असहाय जानिकै निरादर कियो है इहां लक्ष्मणजी की बाणी में यहअभिप्राय है कि यह जो मैं सबकहतहौं सो उचित अनुचित बिचारिकै श्रीरघुनाथजी मोसे कछुकहैंगे तहां रघुनाथजी नहीं बोलते हैं लक्ष्मणजीके अनन्यभावकै परीक्षालेते

हैं अरुलक्ष्मणजी अपनी परमस्यवकाई देखावते हैं ( ३२ ) जो भरतजी राजमद के अज्ञानते आवते हैं तौ आजु समुझिपरिहि अब श्रीरामचन्द्रकर समर में सरोषमुख देखैंगे तब राजमद के फलको पावैंगे देखिये तौ इतनीबात कहतसन्ते श्रीरामचंद्रविषे वीररसरोपणकीन्ह है एत्यहुपर रामचंद्र नहींबोले तबलक्ष्मणजू जानाकि श्रीरामचंद्रजीकी आज्ञा जो है सोअभिप्राय हम नहीं जानते हैं ( ३३ ) हे पार्वती यहसब लक्ष्मणजूने कहा है सोसेवकसेव्यभावरसनीति कोमल है श्रीरामचन्द्रनहीं बोलेतबवोहीमूलकारण ते लक्ष्मणजीके जनु बीररसको विटपउत्पन्नभयो है अरु ज्यहिको स्थायीभाव हर्ष अंगअंग रोमरोम हर्षते पुलकि आये हैं सोई नरनरस बिटप जनु फूलफूले है ( ३४ ) जसजस श्रीरामचंद्र नहींबोलते हैं तसतस लक्ष्मणजीके बीररस बिटपकीशाखा ललित बढ़तजाती है पुनिअपनीपरम स्यवकाई के सिद्धिहेतु युक्ति से आज्ञालेते हैं तब प्रभुकेपद बन्दिकै रजशीशपर राखिकै अपने सत्यसहज बलको कहत हैं ( ३५ ) फेरि जनावते हैं कि श्रीरघुनाथजी अवहूं कछुकहैं सो नहीं बोले तब लक्ष्मणजू बोले हे नाथ मैं यथार्थ कहतहौं अनुचित न मानब काहेते हमते अरु भरतते बिरोध को उपचार थोरनहींभयो बहुतभयो है एकतौ प्रथम यहभयो कि आपुके बनगमन के कारण भरत हैं अपनी माताको सिखाइकै ननिआउर चलेगये हैं तबतौ कैकेयी बनदीन है अरु दूसरे अब हमारेमारिबेकोआवते हैं ताते अब न हम सहैंगे ( ३६ ) हे नाथ कहांलग रिसमारिकैसहिये एक तौ आपुके संग दूजे धनुषबाण हमारे हाथविषे ( ३७ ) दोहार्थ॥ अरु क्षत्री हमारि जाति अरु रघुबंशविषे जन्म अरु श्रीरामानुज जगत्

**नथोरा ३६ कहँलगिसहियरहियरिसमारे नाथसाथधनुहाथहमारे ३७ दो०॥ क्षत्रिजातिरघुकुलजनम रामानुजजगजान लातहुमारेचढ़तशिरनीच कोधूरसमान ३८ चौ०॥ उठिकरजोरिरजायसुमांगा मनहुंबीररससोवतजागा ३९ बांधिजटाशिरकटिकसिभाथा साजिशरासनशायकहाथा ४० आजुरामसेवकयशलेऊं भरतहिंसमरसिखापनदेऊं ४१ रामनिरादरकरफलपाई सोवहु समरसेजद्वौभाई ४२ आजुबनाभलसकलसमाजू प्रकटकरौंरिसपाछिलआजू ४३ जिमिकरिनिकरदलैमृगराजू लेइलपेटिलवाजिमि**

विषे बिख्यात हैं सो हम कैसे सहैं देखिये तौ धूरि ऐसीनीच है पर जबकाहूके लातनतें मारीजाती है तब निरादरनहीं सहिसकै है ताही के माथे पर चढ़िजाती है तहां हम कैसे निरादरसहैं हमतौ नाथके साथ सबप्रकार ते समर्थ हैं ( ३८ ) हे पार्वती तेहूपर श्रीरामचन्द्र नहींबोले हैं तब लक्ष्मणजी दोऊकरजोरिकै रजायसु मांगतभये हैं कि मैं भरत ते आगेह्वइकै समरकरौंगो तबौ श्रीरघुनाथजी नहींबोलेहैं तब लक्ष्मणजी सेवक धर्म सांचामानिकै अतिहर्षस्थायी अरुण नेत्र संचारी भाव संयुक्त मानहुंबीररस सोवत ते जागतभयो है ( ३९ ) तब लक्ष्मणजी शीशविषे जटा के जूट बांधिकै अरु कटिविषे दुइतूण बांधतेभये हैं अरु शरासन कही धनुषचढ़ाइकै बाणएकतूण से निकासिकै हाथमें लेतेभये हैं ( ४० ) पुनि लक्ष्मणजी श्रीरामचन्द्र को सुनाईकै कहते हैं कि आजु श्रीरामचन्द्र की सेवाकर फल लेउंगो का करिकै भरतको समरविषे सिखापनदेउंगो ( ४१ ) यह सबको सुनाइकै कहते हैं कि श्रीरामचन्द्र के निरादरकर फल भरत आजुअघाइकै पावहिंगे आजु संग्राम सेजबिषे दूनौभाई भलीप्रकार ते सोवहु ( ४२ ) लक्ष्मणजी बोलतेभये हैं कि आजु बिरोधकर सकल समाज भलीप्रकार ते बन्यो है आज पाछिल रिस प्रकटकरौंगो पाछिलकही जब श्रीरामचन्द्र को कैकेयी बनदेने लगी है तब लक्ष्मणजी मातापर महाक्रोधकीन है श्रीरघुनाथजी तुरन्त शांतिकरिदीन है सो पाछिलक्रोधकही किंतु श्रीरामचन्द्र के बनगमन के कारण तीनि हैं ब्रह्मादिक देवता अरु राजादशरथ माता संयुक्त भरतजी अरु कार्य राक्षसइत्यादिक हैं तहां जो कोई एकबड़ेते बिरोधहोइ तौ हजारन को अकाज होत है तहां लक्ष्मणजीकहा है कि पाछिलि रिस प्रकटकरौंगो प्रलयकालकी रिस पाछिलिकही ( ४३ ) लक्ष्मणजी कोपकरिकै कहतेहैं कि आजु भरतको सेनासहित नाशकरिदेउंगो जैसे सिह करिकही हाथी अनेकन लपेटिकै मारिडारै है अरु जैसे बाज बटेरन को लपेटिलेइ हैं ( ४४ ) तैसेही भरत को सेना समेत मारिकै पुनि उनके अनुजको निदरिकै खेतमें निपातौंगो ( ४५ ) एत्यहुपर

**बाजू ४४ तैसहिभरतहिंसेनसमेता सानुजनिदरिनिपातौंखेता ४५ जोसहायकरशंकरआई तौमारौंरणरामदोहाई ४६ दो०॥ अतिसरोषमाखेलषणलखिसुनिशपथप्रमान सभयलोकसबलोकपतिचाहतभभरिभगान ४७ चौ०॥ जगभयमगनगगनभइबानी**

श्रीरघुनाथजी नहींबोले हैं तब लक्ष्मणजी क्रोध की ज्वालाभरी बाणीबोलते हैं कि जो भरत की सहायपर शंकर सेनासमेत आवहिं तौ तिनहूं को निपातकही मारिडारौंगो यह श्रीरामचन्द्र के शपथकरिकै सङ्कल्पकरत हौं ( ४६ ) दोहार्थ॥ हे गरुड़ जब लक्ष्मणजी अति सरोष कही मखाइकै अतिक्रोध करत भये तब क्रोधाग्नि की ज्वाला सातहूस्वर्गताई प्राप्तिभईजाइ अरु महाशपथ रामकै सुन्यउ है तब शिव ब्रह्मादिक देवता इन्द्र वरुण कुवेर धर्मराज इत्यादिक बिकल होइकै बिमाननपर चढ़िचढ़ि भभरिकहीं डरिकै कहांजाईं ब्रह्मांडभरि बिकल देख्यो है तब श्रीचित्रकूट विषे नभमें बिमानछाइरहे हैं इहां श्रीरामचन्द्र अपनेविषे लक्ष्मणजीकीपरमानन्य उपासना सर्ब धर्म कर्म त्यागे देखिकै देवतनके द्वारह्वैकै शांति करते हैं इहां श्रीरामचन्द्र आपने श्रीमुख भरतकै वैराग्य अरु अपनेविषेपरमानन्यभाव लक्ष्मणजी से कहैंगे जाते भरत को दीप्तप्रपन्न अरु लक्ष्मणजी को आरतप्रपन्न दूनौं को स्वरूप भक्तनको अरु देवतनकोदिखावते हैं ( ४७ ) सम्पूर्ण जगत्भय के समुद्र में मग्नकही डूबजात है तब आकाशविषे देवबाणी होतभई है लक्ष्मणजी कै बाहुकोबलै बिपुलसराहिकै बर्णते हैं ( ४८ ) लक्ष्मणजी ते ब्रह्मादिक देवता कहते हैं कि हे तात तुम्हारे प्रताप के प्रभावको हमसब देवता अरु शेष गनेश महेश वेदवाणी इत्यादिक मन वचन कर्म ते कोई नहींजानिसकै हैं ( ४९ ) पर हे प्रभु आप सर्बज्ञहौ अनुचित उचित जो कछु कार्य्यहोइ सो समुझिकैकराचाहिये जामें और को भलाहोइ अरु सबकोई भलाकहै भलामनावै सो बिचार कही हे श्रीरामानुज संसार उत्पत्ति पालन के कारणहौ पुनिभूमि जल अग्नि पवन नभ अहङ्कार महत्तत्त्व इनसब के आदि कारण तुम हौ हे भगवन्त आप तौ जो करतेहौ सो विचारकरिकै कहते करते हौ अरु तुम्हारी गतिको हमनहीं जानिसक्ते हैं हमलोकरीति कहते हैं आप क्षमाकरब बड़े जेहैं ते उचित अनुचित बिचारिकै करते हैं ( ५० ) अरु जो विना बिचार सहसा कही तुरन्त करते हैं तौ परिणाम पश्चात्ताप

**लषणबाहुबलबिपुलबखानी ४८ तातप्रतापप्रभावतुम्हारा कोकहिसकैकोजाननहारा ४९ अनुचितउचितकाजकछुहोई समुझिकरियभलकहसबकोई ५० सहसाकरिपाछेपछिताहीं कहहिंवेदबुधतेबुधनाहीं ५१ सुनिसुरबचनलषणसकुचाने रामसीयसादरसनमाने ५२ कहीतातेतुमनीतिसुहाई सबतेकठिनराजमदभाई ५३ जोअँचवैंनृपमातेतेई नाहिंनसाधुसभाज्यहिसेई ५४**

होत है ताको वेद बुधनहीं कहते हैं ताते हेतात भरत यह लायकनहीं हैं साधु हैं ( ५१ ) हे पार्वती ब्रह्मादिक देव तिनकै बाणीसुनिकै लक्ष्मणजी सङ्कोचिगये हैं कि मोसे भागवतापराध भयो तब तुरन्त श्रीरामचन्द्र लक्ष्मणजी अरु श्रीजानकी जी को हामी भरायकै अति आदरते प्रबोध करते हैं ( ५२ ) श्रीरामचन्द्र कहते हैं लक्ष्मणजीते हेतात यह तुमबहुत सुन्दरिनीति कही है सेवकसेब्य भाव अरु राजनीति अरु लोकनीति ऐसीही है जसतुमकहा है काहेते अष्टमद हैं तामें राजमद अति कठिन है जातिमद कुलमद युवामद रूपमद विद्यामद ज्ञानमद ध्यानमद धनमद कहौ राजमद ( ५३ ) परहेतात जेइनमदनको अंचवैकही पानकरैकही अपनपौ मानिलियो है अहंब्राह्मण अहंउत्तम कुल अहंयुवाअहं सुन्दर अहंविद्यामान् ज्ञानमान् ध्यानमान् धनमान् अहंसोई अंचउबहै ताते यह परमेश्वर की बिभूति जिनराजन आपनिमानी है तेई माते हैं अभिमानते तावते होइजाते हैं अरु जिनसाधुन की सभानहीं सेवनकीन है तेमानते हैं अरु जिनसेवन कीन है ते संपूर्ण परमेश्वर की विभूति मानते हैं अरु अपनाको परमेश्वरका लघुदासमानिकै बर्तमानकरते हैं सो काहेको मातैंगे कैसे जैसे कोई मदिरा भांग अफीम इत्यादिक जे पावतेहैं तेई माततेहैं अरु जे नहीं पावते हैं ते काहेको मातैंगे तहांभरतजी तौ संपूर्णमेरी विभूतिजानते हैं ताते भरतजी को काहेको राजमद होइगो ( ५४ ) श्रीरामचन्द्र कहते हैं हेताललक्ष्मणजी भरतजी कैसे हैं योगवैराग्य ज्ञानविज्ञान ध्यानसमाधि भक्ति त्यहिके सागरहैं भरतजी

तिनकेसमान ब्रह्माके प्रपंचविषे सुनबे अरु देखबेमें कोई नहीं है भरत को अपनी देहको अहंपद नहीं है ते मेरीबिभूति को अपनीकैसे मानहिंगे भरतजी तनमन बचन अरु आत्मा मोको समर्पण किहेहैं हे तात यहसत्यजानब ( ५५ ) दोहार्थ॥ हेभाई लक्ष्मणजी भरतको राजमद कबहूँ न होइगो जो कदाचित् विधिहरि हरकी पदवीको प्राप्ति होहिं तबहूंनहीं राजमदहोइ कैसे जैसे क्षीरसमुद्र विषे कांजी कही माठाके पात्रको

**सुनहुलषणभलभरतसरीखाविधिप्रपंचमहँसुनानदीखा ५५ दो०॥ भरतहिहोइनराजमदविधिहरिहरपदपाइ कबहुंकिकांजीसीकरनक्षीरसिंधुबिनसाइ ५६ चौ०॥ तिमिरतरुणतरणिहिमकुगिलई गगनमगनमकुमेघहिमिलई ५७ गोपदजलबूड़हिंघटयोनी सहजक्षमाबरुछांड़ैझोनी ५८ मसकफूकमकुमेरुउड़ाई होइननृपमदभरतहिभाई ५९ लषणतुम्हारिशपथपितुआना शुचिसुबन्धुनहिं**

धोवन त्यहिकर कणकही फूही जो परै तौ का क्षीरसमुद्र बिनसिजाइगोनहीं बिनसैगो तैसे भरतजी क्षीरसमुद्र हैं अरु बिधि हरि हर तीनौंजनेन की पदवी कांजीकर कणहै ऐसे जेमेरे अनन्यभक्त हैं ते अहंमम इत्यादिक संपूर्ण अपनपौ को दूरिकिहे हैं ( ५६ ) हेभाई लक्ष्मणजी बरु एते आश्चर्यहोहिं तिमिरकही अंधकार रात्री को सो तरुणकही दुपहर केतरणि कही सूर्य्य तिनको अंधकार गिलैकही लीलिजाय पचायजाय अरु गगनकही आकाश त्यहिको मेघबरुमग्नकही डूबिकै मिलिजाइ एकही होइजाइ तहांगगन सबते भिन्न है ताहीके अन्तर सबहै अरु अमित दूरिहै अरु मेघकै गति एक योजन चारियोजन पर्यन्तताई है सो कैसेमिलै ( ५७ ) अरु गोपदके जलमें अगस्त्यबरु डूबिजाहिं अरु छोणीसहजही क्षमारूप है सो क्षमाबरुछोंड़िदेइ ( ५८ ) पुनि बरु मसाके फूंकते सुमेरुउड़िजाइ हेतातएते आश्चर्य्य होनेवाले नहीं हैं बरुहोइ जाहिं पर भरत को राजमदनहोइ यहबात मैं प्रणकरिकै कहतहौं ( ५९ ) श्रीरामचन्द्र कहते हैं कि हेलषण तुम्हार शपथ अरु पिताकै आनिकही दोहाईकरिकै कहतहौं शुचिसुबंधुसुसेवक भरतकेसमान भरतै हैं दूसरब्रह्मांड मंडल में नहीं है ( ६० ) हे तात सगुणकही सुष्ठगुणस्वधर्म यज्ञतपदान उदार सुकर्म अनेक योगवैराग्य विवेक ज्ञान विज्ञान ध्यान समाधिदयाकरुणा क्षमा शांति संतोष परहित शमदमउपर तितिक्षा श्रद्धासमाधान षटशरणागत अनुकूलमेंसंकल्प प्रतिकूलकोत्यागरक्षामें विश्वासगोप्तृत्वबर्णन आत्मसमर्पण कार्पण्यनवधाप्रेमापराभक्ति इत्यादिक अनन्त अनूपपरमदिब्यगुण सोई दुग्ध है अरुजलअवगुणकही कामक्रोधलोभमोहमद मत्सर्यरागद्वेष अरुममकपटपाखण्ड छलछिद्रदोषदृष्टिइन्द्रियासक्त हर्षशोक हानिलाभ सुखदुखमानापमान निंदास्तुति मित्रअरि पापपुण्य सुभाशुभ स्वर्गनर्क इत्यादिक जहांलहि त्रैगुण्यजनितअनेक द्वंद्वकर्म्मधर्म्म हैं सो जलहैं तहां विधि कहीकर्तारने इत्यादिक गुणअवगुण रचिकै दुग्धजलकीनाईं मिलाइदियो है काहेतेकर्तारकै इच्छास्वतंत्र है अरुकिसूके जानबेमें नहीं आवै है ( ६१ )

**भरतसमाना ६० सगुनक्षीरअवगुणजलताता मिलैरचैपरपंचबिधाता ६१ भरतहंसरबिबंशतड़ागा जनमिकीन्हगुणदोषबिभागा ६२ गहिगुणपय तजिअवगुणबारी निजयशजगतकीन्हउजियारी ६३ कहतभरतगुणशीलसुभाऊ प्रेमपयोधिमगनरघुराऊ ६४ दो०॥ सुनिरघुबरबाणीबिबुध देखिभरतपरहेतु लगेसराहनसहसमुख प्रभुकोकृपानिकेतु ६५ चौ०॥ जोनहोतजगजन्सभरतको**

तहां भरतजूहंसहैं अरुसूर्य्यबंश मानसर हैं तहांजन्मिकही त्यहि विषेबासकरिकै गुणऔगुणको विभागकरिकै गुणदूधको ग्रहण अवगुणजलको त्याग जहां जलदूध मिलेते एकहंसही अलगाइसकै है बहुजाति के अपरबिहंगनते नहीं भिन्नहोइसकै है कोई कहते हैं कि हंसके मुख में खटाई होतीहै ताते हंसजलदूध को भिन्नकरै है सोभी अच्छी युक्ति नहीं है तहांहंसको स्वाभाविकै यह धर्म्म है ( ६२ ) दूधरूप जे गुणहैं त्यहिको भरतजी ग्रहणकीनहै अवगुणचारि त्यहिको त्यागकीन है अपनो परमदिब्यभक्तिमययश जोहै सो त्रैलोक्यबिषे प्रकाशकिये हैं ( ६३ ) हे पार्वती भरतजी को परमदिब्य गुणशीलसुभाव कहतकहत भरत के प्रेमबिषे रघुनाजीमग्न होतभये हैं ( ६४ ) दोहार्त्थ॥ यहिप्रकार ते

**बोलेगुरुआयसुअनुकूला बचनमंजुमृदुमंगलमूला ४८ नाथशपथपितुचरणदोहाई भयउनभुवनभरतअसभाई ४९ जेगुरुपदपंकजअनुरागी तेलोकहुबेदहुबड़भागी ५० राउरजापरअतिअनुरागू कोकहिसकैभरतकरभागू ५१ लखिलघुबन्धुबुद्धिसकुचाई करतबदनपरभरतबड़ाई ५२ भरतकहहिंसोकियेभलाई असकहिरामरहेअरगाई ५३ दो०॥ तबमु निबोलेभरतसनसबसकोचतजितात कृपासिन्धुप्रियबन्धुसनकहहुहृदय की बात ५४॥**

* * * * * * * *

**चौ० सुनिमुनिबचनरामरुखपाई गुरुसाहेबअनुकूलअघाई १ लखिअपनेशिरसबछरभारू कहिनसकतकछुकरतबिचारू २ पुलकशरीरसभाभयेठाढ़े नीरजनयननेहजलबाढ़े ३ कहबमोरमुनिनाथनिबाहा यहितेअधिककहबमैंकाहा ४ मैंजानौंनिजनाथ**

सो हमको प्रमाण है यह कहिकै अरगाइकहींचुपह्वैरहे हैं ( ५३ ) दोहार्त्थ। तबमुनिहर्षसेबोलेहेतातसब संकोचतजिकै कृपासिन्धुदीनबंधुनिजबंधुसे अपने हृदय की बात कहहु ( ५४ ) इति श्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुपविध्वंसने श्रीअयोध्याकाण्डे श्रीवशिष्ठश्रीरामचन्द्रसम्वादेसप्तदशस्तरंगः १७॥

दोहा ॥ दशअरुआठतरंगमेंभरतवचनगम्भीर। नीतिप्रीतिसेवकधरमरामचरणमतिधीर १८ तब भरतजी मुनिके वचन सुनिकै रामरुख पाइकै गुरुसाहेबकोअनुकूलपहिंचानिकै ( १ ) अपनेशिरपर सबछरभार लखिकै कछुकहिनहीं सकते हैं बिचारकरते हैं छरकही ब्यवहार किन्तु छरभार लोकबाणी है ( २ ) तब भरतजी सभाके मध्यविषे उठिकै ठाढ़भये हैं शरीर पुलकि आयोहै अरु कमल नेत्रनमें स्नेहजल भरिआयो है ( ३ ) सभामें करजोरिकै भरतजी कहते हैं कि मोरकहब तौ मुनिनाथहि निबाहिदीन्ह है यहिते अधिक अबमैं काकहौंगो जोमुनि प्रथम सभा में सिद्धांत कीन है कि श्रीरामरजाय राखेते हमार सबकरभला है पुनि दूसर सिद्धांतकीन कि तुम दूनौंभाई बनकोजाउ श्रीसीताराम लक्ष्मणजी अवध को फिरहिं पुनि इहां एकवचनकहा है कि जामें पुरजन माता भरतकरभलाहोइ सो श्रीरामचन्द्र तुमकरौ यहतीनिबाततें आगे हमकाकरब ( ४ ) अरु मैं निजनाथकर सुभाव जानतहौं जेजीव विमुख हैं अपराधीहैं तिनहूंपर कबहूं क्रोधनहीं करते हैं ( ५ ) अरु मोपर तौ कृपास्नेह विशेषकै है बालअवस्थालैकै आजुताईं

खेलखेलतसन्ते काहूपर खुनुसकही रिसकरत कबहूंनाहीं मैं देखा है ( ६ ) अरु बालअवस्थाते मैं स्वामीकर संग कबहूंनहीं छांड्यउंहौं अरु मोरमनभंग स्वामी कबहूं नहींकीन है ( ७ ) मैं प्रभु के कृपाकैरीति जोहतकही अच्छीतरहसे जानिगयोंहौं जो खेलतसन्ते

सुभाऊ अपराधिहुपरक्रोधनकाऊ ५ मोपरकृपासनेहबिशेषी खेलतखुनसकबहुंनहिंदेषी ६ शिशुपनतेपरिहरयउंनसंगू कबहुंनकीन्हमोरमनभंगू ७ मैंप्रभुकृपारीतिजियजोही हारेउंखेलजितवहिंमोही ८ दो० ॥ महूंसनेहसकोचबश कह्यउंनसन्मुखबयन दर्शनतृप्तिनआजुलगि प्रेमपियासेनयन ९ चौ० ॥ बिधिनसक्यउसहिमोरदुलारा नीचबीचजननीमिसपारा १० इहौकहहतम्वहिआजु

मैं हारिजाउं तौ मोह को जिताइदेहिं ऐसेस्वामी हैं ( ८ ) दोहार्त्थ॥ अरुमहूं आजुताईं कछु सन्मुख वचन नाहीं कह्योहौं अरु दर्शनलागि आजु ताईं प्रेमके पियासे नयनतृप्त नहीं भये हैं इहां भरत कीवाणीके प्रसंगविषेबहु अभिप्राय है एकतौ यह अभिप्राय है कि जो श्रीरामचन्द्रकहा है किजो भरतजीकहैं सो विशेषिकै करियेसो भरतजीको सदहिजितावत आये हैं ताते यह कहा है अरु भरतजू कहा है कि मैं सन्मुख वचन कबहूं नहीं कहे हैं सो अबकैसे कहौंगो अरु जोयह कि मेरेनेत्र दर्शनहेतु तृप्तनहींभये हैं तहांयहध्वनि है कि मैं केवल आपुके दर्शनहेतु आयउँहौं अपरकछु कहै नहीं आयोहौं जो आज्ञाहोइ सोकरौं ( ९ ) तहां श्रीरामचन्द्र मोपर बहुतदुलार करतरहेहैं सोविधि नहीं सहिसक्यउहै कि मोरिपदवी भरतको न दै डारहिं ताते अपनी सकामता करिकै बड़ाबीच पारिदियो है यहबीचकैसोहै बड़ानीचबीचपरिगयोहै इहां भरतजी विधाताको नीचनहीं कहते हैं बीचकोनीच कहते हैं काहेते साधुकाहूपर दूषण नहीं रोपणकरते हैं अरुब्रह्मपदवी कागबिष्ठा के समानजानते हैं ( १० ) यह कहतसंते आजुमोको शोभानहींहोति है काहेते मोरी बाणीमें साधुता है तहां अपनेकहेते अपनीरुचि सुधितेसाधुकोभाहै ( ११ ) जो यह कहौ कि माता तौ मंदहै अरु मैसुचालीसाधुहौं तौयह मनमें आनतसंते कोटिकुचालहोतहै ( १२ ) काहेते मैं कैकेयी कर पुत्रहौं यहिकारण मन्दहौं कहूंकोदवकी बालीमें सुन्दर शाली कहीचाउर उत्पन्नहोय है और कहूंतलैयाकी सीपीमोती जन्मैहै ( १३ ) ताते स्वप्नेहुविषे न काहूको दोष न काहूकोक्लेश है मोरअभाग्यजो है सोई उदधिहै कोई का करै ( १४ ) मोर जो अघपरिपाक है त्यहिको मैं न समुझा जो समुझत्यउं तौ स्वामी को संगछोड़िकै मैं ननिआउरको नजात्यौं तहांमोर अघपरिपाककही दृढ़जोरहा है सो स्वामी के बिछोहपाइकै माता के जायकही उत्पन्नहैकै काकूकही टेढ़िबचन कहाइकै

नशोभा अपनोसमुझिसाधुशुचिकोभा ११ मातुमन्दमैंसाधुसुचाली उरअसआनतकोटिकुचाली १२ फरैकिकोदवबालिसुशाली मुक्ताप्रसवकिशम्बुकताली १३ सपनेहुदोषकलेशनकाहू मोरअभाग्यउदधिअवगाहू १४ बिनुसमुझेनिजअघपरिपाकू जारिउजाइजननिकहिकाकू १५ हृदयहेरिहारेउं सबओरा एकहिभाँतिभलेभलमोरा १६ गुरुगोसाइँसाहेबसियरामू लागतमोहिंनीकपरिणामू १७ दो० ॥ साधुसभाप्रभुगुरुनिकट कहौंसुथलसतिभाव प्रेमप्रपंचकिझूठफुरजानहिंमुनिरघुराव १८ चौ० ॥ भूपतिमरणप्रेमप्रणराखी जननीकुमतिजगतसबसाखी १९ देखिनजाईविकलमहतारी जरहिंदुसहज्वरपुरनरनारी २० महींसकल

जननीको जारयउजाय है किंतु विनासमुझे जायकही वृथामैं माताको दोषदेतहौं मेरेअघ मोको दुखदेत हैं ( १५ ) अपने हृदयविषे सबओरहेरिकै हारिगयोहौं तीनिहूंलोक चौदहौ भुवन वेदउपनिषद् शास्त्रस्मृतिसंहिता पुराणकाब्य ब्याकरण इत्यादिक सबढूंढ़ि काढ़्योहौं परमोरभला एकपदार्थ में देखिपर्यो है ( १६ ) कि गुरु गोसाईं वशिष्ठ ऐसे अरुसाहेब

सीतानाथ ऐसे ताते परिणाम भला देखिपरै है काहेते गुरुसाहेब अति सामर्थ है सामर्थ के आश्रयते सबकर भलाहोत है ( १७ ) दोहार्थ॥ इहां साधुनकी तौ समाज है अरु प्रभुगुरुके निकटहौं अरु सुथलहै तहां मैं किधौंप्रेमते कहतहौं किधौं प्रपंचते कहतहौं किधौं झूंठफुर कहतहौं यहमुनि अरु रघुरावजानैंगे काहेते सर्बज्ञ अंतर्यामी हैं ( १८ ) अरु जो भूपके मरणकर शोच राखितहै तौ हमारी जननीकै कुमतिभूपतिके मरणकर कारण है उन्होंने तौ अपने प्रेम अरु सांचे प्रणका निर्बाहकिया लोक में प्रसिद्ध है ( १९ ) अरु सबमाता अति बिकलनहीं देखीजाइहैं अरु पुरके नरनारि दुसहदुखके ज्वरसे जरेजाते हैं ( २० ) यहि अनर्थ कर मूलमहींहौं त्यहिते सबकर शूलसहतहौं ( २१ ) देखिये तौ मुनिकरवेषकरिकै श्रीरामचन्द्र अरु श्रीजानकीजी लक्ष्मण सहित बनगवनकीन्ह यह मैं सुनतभयों ( २२ ) अरु बिनपदत्राण पांयपियादे यह सुनतमहावज्रघात घाउलागतसंते अरु मैं जियतरहिगयों अपनाको अनर्थकर कारण समुझिकै नतु तृणइव शरीरको त्यागिदेत्यउं शंकरसाखि हैं श्रीरामबनगवन सुनतसंते ( २३ ) अरु बहुरिकै निषादको स्नेहदेखिकै छाती नहीं फटि गई हैं बज्रहुते कठोरह्वैगई है ( २४ ) अब सब जोसुन्यों सोआंखिनदेख्यों आइकै जियतसंतेयहजीवजड़ सबसहतहै ( २५ ) जिन श्रीरामचन्द्र

अनरथकरमूला सोसुनिसमुझिसहौंसबशूला २१ सुनिबनगबनकीन्हरघुनाथा करिमुनिवेषलषणसियसाथा २२ बिनुपानहींपयादेपाये शंकरसाखिरह्यउंयहिघाये २३ बहुरिनिहारिनिषादसनेहू कुलिशकठिनउरभयउनबेहू २४ अबसबआँखिनदेख्यउं आई जियतजीवजड़सबहिंसहाई २५ जिनहिंनिरखिमगसांपिनिबीछी तजहिंबिषमबिषतामसतीछी २६ दो०॥ तेरघुनन्दनलषणसिय अनहितलागेजाहि तासुतनयतजिदुसहदुखदैवसहावैकाहि २७ चौ०॥ सुनिअतिबिकलभरतबरबानी आरतबिनयप्रेमरससानी २८ शोकमगनसबसभाखँभारू मनहुंकमलवनपरेउतुषारू २९ कहिअनेकबिधिकथापुरानी भरतप्रबोधकीन्हमुनिज्ञानी ३० बोलेउचितबचनरघुनन्दू दिनकरकुलकैरवबनचन्दू ३१ तातहृदयजनिकरहुगलानी ईशअधीनजीवगतिजानी ३२ तीनिकालत्रिभुवन

जानकी को देखिकै मगकेसांपिनि बीछूजे हैं विषमतामस अति तीक्ष्णविषत्यागि देहिहैं ( २६ ) दोहार्थ॥ तेरघुनन्दनजानकीजी श्रीलक्ष्मणजू कैकेयी को अति प्रियलागे हैं त्यहिकरतनयजोमैंहौं त्यहिको तजिकै दैवदुसहदुख और क्यहिको सहावैगो ( २७ ) यहभरतकै विनय आरतदीनतामय प्रेमरससानी बाणीसुनिकै सम्पूर्णसभा बिकल होत भई है ( २८ ) तबशोकतेबिकल सबसभाखभारकहीशोचते सूखेजाते हैं मानहुकमलकेबनपर पाला पर्‌यो है ( २९ ) तब अनेकनप्रकारते श्रुतिस्मृति पुराणइतिहास कै कथाकहिकहि श्रीवशिष्ठजी भरतकर प्रबोधकीन है ( ३० ) सूर्य्यवंश कैरवकही कुमुद बनत्यहिके आनन्दकरिबेको चन्द्रमा है ते श्रीरामचन्द्र उचित वचनबोलतेभये हैं देखियेतौ श्रीरामचन्द्र कहा कि जो भरतजी कहैं सो करी तहां रामाज्ञाते भरतजू ऐसे रसमय वचन कहतेभये पुनि श्रीरामचन्द्रको बोलत बन्यो है ( ३१ ) हेतात भरत अपने हृदय में ग्लानि न करहु जीव की गति ईशके आधीन जानहु इहां श्रीरामचन्द्र अपने वचनविषे संपूर्णसभा में महादेव को ईशजनावते हैं किन्तुईश्वर को ईशजनावते हैं अरु भरत को जनावते हैं कि हम जो ईश हैं तो हमारे आधीन सम्पूर्णकालविषे जीवन की गति है तुम काहे को शोचकरते हौ ( ३२ ) हेतात हमारे मनमें तीनिहूंलोक तीनिहूंकालविषे पुण्यश्लोककही भगवान् जोहैं सोतुम्हारे करतलविषेहैं किन्तु पुण्य असपदार्थ जेहैं सम्पूर्ण सो तुम्हारे करतल हैं यहध्वनि है कि मैं तुम्हारे करतलविषे हौं ( ३३ ) तुमपर जोकोई कुटिलताआनै त्यहिकोलोक परलोकहूनाशह्वैजाइगो ( ३४ ) अरु जेजड़ जननी

मतमोरे पुण्यश्लोकताताकरजोरे ३३ उरआनततुमपरकुटिलाई जायलोकपरलोकनशाई ३४ दोषदेइजननिहिजड़जेई नाहिन साधुसभाज्यहिसेई ३५ दो० ॥ मिटिहहिंपापप्रपंचसबअखिलअमंगलभार लोकसुयशपरलोकसुखसुमिरतनामतुम्हार ३६ चौ०॥ कहौंसुभावसत्यशिवसाखी

भरतभूमिरहराउरिराखी ३७ तातकुतर्ककरहुजियजाये बैरप्रीतिनहिंदुरइदुराये ३८ मुनिगणनिकटबिहँगमृगजाहीं बाधकबधिकबिलोकिपराहीं ३९ हितअनहितपशुपक्षिउजाना मानुषतनगुणज्ञाननिधाना ४० ताततुमहिंमैंजानउंनीके कहौंकहाअसमंजसजीके ४१ राख्यउराउसत्यम्वहिंत्यागी तनुपरिहरय्यउप्रेमप्रणलागी ४२ तासुबचनमेटतबड़शोचू

को दोषदेई तिनसाधुनकै सभानहीं सेवन कीन है ( ३५ ) दोहार्त्थ ॥ श्रीरामचन्द्र कहते हैं भरतजी जे तुम्हारनाम सुमिरैंगे त्यहिकर प्रपंचकेपाप त्यहिकर भार अमंगलमय अखिलकहीसमूह सो नाशह्वैजाइगो ( ३६ ) यह मैं सत्यसुभावते कहत हौं शिवको साक्षीदैकै यहमहिमण्डल केवल भरत को राखो है दूसर एकरक्षक नहीं है इहां यह अभिप्राय है कि जाते भरतजी अस न कहैं कि फिरहु काहेते हमपृथिवीके रक्षाहेतु बन को जाते हैं ( ३७ ) हे ताततुम अपने मनमें कुतर्कनानहींकरौ वैरप्रीति छिपायेते नहींछिपै है ( ३८ ) मुनिगणके निकट बिहंगमृगादिकजाते हैं अरु ब्याधा जो बन्दूक तीरते मारते हैं अरु वधिक जो जालते वझाइलेते हैं तिनकेनिकटनहीं जाते हैं परायजाते हैं ( ३९ ) तहां हित अनहित पशुपक्षिउजानते हैं अरु मनुष्यतनतौ गुणज्ञान को निधान है तुमसब प्रकार ते निर्दोषहौ ( ४० ) हे तात मैं तुमकहँ नीकी तरहते जानतहौ मोरेमनविषे असमंजसहोत है। ताते कछु कहतसुनत करत नहीं बनत है मेरीसबरीतिको जानते हौ ( ४१ ) हे भरत राजा अपनी सत्यको राख्यो अरु मोको बनगवनदीन है अरु मैं कैसो प्रियहौं कि मोरे विरहकरिकै अपने प्रेमको राखिकै राजाशरीरको त्यागिदीनहै सो तुम जानतहहु ( ४२ ) तिनराजा के बचन मोको टारत कै सकोचहोत है अरुत्यहिते अधिकतुम्हारसकोचहै यामेंयहध्वनि हैकि पिताकेबचन दोऊजनेकरी ( ४३ ) तापगुरुनकीआज्ञाहै ताते जो तुम कहौगे सोहम अवश्यकैकरहिंगे देखियेतौ रघुनाथजीकीचतुराई भरत को अच्छीतरहथांभिकै सबकोप्रसन्नकरते हैं ( ४४ ) दोहार्त्थ॥ हे तात मन प्रसन्नकरिकै जोतुम आजु कहौ सोईकरौंगो सत्यकेसन्ध श्रीरामचन्द्रकेवचनसुनिकै सबसमाज सुखीभये हैं ( ४५ ) अरु हेगरुड़ देवगणसहित इन्द्रभयकोप्राप्तिभयो है यह जाना

त्यहितेअधिकतुम्हारसकोचू ४३ तापरगुरुम्वहिंआयसुदीन्हाअवशिजोकहौसोचाहौंकीन्हा ४४ दो०॥ मनप्रसन्नकरिसकुचतजिकहहुकरहुसोआज सत्यसन्धरघुबरबचनसुनिभासुखीसमाज ४५ चौ०॥ सुरगुरुसहितसभयसुरराजू शोचहिंचाहतहोनअकाजू ४६ बनतउपायकरतकछुनाहीं राम शरणसबगेमनमाहीं ४७ बहुरिबिचारपरस्परकहहीं रघुपतिभक्तभक्तिबशअहहीं ४८ सुधिकरि अम्बरीषदुर्ब्बासा भेसुरसुरपतिनिपटनिरासा ४९ सहेसुरनबहुकालबिषादा नरहरिप्रकटकीन्हप्रहलादा ५० लगिलगिकानकहैंधुनिमाथा सबसुरकाजभरतकेहाथा ५१ आनउपायनदेखियदेवा मानतरामसुसेवकसेवा ५२ हियसप्रेमसुमिरहुसबभरतहि निज

कि भरतजूतौ श्रीरामचन्द्र को फेरैआये हैं ताते हमार अकाजआजुह्वैचुक्यो काहेतेकि श्रीरामचन्द्रकहा जोभरतकहैं सोकही ( ४६ ) तब देवतन को कछुउपाय करतनहीं बनत है सब अपने मनमें श्रीरामचन्द्र के शरणागतसकाम होतभये हैं ( ४७ ) बहुरि कै देवता आपुस में विचार करते हैं कि रघुपति के भक्त जे हैं जो उनकै भक्तिकरैं तौ प्रभु वशह्वैजाते हैं ताते भरतकी शरणहोहु ( ४८ ) यह विचार करते हैं कि अम्बरीष ते विरोधदुर्बासा मुनि कीनरहै सो अतिबिकल होतभये हैं ताते जोभरतकर बिरोधकरोगेतौ हमारो ठिकाना नहीं है असकहिकै सहित इन्द्र निराश होतभये हैं ( ४९ ) देखौ तौ हिरण्यकशिपु के तेज ते हम सबदेवता बहुकाल दुखसहे हैं तब प्रह्लादजी नरसिंहजीको प्रकटकीन्ह है तब हमारो दुःखमिट्यो है ( ५० ) एकएकन के कान में लगिलगि शीशपीटिपीटि कहते हैं कि अबदेवतनकर काज भरत के हाथ है ( ५१ ) परस्पर यहकहते हैं कि हेदेयतहु

आनउपाय कछु नहींदेखिपरैहै एकउपायहै कि श्रीरामचन्द्र अपनेसेवककी सेवकाई किये ते बहुत मानते हैं ( ५२ ) देवतन विषे कोई बुद्धिमान् देवता सो कहते हैं हेदेवतहु भरतकर स्मरणकरहु तब तुम्हार कार्यसिद्धिहोइगो भरतजी कैसे हैं अपने गुण सुभाव शीलकरिकै श्रीरघुनाथजीको अपने वशीभूत किये हैं ( ५३ ) दोहार्थ॥ तब देवतनकर सम्मत सुनिकैवृहस्पति कहते हैं कि अब भरत के चरणारविन्दविषे तुम्हारो सर्बमंगल को मूल अनुरागभयो है ताते तुम बड़भागीहौ ( ५४ ) हे देवहु सीतापतिके जे सेवक हैं तिनकै सेवकाई शतकही सौकामधेनुकेसरिस फलदाता है तहां सन्देह है कि अर्थ धर्मकाम तीनिफल तौ जेतनाचाहै तितनाएकैकामधेनु देत है शतक्योंकहा है तहां यहअर्थ है इन्द्रकीकामधेनु फलसुद्धा

गुणशीलरामबशकरतहि ५३ दो०॥ सुनिसुरमतसुरगुरुकह्यउअबतुम्हारबड़भाग सकलसुमंगलमूलजग भरतचरणअनुराग ५४ चौ० ॥ सीतापतिसेवकसेवकाई कामधेनुशतसरिससुहाई ५५ भरतभक्तितुम्हरेमनआई तजहुशोचविधिबातबनाई ५६ देखुदेवपतिभरतप्रभाऊ सहजसुभावविवशरघुराऊ ५७ मनथिरकरहुदेवडरनाहीं भरतहिजानिरामपरछाहीं ५८ सुनिसुरगुरुसुरसम्मतशोचू अन्तर्यामीप्रभुहिंसकोचू ५९ निजशिरभारभरतजियजानीकरतकोटिविधिउरअनुमानी ६० करिबिचारमनदीन्ह्यउठीका रामरजायसुआपननीका ६१ निजप्रणतजिराख्यउप्रणमोरा छोहसनेहकीन्हनहिंथोरा ६२ दो०॥ कीन्हअनुग्रहअमितअति सबबिधिसीतानाथ करिप्रणामबोलेभरतजोरिजलजयुगहाथ ६३॥ *

असतहै अरु सीतापतिके सेवककै सेवकाई फलसहित सत है तहां असतकही नाशमानको अरु सतकही एकरस अबिनाशीको ( ५५ ) जो भरतकै भक्ति तुम्हारे मनमें आई है तौ शोचको तजिदेहु तुम्हारकार्य्य विधातैंसिद्धिकीन्ह है ( ५६ ) हे देवपति तू भरत को सुभाव तौ देखु जिनके सुभावकेवश श्रीरघुनाथजी सहजही वश हैं ( ५७ ) हेदेवहु अब तुम मनकोथिरकरहु न डेराउ भरतको श्रीरामचन्द्रकै परिछाहीं जानहु श्रीरामकी आज्ञा अनुकूल भरतजू हैं ( ५८ ) सुरनको सम्मतजो है त्यहिको बृहस्पतिसुनिकै समुझिकै संकोचको प्राप्तिभये हैं काहेते श्रीरामचन्द्र अन्तर्यामी हैं यह कहैंगे कि वृहस्पति भी देवतन को नहीं समुझावते हैं ( ५९ ) जबभरतजी अपने शिरपर सबभार जानतेभये तब कोटिन अनुमान करते हैं ( ६० ) तब भरतजी बिचारकरिक अपने मन में यहठीककीन्ह कि रामरजाय राखेते हमारसबकर भला है ( ६१ ) देखिये तौ अपनप्रण छोड़िकै मोरप्रण राखतभये हैं छोह दया मोरेऊपर थोरा स्नेह नहींकीन्ह है बहुतकीन्ह है ( ६२ ) दोहार्थ॥ ते सीतानाथ मोरेऊपर सबप्रकार ते बहुत अनुग्रहकीन है अस बिचारिकै दोऊकमलकर जोरिकै तब बोलतेभये हैं ( ६३ ) इतिश्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषविध्वंसने श्रीअयोध्याकाण्डे श्रीरामगुरुभरतसम्बादवर्णनन्नाम अष्टादशस्तरंगः १८॥

दोहा॥ युक्तिउक्तिरसभावबर भरतबचनजिमिगंग। रामचरणविलसितविमलनवदशसुभगतरंग १९ भरतजी कहते हैं हे स्वामी मोसे का कहावतहौ आपु तौ कृपासिन्धु अन्तर्यामीहौ सबके बाह्यांतरकै गति जानते हौ ( १ ) अब मैं यहकहतहौं कि गुरु तौ मेरेऊपर प्रसन्न हैं अरु साहेब

चौ० ॥ कहौकहावहुकाअबस्वामी कृपाअम्बुनिधिअन्तर्यामी १ गुरुप्रसन्नसाहेबअनुकूला मिट्यउमलिनमनकल्पितशूला २ अपडरडरेउनशोचसमूले रबिहिनदोषदेवदिशिभूले ३ मोरअभाग्यमातुकुटिलाई विधिगतिविषमकालकठिनाई ४ पांवरोपिसब मिलिम्वहिंघाला प्रणतपालप्रणआपनपाला ५ यहनईरीतिनराउरिहोई लोकहुवेदविदितनहिंगोई ६ जगअनभलभलएकगोसाई कहियहोइभलकासुभलाई ७ देवदेवतवसरिशसुभाऊ सन्मुखबिमुखनकाहुहिकाऊ ८ दो०॥ जाइनिकटपहिचानितरुछाँहशमन

अनुकूल हैं ताते मेरेमनकी कल्पनाकर शूलकही दुःख सो मिटिगयो है कल्पनाकही बिनाकारण सुख दुखको अनुभवकरना ( २ ) मैं आपुहि से आप आपुके इहां अपडरकही डयरायगयाहौं डरकर कारणनहीं है हेदेवजैसे कोई को दिशाभूलिजाय है अरु कहै कि सूर्यपश्चिम उदयभये हैं तहां रविको दोषनहीं है अरु किसूके समुझायेते यथार्थ दिशाकोज्ञानभयो है तैसे तुम्हारी कृपै मोको समुझाइ दियो है अब मेरो भ्रम मिटिगयो है ( ३ ) तहां मोर अभाग्य अरु माता कै कुटिलाई अरु बिधाताकै विषमगति अरु काल की कठिनाई जो है ( ४ ) तहां इनचारिउमें एकएक के बशभये ते जीव महादुखको प्राप्तिहोत है अरु ये चारिउ सम्मतिकरिकैमेरेऊपर कुयोग करिकै घालाचाहतरहै तहां आपु प्रणतकही शरणपाल को प्रण सो पालतभये हैं चारिउ ते आपु मोको प्रणकरिकै बचाइलीन है ( ५ ) यह आपुकी नईरीति नहीं है प्रणतपालको पताका वेद शास्त्र गावत हैं ( ६ ) हे गोसाई यहसब जगत् अनभल है आपु एक भलेहौ जितनी जगत् में भलाई हैं सो केवल आपुकी भलाई से होइ हैं ( ७ ) हे देव तुम्हारस्वभाव देवतरु के समान है जो कोऊ सन्मुखहोइ वह काहू को कबहूंविमुख न करै तैसेही आपुको सुभाव है कि सबको बांछितफल देते हौ विमुख कोई को नहीं करतहौ ( ८ ) दोहार्थ ॥ जे कोऊ तरुकीछायापहिंचानिकै जाइ हैं ताको अभिमतकही बांछितफलदेते हौ राउरकभल पोच कोईहोय ( ९ ) भरत कहते हैं मैं अपनेविषे सबप्रकारते जान्योहौं अब मोरे मनकर क्षोभकही संशय मिटिगयो है अब मनमें सन्देह नहीं है ( १० ) हे करुणाकर अब मैं यहकहत हौं सो बातकरिये मैं जो जनहौंत्यहिकर तौ हितकारहोइ अरु आपुके मनमें क्षोभ न आवै ( ११ ) अरु

**सबशोच मांगेअभिमतपावजग राउरकभलपोच ९ चौ०॥ लखिसबबिधिहियस्वामिसनेहू मिटेउक्षोभमननहिंसंदेहू १० अबकरुणाकरकीजियसोई जनहितप्रभुचितक्षोभनहोई ११ जोसेवकसाहेबहिसकोची निजहितचहैतासुमतिपोची १२ सेवकहितसाहेबसेवकाई करहिसकलफलचारिबिहाई १३ स्वारथनाथफिरेसबहीका कियेरजायकोटिबिधिनीका १४ यहस्वारथपरमारथसारू सकलसुकृतफलसुगतिसिंगारू १५ देवएकबिनतीसुनिमोरी उचितहोइतसकरबबहोरी १६ तिलकसमाजसाजिसबआना करियसफलप्रभुजोमनमाना १७ दो० ॥ सानुजपठइयमोहिंबनकीजियसबहि-सनाथनतरुफेरियेबन्धुदोउनाथचलौंमैंसाथ १८ चौ० ॥ नतरुजाहिं**

जो सेवकह्वैकै अरु साहेबको सकुचाइकै आपन हितकारकरै त्यहिसेवककै मतिपोची कही दुष्ट है ( १२ ) सेवककर हितकार साहेब की सेवकाई विषे है सो सेवकाई स्वार्थ अरु चारिउफल अरु सकल सुखकै बासनाविहायकैकरिये ( १३ ) हे नाथ आपुके फिरेते सबकरहितकारहै अरु आपुकै रजाय राखेते सबकर कोटिनविधि नीक हितकार है ( १४ ) आपुकैरजाय कैसी है सम्पूर्ण स्वार्थ परमार्थ को सारभूत है अरु सकल सुकृत कर फल है अरु चारिहू मुक्तिकर शृंगार है देखिये तौ भरतकी बाणी जिनकी उक्तिविषे काहूकबिकै मति नहींपैठिसकै है तहां वशिष्ठजीके पूर्व सम्मत सिखायेते यह कहाहै हे नाथ आपुकेफिरेते सबकर एकविधि हितकार है अरु रजायराखेते ब्रह्माण्डभरेके जीवनकर कोटिनविधिते परमहित है देखियेतौभरतकी यहिवाणीविषे सेवक सेब्यपरमभावकोकहिसकैहै ( १५ ) हेदेवमोरिएक विनतीसुनिये पुनिजसउचितहोइतस बहोरिकैकरब ( १६ ) आपुके राज्याभिषेकको सरंजाम सबआवाहै पर जो आपुके मनमानैतौ सफलकही अंगीकारकरिये ( १७ ) दोहार्थ ॥ सहितशत्रुहन मोको बनपठाइये आपु फिरिकै सबको सनाथकरिये नतरु दोनों बन्धु फिरिये बनको मैं आपुकेसाथ चलौंगो ( १८ ) नतरु हमतीनिउभाई बनकोजाँय अरु आपुसहित श्रीजानकीजी फिरिकै सबको सनाथकरिये ( १९ ) हे प्रभु करुणा के सागर ज्यहिप्रकारते आपुकर मनप्रसन्नहोइ सोईकरिये पाछे यह सिद्धांत कहोचहौं ( २० ) हेदेव सबभार मोरे ऊपर दीन है अरु मोरेधर्म्मकीनीतिकर विचारनहीं है ( २१ ) यह ज्यतने वचन मैं कहे हैं त्यतने सब स्वार्थहेतुकहेहैं काहेतेकिजेआरत हैं ते चैतन्यह्वैकैनहीं कहते हैं अचेत हैं ( २२ ) विनारजाय जो स्वामीकोकौनिहुबातकर उत्तरदेयतौ त्यहिसेवकको देखिकै

बनतीनिहुभाई बहुरियसीयसहितरघुराई १९ ज्यहिबिधिप्रभुप्रसन्नमनहोई करुणासागरकीजियसोई २० देवदीन्हसबमोकहँभारू मोरेनीतिनधर्म्मबिचारू २१ कहौंबचनसबस्वारथहेतू रहतनआरतकेचितचेतू २२ उतरदेइबिनुस्वामिरजाई सोसेवकलखि लाजलजाई २३ असमैंअवगुणउदधिअगाधू स्वामिसनेहसराहतसाधू २४ अबकृपालुम्वहिंसोमतभावा सकुचिस्वामिमनजायनपावा २५ प्रभुपदशपथकहौंसतिभाऊ जगमंगलहितएकउपाऊ २६ दो०॥ प्रभुप्रसन्नमनसकुचतजिजोज्यहिआयसुदेव सोशिरधरिधरिकरहिंसबमिटहिअनटअवरेव २७ चौ०॥ भरतबचनशुचिसुनिसुरहर्षे साधुसराहिसुमनसुरबर्षे २८ असमंजसबशअवधनिवासी

लज्जा लजायजाती है ( २३ ) अस अवगुण को अगाध समुद्रएक मैं हौं अरु स्वामी अपने शीलसुभाव स्नेहते मोको साधुसराहते हैं ( २४ ) हे कृपालु अबमोको सोमत भावत है जाते आपुकरमन संकोचकोन प्राप्तिहोइ ( २५ ) अब मैं प्रभुके चरणकै शपथकरिकै कहतहौं सम्पूर्ण जगत् के मंगलहित एक उपाय है सो मैं कहत हौं ( २६ ) दोहार्त्थ ॥ हे प्रभु सकोचतजिकै ज्यहिको जसआज्ञा आपुदेव सोप्रसन्नह्वैकै शीशपर धरिकै करहि सम्पूर्ण अनट जे हैं त्यहिको अवरेब सब मिटिजाइहि मंगलमय होइगोअनटकही कैकेयी को बरदान अवरेबकही त्यहिकरिकै सबको क्लेश सो ऐसो अरुझ्यउ है काहूके निवारिबेयोग्य नहीं है सो भरत कहते हैं किआपुकी रजायते सब मिटि जाइगो ( २७ ) जब भरतजूकहा कि रामरजाय राखेते हमार सबकर भला है यह सुनिकै देवता अतिहर्षिकै फूलबर्षतेहैंसाधुसराहिकै स्तुति करते हैं आपनस्वार्थ सिद्धि जानिकै ( २८ ) सम्पूर्ण अवधबासिनको असमंजस होतभयो है अरु तपस्वी बनवासी प्रमुदितहोतभये हैं ( २९ ) भरत के बचनसुनिकै श्रीरघुनाथजी संकोचिकै चुपह्वैरहे हैं प्रभुकैगति देखिकै सबसभा शोच में मग्नह्वैरही है ( ३० ) त्यहिअवसरमें जनकके दूतआये हैं तब वशिष्ठजी बोलाइलेत भये हैं ( ३१ ) तेदोऊदूत वशिष्ठ अरु श्रीरामचन्द्रको प्रणामकरिकै श्रीरामचन्द्र को वेष देखिकै अति दुखितभये हैं ( ३२ ) दूतनते मुनिवर बूझते हैं कि राजा विदेहकी कुशलकहौ ( ३३ ) जब वशिष्ठजीने दूतनते विदेहकी कुशलबूझी सो सुनिकै चरजे हैं दूतते महिविषे माथनाइकै हाथजोड़िबोलते भये हैं ( ३४ ) दूत कहते हैं हेगोसाई राउरकर सादरते पूंछबसोई कुशलको हेतुहै पुनियुक्तिकरिकै अर्थकरतहैं राउरकर पूंछब सोई कुशलहै नतुकुशलकेहेतुजो श्रीरामचन्द्र

३४ प्रमुदितमनतापसबनबासी २९ चुपहिरहेरघुनाथसकोची प्रभुगतिदेखिसभासबशोची ३० जनकदूतत्यहिअवसरआये मुनिबशिष्ठसुनिबेगबोलाये ३१ करिप्रणामतिनरामनिहारे वेषदेखिभये निपटदुखारे ३२ दूतनमुनिवरबूझियबाता कहहुबिदेहभूपकुशलाता ३३ सुनिसकुचाइनाइमहिमाथा बोलेचरबरजोरेहाथा बूझबराउरसादरसाईं कुशलहेतुसोभयउगोसाईं ३५ दोहा॥ नाहितकोशलनाथकेसाथकुशलगैनाथ मिथिलाअवधबिशेषतेजगभासकलअनाथ ३६॥ * * * * * *

चौ० कोशलपतिगतिसुनिजनकौरा भयेसबलोगशोकवशबौरा १ ज्यहिदेखात्यहिसमयबिदेहू नामसत्यअसलागनकेहू २

हैं ते गोसाईभये हैं संन्यासधर्म्मलीन है ( ३५ ) दोहार्त्थ॥ आपुको सादरपूंछब सोईकुशल है नतु कुशल तोकौशलनाथहिके साथगई है परमिथिला अवध विशेषकै नतु अनाथ तौ सबजग भयो है राजाके शरीर त्यागेते राज्यभरि अनाथभयो है ३६॥ इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलि कलुषविध्वंसने श्रीअयोध्याकाण्डेसर्वसभा भरतउत्तरदूतागमन-वर्णनंनामैकोनविंशतिस्तरंगः १९॥ :: :: ::

दोहा॥ जनकआगमनप्रेममय जनकरुणाकरदीसरामचरणआश्रमउदधिमिलीतरंगमबीस २० दूत कहते हैं कौशलपतिकीगति जनककीओरसुनिकैसब लोगबावरेह्वैगये हैं ( १ ) त्यहिसमयविषेजिनविदेह को देखा है तहांसत्यनाम असकाहूकोनहींलागहैतहांजनकजीकेतीनिक्रियानामहैं केवलपितातेउत्पन्नभये हैं ताते जनककही अरु राजानिमिके शरीरमथेते उत्पन्नभयेहैं तातेमिथिलेशकहीकामते उत्पन्न नहीं भये हैं तातेविदेहकही अरुराजाकर नाम सीरध्वजहै तहां कोशलपतिकी गति सुनतसन्ते विदेह जो रहे है ताते साक्षात् विदेह भये हैं देहकी सुधिनहींरही तहां राजा ज्ञानकरिकै विदेहरहे हैं देहकरिकै विदेह नहींरहे हैं त्यहि अवसरविये विदेह ते विदेह ह्वैगये हैं ऐसोसत्यनाम एकजनकविषे लाग है असकाहूको नहींलाग है जैसे कोई दुइचारि गांवको पति है अरु दुनियापतिनाम है सो सत्यनामनहीं है अरु राजा विदेहनाम सो विदेहै ह्वैगये हैं ( २ ) रानी कै कुचालु राजासुनिकै बिनु मणिफणिकी नाईं बिकल होतभये हैं ( ३ ) राजै यहसुना किभरत को राज्य श्रीरघुनाथजी को बनभयो है तब कोई राजहिंहरासकही सबप्रकार ते हृदय में हारिगये हैं ( ४ ) तब राजा मंत्रिनकै समाज करिकै बूझत हैं कि बिचारिकै कहौ का कर्तब्य है ( ५ ) अवधकर असमंजस दोऊ

रानिकुचालिसुनतनरपालहि सूझनकछुजिमिमणिबिनुब्यालहि ३ भरतराजरघुबरबनबासू भामिथिलेशहिंहृदयहरासू ४ नृपबूझ्यउबुधसचिवसमाजू कहहुबिचारिउचितकाआजू ५ समुझिअवधअसमंजसदोऊ चलियकिरहियनकहकछुकोऊ ६ नृपहिधीरधरिहृदयबिचारी पठयेअवधचतुरचरचारी ७ बूझिभरतगतिभावकुभाऊ आयहुबेगिनहोहुलखाऊ ८ दोहा॥ गयेअवधचरभरतगतिबूझिदेखिकरतूति चलेचित्रकूटहिभरत चारचलेतिरहूति ९ चौ०॥ दूतनआइभरतकैकरणी जनकसमाजयथामतिबरणी १० सुनिगुरुपुरजनसचिवमहीपति भेसबशोचसनेहबिकलअति ११ धरिधीरजकरभरतबड़ाई लियेसुभटसाहनीबोलाई

असमंजसकही श्रीरामबनगवन भरतकै राज्य सो समुझिकै कोई कछुकहिनहींसकै है कछु बिचार में सिद्धांत न भयो ( ६ ) तब राजै धीर्य्यधरिकै चारिचरकही दूत अयोध्या को पठये हैं ( ७ ) राजा कहतभये हैं हेदूतहुश्रीरामचन्द्र विषे भरतकर भाव कुभाव तुम समुझिकै शीघ्र चलेआवहु कोई जानि न सकै ( ८ ) दोहार्थ॥ तहां चारिउचर जे दूत ते अयोध्याकोजल्दपहुंचेजाइ एकदिन रहिकै भरतकरभाव श्रीरामचन्द्र विषे अच्छीप्रकार देखिकै जानिकै भरतजी सहित समाज श्रीरामचन्द्र के मनाइबेको श्रीचित्रकूट को चले यह देखिकै दूततिरहुत को चले ( ९ ) दूतनआइकैराजा के समाजबिषे भरतकै करणी अपनीमतिके अनुसार बर्णी यहदूतनकीबाणी गुरुमंत्री महीपति सुनिकै मनविषे अतिबिकल होतभये हैं ( १० ) गुरु अरुपुरजनमहीपति समेतसब शोचमेंबिकलह्वैगये हैं ( ११ ) तबधीरजधरिकै भरतकैबड़ाई बारबारकरिकैसाहनी जे हैं घोड़ेरथ हाथीतिनकेदरोगा अरु सुभट तिनको बोलायलेतभये ( १२ ) घरपुर देशमें रखवारराखिकै घोड़ेरथ हाथीतुरंग तैयार करतभये हैं ( १३ ) तबदुघड़ी साधिकै तत्काल चलतभये मगविषे मुकामकहूँ नहीं कीन है ( १४ ) आज भोर हीं प्रयागस्नानकरिकै श्रीयमुनाउतरैलागे हैं ( १५ ) हे नाथ हमको खबरिलेनकोपठाये हैं यतनाकहिकै महिविषे माथनाइकै प्रणामकरतभये हैं ( १६ ) यहलोकबाणी है छः सातक किरातदूतनके संगकरिदीन अरु बिदाकीन ( १७ ) दोहार्त्थ॥ हेपार्वतीतबजनककोआगमनसुनतसन्तेसम्पूर्णअयोध्याकै समाजहर्षितभयेरघुनन्दन को संकोचभयो इन्द्रकोशोचभयो है ( १८ ) जनककरआगमन

१२ घरपुरदेशराखिरखवारे बेगितुरगरथसाजिसँवारे १३ द्विघरीसाधिचलेततकाला कियबिश्रामनमगमहिपाला १४ भोरहिआजुनहाइप्रयागा चलेयमुनउतरनसबलागा १५ खबरिलेनहमपठयेनाथा असकहितिनमहिनायउमाथा १६ साथकिरातछसातकदीन्हे मुनिवरतुरतबिदाचरकीन्हे १७ दो० ॥ सुनतजनकआगमनसबहर्षेअवधसमाज रघुनन्दनहिंसकोचबड़शोचबिबशसुरराज १८ चौ०॥गरइगलानिकुटिलकैकेयी

**काहिकहैक्यहिदूषणदेयी १९ असमनआनिमुदितनरनारी भयउबहोरिरहबदिनचारी २० यहिप्रकारगतबासरसोऊ प्रातनहाइलागसबकोऊ २१ करिमज्जनपूजहिंनरनारी गणपतिगौरिगिरीशतमारी २२ रमारमणपदबन्दिबहोरी विनवहिंअंचलअंजुलिजोरी २३ राजारामजानकीरानी आनँदअवधिअवधरजधानी २४ स्ववशबसहिपुनिसहितसमाजा भरतहिरामकरहिंयुवराजा २५ यह सुखसुधासींचिसबकाहू देवदेहुजगजीवनलाहू २६ दो०॥ गुरुसमाजभाइनसहित**

सुनिकै कैकेयीग्लानिबिषेगरीजाति है अपनी चूककासेकहै अरु क्यहिकोदूषणदेय ( १९ ) श्रीअयोध्यावासी जनककर आगमन मनमाआनिकै आनन्दसे कहते हैं कि चारिछःरोज और रहवभयो है ( २० ) ऐसेही हर्षशोकके विचारमें सो बासरबीततभयो है प्रातसमय सबलोग स्नान करतभये हैं ( २१ ) स्नानकरिकै सबलोगपंचांग गणेशगौरी शिवसूर्यकीपूजा करते हैं ( २२ ) पुनिविष्णुको पूजिकै स्त्री अंचलजोरिकै पुरुष करजोरिकै विनय करते हैं ( २३ ) राजाश्रीरामचन्द्र रानीश्रीजानकी जी आनन्दकी अवधिअवधरजधानी में होइँ ( २४ ) हे देवतहु यहवरदेहु श्रीअयोध्या फेरिस्ववशबसै श्रीरामचन्द्रराजाहोहिं अरु भरतको युवराजकरहिं ( २५ ) हे देवहुयहिसुखसुधाते सबको सींचिकै जगत् में जीवनकर लाभलेहु ( २६ ) दोहार्थ॥ गुरु अरुसमाज अरु भाइनसहित श्रीरामचन्द्र राज्यपर बैठहिं अरु त्यहिसुखमें हमारोशरीर छूटिजाइ यहवरदेहु ( २७ ) स्नेहमयबाणी पुरजननकै सुनिकै योगीजनजेहैं मुनीशजेहैं ते अपने योगज्ञानकी निन्दाकरते हैं ( २८ ) यहिप्रकारते नित्यकर्म्मपुरजनकरिकरि श्रीरामचन्द्र को प्रणामकरते हैं ( २९ ) ऊंचनीच मध्यम ऊंचब्राह्मणक्षत्रीवैश्य नीचशूद्रइत्यादिक यथायोग्य नरनारि अधिकारप्रति दर्शनकरते हैं ( ३० ) अरु श्रीरामचन्द्र सबको सावधान करिकै सन्मानकरते हैं ( ३१ ) लरिकाईते रघुवरकै बानिहै सम्पूर्ण अयोध्यावासिनका नीतिप्रीति पहिंचानिकै पालतआये हैं ( ३२ ) काहेते रघुराउ

**रामराजपुरहोहु अछतरामराजाअवधमरणमाँगुसबकोउ २७ चौ०॥ सुनिसनेहमयपुरजनबानी निदरहिंयोगबिरतिमुनिज्ञानी २८ यहिबिधिनित्यकर्म्मकरिपुरजन रामहिंकरहिंप्रणाममुदितमन २९ ऊँचनीचमध्यमनरनारी लहहिंदरशनिजनिजअनुहारी ३० सावधानसबहिनसनमानहिं सकलसराहहिंकृपानिधानहिं ३१ लरिकाईतेरघुबरबानी पालतप्रीतिनीतिपहिचानी ३२ शीलसकोचसिन्धुरघुराऊ सुमुखमुलोचनसरलसुभाऊ ३३ कहतरामगुणगणअनुरागे सबनिजभाग्यसराहनलागे ३४ हमसबपुण्यपुंजजगथोरे जिनहिंरामजानतकरमोरे ३५ दो० ॥ प्रेममगनत्यहिसमयसबसुनिआवतमिथिलेश सहितसभासंभ्रमउठेरबिकुलकमलदिनेश ३६ चौ०॥ भाइसचिवशुचिगुरुजनसाथा आगेगवनकीन्हरघुनाथा ३७ गिरिबरदीखजनकनृपजबहीं करिप्रणामरथत्यागयउ तबहीं ३८ रामदरशलालसाउछाहू पथश्रमलेशकलेशनकाहू ३९ मनतहँजहँरघुवरबैदेहीविनुमनतनसुखदुखसुधिकेही ४० आवत**

शील के समुद्र हैं अरु सबके सन्मुख हैं पाछे काहूको नहींदिहे हैं अरुसुलोचन कही सबपर कृपादृष्टि हैं अरु सहजहीसरलसुभाव है ( ३३ ) परस्पर यहकहिकहि अनुराग को प्राप्तिहोते हैं ( ३४ ) हमसबका पुण्यपुञ्ज के थोरे हैं बहुत हैं काहेते जिनको श्रीरामचन्द्र आपन जानते हैं ( ३५ ) दोहार्थ॥ त्यहिसमयविषे यहसुना कि मिथिलेश निकट आये तबसब कोई प्रेमतेमग्नहोतभये अरु रघुकुल कमल दिनेश जहां श्रीरामचन्द्र हैं त्यहिसहित सभासंभ्रम उठतभये हैं संभ्रमकही शरीरकर संभार नहीं रहा है ( ३६ ) तब श्रीजनकजीको आगेलेबेको श्रीरघुनाथजी गुरुभाई मंत्रिनसहितचलतेभये ( ३७ ) तहां जनकजीने कामदाजीको देखिकै प्रणामकरिकै रथको त्यागिदीन्ह्यउ है ( ३८ )

श्रीरामचन्द्र के दर्शन की लालसा के उत्सव करिकै श्रमकर क्लेश लेशहूमात्र नहींभयो हैं ( ३९ ) मगको क्लेश काहेते नहींभयो है सबकर मन तौ श्रीसीताराम विषेरहै अरु जो तनविषे मननहीं है तौ दुख कैसे होइगो ( ४० ) सहजस्नेह जो प्रेममदहै त्यहिते मदमाते जनकजी समाज संयुक्त मत्त यहिभांति ते चले आवते हैं ( ४१ ) आइकै दोऊ समाज निकट प्राप्तिभये अति अनुराग ते परस्पर मिलतभये हैं ( ४२ ) जनकजी मुनिके पद बन्दनाकरते हैं अरु जनक की ओर जे ऋषि है तिनके पदको बन्दना श्रीरघुनाथजी करते हैं ( ४३ ) भाइनसहित श्रीरामचन्द्रराजाको मिलिकै सहित समाज अपने आश्रमको लिवाइचले हैं ( ४४ ) दोहार्थ॥ श्रीरामचन्द्रकर आश्रम सोई समुद्र है अरु श्रीचित्रकूट अतिपावन शांतरसरूप सोई पूर्णपाथ है अरु जनककी सेनाकर श्रीरामचन्द्र

जनकचलेयहिभांती सहजसनेहप्रेममदमाती ४१ आयेनिकटदेखिअनुरागे सादरमिलनपरस्परलागे ४२ लगेजनकमुनिजनपदबन्दन ऋषिनप्रणामकीन्हरघुनन्दन ४३ भाइनसहितराममिलिराजहिं चलेल्यवाइसमेतसमाजहिं ४४ दो०॥ आश्रमसागरशान्तिरसपूरणपावनपाथ सेनमनहुंकरुणासरितलियेजातरघुनाथ ४५ चौ०॥ ढाहतज्ञानविरागकरारे वचनसशोकमिलतनदनारे ४६ शोचउसाससमीरतरंगा धीरजतटतरिवरकरभंगा ४७ विषमविषादतोरावतिधारा भैभ्रमभँवरअवर्त्तअपारा ४८ केवटबुधविद्याबड़िनावा सकइनखेइअइकनहिंआवा ४९ बनचरकोलकिरातबिचारे थकेविलोकिपथिकहियहारे ५० आश्रमउदधिमिलीजबआई

बिषे विरह सोई करुणारस नदी है ताते ज्ञान शांतरस प्रेममय जल ते पूर्ण है त्यहिनदी को श्रीरामचन्द्र आश्रम समुद्रकोलैचलेहैं जैसे भगीरथ गंगाको लैचले हैं ( ४५ ) तहां करुणारूप नदी अतिजोरतेचली है सबकरज्ञान वैराग्य दौ कगार ढाहत चलीजाती है अरु शोकसंयुक्त जहांतहां वचन कहते हैं सोई मानहुं नदनार मिलते हैं ( ४६ ) अरु शोच जो है सोई पवन है अरु शोचकरिकै ऊबि कै उसास जो लेते हैं सोई करुणा नदीविषे तरंग उठती जाती हैं ( ४७ ) बिषम जो विषाद है सोई जोरधारातोरावतजाती है अरु भय जो है सोई भंवर है भयकही डरिगये हैं कि बिधाता धौं काकरैगो अरु भ्रम जो है सोई आवर्त्त है भ्रमकही श्रीरामचन्द्र फिरै अतर्ककही कहूं नदके खोह में अगाधजल घूमै है इहां दुख अगाध है ( ४८ ) अरु बुध जो पण्डित हैं तेई केवट हैं अरु उनकी विद्यासोई नाव हैं अरु त्यहिनावको खेइनहीं सकते हैं काहूकै विद्या नहींचलि सकै है अइककही कौनिउयुक्ति नहीं आवति है का करौं नदी अति जोर है ( ४९ ) अरु करुणा बिरहरूप नदी के पारजोबेको पथिकचाही सो बनचर कोलकिरात हैं ते बिचारे का करैं हृदय में हारि गये हैं तेभी धीर्य नहींधरिसकते हैं सो कैसे पारपावैं ( ५० ) जैसे भारी नदी समुद्र को मिलै तब समुद्र अकुलाइकै उठै है तैसे सेनाकै करुणारूप नदी जब श्रीरामाश्रम समुद्र को मिलीजाइ तब सम्पूर्ण समाज अकुलाइ उठतभये हैं ( ५१ ) शोक ते बिकल होतभये हैं दोऊसमाज में काहूको ज्ञान धीर्यनहींरह्यो है ( ५२ ) दोऊसमाज शोककरते हैं श्रीदशरथ महाराजकर शीलसुभाव गुण कहि कहि शोकसमुद्र में अवगाहबककही डूबते उतराते हैं ( ५३ ) छन्दार्थ॥ श्रीरामाश्रम सोई शोक को समुद्रभयो है त्यहिविषे श्रीअयोध्या के नर

मनहुंउठ्यउअम्बुधिअकुलाई ५१ शोकबिकलदोउराजसमाजा रहानज्ञाननधीरजलाजा ५२ भूपरूपगुणशीलसराही शोचहिंशोचसिन्धुअवगाही ५३ छं०॥ अवगाहिशोकसमुद्रशोचहिंनारिनरव्याकुलमहा दैदोषसकलसरोषबोलहिंबामविधिकीन्ह्योकहा ५४ सुरसिद्धतापस

योगिजनमुनिदेखिदशाविदेहकी तुलसीनसमरथकोउजोतरिसकहिसरितसनेहकी ५५ सो० ॥ कियेअमितउपदेश जहँ तहँलोगनमुनिबरन धीरजधरियनरेशकह्यउवशिष्ठ विदेहसन ५६॥ * * * *

चौ०॥ त्यहिकिमोहममतानियराई यहसियरामसनेहबड़ाई १ विषयीसाधकसिद्धसयाने त्रिविधजीवजगवेदबखाने २ रामसनेह

नारि अवगाहब कही बूड़त उतरात हैं दोष देकै रिसाइकै सबकहते हैं कि वामविधातैं धौं का कीन है (५४) सुरसिद्ध मुनीश योगीशजनजेहैं इत्यादिक विदेहजी की सबदशा देखिकै ऐसो कोई नहींसामर्थ्यरह्यो जो स्नेहनदी के पारजाइसकै (५५) सोरठार्थ॥ तब वशिष्ठादिक मुनीश्वर सब लोगन को अनेक उपदेश करते हैं अरु कहते हैं हे विदेहजी धीरजधरियेजिन जनकको ज्ञान सूर्यवत् है अरु वचन किरणि है अरु अनेक मुनि कमल हैं (५६) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसने श्रीअयोध्याकाण्डे द्वौसमाजविरहवर्णनंनाम विंशतिस्तरंगः २०॥

दो०॥ जनकसमाजविवेकमयगुरुवशिष्ठप्रभुबात रामचरणयकविंशमेंनीतितरंगसोहात २१ जिन जनककर ज्ञान सूर्यवत् जिनजनक को मोह ममता नहीं समुहायसकै है यह श्रीसीतारामचन्द्र के स्नेहकीबड़ाई है (१) तहां तीनिप्रकार के जीव जगत् में हैं विषयी अरु साधक जे मुमुक्षू अरु एक सिद्धकही मुक्त हैं अरु एककैवल्य अरु एकनित्य तहां तीनिप्रकार के जविजगमें हैं विषयी अरु साधक जे मुमुक्षु अरु एकसिद्ध जे जीवन्मुक्त हैं अरु कैवल्य अरु नित्य तहां कैवल्य नित्य ये द्वौ जगत् ते मुक्तहोगये हैं तहां नित्यकही जे श्रीरामचन्द्र के समीपपर विभूतिविषे रहते हैं लक्ष्मण भरत शत्रुहन हनुमान् इत्यादिक अरु कैवल्यकही जे ब्रह्मास्मि सायुज्यमानते हैं तामें मतकरिकै दुइभेद हैं विशिष्टाद्वैतविषे परमेश्वर के अंग के अलंकार ह्वैकै रहते हैं अरु अद्वैतविषे जीव ब्रह्मकी एकतामानत हैं तहांदूनो शुद्धजीवै तत्व हैं पुनि विषयी साधक सिद्धकहते हैं ये तीनि जगत् में विषयी जीव में तीनिभेद हैं एक पामर विषयी हैं जिनको ईश्वरकरज्ञानै नहीं है अरु एकबद्ध विषयी हैं सदा शास्त्र पढ़ते हैं सुनते हैं सब जानते हैं कहते हैं अपनाको धिग्मानते हैं पर प्रथमते अरु अन्तताईविषयकर अनुसन्धान बनारहत है अरु विषयिनि है शास्त्रपढ़त अरु बांचत ईश्वरकर ज्ञानहोत है परकेवलविषयकी वासना आद्यन्तपर्यन्त ताईबनी है पुनि साधककही जेमोक्षकै साधनाकहैं मुमुक्षुज्ञानै चारिभेद हैं

सरिसमनजासू साधुसभाबड़आदरतासू ३ सोहनरामप्रेमबिनुजानूकर्णधारबिनुजिमिजलयानू ४ मुनिबहुबिधिबिदेहसमुझाये राम

विषयशील मुमुक्षुकृपाशील मुमुक्षु है मननशील मुमुक्षु मुक्तशील मुमुक्षुतहां विषयशील मुमुक्षु विषय को उपाय करते हैं भगवत् भागवत में लगायदेते हैं आपु वैराग्य ज्ञान बने हैं पुनि कृपाशील अनेक भगवतकर्मकरिकै अर्पणकरिदेते हैं आपु शुद्धवैराग्य में आरूढ़ हैं पुनि मननशील शस्त्रकाविचार सारासार अहर्निश करते हैं सारकर ग्रहण असारकरत्याग तीव्र वैराग्य में आरूढ़ हैं पुनि मुक्तशील कही सनकादिकनकी दशा में अनुसन्धानकरते हैं तीव्रतर वैराग्यमें आरूढ़ है पुनि सिद्ध जे मुक्त हैंतिनमें तीनि भेद हैं एक जीवन्मुक्त जनक वशिष्ठ विश्वामित्र बामदेव इत्यादिक अरु विदेह मुक्त दत्तात्रेय जड़भरत ऋषभदेव इत्यादिकअरु सनकादिक शुकदेव नारदइत्यादिक जीवन्मुक्त विदेहमुक्त दूनों दशा में हैं तीनों के एकैतत्त्व है पर ये तीनोंप्रकार के जीव जगकही प्रकृतिमण्डल में हैं यह वेद कहते हैं इत्यर्थः (२) यहि नीतिविषे ज्यहिकर स्नेह श्रीरामचन्द्र के चरणारबिन्द विषे अधिक है सन्तनकी सभाविषेतेहीकर आदर है (३) श्रीरामचन्द्र के स्नेह बिना ज्ञाननहीं शोभित है अरु जे ज्ञानके सिद्धान्त को प्राप्त हैं अरु श्रीरामचन्द्र के चरणारविंदविषे अखण्डप्रेम हैं ते सन्तनकी सभाविषे अग्रणीय हैं अरु जो श्रीरामचन्द्र विषे प्रेमनहीं है तौ बहैज्ञान अशोभित है जैसे बिनाकर्णधार कीनाव जहांचाहै तहां बहिजाइ (४) ऐसे ही वशिष्ठजी विदेह को बहुतभांति समुझाइकै सबलोग श्रीरामघाट स्नानकरतभये हैं (५) सबनर नारि शोकते बिकल हैं त्यहिदिन निर्जल रहतभये हैं (६)

त्यहिदिन पशु खग मृगन आहार नहींकीन है अपरकर कौन बिचार है ( ७ ) दोहार्थ॥ हे पार्बती निमिराज समाज रघुराज समाज दोऊसमाज प्रातस्नानकरिकै सामबटतर बैठतभये हैं मन गात कृश ह्वै गये हैं ( ८ ) जे अवधमिथिलापुरबासीब्राह्मण ब्रह्मवेत्ता हैं ( ९ ) अरु हंसकही सूर्यबंश अरु जनक के पुरोधक कही उपरोहित श्रीवशिष्ठजी शतानन्दजी जिन यहिजगत् जो मायाकरजाल है त्यहिविषे परमार्थ अच्छीतरह से शोधिराख्योहै ( १० ) ते अनेक

घाटसबलोगनहाये ५ सकलशोकसंकुलनरनारी सोबासरबीत्यउबिनुबारी ६ पशुखगमृगननकीन्हअहारा प्रियपरिजनकरकवन बिचारा ७ दो०॥ द्वौसमाजनिमिराजरघुराजनहान्यउप्रात बैठेसबवटबिटपतरमनमलीनकृशगात ८ चौ० ॥ जेमहिसुरदशरथपुरबासी जेमिथिलापतिनगरनेबासी ९ हंसबंशगुरुजनकपरोधा जिनजगमगपरमारथशोधा १० लगेकहनउपदेशअनेका सहितधर्म्मनयबिरतिबिबेका ११ कौशिककहिकहिकथापुरानी समुझायेसबसभासुवानी १२ तबरघुनाथकौशिकहिकह्यऊ नाथकाल्हि जलबिनुसबरह्यऊ १३ मुनिकहउचितकहतरघुराई गयोबीतिदिनपहरअढ़ाई १४ ऋषिरुखलखिकहतिरहुतराजूयहांउचितनहिंअशनअनाजू १५ कहाभूपसबसबहिसोहाना पाइरजायसुचलेनहाना १६ दो०॥ त्यहिअवसरफलफूलदलमूलअनेकप्रकार

उपदेश करनेलगे हैं धर्म नीति विवेक वैराग्यसंयुक्त ( ११ ) पुनि कौशिकजो विश्वामित्र हैं ते पुराणिकही वेदशास्त्र पुराणन की कथा कहिकहिकै सुन्दरि बाणी ते सबको समुझावते भये हैं ( १२ ) तब श्रीरामचन्द्रविश्वामित्रतेकहा हेनाथ काल्हि सब निर्जलरहे हैं ( १३ ) तबमुनि सब ते कहा कि श्रीरघुनाथजी उचित कहते हैं अढ़ाईपहर दिन बीतिगयो है ( १४ ) तब विश्वामित्रकर रुखनिरखिकै जनकजी ने कहा कि इहां हमको अन्नभोजन उचितनहीं है ( १५ ) भूपके बचनसुनिकै सबको नीकलागहै वशिष्ठ की आज्ञापाइकै सबस्नानकरिबेको चले हैं ( १६ ) दोहार्थ ॥ सब लोग स्नान नेमकरिकै बैठे हैं तेहीसमय विषे श्रीरामइच्छा ते कन्दमूलफलफूल दल इत्यादिक कोल भिल्ल किरातादि अनेकबनचर विपुल कांवरिभरिभरि त्यावतभये हैं विश्वामित्र वशिष्ठ के आगे धरतभये हैं ( १७ ) चित्रकूट के पर्वत सब चारिउ फलके दाता हैं श्रीरामचन्द्र के प्रसाद कही कृपा ते ज्यहि को अवलोकतसन्ते सम्पूर्ण बिषाद नाशहोत है ( १८ ) सरसरिता बन भूमि विभागकही पृथक् पृथक् जनु उमंग अरु आनन्द अनुराग के स्वरूप हैं ( १९ ) बेलि विटप तृण सफल सफूल तिनपर मधुकर विहंग बोलते हैं अनुकूलकही मनके आनन्ददाता ( २० ) त्यहि अवसरविषे बनको अधिक उत्सव होतभयो है फलफूल दल सुधाके समानपरिपूर्ण ह्वै रहे हैं अरु शीतलमन्द सुगन्ध पवन बहते हैं ( २१ ) त्यहि

लैआयेबनचरबिपुलभरिभरिकाँवरिभार १७ चौ० ॥ कामदभयेगिरिरामप्रसादा अवलोकतअपहरतबिषादा १८ सरसरिताबनभूमिबिभागा जनुउमगतआनँदअनुरागा १९ बेलिबिटपसबसफलसफूला बोलतखगमृगअलिअनुकूला २० त्यहिअवसरबनअधिकउछाहू त्रिबिधिसमीरसुख दससबकाहू २१ जाइनबरणिमनोहरताईजनुमहिकरतिजनकपहुनाई २२ तबसबलोगनहाइनहाई रामजनकमुनिआयसुपाई २३ देखिदेखितरुवरअनुरागे जहँतहँ पुरजनउतरनलागे २४ दलफलफूलकन्दबिधिनाना पावनसुन्दरसुधासमाना २५ दो०॥ सादरसबकहँरामगुरुपठयेभरिभरिभार पूजिपितरसुरअतिथिसबलगेकरनफलहार २६ चौ०॥ यहिबिधिबीते बासरचारी रामनिरखिनरनारिसुखारी

२७ दुहुंसमाजअसिरुचिमनमाहीं बिनुसियरामफिरबभलनाहीं २८ सीतारामसंगबनबासू कोटिअमरपुरसरिससुबासू २९ परिहरिलषणरामबैदेहीज्यहिघरभावबामबिधितेही ३० दाहिनदैवहोइजबसबहीं रामसमीप

वनकी मनोहरता बर्णिबेयोग्य नहीं है जनु महि जनकके पहुनाई करतिहै काहेते महि श्रीजानकीजी की माता है ( २२ ) श्रीरामचन्द्र अरु मुनि अरु जनककी आज्ञा पाइकै सबलोग नहाय नहाय जनकजी के ओर केलोग सुन्दर तरु देखि २ उतरतभये हैं ( २३ ) तरुवरनको देखि देखि अनुरागभरिकै उतरतभये हैं ( २४ ) दलफल फूल कन्दमूल इत्यादिकनाना विधिके अति पावन सुधा के समान हैं ( २५ ) दोहार्त्थ ॥ सादरकही आदरते श्रीवशिष्ठजी विश्वामित्रजी से भराइ भराइ सबको पठवतभये हैं ते सब सुरपितर अतिथि पूजि पूजि फलाहार करनेलगे हैं ( २६ ) यही प्रकार ते चारिदिन बीततभये हैं श्रीरामचन्द्र को सब नरनारि देखिदेखिसुखीरहते हैं ( २७ ) दोऊसमाजके यहरुचिहै कि श्रीसीतारामचन्द्रके विना न फिरिये ( २८ ) परस्पर कहते हैं कि सीतारामचन्द्रकेसंग विषेबनबासकरी तोकोटिनइन्द्रपुरते सरससुख है ( २९ ) श्रीरामचन्द्र वैदेहीलक्ष्मण को परिहरिकै ज्यहि को घरसुहाय त्यहिके ऊपर विधताबाम है ( ३० ) तबजानिये कि दैव जोपरमेश्वर है सो दाहिन है जब श्रीरामचन्द्र के समीप हमारोबासहोय ( ३१ ) तीनिहूकाल श्रीरामचन्द्रकर दर्शन मुदमंगलकरमाला कही समूह है ( ३२ ) श्रीरामचन्द्र के गिरिबन थलकर अटनकहीफिरब अरु तपस्विनकेथल करदर्शन अरुकन्दमूल फलसुधासमभोजनकरहिंगे ( ३३ ) अतिसुखसंयुक्त दुइसातसम्मतकही चौदहवर्षपलसमबीति जायंगेश्रीसीतारामचन्द्रके संगविषेनजानिपरैंगे ( ३४ ) दोहार्त्थ ॥ दोऊसमाजयह कहते हैं कि यह भाग्य हम जो लोग हैं तिनको कहां है ऐसेकहिकहि श्रीरामचन्द्रके चरणारविन्द

बसीबनतबहीं ३१ मन्दाकिनिमज्जनतिहुँकाला रामदरशमुदमंगलमाला ३२ अटनरामगिरिबनतापसथल अशनअमियसमकन्दमूलफल ३३ सुखसमेतसम्मतदुइसाता पलसमहोइहिजानिनजाता ३४ दो० ॥ यहसुखयोगनलोगसबकहहिंकहाअसभाग सहजसुभायसमाजदोउरामचरणअनुराग ३५॥ * * * * * * * *

चौ०॥ यहिबिधिसकलमनोरथकरहीं बचनसप्रेमसुनतमनहरहीं १ सीयमातुत्यहिसमयपठाई दासीदेखिसुअवसरआई २ सावकाशसुनिसबसियसासू आयउजनकराजरनिवासू ३ कौशल्यासादरसनमानी आसनदीनसमयसमआनी ४ शीलसनेहसरसदुहुंओरा

विषे अति अनुरागहोत है ( ३५ ) इति श्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसने श्रीअयोध्याकाण्डद्वोसमाजवर्णनन्नामएकविंशतिस्तरंगः २१॥

दोहा ॥ दोउरनिवासमिलापबरदुइ अरुबीसतरंग । रामचरणदशरथजनकदुइपरशक्तिप्रसंग २२ दोउ समाज यहि प्रकार ते मनोरथ करते हैं जोपाछे कहिआये हैं तिनकेवचन प्रेममयमनको हरते हैं ( १ ) त्यहिसमयविषे श्रीजानकीजीकी माता श्रीकौशल्याजी के मिलाप हेतु दासी पठावती भई हैं सोदासी तुरन्तखबरि लैकैरानी से कहती हैं किसुन्दर अवसर है ( २ ) सावकाश सुनिकै श्रीसुनयनाजी श्रीकौशल्याजी केसमीप आवती भई हैं ( ३ ) श्रीकौशल्या जी अति आदरते सन्मानकरती भई हैं समयसम आसन देतीभई हैं श्रीसीतारामचन्द्र करनेमस मुझिकै ऊर्णबस्त्र को आसनदीन है ( ४ ) शील श्रीसुनयना की ओर अरुस्नेह श्रीकौशल्याकी ओर दोऊपरस्पर अतिशय देखिकै कुलिशजे कठोर हैं तेद्रवत हैं ( ५ ) रनिवासन के तनपुलकते शिथिल ह्वै गये हैं नेत्रनमेंजल भरिआये हैं नखनते पृथ्वी मैं खिंचावती हैं शोचकरती हैं ( ६ ) तब श्रीसीतारामचन्द्र की ऐसी मूर्त्ति ह्वैरही है जनुकरुणारस बहुवेषकोरूपबनाइकै बिसूरतकही चिंता करत है प्रेमदुइरसते उत्पन्नहोत है शृंगार अरु करुणारसविषे इहां करुणारस को प्रयोजन है

करुणारस वेषहैत्यहिको अवांतर प्रेममूर्तिमान् है इहां जनु हेतु उत्प्रेक्षा कह्यो है ( ७ ) तब धैर्य धरिकै श्रीजानकीजी की माता कहती हैं हे महारानी विधाताकैबुद्धि बांकी कहीटेढ़ी है जो दूधके फेन को बज्रकी ढांकीते फोरते हैं श्रीसीतारामचन्द्र दूधके फेन तिनको बज्रकै ढांकीबन तहां पठैकै क्लेश देतभयो है यहां वात्सल्यरसमें विधातामें दूषणकीन्ह है ( ८ ) दोहार्थ॥ देखिये तौ नीकजो पदार्थसुधा त्यहिको सुनाइ राख्यो है किसुधा है अरु देखिबेपीबेमें नहीं आवै है अरु बिकार जो गरलकही विष है सोप्रत्यक्ष

**द्रवहिंदेखिसुनिकुलिशकठोरा ५ पुलकशिथिलतनवारिबिलोचन महिनखलिखनलगींअतिशोचन ६ सबसियरामप्रेमकीमूरति जनुकरुणाबहुवेषबिसूरति ७ सीयमातुकहविधिबुधिबाँकी जोपयफेनुफोरफविढाँकी ८ दो० ॥ सुनियसुधादेखीगरलसबकरतूतिकराल जहँतहँकाकउलूकबकमानससकृतमराल ९ चौ०॥ सुनिसशोचकहदेविसुमित्रा विधिगतिसबबिपरीतविचित्रा १० जोसृजिपालैहरैबहोरी बालकेलिसमविधिमतिभोरी ११ कौशल्याकहदोषनकाहू कर्म्मबिबशदुखसुखक्षतिलाहू १२ कठिनकर्म्म**

किहे है अरु काकउलूकबक प्रत्यक्षजहां देखो तहांही हैं अरु हंसमानसरविषे सकृतकही कहूंकहूं सुनिबे में आवते हैं किंतु कैकेयी के मुखविषे सुधासुनत रहेहैं सोप्रत्यक्ष विषउगिलत भईहै अरु काकउलूकबक तहां बककैकेयीभई है अरु उलूक मंथरा भई है अरु काकदेवताभये गोसाईंजी कहाहै चौपाई॥ काकसमानपाकरिपुरीती छलीमलीनकतहुंनप्रतीती अरु मानस सकृतमराल अरु अपने मानस विषे हंसवत्विवेक वशिष्ठ सुमंतादिकन को सुनारहै सो यहि समय में काहूकर विवेकन देखिपर्‍यो है ताते विधाताकै सबकरतूति करालहै ताते श्रीरामचन्द्र को राज्याभिषेक सुनाइमात्र दियो है अरु बनवास प्रत्यक्ष दियो है इत्यर्थः ( ९ ) तबयह बात सुनिकै सुमित्रा जी कहती हैं यहसत्य है विधाताकैगति सबविपरीति कही उलटी है बिचित्र है नहीं जानीजातिहै काहेते श्रीरामचन्द्र श्रीजानकीजी को वनचाही कि नचाही सो विधातैने दीन्ह है ( १० ) जो विधाता सृजै है पालत है पुनि नाश करत है बालबुद्धी है बालककोऐसो खेलकरत है ऐसीमति भोरी है ( ११ ) इहां वात्सल्यरस विषे बिधाताको दूषण देती हैं तब श्रीकौशल्याजी बोलती भईहैं हेरानिहु तुमसत्यकह्यो है परकाहे को काहूको दोषदीजिये काहेते अपने कर्मके बशदुख सुख क्षतिकही हानिलाभ इत्यादि कर्माधीन होतजाते हैं तीनिहुं कालविषे यहां कौशल्याजी कर्मको प्रधानकीन है ( १२ ) अरु जो तुमकहती हौ कि बिधाताको दूषणहै सो यहिरीतिसे दूषण है काहेते कि कर्मकीगति अपनाको नहीं समुझिपरै है बिधाता जानत है सो जे जस कर्मकरते हैं ताको तसफल देतेहैं जैसे जो जैसोबीज बोवत है सो तैसोलुनत है ( १३ ) अरु विशेषतौ यह जानब कि ईशरजाय सबही के शीशपर है जो बिधाता उत्पत्तिकही उत्पन्नकरत है अरुथितिकही विष्णुपालन करते हैं अरु रुद्रप्रलय करते हैं अरु बिषमारि डारत है अरु असुत अमरकरत

**गतिजानुविधाता जोशुभअशुभकर्म्मफलदाता १३ ईशरजायशीशसबहीके उतपतिथितिलयविषहुअमीके १४ देविमोहवशशोचियबादी विधिप्रपंचअसअचलअनादी १५ भूपतिमरणजिअबउरआनी शोचियसखिलखिनिजहितहानी १६ सियामातुकहसत्यसुबानी सुकृतीअवधिअवधपतिरानी १७ दो० ॥ लषणरामसियजाहिंबनभलपरिणामनपोच गह्वरहियकहकौशिला**

है सो सब ईशरजाय जानब इहां ईश श्रीरामचन्द्र को कहाहै ताते रामरजाय सबके माथेपर है ताते काहूको दूषण न दीजिये श्रीरामरजाय अपेलजानब ( १४ ) हे देवि मोहकेवश बादिकही वृथाशोच करती हौ बिधिप्रपंच कही विधिके प्रपंच में ईशकैरजाय असअचल अनादिहै जस कहि आइनहै ( १५ ) श्रीकौशयाजी कहती हैं हेरानी जो भूपति कर मरबजियब मनविषे लाइत है तो आपनि हानि समुझिकै नतुईशकी रजाय ते मरणजीवन हानिलाभ दुखसुख यहि संसारविषे अमेट है ( १६ ) इहांश्रीकौशल्याजी की वाणी

विषे केवल शान्तरस सुनिकै योगेश्वर की रानी सुनयना बोलतीभई हैं महारानी यहसत्य तुमकस न कहहु काहेते किसुकृतकी अवधि मर्य्याद श्रीदशरथमहाराज जिनके सुकृत से परमेश्वर परब्रह्म श्रीरामचन्द्रआइकै पुत्रभये तिनकी तुमरानी ताते तुम्हार कहनायथार्थ है (१७) दोहार्त्थ॥ पुनि श्रीकौशल्याजी बोलतीभई हैं कि लक्ष्मणजी रघुनाथजी जानकीजी बनको जाहिं परणिामकही आगेभला है सबकार्य्य सिद्ध है पोचकही बेकारनहींहै गह्वरकही प्रेमते गद्‌गदबाणी कहती हैं मोरे भरतकरशोच है (१८) हे रानी ईशके प्रसाद अरु तुम्हारे आशीर्वादते चारिउ जे पुत्र हैं अरु पुत्रवधूजे हैं ते गंगाजल के समान निर्मल पावन बरोबरि हैं (१९) अरु मैं श्रीरामचन्द्रकै शपथकबहूं नाहीं कीनहैसो करिकै कहतिहौं हे सखी इहां सखी कही सर्वोपरिश्रेष्ठ सबप्रकारतुम हौ मैं सत्यभावसे कहतिहौं (२०) श्रीरामचन्द्रविषे भरतकर शीलविनयबड़ाई अरु भायप अरु भक्ति अरु भरोसभलाई (२१) नीतिप्रीति शील सकोच भरोस भक्तिभावशरणागत इत्यादिक जेतेगुण भरतके श्रीरामचंद्रविषे हैं ते कहतकैशारदाकी मति हीचिजाती है नहीं कहिसक्ती हैं जैसे तलाई की सीपीते कहूंसमुद्र उलचाजाइ है तैसे शारदाकै मति भरतकेगुणको का कहिसकै है (२२) अरु बारबार मोसे महीप कहा है कि भरत

मोहिभरतकरशोच १८ चौ०॥ ईशप्रसादअशीषतुम्हारी सुतसुतबधूदेवसरिबारी १९ रामशपथमैंकीननकाऊ सोकरिकहौंसखीसतिभाऊ २० भरतशीलगुणविनयबड़ाई भायपभक्तिभरोसभलाई २१ कहतशारदहुकैमतिहीची सागरसीपकिजाहिउलीची २२ जान्यहुसदाभरतकुलदीपा बारबारम्वहिंकह्यउमहीपा २३ कसेकनकमणिपारिखपाये पुरुषपरखियेसमयसुहाये २४ अनुचितआजुकहबअसमोरा शोकसनेहसयानपथोरा २५ सुनिसुरसरिसमपावनबानी भईसनेहशिथिलसबरानी २६ दो० ॥ कौशल्याकहधीरधरिसुनियदेविमिथिलेशि कोविवेकनिधिबल्ल-भहिंतुमहिंसकैउपदेशि २७ चौ०॥ रानिरायसनअवसरपाई आपनिबातकहबसमुझाई २८ राखहिंलषणभरतगवनहिंबन जोयहमतमानहिंमहीपमन २९ तौभलियतनसुकरहुबिचारी मोरेशोच

को कुलकर दीप जानेरहब (२३) सो भरतको मैं देखिलीन है कुल केप्रकाशकर्त्ता हैं काहेते कञ्चनकसेते जानाजात है अरु पुरुष समय पायकै सुभावते परखाजाइहै देखिये तौ ऐसी उपाधिविषे भरतजी ऐसे सावधान हैं (२४) यहकहना यथार्थ है परआजु यहिसमयविषे यहकहतसन्ते मेरोसयानप थोरह्वइजात है कि सब कोई यह जानैगो कि भरतजीराजाभये हैं ताते कौशल्याजी खुशामद करती हैं (२५) गंगाजल समबाणी सुनिकै स्नेहते शिथिल सबरानी भई हैं (२६) दोहार्त्थ। श्रीकौशल्याजीधीरज धरिकै कहती हैं हेदेविमिथिलेशि सुनहु विवेकके निधिकही समुद्र ऐसे श्रीजनकजी तिनकी तुम बल्लभाकही प्रियाहौ तुम मोको उपदेशकरिसकौहौ (२७) हेरानी अवसर पाइकै राजासे आपनीकी रीतिसे समुझाइकै कहब हमारी कही न समुझिपरै (२८) लक्ष्मणजी फिरहिंभरत जी श्रीरामचन्द्र के संगजाहिं यह मैं आपनि समुझि कहति हौं जो यहमत महीप मन में मानहिं (२९) जो यहमत होइ तौ यह विचारभला है काहेते मोरेमनविषेभरतकर शोचबहुत है (३०) काहेते भरतकेमनविषे श्रीरामचन्द्रविषे गूढ़स्नेहहैताते इहांरहेतेमोको नीकनहीं लागत है यहां यह अभिप्राय है कि राजाकीनाईं श्रीरामचन्द्रके विरहविषे कबहूंभरतजीशरीरको कदाचित्त्यागिन देहिं अरु लक्ष्मणजी श्रीरघुनाथजीकी सेवा अरु आज्ञा में बड़े धीर्य्यमान् हैं काहेते सर्वजीवनकेआचार्य्य हैं (३१) श्रीकौशल्याजीके सरलसुभाव अरु शान्तरस वात्सल्यरसते सानीबाणी सुनिकै सबरानी करुणारसविषेसानिरही हैं (३२) श्रीकौशल्याजीके बचनसुनिकै देवतन के आनन्दभयो

भरतकरभारी ३० गूढ़सनेहभरतमनमाहीं रहेनीकलागतम्वहिंनाहीं ३१ लखिसुभावसुनिसरलसुबानी सबभई मगनकरुणरससानी ३२ नभप्रसूनझरिधन्यधन्यधुनि शिथिलसनेहसिद्धयोगीमुनि ३३ सबरनिवासबिथकिरहिगयऊ तबधरिधीरसुमित्राकह्यऊ ३४ देवियामयुगयामिनिबीती

रामातुसुनिउठीसप्रीती ३५ दो० ॥ वेगिपायंधारियथलहि कहसनेहसतिभाइ हमरेतौअबईशगति कीमिथिलेशसहाइ ३६ चौ०॥ लखिसनेहसुनिबचनविनीता जनकप्रियागहिपायंपुनीता ३७ देबिउचितअसबिनयतुम्हारी दशरथघरनिराममहतारी ३८ प्रभुअपनेनीचहुआदरहीं अग्निधूमगिरिशिरतृणधरहीं ३९ सेवकराउकर्म्ममनबानी सदा

है कि हमारकार्य्य सिद्धिभयो है काहेतेकि श्रीकौशल्याजीको सिद्धान्तभयोकि श्रीरामचन्द्रबनकोजाहिंगे अबचाहैं श्रीलक्ष्मणजीसंगजाहिंचाहैं भरतजी जाहिंअससमुझिकै कहिकै फूलनकीवृष्टिकरते हैं अरुधन्यधन्य कहते हैं श्रीकौशल्याजी को विवेक अरु स्नेह देखिकै सुनिकै त्रिकालदर्शी जे योगी मुनि हैं ते प्रेमकरिकै शिथिलह्वैगये हैं ( ३३ ) अरु सबरनिवासबिशेषकै प्रेमतेथकितह्वैगई हैं तबधीरजधरिकै सुमित्राजी कहती हैं ( ३४ ) हेदेवी युगयाम कही दुइपहरराति व्यतीतभई तब श्रीकौशल्याजी सुनिकै प्रीतिसमेतबोलती भई हैं ( ३५ ) दोहार्थ॥ हेरानीबेग आश्रमकोजाइये हमारेतौईश की गति है कि सहायक मिथिलेश हैं यहां ईश श्रीरामचन्द्रको जानब अरुवात्सल्यरसमेंईश महादेवको ( ३६ ) स्नेहमयप्रबीण नीतिमय बचनसुनिकै सुनयनाजी श्रीकौशल्याजी के पुनीतचरण गहतीभई हैं ( ३७ ) पुनिकहती हैं किहे देविआपुकसन उचितबचनकहौ राजादशरथकीघरनीकही रानीहौ अरु श्रीरामचन्द्रकीमाता हौ सबउचित सुकृतकीमूर्त्तिहौ ( ३८ ) प्रभुजेबड़ेसामर्थ हैं ते अपनेनीचहु को आदरकरते हैं अग्निजोहै धूमको अरु गिरितृणको अपनेशीश पर धारणकिहे रहते हैं ( ३९ ) राउजो हैं जनकजी सो तौ आपुके मन बचन कर्मतेसेवक हैं अरु आपुके ऊपरतौ महेश भवानी सदासहाय हैं ( ४० ) अरु रौरेकही तुम्हारे योग्यजगत् में कोनहींहैं सूर्य्यकैसहाय कहूं दीपककरैहै ( ४१ ) सुनयनाजी कहती हैं हेमहारानी श्रीरामचन्द्रबनको जाहिंगे देवतनकर कार्य्यकरिकै श्रीअयोध्याजीमें अचलराज्य करहिंगे ( ४२ ) अमरनागनर श्रीरामचन्द्र के बाहुकेबलते अपने अपने थल में सुखपूर्वक बसहिंगे ( ४३ ) यहप्रसंग श्रीयाज्ञबल्क्यजीनेराजासे पूर्वही कहाहै सो हमश्रवणकीन्ह है हेदेविमुनिको बचन मृषानहीं

सहायमहेशभवानी ४० रौरेअंगयोगजगकोहै दीपसहायकिदिनकरसोहै ४१ रामजायंबनकरिसुरकाजूअचलअवधपुरकरिहैंराजू ४२ अमरनागनररामबाहुबल सुखबसिहैंअपनेअपनेथल ४३ यहसबजाज्ञबक्यकहिराखा देविनहोइमृषाऋषिभाषा ४४ दो०॥ असकहिपगपरिप्रेमअतिसियहितविनयसुनाइ सियसमेतसियमातुतब चलींसुआयसुपाइ ४५॥ * * *

चौ० ॥ प्रियपरिजनहिंमिलींबैदेही जोज्यहियोगभावत्यहितेही १ तापसवेषजानकीदेषी भासबबिकलबिषादविशेषी २ जनकरामगुरुआयसुपाई चलेथलहिंसियदेख्यउआई ३ लीन्हलाइउरजनकजानकी पाहुनिपावनिप्रेमप्राणकी ४ उरउमग्यउअम्बुधि

होत है ( ४४ ) दोहार्थ॥ हेपार्वति असकहिकै श्रीजानकीजीके निमित्तबिनय करती हैं कि आज्ञाहोइ तौ श्रीजानकीजीको आश्रमविषे लैजाउं पुनि आवहिंगी तब श्रीकौशल्याजी का आयसु पाइकै श्रीजानकीजीसमेत रानी आश्रमको आवतभई हैं ( ४५ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसने श्रीअयोध्याकाण्डे द्वौरनिवाससमाजबिरहबिवेकमयबाणीबर्णनंनामद्वाविंशतिस्तरंगः २२॥

दोहा ॥ तेइससुभगतरंगमें जनकरानिसंबाद प्रेमबिवेकविरागमयरामचरणरतिबाद २३ आश्रमविषे जाइकै प्रियपरिजननको श्रीजानकीजी परस्पर मिलतभई जो ज्यहियोग्य हैं त्यहिको तैसेहीभावते अनेक रूपधरिकै मिलतभई हैं परकाहू यह भेदनहीं जान्यो हैं ( १ ) तापसवेष श्रीजानकीजी को देखिकै सबविशेष विषाद में बिकलहोतभये हैं ( २ )

त्यहिसमयविषे जनकजी श्रीरामआश्रममें रहेहैं तब श्रीरामगुरु जो श्रीवशिष्ठजी तिनकी आज्ञापायकै आश्रमको आगतभये हैं श्रीजानकीजी को देखतभये हैं ( ३ ) तबजनकजी जानकीजीको उरमें लगाइलीन्हहैं मानहु प्रियपाहुनिपावाहै परकैसी पाहुनिहैं पावनिकही निर्मलप्रेमरसजो है त्यहिके पानकी करनहारी पाहुनिहै ( ४ ) इहां विलक्षणं उक्तिकी उपमा गोसाईकह तेहैं तहां जनकजू यह बिचाराहै कि जानकीजी पाहुनिअति बड़ी हैं अरु अतिप्रिय हैं अरु केवल निर्मल पराप्रेमकी गाहकहैं यह समुझिकै उर उमंग्यउ अनुरागको अम्बुधि तब जनकके हृदयविषे अनुरागकोसमुद्र उमगत भयोहै तहां भूपकर मनमानहु प्रयागभयो है इहांफल उत्प्रेक्षालंकारजानब ( ५ ) प्रलयकालविषेसमुद्र उमंगत है तहां प्रयागविषे अक्षयवट जलके संगकछुऊंचबढ़त जात है त्यहिकी उपमा श्रीगोसाई यहि प्रसंगबिषे कहते हैं पाछेकी चौपाई में जो कहाकि उरउमंग्यउअंबुधि अनुरागू इहां शांतरस सो जनककर ज्ञानसर्वकर्मको फल त्यहिको फलअनुरागकही प्रीतिमय पराभक्ति श्रीजानकीजी विषे सो हृदय ते उमंग्यउ हैतहां प्रलयकाल में अक्षयबट जलके संगही बढ़त हैं इहां श्रीजानकीजी

**अनुरागू भयउभूपमनमनहुंप्रयागू ५ सियसनेहबटबाढ़तजोहा तापररामप्रेमशिशुसोहा ६ चिरंजीवमुनिज्ञानविकलजनु बूड़तलह्यउबालअवलम्बनु ७ मोहबिकलमतिनहिंविदेहकी महिमासियरघुरबरसनेहकी ८ दो० ॥ सियपितुमातुसनेहबशबिकलन**

विषे जनकजीकर अनुराग के अन्तर स्नेह बढ़्यो है सोई अक्षयबट है सनेहकही लयको इहां वात्सल्य करुणारस त्यहिको स्वाद स्नेह अरु अक्षयबट के एकपल्लवपर भगवान् बालरूपरहते हैं अरु इहां श्रीजानकीजी के स्नेह पर श्रीरामचन्द्र विषे वात्सल्यरस प्रेमदृढ़भयो है शांतरस युक्त सोई अक्षयबटपर शिशु है ( ६ ) तहां प्रलयकालविषे मार्कण्डेय जे चिरंजीव मुनि हैं ते उतिरातबूड़त विकल होइजाते हैं तब बालरूप जो भगवान् अक्षयबटपर हैं तिनकर अवलम्बन पाइकै बचिजाते हैं इहां श्रीजानकीजी परमानन्दमय मूर्तितिनके अनुराग समुद्रविषे जनकजीकर ज्ञान अखण्ड चिरंजीव मुनि बिकलह्वैकै डूबनेलगेउ है तब परब्रह्ममूर्ति श्रीरामविषे जनककर ज्ञान पराप्रेमको प्राप्तिभयो है सो अवलम्बनपाइकै ज्ञान डूबेते बचिगयो है ( ७ ) जो कोई कहै कि श्रीजानकीजी श्रीजनकजीकी कन्या हैं अरु श्रीरघुनाथजी जामाता हैं तहां अपने लरिकाकर दुखदेखिकै किसको शोक मोह नहींहोत है सो सत्य है पर जनकजी ज्ञानिन अरुयोगिनविषे अग्रणीय हैं श्रीसीतारामचन्द्र को परब्रह्म जानते हैं ज्ञानयोगकर फल श्रीसीतारामचन्द्र तिनको नीकीप्रकार ते जानते हैं ताते मोहविषे बिदेहकै मति विकलनहीं है यह सीतारामचन्द्रके स्नेहकै बड़ाई है काहेते जो श्रीसीतारामचन्द्र विषे विरह प्रेम नहोइअरु योगीज्ञानी लोमससनकादिकसमानहोइ सो बिना श्रीरामानुराग ज्ञानयोगकर्म्मअनन्योपासना सर्व स्वप्नको सुख है आकाश को फूल है शशा का शृंग है ऊषर कोबीज है बांझको बालक है इत्यादिक अनेक दृष्टांत हैं तत्र प्रमाणंश्रीमन्महारामायणे श्रीशिववाक्यंपार्वतींप्रति श्लोकएक॥ किंवर्णयामिविमलेबहुभि:प्रकारैः सीतापतेर्विगतज्ञानविशेषसर्वं ज्ञानंतदेवसुमनचयथानभोगंसत्यं वदामितदज्ञानसुखं च स्वप्ने ( ८ ) दोहार्त्थ॥ श्रीजानकीजी के मात पितुविरहते विकलभये संभारि नहींसकेहैं तब अपने हृदयविषे समयविचारिकै श्रीजानकीजी धीर्य्यधरतभई हैं ( ९ ) यहांजबजनकजीने आइकजानकीजीको देखाहै त्यहिबीच में पाँचचौपाई गोसाईंतुलसीदासजीने उत्प्रेक्षोप-

**सकियसँभारिधरणिसुताधीरजधरहु समयसुहृदयबिचारि ९ चौ० ॥ तापसवेषजनकसियदेखी भयउपरमसन्तोषविशेषी १० पुत्रिपवित्रकिह्यहुकुलदोऊसुयशधवलजगकहसबकोऊ ११ जिमिसुरसरिकीरतिसरितोरी गवनकीन्हविधिअण्डकरोरी १२ गंगअवनिथलतीनिबड़ेरे यइकिय साधुसमाजघनेरे १३ पितुकहसत्यसनेहसुबानी सीयसकुचगृहमनहुंसमानी १४ पुनिपितुमातुलीनउरलाई शिषआशिषहितदीनसुहाई १५ कहतिनसीयसकुचमनमाहीं इहांबसबरजनीभलनाहीं १६ लखिरुखमनकहतिहुतिराऊ**

मालंकारकहाहै पुनिठांवैंते कथाप्रसंगकहतेहैं श्रीजानकीजीको तापस वेषदेखिकै जनकजीको विशेष सन्तोषभयो है यहसमुझिकै कि श्रीरघुनाथजीको संगदीन है ( १० ) तबजनकजीबोले हे पुत्रि निमिवंशरघुवंश दोऊकुल तुम पवित्रकीन है तुम्हार सुयश अतिधवल कहीउज्ज्वल जगत्विषे सबकोई गावैगो ( ११ ) तोरिकीर्ति सुरसरिकी सरिसनिर्मल है तहां गंगाजीकर गमनएक ब्रह्माण्डविषे बिधातै कीन है अरु तोरिकीर्ति गंगारूप कर गमन करोरिकही कोटिनब्रह्माण्ड विषे है ( १२ ) तहां गंगाकर आगमनकेअवनिकही महिविषे तीनिथलबड़े हैं हरद्वार प्रयाग गंगासागर अरु तेरी कीर्ति गंगाविषे अनेक साधुनकी समाज बड़ेबड़े थलभये हैं ( १३ ) हे पावती पिताकी सत्यस्नेहमय वाणीसुनिकै श्रीजानकीजीकामन संकोच गृह विषे मनहु समायगयो है यहनीति है कि जो कोई बड़ाहै अरु अपनी बड़ाई यथार्थकरत है तहां बड़े संकोच पाइजाते हैं ( १४ ) तब पुनि माता पिता श्रीजानकीजीको उरविषे लगाइलीनहै आशीर्वाद सिखापन सुन्दर सुन्दर देतभये हैं ( १५ ) श्रीजानकीजी मनमें संकोचिकै कछुकहतीनहीं हैं कि इहांरात्री भरिटिकना उचित नहीं है काहेते कि माता पिता जहाँ हैं तहँ घर है जो इहांरात्रीभरि टिकैं तौ चौदहबर्ष में एक दिनको विक्षेपपरि जाइगो ( १६ ) तबराजा श्रीजानकीजीके मनको रुखलखिकै शीलसुभावधर्म बारबार अपनेहृदयविषे सराहते हैं ( १७ ) दोहार्थ ॥ तब राजारानी श्रीजानकीजी को बारबारमिलिकै भेंटिकै सन्मानकरिकै प्रवीण चारिदासी संगकरिकै बिदाकरतभये हैं तब रानी सुनयना समयपाइकै श्रीकौशल्याकी बात भरतकै रीति अपनेओर ते जाते कौशल्या कै कही नजानिपरै राजा से कहती हैं ( १८ ) तब भूपाल भरतकर व्यवहार सबसमुझिकै सो भरतकर व्यवहार कैसो है सोन सुगन्ध सोनकही अतिसुन्दर अरु सुगन्धमय है अरु चन्द्रमा कर सारभूत सुधामय भरतकर व्यवहार

**हृदयसराहतशीलसुभाऊ १७ दो०॥ बारबारमिलिभेंटिसियबिदाकीन्हसनमानि कहीभरतगतिसमयसम रानिसुबानिसयानि १८ चौ०॥ सुनिभूपालभरतब्यवहारू सोनसुगन्धसुधाशशिचारू १९ मूंद्यउनयनसजलपुलकेतनसुयशसराहनलगेमुदितमन २० भरतकथाभवबन्धबिमोचनि सावधानसुनुसुमुखिसुलोचनि २१ धर्म्मराजनयब्रह्मबिचारू इहांयथामतिमोरिप्रचारू २२ सोमतिमोरिभरतमहिमाहीं कहौंकहाछलिछुवतनछाहीं २३ बिधिगणपतिअहिपतिशिवशारद कविकोबिदबुधबुद्धि**

असजानिकै ( १९ ) तबगद्गद ह्वैकै सजल नेत्र मूंदतेभये हैं तनपुलकिआये हैं मुदितमन ते भरतकर सुयश रानी प्रतिसराहते हैं ( २० ) जनकजी कहते हैं हे सुमुखि सुलोचनि सुमुखिकही तुम सदा परमार्थ विषेसन्मुख हौ सुलोचनि कही तीनिहूंकाल विषे परमार्थ दृष्टि हैं सो तुम सावधान ह्वैकै मेरे सन्मुख सुनहु भरतकै कथा भवकर बन्धन बिमोचनकही नाशकरि देति है ( २१ ) हे रानी धर्मशास्त्र जो है राजनीतिशास्त्र जो है अरु ब्रह्मबिचारकही वेदांतशास्त्र जो हैं छहउशास्त्र जे हैं वेद जे हैं अरु यथामेरी मतिकर प्रचारकही बिचार जो है किंतु इनशास्त्रन विषे जो मेरीमतिकर बिचार है ( २२ ) सो शास्त्र जे हैं अरु मेरीमतिकर बिचारजो हैं सो भरतकी महिमाको कहाकहै छलिकही युक्तिउक्तिकरिकै छाहीं नहीं छुवैपावै है ताते मैं का कहौंगो ( २३ ) विधि गणेश अहिपतिकहीशेष अरु शिव शारदा अरु कवि जे हैं व्यास बाल्मीकि आदिक अरु बुध कही पण्डितवृहस्पति आदिकअपर जे बुद्धिके विशारद कही प्रबीण हैं ( २४ ) तहां भरतकर चरित करतूतिकही कर्तव्य अरु धर्मशील इत्यादिक अनेक जे निर्मल गुण विभूति भरत कै श्रीरामचन्द्र विषे है ( २५ ) ते भरतकर गुण समुझत सुनत कहत सबको सुखदाता है ब्रह्मा शिवादिक जे कहिआये हैं अरु सुरसरि जलके समान सबके रुचिउपजत है अरु भरतकर गुण अमृतहुकै निंदाकरते हैं काहेते कि अमृतपान देवतनकीन्ह है तेई अमरनाममात्र हैं अमरनहीं हैं काहे ते जब पुण्यक्षीण होत है तब स्वर्ग ते गिरिपड़ते हैं अरु सुरसरि कर जल परमपद देत है ( २६ ) दोहार्थ ॥ भरतकेगुण निरबधिकही मर्याद रहित हैं यहनहीं कहाजाइ कि भरत के गुण अर्बखर्ब इत्यादिक ताईं गनतीकरिये सो नहीं है अनगणित परमदिव्यगुण हैं अरु अनगणित परमदिव्य फल है तिनकै मर्य्यादनहीं है अरु भरत भरत के गुण निरूपमकही उपमा रहित हैं जैसे तौल को

बिशारद २४ भरतचरितकीरतिकरतूती धर्मशीलगुणविनयबिभूती २५ समुझतसुनतसुखदसबकाहू लोकलाभपरलोकनिबाहू २६ दो०॥ निरवधिगुणनिरुपमपुरुषभरतभरतसमजानि कहियसुमेरुकिसेरसम कविकुलमतिसकुचानि २७ चौ०॥ अगमसबहिं बरणतबरबरणी जिमिजलहीनमीनगणतरणी २८ भरतअमितमहिमासुनुरानी जानहिंरामनसकहिंबखानी २९ बरणिसप्रेमभरतअनुभाऊ तियजियकीरुचि लखिकहराऊ ३० बहुरहिंलषणभरतबनजाहीं सबकरभलनसबकेमनमाहीं ३१ देविपरन्तुभरत

सेरजो है त्यहिको सुमेरु के समान कहतसन्ते कबिन के कुलभरेकीमतिसकुचाती है जेती उपमा है सो सेरभरि है अरु भरतकर प्रभाव अतौल सुमेर है यह बिचारिकै कवि अनन्वयालंकार करिकै कहते हैं कि भरतकेसमान भरतै हैं ( २७ ) जो पाछे कहिआये हैं विधि गणपति अहि पति शिव शारद कवि पण्डित जेते बुद्धिके विशारद हैं तिनसबको वरवर्णीकही वरकही श्रेष्ठ वर्णीकही वर्णिबेको किन्तु वर्णीकही हे रानी भरतकर गुणकहिबेको अगम है जैसे जल ते हीनमीन कै गति थकित हैं पुनि जैसे मगविषे तरणी कही नावकीगति थकित हैं तैसे सबकैमति भरतकर गुण कहिबे को थकिरहती है ( २८ ) हे रानी भरतकै महामहिमा कर प्रभाव अपने प्रभाव ते अधिक मानते हैं काहेते आपु परमेश्वर हैं अरु भक्त जीव हैं ते मायाको त्यागिकै श्रीरामचन्द्र को भजते हैं ताते नहीं कहिसकते हैं ( २९ ) हेपार्वती प्रेमसमेत अनुभावकही अपने अनुभवते जनकजी भरतकर अनुभाव विभाव श्रीरामचन्द्रविषे कहिकै पुनि रानी के हृदय कै रुचि कहते हैं ( ३० ) जनकजी कहते हैं कि लक्ष्मणजी बहुरहिं कही फिरहिं अरु भरतजी श्रीरामचन्द्रजीके संगजाहिं यह सबकोसुखहै अरु सबकेमनमें हैं ( ३१ ) हे देवि परन्तु भरत अरु रघुवरकै परस्पर प्रीतिकै प्रतीति अतर्क्य है किसूके तर्कणाकरिबे योग्यनहीं है तर्ककही अर्थधर्म काममोक्ष त्यहिकै बासनालिहेप्रीति किंतु जगमें अयश मिटाइकै सुयशहेतु प्रीति इत्यादिक तर्कणारहितप्रीति भरतकै श्रीरामचन्द्र विषे है ताते अतर्क्यप्रीति श्रीराम में कहा है तहां कोई का कहैगो ( ३२ ) भरतजी स्नेहकै समताकही एकरस तैलवत्धार श्रीरामचन्द्र विषे त्यहिकै अवधिकही मर्यादा हैं अरु यद्यपि श्रीरामचन्द्र ममता के सींवकही मर्य्यादहैं तदपि सर्बजीवनपर भरत के स्नेह के आगे सबकै ममता छोड़िदेहिंगे जो भरतके मनमें होइगो सो श्रीरामचन्द्रजी

रघुवरकी प्रीतिप्रतीतिजाइनहिंतरकी ३२ भरतअवधिसनेहसमताकी यद्यपिरामसींवसमताकी ३३ परमारथस्वारथसुखसारे भरतनसपन्यहु मनहुंनिहारे ३४ साधनसिद्धिरामपदनेहू म्वहिंलखिपरतभरतमतयेहू ३५ दो०॥ भोरेहुभरतनपेलिहहिंसपनेहुरामरजाय करीनशोचसनेहबशकह्य-उभूपबिलखाइ ३६॥ * * * * *

करहिंगे अरु जो श्रीरामचन्द्र के मन में होइगो सो भरतजी करहिंगे यह अन्योन्य परस्पर स्नेहकै ममता अरु समता कै समता दुइसमुद्रको संगम कौनसामर्थ अलगाइसकैहै देखिये तौ श्रीरामचन्द्र थोरेस्नेह में रीझिजाते हैं ममताकही आपनकरिलेते हैं अरु भरतजी स्नेहकी अवधि हैं तिनकोतौ मनवचनकर्मते ममताकही अतिप्रीतिसे आपन किहेहैं अरु जाको यहिभांति आपन किहेहैं ते तौ सर्बकाल में स्वामीकै रुचिराखैंगे तहां कोई का कहैगो का करैगो तहां जिन श्रीरामभक्तन विषे पूर्ण शान्तरसहैं ताते अखण्डस्नेह होत है अरु करुणारसते प्रीतिममता होति है ( ३३ ) हे रानी परमार्थ अरु सुखकर स्वार्थयेईदुइ अर्थसारहैं लोकमें सवार्थसुखपरलोक में परमार्थ सुखपरमपदकर सुख सोतो भरतजीस्वपन्यहु नहीं निहारे हैं केवल श्रीरामचन्द्र के आज्ञानुकूल हैं ( ३४ ) हे रानी जहांतकमोक्षको साधन है त्यहिसबकरफल श्रीरामचन्द्रके चरणारविंदविषे स्नेह सोई भरतजीको सिद्धांतमत है हमकोतौ असदेखिपरत है ( ३५ ) दोहार्थ ॥ हेरानी श्रीरामचन्द्रकै रजायभरतजी सपन्यहु नहींटारहिंगे तातेस्नेह के बशते शोच न करिये बिलखाइकै

भूपकहतेभये हैं बिलखाइकही दुःखकरिकै ( ३६ ) इति श्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसनेश्रीअयोध्याकाण्डेदम्पतिसम्वादेपरमविवेकभावभक्तिभरतगुण-बर्णनन्नामत्रयोविंशतिस्तरंगः २३॥ :: :: :: :: :: :: :: :: ::

दोहा ॥ बीससुचारितरंगमें प्रभुवशिष्ठसम्बाद। रामचरणमुनिजनकमिलिभरतभक्तिरसस्वाद २४॥ हे गरुड़ श्रीरामचन्द्र अरु भरतकर गुण मिलिकै बारबार प्रीतिसोंबखानकरत भोरहोतभयो है ( १ ) तब दोउराजनकेसमाज प्रातसमयजागतभये स्नानकरिकै देवतनकीपूजाकरतेभये हैं ( २ ) तब श्रीरामचन्द्र स्नानकरिकै वशिष्ठ के समीप जातभये चरणबंदिकै कहते हैं ( ३ ) हे नाथ भरत पुरजन माता सब बनविषे दुःखित हैं ( ४ ) अरु सहित समाज जनक अरु आपु बनमेंदुःखितहौ ( ५ ) यहमैं आपुसे कहा है पर जस उचित होइ तस आपुकरहु सबकर हितकार आपुहीके हाथ

चौ०॥ रामभरतगुणकहतसप्रीती निशिसबनृपहिंसराहतबीती १ राजसमाजप्रातयुगजागे नाइनाइसुरपूजनलागे २ गेनहाइगुरुपहँरघुराई बंदिचरणबोलेरुखपाई ३ नाथभरतपुरजनमहतारी शोकबिकलबनबासदुखारी ४ सहितसमाजराजमिथिलेशू बहुतदिवसभासहतकलेशू ५ उचितहोइसोकीजियनाथा हितसबहीकररौरेहाथा ६ असकहिअतिसकुचेरघुराऊ मुनिपुलकेलखिशीलसुभाऊ ७ तुमबिनुरामसकलसुखसाजा नरकसरिसदुहुंराजसमाजा ८ दो०॥ प्राणप्राणकेजीवकेजियसुखके

है इहां यह अभिप्राय है कि सबको लैकै बिदाहोहु ( ६ ) असकहिकै श्रीरघुनाथजी सकोचिगये हैं काहेते कि गुरुनते बिना आज्ञाकहना शास्त्रकी आज्ञानहीं है तब श्रीरघुनाथजी कर शीलस्वभाव देखिकै मुनि पुलकिउठे ( ७ ) तब वशिष्ठजीबोले हे श्रीरामचन्द्र तुम तौ कृपालुहौ कस न असकहहु पर जब इहांसे हम घरको गये तब तुम हमसे छूटिगये अरु तुम्हारे छूटेते हमको अस समुझिपरत है कि तुम बिना दोऊराजन के समाज को सदननरक के सरिस है किन्तु हे श्रीरामचन्द्र तुम्हें बिनास्वर्ग मृत्युलोक दोऊराज्यकर सुख नरक के सरिस है ( ८ ) दोहार्थ ॥ हे श्रीरामचन्द्र तुम प्राणहुके प्राणहौ अरु जीवहुके जीवहौ ताते तुमकहँतजिकै ज्यहिको गृह सोहात है त्यहिपर बिधाताबाम है प्राणकही पांच प्राण अपान उदान व्यान समान त्यहिप्राणनकर प्राणजीव है त्यहिजीवकर जीव अन्तर्यामी ब्रह्म है त्यहिकर सुख ब्रह्मानन्द त्यहिकर सुख तुम हौ इहां यह अभिप्राय है कि बन में बसिकै श्रीरामचन्द्रकर भजनकरिये अरु जो बनबिषे भजनतजिकै गृह को विषय नीकलागै तौ त्यहि प्राणी पर बिधाताबाम है ( ९ ) सो कर्म धर्म जरिजाय ज्यहिविषे श्रीरामचन्द्रके पदपंकज विषे भाव न होइ अरु जो भावकरै तौ बनेरहैं ( १० ) अरु नेम यम प्रत्याहार आसन प्राणायाम ध्यान धारणा समाधि अष्टांग योग सोकुयोग है अरु आत्मज्ञान सो अज्ञान है जहां श्रीरामचन्द्र के चरणारविन्द विषे प्रेमकै प्रधानताकही मुख्यता न होइ सो बृथा है ( ११ ) हे श्रीरामचन्द्र जे तुम्हैं बिना अनेकभांति ते दुःखित हैं तिनहींको तुमसुखीहौ अनेकसुखदेते हौ अरु ज्यहिके जीवमें जौन है सो सबजानतेहौ हम बहुत का कहैं ( १२ ) पुनि वशिष्ठ जी विचारकरते हैं कि जो मैं कहा है ता विषे

सुखराम तुमतजितातसोहातगृहतिन्हैंबिधाताबाम ९ चौ०॥ सोसुखकर्म्मधर्म्मजरिजाऊ जहँनरामपदपंकजभाऊ १० योगकुयोगज्ञानअज्ञाना ज्यहिनहिंरामप्रेमपरधाना ११ तुमबिनदुखीसुखीतुमतेहीं तुमजानहुजियजोज्यहिकेहीं १२ राउरिआयसुशिरसबहीके बिदितकृपालहिगतिसबनीके १३ आपुआश्रमहिंधारियपाऊ भयेसनेहबिकलमुनिराऊ १४ करिप्रणामरघुनाथसिधाषे ऋषिधरिधैर्यजनकपहँआये १५ रामवचनगुरुनृपहिंसुनाये

**शीलसनेहसुभायसुहाये १६ महाराजअबकीजियसोई सबकरधर्मसहितहितहोई १७ दो०॥ ज्ञाननिधानसुजानशुचि धर्म्मधीरनरपाल तुमबिनुअसमंजसशमन कोसमरथयहिकाल १८**

श्रीरामचन्द्र को सन्देह होइगो कि जो वशिष्ठजी यहकहा कि तुम्हैं बिना सबनरकहै तौ हमको कब छोंड़ते हैं यहसमुझिकै वशिष्ठजी कहते हैं हे श्रीरामचन्द्र तुम्हार आयसु सबके शीशपर है आपुकै इच्छा है सबकोई फिरिजाहु तहां हम सोईकरहिंगे हेकृपालु सबके दुःख सुखकैगति आपुको नीकीप्रकारते विदित है सो जानेरहब ( १३ ) अब आपु आश्रमकोजाइयेयहकहिकै मुनिराज प्रेम ते शिथिल ह्वै गये हैं ( १४ ) तब श्रीरामचन्द्र प्रणामकरिकै जातभये हैं तब ऋषि धीरजधरिकै जनक के पास जातभये हैं जनकजी अतिआदर ते आसनदेत भये है ( १५ ) तब श्रीरामचन्द्र कै कही बात जनकजी से श्रीवशिष्ठजी कहतभये हैं श्रीरामचन्द्र कर शीलस्नेह स्वभाव सुन्दरकहा है ( १६ ) हेमहाराज सोई बातकरिये जाते धर्म सहित सबकर हितकारहोइ इहां यह अभिप्राय है कि जो श्रीरामचन्द्रआज्ञादेहिं सो करैं तौ सबकर धर्मरहैगो इहां वशिष्ठजी ब्रह्मा के पुत्र हैं अरु श्रीरामचन्द्र के गुरु हैं तहां जनकजी को महाराज क्यों कहा है श्रीरामानन्य योगीश्वरजानिकै कहा है ( १७ ) दोहार्थ ॥ ज्ञान के निधान अरु सुजानकही त्रिकालज्ञ अरु शुचिकही त्रैगुण्यमयी माया त्यहिते बाह्यांतरते त्याग वैराग्यकै अवधि अरु अष्टांग योगपूर्ण अरु धर्मविषे धीरधुरन्धर इनसबके ऐसे सबप्रकारते सामर्थ्य ते तुम्हैं बिना यहिकालविषे यह असमंजस कहीं नाशकर्त्ता दूसरनहीं है ( १८ ) मुनि के वचनसुनिकै जनकजी के अनुराग होतभयो है तब जनक कै दशादेखिकै ज्ञान वैराग्य को प्रापितभये हैं श्रीरामचन्द्रके अनुराग विषे ज्ञान वैराग्य दूरि ह्वैगये हैं ( १९ ) राजा स्नेह ते शिथिलह्वैगये हैं बिचारकरते हैं कि इहांकर आउब भलानहींभयो है ( २० ) काहेते कि महाराजदशरथजी जो श्रीरामचन्द्रजीकोबनजावे

**चौ०॥ सुनिमुनिबचनजनकअनुरागे लखिगतिज्ञानविरागविरागे १९ शिथिलस नेहगुणातमनमाहीं आयेइहांकीन्हभलनाहीं २० रामहिंराउकह्यउबनजानाकियेआपुप्रियप्रेमप्रमाना २१ हमअबबनतेबनहिंपठाई प्रमुदितफिरबविवेकबढ़ाई २२ तापसमुनिमीपगतिदेखी भयेप्रेमवशबिकलबिशेयी २३ समयससुझिधरिधीरजराजा चलेभरतपहस्त्रहितसमाज २४ भरतआइआगेह्वैलयऊ अवसरसरिससुआसनदयऊ २५ तातभरतकहतिरहुतिराऊ तुमहिंविदितरघुवीरसुभाऊ २६ दो०॥ रामधर्मरतसत्यब्रतसबकरशीलसनेहु संकटसहतमसकोचबशकरिय-जोआयसुदेहु २७ चौ०॥ सुनितनपुलकिनयनभरिबारी बोलोभरतधीरधरिभारी २८ प्रभु**

को कहाहै तौ अपने प्रिय प्रेमकर प्रमाणकीनहै श्रीरामचन्द्र के बिछुरत प्राणको त्यागिदीन है ( २१ ) देखिये तौ हमअबते औरवनको पठावनेआये हैं जब हम फिरि जाहिंगे तबसबलोगकहैंगे कि जनकजी कस न फि रे आवहिं विवेकी हैं सोसुनिकै हम प्रमुदित होहिंगे विवेकिनविषे बड़ेकहावैंगे तहां न तौ श्रीरामचन्द्र को फेरिलैचले हैं अरु नतु बिछुरतसन्ते शरीरछूटैगो ताते हमारे विवेक में धिकहै ( २२ ) तपस्वी जे हैं मुनिजेहैं मनन शीलते सब जनककी विवेक दशा देखिकै प्रेमते विकलह्वैगये हैं ( २३ ) तबसमय समुझिकै धीरजधरि कै सहितसमाज भरतकेइहां चलतभये हैं ( २४ ) तब आगेह्वैकै भरतजी राजाको लेतभये हैं ल्याइकै समयसम आसनदेतभये हैं ( २५ ) तबराजाबोले हेतात भरत तुमकहँ रघुवीरकर स्वभाव विदित है ( २६ ) श्रीरामचन्द्र धर्म्मव्रती हैं ताते सबकर शील स्नेह समुझिकै सकोचकै वश संकट सहते हैं अब जो आयसुदेहु सो करिये ( २७ ) तबजनक जीकै वाणी सुनि कै भरतजी के तन पुलकि आये नेत्रनमें जलभरि आये हैं भरतजी धैर्य्य धरिकै बोलते हैं ( २८ ) प्रभु जो श्रीरामचन्द्र हैं ते आपु लोकहू परलोकहू के विशेष प्रियपूज्य हैं जैसे श्रीदशरथमहाराज तातेआपु हमारे पिताके समान हौ अरु श्रीवशिष्ठके समान न मायी है नपिता है अभिप्राय यह है कि आपु जो सिखापन

करतहौ सोकरिये ( २९ ) अरुकौशिक मुनि आदिक साधुनकीसमाजहै अरु ज्ञानकेसमुद्र आपुहौ ( ३० ) अरु एक सयान सेवक है सो स्वामीके मनका जानिकैकरै है अरुएक शिशु कही अज्ञान सेवक है सो कहेते करत है सो मैंहौं हेस्वामी यह जानि कै जो मोको आयसुहोइ सोकरौ ( ३१ ) यह समाज यह थलविषे राउरकर बूझब कही समुझबहै अरुमोरमन खेदकरिकै मलिनह्वै रह्यउहै ताते मोरबोलब बाउर कही बौरहाकरअसहै ( ३२ ) तुम्हारी समाजविषे में कछु कहिबेयोग्य नहीं हौं अरु छोटे बदनते बातबड़ी कहत हौं ताते बनबअन बनब

**प्रियपूज्यपितासमआपू कुलगुरुसमहितमायनबापू २९ कौशिकादिसुनिसचिवसमाजू ज्ञानअंबुनिधिआपुनआजू ३० शिशुसेवकआयसुअनुगामी जानिमोहिंसिखदेइग्रस्वामी ३१ यहसमाजथलबूझबराउर मनमलीनमैंबोलबबाउर ३२ छोटेबदनकहौंबड़िबाता क्षमबतातलखिबामविधाता ३३ आगमनिगमप्रसिद्धपुराना सेवकधर्मकठिनजगजाना ३४ स्वामिधर्मस्त्रारथहिविरोधू बधिरअंधप्रेमहिंन प्रबोधू ३५ दो०॥ राखिरा मरुखधर्मब्रतपराधीनम्वहिंजानि सबकेसम्मतसर्वहितकरियप्रेमपहिंचानि ३६**

मोर क्षमाकरहु मोरेऊपर विधाताको बामजानि कै ( ३३ ) आगम जोशास्त्रहै निगमजो वेदहै अरु पुराणारदिकमें यहबात प्रसिद्ध है स्वामी विषे सेवकको धर्म्म कठिन है यह सब जगत् जानत है ( ३४ ) स्वामीके धर्म्म ते अरु अपने स्वार्थते विरोध है जैसे बहिरते अरु आंधरते प्रेमकर प्रबोध नहीं है तहां बहिर आंधर दूनौं कहूंनाच देखिकै आये हैं अरु काहूपूछा नाचकैसोभयो है तब हिराकहत है नाच अच्छोभयो है गान बाजा नहींभयो है तब अंधा कहत है कि गानबाजा दूनोंभयो हैं अरु नचइयानही रह्यउ है देखिये तौ वहिरेदेखीकही अँधरे सुनीकही परस्पर विरोधभासतहे अरु दूनोंके कहेतेनृत्यगान दूनों सिद्धिहोत हैं जैसे जोकेवलस्वामीको धर्म्मराखैतौअपनेस्वार्थविषे देखिबेमें विरोधभासै है अरु जोकेवलआपनस्वार्थकरिये तौ सवामीके धर्म्म में विरोध होत है लोकदृष्टि में असहै अरु परमार्थदृष्टिअरु स्वामी के धर्म्मविषे दूनों अविरोध सिद्धिहोत है जैसे कोई अन्धबधिर नहीं है अरुनृत्य गानदूनों यथार्थ करिदियो है ( ३५ ) दोहार्थ ॥ अबमोरिनिश्चय सुनौ श्रीरामचन्द्रकररुख राखेते मोरसर्व धर्म्म को ब्रत एकई है काहेते सेवकसदा स्वामीके आधीन है जो यह सबकर सम्मत होइ सबकरहितकार होइ अरु यहिबातविषे मोरप्रेम पहिंचानिकै करिये तौ इहैबात सिद्धान्तराखिये ( ३६ ) भरत के बचनसुनिकैस्नेह देखिकै सहित समाजराजासराहते हैं ( ३७ ) तहां भरतके वचनविषे बड़ध्विनि है कि कहत कै तौसुगमहौंक स्वामीकी रुचिराखियेपरकरिबेको अगम है काहेते जबस्वार्थपरमार्थस सब कर त्यागहोइ तबस्वामीकीरुचिअनुसारसेवाहोतिहै सोअगमहै ज्यहिपरस्वामी अतिकृपाकरहिं त्यहितेहोइ काहिबेकोअक्षरथोरेहै तातेमृदुल है अरुअर्थअमित है काहेतेजबसब धर्मकर्म देहाभिमान इत्यादिक सर्बोपायशून्य शरणागत होइ तबस्वामीकी रुचि अनुकूल सेवाबनै है यहसर्बेशास्त्रकर सिद्धान्त है ताते कठोर है ( ३८ ) भरत की बाणी विषे अर्थकैसेभासत-

**चौ० ॥ भरतबचनसुनिदेखिसुभाऊ सहितसमाजसराहतराऊ ३७ सुगमअगममृदुमंजुकठोरा अर्थअमितअतिआस्वरथोरा ३८ ज्योंमुखमुकुरमुकुर निजपाणी गहिनजायअसदभुतबाणी ३९ भूपभरतमुनिसाधुसमाजु गेजहँविबुध कुमदद्विजराजू ४० सुनिसुधिशोचबिकलसबलोगा मनहुंमीनगणानवजलयोगा ४१ देवप्रथमकुलगुरुगतिदेखी निरखिबिदेहसनेहबिशेषी ४२ राम**

है अरु धारणा में नहीं आवत है जैसे मुकुरकही शीशापाणिकहीअपने हाथमें है अरु त्याहीविषे आपन मुखदेहित है अरु गहिबेमें नहीं आ वै तैसे ारतकी वाणी में अर्थनहीं गहिबे आवत है इहां अर्थकै यह ध्वनि है कि वशिष्ठजी जनकजी अपने मनविषे यहसिद्धांत करिआये हैं कि श्री रामचन्द्र की इच्छा है कि बिदाहोहु अरु श्री चित्रकूट आउबेके

कारणभरत हैं तिनकीधौंका इच्छा है सोईबात बिदाहोबेकी भरतजी सेवकसेब्य भावविषे रामरजाय सिद्धांतकीन है तातेअगमअर्थ ह्वैगयो है अरुश्रीवशिष्ठविश्वामित्र जनकइत्यादिक सब श्रीरामचन्द्र के अनन्यभाव विषे हैं तहां सबकर मतएकै भयोहै पर तहां श्रीरामचन्द्र विषे भरतकीबाणी में भावअनुभाव विभाव रसयुक्ति उक्ति सर्बोपाय शून्यप्रपत्ति शरणागत समुझि कै सबकै वुद्धि थकिरही है ( ३९ ) हे पार्वती राजाजनक अरु भरतकरसमाज द्वौ समाज श्रीरामचन्द्र के यहां जातभये हैं कैसे श्रीरामचन्द्र हैं देवता सोई कुमुदहैं तिनके पोषिबेको द्विजराज कहीपूर्ण चन्द्रमा हैं ( ४० ) यह सुधि सुनिकै कि सबसमाज श्रीरामचन्द्र के समीप बिदाहोबे को गये हैं यहजानि कै सबलोग बिकल होत भये जैसे प्रथमवर्षा के जलबिषे मीनके गणबिकल होते हैं ( ४१ ) तहां देवतनने कुलगुरु वशिष्ठ जी की प्रथमगति देखी है जब बशिष्ठ जी प्रथम श्रीरामचन्द्र से कहा कि तुम्हें बिना दोऊ राजन कै समाजको सुख नरकके समान है जो वशिष्ठ जी यह सिद्धांत कीन तौ बिना श्रीरामचन्द्र नहीं फिरैंगे अरु प्रथम स्नेह बिदेहकर देखा है तब जनकजी यहकहा है कि हमअब बनते बनको पठावै आये हैं हमारे बिबेक को धिक्है तौ जनकजी बिना श्रीरामचन्द्र नहीं फिरैंगे ( ४२ ) अ/ भरत को रीरामचन्द्र की भक्तिमय देखा है अरु श्रीरामचन्द्र थोरही में भक्ति के बश हइजाते हैं ताते श्रीरामचन्द अवश्य फिरहिंगे अरु जनकजी भरतजी रीरामचन्द्र की आज्ञालेबे को गये हैं सो देवतन नहीं जाना है ताते सुरस्वार्थी हहरिकही हायहाय करिकै हृदयमें हारिगये हैं ( ४३ ) अरु कुलगुरु अरु जनक अरु भरत की प्रथमगति देखिकै

भक्तिप्रियभरतनिहारे सुरस्वारथीहहरिहियहारे ४३ सबकहँरामप्रेममयपेखा भयेअलेकखशोचवशलेखा ४४ दो०॥ राम सनेहसकोचवशकहसशोचसुरराज रचहुप्रपंचहिपंचमिलिनाहितहोतअकाज ४५ चौ०॥ सुरनसुमिरिशारदासराही देविदेवशरणागतपाही ४६ फेरुभरतमतिकरिनिजमया पालुबिबुधकुलकरिछलछाया ४७ बिबुधविनयसुनिदेविसयानी बोलीसुरस्वारथजड़जानी ४८ मोसनकहहुभरतमतिफेरू लोचनसहसनमूझसुमेरू ४९ बिधिहरिहरमायाअतिभारी सोनभरतमति

अरु सबको प्रेममय देखा है लेखानाम देवतनकर सो अलेखहिशोचके वशभये हैं कछुशोचकर लेखानहीं है सकामिनकै यह रीतिही है ( ४४ ) दोहार्थ॥ इन्द्र कहते हैं हे देवतहु श्रीरामचन्द्र प्रेमसकोचके वश हैं सो अवश्य फिरहिंगे ताते सब पंच मिलिकै प्रपंचरचहु नहीं तौअका जहोबे चाहत है ( ४५ ) तब देवतन शारदा को स्मरण करिकै औ सराहिकै स्तुतिकरते हैं शारदा प्राप्तिभई है हे देविहमसब देवता आपुकी शरण है ( ४६ ) हे देवि अपनी मायाकरिकै भरतकेरि मति फेरिदेहु अपनेछलकै छायाकरिकै देवतन के कुल की पालनाकरहु ( ४७ ) हे पार्वती देवतनकी बाणी शारदा सुनिकै लजाइगई है देवतनको सवारथजड़ जानिकै बोलतभई है ( ४८ ) मोसे तुम कहते हौ कि भरत की मतिको फेरिदेहु तुमकैसेहौ जैस्काहूके हजारनेत्र हैं अरु ताको सुमेरू न देखिपरै तैसेतुम्हारी दृष्टि है किंतु इन्द्र के हजारनेत्र वृथा हैं जाको भरतकी महिमा नहीं देखिपरैहै ( ४९ ) विधिहरिहरकी मायाबड़ी प्रबल है सो भरत की मतिको नहीं देखिस कै है ( ५० ) त्यहिभरतकी मति को मोसेकहतहौ कि फेरिदेहु सो बड़ेमूर्ख हौ काहेते चंदनिकहे चन्द्रमाकी किरणिकहूं चन्द्रमा कीचोरीकरिसकै है ( ५१ ) भारतके हृदयविषे श्रीसीतारामचन्द्र कर सदानि वास है तहां कहाूकी मायानहीं जाइसकैहैं कैसेजैसे सूर्य के उदयहोतसन्तोतिमिर जो अन्धकार है ताको नाश ह्वइजात है ( ५२ ) असकहिकै शारदा ब्रह्मलोक को जाती भई तब विबुधकही देवता बिकलभये हैं जैसे निशिमें विकल कोकहोते हैं ( ५३ ) दोहार्थ॥ सुर जे स्वार्थी मलीन मन ते कुमन्त्रकर ठाट ठाठत भये हैं अपनी मायाकर प्रपंचरचिकै भय के बशभ्रमह्वैकै आरत उच्चाटन सि ांत रचतभये हैं ( ५४ ) इति श्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुपविध्वन्सने श्रीअयोध्याकाण्डे जनकभरतसम्बादे सुरशोचबर्णनन्नामचतुर्विंशतिस्तरग: २४॥ :: :: ::

सकइनिहारी ५० सोमतिमोहिंकहतकरुभोरी चंदनिकरैकिचंदकिचोरी ५१ भरतहियेसियरामनिबासू तहँकितिमिरजहँतरणिप्रकासू ५२ असकहिशारदगइबिधिलोका बिबुधबिकलनिशिमानहुकोका ५३ दो०॥ सुरस्वारथीमलीनमनकीन्हकुमंत्रकुठाट रचिप्रपंचमायाप्रबल भयभ्रमअरतउचाट ५४॥ * * * * * *

चौ० ॥ करिकुचालशोचतसुरराजू भरतहातसबकाजअकाजू १ गयेजनकरघुनाथसमीपा समनमानेसबरघुकुलदीपा २ समयसमाजधर्म्मअबिरोधा बोलेतबरघुबंपुरोधा ३ अनकभरतसम्बादसुनाई भरतकहावतिकहीसुहाई ४ताररामजसआयसुदेहू सोसबकरैमोरमतयेहू ५ सुनिरघुनाथजो रियुगपाणी बोलेसत्यसरलमृदुवाणी ६ विद्यमानआपुनमिथलेशूमोरकहबसबभांतिभदेशू ७ राउरि

दोहा० ॥ पंचमलीसतरंगमेंसतमयसभासुजान रामचरणत्यहिबंदिकै बरणौंमतिअनुमान २५॥ हेपार्बती कुचालकरिकै सुरराजशोचकरत हैं अब हमार काज अकाज ारतजी के हाथ है ( १ ) तब सहित समाज ब्रह्मवेत्ताजनकजी श्रीरघुनाथजी के समीप जातभये तब सबकर सन्मान श्रीराम चन्द्रकरतभये हैं ( २ ) जससमय है अरु समाज है सोदेखिकै धर्मअबिरु बचन रघुबंशपुरोधा जे बशिष्ठ हहैं ते बोलतेभये हैं ( ३ ) तबश्रीबशिष्ठजी जनक भरतकर संबाद सुनावाहै अरु भरतजीने जनकजीसे ज्यहिप्रकारते कहा है सो सुनाइदीन है ( ४ ) हेतात श्रीरामचन्द्र जस आयसु देहु सो सब कोई करै हमार मत अस है ( ५ ) तबयह सुनिकै श्रीरामचन्द्र दूनो हाथजोरिकै सत्य कोमलबाणी बोलतभये हैं ( ६ ) जहां आपु मिथिलेश विद्य मान हौ तहां मारे कहा सबप्रकार ते भदेश कही फूहर है ( ७ ) राउरिकैअरुराजाकै रजायसुजोहोइसोराउर शपथकरिकै कहतहौं सोईहमकरहिंगे ( ८ ) दोहार्त्थ ॥ तब श्रीरामचन्द्र कै बड़ीशपथ सुनिकै श्रीवशिष्ठ जी अरुजनकजी विश्वामित्र इत्यादि सबसभा संकोचिगये हैं कछुउत्तर देतनहीं बनै है सब भरतकर सुखदेखते हैं यहिबातकर उत्तर भरतजीदेहिंगे औरकौन समर्थ है जो रीरामचन्द्र के बचनकर उत्तर दैसकैगो ( ९ ) तब भरतजी सम्पूर्ण सभको संकोचकेवश देखिकै अतिधीर्य्य धरतभये काहेतेश्रीरामचन्द्रके भ्राता हैं ताते रीरामचन्द्र की बाणीकोउत्तरदेहिंगे ( १० ) त्यहिसमय में श्रीरामचन्द्र विषे प्रेमबढ़तभयो ताको कुसमयजानिकै सँभारिलीनहै यहविचाररिके किजो यह अवसरविषे मोरे प्रेम बढ्यउ तौ स्वामीके वचनकर

रामरजायसुहोई राउरिशपथसहीशिरसोई ८ दो०॥ रामशपथसुनिमुनिजनक सकुचेसभासमेत सकलबिलोकतभरतमुखबनैनउत्तरदेत ९ चौ०॥ सभासकुचबशभरतनिहारी रामबन्धुधरिधीरजभारी १० कुसमयदेखिसनेहसँभारे बढ़तविंध्यजिमिघटजनेवारे ११ शोककनकलोचनमतिछोनी हरीबिमलगुणगणजगयोनी १२ भरतबिबेकबराहबिशाला अनायासउबरत्यउत्यहि

उत्तरनहीं आवैगो तबसबसमाज शोक में डूबिजाइगी ताते सनेह को समेटिलीन है कैसे जैसे विन्ध्याचलपर्वत को अगस्त्यजीने वारणकन्हि है तहां इतिहास है कोईसमय बिषेसूर्य्यघ्नके तेजकरिकै विन्ध्याचलपर्वतकेतृणतरुजरिगये हैं जबविन्ध्याचल सूर्यनपरकोपकरिकै बढ़तभयो महिते लक्षयोजनपरसूर्य हैं विन्ध्याचल दुइलक्षयोजन बढ़ियगयो है सूर्यकेरथको आवरणकियो है तब मनुष्य देव इत्यादिक सर्ब बिनासूर्य बिकलहोतभये हैं तहां विन्ध्याचल अगस्त्यजी को शिष्य है तब अगस्त्यजी सबकर दुःखदेखिकै त्यहिकेसमीप आवतभये हैं तहां विन्ध्याचल साष्टांग दण्डवत् करतभयो अगस्त्यजू माथेपर हाथधरिकै यहकहा कि ऐसेपरेरहौ जबलग हम फिरिन आवहिं ( ११ ) तहां सभाविषे बड़ेबड़े महान् बैठे हैं परश्रीरामचन्द्र के बचन का उत्तरदेबेको सबके शोकभयोहै सोई शोक हिरण्याक्ष है अरु सबकै मति सोई छोनीभई है जैसे हिरण्याक्ष पृथिवीको

हरिलेगयो है तब सम्पूर्ण सृष्टि की उत्पत्ति बन्दह्वैगई है काहेते पृथिवी जगत् की योनि है अरुइहां शोककरिकै सबकीमति छोनी हरिगई विमल गुणगण कहांते उत्पन्नहोहिंगे बिमल गुणकै योनिमति है सो मति झोककरिकै हरिगईताते उत्तर कहां ते दीनजाइ ( १२ ) तहां बाराहजी ब्रह्मा ते उत्पन्नह्वैकै हिरण्याक्ष ते देवतनके हजारवर्ष युद्धकरिकै त्यहिको मारिकै महिको उद्धारकीन है इहां भरत ब्रह्मास्थाने अरु भरतकर विवेक बाराह है बिना श्रम सबके शोक दानवको सबकीमति छोनीको उद्धारकीन है ( १३ ) तब भरतजी श्रीरघुनाथजीके प्रणामकरिकै अरु बशिष्ठआदिक समाजके अरु सबसे करजोरिकै श्रीरामचन्द्र वशिष्ठ जनकजी तिनते निहोराकरिकै कहते हैं ( १४ ) आजु मोर अनुचित क्षमाकरब काहेते यह समाजविषे कछु कहबेलायक मोरमुखनहीं है मृदुकही कोमल है काहेते मैं बालबुद्धीहौं ताते मोरकहना कठोर है ( १५ ) तब भरतजी आपने हृदय में शारदाकर स्मरणकीन सुहाई कही अतिशोभित शारदाजो है तहांशारदाके चारिस्वरूप हैं परा पस्यन्ती मध्यमा बैषरी तहां बैषरीका मुख

काला १३ करिप्रणामसबकहँकरजोरे रामराउगुरुसाधुनिहोरे १४ क्षमबआजुअतिअनुचितमोरा कहौंबदनमृदुबचनकठोरा १५ हियेसुमिरिशारदासुहाई मानसतेमुखपंकजआई १६ बिनयबिबेकधर्म्मनयशाली भरतभारतीमंजुमराली १७ दो०॥ निरखिबिबेकबिलोचनन्हिशिथिलसनेहसमाज करिप्रणामबोलेभरतसुमिरिसीयरघुराज १८॥ * * * * *

परिनिवास है मध्यमाकर वास कंठविषे है अरु पस्यन्तीकावास हृदयविषे है अरु पराबाणीका बासनाभि बिषे है तहां नाभिस्थान विषे अष्ट दल कमल है त्यहिपर भगवान् का एकस्वरूप अंगुष्ठमात्र तहां बिराजैहैअरु तहां पराबाणीकर बास है सो तीनिउं गुणकेपरे है अरु पस्यन्ती सात्विक गुणमय है अरु मध्यमा राजस गुणमय है ताते भरतजी परावाणी को स्मरणकीन है काहेते कि परावाणी का बास अष्टदल कमलपर है गुणातीत है तहां गुणमय तीनिबाणीकोबोधिकै पराबाणी मुख पंकजपर प्राप्तिभई आइ किंतु तीनिउं वाणी पराबाणी विषे लैह्वैगई अरु जो कोई कहते हैं कि वैषरीबाणी ते सबकहबहैसो उनने वाणीकर स्वरूप क्रिया अच्छीतरह नहींजान्यो है जेते भगवद् गुण यश नाम हैं सो पराबाणीसे कहत सुनतबनै हैं काहेते भगवान् करनामयश गुणातीत है जाते पराबाणी ते कहाजाइ है अरु त्रैगुण्य जनित जे कर्म धर्म हैं ते पस्यन्ती मध्यमा वैषरी ते कहाजात है ताते भरत केमुखपङ्कजपर पराबाणी प्राप्ति है यह अर्थ विशेष सिद्धांत जानब काहेते बड़ेजे हैं ते आपने सनातन आसनपर बैठते हैं ताते नाभिकमल ते मुखपंकज पर आई है ( १६ ) भरत कै गुणातीत पराभारतीकही बाणी सो मंजु मराली है अरु बिनय विवेक धर्मनीति चारिउ, श्रीरामचन्द्र विषे गुणातीत ताते बिमलहै सोई शलीकही मोती है काहेते इहां क्रियानाम सम्बन्धते जानब शालीकही धान सो विशेष बर्षाकेजलते होत है महिको आधार है अरु मोती केवल स्वाती के जलत होत है ताते शालीकही सो भरत कै भारती हंसिनि सो चुनिचुनिकहैगी अरु धारणाकरैगी सेवक स्वामी भावविषेविनयविवेक धर्मनीति कहते हैं ( १७ ) दोहार्थ॥ तबभरत जी ज्ञान बिबेक के नेत्रनते समाज को सनेह ते शिथिलदेखिकै श्रीसीतारामचन्द्र को सुमिरिकै सबके प्रणामकरिकै बोलतेभये हैं ( १८ ) इतिश्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषविध्वंसने श्रीअयोध्याकाण्डे श्रीवशिष्ठ श्रीरामचन्द्रसंवादे सभाशोचभरतबिबेकवर्णनन्नामपंचबिंशतिस्तरंगः २५॥

चौ०॥ प्रभुपितुमातुसुहृदयगुरुस्वामी पूज्यपरमहितअंतरयामी १ सरलसुसाह्यबशीलनिधाना प्रणतपालसरबज्ञसुजाना २ समरथशरणागतहितकारी गुणगाहकअवगुणअघहारी ३ स्वामिगोसाइहिसरसगोसाई म्वहिंसमानमैंस्वामिदोहाई ४ प्रभुपितुबचनमोहवशपेली आयउँइहाँसमाजसकेली ५ जगभलपोचऊंचअरुनीचू अमियसजीवनमाहुरमीचू ६ रामरजायसमेटिमनमाहीं

दोहा॥ षष्टसुबीसतरंग में भरत बिनय सुविवेकरामचरणपरभक्तिमयज्योंचातककरटेक २६॥ प्रथम बिनयकहतेहैं पुनिविवेककहते हैं पुनिधर्मकहेंगेपुनि नीति कहैगे भरतकहते हैं किप्रभु जो श्रीरामचन्द्र हैं ते मेरे गुरु पितुमातु सुहृदस्वामी अरु परमहित पूज्य एकश्रीरामचन्द्र हैं जो कछुबनाइकै कहत होउं तौ अंतर्य्यामी हौ ( १ ) कैसे जैसे स्वामीकर सरलसुभाव है सरलसुभावकही सदासर्वजीवनपर एकरसदया है अरु प्रणतपाल हैं सर्वज्ञसुजान हैं ( २ ) अरु जे केऊ एकहूबार शरणागत आवै तिसको प्रीति से आपन करि लेतेहैं उसके गुणग्रहण करते हैं अवगुणकर त्याग करते हैं ( ३ ) यह मैं कहत हौं कि स्वामी गोसाईं के समान स्वामी हैं अरु मोरी समानमहीहौं स्वामीकर द्रोहीकही द्रोहीहौं किंतुद्रोहीकही स्वामीकी दोहाई करिकैकहतहौं अरु स्वामीके समान कृपालु स्वामी हैं ( ४ ) काहेते कि मैं स्वामीकरद्रोही हौं अपनेमोह के बशप्रभु के बचन पेलिकहीटारिकै सब समाज लैके इहां आवतभयों है राजाकहिगये हैं अरु प्रभुकहाहै सुमंत के मुखते सुनेउं है कि भरतराज्यकरहिं सो मैं अंगीकारनहींकीन है ताते मोरी समान स्वामीकर द्रोही को है ( ५ ) यहजगत् विषे जेभले हैं अरु जो पोच हैं अरु अमृत हैं मृतक को जीवदेत हैं अरु विष जीवत को मोरि डारत है ( ६ ) श्रीरामचन्द्र के रजायमेटिकै त्यहिकी कुशलकहूंनदेखिबे में आयो नकहूं सुनिबेमें आयो है ( ७ ) सो प्रभुकी आज्ञा मैं पेलिआयों सबप्रकार अपनीढिठाई ते अवज्ञाकिह्यउंहै सो मोरिचूकमहाअपराध प्रभुक्षमाकरिकै स्नेहरूप स्यवकाई मानिलीन है एसे कृपालु हैं ( ८ ) दोहार्थ॥ सबकेनाथ मेरे विशेष अपनीकृपाकी भलाई ते मोरभलाकीन है देखियेतौ मारेदूषण स्वामीप्रभुभूषण करिदीन है ताहीप्रभुके सुयशचारिउवेद में चारिउदिशामें तीनिहूंलोकमेंचौदहौभुवन में शोभितह्वैरह्यउ है ( ९ ) राउरिरीतिअरुसुवानिकही रहस्यबड़ाईउज्ज्वलनिगमागमगावते हैं यहजगतविषे विदित है ( १० ) यहांकूरकही मनबचन कर्म्मतेकठोर हैं अरुकुटिलकही मनबचनकर्मतेटेढ़े हैं अशास्त्रमार्गचलते हैं अरु कैतर्क व्यंगिकूट हंसीकरत रहते हैं

देखासुनाकतहुंकोउनाहीं ७ सोमैसबबिधिकीन्हढिठाई प्रभुमानीसनेहस्यवकाई ८ दो०॥ कृपाभलाईआपनी नाथकीन्हभलमोर दूषणभेभूषणसकल सुयशचारुचहुंओर ९ चौ०॥ राउरिरीतिसुबानिसुहाई जगतबिदितनिगमागमगाई १० कूरकुटिलखलकुमतिकलंकी नीचनिशीलनिरीशनिशंकी ११ त्यउसुनिशरणसामुहेआये सुकृतप्रणामकियेअपनाये १२ देखिदोषकबहुंनउरआने सुनिगुणसाधुसमाजबखाने १३ कोसाह्यबसेवकहिनेवाजी आपुसमानसाजसबसाजी १४ निजकरतूतिनसमुझियसपने

अरु खलकहीपरावाबिघ्न हिंसाअहर्निशिकरते हैं अरु कुमतिकही कुत्सितमलीनसमझहैं मलीनकर्तब्यमलीनबाणीमलीनमन जौनकाहू को न नीकलागै अरु कलंकीकही चोरीपरस्त्रीगमन परनिंदकअसनीच निशीलकहीकाहूतेप्रीतिनहीं है अरुदयाहीन हैं अरुईर्षाअरुनिरीश कही गुरु हीन हैं किंतुनास्तिक हैं किसी बड़े का कहानहीं मानते हैं मनसुखी हैं अरुनिशंकीकही अनरीतिकरतकै शंकानही करते हैं ( ११ ) यहहम शास्त्रन विषे सुनाहै कि ऐसे जेकोऊहैं अरुकौन्यहुंयोग अरु प्रीतिऔ भयते स्वार्थते सुकृतकही एकौबार शरण आवै प्रणाममात्रै करतसंते अपनाइलेते हैं यह श्रीरामचन्द्र स्वामीकी सहजसुभावरीति है कि प्रमाणवाल्मीकी ये श्लोकएक॥ सकृदेवप्रपन्नायतवास्मीति चयाचते अभयंसर्वभूतेभ्योददाम्येतद्व्रतंमम ( १२ ) जे ऐसे दोषके भाजन हैं अरु तिनकेदोष देखते हैं परकबहूं नहीं उरमेंल्यावते हैं यह गुण श्रीरामचन्द्र का सुनिकै साधुन की समाजविषे बखानते हैं किंतुप्रभुतिनके अवगुण गुण करिकै साधुनकी समाज में बखानते हैं यहबात वेदकरिकै सबकेसुनबेमें आयो है ( १३ ) ऐसोकौन साहेब है कि अपने सेवकको निवाजि कही सर्वस्व देइ आपनेसमानसबसाज साजिदेइ ऐसेएक श्रीरामचन्द्रै हैं दूसरप्रभुऐसोकोई नहीं है॥ प्रमाण उत्तरकांडे चौपाई॥ हनुमदादिसबबानरबीरा धरेमनोहरमनुजशरीरा तहांसबके मनके हरनहार एक श्रीरामचन्द्र को स्वरूप है तहां श्रीरामचन्द्र ने सब बानरन्ह को आपन स्वरूपदीन है ऐसो को कृपालु है ( १४ ) तहांयेती

कृपासेवकपर करते हैं अरु तेहीगुणको सपनेहुंनहींमानते हैं अरु सेवकविषे अवगुण अनेकहैं अरु प्रभुविषे एकशरणगुणहै त्यहिगुणके सकोचते आपुसकुचि जाते हैं ( १५ ) सो ऐसे गुणगाहकएक गोसाईं श्रीरामचन्द्रै हैं अपिकही निश्चयकरिकै ऐसो कृपालु दूसरगोसाईं नहीं है यहबातमैं भुजाउठाइकै प्रणकरिकै यथार्थ कहतहौं जो चाहै

**सेवकसकुचशोचउरअपने १५ सोगोसाइँनहिंदूसरकोपी भुजाउठाइककहौंप्रणरोपी १६ पशुनाचतशुकपाठप्रवीना गुणगतिनटपाठकआधीना १७ दो०॥ सोसुधारिसनमानिजन कियेसाधुशिरमोर कोकृपालबिनुपालिहहिविरदावलिबरजोर १८ चौ०॥ शोकसनेहकिबालसुभाये आयउँलायरजायसुवाये १९ तबहुंकृपालुहेरिनिजओरा सबहिभाँतिभलमान्यउमोरा २० देख्यउँपाँयसु-**

सो वेदशास्त्र में प्रमाणकरिलेइगो ( १६ ) भरतजीकहते हैं तुमसबमिलिबिचारिकै देखो तौ बानरजे हैं ते नटके आधीन नाचत हैं अरु शुकमैना पढ़वैयाके आधीन पढ़त हैं अरु नटनटवा बालक जे हैं ते पाठककहीउनकेपिता अथवा सिखावने वाला त्यहिकेआधीन अनेककलागति करत हैं ल्यावत हैं यहां यहध्वनि है कि जैसोस्वामी श्रीरामचन्द्र करहिंगे कहहिंगे त्यहि अनुकूल हमनाचहिंगे पढ़ैंगे कलागतिकरहिंगे ल्यावहिंगे काहेते चराचर के सूत्रधर स्वामी हैं भरत के वचन सुनिकै रघुनाथजी सहितसभा दंग ह्वैगये हैं ( १७ ) दोहार्थ॥ जैसा स्वामी करते हैं सोई होत हैं देखिये तौ मैं इतनी अवज्ञाकीन है सो सब स्वामी सुधारिकै मोको आपनजन मानिकै सन्मानकीनहै ऐसेस्वामी कृपालु बिना यह विरदावली को साहेब पालिसकैहै बरजोरकही वेदहूकै कहा अपने शरणागत विषेनहीं मानते हैं ( १८ ) किधौं शोकते किधौं स्नेहते किधौं बालस्वभावही ते स्वामी कै आज्ञा बामकही नहींकिह्यउँ है यहां आउबेकै आज्ञानहींरही सो मैं कीन है यहांशोक स्नेह बालस्वभाव तीनिउँ हैं ( १९ ) यतन्यहु पर कृपालु अपनीओर हेरिकै सबप्रकार ते मोरभलामाना है ( २० ) काहे मैं स्वामी को अनुकूल जाना कि समस्त मंगलकर मूल चरणारविंद सो देख्यउँआइ ( २१ ) यह बड़ी समाजविषे मोरिभाग्य मोको देखिपरी है काहेते कि इतनी बड़ीचूकमें मेरे ऊपर इतना बड़ा साहेबकर अनुराग हैं ( २२ ) कृपा के निधि कही समुद्र ते सबप्रकार ते मेरे ऊपर अधिकाईकीन है कैसे जानिये कि कृपाअनुग्रह इहां अम्बुकही अमृत त्यहिते मोको अघवाइदीन है कृपाकहीसर्बसुदेइ अनुग्रहकही सबचूकमाफकरै ( २३ ) सो गोसाईं अपने शीलस्वभाव भलाईते सबप्रकार मोरदुलाराखा है ( २४ ) हे नाथ आपुकी शीलसकोंच यहसमाजविषे बिहायकही त्यागिकैमैं सबप्रकारते ढिठाईकीन है ( २५ ) हेदेव शिरोमणि यथामोरे रुचिभई

**मंगलमूला जान्यउँस्वामिसहजअनुकूला २१ बड़ेसमाजबिलोक्यउँभाग्बड़ीचूकसाहेबअनुरागू २२ कृपाअनुग्रहअम्बुअघाई कीन्ह कृपानिधिसबअधिकाई २३ राखामोरदुलारगोसाईं अपनेशीलस्वभावभलाईं २४ नाथनिपटमैंकीन्हढिठाई स्वामिसमाजसकोचबिहाई २५ अविनयविनययथारुचिबानी क्षमबदेवअतिआरतजानी २६ दो०॥ सुहृदसुजानसुसाहिबहिबहुतकहबबड़िखोरिआयसुदेइयनाथअबसबैसुधारियमोरि २७ चौ० ॥ प्रभुपदपदुमपरागदोहाई सत्यसुकृतसुखसीवँसुहाई २८ सोकरिकहौंहियेअपनेकी रुचिजागतसोवतसपनेकी २९ सहजसनेहस्वामिसेवकाई स्वारथछलफलचारिबिहाई ३० आज्ञासमनसुसाहिबसेवा सोप्रसादजनपावै**

है तथा अविनय विनय वाणी कहेउँ है ताते मोको आरतजानिकै आपुक्षमाकरव ( २६ ) दोहार्थ ॥ तहां सुहृदकही परम प्रिय मित्रजे हैं अरु सुजानकही सब प्रकार ते प्रवीण जे हैं अरु सुसाहेब जे हैं तिनते बहुतकहना खोरिकही दूषण है तहां आप सर्बजीवन के सुहृदहौ अरु सुजान कही सबके अन्तर्य्यामीहौ अरु सबके सुसाहेबहौ ताते आपुते बहुतबातकहना अनुचित है काहेते आपु सबजानतेहौ अब माको आपु आयसु दीजिये मोर सबप्रकार यही में सुधरत हैं ( २७ ) हेकृपासिन्धु श्रीरामचन्द्र हे प्रभु आपु के पद

पदुम परागकही धूरिऐसी है सत्यकै सुकृतकी सुख की सीवँकही मर्य्याद है ( २८ ) त्यहिपराग की दोहाईकरिकै रुचिजागतकै सोवतकही सुषुप्तिकै स्वपनेकै सांचीकही तुरीयकही चारिउअवस्थाकी रुचिकहतहौं ( २९ ) स्वामीकै सत्यसांची सेवकाई सहजस्नेहकही स्वामीके चरणारविंद विषे तैलवत्धार चित्तकै वृत्ति अखण्ड सनेहयुक्त बनीरहै अर्थ धर्म काम मोक्ष एते चारिस्वारथ हैं अरु श्रीरामचन्द्र स्वामीकी सेवाविषे चारिहू फल स्वार्थ की बासना सोई छल है त्यहिको त्यागिकै सेवा शुद्धभक्ति है सो करै ( ३० ) अरु साहेब की सेवा आज्ञा समान औरनहीं है हे देवनकेदेव सो आज्ञा प्रसाद सेवाजन जो है सो मैं पावों यह मोरे इच्छा है ( ३१ ) इतनाकहिकै प्रेम ते भारी बिकलभये हैं हेपार्बती त्यहिसमय केबिषे शरीर पुलकआयो है नेत्रनमें जलबहत है ( ३२ ) पुनि श्रीरामचन्द्र के चरणकमल अकुलाइकै गहतभये हैं हे पार्बती त्यहिसमयकेर स्नेह भरतकर किसी के कहिबेमें नहीं आवै ( ३३ ) तब कृपासिन्धुश्रीरामचन्द्र सुष्ठुवाणीतेसबसन्मानकीन है अरु हाथधरिकै समीपबैठावतभये हैं ( ३४ ) भरतकीबिनय कैसी है षट्प्रकारकीशरणागतयुक्त है सोसुनिकै अरुभरतकासुभाव

देवा ३१ असकहिप्रेमबिबशभेभारी पुलकशरीरबिलोचनबारी ३२ प्रभुपदकमलगहेअकुलाई समयसनेहनसोकहिजाई ३३ कृपासिन्धु-सनमानिसुबाणीबैठायउसमीपगहिपाणी ३४ भरतबिनयसुनिदेखिसुभाऊ शिथिलसनेहसभारघुराऊ ३५ छं०॥ रघुराउशिथिलसनेहसाधुसमाज-मुनिमिथिलाधनीमनमहँसराहतभरतभायपभक्तिकीमहिमाघनी ३६ भरतहिंप्रशंसतबिबुधबरषतसुमनमानसमलिनसे तुलसीबिकलसबलोग-सुनिसकुचेनिशागमनलिनसे ३७ सो०॥ देखिदुखारीदीनदुहुसमाजनरनारिसब मघवामहामलीन मुयेमारिमङ्गलचहत ३८॥ * *

देखिकै श्रीरघुनाथजी स्नेहते शिथिल ह्वैगये हैं ( ३५ ) छंदार्थ॥ हेगरुड़ भरत की दशा देखिकै रघुनाथजी विश्वामित्रजी जनकजी इत्यादिकसाधुनकी संपूर्ण समाज स्नेह ते शिथिल ह्वै गई है आपने मन विषे भरतकरभायप अरु भक्तिकी महिमा अगाध सबसराहते हैं ( ३६ ) अरु भरत की प्रशंसाकरने हैं देवता फूल बर्षते हैं पर मलिनमनते यहबिचारते हैं कि प्रेममय सबसमाज ह्वैगई है अरु श्रीरघुनाथप्रेमके आधीन हैं देखिये धौं बिधाताका करै गोसाई श्रीतुलसीदासजी कहते हैं कि द्वौसमाजसुनिकै समुझिगये हैं जैसे निशापाइकै कमलसंपुटहोत हैं ( ३७ ) सोरठार्थ॥ त्यहिसमय विषे भरत जनक दोऊसमाजके नरनारिन को अतिदीनदुःखीदेखिकै इन्द्रको मघवा तिरस्कारकरिकै कहा है काहेते महामलीन है मूर्ख है मुयेकोमारिकै मंगलचाहत है अयोध्यावासी एकतौ आपुदुःखी हैं दूसरेइन्द्र आपनी उच्चाटनमाया डाराचाहत है ताते मलीन है अरु भरतकी तौ तैयारी है सो नहीं बिचारकियो है ताते मूर्खहै ( ३८ ) इतिश्रीराम चरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वंसने श्रीअयोध्याकाण्डेभरतआरतबिनयवर्णनन्नामषटबिंशतिस्तरंगः २६॥

दोहा ॥ सुरमायाकछुरामरुख भरतसुविनयविवेक। सप्तमबीसतरंगमेंरामचरणरतिएक २७॥ सुरराजकपटकुचाल के सीवँ हैं काहेतेविशेषपरावाअकाज औआपनकाजसाधत हैं ( १ ) पाककही यज्ञ त्यहिकररिपु जो इन्द्र किन्तु पाकनामें जो राक्षसत्यहिकोरिपुइन्द्र त्यहिकैरीतिकाक के समान है छली है मलीन है कहूं प्रतीतिनहीं है ( २ ) प्रथमकुमति करिकैसमेटिलियो है सोई उच्चाटनमाया सबकेमाथेपर डारिदियो है ( ३ ) तब

चौ०॥ कपटकुचालसीवँसुरराजू परअकाजजियआपनकाजू १ काकसमानपाकरिपुरीती छलीमलीनकतहुँनप्रतीती २ प्रथमकुमतिकरिकपटसकेला सोउचाटसबकेशिरमेला ३ रामप्रेमअतिसैनबिछोहा सुरमायाबशलोगबिमोहा ४ भयउचाटबशमनथिरनाही क्षणवनरुचिक्षणसदनस्वहाहीं ५ दुबिधमनोगतिप्रजादुखारी सरितसिन्धुसंगमजिमिबारी ६ दुखितकतहुँपरितोषनलहहीं एकएकसनमरमनकहहीं

७ लखिहियहंसिकहकृपानिधानू सरिसश्वानमघवानिजबानू ८ दो०॥ भरतजनकमुनिगणसचिवसाधुसचेतबिहाय लगीदेवमायासबहिं-यथायोगजनपाय ९ चौ० ॥ कृपासिंधुलखिलोगदुखारे निजसनेहसुरपतिछलभारे १० सभारावगुरुमहिसुरमंत्री भरतभक्तिसबकैमतियन्त्री ११ रामहिंचितवतचित्रलिखेसे सकुचतबोलतबचनसिखेसे १२

श्रीरामचन्द्रके प्रेमते दूनौसेनाके मनमें बिछोह होतभयो है देवतनकीमायाकरिकैसबमोहित ह्वैगये हैं ( ४ ) सबदेवमायाके उच्चाटनकेबशह्वैगये हैं क्षणक बन में मनलागत है क्षणक घर में ( ५ ) संपूर्ण प्रजनके मनकीगति दुबिधाकरिकै दुःखितभई है क्षणकबन क्षणकबर जैसे भारीनदी अरु समुद्रकर संगमहोत जलहलोर उठत है ( ६ ) दुःखितभये हैं कतहुं परितोष नहीं प्राप्त होते हैं आपने २ मनकीगति समुझिकै लज्जितह्वैकै एक २ सन मरमनहीं करते हैं ( ७ ) अपने हृदय में बिहँसिकै कृपानिधान श्रीरामचन्द्र कहते हैं कि मघवा जोइन्द्र है त्यहिकैवानि श्वानकेसामन है ( ८ ) दोहार्थ॥ भरतजे हैं मुनिकेगणजे है सचिवजे हैं जनकराजजेते सचेत कही आत्मनेष्ठी भजनानन्दसाधुजे हैं तिनसबकोबिहाइकै देवमाया यथायोग्यपाइकै सबको लगी है ( ९ ) कृपासिन्धु सबलोगन को दुःखीदेखा है अपने सनेह में देवमायाकर दल देखा है ( १० ) राजाइत्यादिक सम्पूर्णसभाकै मति भरतकी भक्तिकरिकै यंत्रित कही बंशह्वैगई है ( ११ ) श्रीरामचन्द्रको सबदेखते हैं मानहुं लिखेचित्र हैं जो वचनबोलते हैं सोमानहुं पराये से सिखिआये हैं कछुबोलत बनैहै कछुनहीं बनै है ( १२ ) भरत कै प्रीति अरु नयकहीनीति अरु विनयबड़ाई श्रीरामचन्द्रविषे सुनतकैतौ अतिसुखलागत है पर वर्णनकरिबे में अतिकठिन है ( १३ ) जिन भरतकी भक्तिकर लवलेशविलोकिकै प्रेमविषे मग्नह्वइगये हैं रघुराउ अरु मुनिगण अरु मिथिलेश आदिकजे महान् हैं ( १४ ) तिन भरतकी महिमाको मैं जो तुलसीदासहौं सोकिमि कहिसकौं भरतकी भक्तिके प्रभावते जो कछु मोरीमति में हुलासभयो है सो कह्यउंहै ( १५ ) कविनके कुलकैमति अपुनाको छोटिजानिकै अरु भरतकी महिमाको अतिबड़ी जानिकै अपनेको कानिकही

भरतप्रीतिनयविनयबड़ाई सुनतसुखदबरणतकठिनाई १३ जासुबिलोकिभक्तिलवलेशू प्रेममगनमुनिगणमिथिलेशू १४ महिमातासुक हैकिमितुलसीभक्तिसुभावसुमतिहियहुलसी १५ आपुछोटमहिमाबड़िजानीकबिकुलकानिमानिसकुचानी १६ कहिनसकतगुणरुचिअधिकाई मतिगतिबालबचनकीनाई १७ दो० ॥ भरतबिमलयशबिमलबिधु सुमतिचकोरकुमारि उदितबिमल जनहृदयनभ इकटकरहीनिहारि १८ चौ०॥ भरतसुभावनसुगमनिगमहू लघुमतिचापलताकविक्षमहू १९ कहतसुनतसतिभाव

लज्जामानिकै सकुचाइगई है नहींसहिसकै है ( १६ ) भरतके गुणको कविन कैमति कहिबेको बड़ी रुचि होति है पर कहिनहीं सकै है कैसे जैसे बालक के बचन हैं तोतरीरुचि है दूधपान के अर्थ ऊधकहै है ( १७ ) दोहार्थ ॥ भरतकर बिमल गुण निर्मल निर्दोष पूर्णचन्द्रमा सदा एकरस विमल है अरु संतनकर हृदय बिमलनभ है तहां एकरस उदय है त्यहिकोकविनकी मतिचकोरकै कुमारी है यकटक निहारिरही है विवेक नेत्रनते अमृत पानकरती है ( १८ ) वाल्मीकि वेदव्यास शुक्राचार्य बृहस्पति इत्यादिक जे कवीश्वर हैं ते सबमेरी चपलमतिको क्षमाकरब जो मैं भरतकर गुणकह्यउँ है सो मैं का कहिसकौ काहते कि भरतकर गुणसुभाव कहिबेको निगमागम स्मृति पुराण इत्यादिकनहूंके कहिबेको अगम है ताते मैं काकहौं ( १९ ) भरतकर सत्यगुणभाव श्रीरामचन्द्र विषे सोकहत सुनतसंते श्रीसीतारामचन्द्र के चरणारविंद विषे को न रतहोइ नाम सबरतहोइँ ( २० ) भरतको सुमिरतसंते अरु श्रीरामचन्द्र विषे प्रेमनहोइ त्यहिकी सरिसबामकहीटेढ़ जगत्में को है तबजानी वह प्राणी बड़ा अभागी है ( २१ ) तब श्रीरामचन्द्र सुजान अंतर्यामी अपने जनके

जीवकी जानते हैं किंतु जनकही सबप्राणिन के जीवकीगति जानते हैं तिन सबकीदशा श्रीरामदयालु देखत भये हैं ( २२ ) कैसे हैं श्रीरामचन्द्र धर्मके धुरीणकेधरैया हैं अरु अतिधीर हैं नयजो है संपूर्णनीति त्यहिविषे नागरकही अतिप्रवीण हैं सत्यके स्नेहके शीलके सुखके सागरकही महासमुद्र हैं ( २३ ) देशकही श्रीचित्रकूटवन अरु इहां कालकही जामें सर्ब जीवकर हितकारहोइ अरु समयकही जो भरतजू आयसुमांगे हैं त्यहिकेअनुकूल अरु समाजकही सबके दुःखनिवृत्ति हेतु तहां देशकाल अवसर

भरतको सीयरामपदहोयनरतको २० सुमिरतभरतहिप्रेमरामको ज्यहिनसुगमत्यहिसरिसबामको २१ देखिदयालदशासबहीकी रामसुजानजानजनजीकी २२ धर्म्मधुरीणधीरनयनागर सत्यसनेहशीलसुखसागर २३ देशकाललखिसमयसमाजू नीतिप्रीतिपालकरघुराजू २४ बोलेबचनबानिसरबससे हितपरिणामसुनतशशिरससे २५ तातभरततुमधर्म्मधुरीणा लोकवेदबिदप्रेमप्रवीणा २६ दो०॥ कर्मबचनमानसबिमल तुमसमानतुमतात गुरुसमाजलघुबन्धुलखि कुसमयकिमिकहिजात २७ चौ०॥ जानहुतातत‌रणिकुलरीती सत्यसंधपितुकीरतिकीती २८ समयसमाजलाजगुरुजनकी उदासीनहितअनहितमनकी २९ तुमहिंबिदित

समाज के अनुसार कहा चाहते हैं काहेते सबके नीति प्रीतिके पालक हैं ( २४ ) तब श्रीरामचन्द्र बोले बाणिकही अपनी नीति सुन्दरि सर्ब कै हितकाररूप ऐसे वचनबोले जामें परिणाम कही आगेसबकर हितकारहोइ कैसोहित होइ जैसे शशिरसकही अमृत पानकिये ते फल होतहोइ त्यहिते अधिकजानब ( २५ ) श्रीरामचन्द्र कहते हैं हेतातभरत तुमधर्म्म की धुरीके धरैया हौ अरु लोकवेदके तत्वके वेत्ताहौ अरु प्रेमविषे तुमप्रवीण हौ ( २६ ) दोहार्त्थ॥ हे तात संपूर्ण देशकाल अवसरके अरु धर्म के जनैया मनबचनकर्म तुम्हारी समान तुमहीं हौ दूसरकोईनहीं है यह अनन्वयालंकार है गुरुन की समाजविषे अरु कुसमयहै यामें भरतकै खुसामदिसूचितहोत है तातेलघुबन्धुकै बड़ाई करिकै नहीं कहाजाइहै ( २७ ) अरु हे तात तरणिकहीसूर्यकुलकीरीति तुमअच्छीतरहते जानतेहौ अरुत्यहिकुलविषे पिता श्रीदशरथमहाराजसत्यकेसमुद्रकै कीर्ति कीतीकहीकेती हैं बेशुमार है ( २८ ) हेतात समयजो है अरुसमाजजो है अरुगुरुजननकर लाज जोहै अरु उदासीन जे मुनीश्वर हैं अरुसबके मनकरहितअनहितजो है ( २९ ) सोयहसबकर्तब्य तुमको अच्छीतरह विदित है अरुआपनमोरधर्म्मसब अच्छेप्रकारते जानते हौ यहिप्रकरण में यह अभिप्राय है किराजाके सत्यवचन रहैं अरु मैं बनकोजाउं सबकर कार्य्यसिद्धिहोइ अबतुम श्रीअयोध्याकोजाहु चौदहवर्षभरि सवकरबोध किहेरहौ ( ३० ) हे तात मोको तुम्हारभरोस सबप्रकारते है तदपिअवसरके अनुसारकहत हौं ( ३१ ) हेतात तात जोदशरथमहाराज हैं तिनबिना हमारीबात केवलगुरुनकी कृपैसम्हारी है ( ३२ ) नतु प्रजापुरजन परिवार हमसमेत सब खम्भारकही दुखकरिकै विकल ह्वैजाते ( ३३ ) बिनाअवसर सूर्य्य अस्तह्वैजाहिं कहौं जगत् में क्यहिको

सबहीकरकर्म्मू आपनमोरपरमहितधर्म्मू ३० म्वहिंसबभांतिभरोसतुम्हारातदपिकहौंअवसरअनुसारा ३१ तात‌तातबिनुबातहमारी केवलकुलगुरुकृपासुधारी ३२ नतरुप्रजापरिजनपरिवारू हमैंसहितसबहोतखँभारू ३३ जोबिनुअवसरअथवदिनेशू जगक्यहिकहहुनहोइकलेशू ३४ जसउतपाततातबिधिकीन्हा मुनिमिथिलेशराखिसबलीन्हा ३५ दो० ॥ राजकाजसबलाजतजि धर्म्मधरणिधनधाम गुरुप्रभावपालिहिसबै भलहोइहिपरिणाम ३६ चौ० ॥ सहितसमाजतुम्हारहमारा घरबनगुरुप्रसादरखवारा ३७ मातुपितागुरुस्वामिनिदेशू सकलधर्म्मधरणीधरशेशू ३८ सोतुमकरहुकरावहुमोहू तात‌तरणिकुलपालकहोहू ३९ साधनएकसकल

क्लेशनहोइ सबकोहोइ ( ३४ ) हे तात जैसो उत्पात विधातैं कीन है सो काहूके थांभिबेयोग्य नहीं रह्यउहै सो मुनि मिथिलेश राखिलीन है इहां श्रीरघुनाथजी सबकर आश्वासनकीन है जाते सबकर विरहशान्तहोइ ( ३५ ) हेतात अवधकर राज्यजोहैं अरु राज्य के सर्बकार्य्यजे हैं अरु हमारी तुम्हारी सबकै लाजजो है अरु पतिजोहै पतिकही आबरूह अरु धर्मअरु धरणी अरु धनधाम तहां गुरुनकर प्रभाव इनसबको पालनकरैगो ताते परिणामकही आगे सबप्रकारते भला है ( ३६ ) सहित समाज हमारतुम्हार घर बन में गुरुनकर प्रसाद रखवार है ( ३७ ) मातापिता स्वामीकर निदेशकही उपदेशसो सकल धर्म्म धरणी है त्यहिके धरिबेको शेष हौ ( ३८ ) सो तुम करहु अब मोसे करावहु हेतात तरणिकही सूर्यवंश कुलकेपालक होहु इहां यह अभिप्राय है कि माता पिता कै आज्ञा करिकै हमबनको जाइँ अरु गुरुनकी आज्ञा अरु हमारी आज्ञा मानिकै तुम अवध को जाहु आगे जो भरतजू कहाहै कि जो आज्ञाहोइ सोमैं करौं तहां रघुनाथजीसब धर्म्म नीति समुझायकै यहैआज्ञादेत भये हैं ( ३९ ) हेतात एक साधन ते अनेकसिद्ध होत हैं हमारी आज्ञा कैसी है कीर्तिजो है सुगतिजो है विभूति जो है इत्यादिकजेहैं त्यहिकीबेणीहैं बेणीकहीएकदुइतीनिचारि पाँचछः सात आठ नव दश इत्यादिक हमारनपदार्थ मिलिकै एकजगह सिद्धि होई ताको बेणीकही सो मेरी आज्ञाते तुम्हार सबसिद्ध है ( ४० ) हे तात सो हमारी आज्ञा ऐसी बिचारिकै अवधिकही चौदह वर्षभरि संकट सहिकै प्रजापरिवारको सुखीकरौ ( ४१ ) हे भाई यहि बिपत्तिको सब मिलिकै बांटिलेहु अवधि कही तुमको चौदहवर्षभरि अति कठिनाई है ( ४२ ) हेतातमैं जानतहौंतुम मृदुकही कोमलहौ ताते यह भार तुम सँभारिबेयोग्य नहीं हौ अरुमैं कठोरभार तुम्हें सौपतहौंतहां कुसमयविषे मोरकहब अनुचित नहीं है ( ४३ ) हेतात कुठाहरविषे सुबंधुजे हैं सोई सहायकहोते हैं देखि

**सिधिदेनी कीरतिसुगतिभूतिमयबेनी ४० सोबिचारिसहिसंकठभारी करहुप्रजापरिवारसुखारी ४१ बांटिबिपतिसबहीमिलिभाई तुमहिंअवधिभरिबड़िकठिनाई ४२ जानितुम्हैंमृदुकहौंकठोरा कुसमयतातनअनुचितमोरा ४३ होहिंकुठाँयकुबन्धुसहाये बोढ़ियहाथअसनिकेघाये ४४ दो०॥ सेवककरपदनयनसेमुखसेसाह्यबहोइ तुलसीप्रीतिकिरीतिभलिसुकबिसराहतसोइ ४५**

ये तौ असनिकही बज्र किन्तु तरवारिते कोऊमारैलगै तौपहिलेहाथ आड़ाजाइहैअरुशरीर अरुहाथएकही हैं ( ४४ ) दोहार्त्थ ॥ इहां श्रीरामचन्द्रपरमनीति कहते हैं राजाप्रजा की नीति सेवकस्वामीकी रीति हे समस्तपुरबासिहु तुमभरतको यहिरीतिसेजानेरहब अरु हेभरत तुमपुरवासिनको यहिरीति से जानब अरु तुमहमको यहिरीतिसेजानब अरु हमतुमको यहिरीतिसे जानब यहिदोहाविषे अनेकअभिप्राय हैं अपनी मति अनुसार हमकहते हैं सेवकस्वामीविषे सेवककसचाही अरु राजाविषेप्रजाकसचाही करपद नयनसे अरुस्वामीराजामुख ते इहांप्रतिलोमान्वयक्रमते अर्थ है तहांनेत्रनते देखि देखि पांयनतेचलिचलि हाथनतेकरिकरि तीनिउमिलि कै अतिप्रीतिकरिकै भोजनकी यत्नअनेकतरहसे रचिकै बनावते हैं मुखके खवाइबेहेतु अरु आपु वहिभोजनते निष्कामहै जोवहैव्यञ्जन नेत्रनमेंडारिदियो पगपरधरिदियो करपरधरिदियो पर तीनिउमिलिव्यञ्जनकेस्वादरसकोलेशहू मात्र नहींग्रहणकरैहैं अरुव्यञ्जन अनेक प्रकारते बनाये हैं यह दृष्टांत है अबदृष्टांतकहते हैं ऐसेसेवक मनबचनकर्मतेस्वामीकीटहलकरै स्वार्थपरमार्थचारिउ पदार्थकीबासना स्वामी ते न राखै ऐसे प्रजाराजाकी सेवा करै अरुस्वामी अरुराजा अपनेसेवकचाकर कर पालनपोषणकरै जैसेसुखयथार्थसबअंगइन्द्रिनकरपोषणकरै है सो आगेकहैंगे ( ४५ ) तहांसम्पूर्णसभा श्रीरामचन्द्रकै प्रेमकर समुद्र अमृतमय सानी बाणी सुनत भये हैं ( ४६ ) तहां सबसभा सनेह से शिथिल ह्वैकै जड़ीभूत ह्वैगये हैं मानहुंसमाधिलगिगई है ( ४७ ) श्रीरामचन्द्रकी आज्ञापाइकै भरतकोपरम संतोषहोतभयो है स्वामी को सन्मुखजानिकै सबदोषदुःख बिमुखह्वैगये हैं ( ४८ ) मुखप्रसन्न ह्वै आयो है बिषाद मिटिगयो है मानहुं गूंगाको गिराकही शारदाको प्रसाद भयो है ( ४९ ) पुनि प्रेमसमेत प्रणामकरिकै दोऊकरजोरिकै बोलतभये हैं ( ५० ) हे नाथ आपुकेसाथ गयेकर असखुख मोकोभयो है जगत् विषे जन्मभये

चौ०॥ सभासकलसुनिरघुबरबानी प्रेमपयोधिअमियजनुसानी ४६ शिथिलसनेहसमाजसमाधी देखिदशाचुपशारदसाधी ४७ भरतहिभयउपरमसंतोषू सन्मुखस्वामिबिमुखदुखदोषू ४८ मुखप्रसन्नमनमिटाबिषादू भाजनुगूंगहिगिराप्रसादू ४९ कीन्हसप्रेम प्रणामबहोरी बोलेपाणिपंकरुहजोरी ५० नाथभयउसुखसाथगयेको लह्यउलाभजगजन्मभयेको ५१ अबकृपालुजसआयसुहोई करौंशीशधरिसादरसोई ५२ सोअवलंबदेवम्वहिंदेवा अवधिपारपावौंज्यहिसेवा ५३ दो०॥ देवदेवअभिषेकहितगुरुअनुशासनपाय आन्यउसबतीरथसलिलत्यहिकहँकाहरजाय ५४ चौ०॥ एकमनोरथ बड़मनमाहीं सभयसकोचजातकहिनाहीं ५५ कहहुतातप्रभुआयसुपाई बोलेबाणिसनेहसुहाई ५६ चित्रकूटसुनिथलतीरथबन खगमृगसरिसरनिर्झरगिरिगन ५७ प्रभुपदअंकितअवनि

कर लाभमोको प्राप्तिभयो है ( ५१ ) कृपालु अब जसि आज्ञाहोइ तसिमाथेपर धरिकै अतिआनन्द युक्तकरौं ( ५२ ) हेदेव अबसो अवलम्ब कछु दीजिये जो सेवनकरिकै अवधि जो चौदहवर्ष सो पारपावौं आगे खड़ाऊंलेबेको अभिप्राय है ( ५३ ) दोहार्थ ॥ हे देवनकेदेव आपुके राज्याभिषेक हेतु गुरुनकी आज्ञा ते सब तीर्थनकर जल अरु औषधी इत्यादिक सबल्यायउं है ते त्यहिको का रजाय होत है ( ५४ ) हे नाथ मेरे मनमें एक बड़ी मनोरथ है पर भयसंकोचते कहानहींजात है ( ५५ ) श्रीरामचन्द्रबोले हे तात जो तुम्हारी रुचिहोइ सो कहहु आज्ञापाइकै भरतजी स्नेह बाणी बोले ( ५६ ) हे नाथ श्रीचित्रकूटबिषे थल जे हैं तीर्थ जे हैं खग जे हैं सरसागर तलाब जे हैं गिरिन के विषे निर्झरकही झरना झरते हैं ( ५७ ) अरु हे प्रभु तुम्हारे चरणारविन्द करिकै अवनि अंकित ह्वैरही है जो आपकी आज्ञाहोइ तौ तिनकी परिक्रमाकरिकै दर्शनकरिआवौं ( ५८ ) हे तात अवश्य कै अत्रिमुनिको आज्ञा शीशपरधरिकै बनविषे निर्भय बिचरहुजाइ ( ५९ ) हे भ्राता मुनिके प्रसाद ते बन मंगलदाता अतिसुहावन पावन सो देखौजाइ ( ६० ) अरु हे तात ऋषिनायक जो अत्रि हैं ते जहांआज्ञादेहिं त्यहिथलविषे तीर्थनकर जलस्थापन करहुजाइ ( ६१ ) प्रभुकर वचनसुनि भरत बहुत सुखीभये हैं पुनि अत्रिमुनिके चरणकमलमें माथनावतभये हैं ( ६२ ) दोहार्थ॥ भरतकर अरु श्रीरामचन्द्रकर सम्बाददेखत

बिशेषी आयसुहोइतौआवौंदेखी ५८ अवशिअत्रिआयसुशिरधरहू तातबिगतभयकाननचरहू ५९ मुनिप्रसादबनमंगलदाता पावनपरमसुहावनभ्राता ६० ऋषिनायकजहँआयसुदेहीं राख्यहुजलथलतीरथतेहीं ६१ सुनिप्रभुबचनभरतसुखपावा मुनिपदकमलमुदितशिरनावा ६२ दो०॥ भरतरामसम्बादसुनि सकलसुमंगलमूल सुरस्वारथीसराहिसबबर्षतसुररुफूल ६३ चौ० ॥ धन्यभरतजयरामगोसाईं कहतदेवहर्षितबरिआई ६४ मुनिमिथिलेशसभासबकाहू भरतबचनसुनिभयउउछाहू ६५ भरतरामगुणग्रामसनेहू पुलकिप्रशंसतराउबिदेहू ६६ सेवकस्वामिस्वभायसुहावन नेमप्रेमअतिपावनपावन ६७ मतिअनुसारसराहनलागे सचिवसभासदअतिअनुरागे ६८ सुनिसुनिरामभरतसम्बादू दुहुंसमाजहियहरषविषादू ६९ राममातुदुखसुखसमजानी कहिगुणदोषप्रबोधीरानी ७० एककहहिंरघुवीरबड़ाई एकसराहतभरतभलाई ७१ दो०॥ अत्रिकह्यउतबभरतसन शैलसमीपसुकूप राखियतीरथतोयतहँ

सुनतभये यहजाना कि अब श्रीरामचन्द्र बन को चलिचुके तब भरतकैस्तुतिकरते हैं अरु सुरतरु के फूलबर्षते हैं ( ६३ ) देवताहर्षिहर्षि यह कहते हैं कि रामगोसाई धन्य हैं अरु भरतधन्य हैं ( ६४ ) मुनि जे वशिष्ठआदिकअरु मिथिलेश भरत तिनके वचनसुनिकै महाउत्साह होतभयो है ( ६५ ) भरतकर श्रीरामचन्द्रकर गुणग्राम अरु परस्परकर स्नेह

पुलकि पुलकिबिदेह प्रशंसाकरते हैं ( ६६ ) सेवक स्वामीकर जो उत्तम भाव स्वाभाविकै है अति स्वहावन पावनकही पवित्रहु ते पवित्र है भरतकर श्रीरामचन्द्रविषे ( ६७ ) सो सब सचिव सभासद अपनीमति के अनुसार सराहतभये हैं ( ६८ ) भरतकर अरु श्रीरामचन्द्रकर संबाद सुनिसुनि दोऊसमाजके हृदयविषे हर्षविषाद होतभयो है हर्ष श्रीरामचन्द्रकर आज्ञानुकूल अरु विषाद श्रीरामचन्द्रको बनगवनजानिकै ( ६९ ) तब श्रीरामचन्द्रकै मातादुख सुख बरोबरिजानिकै सबरानिनकर प्रबोध करती भई है ( ७० ) एकै रघुबीर धीरकी बड़ाईकरते हैं अरु एकै भरत की भलाई सराहते हैं तहांदूनोंपद अगम हैं ( ७१ ) दोहार्थ॥ तब अत्रिमुनि कह्यउ है हेभरत उत्तम शैल के समीप सुष्टकही उत्तमकूप है तेही कूपविषे उत्तम पावन अमलअनूप तीर्थनकर जलराखहु ( ७२ ) तब भरतजी अत्रिमुनिका अनुशासन पाइकै जलके भाजन तहां को चलाइदेतभये हैं ( ७३ ) पुनि शत्रुहनसंयुक्त अरु साधुनकी समाज अरु अत्रिमुनिके आगे भरतजी चलतभये हैं अगाधकूप के समीप प्राप्तिभयेजाइ ( ७४ ) पावन जो पाथ तीर्थनकर जलपुण्यथलविषे राखतभये हैं प्रमुदित प्रेम ते अत्रिमुनि असकहते हैं ( ७५ )

**पावनअमलअनूप ७२ चौ०॥ भरतअत्रिअनुशासनपाई जलभाजनसबदियेचलाई ७३ सानुजआपुअत्रिमुनिसाधू सहितगयेजहँकूपअगाधू ७४ पावनपाथपुण्थलराखा प्रमुदितप्रेमअत्रिअसभाषा ७५ तातअनादिसिद्धिथलयेहू लोपेउकालबिदितनहिंकेहू ७६ तबसेवकनसरसथलदेखा कीन्हसुजलहितकूपबिशेषा ७७ बिधिवशभयउबिश्वउपकारा सुगमागमअतिधर्मबिचारा ७८ भरतकूपअबकहिहैं लोगा अतिपावनतीरथजलयोगा ७९ प्रेमसनेमनिमज्जतप्राणीहोइहिविमलकरममनबाणी ८० दो०॥ कहतकूपमहिमासकलगयेजहाँरघुराउ अत्रिसुनायउरघुबरहितीरथपुण्यप्रभाउ ८१ चौ०॥ कहतधर्मइतिहासमप्रीती भयउ**

हे तात यह अनादि सिद्धिथल है सो बहुतकाल को लोप्यउकही गुप्त है प्रकटनहीं है ( ७६ ) तब सरसथल देखिकै सेवकन सुष्टराज्याभिषेक कर जल कूपविषे करतभये हैं कूपकर अतिहितकारकीन है ( ७७ ) देखिये तौकहांयह संयोगरह्यउ जे श्रीरामचन्द्र के राज्याभिषेककर जलआइकै यह कूपको अभिषेकभयो है ताते यहकूप सबतीर्थनको राजाभयो है सो विधिके संयोग ते बिश्वकर उपकार होत भयो है देखिये तौ धर्मकर बिचार ऐसोहै कहूं सुगम को अगम ह्वै जात है अरु कहूं अगमको सुगम ह्वइजातहैइहां अगम को सुगम ह्वैजात हैं इहां अगमबस्तु सुगमभई है ( ७८ ) भरत करिकै अतिपावन जो तीर्थनकर जल त्यहिके संयोगते अब ते भरतकूपसबलोग कहैंगे ( ७९ ) यहकूपविषे जे प्राणीप्रेम नेम ते मज्जनकरहिंगे ते मनक्रमवचनते विमलहोहिंगे ( ८० ) दोहार्थ ॥ कूपकर माहात्म्य अत्रिमुनि सबते बर्णनकरत श्रीरघुनाथजी के समीपजातभये हैं तब अत्रिमुनि तीर्थ के पुण्यकर प्रभाव श्रीरघुनाथ जी को सुनावतभये हैं हे रघुराज यहभरत कूप के जलको जो सेवनकरैंगे ते आपुके सारूप्य सामीप्य मुक्तिको प्राप्तिहोहिंगे ( ८१ ) धर्मकर इतिहास परस्पर कहत सन्ते रात्री बीतिगईभोरभयो ( ८२ ) दूनोंभाई नित्यक्रियानिबाहिकै भरतजी श्रीरामचन्द्र अरु अत्रि अरु वशिष्ठकी आज्ञापाइकै सहित वशिष्ठ ( ८३ ) आसाहेतसमाजसबसाज सादेपांय पियादे श्रीरामचन्द्रकर बनअटनकही देखिबेकोचलत भये हैं ( ८४ ) भरत के कोमलचरण हैं अरु बिनापनहिन तातेभूमि सकुचिकेकोमलह्वै गई है ( ८५ ) कुशजे हैं कंटकजे हैं कुराई कही गड़वाजे हैं कंकर जे हैं इत्यादिक जहांतक कटुकही पगमें लागतसन्ते छर्छराइउठैं अरु कठोर कुबस्तुजे हैं तिनसबको दुराइकही छपाइलेतभई है महि अतिकोमल

**भोरनिशिसोसुखबीती ८२ नित्यनिबाहिभरतदोउभाई रामअत्रिगुरुआयसुपाई ८३ सहितसमाजसाजसबसादे चलेरामबनअटनपयादे ८४ कोमलचरणचलतबिनुपनहीं भइमृदुभूमिसकुचिमनमनहीं ८५ कुशकण्टककांकरीकुराई कटुककठोरकुबस्तुदुराई ८६ महिमंजुलमृदुमारगकीन्हो**

बहतसमीरसदासुखलीन्हो ८७ सुमनबर्षिसुरघनकरिछाहीं बिटपफूलफलतृणमृदुलाहीं ८८ मृगबिलोकिखगबोलसुबानी सेवहिंसकलरामप्रियजानी ८९ दो०॥ सुलभसिद्धिसबप्राकृतौ रामकहतजमुहातरामप्रेमप्रियभरतकहँ यहनहोहिबड़िबात ९० चौ० ॥ यहिविधिभरतफिरतबनमाहीं नेमप्रेमलखिमुनिसकुचाहीं ९१ पुण्यजलाश्रयभूमिविभागा खगमृगतृणतरुगिरिबिनबागा ९२ चारुबिचित्रपवित्रबिशेषी बूझतभरतदिव्यसबदेखी ९३ सुनिमनमुदितकहतऋषिराऊ

ह्वैगई है श्रीरामानन्यभागवत कछु संबन्धमानिकै भरतकै सेवाकरैहैं ( ८६ ) भरतके चलतसन्ते महिमृदुमंजुलमयमारग भई है अरु शीतल मन्दसुगंध सुखमयपवन बहत है ( ८७ ) देवता फूलबर्षते हैं मेघछाया करते हैं अरुबिटप फूलफल पल्लव मृदुकरिकै शोभित ह्वैरहे हैं ( ८८ ) मृगजे हैं ते अपने अवलोकनते भरतकी सेवाकरते हैं अरु विहंगबोलीते सेवाकरते हैं श्रीरामप्रिय जानिकै ( ८९ ) दोहार्त्थ॥ हे पार्वती जेजमुहातौ कै श्रीरामकहत हैं तिनप्राकृतमनुष्य के सम्पूर्ण पाप नाशह्वैजाते हैं अरु त्यहिकाल विषेसम्पूर्ण सिद्धीआइ जाती हैं ते भरत श्रीरामचन्द्र के परमप्रीतम तिनको जो मंलमयभयो तौ कछुबड़ीबात आश्चर्य्य की नहीं है ( ९० ) यहिप्रकार ते भरतजी बनमें फिरते हैं नेमप्रेम देखिकै मुनीश्वर सकुचाइजाते हैं ( ९१ ) पुण्यमय जलाश्रयकही जहांजलरहत है विभागकही भिन्नभिन्नभूमिकी शोभा खगजे मृगजे तृणजे गिरिजेवनजे बागजे ( ९२ ) येसब चारु कही अतिसुन्दर अरु विशेष पवित्र हैं तिनसबकोभरतजी परमदिब्यदेखिकै अत्रिमुनितेबूझते हैं ( ९३ ) सुनिकै मनमुदितते ऋषिराउ अत्रिमुनि सबके हेतुकारण कहते हैं उनके पुण्य अरु उनके गुण अरु उनकेफल उनकेप्रभाव अतिनिर्मल ( ९४ ) अत्रिमुनिकेबचनसुनिकै भरतजीकतहूं निमज्जन अरु कतहूं प्रणामकरते हैं अरु कतहूंमनके अभिरामकही स्वेच्छित आनंदते विलोकते हैं ( ९५ ) अरु कतहूं मुनिकी आयसु पाइकै बैठिजाते हैं अरु सीतासहित दोऊभाइनकर स्मरणकरते हैं ( ९६ ) भरत के सुभाउस्नेह तेअपनी सेवादेखिकै बनकेदेवता मुदित मनते आशीर्वाददेते हैं ( ९७ ) प्रात समय स्नानकरिकै श्रीरामचन्द्र अरु गुरुनके प्रणामकरिकै आज्ञालैकै परिक्रमाको नित्यजाते हैं अढ़ाई पहर दिनबीते फिरिआवते हैं श्रीरामचन्द्र

हेतुनामगुणपुण्य प्रभाऊ ९४ कतहुंनिमज्जनकतहुंप्रणामा कतहुंबिलोकतमनअभिरामा ९५ कतहुँबैठिमुनिआयसुपाई सुमिरतसीयसहितदोउभाई ९६ देखिसुभावसनेहसुसेवा देहिंअशीषमुदितमनदेवा ९७ फिरहिंगयेदिनपहरअढ़ाई प्रभुपदकमलबिलोकहिंसाई ९८ दो०॥ देखेथलतीरथसकल भरतपाँचदिनमाँझ कहतसुनतहरिहरसुयश गयउदिवसभइसाँझ ९९ * * * *

चौ० ॥ भोरन्हाइसबजुरयउसमाजू भरतभूमिसुरतिरहुतिराजू १ भलदिनआजुजानिमनमाहीं रामकृपालुकहतसकुचाहीं २

के चरणकमलविषे दण्डवत् करते हैं ( ९८ ) दोहार्त्थ ॥ भरतजी सम्पूर्णतीर्थथलबन मुनिनके स्थान पाँचदिनविषे सब देखतभये हैं हरजो महादेव तिनकै अनन्यभक्ति श्रीरामचन्द्र विषे अरु हरि जो श्रीरामचन्द्र तिनकैदयालुता अपनेजन विषे ताते हरिहरकर सुयशपरस्पर अत्रिमुनि अरु भरतकहतसुनत श्रीरामचन्द्र के निकट प्राप्तिभये आइ संध्यासमय ह्वैगई है ( ९९ ) इति श्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसने श्रीअयोध्याकाण्डे श्रीरामचन्द्रभरतअत्रिबिमलविवेकसम्बादेसप्तविंशतिस्तरंगः २७॥

दोहा ॥ अष्टमबीसतरंगमें विनयधर्म्मगतमूल रामचरणश्रीरामकैआज्ञामंगलमूल २८ भोरहीस्नानकरिकै सम्पूर्ण समाजजुरतभई है भरत भूमिसुर ब्राह्मण अरु तिरहुतिके राजाजनकते सब जुरतभये ( १ ) हे पार्वती श्रीरामचन्द्र अपने मनमें विचारकीनहै कि आजु बिदाहोबेको भलोदिनहै सोककहतकै संकोचकरते हैं काहेते ते कृपालु हैं ( २ )

कीझलक लिहे ऐसेदशनहैं अरु दामिनीकीद्युतिकोहरत हैं दशनअरु देहअरु शरद्ऋतुके कमलइव नेत्र हैं अरुशरद्को पूर्णचन्द्र तद्वत् मुखहै अहिकीभामिनी नागिनी तद्वत् बेणी बनी है ( ११ ) अरुबरुणकीपाश तद्वत् नेत्रकी कटाक्ष किंतु नाभी अरु मनोजकही कामकी धनुष इव बंकभृकुटी हैं हंसइव गमन है किंतु विवेक है अरु गजकी ऐसी चालमंदमंदहै अरु केहरिकही सिंहकी ऐसीकटिहै हेजानकीजी येसब तेरे अंगअंग की प्रशंसा कही अस्तुति करते हैं ते येते येसब बहुत प्रसन्नभये हैं अब अपनी प्रशंसाकरते हैं मानलिये हैं ताते तुमशीघ्र प्रकटहु ( १२ ) अरु श्रीफलकही बेलकोफल तद्वत्लक्षणाकरै अरुकनककदली तद्वत्जंघहैं हेजानकीजी तेरे विक्षेपतेये सबहर्षितभये हैं काहेते तेरेअंगकी शोभा के आगेइनकी छबिमंद परिगई है ताते तेरेगयेते हर्षको प्राप्त भये हैं इनके नेकहुशंका संकोच मनमें नहीं है यह जानिके कि श्रीजानकीजी भलेगई हैं अब नहीं आवैंगी यह निश्चयकीन है काहेते श्रीजानकीजीके प्रकट भये ते हमारी शोभा को निरादर होइगो ताते हे प्रिया तेरे गयेते शंका संकोचरहित भये हैं ( १३ ) हे जानकीजी आजुत्वहिंविना येतेसब अतिहर्षको प्राप्तभये कैसे जैसे कोईरंक राज्यको प्राप्तहोइ है ( १४ ) हे प्रिया यहअनख कही ईर्षा तोसे कैसे सहीजाति है तूवेग कस नाहींप्रकटै जाते इन सबकी शोभा मन्दपरिजाइ येसब लज्जितहोइजाइँ ( १५ ) देखिये तौ इहां अति वियोग शृंगाररस कहा है हे पार्वती यहिप्रकारते सर्वके स्वामी श्रीरामचन्द्र विरहविलाप करत श्रीजानकीजीको खोजतपूछत चलेजाते हैं मानहुं विषयी विरही कामी इव विरह करते हैं यह वियोग शृंगार है तहां यह अनुमान अपनीउक्तिसे कहते हैं कि रावणकेभयते कोईउत्तरनहीं देते हैं ( १६ ) हे पार्वतीश्रीरामचन्द्रसम्पूर्ण कामनाकरिकैपूर्ण हैं काहेतेपरमानन्दसुखकीराशि हैं तेनरइवपरमपवित्रपरम :: ::

खोजतबिलपतस्वामी मनहुंमहाविरहीअतिकामी १६ पूरणकामरामसुखराशी मनुजचरितकरअजअविनाशी १७ आगेपरागृद्धपतिदेखा सुमिरतरामचरणरजरेखा १८ दो०॥ करसरोजशिरपरस्यउ कृपासिंधुरघुवीर निरखिरामछविधाममुख विगत भईसबपीर १९॥ *

चौ०॥ तबकहगिद्धबचनधरिधीरा सुनहुरामभंजनभवभीरा १ नाथदशाननयहगतिकीन्ही त्यहिखलजनकसुताहरिलीन्ही २ लैदक्षिणदिशिगयउगोसाईं बिलपतिअतिकुरुरीकीनाईं ३ दरशलागिप्रभुराख्यउँ प्राना चलनचहतअबकृपानिधाना ४ रामकहा

दिव्य चरित्र करते हैं श्रीरामचन्द्र अज अविनाशी हैं उनको सब सोहत है ( १७ ) यहिप्रकारते विरह संयुक्त चले जाते हैं आगे गृद्धराजको घायल परादेखा अरु श्रीरामराम सुमिरतसन्ते अरु श्रीरामचन्द्रके चरणकीरेखास्वस्तिक इत्यादिक अड़तालिस अंक अरु चरणकी रजसुमिरत पृथ्वी पर परा है ( १८ ) दोहार्थ ॥ तब श्रीरघुवीर कृपाके सिन्धु कृपाकरिकै करसरोज गृद्धके शीशपर परसतभये तब गृद्धकी श्रीरामचन्द्र कर दर्शन अरु छबिके धाम कमलमुखको देखतसन्ते पूर्णपीड़ाविगतभई ( १९ ) इति श्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषविध्वंसनेआरण्यकाण्डे श्रीरामविरहगृद्ध राजोपरिकृपावर्णनन्नामद्वादशस्तरंगः १२ ॥ :: :: :: :: ::

दोहा ॥ गृद्धराजपरकृपाकरि दीन्हतुरतनिजधाम दशअरुतीनितरंगमेंरामचरणअभिराम १३ तब धीरज धरिकै गृद्धराजबोल्यो हेभवभीरभंजन राम सुनहु ( १ ) हे नाथ यह मोरहाल रावणकीन है अरु तेईखल श्रीजानकीजी को हरिलीन है ( २ ) हेगोसाईं दक्षिण दिशिको लैगयो है तहां जैसे कुररी बिहंग नभविषे विरहबाणी स्वाभाविकैरटै है तैसे श्रीजानकीजी आपुको अतिविरह आर्तितेरटत चलीगई हैं ( ३ ) हे कृपानिधान आपुके दर्शनहेतु प्राणको राख्यहुं है अबआपुको दर्शनभयो अब शरीर को त्यागिकै चलाचाहत हैं ( ४ ) तब श्रीरामचन्द्र करुणाकरिकै कहते हैं हे तात शरीर राखहु मैं अचलकरिदउं तब गृद्धराज मुखमुसकाइकै कहत हैं ( ५ ) हे श्रीरामचन्द्र आपुकरनाम सुमिरतसंते अंतकाल में मोक्षहोत है जो अधमौ होइ यहवेद कहते हैं बाराहपुराणे शंकरवाक्यंश्लोक॥ दैवाच्छूकरशावकेन निहतोम्लेच्छो जरार्जजरोहारामेतिहतोस्मिभूमिपतितो जल्पंस्तनुंत्यक्तवान् तीर्णोगोस्पदवत्भवार्णवमहोनाम्नः प्रभावात्पुनः किंचित्रंयदिरामनामरसिकास्तेयांतिरामास्पदं ( ६ ) सो श्रीरामचन्द्र मेरेलोचन के

तनराखहुताता मुखमुसकाइकहीत्यइँबाता ५ जाकरनाममरतमुखआवा अधमौमुक्तहोइश्रुतिगावा ६ सोममलोचनगोचरआगे राखौंनाथदेहक्यहिखागे ७ जलभरिनयनकहतरघुराई तातकर्मनिजतेगतिपाई ८ परहितबसजिनकेमनमाहीं तिनकहँजगदुर्लभ कछुनाहीं ९ तनतजितातजाहुममधामा देउंकाहतुमपूरणकामा १० दो०॥ सीताहरणतातजनिकह्यउतातसनजाइ जौमैंरामतो

गोचरकही प्रत्यक्षश्यामसुन्दर विराजमानहौ सो मोकोअब काखांगा है जो देहको राखहुं आखिरतौ शरीर सबको नाशमान है अबयह अवसर जो शरीर त्यागिबेको योगेश्वरनको दुर्लभ है सो अवसर मोको सुलभभयो है अबयह अनित्य शरीर मैं काहेको राखौंगो ( ७ ) गृद्धकै कर्तव्य आत्मसमर्पण शरणागत भक्तिदेखिकै श्रीरामचन्द्र नेत्रन में जलभरिकै कहते हैं हेतात तुमअपनीकर्तव्यते परमपदलीन है ( ८ ) हे तात परावाहितकार जिनके मनबचनकर्म विषे बसत है तिनकोजगत् में कछुदुर्लभ नहीं है प्रमाणएकश्लोक ॥ अष्टादशपुराणानांव्यासस्यवचनद्वयं परोपकारपुण्याय पापायपरिपीडनं १ ताते तुमसब उपकारनते परात्पर उपकार कीनहैताते तुमको मनबांछित फलतयार है ( ९ ) हे तात अब तुमतनतजिकै मेरेधामको जाहुऔर तुमको का देउंतुमतौ पूर्णकामहौ ( १० ) दोहार्थ ॥ श्रीरामचन्द्र कहते हैं कि हे तात अबतुम मेरोधामजो बैकुण्ठ है तहांको प्रथम चतुर्भुज स्वरूप ह्वैकै जाहु पुनि जब हम परविभूति को गमन करहिंगे तब पिताको अरु तुमको संगही लै जाइंगे पर हेतात हमारपिता इन्द्रलोक में है अरु बैकुण्ठको वोहीराह जाहुगे ताते सीताकोहरण तातसेनकहब काहेते जो सुनहिंगे तौ अत्यन्त दुखको प्राप्तिहोहिंगे तहां अग्रेमेरी यह संकल्प है कि जो मैं श्रीरामचन्द्र तौ रावणआदि सहित राक्षसनके कुलको जबमैं परमपद देउंगो तबवोई सीताहरणको वृत्तांत कहहिंगे चलेजाहिंगे तब पिता प्रसन्नहोहिंगे ( ११ ) श्रीरामचन्द्र के यतने बचनसुनिकै गृद्धराज ने बिनाश्रम स्वेच्छित शरीरको त्यागिदियो है जैसे कोई नवीनबस्त्र पहिरै प्रसन्नते पुराने को त्यागिदेइ तैसेशरीर को त्यागिकै हरिकेस्वरूप को प्राप्तिभयो पीताम्वर धारण अरु किरीट कुण्डल बनमाला इत्यादिक अलंकार करिकै शोभित है ( १२ ) मर्कतमणिइव श्यामशरीरअरु विशाल चारिभुज गदापद्मशंखचक्र संयुक्त प्रेमयुक्त नेत्रनमें जलभरे पंकजइव मुखते श्रीरामचन्द्रकै अस्तुति करतहै ( १३ ) हरिगीतछन्द॥ हे श्रीरामचन्द्र आपु सर्वोपरि जयमान्हौ अरुअनूपरूपहौ तुम्हारयहस्वरूपकैसो

कुलसहितकहहिदशाननआइ ११ चौ०॥ गृद्धदेहतजिधरिहरिरूपा भूषणबहुपटपीतअनूपा १२ श्यामगातविशालभुजचारी अस्तुतिकरतनयनभरिबारी १३ हरिगीत छं०॥ जयरामरूपअनूपनिर्गुणसगुणप्रभुप्रेरकसही दशशीशबाहुप्रचण्डखण्डनचण्डशरमण्डनमही १४ पाथोदगातसरोजमुखराजीवआयतलोचनं नितनौमिरामकृपालु बाहुविशालभवभयमोचनं १५ बलमप्रमेयमनादिमजमव्यक्तमेकमगोचरं गोविन्दगोपरद्वंदहरविज्ञानघनधरणीधरं १६ जेराममंत्रजपंतसंतअनन्तजनमनरंजनं नितनौमिरामअका- * * *

है तहां निर्गुणब्रह्म जो अरुसगुणब्रह्मईश्वरजो तिनदूनौं स्वरूपके तुम प्रेरक सहीहौनिर्गुण ब्रह्मतुम्हारो घनस्तेजहै चैतन्य सर्वत्र परिपूर्ण एकरस अरुसगुणब्रह्मा ईश्वरतुम्हारो महत् अंशहं अरु तुम दूनौंस्वरूपके उपादानकारण हौ अरु दशशीशके प्रचण्डभुज त्यहिकर खंडनकर्ता तुहारोबाण प्रचण्ड है अरु पृथ्वी के मण्डनकही शृंगार हौ ( १४ ) अरु पाथोद जोमेघहैं तद्वत्श्यामहौ गंभीरहौ उदारहौ अरु कमल सममुख है अरु विशाल अरुण कमलइवनेत्र हैं हे श्रीरामचन्द्र तुमनित्य हौ अरुमैं नित्य नमस्कारकरतहौं हेकृपालु हेबिशालभुज भवभय मोचनके कर्त्ताहौ ( १५ ) अरु अप्रमेयबल अनादिअज अव्यक्त एकअगोचर अब्यक्तकही मनबुद्धिवाणीते परेहौ हेगोबिंद तहां गोकही पृथ्वी बिंद कही त्यहिके पालक आनंददाताहौ अरु गोकही इन्द्री विराट् के सुद्धां किन्तु गोकही ब्रह्मांड त्यहिकेपरेहौ अरु द्वन्दकही मैं तैं मोरतोर त्यहि के हरैया हौ अरु विज्ञानकेघनकही समूहहौ धरणी धरहौ ( १६ ) हे श्रीरामचन्द्र जो तुम्हार राम नाम महामंत्र अनंतसंत जपते हैं तिनको मनरंजनकही अतिआनंद होते हौ अकामप्रिय जेनिष्काम हैं ते तुमको बहुत

प्रिय हैं अरु तुमउनको बहुतप्रियहौ ते श्रीरामचन्द्र मैं तुमको नौमिकही नमस्कारकरतहौं अरु कामादि काम क्रोध लोभ मोह मद मात्सर्य इत्यादिकखलनकेदल तिनको गंजनकही नाशकरते हौ ( १७ ) हे श्रीरामचन्द्र तुमको वेद निरंजनकही मायारहित व्यापक ब्रह्म अज अद्वैत विरजकही षट्विकाररहित जन्म वृद्धिविवर्ण क्षीण जरा मरण इन षट्विकार करिकै रहितहौ अरु अजकही अजन्मा गर्भ में नहीं आवंते हौ असकहिकै तुमको वेदगावते हैं अरुयह स्वरूप जो तुम्हार है ताके गुण वेद कहते हैं जो कहिआये हैं स्वेच्छित आविर्भाव होते हौ अरु अनेकन मुनि ध्यान योग वैराग्य ज्ञानकरिकै इन्द्रिनको जीतिकै तुमको पावते हैं ऐसेकरिकै तुमको वेद निरन्तर

मप्रियकामादिखलदलगंजनं १७ जेश्रुतिनिरंतरब्रह्मब्यापकविरजअजकहिगावहीं करिज्ञानध्यानविरागयोग अनेकमुनिज्यहिपावहीं १८ सोप्रकटकरुणाकन्दशोभावृन्दअगजगमोहई ममहृदयपंकजभृङ्गअंगअनंगबहुछबिसोहई १९ जेअगमसुगमसुभावनिर्मलअसमसमशीतलसदा पश्यन्तियंयोगीयतनकरिकरतमनगोवशयदा २० सोरामरमानिवाससन्ततदासवश त्रिभुवनधनी ममउर

गावते हैं ( १८ ) ऐसेतुम श्रीरामचन्द्र तेप्रकटकही प्रत्यक्षहौ हे करुणाकेकन्द्र अरु शोभाके वृन्दकही समूह अपनी शोभा करिकै अगजग हौ मोहि लेते हौ तेतुम मेरेहृदयकंज के भृङ्गहोहु तुम्हारी छबिके आगे कोटिन अनंग मोहित होते हैं तहां जहां अंगै नहीं तहां उसकी शोभाकहे हैं अरु कैसे मोहैगो तहां जब महादेवने काम को नहीं जार्‍यो है तबकी उपमा दीन है किन्तु महादेव रतिको बरदान दीन है तब अंगसंयुक्तभयो है किन्तु अनंगनाम भविष्यकहाहै जैसे अहल्या ने श्रीरामचन्द्रको रावणारिकहा है ( १९ ) जो तुम्हार स्वभाव अतिनिर्मल अगम है अरु सुगम है अरु सम है अरु असम है अरु सदाएकरस शीतल है तहां अपने जानिबेको अगम है अरु हे श्रीरामचन्द्र तुम्हारी कृपा ते तुम्हारसुभाव सुगम अरु जीवन को कर्मानुसार फलदेवे को तुम्हार सुभाव असमकही विषम है अरु वहफल समकरिदेते हौ अरु अपनी कृपा सुभावते भक्तिदेते हौ ताते समहौ अरु असमकही अपने क्रोधस्वभाव ते मोक्षदेते हौ ताते सदा शीतलहौऐसे जे तुमहौ तिनको अनेक यत्नकरिकै मन इन्द्रिनको वशकरिकै योगी जन अपने हृदयविषे पश्यन्तिकही देखते हैं ( २० ) हे राम रमानिवासपूर्ण जो रमा हैं लक्ष्मी तिनविषे आपहीकी तेज शक्तिब्याप्त है तहां हे त्रिभुवनधनी सन्ततकही निरन्तर ऐसे तुम दासन के बशहौ तहां यह अभिप्राय है इहां गृद्धराज दशरथमहाराज को सखा है त्यहि श्रीजानकी जी के हेतु शरीर को त्यागकीन है ताते इहां श्रीरघुनाथजी ने अपने आवान्तर श्रीजानकीजी संयुक्त गृद्धको देखाइदीन है तब गृद्धबोल्यो कि हे श्रीरामचन्द्र मम उरविषे आपुको इहै स्वरूप श्रीजानकीजू लक्ष्मणजी संयुक्त बसै कैसे हौ तुम संसृतकही जन्म मरण त्यहिके शमनकर्त्ता आपकी विमलकीर्त्ति है ( २१ ) दोहार्थ ॥ यह कहिकै अविरलभक्तिमांगिकै अविरलकही तैलवत्धार सो भक्ति बरदान पाइकै गृद्धराज हरिधामको जात भयो त्यहिकै क्रिया यथोचित पिता के समान श्रीरामचन्द्र अपनेहाथनते कीनि है ( २२ ) इतिश्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषविध्वंसने आरण्यकाण्डे गृद्धराजमोक्षवर्णनन्नामत्रयोदशस्तरंगः १३॥ :: ::

बसहुसोशमनसंसृतजासुकीरतिपावनी २१ दो०॥ अविरलभक्तिमांगिवर गृद्धगयोहरिधाम त्यहिकीक्रिया यथोचित निजकरकीन्हीराम २२॥

चौ० ॥ कोमलचितअतिदीनदयाला कारणविनुरघुनाथकृपाला १ गृद्धअधमखगआमिषभोगी गतिदीन्हीजोयाचतयोगी २ सुनहुउमातेलोगअभागी हरितजिहोहिंविषयअनुरागी ३ पुनिसीतहिंखोजतद्वउभाई चलेविलोकतबनबहुताई ४ संकुललताबिटपघनकानन बहुखगमृगतहँगजपंचानन ५ आवतपन्थकवन्धनिपाता त्यइसबकहीशापकैबाता ६ दुर्वासाम्वहिंदीन्ह्यउशापा * *

दोहा॥ दशअरुचारितरंगमें बधिकवन्धगतिदीन रामचरणशवरीमिलेप्रेमपरस्परकीन १४ हे पार्वती श्रीरघुनाथजी कृपालु जो हैं ते बिना कारणही अति कोमलचित हैं अरु दीनदयालु हैं ( १ ) देखिये तौ गिद्ध पक्षिनमें अधम है अरु आमिषाहारीहै त्यहिको सो गतिदीन जो गति योगेश्वर चाहनाकरते हैं ( २ ) हे उमा ते लोग बड़े अभागी हैं जे श्रीरामचन्द्र कोतजिकै विषय में अनुरागकरते हैं ( ३ ) पुनि हे पार्वती गिद्धको निजधाम दैकै पुनि श्रीरामचन्द्र श्रीजानकीजी को खोजत विरहसंयुक्त अनेक बनविलोकत चलेजाते हैं ( ४ ) संकुलकही परिपूर्ण हैं लता ज्यहि बनबिषे अरु खग मृग गजपंचानन कही सिंह इत्यादिक अनेक जन्तुनते अरुतरु लतनते श्रीजानकीजी को पूछत चलेजाते हैं ( ५ ) तहां राहमें जात सन्ते कवन्धनाम राक्षस मुनिके शापते त्यहिको शीश हृदयमेंरहै ताते अन्धरहै मुखमात्र निकसार है अरु बड़े भुजारहैं जाही को पावै त्यहिको धरिकै खाइजाइ तहां त्यहिके द्वौभुजन के बीचमें श्रीरघुनाथजी अरुश्रीलक्ष्मणजी निकसेजाइ तब मुखबाइकै द्वौभुजन ते पकरिकै समेटत भयो तब श्रीरघुनाथजी त्यहिके निकटजाइकै द्वौभुजनको मूल बाण तेकाटिडारयो है अरु हृदय में एकबाणमारा शीश खण्डखण्ड ह्वइजातभयो तब सो शरीर छोड़िकै सुन्दर गन्धर्बहोतभयो अरु अपने शापकीसम्पूर्णबात कहतभयो ( ६ ) हे श्रीरामचन्द्र मैं गन्धर्बहौं पूर्व मैं दुर्बासामुनि ते कछु हास्यकिह्यउं तब मुनि मोको शापदीन कि तैं राक्षस जाइहो तेरोशीश तेरे हृदयमें रहै ताते मैं राक्षसभयोंहौं श्रीरामचन्द्र कलियुग के चौथे चरण में शापदेकै अनुग्रहकीन कि त्रेता के चौथेचरणमें परब्रह्म अवतीर्णहोहिंगे तहां बनविषे जाहिंगे तोको बधहिंगे पुनि तोकोभक्तिदेहिंगे ते श्री

प्रभुपददेखिमिटासोपापा ७ सुनुगन्धर्बकहौंमैंतोहीम्वहिंनसोहाइब्रह्मकुलद्रोही ८ दो०॥ मनक्रमवचनकपटतजि जोकरभूसुरसेव मोहिंसमेतबिरंचिशिवबशताकेसबदेव ९ चौ०॥ शापतताड़तपरुषकहंता बिप्रपूजिअसगावहिंसंता १० पूजियबिप्रशीलगुण

रामचरित गान सब गन्धर्ब तन ते करावैंगे उपरांत मोक्षहोइगो सो आपुके चरणारविंद देखे ते सम्पूर्ण पाप मिटिगयो ( ७ ) तब श्रीरामचन्द्रबोले हे गन्धर्व मैं तोसे कहतहौं मोको ब्रह्मकुलद्रोही नहीं सुहात है ( ८ ) दोहार्थ॥ हे गन्धर्व जो मन क्रमवचन ते कपटतजिकै भूसुर जो ब्राह्मण तिनकी सेवाकरै वह मोहिंसमेत ब्रह्मा शिवादिक देवतनको बशकरै ( ९ ) चौ० ॥ जो ब्राह्मण शापौदेइ अरु अनेक ताड़नाकरै दण्डौदेइ अरु परुष कही निंदाकरै गारीदेइ तबहूं ब्राह्मण पूजनीय है यह वेद पुराण सन्तकहते हैं ( १० ) हे गन्धर्व जो ब्राह्मण शील गुण इत्यादिकनते हीनहोइ तौ भी पूजाकरिबे योग्य है अरु जो शुद्र अनेक गुणगण करिकै सम्पन्नहोइ तौभी पूजनकरिबे योग्यनहीं है तहां भेदहै जे शूद्र अपनो बर्णाश्रम धर्मलिहे हैं ते अपूज्य हैं अरु जे शूद्र बर्णाश्रम छोड़िकै श्रीभगवत् शरणहोयँ सो पूजनीय हैं अरु जे बिप्र अरु भगवत् से बिमुखहैं तहां पूज्य मानतौ हैं पर त्यहिबिप्रते भगवद्भक्तश्रेष्ठ तहांप्रमाण है एकश्लोक ॥ येशूद्राभवद्भक्ता बिप्राभागवताः स्मृताः । सर्ववर्णेषुतेशूद्रा येनभक्ताजनार्दनः पुनः श्रीभागवते एकश्लोक ॥ बिप्राद्विषट्गुणयुतादरविन्दनाभ पादारविन्दबिमुखाःस्वपचंवरिष्ठं मन्येतदर्पितमनोबचनेहितार्थान् प्राणंपुनातुसकुलंनतुभूरिमानः ( ११ ) श्रीरामचन्द्र कहते हैं कि हे गन्धर्व ब्राह्मणकैसे पूजनकरिबेयोग्य है जैसे गऊदुष्टौहोइ तौभी दुहीजाती है अरु रासभीकही गदही बहुत दुग्धदात्री शांतिमतीहोइ परदुही नहीं जाइहै तहांप्रमाणहै अन्यच्च एकश्लोक ॥ पतितोपिद्विजः श्रेष्ठः नचशूद्रोजितेन्द्रियः अदुग्धासुरभीपूज्या नखरीघटदोहना ( १२ ) तहां श्रीरामचन्द्र अपनो निजब्रह्मण्यधर्म समुझाइकै कहते भये पुनि अपने पदमें गंधर्बकै प्रीतिदेखिकै मनमें भावतभयो इहां गन्धर्व को केवल रामकृपा भई है तहां श्रीरामचन्द्रने कृपाकरिकै गन्धर्व को अपनी विमलभक्तिदीनि है अरु यह कहा कि हे गन्धर्व तुम अपने लोक को जाहु मोरिबमलं कीर्त्ति गानकरहु मैं तुम्हारे बंशभरिको अपने परंपद को प्राप्तिकरौंगो ( १३ ) तब श्रीरामचंद्र

हीना शूद्रनगुणगणज्ञानप्रवीना ११ दुष्टौधेनुदुहीसुनुभाई साधुरासभीदुहीनजाई १२ कहिनिजधर्मताहिसमुझावा निजपदप्रीतिदेखिमनभावा १३ रघुपतिचरणकमलशिरनाई गयउगगनआपनिगतिपाई १४ ताहिदेइगतिरामउदारा शवरीकेआश्रमपगुधारा १५ शवरीदेखिरामगृहआये

**मुनिकेवचनसमुझिजियभाये १६ सरसिजलोचनबाहुबिशाला जटामुकुटशिरउरबनमाला १७ श्यामगौरसुंदरद्वौभाई शवरीपरीचरणलपटाई १८ सादरजललैचरणपखारे पुनिसुंदरआसनबैठारे १९ दो०॥ कंदमूलफल**

के चरणारबिंद विषे दण्डवत्करिकै भक्तिवरपाइकै हर्षिकै निजलोकको जातभयो तहां गंधर्बलोक के गंधर्ब इनको रामभक्त कियो है ( १४ ) त्यहि के बंधुको भक्तिगति दैकै शवरीके आश्रमको चलतभये देखिये तौ इतनेको अधिकारी गंधर्ब नहींरह्योहै त्यहिको दुर्ल्लभगतिदीन है ऐसे श्रीरामचन्द्र उदार हैं ( १५ ) तहां शवरी ने देखा कि श्रीरामचन्द्र मेरे आश्रमको आवतेभये हैं तहां शवरी मतंगमहामुनीशकी शिष्य है जब मुनि श्रीराम धामको चलेलगे हैं तहां तब शवरीसे कहा कि श्रीरामचन्द्र इहां आवहिंगे तब तू मनपूर्ण दर्शनकरिकै श्रीरामधाम को हमारे समीप आवैगी तब शवरी ने जाना कि गुरुकोवचन सत्य है त्यहिकोफल आजुमोकोप्राप्तिभयो अतिहर्षको प्राप्तिभई है ( १६ ) तहांश्रीरामचन्द्रआइकैप्राप्तभये विशाल कमलइवनयन जटाकेजूट सुन्दरविशालभुज उरविषे बनमालशोभितहै ( १७ ) धनुर्बाण पीताम्बरधारी श्यामगौर अतिसुन्दर कोटिनघन अरु दामिनिकीद्युतिकोहरत है प्रसन्नबदन अरुश्रीलक्ष्मणजी तैसहीसंगै ऐसोस्वरूपदेखिकै तब शवरी निर्भरप्रेमतेचरणमेंपरतिभई लिपिटिगई है ( १८ ) प्रेमतेमग्नकछुकहानहीं जाइतहांश्रीरघुनाथजीबारबार उठावते हैं अरु बारबारचरणनपरती है पुनिधीरज धरिकै पावनआसनपर बैठारिकै प्रेमते भरी अपनेपात्रते जललैकै चरणप्रक्षालिकै चरणामृत लातेभई ( १९ ) दोहार्थ॥ पुनि शवरीके हृदयमें यह आवतभयो कि दूनौंभाईमगके श्रम तेक्षुधित तृषित हैं यह बिचारिकै बात्सल्यरस भरिआयो है तहां हेपार्वतीशवरीसे जो मतंग मुनिकहि गये हैं कि श्रीरामलक्ष्मण दोऊभाई इहां आवहिंगे तब शवरी बनमें जाइकै कन्दमूलफल लै आई है परफलनको आपुअपनो मुखलगाइकै चीखिलेतीरही है जोरसमय अतिमधुरमधुर कन्दमूलफलपावै सो श्रीरघुनाथजीके हेतुधरेजातीरहै तहां प्रेमकी दशामें अपने जूंठे की खबरिहीनहीं रही है तहां प्रेमापराभक्तिकी यहीदशाहै तहां पुनि कोई कहते हैं कि ज्यहिवृक्षको फलएकचाखै अरु मधुरलागै तब उसफलको डारिदेइ अरु उसवृक्षकेफल श्रीरघुनाथ जी के हेतु अमनियाधरि राखैहै ऐसेही कन्दमूलफल धरैहै तहां यहिको तौ कर्ममिश्रा भक्तिकही तामें यहसामान्य अर्थ है अरु यहकहतसंते प्रेमकी दशा में विरोधआवै है

**सरसअति दियेरामकहँआनि प्रेमसहितप्रभुखाये बारहिंबारबखानि २० चौ०॥ पाणिजोरिआगेभइठाढ़ी प्रभुहिबिलोकिप्रीति**

काहेते जो चीखिकै पेड़को अमनिया फलधरिराख्यो है तहां असतौ हमीपंच करते हैं यामें शवरीके प्रेमकी आधिक्यता का भई कछु न भई ताते जूठ ही में प्रेम की लक्षणा होती है अरु शवरी तौ गुरुन की कृपा ते अरु श्रीरामचन्द्र की कृपा ते केवल शुद्ध प्रेमाकार उत्तमभक्ति को प्राप्ति भई है ताते मधुरफल जूठधरिराखें हैं काहेते शवरी जो फलचीखै ताहीको ज्ञानरहा है ताते कन्दमूलफल सोई श्रीरामचन्द्र के आगेदोननभरिभरि धरतिभई है त्यहिफलको श्रीरामचन्द्र श्रीलक्ष्मणजी बारबार बखान करिखाते हैं अरुशवरी अपने हाथनते दियेजाती है तहां श्रीरामचन्द्र श्रीलक्ष्मणजीते कहते हैं कि हे भाई ऐसोस्वाद विश्वामित्रके अरु जनक के अरु दशरथ के इहांन मिले हैं न खाये हैं तब श्रीरामचन्द्र शवरीकी दशा देखिकै कहते हैं कि हे शवरी ये जो कटेफल हैं सो किनपक्षिन की चोंचलगी है जो अमृतमयह्वइगये हैं अतिमधुर प्रियलागते हैं तहां कोई श्रीमद्रामायण में कोई साधूक्ति चौपाई॥ येफलकिनपक्षिनकेखाये अतिप्रिय लागनजातअघाये १ पुनिश्रीसूरसागरोक्तिपद॥ कवनकवनगुणबरणौं श्यामतिहारे शवरीके फलजूठेखाये गुणअवगुणनबिचारे॥ तबशवरीकोसुधिआई कि ये संपूर्णकंदमूलफल मेरे दांतन के लागेतेकटे हैं मेरेजूठे हैं हायहाय सो मैं स्वामी को खवाये हैं यतनामनमें आवतसंते कम्पभावको प्राप्तिभई है अतिविरह प्रेमाकुल ह्वइकै शरीर को त्यागाचाहति है तब श्रीरामचन्द्रधीरजदेते हैं इहां प्रेमापरा मिश्रितभक्ति है ( २० ) हे शवरी चिंता न कर मोको केवल प्रेमप्रियहै मैं केवलभावको भूखा हौं जो कदाचित् मोको बिगरजाने प्रेमतेदेखै भोगलगावै ताको मैं बड़ीप्रीतिते पावत हौं अरु अपनेदास कोउ है प्रसादअमृतकरि देतहौं यह अनेक जगहशास्त्र में प्रमाणहै अरु तूम्बहिंविषे चित्तकैवृत्ति लगाइकै मोरनाम अहर्निशि प्रेमसमेत जपैहै ताततोर मुखपरमअमृत को भाजनहोत भयो

है ताते तोरेदशनके काटेफल अमृतहूते अधिकस्वादको प्राप्तिभये श्लोक ॥ नयोग वैराग्यनज्ञानध्यानै र्नचक्रियाभिर्नतपोभिरुग्रैः प्राप्तैश्चमामेवकिंकोटियत्नैः सर्वात्मकंप्रेमसूत्रोपिवद्धः १ तब शवरी धीरजधरिकै उठिकै दूनोंकर संपुटकरिकै श्रीरामचन्द्र को अतिसुन्दर मधुरस्वरूप देखिकै नेत्रनके पुट भरिभरि पानकरती है जैसे श्रीरामचन्द्रजू शवरीके फलखातखात नहीं अघाते हैं तैसे शबरी श्रीरामरूपको नेत्रनकेद्वार अति अनुरागते पानकरतनिहींअघाती है ( २१ )

**अतिबाढ़ी २१ क्यहिबिधिअस्तुतिकरौंतुम्हारी अधमजातिमैंजड़मतिभारी २२ अधमतेअधमअधमअतिनारी तिनमहँमैंमतिमंदअघारी २३ कहरघुपतिसुनुभामिनिबाता मानौएकभक्तिकरनाता २४ जातिपाँतिकुलधर्मबड़ाई धनबलपरिजनगुगसमुदाई २५भक्तिहीननरसोहैकैसे बिनुजलवारिददेखियजैसे २६ नवधाभक्तिकहौंत्वहिंपाहीं सावधानसुनुधरुमनमाहीं २७ प्रथमभक्तिसं**

तब धीरजधरिकै शवरी अपनो नीचानुसंधानकार्पण्य शरणागत अरु आत्मसमर्पण जामेंसबशरणागतहैं तहां सब मिश्रितप्रेमते सानीबानी बोलतीभई है हे श्रीरामचन्द्र अधमउधारन पतितपावन दीनदयाल करुणानिधान अशरणशरण तुमहौ ताते मैं तुम्हारीस्तुति क्यहिविधिते करौंएकतौ मोरि अधमजाति अरु जड़मति ऐसी मैंहौं ( २२ ) अधमहुतेअधमाधम अरु त्यहिपरस्त्री अरु स्त्रिन में अतिमन्द मैं हौं हे अघके हरैया मैं ऐसी हौं ( २३ ) तब श्रीरामचन्द्रबोले हे भामिनि सुनु मैं एकभक्तिकर नातामानत हौं ( २४ ) जातिपांति कुल धर्म बड़ाई अरु धन बल परिवार कर सुख अरु चतुराई के गुण इत्यादिक सबसुलभलक्षण करिकैंपूर्ण होइ ( २५ ) पर मेरी भक्तिते जो नरहीन होइ सो यद्यपि सब गुण करिकैंपूर्णहैंपरकछुनहीं है कैसोजैसोविनजलकोमेघ है पुनिजैसे दिवसमेंचन्द्रमापुनिजैसेविनालोनके व्यञ्जनपुनिजैसेबिनाजलकीनदी इत्यादिक जैसे तैसे बिनारामभक्ति मनुष्य अशोभित कोईहोइ तहां प्रमाण है श्रीमद्भागवतेएकश्लोक ॥ विप्रद्विषट्गुणयुतादरविंदनाभ पादारविन्दबिमुखाः स्वपचंवरिष्ठं मन्येतदर्पितमनावचनेहितार्थः प्राणंपुनातुसकुलंनतुभूरिमानः १ तहां बारहगुण ब्राह्मण में स्वाभाविकरहते हैं ताको कहते हैं जातिपांति कुलधर्म बड़ाई इत्यादिक करिकै उत्तमहोइ याको प्रथमगुणकही १ अहंकारमन बुद्धिचित्त समहोइ २ अरु नेमहोइ जो नेमकरै तामें प्रत्यवाय विप्रहोइ ३ अरु यम अल्पभोजन निद्राको जीतै ४ अरु इंद्रीदमनहोइ ५ तपस्वीहोइ ६ आचार धर्म्ममें आरूढ़होइ ७ अरु शान्तमन होइ द्वंद्वधर्म आवत सन्ते क्षमाकरिजाइ ८ आर्यवकही दयामानहोइदीनको देखिकै हृदयते द्रविउठैतहां आर्यव तेजको भी कहते हैं ताततेजस्वी होइ सब कोई देखिकेंडरै स्वाभाविक डरिकै अपने कल्याणहेतु प्रीतिकरै ९ अरुज्ञानीहोइ तहां ज्ञानदुइप्रकारकरएक शास्त्रजन्यज्ञान अरु एकआत्म ज्ञानआत्मा आनात्माकार स्वरूप जानैसत्य असत्य जानैआत्मकोसत्यजानै अनात्माकोअसत्यजानै अच्छीप्रकारते जानिकैसत्य में आरूढ़होइ अरु असत्यकोत्यागहोइ तहांजोप्रवृत्तिमेंहोइतौफलको त्यागकरै अरु जोनिवृत्तिमेंहोइ तौस्वरूपको त्यागकरै ऐसीदशामें आरूढ़होइताकोज्ञानकही १० पुनि विज्ञानकही विशेष ज्ञानकही सुखदुःखविषे समहोइ स्थित रहै अरु कञ्चनमणि इत्यादिकको लोष्टइव त्यागकरै जैसे चौकादेकै लीझी फेंकिदेते हैं पुनि नहीं मनचलै है अरु प्रिय अप्रिय समहोइ अरु निन्दास्तुति में धीरहोइ हर्ष शोक न आवै अरु मानापमान तुल्यहाइ यह समुझिकै कि अपमान तौ अनात्मा को धर्म है अरुमान आत्माको धर्म है यहदूनौं समुझिकै तबमानापमान तुल्यरहै अरु मित्र अरितुल्यहोइ ऐसो गुणातीत बिज्ञानहोइ किन्तु जीव ब्रह्मकी एकता मानिकै ब्रह्मास्मिवृत्तिष्ठताको विज्ञान कही ११ अरु ब्राह्मण अस्तिमान होइ जाकोशापआशीर्बाद फलै १२ येतेद्वादशगुण करिकैब्राह्मण युक्त होइ अरु श्रीरामचन्द्र की भक्ति ते विमुखहोइ त्यहिते स्वपच श्रेष्ठहै पर ज्यइ स्वपच मनवचन कर्म करिकै परमेश्वर बिषे आत्म समर्पण कीन्ह है तहां सो सर्बोपायशून्य भक्ति है ते श्रेष्ठ हैं कोई होइ तहां जो कोई कहै कि ब्राह्मणके बारहौं गुणका भागवत् सम्बन्धी नहीं हैं तहां नहीं हैं काहेते इनगुणन मेंअहंकर्त्ता मानै है श्रीरामाश्रयनहीं है कर्मज्ञानमय है ताते भक्ति नहीं है अरु स्वपचके सर्व धर्म को त्यागि केवल अनन्यभक्ति भई है तातेश्रेष्ठकहा है काहेते भगवत् को अनन्यभक्ति बहुत प्रिय है काहूमें होइ प्रमाण श्रीभगवद्गीतायांश्लोक ॥ सर्वधर्मान्परित्यज्यमामेकंशरणंव्रज श्लोकार्द्धकाहेते सर्वजीव श्रीरामचन्द्रके हैं अरुवर्णाश्रम धर्म येते गुणमय हैं अरु अनन्यउपासक गुणातीत हैं

तत्रप्रमाणं श्रीमन्महारामायणेएकश्लोक ॥ नविधिर्ननिषेधश्चश्रीरामविरहान्वितः । इन्द्रियाणामभावःस्यात्सोनन्योपासकः स्मृतः ( २६ ) श्रीरामचन्द्र कहते हैं हे शवरी नवधाभक्ति तोसेमैं कहतहौं सो सावधानह्वैकै तैं सुनु अरु मनमें धारणाकरु ( २७ ) प्रथम भक्तिसाधुनकै संगति है पुनि दूसरि मोरी कथाको प्रसंग है ( २८ ) दोहार्थ ॥ पुनितीसरीभक्ति अमानह्वइ गुरुके पदपंकजकी सेवाकरै पुनिचौथी भक्तिमोर गुणगणकर कपटमान तजिकै परमेश्वरविषे कपट लोकरंजनाजोहै ताहित्यागि गानकरै ( २९ ) चौ०॥ पुनि पंचमभक्ति मोर मंत्रनेम करिकै अरु मेरेस्वरूप में चित्तकैवृत्ति लगाइकै अरु मोरेविषे दृढ़विश्वासकरिकै जपै यह भक्तिवेदमें प्रकाशित है ( ३० ) पुनि छठई भक्ति दम शीलदमकही इन्द्रिनको दमनकरै अरु शुभाशुभ कर्म ते वैराग्य है अरु मेरे कर्म में रतहै पुनि सर्वजीवन ते शीलमानराखै काहूको :: :: ::

**तनकरसंगा दूसरिरतिममकथाप्रसंगा २८ दो०॥ गुरुपदपंकजसेवा तीसरिभक्तिअमान चौथिभक्तिममगुणगण करैकपटतजि गान २९ चौ०॥ मंत्रजापममदृढ़विश्वासा पंचमभजनसोवेदप्रकासा ३० षटदमशीलविरतबहुकर्मा निरतनिरंतरसज्जनधर्मा ३१ सप्तमसमम्बहिंमयजगदेखा मोतेसंतअधिककरिलेखा ३२ आठौयथालाभसंतोषा सपन्यहुंनहिंदेखैपरदोषा ३३ नवमसरलसबसन छलहीना ममभरोसहियहर्षनदीना ३४ नवमहंजिनकेएकौहोई नारिपुरुषसचराचरकोई ३५ स्वइअतिशयप्रियभामिनिमोरे**

निरादरनकरै किंतुदमशीलकही इन्द्रिन के जीतिबेको स्थानबुद्धि है तिनकै अरु सज्जननकेधर्मविषे निरतकही निरन्तररत है ( ३१ ) पुनि सतई भक्ति मोहिमय जगत् चराचर जलथल नभ सर्वत्र मोको व्याप्तदेखै अरुम्वहिंते अधिक मोरे संतनकोजानै श्रीमन्महारामायणेएकश्लोक॥ भूमौ जलेनभसिदेवनरासुरेषु भूतेषुदेविसकलेषुचराचरेषु पश्यंतिशुद्धमनसाखलुरामरूपंरामस्यतेभुवितलेसमुपासकस्सः १ पुनः ब्रह्मांडपुराणे श्रीरामगीतायां ॥ मद्भक्तेभ्यः प्रयच्छंतिसुबहूनिधनान्यपि आतिथेपंकरिष्यामितस्याहंसीतयासह ( ३२ ) पुनि अठई भक्ति यथालाभ तथासंतोष अरु परावादोष सपन्यहुनहीं देखै है श्लोकार्द्ध ॥ असंतोषोदरिद्रः स्यात्संतोषःपरमोधनं ( ३३ ) पुनि नवमभक्ति सर्वजीवनते सरलसुभाव छलहीन रहै छलकही श्रीरामचन्द्र के शरणागत विषे वर्णाश्रम देहाभिमान त्यहिकोत्याग सर्वजीवनते अरु केवल मोरभरोस बाह्यांतरविषे अरु न कौनिउ बस्तुकै दीनता न कोनिउबस्तुको हर्ष आनंदपूर्बक जगत्विषे बिचरतेहैं सहजानंद मोरिभक्तिग्रहण किहे है ( ३४ ) हेभामिनि नवमें एकौभक्ति जिनकेहोइ नारिपुरुष चराचर कोईहोइ ( ३५ ) हे भामिनि सोई मोकोअतिशय प्रिय है अरु तेरेविषे नवौंप्रकार की भक्तिपूर्ण है ताते मोको तैं अतिप्रियहसि श्रीभगवद्गीतायां एकश्लोक मां हिपार्थव्यपाश्रित्य येऽपियुःपापयोनयःस्त्रियोबैश्यास्तथाशूद्रास्तेऽपियांति परां गतिं ( ३६ ) हे शवरी जो अनेकयोगी मुनिनको दुर्लभगति सोई तोको आजु सुलभभई है ( ३७ ) हे भामिनि मेरेदर्शनकरफल परमअनूपम स्वाभाविकहिंजीव अपनेसहजस्वरूपको प्राप्तिहोते हैं इहां दर्शन साधनफल भयो अरु जीवको सहजस्वरूपकी प्राप्ति सो सफलभयो ताते यहसिद्ध है पुनि अन्वयते सिद्ध अर्थ करते हैं ममदर्शनकर फल परम अनूप है पर जब जीव अपने सहजस्वरूपको सत्संग करिकै प्राप्ति होइ तबमोर दरश अनूपहोइ पुनि तीसरा अर्थ तहां जीवकर सहजस्वरूप श्रीरामचन्द्रहैंकाहेते जीवरूप है श्रीरामचन्द्र रूपी हैं जैसे सूर्यआपु रूपी है अरु सूर्यको प्रकाश सूर्यको सहजरूप है जैसे सूर्यहीके प्रकाशते सूर्य देखि परते हैं तैसे श्रीरामचन्द्रजी रूपी हैं अरु जीव श्रीरामचन्द्र को सहजरूप है ताते जबजीव अपनेनिज रूप :: :: :: ::

**सकलप्रकारभक्तिदृढ़तोरे ३६ योगिवृन्ददुर्लभगतिजोई तोकहँआजुसुलभभइसोई ३७ ममदर्शनफलपरमअनूपा जीवपावनिज**

को योग ज्ञानभक्ति करिकै प्राप्तिहोइ तबवाकी दिव्यदृष्टिहोति है तबश्रीरामचन्द्र के दर्शनकर अनूपफल त्यहिको प्राप्तहोत है जब यहिजीव को श्रीरामचन्द्र के दर्शनभये तब संपूर्ण विकार जीवके मिटि गये तबजीव शुद्ध सहज स्वरूप रामरूप ताको प्राप्तिभयो तब वाको श्रीरामचन्द्र को स्वरूप फलप्राप्त होत है तहां दर्शन साधनभयो प्राप्तफल

भयो तातेमोर दर्शन जीवनको परम अनूपहै अरु जीवनको सहजस्वरूप जो मैं हौं सो मोरिप्राप्ति परमअनूपफल है इहां साधनसिद्धि एकही है जैसे कटहरको फूलफल एकही है तहां प्रमाण है श्रीमन्महारामायणे पार्वत्युवाचश्लोकः केचिद्दासंसखाकेचित्केचिद्ब्रह्मबदंतिहि किंस्वरूपोस्यजीवस्यस्वामिन्कथयविस्तरात् १ श्रीशिवउबाच रामरूपस्यतेजोयं जीवोवेदप्रभाषितं भेदोमतस्यसर्वेषामाचार्याणांवदामिते २ दासवद्योभिजानाति तेषांदासःइतिस्मृतः येजानंतिसखातुल्यंसख्यवत्वान्यथोदितः ३ येपश्यन्तिसखी भावं सखित्वंप्राप्नुवन्तिते ब्रह्मात्मकंचयेजीवंतेषांब्रह्मइतिस्मृतः ४ श्रीरामंयेचहित्वाखलमतिनिरताब्रह्मजीवंबदन्ति तेमूढ़ानास्तिकास्तेशुभगुणरहितास्सर्वबुद्धातिरिक्ताः पापिष्ठाधर्महीनागुरुजन-बिमुखावेदशास्त्रेबिरुद्धा स्तेहित्वागाङ्गमंभोरविकिरणिजलंपातुमिच्छन्तितृष्णा ५ अरु यह अर्थ करिये कि श्रीरामचन्द्र के दर्शनते जीवकर निजसहजस्वरूप ताको प्राप्तहोत है तहां नहींबनै है काहेते कि जीवकर सहजस्वरूप शुद्ध निर्मल चेतनरूप सो स्वरूप योग ज्ञान ते प्राप्तहोत है पर जब योग ज्ञान विज्ञानअच्छीतरह प्राप्तहोइ तब श्रीरामचन्द्र को दर्शन पराभक्ति प्राप्तिहोति है तहां बाटिका में सनकादिकन में सुतीक्ष्णमें देखिलेव तहां प्रमाण है भगवद्गीतायां एकश्लोक ब्रह्मभूतप्रसन्नात्मानशोचतिनकांक्षति समःसर्वेषुभूतेषुमद्भक्तिंलभतेपरां १ किंतु सहजस्वरूप जीवकर सो अनेकजन्मके ज्ञान सिद्धिभये ते प्राप्तहोत है सो दर्शनमात्र ते भयो तब ताहि क्षण श्रीरामचन्द्र के स्वरूपविषे अखण्डपराभक्तिको प्राप्तिहोत है तहां श्रीभगवद्गीतायां अनेकजन्मसंसिद्धिस्ततोयातिपरांगतिं ॥ जो कोई कहै जनकपुरमें सबराजनदर्शनकीन है तहांज्ञानी अज्ञानी सब रहे हैं तहाँ ज्ञानी अज्ञानी दूनौ श्रीरामदर्शन ते शुद्ध हैं तुरन्त स्वरूप में भक्तिभई है फलको प्राप्त

**सहजस्वरूपा ३८ जनकसुताकैसुधिभामिनी जानहुकहुकरिवरगामिनी ३९ पंपासरहिजाहुरघुराईतहांहोइसुग्रीवमिताई ४० सोसब कहिहिदेवरघुवीरा जानतहूहुपूछहुमतिधीरा ४१बारबारप्रभुपदशिरनाई प्रेमसहितसबकथासुनाई ४२ हरिगीतछंद॥ कहिकथा सकलविलोकिहरिमुखहृदय-पदपंकजधरेतजियोगपावकदेहहरिपदलीनभइजहंनहिंफिरे ४३ नरविविधिकर्मअधर्मबहुमतशोकप्रद**

भये हैं सबही यह विचारकीन कि श्रीरामचन्द्र कैसे प्रसन्न होहिं अपनीअपनी कन्यादेहु तुरत मँगाइकै देखिये तौ अज्ञानी शुद्ध भये हैं तब तौ यह मतिआई है प्रमाणं श्रीमन्महारामायणे दुइश्लोक सप्तद्वीपकुपाःसर्वेसाधवोऽसाधवोपिवा विदेहकुलसंभूतायेचसर्वेनृपोत्तमाः १ रम्यरूपार्णवेरामे दत्तात्मजानिजानिजा अतएवरमुक्रीड़ा रामनाम्नैववर्तते ( ३८ ) भामिनिकही स्त्री जाति को श्रीरामचन्द्र कहते हैं कि हे भामिनि जनकसुता जो करिवर गामिनी हैं तिनकैखबरि कहूं पायहुहै सो कहहु ( ३९ ) तब शवरी कहती है हे रघुराई पम्पासर को जाहु त्यहिकं अग्रे सुग्रीव ते मिताई होइहि ( ४० ) सो सुग्रीव श्रीजानकीजी को हवाल सब कहिहि हे देव रघुवीर आपुसब जानते हैं मोते कापूछतेहौ ( ४१ ) हे पार्वती तब शवरी सब कथा सुनाइकै प्रेम संयुक्त वार वार प्रभुके पद विषे शीशनावती भई ( ४२ ) छन्दार्थ हे गरुड़ सम्पूर्ण कथा कहिकै श्रीरामचन्द्रकर चन्द्रबदन विलोकिकै चितवतिरहिगई श्रीरामचन्द्रकर स्वरूप अरु पदपंकज हृदय में अच्छी तरह धारण करिकै प्रेमयोग की अग्नि में शरीर को त्यागिके श्रीरामचन्द्र के पदको लीनकही प्राप्तिभई है ज्यहि पदको पाइकैफिरि जगत् में जीव नहीं आवते हैं किन्तु हरिपद परमपद ताको प्राप्ति भई अरु जो कोई कहौ कि लीन कही हरिपद विषे लयह्वै गई एकह्वैगई है जहां पद विषे लीनता नहीं कहाहै स्वरूप में जहांतहां कहा है ताते हरिपद को प्राप्तिभईइहां श्रीरामचन्द्र को हरिकहा है हरिर्हरतिपापानिशवरीकर पापहरिकै अपनीकीन है ( ४३ ) ताते हेप्राणिहु विविधि प्रकार के जे कर्म्म अरु धर्म्म हैं ताते धर्म्म कर्म्म अधर्म्म बहुमत सर्वको त्यागकरहु काहेते कि ये सम्पूर्ण भक्ति के विरोधी हैं ताते शोकप्रद कही शोक के दाता हैं ये ते समस्त त्यागिकै विश्वासकरिकै यहगोसाईं तुलसीदासकहते हैं किहे मनुष्यहु श्रीरामचन्द्रके पदविषे विशेष अनुराग करहु जो आपन कल्याण चहहु ( ४४ ) दोहार्थ॥ देखिये तौ जाति करिकैहीन अरुहिंसामय पापरूप भिल्लिनि नीचयोनि में जन्म महिविषे स्त्री सबप्रकार

सबत्यागहू बिश्वासकरिकहदासतुलसीरामपदअनुरागहू ४४ दोहा॥ जातिहीनअघजन्ममहिमुक्तिकीनअसनारि महामंदमनसुख चहसिऐसेप्रभुहिंबिसारि ४५॥ * * * * * * * *

चौ० ॥ चलेरामत्यागयउबनसोऊ अतुलितबलनरकेहरिदोऊ १ बिरहीनरइवकरतविषादा कहतकथाअनेकसंबादा २ लक्ष्मणदेखुबिपिनकैशोभा देखतक्यहिकरमननहिंछोभा ३ नारिसहितसबखगमृगवृन्दा मानहुंमोहिकरतहैंनिन्दा ४ हमहिंदेखिमृगनि-

ते अशौच ऐसीनारि त्यहिको दुर्ल्लभ योनि की गति को श्रीरघुनाथजीप्राप्तिकीन है ताते हे महामन्दमन ऐसे श्रीरामचन्द्रको बिसारिकै तहां तू सुख चहैहै ( ४५ ) इतिश्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषविध्वंसनेआरण्यकाण्डे शवरीभक्तिमुक्तिबर्णनन्नामचतुर्द्दशस्तरंगः १४॥

दो०॥ दशअरुपांचतरंगमें चलेरामबनआन रामचरणप्रभुविरहकहिपंपासरहिपयान १५ हे पार्वती सो बनत्यागिकै श्रीरामचन्द्र लक्ष्मणजूआगे चले सो कैसे हैं नरन में वीरहैं अरु सिंहकही श्रेष्ठ हैं अतुलितबल हैं ( १ ) तहां बिरहीनरके समान विषादकरते अरु लक्ष्मणजूते अनेककथा सम्बादकहते हैं ( २ ) हे लक्ष्मणजू यहिबनकी शोभादेखौ तौ देखिकै क्यहिको मन न क्षोभित ह्वइजाइ क्षोभितकहीसंदेहयुक्तमनबशनह्वइजाइ ( ३ ) हे तात अपनी स्त्रिनसंयुक्त खगमृगवृन्दशोभित हैं मोरि निंदाकरते हैं ( ४ ) हे लक्ष्मणजी हमको देखिकै मृगभागिजाते हैं तहां मृगी कहती हैं कि तुम मतभागहु तुमको भयनहीं है ( ५ ) जहांतक तुम मृग जायकही उत्पन्नहहु सोतुम आनन्दकरहु येतोकञ्चनकेमृग मारिबेको खोजतेफिरते हैं यहमृगिनकेवचन सुनिकैश्रीरघुनाथजी बहुतप्रसन्नभये हैं ( ६ ) देखौतौकरिणीकही हथिनीतिनको हाथी संगमें लिहे हैं मानहुं मोको सिखापनदेते हैं कि तुमश्रीज़ानकीजीको काहेको छोड़िकै कहूंगये ( ७ ) हे लक्ष्मणजी यहनीति है कि शास्त्रकोबारबार चिंतवनकरि देखतरही तब शास्त्र को विषय हस्तामलकरहै है अरु चिन्तवन देखव छूटिजातहैं तबशास्त्र की विषयनहीं भासित होती है अरुभूपकीसेवा समीपह्वैकैअहर्निशि करते हैं अरु जो कहूं एकबार विक्षेप परिगयो तब पुनिराजा अपने बशनहीं है दंडहेतुहै ( ८ ) अरु जैसे स्त्रीको उरमें लगायेरहै तदपिकहूं एकहूं

करपराहीं मृगीकहहिंतुमकहंभयनाहीं ५ तुमआनंदकरहुमृगजाये कञ्चनमृगखोजनयेआये ६ संगलाइकरणीकरिलेहीं मानहुमोहिंसिखावनदेहीं ७ शास्त्रसुचिंततपुनिपुनिदेखिये भूपसुसेवितवशनहिंलेखिये ८ राखियनारियदपिउरमाहीं युवतीशास्त्रनृपतिवशनाहीं ९ देखहुतातबसंतस्वहावा प्रियाहीनम्वहिंभयउपजावा १० दो०॥ बिरहबिकलबलहीनम्वहिं जानिसिनिपटअकेल सहितबिपिनमधुकरखगन मदनकीन्हबगमेल ११ देखिगयउभ्रातासहित तासुदूतसुनिबात डेराकीन्ह्यउमनहुंतिनकटकन भटकहिजात १२ चौ०॥ विटपविशाललताअरुझानी बिबिधिवितानदियेजनुतानी १३ कदलितालबरध्वजापताका देखतमो-

बारछूटितौ स्वतंत्रह्वइकै हाथते जातिरहै तैसेशास्त्र अरु भूपतिको जानिये ताते हेतात मैं जानकीजीको छोंड़िगयों ताते मोरे हाथते जातरहीं हैं ( ९ ) हेतात देखहुतौ यह कहा चरित्र है देखियेतौ मेरेऊपर कामतौसेनासंयुक्तनहीं चढ़्यो है हे पार्वती इहां रघुनन्दनजी अतिबिरह बियोग शृंगाररस देखावते हैं तहां देखियेतौ स्वाभाविकै बसन्त ह्वइरह्यो हैप्रियाजो श्रीजानकीजी हैं तिनतेहीनमोकोजानिकैभयउपजावतहै ( १० ) दोहार्थ ॥ हेतात मोको श्रीजानकीजीके विरहते बिकलताते बलहीनअकेलजानिकै मदन अपनी असवारी बन सहित मधुकर खगमृग इत्यादिक ते यहिसमय विषे मदकीसेना के बाहनहैं तिनबाहननकी बगमेलकही बाग मेरे जीतिबे हेतु छोंड़त भयो है ( ११ ) तब हे तात

कामकेदूत त्रिविधि पवन ते तुम्हैं संयुक्त मोको देखिगये कामते कह्योजाइ कि भ्राता महाबीरसंगहै तब सुनिकै कामकी असवारी थँभिरही काहेतेतुम विरहते बचेहौ तुम्हारे भयते डेराडारि दियो है त्यहिके कटककेभट कहेनहींजाते हैं ( १२ ) देखियेतौ विशालविशाल विटपनविषे लताचढ़िकै अरुझिकै छत्राकार ह्वैरही हैं मानहुं विविधि प्रकार के वितानकही तम्बूतानिदिये हैं ( १३ ) तहांराजनकी सेनामें ध्वजापताका होते हैं अरुयहि के कदलीके पेड़ सोई पताका हैं अरु तार के पेड़ सोईध्वजा हैं झंडाजाकोकही जो यहिकीसेना देखिकैनमोहै त्यहिकेमनमें वड़ाधीरजानिये ( १४ ) अरु हेतात विविधि प्रकार के तरु बिबिधि प्रकार के फूल फूलिरहे हैं जनुतरु बानैतहैं अरु तिनकेशाखा धनुषहैं अरु फूल विविधिप्रकारके बाण हैं ( १५ ) अरु कहूं कहूं भिन्नविटप शोभित हैं जनु बिलगह्वइकै आपन आपनडेरा ठाढ़करिकरि भट उतरिरहे हैं ( १६ ) अरु पिक जे कोकिला ते बसन्त में मतवारे कूंजबकही बोलते हैं ते मानहुं गजनको मधुर मधुरगर्जब है अरु ढेक जे पक्षी हैं ते मानहुं ऊंटनकीपंक्ति हैं अरु महोषपक्षी

हधीरमनजाका १४ बिबिधिभांतिफूलेतरुनाना जनुवानैतबनेबहुबाना १५ कहुंकहुंसुंदरबिटपसोहाये जनुभटबिलगबिलगह्वैछाये १६ कुंजतपिकमानहुंगजमाते ढेकमहोषऊंटबेसराते १७ मोरचकोरकीरबरवाजी पारावतमरालसबताजी १८ तीतरलावापदचरयूथा बरणिनजायम-नोजबरूथा १९ रथगिरिशिलादुंदभीझरना चातकबंदीगुणगणबरना २० मधुकरमुखरभेरिसहनाई त्रिबिधिबयारिवसीठीआई २१ चतुरंगिनीसेनसबलीन्हे बिचरतसबहिचुनौटीदीन्हे २२ लक्ष्मणदेखतकामअनीका रहहिंधीर

जे हैं ते व्यसरातेकही खच्चर हैं ( १७ ) अरु मयूर चकोर कीरकही सुआते जातिजाति के बाजीकही घोड़े हैं अरु पारावतकही कबूतरजे हैं अरु मरालहंस जे हैं सागरनविषे तेई ताजीजाति के घोड़े हैं ( १८ ) अरु तीतर जे हैं अरु लावाकही बटेर इत्यादिक जे हैं ते सब पैदर हैं यूथयूथ हैं हे तात यह मनोज की सेना बरूथ की बरूथ बर्णी नहींजाइ है ( १९ ) अरु पर्बतन के शिलाजे हैं ते अनेकरथ टिकिरहे हैं अरु पर्बतनके झरना जे झरते हैं तेई मुकामके दुन्दुभी कही नगाराबाजते हैं अरु चातककहीपपीहा ते बन्दीकही भाटके गण हैं राजा के गुणगणबर्णते हैं ( २० ) अरु मधुकरनको गुञ्जार जो फूलनको रसलेतसन्ते सोई भेरी सहनाई हैं पुनि मधुकर गानकरते हैं मयूर नाचते हैं अरु शीतलमन्द सुगन्ध पवन सोई बसीठीकही दूत आये हैं ( २१ ) हे तात चतुरङ्गिनीसेना सब साथमें लीन्हे बनमें बिचरत हैं सबको चुनौटीदेत हैं कि जो कोई मुनि योगी ज्ञानी ध्यानी बिरक्त इत्यादिक बीरहोहिं ते आइकै मेरे सन्मुखहोहिं ( २२ ) हे लक्ष्मण यह काम कै अनीकदेखतसन्ते जे धीर रहिजाहिं मन न डिगैं तिनकी यहिजगत में धीरनमें लीक है ( २३ ) अरु हेतातयह काम राजाके अतिबल परमस्त्री है त्यहिते जे कोऊ उबरैं तेईभारी सुभट हैं ( २४ ) दोहार्थ ॥ हे तात ये तीनि अतिप्रबल हैं काम क्रोध लोभये तीनिउं महासेनापति हैं जे मुनि विज्ञान ध्यान के तत्परधाम हैं तिनके मनमें एक निमिषमें क्षोभ करिदेते हैं सन्देह संयुक्त विक्षेप करिदेते हैं श्रीभगवद्गीतायां त्रिविधंनरकस्येदंद्वारं नाशनमात्मनः। कामक्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयंत्यजेत् ( २५ ) तहां हे तात लोभकरबल जब दम्भकरबलभयो अरु जब दम्भको अंगीकार कियो तब लोभ ने जीतिलियो अरु कामकोबल केवल जब स्त्रीमें इच्छाचलै तहां स्त्रीकोदेखब बतलावहास्यव्यवहार इत्यादिक जबकरैलाग तब काम ने जीतिलियो है अरु

तिनकैजगलीका २३ यहिकेएकपरमबलनारीत्यहितेउबरसुभटस्वइभारी २४ दो०॥ तातत्तीनिअतिप्रबलये कामक्रोधअरुलोभ मुनिबिज्ञानधाममन करहिंनिमिषमहंक्षोभ २५ लोभकेइच्छादंभबल कामकेकेवलनारि क्रोधकेपरुषबचनबल मुनिवर कहहिं बिचारि २६ चौ०॥ गुणातीतसचराचरस्वामी रामउमासबअंतरयामी २७ कामिनकैदीनतादेखाईधीरनकेमनविरतिदृढ़ाई २८ क्रोधमनोजमोहमदमाया छूटहिंसकलरामकीदाया २९ स्वइनरइन्द्रजालनहिंभूला जापरहोइसोनटअनुकूला ३० उमाकहौं मैं

क्रोध को बल परुष बचन कहना जब काहूते टेढ़ ब्यंग्यवचन तर्कबचननिन्दा वादविबाद इत्यादिक कै इच्छाकरते हैं तहां तिनको क्रोध ने जीतिलियो है यह मुनिबर बिचारिकै कहते हैं ( २६ ) हे पार्वती यहसबप्रपंच गुणनको प्रभाव है अरु चराचर स्वामी श्रीरामचन्द्र गुणातीत हैं सबके अंतर्यामी हैं यह सब अपनीलीला करते हैं ( २७ ) हे पार्वती यहकामिनको दीनता देखावते हैं अरु धीरमान पुरुषनको धीरता दिखायकै बैराग्य में दृढ़कीन है कि इनसबकर त्यागही श्रेयस्कर है ( २८ ) हेपार्वती क्रोध मनोज मोह मद माया इत्यादिक श्रीरघुनाथजी की कृपा ते छूटते हैं तहां श्रीरामचन्द्र ने विवेकिन के हेतु कृपाकरिकै जनाइदियो है ( २९ ) हे पार्वती नटको साधकजो नर सो नटकेइन्द्रजालमें नहींभूलतहै काहेते कि नटओही के ऊपर अनुकूल है तैसे प्राणी सर्ब धर्म बर्णाश्रम अहंमम इत्यादिक सर्बत्यागिकै केवल श्रीरामानन्य सेवक अच्युत गोत्र हैं तिनको यह श्रीरामचन्द्र को प्राकृतइव नटखेल नहीं प्राप्त है स्वामी की लीला जानते हैं पर संसार ते तारिबेको यह दिब्य चरित्र है काहेते कि उनके ऊपर श्रीरामचन्द्र अनुकूल हैं ( ३० ) हे उमा अबहमआपन अनुभव सिद्धांत कहते हैं श्रीरामचन्द्र को भजन सत्य है अरु सम्पूर्ण जगत् व्यवहार सहित स्वप्नवत् है असत्य है ( ३१ ) पुनि श्रीरामचन्द्र श्रेष्ठ पम्पासरके समीप जातभये अति सुभगगम्भीर जल  है ज्यहिको ( ३२ ) त्यहिको कैसो निर्मल जल है जैसे सन्तनके हृदय निर्मल हैं अरु चहुँदिशा में चारिघाट मनोहर बांधे हैं जैसे साधुन के हृदयमेंयोग वैराग्य ज्ञान विज्ञान शोभित है अरु भक्ति जल है अनेक दिब्यगुण जे हैं सो कमल मृग विहंगादिक हैं ( ३३ ) अरु तहां तहां मृग बिहंगादिक जल पीवते हैं जैसे उदार धर्मात्मन के याचकनकी भीर बनीरहती है ( ३४ ) दोहार्थ ॥ त्यहिसरमें पुरइनि सघनछाइरही है त्यहिके ओट ते शीघ्र जल

**अनुभवअपना सतहरिभजनजगतसबसपना ३१ पुनिप्रभुगयेसरोवरतीरापम्पानामसुभगगम्भीरा ३२ संतहृदयजसनिर्मलबारीबांधेघाटमनोहरचारी ३३ जहँतहँपियहिंविविधमृगनीरा जिमिउदारगृहयाचकभीरा ३४ दो०॥ पुरइनिसघनओटजलवेगिनपाइयमर्म मायाछन्ननदेखियेजैसेनिर्गुणब्रह्म ३५ सुखीमीनसबएकरसअतिअगाधजलमाहिं यथाधर्मशीलनकेदिनसुखसंयुतजाहिं ३६ चौ०॥ विकसेसरसिजनानारङ्गा मधुरमुखरगुंजहिंबहुभृङ्गा१ बोलतजलकुक्कुटकलहंसा प्रभुबिलोकिजनुकरतप्रशंसा २ चक्रवाक** * * * * * *

नहींदेखिपरै है कैसे जैसे माया के छन्नकही आवरण ते निर्गुणब्रह्म सर्बब्यापक हृदय में नहींदेखिपरै है ( ३५ ) तहां अतिअगाधजल विषे मीन जे हैं ते एकरस अति सुखीरहते हैं जैसे धर्मशील पुरुष जे हैं तिनकेदिन सुखसंयुतबीतते हैं ( ३६ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसनेआरण्यकाण्डे श्रीरामचन्द्रविरह पम्पासरप्राप्तिशोभावर्णनंनामपंचदशस्तरंग: १५॥ :: :: :: :: :: :: ::

दोहा ॥ पंपासरबर्णनबहुरिदशअरुषष्ठतरंग रामचरणमुनिमिलनपुनिनारदविविधप्रसंग १६॥ हे पार्वती त्यहि सरविषे पांचरंग के कमल फूले हैं नील हरित अरुण श्वेत पीत अरु तिन कमलन के मकरन्दहेतु मधुकरनकीमधुर मुखर गुंजारशोभित है ( १ ) त्यहि पम्पासरविषे जलकुक्कुट कही पक्षी जो जलही में रहते हैं ते अरु हंस तहां कलनामशोभित बोली ते बोलते हैं जनु श्रीरामचन्द्र को देखिकै प्रशंसा कही स्तुतिकरते हैं ( २ ) अरु चक्रवाक कही चकई चकवा अरु बककही बगुलाइत्यादिक समुदायपक्षी जे हैं ते अति शोभित हैं देखतबनै है वर्णिबे योग्य नहीं हैं ( ३ ) सुन्दरजे अनेक पक्षी गण हैं तिनके मुखरकहीशब्दअति शोभायमान होते हैं जनु पथिकन को जातसन्ते बोलाइ लेते हैं कि मज्जन जलपान करिलेहु ( ४ ) अरु तालके निकट चहूंदिशि मुनिगण पर्णतृणकैकुटी सुन्दरिबनाइकै बिराजे हैं अरु वृक्षलगे हैं ( ५ ) चम्पा बकुल कही मौलसिरी अरु कदम्ब अरु तमाल श्यामरंग है अरुपाटल गौररंग है सो देवतरुहै अरु कहूं पाटल लताको भी कहते हैं पनसकही कटहर अरु पलाशकही ढाकअरु रसाल कही आम इत्यादिक उत्तमवृक्ष चहुँफेरलगे हैं ( ६ ) अरु नित्य विविध रंग के नवीनपल्लव फूले

बकखगसमुदाई देखतबनैबरणिनहिंजाई ३ सुंदरखगगणगिरास्वहाई जातपथिकजनुलेतबोलाई ४ तालसमीपमुनिनगृहछाये चहुंदिशिकाननबिटपलगाये ५ चंपकबकुलकदंबतमाला पाटलपनसपलाशरसाला ६ नवपल्लवकुसुमिततरुनाना चंचरीकपटलीकरगाना ७ शीतलमंदसुगंधसुभाऊ संततबहैमनोहरबाऊ ८ कहूं कहूं कोकिलध्वनिकरहीं सुनिरवसरसध्यानमुनिटरहीं ९ दो०॥ फलभारननवविटपसबरहेभूमिनियराय परउपकारीपुरुषजिमि नवहिंसुसम्पतिपाय १० चौ०॥ देखिरामअतिरुचिरतलावा मज्जनकीन्हपरमसुखपावा ११ देखिएकसुंदरतरुछाया बैठेअनुजसहितरघुराया १२ तहँपुनिसकलदेवमुनिआये अस्तुतिकरिनिजधामसिधाये १३ बैठेपरमप्रसन्नकृपाला कहतअनुजनसनकथारसाला १४ विरहवंतभागवंतहिदेखी नारदमनभाशोचबिशेषी १५

हैं सो अति शोभित हैं अरु तिनके पुष्पनपर चंचरीकनकी पटली कही पंक्तिकी पंक्ति गानकरती हैं ( ७ ) अरु शीतल मन्दसुगन्ध पवन स्वाभाविक सन्तत कही निरन्तर मनोहर बहत है ( ८ ) अरु कहूंकहूं कोकिलाअतिमधुर ध्वनिकरते हैं ज्यहि सुनिकै मुनिन के ध्यानछूटिजाते हैं ( ९ ) दोहार्थ ॥ सबतरु नित्यनवीन रसमय फलके भारनते भूमिमें नियराइरहे हैं जैसे परोपकारी पुरुष जे हैं ते सुसम्पति पाइकै नइ चलते हैं ( १० ) चौ०॥ हे पार्वती श्रीरामचन्द्र रुचिर तालाब देखिकै स्नानकरतेभये तालाब परमसुखको प्राप्तिभयो है किंतु श्रीरामचन्द्र परमसुखको प्राप्ति भये है ( ११ ) तब एक सुन्दरतरुकी छायादेखिकै अनुज सहित श्रीरामचन्द्र विराजतभये ( १२ ) तहां श्रीरामचन्द्र को सुखासीन जानिकै ब्रह्मादिकदेवता अरु अनेकमुनि आवतभये फूलबर्षिकै स्तुतिकरिकै रामरुखपाइकै निज स्थान को जाते भये ( १३ ) तहां श्रीरामचन्द्र सुखासीन बैठे हैं अतिप्रसन्नता ते अनुज ते विरहसंयुक्त रसाल कथाकहते हैं ( १४ ) तब श्रीरामचन्द्रको बिरहसंयुक्त देखिकै नारद के मनमें विशेष शोच होत भयो है ( १५ ) पुनि नारद बिचार करते हैं कि देखिये तौ मोरशापअंगीकारकरिकै श्रीरामचन्द्र नानाप्रकारके दुःखकोभार सहते हैं तहां नारदके शापको अवतार तौ अपरकल्प में गोसाईं वर्णन कीन है तहांप्रमाणबालकाण्डे चौपाई॥ नारदशापदीन्हएकबारा एककल्पत्यहिलगिअवतारा १ अरु यहिकल्पबिषे तौ स्वायंभूमनुके हेतु अवतारभयो हैं तहां नारदअपनेशापको आरोपणकरते हैं तहां नारदकीबाणी में यह ध्वनि है कि मैं तो शापदीन है कौनेकल्प में त्यहिको परमेश्वर श्रीरामचन्द्रजी ऐसेकृपालु हैं कि मेरेशापको पर अवतारमें परम परमात्मा मानिर्लीन है ( १६ )

मोरशापकरिअंगीकारा सहतरामनानादुखभारा १६ ऐसेप्रभुहिंविलोकौंजाई पुनिनबनीअसअवसरआई १७ यहविचारिनारदकरबीना गये जहांप्रभुसुखआसीना १८ गावतरामचरितमृदुबानी प्रेमसहितबहुभांतिबखानी १९ करतदंडवतलियेउठाई राखेबहुतबारउरलाई २० स्वागतपूंछिनिकटबैठारे लक्ष्मणसादरचरणपखारे २१ दो०॥ नानाविधिविनतीकरि प्रभुप्रसन्नजियजानि नारदबोलेबचनतब जोरिसरोरुहपानि २२॥

ते ऐसे प्रभु भक्तप्रणधारी तिनको बिलोकौंजाइ फिरि ऐसो अवसर नहींमिलैगो ( १७ ) यहबिचार करिकै करमें बीणालैकै श्रीनारदजी जहां श्रीरामचन्द्रजी सुखासीन रहैं तहां जातभये ( १८ ) श्रीरामचन्द्रकर चरित प्रेमसहित गानकरत अरु मृदुबाणीते बहुत बखानते हैं ( १९ ) तब श्रीरामचन्द्र उठिकै दण्डवत्कीन्ह नारदमुनि उठाइकै बारबार उर में लगावत भये किंतु नारददंडवत्करतभये श्रीरघुनाथजी उठाइकै बारबार उरमें लगावतेभये परस्परअर्थ है ( २० ) तब श्रीरामचन्द्र स्वागतकही आदरते पूछते हैं हेमुनीशबड़ीकृपाकीन्ह आपु कौनेहेतु आगमनकीन केवल दर्शन हेतु पुनि अतिआदरते सुन्दरआसनपर बैठारतेभये लक्ष्मणजू जललैकै आदर संयुक्तचरणप्रक्षालतभये ( २१ ) दोहार्थ ॥ तब नारदजू

श्रीरामचन्द्रको अति प्रसन्नजानिकै नानाप्रकार ते स्तुति करिकै करकमल जोरिकै सुन्दरबचनबोलतभये ( २२ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसने आरण्यकाण्डेनारदआगमनर्वणनन्नामषद्दशस्तरंगः १६॥ :: :: :: :: :: ::

दो० ॥ दशअरुसप्ततरंग में नारदप्रश्नबखानि प्रभुउत्तरनारदसुखीरामचरणदृढ़मानि १७ ॥ नारदबोलते भये हे श्रीरामचन्द्रजी तुम सहजही उदारहौ अति सुन्दर जो अगम वर है त्यहिको देते हौ ( १ ) हे स्वामी एक वरमांगत हौं यद्यपि तुम सबके अन्तर्यामीहौ तदपि मांगत हौं ( २ ) श्रीरामचन्द्र कहते हैं हेमुनि तुममोर सुभाव जानतेहौ मोरेजनको कौनौदुराव नहीं है ( ३ ) हे मुनि अस कौनि बस्तु मोको प्रियहै जोतुम नहीं मांगिसकते हौ ( ४ ) हे मुनि मोरे जनकहँ कछुअदेय नहीं है असविश्वासकरहुभूलिकै जनित्यागहु ( ५ ) तब नारद हर्षिकै बोलतेभये मैं ढीठह्वैकै असबरमांगौं तहां यह ध्वनि है कि यद्यपि ऐसोतुम्हारो नाम वेदकहते हैं सो आपुके परोक्ष वाक्य है पर त्यहिअनुसृत मैं आपुको प्रत्यक्ष वाक्य बरदान चाहतहौं कि मोहिंआदि जेते जीवब्रह्मांडकोश में हैं तिनके मुखनते एकबार कैस्यहु धोख्यहु रामनाम ऐसोशब्दउच्चारणहोइ त्यहिकेमन

**चौ०॥ सुनहुउदारसहजरघुनायक सुंदरअगमसुगमवरदायक १ देहुएकवरमांगौंस्वामी यद्यपिजानतअन्यर्यामी २ जानहुमुनितुममोरसुभाऊ जनसनकबहुंकिकरौंदुराऊ ३ कवनिबस्तुअतिप्रियम्वहिंलागी जोमुनिवरतुमसकहुनमांगी ४ जनकहंकछुअदेयनहिंमोरे असविश्वासतजहु जनिभोरे ५ तबनारदबोलेहर्षाई असबरमांगौंकरौंढिठाई ६ यद्यपिप्रभुकेनामअनेका श्रुतिकहअधिकएकतेएका ७ रामसकलनामनतेअधिका होउनाथअघखगगणबधिका ८ दो०॥ राकारजनीभक्तितव रामनामस्वइसोम अपरानामउड-**

वचन कर्मके अघ अरु जन्म मरण सम्पूर्ण नाशह्वइकै तुम्हारे पदकोप्राप्तिहोइ ऐसे चारिउयुग में होउ सदा यह वरपावौं जामें सर्बजीवको सहज में कल्याणहोइ ( ६ ) हे प्रभु यद्यपि तुम्हारे नाम अनेक अरु एकते एकअधिक हैं यह वेद कहते हैं इहां प्रभुकहतसन्ते जेते परमेश्वरके स्वरूप हैं तिनके सबके नामआइगये हैं अरु प्रभुके स्वरूप सब एकही हैं तातेसबप्रभुके स्वरूपकी एकता करिकै श्रीरामचन्द्र से कहते हैं कि इहां श्रीरामचन्द्रप्रभु हैं परात्मपरब्रह्ममूर्त्तितातेकहा है ( ७ ) तहांतुम्हारे सबनामते रामनामअधिकहैसोनामकैसाहै कोऊकैसहूउच्चारणकरौशोकते धोखेतेप्रीति अनप्रीतिहुतेरामकहै त्यहिके मनवचन कर्मकेअनेक अघसोई विहंगहैं त्यहिकेनाशकरिबेकोबधिक हैं ऐसेसर्बजीवनका-सर्वकालमेंएकरसहैयबरपाऊं ( ८ ) दोहार्थ ॥ हे श्रीरामचन्द्र राका कही पूर्णमासीकी रात्रि सोई तुम्हारी भक्ति है अरु रामनाम पूर्णचंद्र है अरु सन्तनकर अंतष्करणजो है सोई आकाश है तहांबसउ यह बरदेउ अरु अपर नामजो तुम्हारे अपरस्वरूप के हैं सो बिमलनक्षत्र हैं तिनसंयुक्त बसहु चंद्रमा उड़गणराज है जैसे परमेश्वरके जे अनंतनाम हैं तिनसब नामनको राजा रामनाम है पर चंद्रमाअपने एश्वर्यते नक्षत्रनके ऐश्वर्य मंद करिदेत है अरु रामनामनके ऐश्वर्य पूर्णराखे है प्रमाणं श्रीमन्महारामायणे श्रीशिववाक्यं पार्बतींप्रति श्लोक १२ श्रृणुष्वमुख्यनामानिवक्ष्येभगवतःप्रिये। विष्णोर्नारायणः कृष्णोवासुदेवोहरिस्मृतः १ ब्रह्मविश्वंभरोनंतो विश्वरूपः कलानिधिः। कल्पषघ्नोदयामूर्तिः सर्वगः सर्वसेवितः २ परमेश्वरनामानि संत्यनेकानिपार्वति। एकादेकंमहास्वच्छमुच्चरन्मोक्षदायकः ३ नाम्नामेवचसर्वेषांरामनामप्रकाशकः । ग्रहाणांचयथाभानुर्नक्षत्राणांयथाशशिः ४ देवानांचयथाशक्रोनराणांभूपतिर्यथा। सर्वलोकेषुगोलोकः सरयूनिम्नगासुच ५ निर्जराणांयथानंतोभक्तानामंजनीसुतः । शक्तीनांचयथासीतारामोभगवता

**गणविमल बसहुभक्तिउरब्योम ९ एवमस्तुमुनिसनकह्यउकृपासिंधुरघुनाथ तबनारदमनहर्षअतिप्रभुपदनायोमाथ १० चौ० ॥ अतिप्रसन्नरघुनाथहिंजानी पुनिनारदबोलेमृदुबानी ११ रामजबहिंप्रेर्‌यहुनिजमाया मोह्यउमोहिंसुनहुरघुराया १२ तबविबाहमैं चाहौंकीन्हा प्रभुक्यहिकारणकरैनदीन्हा १३ सुनुमुनितोहिंकहौं सहरोसा भजहिंमोहिंतजिसकलभरोसा १४ करौंसदातिनकैरख** * *

मपि ६ भूधराणांयथामेरुःसरसांसागरोयथा कामधेनुर्गवांमध्येधन्विनांमन्मथोयथा ७ पक्षिणांवैनतेयश्चतीर्थानांपुष्करोयथा। अहिंसासर्वधर्माणां साधुत्वेपिदयायथा ८ मेदिनीक्षमिनांमध्येमणीनांकौस्तुभोयथा। धनुषांचयथाशार्ङ्गोखङ्गनांनन्दकोयथा ९ ज्ञाननांब्रह्मज्ञानंचभक्तीनांप्रेमलक्षणा। प्रणवःसर्वमन्त्राणांरुद्राणामहमेवच १० कल्पद्रुमश्चवृक्षाणांयथायोध्यापुरीसुच। कर्मणांभगवत्कर्म अकारश्चस्वरेष्वपि ११ किमत्रबहुनोक्तेनसम्यग् भगवतःप्रिये। नाम्नातथाचसर्वेषांरामनामपरंमहत् १२ ( ९ ) दोहार्थ॥ तबकृपा के समुद्र श्रीरामचन्द्र ने मुनि ते एवमस्तु कह्यो तब नारदके मन में अतिहर्षभयो श्रीरामचन्द्र के चरणारविंदमें माथनावतेभये ( १० ) तबश्रीरामचन्द्र को अतिप्रसन्न जानिकै अतिमृदुवाणी बोलतेभये ( ११ ) हे श्रीरामचन्द्र जब तुम मेरे ऊपर अपनीमायाको प्रेरणाकीन तब मोकात्यहिने ब्यामोहित करिलीन ( १२ ) तब मैं विवाहकीन चाहौं तहांआपुने क्यहि कारण करिकै न करै दीन तहां नारदजी प्रभुको सबस्वरूप एकमानिकै कहते हैं ( १३ ) तबप्रभुबोले हे मुनि मैं तुमसे सहरोषकही सत्य संकल्पकरिकै कहत हौं जे मोको सब भरोसतजिकै भजते हैं तहां सबभरोसकही अर्थ धर्म काम मोक्ष जे हैं चारिहुफल के क्रिया फलसंयुक्त तिनकर भरोस त्यागिकै मेरे शरणह्वइकै मोको भजते हैं ( १४ ) तिनकै रखवारी मैं सदाकरतहौं जैसे माता लघुबालक कै रक्षाकरती है ( १५ ) जब शिशु बालक बच्छकही लाड़की वाक्य श्रीअयोध्याकांडे दोहा॥ बहुरिबच्छकहिलालकहि शिशु पांचवर्षताईं जो उहै शिशु कहूं सर्प अरु अनलधरै को धायो है तब माता हजारन कार्यछांड़िकै बालकको अरगाइकही पकरिलेती है कहूंकहूं दूसर पाठ कहते हैं चौपाई॥ गहिशिशुबच्छअनलअहिधाई तहँराखैजननी अरुगाई ॥ तहां यह अर्थहोत है कि जो शिशु मनुष्यकोबालक अरु गऊको बछरा तहां शिशुबछरा जो अनल अरु अहिको धाइकै धरै तौ तहां जननी अरु गऊ राखिलेती है धरिलेती है तहां यह अर्थ में दूषण है काहेते कि बछरा अग्नि अरु अहिकरिबेको प्रयोजनै नहीं सम्भवै है अरु गऊको बछराधरिबेको नहींसम्भव है ताते पूर्णपाठसिद्धिहै ( १६ ) हे नारद जब उहै बालकप्रौढ़कही सयानभयो तब त्यहि सुत :: :: :: ::

वारी जिमिबालकपालैमहतारी १५ गहिशिशुबच्छअनलअहिधाई तहँराखैजननीअरगाई १६ प्रौढ़भयेत्यहिसुतपरमाता प्रीतिकरैनहिंपाछिलबाता १७ मोरेप्रौढ़तनयसमज्ञानी बालकशिशुसमदासअमानी १८ जिनहिंमोरबलनिजबलताहीं दुहुंकहँ काम * * *

पर माताप्रीति तौ करती है पर पाछिलबात नहीं मनमें ल्यावती है सो कवनि पाछिल बात जबबालकरह्यो तब अग्निसर्पको ज्ञाननहीं रह्यो तब माता रक्षाकरती है अरु जबसयानभयो अग्नि सर्पकोज्ञानभयो तबमाताको पुत्रभावकी प्रीतितौहै परअज्ञानको डरनहींहै काहेते किजबबालक सयान भयो तब वाको अग्निसर्पको ज्ञानहै ताते माताकोबोध है ( १७ ) तैसे हेनारद ज्ञानीजे हैं ते मेरेसयानपुत्रहैं अरुमेरेदासजे हैं अमानी सो मेरे बालपुत्र हैं काहेते कि सर्बमानरहित हैं ( १८ ) हे मुनि जैसे बालकके केवल माताको बलहै तैसे अमानी दासनके मोरबल है अरु जैसे सयाने पुत्रके अग्नि सर्पते बचिबेको आपनबल है तैसे ज्ञानीमेरे सयान पुत्रहैं काम क्रोध के बचिबे को उनको आपन ज्ञान है अरु जैसे अग्नि औ सर्प छोटेहु बालक को अरि है अरु बड़ेहुबालक को अरि है पर छोटेबालककी रक्षकमाता है अरु बड़ाबालक बचै तौ अपुना ते बचै अरु न बचै तौ अपुना ते तैसे काम क्रोध भक्त ज्ञानी दूनौ के रिपु है तहां भक्तकोतौ मैं बचावतहौ अरु ज्ञानी अपुना ते बचै तौ बचै न बचै तौ न बचै कामसर्प है अरु क्रोध अग्नि है प्रमाणं भगवद्गीतायां दैवीह्येषागुणमयीममामायादुरत्यया मामेवयेप्रद्यंतेमायामेतांतरंतिते ( १९ ) ऐसे विचारिकै पण्डितजन जे हैं ते मोको भजते हैं ज्ञानहुको पाइकै मेरीभक्तिकोग्रहणकरते हैं ( २० ) दोहार्थ ॥ हे मुनि काम क्रोध लोभ मदमात्सर्य मान इत्यादिक अतिप्रबल मोहकै धारिसेना जे हैं त्यहिके येषट्सेनापति हैं तिनके विषय अति दारुण दुःखकैदाता माया रूपीनारि है ( २१ ) चौ०॥ हे मुनि सुनु यह वेदपुराण सन्तकहते हैं तहां मोहरूपी विपिनकेस्त्री प्रफुल्लित करिबेको बसंतऋतु है ( २२ ) अरु जपतप नेम जलकर आश्रय है तहां तलाव नदी नारा डावर इत्यादिक जहां जलरहै है त्यहिके शोषण करिबेको स्त्री ग्रीष्म ऋतु है ( २३ ) हे मुनि काम क्रोध मदम-

क्रोधरिपुआहीं १९ यहबिचारिपंडितमोहिंभजहीं पायहुज्ञानभक्तिनहिंतजहीं २० दो०॥ कामक्रोधलोभादिमदप्रबलमोहकैधारि तिनमहँअतिदारुणविदुषमायारूपीनारि २१ चौ०॥ सुनुमुनिकहपुराणश्रुतिसंता मोहबिपिनकहँनारिबसंता २२ जपतपनेम जलाशयझारी होइग्रीषमशोषैसबबारी २३ कामक्रोधमदमत्सरभेका इनहिंहर्षप्रदवर्षाएका २४ दुर्बासनाकुमुदसमुदाई तिनकहँशरदसदासुखदाई २५ धर्मसकलसरसीरुहवृन्दा ह्वैहिमतिनहिंदेतदुखमन्दा २६ पुनिममताजवाससमुदाई पलुहइनारि शिशिरऋतुपाई २७ पापउलूकनिकरसुखकारी नारिनिबिड़रजनीअँधियारी २८ बुधिबलशीलसत्यसबमीना बंशीसमत्रिय कहहिंप्रबीना २९ दो०॥ अवगुणमूलशूलप्रद प्रमदासबदुखखानि तातेकीन्हनिवारण मुनिमैंयहजियजानि ३० चौ०॥ सुनि

त्सर इत्यादिक भेक कही मेंढक हैं तिनको हर्षप्रद कही सुख देबेको नारि प्रथम पावसको वर्षाऋतु है ( २४ ) अरु अनेक दुर्बासना जेहैं सोई कुमुदनी हैं तिनके सुखदेबे को शरदऋतु की पूर्णमासी की चन्द्रमासंयुक्तरात्रि है ( २५ ) अरु संपूर्ण धर्म जेहैं सोई कमलहैं तिनके दुःखदेबेको हिमऋतु की रात्री है धर्मको नाशकरिदेती है ( २६ ) पुनिममता जो है सोई जवासहै तिनको पलुहइकही प्रफुल्लित करिबेको स्त्री शिशिरऋतु है ( २७ ) अरु मनबचनकर्म को पापजो है सोई उलूकहै अरु स्त्री तिनकेसुखदेबेको सघनबर्षाऋतु की अमावसकी रात्री है ( २८ ) बुद्धि को अरु तनको बल अरु शील अरु सत्यते सब मीन हैं अरु सनेहजाल है अरुस्त्रीवंशीसम है यहप्रवीण कहते हैं ( २९ ) दोहार्थ॥ हे मुनि प्रमदा जो है सो अवगुणकी मूलहै अरु शूलकही दुःखकी प्रदनामदाता है सबशोक अरुदुःखकी खानि है ताते यहजानिकै मैं निवारण कीन है तहां विवाही स्त्री ऐसी धर्मकी बाधक है अरु हे मुनीश अपर स्त्रीन की का कहिये ( ३० ) चौ०॥ श्रीरामचन्द्र के अतिसुन्दर बचनसुनिकै मुनिके तन पुलकिआये हैं नेत्रनमें जल भरिआयो है ( ३१ ) मनमें कहते हैं कि देखिये तौ श्रीरघुनाथजी अपने जन पर जेती कृपाकरते हैं सो को कहिसकैहै तब नारद अपने मन में कहते हैं कि ऐसो कवनप्रभु है ज्यहिके सेवकपर यतनीप्रीति है ऐसे एक श्रीरामचन्द्र हैं दूसरप्रभुनहीं है यतनी समाई अपरप्रभु के अवतारहुविषे नहीं है अपरदेवताजे बड़े हैं प्रभुकहावते हैं तिनकी काकहौं ( ३२ ) ऐसे प्रभुको भ्रमत्यागिकै जे नहीं भजते हैं ते ज्ञानकेरंकहैं अरु मतिके मन्दहैं अरु अभागी हैं भ्रमकही असत्य जो संसार है तामेंसत्यभावकरना अरु श्रीरामलीला जो सत्य है तामें प्राकृतभाव करना

रघुपतिकेबचनसोहाये मुनितनपुलकनयनजलछाये ३१ कहहुकवनप्रभुकैयहरीती सेवकपरममताअरुप्रीती ३२ जेनभजहिं प्रभुअसभ्रमत्यागी ज्ञानरंकनरमन्दअभागी ३३ पुनिसादरबोलेमुनिनारद सुनहुरामविज्ञानविशारद ३४ सन्तनकेलक्षणरघुवीरा कहहुनाथभवभंजनभीरा ३५ सुनुमुनिसन्तनकेगुणकहऊं जिनते मैं उनकेवशरहऊं ३६ षटविकारजितअनघअकामा अचल अकिंचनशुचिसुखधामा ३७ अमितबोधअनीहमितभोगी सत्यसारकविकोविदयोगी ३८ सावधानमदमानविहीना धीरधर्मग- * * *

श्लोकार्द्ध ॥ रज्जौभुजंगवद्भ्रान्त्या बिचारेनास्तिकिंचन ( ३३ ) पुनि आदरसहित नारदजी बोलतभये कि हे श्रीरामचन्द्रजी बिज्ञानके विशारद सुनहु ( ३४ ) हे नाथभवकी भीरके अनेकजाल हैं त्यहिकेहरैया तुमसोसंतनके लक्षणकहहु ( ३५ ) तब श्रीरामचन्द्र बोले हे मुनि सुनहुसंतन के लक्षणमैं कहतहौं ज्यहिकरिकै मैं उनके वशहौं ( ३६ ) कैसे हैं संतषट्विकारजेते हैं काम क्रोधमद मात्सर्यादि तिनको जीते हैं अरु अनघकही पापरहित हैं अरु निष्काम हैं अरु अपने धर्म में अचलअकिंचन हैं अरुसबप्रकारते पवित्र हैं

कल्याण हैं सो तुरंतनाशह्वैजात हैं किंतुसाधु अवज्ञाते भूत भविष्य बर्त्तमान तीनिहुंकालके कल्याणनाश ह्वैजात हैं ( २ ) जबरावणने बिभीषणको त्याग्यहु है तबहीं विभव बिनु रावणभयो है ऐसो अभागी है ( ३ ) नभमार्गविषे विभीषण रघुनाथजी के यहां हर्षितबहुमनोरथकरत चलेजाते हैं ( ४ ) श्रीरघुनाथजीके पदपंकज अरुण मृदुल सेवकके सुखदातासो मैं देखिहौंजाइ ( ५ ) जिनचरणारविन्दोंको परसिकै अहल्यातरीहै अरु दण्डकारण्य पावन भयो है ( ६ ) अरु जे पद श्रीजानकीजी हृदयमेंलगाये हैं अरु कपटकेकुरंगके संग धरिबेको धाये हैं किंतुधर जो शरीरधायोहै ( ७ ) हरजोमहादेवकर हृदयसोसर है श्रीरामचन्द्रके पदपंकज जहां नित्यफूलेरहते हैं सो चरणआजु इननेत्रनते प्रत्यक्ष देखिहौंजाइ मोरोअहोभाग्य है ( ८ ) दोहार्थ ॥ जिनपांयनकी पादुकाविषे भरतमनलाइरहे हैं जैसे लोभी मधुकर कमलमें लागिरहै सो पदआजुमैं इननयनन ते बिलोकिहौंजाइ ( ९ ) यहिप्रकारते प्रेमसंयुक्त विचारकरत सपदि कही शीघ्र समुद्र के पार आवतेभये हैं ( १० ) जब कपिनविभीषणको आवतदेखा तबजाना कि रिपुको दूतकोई है ( ११ ) तब बिभीषणको ठावहिं राखिकै तिनकर आगमन सुग्रीवने कहाजाइ ( १२ ) तब सुग्रीवबोले हेरघुराई दशाननकर भाई मिलिबेको आयो है ( १३ ) तब प्रभुनेकहा हेसखे अबकाकर्तव्य है तब सुग्रीवबोले हे नरनाह सुनहु ( १४ ) तब सुग्रीव कहते हैं हे प्रभु निशाचरकै माया नहीं जानी जाय है कामरूप होते हैं जैसारूपचाहैं तैंसाधरिलेते हैं को जानै क्यहि कारणआया है ( १५ ) मोको तौ अससमुझि परत है कि यहशठ हमारोभेद लेनआयो है ताते बांधिराखिये ( १६ ) हे सखे तुमने तौ अच्छी प्रकार ते नीति बिचार

चौ०॥ यहिबिधिकरतसप्रेमबिचारा आयउसपदिसिंधुयहिपारा १० कपिनबिभीषणआवतदेखा जानाकोउरिपुदूतविशेषा ११ ताहिराखिकपीश-पहँआये समाचारसबताहिसुनाये १२ कहसुग्रीवसुनहुरघुराई आवामिलनदशाननभाई १३ कहप्रभुसखाबूझियेकाहा कहैकपीशसुनहुनरनाहा १४ जान्निजाइनिशाचरमाया कामरूपक्यहिकारणआया १५ भेदहमारलेनशठआवा राखियबाँधिमोहिंअसभावा १६ सखानीतितुमनीकिविचारी ममप्रणशरणागतभयहारी १७ सुनिप्रभुबचनहर्षिहनुमाना शरणागतवत्सलभगवाना १८ दो० ॥ शरणागतकहँजेतजहिं निजअनहितअनुमानि तेनरपामरपापमय तिनहिंबिलोकतहानि १९ चौ०॥ कोटिबिप्रवधलागहिंजाही आयेशरणतजौंनहिंताही २० सन्मुख

कीन्ह है पर मोर प्रण शरणागत भयहारी है ( १७ ) यह प्रभुके बचन सुनिकै हनुमान्जी हर्षे हैं कि प्रभु शरणागत बत्सल हैं जो कोऊ शरणागत आवत है त्यहिको पुत्र की नाईं राखत हैं ( १८ ) दोहार्थ ॥ पुनि श्रीरामचन्द्र कहते हैं हे सुग्रीव जो आपन अनहित अनुमान करिकै शरणआवै ताको जे तजि देहिं ते नर पामर कही पापमयपशु हैं तिनकोबिलोकतकै हानिहोतिहै ( १९ ) अरु हेसखे जो कोटिन ब्राह्मणकर बध लागै अरु मेरीशरणआवै तौ मैं ताहूको न तजौं ( २० ) जबहींयह जीवमेरे सन्मुखहोइ तबहीं

वोहीसाइति कोटिनजन्मकेपाप नाशकरिदेउँ यह मोरप्रण है श्लोकवाल्मीकीये सकृदेवप्रपन्नायतवास्मीतिचयाच्यते अभयंसर्वभूतेभ्योददाम्येतद्व्रतंमम १॥ ( २१ ) हेसखेपापवन्त जे पुरुष हैं तिनको सुभावहिते मोरभजननहीं भावत है ( २२ ) जो हृदय में दुष्टताहोइ सोमोरेसन्मुख नहीं आवैगो ( २३ ) जिनकरमन निर्मल है तेई मोकोपावहिंगे अरु कपटछलछिद्रजिनकेहैं तेमोको भावतेनहीं हैं किंतु जिनके कपटछलछिद्रहैं अरु मोरेसन्मुख आवतभये तौ उनकोकपट छलछिद्रमोको भावतैकही मैं लेतैनहीं तुरन्त मननिर्मल करिदेतहौं ( २४ ) हेकपीश जोरावणनेभेदलेनपठवाहोइ तबहूंकछुभयनहीं ( २५ ) हेसखेजगत्बिषे जेते निशाचर हैं तिनको लक्ष्मणजी एकनिमिषमें नाशकरिदेहिंगे ( २६ ) हेसुग्रीव कांडुमुनिकेमोको बचन स्मरणहैं कि जो तुम्हारीशरण आवैतिस को तुम अंगीकार करिकै फेरि जनित्यागयहु

**होइजीवम्वहिँजबहीं जन्मकोटिअघनाशौँतबहीं २१ पापवंतकरसहजसुभाऊ भजनमोरत्यहिभावनकाऊ २२ जौपैदुष्टहृदयसोहोई मोरेसन्मुखआवकिसोई २३ निर्मलमनजनमोहिँसोपावा मोहिँकपटछलछिद्रनभावा २४ भेदलेनपठवादशशीशा तबहुंनकछुभयमानकपीशा २५ जगमहंसखानिशाचरजेते लक्ष्मणहनहिंनिमिषमहँतेते २६ जोसभीतआवैशरणाईं रखिहौंताहि प्राणकीनाईं २७ दो० ॥ उभैभांतित्यहिआनहुहंसिकहकृपानिकेत जयकृपालुकहिकपिचलेअंगदहनूसमेत २८ चौ०॥ सादरत्यहिआगेकरिबानर चलेजहांरघुपतिकरुणाकर २९ दूरिहितेदेखेद्वौभ्राता नयनानन्ददानकेदाता ३० बहुरिरामछबिधामबिलोकी रहेठिठुकियकटकपलरोकी ३१ भुजप्रलंबकंजारुणलोचन श्यामलगातप्रणतभवमोचन ३२ सिंहकंधआयतउरसोहा आनन**

ताते जो रावण के भयते सभीतकही डरिकै आयोहोइ तौ प्राणकी नाईं राखिहौं ( २७ ) दोहार्थ ॥ हेकपीश दुष्टभावते आइोहोइ या आर्त्तह्वइकै आयोहोइ तौ उभयभांति कही दोऊभांतिसे ल्यावहु बिहँसिकै कृपानिधान कहते हैं बिहँसे क्यों कपिनकर सम्मतसुनिकै तब अंगद हनुमान् समेत सबकपिजयकृपालु रामचन्द्रकी कहिकैचले ( २८ ) आदर समेत बिभीषणको आगे करिकै सब बानर करुणाकर रघुपति तिनके पासचले हैं ( २९ ) तबबिभीषण दूरिहिते नेत्रन के आनंदके दानकेदाता द्वौभाइनको देखतभये हैं ( ३० ) बहुरि श्रीरामचन्द्र छबिकेधाम तिनको बिलोकिकै ठुठुकिकही थँभिरहे हैं नेत्रन की पलक नहीं चलती है ( ३१ ) कैसेहैं श्रीरामचन्द्र प्रलंब कही आजानु भुज हैं अरु अरुणकमल इवनेत्र हैं श्याममणि इवगात हैं प्रणत जे शरण हैं तिनकेभयके मोचनकर्त्ता हैं ( ३२ ) अरु बालसिंहके ऐसे कंधहैं अरु आयत कही बिशाल उर है अरु मुख अमित मदन के मन को मोहत है ( ३३ ) तब बिभीषण के नेत्रनमें जलभरि आयो है मनमें धीरधरिकै मीठी बात बोलतभये हैं ( ३४ ) हेनाथ मैं रावणकर भ्राता हौं। हेसुरत्राता हमार निशिचर बंश में जन्मभयो है ( ३५ ) अरु सहजै में हमको पापप्रिय है काहे ते हमारोतामसी शरीरहै जैसे उलूकको अन्धकार विषे स्नेह है ( ३६ ) दोहार्थ ॥ आपुकर सुयशश्रवणन ते सुनिकै मैं आयउँहौं कि भवभारभंजन हैं हे आर्त्तहरण त्राहि २ हेरघुबीर तुमशरणागत के सुखदाताहौ मैं तुम्हारी शरणहौं इहां षट्प्रकारते शरणागत बिभीषण होतभये हैं षट्प्रकार कौन है श्रीरामचन्द्रके अनुकूल ज्यहि प्रकारते प्रसन्न होइ सोईकर्म धर्म योग बैराग्य ज्ञान विज्ञान इत्यादिक ज्यहिविषे संकल्प करै कि यही करौंगो ताको अनुकूल कही अरु येई कर्मधर्म योगबैराग्य ज्ञान विज्ञान इत्यादि कियेते श्रीरघुनाथजी बिषे प्रतिकूलता आवै तौ तिनको त्याग

**अमितमदनमनमोहा ३३ नयननीरपुलकितअतिगाता मनधरिधीरकहीमृदुबाता ३४ नाथदशाननकरमैंभ्राता निशिचरबंशजन्मसुरत्राता ३५ सहजपापप्रियतामसदेहा यथाउलूकहिंतमपरनेहा ३६ दो० ॥ श्रवणसुयशसुनिआयउं प्रभुभंजनभवभीर त्राहि त्राहि आरतहरणशरणसुखद-रघुवीर ३७॥**

* * * * * *

करना अरु प्रसिद्ध जो प्रतिकूल है काम क्रोध लोभ मोह मद मात्सर्य इत्यादिक तिनके त्याग में संकल्प करै सोई प्रतिकूलबर्जन कहावैहै अरु जो ब्रह्मा शिवादिक के स्वामी हैं अरु अपने शरणागत निषाद गिद्ध सुग्रीव बिभीषणादिकन की सदारक्षा करिआये हैं सो हमारि रक्षाअवश्य करैंगे यहिप्रकारको जो दृढ़विश्वासताको रक्षिष्यतीति विश्वासकही अरु जो आर्तबाणी कहेते रघुनाथजी को करुणा उत्पन्न होइ अरु वोहीकरुणाबश ह्वइकै रक्षाकरै सोई आर्तबाणी रघुनाथ जी के आगे करुणा जैसेशेवरी सुग्रीव गज द्रौपदी इत्यादिकनकर दीनबचन सुनिकै उनकी रक्षाकिया ताको गोप्तृत्ववर्णन कही शरण्य जो श्रीरघुनाथजी हैं तिनकी प्रसन्नता करहेतु शरणागत है यह बिचारिकै आत्मा औ आत्मीय जो पदार्थ ताको सब प्रकारकरिकै वेदविधि पूर्बक श्रीरघुनाथजी बिषे समर्पण करना मनबचन कर्म इत्यादिककी विषय जैसे काहूनेपशुबेचिदियो है जिननेलिया तिसकेऊपर भारपर्यउ है तैसे स्वार्थ परमार्थको भार श्रीरघुनाथजीविषे डारिदेइ अरु अपने मन विषे नर्क स्वर्ग अपवर्ग तिनके सङ्कल्प विकल्प कै बासना न उठै अरु हर्ष शोक सुख दुःख हानि लाभ इत्यादिकजे अनेक मायाके ब्यकार अनेकसंस्कारबश शरीर विषे वर्तमान होते जाते हैं पर सब पर श्रीरामरजाय जानै अरु कौनेहु पदार्थ में अपनपौ न आवै ताको आत्मनिक्षेप शरणागतकही पुनिकार्प्पण्यकही संसारकोविषय त्यागिकैमन बचन कर्मते श्रीरघुनाथजी के प्राप्ति कै कर्तब्य करै अरु अपनपौ तनिकौ न आवै बाह्यांतरते यहकहै अरुजानै कि मोसेकछुनहीं बनत है हे श्रीरामजी मैंसबप्रकार सर्बजीवन ते नीच हौं ताकोकार्प्पण्य शरणागत कही जब विभीषण प्रथमरावणकेइहांआये अरु रावणसे परमनीति कही है सो श्रीरामचन्द्र के अनुकूल कह्यो है अरु त्यहिविषे बिभीषणकै संकल्प है कि जो मैं रावणसे कह्यों है सोई करौंगो ताको अनुकूल संकल्पनाम प्रथम शरणागत जानब अरु रावण सबप्रकारते श्रीरामचन्द्रके प्रतिकूल कहै करै तेहिको बिभीषण त्यागकीन है सो प्रात्यकूल बिवर्ज्जन द्वितीय शरणागत जानब अरु रावण त्रैलोक्य बिजयी तेहिकर त्यागकीन है तहांकछु भयनहीं आई है काहेते यहदृढ़ बिश्वास कीनहै कि जिनबालिको बधिकै सुग्रीव कै रक्षाकीनि हैसोई श्रीरामचन्द्र मेरेलोकहु परलोककैरक्षाकरहिंगे ताको रक्षिष्यतीति विश्वास शरणागत सो तृतीय जानब अरु बिभीषण श्रीरामचन्द्र के पासचले हैं तहां अपने मारबे को बानरन की भयनहीं करते हैं काहेते श्रीरामचन्द्र को आत्मसमर्पण कीन है ताते श्रीरामचन्द्र जो करहिंगे सोई होइगो विशेषिकै यह आत्मसमर्पण शरणागत सो चतुर्थजानब अरु जो विभीषण विचारकरत चलेजाते हैं कि ज्यहि चरणकमलकै सनकादिक नारद शुकदेव अगस्त्य ब्रह्मा शिवादिक आश्रयलीन्हे हैं सो नेत्रनभरि प्रत्यक्ष देखौंगो इहां ताईं अरु जब विभीषण कहा है हे सुरत्राता मोर निशिचर बंशविषे जन्म है अहर्निशि हमको पापैप्रिय है यह कार्पण्यशरणागत सो पंचमजानब अरु श्रीरामचन्द्र के समीप प्राप्तिभये हैं अरु यह कहा है हे शरणागत रक्षक मोको त्राहि त्राहि मैं आपुके शरणैहौं असकहिकै दण्डइव पृथिवीविषे गिरिपरेपाहि पाहि कहिकै सो गोप्तृत्व वर्णनरक्षाशरणागत सोषष्ठमजानब तत्रप्रमाणमाह श्रीनारद पंचरात्रेश्लोकडेढ़ ॥ अनुकूल्यस्यसंकल्पः प्रातिकूल्यस्यवर्ज्जनं रक्षिष्यतीतिविश्वासो गोप्तृत्ववर्णनंतथा आत्मनिक्षेपकार्पण्य षड्विधाशरणागतिः॥ यहषड्शरणागत जो कहि आये हैं सो श्रीनारद पंचरात्र करमत है पुनि बाल्मीकिकर मतकहते हैं तहां जब बिभीषणने आकाशविषे उच्चस्वरते आर्तबचन श्रीरघुनाथजी को सुनाये हैं सबबानरन संयुक्त सुना है हे श्रीराघव रावण जो संपूर्णजगत् को रोवावत है अरु सर्बराक्षस महापापीतिनकर राजा है अरु आपकर विरोधी है सर्वथा बिमुख है त्यहिकर मैं लघुभ्राता हौं ताते मैं सबप्रकारते महानीचहौं इहांयह अभिप्राय है कि आपसब उपायकर अभिमान त्यहितेरहितह्वैकै अरु सबप्रकारते दीनह्वैके श्रीरामचन्द्र की शरणभयो है ताको कार्पण्य शरणागत कही १ पुनिचराचरविषे व्याप्त श्रीरामचन्द्र को रूपजानिकै तिनसबते अनुकूलरहे सो विभीषणने रावणते कहा है श्रीरामचन्द्रके प्रसन्नहेतु ताको अनुकूल संकल्प शरणागत कही २ पुनि भगवत्प्रतिकूल माता पिता भ्राता दारा पुत्र मित्र इत्यादिकनकर त्यागकरै सोबिभीषण कीन है ताको प्रतिकूलवर्ज्जनशरणागतकही ३ पुनि सर्वोपायशून्य कही सर्वकर्म धर्मत्यागिकै अनन्य भावते श्रीराघवजी के शरणहोइ सो बिभीषणकीन है ताको आत्मसमर्पणशरणागत कही ४ पुनिसत्गुरुन अरु साधुनते आर्तदीन ह्वइकै यह कहै कि मेरीसुधि श्रीरघुनाथजीसे कराइदेहु तहां बिभीषण आर्तह्वइकै सबबानरनते पुकारिकै कहत हैं कि तुमसमीपीहौ श्रीरघुनाथजीते जनाइदेहु सो गोप्तृत्व शरणागत कही ५ पुनि श्रीरघुनाथजी सबप्रकारते रक्षाकरहिंगे यह दृढ़ विश्वास करिकै समीपको निर्भयह्वइकै प्राप्तिभये हैं महाविश्वासरूप

**असकहिकरतदंडवतदेखा तुरतउठेप्रभुहर्षविशेखा १ भुजबिशालगहिहृदयलगावा दीनबचनसुनिप्रभुमनभावा २ अनुजसहित**

ताकोरक्षिष्यतीति बिश्वास शरणागतकही ६ तहां प्रमाण है बाल्मीकीयेश्लोकआठ॥ रावणोनाम दुर्वृत्तोराक्षसोराक्षसेश्वरः तस्याहमनु जो भ्राता बिभीषणइतिश्रुतः १ अन्यच्च उपायेनैवसिद्ध्यतत्यिपायाबिबिधास्तथा इतियागबहानिस्तद्दैन्यंकार्प्पण्यमुच्यते २ पुनिबाल्मीकीये तमहंहेतुनिर्बाक्यैर्बिबिधैश्चान्यदर्शयन् साधुनिर्यात्युतांसातां रामयेति पुनः पुनः ३ अन्यच्च चराचराणिभूतानि सर्बाणिभगवद्वपुः अतस्तदानुकुल्यंमे कर्तव्यमितिनिश्चयः ४ पुनः वाल्मीकीये सोहंपुरुषितस्तेन दासवच्चावमानितः त्यत्क्वापुत्राश्चदाराश्च राघवंशरणंगतः ५ सर्वलोकशरण्याय राघवायमहात्मने निवेदयतमाक्षिप्रं बिभीषणमुपस्थितं ६ अन्यच्च अप्रार्थितोनगोपायेदितितत्प्रार्थनामतिः गोपायिताभवत्येव गोप्तृत्ववर्णनंस्मृतं ७ रक्षिष्यत्यनुकूलान्नइत्येवंसुदृढ़ामतिः सबिश्वासोभवच्चक्रीसर्बदुष्कृतिनाशनः ८ दुइग्रंथकेमतसे षड्प्रकारते शरणागत कहिआये हैं तामें एकआत्म समर्पण अंगी है सो बिभीषण को छइउ शरणागत पूर्णजानब ( ३७ ) इतिश्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषविध्वंसनेसुन्दरकांडे बिभीषण शरणागतवर्णनंनामनवमस्तरंगः ९॥ ::

दोहा ॥ शरण बिभीषण आइ जब अंगीकृत प्रभुकीन। दशतरंगमहँकृपाप्रभु रामचरण अतिदीन ( १० ) त्राहि त्राहि असकहिकै बिभीषण ने साष्टांगदंडवत् कीन है तब हर्षिकै तुरंत उठतभये हैं ( १ ) दीनबचन सुनिकै अति मनमें भायो है बिशाल भुजते उठाइकै हृदय में लगावतभये हैं ( २ ) अनुज सहित मिलिकै ढिगबैठाइकै भक्त भयहारी प्रभुबचन बोलतेभये हैं ( ३ ) तब श्रीरामचन्द्र कहा हे लंकेश अपनी कुशल कहौ तुम्हार कुठाहर बास है देखिये तौ इहां यहध्वनि है कि जब यहि जीवकोश्रीरामचन्द्र मद मात्सर्य इत्यादिक ते रहित करते हैं तब अंगीकार करते हैं ताते यह समुझि परत है कि बिभीषण को अंगीकार कीन है उपरांत रावणको अंगीकार करिचुके काहेते ज्यहिलंकाके राज्यमद करिकै रावणने बिभीषणको निरादर कीन है सो राज्य श्रीरामचन्द्रने बिभीयणको दीनहैताते लंकेश कह्यो है अब रावण मदते रहित भयो है अरु बिभीषण को

**मिलिढिगबैठारी बोलेबचनभक्तभयहारी ३ कहुलंकेशसहितपरिवारा कुशलकुठाहरबासतुम्हारा ४ खलमंडलीबसहुदिनराती सखाधर्मनिबहैक्यहिभांती ५ भैंजानौंतुम्हारिसबनीती अतिशयनिपुणनभावअनीती ६ बरुभलबासनरककरताता दुष्टसंगजनिदेइबिधाता ७ अबपददेखिकुशलरघुराया जोतुमकीन्हजानिजनदाया ८ दो०॥ तबलगिकुशलनजीवकहँ सपन्यहुंमनबिश्राम**

राज्यमद न होइगो काहेते अब श्रीरामचन्द्र की प्रसादी राज्य बिभीषणपावाहै ( ४ ) हे सखे तुम रातिदिन खलमंडलीमें बसतहौ तुम्हार साधु कर्म कैसे निबहतहै ( ५ ) अरु तुम्हारि सबरीति मैं जानत हौं अतिशयनयकही नीति बिषे निपुणहहु अनीति तुमको नहीं भावै है ( ६ ) हेतात बरु नर्ककर बासभल है पर बिधाता दुष्ट संगति न देइ काहेते नर्कविषेकेवल शरीरको दुःखहै अरु पाप क्षीण होतजात है अरु दुष्टनकी संगति विषे मनक्रम बचनते क्लेशहोत है अरु परिणाम क्लेश कै वृद्धि है ( ७ ) तब बिभीषण कहते हैं हे श्रीरघुराय तुम्हार पदपंकज देखिकै अबमैं सबप्रकारते कुशलहौं जाते आपनजन जानिकै आपु दयाकीन है ( ८ ) दोहार्थ ॥ हे श्रीरामचन्द्र कृपा के समुद्र सर्बात्मक जबलगि कामनाजे हैं अर्थ धर्म काम यह त्रैवर्ग शोक मोह इत्यादिक के धाम हैं अरु तिनको तजिकै जबलगि तुम्हार पदपंकज नहीं भजत हैं तबलगि यहि जीवको स्वपन्यहु कुशल बिश्राम नहीं है ( ९ ) हे श्रीरामचन्द्र तबलगि हृदय विषे नानाप्रकारकेखललोभ मोह मत्सर मदमान इत्यादिक बसते हैं ( १० ) हे श्रीरामचन्द्र धनुषबाणलिहे जबलगि तुमनहीं बसते हौ तबलगि सबैब्यकार है ( ११ ) ममता कही मायाकृत जेहैं उत्तम मध्यम निकृष्ट पदार्थ तामें अपनपौ मानना सोममता सोई तरुण अंधकार है राग दोष उलूक तिनको सुखदाता है ( १२ ) तबलगि येजीव मनरूप तामें बसते हैं जबलगि हे प्रभु तुम्हार प्रताप सूर्य उरविषे नहीं बसत हैं तब लगि ये सब हैं ( १३ ) अब मैं आपुकर पदकमल देखिकै कुशलहौं समस्तभवकर भारमिटि गयो ( १४ ) बिभीषण कहते हैं हे कृपालु ज्यहिपर आपु अनुकूलकही प्रसन्नहोहु त्यहिको त्रिविधि शूल नहीं व्यापते हैं तीनिउशूल कौन हैं तीनिउताप अधिभूत अध्यात्म अधिदैवत अधिभूत कही जो जीवन करिकै उपाधिहोइ राजाचोर सिंहसर्प इत्यादि करिकै जो दुखहोइ यहदेह की अधिभूत

जबलगिभजतनरामपद शोकधामतजिकाम ९ चौ०॥ तबलगिहृदयबसतखलनाना लोभमोहमत्सरमदमाना १० जबलगिउरनबसतरघुनाथा धरेचापशायककरभाथा ११ ममतातरुणतमीअंधियारी रागद्वेषउलूकसुखकारी १२ तबलगिबसतजीवमनमाहीं जबलगिप्रभुप्रतापरबिनाहीं १३ अबमैंकुशलमिटेभवभारे देखिरामपदकमलतुम्हारे १४ तुमकृपालजापरअनुकूला ताहिनब्यापत्रिबिधिभवशूला १५ मैंनिशिचरअतिअधमसुभाऊ शुभआचरणकीन्हनहिंकाऊ १६ जासुरूपमुनिध्याननआवा त्यहिं

है अरु जो चित्त बुधि अहंकार ते काहूजीवको दुःख दीजिये सो अन्तर अधिभूत है किन्तु बाह्यान्तर दूनौं ते काहूजीवपर उपाधिकरी किन्तु कोई जीव बाह्यांतर अपने ऊपर उपाधिकरै सो अधिभूत पुनि अध्यात्म शरीर में ज्वर जूड़ी बरतोर अंगभंग इत्यादिक होइ किन्तु मनमें अनेक बासनाकरिकै खेदहोइ सो अध्यात्म तापपुनि अधिदेवत कही जो देवतनकरिकै विघ्नहोइ अतिवृष्टि अनावृष्टि अग्नि पवन जल इत्यादिक करिकै जो विघ्नहोइ अरु जो इन्द्रिनके देवतन करिकै विघ्नहोइ सो अधिदैवत है ये तीनिउ ताप शूलकही अतिदुःखदाई हैं सो तुम्हारी अनुकूलताते मिटिजात हैं पुनि तीनिउ शूलकही सुत बित लोक सुत जो पुत्रदारा इत्यादिक बित कही धन ऐश्वर्य इत्यादिक लोककही लोकमर्य्याद मान बड़ाई इत्यादिक यहतीनिउ कै बासना इक्षनाते सबशूल कही जन्ममरण के कारण हैं सो तुम्हारे अनुकूलते सबशूलनाश होइजात हैं ( १५ ) बिभीषण कहते हैं हेकृपालु मैं निशिचर हौं मोर अधम स्वभाव है अरु शुभआचरण एकौ नाहीं हैं ( १६ ) हे प्रभुतुम्हार स्वरूप मुनिनके हृदय में नहीं आवत है सो प्रभुमोको हृदय में लगाइ लीन है तहां आपुकैकृपा अरु मोरभाग्य दूनौंकिसूके कहनेयोग्य नहीं है ( १७ ) दोहार्थ ॥ ताते मेरी अहोभाग्य जे श्रीरामचन्द्र कृपा अरुसुखके पुंजजिनके चरणारविंद ब्रह्मा शिवादिक करिकै पूज्यमान हैं तिनचरणनको नेत्रनभरि मैंनेदेखा ( १८ ) श्रीरामचन्द्र कहते हैं हेसखे मेरेस्वभाव को कागभुशुण्डि महेश गिरिजा जानते हैं सोसुनहु ( १९ ) हेसखेतुमतौ मेरेनिजदासहौ जो ऐसेदुष्टन की संगति में अपने भजनविषे आरूढ़रहेउहै अरु जोकोई चराचरकर द्रोहीहोइ अरु भयकरिकै मेरीशरण तकिआवै ( २० ) हेसखे जो विश्वकर द्रोहीहोइ अरु भयकरिकै मोरिशरण तकिकैआवैहै त्यहिकर मद मोह कपट नानाप्रकारके छल सोसब उसके तजिकै सद्यकही शीघ्र अपने साधन के समान करिदेतहौं यह

प्रभुहर्षिहृदयम्वहिंलावा १७ दो०॥ अहोभाग्यममअमितअतिरामकृपासुखपुंज देख्यउंनयनबिरंचिशिव सेब्ययुगलपदकंज १८ चौ०॥ सुनहुसखानिजकहौंसुभाऊ जानभुशुंडिशंभुगिरिजाऊ १९ जोकोइहोइचराचरद्रोही आवैसभयशरणतकिमोही २० तजिमदमोहकपटछलनाना करौंसद्यत्यहिसाधुसमाना २१ जननीजनकबंधसुतदारा तनधनभवनसुहृदपरिवारा २२ सबकैममताताागबटोरी ममपदमनहिंबांधिबरिडोरी २३ समदर्शीइच्छाकछुनाहीं हर्षशोकभयनहिंमनमाहीं २४ अससज्जनममउरबसकैसे लोभीहृदयबसहिधनजैसे २५ तुमसारिखेसंतप्रियमोरे धरोदेहनहिंआननिहोरे २६ दो०॥ सगुणउपासकपरमहित

मेरो संकल्पहै इहां श्रीरघुनाथजी शरणागतकै मूर्त्तिकहाहै ( २१ ) अरुजननी जोहै माता जनकजो है पिता बंधुजेहैं पुत्रदारा जोहैं अपर कुटुम्बजोहै तनजोहै धनजोहे भवनजोहै मित्रजो है परिवारजे हैं ( २२ ) तहांतिनसब कै ममता कच्चातागहै त्यहिको बटोरिकै एकडोरी बनावै गांठीदैकै मेरे चरणविषे बांधिदेइ अभिप्राय यह है कि सबकैममतात्यागिकै मेरेचरणविषेममत्वकरै ( २३ ) अरु जे ऐसेमेरे अनन्यशरणहैं ते समदर्शी हैं सर्बजीव विषे एकदृष्टि हैं अरु समदर्शीको कछुइच्छानहीं है निकामहै अरुहर्ष शोक भय जिनके मनमें नहीं है ( २४ ) हे सखे ऐसो सज्जन मेरे हृदय में कैसे बसत है जैसे लोभीके हृदय में धनबसत है ( २५ ) अरु तुमसारिखे मेरे प्रियसंत जे हैं तिनके हेतु देह धरौ कही नरकी

ऐसी लीला धारण करतहौ आननिहोराहेतु नहीं है ( २६ ) दोहार्थ ॥ हे सखे जो मैं सगुण परब्रह्मरूपहौं जेमेरी उपासना करते हैं सो मोको परमहित हैं अरु निरंतरकही रतहैं मेरेनेमविषे दृढ़हैं ते नरमोको प्राण के समान प्रिय हैं अरु जिनके ब्राह्मणके चरण में प्रीति है अरु जो मेरो परम दिब्य परमप्रकाश गुण है सोई ब्रह्मव्याप्त जे त्यहिको जानते हैं ते संसारते निवृत्तह्वइकै मेरीकैवल्य मुक्ति को प्राप्त होते हैं ( २७ ) हेलंकेश मेरे साधुनविषे जेपरम दिव्य मेरेदासन विषे उत्तम अनेक लक्षण हैं सो हे बिभीषण तुमविषेसब हैं ताते तुम मोको परमप्रियहौ ( २८ ) श्रीरामचन्द्रके बचन बानर ऋच्छनके यूथके यूथ सुनिकै हर्षिकै बोलते हैं हे कृपाके बरूथ तुम्हारी जयहोय ( २९ ) तहां श्रीरामचन्द्रकै बाणी श्रवणनमें अमृत सानी सुनिकै विभीषण नहीं अघाते हैं ( ३० ) तब बिभीषण पदअम्बुज बारबार गहतभयो है अरु अपारप्रेम हृदय में नहीं समात है ( ३१ ) हे देव सचराचरके स्वामी सुनहु हे प्रणतपाल सबके उर अन्तर्य्यामीहौ ( ३२ ) मेरेउरविषे प्रथम कछु बासनारही है आपुके चरणारबिन्द बिषे सोईबासना

निरतनीतिदृढ़नेम तेनरप्राणसमानमम जिनकेद्विजपदप्रेम २७ चौ०॥ सुनुलंकेशसकलगुणतोरे तातेतुमअतिशयप्रियमोरे २८ रामबचनसुनिबानरयूथा सकलकहहिंजयकृपाबरूथा २९ सुनतविभीषणप्रभुकैबानी नहिंअघातश्रवणामृतजानी ३० पदअंबुजगहिबारहिबारा हृदयसमातनप्रेमअपारा ३१ सुनहुदेवसचराचरस्वामी प्रणतपालउरअंतरयामी ३२ उरकछुप्रथमबासनारही

अब प्रभुपदपंकज देखिकै नदी रूप ह्वइकै बही है तहां बिभीषणके जो कही कि प्रथम यहबासना रही है कि रावणको बधकराइकै मैं राज्यकरौं तो यह कहना नहीं सम्भवितहै काहेते कि बिभीषणकै परमभागवतनमें गिनती है अरु भागवत निर्बासिक होते हैं॥ प्रमाणंभारतेश्लोकएक ॥ प्रह्लादनारदपराशरपुंडरीकव्यासाम्बरीषशुकशौनकभीष्मकाद्याः॥ रुक्मांगदार्ज्जुनवशिष्ठबिभीषणाद्याः एतानहंपरमभागवतान्नमामि १ देखिये तौ शास्त्रनविषे यहप्रमाण है कि पूर्बापर विशेषण तहांग्रंथनके प्रकरणविषे पुनिश्लोक आदिअन्त विशेषकहावत है अरु मध्यमसामान्य कहावत है तहां यहश्लोकविषे प्रथमप्रह्लादकी गिनती है सो दानवबंशविषे अरु अन्तमें विभीषणको कहाहै सो राक्षसबंशविषे तिनदूनोंको विशेष भागवत कहा है काहेतेकिहिरण्यकशिपु अरु रावण ते द्वौ त्रैलोक्यविरोधी तिनकीसभाविये वैष्णवधर्मकरनिशान गाड़िदीनहै सो नाहीं हिल्यो है तेहीधर्मते प्रह्लाद बिभीषणके द्वारह्वइकै सहित परिवार दूनों बंश कृतार्थ भये हैं तहां बिभीषण के कहां बासना संभवतहै जामें स्फुरितहोइ ताते यह चौपाई को उहै अर्थ पुनि कही है उरकछु प्रथम बासना रही बिभीषण कहते हैं हे श्रीरामचन्द्र मेरे उरविषे आपुके चरण देखिबे की प्रथमकछुबासना रही है अब आपुके चरणारविंद देखिकै सो बासना महानदी रूप ह्वइकै प्रबाह चलीजाती है ऐसे आपुके चरणारबिन्दके दर्शनहैं ( ३३ ) हे कृपाल अब मोको अतिपावनि शिवके मनभावनि भक्तिदेहु ( ३४ ) हे पार्वती तब श्रीरामचन्द्र एवमस्तु कहिकै सो भक्ति दीन है तब भक्तिदकै समुद्रकर जल मांगतभये हैं ( ३५ ) हे सखे यद्यपि तुम्हारे लंकाके राज्यकी इच्छानहीं है तदपि मेरेदर्शन कर अमोघफल है ज्यहि राज्यकरिकै रावण तुम्हार निरादरकीन है सो राज्य मैं तुमको दैकै शुद्धकीन चाहतहौं ( ३६ ) असकहिकै पुनि श्रीरामचन्द्र समुद्र के जलते

प्रभुपदप्रीतिसरितसोबही ३३ अबकृपालनिजभक्तिपावनी देहुसदाशिवमनभावनी ३४ एवमस्तुकहिप्रभुरणधीरा माँगातुरतसिंधुकरनीरा ३५ यदपिसखातवइच्छानाहीं मोरदरशअमोघजगमाहीं ३६ असकहिरामतिलकत्यहिसारा सुमनवृष्टिनभईअपारा ३७ दो०॥ रावणक्रोधानलसरिसश्वाससमीरप्रचंड जरतविभीषणराख्यउदीन्ह्यउराजअखंड ३८ जोसंपतिशिवरावणहिदीन्हदियेदशमाथ सोसम्पदाविभीषणहिं-सकुचिदीन्हरघुनाथ ३९॥

* * * * *

बिभीषण के लंकाके राज्यकर तिलक करतेभये हैं तब ब्रह्मादिक देवताफूलनकी वृष्टि नभते करतेभये हैं ( ३७ ) दोहार्थ ॥ हे गरुड़ रावणकर क्रोध अग्नि के सरिश है अरु रावण कै श्वासा क्रोधभरी बचन सो पवन है त्यहिते बिभीषणजरतरह्यउहै त्यहिको श्रीरामचन्द्र राखिकै अखण्ड राज्य दीन है ( ३८ ) जो संपत्ति रावण ने शिवते अनेकबार शीश चढ़ाइ चढ़ाइपाई है सोई सम्पदा अरु अपनी भक्ति बिभीषणके आवतसंते सकुचिकै श्रीरघुनाथजी दीन है ( ३९ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुबविध्वंसने सुन्दरकांडे श्रीरामकृपाविभीषणप्रणिपत्यशरणागत परमानन्यवर्णनंनामदशमस्तरंगः १०॥ :: :: :: ::

दोहा ॥ दशअरुएकतरंग में मंत्रबूझिश्रीराम रामचरणमिलिसमुझिकै कहहुकरीसोकाम ११॥ हे उमा ऐसे प्रभुको छांड़िकै जो अपर कोई प्रभु मानिकै भजते हैं ते नर बिनाशृंग पूंछ केपशुहैं जिनके अपनेशरीर की रक्षाकर ज्ञाननहीं है ( १ ) देखिये तौ बिभीषण राक्षसबंश अरु रावण विरोधी त्यहिकरभाई त्यहिको आपन निजकही विशेष जनजानिकै आपनकीन है यह स्वभाव श्रीरघुनाथजीकर देखिकै ऋच्छ कपिवंशके मन में अतिभावत भयो है ( २ ) प्रभु कैसे हैं सर्बज्ञहैं सर्वउरबासी हैं अरु सर्बचराचर उनहीको रूप है अरु सर्बतेरहित उदासीन हैं ( ३ ) ते श्रीरामचन्द्र नीति के प्रतिपालक बचन बोलतेभये हैं कैसे हैं मनुजजे मनुष्य हैं तिनके हितकारके कारण हैं किन्तु मनुष्यरूप मनुजलीला करते हैं दनुजनके कुल तिनके नाशकरिबे हेतु ताते मनुजकारण कहा है अरु कारण तौं सबके हैं अरुदानव बंश जे सर्बजीवन के विरोधी तिनके कुलघालक हैं

असप्रभुछांड़िभजहिंजेआना तेनरपशुबिनुपूंछबिषाना १ निजजनजानिताहिअपनावा प्रभुसुभावकपिकुलमनभावा २ पुनिसर्वज्ञसर्ब्बउरबासी सर्वरूपसबरहितउदासी ३ बोलेवचननीतिप्रतिपालक कारणमनुजदनुजकुलघालक ४ सुनुकपीशलंकापतिबीरा क्यहिबिधिउतरिय जलधिगँभीरा ५ संकुलमकरउरगझषजाती अतिअगाधदुस्तरसबभांती ६ कहलंकेशसुनहुरघुनायक कोटिसिंधुशोषैतवशायक ७ यद्यपितदपिनीतिअसगाई विनयकरियसागरसनजाई ८ दो०॥ प्रभुतुम्हारकुलगुरुजलधिकहिहिउपायबिचारि बिनुप्रयाससागरतरिहि सकलभालुकपिधारि ९ चौ०॥ सखाकहीतुमनीकउपाई करियदैवजोहोइसहाई १०

( ४ ) श्रीरामचन्द्र बोलते भये हैं हे कपीश हे लंकेश हे अपर महाबीरहु सुनहु यह जो जलधि गम्भीर है त्यहिकेपार कौनीबिधि उतरिये ( ५ ) सो बिचारिकै कहहु काहे ते समुद्रबिषे मगर जे हैं सर्पजेहैं मीन इत्यादिक बड़ेबड़े भारी दीर्घशरीर अतिदुस्तर संकुल कही भरे हैं तहां त्यहिसिंधुको कैसेतरिये ( ६ ) तब लंकेश जे बिभीषण ते बोले हे रघुनायक तुम्हार एकबाण कोटिन समुद्र को शोषिसकै है ( ७ ) तब श्रीरामचन्द्र कहते हैं हेसखे यद्यपि जैसे तुमकह्यउ तैसे है तदपिजसनीति वेदगावते हैं तसकरिलेइ ताते सागरते प्रथमबिनयकरिलेई ( ८ ) दोहार्थ ॥ तब बिभीषणहर्षिकै बोलेहैं हेनाथ आपु कसनकहहु जलनिधि आपुके कुलगुरु कही श्रेष्ठहै तातेबिचारिकै उपाइकहिहि तब संपूर्णसेनाकी धारिबिना प्रयासहि उतरिजाई ( ९ ) श्रीरामचन्द्र कहते हैं हे सखे तुमनीक उपाइकह्यो है जो दैवसहायकरै तौ यह बात करी ( १० ) तब यह मंत्र लक्ष्मण के मनबिषे नहीं भावतभयो है श्रीरामचन्द्र के बचनसुनिकै अतिदुःखहोतभयो है ( ११ ) तब लक्ष्मणजी बोले हे नाथ दैवकर कवनभरोस है मोको आज्ञाहोइ मैं मनमें रोषकरों समुद्रशोषिजाइ ( १२ ) यह तौ कादर आलसिनकै बात है कि दैव करीसो होई ( १३ ) यहबातसुनिकै रघुबीर बिहँसिकैबोले हे तात धीर्य्यधरहु यह बात जसतुम

मंत्रनयहलक्ष्मणमनभावा रामवचनसुनिअतिदुखपावा ११ नाथदैवकरकवनभरोसा शौषैसिंधुकरियमनरोसा १२ कादरमनकरएकअधारा दैवदैवआलसीपुकारा १३ सुनतबिहँसिबोलेरघुवीरा ऐसइकरबधरहुम्नधीरा १४ असकहिप्रभुअनुजहिसमुझाई सिंधुसमीपगयेरघुराई १५ प्रथमप्रणामकीन्हशिरनाईपुनिबैठेतटदर्भडसाई १६ जबहिंविभीषणप्रभुपहँआये पाछेरावणदूतपठाये १७ दो०॥ सकलचरिततिनदेख्यउ

धरेकपटकपिदेह प्रभुगुणहृदयसराहत शरणागतपरनेह १८ चौ०॥ प्रकटबखानहिंरामसुभाऊ अतिसप्रेमगाबिसरिदुराऊ १९ रिपुकेदूतकपिनतबजाने सकलबांधिकपीशपहँआने २० कहसुग्रीवसुनहुसबबन्दर अंगभंगकरिपठवहुनिशिचर २१ सुनिसुग्रीवबचनकपिधाये बाँधिकटकचहुँपासफिराये २२ बहुप्रकारमारनकपिलागे दीनपुकारततदपिनत्यागे २३ जोहमारहरनासाकाना त्यहिकोशलाधीशकरआना २४ सुनिलक्ष्मणतबनिकटबोलाये दयालागिहँसितुरतछुड़ाये २५ रावणकरदीन्ह्यउयहपाती लक्ष्मणबचनबाँचुकुलघाती २६ दो०॥ कह्यहुमुखागरमूढ़सन ममसंदेशउदार सीतादेइमिलहुनतुआवाकालतुम्हार २७ चौ०॥ तुरतनाइलक्ष्मणपदमाथा चलेदूतबरणतगुणगाथा २८ कहतरामयशलंकहिआये

कह्यउ है तैसेकरब ( १४ ) यहिप्रकारते अनुजकोसमुझाइकै समुद्र के किनारे जात भये हैं ( १५ ) श्रीरघुनाथजी प्रथमसमुद्रके प्रणामकरिकै कुशासन डारिकै बैठतभये हैं ( १६ ) हे पार्वती जब विभीषण श्रीरामचन्द्र के पास आयोहैत्यहि के पाछे रावणने शुकसारणदुइदूत पठये हैं ( १७ ) दोहार्थ ॥ ये द्वौदूत कपट करिकै बानरकारूपधरिकै सब चरित्र देखिकै पुनिप्रकटह्वइकै प्रभुकेगुण जो शरणागत के नेहते अंगीकार करना सो सराहते हैं ( १८ ) आगे यह दोहाते अरु २ दोहाताईं अक्षरार्थै सिद्धिजानब॥ इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसनेसुन्दरकांडेसुभगनीतिवर्णनन्नामएकादशस्तरंगः ११॥ :: :: :: ::

दोहा ॥ रावण रावण दूत के प्रतिउत्तरसंबाद रामचरणद्वादश लहरि गयेद्वौविगत विषाद ( १२ ) हे नाथ जैसे कृपाकरिकै पूंछ्यउ है तैसेक्रोध तजिकै हमारकहामानहु ( १ ) हेनाथ जबतुम्हार अनुज मिलाजाय तब जातहि संते श्रीरामचन्द्र लंकाके राज्यकर तिलककरिदीन है ( २ ) पुनि तुम्हार

रावणचरणशीशतिननाये २९ बिहँसिदशाननपूंछीबाता कहसिनशठआपनिकुशलाता ३० पुनिकहुखबरिबिभीषणकेरी जासुमृत्युआईअतिनेरी ३१ करतराजलंकाशठत्यागी होइहिजवकरकीटअभागी ३२ पुनिकहुभालुकीशकटकाई कठिनकालप्रेरितचलिआई ३३ जिनकेजीवनकररखवारा भयउमृदुलचितसिंधुबिचारा ३४ कहुतपसिनकैबातबहोरी जिनकेहृदयत्रासअतिमोरी ३५ दो०॥ कीभइभेंटकिफिरिगये श्रवणसुयशसुनिमोर कहसिनरिपुदलतेजबल बहुतचकितचिततोर ३६॥ * * * * * *

चौ०॥ नाथकृपाकरिपूंछ्यहुजैसे मानहुकहाक्रोधतजितैसे १ मिलाजाइजबअनुजतुम्हारा जातहिरामतिलकत्यहिसारा २ रावणदूतहमहिंसुनिकाना कपिनबांधिदीन्हेदुखनाना ३ श्रवणनासिकाकाटनलागे रामशपथदीन्हीतबत्यागे ४ पूंछ्यहुनाथरामकटकाई बदनकोटिशतबरणिनजाई ५ नानाबरणभालुकपिधारीबिकटाननबिशालभयकारी ६ ज्यहिपुरदह्यउहत्यउसुततोरा सकलकपिनमहंत्यहिबलथोरा ७ अमितनामभटकठिनकराला अमितनागबलबिपुलबिशाला ८ दो०॥ द्विविदमयंदनीलनल

दूतसुनिकै कपिनहमको बांधिकै नानाप्रकारके दुःखदीन है ( ३ ) जबहमार नाककान काटन लागे तबहम कोशलाधीशकै दोहाई दीन है तब छोड़ि दिहिनिहै ( ४ ) हे नाथ तुम श्रीरामचन्द्र को कटकपूंछ्यहु है सो कोटिनबदनकरिकै शेष शारदाकहा चाहैं तौ नहीं कहिसकैं हैं ( ५ ) अरु कपिन भालुनकी जो धारि कही सेना है सो नानाबर्ण कै है अरु जिनके दीर्घ शरीर हैं अरुमहाबिकट मुखहैं अरु महाभयको करत हैं ( ६ ) हे रावण ज्यहँबानरने तुम्हारे पुरको दह्यउहै अरु तुम्हारे पुत्र को मारयउहैसो सबकपिन में लघु है

इहां श्रीरामचन्द्र कर प्रताप अति सूचित कीन है ( ७ ) अमित सेना है अमितनाम हैं अमितभट हैं बड़े बड़े कठिन कराल हैं अरु अनेकबीर एक एक वीरनके अनेकहाथिन के बल हैं ( ८ ) दोहार्थ ॥ अरु द्विविद मयंद नीलनल अङ्गद अरु बिकटाक्ष जो हैं दधिमुख केहरि निशठ शठ जाम्बवंत येसब बलकेराशि हैं ( ९ ) इत्यादिक अनेक कपिनके ईश हैं तेसब सुग्रीव के समान हैं इनसम नानाकही अगणित कोटिन कोगनै है ( १० ) श्रीरामचन्द्रके प्रतापते तिनके अतुलित बलकही समूहबल है एक एकभट त्रैलोक्य को तृणसमान गनते हैं ( ११ ) हे दशकन्धर असमैं श्रवणते सुन्यउँ है कि श्रीरघुनाथजीकै सेना बानर ऋच्छनकी जो है तिनविषे अठारहपद्म यूथपकही यूथनके पतिहैं अरुजेते यूथ हैं तेते एकयूथ एक अक्षौहिणी दूसर दुइ अक्षौहिणी तीसर तीनि अक्षौहिणी हैं चौथे चारि अक्षौहिणी हैं पांचये पांच अक्षौहिणी हैं छठयें छह अक्षौहिणी हैं सातवें सात अक्षौहिणी हैं आठवें आठ अक्षौहिणी हैं नवयें

**अंगदादिबिकटासि दधिमुखकेहरिनिशठशठजामवंतबलरासि ९ चौ०॥ येकपिसबसुग्रीवसमाना इनसमकोटिनगनैकोनाना १० रामकृपाअतुलितबलतिनहीं तृणसमानत्रैलोक्यहिगिनहीं ११ असमैंश्रवणसुनादशकंधर पदुमअठारहयूथपबंदर १२ नाथकटक**

नव अक्षौहिणी हैं दशयें दश अक्षौहिणी हैं ग्यारहें ग्यारह अक्षौहिणी हैं बारहें बारह अक्षौहिणी हैं तेरहें तेरह अक्षौहिणी हैं चौदहें चौदह अक्षौहिणी हैं पन्द्रहें पन्द्रह अक्षौहिणी हैं सोरहें सोरह अक्षौहिणी हैं सत्रहें सत्रह अक्षौहिणी हैं अठारहें अठारह अक्षौहिणी हैं अरु यहीप्रमाणते कोई यूथ में कछु घटिहै कोई यूथमें कछुबढ़िहै अरु कोईयूथ कहे हैं सोहै अरु अपरउपसेना ताते अनन्त हैं अरु अठारह पदुम यूथप तिनके गिनतीकी संख्या कहते हैं १ एकतेदशगुणदश १० त्यहिकरदशगुण सौ १०० त्यहिकरदशगुणहजार १००० त्यहिकरदशगुणअयुतकहीदशहजार १०००० त्यहिकरदशगुणलक्ष १००००० त्यहिकरदशगुणनियुतकहीदशलक्ष १०००००० त्यहिकरदशगुणकोटि १००००००० त्यहिकरदशगुणदशकोटि १०००००००० त्यहिकरदशगुणअर्बुद १००००००००० त्यहिकरदशगुणदशअर्बुद १०००००००००० त्यहिकरदशगुणखर्ब १००००००००००० त्यहिकरदशगुणदशखर्ब १०००००००००००० त्यहिकरदशगुणनील १००००००००००००० त्यहिकरदशगुणदशनील १०००००००००००००० त्यहिकरदशगुणपदुम १००००००००००००००० ऐसे अठारहपदुमयूथप हैं यह संज्ञा बेदने जीवन के जानबे के हेतु कही है नतु असंख्य हैं तहां एक एक यूथप त्रैलोक्य जीतिबे को सामर्थ्य है ( १२ ) हेनाथ श्रीरामचन्द्रके कटकमें ऐसो कोईवानर नहीं है जो रणमें तुमको न जीतिसकै ( १३ ) परमक्रोधते सब हाथ मींजते हैं पर श्रीरघुनाथजी आज्ञा नहीं देते हैं ( १४ ) कैसे वानर हैं कि सहितझष अरु ब्यालके समुद्र को पानकरिकै शोषिलेहिं खाइजाहिं अरु कुधर जे विशाल पर्वत हैं तिनको नखनते फोरिकै चूर चूर करिडारैं ( १५ ) ऐसेसब नरकहते हैं कि श्रीरघुनाथजी हमको आज्ञा देहिं तौ दशशीश को मर्दिकै गर्दमें मिलाइ देहिं ( १६ ) अरु ऐसेकहिकै गर्ज्जते हैं अरु तर्जहिं कही क्रोध करिकै

**महँसोकपिनाहीं जोनतुमहिंजीतहिरणमाहीं १३ परमक्रोधमींजहिंसबहाथा आयसुपैनदेहिंरघुनाथा १४ शोषहिसिंधुसहितझषब्याला फोरहिंनखधरिकुधरविशाला १५ मर्दिगर्दिमिलवहिंदशशीशा ऐसेबचनकहैंसबकीशा १६ गर्ज्जहिंतर्ज्जहिंसहजअशंका मानहुंग्रसनचहतहैंलंका १७ दो० ॥ सहजशूरकपिभालुसब पुनिशिरपरप्रभुराम रावणकोटिनकालकहँ जीतिसकहिंसंग्राम १८ चौ०॥ रामतेजबलबुधिबिपुलाई शेषसहसशतसकहिंनगाई १९ सकशरशोषिएकशतसागर तवभ्रातहिंपूंछेउनयनागर २० तासुवचनसुनिसागरपाहीं मांगतपंथकृपामनमाहीं २१ सुनतवचनबिहँसादशशीशा जोअसिमतिसहायकतकीशा २२ सहज**

कूदतेहैं मानहुं लंकाको ग्रसि लीन्ह चाहत हैं ( १७ ) दोहार्थ ॥ हे रावण भालु कपि सहजहि शूरहैं पुनि उनकेऊपर प्रभु जे श्रीरामचन्द्र तिनकर बलहै हेरावण कोटिनकालको संग्राम में जीतिसकैवालेहैं किन्तु जो काल कोटिन रावणस्वरूप बनिकैआवैंतौ एकक्षणमें सबको जीतिलेहिं ( १८ ) हेरावण श्रीरामचन्द्र कर तेज बल बुद्धि बिपुल है शेषशारदा जो सौकोटिहोहिं तौ नहीं कहिसकते हैं ( १९ ) अरु एकबाणके मारेते सैकरन सागर शोषिजाहिं परऐसे नीतिमान् हैं कि तुम्हारेभ्राता ते पूंछतभये हैं ( २० ) तब बिभीषणने कहा कि समुद्र ते राह मांगिलीजिये तेसमुद्रकै मर्य्याद राखिबेहेतुऐसे कृपालुहैं कि समुद्र के तटपर बैठिकै राहमांगते हैं ( २१ ) यह बचनसुनिकै रावण बिहँसतभयो है जोऐसीमति है तब तौ बानरकै सहाय लीन्हे हैं ( २२ ) रावण कहत है देखिये तौ सहजभीरु कही मेरे भयते डेराइकै सब वचनन की दृढ़ताकरिकै सागरते मचलाई कही धन्नैबैठे हैं हँसिकै रावण कहत है कि जो सागर के धन्ने परे हैं तौ हम इतनेहीमें उनकर बल प्रताप तेज पौरुष बुद्धि जानिगये हैं बहुत काकहैंगे ( २३ ) हे मूढ़ तैं वृथाबड़ाई का करत है रिपुके बलबुद्धिकै थाह मैं पाइचुक्यउँहौं ( २४ ) रावण कहत है मैं सबमर्म्म जानि चुक्यउँहौं काहेते कि जो बिभीषण मेरे भयकरिकै ग्रसित इहां से भागिगयो है सो तौ जिनको मंत्रीभयो है तिनकी बिजयबिभूति कहांतक होइगी कछु नहीं होयगी ( २५ ) हेपार्वती रावणके खलमयबचनसुनिकै दूतनकेरिसबढ़ीहै तेहीसमयलक्ष्मणकैपत्रिकाकाढ़तभये हैं ( २६ ) हेनाथ यह पत्रिका रामानुजकही लक्ष्मणने दीन्ही है सोबांचिकै अपनी छाती जुड़ावहु ( २७ ) तबबिहँसिकै रावण बामहाथबिषेपत्रिकालेतभयो है बैरीकैपत्रिका जेबैरी हैं तेबामै हाथबिषेलेते हैं पुनि जो शठरावणहै सो

भीरुकरुवचनदृढ़ाई सागरसनठानीमचलाई २३ मूढ़मृषाकाकरसिबड़ाई रिपुबलबुद्धिथाहमैंपाई २४ सचिवसभीतबिभीषणजाके विजयबिभूतिकहां लगिताके २५ सुनिखलवचनदूतरिसबाढ़ी समयविचारिपत्रिकाकाढ़ी २६ रामानुजदीन्हीयहपाती नाथबँचाइजुड़ावहुछाती २७ बिहँसिबामकर लीन्ह्यउरावन सचिवबोलिशठलागबँचावन २८ दो०॥ बातनमनहिंरिझाइशठ जनिघालसिकुलखीश रामविरोधनउबरिसक शरणविष्णुअजईश २९ तजिअभिमानकिअनुजइव प्रभुपदपंकजभृंग होहिंरामशरअनलखलजनिकुलसहितपतंग ३० चौ०॥ सुनतसभयमनमुखमुसुकाई कहतदशाननसबहिंसुनाई ३१ भूमिपराकरगहत

पत्रिकाको मन्त्रीबोलाइकै बँचावतभयो है ( २८ ) दोहार्थ॥ मंत्रीपत्रिकावांचिकै सुनावत भयो है यह लिखा है कि हेशठरावण तैं अपनी बातनते अपने मनको रिझावतहसि अपने कुलकर नाशजनिकरसि श्रीरामचन्द्र के विरोध ते तोर उबार जो कदाचित् ब्रह्मा विष्णु शिवके शरणागत जायगो नहीं है ( २९ ) कि तौ अभिमानको छोंड़िकै अपने अनुजकीनाई श्रीरामचन्द्र के पदपंकजविषे अपने मनको भृङ्गकरिकै भजन करु मिलुआइ आपन कल्याण करु नहीं तो हेशठ श्रीरामचन्द्रकरबाण महाअनलरूप त्यहिविषे अपने कुलको पतंग जनिकरसि एकबाणविषे तोहिं सुद्धाकुल भरि भस्म ह्वइजाहिगो ( ३० ) पत्रिकासुनिकै रावण अपने हृदय में भयमानिकै मुसुकाइकै सबको सुनाइकै बोलतभयो है ( ३१ ) देखिये तौ भूमिमें परा है अरु आकाश को गहाचाहत है तैसेलघुतापसकर बागबिलास है ( ३२ ) तब शुकदूत कहत है हे नाथदृष्टांत तुम सत्यकह्यउहै पर प्राकृतिक अभिमानको छोड़िकै समझहु ( ३३ ) हे नाथ क्रोधपरिहरिकै हमार बचन सुनहु श्रीरामचन्द्रजी ते विरोध त्यागिदेहु ( ३४ ) हे रावण तुमतौ पण्डितहौ जानतेहौ यद्यपि श्रीरघुनाथजी अखिल ब्रह्माण्डकेईश हैं तदपि अस सरलस्वभाव है कि दीन को अति हितकारते पूंछते हैं अरु निहाल करिदेते हैं ( ३५ ) हे नाथ तुम्हारे मिलतसंते श्रीरघुनाथजी अतिकृपा करहिंगे अरु तुम्हारे अपराध एकौ उरमें न धरहिंगे ( ३६ ) पुनि शुकसार कहते हैं हे प्रभु जनकसुता श्रीरघुनाथजीको देहु इतनाहमार कहामानहु ( ३७ ) हे पार्वती जब शुकने वैदेहीके देबेको कह्यो तब रावणशठ तिनकोलात मारिकै दूरि करदेतभयो है तहां रावण सबकैकही सबसुनत है सबसहत है पर जबकोई श्रीजानकी के देबेको कहत है

अकाशा लघुतापसकरबागबिलाशा ३२ कहशुकनाथसत्यसबबानी समुझहुछांड़िप्रकृतिअभिमानी ३३ सुनहुवचनममपरिहरिक्रोधा नाथरामसनतजहुविरोधा ३४ अतिकोमलरघुवीरसुभाऊ यद्यपिअखिललोककरराऊ ३५ मिलतकृपातुमपरप्रभुकरहीं उरअपराधनएकौधरहीं ३६ जनकसुतारघुनाथहिदीजै यतनाकहामोरप्रभुकीजै ३७ जबत्यइँकहादेनबैदेही चरणप्रहारकीन्हशठतेही ३८ नाइचरणशिरचलासोतहँवां कृपासिंधुरघुनायकजहँवां ३९ करिप्रणाममनिजकथासुनाई रामकृपाआपनिगतिपाई ४० ऋषिअगस्त्यकरशापभवानी राक्षसभयउरहेउमुनिज्ञानी ४१ बंदिरामपदबारहिंबारा मुनिनिजआश्रमकहँपगुधारा ४२

त्यहिको दण्डदैकै निकासिदेत है काहेते कि यह मनमें बिचारिकै कि श्रीजानकीजी करिकै मैं आपन कल्याण सिद्धान्त कीन है अरु तिनको ये देनेको कहते हैं ताते तिनकर त्यागकरत है ( ३८ ) तब शुकसारन रावण के चरण में माथनाइकै श्रीरघुनाथजी के इहां चलतभये हैं रावणके माथ क्यों नाये कि बड़ी कृपाकीन है अरु राजा हैं ( ३९ ) तब श्रीरामचन्द्रके साष्टांग दण्डवत्करिकै अपनी समस्त गाथा सुनावतभये हैं तब श्रीरामचन्द्र कृपाकरिकै अपनी भक्तिदैकै यहकहा कि हे मुनि अपने आश्रम को जाहु अन्त में हमको प्राप्तहोहुगे ( ४० ) हे भवानी ये दूनों ज्ञानी मुनिरहे हैं कोई समयविषे इनके आश्रमविषे अगस्त्य मुनिगये रहैं तहां दूनों ने अपने ज्ञान के मानते अगस्त्य को उठिकै आदर नहीं कीन है तब अगस्त्यजी शापदीन है कि तुम दोऊमिलि राक्षस होहुजाय तबदोऊ आर्त्त भये हैं पुनि अगस्त्यमुनि ने कहाकि त्रेताकेचौथे चरणविषे परब्रह्म श्रीरामचन्द्र अवतार लेहिंगे तिनकोमिलिकै तुमभक्तिको प्राप्तहोहुगे तहां यह समुझिपरत है कि ज्ञानिन कै मुक्ति जब बहुत जन्म धरहिंगे ता उपरान्त श्रीरामचन्द्र कृपाकरिकै अपनी भक्ति देहिंगे तब ज्ञानिनकै मोक्षहोगी ( ४१ ) तब श्रीरामचन्द्रकर चरणारविंद बारहिंबार बन्दिकै भक्तिबर पाइकै आज्ञापाइ दोऊमुनि अपने पूर्व आश्रम को जातभये हैं ( ४२ ) दोहार्थ॥ हे गरुड़ जब तीनिदिन बीति गये हैं तब रामचन्द्र कोप करिकै बोले कि यहजड़ समुद्र नहींमानत है हे भाई भयबिना प्रीति नहीं होति है ( ४३ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसने सुन्दरकाण्डेदूतरावणसम्बादेद्वादशस्तरंगः १२ ॥ :: :: ::

दोहा ॥ दशअरुतीनितरंग में गयोसिंधुकहिबात रामचरणसम्मतभयोरचहुसेतुसरसात ( १३ ) हे लक्ष्मणजी हमारो धनुर्वाणलाओ अग्निबाण

दो०॥ विनयनमानतजलधिजड़ गयेतीनिदिनबीति बोलेरामसकोपतब भयबिनुहोइनप्रीति ४३॥ * * *

लक्ष्मणबाणशरासनआनू शोषैबारिधिविशिखकृशानू १ शठसनविनयकुटिलसनप्रीती सहजकृपणसनसुंदरिनीती २ ममतारतसनज्ञानकहानी अतिलोभीसनविरतिबखानी ३ क्रोधिहिसनकामिहिंहरिकथा ऊषरबीजबयेफलयथा ४ असकहिरघुपतिचापचढ़ावा

समुद्र सोखिलेइ ( १ ) काहेते शठकही समुझबै नकरै त्यहिसेकवनिउँ बिनतीकरी तौवृथा है अरु कुटिलकही जिनकै ढेढ़ी बचन टेढ़ीकरतूति टेढ़ै मन जो काहूको न रुचै अरु इहां उहांकै चुगुली करना ऐसेशठनते जोमिताई प्रीतिकरै तौ वृथा है अरुसहजै जेकृपणकही जोकाहूकर प्राणौजात होइ अरु एकदमड़ी दियेते चलिजाइतौ न देहिं अरु सामर्थ्य सैकरनकैहै तिनते जोकौनो सुनीति कहिये तौ वृथा है ( २ ) जैसे ममताकही जे पुरुष सुतदारा धन धाम देइ इत्यादिकन बिषे अच्छीतरह ते अपनपौ मानिकै ममताकिहे हैं अरु तिनते ज्ञानकै कथा कहिये सो वृथा है और अति लोभी ते बिरति कथा का बखाननाव्यर्थ है ( ३ ) अरु जे क्रोधी हैं तिनते समताबुद्धि कहिये कि सर्बजीव बिषे समबुद्धिकरिये क्रोधिनते असकहना वृथा है अरु कामी जे पुरुष हैं तिनते हरिकै कथा कहनावृथा है येसबकैसे हैं जैसे ऊसर में बीजबोयेते वृथा है ( ४ ) असकहिकै श्रीरघुनाथजी

चापचढ़ावत भये हैं तब लक्ष्मण जी प्रसन्नभये हैं यहमत नीकलाग है ( ५ ) तब श्रीरामचन्द्र करालविशिख जो अग्निबाण त्यहिको संधान करतभये हैं सन्धान करतसन्ते समुद्र के बाहर अरु भीतर ज्वाला उठतिभई है ( ६ ) तब समुद्र को जल बनायतप्त ह्वइगयो है मकर उरग झषगण इत्यादिक अनेकजंतु अकुलाइउठे हैं जरेजातेहैं तब यह अपनीदशा समुद्र देखतभयो है ( ७ ) जब ब्राह्मणकर रूपधरिकै कंचनकेथार विषे अनेक रत्नभरिकै मानको छांड़िकै तुरन्त श्रीरामचन्द्र के समीप आइकै भेंटधरत भयो है ( ८ ) दोहार्थ॥ काटेतेकदली फरै है कोटि यत्नतकोऊसींचे हे पार्बती केलाकाटे हीते फिरि उत्पन्नह्वइकै फरत है अरु एकबार जो फरिगयो है फेरि कोटि यत्नते सींचहु तौ वह पेड़ नहीं फरेहै तैसे नीचजन जेहैं ते नहींमानते हैं डाटेकही दंडदिहेहीते मानते हैं ( ९ ) तब सभयकही भयसमेत प्रभुकेचरण गहत भयो है अरु हाथ जोरिकै कहतहै हेनाथमैं अवगुण

यहमतलँक्ष्मणकेमनभावा ५ संधान्यउप्रभुविशिखकराला उठीउदधिउरअंतरज्वाला ६ मकरउरगझषगण अकुलाने जरतजंतुजलनिधिजबजाने ७ कनकथारभरिमणिगण नाना विप्ररूपआयेतजिमाना ८ दो०॥ काटेहितेकदलीफरै कोटियतनकरिसींच विनयनमानखगेशसुनु डाटेतेनवनीच ९ चौ०॥ सभयसिंधुगहिपदप्रभुकेरे क्षमहुनाथसबअवगुणमेरे १० गगनसमीरअनलजलधरणी इनकैनाथसहजजड़करणी ११ तवप्रेरितमायाउपजाये सृष्टिहेतुसबग्रंथनगाये १२ प्रभुआयसुज्यहिंकहंजसअहई सोत्यहिभांतिरहैसुखलहई १३ प्रभुभलकीन्हमोहिंसिखदीन्हीं मर्य्यादापुनितुम्हरीकीन्हीं १४ ढोलगंवारशूद्रपशुनारी

कर भाजनहौं अरु तुम कृपालु हौ ताते मोरअपराध क्षमाकरहु ( १० ) हेनाथ आकाश पवन अग्नि जलधरणी इनकैसहजहि जड़करणीहै ( ११ ) हे प्रभु तुम्हारी आदिमाया इनको उपजायेहै पृथिवी अप तेज वायु आकाश तीनिउँगुणये सब जैसी आपकी आज्ञा अनादिहिते हैं तौनीरीति सब चलेजाते हैं कोई सात्त्विक में कोईराजसमें कोई तामसमें यह त्रिगुणमय तुम्हारीबिभूति है तहां मोकोजसआपुजल जड़कीन है तसमैं हौंसृष्टिके हेतु ऐसा सबग्रन्थोंने गानकिया है ( १२ ) आगेतेरहकै चौपाई अक्षरार्थै जानब अरु हे प्रभु जोयह शिक्षा मोकोदीन है सो अतिनीककीनहै अग्निबाणते मेरीजड़ता नाशकरिदीन है अब मैं शुद्धभयों हौं ताते आपुके दर्शनभये हैं ताते मैं धन्यहौं यहमर्य्यादा आपुकैदीनि है जो आपुकी इच्छाहोंइ सो मैं करौं ( १४ ) हे प्रभु ढोलजेहैं गँवारजे हैं शूद्रजेहैं पशुजे हैं स्त्रीजे हैं इत्यादिक ये सब ताड़नाके अधिकारी हैं ताहीते शुद्धरहते हैं ताते‌मोको जो दण्डदीन है सो कृपाकीन्ह है ( १५ ) हे प्रभु तुम्हारे प्रतापते मैं सूखिजाब अरु कटक उतरिजाइहि पर मोरिबड़ाई न रही ( १६ ) हे प्रभु तुम्हारी आज्ञा अपेल वेदगावते हैं जो आपुकीइच्छाआवै सो करहु ( १७ ) दोहार्थ॥ तब समुद्र के आर्त्तवचन सुनिकै श्रीरामचन्द्र बोले हेतात सो उपाय बतावहु जातेकटक उतरै ( १८ ) हेनाथनलनील जे द्वौभाई हैं तिनबाल अवस्था बिषे मुनिकै आशीर्वाद पाइनिहै ( १९ ) कौन आशीर्बाद पाइन है इनके छुयेते पर्वत जल में न डूबें ताते इनको आज्ञादीनजाइ ये मोरे ऊपर पर्वतकर सेतुबांधिदेहिं तुम्हारे प्रतापते कटक उतरिजाइ ( २० ) अरुआपुको प्रतापहृदय में

सकलताड़नाकेअधिकारी १५ प्रभुप्रतापमैंजाबसुखाई उतरहिकटकनमोरिबड़ाई १६ प्रभुआज्ञाअपेलश्रुतिगाई करहुसोवेगिजोतुमहिं सोहाई १७ दो०॥ सुनतविनीतिवचनअति कहकृपालुमुसुकाय ज्यहिविधिउतरैकपिकटक तातसोकहहुउपाय १८ चौ०॥ नाथनीलनलकपिदोउभाई लरिकाईऋषिआशिषपाई १९ तिनकेपरसकियेगिरिभारे तरिहहिंजलधिप्रतापतुम्हारे २० मैंपुनिउरधरिप्रभुप्रभुताई करिहौंबलअनुमानसहाई

यहिबिधिनाथपयोधिबँधाई ज्यहिंयहसुयशलोकतिहुंगाई २२ यहिशरममउत्तरतटबासी हतहुनाथखलगणअघरासी २३ सुनिकृपालुसागरमनपीरा तुरतहिंहरीरामरणधीरा २४ देखिरामबलपौरुषभारी हर्षिपयोनिधिभयोसुखारी २५ सकलचरितकहिप्रभुहिसुनावा चरणबंदिपाथोधिसिधावा २६॥ हरिगीतिकाछंद ॥

धरिकै मैंभी अपनेबलके अनुमान सहायकरौंगो ( २१ ) हेनाथ यहिप्रकारते पयोधिबँधाइय ज्यहिते आपुकर सुयशतीनिहुं लोकमें गानकरकैकृतार्त्थ होहिंगे ( २२ ) हेनाथ ज्यहिबाणते मोकोशिक्षा कीन है सो आपकरबाण अमोघसिद्ध है तातेमोरे उत्तरतटविषे माड़वारदेश है तहां बड़ेपापी नरहैं यहिबाणते तिनको मारिये ( २३ ) हे पार्वती कृपालु श्रीरामचन्द्रने सागरकैपीड़ासुनिकै ताहीबाणते माड़वारके पापिनको नाशकरिदीन है वे जबतब समुद्र को कौनिउँरीति से पीड़ादेतरहे हैं सोपीड़ा कृपालुने हरिलीन्ह है ( २४ ) तब श्रीरामचन्द्रकर अतिभारी पौरुषदेखिकै पयोनिधि अतिसुखीभयो है ( २५ ) सेनापार उतारिबेकर सबचरित्र प्रभुको सुनायकै चरणबन्दिकैभक्ति वरदानलैकै समुद्र विदाभयो है ( २६ ) हरिगीतिकाछन्दार्थ ॥ समुद्रने निजभवनको गवनकीन्ह है यहमत श्रीरामचन्द्रको भावतभयो है यह श्रीरामचन्द्रकरचरित्र संपूर्ण कलिमल जो जन्ममरणको क्लेश त्यहिको हरणहार किंतु कलिजो कलियुग त्यहिकोमल जो पाप सोसमयसमय चारियुगबिषे बर्त्तमानहोत है सतयुगमेंकहूं किंचिन्मात्रत्रेतामें किंचित् अधिक द्वापर में कछु अधिक कलियुग में संपूर्ण तिनसबको श्रीरामचरित्र नाशकरैहै सो रामचरित्रगोसाईं तुलसीदास कहते हैं कि श्रीरामचरित अपार है अपनीमतिके सरिशअपनीमन कर्मबाणीके पवित्रहेतु गानकीन है ( २७ ) श्रीरघुवर के गुणगण कैसे हैं संपूर्ण सुखको भवन हैं अरु संपूर्ण संशयकर शमनकर्त्ता हैं अरु संपूर्ण दुःखजन्म मरण त्यहि को दमनकहीनाशकर्त्ता हैं श्रीरघुपति के गुणगण ऐसे हैं कैसे हैं श्रीरामचरित ज्यहि को सनकादि नारदादिक

निजभवनगवन्यउसिंधु श्रीरघुबीरयहमतभायऊ यहचरितकलिमलहरण जसमतिदासतुलसीगायऊ २७ सुखभवनसंशयशमनदमन विषादरघुपतिगुणगना तजिसकलआशभरोसगावहिं सुनहिंसंततशुचिमना २८ दो०॥ सकलसुमंगलदायक रघुनायकगुणगान सादरसुनहिंतेतरहिंभव सिंधुबिनाजलयान॥ २९ * * * * * *

इतिश्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषबिध्वंसने सुंदरकाण्डेमूलसमाप्तः ॥

मुनीश्वर चारिहुफलकै आश भरोस त्यागिकै मनको निर्मल करिकै गावते हैं अरु परस्पर कहते हैं सुनते मनन निदिध्यासन साक्षात्रसको प्राप्त हैं ( २८ ) ॥ दोहार्थ ॥ श्रीरामचरित गुणगानजो है सोसंपूर्ण मंगलकरदाताहै जे नरनारिसादरतेसुनहिंकहहिं ते भवसागर को अनेकसाधन ते जलयानहैं त्यहिकेबिना तरिजाते हैं॥ इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वंसनेसुन्दरकांडेसेतुबंध संमतबर्णननामत्रयोदशस्तरंगः १३

दोहा ॥ असीएकदशआठशत भाद्रशुक्लतिथिपांच अवधपुरीसुन्दरतिलक रामचरणरतिसांच ॥ :: :: ::

॥मुंशी नवलकिशोर के छापेखाने मुकाम लखनऊ में छपी जनवरी सन् १८८८ ई.॥

समाप्त

# ॥रामायण तुलसीदासकृत सटीक॥

## ॥लंकाकाण्ड॥

श्रीगणेशायनमः॥ दोहा॥ बंदिसिंधुतटसभायुत चरणकमल रघुवीर लंकाकांडअरम्भकृत रामचरणरसवीर ( १ ) सेतुबांधिउतरे कटक पारभयेकपिवीर रामचरणडेराकियो प्रथमतरंगगँभीर ( २ ) प्रथमश्लोकको अर्थ करते हैं श्रीगोसाईं तुलसीदास श्रीरामचन्द्र को बंदते हैं कैसे हैं श्रीरामचन्द्र कामारि जेमहादेवहैं तिनकरिकै सेव्यमान हैं पुनिभव जो संसारहै त्यहिको भयजो है जन्ममरण त्यहिके हरैयाहैं पुनि कालमत्त हाथी हैं त्यहिके नाशकरिबेको सिंह हैं पुनियोगीन्द्र जेसनकादि नारदशुकादि तिनको ज्ञानकरिकै गम्यकही प्राप्त हैं अरु गुणकेनिधि हैं अजित हैं निर्गुण हैं निर्विकारहैं मायाते अतीत कही परे हैं ब्रह्मादिक देवतनके ईश हैं अरु खलके बधमें निरतहैं अरुब्रह्म जे ब्राह्मणहैं तिनके पूजिबेकोएक मुख्यदेवहैं पुनिकैसे हैं अपनी श्यामता अरु गंभीरताते कंदजो मेघहै तिनकोश्यामता गंभीरतादिहेहैं अरु सरसिज नयन हैं अरु देवतन करिकै सेव्यरूप हैं तंरामंअहंबन्दे ( १ ) गोसाईं श्रीतुलसी

श्लोक॥ रामंकामारिसेब्यंभवभयहरणंकालमत्तेभसिंहं योगोन्द्रं ज्ञानगम्यंगुणनिधिमजितंनिर्गुणंनिर्विकारं मायातीतंसुरेशंखलबलनिरतंब्रह्मवृंदैकदेवं बंदेकंदावदातंसरसिजनयनंदेवकैस्सेब्यमानं १ शंखेंद्वाभमतीवसुंदरतनुं शार्दूलचर्म्माम्बरंकालब्यालकपालभूषणधरं गंगाशशांकप्रियं काशीशंकलिकल्मषौघशमनंकल्याणकल्पद्रुमंनौमीड्यं गिरिजापतिंगुणनिधिंश्री

दासजीमहादेवको नमस्कार करते हैं काहेते शिवजी श्रीमद्रामायण के आचार्य्य हैं कैसेहैं शिवजू शंखतद्वत् गौरउज्ज्वल सचिक्कण मंगलमय हैं अरु पूर्णइन्दु इवगौर निर्मल शीलप्रकाशमय अमृतमय तद्वत्शरीर अतिसुन्दरहैं अरुशर्दूलकही सिंहकरचर्म वरकही श्रेष्ठसोई अम्बरकही वस्त्रधारण किहे हैं अरु जीवनके कालव्यालसर्प जे हैं सो धारणकिहे हैं अरु कपाल में विभूतिको भूषणकिहे है अरु श्रीगंगाजी मस्तकपरशोभित हैं अरु चन्द्रमा को भालविषे अतिप्रीतिते धारणकिहे हैं काशीश कही शिवकलिकल्मषकही क्लेश जन्ममरण त्यहिसबके शमनकही नाशकर्त्ता हैं अरु संपूर्णकल्याण के कल्पतरुहैं सर्वकाम दायकहैं तिनसब करिकै नवमीड्यकही युक्त ह्वैकर जोरिकै नमस्कारकरतहौं अरु गिरिजा कही पार्वती तिनकेपति सम्पूर्णकल्याणके दायकहैं अरु अनेक दिव्यगुणनके निधिकही समुद हैं अरु कैलास जो आनन्दमय त्यहिके बासीहैं ऐसेशिव मेरेऊपर सदाकृपाकरहिं ( २ ) दोहार्थ॥ हे मन श्रीरामचन्द्रको भजुकैसे हैं श्रीरामचन्द्र कल्प ज्यहिकरबाण है अरु कालजाको दण्डहै कल्पकाल काको कही लवकही जो पलककही बरौनीहालै हैं त्यहिसाठिको निमिष कही जामेंपलक नेत्रनकी बारंबार खुलतहै बन्दहोतहै त्यहिसाठि निमिषकोएकपरिमाणु होतहै साठि परिमाणुको एकपलहोतहै साठिपलको एकदण्डहोतहै साठिदण्डको एकदिनराति होतहै तीस दिनरातिकर एकमास होतहै बारह मासकर एकवर्षहोतहै सौवर्षश्रीमराचन्द्रके बाणकै दांड़ीहै अरु लवअरुनिमेष ज्यहि बाणनकै फोंकहै अरु यहिप्रमाणते वर्षमें लगेहैं चारिउयुग सोई बाणकेपरहैं अरु कल्प प्रचंडगांसीहै कल्पकही हजारसत्ययुग हजारत्रेता हजार द्वापर हजार कलियुग ऐसे चारिउयुग हजार हजार मिलिकै हजारचौकरी जब बीतैंतब ब्रह्माकर एकदिन होतहै अरु वतरेबीते रात्रीहोतहै तब प्रलयहोतहै ताको कहूंनैमित्य प्रलय कहते हैं तहां ब्रह्माकर

शंकरंकामहं २ दो० ॥ लवनिमेषपरिमाणुयुग वर्षकल्पशरचंड भजसिनमनत्यहिंरामकहँ कालजासुकरदंड ३ सो० ॥ सिंधुबचनसुनिराम सचिवबोलिप्रभुअसकह्यउ अबविलंमक्यहिकाम करहुसेतुउतरैकटक ४ सुनहुभानुकुलकेतु जामवंतकरजोरिकहनाथनामतवसेतु नरचढ़िभवसागरतरहिं ५ चौ०॥ यहलघुलजधितरतिकतबारा अससुनिपुनिकहपवनकुमारा ६ प्रभुप्रतापबड़वानलभारी शोषेउप्रथमपयोनिधिबारी ७ तवरिपुनारिरुदनजलधारा भर्यउबहोरिभयउत्यहिखारा ८ सुनिअसउक्तिपवनसुतकेरी

लोक रहिजातहै अपर प्रलय होइजातहै कल्प प्रचण्डबाणकै गांसीहै अरुमहाकाल कही जो महाप्रलय होतहै सोई धनुषहै अरु जोकालकेभीतर उत्पत्ति पालन प्रलय है सोई पनिच है हेमन जिन श्रीरामचन्द्रके ऐसे धनुषबाणहैं तिनको भजु ( ३ ) सोरठार्थ॥ हे पार्वती समुद्र के बचनसुनिकै श्रीरामचन्द्र मंत्रिनको बोलाइकै कहते हैं कि अब कौन कारण करिकैबिलम्बहै सेतुबांधहु कटक उतरै ( ४ ) तब जामवंत करजोरिकै कहते हैं हे नाथ तुम्हार नाम महासेतुहै तापर चढ़ि कही नामको धारणकरिकै नरभवसागरते उतरिजाते हैं तहां यहसेतु बांधिबेके का बड़ी बात है ( ५ ) तब जामवन्त कहते हैं कि हे नाथ यह लघुसमुद्र तरिबेकी का बात है यह सुनिकै हनुमान्‌जी बोलतेभये हैं ( ६ ) हे प्रभु तुम्हारे प्रतापते प्रथमहिं बड़वानलने समुद्रको जल सोखिलियोहै ( ७ ) तब तुम्हाररिपु जो रावणहै त्यहिकीस्त्रीने समुद्रकेशोषेतेरोदनकीनहै त्यहिकेआंशुनकी धारा समुद्रफेरि भरिगयोहै ताहीते क्षारहोतभयोहै ( ८ ) त्यहिसमुद्रके उतरिबेकी कवनि बड़ीबातहै यहहनुमान्‌ने अपनी उक्तिकरिकै कहाहै बड़वानल को प्रथम सोखब यहयथार्थहै फिरिकैसमुद्र भरिगयोहै अरु स्त्रीनकेरोदनते समुद्रको भरब यह अत्युक्त्यलंकारहै श्रीरघुनाथजीके प्रसन्नहेतु सभा चातुरीहै आगे और अर्थ जो करतेहैं तामें विरोधपरतहै यह

हनुमान्‌कीउक्तिहै उक्ति कही अपनी उक्तिसे कहिकै मालिककर अर्थ सिद्धि करतहैं मालिक प्रसन्नहोतहै सो उक्ति सुनिकै श्रीरघुनाथजी बिहँसत भयेहैं तबरघुनाथजीकीदिशि देखिकै सबकपि हर्षित होतभयेहैं ( ९ ) तब जामवन्त बोलतभये हैं द्वौभाई नलनील जे हैं तिनते सवकथा सुनावत भये हैं जो सुन्दरकांडमें समुद्र कहिगयोहै ( १० ) हेनलनील श्रीरामचन्द्रकर प्रताप हृदयमें धरिकै सेतु बांधिबेकी तैयारी करहु तुमको कछुप्रयास न होइगो तुम सुयशको प्राप्तिहोहुगो ( ११ ) तब जामवन्त कपि निकरकही बानरन

हर्षेकपिरघुपतितनहेरी ९ जामवंतबोलेद्वौभाई नलनीलहिसबकथासुनाई १० रामप्रतापसुमिरिमनमाहीं सेतुकरहुप्रयासकछुनाहीं ११ बोलिलियेकपिनिकरिबहोरी सकलसुनहुविनतीएकमोरी १२ रामचरणपंकजउरधरहू कौतुकएकभालुकपिकरहू १३ धावहुमर्कटविकटबरूथा आनहुविटपगिरिनिकरयूथा १४ सुनिकपिभालुचलेकरिहूहा जयरघुबीरप्रतापसमूहा १५ दो०॥ अतिउतंगत रुशैलगण लीलहिंलेहिंउठाय आनिदेहिंनलनीलकहँ रचहिंसुसेतुबनाय १६ चौ०॥ शैलविशालआनिकपिदेहीं कंदुक

के जे समूहहैं तिनको बोलाइकै कहते हैं हेकपिरीछहु सबमिलिकै हमारी एक विनती सुनहु ( १२ ) श्रीरामचन्द्रके चरणारबिंद हृदय में धरिकै सब भालु कपि मिलिकै एककौतुक जो चरित्र है सोकरहु ( १३ ) बिपुल मर्कटउत्तरदिशा को धाइधाइ पर्वतनके यूथकेयूथ सहित बिटपलेइलेइ आवहु जाइ ( १४ ) यहसुनिकै कपि भालु हहाकही हहास करिकै श्रीरामप्रतापसमूहको सुमिरिकै जयजयकार करिकै धावतभयेहैं ( १५ ) दोहार्थ॥ अतिशय उतंग जे ऊंचे विस्तारित पर्वत तिनपर तरु संयुक्त बनके बन लीलहिं अपने खेलहिते पृथ्वीसहित उखारिलेते हैं अरु नलनीलको देतेहैं ते सुन्दर बनाइकै सेतु बांधते हैं ( १६ ) हेपार्वती विशाल विशाल पर्वत कपिअरु भालु उखारि उखारि दक्षिणदिशाको अनेकन फेंकिदेत हैं त्यहिको नलनील कन्दुककही गेंदकी नाईंरोंकिलेते हैं हजारन पर्वतलेते हैं सोअतिशीघ्र समुद्रबिषे बरोबर धरते ई ह जैसे सूतधरिकै बनावतहै तैसे तीनि दिनके भीतर में सेतुबांधिके तैयारकीन्ह बाल्मीकिमें पांचरोजमें कहा है दशयोजन बिस्तारित सौयोजन लम्बा औ द्वौ ढिग अति सुन्दर सम्पूर्ण मध्य अतिशयसम बरोबर अतिसुन्दर बनावतेभये हैं ( १७ ) तब श्रीरामचन्द्र कृपानिधान सेतुकै अतिसुन्दर रचनादेखिकै बिहँसिकै बोलतेभयेहैं ( १८ ) हे बिभीषण जामवन्त सुग्रीव आदिक सखहु सुनहु यहधरणी परम रमणीय अरु रम्य कहीउत्तमहै यहिकी महिमाअमितहै बर्णिबेयोग्य नहीं है ( १९ ) मेरे मनमें यह परमकल्पना कही सिद्धांतहै किमहादेव मेरे परमानन्यभक्तहैं ताते यहि सेतुपर उनकी स्थापना करौंगो तातेसखहु मुनीश्वरनको बोलावहु ( २० ) यहसुनिकै सुग्रीवजी जहांतहांदूतपठावत भये हैं सम्पूर्ण मुनिनकहं बोलाइकै आयेहैं अत्रिमुनि अगस्त्य च्यवन मार्कण्डेय गर्ग मुद्गल नारदसनकादिक शुकदेव इत्यादिक अनन्त मुनि आवते भये हैं ब्रह्मादिक देवता ब्राह्मण कररूप धरि २ आवतेभये

इवनलनीलसोलेहीं १७ देखिसेतुअतिसुंदररचना बिहंसिकृपानिधिबोलेबचना १८ परमरम्यउत्तमयहधरणी महिमाअमितजाइनहिंवरणी १९ करिहौंइहांशंभुस्थपना मोरेहृदयपरमकल्पना २० सुनिकपीशबहुदूतपठाये मुनिवरसकलबोलिलैआये २१ लिंगथापिविधिवतकरिपूजा शिवसमानप्रियमोहिंनदूजा २२ शिवद्रोहीममदासकहावा सोनरसपनेहुंमोहिंनपावा २३ शंकरबिमुखभक्तिचहमोरी सोनरमूढ़मंदमतिथोरी २४ दो० ॥ शंकरप्रियममद्रोही शिवद्रोहीममदास तेनरकरहिंकल्पभरि घोरनरकमहँबास २५ चौ० ॥ जोरामेश्वरदरशनकरिहहिं तेतनतजिममलोकसिधरिहहिं २६ जोगंगाजलआनिचढ़ाइहि सोसायुज्य

हैं ( २१ ) तब वेद के बिधिबिधानते शिवकर लिंग स्थापनकीन्हहै सेतुके ऊपर पुनि सबमुनिनमिलिकै श्रीरामचन्द्रका पूजनकीन्ह है तब श्रीरामचन्द्रजी बोले कि शिवके समान मोको दूसर प्रियनाहीं है ( २२ ) हेमुनीशहुयह जो मैंने सेतुबांधाहै त्यहिकेनाथ महादेव हैं ताते जो कोई शिवकर द्रोहकरै अरु मोरदासकहावै तेनर सपन्यहुं मोको नहीं प्राप्तिहोतेहैं ( २३ ) शंकरते विमुखहोइ अरु मोरिभक्ति चाहै तेनर मूढ़हैं मन्दहैं मतिके हीनहैं मेरीभक्ति उनको सपन्यहुं विषे न कबहूं प्राप्तिहोई ( २४ ) दोहार्थ॥ अरु शंकरकी भक्तिकरिकै शंकरको प्रियमानहिं अरु मोसेंद्रोहकरैं अरु मोरिभक्तिकरि शंकरते द्रोहकरैं तेनरमहाघोर नरकविषे कल्पभरिबासकरैंगे उपरांत चौरासीको जाहिगे ( २५ ) जे प्राणी रामेश्वरकर दर्शन करहिंते अन्तकालविषे तनत्यागिकै मेरेधामको जाहिंगे यहमेरो सत्य संकल्प है रामेश्वर कही जो रामचन्द्र परमेश्वर हैं सर्व ईश्वरनके ईश्वरहैं अरु जे श्रीरामचन्द्रके महादेव सरीखे परमानन्यभक्त हैं तिनही को श्रीरामचन्द्र आपनईश्वर करिकै पूजते हैं ताते रामेश्वर कही अरु श्रीरामचन्द्र जिन महादेवके ईश्वर हैं ताते रामेश्वर महादेवको कही ( २६ ) श्रीरामचन्द्र कहतेहैं कि जो रामेश्वर को गंगा कही भागीरथीको जलल्याइकै चढ़ाइहि सो मेरी सायुज्यमुक्तिको प्राप्तहोइहि सायुज्य कही मेरे अंगको अलंकारह्वैकै रहैगो अथवा मेरो घनस्तेज जो है ब्रह्म त्यहिमें लीन ह्वइजाइगो ( २७ ) अरु जे प्राणी निष्काम छलछांड़िकै शंकरकर सेवनकरैंगे त्यहि को मोरिभक्ति शंकरदेहिंगे विशेष छल कही मेरे स्वरूपमें अरु महादेवके स्वरूप में भेद करते हैं सो छल कही ( २८ ) यह मोर कृत सेतु जो है इसका जोदर्शन करहिंगे तेबिना श्रमहिं भवसागर तरिजाहिंगे ( २९ )

**मुक्तिनरपाइहि २७ होइअकामजोछलतजिसेइहि भक्तिमोरित्यहिशंकरदेइहि २८ ममकृतसेतुजेदर्शनकरिहहिं तेबिनुश्रमभवसागरतरिहहिं २९ रामबचनसबकेमनभाये मुनिवरनिजनिजआश्रमआये ३० गिरिजारघुपतिकैयहरीती संततकरहिंप्रणतपरप्रीती ३१ बांध्यउसेतुनीलनलनागर रामकृपायशभयउउजागर ३२ बूडहिंआनहिंअवरहिंजेई भयेउपलबोहितसमतेई ३३ महिमायहनजलधिकैबरणी पाहनगुणनकपिनकैकरणी ३४ दो० ॥ श्रीरघुवीरप्रतापते सिंधुतरेपाषान तेमतिमंदजेरामतजि भजैंजाइप्रभु**

चौ० ॥ पर्यउमूर्च्छिमहिलागतशायकसुमिरतरामरामरघुनायक ३७ सुनिप्रियवचनभरतउठिधाये कपिसमीपआतुरचलिआये ३८ बिकलबिलोकिकीशउरलावा जागतनहिंबहुभांतिजगावा ३९ मुखमलीनमनभयउदुखारी कहतबचनलोचनभरिबारी ४० ज्यहिबिधिरामविमुखम्वहिंकीन्हा त्यहिपुनियहदारुणदुखदीन्हा ४१ जोमोरेमनबचअरुकाया प्रीतिरामपदकमलअमाया ४२ तौकपिहोउबिगतश्रमशूला जोमोपररघुपतिअनुकूला ४३ सुनतबचनउठिबैठकपीशा कहिजयजयतिकोशलाधीशा ४४ सो० ॥ लीनकपिहिंउरलाय पुलकिततनलोचनसजल प्रीतिनहृदयसमाय सुमिरिरामरघुकुलतिलक ४५ चौ० ॥ तातकुशलकहुसुखनिधानकी सहितअनुजअरुमातुजानकी ४६ कपिसबचरितसमस्तबखाने भयेदुखितमनमहँपछितानै ४७ अहहदैवकतजगजायउँ

बचनते बोलतेभयेहैं ( ४० ) देखिये तौ ज्यहि बिधातैं श्रीरामचन्द्रते मोको विमुखकीन है त्यइँ बिधातैं यह मोको कलंक दारुण दुःखदीन ( ४१ ) भरतजी अपने मनबिषे यह कल्पना करते हैं कि जो मनबचन कर्मकरिकै श्रीरामचन्द्र के चरणारबिन्द बिषे मोरि प्रीति अमायाकहि निष्काम होउ ( ४२ ) अरु श्रीराचन्द्र मोपर अनुकूलहोहिं तौ हे कपि तुम श्रमशूलते बिगतहोहु ( ४३ ) भरतके बचन श्रीरामबिषे उपाय शून्य शरणागत सुनिकै हर्षिकै हनुमान्जी उठिबैठे हैं यह कहिकै जयति कोशलाधीशकी ( ४४ ) सोरठार्थ॥

जब हनुमान्‌जी उठिबैठेहैं अरु तिनके बचनसुनिकै भरतके तन पुलकित ह्वै आयेहैं नेत्रनमें जलभरिआयो है हनुमान्‌जी को हृदयमें लगाइलीन है अति आनन्दते श्रीरामचन्द्र रघुकुलके तिलक तिनको सुमिरिकै प्रीतिहृदयविषे नहीं समाती है ( ४५ ) भरतजी बूझतहैं हे तात अनुजसहित करुणानिधान अरु श्रीमातु जानकीकी कुशल कहहु ( ४६ ) हेपार्बती तब हनुमान्‌जी सबचरित्र समासे कहीथोरेमें अर्थ के अभिप्राय बहुतसो बखानिकै कहतभये हैं हनुमान्‌जीके बचनसुनिकै भरतजी अतिशय मनबिषे दुःखितभये पश्चात्ताप करतेभये हैं ( ४७ ) भरतजी अपने मनमें कल्पना करते हैं अहहकही अतिक्लेशते हे दैव मैं क्यों संसारमें उत्पन्नभयों प्रभुके एकौकाज न आयों मोको धृक् है ( ४८ ) पुनि कुअवसर जानिकै मनमें धीर धरिकै अपने मनको बीररस देखाइकै कपि से बोलत भये हैं ( ४९ ) हे तात तोको जात गहरकही बिलम्बहोइहि अरुरात्रीबीते कार्य नशाइ जाइगो ( ५० ) ताते हेमहाबीर शैलसमेत मेरेबाण पर तुमचढ़ौ कृपानिकेतके समीप तुरन्त तुम पहुँचौगे ( ५१ ) यह सुनिकै हनुमान्‌जी के अभिमान उत्पन्न होतभयो कि मेरे भारकरिकै बाणकैसे

**प्रभुकेएकौकाजनआयउँ ४८ जानिकुअवसरमनधरिधीरा पुनिकपिसनबोलेबलबीरा ४९ तातगहरहोइहित्वहिंजाता काजनशाइहिहोतप्रभाता ५० चढ़ुममशायकशैलसमेता पठवोंत्वहिंजहँकृपानिकेता ५१ सुनिकपिमनउपजाअभिमाना मोरेभारचलहिकिमिबाना ५२ रामप्रभावबिचारिबहोरी बन्दिचरणबोल्यउकरजोरी ५३ तवप्रतापउरराखिगोसाईं जैहौंरामबाणकीनाईं ५४ भरतहर्षितबआयसुदयऊ पदशिरनाइचलतकपिभयऊ ५५ दो० ॥ भरतबाहुबलशीलगुणप्रभुपदप्रीतिअपार जातसराहतमनहिंमनपुनिपुनिपवनकुमार ५६ चौ०॥ उहांरामलक्ष्मणहिंनिहारी बोलेबचनमनुज-अनुहारी ५७ अर्द्धरातिगैकपिनहिं**

चलैगो ( ५२ ) पुनि हनुमान्‌जी मन में यह बिचारकीन कि भरतजी श्रीरामचन्द्रके भ्राता अरु रामानन्य कृपाकेपात्र तहां श्रीरामचन्द्रके प्रतापकर प्रभाव भरतबिषे पूर्ण है सो बिचारिकै भरतके चरणबंदिकै हनुमान्‌जी बोलतेभये हैं ( ५३ ) हे गोसाईं तुम्हारप्रताप उरमें राखिकै श्रीरामचन्द्रके बाणके समान तुरन्त श्रीरामचन्द्रके समीप जाउँगो गोसाईं कही गो जे हैं बाह्यांतरकी इन्द्री तिनको जीतिकै श्रीरामचन्द्रको भजनकरै ताको गोसाईंकही ( ५४ ) तब रामप्रताप जानिकै हर्षिकै आयसुदेत भये हे तात शीघ्रजाहु तब भरतके चरणमें शीशनाइकै जनु पवनहुके वेगते अधिक चलतभयेहैं ( ५५ ) दोहार्थ॥ तहांभरतकर बाहुबल शीलगुण श्रीरामचन्द्रकेचरणारबिंदकै प्रीतिअखंड सोहनुमान्‌जी मनहींमनपुनिपुनि सराहते जाते हैं ( ५६ ) हे पार्बती इहां हनुमान् सजीवन लिहेजाते हैं अरु उहां श्रीरामचन्द्र करुणारसको रूपदेखावते हैं श्रीरामचन्द्र श्रीलक्ष्मणजी को देखते भये हैं तब मनुष्यको अनुहारि बचन बोलतेभये हैं ( ५७ ) अर्द्धराति बीतिगई है हनुमान्‌जी नहीं आये तब श्रीरामचन्द्र लक्ष्मणजी को उठाइ कै हृदयमें लगावतभये हैं ( ५८ ) श्रीरामचन्द्र नरइव बिरह करते हैं हे तात तुम मोरदुःख कबहूंनहीं देखिसक्यउहै तुम्हार अति मृदुलसुभावहै ( ५९ ) हे तात मोरेनिमित्त तुम माता पिता को त्यागिदिह्यउ है अरु बनबिषे आइकै हिम आतपबात सह्यउहै ( ६० ) हे भाई मोरेऊपर जो तुम्हार अनुरागरहा सोअनुराग अब कहां गयो है मोरी बिकलता देखि मोरे बचनसुनिकै जागिउठो ( ६१ ) हे पार्बती श्रीरामचन्द्र यह कहते हैं कि जो मैं जनत्यउँ कि यहि बनबिषे बंधुकर बिछोह होइहि तौ पिताको बचन न मनत्यउँ तहाँ श्रीरामचन्द्रकै तौ सत्यसत्य संकल्प है यह काकहते हैं तहां यह धुनि है कि दशरथ महाराज तो अपने मुखते बनका जाइनाहीं कहा इहां श्रीरामचन्द्रमाता पिताको एकही मानिकै कहते हैं अरु कैकेयी बनजाइको

**आवा रामउठायबन्धुउरलावा ५८ सकउनदुखितदेखिम्वहिंकाऊ बन्धुसदातवमृदुलसुभाऊ ५९ ममहितलागितज्यउपितुमाता सह्यउबिपिनहिमआतपबाता ६० सोअनुरागकहाँअबभाई उठहुनसुनिममबचबिकलाई ६१ जोजनत्यउँबनबन्धुबिछोहू पिताबचनमनत्यउँनहिंओहू ६२ सुतबितनारिभवनपरिवारा होहिंजाहिंजगबारम्बारा ६३ असबिचारिजियजागहुताता मिलइन**

कह्यउ है सो बनमात्र कह्यउ है कछु लंकाजाबेको नहीं कह्यउहै तहां मैं सोऊबचन न मनत्यउँ काहेते माता पिताके बचनकर प्रतिपालन सामान्य धर्म है अरु त्याग सामान्य अपराध है अरु बन्धु जो लक्ष्मणजी हैं सो श्रीरामचन्द्रके परमानन्यदास हैं तिनकरसदा संयोग बिशेष परमधर्म है अरु जिनकर बिक्षेप परमदुःख है ताते श्रीरामचन्द्रबिषे संकल्पकर ग्रहणकीनहै अरु सामान्यकर त्यागकीनहै ताते श्रीमराचन्द्र यह बचन कहाहै चौपाई॥ जोजनतेउँबनबन्धुबिछोहू। पितबचनमनत्यउँनहिंवोहू ( ६२ ) हे भ्राता सुतजे हैं बितकही धन जे हैं नारि जे हैं भवन जे हैं परिवार जे हैं इत्यादिक सब यहि जगत्‌बिषे सर्ब योनिनमें हे तात येते सब बारबार होते हैं जाते हैं ( ६३ ) अरु सहोदर कही भाई जे हैं ते बहुरिनहीं मिलते हैं ताते अस बिचारिकै जागहु उठहु अथवा इहां आरत करुणा रसकी एकही दशाहै तहां पुनरुक्त नहींहोतहै श्रीरामचन्द्र कहते हैं हे तात अस बिचारहु तुम्हैं बिनाहम बहुतबिकलहैं जो तुमनहीं जियहुगे तौ हमनहीं जियहिंगे असबिचारिकै जागहु हेतात हे सहोदर हेभ्राता बहुरिकही जैसे हमको मिलत रह्यउहै तैसे फिरिउठिकै मिलहु आगे जो अर्थकरते हैं जो एकदरमें उत्पन्नहोइ ताको सहोदर कही सो अर्थ इहांनहीं सिद्धहोतहै अथवा एकदेशमें केवल पिताकी धातुलैकै सिद्धिहोतहै अरु कहूं यह पाठ है मिलैनजगतसहोदरभ्राता अरु जगत् बिषे सहोदर कही एकउदर बिषे भ्राता नहींहोइहै अर्थ सामान्य है किन्तु भ्रातानहीं मिलैहै अरु स्त्री पुत्र जगत्‌बिषे बहुमिलते हैं ( ६४ ) हे भरद्वाज श्रीरामचन्द्र कैसे नरइव बिरहकरते हैं जैसे विनापंखकर बिहंगदीनहै अरु जैसे मणिबिनासर्पदीनहै अरु जैसे सुंडबिनाहाथीदीनहै ( ६५ ) ऐसेलक्ष्मणजीते कहते हैं हेबन्धु तैसे मोर जीवन तुम्हैं बिनु है सो दैवजड़ है जो तुम्हैंबिना जियावत है ( ६६ ) रघुनाथजी कहते हैं हे कर्त्तार मैं अयोध्या कवन मुँहलाइकै जाउँगो काहेते नारिके हेतु प्रियबन्धु गँवाइकै अयोध्यामें मेरो कवन कामहै ( ६७ ) बरु जगत् बिषे अपयश सहत्यों कवन अपयश सब कोई मोको

**बहुरिसहोदरभ्राता ६४ यथापंखबिनुखगअतिदीना मणिबिनफणिकरिवरकरहीना ६५ असममजिवनबन्धुबिनतोहीं जोजड़दैवजियावैमोहीं ६६ जैहौंअवधकवनमुँहलाई नारिहेतुप्रियबन्धुगँवाई ६७ बरुअपयशसहत्यउँजगमाहीं नारिहानिविशेषक्षतिनाहीं ६८ अबअवलोकिशोकसुततोरा सहहिनिठुरकठोरउरमोरा ६९ निजजननीकेएककुमारा तासुताततुमप्राणअधारा ७०**

देत कि देखिये तौ सारीअयोध्याकेलोग यहचहैं कहैं कि श्रीरामचन्द्र बनको न जाहिं अरु एक कैकेयीके कहेते हठकरिकै बनको आयोहैं तहां राक्षस जानकीको हरिलैगयो तहां कछु पुरुषार्थ न भयो यह अपयश सहिलेत्यउँ लंकाको न आवत्यउँ तब लक्ष्मणजी तौ कुशल रहते काहेते कि नारिकर विक्षेप महिबिषे विशेषकरिकै क्षतिकही हानिनाहीं है ( ६८ ) हे सुतअबतोको अवलोकिकै तोरेदुःख करिकै मेरोप्राण अबहीं छूटिजात उचित तौ अस है परमोरउर निठुरकही अतिकठोरहै सो सबदुःखसहतहै अरु सहहिं ( ६९ ) हेतात निजकही हमारी माता जो श्रीकौशल्याजी हैं तिनके हम एककुमारहैं अरु तासुकही हमारे तुमप्राणके आधारहौ इहांयहधुनिहै कि तुम हमारे प्राणके आधारहौ तुमनहीं जिवोगे तौ हम कैसे जियैंगे नहीं जियैंगे जोप्राण शरीरसे निकलिगये तौ शरीर कैसेरहैगो पुनियहधुनिहै कि निजजननीके हमएकहैं ताते जो तुमनहीं जियोगे तौ हम नहीं जियैंगे तौ कौशल्याजी निराश ह्वइजाहिंगी ताते हेतात बेगिजाहु उठहु ( ७० ) अरु तुमको कौशल्याजी मोको सौंपिदीनहै सबप्रकारते सुखदकही मेरेसंग तुम बहुतसुख पावहुगे अरु तुम्हार परमहितकार होइगो यहजानिकै सौंप्यहुहै जो कोईकहै कि अयोध्याकांडमें तौ सौंपतौ नहीं कहाहै सुमित्रैकैरन कौशल्याकर अरु इहां कहाहै यह काव्यनबिषे अर्थके लक्षणकै लक्षिकहावतहै ( ७१ ) हेतात तुम्हैं बिनातौ मैं जीबै न करिहौं कदाचित् कौलकी अरु मोरे हृदयकी कठिनाईते जियतहौं कौशल्याको जाइकै कौनउत्तर देउँगो तातेतुम बेगिउठिकै मोको सिखावनदेहु मैं काकरौं इहां श्रीरघुनाथजी क बातनमें अतिशय प्रीति विरह करुणारस पूर्णहै यहिप्रकरणकर अर्थ सुमित्राबिषे नहीं लागत है काहेते सुमित्राके दुइपुत्रहैं सुमित्रापर लगायेते रसाभास दूषण ह्वैजातहै ( ७२ ) हे गरुड़ अनेकशोचकेविमोचनकही नाशकर्त्तातिअपनी नाट्यलीलाकरिकै शोचकरतेहैं राजीव दल नेत्रबिषे जल बहेजाते हैं इहां अभिप्रायहै कि जो अपने जननको कौनिउताप प्राप्तिहोतहै तब करुणारस जलते सींचिकै शीतल करिदेत हैं ( ७३ )

सौंप्यसिमोहिंतुमहिंगहिपानी सबबिधिसुखदपरमहितजानी ७१ उतरकाहदेहौंत्यहिजाई उठिकिनमोहिंसिखावहुभाई ७२ बहुबिधिशोचतशोचबिमोचन श्रवतसलिलराजिवदललोचन ७३ उमारामअखण्डरघुराई नरगतिभक्तिकृपालुदेखाई ७४ सो० ॥ प्रभुबिलापसुनिकान बिकलभयेबानरनिकर आइगयेहनुमान जनुकरुणामहँबीररस ७५॥ * * * * * *

हेउमादेखिये तौकृपालु श्रीरामचन्द्र अखण्ड एकरस पूर्णपरब्रह्ममूर्त्तितेनरकीऐसी गतिदेखाइकै अपने जननकेऊपर अपनी भक्तिदेखावतेहैं किमेरे भक्त मोको ऐसेप्रियहैं किन्तु नरगति जैसे नर अपने सुत भाईपर प्रीतिकरतेहैं तैसे देखावाहै ( ७४ ) सोरठार्थ॥ हेपार्वती प्रभुविलाप अतिकृपाकृत इव सुनिकै सम्पूर्ण रीक्षबानर विकलहोत भयेहैं तेहीसमय बिषे हनुमान्‌जी सजीवनिलैकै आइ प्राप्तभये हैं जनुकरुणारस बिषे बीररसआइ प्राप्ति भयोहै देखिये तौ करुणारसते वीररसते विरोधहै करुणारसकही जो दीनको दुःखित देखिकै द्रविउठै अरु बीररसकही संग्रामविषे युद्धकरतसन्ते अतिहर्षको प्राप्तिहोइ धन धाम शरीर शरीरकेस्नेही सबको वृथाजानै हैअरु प्राणको तृणसमान जानैहै तहाँ करुणा अरु बीररसकर सम्बन्ध कैसे बनैहै अरु गोसाई कहा कि जनु करुणामहँ बीररस तहां बीररसकही संग्रामबीर स्वधर्मबीर तपवीर ज्ञानबीर दानबीर इहां दानवीररसको गोसाई कहा है दानबीररस कही जो काहूको कौनौकलेश देखै है तौ सर्वस औप्राणदैकै वहिकोदुःख मिटावै है ताको दानबीररसकही इहां हनुमान् जी अनेकपरिश्रम करिकै सर्जीवनि ल्यायेहैं लक्ष्मणजीके प्राणकेदाता भये हैं ताते श्रीगोसाईं तुलसीदासजी कहाहै कि आइगये हनुमान् जनुकरुणामहँ बीररस इहां सम्पूर्णसेना करुणारसमय ह्वैरही है हनुमान्‌को आगमनलागि सबके प्राणरहे हैं जो कदाचित् हनुमान् न आवत अरु भोर ह्वइजात तौ सबकेप्राण जातरहते इहां हनुमान् जी सबके प्राणदाताभये हैं तहां सहितसेना रघुनाथजी करुणारसरूप भये हैं अरु हनुमान्‌जी बीररसरूप तहां प्राप्तिभयेहैं ( ७५ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वंसनेलंकाकांडेभक्तवत्सलकरुणारसवर्णनंनामद्वादशस्तरंगः १२॥

दोहा॥ दशअरुतीनितरंगमेंकुम्भकरणरणकीन प्रभुसनअद्भुतयुद्धकरिरामचरणरतिलीन १३ हनुमान्‌जी को सजीवनिलैकै आये देखिकै

चौ० ॥ हर्षिरामभेंट्यउहनुमाना अतिकृतज्ञप्रभुपरमसुजाना १ तुरतबैदतबकीनउपाई उठिबैठेलक्ष्मणहर्षाई २ हृदयलाइप्रभु भेंट्यउभ्राता हर्षेसकलभालुकपिब्राता ३ पुनिकपिबैदतहांपहुंचावा ज्यहिबिधितबहिंताहिलैआवा ४ यहवृत्तान्तदशाननसुन्यऊं अतिविषादपुनिपुनिशिरधुन्यऊं ५ ब्याकुलकुम्भकरणपहँगयऊ करिबहुयतनजगावतभयऊ ६ जागानिशिचरदेखियकैसा मानहुकालदेहधरिवैसा ७ कुम्भकरणबूझासुनुभाई काहेतवमुखरहासुखाई ८ कथाकहीसबतेअभिमानी ज्यहिप्रकारसीताहरिआनी ९

श्रीरामचन्द्र अतिहर्षते मिलत भयेहैं प्रभु श्रीरामचन्द्र अति कृतज्ञहैं सबके कर्तव्यको जानते हैं काहेते परम सुजानहैं अन्तर्यामी हैं ( १ ) सब सुषेन वैद्य जोहै सो तुरन्तउपाय करतभयो तब लक्ष्मणजी हर्षिकै उठिबैठेहैं ( २ ) तब श्रीरामचन्द्र हर्षिकै लक्ष्मणजीको हृदयमें लगाइकै भेंटत भयेहैं सम्पूर्णसेना मुनिदेवब्रात कही पंक्तिकी पंक्ति अति आनन्दको प्राप्तिभयेहैं जयजयकारहोतभयोहै ( ३ ) अरु जैसे हनुमान्‌जी वैद्यकोलै आयेरहैं तैसे पहुँचावत भये हैं ( ४ ) यह सबवृत्तांत रावण सुनतभयोहैअति विषाद करिकै बारबार शिरपीटत है ( ५ ) ब्याकुलह्वैकै कुम्भकर्ण के पासजाइकै अनेकयत्न करिकै जगावतभयो ( ६ ) तब कुम्भकर्ण जागिकैबैठ्यउहै मानहु काल देहधरिबैठ्यउहै ( ७ ) तब कुम्भकर्ण रावणते बूझत है हे भाई तोरमुख कैसे सुखाइ रह्यउहै ( ८ ) तबत्यइँ रावण अभिमानी ज्यहि प्रकारते श्रीजानकीजीको हरिआन्यो है सो सबकथा कहतभयो है ( ९ ) पुनि कहतहै हे भाई कपि संग्रामविषे निशिचरनको मारतभये हैं अरु महामहा योधा संहारतभये हैं ( १० ) दुर्मुखनामे वीर अरु देव रिपुनामे बीर अरु मनुजअहारी

नामेबीर अरु अतिकायभट अकम्पनभट भारीजे हैं ( ११ ) अपर महोदर आदिकबीर बड़े बड़े रणधीर सम्पूर्ण समरभूमि विषे परतभये हैं ( १२ ) दोहार्थ ॥ तब रावणके वचनसुनिकै कुम्भकर्ण बिलखावकही विषाद करिकै कहत है हे शठ जगदम्बाकही श्रीजानकीजी तिनको हरिकै आपन कल्याण चहतहै ( १३ ) कुम्भकर्ण कहत है हे निशिचरनकेनाह तैं भलानहीं किहेहै प्रथम तैं मोको न जगाये आइ अबआइकै मोको जगाये है ( १४ ) हे तात अबहुं अभिमानको त्यागकरौ श्रीरामचन्द्रको भजहु तुम्हारकल्याण सबप्रकारते होइहि ( १५ )

तातकपिननिशिचरसंहारे महामहायोधासबमारे १० दुर्मुखसुररिपुमनुजअहारी भटअतिकायअकम्पनभारी ११ अपरमहोदरआदिकवीरा परेसमरमहँसबरणधीरा १२ दो० ॥ सुनिदशकन्धरवचनतब कुम्भकरणबिलखान जगदम्बाहरिआनिकरि शठचाहतकल्यान १३ चौ० ॥ भलनकीनतैंनिशिचरनाहा अबम्वहिंआनिजगायोकाहा १४ अजहुँतातत्यागहुअभिमाना भजहुरामहोइहिकल्याना १५ हैंदशशीशमनुजरघुनायक जाकेहनूमानसेपायक १६ अहहबन्धुतैंकीनखोटाई प्रथमहिंम्वहिंनजगायो आई १७ कीन्हेतैंविरोधत्यहिदेवक शिवविरंचिहरिजाकेसेवक १८ नारदमुनिम्वहिंज्ञानजोकह्यऊ कहत्यउँतोहिंसमयनिर्बह्यऊ १९ अबभरिअंकभेंटम्वहिंभाई लोचनसफलकरौंमैंजाई २० श्यामगातसरसीरुहलोचन देखौंजायतापत्रयमोचन २१

हे दशशीश रामचन्द्रको तैं मनुजकहे है जाके हनुमान्से पायककही दूत हैं तिनको मनुजकही न कही ( १६ ) अरु अहहकही अतिक्लेश मनमें करिकै कुम्भकर्ण कहतहै है बंधु तैं बड़ी खोटाई कीनहै तैं प्रथममोको जगाइकै कसन सुनाये ( १७ ) हे रावण श्रीरामचन्द्र कैसे हैं देवता जिनके चरणकी सेवकाई करते हैं ध्यानकरिकै प्रत्यक्ष करिकै शिव बिरंचि हरिकही विष्णु ये समस्तजाके सेवक हैं ( १८ ) हे रावण यहज्ञान श्रीरामतत्त्व सर्वोपर परब्रह्म नारदमुनि मोसे अच्छीप्रकारते कहाहै सो जो प्रथममोसे जनावतिसि तौ मैं सो ज्ञान संपूर्ण कहिकै निर्बहोकही तोर बोधकरि देत्यउँ ( १९ ) हे भाई अबआउ अंकभरिकै भेंटिले काहेते अबमैं फिरैवाला नहींहौं रणमें जाइकै अपने नेत्रनको सफलकरौंगो ( २० ) जिन श्रीरामचन्द्रको श्याममणिइव गात है कमलइव नेत्र हैं तिनको मैं यहिनेत्रनते देखबजाइ ते कैसेहैं तीनिउतापके नाशकर्त्ता हैं ( २१ ) दोहार्थ ॥ हे पार्वती श्रीरामचन्द्र कररूप गुण सुमिरिकै एकक्षण मगन ह्वैगयो है तब रावण जाना कि यहिके तौ ज्ञानउत्पत्तिभयो यहयुद्ध न करैगो तब कोटि घट मदिरा अरु हजारभैंसा कुम्भकर्ण के खवाइबे पियाइबेको मांगतभयो है ( २२ ) तब कुम्भकर्ण अनेक महिषा खाइकै मदिरापान करिकै मत्त ह्वैकै गर्जतभयो है जैसे इन्द्रबज्र छूटेते हाहाशब्द होत है ( २३ ) कुम्भकर्ण रणविषे दुर्मदकही बीररस मद में मत्त निर्भय अरु रणविषे रंगाकही अतिहर्ष आनन्दते संग्रामकरिबेको चलतभयो है दुर्ग जो लंकागढ़ है त्यहिको छोड़िकै कछुसेना संगविषे नहीं लियो है अकेलचल्यो है ऐसो वीर

दो० ॥ रामरूपगुणसुमिरिमन मगनभयोक्षणएक रावणमाँग्यउकोटिघट मदअरुमहिषअनेक २२ चौ० ॥ महिषखायकरिमदिरापाना गर्ज्जाबज्राघातसमाना २३ कुम्भकरणदुर्मदरणरंगा चलादुर्गतजिसेननसंगा २४ देखिविभीषणआगेगयऊ पदगहिनामकहतनिजभयऊ २५ अनुजउठायहृदयत्यइँलावा रघुपतिभक्तजानिमनभावा २६ तातलातरावणम्वहिंमारा कहतपरमहितमंत्रबिचारा २७ त्यहिगलानिरघुपतिपहँआयउँ दीनजानिप्रभुकेमनभायउँ २८ सुनुसुतभयोकालबशरावन सोकिमानअबपरमसिखावन २९ धन्यधन्यतैंधन्यविभीषण भयउतातनिशिचरकुलभूषण

३० बन्धुबंशतुमकीनउजागर भजहुरामशोभासुखसागर ३१ दो० ॥ वचनकर्म्ममनकपटतजि भज्यहुरामरणधीर जाहुननिजपरसूझम्वहिं भयोंकालबशबीर ३२ चौ० ॥ बन्धु-

है ( २४ ) तहां विभीषण देखा कि कुम्भकर्ण आवतहै तब आगेजाइकै कुम्भकर्णको पदगहिकै आपननामकहत भयो है कि मैं विभीषणहौं ( २५ ) तहां अनुजको उठायकै उरमेंलगावत भयोहै श्रीरामभक्त जानिकै मनमेंबहुत भावत भयोहै ( २६ ) विभीषणकहत है हेतात सुन्दरनीति कहतसंते रावणमोको लातमारयउहै ( २७ ) तबमोको ग्लानि आवतभई है कि ऐसे दुष्ट की संगतित्यागिकै तब श्रीरघुपतिकी शरणागतआवतभयोंहै मोकोदीन जानिकै श्रीरघुनाथजीके मनमेंभावत भयउँहै ( २८ ) कुम्भकर्ण कहतहै हेसुतकालकीवश रावण भयोहै ताते परमउत्तम सिखावन नहींमानैहै ( २९ ) हे विभीषण तैंधन्य धन्यतरहसितू हमारेकुलको भूषणभयो है ( ३० ) हे बन्धु तैं बंश को उजागरकिहे है काहेते श्रीरामचन्द्र शोभा सुखके सागर तिनको तुमभजन करतहौ ( ३१ ) दोहार्थ ॥ हे तात अबमन बचनकर्म करिकै राक्षसीकपट तजिकै श्रीरघुबीर रणधीरको भजहु अबतुम राम समीपको जाउ मोको निजपरकही आपन परावा नहींसूझि परतहै अबमैंकालकेबश भयों है ( ३२ ) कुम्भकर्ण के बचनसुनिकै विभीषण फिरत भयउ है त्रैलोक्यभूषण जेश्रीरामचन्द्र हैं तिनके समीप आवतभयोहै ( ३३ ) विभीषण कहतहै हे नाथ भूधराकार शरीर यह कुम्भकर्ण आवतहै महारणधीर है ( ३४ ) जब यहबचन कपिनसुन्यउ तब बड़े बड़े बलवान् किलकिलाइकै धावतभये हैं ( ३५ ) तहां पर्वत अरु वृक्ष अनेकन उखारिकै कटकटाइकै त्यहिके ऊपर डारतहैं ( ३६ ) कोटिकोटि गिरिनके शिखर भालुकपि मिलिकै एकएकबार प्रहार कही डारत हैं ( ३७ ) चारिउ दिशाते कपि अरु भालु अनेकतरु पर्वतनते मारते हैं पर कुम्भकर्ण मनतन संग्रामभूमिविषे नेकुनहीं मुरै न टरै कैसे जैसे अनेकन आकके फलन

वचनसुनिफिराविभीषण आयोजहँत्रैलोक्यविभूषण ३३ नाथमूधराकारशरीरा कुम्भकरणआवतरणधीरा ३४ यतनाकपिन सुनाजबकाना किलकिलायधायेबलवाना ३५ लीन्हउपाटिविटपअरुभूधर किलकिलाइडारहिंत्यहिऊपर ३६ कोटिकोटिगिरिशिखरप्रहारा करहिंभालुककपि-एकहिबारा ३७ मुरैनमनतनटरैनटारे जिमिगजअर्कफलनकेमारे ३८ तबमारुतसुतमुष्टिकहन्यऊं परयउधरणिब्याकुलशिरधुन्यऊं ३९ पुनित्यइँउठिमारयसिहनुमन्ता घूर्मितभूतलपरयउंतुरंता ४० पुनिनलनीलहिंअवनिपछारिसि जहँतहँझपटिपटकिभटडारिसि ४१ चलीबलीमुखसेनपराई अतिभयत्रसितनकोउसमुहाई ४२ दो०॥ अंगदादिकपिघायल

के मारेते गजनहीं टरै हैं फलफूलकै चूरह्वैजातहैं तैसे पर्वत कुम्भकर्णके शरीर में लागेते चूरचूरह्वैकै गिरिपरते हैं ( ३८ ) तब हनुमान्जी क्रोध करिकै त्यहिकी छाती में एकमुष्टिका हनतभये हैं तब कुम्भकर्ण व्याकुल ह्वैकै शिरधुनिकै पृथ्वी में गिरतभयो है ( ३९ ) पुनि कुम्भकर्ण संभारिकै उठिकै हनुमान्जी को मारतभयो है हनुमान्जी मूर्च्छितकै घूमिकै पृथ्वी विषे गिरिपरे हैं ( ४० ) पुनि नलनीलको अवनिमें पछारतभयो है अरु जहांतहां झपटिकै भटनको पकरिकै महिमें पटकिडारत है ( ४१ ) संपूर्ण बानर रीछकी सेना बिकलकरिदियो है तब बलीमुख जे वानर हैं तिनकी सेना भागिचली है अतिभयके त्रासते कोउ समुहाइ नहीं सकै है ( ४२ ) दोहार्थ॥ हे गरुड़ अंगदादि जे अनेकबीर तिनसबको सुग्रीव सहित घायलकरि दियो है पुनि सुग्रीवको कांखमें दाबिकै कपिनको संग्रामविषे जीतिकै चलत भयो है कुम्भकर्ण अतुल बलकोसीव नाममर्याद ( ४३ ) हे उमारघुपति संग्रामविषे अतिलीलाकरते हैं जैसे गरुड़ सर्पनके बच्चनमें खेलखेलै ( ४४ ) जिन श्रीरामचन्द्रकी भृकुटी भंगकही टेढ़ी भयेते काल जे अतिप्रबल त्यहिकर नाशह्वइजाइ तिनको का ऐसीलराई सोहत है ( ४५ ) यहि लीलाकरिकै जगत् विषे पावनी कीर्त्ति विस्तार करते हैं ज्यहिको गाइसुनिकै नर भवसागरको तरिजाते हैं

( ४६ ) तब हनुमान्जीकी मूर्च्छा बीतिगई है जागिकै सुग्रीवको खोजनलागे हैं ( ४७ ) अरु सुग्रीवहुकै मूर्च्छा बीतिगई है कांखते निबुकिपरे हैं तब कुम्भकर्ण जाना कि मरिगया है ( ४८ ) अरु सुग्रीव आपने दांतनते कुम्भकर्णकै नाक

बशकरियुतसुग्रीव कांखदाबिकपिराजकहँ चलाअमितबलसीव ४३ चौ० ॥ उमाकरतरघुपतिरणलीला खेलगरुड़शिशुअहिगणमीला ४४ भृकुटिभंगजोकालहिखाई ताहिकिसोहैऐसिलराई ४५ जगपावनिकीरतिविस्तरहीं गाइगाइभवनिधिनरतरहीं ४६ मूर्च्छागइमारुतसुतजागा सुग्रीवहिंतबखोजन लागा ४७ कपिराजहुकैमूर्च्छाबीती निबुकिगयो त्यहिमृतकप्रतीती ४८ काट्यसिदशननासिकाकाना गर्जिअकाशचलात्यइँजाना ४९ गह्यसिचरणत्यहिधरणिपछारा अतिलाघवपुनिउठित्यइँमारा ५० पुनिआयोप्रभुपहँबलवाना जयजयकारुणीकभगवाना ५१ नाककानकाटे-त्यइँजानी फिराक्रोधकरिभईगलानी ५२ सहजभीमपुनिबिनुश्रुतिनासा देखतकपिदलउपजीत्रासा ५३ दो०॥ जयजयजयरघुबंशमणि धायेकपिकरिहूह एकहिबारजोताहिपर डारहिं

कान काटिकै गर्जिकै आकाशको चले हैं तब कुम्भकर्ण जानतभयो है ( ४९ ) तब सुग्रीवकर चरणगहिकै पृथ्वीमें पटकिदियो है पुनि सुग्रीव अति लाघवकही अतिशीघ्रते उठिकै कुम्भकर्ण की छातीमें एकमुष्टिका हनतभयो है ( ५० ) मुष्टिका हनिकै अति बलवान् श्रीरामचन्द्रके समीप प्राप्ति भये आइकै कारुणीक कही करुणाको मर्याद जो श्रीरामचन्द्र हैं तिनके समीप जयजयकार करतभयो आइकै ( ५१ ) उहां नाक कान काटेते कुम्भकर्णजाना ग्लानि मानिकै अतिक्रोध करिकै चलतभयो हैं ( ५२ ) एकतौ सहजही भीमकही भयानक है अरु नाककान करिकैहीन ऐसो भयानक देखिकै कपिनके दलविषे त्रासउपजी है ( ५३ ) दोहार्थ॥ तबजयजय श्रीरघुबंशमणि असकहिकै कपिके दल हाहाकही हहासकरिकै धावत भये हैं एकहिबार कपिऋच्छ हजारन पर्वत तरु कुम्भकर्णके ऊपर डारतभये हैं ( ५४ ) हे भरद्वाज कुम्भकर्णरणविषे अतिविरोधते आवतभयो है कपिनकेदल विषे सन्मुख चलतभयो है मानहुकाल क्रोधकरिकै चल्यो है ( ५५ ) कोटि कोटि कपि धरिधरिमुखमें डारिदेत है जैसे गिरिगुहा विषे टीड़ी प्रवेशकरै हैं ( ५६ ) कोटिनकपिनका शरीरसे मर्दिडारत हैअरु कोटिन मींजिकै गर्दमें मिलावतहै ( ५७ ) तहां कपिनके ठाटकही यूथके यूथ मुख नासिका श्रवणकी बाटते निकसिजाते हैं ( ५८ ) हे पार्वतीरणविषे कुम्भकर्ण मदमत्त ह्वइकै दर्पकही क्रोधकरत है मानहु संपूर्ण विश्वको ग्रसाचहतहै यहिबिधि अर्पाकही अपनोशरीर श्रीरामार्पण करिदियो है ताहीते निर्भय संग्रामकरत है ( ५९ ) कपिनकी सेनाके सुभटन

गिरितरुयूह ५४ चौ० ॥ कुम्भकरणरणरंगबिरुद्धा सन्मुखचलाकालजनुक्रुद्धा ५५ कोटिकोटिकपिधरिधरिखाई जिमिटीड़ीगिरिगुहासमाई ५६ कोटिनगहिशरीरसनमर्द्दा कोटिनमींजिमिलावैगर्द्दा ५७ मुखनासिकाश्रवणकीबाटा निकसिपराहिंभालुकपिठाटा ५८ रणमदमत्तनिशाशरदर्प्पा विश्वग्रसहिजनुयहिविधिअर्प्पा ५९ मुरेसुभटरणफिरहिंनफेरे सूझननयनसुनहिं नहिंटेरे ६० कुम्भकरणकपिफौजबिडारी सुनिधायेरजनीचरझारी ६१ देखीरामकटकबिकलाई रिपुअनीकनानाविधिआई ६२ दो० ॥ सुनुसौमित्रकपीशसुनु सकलसँभारहुसैन मैंदेखौंखलबलदलहिं बोलेराजिवनैन ६३ चौ० ॥ करशारंगविशिषकटिभाथा मृगपतिठवनिचलेरघुनाथा ६४ प्रथमकीनप्रभुधनुटंकोरा रिपुदलबधिरभयोसुनिशोरा ६५ सत्यसंधछाड़े-शरलक्षा कालसर्प्प

विषे मुरिचलेहैं हनुमानादिक जे महावीर हैं ते पुकारते हैं कि फिरौफिरौभयते बिकल पुकारिबो सुनतै नहीं हैं नेत्रनते सूझिनहीं परैहै ( ६० ) यहबात निशिचरन सुनाहै किं कुम्भकर्णने कपिनकै सेना विडारिदियोहै तब निशिचरनकै सेना गर्जिकै धावतभई है ( ६१ ) तब श्रीरामचन्द्र अपनी कटककी विकलतादेख अरु नानाप्रकारकै अनी प्राप्तिभई आइकै ( ६२ ) दोहार्थ॥ श्रीरामचन्द्र कहते हैं हे सौमित्र हे कपीश हनुमान् अंगदादि तुमसब सेनाको सँभारहु मैं कुम्भकर्ण जो खलहै त्यहिके बलदलको देखौंगो हे पार्वती राजीवनयन असबोलते भये हैं ( ६३ ) श्रीरघुनाथजी सुग्रीवते कह्यउ कि सेनासँभारहु आप कटिविषे तूणीरकसिकैहाथमेंधनुष विशिषकही बाणलैकै सिंहकी ऐसीठवनि चलतभये हैं ( ६४ ) श्रीरघुनाथजी कुम्भकर्ण की सेनाके समीप जाइकै प्रथम धनुषके रोदाते टंकोर कीन महाघोरशब्द सुनिकै निशिचरन की सेना बधिर ह्वइगई है ( ६५ ) पुनि सत्यसंधकही सत्यसंकल्प हैं जिनके तिनधनुष में योजितकरिकै वाणको छोड़ा है सो वाण लक्षकही लाखस्वरूप ह्वइकै चले हैं मानहुंकाल अनेक सर्परूप ह्वइकै सपक्षचले हैं श्लोक वृहन्नाटके तूणीरैककरेणस्यात्तुदशधासंधानकालेशतं चापेभूतसहस्त्रलक्षगमनं कोटिश्चकोटिर्वधे अंतेअर्वनखर्वबाणबिविधै:सीतापतेशोभितं एतद्बाणपराक्रमस्यमहिमा सत्पात्रदानेयथा १ किन्तु लक्षकही निशानाकर जैसे खेलवारी निशानाको वाण मारे तैसे राक्षसनपर श्रीरघुनाथजीके बाणचले हैं ( ६६ ) अतिशय निशितकही अतिपैन चोषे नराच जे बाण ते चलत भये हैं त्यहिबाणन करिकै निशिचरजे विकटभट हैं तिनको शास्त्रनमें पिशाचौकहा है ते जहां तहां कटैलागे हैं ( ६७ ) कटतहैं चरण उरभुजदंड अरु

**जनुचलेसपक्षा ६६ अतिशयचलेनिशितनाराचा लगेकटनभटबिकटपिशाचा ६७ कटहिंचरणउरशिरभुजदण्डा बहुतकबीरहोतशतखण्डा ६८ घुर्मिघुर्मिघायलभटपरहीं उठहिंसँभारिसुभटपुनिलरहीं ६९ लागतबाणजलधिजिमिगाजहिं बहुतकदेखिकठिनशरभाजहिं ७० रुण्डप्रचण्डमुण्डबिनुधावहिं धरुधरुमारुमारुधुनिगावहिं ७१ दो० ॥ क्षणमहँप्रभुकेशायकन काटेविकटपिशाच पुनिरघुपतिकेत्रोणमहँ प्रविशेसबनाराच ७२ चौ०॥ कुम्भकरणमनदीखबिचारी हत्योनिमिषमहँनिश्चरधारी ७३ भयोक्रुद्धदारुणबलबीरा करिमृगनायकनादगँभीरा ७४ कोपिमहीधरलेइउपारी डारैजहँमर्कटभटभारी ७५ आवत**

बहुतक बीर शतखंड ह्वइजातहैं ( ६८ ) बाणके लागेते घुर्मिघुर्मि भट पृथ्वीमेंगिरिपरतेहैं पुनिसँभारि सँभारि श्रीरघुनाथजीसे उठिउठि लरते हैं ( ६९ ) बाण लागतही मेघकीनाईं गर्जतेहैं अरु बहुतक कठिनशर देखिकै भागिजातेहैं ( ७० ) रुंडकही बिनामुण्डके प्रचंडबीर पृथ्वीमें जहां तहां धावत फिरतेहैं अरु धरु धरु मारु मारु भयानकशब्द ह्वइरहेहैं ( ७१ ) दोहार्थ॥ हे पार्वती श्रीरामचन्द्रकेबाणन कोटिन बिकट पिशाच एकक्षणमें काटिडारेहैं निश्चरनको मारिकै ते बाण श्रीरामचन्द्रके त्रोणमहं प्रबेशभये आइकै ( ७२ ) कुम्भकर्ण अपनेमनमें बिचारिदेखा निश्चरनकी धारीकहीसेनापंक्ति सो एकनिमिषमहं नाशह्वैगईहै ( ७३ ) अतिदारुण बलबीर कुम्भकर्ण सो क्रोधकरत भयो है मृगनायक सिंहकीनाईं गर्जतभयोहै ( ७४ ) कोपिकै अनेकमहीधर शीघ्रउपारिकै कपिनकी सेनापर डारतहैं जहां भारीभटहैं ( ७५ ) तिनपर्बतनको आवतदेखिकै श्रीरामचन्द्र बाणनते काटिकै रजसमान करिडारेहैं ( ७६ ) पुनि कोपकरिकै श्रीरामचन्द्र धनुष संधान करिकै बहुकराल बाण छांड़तभये हैं ( ७७ ) तेबाण कुम्भकर्णके तनमें प्रवेशकरिकै निकरिजाते हैं जनुकही जैसे अनेक दामिनी दमकिकै घनमें समाइजातीहैं इहां पुल्लिग स्त्रीलिंगका तात्पर्य नहींहै केवल उपमाकर तात्पर्यहै ( ७८ ) कुम्भकर्णको शरीर कारोहै महादीर्घहै त्यहिबिषे बाणनके लागेते रुधिर श्रवतहै ऐसी शोभाहोत है जनु कालेपर्वतसे गेरुके पनारेकही झरना झरते हैं ( ७९ ) तब कुम्भकर्णको विकल विलोकिकै भालु कपिनके यूथके यूथ धायेहैं जब निकटभट आयेहैं तबतिनको देखिकै कुम्भकर्ण विहंसत भयोहै ( ८० ) दोहार्थ॥ तब कुम्भकर्ण गर्जिकै धाइकै बेगिकही अतिशीघ्रते कोटिकोटि बानरकरतरेगहिगहि पृथ्वी बिषे

देखिशैलप्रभुभारे शरनकाटिरजसमकरिडारे ७६ पुनिधनुतानिकोपिरघुनायक छाड़े अतिकरालबहुशायक ७७ तनमहँप्रविशिनिसरिशिरजाहीं जनुदामिनिघनमाहिंसमाहीं ७८ श्रोणितश्रवतसोहतनकारे जनुकज्जलगिरिगेरुपनारे ७९ बिकलविलोकि भालुकपिधाये बिहँसाजबहिंनिकटभटआये ८० दो० ॥ गर्जतधायोवेगअति कोटिकोटिगहिकीश महिपटकतगजराजइव शपथकरैदशशीश ८१ चौ० ॥ भागेभालुबलीमुखयूथा वृकविलोकिजिमिमेषवरूथा ८२ चलेभागिकपिभालुभवानी बिकलपुकारतआरतबानी ८३ यहनिशिचरदुकालसमअहई कपिकुलदेशपरनअबचहई ८४ कृपाबारिधररामखरारी पाहिपाहिप्रणतारत

पटकि डारैहै जैसे गजराज शृगालनको धरिधरि पटकिडारैहै रावणकै दोहाई करि करि ऐसोबीर कुम्भकर्णहै अपनेराजा की विजय चाहतहै ( ८१ ) तब कुम्भकर्ण क्रोधसंयुक्त गर्जिकै वानरनको मारतहै तब भालु अरु बलीमुख जे वानरहैं तिनकै सेना यूथपति सहित भागिचलीहै जैसे वृकजोहै भेड़हा त्यहिको विलोकिकै मेषकही भेड़ी बकराके बरूथकही झंडके झुंड भागिजातेहैं ( ८२ ) हे भवानी एक कुम्भकर्णके मारेते भालु कपिनकै सेना भागी चलीजाती है अरु विकल ह्वइकै आरतबाणीते पुकारते हैं ( ८३ ) पुकारि पुकारि यहकहतेहैं हे करतार यह निश्चर दुकालके समान देखि परतहै तहां कपिकरकुल एकदेशहै तहांयहराक्षस दुकालपरा चाहतहै कपिकेकुलको नाशकीन चहतहै ( ८४ ) तहांयह कहतेहैं हेश्रीरामचन्द्र खरारितुम सजलमेघहौ कृपारूप जलबर्षिकै हमको यहिदुकालके दुःखते सुखीकरौ त्राहि त्राहि हम तुम्हारी शरण हैं ऐसे बानरभालु कहतेहैं ( ८५ ) इहांकरुणाकही आरत बचनसुनिकै श्रीरामचन्द्र धनुष बाण संधानिकै चलतभयेहैं ( ८६ ) तब श्रीरामचन्द्र धीरजदैकै सब सेनाको पाछेडारिकै आपु अकेल आगे सालीकही महाबलके स्थानते कुम्भकर्णके सन्मुख चलतभयेहैं इहां श्रीरामचन्द्रको महाबलसालि क्यों कहाहै याते कुम्भकर्णके समान ब्रह्मांडके सृष्टि त्रैलोक्यबिषे नर दानव देव इत्यादिक कोई बीरनहींहै एक श्रीरामचन्द्रके मारे मरैगो ( ८७ ) तब श्रीरामचन्द्र धनुष खैंचिकै शतकही एक सैवाण सन्धान करिकै छोड़त भये हैं सोवाण कुम्भकर्णकेशरीर में समाइगयेहैं ( ८८ ) जब शरीरमें बाणलागैहैं तब क्रोधकरिकै श्रीरामचन्द्रके सन्मुख धावतभयोहै काहेते परविभूति बिषे श्रीरामचन्द्र कर बलवर्यनामे सखाहै अरु रावण प्रतापीनामे सखाहै ताते कुम्भकर्ण श्रीरामचन्द्रके

हारी ८५ करुणावचनसुनतभगवाना चलेसुधारिशिरासनबाना ८६ रामसेननिजपाछेघाली चलेसकोपिमहाबलसाली ८७ खैंचिधनुषशतशरसंधाने छूटेतीरशरीरसमाने ८८ लागतशरधावारिसभरा भूधरडगमगडोलतधरा ८९ लीनएकत्यइँशैलउपाटी रघुकुलतिलकभुजासोकाटी ९० धावाबामबाहुगिरिधारी प्रभुसोभुजाकाटिमहिडारी ९१ काटेभुजसोहैखलकैसा पक्षहीनमन्दरगिरिजैसा ९२ उग्रविलोकनिप्रभुहिविलोका ग्रसनचहतमानहुंत्रैलोका ९३ दो० ॥ करिचिकारअतिघोररव धावाबदनपसारि

सन्मुख क्रोधकरिकै धायोहै त्यहिकै धावतसन्ते पृथ्वीसहित पर्वत डगमगातिहैं ( ८९ ) तेइं कुम्भकर्ण एकपर्वत उपाटि कही उखारि लियोहै सो भुजा कुम्भकर्णकै रघुकुल तिलक श्रीरामचन्द्र एक बाणते काटिडारयउहै ( ९० ) तब कुम्भकर्ण उहै गिरिबायें हाथमें धरिकै धायोहै तब श्रीरामचन्द्र सोऊभुजा काटिकै पृथ्वी बिषे डारिदीनहै ( ९१ ) अरु दोऊभुजाते हीन कुम्भकर्ण कैसे सोहतहै मानहुंबिना पक्षको मंदराचल पर्बतहै ( ९२ ) उग्रकही अति तीक्ष्णतीव्र विलोकनि ते श्रीरामचन्द्र कोदेखत है त्रैलोक्य के आधार श्रीरामचन्द्र तिनका मानहुं ग्रसाचाहत है किंतु मानहुं त्रैलोक्यग्रसा चहतहै ( ९३ ) दोहार्थ॥ तब कुम्भकर्ण विचारकीन कि अब मैं श्रीरामचन्द्रके सन्मुखै प्राप्ति होउंजाइ तब वीररसमें अति घोरशब्द

चिक्कार करत बदन पसारिकै श्रीरामचन्द्रके सन्मुख धावतभयोहै तहां कुम्भकर्णकर क्रोध देखिकै शब्द सुनिकै आकाशबिषे देवता मुनिसिद्ध त्रसित ह्वैकै हाहाइ करिकै अपने दुःख करहेतु समुझिकै पुकारतेभये ( ९४ ) हे भरद्वाज कुम्भकर्ण की वीरता अरु निर्छल महायुद्ध देखिकै देवता अकुलाइ उठेहैं तब श्रीरामचन्द्र देवतनको महाभयसंयुक्तजाना तब श्रवण पर्यन्त शरासन तानतभयेहैं ( ९५ ) अनेकबाण कुम्भकर्ण के मुखमें भरिदीनहै तदपि महाबल कुम्भकर्ण भूमिबिषे नहिंगिरयो है ( ९६ ) बाणनते मुखभरा श्रीरामचन्द्रके सन्मुख धावतभयोहै जनु महाकालकर तरकसहै वही सजीव चलाआवतहै ( ९७ ) तब श्रीरामचन्द्र कोपिकै एक तीव्रशरतेशीश काटिकै शरीरते भिन्न करिदीनहै ( ९८ ) सोबाण कुम्भकर्णकरशिर रावणकेआगे डारिदियोहै आइ बाण तरकसमें प्रवेशकीनआइ कुम्भकर्णकर शीशदेखिकै रावण व्याकुल भयोहै जैसे फणिक मणिके

गगनसिद्धसुरत्रसितसब हाहाहोतपुकारि ९४ चौ० ॥ सभयदेवकरुणानिधिजाने श्रवणप्रयन्तशरासनताने ९५ बिशिखनिकर निशिचरमुखभरयऊ तदपिमहाबलभूमिनपरयऊ ९६ शरनभरासुखसन्मुखधावा कालत्रोणसजीवजनुआवा ९७ तबप्रभुकोपि तीव्रशरलीन्हा धरतेभिन्नतासुशिरकीन्हा ९८ सोशिरपरयउदशाननआगे विकलभयोजिमिफणिमणित्यागे ९९ धरणिधसैधरधावप्रचण्डा तबप्रभुकाटिकीनशतखण्डा १०० तासुतेजप्रभुबदनसमाना सुरमुनिसिद्धअचम्भवमाना १०१ नभदुंदुभीबजावहिंहर्षहिं जयजयकरिप्रसूनसुरबर्षहिं १०२ करिबिनतीसुरसकलसिधाये तेहीसमयदेवऋषिआये १०३ गगनोपरिहरिगुणगणगाये रुचिरबीररसप्रभुहिंसुनाये १०४ बेगिहतौखलमुनिकहिगयऊ रामसमरमहँशोभितभयऊ १०५ हरिगीतिकाछन्द॥ संग्रामभूमिबिराजरघुपतिअतुलबलकोशलधनी

गयेते व्याकुलहोतहै ( ९९ ) कुम्भकर्णका धरजोहै शरीर रुंडप्रचंड पृथ्वीबिषे धावतहै पृथ्वीधसीजातीहै तब श्रीरामचन्द्रने बाणनते सौखण्ड करिके पृथ्वीमें डारिदीनहै ( १०० ) हे पार्बती कुम्भकर्णकर तेजजोहै आत्मा सो श्रीरामचन्द्रके बदनमेंप्रवेश करिगयोहै सुरमुनि सिद्ध इत्यादिक देखिकै सब ही अचंभवकही आश्चर्य मान्यो है ऐसीगति योगिनको दुर्लभहै ( १०१ ) तब नभविषे देवता दुन्दुभी बजावते हैं दुन्दुभी कही छोटे नगारे जिनते नौबति बाजती है सो बजाइकै फूलवर्षते हैं जयजयकार करतेहैं ( १०२ ) बिनती करिकै देवता अपनेअपने लोक को जातेभये हैं तेही समय देवऋषि जो नारदवे आवतेभये हैं ( १०३ ) आकाशके ऊपरबीणा बजाइकै श्रीरामचन्द्रके परमदिव्यगुणगणकही गुणनके समूहबीररस संयुत गानकरिकै सुनावतभये हैं ( १०४ ) मुनि यहकहतभये हैं हे श्रीरामचन्द्र खलनको बेगि नाशकरहु यहकहिकै नारदब्रह्मलोक को जातभये हैं श्रीरामचन्द्र समरविषे बीररस शोभित है ( १०५ ) छंदार्थ॥ हे पार्वतीसंग्राम भूमिविषे रघुपति कोशलधनी अतुलबल कैसे बिराजमानहैं श्रम करिकै पसीनाके बिंदुमुखपर शोभितहैं जनु नीलमणिके आदर्शपर मोती जड़ी हैं अरु राजीव अरुणकमल प्रफुल्लित इवनेत्रहैं अरु रुचिरकही अतिसुन्दर श्रोणितकी कणी शरीरविषे शोभितहैं मानहुं नीलमणिगिरिके श्रृंगविषे अरुणमणिकी कणी अनेकप्रकटी हैं ( १०६ ) युगलभुजा विषे बाणफेरते हैं अरुभालु कपिनकरदल चहुंदिशि बनिरहे हैं श्रीगोसाईं तुलसीदासजी कहतेहैं यहसमय की शोभा अनूपम कोटिन शेषनहीं कहिसकै हैं जिनके अनेकमुख हैं ( १०७ ) दोहार्थ॥ हे पार्वती देखियेतौ निशिचर अधमजिनको मलमयतन कही मनबचन कर्मते खलकार्य

श्रमबिन्दुमुखराजीवलोचनरुचिरतनश्रोणितकनी १०६ भुजयुगुलफेरतशरशरासन भालुकपिचहुंदिशिबने कहदासतुलसीकहिनसकछ-बिशेषज्यहिआननघने १०७ दो० ॥ निशिचरअधममलायतन ताहिदीन निजधाम गिरिजातेनरमन्दमति जोनभजहिंश्रीराम १०८॥ *

चौ०॥ दिनकेअन्तफिरीदोउअनी समरभईसुभटनश्रमघनी १ रामकृपाकपिदलबलबाढ़ा जिमितृणपाइलागअतिडाढ़ा २ छीजहिनिशिचर

में तत्पर तिनपापिनको श्रीरामचन्द्र अपनो परमधाम दीनहै किंतुधाम कही स्वरूपमुक्तिदीन है ऐसे श्रीरामचन्द्र कृपालु हैं तिनको छोड़िकैआन देवता अपस्साधन आराधन करते हैं तेवड़ेमतिमंद हैं ( १०८ ) इति श्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसनेलंकाकांडेकुम्भकर्णबधमर्म गतिप्राप्तिवर्णनंनामत्रयोदशस्तरंगः १३॥ ::

दोहा॥ दशअरुचारितरंगमें मेघनादरणधीर युद्धकरतआश्चर्यकरि देखिहोतसुरपीर ( १४ ) हेगरुड़ दिनकर अंतपाइकै दोऊअनी अपनेमुकामको जातभये हैं काहेते समरतेश्रम बहुतभयो है ( १ ) श्रीरामचन्द्र की कृपातेकुम्भकर्णके जूझेते कपिनके दलमें बहुत बलबाढ़ाहै जैसे तृणके समूह में दावालगेते फेरिनवीन अंकुरउठतहैं तहां कुम्भकर्ण मारेते बानरनकीसेना जरिरहीहै अरुत्यहिके मरेते बानरऋच्छ जियजागि उठेहैं प्रफुल्लित भये हैं ( २ ) तहां निशिचर रातिदिन छीजेजाते हैं किमि जिमिअपने मुखके कहेते अपनोधर्म क्षीणह्वैजातहै ( ३ ) रावण बहुतप्रकारते बिलापकर रहाहै और बारबार अपनेभाई कुम्भकर्णका शीशअपनी छातीमेंलगावैहै ( ४ ) अरु स्त्री जो हैं ते सबरोवती हैं शिरअरु छाती पीटिपीटि कुम्भकर्णकर बल औ बिपुलप्रताप बखानि बखानिकै रोवती हैं ( ५ ) त्यहिअवसर विषे रावणके समीप मेघनाद आवतभयो है अपनेबल पौरुषप्रतापकै कथा पितासे बहुप्रकार समुझाइकै कहतभयो है ( ६ ) हे तात रात्रीके बीते भोरहोत हमारी मनुसाई देख्यहु अबहीं बहुत बड़ाई काकरौं ( ७ ) जो मैं अपने इष्टदेवसे बल अरु रथ प्रभाव प्रतापकर बरदान पायों है सो बल आपुको नहीं सुनायो है ( ८ ) यहीप्रकारते

दिनअरुराती निजमुखधर्मकहेज्यहिभांती ३ बहुबिलापदशकंधरकरई बंधुशीशपुनिपुनिउरधरई ४ रोवहिंनारिहृदयहतिपानी तासुतेजबलविपुलबखानी ५ मेघनादत्यहिअवसरआवा कहिबहुकथापितहिसमुझावा ६ देख्यउकाल्हिमोरिमनुसाई अबहिंबहुतकाकरौंबड़ाई ७ इष्टदेवसेबलरथपायउं सोबलताततनतुमहिंसुनायउं ८ यहिबिधिजल्पतभयोबिहाना चारिउद्वारलगेकपिनाना ९ इतकपिभालुकालसमबीरा उतरजनीचरअतिरणधीरा १० लरहिंसुभटनिजनिजजयहेतू बरणिनजाइसमरखगकेतू ११ दो० ॥ मेघनादमायाठयो रथचढ़िगयोअकास गज्ज्र्यउप्रलयपयोदजिमि भइकपिकटकहित्रास १२ चौ० ॥ शक्तिशूलतरवारिकृपाना अस्त्रशस्त्रकुलिशायुधनाना १३ डारैपरशुपरिघपाषाना लाग्यउवृष्टिकरैबहुबाना १४ रहेदशौदिशि

जल्पनाकरत भोरहोतभयो है तब चारिउदरवाजेपर बानरनके यूथ आइकै लागे हैं ( ९ ) इतै श्रीरामचन्द्रकी सेना भालु कपि बड़े बड़े बीर कालसम हैं अरु तैसेही उतै रावणके दिशि राक्षस बड़े रणधीर बीर हैं ( १० ) खगनके केतुकही पताका हे गरुड़ द्वौ दिशि अपने अपने विजयहेतु समरकरते हैं सो समर बर्णिबेयोग्य नहीं है ( ११ ) दोहार्थ ॥ तहां मेघनाद जो मायामय है सो अपनी मायाको ठयो कहीनिर्मयो बिस्तारकरतभयो है रथचढ़िकै आकाशको जातभयो तहां महा प्रलयके मेघइव गर्जतभयो है सो सुनिकै कपिनके दलविषे त्रासहोतभईहै ( १२ ) तहां मेघनाद मायामय आपु छांड़त है शक्ति जे बरछी हैं शूल जे त्रिशूल हैं कृपाणकही तरवारि है दूधारा जो हैं अस्त्र जे फेंकेते अरुप्रयोगते चलहिं अरु शस्त्र जे हाथ ते चलहिं अरु कुलिश जे बज्रइव हैं इत्यादिक नानाप्रकारके आयुध ( १३ ) अरु फरसा जे हैं परिघ जे गदाके आकार है अरु पाषाण जे शिला हैं अरु अनेकन बाण इत्यादिक अनेक आयुध वर्षाकरतहै ( १४ ) हे गरुड़ दशौदिशा विषे सघनवाण छाइरहेहैं दिशाकही पश्चिम बायब्य उत्तर ईशानकोण पूर्व अग्निकोण दक्षिणकोण नैऋत्यकोण अरु उर्द्ध अध इत्यादिकन में बाण पूरिरहे हैं मनहुँ मघा नक्षत्रके मेघ झरिलगाये हैं ( १५ ) धरु धरु मारुमारु यहशब्द दशौदिशा पूरिरह्यो है सो बानरसुनते हैं चोटसहतेहैं अरु जे मारतहैं तिनको कोई नहीं देखतहै ( १६ ) कपि ऋक्ष जे हैं ते तरु गिरि कही पहाड़नकोपकरिकै आकाश को धावते हैं तहां काहूको नहीं देखते हैं दुःखितह्वैइकै फिरि आवते हैं ( १७ ) अवघट जे हैं घाटजे हैं गिरिजे हैं गिरिके कन्दराजे हैं इत्यादिक द्वीप उपद्वीप सम्पूर्ण अपनीमायाके बलते शरपंजरकही

शायकछाई मानहुंमघामेघझरिलाई १५ धरुधरुमारुसुनहिंकपिनाना जोमारैत्यहिकोउनजाना १६ गहिगिरितरुअकाशकपिधावहिं देखहिंत्यहिन-दुखितफिरिआवहिं १७ अवघटघाटबाटगिरिकन्दर मायाबशकीन्ह्यसिशरपंजर १८ जाहिंकहांभयब्याकुलबन्दर सुरपतिबंदिपरेजिमिमन्दर १९ मारुतसुतअंगदनलनीला कीन्ह्यसिबिकलसकलबलशीला २० पुनिलक्ष्मणसुग्रीवविभीषण शरनमारिकीन्ह्यसिजर्जरतन २१ पुनिरघुपतिसनजूझनलागा शरछाड़ैंहोइलागहिंनागा २२ ब्यालफांसबशभयो

अपने बाणनते कुलि भरिदियो है ( १८ ) हे पार्व्वती बानरनके भागिजावेकी कहूं जगह नहींरही है तहां बानरनरकीसेना अति विकलभई है जैसे मन्दराचल आदिक पर्वत इन्द्रके बंदिवश बज्रमारेते विकलहोतहैं ( १९ ) हनुमान् अंगद नल नील इत्यादिक जहांतक बीर बलकेशीलकही स्थान हैं तिनसबको मारिकै विकलकरिदिहिसि है ( २० ) पुनि लक्ष्मणजी सुग्रीवविभीषण इत्यादिक जे राजारहे हैं तिनको बाणन मारिमारिकै तन जर्जर करिदियो है ( २१ ) पुनि श्रीरामचन्द्रते युद्धकरैलागहै बाणमारत हैसो बाण नागह्वैकै श्रीरघुनाथजी के शरीरमें लिपिटिजाते हैं ( २२ ) हे पार्वती खरारि जे श्रीरामचन्द्र हैं ते ब्यालफांसके बश होतभये हैं कैसे हैं श्रीरामचन्द्र स्वबशकही काहूकेबश नहीं हैं अरु अनन्तहैं जाको आदि अन्त मध्य कोई नहीं जानिसकै है अरु एककही द्वैतस्वरूपहैं जिनकेसमद्वितीय कोई नहीं है अरु अबिकारीकही षड्विकाररहित हैं जन्म वृद्ध बिवर्ण क्षीण जरा मृत्यु एते षड्विकाररहित हैं अध्यात्मे षड्विकारैर्विरहितंरामंत्वद्रूपचिन्मयं ( २३ ) ऐसे परात्परब्रह्म श्रीरामचन्द्रते जैसे नट कपटकरिकै चरितकरत है तैसे श्रीरामचन्द्र निष्कपट नरइव लीला सहज में करते हैं सो देखिकै विषयीजीव व्यामोहित ह्वइजाते हैं श्रीरामचन्द्र कैसे हैं स्वतन्त्रकही जो इच्छाहोइ सो करते हैं उनकी इच्छा अभंगहै श्रीरामचन्द्र षड्भागपूर्ण भगवान् हैं षड्भागकही ऐश्वर्य्य धर्म यश श्री वैराग्य मोक्ष एते षड् पुनि अपरप्रमाण पोषण भरण आधार सर्वशरण्यत्व सर्वब्यापकत्व अरु करुणा इतिषट् श्लोकद्वै श्रीमन्महारामायणे॥ ऐश्वर्य्येनचधर्म्मेणयशसाचश्रियैवच वैराग्यमोक्षषट्कोणैःसंजातोभगवान्हरिः१ पोषणंभरणाधारंशरण्यंसर्वव्यापकं कारुण्यंषड्भिर्पूर्णोरामस्तुभगवान्स्वयं ( २४ ) हे पार्वती श्रीरामचन्द्र नागफांसते अपनीइच्छाते आपुको बँधावाहै संग्रामकी शोभा हेतु काहेते जो आपुचाहैं तौ एकबाणते एकक्षण में ब्रह्माण्ड भस्मकरिदेहिं पर रावण के ओरके हथियारनके चोट घाउ बन्धन इत्यादिक सब सहते हैं अरु उनकोमारते हैं यह संग्राम की

खरारी स्वबशअनन्तएकअविकारी २३ नटइवकपटचरितकरनाना सदास्वतंत्ररामभगवाना २४ रणशोभालगिआपुबँधावा देखिदशादेवनभयपावा २५ दो०॥ खगपतिजाकरनामजपि नरकाटहिंभवफांस सोप्रभुआवकिबंधतर ब्यापकबिश्वनिवास २६ चौ०॥ चरितरामकेसगुणभवानी तर्किनजाहिंबुद्धिमनबानी २७ असबिचारिजेतज्ञबिरागी रामहिंभजहिंतर्कसबत्यागी २८

शोभा है ताते नागफांसते अपनाको बँधावाहै सो दशा देखिकै ब्रह्मादिकदेवता भयकोप्राप्त होते हैं ( २५ ) दोहार्थ ॥ हे गरुड़ जिन श्रीरामचन्द्रकर नाम जपिकै नर भवफांसकाटिकै परमपदको प्राप्तिहोते हैं ते श्रीरामचन्द्रका बन्धन में आवहिं न आवहिं काहेते सम्पूर्ण विश्व रामआश्रयहै अरु सम्पूर्ण विश्व को आपु चैतन्यकिहेहैं ( २६ ) हेभवानी श्रीरामचन्द्र जो यह नरलीला सगुणचरित्र करते हैं सो अतर्क्य है काहूते तर्क करिबेयोग्य नहीं है मन बाणी बुद्धिते अतर्क्य है ( २७ ) हे पार्वती असविचारिकैजे तज्ञकही तत्त्ववेत्ताहैं ते श्रीरामचन्द्रको भजते हैं तर्क त्यागिकै तत्त्ववेत्ताकही अपनो स्वस्वरूप जो आत्मा त्यहिकोप्राप्तिहैं अरु अनात्माजोअपनोशरीरहै अरु त्यहिकर सम्बन्ध जहांलगि संसारहै त्यहिसबको अनित्यजानिकै वैराग्यकरिकै सर्व त्यागकिहे हैं ते श्रीरामचन्द्रको भजते हैं व सर्व तर्क त्यागिकै तर्क कही कोई यह तर्क करते हैं कि श्रीरामचन्द्र सर्वब्यापक ब्रह्म हैं नाम रूपकरिकै रहितहैं महि गऊ ब्राह्मण सन्तनके हेतु अपनी मायाकरिकै देह को धारणकीन है पुनि कोई यह तर्क करते हैं कि नारायण जो

चतुर्भुजभगवान् ते पृथ्वीके पालनहेतु नरशरीर को धारण कीन है अरु कोई यह तर्क करते हैं कि श्रीरामचन्द्र केवल राजादशरथ के पुत्र हैं सामर्थ्यमय हैं ताते समुद्र बांधिलीन है अरु कोई यह तर्क करते हैं कि जो बहुतकाल श्रीरामचन्द्रकर भजनकरैं तब ब्रह्मांतर शुद्धहोइतब ब्रह्मज्ञानहोइ तब मोक्षहोइ ऐसे ही अनेक तर्क कुतर्क श्रीरामचन्द्र विषे अज्ञानीकरते हैं अरु जिनको विशेषज्ञान प्राप्तिभयो है ते श्रीरामचन्द्रको स्वरूप आतर्क नित्यकिशोर अखण्ड एकरस कालावच्छिन्न सर्वोपरिपरात्परतर परब्रह्मविग्रह असजानिकै सर्वतर्क त्यागिकै श्रीरामचन्द्रको शुकसनकादिभजते हैं ( २८ ) हे पार्वती सम्पूर्णकटकको घननाद व्याकुलकरिदीन है पुनि प्रगटहोतभयोहै अनेकदुर्वाद कहतसंते ( २९ ) तब जामवन्तकहा हे

व्याकुलकटककीनघननादा पुनिभाप्रकटकहतदुर्बादा २९ जामवन्तकहखलरहुठाढ़ा सुनिकैताहिक्रोधअतिबाढ़ा ३० बूढ़जानिशठछाडेउंतोहीं लाग्यसिअधमप्रचारनमोहीं ३१ असकहितीव्रत्रिशूलचलावा जामवन्तकरगहिसोधावा ३२ मार्‌यसिमेघनादकीछातीपराधररिणघूर्मितसुरघाती ३३ पुनिरिसाइगहिचरणफिरायो महिपछारिनिजबलदेखरायो ३४ बरप्रसादसोमरैनमारा तबपदगहिलंकापरडारा ३५ इहांदेवऋषिगरुड़पठावा रामसमीपसपदिसोआवा ३६ दो०॥ खगपतिसबधरिखायउ मायानागबरूथ मायाबिगतभयेसब हर्षेबानरयूथ ३७ गहिगिरिपादपउपलनख धायेकीशबिसाइ चलेतमीचरबिकलतबगढ़

खलठाढ़रहु मैं पहुंच्यउँआइ सुनिकै मेघनादके क्रोधभयोहै ( ३० ) मेघनाद कहतहै हे शठ मैं तौ बूढ़जानिकै छांड़िदिह्यउँहै अब तैं मोको प्रचारैलागिसिहै ( ३१ ) इतनाकहिकै तीव्रत्रिशूल चलावतभयोहै तब जामवन्तउ है त्रिशूल ऊपरहि हाथ में लैधाये हैं ( ३२ ) जामवन्त मेघनादकीछाती में उहैत्रिशूल मारतभयो है सुरघाती घूमिकै पृथ्वीमें गिरिपरतभयो ( ३३ ) पुनि रिसाइकै मेघनादको चरणगहिकै घुमाइकै पृथ्वीमें डारिदियो है अरु यह कह्योकि हे शठ हम ऐसेबूढ़ हैं ( ३४ ) देवीके प्रसादते मारेनहींमरत है पुनि रिसाइकै दूनौचरणपकरिकै लंकागढ़को बहाइदीन है ( ३५ ) हे पार्वती इहां नारदजी गरुड़ते कहते हैं कि तुमजाउ श्रीरघुनाथजीकी आज्ञा है राक्षसीमायाके सर्प तिनको भक्षण करिलेहुजाइ ( ३६ ) दोहार्थ॥ तब तुरन्त गरुड़आइकै मायावी सर्पनको भक्षणकरिलीनहै तब सबऋक्ष वानर मायाते विगतभये हैं अतिहर्ष को प्राप्तिभये हैं ( ३७ ) तब वानर ऋक्ष क्रोधकरिकै गिरि तरु नख इत्यादिक आयुधकरिकै अरु रिसाइकै तमीचरनको मारै हैं तबते गढ़पर परायगये हैं ( ३८ ) हे गरुड़ मेघनादकै मूर्च्छा जागतभई है पिताको विलोकिकै अति लज्जितभयोहै ( ३९ ) तब सोमेघनाद तुरन्त बरकही श्रेष्ठ पर्वतकी कन्दरामें जातभयोहै यह मनमें विचार्‌यो है कि अजय यज्ञकरौं ( ४० ) मेघनाद यज्ञकरै है यह सुधिपाइकै विभीषणकहते हैं हे प्रभु एकसमाचार सुनहु ( ४१ ) हे नाथ मेघनाद अपावन यज्ञ करतहै अपनी मायाकरिकै देवतनकोसतावतहै ( ४२ ) हे प्रभु जो त्यहिको यज्ञ सिद्धिहोइपाइहि तौ रिपुबेगि न जीतिजाइहि ( ४३ )

परचलेपराइ ३८ चौ० ॥ मेघनादकैमुर्छाजागी पितहिँबिलोकिलाजअतिलागी ३९ तुरतगयोसोगिरिवरकंदर करौंअजयमखअसमनमहँधर ४० यहसुधिपाइबिभीषणकहई सुनुप्रभुसमाचारअसअहई ४१ मेघनादमखकरैअपावन खलमायाबीदेवसतावन ४२ जोप्रभुसिद्धिहोनसोपाइहि नाथवेगिरिपुजीतिनजाइहि ४३ सुनिरघुपतिअतिशयसुखमाना बोलेअंगदादिकपिनाना ४४ लक्ष्मणसंगजाहुसबभाई करहुबिध्वंशयज्ञकरजाई ४५ तुमलक्ष्मणरणमारेहुओही देखिसभयसुरदुखअतिमोही ४६ जामवन्तसुग्रीवविभीषन सेनसमेतरहेउतीनिउजन ४७ जबरघुबीरदीनअनुशासन

**कटिनिषंगकसिसाजिशरासन ४८ प्रभुप्रतापउरधरिरणधीरा बोलेघनइवगिरागँभीरा ४९ जोत्यहिआजुबधेबिनुआवौं तौरघुपतिसेवकनकहावौं ५० जोशतशंकरकरहिंसहाई तदपिहतौंरघुबीरदोहाई ५१ दो०॥**

बिभीषण के बचनसुनिकै अतिसुखमानिकै अंगदादिक नानाकपिबीरनको बोलाइलीनहै ( ४४ ) हे बीरहु लक्ष्मणके संगजाइकै यज्ञकर विध्वंशकरहु ( ४५ ) हे लक्ष्मण तुम आजु मेघनादकर बधकरयहु काहेते देवतनकर दुःखदेखिकै मोको दुःखहोतहै ( ४६ ) हे जामवन्त सुग्रीव विभीषण सेनासमेत तुम तीनिजने संयुग में रह्यउ ( ४७ ) जब श्रीरघुबीरजी ने आज्ञादीन तब लक्ष्मणजी कटिविषे तूणकसिकै धनुषबाण सजिकै तैयारभये ( ४८ ) लक्ष्मणजी रणधीर श्रीरामचन्द्रको प्रताप उरमें धरिकै घनकही मेघइव गम्भीरवाणी बोलतेभये ( ४९ ) हे पार्वती लक्ष्मणजी संकल्पकरते हैं कि जो आजु विनमारे मेघनादको फिरौं तौआजुते रघुपतिकर सेवक न कहावौं ( ५० ) यह प्रणकरिकै कहतहौं मेघनादकर इष्ट शंकर है जो शतकही सौ शंकर सहायकरहिंआइ तौ श्रीरामचन्द्रकी दोहाई करिकै कहतहौं रणविषे मेघनादको सहितइष्ट नाशकरिदेउँगो ( ५१ ) दोहार्थ॥ अस प्रणकरिकै श्रीरामचन्द्रके चरणारविन्दमें शिरनाइकै अनन्त जिनके गुण प्रताप तेज हैं ते लक्ष्मणजी तुरन्तचलत भये हैं अरु संगविषे अंगद नीलनल मयन्द हनुमान् इत्यादिक बड़े बड़े भट चलतेभये हैं तहां लक्ष्मणजी को सत्यसंकल्प सम्पूर्ण देवता सुनिकै हर्ष शोकको प्राप्तिभये हैं ( ५२ ) तहां मेघनाद यज्ञपर बैठाहै तमसीयज्ञ भैंसाकर मांस रुधिर आहुति करतहै ( ५३ ) तब मेघनादकै महाघोर यज्ञ देखिकै कपिन विध्वंशकीनहै मल मूत्र करिकै भरिदीन है ताहूपर मेघनाद नाहीं उठै तब कपि त्यहिकी प्रशंसाकही बड़ाईकरते हैं किन्तु प्रशंसाकही त्यहिकेऊपर मुष्टिका लात शिला प्रहारकरते हैं ( ५४ ) तदपि न उठत तब बार धरि धरि खैंचतहैं लातमारिमारि भागिजातेहैं अरु मेघनाद नहीं

**रघुपतिचरणनाइशिर चलेतुरन्तअनन्त अंगदनीलमयन्दनल संगसुभटहनुमन्त ५२ चौ० ॥ जाइकपिनदेखासोइवैसा आहुतिदेतरुधिरअरुभैंसा ५३ कीनकपिनतबयज्ञबिध्वंसा जबनउठैतबकरहिंप्रशंसा ५४ तदपिनउठहिधरहिंकचधाई लातनहतिहतिचलहिंपराई ५५ लैत्रिशूलधावाकपिभागे आयेजहँरामानुजआगे ५६ आवापरमक्रोधकरमारा गर्जघोररवबारहिंबारा ५७ कोपिमरुतसुतअंगदधाये हतित्रिशूलउरधरणिगिराये ५८ प्रभुकहँछाड़िसिशूलप्रचण्डा शरहतिकृतअनन्तयुगखण्डा ५९ उठिबहोरिमारुतयुवराजा हतहिंकोपित्यहिघाउनबाजा ६० फिरेबीररिपुमरइनमारा तबधावाकरिघोरचिकारा ६१**

बोलै मौनह्वैकै आपन यज्ञकर कार्य साधैहै ( ५५ ) जब कपिनबहुतउत्पात कीन है तब नहीं सहिगयो है त्रिशूललैकै धावतभयो है तब कपिभागिकै लक्ष्मणजीके आगे प्राप्तिभयेजाय ( ५६ ) माराकही परमक्रोधसे भरा लक्ष्मणजीके समीप आइकै महाघोर शब्दकरिकै बारबार गर्जतभयो ( ५७ ) तब अंगद हनुमान् कोपकरिकै धावतभये हैं तिनके उरमें त्रिशूलहतिकैपृथ्वीमें गिराइदेत भयो है ( ५८ ) तब लक्ष्मणजी को प्रचण्ड त्रिशूल छांड़त भयोहै तब लक्ष्मणजी बाणते दुइखंड करिडारयोहै ( ५९ ) तब हनुमान् युवराज उठिकै क्रोधकरिकै मेघनादको मारतभये हैं पर मेघनादके घाउ नहीं लागत है काहेते देवीके प्रसादते अरु लक्ष्मणकर बाण महाकाल रूप तहां काहू देवताको बरदान नहीं चलैहै ( ६० ) तब हनुमानादिकबीर फिरे हैं यह समुझिकै कि रिपुहमारे मारे नहीं मरैगो तब मेघनाद घोर चिक्कार करिकै लक्ष्मणजीके सन्मुख धावत भयोहै ( ६१ ) तब मेघनाद क्रोधित कालजनु चलाआवत है सो देखिकै लक्ष्मणजी करालबाण छांड़त भये हैं ( ६२ ) बज्रके समान बाणआवत देखिकै तुरन्तखल अंतर्द्धान ह्वइ गयो है ( ६३ ) मेघनाद विबिधिबेष धरिकै लराई करतहै कबहुं प्रकटतहै कबहुं दुरिजातहै कबहुं देवता ह्वइजातहै कबहूं नर ह्वैजात है कबहूं हाथी कबहूं सिंह कबहूंसर्प इत्यादिक अनेकमाया

करतहै ( ६४ ) अजय रिपु देखिकै वानर डरते हैं तब अहीश अतिक्रोधित होतभये हैं अहीशकही सर्पनके ईश जो अनंत हैं त्यहिकर प्रलयकाल को ऐसो क्रोधकरतभयो है ( ६५ ) लक्ष्मणजी तब अपने मनमें यह मंत्र दृढ़कीन है कि यहिपापीको

आवतदेखिक्रुद्धजनुकाला लक्ष्मणछाड़ेबिशिखकराला ६२ देख्यसिआवतपबिसमबाना तुरतभयोखलअंतरद्धाना ६३ बिबिधिवेषधरिकैरैलड़ाई कबहुँकप्रगटकबहुँदुरिजाई ६४ देखिअजयरिपुडरपेकीशा परमक्रुद्धतबभयोअहीशा ६५ लक्ष्मणअसमनमंत्रदृढ़ावा यहिपापीमैंबहुतखेलावा ६६ सुमिरिकोशलाधीशप्रतापा शरसंधानकीनअतिदापा ६७ छाड़ाबाणतासुउरलागा मरतीबारकपटसबत्यागा ६८ दो० ॥ रामानुजकहिरामकहि असकहिछाड्यसिप्रान धन्यधन्यतवजननिकहँकहँअंगदहनुमान ६९ चौ० ॥ तासुमरणसुनिसुरगंधर्बा चढ़िबिमानआयेसुरसर्बा ७० बरषिसुमनदुन्दुभीबजावहिँ श्रीरघुबीरबिमलयशगावहिँ ७१ जयअनंतजयजगतअधारा तुमप्रभुसबदेवननिस्तारा ७२ अस्तुतिकरिसुरसिद्धसिधाये लक्ष्मणकृपासिंधुपहँआये ७३

मैं बहुतखेलावा है अब यहिको वधकरौं ( ६६ ) कोशलाधीश श्रीरामचन्द्र तिनको प्रताप मनमें सुमिरिकै धनुषमें राममंत्र योजित करिकै दापकही क्रोधकरिकै शरको संधानकीन है ( ६७ ) तब कालरूप बाण छांड़तभये हैं सो बाण मेघनादके उरमें लागतभयो है बाणके लागते मेघनाद पृथ्वीमें गिरतभयो है मरतीबार सबकपट छूटिगयोहै ( ६८ ) दोहार्थ॥ हे पार्वती रामानुज कहिकै रामकहिकै प्राणको त्यागकियो है देखिये तौ प्रथम लक्ष्मणजीकी शरणह्वैकै तब श्रीरामचन्द्रजीको प्राप्तिभयो है त्यहिकी बड़ाई अंगद हनुमान् करते हैं कि हे मेघनाद तेरी जननी को धन्यधन्य है ( ६९ ) त्यहिकर मरणकोई सुनिकै कोई देखिकै सुरजेहैं गंधर्बनके जातिजे हैं इत्यादिक बिमानपर चढ़िकैनभविषे आवतभये हैं ( ७० ) ते देवता फूलबर्षते हैं दुन्दुभी बजावते हैं श्रीरामचन्द्रकर विमलयश गावते हैं ( ७१ ) बहुरिजयजय शब्द करते हैं लक्ष्मण हे अनंत हे संपूर्ण जगत्के अधार तुम यहिको मारिकै सबदेवन को निस्तारकीन है ( ७२ ) हे पार्वती स्तुतिकरिकै देवता सिद्धसब अपने अपने आश्रमको जातभये तब लक्ष्मणजी कृपासिंधु श्रीरघुनाथजी के समीप आवतभये हैं ( ७३ ) सुतकरवध रावण सुनतसंते मूर्छित ह्वैकै पृथ्वीमें गिरि पर्यो है ( ७४ ) तहां मंदोदरी अतिभारी रोदनकरती है करते छातीपीटती हैं बहु भांतिते मेघनादकर प्रतापवल गुणकहिकहि बिलापकरती है ( ७५ ) अरु नगरके लोगसब व्याकुलह्वैकै शोचसंयुक्त कहते हैं कि दशकंधर बड़ापोच है ( ७६ ) दोहार्थ॥ तबरावण धीरजधरिकै मंदोदरी इत्यादिक रानिनको समुझावतहै हे रनिवासहु यहजोप्रपंचहै पृथ्वी अपतेज वायु आकाश तीनिउगुण इत्यादिक करिकै सबको शरीरहै देवदानव मनुष्य पशुपक्षी इत्यादिक चर तिनसबके शरीरनश्वर हैं नश्वरकही नाशहै सब प्रपंच अनित्यहैं त्यहिकर शोचकाहेको करना देखियेतौ चारिहुयुग होत

सुतबधसुनादशाननजबहीं मुर्छितभयउपरेउमहितबहीं ७४ मंदोदरीरुदनकरभारी उरताड़नबहुभाँतिपुकारी ७५ नगरलोगसबव्याकुलशोचा सकलकहहिँदशकंधरपोचा ७६ दो० ॥ तबलंकेशअनेकबिधिसमुझाईसबनारिनिश्वररूपप्रपंचसबदेखहुहृदयबिचारि ७७॥

चौ०॥ तिनहिँज्ञानउपदेशतरावन आपनमंदकथाशुभपावन १ परउपदेशकुशलबहुतेरे जोआचरहिँतेनरनघनेरे २ निशासिरानिभयोभिनुसारा

जाते हैं तिनकरिकै कल्पहोत हैं तिनविषे केते देवता ब्रह्माआदिक दशौंदिग्पाल आदिक अरु केते बलवान् अरु अस्मदादिक राक्षस दानव अरु केते नरराज चक्रवर्ती भये हैं अरु अहहिं अरु होहिंगे तिनसबके शरीर नाशमान हैं अरु जीवनित्य है ताते जो नित्य है त्यहि कर कवनशोच है जो नित्य है सो सर्बकालमें नित्यहै अरु जो अनित्य है सो

सर्बकालमें अनित्य है यह मैं वेदकरिकै अच्छीप्रकार जानतहौं ताते मोको हर्ष शोक नहीं आवै है तुमहूं न शोचकरहु काल्हिसे मेरासंग्राम देखहु ( ७७ ) इतिश्रीरामचरितमानसे-सकलकलिकलुषविध्वंसनेयुद्धकांडेमेघनादवधरावणशोचउपदेशवर्णनन्नामचतुर्दशस्तरंगः १४॥ :: :: ::

दोहा॥ कपिसुरसिद्धिअनन्दभये रावणसमरबखान रामचरणदशपंचमें घोरतरंगमजान १५॥ हे पार्बती तहां रावण रानिनको पूर्बज्ञान उपदेश करतभयो सो ज्ञानकीकथा तौ पावनपवित्रहै अरु रावणकी कर्त्तव्यमन्द है ( १ ) तहां पराये उपदेश करिबेको कुशलकही पण्डित बहुतहैं अरु जैसा कर्त्तव्य मन्दहै तैसे त्यहिआचरणको करते हैं ते नर जगत्में थोड़े हैं ( २ ) रात्री बीतिगई है भिनुसार भयो भालुकपि चारिउ द्वारे लागतभये जाइ ( ३ ) तब रावण सुभटको बोलाइकै कहतभयो है कि रणके सन्मुख जिसको मनडोलै कही नहीं चलै अरु जिसको मनडोलै सो सुनहु यह मैं कहतहौं ( ४ ) आगे ज्यहिको मनसमरते बिमुख होनाहोइ सो यहिसाइति भागिजाइ अरु समरते बिमुखभयेते भलानहीं है ( ५ ) अपने अपने भुजनकेबलते मैंबैरबढ़ायोहै रिपुजो चढ़िआवाहै त्यहिको उतरमैं देउंगो ( ६ ) असकहिकै पवनकेबेगको रथशीघ्र साजतभयोहै जामें हजार घोड़ेलगे हैं अरु अनेक जुझाऊबाजा बाजतभयेहैं ( ७ ) अगणित बीर बड़ेबलीसंग चलतभयेहैं जनु कज्जलकै आंधीचलीहै ( ८ ) त्यहि

लगेभालुकपिचारिउद्वारा ३ सुभटबोलाइदशाननबोला रणसनमुखजाकरमनडोला ४ सोअबहींबरुजाउपराई समरबिमुखनहिँभयेभलाई ५ निजभुजबलमैंबैरबढ़ावा देहौंउतरजोरिपुचलिआवा ६ असकहिमरुतबेगरथसाजा बाजेसकलजुझाऊबाजा ७ चलेबीरसबअतुलितबली जनुकज्जलकैआँधीचली ८ असगुनअमितहोहिँत्यहिकाला गनैनभुजबलगर्बबिशाला ९ छं० ॥ अतिगर्बगनैनसगुनअसगुनश्रवहिंआयुधहाथते भटगिरतरथतेबाजिगजचिक्करतभाजतसाथते १० गोमायुगीधकरारखररव श्वानरोवहिँअतिघने जनुकालदूतउलूकबोलहिं वचनपरमभयावने ११ दो०॥ ताहिंकिसम्पतिसगुन शुभसपन्यहुंमनबिश्राम

काल विषे रावण के चलतसंते अनेकअसगुन होते हैं पर अपने भुजनके बलकेगर्बते एकोअसगुन नहींगनतहै ( ९ ) छंदार्थ॥ हे पार्बती रावणसेना साजिकै श्रीरामचन्द्रके सन्मुख संग्रामको चलतभयोहै इहां सिंहावलोकन पदजानब तहां अनेक असगुनहोतेहैं पर रावण सगुन असगुन सो नहींगनैहै अरु आयुध हाथते गिरिगिरि परतेहैं अरु रस्ताविषे अटुकिअटुकि गिरिपरते हैं अरु बाहनते गिरिगरिपरतेहैं अरु घोड़े हाथी चिक्कार कै कैसाथते गढ़को भागिजातेहैं ( १० ) अरु गोमायु जेसियारहैं अरु गीधजे हैं अरु गदहाजे हैं अरु श्वानजेहैं इत्यादिक करारकही महाघोररव अमंगलमयशब्द बोलते हैं अरु उलूककही खूसट भयानक बचन बोलते हैं जनुकालके दूतहैं कालके समीप रावणको सहितसेना बोलावते हैं ( ११ ) दोहार्थ॥ हे गरुड़ ताहिकही त्यहिपुरुषको सम्पति सुख विश्राम अरु शुभगुण कबहूंहोइ न होइ जे श्रीरामचन्द्र ते विमुखहैं तिनको सर्बकालमें अमंगलैहै अरु भूतकही सर्वजीवकर द्रोहीरावण श्रीरामचन्द्रते विमुखमोहके वश कामनामें रति ताको कल्याण कैसे होइ न होइ ( १२ ) निशिचरनकी कटक अपारकही अनगनित चलतभई है चतुरंगिनीसेना अनीकी अनी झारिचली है चतुरंगिनी सेनाकही हाथी घोड़े रथ पैदर तहां एकसै हाथी हजारघोड़े दशहजार पैदर अरु पचहत्तरि रथ अरु यहिते अधिक जितनाहोइ सो सब चतुरंगिनीसेना कही तहां रावणके संग अपार चतुरंगिनी धारिकही सेनाचली है ( १३ ) यानकही रथ अथवा अनेकजातिके रथहैं ताते काहूको रथकही काहूको यानकही तहां विविधिप्रकारके बाहननपर चढ़े कितने हाथिनपरचढ़े कितने घोड़ेपरचढ़े कितने रथनपर चढ़े कितने खच्चरपरचढ़े कितने गदहापर चढ़े कितने सिंहपर चढ़े

भूतद्रोहरतमोहबशरामबिमुखरतिकाम १२ चौ० ॥ चलीनिशाचरकटकअपारा चतुरङ्गिनीअनीबहुधारा १३ बिबिधिभाँतिबाहनरथयाना बिपुलबरणपताकध्वजनाना १४ चलेमत्तगजयूथघनेरे प्राविटजलदमरुतजनुप्रेरे १५ बरणबरणबरदैत्यनिकाया समरशूरजानहिंबहुमाया १६ अतिविचित्रबाहनीबिराजे बीरबसंतसेनजनुसाजे १७ चलतकटकदिग्सिन्धुरडगहीं क्षुभितपयोधि कुधरडगमगहीं १८ उठीरेणुरबिगयोछपाई पवनथकितबसुधाअकुलाई १९ पणवनिशानघोररवबाजहिं महाप्रलयकेघनजनु

कितने सियारपरचढ़े कितने सर्पपरचढ़े कितने विच्छूपरचढ़े कितने गिरिगिटपर चढ़े इत्यादिक तामसीबाहन अनेक सो बड़े बड़े दीर्घ हैं अरुविपुलकही बहुतहैं (१४) अरु मत्तहाथिनके अनेकयूथ चलतभये हैं जनुप्राविटकही प्रथम वर्षा के मेघ पवनकी प्रेरणाते चलतभये हैं (१५) अरु बरण बरण कही अनेकरंगके बरकही श्रेष्ठ बीर निकायकही बहुत अरु अतिदीर्घ जिनके शरीरहैं ऐसे दैत्यहैं ते माया बहुत जानते हैं अरु समर विषे बहु सुखीरहे हैं (१६) बाहनी कही पृथक् पृथक् सेना सो अतिविचित्र विचित्र शोभित है जनु बंसत बीररसरूप राजाह्वैकै सेनासाजिकै चल्यो है शनीचरकै सेना सहाइलिहे है (१७) कटकचलतसंते चारिउदिशनके दिग्गज डगमगाते हैं अरु कुधरकही सम्पूर्ण पर्वत सुमेरु आदिक सातौद्वीपके ते डगमगाइरहे हैं अरु समुद्रके जल क्षुभितकही उछरत हैं (१८) रावणकी सेना चलतसंते रेणुउठी है त्यहिकरिकै रविछिपिगयो है अरु पवन थकितह्वइगयो है पृथ्वीअकुलाइउठी है (१९) पणवकही ढोलनिशान नगाराआदिक अनेकबाजनके घोरशब्द होतहैं मानहुँ महाप्रलयके मेघगर्जते हैं (२०) अरु भेरिनफीरी सहनाई इत्यादिक अनेकबाजा अनीके अनी बाजते हैं प्रतिबाजन विषे बीररस मारूराग निकसते हैं सोसुनिकै सुभटनके सुखआनन्द उमगतहै (२१) अरु जेतेबीरहैं ते सब सिंहनादकरते हैं अरु हर्षसंयुत आपन बल पौरुष उच्चारणकरते हैं (२२) तब रावण बीररस कर्षाबढ़ाइकै कहतहै हे सुभटहु सुनाहु भालु और कपिनके ठाटकेठाट मर्दिडारहु (२३) रावण कहतहै हे राक्षस बीरहु तुम बानर ऋच्छनको मारिमारि धूरिमें मिलाइदेहु अरु मैं द्वौभा इनको मारौंगो असकहिकै आगे फौज चलावतभयो है (२४) यह सुधि

गाजहिं २० भेरिनफीरबाजसहनाई मारुरागसुभटनसुखदाई २१ केहरिनादबीरसबकरहीं निजनिजबलपौरुषउच्चरहीं २२ कहैदशाननसुनहुंसुभट्टा मर्द्दहुभालुकपिनकेठट्टा २३ हौंमारिहौंभूपद्वौभाई असकहिसन्मुखफौजचलाई २४ यहसुधिसकलकपिनजबपाई धायेकरिरघुबीरदोहाई २५ छं०॥ धायेविशालकरालमर्कटभालुकालसमानते मानहुंसपक्षउड़ाहिभूधरवृन्दनानाबात ते २६ नखदशनशैलमहाद्रुमायुधसकलशंकनमानहीं जयरामरावणमत्तगजमृगराजसुयशबखानहीं २७ दो० ॥ दुहुंदिशिजयजयकारकरि निजनिजजोरीजानि भिरेबीरइतरघुपतिहि उतरावणहिंबखानि २८ चौ० ॥ रावणरथीबिरथरघुबीरा देखिविभीषणभयोअधीरा २९ अधिकप्रीतिमनभासन्देहा बन्दिचरणकहसहितसनेहा ३० नाथनरथअरुनहिंपदत्राना क्यहिबिधिजितब

भुजविषे दशधनुष चढ़ाइकै बाणनकी वर्षाकरत भयोहै बानर भालु जेतेभटरहे तिनसबको घायल करिदियो है ते भयकरिकै ब्याकुलभये हैं देखिये तौ इहां रावण अपने सखत्वभावको बुद्धि बल प्रताप देखावत है ( ९५ ) दोहार्थ॥ तब श्रीरामचन्द्र रावणके शीश भुज धनुष बाणसहित काटि डारते हैं सो अधिक बढ़त जाते हैं कैसे जैसे मूढ़ जेप्राणी हैं तिनके कर्मके जे पापमय हैं ते अनेक बढ़तजाते हैं ( ९६ ) रावणके शिर भुजनको बढ़ब देखिकै भालु कपिनको घनेरोकही रिसबहुत होतभई है ( ९७ ) भालु कीश अपने मनमें बिचार करते हैं देखिये तौ रावण के शीश भुज कटेचले जाते हैं ताहूपर नहीं मरत है यह समुझिकै कोपकरिकै बहुभालु कीश धावते भये हैं ( ९८ ) बालितनय जे अंगद अरु मारुत जे हनुमान् अरु नलनील द्विविद मयन्द अरु कपीश जे सुग्रीवहैं अरु पनस जे हैं इत्यादिक बीर अनेक जेबलके शीलकहीस्थानहैं ( ९९ ) एते सबबीर बिटप पर्वत लैलै रावणके ऊपर प्रहार करतेहैं रावण अपने बीसौ भजुनते गिरि अरु तरु अनेकन बीचैसे रोंकिकै सोई पर्वत वृक्ष लैकै भालु कपि जे बीर हैं तिनको मारिकै

प्रहस्त करिदेतहै रावण ऐसो त्रैलोक्य विजयी बीरहै श्रीरामचन्द्रको अपने सखत्वरसकै प्रबलता देखावतहै कैसे जानिये रावण सहित रावणके परिवार अरु सुग्रीव जामवन्त हनुमान् अंगद नलनील इत्यादिक इनके समाजते द्वौ श्रीरामचन्द्रकै परविभूतिके परमदिव्य पार्षदहैं तिनके संग श्रीरामचन्द्र नरनाथ रणक्रीड़ा करतेहैं राक्षस बानर जो आकारनाम है सो अध्यारोपण निमित्तमात्र जानब इत्यादिक सब परविभूतिविषे श्रीरामचन्द्रके नित्यसखा दासहैं ऐसेहीलीला श्रीरामचन्द्र परविभूतिविषे करते हैं तहांप्रमाणहै संहितनकर सम्मत भाषाग्रंथ जैमाल

नलनीला द्विविदकपीशपनसबलशीला ९९ बिटपमहीधरकरहिंप्रहारा सोइगिरितरुगहिकपिनसोमारा १०० एकनखनरिपु बपुषबिदारी भागिचलहिंयकलातनमारी १०१ तबनलनीलशिरनचढ़िगये नखनलिलारबिदारतभये १०२ रुधिरबलोकिसकोपिसुरारी तिनहिंगहनकोभुजापसारी १०३ गहिनजाहिंकरशिरपरफिरहीं जनुयुगमधुपकमलबनचरहीं १०४ कोपिकूदि द्वौधरय्यसिबहोरी महिपटकतभजेभुजामरोरी १०५ पुनिसकोपिदशधनुकरलीन्हे शरनमारिघायलकपिकीन्हे १०६ हनुमदादि

संग्रहविषे अरु श्रीगोसाईंकै ॥ चौपाई ॥ हनुमदादिसबबानरबीरा धरेमनोहरमनुजशरीरा॥ तहां येसब फेरिबानर ऋच्छरूप नहीं भये हैं जोपर विभूतिविषे रहै सोईस्वरूप रहेहैं अरु बानराकार जे देवतनके अंश अपने कार्यहेतु तिनविषे प्राप्तिरहै ते अपने स्वरूपविषे प्राप्तिभयेजाइ जेविवेकीजन होहिंगे ते अपनी बुद्धिको सावधान करिकै यहि अर्थको समुझेंगे ( १०० ) एकनकही हजारन बानर रिपु जो रावण त्यहिको शरीर नखन से विदारिकै भागिजाते हैं अरु एकन आकाशविषे कूदिकै लातन मारिकै भागिजाते हैं ( १०१ ) तब नलनील रावणके शिरनपर चढ़िगये नखन ते ललाट विदारत भये हैं ( १०२ ) तब सुरारि जो रावणहै सो अपने ललाटसे रुधिर बहत देखत भयो है तब कोपकरिकै बीसौभुजा उठाइकै नलनील को धरै लाग्यउ है ( १०३ ) तहां नलनील रावणके भुजनते गहेनहीं जाते शीश अरु भुजनपर फिरते हैं जनु दुइ मधुकर कमल के बनबिषे बिचरते हैं ( १०४ ) तब रावण कोपिकै नलनीलको बहोरिकै धरतभयो महिबिषे पटकतभयो पटकतसंते नलनील रावणकी भुजा मरोरिकै भागिजातेभये ( १०५ ) पुनि क्रोधकरिकै रावण दशधनुषमें बाणसन्धानिकै बाणनते मारिकै सम्पूर्ण कपिबीरनको घायन करिदियो है ( १०६ ) हनुमानादिक जे बीरहैं तिनको मूर्च्छित करिदियो है तब प्रदोष कही सन्ध्याकाल पाइकै रावणको हर्षभयो है ( १०७ ) तब सब कपिबीरनको मूर्च्छित देखिकै जामवन्त रणकेधीर ते धाये हैं ( १०८ ) अरु जामवन्तके संगबिषे भालु अनेकनबीर तरु पर्वत लैलै धाये हैं रावणके ऊपर प्रचारि २ प्रहार करते हैं ( १०९ ) तब रावण महाबलवान् अतिक्रोधित ह्वइकै नानाप्रकारके भटनके पदगहिगहि पृथ्वीमें पटकिदेतहै ( ११० ) पुनि

मुर्छितकरिबंदर पाइप्रदोषहर्षदशकंधर १०७ मुर्छितदेखिसकलकपिबीरा जामवंतधायेरणधीरा १०८ संगभालुभूधरतनुधारी मारनलगेप्रचारिप्रचारी १०९ भयेक्रुद्धदारुणबलवाना गहिपदमहिपटकैभटनाना ११० देखिभालुपतिनिजदलघाता कोपिमाँझउरमारय्उलाता १११ छं० ॥ मुर्छितबिलोकिबहोरिपदहति- उरलातघातप्रचंडलागतबिकलरथतेमहिपरा गहिभालुबीसहुकरमनहुंकमलनबसेनिशिमधुकरा ११२ मुर्छितबिलोकिबहोरिपदहति- भालुपतिपहँसोगयो निशिजानिस्यंदनघालित्यहितबसूतयतनकरतभयो ११३ दो० ॥ गइमुर्छातबभालुकपिसबआयेप्रभुपास सकलनिशाचर- रावणहिंघेरिरहेअतित्रास ११४॥ * * * * * * * * * * * * * *

भालुपति जे अपने दलहैं तिनको बिचलत घातकही मरत देखिकै जामवन्त क्रोधकरिकै कूदिकै रावणकी छातीबिषे लातमारत भयो है ( १११ ) छन्दार्थ॥ हे पार्वती जामवन्तकी लात रावणकी छातीबिषे महाबज्र समान लागतसंते रथते गिरिपरयउहै बीसौ भुजनबिषे बीस भालुबीर धरिलियोहै सो कैसे शोभितहैं जनु सन्ध्याकालबिषे कमल संपुटभयो है अर्द्धशरीर मधुकरनके फँसिरहे अर्द्ध खुले हैं ऐसे शोभित हैं ( ११२ ) रावण को मूर्च्छित देखिकै पुनि एकलात मारिकै जामवन्त श्रीरामचन्द्रके समीपजातभये तब रात्रिजानिकै अरु रावणको मूर्च्छित जानिकै रथपर घालि कही चढ़ाइकै सूतयत्न करतभयो है यत्नकही लंकाको लैगयो है ( ११३ ) दोहार्थ॥ तहां राक्षसनकी मूर्च्छा जागतभईहै तब सब श्रीरामचन्द्रके समीप जातभये हैं अरु रावणको सब निशाचर घेरिरहे हैं अतित्रास करिकै त्रास उतै रावणका उतै बानरनकी ( ११४ ) इतिश्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषबिध्वंसनेयुद्धकाण्डेबानरभालुरावणयुद्धवर्णनन्नामएकोनबिंशस्तरंगः १९॥ :: :: :: ::

दोहा॥ सीयशोचरावणसमरबीसतरंगवखानि रामचरणरघुबीरबलप्रबलभालुकपिजानि २०॥ तेही निशि त्रिजटानाम राक्षसी परमबैष्णवी सो श्रीजानकीजीके समीप जातिभई है सम्पूर्ण राम रावणके युद्धकीकथा सुनावति भईहै ( १ ) तब रावणके शिर भुज बाढ़बकीकथा सुनिकै श्रीजानकीजीके उरबिषे अतित्रास भई है ( २ ) बदनमलीनहै उरबिषे चिंता कही चिंतवन संयुक्त नाट्यलीला शोकमय बचन श्रीजानकीजी त्रिजटा से बोलतभाई हैं ( ३ ) श्रीजानकीजी त्रिजटासे बोलती हैं माताकही अतिप्रीतिको हे माता आगेका होइगो यह बिश्वद्रोही रावण कैसे मरैगो ( ४ )

**चौ० ॥ त्यहिनिशिसोसीतापहँजाई त्रिजटाकहिसबकथासुनाई १ शिरभुजबाढ़िसुनेरिपुकेरी सीताउरभइत्रासघनेरी २ मुखमलीनउपजीमनचिन्ता त्रिजटासनबोलीतबसीता ३ होइहिकाहकहसिकिनमाता क्यहिबिधिमरिहिबिश्वदुखदाता ४ रघुपतिशरशिरकट्यहुनमरई बिधिबिपरीतचरितसबकरई ५ मोरअभागजियावतवोही जेइँमोहिंहरिपदकमलबिछोही ६ ज्यइँकृतकनककपटमृगझूठा अजहुँदैवसोम्वहिंपररूठा ७ ज्यइँबिधिम्वहिंदुख-दुसहसहावा लक्ष्मणकहँकटुबचनकहावा ८ रघुपतिबिरहसविषशरभारी तकितकिमोहिंबारबहुमारी ९ ऐसेहुदुखजोराखुममप्राना सोइबिधातजियावनआना १० बहुबिधिकरतबिलापजानकी**

देखिये तौ श्रीरामचन्द्र के बाणनके मारेते शीश कटेजाते हैं ताहूपर रावण नहींमरै है बिधि जो बिधाता सो यह बिपरीत चरित करत है ( ५ ) इहां श्रीजानकीजी त्रिजटासे निपटप्राकृत बाणी बोलती हैं हे त्रिजटामोरि अभाग्य सो रावणको जियावतिहै ज्यइँमोरि अभाग्य श्रीरघुनाथके पदकंजसे बिछोहकीन है ( ६ ) ज्यइँमोरि अभाग्य कनककर मृगझूठा तिनमें प्रतीति करायोहै अजहूं जो मेरी अभाग्यकर प्रेरकदेवहै सो मोपर रूठा है ( ७ ) जो बिधाता मोकोदुःसह दुःख सहावतहै अरु लक्ष्मणजीको कटुबचन कहावाहै ( ८ ) तहां रघुनाथजीको बिरह सोई सविष तीक्ष्ण बाण है तेहीते मोरि अभाग्य मोको खैंचि खैंचि बारबार मारति है ( ९ ) ऐसेहु दुःख बिषे जो मोरप्राण राखत है सोई विधाता त्यहि रावणको जियावतहै आनिबात नहीं है ( १० ) हे गरुड़ श्रीजानकीजी बहुत प्रकारते श्रीरामचन्द्रको सुमिरि सुमिरि बिलाप करती हैं ( ११ ) तबत्रिजटा कहतीहै हे राजकुमारि जब रावणके हृदयमें बाणलागै तब मरैगो ( १२ ) ताते श्रीरामचन्द्र रावणके हृदयमें बाण नहीं मारते हैं काहेते श्रीरामचन्द्रजी जाना कि यहिके हृदय ध्यानमें श्रीजानकीजी बसती हैं ( १३ ) छंदार्थ॥ रघुनाथजी यहबिचार करते हैं किरावणके हृदयमें श्रीजानकीजी बसती हैं जानकीजीके हृदयमें मैं बसतहौं अरु मेरे हृदयमें सम्पूर्ण चराचर बसते हैं तहां रावणके हृदयमें मैं बाण जो मारौं तौ ब्रह्मांडभरेको नाशह्वइ जाइगो ताते नहीं मारते हैं ( १४ ) त्रिजटाके यहबचन सुनिकै श्रीजानकीजी के हर्ष शोक उत्पन्नभयोहै अपने ध्यानको हर्ष अरु ऐसे हैं तब रावण काहेको मरैगो यह शोचभयो है श्रीजानकीजीको हर्षविषाद देखिकै पुनि त्रिजटा कहतीहै हे सुन्दरि महासंशयको त्यागिदेहु अबरावण यहिविधि

करिकरिसुरतिकृपानिधानकी ११ कहत्रिजटासुनुराजकुमारी उरशरलागतमरिहिसुरारी १२ तातेप्रभुउरहतैंन तेही यहिकेहृदयबसतिबैदेही १३ छं० ॥ यहिकेहृदयबसजानकीउरजानकीममबासहै ममउदरभुवनअनेकलागतबाणसबकरनासहै १४ सुनिबचनबिरहविषादमन-अतिदेखिपुनित्रिजटाकहा अबमरिहिरिपुयहिबिधिसुनहुसुंदरितजहुसंशयमहा १५ दो० ॥ काटतशिरहोइहिबिकलछूटिजाहितबध्यान तबरावणकेहृदयमहँमरिहैंकृपानिधान १६ चौ० ॥ असकहिबहुतभाँतिसमुझाई पुनित्रिजटानिजभवनसिधाई १७ रामसुभावसुमिरिबैदेही-उपजीहृदयब्यथाअतितेही १८ निशिहिशशिहिनिंदतिबहुभाँती युगसम

तेमरैंगो ( १५ ) दोहार्थ॥ हे सुन्दरि रावणकर शिर बारबार काटतसन्ते रावणकर मन जब विकल ह्वैजाइगो तब तुम्हार ध्यान छूटिजायगो तब त्यहिके हृदयमें श्रीरामचन्द्र बाणमारहिंगे यह त्रिजटा अपनी उक्तिसेकहिकै श्रीजानकीजीको सम्बोधन कीनहैं ( १६ ) असकहिकै बहुत भाँतिते समुझाइकै निजभवनको त्रिजटा जातभई ( १७ ) तब श्रीजानकीजी श्रीरामचन्द्रको स्वभाव समुझिकै अतिव्यथाको प्राप्तिभई हैं श्रीरामचन्द्रको कृपालु दयालु स्वभाव है जो कदाचित् याकृपाकरिकै रावणको ब्राह्मणबंश जानिकै न बधहिंगे मोहिं आदिक ब्रह्माण्डभरि दुःखीरहहिंगे किन्तु ऐसो स्वभावहै अपने जनकोदुःख अरु मोर दुःख कबहूं क्षणहुभरि नहींसहिसके हैं अब कोजाने धौं कादेरी करतेहैं ( १८ ) तहां हे पार्वती श्रीजानकीजी श्रीरघुनाथजी के विरहमें विकलह्वैकै निशि अरु शशिकर निन्दा करती हैं यहां निशि न होइ अग्निको समूह धूमहै अरु यह चन्द्रमा नहींहोइ अग्निकै राशिहोइ तेहीको ऐसेकहत रात्री नहींबीतै युगके समान रात्रिहोत भईहै बीतति नहीं है ( १९ ) अपने मनमें भारी बिलाप करतीहैं श्रीरघुनाथजी के विरहमें दुःखित हैं ( २० ) जब भारी विरह करिकै दाह उरबिषे भयो हैं तब तेहीक्षणबिषे मंगलमय बामनेत्र भुजा फरकतभये हैं ( २१ ) तब श्रीजानकीजी सगुन विचारिकै धीर्य्य धरिकै कहती हैं अब अवश्य श्रीरघुनाथजी मिलैंगे ( २२ ) हे पार्वती इहां अर्द्धरात्रि प्राप्ति भईरावणकी मूर्च्छाजागत भईहै तब निजसारथीसन खीझतकही रिसात भयो है ( २३ ) हे शठ तैं मोसे रणभूमि छँड़ायदिहे अच्छाकाम नहीं किहे है रिसातभयो है अधम मन्दमति तोको धिग् धिग् है ( २४ ) सो सूत रावणको पदगहिकै समुझावत भयो है हेनाथ रणविषे आपु बिकल ह्वइकै

भई सिरातनराती १९ करतबिलापमनहिंमनभारी रामबिरहजानकीदुखारी २० जबअतिभयोबिरहउरदाहू फरक्यउबामनयन अरुबाहू २१ सगुनबिचारिधरेउमनधीरा अबमिलिहैंकृपालुरघुबीरा २२ इहाँअर्द्धनिशिरावणजागा निजसारथिसनखीजन लागा २३ शठरणभूमिछँड़ायोमोहीं धृगधृगअधममंदमतितोहीं २४ त्यइँपदगहिबहुबिधिसमुझावा भोरभयेरथपुनिचढ़िआवा २५ सुनिआगमनदशाननकेरा कपिदलखरभरभयोघनेरा २६ जहँतहँभूधरबिटपउपारी धायेकटकटाइभटभारी २७ छं० ॥ धायेजोमर्कटबिकटभालुकरालकरभूधरधरा अतिकोपिकरहिंप्रहारमारत-भजिचलेरजनीचरा २८ बिचलाइदलबल-

मूर्च्छित रथते पृथ्वीमें गिरिपरयउ अरु बानरनकी सेना अतिप्रबल आवत जानिकै आपुको रथपर चढ़ाइकै मैं लंकाको लैआयो हैं यह मेरो धर्म है ऐसे कहत भोरभयो है तब रावण सूतको आज्ञादीन कि रणभूमिविषे तैं शीघ्र रथहांकु तब तुरंत रथ हांकिकै रणभूमिविषे प्राप्तिभयो आइ ( २५ ) यह सुना कि रावण रणभूमिविषे फेरि प्राप्तिभयो है आइ तब बानर राक्षसन के दलविषे अति खरभर परयो है ( २६ ) तब बानर ऋच्छ सबकी सेना जहांतहांते पर्वत तरु उखारिकै लैलै कटकटाइकै धावते हैं ( २७ ) छन्दार्थ॥

तब रावणकेऊपर कोटिभालु मर्कट बिकटभटतरुभूधरलैलै अतिकोप करिकै धावतभये हैं निशिचरके दलको मारिकै बिचलाइ दीनहै ( २८ ) तहांऋच्छन अरु कीशनरावणको दल बिचलाइदीनहै तहां रावणभूमिते नहीं चल्यो है ताको बानरन ऋच्छन घेरिलियो है चहूंदशिते रावणको चपेटनकही धक्कन अरु नखन दांतन बिदारिकै व्याकुल करिदियो है ( २९ ) दोहार्थ ॥ तब रावण अपने मनमें बिचारकीन कि बानर प्रबलहैं तब अंतर्द्धान ह्वइकै एक निमिषमात्रमें अपनीमाया विस्तार करतभयो है ( ३० ) लीलाछन्दार्थ॥ हे पार्वती जव रावण अपनी राक्षसीमायाको पाखण्डकीनहै तबअनेकन तामसी जंतुजे जीवहैं ते उत्पन्न होतभयेहैं प्रचण्ड प्रचण्ड जंतु संपूर्ण जेहैं ते सब भूतनकी जातिहैं काहेते कि चारिवर्णकी सृष्टि विधातैं कीनहै मुख्यब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र इति मध्यम नीचलघु ऐसेही देव दानव मनुष्य चर अचर सबकेविषे चारिबर्ण हैं तहां देखिये तौ रावण ऐसो प्रतापी वली ज्यहिकी आज्ञानुकूल ब्रह्माकीसृष्टि भरिरहीहै त्यहिकी ऐसी प्रबलमाया कस न होइ देखियेतौ त्यहिकी मायाने लक्ष्मणहनुमान् कपीशादिक को विमोहित करिदियोहै त्यहि रावणकी माया

वंतकीसनघेरिपुनिरावणलियो चहुँदिशिचपेटनमारिनखनबिदारितनव्याकुलकियो २९ दो० ॥ देखिमहामर्कटप्रबलरावण कीनबिचार अंतरहितहोइनिमिषमहंकरिमायाबिस्तार ३० लीलाछं० ॥ जबकीनत्यइँपाखंड भयप्रकटजंतुप्रचंड बैतालभूत पिशाच करधरेधनुषनराच ३१ योगिनिगहेकरबाल यकहाथमनुजकपाल करिसद्यश्रोणितपान नाचहिंकरहिंबहुगान ३२ धरुमारुबोलहिंघोर रहिपूरिधुनिचहुँओर मुखबाइधावहिंखाइ तबलगेकीशपराइ ३३ जहँजाहिंमर्कटभागि तहँबरतदेखहिं आगि भयबिकलबानरभालु पुनिलगेबरषनबालु ३४ जहँतहँथकितकरिकीश गर्जेउबहुरिदशशीश लक्ष्मणकपीशसमेत भय

विषे वैताल भूत पिशाच इत्यादिक अनेकन उत्पन्नभये हैं अरु ते सबधनुषबाण धारणकिहे हैं ( ३१ ) अरु योगिनी जेहैं ते करबाल कही खड्ग लिहे हैं अरु हाथबिषे मनुजनकर कपाल लिहे हैं त्यहिविषे सद्यकही तुरंतके लोहूभरे पानकरती हैं अरु नाचती हैं बहुतप्रकार से गानकरती हैं ( ३२ ) अरु धरुधरु मारुमारु यह घोरशब्द सबदिशनविषे पूरिरह्यो है अरु मुखबाइ खाउखाउ करिकै धावती हैं एसेही अनेकन अति दीर्घ शरीर दीर्घशब्द देखिकै सुनिकै बानरनकी सेनाभागत भईहै ( ३३ ) जहां जहां मर्कट भालु भागिजाते हैं पिशाचके मुखते अरु स्वाभाविक तहांतहां अग्निकी ज्वाला बरत देखते हैं यहिप्रकारते बानर भालुन को बिकलकरिकै पुनि आकाशविषे जाइकै बालूबर्षते है ( ३४ ) जहां तहां कीश भालुनको थकित कैकै पुनिगर्जत भयोहै लक्ष्मण अरु हनुमान् कपीश समेत इत्यादिक बीरअचेत ह्वइगये है ( ३५ ) हे पार्वती बानर ऋच्छ जो महामहा बीर हैं सबते बिकल ह्वइकै पुकारते हैं अरु क्लेशते हा राम हा रघुनाथ ऐसे कहिकै हाथ मींजते हैं कि हमारे प्राण उबारहु हे कृपालु यहि प्रकारते रावण सबकर बलतोरिकै फिरिकै अनेक कपटकै प्रबलतादेखावत है ( ३६ ) देखिये तौरावणकी मायाकी प्रबलता अनेकन हनुमान् प्रकट करतभयो है ते हनुमान् सब पहार तरु अनेकन लैलै श्रीरामचन्द्रके मारबेको धावतभये तीन यूथ यूथ बनाइकै श्रीरामचन्द्र को घेरि लियो है ( ३७ ) हनुमान्जी के सबरूप यह कहते हैं रघुनाथजीको मारहु मारहु धरहु धरहु भागि न जाइ अरु पूंछ उठाइकै कटकटायकही क्रोधकरिकै किलकार करते हैं गर्जते हैं दशौ दिशाबिषे हनुमान्के लंगूरनकी शोभा बिराजिरही परिपूर्ण आठौदिशा एक ऊर्ध्व अरु एक अध

सकलबीरअचेत ३५ हारामहारघुनाथ कहिसुभटमींजहिंहाथ यहिबिधिसकलबलतोरि त्यइँकीनकपटबहोरि ३६ प्रकट्यसि बिपुलहनुमान धायेगहेपाषान तिनरामघेरेजाइ चहुँदिशिलँगूरबनाइ ३७ मारहुधरहुजनिजाय कटकटैपूंछउठाय दशदिशि लँगूरबिराज त्यहिमध्यकोशलराज

**३८ हरिगीतछं० ॥ त्यहिमध्यकोशलराजसुन्दरश्यामतनशोभालही जनुइन्द्रधनुषअनेककी वरबारितुंगतमालही ३९ प्रभुदेखिहर्षिबिषादउर-सुरवदतजयजयजयकरी रघुबीरएकहितीरकोपिनिमेषमहँमायाहरी ४० माया**

अरु तिनके मध्यबिषे कोशलराज बिराजमान हैं ( ३८ ) छन्दार्थ॥ हनुमान्जीकी लूमैं मण्डपइव छाइरहीहैं त्यहि मध्यबिषे कोशलराज बिराजमानहैं त्यहिकी उपमा गोसाईंजी कहते हैं जनु एक नवीन तमाल तरुहै त्यहिबिषे जो इन्द्रको धनुष उदयहोतहै त्यहि अनेकनकै बारीकही रूधवाही बनी हैं ( ३९ ) तब प्रभु यह लीला देखिकै सुर जे देवता हैं ते देखिकै हर्ष बिषाद संयुक्त जयजयकार करते हैं हर्षकाहै कुम्भकर्ण मेघनाद को बध अरु शोक का है कि अकेल रावण एती आश्चर्यमाया करतहै किन्तु हर्ष यह भयो कि एक हनुमान्जी रावणको मान-मर्दन करतभये हैं अब अनेक हनुमान् हैं अरु शोक का भयो शोक यह भयो कि हनुमान् जी अनेकरूप ह्वइकै श्रीरामचन्द्रको घेरिलिये हैं यह आश्चर्य देखिकै शोच करतेहैं तब रघुबीरजीने हँसिकै रावणकी प्रबल अविद्या मनमें सराहिकै एकबाण प्रबल तरकसते निकासिकै रावणकी राक्षसीविद्या सम्पूर्ण नाश करिदीन है देखिये तौ रावणकी ऐसी प्रबल अविद्याको अनेकन हनुमान्प्रकटकीनहै ज्यइँ एकहनुमान् लंका विध्वंसकीनहै अरु एकअंगद रावण को मान मर्दन करिडारयउ है तहां रावण ऐसोप्रताप इहां कियोहै तैसो प्रथम क्यों न जनायो तहां अभिप्रायहै कि श्रीरामचन्द्रकी इच्छा रावण विचारयउ है अथवा यह विचारिकै प्रभुता नहीं देखायो है कि ये दूनौं बानर अपनी प्रभुता कहैंगे मेरीलघुता कहैंगे सो सुनिकै रघुनाथजी मेरे संग्रामहेतु शीघ्र आवहिंगे अरु रावण इनको कछु गनैनहीं तिनके आगे अपनो प्रताप का देखावे काहेते श्रीरघुनाथजी के सखनकेविषे यूथपहै प्रतापीनामे सखा है ( ४० ) तब बानर ऋच्छ मायाते विगतभये अरु एक निज हनुमान् रहिगयेहैं तब अति हर्षित विटप पर्वत लैलै रावणके ऊपर फिरि धावते भये हैं अरु श्रीरामचन्द्र रावणके ऊपर अनेक बाण मारिकै शिर भुज काटिकै महिविषे गिराइदियेहैं ( ४१ ) हे पार्वती श्रीराम रावणके समरके चरित्र जो शेष शतरूप धरिकै एक एक रूपविषे दूनी दूनी रसना त्यहिकरिकै जो गानकरहिं अरु शारदा शतरूप धरिकै द्वौमिलिकै

**बिगतकपिभालुहरषे बिटपगिरिगहिसबफिरे शरनिकरछांड़ेरामरावणबाहुशिरपुनिमहिगिरे ४१ श्रीरामरावणसमरचरितअनेककल्पजोगावहीं शतशेषशारदनिगमआगम तदपिपारनपावहीं ४२ दो० ॥ कहेतासुगुणगणकछुकजडममतितुलसीदासनिजपौरुयअनुसार जिमिमशकउड़ाहिंअकास ४३ काटेशिरभुजबारबहुमरतनभटलंकेश प्रभुकीड़ितमुनिसिद्धसुख्याकुलदेखिकलेश ४४॥**

अरु वेद शास्त्रते अनेक कल्पताईं गानकरहिं तदपि पारको न पावैं तहां राम रावणके युद्धके समान काहूकल्प युगविषे न भयो है न होइगो देव दानव मनुष्य आदिक विषे इहां अन्योन्यालंकार है राम रावण के युद्धके समान राम रावणही को युद्धहै आकाशके समान आकाशै है अरु समुद्रकी उपमा समुद्रै है तैसे राम रावणके युद्धके समान राम रापणहीको युद्धहै प्रमाण श्लोक एक॥ गगनंगगनाकारंसागरंसागरोपमं रामरावणयोर्युद्धंरामरावणयोरिव ( ४२ ) दोहार्थ ॥ राम रावणकर समर यशअति अपार सो कछुक कहाउँ काहेते मैं जो तुलसीदास हौं मतिकरजड़ सो कहांतक कहौं जैसे मसा अपने पौरुषभरि आकाश विषे उड़ै है पारनहीं पावैहै गोसाईं ने अपनी मतिको जड़ क्यों कहाहै यहरीतिसे जैसे कोई समुद्र थाह लेबेको प्रवेशकरै सो कैसे थाहपावै ताते अज्ञान है तैसे मैं हौं किन्तु नीचानुसन्धान जानब ( ४३ ) पुनि श्रीरामचन्द्र रावणकेशिर भुज काटिकै डारेहैं तहां अनेकन बनिजाते हैं ऐसे अनेकबार काटे हैं रावण नहीं मरै है यह श्रीराम रघुनाथजीकै रणक्रीड़ा कलेश देखिकै देवता सिद्ध मुनि अकुलाय उठेहैं ( ४४ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिलुषविध्वंसनेलंकाकाण्डेश्रीरामरावणसमरर्णनन्नामविंशस्तरंगः२०॥ :: :: ::

दोहा॥ विंशतिएकतरंगमेंरावणबधत्रैलोक भये अनन्दसुरसिद्धमुनिरामचरणगतशोक २१ हे गरुड़ रावणके शीश भुज जैसे जैसे श्रीरामचन्द्र काटतेहैं तैसे तैसे समुदाई होतजातेहैं जिमि प्रतिलाभ लोभबढ़तहै कैसेजैसे काहूके बासना उठीहै कि मोको दशरुपैया प्राप्तिहोइँ तौ मेरोकार्य सिद्धिहोइ तहां दैवयोगसे प्राप्तिभयो तब लोभकेबश बीसकी बासनाभई सोप्राप्तिभयो पुनि उसके दूनकी बासनाभई ऐसही हजारन लाखनकोटिनताईं बढ़तजातहै पुनि जैसेकोई छोटाआदमी प्रारब्धकेबश राजाभयो राजाते इन्द्रकी बासना इन्द्रते ब्रह्माकी बासनाभई ब्रह्माते परमेश्वर की बासनाभई ऐसही लाभ प्रतिलोभ बढ़तजातहै संतोषनहींहोतहै लोभवश लोभकही व्यवहार करिकै अरु दया परमार्थमें नहीं खर्चहोइ ( १ )

चौ० ॥ काटतबढ़तशीशसमुदाई जिमिप्रतिलाभलोभअधिकाई १ मरैनरिपुश्रमभयउविशेषा रामबिभीषणतनतबदेखा २ उमाकालमरुजाकीइच्छा सोप्रभुकरजनुप्रेमपरिच्छा ३ सुनुसर्बज्ञचराचरनायक प्रणतपालसुरमुनिसुखदायक ४ नाभी कुंडसुधाबशयाके नाथजियतरावणबलताके ५ सुनतबिभीषणबचनकृपाला हर्षिगहेकरबाणकराला ६ असगुनअमितहोन लगेनाना रोवहिंबहुश्रृगालखरश्वाना ७ बोलहिंखगजगआरतहेतू प्रकटभयेनभजहँतहँकेतू ८ दशदिशिदाहहोनतबलागा भयउ

तहां रावण मरैनहीं रघुनाथजीके शोचभयो तब बिभीषणकी दिशि देखतभये हैं कि रिपु काहे नहींमरै है ( २ ) हे पार्बती श्रीरामचन्द्र इच्छाकरहिं तौ महाकालको नाशह्वैजाइ ते प्रभुजन जो बिभीषण हैं तिनके प्रेमकै परीक्षा करते हैं अपने जनको आदरदेते हैं पुनि यह धुनि है कि श्रीरामचन्द्र कहा मैं अपने निजजन जे प्रेमी हैं तिनहींते बूझि बूझि उनके मनके अनुकूल सबलीला करतहौं इच्छापर इच्छा करतेहैं ऐसे भक्तबत्सल हैं ( ३ ) तब बिभीषण कहतेहैं हे प्रभु सर्बज्ञ अंतर्यामी चराचरके नायक आपुकी आज्ञाते ब्रह्मा उत्पत्ति करते हैं विष्णु पालन करते हैं रुद्रसंहार करते हैं तुम मोको पूछते हौ सो आपुकी आज्ञाते कहतहौं ( ४ ) हे महाराज आपुतौ सब जानतेहौ रावण के भी स्थानविशे अमृतकुण्डहै हे नाथ ताहीते रावण जियतहै नहीं मरै है ( ५ ) तब बिभीषणके बचनसुनिकै श्रीरामचन्द्र महाकराल अग्निबाणही हर्षकै करमें लेतभये हैं ( ६ ) तबं अनेक असगुन होनेलगे अनेकन सियार खर श्वान रोवनेलगे हैं ( ७ ) अरु तामसी पक्षी जे हैं ते बोलते हैं जगत्के जीवनको रावण करिकै आरतकही पीड़ित जानिकै अपनी बोलीमें यह जनावते हैं कि अब रावणकर बधकरकाल प्राप्तिभयो आजुतुम सुखीहोहुगे अरु नभविषे अनेक राहु केतु प्रकटभये हैं ( ८ ) दशौदिशाते अग्निकीज्वाला उठीहै जनुदावा लगेउ है जनु मकरके सूर्य बिनाप्रयागविशे पर्बयोग परेउ है हल्लाह्वइ रहेउ है तहां बिनापर्बकै पर्बपरे तौ अमंगलहोत है तैसे ये असगुन रावणपर होत हैं किन्तु बिनापर्ब जो पर्बहोइ तहां सो त्यहिकाल दूनमंगलहै तैसे रावणके मरणकालमें असगुनहोते हैं सो असगुन देव मुनि आदिक संपूर्ण जगत्को मंगल है अरु रावणको महामंगल है ( ९ ) अरु मंदोदरीको हृदय अतिकंपित भयोहै अरु रावण के इष्टदेवता तिनके प्रतिमाके नेत्रनसे जलबहते हैं अरु जेहि राजाके राज्यमें कोई देवताकी प्रतिमाके नेत्रन

पर्व्वबिनुरबिउपरागा ९ मंदोदरिउरकंपितभारी प्रतिमाश्रवहिंनयनभरिबारी १० छं० ॥ प्रतिमाश्रवहिंपविपातनभअतिबात बहुडोलतमही बर्षहिंबलाहकरुधिरकचरजअशुभतासककोकही ११ उत्पातअमितबिलोकिसुरमुनिबिकलकहिजयजयजये सुरसभयजानिकृपालुरघुपति-चापशरजोरतभये १२ दो० ॥ आकर्ष्यउधनुश्रवणलगिछांड़े शरयकतीश रघुनायकशायकचले मानहुँकालफणीश १३ चौ० ॥ शायककएकनाभिशरशोषा अपरलगेशिरभुजकरिरोषा १४ लैशिरबाहुचलेनाराचा शिर

से जलश्रवहिं सो राज्यको अमंगलहै ( १० ) छन्दार्थ॥ प्रतिमनके देहविषे पसीना श्रवते हैं अरु आकाशते पविकही पत्थर अरु बिजुली बज्र वर्षतहैं अरु अतितीक्ष्ण पवन उठेउ है अरु पृथ्वी हालनेलगीहै अरु बलाहक जे मेघहैं ते बार रुधिर रजवर्षते हैं तहां यहिकालकी अशुभताको कहिसकै जनु रावणके कर्त्तव्यकै अशुभता मर्त्तिमान्हीं ह्वैकै असगुन देखाइदेत है( ११ ) यह जो अमित उत्पात सो देखिकै अपने भ्रमते सुर मुनि बिकल होइकै जयजयकार करते हैं तब देवनको भयसंयुक्त जानिकै श्रीरामचन्द्र चापविषे शर जोरतभये हैं ( १२ ) दोहार्थ॥ तब धनुष श्रवणलगि आकर्षण कही खैंचिकै एकतीसबाण छोड़तभये हैं ते बाण कैसे चले हैं मानहुंकालके फणीशहैं फुंकरत चलेजाते हैं ( १३ ) तहां श्रीरघुनाथजी के बाण एकतीस चलेहैं ताको एकबाण रावणके हृदय नाभिकुण्डके अमृतजोहैताको शोषिलेत भयो अरु बीसबाण रोषकरिकै बीसौ भुजा को काटि डारे हैं अरु दशौबाण दशशीश काटिडारे है ( १४ ) तब नाराच जे बाण हैं ते शिर भुजकौ लैकै लंकाको चलेहैं अरु रावण शिरभुजते हीन रुण्ड पृथ्वी में नाचत है ( १५ ) तब रावणको शरीर रुण्ड पृथ्वी विषे प्रचण्डधावतहै त्यहिके भारते धरती धँसीजाती है तब श्रीरामचन्द्र एकबाणते काटिकै दुइखण्ड करिडारेहैं ( १६ ) रावण मरतसन्ते घोर शब्द करिकैगर्जत है यह कहिकै रावण प्राणको त्याग करत भयोहै कि रण विषे हतौं प्रचारिकै कहाँ रामचन्द्र देखिये तौ अन्तविषे रावण राम ऐसा शब्द उच्चारण कियो है अरु आगे तपस्वी कहतरहेउ है ( १७ ) दशकन्धरके गिरत सन्ते पृथ्वी हालत भई है सिन्धु जो है सो क्षुभित कही जलउछरतहै ऐसही नदी अरु चारिउ दिशाके दिग्गज अरु भूधर काँपिउठेहैं ( १८ ) तहां रावण द्वौ खण्ड बढ़ाइकै महिविषे परत भयो है अरु बीसौ हाथविषे अरु अपनी देहविषे अनेक बानर भालु धरिदाबिकै परेउ है ( १९ ) हे पार्वती मन्दोदरी के आगे रावणके भुज शीश धरिकै बानर रघुनाथजी केसमीप फिरिआये हैं ( २० ) तब तिन बाण तरकसमें प्रवेशकियो आइ

**भुजहीनरुण्डमहिनाचा १५ धरणिधँसैधरधावप्रचंडा तबप्रभुशरहतकृतयुगखंडा १६ गर्जेउमरतघोररवभारी कहाँरामरणहतौं प्रचारी १७ डोलीभूमिगिरतदशकंधर क्षुभितसिंधुसरिदिग्गजभूधर १८ परेउधरणिद्वौखंडबढ़ाई चापिभालुमर्कटसमुदाई १९ मंदोदरिआगेभुजशीशा धरिशरचलेजहाँजगदीशा २० प्रविशेसबनिषंगमहँआई देखिसुरनदुंदुभीबजाई २१ तासुतेजसमानप्रभु**

यह देखिकै देवता फूलवर्षते हैं दुन्दुभी बजावते हैं ( २१ ) त्यहि रावणको तेज जो आत्माकही जीव सो श्रीरामचन्द्रके आननबिषे प्रवेष करत भयो है यह चरित देखिकै शम्भु चतुरानन अतिहर्षित भये हैं यहबिचारिकै देखिये तौ ऐसो बिरोधी रावण त्यहिको अपने मुखमें प्रवेश करिलीनहै जो कोई कहै कि रावण रघुनाथजीमें संयुक्त शक्ति ह्वइगयोहै सो नजानब मुखविषे प्रवेशको अभिप्रायहै कि सारूप्यमुक्ति सखारूप ह्वइकै परबिभूतिको अंतर्द्धान कराइदीन है देखिये तौ कागभुशुंड श्रीरघुनाथजीके मुखमें प्रवेश करिगयोहै फेरि निकसिकै प्रत्यक्षभयो है पुनि दूसरार्थ करते हैं तासुतेजसमानप्रभुआनन त्यहि रावणकी आत्माको तेज प्रभुके आननके समान है इहां सामान्याधिकरण अभेदरूपकालंकार है तहां यह जीव श्रीरामचन्द्रकी मूर्त्तिका तेजहै शिखते नखलौं नित्य बिभूतिमेंनित्यजीव मुख मण्डलको तेजहै अरु मुक्त मुमुक्षुजीव बक्षःस्थलके तेज हैं अरु बद्धजीव को कटि जानुनी को तेज है तहां तत्त्वरूप एकही है तहां रामनामविषे रेफकी अकार नित्यजीव को रूप तेजोमय अरु मध्यकी अकार मुक्त मुमुक्षुहै मकारकी अकार बद्धहै तहां प्रमाणहै श्रीमन्महारामायणे। शिववाक्यंपार्वतींप्रति॥ रामरूपस्यतेजोयंजीवोवेदप्रभाषितं॥ अर्द्ध॥ रामस्यमण्डलस्यैवतेजोरूपवरानने ॥ कोटिकंदर्पशोभाढ्योरेफाकारोहिविद्धिच १ मध्याकारोमहारूपश्रीरामस्सैववक्षसः॥ अर्द्ध॥ मस्याकारोभवेद्रूपःश्रीरामकटिजानुनी ॥ अर्द्ध॥ नित्यकैवल्यमुक्तश्चमुमुक्षुर्वद्धपंचभिः॥ अकारोमध्यकैवल्यंमध्यमुक्तमुमुक्षणः २ मस्याकारोभवेद्बद्धोजीवतत्त्वसनातनः ॥ ईश्वरासौअणुर्नित्यंसच्चिदानंदमव्ययं ३ ॥ किंतुरावण कैवल्य बीर्यप्रताप सबकरतेज आननमें समानहै जैसे परशुरामको तेज प्रवेशभयो है याहीरीतिते कुम्भकर्णको जानब ( २२ ) देवता मुनि सिद्ध आदिकनकरिकै जयजय धुनि ब्रह्मांडविषे पूरिरही है जय श्रीरघुबीरकी कैसेहौ रघुबीर तुम्हार भुजबल अतिप्रचण्डहै महाकालको जीतिबेयोग्यहौ ( २३ ) तब देवता मुनि सिद्धादिक फूल बर्षते है अरुयहकहते हैं हे मुकुन्द

आनन हर्षेदेखिशंभुचतुरानन २२ जयजयधुनिपूरितब्रह्मण्डा जयरघुवीरप्रबलभुजदण्डा २३ बर्षहिंसुमनदेवमुनिवृन्दा जयकृपालुजयजयतिमुकुंदा २४ छं० ॥ जयकृपालुकुंदमुकुंदद्वंद्वहरणशरणसुखदाप्रभो खलदलबिदारणपरमकारणकारुणीकसदा बिभो २५ सुरसुमनबरषतसकल-हरषतबाजिदुंदुभिगहगही संग्रामआँगनरामअंगअनंगबहुशोभालही २६ शिरजटामुकुटप्रसूनबिच

मुक्तिकेदाता तुम्हारी जय तुम सदाजयमान्हौ कृपालु हौ हमारे सबके ऊपरकृपाकीनहै ( २४ ) छन्दार्थ॥ हे कृपाकंद मुकुंदद्वंद्वजो मैं तैं मोरतोर त्यहिकेहरै याहौ अरु अपने शरणागतके सबप्रकारके सुखदाताहौ हो प्रभो अरु संपूर्ण खलनके दलको बिदारण कर्त्ताहौ सबके प्रभुहौ अरु परम कारण संपूर्ण जगत्के कारण ताहूके तुम कारणहौ अरु कारुणीक करुणा के मर्यादहौ अरु सदा एकरस ऐश्वर्यमान् सामर्थ्यहौ ( २५ ) असकहिकै देवता फूल बर्षते हैं अरु सब हर्षते हैं गहगहकही गम्भीर दुन्दुभी बजावते हैं हे पार्वतीजी संग्राम भूमि जो आंगन है त्यहि मध्यविषे कोशलराज शोभित हैं अंगप्रति अनेक अनंग शोभालहत हैं ( २६ ) शिरविषे जटाके मुकुट बनेहैं बीच बीच फूल अतिमनोहर राजित हैं जनु नीलगिरि श्रृंगपर तड़ित घन समेत अनेक उड़गण भ्राजित हैं तहां रघुनाथजी को स्वरूप नीलमणि गिरि शीश श्रृंगपटकही घन सो जटा अग्रभाग तड़ित सुमन उड़गणहैं ( २७ ) भुजदण्डविषे शरकोदण्ड फेरते हैं अरु रुधिरके छीटकी कनी तनविषे बहुत शोभित हैं जनु तमालतरुपर अनेकन मुनिराय अपने परमसुखयुक्त विराजमानहैं ( २८ ) दोहार्थ॥ कृपादृष्टिकै वृष्टिकरिकै संपूर्ण देवताआदिक जीवनको अभयकरिकै सुखीकीन है अरु बानर भालु आनन्द संयुक्त कहते हैं हे मुकुन्द सुखकेधाम तुम्हारी जयहोइ जयहोइ हे पार्वती श्रीराम रावणको संग्राम ऐसो कौन्यउ कालविषे न भयो है न होइगो रावण त्रैलोक्य विजयी बीर है त्यहिको बधभयो है त्यहिकी सेना संग्रामकी संख्या कछु जनावते हैं जब ज्यहि संग्रामविषे दशहजार हाथी जूझैं अरु दशलक्षघोड़े जूझैं अरु डेढ़सौ महारथीजूझैं अरु दशकोटि पैदरजूझैं तब एक कबन्धकी संख्या है जो रणविषे विना शीशको नाचै तहां जो ऐसे कवन्ध कोटिन नृत्यकरैं तब त्यहिकर एक खेचर संख्या है खेचरकही देवता आकाशविषे एकदेवता बिनाशीशको नाचत है जब

बिच अतिमनोहरराजही जनुनीलगिरिपरतड़िपटलसमेतउड़गणभ्राजही २७ भुजदंडशरकोदंडफेरतरुधिरकनतनअतिबनेजनुराय मुनीतमालतरुपर बैठिबहुसुखआपने २८ दो० ॥ कृपादृष्टिकरिवृष्टिप्रभु अभयकियेसुरवृन्द हर्षेबानरभालुसबजयसुखधाममुकुंद २९

पतिभुजशिरदेखतमंदोदरि मुर्छितबिकलधरणिमहँखसिपरि १ युवतिवृन्दरोवतउठिधाई तेहिउठायरावणपहँल्याई २ पतिगतिदेखिसोकरइपुकारा छूटेचिकुरनदेहसंभारा ३ उरताड़नाकरहिबिधिनाना रोवतकरहिप्रतापबखाना ४ तवबलनाथ

यहीप्रकार कोटि खेचर नृत्यकरहिं तब श्रीरघुनाथजी के कोदण्डबिषे एकघंटा बाजहि तहां ऐसेही अनेक घंटाजे हैं तहां केवल श्रीराम रावणको समर सातदिन सातरात्रि भयोहै त्यहिविषे घंटाबाजते रहे हैं जैसे शालिग्रामकी पूजाविषे बाजत रहत हैं श्लोक॥ नागानामयुतंतुरंगनियुतंसार्द्धरथीनांशतं पत्तीनांदशकोटिकंरघुपतेकोदण्डघंटारवं ( २९ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसनेलंकाकाण्डेमहायुद्धरावणबधवर्णनन्नामएकबिंशस्तरंगः २१॥

दोहा॥ दुइअरुबीसतरंगमेंराज्यविभीषणसार रामचरणश्रीजानकी मिलनअनंदअपार २२ पतिकर शिर भुज देखिकै मन्दोदरी मूर्च्छित विकलह्वैकै पृथ्वीमें गिरिपरी है ( १ ) तब युवतीवृन्द जेरहीं ते रुदन करतसंते मन्दोदरीको उठाइकै रणभूमिविषे रावणके समीप ल्याईहैं ( २ ) पति कीगति देखिकै मन्दोदरी सहित सखिन पुकारि पुकारि रुदन

करती है चिकुरजेबार ते छूटिरहे हैं देहकी संभार नहींरहीहै ( ३ ) अरु हाथ छाती पीटती है अरु रावणको प्रताप गुण नानाप्रकारके कहि कहि रुदनकरती है ( ४ ) अग्नि शशि तरणि जे सूर्य हैं इनकेतेज हीनह्वइगये हैं ( ५ ) हे नाथ तुम्हारे बल शरीर कर्त्तव्यके प्रभाव भारको शेष कमठ नहीं सहिसक्ते हैं सो तन तुम्हार पृथ्वीविषे छारभरा परा है ( ६ ) अरु बरुण कुवेर इन्द्र पवन अग्नि इत्यादिक तुम्हारे रणसन्मुख काहूनहीं धीरधरयउ है ( ७ ) हे साईं तुम अपने भुजनके बलते यमराज अरु कालको जीतिलीन है अरु अब आप अनाथह्वइकै परयउ है तहां संदेह है कि कालकेबश तौ रावण भयोहै तहां जबते रावण जन्मलियो है तबते अरु जबते श्री रामचन्द्र बधिकै परमपदको पठायो है तबताईं रावणको कालदण्डनहीं भयो है कैसे जानिये रावण निरोग्य रह्यउ है अरु जरावस्था नहीं प्राप्ति

डोलनितधरणी तेजहीनपावकशशितरणी ५ शेषकमठसहिसकहिंनभारा सोतनभूमिपरयउभरिछारा ६ बरुणकुबेरसुरेश समीरा रणसनमुखधरिकाहुनधीरा ७ भुजबलजीतिकालयमसाईं अबरहेआपुअनाथकिनाईं ८ जगतबिदिततुम्हारिप्रभुताई सुतपरिजनबलबरणिनजाई ९ रामबिमुखअसहालतुम्हारा रहानकुलकोउरोवनहारा १० तववशबिधिप्रपंचसबनाथा सबदिशिपतिनितनावहिंमाथा ११ अबतवशिरभुजजंबुकखाहीं रामबिमुखयहअनुचितनाहीं १२ कालबिबशप्रभुकहानमाना अगजग

भई है अरु अन्तकालमें श्रीरामचन्द्रके स्वरूपको प्राप्तिभयोहै ताते कालको जीतिलियो है अरु कहूँ हमसुना है किरावण चौंसठि युगताईं राज्य कियो है ( ८ ) जगतविषे तुम्हारी प्रभुताई विदित है अरु तुम्हारे सुतप्रजनकेवल बर्णिबेयोग्य नहीं हैं ( ९ ) श्रीरामचन्द्रके विमुखसन्ते तुम्हार अस हाल है अब कुलविषे कोऊ रोवनहार नहीं रह्यउहैतहां जो कही किकुलमां कोऊरहवैनहीं कीनहै तौ अबहीं तौ विभीषणादिकलाखनहैं तहां हेनाथ तुमहीं ताईं रोउब रहा है काहेते तुम सबते विरोध करिकै सबजगतको रोवावत रह्यउहै अबकोऊ काहेको काहूते बैरकरिकै काहूको रोवावैगो काहेको कोई रोवैगो ( १० ) हेनाथ सम्पूर्ण जो ब्रह्माके प्रपञ्च विषे जेजीव चराचर हैं तेसब तुम्हारे बशरहे हैं अरु आठौ दिशा के पति तुम्हारे नित माथ नावते रहे हैं ( ११ ) अब तुम्हारे शिर भुजको सियार खाते हैंतहां श्रीरामचन्द्रते विमुख यह उचितहै अनुचित नहींहै ( १२ ) हेनाथ कालेबश ह्वइकै तुम काहूको कहा नहीं मान्योहै श्रीरामचन्द्र अनेक ब्रह्माण्ड चराचरके स्वामी तिनको तुम नरकरिकै जाना है त्यहिके फलको प्राप्ति भयउहै ( १३ ) छन्दार्थ॥ हेनाथ दनुज जेदानव राक्षस ते बन हैं त्यहिके दहन करिबेको श्रीरघुनाथजी अग्निहैं काहेते स्वयंहरि भगवान् हैं तिनको मनुज करिकै तुम जान्यउ है जिन श्री रामचन्द्रके चरणारविन्दविषे ब्रह्मादिक सुर सिद्ध नमतहैं ऐसे करुणासिन्धुको तुम न भजेहु ( १४ ) आजन्म कही जबते तुम जन्म्यउहै तबते पापकर ओघकही समूह करतेबीत्यउहै अद्यापि ताईं ताते तुम्हार शरीर पापमय ते श्रीरामचन्द्र तुमहूँ को निजधाम देतभयेहैं ऐसे जे श्रीरामचन्द्र ब्रह्मनिरामयषड्विकार रहिततिनके मैं नमस्कार करतीहौं ( १५ ) दोहार्थ॥ अहह अतिकष्ट करिकै

नाथमनुजकरिजाना १३ छं० ॥ जान्योमनुजकरिदनुजकानन दहनपावकहरिस्वयं ज्यहिनमतशिवब्रह्मादिसुरपिय भज्यउनहिं करुणामयं १४ आजन्मतेपरद्रोहरतपापौघमयतवतनअयं तुमहूंदियोनिजधामरामनमामिब्रह्मनिरामयं १५ दो० ॥ अहहनाथ रघुनाथसम कृपासिंधुकोआन मुनिदुर्लभजोपरमगतितोहिंदीनभगवान १६ चौ० ॥ मंदोदरीबचनसुनिकाना सुरमुनिसिद्धसबहिं सुखमाना १७ अजमहेशनारदसनकादी जोसुनिबरपरमारथबादी १८ भरिलोचनरघुपतिहिनिहारी प्रेममगनसबभयेसुखारी १९ रोदनकरतदेखनरनारी गयउबिभीषणमनदुखभारी २०

**बंधुदशाबिलोकिदुखकीना रामअनुजकहँआयसुदीना २१ लक्ष्मण जाइताहिसमुझावा बहुरिविभीषणप्रभुपहँआवा २२ कृपादृष्टिरघुबीरबिलोका करहुकृपापरिहरिअबशोका २३ कीनक्रिया**

मन्दोदरी कहतिहै हेनाथ रघुनाथजीके समान कृपालु को है कोई नहीं है जो मुनिनको दुर्लभगति सोभगवान् तोको सारूप्य मुक्तिदीन्यउहै ( १६ ) मन्दोदरीके बचन सुनिकै सुर मुनि सिद्ध इत्यादिक सब सुख मानत भयेहैं ( १७ ) अज जे ब्रह्माहैं महेश जे महादेवहैं नारद सनकादिक अरु जे मुनीश परमारथबादी कही ब्रह्मवेत्ता ब्रह्मज्ञानी हैं ( १८ ) तेसब लोचनभरिकै श्रीरघुनाथजीको देखिकै प्रेमतेमग्न अतिसुखी भये हैं ( १९ ) सम्पूर्ण मन्दोदरी आदिक नारि अरु नर तिनको रोदन करत देखिकै विभीषण तिनके समीप जाइकै रावणको देखिकै भारी शोच करत भयेहैं ( २० ) बन्धुकै दशादेखिकै अतिदुःख करत भयेहैं तब श्रीरामचन्द्र लक्ष्मणजीकोआज्ञा देतभयेहैं ( २१ ) तब श्रीरघुनाथजी की आज्ञाते लक्ष्मणजी जाइकै विभीषणको समुझाइकै सबप्रकारते बोधकीन है पुनि विभीषण संयुक्त श्रीरामचन्द्रके समीप आवत भये हैं ( २२ ) तब श्रीरामचन्द्र कृपादृष्टि विलोकि कै विभीषणको आज्ञा देतभये किशोचको तजिदेहु रावणकी क्रिया विधिविधानसे करहु जाइ ( २३ ) श्रीरामचन्द्रकै आज्ञा पाइकै विभीषण रावण कै क्रिया विधिविधानसे देशकाल अवसर समेत करतभयेहैं ( २४ ) दोहार्थ॥ मयतनयाजे मन्दोदरी इत्यादिक रानी ते तिलांजुलि देत भई हैं श्रीरघुनाथजी को गुणगण वर्णतसंते भवनको जातीभई हैं ( २५ ) तब रापणकै क्रिया करिकै विभीषण श्रीरघुनाथजीके समीप आइकै शिर नावतभये हैं तब श्रीरघुनाथजी श्रीलक्ष्मणजीको बोलावतभये हैं ( २६ ) हेतात तुमसुग्रीव अंगद नलनील जामवंत मारुत हनुमान् इत्यादिक नयकही नीतिके शीलाकही स्थानहौ ( २७ ) ते तुमसब बिभीषणको लैकैंजाहु राजगद्दीपर बैठाइकै आवहु तिलकसारकही कइआवहु ( २८ ) अरु मैं तौ

**प्रभुआयसुमानी बिधिवतदेशकालगतिजानी २४ दो० ॥ मयतनयादिकनारिसब देहिंतिलांजलिताहि भवनगईरघुबीरगुण गणबरणमनमाहि २५ चौ० ॥ आयबिभीषणपुनिशिरनाये कृपासिंधुतबअनुजबोलाये २६ तुमकपीशअंगदनलनीला जामवंतमारुतनयशीला २७ सबमिलिजाहुविभीषणसाथा सारयहुतिलककहेहु रघुनाथा २८ पिताबचनमैंनगरनजाउं आपुसरिस प्रियअनुजपठाउं २९ तुरतचलेकपिसुनिप्रभुबचना कीन्हीजायतिलककरिरचना ३० सादरसिंहासनबैठारी तिलकसारअस्तुति अनुसारी ३१ जोरिपाणिसबहीशिरनाये सहितबिभीषणप्रभुपहँआये ३२ तबरघुबीरबोलिकपिलीन्हे कहिप्रियबचनसुखी**

समुद्रके किनारे विभीषणके तिलक कैचुक्यउं है अब अपने सरिस अनुजको पठवतहौं काहेते पिताके बचन करिकै चौदहवर्ष में नगरको नहीं जातहौं ( २९ ) श्रीरामचन्द्रके बचन सुनिकै लक्ष्मणजी सुग्रीव इत्यादिक कपिजातभये हैं लंकाविषे जाइकै तिलककी रचना वेदबिधानते करतभये हैं ( ३० ) सादरकही आदर समेत सिंहासनपर बैठारिकै तिलकसारकही श्रीरामचन्द्रकीआज्ञाते तिलककरतेभये हैं स्तुति करतेहैं श्रीलक्ष्मणजी कहते हैं हे विभीषण तुमधन्यहौ अब तुमको राज्यकी विषयहैसो बाधा न करैगी काहेते श्रीरामचन्द्र अपने प्रसाद करिकै लंकाको राज्य तुमको दीनहै काहेते तुम श्रीरामानन्य प्रपत्ति शरणागतहौ ताते निर्भयरहौ अब यह विषयदिव्य ह्वइगई है अरु विभीषणके तिलक करतसंते देवता फूल वर्षते हैं बाजाबजावते हैं गावते हैं नाचतेहैं ( ३१ ) असकहिकै हाथजोरिकै नमस्कार करतभये हैं काहेते भागवतन विषे विभीषणकी मुख्यगनती है काहेते कि रावण त्रैलोक्य विरोधीराजा त्यहिके मध्यमें बैष्णव धर्म विषे अतिदृढ़ रहेहैं ताते स्तुतिकरबे योग्यहैं सब प्रकारते ऐसे हाथजोरिकै स्तुतिकरिकै विभीषण सहित श्रीरघुनाथजीके समीप आवतभये हैं ( ३२ ) तब रघुनाथजी सबकपिनको बोलाइकै बहुत प्रकारते प्रियवचन कहिकै सबको सुखी करतभये हैं ( ३३ ) छन्दार्थ॥ श्रीरामचन्द्रने

सुधासम बाणी कहिकै बानरनको सुखीकीनहै पुनि कहते हैं हे बानरहु तुम्हारे बलते राक्षसनको जीतिलीनहै अरु बिभीषण राज्यको प्राप्तिभये हैं ताते तुम्हारे यश तीनिहुलोकमें नित्य नयाशोभित होइगो ( ३४ ) हमारीकीर्ति और तुम्हारीकीर्तियुक्तहै परम पावनीहै जोयहिको प्रेमसहित गावहिंगे सुनहिंगे समुझहिंगे तं संसार अपार सिंधुजो है सो बिनाश्रमहिं तरिजाहिंगे ( ३५ ) दोहार्थ॥ श्रीरामचन्द्र के सत्यसंकल्प अमृतमयमृदुबचन सुनतसंते

**सबकीन्हे ३३ छं० कियेसुखीकहिबाणीसुधासमबलतुम्हारेरिपुहयो पायोबिभीषणराजतिहुंपुरयशतुम्हारोनितनयो ३४ मोहिंसहितशुभकीरतितुम्हारी-परमप्रीतिजोगाइहैं संसारसिंधुअपारपारप्रयासबिनुनरपाइहैं ३५ दो०॥ सुनतरामकेबचनमृदुनहिं अघातकपिपुंजबारहिंबारबिलोकि-मुखगहहिंरामपदकंज ३६ चौ०॥ पुनिप्रभुबोलिलियेहनुमाना लंकाजाहुकहेउभगवाना ३७ समाचारजानकीसुनावहु तासुकुशललैतुमचलिआवहु ३८ तबहनुमंतनगरमहँआये सुनिनिशिचरीनिशाचरधाये ३९ पूजा बहुप्रकारतेइकीन्हा जनकसुतादेखाइतिनदीन्हा ४० दूरिहितेप्रणामतिनकीन्हा रघुपतिदूतजानकीचीन्हा ४१ कहहुतातप्रभु**

कपिनके जे पुंज हैं ते नहीं अघाते हैं बार बार श्रीरामचन्द्रके मुखचन्द्र विलोकिकै दण्डवत् करिकै पदकमल गहिकै दोउकरजोरिकै कहते हैं हे नाथ आपुकी कीर्ति ऐसी है हम चंचल पशुनाको आपन करिकै ऐसी बड़ाई देते हैं ऐसी तुम्हारी कीर्ति है त्यहिविषे मिलिकै हमारी करणी कमल पावनहोइ है महाराज जैसे गंगामें मिलिकै कर्मनाशा पावन भईहै ( ३६ ) बानरनके वचन सुनिकै श्रीरघुनाथजी मनहिंमें मुसुकाइकै हनुमान्जीते कहा कि तुम लंकाकोजाहु ( ३७ ) तुम जाइकै समाचार जानकी को सुनाइकै तिनकी कुशललैकै तुम चले आवहु ( ३८ ) तब तुरन्त हनुमान्जी नगर में प्रवेश करतभये हैं हनुमान्जी लंका को आये ( ३९ ) यहसुनिकै निशाचरी निशाचर धावतभये हैं हनुमान्जी के मिलिबेको बहुत प्रकारकै हनुमान्जीकै पूजन करिकै श्रीजानकीजी को देखाइदीनहै ( ४० ) हनुमान्जी दूरिहिते प्रणाम करतभये हैं तब श्रीजानकीजी चीन्हा कि श्रीहनुमान्जी रामदूत आये ( ४१ ) तब श्रीजानकीजी हनुमान्जीको पहिचानिकै निकट बोलाइकै हनुमान्जीको प्रसन्न देखिकै प्रसन्नता से पूंछती हैं कि हे तात प्रभु कृपाके निकेत अनुज सेनासमेत कुशल आनन्द हैं ( ४२ ) हे मातु कोशलाधीशप्रभु सब प्रकारते कुशल हैं रावणको समर में जीतिकै मारिकै परमपदको पठैदीन है सहित सेना ऐसेकृपाके निकेत हैं ( ४३ ) पुनि बिभीषणकहँ अविचल राज्यदीन है अबिचलकही आपन प्रसाददीन है ताते अचल ह्वइगई है अरु बिभीषण परम भागवत है तिनके सम्बन्धते लंकाकै राज्य परम दिब्य अचल ह्वइहै ( ४४ ) छन्दार्थ॥ श्रीजानकीजी के अतिहर्षते नेत्रनमें जल भरि आये हैं पुनि पुनि कही पुनः पुनः अतिहर्षविषे अतिआर्तविषे होत है कहती हैं रमा श्रीजानकीजीको रमा क्योंकहा रमाकही लक्ष्मीजीको तह

**कृपानिकेता कुशलअनुजकपिसेनसमेता ४२ सबबिधिकुशलकोशलाधीशा समरमातुजीतेउंदशशीशा ४३ अबिचलराजबिभीषणपाये सुनिकपिबचनहर्षउरछाये ४४ छं० ॥ अतिहर्षमनतनपुलकलोचनसजलकहपुनिपुनिरमा कादेउँतोहिंत्रैलोक्यमहँकपि**

श्रीजानकीजी लंकाविषे आइकै लंकाकै विभूति ब्रह्माकै सृष्टिभरेकै राज्यलंका है सो राजस तामसमय ह्वइरही है तहां श्रीजानकीजी जाइकै राजस तामस करिकै शुद्ध सात्विकमय विभूति करिदीन है श्रीरामानन्य परमभागवत विभीषणको राजा करिदीन है ते श्रीजानकीजी अनेक ब्रह्माण्डकी विभूति श्रीजानकीजीको अंश है ते जानकीजी ब्रह्माण्डभरेकेजीवनको विद्याविषे रमाइकै सुखी करिदीन है ताते रमाकही पुनि रमा कही लक्ष्मीको जौने संयोगसे सबजीव सुखीरहे सोई रमाको स्वरूप है शुद्ध ऐश्वर्यमय ताते रमाकहा है पुनि अर्थ कहते हैं रमाकही जो नारद के चित्तकी बृत्तिकी अपनेविषे रमायो है भागवत के प्रेरणाते अरु नारद ऐसे परमहंस श्रीरामानन्य परम भागवत तिनकर

अपमान कियो हैं ताते भागवतापराध कीन है सो श्रीजानकीजीको अंश है तहां यहि अवतारविषे श्रीजानकी अपने अंशको आज्ञादीनि है कि तुम हमार रूपह्वइकै लंकाको जाहु भागवतापराध मिटिजाइहि अरु रावण बीररसते शरणागत है ताको मोक्षदैकै ब्रह्माण्डभरेके जीवनको सुखीकरिकै हमारे स्वरूप में रमबकहीप्राप्तिहोहु आइ तातेरमाकही अथवा जहांतक रमाजोलक्ष्मी हैं तिनकर बिलास अनेक ब्रह्माण्ड विषे है सो श्रीजानकीजीका एकपाद अंशहै मूल प्रकृति कारण आदि तहां प्रमाण है अन्यच श्लोकार्द्ध॥ जानक्यंशमहामायामूलप्रकृतिकारणं॥ ताते रमाकही है किन्तुसमानअर्थ विषे श्रीजानकीजी को रमाको एककरिकै कहाहै हेहनुमान् त्रैलोक्यविषे किमपि कही तुम्हारी बाणी समान अवरका है कछुनहीं है ताते तुमको कादेहुँ ( ४५ ) हनुमान्‌जी कहते हैं हे मातु तुम्हारी प्रसन्नता मोरे ऊपर है तौ अनेक ब्रह्माण्डकी राज्य मोको प्राप्तिभई सबमेरे आधीन ह्वइरहे हैं आपुकी अनुग्रह ते पायों संशय नहीं है काहेते रणजीतिकै श्रीरामलक्ष्मणजी अतिमधुर बीररसमूर्त्ति पश्यन्ति कही देखिकै कैसे हैं श्री रामचन्द्र निरामय हैं आमय जेषट्‌विकार त्यहिते रहित हैं जन्म वृद्धि विवरण क्षीण जरा मृत्यु इतिषट् असकवन पदार्थ मोको दुर्लभ है सब सुलभ हैं

**किमपितवाणीसमा ४५ सुनुमातुमैंपायोंअखिलजगराजआजनसंशयं रणजीतिरिपुदलबंधुयुतपश्यंतिरामनिरामयं ४६ दो० ॥ सुनुसुतसदगुणसकलतव हृदयबसौहनुमन्त सानुकूलरघुबंशमणिरहीसमेतअनन्त ४७ चौ० ॥ अबसोइयतनकरहुतुमताता देखौंनयनश्याममृदुगाता ४८ तबहनुमानरामपहँजाई जनकसुताकीकुशलसुनाई ४९ सुनिबाणीपतंगकुलभूषण बोलिलियेयुवराजविभीषण ५० मारुतसुतकेसंगसिधावहु सादरजनकसुतालैआवहु ५१ तुरतहिसकलगयेजहँसीता सेवहिंसबनिशिचरीबिनीता ५२**

आपुके अनुग्रहते ( ४६ ) दोहार्थ॥ श्रीजानकीजी कहती हैं हे हनुमान् सद्‌गुण कही समीचीन गुण तुम्हारे हृदयमें बसहिं अरुरघुपति अरु अनन्त जे लक्ष्मणजी जिनके अनन्त कृपा है जीवन विषे ते दोऊजने सानुकूल रहहिं ( ४७ ) श्रीजानकीजी कहती हैं हेतात हनुमान् मनलगाइकै सोयत्न करहु जेहिप्रकार श्याम मृदुगात जे श्रीरामचन्द्र तिनको नेत्रन भरिकेंदेखौं ( ४८ ) तब हनुमान्‌जी श्रीजानकीजी को दण्डवत् करिकै श्रीरघुनाथजीके समीप जाइकै श्रीजानकीजीकी आनन्दकथा कहतभये ( ४९ ) हनुमान्‌जीकै बाणीसुनिकै पतंग जेसूर्य्यतिनके कुलकेभूषण श्रीरामचन्द्र तेयुवराज जेअंगद अरु विभीषण आदिक जेपार्षदहैं तिनको बुलावतभये हैं ( ५० ) श्रीरामचन्द्र कहतेहैं कि सबमिलिकै श्रीहनुमानजी के संगजाहु आदर संयुक्त जनकसुताको ल्यावहु जाइ ( ५१ ) तेसब तुरन्त गये जहांश्रीजानकीजी रही हैं तहां त्रिजटा आदिक जे निशिचरी ते बिनीतकही प्रवीण श्रीजानकीजीकै सेवा करती हैं ( ५२ ) त्रिजटादिक जे निशिचरीरहीं तिनते विभीषण कहते हैं श्रीजानकीजी को अति आदरते अनेक सुगंध लेपन करिकै स्नान करावहु शृंगार करावहु ( ५३ ) तब ते तुरन्तविभीषणकी आज्ञाते दिव्य बसन भूषण पहिरावती भई हैं पुनि शिविका जोपालकी हेमरत्नमय जटिल सूर्यइव प्रकाश सो ल्यावतीभईहैं ( ५४ ) त्यहि पालकीपर श्रीजानकीजी अति प्रसन्नह्वैकै श्रीरामचन्द्रअतिसनेही सुखके धाम तिनको सुमिरिकै स्वरूप हृदयमें धरिकै चढ़त भई हैं ( ५५ ) श्रीरघुनाथ जी के इहां विभीषण अंगद हनुमानादिक श्रीजानकीजी को लै चलत भयेहैं बेतपाणि जे विभीषणके चोपदार अनेकरक्षक पालकीके चहूँपास हर्षते श्रीरघुनाथजीकै बिजययश बोलत चलेजाते हैं ( ५६ ) अरु संगविषे महा भगवती निशिचरी अनेकन त्रिजटासंग समाज श्रीरामचन्द्र को सुमिरत चलीजाती हैं ( ५७ ) श्रीजानकीजीकी पालकी नजदीक आई

**बेगिबिभीषणतिनहिंसिखावा सादरतिनसीतहिअन्हवावा ५३ दिव्यबसनभूषणपहिराये शिविकारुचिरसाजिपुनिलाये ५४ तापरहर्षिचढ़ीबैदेही सुमिरिरामसुखधामसनेही ५५ बेतपाणिरक्षकचहुंपासा चलेसकलमनपरमहुलासा ५६ संगलियेत्रिजटानिशिचरी चलीरामपहँसुमिरतहरी ५७ देखनभालुकीशसबआये रक्षककोपिनिवारणधाये ५८ कहरघुबीरकहाममानहु सीतहिसखापियादेहिआनहु ५९ देखहिंकपिजननीकीनाई**

**बिहँसिकहारघुबीरगोसाईं ६० सुनिप्रभुवचनभालुकपिहर्षे नभतेसुरनसुमनबहुबर्षे ६१ सीताप्रथमअनलमहँराखी प्रकटकीनचहअन्तरसाखी ६२ दो०॥ त्यहिकारणकरुणायतन कहेउकछुकदुर्बाद**

तब भालुकपि देखनको धावतभये तहां रक्षक जे चोपदार रहे ते निवारण करते हैं कि नजदीक न आवहु ( ५८ ) तब श्रीरामचन्द्र कहा कि हे सखे विभीषण हमारोकहामानहु श्रीजानकीजीको पांयपियादहि आनहु ( ५९ ) जाते सब कपि भालु माताकी नाईं देखहिं बिहँसिकै श्रीरामचन्द्र कहत भये हैं ( ६० ) यह रघुनाथजीकी बाणी सुनिकै भालु कपि अतिहर्ष को प्राप्तभये तब श्रीजानकीजी पालकी परसे उतरतभईं सबसेना देखिकै परमानन्दको प्राप्तिभईं अरु देवता फूल बर्षते हैं हर्षते हैं ( ६१ ) तहां श्रीजानकीजी पावकविषे रही हैं पंचबटी विषे तहां श्रीरामचन्द्र तेहि स्वरूपको प्रकटकीन चाहत हैं अग्निको अन्तरसाक्षी करिकै ( ६२ ) दोहार्थ॥ श्रीजानकीजीको पावकते प्रकटहेतु कछु दुर्बादकहा है यहसुनिकै त्रिजटा आदि राक्षसी विषाद करती भईं ( ६३ ) श्रीरामचन्द्र के वचन शीशपर धरिकै श्रीजानकीजी मन क्रम बचन बिनीतकही प्रवीण अति सांचीबोलती भई हैं ( ६४ ) श्रीजानकीजी कहती हैं कि हे लक्ष्मणजी तुम धर्मके नेगीहोउ धर्म के नेगीकही हमारे धर्मके रक्षकहोउ बेगि तुम पावक प्रकट करहु काहेते तुम्हारी आज्ञा सदा करतआयो हैं सबउचितै मानिकै ( ६५ ) तब श्रीलक्ष्मणजी श्रीजानकीजी कै बिरह बिबेक धर्म नीतिमय सानी बाणी सुनिकै ( ६६ ) श्रीलक्ष्मणजी के नेत्रनमें जलभरि आये दोऊकर जोरिकै प्रभु सन्मुख कछुकहि नहीं सकते हैं ( ६७ ) श्रीरामचन्द्रकर रुखदेखिकै श्रीलक्ष्मणजी तुरन्त चन्दन अगर इत्यादिक काष्ठ अरु अग्नि ल्यावतभये हैं ( ६८ ) तहां लक्ष्मणजी काष्ठ अनेक बटोरिकै अग्नि प्रज्वलित करिदिहिनि सो अग्निकै ज्वाला स्वर्गलोक ताईं प्राप्तिभई जाइ सो प्रबल अग्नि श्रीजानकीजी बिलोकतभईं हृदयमें हर्ष

**सुनतयातुधानीसकललागीं करनविषाद ६३ चौ०॥ प्रभुकेवचनशीशधरिसीता बोलींमनक्रमवचनबिनीता ६४ लक्ष्मणहोहु धर्म्मकेनेगी पावकप्रकटकरहुतुमबेगी ६५ सुनिलक्ष्मणसीताकैबानी बिरहबिवेकधर्म्मनयसानी ६६ लोचनसजलजोरिकरदोऊ प्रभुसनकछुकहिसकहिँनओऊ ६७ देखिरामरुखलक्ष्मणधाये प्रकटकृशानुकाष्ठबहुलाये ६८ प्रबलअनलबिलोकिबैदही हृदयहर्षकछुभयनहिंतेही ६९ जोमनवचन कर्म्ममनमाहीं तजिरघुबीरआनगतिनाहीं ७० तौकृशानुसबकोगतिजाना मोकहँहोउश्रीखंडसमाना ७१ छं० ॥ श्रीखंडसमपावकप्रबेशिय सुमिरिप्रभुश्रीमैथिली जयकोशलेशमहेशबंदित चरणरतिअति**

है कुछ भयनहीं है ( ६९ ) यह श्रीजानकीजी अपने मनमें कहतीहैं कि जो मन बचन कर्म सर्बत्यागे श्रीरघुनाथजीकेचरण कमलकै गति मोकोहोइ ( ७० ) तौ हे परमेश्वर तुम अन्तर्यामी सर्बकीगति जानतहौ अरु त्रिकालज्ञ कृशानुरूप तुमहींहौ मोको श्रीखण्डकही चन्दनके समानहोउ ( ७१ ) छन्दार्थ॥ हे पार्बती श्रीजानकीजी यहकहतीहैं जय श्रीकोशलेश यहकहिकै श्रीरघुनाथजी के चरणकमल स्मरण करिकै ज्यहि चरण कमलको महेश बिधि सनकादि इत्यादिक मुनीश्वर ध्यायकै अन्तष्करण निर्मल करते हैं सो चरण हृदयमें धरिकै श्रीजानकीजी महाबप्रबल अग्निमें प्रवेश कीनहै सो पावक श्रीखण्डकही चन्दनके समानभयो है श्रीजानकीजीके प्रवेश करतसंते ( ७२ ) आदि जो श्रीजानकीजी तिनकर प्रतिबिम्ब अरु त्यहिकर जो लौकिक कलंक सो प्रचण्ड पावकविषे दहिगयो है तहां देवतन विषे प्रतिबिम्ब नहीं सुनिबे में आयोहै तहां श्रीजानकीजी विषे प्रतिबिम्ब सो कैसे सम्भवे है सो अपनी लीलाहेतु प्रतिबिम्ब करिलीन है ज्यहि प्रतिबिम्ब करिकै लक्ष्मणजीको दुर्बचन कहा है सो भस्महैगयो है अरु निजसत्य प्रतिबिम्ब जानकीजीके स्वरूपविषे प्राप्तिहोइगयो है किन्तु प्रतिबिम्ब विषे जो कलंकरहेउ सो जरिगयो है तहां यह श्रीरामचन्द्र को चरित्र अद्‌भुत कोईनहीं जानिसकेउ है नभविषे देवता

सिद्ध अरु मुनीश्वर इत्यादिक सबखड़ेदेखते हैं पर काहूके लखिबेमें नहीं आयो ( ७३ ) तब अनल ब्राह्मणको रूपधरिकै आदि जो श्रीजानकीजी श्रुतिको सिद्धांत सो स्वरूप अग्निको श्रीरघुनाथजी सौंप्योरह्यो सो स्वरूप अग्नि गोदमें लैकै श्रीरघुनाथजीको समर्पणकीन आइकै जिमि क्षीरसागर ब्राह्मणको रूपधरिकै इंदिरा जो लक्ष्मीहैं तिनको विष्णु भगवान्को समर्पण कीनहै

निर्म्मली ७२ प्रतिबिम्बआलौकिककलंकप्रचण्डपावकमहँजरे प्रभुचरितकाहुनलख्योनभसुरसिद्धमुनिदेखतखरे ७३ तबअनल भूसुररूपकरगहिसत्यश्रीश्रुतिबिदितजो जिमिक्षीरसागरइंदिरारामहिंसमर्प्यउआनिसो ७४ सोइरामबामविभागराजतरुचिर अतिशोभाभली नवनीलनीरदनिकटमानहुं कनकपंकजकीकली ७५ दो० ॥ हर्षिसुमनबर्षहिंविवुध बाजहिंगगननिशान गावहिंकिन्नरअप्सरा नाचहिंनटीबिमान ७६ श्रीजानकीसमेतप्रभुशोभाअमितअपार देखतहर्षेभालुकपि जयरघुपतिसुखसार ७७॥

( ७४ ) सो श्रीजानकीजी श्रीरामचन्द्रके बामभाग विषे विराजती हैं शोभा अति भलीबनी है मानहुं नीरद जो नील नबीन मेघ है जेहिके निकट कंचनइव पंकजकी कली फूली हैं ( ७५ ) दोहार्थ॥ तहां श्रीरामचन्द्र श्रीजानकी जी की शोभा आनन्दमय देखिकै देवता ब्रह्मादिक हर्ष सहित फूलबर्षते हैं अरु अनेक दुन्दुभी इत्यादिक बाजा गगनमें बाजते हैं बिमाननपर चढ़े किन्नर गावते हैं अप्सरा नृत्यकरती हैं ( ७६ ) श्रीजानकीजी अरु श्रीरघुनाथजीकै अति अपार शोभादेखि भालु कपिनको अतिहर्ष होतभयो है यह कहते हैं संपूर्ण सुखकेसार श्रीरामचन्द्र तिनकी जय ( ७७ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वंसनेलंकाकाण्डेबिभीषणराज्यप्राप्ति श्रीजानकीजीश्रीपरमानन्दमिलाप वर्णनंनामद्वाविंशस्तरंगः २२॥ :: :: :: :: :: :: ::

दोहा॥ रामचरणसुरविधिविनयशुभतरंगत्रयबीश दशरथआइअनन्द भेपुनिअस्तुति सुरईश २३ तब इन्द्रको सारथीकही मातलि श्रीरघुनाथजीकी आज्ञापाइकै चरण कमलमें शिरनाइकै रथलैकै इन्द्रलोकको चल्यउ है ( १ ) तब सदा आपन स्वारथी जे देवता अनेकहैं ते नभविषे बिमानपर चढ़िकै आवतभये ते रघुनाथजीकी स्तुति करते हैं कहते हैं बचन मानो परमार्थी हैं परमार्थीके ऐसे बचन कहते हैं परमार्थ कही परमअर्थ श्रीराम स्वरूप परब्रह्म प्रताप ऐश्वर्य तेज कृपा परमदिब्य देवता बर्णन करते हैं ( २ ) देवता बोलते हैं हे देव दीनदयाल श्रीरघुराय हम देवता योग वैराग्य ज्ञान ध्यान तुम्हार जो है त्यहिकरिकै दीनकही हीन बिषयमें मनलीनह्वइरहे हैं तिनपर तुम अति दयाकीन ऐसे दीनबन्धुहौ ( ३ ) यह जो रावणसो संपूर्ण बिश्वकरद्रोही अतिखल कामी कुमार्गगामी अपने पापतेगयो है ताहूको अपने स्वरूप करिकै परमपद दीनहै ऐसे कृपा-

चौ० ॥ तबरघुपतिअनुशासनपाई मातलिचलेउचरणशिरनाई १ आयेदेवसदास्वारथी वचनकहहिंजनुपरमारथी २ दीनबंधुदयालरघुराया देवकीनदीननपरदाया ३ विश्वद्रोहरतयहखलकामी निजअघगयोकुमारगगामी ४ तुमसमरूपब्रह्मअबिनाशी सदाएकरससहजउदासी ५ अकलअगुणअजअनघअनामय अजितअमोघशक्तिकरुणामय ६ मीनकमठसूकरनरहरी बामनपरशुरामबपुधरी ७ जबजबनाथसुरनदुखपायउ नानातनधरितुमहिंनशायउ ८ रावणपापमूलसुरद्रोही काममोहमदरत

लुहौ ( ४ ) तुम समरूपहौ परब्रह्महौ अबिनाशीहौ एकरसहौ अरु संसारते सहजै उदासीनहौ ( ५ ) देवता कहते हैं हे श्रीरामचन्द्र तुम अकल कही कला रहितहौ कलाकही जैसे चन्द्रमाबिषे शुक्लपक्ष कृष्णपक्ष विषे षोड़शौकला भोग्यकरै हैं अरु पूर्णमासीको षोड़शौकला पूर्ण हैं तैसे तुम नहींहौ तुमविषे अनन्तकला हैं अरु एकौनहीं हैं तुमसदा एकरस

परिपूर्णहौ अरु तुम निर्गुण हौ मायाके गणजेते हैं तामस राजस सात्विक इत्यादिक त्यहिते तुमपरेहौ अजकही अजन्महौ गर्भविषे नहीं आवतेहौ स्वयं अवतीर्णहौ अनघ कही संपूर्ण पापते रहितहौ अनामय कही रोग षड्विकार काम क्रोध लोभ मोह मद मात्सर्य पुनि षड्बर्ग जन्म वृद्ध विवर्ण क्षीण जरा मरण एते आमय त्यहिते तुम रहितहौ अरु अजित हौ काहूके जीतिबेमें नहींहौ महाकालहुको तुमजीतेहौ अरु हेकरुणामय तुम्हारीशक्ति अमोघकही जाको आदि अन्त मध्य वेदौनहीं जानिसकेंहें ( ६ ) अरु मीन कच्छप बाराह नरसिंह बावन परशुराम इत्यादिक अपने अंश कला बिभूति करिकै तुमहीं शरीरको धारण करतेहौ ( ७ ) हे नाथ जब जब राक्षसन करिकै हम देवता दुखितहोते हैं तब तब हमारे दुःख को दूरिकरतेहौ नानातन धरिकै ( ८ ) हे नाथ रावण पापकर मूल देवतनकर द्रोही काम मोह मद त्यहिमहँरत अतिक्रोधी ( ९ ) हे कृपालु सो तुम्हारे धामको सिधावा यह हमारे मनविषे अतिविस्मय भयो है ताते तुम्हारी गतिको कोई जानबेयोग्य नहीं है ( १० ) हे नाथ हमजो देवता है सो तुम्हारे भजनके परम अधिकारी कहावते हैं परस्वार्थविषे रतह्वइकै तुम्हारी भक्तिको विसारिदीन है ( ११ ) हे प्रभु जो संसार महाघोर नदरूप त्यहिको प्रबाहकही संसृत जन्म मरणहै त्यहिविषे हमसंततकही निरंतर बहे फिरते हैं अरु रावणादिक राक्षस परमपदको प्राप्तिभये हैं अब हे प्रभु पाहिपाहि आपुको अतिसमर्थ जानिकै शरण आये हैं हम

अतिकोही ९ सोउकृपालुतवधामसिधावा यहहमरेमनबिस्मयआवा १० हमदेवतापरमअधिकारी स्वारथरततवभक्तिबिसारी ११ भवप्रबाहसंततहमपरे अबप्रभुपाहिशरणअनुसरे १२ दो० ॥ करिबिनतीसुरसिद्धसबरहेजहँतहँकरजोरि अतिशयप्रेमसरोजभव अस्तुतिकरतबहोरि १३॥ तोटकछंद॥ जयरामसदासुखधामहरे रघुनायकशायकचापधरे भवबारनदारनसिंहप्रभो गुणसागरनागरनाथबिभो १४ तनकामअनेकअनूपछबी गुणगावतसिद्धमुनींद्रकबी यशपावनरावननागमहा खगनाथयथाकरिक्रोधगहा १५ जनरंजनभंजनशोकभयं गतक्रोधसदाप्रभुबोधमयं अवतारउदारअपारगुनं महिभारबिभंजनज्ञानघनं १६

सबप्रकारते विषयमें परे हैं आपु हमको उबारिलेहु ( १२ ) दोहार्थ॥ हे भरद्वाज जेतेसुर सिद्धहैं ते बिनती करिकै करजोरिकै ठाढ़ह्वैरहे हैं बहोरि कही त्यहिके उपरांत सरोजभव जे ब्रह्माहैं ते अतिशय प्रेमकरिकै स्तुति करते हैं ( १३ ) छंदार्थ॥ ब्रह्मा स्तुति करतेहैं हेहरे श्रीरामचन्द्र तुम्हारी जय तुमसदा जयमान्हौ अरु सुखके धामहौ हेरघुनायक तुम धनुषबाणको धारण किहेहौ सदा अपने भक्तनकी रक्षाहेतु हेप्रभो भव जो संसार सो बारण कही हाथीहै त्यहिके दारणकही नाशकरिबेको तुमसिंहहौ हे नाथ आपपरमदिव्य गुणके सागरहौ अरु नागर कही सर्वोपरि श्रेष्ठ अतिप्रबीणहौ बिभुकही सबप्रकारते अतिसमर्थहौ ( १४ ) अरु तुम्हारतन अनेकन कामकी शोभाको हरत है अरु तुम्हारे गुण मुनींद्र कबींद्र गाइकै परमानंद सुखको प्राप्तिहोते हैं अरु हे नाथ रावण महानाग है त्यहिको यथा खगनाथ क्रोध सहित महानागन को गहिकै खाइलेते हैं तथा तुम रावणको नाशकरिदीन है तुम्हारो यश छाइरह्यउ है ( १५ ) हे प्रभु अपने जननको रंजनकही अनन्दकर्त्ताहौ अरुशोक भय के हर्त्ता हौ हे प्रभु अरु गतक्रोधहौ अरु बोधकही ज्ञानमयहौ अरु आपने अवतीर्ण ह्वइकै जो लीलाकीन है सो अतिउदार परमदिव्य गुणमयलीला है अरु तुम महिके भारको विभंजन कीन है अरु ज्ञानके घनकही सघनसमूहहौ ( १६ ) हे श्रीरामचन्द्र तुम अजकही अजन्महौ गर्भमें नहीं आवते हौ अरु सर्वत्र व्यापक सर्बत्रको चैतन्य किहेहौ अरु एकहौ अद्वैतहौ अरु अनादिहौ सदा एकरसहौ हे श्रीरामचन्द्र करुणाके आकर कही खानिहौ मुदकही परमानन्द स्वरूपहौ ते तुमको हम नमस्कार करते हैं हे रघुबंशबिभूषण दूषणहा कही सम्पूर्ण दुःख के नाश करनेवालेहौ किंतु खरदूषण को नाश कीन है अरु विभीषण अति दीन रहा तिसको लंकाको राजाकीन अरु भक्तराज कीन ( १७ ) अरु ज्ञान आदिक जे दिव्य गुण

अजब्यापकमेकमनादिसदा करुणाकररामनमामिमुदा रघुबंशबिभूषणदूषणहा कृतभूपविभीषणदीनरहा १७ गुणज्ञाननिधानअमानअजं नितरामनमामिविभुंविरजं भुजदंडप्रचंडप्रतापबलं खलवृन्दनिकंदमहाकुशलं १८ बिनुकारणदीनदयालहितं छबिधामनमामिरमासहितं भवतारणकारणकाजपरं मनसंभवदारुणदोषहरं १९ शरचापमनोहरत्रोणधरं जलजारुणलोचनभूप

अनन्त हैं तिनके निधान कही स्थानहौ अरु सदा अमान हौ अजहौ हेश्रीरामचन्द्र हम तुम्हारो निरन्तर नमस्कार करते हैं विभुकही तुम सब प्रकार समर्थ हौ विरजरजकही माया त्यहिते रहितहौ तुम्हारो जो भुजदण्ड अतिप्रचण्ड बल प्रतापकरिकै पूर्णहै अरु खलनके वृन्दके निकन्दन करबेको कुशल कही पण्डित प्रवीणहौ ( १८ ) अरु तुम बिनाकारणहि दीनदयाल सबके परम हितकारी हौ छबिकेधाम रमाकही सहित जानकीजी हम तुमको नमस्कार करते हैं अरु भवकही संसारके तारबेको एकतुम्हींहौ अरु कारण कार्य द्वौके प्रेरेहौ प्रमाण श्रुतिः॥ यस्यांशेनैवब्रह्माविष्णुर्महेश्वरा अपिजाता महाविष्णुर्यस्यदिव्य गुणाश्चसएवकार्यकारणयोःपरःपरमपुरुषो रामो दाशरथी बभूव॥ मनते सम्भव जे दारुण दुःख दोष तिनको हरतेहौ ( १९ ) तुम शर चाप अरु मनोहर त्रोण धरेहौ अरु अरुणजलज इव तुम्हारे नेत्रहैं तहांतक देवदानव मनुष्यराजा हैं तिनके तुम शिरोमणि हौ सुखमन्दिर सुंदर श्रीरमणहौ मद जो है मारकही काम जो है अरु महा ममता जोहै तिनको शमनकही नाशकर्त्ताहौ ममताकही यहि जगत्में जहांतक विषय सम्बन्ध है त्यहिको अपनपौ मानना अरु महाममता कही योग वैराग्य ज्ञान ध्यान समाधि इत्यादिकको अभिमान है सो सब ममता अपने जननकै दुरि करिदेतेहौ ( २० ) हे श्रीरामचन्द्र अनवद्यकही निर्दोष हौ पुनि अनवद्यकही वाणीते परेहौ अखंड हौ अगोचर हौ गो जो इन्द्री त्यहिते आदिहौ इन्द्रिनके ग्रहण में नहीं आवतेहौ अरु तुम सदा समरूप हौ अरु सब चराचर विषे अन्तर्यामी रूप ह्वइकै तुमहीं व्याप्त हौ अरु सब तुमहींहौ अरु सब नहींहौ सबते भिन्नहौ यह वेदकहते हैं दन्तकथानहींहै कैसे तुमहौ सबमें व्याप्तहौ अरु सबते भिन्नहौ जैसे रबि जो सूर्य हैं तिनकर आतप जो तेज है सो सूर्यतेभिन्न है अरु नहीं भिन्न है ऐसे तुमहौ तहां प्रमाण है ब्रह्माण्डपुराणे श्री

वरं सुखमन्दिरसुंदरश्रीरमनं मदमारमहाममताशमनं २० अनवद्यअखंडअगोचरगो समरूपसदासबहोइनसो इतिवेदवदंतिन दंतकथा रविआतपभिन्ननभिन्नयथा २१ कृतकृत्यविभोसबवानरये निरखंततवाननसादरये धृगजीवनदेवशरीरहरे तबभक्तिबिनाभवभूलिपरे २२ अबदीनदयालदयाकरिये मतिमोरिविभेदकरीहरिये ज्यहितेबिपरीतकृपाकरिये दुखसोसुखमानिसुखीचरिये २३ खलखंडनमंडनरम्यक्षमा पदपंकजसेवितशंभुउमानृपनायकदेवरदानमिदं चरणांबुजप्रेमसदाशुभदं २४ दो ॥ बिनयनकीनविधिभांतिबहु

रामगीतायां श्रीरामचन्द्र वाक्यं वशिष्टं प्रति श्लोक १ यथानेकेषुकुंभेषुरविरेकोपिदृश्यते॥ तथासर्वेषुभूतेषुचिन्तनीयोस्म्यहंसदा ( २१ ) हे विभो समर्थ ऋच्छ बानरनको कृतकृत्यकही कृतार्थ कीन है अरु त्रैलोक्यमें सुयशदीन है ये बानर बड़भागी हैं जे तुम्हारे चन्द्रमुखको अहर्निशि देखते हैं हे हरे हमारे देवतनके शरीरको धिग्है तुम्हारी भक्ति बिना संसारके विषयमें भूलि परे हैं ( २२ ) हे दीनदयाल यहि व्यवहार में बहुत काल बीते हैं ताते अब दयाकरिये हे हरि मोरीमतिको विभेद कही भेदते रहित करिये इहां अभेदकही जहांतक त्रैगुण्यजनित व्यवहार हैं तिन विषे तुम्हैंमय देखौं चैतन्य रूप कर्त्ता तुमहींहौ अरु तुम्हारे चरणारविंद विषे एकरस अनुराग बनारहै अरु जो कार्य मोको सौंप्यौ है तामें मोको अपनपौ न आवै अरु ज्यहिते बिपरीत कृपा होती है सो मिटिजाइ दुःख सुख सममानिकै सुखी ह्वइकै जगत् में विचरते हैं तुम्हारे जन सदा सोई बर मोकोहोइ ( २३ ) हे नाथ खलके खण्डनकर्त्ताहौ खलकही दानव राक्षस अरु षड्विकार काम क्रोध लोभ मोह मद मात्सर्य इत्यादिक तिनके खण्डनकर्त्ताहौ अरु मण्डन रम्यकही संपूर्ण भुवनके शृंगार अति सुन्दरहौ अरु क्षमारूपहौ अरु तुम्हारे पदपंकजको सहित उमा महादेव सुरराज ऋषिराज योगराज मुनिराज ज्ञानराज भक्तराज इत्यादिक

महात्मा सेवते हैं हे नृपनायक इन्द्र यह वरदान देहु तुम्हारे चरणांबुज विषे अखण्डप्रीति बनीरहै कैसे चरण हैं समस्त शुभ मंगल के दाता हैं ( २४ ) दोहार्थ॥ हे भरद्वाज विधाता प्रेमते पुलकितगात बहुप्रकारते बिनय करिकै श्रीरामचन्द्रको स्वरूप देखतेहैं नेत्रनहीं अघाते हैं ( २५ ) हे गरुड़ त्यहि अवसरविषे इन्द्रलोकसे बिमानपर आरूढ़ह्वइकै श्रीदशरथमहाराज आवतेभये हैं तनय श्रीरामचन्द्रहैं तिन्हैं बिलोकिकै नेत्रनमें जल छाइ रहा है ( २६ ) श्रीलक्ष्मणसहित श्रीरघुनाथजी करजोरिकै प्रणाम करते

प्रेमपुलकिअतिगात बदनबिलोकतरामकरलोचननहींअघात २५ चौ० ॥ त्यहिअवसरदशरथतहँआये तनयबिलोकिनयनजलछाये २६ सहितअनुजप्रणामप्रभुकीन्हा आशिर्बादपितैंतबदीन्हा २७ तातसकलतवपुण्यप्रभाऊ जीत्यउंअजयनिशाचरराऊ २८ सुनिसुतबचनप्रीतिअतिबाढ़ी नयननीररोमावलिठाढ़ी २९ रघुपतिप्रथमप्रेमअनुमाना चितैपितैंदीन्ह्योदृढ़ज्ञाना ३० तातेउमामोक्षनहिपायो दशरथभेदभक्तिमनलायो ३१ सगुणउपासकमोक्षनलेहीं तिनकहँरामभक्तिनिजदेहीं ३२

भये तब आशीर्वाद पिता देतभये कि तुम सदा जयमानरहहु ( २७ ) तब श्रीरामचन्द्र कहते हैं हे तात तुम्हारे पुण्यप्रभावते जो निशाचरनकर राजा रावण अजय किसीके जीतिबे योग्यनहीं त्यहिको हम जीतिलीन आपुके प्रतापते ( २८ ) श्रीरामचन्द्रके बचन सुनिकै अतिशय प्रीतिबढ़ी नेत्रन महँ जलभरि आये रोमांच ठाढ़ह्वइआये हैं ( २९ ) तब श्रीरामचन्द्र पिताको प्रथम प्रेममन अनुमानकीन कि कदाचित् मोरे प्रेमके बश स्वर्ग छोड़िकै चले न आवहिं किंतु देवरूपतन छोड़िदेहिं ताते श्रीरामचन्द्र पिताके अंतर मूर्त्तिविषे ज्ञान उत्पन्न करिदीन है जाते हमविषे परमेश्वर बुद्धि बनीरहै आगे कछु अन्य ग्रन्थकी उक्तिकहते हैं तहां श्रीरामचन्द्र हाथ जोरिकै पितासे यहकहते हैं हे तात केकयी हमारे मनकी रुचि कीनहै ताते केकयी हमको बहुतप्रियहै ताते आपु केकयीको त्याग न करो अंगीकार करहु यह बरदान हमको देहु तब दशरथ महाराज अतिहर्ष ते एवमस्तु कहते भये हैं ( ३० ) हे उमा दशरथ महाराज मोको नहीं प्राप्तिभये हैं स्वर्गविषे रहेजाइ काहेते श्रीदशरथजी ने श्रीरामचन्द्र के स्वरूप में भेदभक्ति विषे मनआसक्त कीनहै तहां एकभेद भक्तिहै एक अभेद भक्ति है कोई ज्ञानको अभेद कहते हैं सो इहां ज्ञानको कछुप्रयोजन नहीं है इहां भेदाभेदभक्ति को प्रयोजन है इहां भेदाभेदभक्ति दुइप्रकार कीहै तेहिको प्रयोजन कहते हैं तहां अभेद भक्ति कहते हैं शांतरसविषे आरूढ़ ह्वैकै श्रीरामचन्द्र से सामान्य ऐश्वर्य पञ्चम मुक्ति चाहतेहैं किन्तु शृंगार रसविषे आरूढ़होइकै श्रीरामचन्द्रजी से बराबरि रसभाव योग्य चाहते हैं सोभी पञ्चममुक्ति है अरु कोई सख्यरसविषे आरूढ़ होइकै सारूप्य मुक्तिहोइकै बराबरि रसक्रीड़ा भोग्य हेतु परमपद श्रीराम इहां मोक्षचाहते हैं यह तीनों अभेद भक्ति भावकरिकै परमपद को प्राप्ति होते हैं कोई दास रसविषे अभेद मानते हैं श्रीरघुनाथजी के अलंकार होइकै अंगसेवन भावकरिकै परमपद चाहतेहैं सोभी अभेद भक्तिहै ताहीकोकोई सायुज्यमुक्ति कहतेहैं अरु भेदभक्ति दास्यरस वात्सल्यरसकरिकै परमपदको प्राप्ति होते हैं तामें दुइ भेद हैं एकसकाम एकनिष्काम एकनको मोक्षकी कामनाहै अरु कैवल्य भक्ति चाहते हैं मोक्षते निष्कामहैं श्रीरामचन्द्र के दर्शनकै

बारबारकरिप्रभुहिंप्रणामा दशरथहर्षिगयेसुरधामा ३३ दो० ॥ अनुजजानकीसहितप्रभुकुशलकोशलाधीश छबि

कार्य चाहते हैं अरु श्रीराम रजाय सर्बथा करते हैं सो भेदभक्ति है सो दशरथ महाराज भेदभक्ति ग्रहणकरिकै स्वर्गको प्राप्तिभयेहैं श्रीराम इच्छा जानिकै श्रीराम लीला छ: कांडको श्रीरामचन्द्र राज्याभिषेक राज्यको ऐश्वर्य सबश्रीरामचन्द्र बिषे देखिकै परमानन्द पूर्ण परविभूतिको श्रीरामचन्द्रके संगही स्वर्ग जाहिंगे ( ३१ ) पांचहु रसविषे जे सगुण ब्रह्मके उपासकहैं अरु सर्ब मोक्षते निष्काम हैं तिनको श्रीरामचन्द्र अपनी भक्तिदेते हैं ज्यहिभक्तिके आधीनपांचहु मुक्तिहैं ( ३२ ) श्रीरामचन्द्र श्रीदशरथ महाराजको ज्ञानदीन अपने स्वरूप परब्रह्मसोबोध दशरथमहाराजको अच्छी तरह करिदीन है ताते दशरथ महाराज श्रीरामचन्द्र कै इच्छा बिचारिकै श्रीरामचन्द्र के बारबार नमस्कार कीनहै

अरु दशरथ महाराज को श्रीरामचन्द्र सहित प्रियानुज लक्ष्मणजी ने बारबार नमस्कार कीन तबदशरथमहाराज अति हर्षते सुरधाम जहांरहे इन्द्रपुरी को जातभये हैं ( ३३ ) दोहार्थ॥ अनुज अरु जानकी सहित श्रीरामचन्द्र कुशलकही आनन्दपूर्वक अत्यन्त शोभा छबि देखिकै सुरनके ईश जे इन्द्रहैं ते स्तुति करते हैं ( ३४ ) छन्दार्थ॥ जयश्रीरामचन्द्र कही सर्वोपरि विजय है जाकी अपनी शोभा करिकै त्रैलोक्यजनित कामादिककी शोभाको जीतिलीन है ताते शोभाधामकही अरु अपने बलकरिकै महाकालहु को जीतिलीन्ह है अरु मोक्ष इत्यादिक दानकरिकै त्रैलोक्य को जीतिलीनहै ताते सदा जयमान कही अरु बिश्राम कही परमानन्द दायक आपने शरणागत जीवनको एकतुमहींहौ अरु धृतकही धारण किहेहौ तूण जो तरकस अरु धनुषबाण आपने भक्तनके रक्षाहेतु अरु तुम्हारे भुजदंडके अति प्रबल प्रताप त्रैलोक्यपर बिराजि रहेउहै ( ३५ ) हे खरदूषणके अरि तुम्हारी उदारताकी महिमा अपारहै जयहोइ तुम्हारी हे रावणारि हे कृपालु यातुधान जे राक्षस हैं तिनको बिकलकरिकै मारिकै परमपददीनहै जयहोइ तुम्हारी ( ३६ ) हे नाथ दशकन्धर जो है सो अति अपने बलके गर्बते बश्यकिहे है सुर गन्धर्ब किन्नरादिकन को मुनि सिद्ध खग नर नाग इत्यादिक जे हैं

**बिलोकिमनहर्षअतिअस्तुतिकरसुरईश ३४ तोमरछं० ॥ जयरामशोभाधाम दायकप्रणतबिश्राम धृतत्रोणबरशरचाप भुजदंडप्रबलप्रताप ३५ जयदूषणारिखरारि महिमाउदारअपारि जयरावणारिकृपाल किययातुधानबिहाल ३६ लंकेशअतिबलगर्ब कियेबश्यसुरगंधर्ब मुनिसिद्धखगनरनाग हठिपंथसबकेलाग ३७ परद्रोहरतअतिदुष्ट पायोसोफलपापिष्ट अबसुनहुदीनदयाल राजीवनयनबिशाल ३८ म्वहिंरहाअतिअभिमान नहिंकोउमोहिंसमान अबदेखिप्रभुपदकंज गतमानप्रददुखपुंज ३९ कोइब्रह्मनिर्गुणध्याव अब्यक्तज्यहिश्रुतिगाव म्वहिंभावकोशलभूप श्रीरामसगुणस्वरूप ४० बैदेहिअनुजसमेत ममहृदयकरहु**

हठ करिकै सबके पंथलागिकै दुख दायोहै ( ३७ ) पराये द्रोह विषे रावण रत राति दिन महापापिष्ट तेहिने अपने फलको पायोहै तेहिको तुम मोक्ष दीन हे राजीवनयन बिशाल सुनहु ऐसे तुम दीनदयाल हौ ( ३८ ) श्रीरामचन्द्र मोरे अति अभिमान रहाहै कि मेरे समान कोईनहीं है रावण करिकै बलको अभिमान जातरह्यउहै त्यहि रावणको आपुनाश करिदीनहै यह समुझेउ कि आपुके समान कोईनहींहै ताते आपुके पदपंकजदेखिकै सम्पूर्ण अभिमान को कारण सुद्धां नाश होइगयो है मानदुःखके पुञ्जको कारण है अरु प्रदकही दाताहौ सोई आपुकी कृपाते गतकही जात रहेउहै ( ३९ ) कोई निर्गुण ब्यापकब्रह्म करिकै तुमको ध्यावते हैं जेहिको वेद अव्यक्तकही अप्रकट अदृश्य करिकै गावत हैं अरु मोको कोशलभूप देहिं तिन श्रीरामचन्द्र ने केवल शक्रको बड़ाई दीनहै ( ४ ) इंद्र अतिहर्ष संयुक्त अमृतकै वर्षा करिकै भालु कपिनको जियाइ देतभयो है सब हर्षिकै उठिकै श्रीरामचन्द्रके समीप आवतभये जैसे कोई सोवतते जागिउठैहै ( ५ ) हे पार्वती दोउदलके ऊपर इंद्रने सुधाकी वृष्टिकीन है पर भालु कपिजिये रजनीचर नहींजिये हैं ( ६ ) निशिचर काहेते नहींजिये हैं संग्राम विषे तिनके मन रामाकार ह्वैरहे हैं अरु तेहीदशामें शरीर छूटे हैं ताते सबराक्षस परमपदको प्राप्तिभये हैं ताते नहींजिये हैं काहेतेकि अमृतकी सामर्थ्य नहीं है कि परमपदसे फेरिकै जीवको शरीरमें आनिसकै तहां राक्षस तौ मुक्तभये हैं भवबन्धनते छूटिगये हैं ( ७ ) अरु जोकोईकहै कि बानर नहीं मोक्षभये सो नहीं मुक्तभये हैं ताते जीउठे हैं काहेते श्रीरघुनाथजीकै ऐसी इच्छारही है कि बानर ऋच्छोंको मैं अपने संगही परविभूतिको लैजाउँगो काहेते थे सबमेरे दिव्यपार्षदहैं अरु देवतन

**कपिभालुजियाये हर्षिउठेसबप्रभुपहँआये ५ सुधावृष्टिभइद्वउदलऊपर जियेभालुकपिनहिंरजनीचर ६ रामाकारभयेतिनकेमन मुक्तभयेछूटेभवबंधन ७ सुरअशंकभवकपिअरुऋच्छा जियेसकलरघुपतिकी इच्छा ८ रामसरिसकोदीनहितकारी कीन्हेमुक्तनिशाचरझारी ९ खलमलधामकामरतरावन**

गतिपायोजोमुनिवरपावन १० दो० ॥ सुमनबर्षिसुरसबचलेचढ़िचढ़िरुचिरबिमान देखिसुअवसररामपहँआयेशंभुसुजान ११ परमप्रीतिकरजोरिकरनलिननयनभरिबारि पुलकिततनगदगदगिरा

के अंश ऋच्छ बानराकार हैं सोई देवतनमें जाहिंगे अरु ये मेरोरूप ह्वइकै मेरे संगही जाहिंगे यह अभिप्राय विशेषि जानब ( ८ ) हे गरुड़ श्रीरामचन्द्र के समान दीन हितकारी दूसर कोहै कोई नहीं है अपर स्वरूप भगवान्‌के जे हैं तेऊ ऐसे दयालुनहीं हैं अपर ब्रह्मादिक देवता काहोंहिंगे कैसे श्रीरामचन्द्र हैं राक्षस जिन्हें आजन्मकही जन्मपर्य्यन्त पापैकरत बीतेउ है तिन कोटिनको परमपदको पठैदीन जो पद योगिनको दुर्लभ है ऐसे कृपालु हैं ( ९ ) देखिये तौ ऐसो रावण खलरूप काम रत मलकरिकै पूर्ण त्यहिको परिवार सहित सो गतिदीन जो गति अतिपावन मुनीश पावत हैं ( १० ) दोहार्थ ॥ इन्द्रकै समाज संपूर्ण श्रीरघुनाथजीकी आज्ञा रूपसेपाइकै सुमनकर वृष्टि करिकै रुचिर बिमाननपर चढ़ि चढ़ि अपने अपने लोको जातभये हैं तब सुन्दर अवसर जानिकै सुजान जे महादेव ते श्रीरामचन्द्रके समीप नभविषे आवतभये हैं ( ११ ) परमप्रीति समेत कमल नयन में जलभरि आये हैं तन पुलकिआयो है गद्गद बाणीते द्वौकरजोरिकै महादेव श्रीरघुनाथजी की स्तुति करते हैं ( १२ ) रघुकुल नायक मामभिरक्षय कही मेरे बांछित रक्षाकरहु किन्तु भूत भविष्य वर्त्तमानमें रक्षाकरहु काहेते अपने जनकी रक्षाकेहेतु धृतकही धारण किहेहौ रुचिरकही सुन्दरबर धनुषबाण किंतु अभिकही अपने अभिलाषते मोरि रक्षाकरहु ( १३ ) तुम कैसेहौ महामोह जो है सो पटलकही घनमेघ है महामोहकही तुम्हारे स्वरूपविषे भ्रांति अरु संशय जो बनहै तेहिके नाशकरिबेको अनलहौ अरु देवतनके रञ्जनकर्त्ता हौ ( १४ ) अरु निर्गुण सगुण स्वरूप परमेश्वर तुमहीहौ निर्गुण कही तीनिउँगुण के परे हौ अरु सगुण कही परमदिब्यगुण के मंदिरहौ अरु अतिसुंदर हौ अपनी शोभा करिकै चर अचर को मोहि लेते हौ अरु मुनीश्वरनको अरु योगीश्वरन को मोहि लेतेहो ऐसे तुम सुन्दर हौ अरु तुम्हारे

बिनयकरतत्रिपुरारि १२ चौ०॥ मामभिरक्षयरघुकुलनायक धृतकरचापरुचिरबरशायक १३ मोहमहाघनपटलप्रभंजन संशयबिपिनअनलसुररंजन १४ सगुणअगुणगुणमंदिरसुंदर भ्रमतमप्रबलप्रतापदिवाकर १५ कामक्रोधमदगजपंचानन बसहुनिरंतरजनमनकानन १६ बिषयमनोरथपुंजकंजबन प्रबलतुषारउदारपारमन १७ भवबारिधिमंदरपरमंदर बारयतारयसंसृतिदुस्तर १८ श्यामगातराजीवबिलोचन दीनबंधुप्रणतारतमोचन १९ अनुजजानकीसहितनिरंतर बसहुरामनृपममउरअंतर २०

जननको कबहूं काल संयोगते तुमविषे भ्रम होइजात है सो भ्रमरात्री है त्यहिके नाशकरबे को तुम्हार प्रताप दिवाकर है ( १५ ) अरु काम क्रोध लोभ मोह मद मात्सर्य इत्यादिक गजन के यूथ हैं तिनके नाशकरिबेको पंचाननकही सिंहहौ अरु जन जेदास तिनके मनकानन हैं तहां तुम निरंतर बसतहौ ( १६ ) अरु बिषयमें मनोरथ सोई पुंज कंज बन है त्यहिके नाशकरिबे को तुम प्रबल तुषारहौ अरु अति उदारहौ अरु क्रोधवाणी मंनके परेहौ ( १७ ) हे श्रीरामचन्द्र तुमकैसेहौ भव जो संसार बारिधि कही समुद्र है त्यहिके मथबेको तुम मन्दराचलपर्बतहौ अरु मन्दरके आगेपर मन्दरपदहै दरकहीदुःखको सो परमदुःख जो कोईहोइ त्यहिको बारयकही निवारण करतेहौ अरु संसृति जोजन्म मरण दुस्तर है त्यहिते तुम तारि देतेहौ ( १८ ) हे श्यामगात राजीवलोचन हे दीनबन्धु प्रणत जे आपुके शरण एकौबार बचनहुते कहिनिहैं त्यहिकी संपूर्ण आरत नाशकरि देतेहौ ( १९ ) ते तुम श्रीरामचन्द्र सहित जानकी अरु अनुज मेरे उरअन्तर निरन्तर बसहु यह बर पावहुं ( २० ) अरु मुनि के रञ्जनकही आनन्ददाताहौ अरु संपूर्ण पृथ्वी के मण्डनकही शृंगारहौ अरु गोसाईं तुलसीदास कहते हैं संपूर्ण मेरीत्रासको बिखण्डन कही विशेष खण्डनकर्त्ताहौ ( २१ ) दोहार्थ॥ महादेव कहते हैं हे नाथ जब श्रीअयोध्याविषे आपको राज्याभिषेक होइहि तब मैं अतिउदार कही अति समूह सो चरित तुम्हार जोहै ताके देखबेको में अवश्य आउब ( २२ ) हे गरुड़ श्रीरामचन्द्रकै बिनती महादेवकरिकै

आज्ञापाइकै कैलासविषे जातभये हैं तब श्रीरामचन्द्रके निकट बिभीषण आवतभये हैं ( २३ ) तब बिभीषण श्रीरामचन्द्रके चरणमें शिरनाइकै द्वौकर जोरिकै कोमल बाणीसे कहते हैं हे शार्ङ्गपाणि हमारी बाणी सुनहु ( २४ ) हे प्रभु सकुलअरु सदल रावणको बधकीन पृथ्वीकोभार उतारयउहै त्रैलोक्यमें आपु

मुनिरंजनमहिमंडलमंडन तुलसिदासप्रभुत्रासबिखंडन २१ दो०॥ नाथजबहिंकोशलपुरीहोइहितिलकतुम्हार तबमैंआउबसुनहुप्रभुदेखनचरितउदार २२ चौ० ॥ करिबिनतीजबशंभुसिधाये तबप्रभुनिकटबिभीषणआये २३ नायचरणशिरकहमृदुबाणी बिनयसुनहुप्रभुशारँगपाणी २४ सकुलसदलप्रभुरावणमारा पावनयशत्रिभुवनबिस्तारा २५ दीनमलीनहीनमतिजाती मोपरकृपाकीनबहुभांती २६ अबजनगृहपुनीतप्रभुकीजै मज्जनकरियसमरश्रमछीजै २७ देखिकोशमंदिरसंपदा देहुकृपालुकपिनकहँमुदा २८ सबबिधिनाथमोहिंअपनाई पुनिम्वहिंसहितअवधपुरजाई २९ सुनतबचनमृदुदीनदयाला सजलभयेदोउनयनबिशाला ३०

को पावन सुयश पूरिरह्यउहै ( २५ ) अरु मैं अतिशयदीन ऐसे दुष्टनके मध्यमें ताते मैं मलीनह्वैरह्यउँ है अरु जातिसे अरु मतिसे अरु तुम्हारी भक्तिसे हीनह्वइ रह्यउँ है ते तुम मोपर कृपा बहुभांतिसे कीनहै ( २६ ) हे प्रभु अब आपनजन जानिकै गृहपावन करिये मज्जनकरिये जाते समरको श्रम दूरिहोइ इहां संग्रामविषे आपुतो श्रमरहितहौ आपुको देखिकै मोको श्रमभयो सो मिटिजाइ ( २७ ) हे नाथ मन्दिर आपुदेखिये कोशकही भण्डार सम्पदा देखिये सो कपिनको आनन्द संयुक्त जो चाहिये सो दीजिये ( २८ ) हे नाथ सबप्रकार ते मोको अपनाइकै तब अवध को संगलिहे चल्यहु ( २९ ) कोमल बचन बिभीषणके दीनदयाल श्रीरामचन्द्र सुनतसंते द्वौ नयन बिशाल कमल इव सजल ह्वइआये हैं ( ३० ) दोहार्थ ॥ हे विभीषण तातकही प्रियसखे तुम्हारकोशगृहसब हमार है यह सत्यजानौं काहेते मन बचन कर्म तुममेरेहौ पर भरतकै दशा समुझिकै मोको एक निमेष कल्पसम जातहै ( ३१ ) भरतजी तापसवेष कियेहैं अरु तपकरिकै शरीर कृश ह्वइरहाहै अरु मोरनाम निरंतर जपत रहते हैं अरु भरतजी को यह संकल्प है कि जवनी साइति मैं श्रीअयोध्याते चल्यउंहै त्यहि साइति न पहुंचौं तौ भरतजी अग्निमें प्रवेशकरि जाहिंगे हे तात सो उपाय करहु जाते मैं शीघ्र अयोध्याको जाउं भरतजी को नेत्रनभरिदेखौं ( ३२ ) हे तात जोअवधिबीते जैहौं तो भरत बीरको जियतन पैहौं इहां बीरकही अतिप्रियको भरतकै अतिशय प्रीति अपनेविषे समुझिकै बारबार तनपुलकित ह्वइरहेहैं ( ३३ ) अरु अब कल्पताई तुम राज्यकरहु परंतु मोरस्वरूप नामलीला यह सुमिरण करतेरहौ पुनि जहाँ समस्त संतजाते हैं उसी मेरेधाम बैकुंठको चलेजाना ( ३४ )

दो०॥ तोरकोशगृहमोरसबसत्यवचनसुनुतात दशाभरतकैसमुझिम्वहिनिमिषकल्पसमजात ३१ तापसवेषशरीरकृशजपतनिरंतरमोहिं देखौंवेगिसोयतनकरुसखानिहोरेतोहिं ३२ जोजैहौंबीतेअवधिजियतनपावौंबीर प्रीतिभरतकैसमुझिप्रभुपुनिपुनि पुलकशरीर ३३ करहुकल्पभरिराजतुम म्वहिंसुमिरेहुमनमाहिं पुनिममधामसिधारेउजहांसंतसबजाहिं ३४॥ * * * * *

चौ० ॥ सुनतबिभीषणवचनरामके हर्षिगहेपदकृपाधामके १ बानरभालुसकलहर्षाने गहिपदप्रभुगुणबिमलबखाने २ बहुरि बिभीषणभवन-सिधाये पुष्पकमणिगनिबसनभराये ३ लैपुष्पकप्रभुआगेराख्यउ हँसिकरिकृपासिंधुअसभाख्यउ ४ चढ़िबिमान

इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसनेलंकाकांडेइन्द्रसेवाशिवस्तुति विभीषणसंबादवर्णनन्नाम चतुर्बिंशस्तरंगः २४॥ :: ::

दोहा॥ कपिऋच्छनसँगखेलकरि चढ़िबिमानसियसंग रामचरणदेखतसकल पूरपचीसतरंग २५ श्रीरामचन्द्रके बचन विभीषण सुनिकै अतिहर्षिकै कृपानिधानके पदकमल गहतभये हैं ( १ ) विभीषणपर यहकृपा देखिकै सब बानर भालु अतिहर्ष संयुक्त श्रीरामचन्द्रके पदकमल गहिकै बिमल गुण बखान करते हैं ( २ ) पुनि विभीषण भवनको जाइकै अमोल मणिनकेगण अरु भूषणपट बिमानविषे भरावतभये हैं ( ३ ) तब मणिपट भरिकै पुष्पकबिमान श्रीरामचन्द्रके आगे राखतभये तब हँसिकै श्रीरामचन्द्र कृपासिंधु आज्ञादेत भये हैं ( ४ ) हे सखे विभीषण पुष्पक बिमान पर चढ़िकै आकाशविषे जाइकै पटभूषण बर्षाकरहु यहसब बानर भालु मनबांछित मणिलेहिं ( ५ ) हे पार्वती तबहीं तुरंत विभीषण बिमान सहित नभविषे जाइकै मणि अम्बर बर्षा करतभये हैं जैसे मेघ बर्षते हैं ( ६ ) तहां भालु कपि धाइधाइ मनबांछितमणिलेते हैं अरु सुन्दरफल जानिकै मुखमें डारिलेते हैं जब दशननमें कठोरता लागत है अरु रस नहीं प्राप्ति होतेहैं तब उगिलि डारिदेते हैं ( ७ ) तहां हे पार्वती कपिन कैलीला देखिकै अनुज जानकी समेत कृपानिकेत हँसते हैं परम कौतुकीहैं ( ८ ) दोहार्थ ॥ हे गरुड़ जिन श्रीरामचन्द्रके स्वरूपकर ध्यान मुनीश्वर नहीं पावते अरु वेद नेति नेति कहते हैं ते श्रीरामचन्द्र कपि भालुनके संग ऐसो बिनोद करते हैं ऐसे कृपालु हैं तिनकीगति कोजानै ( ९ ) हे उमाअष्टांग योग है अरु जप जोहै पुरश्चरण इत्यादिक अरु दानजोहै अनेकबिधिके अरु तप जोहै बहुविधिके अरु नानाप्रकार के व्रत जे हैं

सुनुसखाबिभीषण गगनजाइबर्षहुपटभूषण ५ नभपरजाइबिभीषणजबहीं बर्षिदियेमणिअंबरतबहीं ६ जोइजोइमनभावैसोइलेहीं मणिमुखमेलिडारिकपिदेहीं ७ हँसतरामश्रीअनुजसमेता परमकौतुकीकृपानिकेता ८ दो० ॥ ध्याननपावहिंजाहिमुनिनेतिनेतिकहिवेद कृपासिंधुसोइकपिनसनकरतअनेकबिनोद ९ उमायोगजपज्ञानतप नानाब्रतमखनेम रामकृपानहिंकरहिंतसजसनिःकेवलप्रेम १० चौ० ॥ भालुकपिनपटभूषणपाये पहिरिपहिरिरघुपतिपहँआये ११ नानाजिनिसदेखिप्रभुकीशा पुनिपुनिहँसतकोशलाधीशा १२ चितैसबनपरकीन्हीदाया बोलेमृदुलबचनरघुराया १३ तुम्हरेबलमैंरावणमारातिलकबिभीषणकहँपुनिसारा

चान्द्रायण आदिक अरु यज्ञअश्वमेध आदिकजेहैं अरुदशनियम दशसंयमहैं इत्यादिक सबगुण एकैपुरुषविषे होइँ तहां श्रीरामचन्द्र रीझते हैं परजस निःकेवल प्रेमते रीझते हैं तस त्यहि सबसन नहीं रीझते हैं ( १० ) हे पार्वती पटभूषण हेमरत्नजटित सो भालु कपिन पाइकै जिनके पहिरबे योग्य रहेउ सो पहिरतभये बाकी डारिदियो है पहिरि पहिरि हर्षसंयुक्त कल्लोल करत रघुपतिके समीप आवतेभये हैं ( ११ ) नानाप्रकारके बानर ऋच्छ केतेकाले रंगके केते नील रंग केते हरितरंग केते लालरंग केतेश्वेतरंग केते पीतरंग अरु केतेलघु केतेमध्य केते अतिदीर्घ ते सब बिपर्यय अलंकारकिहे देखिकै रघुबीर सहित प्रियानुज मुसकाते हैं पुनि पुनि हंसते हैं ( १२ ) सबपर कृपादृष्टि अवलोकनकरिकै दायाकरत भये हैं जो दाया कीनहै तेहिको अर्थ आगेकहैंगेश्रीरघुबीर मृदुवचन बोलते भयेहैं रघुबीर कही बीररस मृदुल कही करुणारस बीररस मिश्रित बचन बोलत भयेहैं ( १३ ) प्रथम बीररस जनावाहै समस्त बानर ऋच्छहु तुम्हारेही बलतेमैंने रावणको माराहै इहां श्रीरामचन्द्र अपने दासनको महत्त्व देते हैं किन्तु अपने दासनकी परीक्षा लेते हैं कि इनको अपनी बीरताको अहंपद आयो है कि नहीं किंतु इन ऋच्छन बानरन आत्मसमर्पण कैकै कैंकर्य कीनहै त्यहिभक्तिको अभिमान आयो है कि नहीं आयो है यह परीक्षा लक्षणहै अरु तुम्हारे बलते बिभीषणको तिलककीनहै अरु इहां यह अभिप्राय है तुम देवता अंश हौ अरु विभीषण राक्षस बंश है ताते अब बिभीषण राजा भयो है अरु साधु है ताते तुम रक्षाकरहु अरु विभीषण तुम्हारिरक्षाकरहिंगे इहां श्रीरामचन्द्र देवतन राक्षसनको मिलाप कराइदीनहै यह धुनिहै ( १४ ) यह श्रीरामचन्द्र कहते हैं हे ऋच्छ बानरहु अब तुम अपने अपने गृहको जाहुमोर सुमिरण करत रहहुगे काहूको डरयउजनि इहां यह अभिप्राय है कि तुमजो देवतनको अंशहौ सो ज्यहि देवताको

१४ निजनिजगृहअबतुमसबजाहू सुमिरेहुमोहिंडरेहुजनिकाहू १५ बचनसुनतप्रेमाकुलबानर पाणिजोरिबोलेसबसादर १६ प्रभुजोकहततुमहिंसबसोहा हमरेहोतबचनसुनिमोहा १७ दीनजानिकपिकियेसनाथा तुमत्रैलोक्यईशरघुनाथा १८ सुनिप्रभुबचनलाजहममरहीं मशककतहुँखगपतिहितकरहीं १९ देखिरामरुखबानरऋच्छा प्रेममगननहिंगृहकी

जो अंशहोउ ते तहां प्राप्तिहोहुजाइ अरु मेरे पार्षदरूप जे हैं ते बने रहहिंगे इहां यहधुनिहै कि जबते पुष्पक बिमानपर श्रीरामचन्द्र सब बानर ऋच्छनकी सेना चढ़ाइ लेहिंगे तबते सबपार्षद श्रीभरत लक्ष्मण शत्रुहनके स्वरूपनि बनेरहहिंगे पर विभूतिको संगही जाहिंगे ये जोऋच्छ बानराकारहैं ब्रह्माकी आज्ञाते सो देवतनको अंश जानहुगे अरु निजस्वरूप पर बिभूतिके पार्षदहैं ( १५ ) श्रीरामचन्द्र जब यहकहा कि तुम अब निज निज गृहको आनन्दपूर्वकजाहु सो सुनिकै बानर भालु प्रेमभरे व्याकुल ह्वइगये हैं द्वौहाथजोरि सबसादर बोलते हैं ( १६ ) हे प्रभु आप जो कछु कहतहैं सब योग्यही है आपको सब शोभित है पर आपके बचन सुनिकै हमको मोह होतहै काहेते जो आप कहा कि तुम्हारे बलते रावणको मारा यह आपकी आश्चर्य बाणी नहीं समुझिपरी है ( १७ ) हे त्रैलोक्यनाथ हम जो नीच योनि नीचमति चंचलसुभाव बानर ऋच्छ तिन सबको आपु सनाथकीन है ऐसे समर्थ कृपालुहौ ( १८ ) हे नाथ आपुके बचन सुनिकै हम लाजन मरते हैं काहेते मशाकहूं खगपतिकै सहायकरि सकै है तैसे हम आपुकै सहायका करिसकै हैं बानर कै आत्मसमर्पण कार्पण्य शरणागत जानब ( १९ ) तब श्रीरामचन्द्र जाना कि बानर ऋच्छ प्रेमते मगनहै गृहजाबेकी नहीं इच्छाहै तदपि श्रीरामचन्द्रकर रुख बिदाहोबेको जान्यो सो आगे दूनोंअर्थ सिद्धिहोहिंगे ( २० ) दोहार्थ॥ श्रीरघुनाथजी के प्रेरणाकही आज्ञाते संपूर्ण भालु कपि बिनयकरिकै चरणारबिंद हृदयमें धरिकै श्रीराम रुखजानिकै परवश चलते हैं पुनि ठाढ़ह्वै जातेहैं यह प्रेम प्रीतिकीदशा है हर्षकेवल आज्ञानुकूल को है अरु विषाद श्रीराम बिक्षेपको है ( २१ ) तब जामवंत कपिराज नलनील अंगद हनुमान् इत्यादिक जे अठारह पद्मयूथप हैं अरु विभीषण आदिक जे और अतिबलवान् सेनापति हैं ( २२ ) ते सब रामकी ओर देखिरहे हैं कछु

इच्छा २० दो० ॥ प्रभुप्रेरितकपिभालुसबरामरूपउरराखि हर्षबिषादसमेततबचलेबिनयबहुभाखि २१ जामवंतकपिराजनलअंगदादिहनुमंत सहितबिभीषणजेअपरयूथपकपिबलवंत २२ कहिनसकहिंकछुप्रेमबशभरिभरिलोचनबारि सन्मुखचितवहिंरामतननयननिमेषनिवारि २३ चौ० ॥ अतिशयप्रीतिदेखिरघुराई लीन्हेसकलबिमानचढ़ाई २४ मनमहँबिप्रचरणशिरनावा उत्तरदिशाबिमानचलावा २५ चलतबिमानकोलाहलहोई जयरघुवीरकहैंसबकोई २६ सिंहासनअतिऊंचमनोहर श्री

नहीं कहिसकते हैं श्रीरामचन्द्रकर मुखदेखते हैं प्रेमते नेत्रनमें जलभरिकै पलक बिहाइकै इहइच्छा है कि श्रीरामचन्द्रकै राजगद्दी नीकीप्रकार से देखैं बिदाहोबेकै इच्छा काहूके नहीं है ( २३ ) हे गरुड़ ऋच्छ बानरनके यूथ परेहैं तिनकै प्रीति अतिशय श्रीरघुनाथजी देखिकै अरु बानरनको बिदाकीनहै तिनकै प्रीतिदेखिकै कृपाकरिकै सम्पूर्ण सेनाको विमानपरचढ़ाइलीनहै तहां विभीषणको मालिक जैसी इच्छाकरैं तैसी होइजातहै लघुदीर्घ को प्रमाण नहीं है ( २४ ) सब ऋच्छ बानरन को बिमानपर चढ़ाइकै ब्राह्मणके चरणारविन्द में नमस्कार करिकै अति आनन्दपूर्वक आज्ञा भई उत्तर दिशा कीओर श्रीअयोध्याजीको बिमान नभमार्गविषे चलत भयो है ( २५ ) हे भरद्वाज जब बिमान चलतकोलाहल को अति आनन्दमय शोरहोइ रहेउहै जय श्रीरघुबीरकी यह जयजयकार शब्द ह्वैरहेउ है नरनाग संपूर्ण सेना सिद्ध मुनि ब्रह्मादिक देवता दुन्दुभी बजावते हैं अप्सरा नृत्यकरती हैं गंधर्ब गानकरते हैं कल्पवृक्षके फूलबर्षते हैं अरु अनेकतरह के सुगंधरंगझरि करते हैं मंगलमय जयजयकार त्रैलोक्यमें पूरिरहेउ है ( २६ ) तहां बिमान तीनिखण्ड करिकै है सो अंतरखण्ड हेमरत्नते प्रकाशित सूर्यइव सिंहासन है समकही बरोबरि अष्टदल कमलाकारहै अरु ऊँचहै शोभाकरकही शोभाकी खानि है तापर

श्रीरामचन्द्र श्रीजानकी संयुक्त बैठेहैं अरु लक्ष्मणजी हनुमान्जी चवँरकरते हैं अरु अष्टादशपदुम यूथपति मध्यके खण्डविषे चढ़े हैं अरु सम्पूर्ण सेनाबाहरकेखण्ड विषे चढ़ी है ते सब ऋच्छ बानर आकार जो रहे ते देवतनके अंश देवतन विषे प्राप्तिभये जाइ अब सब नित्य पार्षद स्वरूप किशोर मूर्त्ति नराकार नखशिख भूषण अलंकार कीन्हे अतिसुन्दर एकरस हैं अरु विभीषणकी समाज भिन्न शोभित है ऐसही अनेक चन्द्र सूर्य के प्रकाशको करत बिमान चलेउ है ( २७ ) श्रीरामचन्द्र श्रीजानकी जी सहित

समेतबैठेताऊपर २७ राजितरामसहितभामिनी मेरुशृंगजनुदमकदामिनी २८ रुचिरबिमानचलेउअतिसुंदर कीन्हेसुमनवृष्टिहरषेसुर २९ परमसुखदचलित्रिबिधिबयारी सागरसरसरिनिर्मलबारी ३० सगुनहोहिंसुंदरचहुँपासा मनप्रसन्ननिर्मलनभआसा ३१ कहरघुबीरदेखुरणसीता लक्ष्मणइहाँहत्योइंद्रजीता ३२ हनूमानअंगदकेमारे रणमहँपरेनिशाचरभारे ३३ कुंभकर्णरावणद्वौभाई इहांहत्योसुरमुनिदुखदाई ३४ दो० ॥ यहखलसुंदरसेतुजहँथापेउशिवसुखधाम सीताअनुजसमेतप्रभुशंभुहिकीन

राजित हैं जनु सुमेरुके शृंग विषे नीलघन दामिनी दमकति है बिमानसुमेरु को शृंगहै श्रीरामचन्द्र जानकी घनदामिनी इव शोभितहैं ( २८ ) रुचिरकही अति सुन्दर बिमान अति आतुर चलत भयो हैं देवता हर्षिकैफूल बर्षतेहैं ( २९ ) अरु अति सुखदाई त्रिविधि पवन बहत है शीतल मन्द सुगन्ध अरु सागर सरसरित अरु कूप बावली इत्यादिकनके जलनिर्मल होइरहे हैं ( ३० ) अरु चारिउ दिशा उपदिशा में मंगलमय सगुन होइरहे हैं अरु सर्व जीवनके मन प्रसन्न होइरहे हैं अरु नभ आशाकही सब दिशा बिदिशा निर्मल होइरही हैं ( ३१ ) तहां बिमानपर श्रीरामचन्द्र श्रीजानकीजी को देखावते हैं हे प्रिया यहि जंगलमें लक्ष्मणने इन्द्रजीतको हत्यो है ( ३२ ) अरु हनुमान् अंगदादि कपिन के मारे ते निशाचर भारी भारी अनेकन रणभूमि विषे परे हैं ( ३३ ) अरु रावण कुम्भकर्ण को यहि जगह हमने मारा है सुर मुनि दुखदाई जानिकै ( ३४ ) दोहार्थ ॥ अरु हे जानकी यह सेतु जो हमने बाँधा है सोलखहु तासेतुपर महादेव सुखके धाम तिनको स्थापन कीन है सहित जानकी अनुज महादेवको प्रणाम करतभये ( ३५ ) जहां जहां करुणासिन्धु श्रीरामचन्द्र रणक्रीड़ा कीनहै सो रणभूमि सब देखाइकै अरु जहां जहां बन में बास विश्राम कीनहै तहां तहां सबको नामकहिकै देखावत चलेजाते हैं ( ३६ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसनेलंकाकांडे सहितश्रीजानकीजीलक्ष्मणजीसहितसेनाविमानारूढ़वर्णनंनामपंचविंशस्तरंगः २५॥ ::

दोहा॥ षट्अरुबीसतरंगमेंयुद्धकाण्डभोपूर ॥ रामचरणमंगलकरतमिलतजहांजनशूर २६ सपदिकहीशीघ्र बिमान पंचवटी विषे दण्डकारण्य परम सुहावनके समीप आइकै उतरत भयो है ( १ ) कुम्भज कही अगस्त्य आदिक जेमुनीश मुनिरहे तिनके स्थानन जाइजाइ श्रीरामचन्द्र सबको

प्रणाम ३५ जहँजहँकरुणासिंधुबनकीनबासविश्राम सकलदेखायउजानकीकहेउसबनिकेनाम ३६॥ * * *

चौ०॥ सपदिबिमानतहाँचलिआवा दंडकबनजहँपरमसुहावा १ कुंभजादिजेमुनिबरनाना गयेरामसबकेअस्थाना २ सकलऋषिनसनपाइअशीशा चित्रकूटआयेजगदीशा ३ तहँकरिमुनिनकेरसंतोषा चलाबिमानतहाँतेचोषा ४ बहुरिरामजानकीदेखाई यमुनाकलिमलहरणिसुहाई ५ पुनिदेखहुसुरसरितपुनीता रामकहाप्रणामकरुसीता ६ तीरथपतिपुनिदेखिप्रयागा देखतजन्मकोटिअघभागा ७ देखुपरमपावनिअतिबेनी हरणशोकहरिलोकनिशेनी ८ पुनिलखुअवधपुरीअतिपावनि त्रिबिधि

मिलतभयेहैं ( २ ) सम्पूर्ण मुनिनते आशीर्वाद लैकै श्रीरामचन्द्र बिमानपर चढ़िकै चलेहैं श्रीचित्रकूटमें बिमान उतरत भयोजाइ ( ३ ) तेहिश्रीचित्रकूट विषे अत्रि आदिक जे मुनीश मुनि रहैं तिनसबको मिलिकै आशीर्बाद लैकै सब प्रकारते संतोषकरिकै हे मुनिहु मैं आपुको सेवकहौं सबप्रकारते रक्षाकरौंगो असकहिकै संतोषकरिकै सबते बिदाहोइकै बिमानपर चढ़िकै चोषकही अतिशीघ्र बिमान चलतभयो है ( ४ ) श्रीरामचन्द्र बिमानपर श्रीजानकीजीको देखावते हैं ये अतिपवित्र कलिमलकेहरणहारीयमुनाजी हैं ( ५ ) पुनि सुरसरि जो गंगाजीहैं तिनको देखिकै श्रीरामचन्द्र कहते हैं हे श्रीजानकीजी ये पुनीत गंगाजी हैं तिनको प्रणाम करहु ( ६ ) हे गरुड़ पुनि तीर्थपति जो प्रयाग हैं तिनको श्रीरामचन्द्र देखतभये कैसे प्रयाग हैं जो कोई प्राणी दर्शनकरैं तिनके कोटिन जन्मके पाप भागिजातहैं ( ७ ) पुनि श्रीरघुनाथजी कहते हैं हे जानकीजी परम पावनि जो त्रिवेणी है सो देखहु संपूर्ण शोकको हरणहारी अरु हरिपुरकै निशेनी है ( ८ ) पुनि जानकीजी अतिपावनि अवधपुरी देखहु महलनके शृंगनविषे अनेक कलश चंद्रसूर्यके प्रकाशको कैरहे हैं कैसी है अवधपुरी ज्यहिकेदेखतसंते तीनिताप अधिभूत अध्यात्म अधिदैवत नाशकरिकै भवरोग जन्म मरण त्यहिको मिटाइ देति है मेरे सालोक्य सामीप्य सायुज्य अलंकार ह्वइरहते हैं अरु सायुज्य पांचई मुक्ति मेरी सामान्य ऐश्वर्य जैसी बासना करते हैं त्यहिको तैसी मुक्तिदेते हैं तहां एक एकमें पांचहु जानब सो अयोध्या तुमदेखहु ( ९ ) दोहार्थ॥ तब श्रीरघुनाथजी श्रीजानकीजी श्रीलक्ष्मणजी कपिसेना समेत श्रीअयोध्याजीको नमस्कार करतभये हैं काहेते अपनोनित्यस्थानजानिकै नेत्रनमें जल भरिआये तनपुलकि

तापभवरोगनशावनि ९ दो० ॥ तबरघुनायकसियसहितअवधहिकीनप्रणाम सजलबिलोचनपुलकितनपुनिपुनि हर्षितराम १० बहुरित्रिबेणीआइप्रभु हर्षितमज्जनकीन कपिनसमेतमहीश्वरनदानबिबिधबिधिदीन ११ चौ० ॥ प्रभुहनुमंतहिकहाबुझाई धरिबटुरूपअवधपुरजाई १२ भरतहिकुलहमारसुनायहु समाचारलैआतुरआयहु १३ तुरतपवनसुतगवनतभयऊ तबप्रभुभरद्वाजपहँगयऊ १४ नानाविधिमुनिपूजाकीना अस्तुतिकरिपुनिआशिषदीना १५ मुनिपदबंदियुगलकरजोरी चढ़िबिमान

आये हैं बारबार श्रीरामचन्द्र हर्षते हैं अपनीलीला जीवको परमानन्दमय जनावते हैं ( १० ) पुनि त्रिबेणीके समीप आइकै बिमान उतरत भयो है श्रीरामचन्द्र प्रियानुज सेनासमेत त्रिबेणी स्नानकरिकै अनेकदान ब्राह्मणनको पृथक् पृथक् देतभये हैं जो विभीषण कपिन को रत्न दीन है सो ब्राह्मणनको दानकरिदियो है ( ११ ) त्रिबेणी स्नान करिकै श्रीरघुनाथजी हनुमान्जीसे कहते हैं हे हनुमन्त तुमबटुकही ब्रह्मचारी को स्वरूप धरिकै अयोध्याकोजाहु ( १२ ) हमारे आनन्दके कुशल भरतजीको सुनाइकै उनके समाचारलैकै आतुर आवहु ( १३ ) तब श्रीहनुमान्जी दण्डवत् करिकै तुरन्त श्रीअयोध्याको जातभये हैं हनुमान् को बिदाकरिकै श्रीरामचन्द्र भरद्वाजके आश्रमको आवतभये हैं ( १४ ) श्रीरामचन्द्र भरद्वाजको दण्डवत् कीनहै मुनि उठाइकै हृदयमें लगाइकै शुद्धासनपर बैठाइ सबप्रकारते पूजनकीन स्तुतिकरिकै आशीर्बाददीनहै ( १५ ) मुनिके चरणारबिन्द बिषे बन्दना करिकै करजोरिकै बिमानपर चढ़िकै आज्ञाभई कि शृंगवेरपुरको चलहु ( १६ ) अरु इहां निषादने सुना कि रघुनाथजी आये तब नावल्यावहु नावल्यावहु बारबार असकहिकै लोगनको बुलावतभयो है ( १७ ) जबताईं निषाद पुकारै तबताईं बिमान सुरसरि पारह्वइ आयो आज्ञापाइकै शृंगबेरपुर विषे बिमान उतरतभयो है ( १८ ) तब श्रीजानकीजी श्रीगंगाजीकी पूजा करतभईहैं बहुप्रकार पूजा करिकै श्रीगंगाजी के चरणनमें नमतभई हैं ( १९ ) गंगाजीकै पूजन श्रीजानकीजी कीन तब श्रीगंगाजी मुदित मनते आशीर्वाददीन हे सुन्दरी सब प्रकारते तुम्हारा अहिवात सदाअभंगहै तहां मेरीबाणी सफल होइगी ( २० ) तहां श्रीरामचन्द्रको आगमन सुनिकै प्रेमाकुल गुहधावतभयो है श्रीरामचन्द्रके निकटपरमसुखसंकुल कही पूर्ण प्रेमभरे प्राप्तिभये हैं ( २१ ) सहित बैदेहौ श्रीरामचन्द्रको बिलोकिकै तनकीसुधि बिसारिकै अवनिविषे दण्ड

**प्रभुचलेबहोरी १६ इहांनिषादसुनाप्रभुआये नावनावकरिलोगबोलाये १७ सुरसरिनाँघियानजबआवाउतरे तटप्रभुआयसुपावा १८ तबसीतापूजीसुरसरी बहुप्रकारपुनिचरणनपरी १९ दीनअशीशमुदितमनगंगा सुंदरितवअहिवातअभंगा २० सुनतहिगुहधायोप्रेमाकुल आयोनिकटपरमसुखसंकुल २१ प्रभुहिबिलोकिसहितबैदेही परेउअवनितनसुधिनहिंतेही २२ परमप्रीतिबिलोकिरघुराई हर्षिउठायलियेउरलाई २३ छं० ॥ लियोहृदयलाइकृपानिधानसुजानरामरमापतीबैठारिपरमसमीपबूझीकुशलसोकरबीनती २४ अबकुशलपदपंकजबिलोकिबिरंचि-शंकरसेब्यजे सुखधामपूरणकामरामनमामिरामनमामिते २५ सबभांतिअधमनिषादसोहरि**

इवगिरतभयोहै ( २२ ) परमप्रीति बिलोकिकै श्रीरामचन्द्र हर्षिकै आपु उठिकै निषादको उठाइकै उरमें लगाइलीनहै ( २३ ) छन्दार्थ॥ श्रीरामचन्द्रने उठिकै अतिहर्षते निषादको उठाइकै अति प्रीतिते हृदयमें लगाइलीनहै कैसेहैं श्रीरामचन्द्र कृपानिधान कही कृपाके स्थानहैं सुजान कही अन्तष्करणक प्रीतिजानिकै आपनकरते हैं कोईहोइ रमापतिकही दीननको निहालकरते हैं निषादको समीप बैठाइकै परम कुशलकही हे सखे तुम्हार भजन सब प्रकारते बनारह्यउहै यह सुनिकै निषाद द्वौ करजोरिकै बिनती करते हैं ( २४ ) हे नाथ मैं सदा कुशलहौं अब तुम्हार पदपंकज जो ब्रह्मा शिवादिक करिकै पूज्य सो बिलोकिकै अब मेरी कुशलको कहिसकैहै हे श्रीरामचन्द्र सुखकेधाम सम्पूर्ण कामकरिकै परिपूर्णहौ आपुके मैं बारबार नमस्कार करतहौं ( २५ ) निषाद सबप्रकारते अधम जानिकैअधम कर्त्तव्य त्यहिकर प्रेमदेखिकै श्रीरामचन्द्र अंकभरि मिलतभये जैसे भरतको चित्रकूटमें मिले हैं अरु जैसे आगे भरतको मिलहिंगे ऐसे श्रीरामचन्द्र कृपालु तिनको मोहके बश बिसारिकै मतिमन्दजेहैं ते जगत्में भ्रमतेहैं अथवा गोसाईंजी कहतेहैं जो मैं मतिमन्द ते ऐसे श्रीरामचन्द्रको पद बिसराइदीन है इहां यह धुनिहै कि कोई जो श्रीरामचन्द्रको बिसारतेहैंते मोहके बश मतिमन्दहैं ( २६ ) गोसाईं श्रीतुलसीदासजी कहते हैं रावणारि जे श्रीरामचन्द्र तिनके चरित श्रीरामचन्द्रके पद विषे प्रदकहीप्रीतिदाता सदाहैं यहिचरित्रको सिद्ध मुनि ब्रह्मादिक मुदाकही आनन्द संयुक्त गावते हैं कैसो चरित्र है कामारिकही जो षड्विकार हैं तिनकर नाशकर्त्ता है

**भरतज्योंउरलाइये मतिमंदतुलसीदाससोप्रभुमोहबशबिसराइये २६ यहरावणारिचरित्रपावनरामपदरतिप्रदसदा कामारि हरबिज्ञानकर-सुरसिद्धमुनिगावहिंसदा २७ दो० ॥ समरबिजयरघुबरचरितसुनहिंजेसदासुजान बिनयविवेकबिभूतिनिततिनहिं देहिंभगवान २८ यहकलिकालमलायतनमनकरिदेखुबिचार श्रीरघुनायकनामतजिनहिंकछुआनअधार २९॥** * * *

अरु बिज्ञान भक्ति की खानिहै ( २७ ) दोहार्थ ॥ हे पार्वती श्रीरघुपतिकेसमर बिजय चरितजेहैं तिन्हैं जेनरनारि सुजान सदा श्रवणकरते हैं विनय विवेक अरु शुद्ध सात्विकी विभूति तिन प्राणिनको पूर्ण भगवान् श्रीरामचन्द्र नितदेते हैं ( २८ ) यह कलिकाल मल जो पापहैं तिनकर आयतन कही स्थान है श्रीगोसाईं तुलसीदासजी कहते हैं हेमन समुझिकै विचारि देखु श्रीरघुनाथजीको नामतजिकै और कछुअधार नहीं है ( २९ ) इतिश्री रामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसनेलंका-काण्डेश्रीरामचन्द्रविजयदेवस्तुतिश्रीरामचन्द्रश्रीअवध आगमनवर्णनन्नामषट्विंशस्तरंगः २६॥ :: :: :: ::

दोहा॥ सम्वतशतअष्टादशा असीतीनिऋतुखास युद्धकांडसुसमाप्तभोरामजन्ममधुमास १ मोहभूपअविवेकदलरागकुटुम्बसमेत रामचरणसोजीतिहैपढ़िहैतिलकसचेत २ युद्धकाण्डपयनिधिहरषतनछब्बीससुतरंग कछुकशांतरसबीरगिरि मथिहनुमतरणरंग ३ कांडसप्तसोपानकियभेदि आवरणसात रामधामकोजातचढ़ि रामचरणहुलसात ४ जक्तमहानिधितरणकोबिरचेउसप्तजहाजश्रीतुलसीभवसेतुरचिरामचरणसजिसाज ५॥

# ॥रामायण तुलसीदासकृत सटीक॥

## ॥उत्तरकाण्ड॥

प्रथममंगलाचरणशुभ प्रथमतरंगसुभाइ रामचरितबंदतहृदय रामचरणहुलसाइ १ सीतारामानुजसहितसखा दासजनभूरि बंदौंपुष्पकयानपर छबिअनंदभरिपूरि २ प्रभुमनमूरतिपवनसुत पुनिपुनिकरौंप्रणाम रामकुशल भरतहिकहीभरतकुशलकहिराम ३ बंदिभरतब्रतनेमयम अक्षयरामपदप्रेम उत्तरपरबार्तिककरौं सबप्रकारजहँ क्षेम ४ छन्दघनाक्षरी ॥ तुलसीदिखायोसबपरोक्षपुनि प्रतक्षरूप योगवैराग्यज्ञान विमलविज्ञान है स्वस्वरूप पर स्वरूपभक्तिकोअनूपरूप लक्षणगुणभावप्रेमसंतजोसुजानहै द्वैताद्वैतभेदकाल कर्मगुणसुभावमायाबद्धमोक्षकार्य पर्मकारणस्थान है कर्मकांडज्ञानजो उपासनाविशेषकह्यो रामचरण जेतेकह्यो वेदमेंप्रमान है ५ आपनीमैंपूर्ब कहो सौहकैबिमूढ़रहौ हृदयमें प्रेरयोपरमेश्वरशरणजाइये जासोमैंपृछौंसोआपनोसिद्धांतकरै और मतखंडनकरैमेरेमनआइये तबमैं बिचारकैअनेकग्रंथदेखेसुने तत्वतुलसीकृतमें जो औरमेंनपाइये रामचरण पापीमनजानिकैरमावतहौ बार्तिकमेंअर्थकरौंमतिकेसरसाइये ६ निगमागमसारशृङ्गार सबग्रंथनकोपियो है पुराणसबैजैसेबक्षमाईके रसको शृङ्गारसारसंतउरहारलसै कीन्ह्यौहै

अहारज्ञानीसदासुखदाईके सिंधुजगजहाजऔस्वपानरामधामके दशधाकेसाजसज्यौमिलैहेतुसाईके रामचरणरामकथा कीन्ह्यीहैबखानसबै रामरसबांटेपरयोतुलसीगोसाईके ७ जो कोईकहै कि तुलसीकृत तौ आपुही भाषा है तिसको बार्तिक तुमका करतेहौ तहां हम यह कहते हैं कि सत्य करिकै यह दिव्यदेव बाणीहै प्राकृतबाणी कहबेकोहै तहां तत्वको तौ उपनिषदरूप है समुझिबे कोस्मृतिरूपहैमतको शास्त्ररूपहै परतुको संहितारूपहै उपासनाको भाष्यरूपहै अर्थको पुराणरूपहै अरु उपमेय उपमान धर्म बाचक भावभेद रसयुक्ति उक्ति अनेक प्रकार ताकोकाव्यरूपहै छंदप्रबंधको पिंगलरूप है शरीरादिक संसार के रागजीतिबेको योग बैराग्यरूप है सारासार जानिबेको विवेकरूपहै अंतःकरण चतुष्टइंद्रिनकै विषयरोकिबेको समरूप है वाह्यइंद्रिनको विषय निवृत्त करिबेको दमरूपहै वाह्यांतर इन्द्रिनकैवृत्ति एकताकरिबेको उपरतिरूप है दुखसुख हर्ष शोकनिन्दास्तुति मानापमान अनेक द्वन्द्व धर्म एकरस सहिबेकोतितीक्षारूपहै वेदबाक्यगुरुबाक्यमें प्रतीति करिबेको श्रद्धारूपहै श्रीरामचन्द्रके स्वरूप में स्वरूपकै वृत्ति अखंडकरिबेको समाधानरूपहै स्वस्वरूपजानिबेको ज्ञानरूपहै सर्बभूतमेंएकरस ब्रह्मजानिबेको विज्ञानरूपहै परमानंदकै प्राप्तिहोइकै श्रीरामचन्द्र को प्रसन्नकरिबेको सर्बांग भावभक्तिरूपहै श्रीरामचन्द्रके स्वरूपमें मग्नहोइकै बिदेहकरिबेकोप्रेमापराभक्तिरूपहै श्रीतुलसीकृत ऐसी है परोक्षप्रत्यक्ष सर्बदेखिलेव मानदूरिकरिकै अवरि प्रश्न या बालकांड कै प्रथमतरंगमें कहि आये हैं यह श्रीरामचरितमानस है तामें टीकातरंग है टीकाकोनाम रामानंदलहरीहै इति श्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषबिध्वंसने उत्तरकांडे स्वरूपमंगलाचरणकृते प्रथमस्तरंगः १॥

दोहा॥ विदाकीनप्रभुपवनसुत खबरिभरतकहँदेन रामचरणप्रभुकुशलकहि द्वितियतरंगसुखेन २ जनकनन्दनीचरणरज शीशराखिकरिध्यान महतचरितसियरामके बिलसतपावनज्ञान १ अक्षरपदछूटैनहींयुक्तिउक्तिरसभाउ रामचरणदृढ़अर्थसो देशकालयशपाउ २ रामचरितमानसबिमल बार्तिकतिलकतरंग भावभ्रमरऊमंगरस अर्थअगाधप्रसंग ३ श्रीमद्गोसाईं तुलसीदासजी के करकमल की लिखी जो पुस्तक है तापरतिलक करतहौं जो कोऊ पाठफेरिकै अर्थकरै सो अप्रमाण है अब श्लोक को अर्थ करतहौं अवरेवकरिकै श्रीजानकीजी संयुक्त श्रीजानकी ईश श्रीरामचन्द्र के नमस्कार करत हौं ईड्यं कही सर्बस्तुति योग्य हैं अनिशंकही निरंतर बारम्बार केकीकही मयूर ताको जोकण्ठहै ताकण्ठ की आभा तद्वत्श्याम हैं ब्रह्मादिक देवतनविषे सर्वोत्कर्ष बिलसतकही शोभायमान्हैं बक्षस्थल विषे ब्राह्मण के चरण कमल तद्वत् लक्षण हैं विष्णुकी बक्षस्थल विषे भृगुलता शोभितहै सो श्रीरामचन्द्र धारण करिलीन है अपनी इच्छाते काहे ते है कि हमारो वह स्वरूप परात्पर ताको कोई नहीं जाने सबकोई बिष्णु रूपही मानै काहेते पालनशक्ति विष्णुकी है ताते भृगुलता धारणकीन है काहेते मर्यादा पुरुषोत्तम हैं अरु जाको जो श्रीरामचन्द्र दीन सो देचुके

श्लोक ॥ केकीकंठाभनीलं सुरवरविलसद्विप्रपादाब्जचिह्नंशोभाढ्यम्पीतवस्त्रंसरसिजनयनंसर्वदासुप्रसन्नं पाणौनाराचचापं कपिनिकर-युतंबंधुनासेव्यमानं नौमीड्यं जानकीशंरघुवरमनिशंपुष्पकारूढ़रामं १ कोशलेन्द्रपदकंजमंजुलौ कमलयोनिशित

तहां विष्णु पदबी बिष्णु को हरिहि हरिता बिधिहि बिधिता शिवहिशिवता जिनदई। सोइ जानकी पति मधुरमूरति मोदमय मंगलमई ॥ ताते भृगुलता धारणकीन है काहेते मर्यादा पुरुषोत्तम हैं परम शोभाकरिकै आढ्य नाम युक्त हैं पीताम्बर धारण किये हैं कमल ऐसे नेत्र हैं मुखचन्द्र सदाप्रसन्नहै दोऊकरमें धनुषबाण धारणकिये हैं बिभीषण जाम्बवन्त सुग्रीव हनुमान् इत्यादिक अष्टादशपद्मयूथप अपर अनेकसेना ऐसे जे कपि तिन संयुक्त अरु बन्धु जो श्रीलक्ष्मण जी तिन संयुक्तकरिकै सेव्यमान् हैं पुष्पक बिमानपर

आरूढ़ हैं तं श्रीरामं अहंनमामि ( १ ) कोशलेन्द्रते कोशलानाम श्रीअयोध्या ताकेईश श्रीरामचन्द्र तिनके चरणारबिंद अति कोमल ब्रह्मा शिवादिक करिकै बंदनीय हैं श्रीजानकी जी करिकै करसरोज ललित कही अतिप्रीति ते सेवित हैं सनकादिक नारद शुक बालमीकि अगस्त्य इत्यादिक जो मुनिहैं ते चिंतवन करते हैं अपने मनको शुद्धभ्रमरकरिकै चरणकमलकी मकरंद प्रेमापराभक्ति सो आस्वादन करते हैं तं श्रीरामं अहंनमामि ( २ ) कुन्देति पुनि कल्याणमूर्ति जो शंकर तिनको नमस्कार करत हौं कैसे हैं श्रीशंकरजी कुंदके फूलके सरिस उज्ज्वल कोमल सुगंधमय हैं पुनि इन्दु जो चन्द्रमातद्वत् उज्ज्वल शीतल प्रकाशमय हैं पुनि दर कही शंख तद्वत् उज्ज्वल सचिक्कण मंगलमय ऐसे गौर सुन्दर बिग्रह शिवजी को पुनि संपूर्ण जगत् की माता पार्वती ताको पति पुनि अभीष्ट कही बांछितफल के सिद्धिदाता पुनि करुणाके सीव हैं सीव कही मर्यादा है पुनि कमलनाम सुन्दर अरुण बिशाल तैसे नेत्र हैं पुनि अनंग जो काम है ताको मद मोचनकही दूरिकरिदीन है तं शंकरं अहंनमामि ( ३ ) अब प्रथम दोहाकोअर्थ करतहौं श्रीयाज्ञवल्क्यजी श्रीभरद्वाजजीसे कहते हैं हे भरद्वाज श्रीरामचन्द्र ने स्वेच्छित अपनी लीलाते बनको गमनकीन है अवधिकही मर्यादा चौदहबर्षकी तामें एकदिन रहिगयो है चौदहबर्षभरि आरतरहा जब एकदिन रहिगयो तब अतिआरत पुरके लोग हैं जो जहां हैं सो तहां शोचकरते हैं स्त्री पुरुष सबकृश कही दूबरे ह्वैरहे हैं श्रीरामचन्द्र के बियोगकही बिक्षेप के दुखकरिकै ( ४ ) अरु अनेक प्रकार के सुन्दरसगुणहोते हैं अरु प्रातःकाल श्रीकौशल्याजी उठी हैं

**कंठबंदितौ जानकीकरसरोजलालितौ चिंतकस्यमनभृङ्गसंगिनौ २ कुंदइंदुदरगौरिसुन्दरं अंबिकापतिमभीष्टसिद्धिदं कारुणीककलकंजलोचनं नौमिशंकरमनंगमोचनं ३॥ * * * * * * ***

**दो० ॥ रहाएकदिनअवधिकरअतिआरतपुरलोग जहँतहँशोचतनारिनर कृशतनरामबियोग ४ सगुनहोहिंसुन्दरसकलमनप्रसन्नसबकेर**

प्रसन्न है मनप्रकाशमय मंदिर तामें तीनि हंसकेबच्चा मध्य अजिरमें बैठे हैं अतिसुंदर श्रीकौशल्याजी देखिकै आश्चर्य मानेउ है तिनको दूधपिवाय कै मुखचुम्बन कियो है पुनि ब्रह्मा ब्राह्मणरूपते तीनि कल्पवृक्ष के फल श्रीकौशल्याजीको देतभये प्रसन्नमनते सुमित्रादिक रानी प्रसन्नभईं पुर के चहुंदिशाते हजारन ग्वालिनी तरुणतन संपूर्ण अलंकार कीन्हे दधिभाजनभरे शीशपरलिहे आवती हैं पुनि पुनि पुरके दक्षिणदिशासे तीनि ब्राह्मणके बालक सुन्दर तिलकभाल निर्मलबस्त्र रामायणकी पुस्तक हाथ में गानकरत आवते हैं बाटिका प्रफुल्लित बसंत ह्वै रही है भ्रमर कोकिला मयूर इत्यादिक मधुर मधुर बोलते हैं आकाश निर्मल ह्वैरहा है काग दक्षिणभाग सुखेन बोलते हैं अनेक सगुन स्वरूप धरि धरि श्रीआयोध्याको आये हैं श्रीरामचन्द्रजीको आगमन जनावते हैं आप सफल होते हैं सबको मन प्रसन्न है सुभगअंग फरकते हैं अतिप्रसंगे महारामायणे ( ५ ) कौशल्यादि मात सबके मनप्रसन्न होते हैं आनन्दभरे जनु श्रीरामचन्द्र श्रीजानकीजी श्रीलक्ष्मणजी संयुक्त आवते हैं ऐसो कोई कहन चहत है किन्तु शोकोक्ति ( ६ ) श्रीभरतजीके दाहिनेनेत्र दाहिनेभुज बारबार फरकते हैं श्रीरामचन्द्र जो हैं परम प्रीतम तिनको आगमन सूचित ऐसे जो परम मंगल सगुन ताको जानिकै अतिशय हर्षसंयुक्त बिचार करते हैं ( ७ ) श्रीभरतजी बिचार संयुक्त शोचकरतेहैं एकदिन चौदहबर्ष में रहिगयो सो प्राणको आधार समुझतसंते अवर दुखभयो ( ८ ) आगे तीन चौपाई अक्षरार्थै जानिये जो मेरे अवगुण श्रीरामचन्द्र समुझैं तौ शतकल्प करोरिनलौ निस्तार नहीं है कल्पकही हजार सतयुग हजार त्रेता हजार द्वापर हजार कलियुग हजार चतुर्युग जबबीतै हैं तब ब्रह्मा को एकदिन होत है हजार चतुर्युग रात्रीहोती है दिन रात्रीको एककल्प कहिये शतलक्षको एक क्रोरीकहिये इहांतांई जीवको कल्याण नाहींहोत

**प्रभुआगमनजनावजनु नगररम्यचहुंफेर ५ कौशल्यादिमातुसबमनअनंदअसहोइ आयेप्रभुसियअनुजयुत कहनचहत असकोइ ६ भरतनयनभुजदक्षिणफरकहिंबारहिंबार जानिसगुनमनहर्षअति लागेकरनबिचार ७ चौ०॥ रहाएकदिनअवधिअधारा समुझतमनदुखभयउअपारा**

८ कारणकवननाथनहिंआये जानिकुटिलकिधौंम्वहिंबिसराये ९ अहोधन्यलक्ष्मणबड़भागी रामपदारबिंदअनुरागी १० कपटीकुटिलनाथम्वहिंचीन्हा तातेनाथसंगनहिंलीन्हा ११ जोकरणीसमुझैंप्रभुमोरी नहिंनिस्तारकल्पशतक्रोरी १२ जनअवगुणप्रभुमाननकाऊ दीनबंधुअतिमृदुलसुभाऊ १३ मोरेजियभरोसदृढ़सोई मिलिहैंरामसगुणशुभ

है जो जीवकोदोष श्रीरामचन्द्र देखैं काहेते जीवसदा सदोष है निर्दोष श्रीरामचन्द्र हैं ( १२ ) जनको अवगुण श्रीरामचन्द्र कबहूं नहीं लेत हैं काहेते दीनबन्धु हैं दीन काकोकही जाको संसार दुखस्वरूप लागो है अरु श्रीरामचन्द्रसे आरत है हे श्रीरामचन्द्र मोसे कछुनाहिं बनेहै मैं सब प्रकारते नीचहौं पुनि मैं बहुत दुखित हौं तुम्हारी शरणहौं ऐसे वाह्यांतरनिरभिमान है ताको दीनकही ताके बन्धुनामभाइ हैं पर अतिप्रीतम हैं प्रभु हैं प्रभुकही जनको दुख नाहीं देखिसकै हैं ऐसो स्वभाव है अरु सबके स्वामी हैं अरु अति मृदुलनाम कोमल हैं पुनि जो श्रीरामशरण जाइ ताको अपनो स्वरूप मुक्तिदेते हैं पुनि अपनो ऐश्वर्य देते हैं पुनि जेतेजीव हैं चराचर जो जाही में प्रसन्न है ताको ताही में प्रसन्न रखते हैं अरु करुणा कृपा दयालुता उदारता इत्यादिक सबजीवनपर सदा स्वाभाविक बर्तमान देते हैं सो सुभाव श्रीरामचन्द्रको है ( १३ ) ताते मेरे अन्तष्करण में दृढ़भरोस है श्रीरामचन्द्र मिलहिंगे कैसे जानिये शुभकही महा मंगलमय सगुन होते हैं ( १४ ) अरु चौदहबर्षबीते प्राण रहिगयो तौ मीन अरु चातक येद्वौ मोसे कोटिनभांति भलेहैं मैं जगत् में सब जीवनते लघुहौं अरु मोरे समान अधम या संसार में कौन है ( १५ ) दोहार्थ ॥ श्रीरामचन्द्रको बिरह सो समुद्रभयो तामें भरतजी मग्नकही डूबते हैं तहां हनुमान्जी ब्राह्मणको रूपधारण करिकै जानौ नौकाहीके तुल्य आइगये तब ब्राह्मणकोरूप क्योंधारण कियो मंगलको समय है ताते ब्राह्मणको दरशपरश संभाषण मंगलमय है अनेक दुखको निवृत्ति करैहै अरु संसारसागर तारिबेको जहाज है ताते बिघ्न शांतकरबेको होइ अरु जहां मंगलकार्यहोय तहां जाबेको ब्राह्मणको अधिकार है ( १६ ) पुनि बैठेदेखि

होई १४ बीतेअवधिरहैंजोप्राना अधमकौनजगमोहिंसमाना १५ दो०॥ रामबिरहसागरमहँ भरतमगनमनहोत विप्ररूपधरिपवनसुतआइगयेजनुपोत १६ बैठेदेखिकुशासन जटामुकुटकृशगात रामरामरघुपतिजपत श्रवतनयनजलजात १७ चौ०॥ देखतहनूमानअतिहर्षे पुलकिगातलोचनजलबर्षे १८ मनमहँबहुतभांतिसुखमानी बोलेश्रवणसुधासमबानी १९ जासुबिरहशोचहुदिनराती रटहुनिरंतरगुणगणपाती २० रघुकुलतिलकसुजनसुखदाता आवतकुशलदेवमुनित्राता २१ रिपुरणजीतिसुयशसुरगावत सीताअनुजसहितप्रभुआवत २२ सुनतबचनबिसरेसबदूषा तृषावंतजिमिपायपियूषा २३ कोतुमतातकहांतेआये मोहिंपरम

श्रीहनुमान्जी श्रीभरतजी को मानहुं तप अरु शांतरसकी मूर्ति हैं दास्यरस परिपूर्ण हैं खराऊंको भाव शीशपर दक्षिणमुख श्रीरामचन्द्र सम्मुख राज्य के बिषय पाछेदैकै सादे तीनिहाथ भूमि खनिकै कुशासन कीनेहैं कमलासन इवको है शीशजटा मुकुटाकार बंधिरही है शरीर दुबला ह्वैरहा है श्रीराम राम रघुपति रघुपति रटिलागिरही है प्रेम प्रबाह नेत्रकमलवंत तामें जलधारा चलीजाती है श्रीभरतजी ऐसे बैठे हैं ( १७ ) पुनि श्रीभरतजीकी रामाकार दशा देखिकै श्रीहनुमान्जी अतिहर्ष को प्राप्तिभये अपनी भक्तिको लघुकरिकै मानतेभये श्रीहनुमान्जी के अंग अंग पुलकतभये नेत्रनते जल बर्षतभये ( १८ ) श्रीहनुमान्जी अपने मन में बहुतभांति सुखमानतभये श्रीभरतजीकी दशादेखिकै तिनके श्रवणको अमृतमय बचन बोलतेभये ( १९ ) श्रीयाज्ञबल्क्यजी कहते हैं हेभरद्वाज श्रीहनुमान्जी बोलते भये हैं श्रीरामानुरागी श्रीभरतजी जासुकही जिन श्रीरामचन्द्र के बिरह में रात्रि दिन शोचकरतेहौ अरु जाको गुणगण निरंतर जामें अन्तर न परै पंक्तिकी पंक्ति रटते हौ ( २० ) ते रघुबंशमणिके कुलके तिलक सुजनजोहैं संतजन तिनके

सुखदाता अरुब्रह्मादिक देवता मुनि नारद सनकादिक इत्यादिक अनेक मुनि तिनके त्राताकही रक्षकहैं ते सबप्रकारते कुशल आवते हैं ( २१ ) हे भरतजी रिपुरण जीतिकै मुनिन को अभय कीन है सोदेवमुनि सिद्धयशगावते हैं ताते सर्वयशमान् श्रीसीता अरु श्रीलक्ष्मणजी सहित श्रीरामचन्द्र आवते हैं प्रथम श्रीसीता लक्ष्मण क्योंकहा जातेकहा सो सुनिये जब श्री हनुमान्जी सजीवनिको आयेहैं तब श्रीजानकीजी लंका में रही हैं अरुलक्ष्मणजीको शक्तिलागिरहै श्रीरामचन्द्र शोचमेंरहैं यह प्रसंग श्रीहनुमान्जी के मुखते श्रीभरतजी पूर्वहीं सुन्यो है तब अतिशोचभयो ताते अब आगेही श्रीहनुमान्जी नामलेतभये जो प्रथम नाम नलेते तो श्रीसीता अरु लक्ष्मणजीको तौ भरतजीकी दशाको जानै कैसीहोती ताते प्रथमकहा ( २२ ) कागभुशुण्ड कहते हैं हेगरुड़ श्रीहनुमान्जीके बचन

**प्रियबचनसुनाये २४ मारुतसुत मैं कपिहनुमानानाममोरसुनुकृपानिधाना २५ दीनबंधुरघुपतिकरकिंकरसुनतभरतभेटेउठिहितकर २६**

सुनिकै श्रीभरतजीके मनते संपूर्ण दुखमन में जोरहा सो बिसरिगयो हैकैसे जैसेकोई तृषावन्तकही अतिशय पियासा ताको पियूषनाम शीतलजल मधुर सुगन्ध अमृत तद्वत् प्राप्तिभयो जैसे वह सुखीभयो तैसे वह सुखीभयो तेहिते अधिक भरतजीको सुखभयो ( २३ ) तब हनुमान्जी केबचन सुनिकै श्रीभरतजी बोलतेभये कोतुमहो हेतात कहांते आये हौमोको परमप्रिय बचन सुनावतेभयेहौ सोतुम को अहहु ( २४ ) तबहनुमान्जी बोलते हैं हे श्रीभरतजी तुम करुणा दया अरु कृपा के स्थानहौमैंतौ पवनको पुत्रहौं कपिहौं अरु हनुमान् मेरोनाम है हेभरतजी सुनिये ( २५ ) पुनि दीनबन्धु जो श्रीरघुनाथजी हैं तिनका किंकरहौं सो श्रीरघुनाथजी मोकोपठयो है कुशल कहिबेको कुशल ल्याइबेको अरु हेभरतजी तुमसंदेह मतकरो पुनि श्रीरघुनाथजीक्यों नहीं आये सो सुनिये श्रीरघुनाथजी मोसन कहतभये हैं कि हनुमान्जी जब दुइपहर में दुइघरीदिन बाकीरहै तब श्रीअयोध्याते हमगमनकीनरहै श्रीचित्रकूटको ताते जब उतनैदिन चढ़ैगो तबहम अयोध्या में प्राप्तिहोहिंगे हनुमान् तुम प्रातहीजाहु जामें भरतजी व्याकुल नहोहिंसो आपजानिये प्रयागते दुइदंड में आयों है पुनितुरत जाउँगो यहबातश्रीभरतजी सुनतसंते तुरत अतिहित अति आदरते निर्भरते उठिकै हनुमान्जीको मिलतभये ( २६ ) शिवजी कहते हैं हे पार्वती श्रीभरतजीहनुमान्जी मिलतभये आनन्द करिकै दोऊजन परिपूर्णभये प्रेमहृदयमेंनहीं समाइ गातपुलकिआये हैं नेत्रनमें जल भरिआये हैं रोमांच ठाढ़ेह्वै आये हैं श्रीभरतजी बोले ( २७ ) हे कपि जो कोई कहे कि हनुमान्जी तौ ब्रह्मबेष हैं भरतजीने कपिक्योंकहा कपिकही बानराकार बानररूपते श्रीजानकीजीको बोधकीन पुनि श्रीलक्ष्मणजी के अर्थ हे तातसजीवनि ल्याये सबप्रकारते श्रीरघुनाथजीके आज्ञानुकूल सहायकीन तातेकपिकहा अथवा ककारसंज्ञा आत्मा है आत्मारसपीवै सोकपीकही सो आत्मारूप श्रीरामचन्द्र हैं ताते रामरसपीवे ताको कपिकही श्रीहनुमान्जी केवल रामरसै पीवते हैं सदा और छुवैं नहीं जैसे चातक स्वाती को जल ताते भरतजूने कहा हेकपि तुम्हारे दर्शनते संपूर्ण दुखबीते आजुमोको श्रीरामचन्द्र प्रीतमके मिलेको सुखभयो ( २८ ) श्रीजानकीजी

**मिलतप्रेमनहिंहृदयसमाता नयनश्रवतजलपुलकितगाता २७ कपितवदरशसकलदुखबीते मिलेआजुम्वहिंरामपिरीते २८ बारबारबूझीकुशलाता तोकहदेउंकहासुनुभ्राता २९ यहिसंदेशसरिसजगमाहीं करिबिचारदेख्यउंकछुनाहीं ३० नाहिनतातउऋणमैंतोहीं अबप्रभुचरितसुनावहुमोहीं ३१ तबहनुमन्तनाइपदमाथा कह्यउसकलरघुपतिगुणगाथा ३२ कहुकपिकबहुंकृपालुगोसाईं सुमिरतमोहिंदासकीनाईं ३३ हरिगीतछं०॥ निजदासज्योंरघुबंशभूषणकबहुँममसुमिरणकर्‌यो सुनिभरतबचनबिनीत कोमलपुलकि**

पुनि श्रीलक्ष्मण जू श्रीरघुनाथजू कै कुशल बारबार श्रीभरतजू बूझते हैं हे हनुमान् भ्राता परमप्रीतम तुमको का पदार्थ देउँ ( २९ ) यहि सँदेशकी बराबरि जगत् में कछु नाहीं हैं मैं अपने मनमें बिचारकरि ब्रह्मांडमेंखोजिदेख्यउँ अरु परलोक लोक खोजिदेख्यउँ मेरीगति सर्वत्रहै पर कछु काहूँ नहीं मिल्यउ हे तात तोको का देउँ ( ३० ) सो बहुत का

कहूँ मैं तुमसेलोक परलोकहू में उऋण नाहीं हौं अब श्रीरामचरित सम्पूर्ण सुनावहु अबतौ मैं तुम्हारो ऋणदाताहौं ( ३१ ) तब हनुमान्‌जी हर्षिकै चरणकमलों में माथ को झुकाइकै श्रीरामचरित सम्पूर्ण दुइदण्ड में श्रीभरतजू से कहते भये ( ३२ ) सोसुनिकै श्रीभरतजू मग्न होतभये पुनि सावधान ह्वैकै श्रीभरतजू बोलते भये हेहनुमान् जू श्री रामकृपालु मेरी सुधिकरते हैं सेवक मानिकै ( ३३ ) छन्दार्थ॥ श्रीभरतजू कहते हैं श्रीरघुबंशमणि जेहैंसो मोको निजदासकी नाईं कबहूं सुमिरण करते हैं श्रीभरतजूके बचन बिनीतकही आरत नरम प्रवीण अति दीनता संयुक्त सुनिकै हनुमान् भरतजूके दोऊचरणनपर दंडइव गिरिपरतभये यह कहते हैं अहोधन्य श्रीभरतजूअसकही अब स्थावर जंगम कही जेस्वासायुक्त हैं चलते हैं तिनसबके नाथ श्रीरामचन्द्र सोतुम्हार गुणबारबार प्रेमभरे कहते हैं तुमसोकसनबिनीतहोहु कस न सद्गुणके गाथ कही ग्रन्थहोहु सद्गुण कही समीचीनभगवंतकेगुण ( ३४ ) दोहार्थ ॥ हनुमान्‌जू बोलते भये हेनाथ श्रीभरतजू तुम श्रीरामचन्द्र के अतिशय प्राणप्रियहौ अरु श्रीरामचन्द्र ते तुमको प्राणप्रिय हैं किन्तुजैसे जीवको देह प्राणप्रिय है तैसेतुम श्रीरामचन्द्र को प्रिय हौयह मैंसत्य कहतहौं अरु पुनिपुनि परस्पर मिलते हैं हर्षहृदयमेंनाहीं समातहैदोऊजन रामानन्द मग्नभये ( ३५ ) सोरठार्थ ॥ पुनि पुनि हनुमान्‌जू धीरज धरिकै श्रीभरतजूके चरणारबिन्द में शिरनाइकै आज्ञालैकै तुरतश्रीरामचन्द्र के समीप प्राप्ति भये जाइ सम्पूर्ण कुशल कहते भये

तनचरणनपर्‌यो रघुबीरनिजमुखजासुगुणगणकहतअगजगनाथसो काहेनहोहुविनीतपरमपुनीतसद्गुणगाथसो ३४

दो०॥ रामप्राणप्रियनाथतुम सत्यबचनममतात पुनिपुनिमिलतभरतसन प्रेमनहृदयसमात ३५ सो०॥ भरतचरणशिरनाय तुरतगयेउकपिरामपहँ कहीकुशलसबजाय हर्षिचलेप्रभुयानचढ़ि ३६॥ * * * * * *

चौ० ॥ हर्षिभरतकोशलपुरआये समाचारसबगुरुहिसुनाये १ पुनिमंदिरमहँबातजनाई आवतनगरकुशलरघुराई २ सुनतसकलजननीउठिधाईं कहिप्रभुभरतकुशलसमुझाईं ३ समाचारपुरबासिनपाये नरअरुनारिहर्षिउठिधाये ४ दधिदुर्बारोचनफलफूला

श्रीरामचन्द्र तुरत हर्षिकै पुष्पक बिमान पर चढ़िकै प्रियानुज सेनासंयुक्त चलते भये जो कोई दोहा में एकमात्रा छूटि जात है सो दोहरा छन्द है ( ३६ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलि-कलुषविध्वंसनेउत्तरकाण्डेश्रीहनुमन्तआगमनश्रीभरतमिलाप मंगलमयबर्णनन्नामद्वितीयस्तरंगः २॥ :: :: :: :: ::

दोहा॥ रामकुशलकहिअवधपुर भरतचलेप्रभुपास। रामचरणप्रभुमिलनसुख तृतियतरंगहुलास ३ हे भरद्वाजजू जब हनुमान्‌जी श्रीरामचन्द्र के पासगये तब भरतजी श्रीअवधके अन्तर में आवतेभये श्रीरामचन्द्रजूको आगमन श्रीवशिष्ठजीसे प्रथमहिं कहा ( १ ) पुनि राजमहल में गये यह कहतेभये कि श्रीरामचन्द्र श्रीजनकनन्दनी अरुश्रीलक्ष्मणजी कुशलपूर्बक आवते हैं ( २ ) श्रीभरतजूके बचन सुनत संते सबमाता आतुरते धाइउठीं श्रीभरतजू श्रीरामकुशल सब प्रकारते कहते भये ( ३ ) सो समाचार सब पुरवासिनने पाये नर अरुनारि हर्षयुत उठिधाये ( ४ ) दधि दूर्बा रोचनकहि हरदीचूर्ण अरुफल नारियर सुपारी आम्रकेरा अपरफल मंगलमय जेहैं फूलगुलाब कमल इत्यादि कछु मंगलपदार्थ ( ५ ) कंचनके थारनमें पूर्ण भरि भरि अरु हेमकलश श्रीसरयूके सुगन्धमय जलतेपूर्णअरु लघुमोतिन करिकै सहितकुश अरुअंबकेपल्लव मणिदीपकते आरोपित ऐसेकलश थारन में भरि भरि मंगलमय पदार्थ अनेक लैलै करकमलनिवारकही श्रेष्ठ भामिनी चन्द्रमुखी कोकिलबयनी मंगलमय श्रीरामचन्द्रके केलिचरित बाल कौमार पौगंड किशोर पर्यन्तगान करत सिंधुरकहीगजगामिनी चलती भईं ( ६ ) प्रथमहिं जब जब सगुन होनेलगे तौने तौने मंगलसजे सो कैसे सजे जब श्रीभरतजूने खबरिकहा तब तो जहां जैसहिरहे सो तैसेहि उठिधाये बालक वृद्धकहहिं हमहूंको संगलेहु सो कोई

नवतुलसीदलमंगलमूला ५ भरिभरिथारहेमबरभामिनि गावतचलींसिंधुरागामिनि ६ जोजैसेतैसेउठिधावहिं बालवृद्धकोउसंगनलावहिं ७ एकएकसनबूझहिंधाई तुमदेखेदयालुरघुराई ८ अवधपुरीप्रभुआवतजानी भईसकलशोभाकैखानी ९ भइसरयूअतिनिर्मलनीरा बहहिंसुहावनित्रिविधिसमीरा १० दो०॥ हर्षितगुरुपुरजनअनुज भूसुरवृंदसमेत चलेभरतअतिप्रेममन सनमुखकृपानिकेत ११ बहुतकचढ़ीअटारिननिरखतगगनबिमान देखिमधुरसुरहर्षअति करहिंसुमंगलगान १२ राकाशशिरघुपति

सुनवेनाहिं करैं भोजन भूषण बसन गृहकार्य अनेक छांड़िकै धाये ( ७ ) पुनि एक एकसन धाइकै बूझते हैं तुम श्रीरामचंद्र को देख्यउ है दयालुकही दीन जीवनके प्रतिपालक रघुराईकही रघुवंशकुलके सर्व प्रकारते रक्षक ( ८ ) पुनि हेगरुड़ जी श्रीअयोध्या आपन प्रभुआवत जानिकै दशौदिशा शोभाकै खानि भई ( ९ ) ऐसी जो श्रीसरयू है सोपुनि अतिनिर्मल होतभई शीतल मंद सुगंधमय धारा बहतभयो तैसही परम सुहावन त्रिविध पवन बहतभयो ये सब सूक्ष्मरूपते श्रीरामचंद्र के संगगयेरहैं जब श्रीरामचंद्र लंकाजीतिकै अवधको चले तब आज्ञासंयुक्त आगेही प्राप्ति भये आइ ताते सब प्रकारते समस्त शोभाकै खानि होत भये ( १० ) दोहार्थ ॥ अति हर्ष संयुक्त गुरुजो वशिष्ठ हैं अरु सुमंत इत्यादिक मंत्री श्रीशत्रुहन पुनि भूसुरकही ब्राह्मण वृंद सब वेदवक्ता अनेक पुरजन नखशिखलौं अलंकार हेममणि मय ऐसे अनेक नाग अनेक रथ अनेक सुखपाल अनेक बाजन भेरी मृदङ्ग सहनाई नरसिंहा नगारा इत्यादिक मङ्गलमय गजन अरु घोड़नपर ध्वजा पताका इत्यादिक मङ्गलमय ऐसे सम्पूर्ण समाजलीन्हे पैदर सबन संयुक्त श्रीभरतजी आपुसादे उमगतपगचलत श्रीरामजूकी खराऊँ शीशपर तपयोग वैराग्यज्ञान विज्ञान प्रेमापराभक्ति रामानुरागकै मूर्ति श्रीभरतजू कृपानिकेत श्रीरामचन्द्र केसन्मुख अति प्रेमते मिलिवे को चले हैं ( ११ ) श्रीअयोध्याके जोनारी ते बहुतक तो मङ्गल सजे श्रीरामचन्द्र के सन्मुख चली हैं अरु अनेकमहलन पर चढ़ी गगन में बिमान निरखती हैं सो बिमान देखिपरयो जाको अनेक सूर्य चंद्रमा को प्रकाश है लघुदीर्घ को प्रमाण नहीं है जैसेइच्छा होइ तैसे होत है अरु स्फटिक मणिवत श्वेत निर्मल तापर चित्र-रङ्ग अनेक हैं कहूँ सातखण्ड वर्णन हैं अरु कहीं तीनिखण्ड वर्णन है कमलाकार है बाहेर को खण्ड बत्तिस दलको सोई कोण है मध्यको खण्ड सोरह दलको सोई कोण है अंतर खण्ड अष्टदल है सोई कोण जानियेसर्ब कोणनप्रति मणिनके दण्डा लागेहैं तीनिहु खण्डमें छत्रुरी चित्रबिचित्र बनी है बिमान को अग्रभाग जो है सो युगहंसाकार है अरु बाहेरकेखण्ड में असंख्य बानर रीछनकी सेना चढ़ी है मध्यखंड कछुक ऊँचौ है

पुरीसिंधुदेखिहरषान बढ़ेउकोलाहलकरतजनु नारितरंगसमान १३ चौ०॥ इहांभानुकुलकमलदिवाकर कपिनदेखावतनगरसुधाकर १४ सुनुकपीशअंगदलंकेशा पावनपुरीरुचिरयहदेशा १५ यद्यपिसबबैकुंठबखाना वेदपुराणविदितजगजाना १६

तापर अठारह पद्म राजाआरूढ़ हैं मध्यखण्ड के ऊपर अन्तर खण्ड कछुकऊँचौ है सो सिंहासन महादिब्य है तापर श्रीसीताराम बिराजमान हैं श्रीलक्ष्मणजूहनुमान्जू विभीषण सुग्रीव अङ्गद इत्यादिक बहुत पार्षदन संयुक्तअति शोभायमान हैं जो सखी महलनपर बिराजित हैं सो बिमान देखिके सुनि मङ्गलगान करती हैं यह प्रसङ्ग अगस्त्य संहितायां उत्तरार्द्धे ( १२ ) दोहार्थ ॥ राकानाम पूर्णमासीको चन्द्रमा ताको देखिकै सिन्धु जोहै समुद्र सो उमगत है बढ़त है तरंग उठतीहै गंभीर शब्दहोतहै जैसे चौदह दिन के पक्ष में पूर्णमासी होती है तैसे चौदहवर्षके अन्तर की घरी सोई पूर्णमासी की रात्री है रघुपति परब्रह्म सोई सम्पूर्ण शशि है आगमन उदय है पुरी जो श्रीअयोध्या सोई सिंधु है पुरीको जो कोलाहल हर्ष गानादिक सोई गंभीर शब्द हैं सुख उमगत है बढ़त है अरु नारी जो हैं सो अति शोभित तरंग हैं ( १३ ) हे भरद्वाज अब श्रीरामचन्द्रके इहां सुनहु भानुकुल कमल के प्रफुल्लित कर्ता दिव्यसूर्यरूपी श्रीरामचन्द्रजी सुग्रीवादिक जो सम्पूर्ण कपि हैं जामवन्त इत्यादिक सम्पूर्ण जेऋच्छ हैं विभीषणादिक जो राक्षस हैं तिन सबनको

अपनो जोपरमधाम ताको देखावते हैं जब शृंगबेरपुर ते निषाद के स्थानते बिमान उठाहै नभमें विराजमान भये तब श्रीरामचन्द्र बोले हे सुग्रीव विभीषण निषादादिक अनन्तसखा उत्तर दिशा देखहु तौ कोटि सूर्य चन्द्रमाहूते प्रकाश अधिक शोभित ह्वइ रहेउहै शोभाकर कही सो मोर स्थान भाकही शोभा तेहिको आकरकहीखानि ऐसी श्रीअयोध्या सो देखहु प्रमाणं नाममाला भा आभा शोभा प्रभासुषमाकांति पुनि उकार स्वर में संयोगते शुभाकरके अर्थ कहते हैं शुभाकर कही सम्पूर्ण शुभजे पदार्थ ताकी खानि पुनि शुभकही सुन्दरता जो है अनेक मंगल मुक्ति भुक्ति इत्यादिकन की खानि श्रीअयोध्या सोतुमदेखहु ( १४ ) श्रीरामचन्द्र कहते हैं हे कपीश अंगदादि जामवन्त लंकेश यह जो श्रीअयोध्या पुरी है सो पावन कही पवित्र है निर्मल है त्रिगुण रहित है अयोध्या कही जाते काल न युद्धकरिसकै अरु जाके आगे जो अहै ते करिकै कही अमर होइ पुन: श्रीरामचन्द्र की वशीबनीरहत होइ अरु ब्रह्मा विष्णु महेश जाको ध्यावते हैं अरु मुक्तिकीखानि है जाके ध्यावत अवलोकत तीनिहुं ताप सो पञ्चजनित विकार मिटिजात है पावन निर्मल शुद्धस्वरूपसदा एकरसशुद्ध ब्रह्मस्वरूप है सहित

## अवधसरिसप्रियमोहिंनसोऊ यहप्रसंगजानैकोउकोऊ १७ जन्मभूमिममपुरीसोहावनि उत्तरदिशिबहसरयूपावनि १८

सरयू अरु अवधबासी जगन्नाथ रूप हैं ताते पावनि कही प्रमाणं पद्मपुराणेश्लोक॥ अयोध्याचपरब्रह्मसरयूसगुणोपुमान् । तन्निवासीजगन्नाथस्सत्यंसत्यंबदाम्यहं १ अरु कौशल देश सर्बहै परकछु श्रीअयोध्यामर्यादकरिकै कहते हैं श्रीअयोध्या श्रीदशरथ राजमहलते द्वादश योजन पश्चिम द्वादश पूर्व द्वादश दक्षिण यह ऐसहि आठौ दिशा जानब यहदेशरुचिर कही अतिसुन्दर भूमि सो सब दिब्य है करिकण्टक रहित है कोमल तृण पुष्पसंयुक्त शोभित हैं शुभगुण मय है ऐसोदेश तुमदेखहु हेसखे ( १५ ) इहां अढ़ाई चौपाई के एकही अन्वय हैं श्रीरामचन्द्र कहते हैं यद्यपिसब कोई बैकुण्ठ बखानते हैं वेदपुराणसबगावते हैं त्यहिकरिकै सबजगत् जानते हैं अरु बैंकुंठसब मेरोईहै ( १६ ) पर अवधके समान मोको बैकुण्ठहू प्रिय नाहीं है यह प्रसङ्ग कोई कोई जानहिंगे जोमेरे विशेषि शरण होहिंगे तहां जोकोई कहै कि श्रीअयोध्या श्रीरामजन्म भूमि है इहां नरलीला कीन्हि है ताते अवध बहुत प्रिय है जो यह अर्थ सिद्धकरी तौ यह कहाहै कि यह प्रसंग जानै कोइ कोई यहि पद में विरोध होत है श्रीरामचन्द्र की जन्मभूमि सबजानते हैं इहां कोऊ कोऊ विशेषि पद क्यों कहा देखौ वाहीविशेष बचन अपने मुखते कहैहै प्रमाणं श्रीभगवद्गीतायां ॥ मनुष्याणां सहस्त्रेषुकश्चिद्यततिसिद्धये ॥ यततामपिसिद्धानांकश्चिन्मांवेत्तितत्त्वत: १ ताते श्रीरामचन्द्र जापर अतिकृपा करते हैं ताको श्रीमुखते अपनो तत्त्व बतावते हैं ताते परमात्मा परब्रह्म परमेश्वर ताके चरित तत्त्वजानिबेको गूढ़है नाम स्वरूप लीलाधाम विशेष है तहां श्रीरामचन्द्र कृपाकरिकै धामतत्त्व सबको जनावते हैं ताते सबजानिपरे यहि चौपाई को अन्वय आगे चौपाई में अर्थ सिद्ध होत है यद्यपि सबवैकुंठवेद पुराण बखानते हैं तिनहीं के द्वारा ह्वैकै जगत् सब जानतहै सब कही बहुत बैकुण्ठ जोहैं तिनसब बैकुण्ठ में श्रीअयोध्या मोको बहुत प्रिय है यह अन्वय दूसरी चौपाई में है वेद पुराण बखानते हैं सर्ब बैकुंठ जन्मभूमि ममपुरी यह श्रीमुखबचन ताको अर्थ अयोध्या सबबैकुंठनकी जन्मभूमि है कोई कहै कि अयोध्याते बैकुंठको जन्म कबभयो है तहां यह न कहिबेमें आवै अनिर्वाच्य है इहां कारण कार्य अनादि है जैसे जीव ईश्वर मायाको मूलकारण है पर यहनाहीं काहूकहा कि ईश्वरते जीवभयो है ये तीनिहु तत्त्व अखण्डअनादि हैं पर कारण कार्य कहा जात है बोधकेहेतु तैसे अयोध्या अरु बैकुंठ जानब ऐसही नामरूप इत्यादिक जानब पर सब बैकुण्ठ श्रीरामही के जानब पर श्रीअयोध्या सबते प्रिय है तहां प्रमाण है ग्रन्थनमें एकसै आठ बैकुंठ भूपर हैं पांच बैकुंठ अपर हैं एक बैकुंठ जब नारायण निद्राकी प्रेरणा करते हैं तब ब्रह्मा निद्राबश स्वप्न अवस्थाको प्राप्त होते हैं तब नारायणकी इच्छाते जगत् जलार्णव होत है सो नैमित्य प्रलयकही ताको कारण क्षीरसागर बैकुंठ है काहेते ब्रह्मा नारायण के पुत्र हैं द्वितीयरमा बैकुंठ है तहां सनकादिकन शापदीन है जय विजयको तृतीय कारण बैकुंठ जहां महाप्रलय में प्रकृति पुरुष सम्यताको प्राप्तिहोत हैं जहां तीनि गुण पांचतत्त्व सम हैं पुनि जब वोहीपुरुष महाविष्णु ईक्षणाकरै है तब वैसही जगत् को होत है पुन: चतुर्थ बैकुंठ महा भगवान् चतुर्ब्यूह बासुदेव पुरुष प्रकृति पर बिराजमान

हैं पंचमपद बैकुंठ बिरजापार ताहीको पूर्णअयोध्या कहा है ताते सब बैकुंठनको मूल श्रीअयोध्या है सब स्वरूप को मूल श्रीराम स्वरूप है सबनामको मूल श्रीरामनाम है सब लीला को मूल रामलीला है सब प्रतापको मूल रामप्रताप है तहां प्रमाण है भार्गव पुराणे नारायण वाक्यं नरंप्रति श्लोकसाढ़ेसात ७॥ इदमेवपुराब्रह्मबैकुंठनगरेहरिः ॥ सर्वेश्वरीजगन्मातााप्रत्यक्षकमलालया १ त्रिपाद्विभूतिवैकुंठ विरजायापरेतटे॥ यादेवानांपुरायोध्याह्यामृतानोमृतापुरी २ अन्यच्च॥ वैकुंठपंचविख्याताः क्षीरादीपरमाकूर्ज॥ कारणमहावैकुंठपंचमंविरजापरं ३ नित्यादिव्यमनेकभोगविभवंवैकुंठरूपोत्तरं ॥ सत्यानन्दचिदात्मकस्वयमभून्मूलत्वयोध्यापुरी ४ गोलोकाच्चपरंज्ञेयासाकेतोन्तःपुरप्रियं॥ गोप्यागोप्यतरागोप्यासायोध्यातीवदुर्ल्लभा ५ इतिमहारामायणेशिववाक्यं ॥ रामस्यनामरूपंचलीलाधामपरात्परं ॥ एतच्चतुष्टयंनित्यंसच्चिदानन्दविग्रहं ६ इतिनारदपंचरात्रे॥ पुनि वेदकहते हैं यायोध्यापुरीसा सर्ववैकुंठानामेव मूलाधारामूल प्रकृतेःपरा तत्सद्ब्रह्म मया बिरजोत्तरा दिब्यरत्नकोशाढ्यातस्यांनित्यमेवसीतारामयोर्बिहारस्थलमस्तीति इत्यथर्वणे उत्तरार्द्धे ॥ यादेवानांपुरायोध्यातस्यांहिरण्मयः कोशःस्वर्गेलोकोज्योतिप्रवृत्तां जीवैतांब्रह्मणेवेनामृतेनामृतां पुरीतस्मैब्रह्माचआयुः कीर्तिप्रजाददुरितिसामवेदेतैत्तरीयश्रुति॥ सर्ब बैकुंठनकी जन्मभूमि ममपुरी श्रीअयोध्या सबपर बिराजमान है सुहावनिकही सुर मुनि नागनर सबके मनभावनी है अरु मेरे मनभावनी है अरु सब बैकुंठ मेरोईहै सब बैकुंठन में मेरोई स्वरूप है श्रीरामचन्द्र.यह कहा जो कोईकहै कि काभगवान्के बहुत रूप हैं तहां भगवत् तो एकही है परकार्य कारण करिकै बहुत है सबअखण्ड एकरस है अरु भगवान् अपनी इच्छाते अनन्त कलावछिन्नहै भगवत् गतिको वेद नेति नेति कहते हैं सो इच्छाते जेतने चहते

**जामज्जनतेबिनहिंप्रयासा ममसमीपनरपावहिंबासा १९ अतिप्रियमोहिंइहांकेबासी ममधामदापुरीसुखरासी २० हर्षेकपिसब**

हैं तेतने स्वरूप बनावते हैं तहां श्रीरामचन्द्र कहाहै सो सुनिये ( १७ ) जन्मभूमिममपुरीसुहावनि अतिसुन्दरि तेहिके उत्तरदिशामें श्रीसरयूबहती हैं कैसी हैं सरयू पावनिकही पवित्र निर्मल स्वच्छ एकरस सर्बकालमें हैं ( १८ ) हे सखे ऐसे सरयू के मज्जनकियेते मेरी सामीप्य मुक्तिको प्राप्ति होते नरनाम नरसंज्ञा सबजीव महारामायणे शिववाक्यं श्लोकार्द्ध ॥ नराजीवाश्रयायस्यतस्यनारायणास्मृतः जामज्जनते कर्मयोग बैराग्य ज्ञान भक्ति इत्यादिक बिनाकरेही मेरो स्वरूपह्वैकै मेरीसामीप्यताको प्राप्तिहोते हैं श्रीमुखबचन यह वेदको सारभूतहै तहां प्रमाण है श्लोक अन्यच्च॥ यस्याभातिममोदकाननवरंरामस्यलीलास्वयं ॥ यत्रश्रीसरिताबरंचसरयूरत्नाचलाशशोभिताः १ ध्येयंब्रह्ममहेशविष्णु-मुनिभिःयानंददासर्वदा सायोध्यापरमात्मनोविजयतेधाम्नापरामुक्तिभाः २ पुनः श्रुतिः ॥ प्रवाहरूपिणी भवतीनाम्ना सरयूरहामेवार्तेमनसे जलरूपिणीचचतुर्युगेच-सरयूकलौगंगावशिष्ठजाः ( १९ ) पुनि इहांके बासी मोको बहुत प्रिय हैं अरु पुरी जो अयोध्या सो मेरोधाम कही स्वरूप की देनहारी है दूसरार्थ॥ पुरीको विशेषण कहिआये हैं अब पुरबासिनको विशेषण कहते हैं ताते अतिप्रिय कहा जैसे एकगुरुके दशशिष्य हैं सो सबप्रिय हैं तिनमें एकको गुणवान् बिचारिकै समस्तने अपने ऐश्वर्यको मालिक करिदियो है सो अतिप्रिय भयो है तैसे श्रीरामचन्द्र कहते हैं मेरी बहुतपुरी हैं अरु पुरीके वासीजेहैं सोसबै मोकोप्रियहैं पर अवधकेवासी मोको अतिप्रियहैं काहेते मैं इनको इतनो अधिकार दियों है कि इहांके बासी ममधामदाहैं मेरो धामजो है परमपद किन्तु धामकही मेरोस्वरूप ता मोक्षकेदाता एकहीहौजीव मोक्षदाता नहीं है अरु अवधबासीमोधाम जो यही पुरी सुखकही मुक्ति भुक्तिकेवासी ताकेदाता अवधबासी हैं मेरेसमान ऐश्वर्य को प्राप्ति हैं ( २० ) श्रीरामचन्द्रके बचन सुनिकै सबकपिहर्षे अरु बोले धन्य श्रीअयोध्याजी जाको श्रीरामचन्द्र निजमुखते बखानतेभये ( २१ ) दोहार्थ ॥ पुनिभरतजी सहितसमाज चलेआवते हैं मानहुंकरुणा आरतकी सेना

**सुनिप्रभुबानी धन्यअवधजोरामबखानी २१ दो०॥ आवतदेखेलोगसबकृपासिंधुभगवान नगरनिकटप्रभुप्रेरेउउतरेउभूमिबिमान २२ उतरिकह्यउप्रभुपुष्पकहँतुमकुबेरपहिजाहु प्रेरितरामचलेउसोइ हर्षबिरहअतिताहु २३ चौ०॥ आयेभरतसंगसबलोगा कृशतनश्रीरघुबीरबियोगा**

**२४ बामदेवबशिष्ठमुनिनायक देखेप्रभुमहिधरिधनुशायक २५ धायधरेगुरुचरणसरोरुह अनुजसहितअतिपुलकतनोरुह २६ भेंटीकुशलपूछिमुनिराया हमरीकुशलतुम्हारीदाया २७ सकलद्विजनकहँनायोमाथा धर्मधुरंधर**

चलीआवती है श्रीरामचन्द्र बिलोकिकै तुरंत आज्ञादीन बिमान नगर के निकट रामाज्ञाते भूमिपर उतरतभयो ( २२ ) पुनिश्रीरामचन्द्र ने उतरिकै पुष्पक बिमानको आज्ञादीन कि तुम कुबेरके इहांजाहु श्रीरामकी प्रेरणातेचलेउ श्रीरामचन्द्रके बिरहको बहुतदुःखभयो रामाज्ञाकोहर्षहै अरुकुबेर केइहां जाबेकोविषादहै ( २३ ) पुनि श्रीभरतजी आये संग समस्त लोग हैं श्रीरामचन्द्रकेबियोगकही बिक्षेप करिकै शरीर कृशनामदूबर ह्वैरह्यउहै ( २४ ) पुनि आगे बामदेव इत्यादिक मुनिनायक श्रीबशिष्ठजी तिनको देखिकैप्रभु धनुष बाण भूमिपर धरिकै ( २५ ) पुनि धाइकही शीघ्रकै गुरुकै चरणकमल गहते भये सहित अनुज कही श्रीलक्ष्मणजीके तनोरुह कहीतनरोम अति पुलकिकै खड़े ह्वै आये हैं किन्तु बशिष्ठादिकन के तनोरुह कही रोम ठाढ़े ह्वइआये हैं ( २६ ) पुनि भेंटिकै मुनिराय कुशल पूछतेभये तब श्रीरामचन्द्र बोले तुम्हारी दायाते हमारी कुशल है ( २७ ) पुनि श्रीरामचन्द्र समस्त द्विजनको मिलिकै माथनावते भये ऐसे रघुवंशकुलधर्मके धूरि ताके धरैया पुनि त्यहिकुल के नाथ किन्तु सबके नाथ श्रीरामचन्द्र हैं ( २८ ) पुनि श्रीभरतजी निर्भर प्रेमते दण्डइव परतभये श्रीरामचन्द्र के पद पंकज में शीशनावते भये पुनः किरीट संयुक्त शीशनावते हैं ब्रह्मा शिव इन्द्रादिक दिग्पाल सुर मुनि सिद्ध जेते हैं तेते सब जिन्हैंनवते हैं ( २९ ) श्रीभरतजी को दाहिना हाथ दाहिना चरणपर बावां हाथ बावां चरणपर नासिका दोऊ अंगुष्ठ मध्य में ललाट दोऊचरणपीठिमध्य ज्ञानमुद्रा दोउकरमें ऐसे भूमि में परे श्रीभरतजीमें पराप्रेम पराभाव दूनों पूर्ण हैं श्रीरामचन्द्र उठावते हैं प्रेमते मग्न भये हैं उठते नाहीं हैं बरकर कही श्रेष्ठ आजानुभुजभरिकै उठाइकै श्रीराम कृपा करिकै हृदय में लगावतेभये ( ३० ) श्रीरामचन्द्रके श्यामगात पुलकित अंग अंगपुनिराजीवजो कमल प्रथम बिगसेउ ते तद्वत् ऐसे नेत्र तामें जलप्रबाह बाढ़त भयो द्वौ भाइन के रोम सूक्ष्म ठाढ़े ह्वै आये हैं किंतु देखिकै सबके रोमठाढ़े ह्वै आये हैं हे भरद्वाज सुनिये ( ३१ ) छन्दार्थ ॥ पुनि श्रीरामचंद्र

**रघुकुलनाथा २८ गहेभरतपुनिप्रभुपदपंकज नमतजिनहिंसुरमुनिशंकरअज २९ परेभूमिनहिंउठतउठाये बरकरकृपासिंधुउरलाये ३० श्यामलगातरोमभयेठाढ़े नवराजीवनयनजलबाढ़े ३१ हरिगीतिका छं०॥ राजीवलोचनश्रवतजलतनललितपुलकावलिबनी अतिप्रेमहृदयलगाय अनुजहिमिलतप्रभुत्रिभुवनधनी प्रभुमिलतअनुजहिसोहमोपहँजातनहिंउपमाकही जनुप्रेमअरु**

के नेत्र राजीव कही कमल तद्वत् सो श्रवत कही जलबहत भयो तनमें ललित कही अति आनन्द भरि शोभित पुलकावलि बनिरहीहै अतिप्रेम करिकै अंग अंग की सुधि बिस्मरण होत भई त्रिभुवन धनी पुनः सबकेअनुज को मिलतसन्ते जैसे शोभितहैं सो उपमा मोपैनहीं कहीजाति है जनु प्रेम अरु शृंगारतनको धारणकरिकै मिलतहैं बरनाम श्रेष्ठसुखमाकहीशोभाको प्राप्ति होत हैं पुनि प्रेमकीमूर्त्ति श्रीभरतजी हैं शृंगारमूर्त्ति श्रीरामजी हैं जबप्रेम अरु शृंगार एकरस भये तबसुख शोभा आनन्द अति बिचित्र है ताते श्रीशिवजी कहते हैं मोपै नहीं कहाजाइ ( ३२ ) कृपानिधि भरतजीमिलिकैभरतजी ते कुशल बूझते हैं कृपानिधि कही कृपाके स्थान पुनिभरतजी प्रेमते पूर्ण हैं ताते वेगि बचन नहीं बोले आवै शिवजी कहते हैं हे शिवा कल्याण रूपिणी द्वौभाइन को परस्पर मिलापको सुख जो है सो मन बचनते भिन्न कहे न्यारो है तौ नहीं जाना जाइ पावइकही अथवा मन बचन ते भिन्नजाको आत्मक अनुभवहोइ तौ ज्ञानते जानिबेमें आवैहै ते पावते हैं वहिसुखको अथवा द्वौभाइनके मन बचनते भिन्न जाना कही जानाजाय तौ कविनको प्राप्ति होइ इहां द्वौभाइनके मनबचनके भितरे रहिगयो कविजन क्यों कहै श्रीरामचन्द्रजीके बचन भरतजी सुनत भये तब बोले हे कोशलनाथ मोको आरतजन जानिकै आपदर्शन दीन है ताते मैं कुशलको भाजनहौं विरहरूपजो समुद्र है तामेंबूड़त रहेउं है सो कृपाकेनिधान श्रीरामचन्द्र आपने मेरे कर गहिकै उबारिलियो है इत्यर्थः ( ३३ ) दोहार्थ

॥ पुनि श्रीरामचन्द्र भरतको मिलिकै परमानंद दैकै शत्रुहनजी को हर्षिकै हृदय में लगावतेभये पुनि भरतजीलक्ष्मणजी मिलतेभये प्रेमकही परस्पर धन्यधन्य भक्ति हृदय में सराहिकै आपुको निपट लघुमानिकै प्रेम में मग्नभये हैं द्वौभाई का परस्पर श्रीरामचन्द्र के पदकमल में प्रेमसम अखण्डभाव एकरसहै ( ३४ ) पुनि

श्रृंगारतनधरिमिलतबरसुखमालही ३२ बूझतकृपानिधिकुशलभरतहिंबचनवेगिनआवई सुनिशिवासोसुखबचनमनतेभिन्नजाननपावई अबकुशलकोशलनाथआरतजानिजनदर्शनदियो बूड़तबिरहबारीशकृपानिधानम्वहिंकरगहिलियो ३३ दो०॥ पुनिप्रभुहर्षिशत्रुहनभेंटेहृदयलगाइ लक्ष्मणभरतमिलेतबपरमप्रेमदोउभाइ ३४ चौ०॥ भरतअनुजलक्ष्मणपुनिभेंटे दुसहबिरहसम्भवदुखमेटे ३५ सीताचरणभरतशिरनावा अनुजसमेतपरमसुखपावा ३६ प्रभुबिलोकिहर्षेपुरबासी जनितबियोगबिपति

शत्रुहन लक्ष्मणमिले दुस्सह बिरह जो है सो नाश ह्वैगयो है कैसे दुस्सह बिरहसंभवनाम जो दुस्सह बिरहते उत्पन्नदुःखहै सो समस्त मिटिगयो पुनः द्वौभाइन में किसके दुःखरहे जो सो शत्रुहन में दुःखकही तौ श्रीरामचन्द्र के मिलेते दुःख नाशह्वैगयो भाईके मिलेते दुःखगयो तौ शत्रुहन में लघुता आवती है अरु लक्ष्मणजी श्रीरामचन्द्र के संगहीरहे तहां दुःखकहां हैनाहीं है तहां श्रीरामचन्द्र के बनगवन को संयोग बिरहरहेउ ताके कारण कैकेयी पुत्र भरतजी तिनसेवामें शत्रुहन रहे ता शत्रुहनपर लक्ष्मणजी के दुस्सहदुःख रहेउ जब श्रीभरतजी की दशा श्रीरामाकार देखत भये तब शत्रुहनको मिलतभये सो समस्तदुःख मिटिगयो अरु जब श्रीभरतजी चित्रकूट को गयेरहे तहां रघुनाथजीके मनाइबे को समय रहै ताते भरतजीके ऊपर श्रीलक्ष्मणजीको पूर्ण बोध नाहींभयो ( ३५ ) श्रीसीताजीके युगलपदपद्ममें शीशनवावते भये श्रीशत्रुहनसंयुक्त भरतजूने श्रीजानकीजीको अतिप्रसन्न जाना तब परमानंद सुखको प्राप्तिभये पुनः ( ३६ ) श्रीरामचन्द्रजीको देखिकै समस्त पुरबासीकि श्रीरामचन्द्र को बियोगकही बिक्षेप ताते जनितकही उत्पन्न जो बिपत्ति सो सब नाशभई जो बिपत्ति सबनाशभई तो नवीनसुख उपजत है ( ३७ ) प्रेमकरिकै सबलोग आरत हैं श्रीरामचन्द्र के मिलिबेको आतुर इच्छाहै सो प्रभुजीको ऐसे देखते भये तब कृपालुजो हैं खरारिते कौतुककरते भये इहां खरारि क्यों कहा जब खरदूषण दंडकारण्य में युद्धकरिबेको आये तब श्रीरामचन्द्र को स्वरूप देखिकै सहितसेना मोहिगये तब श्रीरामचन्द्र कृपाकरिकै अपनो स्वरूप सबको देखावतेभये आरण्यकांडे॥ देखहिंपरस्पररामकहंसंग्रामरिपुदललरिमरयो ( ३८ ) अमितरूप त्यहिकालमें श्रीरामचन्द्र होतेभये पुनि यथायोग्य सबको मिलतेभये चारिहुबर्ण चारिहु आश्रम हाथी घोड़े मृगादिक पशुपक्षी इत्यादिक जेते जीव श्रीअयोध्याके रहे हैं जैसे आगे सबको मिलिकै आनंददेते हैं तैसेहीमिले परसब जानते हैं कि श्रीरामचन्द्र हमहींको मिलते हैं जाते सबको परम सुखहोइ ( ३९ ) ऐसेही कृपादृष्टिते सबको

सबनासी ३७ प्रेमातुरसबलोगनिहारी कौतुककीन्हकृपालुखरारी ३८ अमितरूपप्रकटेत्यहिकाला यथायोग्यसबैमिलेकृपाला ३९ कृपादृष्टि सबलोगबिलोकी कियेसकलनरनारिबिशोकी ४० क्षणमहँसबहिंमिलेभगवाना उमामर्मयहकाहुनजाना ४१ यहिविधिसबहिसुखीकररामा आगेचलेशीलगुणधामा ४२ कौशल्यादिमातुसबधाई निरखिबच्छजनुधेनुलवाई ४३

देखिकै सकल नर नारिन को शोकतेरहित करतेभये ( ४० ) तहां एकक्षणमात्रमेंसबकोमिले पर हेपार्वती यह मर्म काहूनहीं जान्योयहसवही जान्यो कि श्रीरामचन्द्रप्रथम हमहींकोमिलते हैं आपुआपुकोधन्य मानते हैं ऐसो चरित श्रीरामचन्द्र क्योंकियो कृपालु हैं सबके अंतरबसते हैं सबकेसुखदाता हैं परब्रह्महैंपूर्ण भगवान् हैं भगवान् शब्द को अर्थभगवान् कहीषट्भाग संयुक्तऐश्वर्य धर्मयश श्री वैराग्य मोक्षतिनकोस्वरूप कहते हैं ऐश्वर्यजाको अनेक ब्रह्मांडहै पुनि धर्मकाको कही सत्यवाक्य सर्बदाता निष्कपट

शुद्धकर्म ताको धर्मकही पुनि यशकाको कही उदार अजय जाको कोई जीति न सकै शीलनिधि अत्यन्त सुन्दर जाको देखिकै चराचर मोहैं ताको यश कही पुनिश्री काको कही तेज को जाके तेजके आगे सूर्य चन्द्र अग्नि दामिनि इत्यादिक छिपि जाइ पुनि श्रीकही शोभा स्वरूप करिकै सर्वगुण करिकैशोभित है पुनि श्रीकही प्रताप जाको सबडरैं जाकी आज्ञामें पृथ्वी अप्तेज वायु आकाश तीनिहु गुण देवदानव मनुष्य इत्यादिक चराचर बर्तमान हैं पुनि श्री कही लक्ष्मीजी ने जाकी आज्ञानुकूल ह्वैकै कोटिन ब्रह्माण्ड में सुखभोग करिदियो है ताको श्रीकही पुनि वैराग्य काको कही शब्दस्पर्शस्वरूप रसगन्धचित्त बुद्धि मन अहंकार सात्विक राजस तामस इनसबनको अपने बशकिये अरु इनके परे ताको बैराग्य कही पुनि मोक्ष काकोकही सालोक्य भगवान् के लोक में बसै सामीप्यसदा निकटरहै सारूप्य जैसो भगवान्को रूप तैसो रूपहोइ सायुज्य अलंकार ह्वैकैरहै अथवा कोई के मत में जैसे सूर्यको तेज घट फूटे सूर्यहीमें लीनहोत है ताको सायुज्य कही पुनि सारिष्ट मुक्ति सामान्य ऐश्वर्य अपने समान ऐश्वर्यदेते हैं येपांचमुक्ति हैं ताते ऐश्वर्य धर्म यश श्री वैराग्य मोक्ष एते षड्भाग जामें संपूर्णहोहिं अरु अपने जनको छहूंकोदाता ताको पूर्ण भगवान् कही जोस्वरूप षड्भागमें कछुक कमहोइ ताको अंशकला विभूतिकही देखिये तो षड्भाग श्रीरामचन्द्र के बामचरण में षट्कोण अंक हैं ताको षड्भागशास्त्रकहते हैं ताते श्रीरामचन्द्र पूर्ण भगवान् हैं श्लोक है श्रीमन्महारामायणे

**छं० हरिगीत॥ जनुधेनुबालकबच्छतजिगृहचरनबनपरबशगई दिनअन्तपुररुखश्रवतथनहुंकारकरिधावतभई अति प्रेमप्रभुसबमातुभेंटेबचन-मृदुबहुबिधिकहे गइबिषमबिपतिबियोगभवतिनहर्षसुखअगणितलहे ४४ दो० ॥ भेंटेउतनयसुमित्राराम**

शिवबाक्यं ॥ ऐश्वर्य्येनचधर्मेणयशसाचश्रियैवच वैराग्यमोक्षषट्कोणैः संजातोभगवान्हरिः १ पोषणंभरणाधारंशरण्यंसर्वव्यापकं कारुण्यषड्भिःपूर्णोरामस्तुभगवान्स्वयं २ अनेक ब्रह्माण्डको पोषणगुण भरणगुण आधारगुण सर्व शरण्यत्व गुण सर्व व्यापकत्व गुण एते षड्गुण परम दिव्यते पूर्ण श्रीरामचन्द्र हैं ताते पूर्ण भगवान्कहा ( ४१ ) यहि प्रकारते सबको मिलिकै सुखरूप परमानन्ददैकै श्रीरामचन्द्र आगेचले शील इत्यादिक जे अनन्तगुण हैं केवल कल्याणरूप ताके धामहैं इहां प्रथम शीलै गुण क्यों कहा जेते श्रीकौशल्याजू के सम्बन्धी हैं अरु जेते कैकेयी के सम्बन्धी हैं अपर समस्त ताको एकरस मिले अरु सबको एकही बारमिले ताते श्रीरामचन्द्र को शील गुणधाम कहा ( ४२ ) श्रीकौशल्यादिक माता श्रीरामचन्द्र के मिलिबेको धावतीभई जैसे बछराको देखिकै लागती गऊधावे है जो कोई कहै कि जब सबकामिले तबका श्रीकौशल्याजू मिलिबे को रहिगई हैं तहां यामें दुइभाव सूचित हैं एक तौ सबको मिलिकै तबश्रीकौशल्याको मिलते हैं यामें अति आदर अति आनन्द सबको प्रभुदेते हैं अथवा सबके संगही सबमातनको मिले अब क्यों माता धावतीभईं अब श्रीरामचन्द्र एकरूप हैं मिलब छूटिकै सबदेखते हैं अरु सबमाता अति आरत हैं तहां पुनरुक्ति न कही बारबार मिलिबेको उचित है ( ४३ ) छन्दार्थ॥ सबमातनको दृष्टान्त करिकै अतिशय स्नेह जनावते हैं जनु धेनु बालक बछराको गृह में छोड़िकै आपु बरबस होइकै बनमें चरिबेको गईहै जब सूर्य अस्ताचलको गये तब गऊ जो अति स्नेहीरही सो घरको धावतीभई थन में दूध श्रवत हुंकार करतसंते तैसे चौदहबर्ष दिनरूप उलटा दुखदाता सो बीततभयो तब श्रीरामचन्द्र के भेंटिबे को माता धावतीभईं जो कोईकहै कि माता तौ घर ही में रही हैं श्रीरामचन्द्रबनको गये यहि उलटे दृष्टान्तको एकदेश लेते हैं कहूंदुइ कहूंतीनि कहूंचारि पद पूर्ण दृष्टान्तलेते हैं ताते इहां केवल स्नेहै लिया है अथ दूसर दृष्टान्त है श्रीअयोध्याकाण्डे चौपाई॥ तहहिं अवधजहँरामनिवासू तहँहिंदिवसजहँतरणिप्रकासू जहां श्रीरामचन्द्र तहांई श्रीअयोध्या ताते श्रीरामचन्द्र बछराभाव घरही हैं माता गऊभाव बनमें रही हैं पुनि श्रीरामचन्द्र

**चरणरतिजानि रामहिंमिलतकेकयीहृदयबहुतसकुचानि ४५ लक्ष्मणसबमातनमिलेहर्षेआशिषपाय केकयिकहपुनिपुनिमिलेमनकरक्षोभनजाय ४६ चौ०॥ सासुनसबहिमिलीवैदेही चरणनलागिहर्षअतितेही ४७ देहिंअशीषबूझिकुशलाता होइअचलतुम्हारअहिवाता ४८**

ने सबमातनको अतिप्रेमते मिलिकै बहुबिधिते मृदुबचन कहा है हे मातु तुम्हारे आशीर्बादते समस्त मंगलभये हैं यह मृदुबचन सुनतसंते मातनके बिषम बिपति बियोगरूप दुख जोरहा सो बीतिगयो अगणितसुखभयो है ( ४४ ) दोहार्थ ॥ श्रीसुमित्राजी लक्ष्मणजी तिनको भेंटती भई अतिप्रीतिते परपुत्र मानिकै नाहीं श्रीरामचन्द्रजू के चरणारविन्दमेंरतनाम अतिप्रीति जानिकै भेंटतीभई यह परमानन्य भाव कहावत है पुनि श्रीरामचन्द्रको श्रीकैकेयीजू मिलतीभई परहृदयमें बहुत सकुचतभई अपनी करणी समुझिकै सन्मुख चितैनहींसकैं अथवा श्रीरामचन्द्र कै मति सकुचाइगई यहजानिकै कि मैंने केकयीके ऊपर बहुत भारदिया अब कैकेयीजीको उपकार मैं केहिबिधिते करौं यह श्रीरामचन्द्र मनमें कहते हैं सो आगे कहैंगे ( ४५ ) लक्ष्मणजू श्रीकौशल्यादिक मातनको मिलतेभये आशीर्बाद मातनदीन कि तुम्हारी प्रीति अरु श्रीसीतारामचन्द्र कै प्रीति तुमपर बनीरहै सर्बकाल में अखण्ड एकरस दिनप्रति अधिकाई यह सुनिकै अतिशय आनंदभयो श्रीलक्ष्मणजू केकयीको पुनिपुनि मिले पर लक्ष्मण के मनकर क्षोभनगयो क्षोभ कही संदेह संयुक्त मनबचनमें नीकविकारकै निश्चयनहोइ दोउनकी गति धँभिजाइ जो श्रीलक्ष्मण के मन में क्षोभरोपणकरी तो पुनः पुनः जोपदहै सो अति प्रीतिको जनावत है तहां क्षोभकहाहै तहां कैकेयीके मन में क्षोभरह्यौका क्षोभरहेउ कि श्रीलक्ष्मणजू मोको दुइबारमिले एती प्रीतिकियो मोसे कछु न बन्यो अबका करौं यह क्षोभरह्यो अथवा दुइबार बहुबार कोई किसको बड़ाइदइ अथवा दुइबार बहुबार मिलापकरै तहां प्रीति अरु व्यंग दोनौं सूचित हैं ताते केकयीके मन में यह रह्यो कि लक्ष्मणजी धौंकाकरैं पुनि श्रीलक्ष्मणजी अतिप्रीतिते दुइबार क्यों मिले श्रीभरतको श्रीरामानन्य जानिकै कैकेयी श्रीरामचन्द्र को बनगवन न देती तौ श्रीसीतारामकै सेवा केवल अनन्य हमकैसे पावते ताते कैकेयी धन्यहै अथवा तिनकी माता जानिमिलेपर क्षोभ कछु रहिगयो कि अबकछु विघ्न न करै अथवा यह जानिकै कि श्रीकैकेयी जब श्रीरामचन्द्रको मिली तब सकुचानी तब श्रीरामचन्द्रपुनि मिले अरु लक्ष्मणजी एकैबारमिले उलटिकै अर्थ सिद्धहोत है तब

**सबरघुपतिमुखकमलबिलोकी मंगलजानिनयनजलरोकी ४९ कनकथारआरतीउतारहिं बारबारप्रभुगातनिहारहिं ५० नानाभांतिनिछावरिकरहीं परमानंदहर्षउरभरहीं ५१ कौशल्यापुनिपुनिरघुवीरहिं चितवतिकृपासिंधुरणधीरहिं ५२**

क्षोभ लक्ष्मण जी के रहा यह जानिकै कि श्रीरामचन्द्र अति प्रीतिसे दुइबारमिले अब धौं कैकेयीका करै ( ४६ ) सबसासुनको जानकीजीमिलीं सबके चरणकमल गहतींभई अतिहर्षह्वौ दिशिभयो ( ४७ ) सासुन आशीर्बाद दीन कि तुम्हारो अहिवात सर्वकालमें अचल रहै ( ४८ ) समस्त माता श्रीरामचन्द्र को मुखकमल बिलोकती हैं जैसे अनेकचकोरी पूर्णचन्द्रमाको चितैरही हैं तैसे श्रीरामचन्द्रको चन्द्रमुख माता देखती हैं मंगलसमय जानिकै नेत्रनते जलनहीं गिरैपावै ( ४९ ) तीनिसैसाठि श्रीकौशल्यादिक पट्टबन्धनी रानी हैं तामें तीनि महामुख्य हैं अपर को जानै केती हैं ते समस्त चहूंदिशाते कंचनके थारनमें अनेकमणि माणिक तुलसीदल इत्यादिक मंगलपदार्थभरे गोघृत कपूरयुक्तबार्तारचे थारनमें आरोपित किये कोईकेमतमें विषमबाती कह्यो है पांचसात इत्यादिक कोईमुनिकै मत में समबाती कह्यो है चारि आठ इत्यादिक अरु मेरेभाव में तौ समआवै है काहेते श्रीरामचंद्र श्रीजानकीजी एकही हैं सर्बदिशाते मंडलाकार ठाढ़ी हैं आरती करती हैं श्रीसीता रामचन्द्र सबके सन्मुख हैं चारिचारि चरण में आरती करती हैं दुइबार कटिमें एकमुखमण्डल में सप्तबार सर्बांगमें आरती करिकै श्रीसीतारामके नखशिखलौं अंगअंग निरखती हैं ( ५० ) श्लोकडेढ़ महाशंभुसंहितायां ॥ रामःसीता जानकीरामचंद्रोनाहुर्भेदोह्येतयोरस्तिकश्चित् ॥ अन्यच्च ॥ आदौचतुःपादतलेदेयाद्वि नाभिदेशोमुखवृत्तमेकं ॥ सर्बांगदेशेशुचिसप्तबारंसुरार्तिकाभक्तजनेनदेया २ पुनिसमस्तमाता श्रीरामचन्द्रको निरखिकै नानाकही अनेकभांतिते अनेकपदार्थ निछावरि करती हैं परमानंद हर्षजो है ताको हृदय में भरती भई ( ५१ ) अरु श्रीकौशल्या जी पुनि पुनि कही बारबार रणधीर कृपाके समुद्र श्रीरामचन्द्र को चितवती हैं कृपासिंधु रणधीर क्योंकहा कृपासिंधुएकहीबार सबको दर्शनदीन अरु रणधीर रावण के संग्राम में धीर रहे हैं ( ५२ ) श्रीकौशल्याजी बारबार बिचारती हैं कि लंकापतिको कैसेमारा है लंकापति कैसोरह्योहै जाकी स्तुतिभय ते ब्रह्मा शिवादिक करहिं अरु इंद्र बरुण कुबेर धर्मराज

इत्यादिक अरु पवन अग्नि जलपृथ्वी शशिसूर्यइत्यादिक जाकी आज्ञामें रहते हैं ( ५३ ) मेरे युगुलबारे अति सुकुमार हैं।

**हृदयबिचारतिबारहिंबारा कवनभाँतिलंकापतिमारा ५३ अतिसुकुमारयुगुलममबारे निशिचरसुभटमहाबलभारे ५४ दो०॥ लक्ष्मणअरुसीतासहित प्रभुहिबिलोकहिंमात परमानंदमगनमन पुनिपुनिपुलकितगात ५५ चौ०॥ लंकापतिकपीशनलनीला जामवन्तअंगदशुभशीला ५६ हनुमदादिसबबानरबीरा धरेमनोहरमनुजशरीरा ५७ भरतसनेहशीलब्रतनेमा सादर**

अरु राक्षस बड़े भट भारीभारी तिनको कैसे मारयो है यह आश्चर्य है नहींजानोजाइ ( ५४ ) दोहार्थ॥ श्रीलक्ष्मण अरु श्रीसीतारामचन्द्र को कौशल्यादिक माता मनोहररूप सब देखती हैं परमानंदमें मग्न ह्वइकैपुनि पुनि गात पुलकते हैं ( ५५ ) लंकापति बिभीषण कपीश सुग्रीव नलनील जामवंत अंगदबड़े शुभमंगल के शीलाकहीस्थान हैं ( ५६ ) हनुमत् इत्यादिक जे बानर बीरहैं ते मनोहर मनुज शरीर धारणकिहे हैं मनोहर क्यों कहा जो मन कोहरै ताको मनोहरकही सो मनोहर श्रीरामचंद्र हैं जिन श्रीरामचन्द्र ने समस्त देव दानव सिद्ध मुनि मनुज जड़ चेतन इत्यादिकन के मन अपनो स्वरूप देखाइकै मोहिलियो है तैसे हनुमान् इत्यादिक जे बीरहैं अठारहपद्म अरु अपरसेना अनंत तिन सबन को श्रीरामचन्द्र अपनो स्वरूपदीन अरु लक्ष्मण को स्वरूपदीन सो इनको नित्यस्वरूप यही है अरु देवांशलीलाहेतु बानराकाररहे हैं लीलान्तदेवतनके अंश देवतन में गये यही जो नित्य स्वरूप सोई रहिगये हैं सोअब सदा बनेरहैंगे जब रावणको विजय कीन है तब सेना पुष्पकविमान पर चढ़ी चली आवती है अरु जहां राजा को नाम लियो तहां समस्तसेना जानिये तैसे हनुमत् आदि समस्त सेना श्रीरामाकार है जोई श्रीरामचन्द्र लक्ष्मणको स्वरूप है तैसे सब सेना है ( ५७ ) श्रीभरतजी कोस्नेह शील ब्रत नेम जो है श्रीरामचन्द्र विषे सो सब सेना बर्णते हैं आदर प्रेम संयुक्त स्नेह कही प्रीति शीलकही इहां सहनशील है श्रीरामचन्द्रकेहेतु अनेक शीत उष्ण क्षुधा तृषा मानापमान निन्दादिक इन सबन को सहिकै अन्तष्करण में प्रसन्नरहै ब्रत कही एकादशी इत्यादिक श्रीभरतजी कैसो ब्रत कीन्हें श्रीरामचन्द्र बनमें फल कन्दमूल इत्यादिक भोजन कीन है चौदह बर्ष श्रीभरतजी यह ब्रत कीनहै नन्दिग्राम में बैठिकै जेठकीशुक्लपक्ष की परिवाको पैसाभरि यव गोमूत्र में मिंजाइकै ताको मींजिकै ताकोरस पानकरैं ऐसेही दिनप्रति पैसा पैसाभरि बढ़त जाहिं पूर्णमासीताईं पुनि ऐसेही कृष्णपक्षकी परिवाते पैसा पैसाभरि घटावत जाहिंऐसेही

**सबबरणहिंअतिप्रेमा ५८ देखिनगरबासिनकैरीती सकलसराहहिँप्रभुपदप्रीती ५९ पुनिरघुपतिसबसखाबोलाये मुनिपदलागहु सकलसिखाये ६० गुरुवशिष्ठकुलपूज्यहमारे इनकीकृपादनुजरणमारे ६१ येसबसखासुनहुमुनिमेरे भयेसमरसागरकहँबेरे ६२**

तीनि बर्ष तीनि मास पुनि तीन बर्ष तीन मास दूर्बादल के अर्क ताकेआधार रहे पुनि बर्ष तीनि तीनि मास जलआधार रहे पुनि तीनि मास तीनि बर्ष पवन आधार रहे पुनि एकबर्ष निराधार रहे हैं ऐसे ही ब्रत जबलगि श्रीरामचन्द्र जी को नहीं मिले तबलगि ऐसो ब्रत कीनहै पुनि ब्रत कही प्रणको समस्त धर्मको प्रणकीन है पुनि नेमको रूप जहां यम आवैगोतहां यम नेम एकही संग कहेंगे अबकुछ कहते हैं श्रीरामचन्द्र के हेतु त्रिकाल संध्या पुनि कालकालपर श्रीरामचन्द्र जी के पादुका युगुल ताको पूजन पुनि श्रीसीताराम युगुलमंत्र ताको जाप ताको नेम द्वादश सहस्त्र काल संध्या पुनि कालकालपर श्रीरामचन्द्र जी के पादुका युगुल ताकोपूजन पुनि श्रीसीताराम युगुलमंत्र ताको जाप ताको नेम द्वादश सहस्त्र दिन प्रति अरु श्री सीताराम यह तौ एकएक श्वासा प्रति अनेक बारधारा बँधिरही है सो सबसराहते हैं ( ५८ ) नगरबासिनकै रीति देखिकै श्रीरामचन्द्रजू के चरण कमल में प्रीति जेती है तेती नहीं कही जाइ जेतीसमस्त सेना है ताते सब सराहती है ( ५९ ) पुनि श्रीरामचन्द्र सब सखन को बोलावते भये हे समस्त सखहु मुनीश के चरणारबिन्द गहहु ( ६० ) हेसखहु येई श्रीवशिष्ठ जी हैं हमारे अरुसमस्त कुलभरे के गुरु हैं उनहीं की कृपाते सम्पूर्ण जे दनुज कही दानव राक्षस हैं तिन

सबनको रण में हमनेमारे हैं ( ६१ ) पुनि श्रीरामचन्द्र कहते हैं हे श्री वशिष्ठ जी ये सब जो हमारे सखा हैं ते समररूप सागर में येई बेराभये हैं बेराकही जो कलशाकाष्ठ बांधि शीघ्रपार उतारि देइ पर इहां बेरा जहाज को जानब ( ६२ ) ममहित लागि जेते सब सखाहहिं ते सब जन्मको हारि दियो है आत्मसमर्पण कियो है ताते भरत जी ते अधिक पियारे हैं तिन अरु भरतजीतौ रामरूपही हैं अरु येते सब बानर ऋच्छ राक्षस ते सब तामसी तन में श्रीरामचन्द्र के अनन्य भये हैं देहादिक संसार भूलिगये हैं ताते भरतजी ते अधिक प्रिय हैं ताते श्रीरामचन्द्र कहा है सत्यसंकल्प है जिनको आगेचौपाई प्रमाण॥ अनुजराज सम्पति बैदेही देहगेहपरिवारसनेही॥ सब ममप्रियनहिं तुमहिंसमाना मृषानकहौंमोरयहबाना ( ६३ ) सुनिप्रभुबचन मगनसबभये मग्न इहां प्रसन्न भये हैं अथवा सुनतसन्ते जो आनन्द भयो तामें मग्न कही डूबि गये हैं फेरि श्रीघुनाथजी की कृपाते निमिष कही जो पलक चलै सो निमेष निमेषते नये नये सुख उत्पन्न होते हैं

ममहितलागिजन्मइनहारे भरतहुतेम्वहिंअधिकपिआरे ६३ सुनिप्रभुबचनमगनसबभये निमिषनिमिषउपजतसुखनये ६४ दो०॥ कौशल्याकेचरणयुगपुनितिननायउमाथ आशिषदीन्हेहर्षितुमप्रियममजिमिरघुनाथ ६५ सुमनवृष्टिनभसंकुलभवनचलेसुख

नये नये सुख कौन हैं यह समुझिकै कि रघुनाथ जी अहेतुक कृपालु हैंसमस्त सखा दास अपने मन में यह कहते हैं कि हम कवनेहु लायक नहीं हैं अरु हमारी बड़ाई प्रभुजी करते हैं तहां यह जानि परेउ कि हमारीसेवा रघुनाथजी अंगीकार कीन है पुनि श्रीरामचन्द्र हमको आपन कीन है अरु हमारी बड़ाई प्रभुजी करते हैं तहां यह जानि परेउ कि हमारीसेवा रघुनाथजी अंगीकार कीन है पुनि श्रीरामचन्द्र हमको आपन कीन है इत्यादिक नये नये सुख उपजते हैं ( ६४ ) दोहार्थ ॥ समस्त सखाजन श्रीकौशल्याजीके युगपदकंज तामें डण्डइव परतभये माताजी हर्षिकै अशीशदीन तुमसब मोको श्रीरामचन्द्रसम प्रियहहु मानबेको श्रीरामअरुश्रीरामदास एकही हैं जानबेको सेवक स्वामी हैं जब श्रीकौशल्याजी सबको श्रीरामसम कह्यो तब श्रीरामचन्द्र ने हृदय में बिहँसिकै संकल्पकीन है कि ये समस्तसेना मेरोई स्वरूपसदा बनेरहे मैं सबको संगही लैजाउँगो अरु जब श्रीकौशल्याजीके बचन देवतन सुन्यो अरु श्रीरामको संकल्पजान्यो तबपरमानंदको अरु परबिभूतिको प्राप्तिभये यह जानिकै कि श्रीरघुनाथजी अब हमको अपनोसेवक कीन्ह काहेते श्रीरामचंद्र के सखादासके संबंधते ( ६५ ) सुमन वृष्टिनभते देवता करते हैं संकुलकही बहुत सघन अरु सुखकन्द श्रीरामचंद्र सबको आनंददैकै भवनकोचले महलनपर बनिता चढ़ी देखती हैं सुगन्ध बर्षती हैं अरु नगर के नारिनर श्रीरामचंद्र के समीपरूपको देखते हैं ( ६६ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसनेउत्तरकांडे श्रीरामचंद्रविजयागमन श्रीभरतमिलापवर्णनन्नामतृतीयस्तरंगः ३॥ :: :: :: :: :: :: ::

दोहा ॥ चौथतरंगसमाजसुख साजराजअभिषेक रामचरणत्रैलोक्यमेंभोअनंदसुखएक ४ यहि दोहाभरेको अर्थ स्वाभाबिकै सिद्ध है कंचन के कलश बिचित्र संवारि संवारि अपने अपने द्वारपर धरतेभये १ बंदनवार पताका अरु केतुकही ध्वजा जहां जसचाहीं तहां तसरोंपतभये अनेक

कन्द चढ़ीअटारिनदेखहिँनगरनारिनरवृन्द ६६॥ * * * * * *

कंचनकलशबिचित्रसँवारे सबहिँधरेसजिसजिनिजद्वारे १ बन्दनवारपताकाकेतू सबनबनायेमंगलहेतू २ बीथीसकलसुगंधसिँचाई गजमणिरचिबहुचौकपुराई ३ नानाभाँतिसुमंगलसाजे हर्षिनगरनिशानबहुबाजे ४ जहँतहँनारिनिछावरिकरहीं देहिँ अशीशहर्षउरभरहीं ५ कंचनथारआरतीनाना युवतीसजेकरहिंशुभगाना ६ करहिंआरतीआरतहरके रघुकुलकमलबिपिनदिनकरके ७ पुरशोभासंपतिकल्याना निगमशेषशारदाबखाना ८ त्यउयहचरितदेखिठगिरहहीं उमातासुगुणनरकिमिकहहीं ९ दो०॥ नारिकुमुदिनीअवधसर रघुपतिबिरहदिनेश

**अस्तभयेबिगसतभई निरखिरामराकेश १० होहिंसगुनशुभबिबिधबिधि बाजहंगगननिशान पुरनरनारिसनाथकरि भवनचलेभगवान ११ चौ० ॥ प्रभुजानाकेकयीलजानी प्रथमतासुगृहगये भवानी १२**

मंगल के हेतु सजतभये १ आगे दोहाताईं अक्षरार्थं जानब दोहार्थ ॥ श्रीअयोध्याकी नारि जे समस्त हैं ते कुमुदिनीभईं अरु श्रीअयोध्याको सागरस्थान जानिये श्रीरामचन्द्र को बिरह चौदहबर्ष सोई सूर्यस्थानेसो अस्तभयो श्रीरामपूर्णचन्द्र उदय कही प्राप्तिभये जैसे सूर्यके उदयकुमुदिनी संपुटितहोती है चन्द्रमाके उदयते प्रफुल्लित होती है तैसे अवधकीनारिन के आनंदभयो है नारिही क्योंकहा पुरुष न कहा श्रीरामचन्द्र स्वामीहैं सबके भक्ति सबकेमणि नारि ही रूपहै अरु स्वामी के बिछुरेते स्त्रीको अति बिरह होत है ताते नारिही कहा है ( १० ) आगे दोहार्थ सहजै सिद्धहै ( ११ ) प्रभुजानाकेकयी लजाइ गई ताते हे भवानी प्रथम केकयीके भवनगये हैं केकयीलजानी कि मैंने श्रीरामचन्द्र को बनदीन अरु मेरे ऊपर श्रीरामचन्द्रकी अद्यापिताईं एकरस प्रीतिबनी है अथवा लज्जामिसु मानामखता करतीभई कि श्रीरामचन्द्र मोको पतिते बिछोहकी न पुत्र से बिछोहकीन त्रैलोक्य में अयशदीन अरु मैंने सदाआज्ञानुकूलहीकियो है अथवा प्रभुजानी केकयीको ताते श्रीरामचन्द्रकै मति सकुचानी कि केकयीने मेरी आज्ञाकेबल कियो है ( १२ ) ताको प्रबोध बिबिधप्रकारतेकीन हे मातुलंकाविषे मैं दशरथ महाराजते मांगीलीन है कि केकयीको अंगीकार करहु अरु यहिकर्तव्य मोरीहैं बिबेकी जनजे हैं सोतेरी स्तुतिकरहिंगे अरु भरतजू तुमको मातानहीं मानहिंगे तौ आजुते तुमहमारी माता हमतुम्हारे पुत्र भरतजू कौशल्या के पुत्र आजुहम कौशल्या के महलको नहीं जाहिंगे ऐसे बिबिधप्रबोध करिकै बहुतसुखदैकै श्रीरामचन्द्रने हे पार्वती निजभवनको गमनकीन ( १३ ) कृपाकेसिंधु श्रीरामचन्द्र जब अपने मंदिर को आये तब पुरके नरनारि इत्यादिक सब सुखीभये ( १४ )

**ताहिप्रबोधिबहुतसुखदीना पुनिनिजभवनगवनप्रभुकीना १३ कृपासिंधुजबमंदिरगये पुरनरनारिसुखीसबभये १४ गुरुवशिष्ठद्विजलियेबोलाई आजुसुघरीसुदिनशुभदाई १५ सबद्विजदेहुहर्षिअनुशासन रामचन्द्रबैठहिंसिंहासन १६ मुनिवशिष्ठकेबचनसोहाये सुनतसकलबिप्रनमनभाये १७ कहहिंबिप्रमृदुबचनअनेका जगअभिरामरामअभिषेका १८ अबमुनिवरबिलम्बनहिंकीजै**

तब वाहीदिन गुरुजो श्रीवशिष्ठजू तिनसमस्त ब्राह्मणन को बोलाइलीन है समस्त मुनिहुआजु सुंदरदिन सुंदरि शुभदाई घरीहै तहां जब लंकाते बिमानचल्यो है तबहीं श्रीरामचन्द्र को राज्याभिषेक देखिबेको समस्तमुनि आये हैं बालमीकि अगस्त्य अत्रि इत्यादिक व्यास शुकदेव नारद सनकादिक जेते मुनि ब्रह्माण्ड गोलक मेंरहे तेसब श्रीअयोध्याको आये हैं तिनसबनको आदरसंयुक्त वशिष्ठ बुलावतेभये हैं ( १५ ) हे समस्त मुनीशहुजो हर्षिकै आज्ञादेहु तौ श्रीरामचन्द्र सिंहासनपर बैठहिं ( १६ ) श्रीवशिष्ठके बचन अतिप्रिय सुनिकै सब बिप्रनकेमन मग्न भये हैं ( १७ ) समस्त ब्राह्मण हर्षिकै मृदुबचन कहतेभये हैं श्रीवशिष्ठजूतुमधन्यहहु आपुने भलोबिचार कीन है श्रीरामचन्द्र को राज्याभिषेक सम्पूर्णजाति को अभिरामकही आनंददाता है सोयेही कालमेंहोइ ( १८ ) समस्त ब्राह्मण कहते हैं हेमुनिबर मुनिनमें बरनामश्रेष्ठ श्रीवशिष्ठ जू अबबिलंब जनिकरहु महाराजको तिलककरहु महाराज क्योंकहा अबहींतौ तिलकनहीं भयो तहां सर्ब ब्राह्मण तौ ब्रह्मवेत्ता हैं ब्रह्माण्ड के राजा शिव ब्रह्मादिक हैं तिनहूंके राजा श्रीरामचन्द्र हैं ताते महाराज प्रथमहिंकहा अथवा महाराजगादी श्रीअयोध्या ताको तिलककरौ किंतु भविष्यत् कहाकि महाराज होहिंगे ( १९ ) दोहार्थ ॥ तब वशिष्ठ की आज्ञापाइकै धावन जोरहे अनेक मङ्गलमय राज्याभिषेक के जेते द्रव्यचाहिये तेते तुरंत आनिदीन श्रीवशिष्ठजू के चरणगहे आइ द्रव्यसंज्ञा सबहीकी है सातसमुद्र को जल ब्रह्मांड भरेके तीर्थकोजल अरु अनेक औषधि औषधी श्याममृगनके चर्म अनेक ऊनबस्त्र बनात इत्यादिक पट्टांबर अनेकसुगंध अतर इत्यादिक फल पनस रसाल पूंगीफल इत्यादिक अरु पुष्पकमल गुलाब

इत्यादिक के मणिमाणिक मुक्ता इत्यादिक अनेकरत्न मृगअनेक जाति के जेतेवेद राज्याभिषेक के मङ्गलपदार्थ बर्णते हैं तिनसबनकै द्रब्य संज्ञा है सो तुरंतल्याये सो सुमंत आगेही सब सरंजाम तयार राख्योहै या प्रकारते यहां वहां दूतों को भेजकर मङ्गलपदार्थ मंगवाये प्रसन्नचित्तवशिष्ठके चरणों में शिरनाया आइकै ( २० )

**महाराजकहँतिलककरीजै १९ दो०॥ जहँतहँधावनपठैतब मंगलद्रब्यमँगाइ हर्षसमेतवशिष्ठपद पुनिशिरनायउआइ २० तबमुनिकहेउसुमंतसन सुनतचलेहर्षाइ रथअनेकबहुबाजिगजतुरतसँवारेहुजाइ २१ चौ०॥ अवधपुरीअतिरुचिरबनाई देवन सुमनवृष्टिझरिलाई २२ रामकहा सेवकनबोलाई प्रथमसखनअन्हवावहुजाई २३ सुनतबचनजहँतहँजनधाये सुग्रीवादितुरतअन्हवाये २४**

तबमुनि सुमंत ते कहा हे सुमंत शत्रुंजय आदिक अनेकरथ हाथीसजहु अनेक श्यामकर्ण घोड़े तयारकरहु नानातुरंग इत्यादिक अनेकरथ तयारकरहु सुखानंदादिक अनेकसुखपाल तयारकरहु बिजयानंदादिक सेनापतिनको तयारकरहु अनेकन सुतर असवार तयारकरहु अरु निशान नरसिंहा दुंदुभी भेरी सहनाईइत्यादिक अनेकबाजा तयारकरहु सुमंतयह सुनिकै तुरतही चले हैं ( २१ ) पुनि वशिष्ठ बोले हे सुमंत श्रीअयोध्यापुरीको सर्बदिशि अतिरुचिर बनावहुध्वजा पताका कलश कदली सुपारी नारियर बंदनवार चौक इत्यादिक संवारहु जहांजस योग्यचाही तब सुमंतकहा हे महामुनीश आपुकी कृपाते समस्त तयारहै त्यहिसमय आकाशते देवताकल्पवृक्षके फूलवर्षानेलगे गंधर्व किन्नर अप्सरागान बाजन नृत्यकरते हैं ( २२ ) तहां अगणित सेवकठाढ़े हैं श्रीरामचन्द्रकै भृकुटी बिलोकते हैं कि हमको कछुआज्ञाहोइ तब श्रीरामचन्द्र देखिकै कहते भये हे समस्त शुचिसेवकहु हमारे सखन को प्रथम स्नान करावहु पुनिपट भूषण पहिरावहु ( २३ ) श्रीरामचन्द्रके बचन सुनिकै सेवकधाइ धाइसुग्रीवादि विभीषणादि जामवानादिक समस्त सखनदासन को स्नानकरावतेभये समस्तसेनाको दिव्यबसन भूषण पहिरावते भये ( २४ ) पुनि श्रीरामचन्द्र भरतजीको बुलाया अपने आगे बैठाइकै भरतजीके जटा अपने हाथते निरवारुतेभये ( २५ ) पुनि श्रीरामचन्द्र आपुही तीनिहु भाइनको स्नान कराइकै दिब्यपट भूषण पहिरावतेभये काहेते श्रीरामचन्द्र भक्ततबत्सल हैं पुनि कृपालु हैं रघुराइकही रघुबंशकुलके श्रृंगार हैं भक्तबत्सल कही जैसे माता बालकको अतिप्रीतिसे लाड़न पालन रक्षाकरती है तैसे श्रीरामचन्द्र अपने भक्तनको लाड़न पालन हैं ताते भक्तबत्सलकही ( २६ ) हे पार्बती श्रीभरतजीकै परमभाग्य अरु श्रीरामचन्द्रकै कोमलता सबप्रकारते यहदूनौं नहीं कहिसकैं जोशारदा अरु शेष कोटिनहोहिं ( २७ ) तब भरतजी दूनौंकरजोरिकै सन्मुख ठाढ़ह्वइकै बोलतेभये अतिआरत मधुर बचन कहे करुणानिधान जोमोको आज्ञाहोइ

**पुनिकरुणानिधिभरतहँकारे निजकररामजटानिरुवारे २५ अन्हवायेप्रभुतीनिउभाई भक्तबछलकृपालुरघुराई २६ भरतभाग्यप्रभुकोमलताई शेषकोटिशतसकहिंनगाई २७ पुनिनिजजटारामबिवराये गुरुअनुशासनपाइनहाये २८ करिमज्जन**

तौ आपकीजटा मैं निरुवारौं तब श्रीरामचन्द्र प्रसन्न ह्वैकै गुरुआज्ञा पाइकै एवमस्तु कहतेभये तब भरतजी अतिहर्षते श्रीरामचन्द्रकी जटा निरुवारते भये हैं भरत करिकै निज जटा निरुवारिकै अगर चन्दन के शरि कपूर मिश्रित श्रीसरयूजलते स्नान करते भये हैं ( २८ ) मज्जन कराइकै श्रीरामचन्द्र जी को भरतजी पीताम्बर पहिरावत भये पुनि अंग अंग प्रति परमदिब्य कंचन मणिनमय भूषण पहिरावतेभये किरीट शीश पर सो षट्खण्ड चहुंफेर है एक खण्ड मध्य में है अरु छ: खण्ड के बीचबीचएक फणीकार झुकिरहेउ है अब लघु मोतिनते सर्बढिग पोहिरह्यो है अरु मध्यकोखण्ड मुकुटाकार है अनेक रंगकी मणि जड़ित हैं कोटिन सूर्य के प्रकाश कोटिन चन्द्रमा सरिस शीतल मधुर निर्मल अमृतमय ऐसो किरीट है सनत्कुमार संहितायां श्लोकद्वौ ॥ भानुकोटिप्रतीकाशंकिरीटेनविराजितं ॥ रत्नग्रैवेयकेयूररत्नकुंडलमंडितं १ अन्यच्च॥ भानुकोटिप्रतीकाशंचन्द्रकोटिप्रमोदकं ॥ किरीटंषट्खण्डञ्चमध्यैकमुकुटाकृतं २ पुनिकुण्डल मकराकृत ताको दूइअर्थ मकर जो है मीन तद्वत् कुण्डलहैं मीनकोमुख पुच्छमिलत मुद्राकार मीनमुखमें झुमुका

कुण्डलाकार हैं अथवाकेवल कुण्डलाकार संतप्त हेमवन्त रंगरंगकी मणिनकीकणी छोटी छोटी मोतिन करिकै शोभित हैं मीनकी चपलता लीनिहै श्रीरामचन्द्र को स्वरूप सर्वांग मर्कतमणि तद्वत् आवर्ण रहित है परम निर्मल परमदिव्य चक्षुकरिकै दृश्यमान् है तहां कपोलनपर अलकैंबंक कुण्डल संयुक्त हलत है शोभित है ताकी अभूत उपमा है जनु पूर्णशशि ताके सुधाहेतु रबिसुवन अरु राहुसुवन समर करते हैं पुनि जनु मिलाप करते हैं पुनि जनुचन्द्रमामें अमृतकुण्ड तामें कामकेमीन अरु सर्पके बच्चा क्रीड़ाकरते हैं पुनि जनु मयन आपुही सर्पके छवनन मणिन संयुक्तलिहे नृत्यकरत हैं जनु नाचिकै रघुनाथजीके मुखसमीपबूझे हैं जो मोको आज्ञाहोइ तौब्रह्माकी सृष्टिभरेको मनजीतिलेउं ऐसी अनेक उपमा शोभा को कहिसकै कुण्डल अनेक सूर्यवत् प्रकाशमान् हैं अनेक चन्द्रवत् शीतलमान् हैं श्लोक सदाशिवसंहितायां ॥ सूर्यकोटिप्रतीकाशंकुण्डलाढ्यंश्रुतिद्वयं ॥ नासांशैकसमायुक्तंमुक्ताफलस्फुरन्मुखं पुनि श्रीरामचन्द्र की सदा मध्य कैशोर अवस्था है पुनि नासिकामें एकमोती स्फुरित है जनु रतिने अपनी सेंदुरदानी चन्द्रमाको दीनिहै पूर्णशशिने अल्प तड़िततै पोहिकै अपने हृदय में

**प्रभुभूषणसाजे अंगअनेककोटिशतलाजे २९ दो०॥ सासुनसादरजानकिहि मज्जनतुरतकराइ दिब्यबसनबरभूषणअँगअँगसजे बनाइ ३०**

पहिस्यो है जो कोई कहै कि यद्यपि बुलाक शास्त्रोक्तिहै तदपि राज्याभिषेक में न चही तहां रसिक कबिनकी इच्छा जानब पुनि चिबुकमें पीतबिन्दु हैं सो श्रीजानकीजी को चिह्नहै पुनि सुग्रीव में मुक्तन के कंठा शोभित हैं पुनि कौस्तुभमणि त्रिकोण हैं शुद्धसमिष्टी जीवतत्त्व है कौस्तुभ के तरगुंज दुइलर ताके बीच में एकमणि है गुंजतर पदिक सो चौकोणढिगन में मणिकणी जड़ित हैं जनु पूर्णचंद्रके चहुँफेर वृहस्पति शुक्रमङ्गल इत्यादिक नक्षत्रनकी सभाबैठी है पदिकतर मोहनमाला सो तीनि रङ्गमणिहै मुक्ता पद्मराग पिरोजमणि नाभीताईं है पुनि बैजयंती माला पांच रङ्गहै नील पीत श्वेत हरित लालमणि लागी हैं पुनि बनमाला हरिततुलसीदल पीत श्वेत फूल शोभित हैं पुनिकिंकिणीकटिसूत्र कंचनमणि कणिन शोभित हैं पुनि नूपुर तीनि अवलि कंचन तप्तइव मणिकणिनतेरचित हैं पगपीठपर जावक चित्र बिचित्र है पुनि नखन की ज्योति जनु अरुण श्याम पंकजके दलनपर मुक्ताबैठे हैं कोटिन चन्द्रमाकी द्युतिहरतुहै पुनि चरण चिह्न स्वस्तिकादि चालिस अरु आठ शोभित हैं सो आगे इनके स्वरूप कहैंगेपुनि कङ्कण जवाकार तीनि आवृति मणिकणिनतेरचितहैं मणिमुद्रिका अतिशोभित हैं इत्यादिक अनेक अलङ्कारषोडशो शृंगार सोभिन्नकरिकै जनकपुरमेंकहेहैं पीताम्बर कोटिदामिनी की द्युतिहरत है ऐसी शोभा देखिकै अमित अनङ्ग लज्जित हैं अनङ्ग जाके अंगैनहीं सो क्यों मोहैगो तहां प्राकृत अङ्ग शिवजी ने जारिडारयो दिब्य अङ्गते मोहित भयो है ( २९ ) दोहार्थ ॥ श्रीकौशल्यादिक जो सासु हैं ते श्रीजानकी जी को मज्जन करावतीभई अगर कपूर चन्दन केशरि इत्यादिक अनेकसुगन्ध श्रीसरयू जल में मिश्रित तामें स्नान करावतीभई श्रीजानकी श्रीरघुनाथ जी के षष्ठ अष्ट षोड़श मुख्यसखी ते श्रीकौशल्याजी की आज्ञालैके श्रीजानकी जीको शृंगार करती हैं सखिन के नाम अह्लादिनी ह्रौदिशि सहजानन्दिनी मदनमंजरी चंद्रकला चन्द्रावती चंद्रमुखी इतिषष्ठ पुनि अष्ट बिमला उत्कर्षिणी क्रियायोगा पर्बी ईशाना ज्ञाना सत्या इत्यष्टसखी पुनि षोडस उज्वला कांचनी चित्रा चित्ररेखा सुधामुखीहंसी प्रहंसी कमला बिशदाक्षी सुदंशका चन्द्राननी चन्द्रभद्रा माधुर्या सालिनी कर्पूरांगी बरारोहा इति षोडश श्रीजानकी जी की सखी इत्यादिक अनन्त सखी हैं अब श्रीरघुनाथ जी की सखी षष्ठसखी आह्लादिनी सहजानन्दिनी ह्रौदिशि पुनि चन्द्रार्कभा चारुशीला अतिशीलासुशीला हेमा लक्ष्मणा इतिषष्ठ पुनि अष्ट बागीशा माधवी हरिप्रियामनजीवा नित्या विद्या सुविद्या कूटरूपा इति अष्टसखी पुनि षोडशशोभनासुभद्रा शांता संतोषा शुभदा सत्यवती चारुस्मिता चारुरूपा चार्बांगी चारुलोचना हेमाङ्गी क्षेमा क्षेमदात्री धात्री धीरा धरास्मृता एतीषोडशइत्यादिक अनन्तसखी ते सब श्रीजानकी जी को शृंगार करती हैं युगुल सेवा में तत्पर हैं सर्बप्रथम स्नान कराये पुनि नीलसारी में सुवर्ण मणिनके फूल रचे हैं किनारी जड़ाऊ जड़ित है सो पहिरावती भई दोऊ पगन में जावक जसचाही तस रचत भई नूपुर तीनि आवृत्तिते पहिरावती भई अङ्गराग जहां जसचाही तहां तस करती भई कटि में क्षुद्रघंटिका तीनि आवृत्ति पहिराये दोऊ करमें कंकण पहिराये मुक्तनकेहार पहिरावती भई अगर कपूर चन्दन केशरि

कस्तूरी लेपन करती भई कवरीकी रचना चित्र बिचित्र करती भई बेसरि अधरपर शोभित है श्रवण द्वौ में ताटंक शोभित हैं भालमें सेंदुर शोभित है नेत्रनमें काजर देतिभई बेणी मुक्तनते गुहती भई इति षोडशौ शृंगार करती भई पुनि उपशृङ्गार भूषण कहते हैं द्वौचरण अंगुलिन में तप्तइव कंचन तामें हरितमणि पीतमणि नीलमणिन की कणी जड़ित ऐसो बिछुवानाम मंजीर पहिरावती भई मंजीरम्पादभूषणं इत्यमरः पुनि दोउ करमें चूरी हेममणि कणिनते चित्र बिचित्र शोभित हैं मुद्रिका शोभित है द्वौ भुजन में अंगद बिचित्र हैं पुनि ग्रीवकली जवाकार हैं पुनि पंचलरी पुनि चंपकली पुनि पदिक जैसे श्रीरामचन्द्र के हैं पुनि चन्द्रहार कैसोहै मध्य में पूर्णचन्द्रवत् मणि लगी है पुनिक्रमहीते दाहिनी ओर शुक्लपक्षकी चतुर्दशी बामदिशि कृष्णपक्षकी परिवा यही प्रकारते जानिलेव षोड़शौकला द्वौपक्ष के क्रमहीते जानिलेव शुक्लपक्ष की द्वितीया कृष्णपक्षकी तेरसि ताहीको सुमेरु स्थाने ऐसोचन्द्रहार है पुनिमणिन की कणी कईरंग लघुमोती ताको रचितमणि जारसारीकीनाई जैसे श्रीरघुनंदनजूके बनमाल तैसे श्रीजनकनंदनीजीके मणिजार पुनिबंदी दुइलरकी ताटंकमिलित बंदीतरटीका सुवर्ण प्रकाशमय ताके द्वौढिग रंगरंग की मणिकणी जाके मध्य में एकमणिनीचे झुकितललाट पर अत्यंतशोभित टीकाकेऊपर चन्द्रिका सो श्रीरघुबरदिशि झुकितसो सुवर्णके मध्य में एकमणि चढ़ाउतार कछुकबंकहै अरु द्वौकिनारे मणि कणिनते रचित है ऐसो चन्द्रिका अनेक चन्द्रसूर्य्य अरु दामिनि के द्युतिप्रकाश को हरतिहै जेते श्रीसीतारामके भूषण हैं चैतन्यरूप पुनि नित्य जीव है जेजौने रसमें अनन्य हैं ते ताहीरसमें सायुज्यहोइकै अंग अंग सेवनकरते हैं रसतो नवहैं पुनि तीनि मिलेबारह हैं जिनमें पंचभक्ति रस युक्त है सात वात्सल्य दास्यसख्य शृंगाररस अथवा सबरसै माधुर्य भूषणरूपनित्य अंगअंग सेवनकरते हैं अथवा एकशृंगारै रस अनेक अलंकार

दो०॥ रामबामदिशिशोभितरामरूपगुणखानि देखिमातुसबहरषीं जन्मसुफलनिजजानि ३१ सुनुखगेशतेहिअवसर

रूप नित्यदंपति अंगन सेवन करतु है ऐसे परमदिव्य भूषण श्रीसीतारामजीके अंगअंगनमें अतिही परस्पर शोभाको पावते हैं ( ३० ) श्रीरामचन्द्रके बामभागमें रमारूपगुणकी खानि अत्यन्त शोभित हैं श्रीजानकीजोको रमाकाहेको कहा रमानाम श्रीलक्ष्मीजी जेती लक्ष्मी ब्रह्मांडकोश में हैं अरु परधाममें त्रिपादविभूति जो परमदिव्य हैं तिनसबन बिभूतिकी रमासंज्ञाहै सो सब बिभूति श्रीजानकीजीके आश्रय हैं श्रीजानकी जी सब बिभूतिमें रमित हैं अरु सब बिभूति श्रीजानकीमें रमितहै अरु श्रीजानकीजी सबते भिन्न हैं जिन श्रीजानकीजी के चरणारबिंदको समस्तध्यावते हैं तहां प्रमाण है श्लोक श्रीहनुमत्संहितायां ॥ जयतिजनकजायाः पादपद्मंमनोज्ञंहरिहरबिधिबंद्यंसाधकानांसुसेब्यंभ्रूबल्लरीबिल सितंजगदाहुरीसेव्यासादयोमुनिवरास्तुत एवनित्यं पुनिश्रुतिप्रमाणहै जनकस्यराज्ञःसद्मनिसीतोत्पन्नाताग्वंसर्बपरानंद मूर्तिर्गायंतिमुनयोपिदेवाश्चकारणकार्याभ्यामेवपरातथैव कारणकार्योशक्तिर्यस्याः बिधात्री श्रीगौरीणांसैवकर्तृसैवरामानंदस्वरूपिणी जनकस्ययोगफलमिवभाति इत्यथर्वणे उत्तरार्द्धे अथवा रमा जो है रूप गुणमय ताकी खानि श्रीजानकीजी हैं बालकांडे चौपाई॥ उपजहिंजासुअंगगुणखानी अगणितलक्षि उमाब्रह्मानी भृकुटिबिलासजासुजगहोईरामबामदिशिसीतासोई अथवा श्रीरामचन्द्र राज्यपर बैठते हैं संपूर्ण जो लक्ष्मी ताकेईश तातेरमा कहा काहेते श्रीजानकीजी से समस्तलक्ष्मी श्रीशोभित है अथवा कारण कार्य एकही है ताते रमाकहा अथवा श्रीजानकीजी श्रीलक्ष्मणजी को अभेद करिकै कहा सामान्य अर्थ कैसो है रमारूप गुणखानिहै श्री कौशल्या सुमित्रादिक मातादेखिकै अपने जन्म को साफल्य मानतीभई यह युगल शृंगारमाला ग्रंथमें प्रमाण है ( ३१ ) दोहार्थ॥ हे खगेश त्यहिअवसरमें श्रीरामचन्द्र सुखमूल राज्याभिषेकके देखिबे को ब्रह्मा शिवादिक देवता अरु सिद्धमुनि जेते ब्रह्मांड मण्डलमें रहे ते सब बिमानपर चढ़िचढ़ि आवतेभये आकाश में विमान छाइरहे हैं ( ३२ ) श्रीसीतारामकै युगल शोभा अत्यन्त समाजकै शोभा देखिकै वशिष्ठजीको मन अनुराग को प्राप्ति भयो तबतुरत दिव्य सिंहासन मांगते भये ( ३३ ) कैसो है सिंहासन

ब्रह्माशिवमुनिवृन्द चढ़िबिमानआयेसकलसुरदेखनसुखकंद ३२ चौ०॥ प्रभुबिलोकिमुनिमनअनुरागा तुरतहिंदिव्यसिँहासनमाँगा ३३ रबिसमतेजसोबरणिनजाई बैठेरामद्विजनशिरनाई ३४ जनकसुतासमेतरघुराई देखिप्रहर्षेमुनिसमुदाई ३५ वेदमंत्रतब द्विजनउचारे

रबिसम तेज है बर्णिबेयोग्य नहीं है रबिसमकहा जो कही कि रविकीबराबर सिंहासन को तेजहै तौ बर्णिबेमें आवैहै अरु कहा कि बरणि न जाइ ताते यह अर्थनहीं हैं रबि सम तेज रबिको तेज समहोइगयो नाममन्द होइगयो सिंहासन के तेजके आगे रबितेज समकही सामान्य होइ गयो मन्दपरिगयो ता सिंहासन पर श्रीजानकी समेत श्रीरामचन्द्र बैठतेभये श्रीबशिष्ठके चरणनमें माथनाइकै समस्त ब्राह्मणनको नमस्कार करिकै अथवा जब श्रीरामचन्द्र सिंहासनपर बैठे तब सबद्विज शिरनावतेभये परमात्मा परब्रह्म श्रीरामचन्द्रको सब ब्राह्मण जानते हैं काहेते सब ब्रह्मबेत्ता हैं अरु यह जानते हैं कि श्रीरामचन्द्र हमारेलोक परलोकहूकेरक्षक हैं हमारे हेतु अवतीर्ण भये हैं ताते शिर नावते भये अरुलीला प्रकरण में श्रीरामचन्द्र शिरनावते भये काहेते श्रीरामचन्द्र ब्रह्मण्य हैं ब्राह्मण कोबहुत मानते हैं श्रीअयोध्या के मध्य में कल्पवृक्ष हैं योजन पर्यन्त ऊँचो हैं तासुअर्द्ध बिस्तार है छत्राकार है हीरामणि इव पेड़स्कन्ध शाखा हैं हरितमणिइवपत्रहैं पिरोज मणिइव पुष्प हैं लालमणिइव फल हैं श्रीरामचन्द्र के कृपारूप हैं ताकेतर मण्डपहै हजार खम्भा लगे हैं हेमरत्नमयहै मुक्तनकी झालरि लगी है मण्डपकेतरे वेदिका है मणिमय है सहस्त्रदल कमलाकार है तापर सिंहासन कल्पवृक्ष के पूर्ब ताको स्वरूप कहते हैं तीनिअवली हैं प्रथम खण्ड में बत्तिस पावा हैं बत्तिसै दण्डा लगे हैं पुनिमध्य के खण्ड में षोड़शपावा षोड़शदण्ड लगे हैं पुनि अवांतर के खण्ड में अष्टदण्ड लगे हैं छतुरी तीनिहूं खण्ड में शोभित है प्रथमखंड बत्तिस दल का कमलाकार है मध्य को खण्डषोड़शदल कमलाकार है तीसर खण्ड के मध्य में हजारदल कमल मणिनमय सो समस्त परमदिव्यहै कमल के मध्य में तीनिमुद्रा हैं अग्निमुद्रा चन्द्रमुद्रा रबिमुद्रा के मध्य में अष्टदल कमल है तापर श्रीसीताराम बैठते भये चैत्रमास शुक्लपक्ष नौमी तिथि मङ्गलबार चारिदण्ड दिनरहे सूर्यरथ राज्याभिषेक देखिबेको फिरिआय मध्याह्न में थँभिरहे षट्मासलोक काहूनजान्यो सबै परमानन्दमें भरेहैं ताते कोजानै यहि दोहा में अर्थ जानब ॥ ब्रह्मानन्दमगनकपि सबकेप्रभुपदप्रीति। जातनजानेदिवसनिशि गयोमासषटबीति॥ इतिप्रसङ्गेब्रह्मरामायणे बिमल कालजो श्री रामजन्म में योगलग्न मुहूर्त्त नक्षत्र घरी पल इत्यादिक परमदिव्य सर्बकाल अपने साफल्यहोनहेतु प्राप्तिभये श्रीसीताराम सिंहासन पर बैठते भये जो कोई कहै कि हजारन सूर्यनके प्रकाश किरीटमें सोई कुण्डलन में अरु सिंहासन के आगे सूर्यके तेज मन्दपरिगयो तहां सूर्यके प्रकाशते दिनैबन्यो रहत हैं तहां चाहिये कि श्रीरामचन्द्र के राज्य में किन्तुसदा ब्रह्माण्ड भरे में रात्रीहोबै न करै काहेते श्रीरामचन्द्र को किरीट कुंडल सिंहासन अनेक सूर्यमय है सर्बकाल में एकरस है तहां रात्रीकहां सम्भवित है तहां यहबात सत्य है पर देखियेतौ श्रीरामचन्द्र लीलापुरुषोत्तम अरु मर्यादा पुरुषोत्तम हैं ताते श्रीरामचन्द्र सूर्य की मर्यादा नहीं मिटावते हैं अरु सामर्थ्य तौ ऐसी है कि दो०॥ मशकहिकरहिंबिरंचिप्रभु अजहिं मशकतेहीन उनकीगति कोऊ जानिसकै है काहेते अघटघटपटीपसी करिबेको ऐसीजाकी माया है ते श्रीसीताराम सिंहासनपै बैठतेभये कोई मुनि केमतमें चैत्र के शुक्लपक्ष की अष्टमीको श्रीदशरथ महाराज अष्टमुनि बोलाइकै बिचारकीन श्रीबशिष्ठजी बामदेवजी मार्कण्डेय मौद्गल्य काश्यप कात्यायन जाबालि गौतम एते अष्टमहामुनि पुनि अष्टमन्त्री सुमंत बिजयी जयन्त राष्ट्र बर्द्धन सुराष्ट्र अशोक धर्मपाल एते अष्टमन्त्री इत्यादिक सकल महामहा महाननको बुलाइकै श्रीदशरथ महाराज कहते हैं कि जो सबको सम्मतहोइ तौ बिहान नौमीको श्रीरामचन्द्र को राज्याभिषेक होइ सबहींकहा कि शुभस्वस्ति मंगलहोइ जबपच्चीसदण्ड रिक्ताबीतै तब महामंगल है तब राज्याभिषेकहोइ अरु नौमीको जब एकपहर छ: दण्ड दिनचढ़ेउतबश्रीरामचन्द्र स्वेच्छित श्रीचित्रकूट को गमनकीन पुनिचौदहबर्षबीतेवाही रामनौमीको उतनेदिनचढ़े श्रीरामचन्द्र श्रीअयोध्याको आये मिलतमिलावत वाहीदिनमें चारिदण्ड दिन रहिगयो तब राज्याभिषेकभयोपुनि कोई मुनिकोमत है कि चैत्रकी शुक्लपक्षकी दशमीकोगये पुनि दशमीहीकोआये तबै राज्याभिषेकभयो पुनि कोई मुनिकोमत है कि गये दशमीहीको अरु आये दशमीहीको पर बैशाखकी शुक्लपक्ष सप्तमी को राज्याभिषेकभयो है अरु जवनीसाइति श्रीअयोध्यासेगये वाहीसाइतिआये काहेते कि भरतजीको संकल्परहै कि जो वहीसाइति नहीं अवोगे तौ मैं अग्निप्रवेश करौंगो पुनिकोई मुनिकोमत है कि गये हैं दशमीहीको आये दशमीहीको पर बैशाख के शुक्लपक्ष की पंचमीको राज्याभिषेकभयो अरु कोई मुनिकोमत है कि श्रीरामचन्द्र ने चैत्र के शुक्लपक्षकी दशमीही को गमनकीन अरु श्री अयोध्याको कार्तिकमास कृष्णपक्षकी छठिकोआये राज्याभिषेकभयो काहेते कि चौदहबर्षमें पांचमहीना अठारहदिन मलमास बढ़त है अरु भरतजूने मलमास संयुक्त चौदहबर्ष गन्यो है काहेते आरत

हैं अरु बनमें श्रीरामचन्द्र मलमास गने हैं तब यह जान्यो कि भरतजी बारह बारह महीनाको बर्षगनहिंगे काहेते अति आरत हैं आरत जनजेहैं प्रीतमके करारते कालकी बढ़ती एकमुहूर्त्त नहीं सहिसकतेहैं यह श्रीरामचन्द्र बिचार करिकै कार्त्तिकके कृष्णपक्षकी छठिको श्रीअयोध्या को आये एकपहर छः दण्ड दिनचढ़े मिलत मिलावत चारिदण्ड दिन रहिगयो वाहीदिन तब राज्याभिषेकभयो अपर मुनिन मलमास नहीं लियो सम्वत् को सबकहिदियो काहेते श्रीभरतजीमें आरत अरु दीप्तिदोऊलक्षण परिपूर्ण हैं श्रीभरतजी सबकीमर्याद राखते हैं श्रीरामचन्द्र की लीला जानते हैं ताते सम्वत् को सम्वत् मास को मास तिथिको तिथिकहा है अरु सबमुनिनको मतसत्य है तहां कल्पांत भेदहै अरु गोसाईं तुलसीदासके मतमें मोको तो श्रीरामनौमी भासत है चारिदण्ड दिनरहे काहेते कि चैत्रशुक्ल नौमीको रिक्तातिथि संज्ञा है तहां राज्याभिषेक वर्जित है जहां जो सर्बयोग उत्तम है तहां नहीं दूषण है अरु पचीस दण्डबीते महामंगल है तहां ब्रह्मरामायणे श्लोकचारि ४॥ चैत्रशुक्लानवम्यांवाआरम्भेष्टमयामके ॥ राज्याभिषेकोरामस्यबभवात्यन्तमंगलं १ अस्तासन्नोपिभगवान्पुनरावृत्यमध्यगः ॥ षण्मासंतद्दिनंचक्रेरामराज्यमुदोरविः २ पुनःज्योतिषप्रमाणहै ॥ वेदांगाष्टनवार्केन्द्रपक्षरन्ध्रतिथौत्यजेत॥ बस्वंकमनुतत्वाशाश-रानारीपराशुभाः ३ नन्दाभद्राजयारिक्तापूर्णाश्चतिथयःक्रमात् ॥ वारत्रयंसमावर्त्यातिथयः प्रतिपन्मखाः ४ ताते जौने सुयोगमें श्रीरामजन्म वेदबर्णत हैं सोई समस्त मंगलरूप ताही में राज्याभिषेक भयो ( ३४ ) श्रीजानकी संयुक्त श्रीरामचन्द्रको दिव्य सिंहासनपर बैठे देखिकै समुदाई जो मुनि हैं ते प्रहर्षकही अति उत्कर्ष हर्षको प्राप्तभये हैं ( ३५ ) तब द्विजन बेदमन्त्र जामन्त्रन विषे प्रणव प्रथमतामन्त्र को उच्चारण करते हैं अरु नभते सुर मुनिन सिद्धनको जयजयति शब्द उच्चार त्रैलोक्य में संपूर्ण होइरह्यो है ( ३६ ) प्रथम तिलक श्रीवशिष्ठजू कीन्ह्यो पुनि आज्ञा देतभये सब बिप्रनको ते सबतिलक करते भये ( ३७ ) युगलशोभा देखिकै श्रीकौशिल्यादिक समस्त माता परमहर्षको प्राप्ति होइकै बारबार आरती करती हैं ( ३८ ) बिप्रनको मनबांछित पदार्थ विबिध देत भई अपर याचकनको अयाचक कीन है ( ३९ ) त्रैलोक्यके स्वामी श्रीरामचन्द्र को सिंहासन पर विराजमान देखिकै नभमें विपुल देवता विमानन पर चढ़े दुन्दुभी इत्यादिक बाजे बजावत भये अरु ब्रह्मा अरु सबै दिग्पाल अरु श्रीदशरथ महाराज बिमानपर बिराजमान हैं श्री रामचन्द्र देखिकै नमस्कार करिकै तब सिंहासनपर बैठे हैं अबश्रीदशरथ महाराज को मनोरथ पूर्ण भयो ( ४० ) छन्दार्थ ॥ नभदुन्दुभी कही नगारा

नभसुरमुनिजयजयतिपुकारे ३६ प्रथमतिलकवशिष्ठमुनिकीन्हा पुनिसबविप्रनआयसुदीन्हा ३७ सुतबिलोकि हर्षीमहतारी बारबारआरतीउतारी ३८ बिप्रनदानविबिधबिधिदीन्हे याचकसकलअयाचककीन्हे ३९ सिंहासनपरत्रिभुवनसाईं देखिसुरनदुन्दुभीबजाईं ४० छन्द हरिगीतिका ॥
नभदुन्दुभीबाजहिंबिपुलगन्धर्बकिन्नरगावहीं नाचहिंअप्सरावृन्दपरमानन्दसुरमुनिपावहीं

बिपुल कहे बहुत मृदंग सहनाई भेरी नरसिंहा इत्यादिक बाजननभमें बाजते हैं अरु गन्धर्ब किन्नर बिपुल कही अनेकन गान करते हैं ताल प्रबन्ध समेत अप्सरा अनेकन नृत्यकरती हैं सुरमुनि परमानन्दकोप्राप्ति होत हैं तहां भरतादिक भ्राता अरु षोडश पार्षद परमदिव्य किशोर चौदह वर्षकी सन्धिमें ऐसी अवस्था किरीट कुण्डल मुक्तन के माला किंकिणी नूपुरादि नखशिखलौं अंगअंग प्रति अलंकारकिये श्रीरामलक्ष्मण के सदृश श्याम गौर करकमलनमें अनेक साज लिये ठाढ़े हैं सिंहासन के मध्य खण्ड में षोडशौदल पर एकएक दलके कोनन पर ठाढ़ेहैं तिनके नाम हनुमान् सुग्रीव अंगद दधिमुख द्विविद मयन्द जाम्बवन्त सुखेनदरीमुख कुमुद नील नल गवाक्ष पनस गन्धमादन बिभीषण एते षोडश मुख्यपार्षद नित्य हैं श्लोक ६ अगस्त्यसंहितायां उत्तरार्द्धे ॥ षोडशाःपार्षदाः नित्या दिव्यदेहाव्यवस्थिताः ॥ किशोरावयसामध्या रामलक्ष्मणरूपिणः १ श्यामागौड़ाः सुमनसः कामादधिकसुन्दराः ॥ अनेकानिपदार्थानि गृहीताः करकंजकैः २ मनोवाक्कर्मभिःसर्बे रामसेवासुतत्पराः॥ उत्थिताः पार्श्विमाः शुद्धाः सीतारामैकमानसाः ३ यादृशीरामबांछास्यात्तादृशोहि भवंतिते॥ रामाभिलाषिणः सर्वे रामरूपैकतत्पराः ४ हनुमानथसुग्रीवोह्यङ्गदोद्विबिदस्तथा॥ मयन्दश्चसुखेनश्च कुमुदश्चदरीमुखः ५ नीलोनलोगवाक्षश्चपनसोगन्धमादनः ॥ विभीषणोजामवांश्च दधिमुखोषोडशस्मृताः ६॥ पुनि कहते हैं भरतादिक अनुज लक्ष्मण शत्रुघ्नजी अब क्रमालंकार ते जानब पूर्बको

पूर्ब मध्य परको पर ऐसो अक्षरपद अर्थ जहां सिद्धिहोइ ताको क्रमालंकार कही ताते अर्थ जानिलेब भरतजू छत्रलियेहैं छत्र कैसो है जनु पूर्णचन्द्र कोटिन शुक्रादिक नक्षत्रनकी पंक्तिते शोभित है त्यहिते अधिक छत्र जगमगाइ रह्यो है श्रीलक्ष्मण श्रीरामचन्द्र कीदाहिनीदिशिमें चमर लिहेहैं सो चमर कोटिन सूर्यकी किरिणि की चमकको हरेहैभरतजी श्रीसीतारामके मध्य में पाछेठाढ़े हैं शत्रुघ्नजी श्रीजानकी की वामदिशि में ठाढ़े व्यजन कही पंखा मध्य में एकमणि श्वेतचन्द्रवत् ढिगन सुबर्णके सम जरमोतिनते जड़ित हैं अनेक शशिसूर्यकी ज्योतिको हरे हैं ऐसो व्यजन शत्रुघ्न लिये हैं विभीषण धनुषबाण तूणलिये हैं लक्ष्मण के

भरतादिअनुजबिभीषणांगद हनुमदादिसमेतते गहेछत्रचामरव्यजनधनुअसिचर्म्मशक्तिबिराजते ४१ श्रीसहित

दहिने पर ठाढ़े हैं धनुष तीनिरंगकोहै गोसा दूनों लाल हैं अग्नि की द्युतिकोहरतु है मूठि पीत है दामिनीकी द्युतिको हरतु है अपर हरित है कल्पवृक्ष की शाखाकी शोभाहरतु है पनच तीनिहूँ रंग ऐंठिकै शोभित है बाण पांच रंग है फोक अरुण कामके युगल दीपककी शिखाकी द्युतिहरे है पंखचारि सो पीत सुबर्ण के सो बिद्युत् छटाइव सोहत है डाढ़ी हरित नील पीत लाल बिचित्र है गांसी अतिश्वेत कामहूके बाणकी तीक्ष्णताको मन्द करतु है तुणसुबर्ण मणिनते चित्र बिचित्र बन्यो है सोबिभीषण लिये हैं पुनि खड्ग कैसो है मूठिजो है सो सुबर्णकी है तप्त हेमवत् है तापर मणिनकी कणी जड़ित हैं पंचरंग हैं मियान बिबिध रंगकरिकै शोभित है चित्र विचित्र है मियानके पुच्छ भाग बिषे लाल मणि लगी है अरु नील मणि श्वेत मणि हरित मणि कणिनते जटित हैं अरुतरबारि बिजुली की द्युतिको हरतुहै पुनि चर्म कहे ढाल सो अति हरुता में चारिफूल लगे हैं जनु चारिस्वरूप करिकै बृहस्पति बैठे हैं अरु किनारीहेममणिनते जटित है सम्पूर्ण लालनील मिलित रंग हैं सो खड्ग चर्म अंगद जू लिहेहैं पुनि शक्ति कही बरछी सो अति श्वेत है अरु जहां जसचाही तहांतस सुवर्ण मणिनकीकणी जटित हैं अरु शक्ति सर्ब शक्तिकी बीररस करिकै युक्त है सो शक्ति श्रीहनुमान्‌जी लिहे हैं श्रीहनुमान् अरु अंगद बाम अरु दहिने दिशि शोभित हैं किंतु हनुमान् विद्याआह्लादिनी में सो हस्तामल किहे श्रीसीताराम सेवा यश गावते हैं त्रिगुण रहित असिपुत्र अरु कटार उज्ज्वल हेमरत्नकी कली जहांतहां जटित हैं मखतूल मोतिनके झँगा शोभितहैं ऐसी कटार असिपुत्र कही छूरी जो फांड़ में रहै सो सुग्रीव लिहे हैं पुनि दर्पण जामें दशौ दिशा सम्पूर्ण देखिपरैं एकही सुबर्ण मणिन करिकै किनारे रचित सो दधिमुख लिहेठाढ़े हैं अरु जैसेही खड्ग चित्र बिचित्र तैसेही कृपाण शोभायमान सो जामवंत अरु सुखेन लिहेठाढ़े हैं पुनि बेत हेममणिनमय चित्र बिचित्र द्विविद मयंद गंधमादन गवाक्ष लिहेठाढ़े हैं अरु सहस्र दलनके कमल पांच पांचौ रंग हैं सुगन्ध मकरंद प्रकाशमय है ऐसे कमलन को नल नील पनस दरीमुख करकमलन विषे लिहेठाढ़े हैं इत्यादिक अपर अनेकपार्षद अनेकन साजलिहे ठाढ़े हैं ( ४१ )

दिनकरबंशभूषणकामबहुछबिसोहहीं नवअंबुधरवरगातअंबरपीतसुरमुनिमोहहीं मुकुटांगदादिबिचित्रभूषण अंगअंगनप्रतिसजे अंभोजनयनबिशालउरभुजधन्यनरनिरखंतजे ४२ दो० ॥ बहुशोभासमाजसुख कहतनबनैखगेश बरणैंशारदशेषश्रुति सोरसजानमहेश ४३ भिन्नभिन्नअस्तुतिकरि गेसुरनिजनिजधाम बंदिवेषधरिवेदतब आयेजहँश्रीराम ४४ प्रभुसर्वज्ञकीनअति आदरकृपा

संपूर्ण श्रीमय श्रीजानकीजी तिनसंयुक्त सूर्यबंशके भूषण श्रीरामचन्द्र अमित कामकी छबि शोभित हैं नवीनघन जलकरिकै पूर्ण नील गंभीर तद्वत् श्यामगात पर अलंकार पीतांबर शोभित है जनुमधुर तमालतरु विषे बहुरंग के फूल फूलिरहे हैं अरु ताकेमध्य बाहुल्य दामिनी लसतहै ऐसी श्रीरघुनाथजीकी शोभा देखिकै सुर मुनि मोहित भये हैं किरीट मुकुटाकार मध्य में अंगदादि चित्रबिचित्र भूषण अंग अंगप्रति शोभित हैं बिशाल अरुण कमल तद्वत् नेत्र हैं उर भुज बिशाल हैं जो मनुष्य के हृदय में ऐसो ध्यानआवै सो नरधन्य है ( ४२ ) दोहार्थ ॥ श्रीरामचन्द्र के राज्याभिषेकको समाज ताकी शोभा अरु सुख जो है सो हेखगेश नाहीं कहतबनै है तदपि अपनीमति के सदृश सरस्वती अरु

शेष अरु श्रुतिवर्णते हैं पर सो रसतौ महेश भलीभांति जानते हैं ( ४३ ) जब श्रीरामचन्द्र सिंहासनपर बैठे तब संपूर्ण नृत्यगान इत्यादिक उत्सव होतभयो राजादशरथ संयुक्त भिन्नभिन्न स्तुति करतेभये तब ब्रह्मादिक देवता कल्पवृक्ष के फूलनकीबर्षा करतेभये सबको श्रीरामचन्द्र मानसी आज्ञा दीन तब जयजय शब्द करत आनन्द भरे निज निज लोकको जाते भये निष्कण्टक सुख करतभये पुनि तदुपरान्त चारिहु वेद आय भाटको स्वरूप धरे तिनकै किशोर अवस्था नख शिखलौं कञ्चन मणिनके भूषण अंगअंग प्रति सजे शोभित हैं अरु श्याम श्वेत अरुण पीत अरु तीनिउरंग मिलित ऐसो भिन्नभिन्नचारिहुके रूप हैं सो धरिकै वेद तहां आये हैं ( ४४ ) प्रभुने जाना काहेते कि सबके स्वामी सर्बज्ञता जाको सहजएक गुण है ता गुणते श्रीरामचन्द्र अति आदर करत भये पर काहू मर्म न जान्यो तबते श्रीरामचन्द्र के अग्र भाग में ठाढ़े ह्वैकै स्तुतिकरते हैं ( ४५ ) इतिश्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषविध्वंसने उत्तरकाण्डे श्रीसीतारामराज्याभिषेक वर्णनन्नाम चतुर्थस्तरंगः ४॥ :: :: ::

निधान लखनकाहूमर्मकछु लगेकरनगुणगान ४५॥ * * * * * *

छन्दहरिगीतिका ॥ जयसगुणनिर्गुणरूपरामअनूपभूपशिरोमने दशकंधरादिप्रचण्डनिश्चरप्रबलखलभुजबलहने १ अवतार

दो० ॥ अस्तुतिकरहिंयथार्थश्रुति परमदिव्यधरिरूप रामचरणपङ्कमलहरि रामचराचरभूप ५ छन्दार्थ ॥ प्रथमसामवेदने दोऊकरजोरिकै जय शब्द उच्चारण कियो जय कही अतिशय उत्कृष्ट उत्कर्ष सर्वोपरिबिराजमान अथवा जयकही सदा चिरंजीव पुनि जयकही जयमान सदा जाको पराजय कबहूँ नहींहोइ महाकालहुते जाकी आज्ञानुकूल सदा काल है वेदबोल्यो अरु सगुण रूप ब्रह्म अरु निर्गुणरूप ब्रह्म सो दोनोंरूप तुमहीं हौ कौनरूप तुम्हार ये जो अनूपरूप समस्त उपमा रहित ब्रह्मांड में जेते भूप हैं नर असुर विधि हरि हर दिग्पाल इत्यादिक तिन सबन के शिरोमणि ऐसो द्विभुज स्वरूपतुमहौ तहां सगुण निर्गुण दोनों स्वरूपएकही स्वरूप में कैसे संभवे हैं यह तौ विरोधाभास होत है अरु वेद कहा कि सगुण निर्गुण रूप श्रीरामचन्द्रही हैं तहां विरोधमिटाइकै अर्थ करते हैं सगुण काको कही जो सात्विक राजस तामस इन तीनिउ गुण संयुक्त ईश्वर है ताको सगुण कही सो कौन रूप है बिराटरूप ईश्वर जो है अथवा एक गुण सात्विकको ग्रहणकिये है स्वेच्छित विष्णुरूप भगवान् चतुर्भुज जो संसार को पालनकरते हैं तिनको सगुण रूप ईश्वर कहीजो कही किये दोनों स्वरूप में कोई एक स्वरूप में भक्तनके हेतु अवतार लीनसोई श्रीरामचन्द्र हैं तौ निर्गुण कैसे कही अरु निर्गुण जो ब्रह्म हैं सोनिराकार हैं निर्विशेष हैं सर्वत्र व्याप्त हैं सर्वसाक्षी हैं सबके प्रेरक हैं सबते भिन्न हैं जैसे आकाश सर्बत्र परिपूर्ण है एकरस देख कालावच्छिन्न है अरु चैतन्यरूप है जो कही कि सोई ब्रह्म भक्तनकेनिमित्त एक सगुणरूप होत भयो पुनि भक्तन को कार्य करिकै फेरि निर्गुण होत भयो जोअंश कहियेतौ सगुण सनातन कैसे होइगो अरु वेदने सगुण निर्गुण अखण्ड एक ही रूप में कहा है तहां श्रीरामचन्द्रजी मायिक गुण जो सात्विक राजस तामस इन तीनिहुं गुणते परेहैं ताते निर्गुणकही पुनि पञ्च महाभूतकरिकै रहित आकार हैं ताते निराकार कही अरु माया के विशेषण ते रहित हैं ताते निर्विशेषकही अरु घनीभूत तेजरूप सर्वत्र व्याप्त हैं पूर्ण हैं एकरस सदा हैं ताते श्रीरामचन्द्र को निर्गुण सर्बत्र व्याप्त कहा श्लोक ॥ ध्यायेञ्चपुंडरीकाक्षंपरंज्योतिंपरात्परं ॥ रामएवपरब्रह्मसच्चिदानन्दबिग्रहं १ इतिब्रह्मयामले ॥ पुनि श्रीरामचन्द्र को सगुणब्रह्म कैसे कहा है जातेतीनिगुणते परे हैं परमदिव्य गुण विशेषण है ताते सगुण कहा है सो कौनगुण हैं ज्ञान शक्ति बल ऐश्वर्य तेज वीर्य सौशील्य बात्सल्य आर्यव सौहार्द सर्वशरण्यत्व सौम्यकारुण्य स्थिरता धैर्य दया माधुर्य आर्द्रव एते अष्टादशगुण परम दिव्य तिनके स्वरूप विशेषण कहते हैं १ क्रमहींते सर्वदेशकाल बस्तुको प्रत्यक्ष अनुभव सो ज्ञानहै २ पुनि अघटघटना करने की सामर्थ्य सो शक्ति है पुनि बिश्वधारणादि सामर्थ्य सो बलहै ३ पुनिसर्ब नियमनशक्ति सो ऐश्वर्य है ४ पुनि काहूते पराभव न होय सर्ब को पराभव करने की सामर्थ्य सो तेज है ५ पुनि अपरिमित श्रमके कारणप्राप्त होतसंते श्रम न होय सोबीर्यहै ६ एते षड्गुण सृष्टिआदिकके उपयोगी हैं भगवत् शब्द को वाच्य है जो परब्रह्म तामें रहते हैं पुनिजाति बर्णाश्रम इत्यादिक बड़ाईकी उपेक्षा छांड़िकै निष्कपट मंदजनन के संग मिलिरहना सो सौशील्य है ७ पुनि भृत्य के दोष न बिचारकरना

सोबात्सल्य है ८ पुनि मनबचन कायको समान ब्यापार सो आर्यव है ९ पुनि अपने जनको अपनाते अधिक मानना सो सौहार्द है १० पुनिब्रह्मादि स्थावरान्तकी साधारण रक्षा सोसर्ब शरण्यत्व है ११ पुनि ताही को नाम सौम्य है १२ पुनि परदुखको दूरिकरना सो करुणा है १३ पुनि दान युद्धादिकमें अचल सो स्थिरताहै १४ प्रतिज्ञा पालन सो धैर्य है १५ पुनि कारण बिना परावा दुख देखिकै दुखी होइकै ताके दुखनिवारणकै इच्छा सोदयाहै १६ अमृत पानकी नाईं स्वादरसन सो माधुर्य है १७ अपने शरणागत जनको दुख आपुसहनो सो आर्द्रव है १८ पुनिषोडशगुण कहते हैं महाकुलीन १ सर्बरमण २ सर्बलोक प्रसिद्ध ३ नियतात्मा ४ महाबीर्य ५ द्युतिमान् ६ धृतिमान् ७ बशी ८ बुद्धिमान् ९.नीतिमान् १० बाग्मी ११ श्रीमान् १२ उदार १३ अदभ्र १४ शत्रुनिवर्हण १५ सर्बव्यापकत्व १६ तिनके विशेषण कहते हैं महाकुलीन सर्वोत्तमकुल १ पुनि सर्बरमण शब्दार्थ रमणीयाख्यावान् रामनाम संसार दुःख निर्वृत्ति पूर्वक अपने नित्य नैमित्त लीलामेंरमै रमणकरावै सोराम अथवा रमणकरैं योगी ज्यहि विषे सोराम अथवा स्वरूप लावण्य दर्शन ध्यानते रमण करैं मुनीशजन जिन विषे सोराम २ सर्बलोक प्रसिद्ध आब्रह्मादि स्थावरांत प्रसिद्ध ३ नियतात्मा आब्रह्मादि स्थावरांतको खींच्यो है आत्मा अन्तष्करण जिनते ४ महाबीर्य जिनके पराक्रम के कन में अनन्त कोटि ब्रह्मांडधारी महाबिराटादि के पराक्रम लीन होइजाहिं ५ द्युतिमान् सर्बकाल एकरस सुन्दर ६ धृतिमान् हर्ष शोक दुःख सुखरहित ७ बशी अपने गुणकरिकै सर्बजीवन को बाह्यान्तर बशीकृतकीन जिनने ८ बुद्धिमान् प्रशस्तबुद्धि सर्बजीवनको निश्चय रूप है ९ पुनि नीतिमान् आब्रह्मादि स्थावरान्त अपनी मर्यादमें सबको राखते हैं १० पुनि बाग्मी जाकी सहज पराबाणी है जाबाणीते योगीस्मरण करिकै रामपदको प्राप्तहोते हैं अथवा वेद हैं सहज वाणी जाकी ११ पुनि श्रीमान् अनेकब्रह्मांड में जेती है बिभूति त्रिपाद सहित जाको एकबिलास है १२ पुनिउदार सर्ब जीव जाही में प्रसन्न हैं सोई देते हैं पुनि सन्मुख होइकै जोई पदार्थ की चाहनाकरैं सोई देते हैं १३ पुनि आदभ्रजाको आदि अन्त मध्य नहीं कोई जानै अधिकाधिकतम है १४ पुनि शत्रुनिवर्हण भक्तजन देव महि गो ब्राह्मण तिनके जो शत्रु तिनको नाशकरि देत हैं अथवा सन्त जनके शत्रुकाम क्रोध लोभ मत्सर इत्यादिक तिनको बर्जितकरिदेते हैं १५ पुनि सर्ब व्यापकत्व अपने चैतन्य गुणभूतते अनेक ब्रह्माण्ड चैतन्य किये हैं १६ एते अष्टादश षोड़श इत्यादिक अनन्त गुण परमदिब्य विशिष्ट एक श्रीरामचन्द्रही हैं ताते श्रीरामचन्द्र को वेदने सगुण स्वरूप कहा ताते सगुण निर्गुण रूप श्रीरामचन्द्रही हैं अरु जो कोई कहै कि तुमने कहा कि सगुण रूप बिराट अरु विष्णु भगवान् चतुर्भुज सात्विक गुण को ग्रहणकिये सो सगुण रूप हैं अरु ब्रह्म जोसर्बसाक्षी निर्विशेष सो निर्गुण है तहां श्रीरामचन्द्र में विराट चतुर्भुज निर्गुण कैसेजानिये ताकोउत्तर दूसर अर्थअवरेवकरिकै कहते हैं वेद बोल्यो जयसगुण निर्गुण शिरोमणे यह जो भूपरूप अनूप जो तुमहौ सो सगुण निर्गुण दोनों के शिरोमणि हौ निर्गुण ब्रह्म सोतुम्हार रूप है तुम रूपीहौ अरु रूपजोहै सोई अरूप लक्षित होत है अरु सोई घनीभूत सोईगुणभूत एतेतत्त्व एकही हैं पुनिनिर्गुण सोतौहमआगेहीकहि आये हैं श्रीरामचन्द्र को घनीभूत तेज किंतु व्यापकत्व गुणभूत सो घनीभूत गुणभूत एकही है अरु बिराट चतुर्भुज भगवान् गुणाभिमानी सो अंशभूत है जो कहौ कि निर्गुण ब्रह्मनाम रूपरहित है अरुतुमरूप कहतेहौ यह बिरोध है सो सत्यहै तहां हम यहकहते हैं कि ब्रह्मकहना यहभीनामही है निर्गुणकहना यह भी नाम ही है देखिये तौ उपदेश उपदेष्टाउपदेष्टी एते सर्बकाल में अनादि परम्परा सनातन हैं अरु जहां वेदमन्त्रगुरु शिष्यरहित निरूपण सोतौ हईनहीं है ताते नाम है तौ रूप है अरु जो कोई नामरूप रहित हठकरिकै ब्रह्मकहै तौ कहे कछु बिरोध नहीं हैपर स्वरूप के आश्रय अरूप है श्रुतिस्मृतिप्रमाण है श्लोकसात ७ श्रीराम तापिन्याम् । ॐवैश्रीरामचन्द्रः सभगवान् अद्वैतपरमानन्दात्मा यः परब्रह्मभूर्भुवः स्वस्तस्मैवैनमोनमः १ ॐयोवैश्रीरामचन्द्रः सभगवान् अद्वैतपरमानन्दात्मा योब्रह्माबिष्णुईश्वरोभूर्भुवः स्वस्तस्मैवैनमोनमः २ ॐयोवैश्रीरामचन्द्रःसभगवान् अद्वैतपरमानन्दात्मा योब्रह्माण्डस्यान्तर्बहिर्व्या तोयोबिराटभूर्भुवः स्वस्तस्मैवैनमोनमः ३ यतब्रह्मतत्रस्यतनुभाश्रुतिः ४ अन्यच्च ॥ अंशभूतबिराट्ब्रह्मबिष्णुरुद्रास्तथापरे ॥ ब्रह्मतेजोघनीभूतंबर्ततेजानकीपते: ५ सगुणंनिर्गुणंचैवपरमात्मातथैवच ॥ एतेचांशाहिरामस्यपूर्बचांतेचमध्यतः ६ सदाशिवसंहिताया ॥ आनन्दोद्विविधःप्रोक्तःमूर्तश्चामूर्तएवच॥

**नरसंसारभारबिभंजिदारुणदुखदहे जयप्रणतपालदयालप्रभुसंयुक्तशक्तिनमामहे २ पुनियजुर्वेदबोल्यो॥ तवबिषममाया**

अमूर्तस्याश्रयोमूर्तःपरमात्मानराकृतिः नारदपञ्चरात्रे ७ हे श्रीराम आपुकैसेहौ दशकन्धरादिक जे प्रचण्ड निश्चर बड़ेप्रबल हैं तिनसबन को अपने भुजबल करिकै नाशकीन है ( १ ) अवतारनर अवतारकही अवतीर्ण जैसे कोई ऊंचेमहलते नीचको उतरिआवै तैसे श्री अयोध्यामें भक्तानुग्रहार्थ तुमनरस्वरूप परब्रह्म अवतीर्णभये संसारकोभार रावणादि तिनको बिभंजकही नाशकरिदीन अरु दारुणदुख सबके दहनकरिदीन ते तुम श्रीरामचन्द्र सदा जयमानहौ प्रणतपालहौ पुनिदयालहौ प्रभुकहे सामर्थ अनन्त ब्रह्माण्ड के स्वामीहौ अरु जो तुम्हारी परमशक्ति जाशक्तिते अनेक ब्रह्माण्डकी रचना है देव दानव मनुष्य चराचर जो शक्ति की एकलीला है ताशक्ति संयुक्त हे श्रीरामचन्द्र हमनमस्कार करते हैं नमस्कारतीनिप्रकार को एकसहजनमस्कार है जैसे कोई अपने बराबरिको है सजाती है चलत बैठे कहूंमिलिगयो परस्पर नमस्कार करते भये पुनिएकबाक्याभिनिवेश नमस्कार है जैसे कोई अपने तेबड़ा है कोई राजा इत्यादिक तिनके नमस्कार करतसंते राजाको प्रताप ऐश्वर्य बचन में प्रवेशहोत है पुनि यह स्वरूपाशिवन नमस्कार है जैसे अपने गुरु हैं किन्तुइष्टदेवता हैं तिनको नमस्कार करतसंते गुरुदेवको तेजप्रताप ऐश्वर्य सेवा स्वरूप मनबचन कर्म में प्रवेशहोत है अरु नमस्कार प्रणाम दण्डवत्‌बन्दना येहीहै तहां बेदजो हैं सो श्रीरामचन्द्र के स्वरूपाभिनिवेश पराबाणीते नमस्कार करते हैं ( २ ) पुनि यजुर्वेदबोल्यो हे श्रीरामचन्द्र तुम्हारीमाया अति विषम है जामायाते बशकीन्ह है सुर असुर नर नाग स्थावरजंगम समस्त तुम्हारीमायाके बश हैं भवकही संसार में कालकर्म गुणनतेभरे भ्रमते हैं काल काकोकही प्रमाण अनु लव निमेष पल दण्ड पहर दिन मास वर्ष युग कल्प महाकल्प इत्यादि कालचक्र फिराकरते हैं जैसे कुम्हार को चाक जो कालचक्र में इन्द्र बरुण कुबेर ब्रह्मादि सुर असुर नर चराचर फिरते हैं कर्म काकोकही इन्द्री जनित कर्तव्य अर्थ धर्मकामके बासनालिहे सो कर्मकही गुणतीनि जप तप दान त्रिकालसंध्या वेदाध्ययन इत्यादिक शांतियुक्त करना सो सात्विककही अरु सोई कर्म करना तहांमानसंयुक्त अहंकर्त्ता मृतलोक में राजादिकनके भोग बासनाताको राजसकही अरुतपकरना मलिन कृपाते यक्ष राक्षस पिशाचादिकनको इष्टकरिकै अपर को नाशकरिकै भोग की बासना सोतामस है वेदबोल्या

**बशसुरासुरनागनरअगजगहरे भवपंथभ्रमतामितदिवसनिशिकालकर्मनगुणभरे ३ जोनाथकरिकरुणाबिलोकेउत्रिबिधदुखते निर्बहे भवखेदछेदनदक्षहमकहँरक्षरामनमामहे ४ पुनिअथर्वणवेदबोल्यो ॥ जेज्ञानमानबिमत्ततवभवहरणभक्तिनआदरी तेपाइसुरदुर्लभपदादपिपरत-हमदेखतहरी ५ बिश्वासकरिसबआशपरिहरिदासतवजेहोरहे जपिनामतवबिनुश्रमतरहिं भवनाथसोसमरामहे ६**

हे श्रीरामचन्द्र तुम्हारी अनादिमाया काल कर्म गुणनकी प्रेरक ताकेबशजीव संसारविषे अनेक योनिन्हमें भ्रमते हैं ( ३ ) हे नाथ ताते जो जीव तुम्हारे सम्मुख एकहूबार कोई संयोगते भयो तब तुम्हारी कृपाते त्रिविध दुखते निर्बाहि जाते हैं तीनिदुख कौन हैं काल कर्म गुण याही के भीतर अनेकदुख हैं सो समस्त दुखमिटिजाइँ हे नाथ जापर तुमकृपाकरहु सो तीनिहुँ दुखसे छूटिजाइ भवजो है संसार ताको खेद जन्म मरण ताके छेदनकही नाशकरिबेको तुम दक्षनाम बड़ेचतुरहौ अथवा प्रत्यक्षतेतुम श्रीरामचन्द्र हमारी रक्षाकरहु हम तुम्हारी शरण हैं ( ४ ) पुनि अथर्वण वेदबोल्यो हे श्रीरामचन्द्र जी जेपुरुष सम्पूर्ण माया के मानजेहैं तेहितेपरे हैं सर्वथा ज्ञानी हैं ज्ञानकही अनात्माको असत्यजानै आत्माको सत्यजानै आत्मा जीव अन्तर्यामी ब्रह्म एकही है बासना संयुक्त जीव बासनाध्वंसब्रह्म है द्वौरूप कथनमात्र हैं एकोब्रह्मदितीयोनास्ति ऐसी अभेद बुद्धि ब्रह्मानन्द को प्राप्ति हर्ष शोक दुख सुख मित्र अरि कंचन माटी सम है जिनके स्वरूप परस्वरूप की ऐक्यता ऐसो ज्ञान केवल जानिकै मनमें अलमस्त है प्रमाण श्रीभगवद्गीतायां श्लोकद्वौ॥ समदुःखसुखस्स्वस्थसमलोष्टास्मकांचनः ॥ तुल्यप्रियाप्रियोधीरस्तुल्यनिंदात्मसंस्तुतिः १ मानापमानयोस्तुल्यो तुल्योमित्रारिपक्षयोः ॥ सर्वारम्भपरित्यागीगुणातीतः

सउच्यते २ ॥ अरु जो तुम्हारी भक्ति अतिशय शुद्ध त्यहिको नहीं जो आदर करते तुम्हारीभक्ति कैसी है भवजो है संसार त्यहिकी हरणहारी बिना श्रमही ऐसी भक्ति को आदर नहीं करते जो देवतनको दुर्लभपदहै उहै ज्ञान सो ज्ञान च्युत ह्वै जात है अथवा कैवल्यपद देवतनको दुर्लभ है सो पद ज्ञानी पाइकै आरूढ़भये अपिनाम निश्चय करिकै हेश्रीरामचन्द्र तुम्हारी भक्ति निरादर किये सन्ते यह हमारे देखतसन्तेफिरि गिरिपरते हैं अथवा हमदेखत हमजो वेद हैं तिनको अहर्निशि देखत रहते हैं बिचारत रहते हैं ज्ञानको प्राप्ति हैं अरु तुम्हारी भक्तिको आदर नहीं करते ते गिरिपरतेहैं श्रीभागवते ब्रह्मणो बाक्यं श्लोकद्वौ ॥ येन्येरविन्दाक्षमिवमुक्तमानि

**जेचरणशिवअजपूज्यरजशुभपरसिमुनिपत्नीतरी नखनिर्गतामुनिबंदितात्रैलोक्यपावनिसुरसरी ७ ध्वजकुलिशअंकुशकंजयुतबनफिरतकंटककिनलहे पदकंजद्वन्दमुकुन्दरामरमेशनित्यभजामहे ८ पुनिऋग्वेदबोल्यो ॥ अव्यक्तमूलमनादितरु**

नस्त्वय्यस्तभावादविशुद्धबुद्धयः ॥ आरुह्यकृच्छ्रेणपरंपदंततः पतन्त्यधोनादृतयुष्मदंघ्रयः १ पुनि श्रीमन्महारामायणे शिववाक्यं ॥ येरामभक्तिममलांसुविहायरम्यांज्ञानरेतः प्रतिदिनंपरिक्लिष्टमार्गे ॥ आरान्महेंद्रसुरभीपरिहृत्यमूर्खाअर्कंभजंतिसुभगेसुखदुग्धहेतुं ( ५ ) विश्वासकरिकै सबआश परिहरिकै जे तुम्हार दास ह्वै रहे हैं सब आशा कौन हैं स्वार्थ परमार्थ केसाधन जहां लगि लोक वेद हैं सोसम उपायको त्याग उपाय शून्यशरणागत हैं एक तुम्हारो नाम जपिकै बिना श्रमहीं भव तरिजातेहैं ते तुम्हारनाथ हम स्मरण करते हैं ( ६ ) हे श्रीरामचन्द्र तुम्हार जो चरण दोनों हैं सो शिवजेहैं महादेव अरु अजनाम ब्रह्मादिक देवतन करिकै पूज्यमान् हैं अरु जा चरणकी रज अतिशय सुभग महामङ्गलमय तारजको परसिकै मुनि पत्नी अहल्या पाषाणभई रही सो तरि गई पुनि ज्यहि चरणकेनखनके बीचते श्रीगङ्गा उत्पन्न भईं अरु मुनिन करिकै बन्दित हैं जाको सुरसरिकही त्रैलोक्यको पावन कर निहारी ऐसे तुम्हारे चरण हैं ( ७ ) ध्वज कुलिश अंकुश कञ्ज इत्यादिक अङ्कन करिकै शोभितहैं सो पद बन में फिरतसन्ते कण्टकी नाम तामसी जीव कुश कण्टक सर्प बीछू बनचरइत्यादिक अनेकन सर्बजीवन को जो पद ब्रह्मादिकन को दुर्लभ प्राप्ति भयो ऐसे तुम कृपालु हौ किन्तु जे पद ब्रह्मादिकन को दुर्लभ सो भक्तनहेतु बनमें फिरत कण्टकन करिकै किनकही क्लेश को प्राप्ति भये हैं तब पद कञ्ज द्वंदनाम दोनोंमुकुन्द कहे मुक्तिदाता अथवा हेमुकुन्द हेराम हेरमेशहम तुम्हारे पदनित्य भजे ( ८ ) पुनि ऋग्वेद बोल्यो हे श्रीरामचन्द्रहमतुमको नमस्कार करते हैं यह संसार तुम्हारी इच्छाविभूति हैकिन्तु तुम्हारीबिभूतिही कोनमस्कार करते हैं कैसो है यहसंसार एक बिटपरूप है जाकोमूलअव्यक्त है अव्यक्त कहे अप्रकटहै नहीं देखिपरै ताही को अव्यक्तकही पुनि माया कही जाते मायाको कारण है पुनि दिव्य है ब्रह्ममिलित है पुनि मूल प्रकृति कही परमपुरुषकी आद्याशक्ति है पुनि अव्याकृत कही अबिनाशी है स्वरूप अदृश्यहै पुनि अक्षर कही जाको नाश नहीं है पुनि प्रधानकही पुरुषाकार है सर्बको आधार भूत है पुनि क्षेत्र कही पाप पुण्यको कारण है पुनि अजाकही जाको जन्म नहीं है पुनि अनादि कही जाको आदिअंत मध्य नहीं जाना जाइ इत्यादिक अनेक नाम हैं अनेक विशेषण हैं पुनिधौं कहांते है कहांताईं है केतिक बिस्तार है जाको आदि अन्त मध्यनतौ

**त्वकचारिनिगमागमभने षटकंधशाखापंचबीसअनेकपर्णसुमनघने ९ फलयुगुलविधिकटुमधुरबेलिअकेलिजेहिआश्रितरहे**

कहा जाइ न जानाजाइ वेद जाको अनिर्बचनीय कहते हैं ताही को अव्यक्त कही यह जो संसार बिटपरूप है ताको अव्यक्त मूल है पुनि अनादि तरुहै अदृश्य है अरु चारित्वक् कहे बकला जेहि विषे हे गरुड़ यहवेदशास्त्र कहते हैं ताही सूत्र को सब मुनि कहते हैं कोई कहते हैं कि चित्त बुद्धि मन अहंकार यह जो चतुष्ट अन्तष्करण सोई त्वक्है कोई चारिहूअवस्था जाग्रत स्वप्न सुषुप्ति तुरीय कोई चारिहू युग सतयुग द्वापर त्रेता कलियुग कोई चारिहूफल अर्थ धर्म काम मोक्षकोई चारिहूखानि अण्डज जरायुज उद्भिज ऊष्मज कोई चारिहू वेद साम ऋग यजु अथर्वण तेहीको बकला करिकै कहते हैं इत्यादिक अपनीअपनी बुद्धिकरिकै सबै कहते हैं अरु सबको बिचारकीन पूर्बापर मेरी

सामुझि में चारिकला हैं एक ओंकार तीनौ गुण सात्विक राजस तामस येचारित्वक् हैं अब इनवृक्षनको अरु संसाररूप वृक्ष को दृष्टान्त की एकताकरिकै कहते हैं वृक्ष में बीज है सो लकरीके अवांतर संपूर्ण वृक्ष में व्याप्त है बीज की व्यापकता अरु लकरी आश्रय बकला पाता फूल फल रस येते बीजकरिकै प्रकाशक हैं दृष्टांतरुमें मूल है संसारतरु में मूल अव्यक्त है लकरीस्थाने जीव है बीजस्थाने ब्रह्म अन्तर्य्यामी सोब्रह्म जीवके अवांतरह्वैकै संपूर्ण ब्रह्मांड में व्याप्त है बीजते वृक्षहरित है ब्रह्मते ब्रह्मांड चैतन्य है यहितरु में एकबकला सूक्ष्म अतिकोमल अतिश्वेत लकरी में लपटिरहेउहै तापर मिलित एकबकला और है सो कछुमोटा है श्वेत है तापरमिलित एकबकला और है सो लालरङ्ग है तापरमिलित एकबकला और है काला है इनवृक्षनमें चारित्वक् प्रत्यक्ष देखिपरै हैं दृष्टांत संसारतरुमेंप्रणवशुद्ध सात्विकरूप सूक्ष्म अतिश्वेत जीव में मिलित सो एकत्वक् है पुनि तापर सात्विकगुण श्वेत पुनि राजसगुण लालरङ्ग पुनि तामसगुणकालारङ्ग क्रमहींते त्वक्जानव पुनि वृक्ष में स्कन्ध हैं उहै पुनि शाखा बहुत है पुनि पत्रफूल बहुत हैं पुनि फल है पुनि लताचढ़ि रही है अरु संसारतरुमें कौनस्कन्ध है का शाखा है कापाता है काफूल है कौनफल है काबेली है सो क्रमते कहते हैं संख्यालंकार करिकै षट्कन्धेति षट्कन्धक है कोई षट्धातु एकछोड़े कहते हैं रक्त मांस अस्थि बस काम मद एते षट्धातु हैं धातुसात हैं मज्जा छोड़िदियो कोई षट्बिकार काम क्रोध लोभ मोह मद एते षट्बिकार कोई षट्वर्गको जन्म वृद्धि बिवर्ण क्षीण जरा मरण एते षट्बर्ग हैं कोई षट्शास्त्र को वेदान्त मीमांसा न्याय पातंजलि सांख्य धर्मशास्त्र एते षट्शास्त्र हैं कोई पांचज्ञान इन्द्री एकमन श्रवणत्वक् नेत्र जीभ नासिका एते पांचज्ञान इन्द्री एकमन इत्यादि सब अपनी अपनी बुद्ध के प्रकाशते कहते हैं पर जामें पेड़ स्कन्ध शाखा पत्र फल मिलितहोइ सो अर्थ है ताते मेरीबुद्धिमें तो पांचोतत्व एकमन एते षट्स्कन्ध हैं मनमध्यको स्कन्ध है अरु इन्द्री विषयको अवांतरकिहे पंचमहाभूत सो गिरदावली के स्कन्ध हैं फैलिरहे हैं षट्स्कन्धशाखा पंचबीस जो स्कन्धप्रति पांचपांच शाखागनै तौ तीसहोते हैं जो चारिचारि गनिये तौ बीसहोते हैं अरु इहां पचीसकहा है ताते मनरूप स्कन्ध ताकी शाखा नहींकहा है काहेते मनको संकल्प विकल्प अनेक है पांचतत्व जो स्कन्धरूप ताकी शाखा कहते हैं पांचपांच सो कवन है पांचहु तत्व में पांचपांच प्रकृति हैं सोई शाखा हैं आकाशतत्व स्कन्धरूप ताकी शाखा काम क्रोध मद मान एते पंचशाखा पुनि पवनतत्व में धावन चलनहाथ पावको पसारब पुनि उत्क्रमणकही ऊबिऊबि उठै पुनि अग्नितत्व क्षुधाक्रांति निद्रा आलस जंभुआई पुनि जलतत्व बीर्यपित्त पसीना रक्त लार पुनि महितत्व हाड़ मांस चर्म्म नस रोम एते पचीसशाखा हैं अरु छंदकरिकै जो शुभाशुभ कर्म्म हैं अनेकविधिके सोई पत्र हैं अरु कर्मनविषे जो फलकी अनेक वासना है सोई फूल हैं ( ९ ) अरु दुइप्रकार को फल है एककरू है एकमधुर है हानि लाभ शोक हर्ष नर्क स्वर्ग दुख सुख इत्यादिक शुभाशुभ दुइविधि सोई फल युगुल कटु मधुर हैं अरु कर्मानुसार बासना सिद्धिसो है अरु बेलि अकेलि सो तरुके आश्रित है पर ऐसो भासै है कि वाही संसार को प्रथम तरुकहा पुनि अंत में बेलीकहा तहां जो कही कि पुंल्लिग स्त्रीलिंग एकहीरूपमें कैसे कहाजाइ जहां ईश्वरतत्व है तहां सबसम्भवत है देखिये तौ एकहीतत्वको शक्तिकहा मायाकहा पुनि वाहीको प्रधान पुरुषाकारकहा पुनि जैसे भागीरथीको गंगाकही जल कही ब्रह्मद्रवकही तीनिहुलिंग सिद्धिहोते हैं ताते तरुबेलि संसारहीको कहा है पुनि फलबेलि के आश्रितकहा है किंतु तरुके आश्रयफल जानब अथवासंसार तरुरूपमें मायाकहे ममत्व तैं मैं मोर तोर सोई देव दानव मनुष्य पशु कीट पतंग जड़ चेतन इत्यादिक त्रैलोक्य में अहंमम छाइरह्यो है ऐसीजोहै ममतामाया सोईबेलि है संसाररूपतरुके आश्रित है तरुपर चढ़िरही है आच्छादित करिरही है पुनि सर्ब काल सदापल्लवित है प्रफुल्लित है नवलकहे नित्यनवीनहै नित्यकहे सदहिं अथवा नित्यकहे नित्यसनातन है अनित्यनहींहैईशको जो त्रैगुण्यजनितकार्य है सोअनित्य है ऐसोजो संसार बिटप तुम्हारी एकपाद बिभूतिते तुमको सहितऐश्वर्य श्रीरामचन्द्र

पल्लवितफूलतनवलनितसंसारविटपनमामहे १० जेब्रह्मअजअद्वैतअनुभवगम्यमनपरध्यावहीं तेकहहुजानहुनाथहमतवसगुनयशनितगावहीं ११ करुणायतनप्रभुसद्गुणाकरदेहुयहबरमाँगहीं मनबचनकर्मबिकारतजितवचरणहमअनुरागहीं १२ दो०॥ सबकेदेखतवेदन बिनती कीनउदार अन्तर्द्धानभयेपुनि गयेब्रह्मआगार १३ ॥

हम नमस्कार करते हैं ( १० ) जो कोई कहै कि रामतौ ब्रह्म हैं अद्वैत हैं मनबचन इन्द्रिनके परे हैं निराकार सर्वत्र व्याप्त हैं अनुभवतेगम्य कही प्राप्ति हैं ऐसो मानिकैजे ध्यावते हैं ते ऐसेकहहिं ऐसेजानहिं जेब्रह्म अज अद्वैत मनभव गम्यमनपर तुमको कहहिं अरु जानहिं अथवा तुमको असकहहिं तुम जसमनमानै तसजानहु अरु हमजेहैं वेद सो हमारो सिद्धांत परात्पर तमतत्व जो है सो तुमजोहौ विद्यमान सिंहासन पर बिराजमान धनुर्द्धर द्विभुज स्वरूप सो तुम कैसेहौ नित्यचेतन जो ब्रह्म सर्वब्याप्त है अरु तुम नित्यहूके नित्यहौ अरु चेतनहूके चेतन हौ ताते तुम्हारी महिमा हम नहीं जानते हैं नेति नेतिकरिकै तुम्हारोगुण गावते हैं अरु जो तुमको छांड़िकै अपरतत्व कहै तौ वह वेदवेत्ता नहीं है अरु उसको वेदकी तत्व यथार्थ नहीं आवै है हे श्रीरामचन्द्र हमजो वेद हैं तिनको परमतत्व तुमहींहौ श्रुतिकहते हैं॥ नित्योनित्यानांचेतनश्चेतनानामेकोबहूनांयोबिदधातिकामात्। यस्यांशेनैवब्रह्माविष्णुमहेश्वराअपिजातामहाविष्णुर्यस्यदिव्यगुणाश्चसएवकार्यकारणपरयोः परमपुरुषो रामोदाशरथिर्वभूव इत्यथर्वणेउत्तरार्द्धेश्रुतिः २ ताते तुम्हारो जोहै यश त्रिगुणातीत परमदिव्य गुणमय ऐसो गुण यश हमगावते हैं ( ११ ) हेकरुणाके आयतन कही स्थान हेप्रभु सद्गुणके आकरकहे खानिसद्गुण जोयाहीछन्दमें प्रथमकहि आये हैं हे श्रीरामचन्द्र तुम्हारी महिमा हम नहीं जानते ताते यहबरदेहु मन बचन कर्मते आपके दोऊचरणमें हमारो अखण्ड एकरस तैलवत्धार अनुरागहोइ समस्तब्यकार तजिकै अहर्निशि तुम्हारोयशगावैं हे भरद्वाज ऐसे चारिहूवेद कहतेभये यथार्थ स्तुतिकरतेभये तब श्रीरामचन्द्र सदाप्रसन्नरूप मनहींमें एवमस्तु कहतेभये ( १२ ) दोहार्थ॥ सबके देखतसंते वेद उदारस्तुति करतेभये उदारकही अमितसर्बोपरि वेदन अपनो विशेष सिद्धांत श्रीरामरुख पाइकै कहा है श्रीसीताराम स्वरूपको हृदयमें धरिकै अंतर्द्धानभये ब्रह्मलोकको जातेभये ( १३ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वंसनेउत्तरकांडेपरमऐश्वर्यवेदस्तुतिबर्णनन्नामपंचमस्तरंगः ५॥ :: :: ::

दो०॥ बैनतेयसुनुशंभुतब आयेजहँरघुबीर बिनयकरतगदगदगिरा पूरितपुलकशरीर १ तोटकछन्द ॥ जयरामरमारमनंशमनं भवतापभयाकुलपाहिजनं २ अवधेशसुरेशरमेशबिभो शरणागतमाँगतपाहिप्रभो ३ दशशीशबिनाशनबीसभुजा कृतदूरिमहामहिभूरिरुजा ४ रजनीचरवृन्दपतंगरहे शरपावकतेजप्रचण्डदहे ५ महिमण्लमंडनचारुतरं धृतशायकचापनिषंगबरं ६

दोहा॥ षटतरंगमहंजानियेयशगुणरामअनेक रामचरणश्रीशंभुजीअस्तुतिकरतविशेष ६ दोहार्थ॥ वैनतेयकही हे गरुड़ जबवेदस्तुति करिकै जातेरहे तब महादेव श्रीरघुनाथजीकी स्तुतिकरिबेको आवतेभये कैसेहैंमहादेव जयके मुकुटसुंदर बनिरहे हैं अरु ललाटमें चन्द्रमाशोभित है अरु ग्रीवमें शेषशोभित हैं अरु तनमें परमसुंदरि बिभूतिशोभित है अरुकटिमें सिंहचर्म शोभितहै अरु शिरमें श्रीगंगाशोभित हैं ऐसे जे महादेव सो कमलनयनते श्रीरघुनाथजीकी स्तुति शोभा देखिकै पूर्णचंद्र बदनतेअमृतमय गानकरिकै करमें डमरूबजाइकै गद्गद गिराकही बाणीते पुलकशरीरते स्तुतिकरते हैं १ छंदार्थ॥ हे श्रीरामचन्द्र तुम्हारीजय हे रमारमणकही श्रीलक्ष्मी जो तुम्हारी परमदिब्य बिभूति तिनविषे तुम्हारोतेजश्रीऐश्वर्यपूर्णहोइ रह्योहै अरु शमनकहीभवकी त्रिताप नाश करतेहोजे जीवभवकी तापते बिकलहैं अरु तुम्हारी शरणपाहिपाहि करिकै आयेहैं ( २ ) हे अवधेशकही अवधकेईश ब्रह्मादिक देवतनके ईश हेरमेशबिभुकही हे सामर्थ हे प्रभो पाहिपाहि मैं तुहारिशरण मांगतहौं ( ३ ) दशशीश जो रावणहै तेहिके बीसौभुजाके बिनाश कर्त्ताहौ हे रामचन्द्ररावणपृथ्वीको रुजकही महारोगरहा है तेहि रोगको आपुदूरिकीन्ह ( ४ ) अरु रजनीचर जेवृन्दकेवृन्द सोपतंगभये हैं अरु आपुकोबाण प्रचंडपावककहै तामे भस्महोइगयेहैं ( ५ ) हेश्रीरामचन्द्र आप महिमंडलके मंडनकही श्रृंगारहौ चारुतरकही सुंदरहूते सुंदरहौ अरु आप सुन्दरधनुषबाण तरकसधारण किहेहौ ( ६ ) मदअरु महामोह जो परमेश्वरमें भ्रम रोपणकरै अरु मोहकही सुतबित्ते कलत्र में अपनपौ मानना किन्तु शरीराभिमानअपने गुणनमें अभिमान मानना अपने अज्ञानते मायाके पदार्थको आपनमानते हैं सो मोहकही अरु ममता कही स्नेहको सो मोह ममतातम पुंजरात्री है तेहि रात्रि के नाश करिबेको तुम प्रचण्ड तेजकी अनी

**मदमोहमहाममतारजनी तमपुंजदिवाकरतेजअनी ७ मनजातकिरातनिपातकिये मृगलोगकुभोगशरेनहिये ८ हतिनाथअनाथहिपाहिहरे बिषयाबनपाँवरभूलिपरे ९ बहुरोगबियोगनलोगहये भवदंघ्रिनिरादरकेफलये १० भवसिंधुअगाधपरेनरतेपदपंकजप्रेमनजेकरते ११ अतिदीनमलीन दुखीनितहीं जिनकेपदपंकजप्रीतिनहीं १२ अवलंबभवन्तकथाजिनके प्रियसन्त**

की अनी सूर्यहौ ( ७ ) हे रामचन्द्र मनजातजोहै काम सोईहै किरातनिपात कही मारते हैं केहिको लोगजे हैं प्राणी तेईहैं मृगतिनको काहेते मारत हैं कुभोग कही परस्त्रीगमन इत्यादिक सोई है बाण तेहि करिकैहते हैं किन्तु मनजातकही काम जो कही कामना सोई है किरात अरु कामनाको कुभोग अनेक बासना सोईहै बाण तेहिकरिकै लोगजेहैं मृगतिनके हृदयको बिदीर्ण करते हैं ( ८ ) हेनाथ जिनके तुम नाथ नहींहौ तिन अनाथन मृगन को मारते हैं ताते हे नाथ मांपाहि हम तुम्हारीशरण हैं जे प्राणी पांवर मृगविषय रूपबनमें भूलिपरे ते मारेजाते हैं ( ९ ) अरु हे नाथ जे लोग बहुरोग करिकै बियोग कही दुखित हैं काहेते दुखितहैं भवत्कही तुम्हारे जे अंघिकही चरण हैं तिनके निरादरको यहफल है ( १० ) हे नाथ जे तुम्हारे पदपंकजमें प्रेम नहीं करते ते प्राणी भवसमुद्रमें डूबे हैं ( ११ ) हे नाथ जिनके तुम्हारे पद पंकज में प्रेम नहींहै ते प्राणी नित्यही दीनहैं मलीनहैं दुःखीहैं ( १२ ) अरु हे नाथ भवन्त कही यह तुम्हारी कथाही केवल जिनको अवलम्बहै तिनको सन्त जन जे हैं अनन्त जोहौ तुम तिनकी नाईं प्रियहैं किन्तु अनन्त जेहैं सन्तते सबबराबरि प्रियहैं ( १३ ) कैसे वे सन्तहैं जे राग लोभ मान मद करिकै रहित हैं किन्तु जिनके सन्त अनन्त सम प्रियहैं ते राग लोभ मद करिकै रहितहैं अरु तिनकै सम बुद्धि है अरु वैभवकही त्रैलोक्य विभव पद सो बादि कही उनके मिथ्याहै ( १४ ) यही गुणनते तुम्हारे सेवकजे हैं सो अनंतजो तुमको प्राप्ति है और प्रसन्न होते हैं अरु येही गुणनको ग्रहण करिकै तुम्हारे चरणारबिन्द में प्रीति करिकै मुनि सदा अपने तप योग भरोस छोड़िदेते हैं ( १५ ) पुनि तुम्हारे जे सन्तजन तुम्हारे चरणनमें नेम संयुक्त निरन्तर प्रेम करते हैं अपने हृदय को शुद्धकरिकै तुम्हारे पदपंकजको सेवते हैं ( १६ ) ते सन्त कैसे हैं मान अमान निरादर आदर जिनके

**अनन्तसदातिनके १३ नहिंरागनरोषनमानमदा जिनकेसमवैभवबादिपदा १४ यहितेतवसेवकहोतमुदा मुनित्यागतयोगभरोस सदा १५ करिप्रेमनिरंतरनेमलिये पदपंकजसेवतशुद्धहिये १६ सममाननिरादरआदरही सबसन्तसुखीबिचरन्तमही १७ मुनिमानसपंकजभृङ्गभजे रघुबीरमहारणधीरअजे १८ तवनामजपामिनमामिहरी भवरोगमहामदमानअरी १९ गुणशीलकृपापरमायतनं प्रणमामिनिरन्तरश्रीरमनं २० रघुनन्दनिकन्दयद्वन्दघनं महिपालबिलोकयदीनजनं २१ दो०॥ बारबारबरमाँगौं**

सम है ऐसे सब सन्तहैं ते सुखी ह्वैकै पृथ्वीमें बिचरते हैं ( १७ ) हे रामचन्द्र मुनि मन पंकजके तुम मृगहौ भजकही प्राप्ति हौ किन्तु जे तुमको भजते हैं हे रघुबीर तुममहारण में धीरहौ अज कही अजन्महौ ( १८ ) हे नाथ तुम्हारे नामको मैं सदाजपौं अरु तुम्हारे सदा नमस्कारकरौं भव जो है संसार त्यहिको राग मोह मद मान तिनके अरिहौ अरु कहूँ यहपाठ है भवरोगमहामदमानअरी तहां भवजो सांर त्यहिको जन्ममरण सो रोगहै त्यहिके नाश करिबेको मदकही औषधहौ अरु मानके अरिहौ ( १९ ) अरु परमगुण परमशील परम कृपाके आयतन कही स्थान हौ हे श्रीरमण मैं प्रणाम करतहौं निरंतर कही जामें अंतर न परै ( २० ) हेरघुनन्दन यह जोहै मोर तोर मैं तैं सो सघनद्वंद दुःखहै तिनको तुम निकन्दन कही नाश करते हौ हे पूर्ण महिके रक्षक महाराजाधिराज मैं जो दीनजन हौं तिनकी ओर कृपाकरिकै बिलोकहु ( २१ ) दोहार्थ॥ हे श्रीरंग श्री कही लक्ष्मी रंग कही लक्ष्मी के रञ्जनकर्त्ता आनन्दकर्त्ता ऐसे तुम सो मैं बारबार बरमांगतहौं आप प्रसन्न ह्वइकै देहु तुम्हारो जो पदसरोजहै त्यहिमें अनपावनी भक्तिपावों अरुसत्संगपावोंजाते

भक्तिबनीरहै अनपावनीकही ज्यहिते पावन दूसर नहीं है किंतु अनपावनी कही अचल ( २२ ) हे गरुड़ उमापति जे महादेवते श्रीरामचन्द्रकर यश गुण प्रताप यथार्थ सर्बोपरि प्रीतिते बचननकरिकै कैलास को जाते भये तब प्रभु सुग्रीवादिक राजा अरु कपिनकीसेना सबको बासदिवावतेभये जहां सबप्रकारते नित्यनवीन सुखहै तहां कपि बासकरते भये ( २३ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वंसनेउत्तरकांडेश्रीमहादेवस्तुतिवर्णनन्नामषष्ठस्तरंगः ६॥ :: :: :: ::

दोहा॥ सप्ततरंगउमंगसेराज्यकथाशुभदानि कपिनबिदाकरिप्रेमप्रभुरामचरणरतिआनि ७॥ हे खगपति यहकथा अतिसोहावनि कही पवित्र दोहा हर्षिदेहुश्रीरंग पदसरोजअनपावनीभक्तिसदासतसंग २२ बरणिउमापतिरामगुणहर्षिगयेकैलास तबप्रभुकपिनदेवाये सब विधिसुखप्रदबास २३॥ * * * * * * * * *

चौ०॥ सुनुखगपतियहकथासुहावनि त्रिविधतापभवदापनशावनि १ महाराजकरशुभअभिषेका सुनतलहहिंनरविरतिविवेका २ जेसकामनरसुनहिंजेगावहिं सुखसंपतिनानाबिधिपावहिं ३ सुरदुर्लभसुखकरिजगमाहीं अंतकालरघुपतिपुरजाहीं ४ सुनहिंबिमुक्तबिरतिअरुविषई लहहिंभक्तिगतिसंपतिनितई ५ खगपतिरामकथामैंबरणी सुमतिबिलासत्रासदुखहरणी ६ बि-

है अरु तीनिजोताप अरु भवजो संसार त्यहिको दापकही दुःख जन्म मरण तिनकी नाशकरनिहारी ऐसीकथा सो मैं बर्णनकीन ( १ ) हे भरद्वाज महाराज श्रीरामचन्द्रहैं तिनकर जो शुभ राज्याभिषेकहै त्यहिको जेनरसादरते कहैं सुनैं तिनको विरति विवेक सुखइत्यादिक परम दिब्यगुण शीघ्रप्राप्तिहोहिं ( २ ) अरु जेनर सकाम सुनते हैं गावते हैं ते अर्थ धर्मकाम इत्यादिक अनेक बिधिके सुख संपतिको प्राप्ति होते हैं ( ३ ) पुनि जो सुख देवतनको दुर्लभहै तहां जो कुछ पदार्थ होइ सो सब श्रीरामचन्द्रको समर्पण करिकै प्रसादी भोगकरै श्रीरामचन्द्रकर ह्वैकै सो देवतन को दुर्लभ है पुनि ऐसो देवतनको दुर्लभभोग भोगकरिकै अंतकालमें श्रीरामचन्द्रके पुरको प्राप्तिहोते हैं ( ४ ) तहां श्रीरामचन्द्र के राज्याभिषेक की कथा जे विरक्त अरुविमुक्त सुनतेहैं अरुतहां जेविषयी मुमुक्षु सुनते हैं तिन सबनमें जेविमुक्तहैं ते भक्तिको प्राप्तहोते हैं अरु जे मुमुक्षु विरक्त हैं ते मोक्षको प्राप्तहोते हैं अरु जे विषयी हैं ते शुद्ध संपत्ति नित्य नवीनको प्राप्त होते हैं ( ५ ) हेखगपति श्रीरामचन्द्रकै कथाअपनी मति बिलासते मैं वरणी है सो कथाकैसीहै कालको त्रासजो है जन्म मरणकोदुःख जो है त्यहिकी हरनिहारी है ( ६ ) पुनि यहकथा कैसी है बिरति विवेक ज्ञानविज्ञान भक्ति इनसबनकी दृढ़करनिहारी है अरु मोहनदीकोसुंदरि तरणीहै ( ७ ) हे भरद्वाज कोशलपुरीविषे नित नवीन नवीन मंगल होते हैं तहां सबलोग कुरीकेकुरी हर्षित हैं कुरीकही ब्राह्मणमें अनेकभेद क्षत्रिनमें अनेकभेद वैश्यनमें अनेकभेद शूद्रन में अनेकभेद जो चारिउ बर्णनमें अनेकभेद हैं ताको कुरीकही ते सब हर्षितहैं ( ८ ) ते सबअयोध्याबासी तिनके श्रीरामचन्द्रके पदपंकजमें नितनई नई प्रीति होतिजाती है कैसे वे चरणारबिन्दहैं जिनको मुनि सनकादिक अरु शिवब्रह्मादिक जो विवेकी देवताहैं ते सब ज्यहिचरणन को अहर्निश प्रणाम

रतिबिबेकभक्तिदृढ़करणी मोहनदीकहँसुन्दरतरणी ७ नितनवमंगलकोशलपुरी हर्षितरहहिंलोगसबकुरी ८ नितनइप्रीतिरामपदपंकज सबकोउजिनहिंनमतशिवमुनिअज ९ मंगनबहुप्रकारपहिराये द्विजनदाननानाबिधिपाये १० दो०॥ ब्रह्मानंदमगनकपि सबकेप्रभुपदप्रीति जातनजानेदिवसतिनगयेमासषटबीति ११ चौ०॥ बिसरेगृहसुपनेहुसुधिनाहीं जिमिपरद्रोहसंतमनमाहीं १२

पूर्वक ध्यानकरते हैं ( ९ ) तहां श्रीरामचन्द्रकी आज्ञाते मंगनजे हैं याचकतिनको अनेकप्रकारके पहिरावरि देतेभये अरु द्विजनको मनबांछित अनेक प्रकारके दान देतेभये ( १० ) दोहार्थ॥ अरु सुग्रीवादिककी सेनाते सब ब्रह्मानंदमें मग्नहैं अरु श्रीरामचन्द्रके चरणनमें अत्यंत प्रीति है तहां यह सिद्धांत है कि संपूर्ण कर्मको फल ब्रह्मज्ञान तेहि फलकोरस श्रीरामचन्द्र के चरणारबिन्द विषे प्रीति तहां सब कपिनको अरु श्रीअयोध्याबासी इत्यादिक सर्व जीवन को छः महीना बीतिगयो तिनदिवसनको जात नहींजान्यो काहेते कि श्रीरामचन्द्र के राज्याभिषेक विषे सूर्यकोरथछः महीना थँभिरह्यो है तहां रात्रिको आगमनै नाहीं है दिनकैसे जान्योजाइ है ( ११ ) हे भरद्वाज सबकपि श्रीरामानन्द में मग्न हैं तातेगृह बिसरिगयो है सपनेहुमें सुधिनहीं है कैसेसबको गृहबिसरिगयो है जैसे सन्तनके मनते परावाद्रोह बिसरिजाय ( १२ ) तब तहां श्रीरामचन्द्र सब सखनको बुलावतभये आइकै सब आदरपूर्वक शीश नावतेभये ( १३ ) तिनसबको परमप्रीतिते समीप बैठारतेभये भक्तन के सुखदाता जे श्रीरामचन्द्र ते मृदुकही सुखदायक बचन बोलतेभये ( १४ ) हे सखहु तुमने मोरि सबभांतिते अति सेवकाईकीन मुखपर तुम्हारी बड़ाई क्यहिप्रकारते करौं ( १५ ) ताते तुम मोको अतिशय प्रियलागेहौ काहेते मेरे हितके निमित्त तुम अपने भवनको सुख अरु अपने देहको सबसुख त्यागिदीन है ( १६ ) ताते अनुज जे हैं अरु मेरीराज्यजोहै अरु संपूर्ण संपत्तिजोहै अरु बैदेही श्रीजानकीजी जोहैं अरु घर परिवार मेरी देह अरु मेरीदेहके जेते सनेही हैं ( १७ ) एते समस्त मोको प्रिय हैं पर तुम्हारे समान प्रियनाहीं हैं यह मैं सत्यकहतहौं सत्यकरबाना मैं बांधेहौं ( १८ ) तहां यहरीति है कि सेवक सबको प्रियहै पर मोरे दासपर अधिक प्रीतिहै तहां सेवक जोई सेवकाई करै अरु दास जो आत्मसमर्पण

तबरघुपतिसबसखाबुलाये आइसबनसादरशिरनाये १३ परमप्रीतिसमेतबैठारे भक्तसुखदमृदुबचनउचारे १४ तुमअतिकीनमोरिसेवकाई मुखपरकेहिबिधिकरौंबड़ाई १५ ताततुममोहिंअतिप्रियलागे ममहितलागिभवनसुखत्यागे १६ अनुजराजसंपतिबैदेही देहगेहपरिवारसनेही १७ सबममप्रियनहिंतुमहिंसमाना मृषानकहौंमोरयहबाना १८ सबकेप्रियसेवक यह नीती मोरेअधिकदासपरप्रीती १९ दो०॥ अबगृहजाहुसखासबभजहुमोहिंदृढ़नेम सदासर्बगतसर्बहित जानिकर्‌यहुअतिप्रेम २० चौ०॥ सुनिप्रभुबचनमगनसबभये कोहमकहाँबिसरिगृहगये २१ यकटकरहेजोरिकरआगे सकहिंनकछुकहिअतिअनुरागे २२ परमप्रेमतिनकरप्रभुदेखा कहाबिविधबिधिज्ञानविशेखा २३ प्रभुसन्मुखकछुकहइनपारहिं पुनिपुनिचरणसरोज

करै ( १९ ) दोहार्थ॥ हे सखहु अब मेरी आज्ञाते अपने अपने गृहकोजाहु तहां मोको सर्वविषे गतकही ब्यापक अरु सर्वजीवनको हितकारी सदा असजानिकै मोरभजन दृढ़करिकै प्रेमते करत रहब ( २० ) श्रीरामचन्द्रके बचन सुनिकै सबमग्न होतभये मनमें यह कहत हैं कि को हमहैं कहां हमारघर है हमको तौ तनकीसुधि भूलिगई है ( २१ ) दूनोंकरजोरिकै ठाढ़ेहैं पलक नहीं चलतीहै अति अनुरागते कछुनहीं कहिसकते हैं ( २२ ) हे गरुड़ तब तिनकर परमप्रेम देखिकै विविध प्रकारके बिशेष विवेक सहित ज्ञान तिनको श्रीरामचन्द्र उपदेश करतेभये ( २३ ) श्रीरामचन्द्रके सम्मुख कछुनहीं कहिसकते पुनि पुनि चरणसरोज निहारते हैं ( २४ ) तब श्रीरामचन्द्र परमदिव्य भूषण बसन मँगावतेभये कैसेभूषण बसनहैं नानारङ्गके अति अनूप हैं ( २५ ) जरावनके दिव्यबसन रघुनाथजीकीआज्ञाते भरत जी अपने हाथन बनाइ बनाइ प्रथम सुग्रीवको पहिरावते भये ( २६ ) पुनि लंकापति जो बिभीषण हैं तिनको श्रीरामचन्द्रकी आज्ञाते लक्ष्मणजी पहिरावते भये श्रीरामचन्द्रको भलभाये हैं ( २७ ) तहां अङ्गद बैठेरहे डोलेनहीं त्यहि अङ्गदकै प्रीति देखिकै श्रीरामचन्द्र नहींबोले ( २८ ) दोहार्थ॥ श्रीरामचन्द्रकी आज्ञाते तीनिउभाई अरु परम चतुर जे सेवक हैं ते सबमिलिकै जामवन्त नलनीलादिक प्रथम सबराजनको बस्त्र अलंकार पहिरावतेभये पुनि अठारहौपद्म यूथपनको पहिराये पुनि संपूर्ण सेनाको परमदिव्य बस्त्र भूषण जो देवतनको दुर्लभ हैं सो यथायोग्य श्रीरामचन्द्रकी प्रसादी पहिरावतभये ते सबहृदय में श्री

निहारहिं २४ तबप्रभुभूषणबसनमँगाये नानारंगअनूपसोहाये २५ सुग्रीवहिंप्रथमहिंपहिराये बसनभरतनिजहाथबनाये २६ प्रभुप्रेरितलक्ष्मणपहिराये लंकापतिरघुपतिमनभाये २७ अंगदबैठिरहेनहिंडोले प्रीतिदेखिप्रभुताहिनबोले २८ दो०॥ जामवन्तनीलादिसबपहिरायेरघुनाथ हियधरिरामचरणसबचलेनाइपदमाथ २९ तबअंगदउठिनाइशिर सजलनयनकरजोरि अति विनीतबोलेबचन मनहुँप्रेमरसबोरि ३० चौ०॥ सुनुसर्बज्ञकृपासुखसिंधो दीनदयाकरआरतबन्धो ३१ मरतीबारनाथमोहिंबाली गयोतुम्हारेकोछेघाली ३२ अशरणशरणविरदसंभारी मोहिंजनितजहुभक्तहितकारी ३३ मोरेतुमप्रभुगुरुपितुमाता जाउँकहाँ

रामचन्द्रके चरणकमलों को धारण करिकै अरु पैरन में माथनवाइकै चलेहैं ( २९ ) हे पार्वती तब अङ्गद उठिकै श्रीरघुनाथजीके चरणों में माथ नावतभये हैं अरु नेत्रनमें जलभरिआयो है दूनौंकरजोरिकै अतिबिनीतकही दीनह्वैकै मानहुं प्रेमतेबोरे बचनबोलतेभये इहां मानहुं उत्प्रेक्षा जो कहा सो निमित्तमात्र जानब ( ३० ) अबअंगदकहतेहैं कि हेसर्बज्ञ कृपा अरुसुखके सिन्धु हेदीनदयाकर आरतकेबन्धु इहां अंगद तीनि संबोधन दीन त्यहिको यह अभिप्रायहैकिमेरे अन्तष्करणको अभिप्राय तुम जानतेहौ तातेसर्बज्ञ कहाहै अरुतुमकृपाके समुद्रहौ मोपर कृपा काहेको छोड़तेहौ मोको न बिदाकरौ अरु तुमदीनबन्धुहौ मोको न त्यागहु ( ३१ ) हे नाथ मरतीबार मोकोबालि तुम्हारे गोदमें डारिगयोहै ( ३२ ) अरु तुम अशरणशरण हौ तुम्हारो बिरदकही बाना ताको तुमसम्हारहु अरु तुम्हारबिरद नित्यअखण्डहै हे भक्तहितकारी मोको जनित्यागकरौ यहां ब्यंग्यहै कि जो मोको त्यागहुगे तौ तुम्हारो बिरद छूटिजाइगो अरु तुम अपने बिरदको सँभारतआयेहो काहेते तुम भक्तहितकारी हौ अरु मैं तुम्हार भक्तहौं ( ३३ ) पुनि अंगद कहते हैं कि मेरे गुरु माता पिता तुमहौ इहांभी ब्यंग्यहै कि पिताजो बालि ताको तुमने मारिकै परमपद दीन अरु माता सुग्रीवने लीनि है याते अब मेरे सब प्रकारते मातु पितु आपही हौ हे प्रभु इन चरण कमल को छोंड़िकै कहां जाउँ ( ३४ ) हेनरनाह राजा आपुही बिचार करिकै कहो आपुको छोंड़िकै घरमें मोर कौन काजहै नाथघरमें मोरकछुकाज नहीं है ( ३५ ) अरु हे नाथ में बालक अज्ञानहौं अरु बुद्धि ज्ञानबल करिकैहीनहौंताते मोको हीन जानिकै शरणमें राखिये ( ३६ ) तहां अंगदकहतेहैंकि हेमहाराज जोआपुके घरमें नीचटहल होइहि सोमैंसम्पूर्ण करब

तजिपदजलजाता ३४ तुमहिंबिचारिकहोनरनाहा प्रभुतजिभवनकाजममकाहा ३५ बालकज्ञानबुद्धिबलहीना राखहुशरणजानि जनदीना ३६ नीचटहलगृहकैसबकरिहौं पदपंकजबिलोकिभवतरिहौं ३७ असकहिचरणपरेउप्रभुपाहीं अबजनिनाथकहहुघरजाहीं ३८ दो०॥ अंगदबचनबिनीतसुनि रघुपतिकरुणासीव प्रभुउठायउरलायउ सजलनयनराजीव ३९ निजउरमालबसनमणिबालितनयपहिराइ बिदाकीनभगवानतब बहुप्रकारसमुझाइ ४० चौ०॥ भरतअनुजसौमित्रसमेता पठवनचलेभक्तकृत

अरु आपके पदपंकज बिलोकिकै संसारको तरिजैहौं तहां श्रीरघुनाथजीके घर में तौ नीच टहल हई नहीं है इहां अंगदने क्यों कहाहै तहां यह अर्थ होतहै कि मैं नीच बुद्धीहौं सो सब टहल करौंगो अरु यह कहा कि पद पंकज बिलोकि भवतरिहौं त्यहिको यह अर्थ है भवकूप जो है मोर गृह अरु भवन जो शरीराभिमान त्यहिते तरिजाउँगो नाम छूटि जाउँगो यह अर्थ हमने काहेते किया कि जहां श्रीरामचन्द्र विद्यमान तहां भव तरिबेकर प्रयोजन नहीं है ( ३७ ) तब अंगद दीनबचन अनेक व्यंग्य सामर्थ सामर्थ करिकै पाहि पाहि कहिकै रघुनाथजी के चरणन में परतेभये हे नाथ अब जनि गृहमें जाइबेको कहौ ( ३८ ) दोहार्थ॥ तब अंगद के बचन अतिविनीत सुनिकै करुणाके सीवकही मर्याद

श्रीरामचन्द्र अंगद को उठाइकै उरमें लगावतेभये अरु श्रीरामचन्द्रके कमलनयनमें जलभरिआयो ( ३९ ) तब जो राज्याभिषेक विषे श्रीरामचन्द्रने भूषण बसन पहिरेउरहै सोई अंगदको पहिरावते भये काहेते कि अंगदको बिदाकीनचाहते हैं तहां राज्याभिषेक बसन भूषण पहिराइकै अपनी सारूप्य मुक्ति विद्यमान दीनहै अरु यहिमें यह अभिप्राय है कि अपने सामान्यऐश्वर्यकी सम्पूर्णटहल दीनहै यह सब दैकै अनंतर अपने कंठकीमाला पहिरायकै बहुप्रकारते समुझाइकै श्रीरामचन्द्रने बिदाकीन ( ४० ) तब रामकी आज्ञाते भरतजी लक्ष्मण शत्रुघ्न ते सब कपिनके पहुंचाउबेको चले कैसे हैं तीनिउभाई सर्ब जीवनके आचार्यरूप हैं ताते सबभक्तनकेवाह्यांतरके चैतन्यकर्त्ता हैं ताते भक्तकृत चेता कहाहै ( ४१ ) तहां अंगदके हृदयविषे थोरा प्रेमभाव नाहीं है बहुतहै काहेते पुनि कही बारबार श्रीरामचन्द्रको सर्बरस चितवतेहैं ( ४२ ) तहां अंगदजी बारबार प्रणाम करते हैं अरु मनमें यहहोतहै कि श्रीरामचन्द्र मोको कहैं कि रहिजाहु ( ४३ ) तहां अंगदजी यह समुझिकै कि श्रीरामचन्द्रकै बिलोकनि चलनि

**चेता ४१ अंगदहृदयप्रेमनहिंथोरा फिरिफिरिचितवरामकीओरा ४२ बारबारकरिदंडप्रणामा मनअसरहनकहहिम्वहिंरामा ४३ रामबिलोकनिबोलनिचलनी सुमिरिसुमिरिशोचतहँसिमिलनी ४४ प्रभुरुखदेखिबिनयबहुभाषी चलेहृदयपदपंकजराषी ४५ अतिआदरसबकपिपहुंचाये भाइनसहितभरतफिरिआये ४६ तबसुग्रीवचरणगहिनाना भाँतिबिनयकीन्हीहनुमाना ४७ दिन**

कही रहस्य अरु श्रीरामचन्द्रकै मिलनि अरु हसनि मुसकानि यहिसबको सुमिरत हैं कि यह मैं फिरिकब देखिहौं यहसुमिरि सुमिरि बार बार शोचकरते हैं ( ४४ ) अब जब अंगदजू प्रभुनकेर रुष अपने बिदाहोबेको देखा तब बहुत बिनय बचन कहिकै हृदयविषे पदपंकज राखिकै चलतेभये ( ४५ ) तब अति आदरते सब कपिनको पहुंचाइकै भाइन समेत भरतजू श्रीरामचन्द्रके समीप आवतेभये ( ४६ ) तब हनुमान् जी सुग्रीवके चरणगहिकै नाना भांतिकी बिनय करतेभये ( ४७ ) पुनि हनुमान्‌जी बोले हेराजा सुग्रीवजी दिनेश श्रीरघुनाथजी के पदपंकज सेवन करिकै हे देव फिरि आपके चरणदेखौंगो इहां हनुमान्‌ने कहा दिनदशमें तुम्हारे चरण फिरिदेखौंगो अरु रघुनाथजी को छोड़िकै अब जाइँगे नहीं तहां यहबचन क्यों कहा तहां यहिबातमें बिंग्यार्थ है कि श्रीरामचन्द्रने मोको आपनकीन है तहां जो कदाचित् मेरी अभाग्यते यह मेरे दिनदशा फिरिजाहिं श्रीरघुनाथजी मोको त्यागकरहिं तौ फेरि आपुकेचरण देखौंगो किंतु दिनदश कहना यह लोकब्यवहार वाणी है बड़ेनको समान है ( ४८ ) तब हनुमान्‌के बचनसुनिकै उक्तबाणीको अभिप्राय जानिकै सुग्रीवबोले हे पवनकुमार तुमपुण्यके पुञ्जहौ कृपाके आगारकही स्थान श्रीरामचन्द्र तिनकीसेवा सदा करहुजाइ ( ४९ ) ऐसे अनुरागते कहिकै सुग्रीव सब कपिन संयुक्त चलतेभये तब अंगदने कहा हे हनुमन्त ( ५० ) दोहार्थ॥ श्रीरामचन्द्र करुणानिधानसे बारबार दण्डवत् कहबकरब तुमसे करजोरिकै कहतहौं अरु हे हनुमन्त मोरिसुरति श्रीरघुनाथजीसे बारबार नित्यकरावत रहब ( ५१ ) असकहिकै अंगदबिदाभये तब हनुमान् फिरिआयकै अंगदकैप्रीति श्रीरामचन्द्रसे कहतभये सो सुनिकै भगवान् मग्नहोतभये ( ५२ ) हे भरद्वाज श्रीरामचन्द्रकेर स्वभाव केहूके जानिबेयोग्य नहीं है काहेते कि अंगदके मनकर्म बचनते दीनह्वैकै रहबेकी इच्छारही है अरु सबशास्त्र कहते हैं कि श्रीरघुनाथजी भक्तबत्सल हैं अरु शरणागत पालक हैं ऐसे विशेष हैं अरु अंगदको बिदाकीन तहां इतना कछु समुझिपरत है कि श्रीरामचन्द्रजी कुलिशहुते चाहिकरिकै कठोरहैं अरु कोमल कुसुमहुते अधिक हैं चाहिकरिकै तहां ऐसोचित्त श्रीरामचन्द्र

**दशकरिरघुपतिपदसेवा पुनितवचरणदेखिहौंदेवा ४८ पुण्यपुंजतुमपवनकुमारा सेवहुजाइकृपालुअगारा ४९ असकहिकपिसबचलेतुरन्ता अंगदकहैसुनहुहनुमन्ता ५० दो०॥ कहेउदंडवतप्रभुसन तुम्हैंकहौंकरजोरि बारबाररघुनायकहिसुरतिकरायहुमोरि ५१ असकहिचलेउबालिसुत फिरिआयेहनुमन्त तासुप्रीतिप्रभुसनकही मगनभयेभगवन्त ५२ कुलिशहुचाहिकठोरअति कोमलकुसुमहुचाहि चितखगेशअसरामकर समुझिपरैकहुकाहि ५३ चौ०॥ पुनिकृपालुलियेबोलिनिषादा दीने-**

केर हे गरुड़ कहु क्यहिको समुझिपरै किन्तु जे श्रीरामचन्द्र के केवलकृपापात्र हैं तिन काहूकाहूको श्रीरामचन्द्रकेर स्वभाव जानिपरत है काहेते कठोरता कुलिश में चाही अरु कोमलता कुसुम में चाही श्रीरामचन्द्र तौ कठोरता कोमलता दोऊते परेहैं अरु दया नीतिके निधान हैं जो कोई कहै कि ऐसे तौ श्रीरामचन्द्र हैं अरु अंगदके बिदाकेहेतु इतनी कठोरता काहेते किहिनि तहां श्रीरामचन्द्र भक्तबत्सल हैं ताते अंगदके बचन के अर्थ में अंगदको बिदाकीन है काहेते अंगदने कहा है कि मरतीबार बालि तुम्हारे कोंछे घालिगयो है नाम तुमको सौंपिगयो है तहां जो कोई अन्तकालके समयमें अपने बालकको बड़ेको सौंपत है तौ अपने घरकी विभूतिकै मालकीके हेतु ताते श्रीरघुनाथजी अंगदको बिदाकीन है अरु अङ्गदने कहा कि पदपंकज बिलोकि भवतरिहौं ताते श्रीरघुनाथजी अपनो राज्याभिषेकके निज पट भूषण दीन है कि तुम जहांरहौ तहां हमारे हौ अरु सारूप्यमुक्ति दीनहै अरु अपने राज्यको रक्षककीन है अरु अपनी प्रकृति विभूतिते निज पट भूषणदैकै अभयकीन है ताते श्रीरामचन्द्र कैसेहैं कुसुमहुंते अधिक कोमल हैं अरु कठोरता केवल बज्रमें है किन्तुकठोरता अरु कोमलताके श्रीरामचन्द्र महाराज धनीहैं अरु बज्र इत्यादिकमें जो कठोरता है अरु कुसुम इत्यादिकमें जो कोमलताहै सो सबश्रीरामचन्द्रके भण्डारहीते इनको मिलीहै काहेते कठोरता अरु कोमलता सब श्रीरामचन्द्रकी विभूति है ( ५३ ) पुनि श्रीरामचन्द्र निषादको बोलावतेभये अपनी प्रसादी भूषण बसन देतेभये ( ५४ ) हेसखे अब भवनको जाहुहमार सुमिरण करतरह्यउ हमारे सम्बन्ध धर्म मनक्रमबचनते अनुसरत रह्यउ ( ५५ ) हे सखे तुमहमकोभरतभ्राताके समानप्रियहौं ताते श्री

**भूषणबसनप्रसादा ५४ जाहुभवनममसुमिरणकरेहू मनक्रमबचनधर्मअनुसरेहू ५५ तुमममसखाभरतसमभ्राता सदारहेउपुरआवतजाता ५६ बचनसुनतउपजासुखभारी परेउचरणभरिलोचनबारी ५७ चरणनलिनउरधरिगृहआवा प्रभुसुभावपरिजनहिँ सुनावा ५८ रघुपतिचरितदेखिपुरबासी पुनिपुनिकहहिँधन्यसुखरासी ५९ रामराज्यबैठेत्रैलोका हर्षितभयेगयेसबशोका ६० बैरनकरकाहूसनकोई रामप्रतापविषमताखोई ६१ दो०॥ बर्णाश्रमनिजनिजधरम निरतवेदपथलोग चलहिँसदापावहिँसुखहि नहिँभयशोकनरोग ६२॥** * * * *

अयोध्याकोबारबार आवतजात रह्यहु ( ५६ ) तब श्रीरामचन्द्रके बचन सुनतसंते निषादको अतिआनन्दभयो तबनेत्रनमें जलभरि आयो श्रीरघुनाथजीकेचरणमें परते भये ( ५७ ) हे भरद्वाज श्रीरामचन्द्रके चरणकमल हृदयमें धरिकै भवनको जातभयोतहां श्रीरामचन्द्र केरसुभाव प्रेम संयुक्त सम्पूर्ण अपने परिजनन को सुनावत भयो ( ५८ ) श्रीरामचन्द्रकेर अद्भुतचरित अवधबासी देखि देखि सुनि सुनि पुनि पुनि कहते हैं श्रीरामचन्द्र सुखकेरासि धन्य हैं ( ५९ ) हे पार्वती श्रीरामचन्द्र जबते राज्यपर बैठेतबते त्रैलोक्यके जीव चराचर सम्पूर्ण परमसुखको प्राप्तभये सम्पूर्णशोक जातरहे ( ६० ) तहां कोई रामचन्द्रके राज्यमें काहूते बैरनाहीं करते हैं सब निर्भय ह्वैगये श्री रामचन्द्र के प्रतापने सम्पूर्ण विषमता जीवन की मिटाइ दीन्ही है ( ६१ ) दोहार्थ ॥ तहां चारिउ बर्ण अरु चारिउ आश्रम अपने अपने धर्म वेद मार्गकी रीतिपर चलतेहैं तिनको भयशोक सपनेहुँ विषे नाहींहै बर्णाश्रम कर्म धर्म इत्यादिक चरण ब्राह्मण क्षत्री वैश्यशूद्र ब्राह्मणनके कर्म धर्म समदृष्टि किन्तु समकही चित्त बुद्धि मन अहंकार इनकी वृत्ति कामना विषेनचलै सोसमकही ब्राह्मणके एकगुणपुनि दम पांच ज्ञानइन्द्रीपांचकर्मइन्द्री तिनके विषयको रोंकिदेना पुनि तप करना पुनि शौच त्रिकाल स्नानादिक पुनि शान्ति निन्दा स्तुतिमें सम पुनिआर्यव कहे करुणा दया पूज्यमान पुनि ज्ञान सारासारको जानना अपने स्वरूप को लक्ष करना पुनि विज्ञान चराचर में ब्रह्मभाव करना पुनिअस्तिमान आशीष शापकी सामर्थ्य येतेनव ब्राह्मण में स्वाभाविकै चाहिये पुनिक्षत्रीके कर्म खड्गदान तपमें शूरतेजसी सबकोईडरै धैर्यमानसबप्रकारते सावधान दक्षकहे शास्त्र वेत्ता शास्त्रके विधिते नीति करनायुद्धमें अचल वेद विधिते दानकरिकै ईश्वरार्पण येषट् क्षत्रीके स्वाभाविकै धर्महैं वैश्यके धर्म कृषी बाणिज्य गऊको सेवन शूद्र तीनिहूँ बर्णकी सेवा करै प्रमाणश्रीभगवद्गीतायांश्लोक तीनि॥ शमोदमस्तपःशौचंक्षान्तिरार्जवमेव च॥ ज्ञानंविज्ञानमास्तिक्यंब्रह्मकर्मस्वभावजं १ शौर्यंतेजोधृतिर्दाक्ष्यंयुद्धेचाप्यपलायनं॥

दानमीश्वरभावश्चक्षात्रकर्मस्वभावजं २ कृषिगौरक्ष्यवाणिज्यं वैश्यकर्मस्वभावजं॥ परिचर्यात्मकंकर्मशूद्रस्यापिस्वभावजं ३ पुनि आश्रम के कर्म धर्म ब्रह्मचर्यविद्याध्ययन स्वहस्त भोजन गुरुआज्ञाकरना गृहस्थको कर्म जोधनउत्पन्नकरै सोकोई यत्नसे तामें अठारहभागकरै एकभाग तुरन्तपुण्यकरिदेइ अरु सत्रहभागमें गृहस्थीकरै अतिथि सेवन कुटुम्ब सेवन अरु पितृऋण तर्पण श्राद्ध करै देवऋण यज्ञकरै ऋषिऋण तीर्थ ब्रतदान इनतीनिऋणते तबछूटै अरु नित्य पञ्चबलिबैश्वकरै इन्द्र बरुण कुवेर धर्मराज अग्नि अरु पंच देवताकी पूजनकरै विष्णु शिवदेवी गणेशसूर्य पूजिकै विष्णुते मुक्ति मांगै किन्तु जो गुरु इष्टबतावै सोई पूजनकरै पुनि बानप्रस्थके कर्म धर्म जो ब्रह्मचारी विवाहकरै पुनि बानप्रस्थ लेइ तब बन में जाइकै स्त्रीसंयुक्त तपकरै किन्तु ब्रह्मचर्य ही ते बानप्रस्थ लेइ बन जाइतपकरै पुनि संन्यास कर्म सो दुइ प्रकारको एकवैष्णव एकशैवतेद्वौ दण्ड ग्रहण करिकै दुइरात्री कहूँ नहीं टिकै ग्राममें नहीं जाइ रात्रिको भोजनधातु अरुबाहनको त्याग ब्रह्मनेष्टी ब्रह्मवेत्ता बैराग्यमान बाह्यान्तर इंद्री जीते पुनि संन्यासमें दुइभेद एक दिविदिषा संन्यास जो कहिआये हैं कछुकर्म बेदाज्ञा लिहेहैं अरु एक विद्वत् संन्यास परमहंस दशावर्णाश्रम इत्यादिक धर्म कर्मको त्यागहै (६२) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुपविध्वंसनेउत्तरकांडेश्रीरामराज्याभिषेकवर्णनन्नामसप्तमस्तरंगः ७॥

दोहा॥ अष्टतरंगमलोकत्रयरामराज्यअतिसोछ, सर्बजीवयकरससुखीरामचरणभयमोछ ८ हेगरुड़ श्रीरामचन्द्रके राज्य बिषे तीनिहूँ ताप काहू जीवनको नहीं ब्याप्यो है त्रैतापकवनि है देहिककही अध्यातम देहसम्बन्धी तामें दुइभेद एक ब्रह्मज्वर जूड़ी अनेक रोग देहमें उत्पन्नहोइ अरु मिथ्याबचन इत्यादिक पुनिएकअन्तर कामक्रोधलोभमोह मदमात्सर्य बासना इत्यादिक ताको देहिकतापकही पुनिदैविककही अधिदैवतजोदेवतन करिकै बिघ्नहोइ पालापत्थर अतिवृष्टि अनावृष्टि अरुबज्रपात इत्यादिकताको दैविककही पुनि भौतिककही आधिभूत जीवनकरिकै पीड़ित होइ राजा चोर सर्पसिंह इत्यादि करिकै जो दुःखहोइ ताको भौतिक कहीयेते तीनिउंताप हैं सो श्रीरामचन्द्रके राज्यमें काहूजीवनको नहीं व्याप्त भयो (१) हे भरद्वाज सवनारि नर परस्पर प्रीतिकरते हैं अरु सब अपने बेदकी रीतिकरिकै स्वधर्ममें चलते हैं (२) श्रीरामचन्द्रके राज्य में धर्म के चारिउचरण सत्य शौच तप दान सो सर्वविषे पूरिरहाहै अघ सपनेहुंविषे नहीं रहेउहै (३) तहां श्रीरामचन्द्रकी भक्ति में नीकीप्रकार

**चौ०॥ देहिकदैविकभौतिकतापा रामराजनहिँकाहुहिब्यापा १ सबनरकरहिँपरस्परप्रीती चलहिँसुधर्मनिरतश्रुतिनीती २ चारिउचरणधर्मजगमाहीं पूरिरहासपन्यहु अघनाहीं ३ रामभक्तिरतनरअरुनारी सकलपरमगतिकेअधिकारी ४ अल्पमृत्युनहिंकवनिउंपीरा सबसुन्दरसबबिरुजशरीरा ५ नहिंदरिद्रकोउदुखीनदीना नहिंकोउअबुधनलक्षणहीना ६ सबनिरदम्भधर्मरत**

प्रीति पूर्वक रहतहैं सब नर नारी भक्तिकही नवधाप्रेमापरा श्रवण कीर्तन स्मरण पादसेवन अर्चन बंदन दास्यसख्य आत्मसमर्पण प्रेमापरा ऐसी भक्ति कि हे श्रीरामचन्द्रविषे सबरहत हैं अरु सर्बजीव त्रैलोक्यविषे जेते हैं सब परमपदकी गतिके अधिकारी हैं (४) अरु अल्प मृत्युकाहू जीवकी नहीं है अरु कौनिउं पीड़ा नहीं किसीजीवको है अरु सर्ब जीवनिरुजकही अरोग्यहैं अरु सब अतिसुन्दरहैं यामें यह अभिप्रायहै कि शरीर करिकै सब किशोर अवस्थामें हैं दिननकरिकै थोरेअधिकहैं (५) अरु न कोई दरिद्रीहै न कोई दुखीहै अरु न कोई कवनिउं वस्तुके दीन हैं अरु कोई अबुध नहीं है सब पण्डित हैं अरु लक्षणकरिकै हीन कोऊनहीं है सब सम्पूर्ण सुलक्षणकरिकै संपन्न हैं (६) अरु सब निर्दम्भ हैं धर्मरत धुनी हैं धुनीकही जिनके धर्महिंविषेरत धुनि है अहर्निशि किंतुरतधुनीकही अचल धुरंधर हैं धर्मविषे अरु नर नारि सब छोट बड़ चतुर हैं गुणमानहैं (७) अरु जेते नर नारिहैं ते सब अतिगुणज्ञहैं अरु पंडितहैं अरु सर्व ब्रह्मते बेत्ताहैं अरु सव कृतज्ञकही एकएकके कृतकही करणीको सबजानते हैं अरु कपटकी सयानी किसूमें नहीं है (८) दोहार्थ॥ हे गरुड़ श्रीरामराज्यविषे जेतेजीव चराचर जगत् त्रैलोक्यविषे हैं तिन सबको कालकही भूतभविष्य वर्तमान अरु कर्म सात्विक राजस तामसजेहैं अरु सुभावकही जो वहि पूर्वजन्मके किये कर्म त्यहिकर्मकी सूक्ष्मता जो रहिगई है सो बिना प्रयोजन इन्द्रिनकरिकै वर्तमान होतहै सुभावके द्वार ह्वैकै शरीरमें भोग्यहै ताको

सुभावकही पर आगेको बीर्य नहीं रहत है अरु पूर्वजन्मके कर्म शरीरमें वर्तमान होतेहैं ताको संस्कार अरु तीनिहूंगुणके प्रभाव करिकै क्रमते देवमुनि नर दानव इत्यादिक चराचर सब हैं ऐसेजे काल कर्म सुभावगुण ते सब श्रीरामराज्यमें काहूजीवको नहीं व्याप्तभये हैं तहां काल कर्म सुभावगुणके वश्य ह्वइकरिकै जीवनको जन्म मरण बंधन होतेहैं अरु जे यहिते रहितभये हैं ते त्रैलोक्यमें जीवन मुक्तिभये हैं अरु श्रीरामचन्द्र के राज्यमें ब्रह्मांडभरेके जीवनको

**धुनी नर अरुनारिचतुरसबगुनी ७ सबगुणज्ञसबपण्डितज्ञानी सबकृतज्ञनहिंकपटसयानी ८ दो०॥ रामराजनभगेशसुनुसचराचरजगमाहिं कालकर्मसुभावगुणकृतदुखकाहुहिनाहिं ९ चौ०॥ भूमिसप्तसागरमेखला एकभूपरघुपतिकोशला १० भुवनअनेकरोमंप्रतिजासू यहप्रभुताकछुबहुतनतासू ११ सोमहिमासमुझतप्रभुकेरी यहबरणतहीनताघनेरी १२ सोमहिमाखगेशजिनजानी**

ये चारिउ काल कर्म सुभाव गुण नहीं व्याप्तभये हैं ताते सर्बजीवनमुक्तहैं ताते यह समुझिबे में आवत है कि श्रीरामचन्द्रके राज्यमें जगत में चराचरजीव सब परमपदको प्राप्तिभये हैं जो कोईकहै कि पुनि कहांते जीव जगतमें प्राप्तिभये तहां श्रीरामचन्द्र की बिभूतिविषे अनंतजीव हैं काहूके जानिबेयोग्य नहीं हैं परमेश्वर चाहै एकपलमें कोटिन ब्रह्मांडकी रचनाकरै पालनकरै संहारकरै पर नित्यनबीन करिसकै हे ऐसे सामर्थ्य के चरित्र कौन जानिसकैहै नाम कोई नहीं जानिसकैहै ( ९ ) हे गरुड़सातौदीपकी भूमि जोहै तिनविषे सातौं समुद्र मेखलाकही घेरे हैं तहां दीपनके बर्णन अरु समुद्रनके बर्णन बालकांडमें राजा भानुप्रतापके प्रसंगविषे कहिआये हैं तिनसबके राजा एक श्रीरामचन्द्रहैं ( १० ) तहां हे गरुड़ यह नैमित्य लीलाके प्रकर्णमें अनंतभागहैं एकभागको किंचित्प्रकर्णकहे है ननुभुवनकही अनेकन ब्रह्मांडते श्रीरामचन्द्रकी मायाकेविषे रोमरोममें प्राप्ति हैं तहां यहि प्रभुताकी काबड़ी बात है ( ११ ) सोप्रभुता श्रीरामचन्द्रकै समुझतसंते यहबर्णत बड़ीहीनता होती है ( १२ ) हे खगेश जिनब्रह्मबेत्तन श्रीरामचन्द्रकी महिमा जानी है तेऊ श्रीरामचन्द्रके येही चरित्रमें रतिमानते हैं ( १३ ) काहेते कि सो महिमा जिन जानीहै ते परलोकके साधन जेते करते हैं तहां श्रीराम एक कल्प तरु हैं परलोकके प्राप्तिकी बासना सो फलहै अरु सो ऐश्वर्य्य महिमा श्रीरामचन्द्रकै रसमयफल है अरु पद महिमा जो दशरथ नन्दनकी मरमदिब्यलीला सो स्वादुपुष्टी है यह बात जे मुनि दमशील कही आत्मदर्शी हैं ते कहते हैं ( १४ ) हे पार्वती श्रीरामचन्द्रके राज्यमें जेती सम्पदा सुख है सर्ब जीवनको सो शेष शारदा नहीं कहि सकते हैं ( १५ ) अरु सब उदार हैं इहां उदारकही सब सदा प्रसन्न हैं सर्ब सर्बके दाता हैं अरु सबउपकारीकही श्रीरामतत्व चरित्र एक एकनको उपदेशदेते हैं अरु श्रीरामचन्द्र महाराज को ब्रह्मण्य जानिकै ब्राह्मणके चरणमें सबकी प्रीति है ( १६ ) अरु जेते नरसंज्ञा मनुष्य देवदानव पशु पक्षी कीट इत्यादिक

**फिरियहचरिततिनहुँरतिमानी १३ सोजानेकरफलयहलीला कहहिंमहामुनिबरदमशीला १४ रामराज्यकरसुखसम्पदा बरणिनसकैंफणीशशारदा १५ सबउदारसबपरउपकारी बिप्रचरणसेवकनरनारी १६ एकनारिपतिव्रतसबझारी तेमनबचक्रमपतिहितकारी १७ दो०॥ दण्डयतिनकरभेदजहँ नृत्यकनृत्यसमाजजीतहिँमनहिँमुनियअस रामचन्द्रकेराज १८ चौ०॥ फूलहिँफ**

हैं ते सब श्रीरामचन्द्र के राज्य में एकपत्नी ब्रतहै अरु पत्नी एक पतिब्रतहै मनक्रम बचनते ( १७ ) दोहार्थ॥ हे भरद्वाज चारिराजनीति साम दाम दण्ड बिभेद ये चारिउ श्रीरामचन्द्रके राज्यमें कैसे बर्तमानहैं नाममात्र बर्तमान हैं कैसे जानिये कि अनीति तौ कोई जीव में है नहीं ताते दण्डजो राजनीति है सो कहांरहै संन्यासी के कर्णमें रह्यो अरु भेद कहीकोई यत्नते राजाजेहैं सो अवरेराज के काज कामी किन्तु भ्राता पुत्र इत्यादिकनको फोरिलेना सो भेद राम राज्यमें कोई जीवमें नहींरहाहै पुनिकहां रह्योहै जो समाजनमें नृत्यकार हैं तिनके गानकेभेद तिनके बाजा के भेद अरु नृत्यके भेद तिनके समाजन में रहे हैं पुनि दामकही द्रब्यहाथी घोड़े पैदर रथ आयुध अनेकन करिकै राज पराई राज्य

धन धान्य इत्यादिक जीतिलेइ किन्तु अपनीराज्यमें अपनाते कोई जबरदस्त आयोतौ उसको द्रब्यदैकै अपनी राज्यकी रक्षाकियो किन्तु द्रब्यदैकै पराईराज्यको लैलियो है तहां दामजो राजनीति है तेहिको गुण कोई प्रकारतेकाहूको जीतिलेना सो श्रीरामचन्द्रके राज्यमें सबतौ सबपदार्थते परिपूर्ण है को किसको जीतै है तहां दामजो राजनीति सो कहां रह्योहै तहां योगवैराग्य ज्ञान विज्ञान भक्ति इनदासन करिकै इन्द्रिन संयुक्त अपने मन को जीतते हैं पुनि साम राजनीति सर्बत्र पूर्ण चराचर विषेहै साम कहीसमतो सो सर्बजीवन विषे स्वभाविकै समता ह्वैरहीहै ताते हे गरुड़ साम दाम दण्ड बिभेद श्रीरामचन्द्र के राज्य में यहि प्रकारते रहेहैं ( १८ ) अरुछइउ ऋतु विषे सम्पूर्ण बनस्पती फूले हैं सदापके हैं अरु एक संग विषे गज अरु पंचानन कहीसिंह बिलासकरते हैं तेहिके पांच आननही मुखहैं विशेषतौ यही अर्थ है किन्तु चारिपग एकमुख करिकै पांचहाथी एक हीबार मारत है ताते पंचाननकही किन्तु पांचमुखहैं परमेश्वरकी रचनामें अनेक बहुमुखके हैं ( १९ ) अरु खग मृग इत्यादिक जे हैं जीव जिन

**लहिँसदातरुकानन रहहिँएकसँगगजपंचानन १९ खगमृगसहजबैरबिसराई सबहिंपरसपरप्रीतिबढ़ाई २० कूजहिँखगमृगनानावृंदा अभयचरहिँबनकरहिँअनन्दा २१ शीतलसुरभिपवनबहमन्दा गुंजतअलिलैचलमकरन्दा २२ लताबिटपमांगेमधुचुवहीं मनभावतेधेनुपयश्रवहीं २३ शशिसम्पन्नसदारहधरणी त्रेताभयकृतयुगकैकरणी २४ प्रकटीगिरिनिविविधमणिखानी जगदातमा भूपजगजानी २५ सरितासकलबहहिंबरबारी शीतलअमलस्वादसुखकारी २६ सागरनिजमर्यादारहहीं डारहिंरत्नतटननर**

जीवनमें एक एकते वैररहेहैं तिनसबको बैर सहजही छूटिगयो है श्रीरामचन्द्रके प्रतापते परस्पर सर्बजीव अति प्रीति करते हैं ( २० ) अरु श्रीरामचन्द्रके राज्यविषे अनेक खगमृगजे हैं सो अतिमधुर बोलते हैं अरु विलोकते हैं कल्लोल करते हैं बनविषे मनवांछित बिचरतेहैं अरु भयरहित आनन्द करते हैं ( २१ ) अरु त्रिबिधि बयारि बहती है शीतल मन्द सुरभिकही सुगन्ध अरु भ्रमर जे हैं ते फूलनके मकरन्द लैलै उड़ते हैं ( २२ ) अरु लता बिटप जे हैं ते सबै कोई मांगै तबै मधु जो है सुधा सम रसद्रवते हें अरु मनवांछित धेनु दूध श्रवतीहैं ( २३ ) अरु पृथ्वी विषेशशि जो कृपी है सो सब ऋतुमें सम्पन्न है तहां श्रीरामचन्द्र के राज्य विषे कर्त्तब्य संयुक्तकी होती भई है ( २४ ) अरु पर्बतन विषे मणिनकी खानि प्रकटतभई है काहेते सम्पूर्ण जगत्के आत्मा श्रीरामचन्द्र को राजा जानिकै ( २५ ) तहां सम्पूर्ण नदी बरकही श्रेष्ठनिर्मल शीतल मधुर स्वादकारी अमीइव जलकरिकै बहतीहैं ( २६ ) अरु सातौसमुद्र अपनी मर्यादाविषे रहतेहैं कहूं बढ़िकै कोई देश नहीं बोरिसकैं अरुरत्न जेहैं किनारेनपरडारत हैं मानहुं मनुष्यनको देतेहैं अरु ज्यहिकी इच्छा आवती है सोनरलेते हैं ( २७ ) अरु तड़ागनविषेकमल फूलिरहेहैं अतिशय प्रसन्नता संयुक्त दशौदिशा प्रकाशमान बिराजरही हैं ( २८ ) दोहार्थ॥अरु बिधु जोचन्द्रमा है सो मयूषकही किरणि अमृतमय त्यहिकरिकै पृथ्वीको पूर्णकिये रहे हैं अरु जितनै जीवनको काज है तितनै रबितपते हैं अरु बारिद जो मेघ हैं सो श्रीरामचन्द्रके राज्यविषे मांगे जल देते हैं हे गरुड़ ऐसे मंगलमय त्रैलोक्यविषेह्वै रहोहै ( २९ ) इतिश्रीरामचरित्रमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसनेउत्तरकांडेश्रीरामराजत्रैगुण्यतीतलक्षण बर्णनन्नाम अष्टमस्तरंगः ८॥

दो०॥ नवतरंगमहँजानियेरामयज्ञश्रुतिरीति॥ राजकाजसेवकअनुजरामचरणअतिप्रीति ( ९ ) हे भरद्वाज श्रीरामचन्द्रने राज्यपर बैठिकै

**लहहीं २७ सरसिजसंकुलसकलतड़ागा अतिप्रसन्नदशदिशाबिभागा २८ दो०॥ बिधुमहिपूरमयूषननरबितपज्यतनइकाज माँगे बारिददेहिंजलरामचन्द्रकेराज २९॥** * * * * * *

**चौ०॥ कोटिनबाजिमेधप्रभुकीन्हे दानअनेकद्विजनकहँदीन्हे १ श्रुतिपथपालकधर्मधुरंधर गुणातीतअरुभोगपुरंदर २ पतिअनुकूलसदारहसीता शोभाखानिसुशीलबिनीता ३ जानतिकृपासिंधुप्रभुताई सेवतचरणकमलमनलाई ४ यद्यपिगृहसेवकसे**

कोटिन अश्वमेध यज्ञकीनहै अरु द्विज जे हैं ब्राह्मण तिनको अनेकदानदीन्हे हैं अरु जो कोई कहै कि बर्षदिनमें एक अश्वमेधयज्ञ होइ है पर बड़ेसामर्थ राजाते अरु श्रीरामचन्द्र तौग्यारह हजारबर्ष राज्यकीन अश्वमेधयज्ञ कैसे कीन है यह संदेहहै तहां एक अश्वमेधविषे जो पदार्थ खर्च होतभयोहै सो एकएक अश्वमेधके पदार्थ कोटिनबिधि बिधानते ब्राह्मणनको देतेभये हैं ताते कोटि बाजिमेध कहाहै किंतु श्रीरामचन्द्र सातद्वीप के राजा जे छोटे बड़े हैं तिनको आज्ञादीन है अश्वमेध करिबेको ते सबग्यारह हजारबर्षताईं यज्ञ करते रहेहैं किंतु श्रीरामचन्द्र परमेश्वरहैं पलकमें कोटिन अश्वमेध करिसकते हैं ( १ ) श्रीरामचन्द्र वेदके पथके पालनकर्त्ता हैं अरु धर्मधुरंधर हैं अरु श्रीरामचन्द्र गुणातीतहैं अरु कोटिन पुरंदरते सरिस भोगकर्त्ता हैं ( २ ) अरु श्रीरामचन्द्रके अनुकूल श्रीजानकीजी रहती हैं कैसी हैं श्रीजानकीजी शोभा शील बिनीत कही प्रवीणताकी खानि हैं ( ३ ) अरु श्रीरामचन्द्रको कृपा प्रभुता को नीकीप्रकारजानती हैं अरु चरणसेवन मनक्रम बचनते करती हैं ( ४ ) यद्यपि गृह विषे सेवक सेवकिनी अनेकहैं कैसी हैं सर्ब सेवा की बिधिमें अतिचतुर हैं ( ५ ) तदपि तहां श्रीजानकीजी अपने करन तेसंपूर्ण अपने गृहकी परिचर्य्या कही टहल करती हैं श्रीरामचन्द्रकी आज्ञाके अनुसार सबकरती हैं ( ६ ) ज्यहिप्रकार श्रीरामचन्द्र सुखमानतेहैं सोई सेवा बिधि श्री जानकी जी जानती हैं और जानिबे योग्य नहीं हैं तहां यह अभिप्राय है कि अपने इहां कितनौ सेवक सेवकिनी होहिं अरु कितनौ ऐश्वर्य होइ तौ भी शालिग्रामकी कैंकर्य अपने हाथते करैं तौ यहजीव श्रीरामचन्द्रको प्राप्तिहोइ है ( ७ ) कौशल्यादिक जो सासुहैं तिनकी सेवाकरती हैं अपने ऐश्वर्य को मानमद त्यागिकै ( ८ ) हे गरुड़ कैसी हैं श्रीजानकीजिनके चरणारबिंदोंको अहर्निशि उमारमा ब्रह्माणी सहित पतिन बंदती

**वकिनी बिपुलसकलसेवाबिधिगुनी ५ निजकरगृहपरिचर्याकरहीं रामचन्द्रआयसुअनुसरहीं ६ जेहिबिधिकृपासिंधुसुखमानहिं सोइकरश्रीसेवाबिधिजानहिं ७ कौशल्यादिसासुगृहमाहीं सेवहिंसबहिंमानमदनाहीं ८ उमारमाब्रह्माणिबंदिता जगदंबा संततुमनिंदिता ९ दो०॥ जाकीकृपाकटाक्षसुरचाहतिचितवनिसोइ रामपदारबिंदरतिकरहिंसुभावहिखोइ १० चौ०॥ सेवहिं सानुकूलसबभाई रामचरणरतिअतिअधिकाई ११ प्रभुमुखकमलबिलोकतरहहीं कबहुँकृपालुहमहिंकछुकहहीं १२ रामकरहिंभ्रातनपरप्रीती नानाभाँतिसिखावहिंनीती १३ हर्षितरहहिंनगरकेलोगा करहिंसकलसुरदुर्लभभोगा १४ अहनिशिबिधिहि**

हैं॥ प्रमाणश्रीहनुमत्संहितायांश्लोकएक॥ जयतिजनकजायाः पादपद्मंचशुभ्रंहरिहरविधिबंद्यंसाधकानांसुसेव्यं॥ नखरनिकरकांतंमुद्रिकानूपुराद्यैरहरहहृदिमध्येयोगयोगीशभाव्यं १ पुनि श्रीजानकीजी कैसी हैं अखिलब्रह्माण्डकी महाकारण हैं अरु संततकही निरंतर परमानंद स्वरूपही हैं ( ९ ) दोहार्थ। जिन जानकीजी की कृपाकटाक्षकी चाहना ब्रह्मा शिव इन्द्र बरुण कुबेर इत्यादिक देवता करते हैं बन्दते हैं ते जानकी अपने ऐश्वर्यके स्वभावको छोड़िकै श्रीरामचन्द्रके चरणारबिंदमें रत हैं ( १० ) श्रीरामचन्द्रकै सेवा संपूर्ण सबभाई सानुकूल करते हैं अरु चरणारबिंद में अतिप्रीति है ( ११ ) अरु तीनिउंभाई श्रीरामचन्द्रको कमलमुख बिलोकत रहते हैं अरु यह चाहना करते हैं कि कबहूं कृपालु हमको कछु आज्ञाकरहिं ( १२ ) श्रीरामचन्द्र भ्रातनपर अतिप्रीति करते हैं अरु नानाप्रकारकी नीति सिखावते हैं ( १३ ) अरु संपूर्ण नगरकेलोग अति हर्षित रहते हैं देवतनको जो दुर्लभ भोगहै सो अवधबासी करते हैं काहेते देवता त्रैगुण्य जनित भोगकरते हैं अरु अवधबासी परविभूति परमदिव्य गुणातीत परमानन्द सर्बभोग करते हैं सो देवतनको दुर्लभ है ( १४ ) तेअयोध्याबासी अहर्निशि बिधिते मनावते हैं कि हे ब्रह्मण श्रीरघुनाथजी के चरणारविंद विषे हमारीप्रीति अखण्ड बनीरहै ( १५ ) तहां श्रीजानकीजी अपनी

इच्छाते मानसी दुइपुत्र उत्पन्नकीन है तिनकेनाम लव कुश तिनकेरूप शोभा गुण प्रतापको वेदपुराण प्रशंसा करते हैं ( १६ ) ते द्वौबालक सर्बके बिनयकही स्तुतियोग्य सबप्रकारते प्रवीण अरु जगत् विजयी दिव्यगुण के मन्दिर अरु श्रीरामचन्द्रके प्रतिबिम्बकर अति सुंदर अपनी शोभाकरिकै कामहूंको लजावते हैं इहां मानहुं जो कहाहै सो

मनावतरहहीं श्रीरघुबीरचरणरतिचहहीं १५ दुइसुतसुंदरसीताजाये लवकुशवेदपुराणनगाये १६ द्वौबिजयीबिनयीगुणमंदिर हरिप्रतिबिंबमनहुंअतिसुंदर १७ दुईदुइसुतसबभाइनकेरे भयेरूपगुणशीलघनेरे १८ दो०॥ ज्ञानगिरागोतीतअजमायामनगुणपार सोइसच्चिदानन्दघनकरनरचरितउदार १९ प्रातकालसरयूकरिमज्जन बैठहिंसभासंगद्विजसज्जन २० वेदपुराणवशिष्ठबखानहिं सुनहिंरामयद्यपिसबजानहिं २१ अनुजनसंयुतभोजनकरहीं देखिसकलजननीसुखभरहीं २२ भरतशत्रुहनदूनौं

उत्प्रेक्षालंकार वस्तु प्रत्यक्ष जानब ( १७ ) तैसेही दुइदुइपुत्र सबभाइनकेरूप शील गुण बल बुद्धिके समुद्रभये तिनकेनाम भरतके पुत्र पुष्कल तक्षक लक्ष्मणकेपुत्र अंगद चित्रकेतु शत्रुहनकेपुत्र श्रुतिसेन सुबाहु ( १८ ) दोहार्थ॥ हे गरुड़ श्रीरामचन्द्र ज्ञानते बाणीते अरु इंद्रिनते गुणते मनते मायाते अतीतकही परेहैं श्रीरामचन्द्र परब्रह्म परमेश्वर सच्चिदानन्द घनते नरचरित उदार अनंत करते हैं ( १९ ) श्रीरामचन्द्रजी उत्तम तो प्रातः काल नित्य सरयूजीको मज्जन करिकै अरु संपूर्ण नित्यक्रिया करिकै ब्राह्मणनकी अरु साधुनकी समाजसंयुक्त सभाविषे बैठते हैं ( २० ) अरु तहां नित्य बशिष्ठजू वेदपुराणको व्याख्यान करते हैं श्रीरामचन्द्रचारिउभाई श्रवण करते हैं यद्यपि श्रीरामचन्द्र परमेश्वरहैं उनहींको वेदपुराण गावते हैं अरु वेसब सहजही जानते हैं तदपि नाट्यलीला विषेप्रेमते सुनते हैं ( २१ ) अरु अनुज सखनसंयुक्त भोजन करते हैं अरु माता अनेकप्रकार के व्यंजन पवावती हैं देखि देखि अतिहर्षित होती हैं ( २२ ) अरु भरतजू शत्रुहनजू दूनौं भाई हनुमान् संयुक्त उपबनको जाते हैं ( २३ ) तब हनुमान्जीसे द्वौभाई प्रश्नकरते हैं तब हनुमान्जी स्वमतिके अवगाह श्रीरामचरित कहते हैं दूनोंभाई अतिप्रेमते सुनते हैं ( २४ ) तहां श्रीरामचन्द्र के विमलचरित्र सुनिकै अति हर्षको प्राप्तहोते हैं अरुकरजोरिकैं बारबार बिनयकरिकै कहावते हैं ( २५ ) अरु संपूर्ण अयोध्याबासिनके गृहगृहविषे पुराणहोते हैं जिनमें श्रीरामचन्द्रके पावन बिमलचरित्रपूर्ण हैं अरु श्रीमद्रामायण जहांतहां सबपंडित बांचतेहैं गृहगृहप्रति चारिउबर्ण श्रवण करतहैं ( २६ ) अरु परस्पर नरनारि श्रीरामचरित्र गुणगावतेहैं अहर्निशिजातनहीं जानते हैं ( २७ ) दोहार्थ॥हेगरुड़ अवध पुरबासिनकरसुखसम्पदा विशालजोहै सो सहस्र शारदा शेष नहीं कहिसकैहैं काहेते जहां के राजा श्रीरामचन्द्र तहांकी विभूतिको कहिसकैहै ( २८ ) हे

भाई सहितपवनसुतउपबनजाई २३ बूझहिंबैठिरामगुणगाहा कहहनुमंतस्वमतिअवगाहा २४ सुनतबिमलगुणअतिसुखपावहिं बहुरिबहुरिकैबिनयकहावहिं २५ सबकेगृहगृहहोइपुरानारामचरितपावनबिधिनाना २६ नरअरुनारिरामगुणगावहिं करहिदिवसनिशिजातनजानहिं २७ दो०॥अवधपुरीबासिनकरसुखसंपदासमाज सहसशेषनहिंकहिसकहिंजहँनृपरामबिराज २८ चौ०॥ नारदादिसनकादिमुनीशा दर्शनलागिकोशलाधीशा २९ दिनप्रतिसकलअयोध्याआवहिं देखिनगरबिरागबिसरावहिं ३० जातरूपमणिखचितअटारी नानारंगरुचिरगचढारी ३१ पुरचहुँपासकोटअतिसुन्दर रचेकँगूरारंगरंगबर ३२

भरद्वाज नारद सनकादिक शुकदेव बाल्मीकि अगस्त्य इत्यादिक जे मुनीशहैं ते सब श्रीरघुनाथजी के दर्शन हेतु ( २९ ) प्रतिदिन श्रीअयोध्याको आवते हैं पुरीकी शोभा परमानंद बिलास देखिकै बैराग्य बिसारिदेते हैं पुनि श्रीरामचन्द्रके दर्शनकरते हैं श्रीरघुनाथजी तिनको अतिआदर पूर्वक पूजनकरते हैं दिव्यासन पर बैठावते हैं बशिष्ठजू

वेदकरिकै श्रीरामचरित बांचते हैं अरु श्रीमद्रामायण महामुनि बाल्मीकि कृत वांचते हैं ते सबमुनि अतिप्रीति प्रेमते श्रवण करते हैं पुनि श्रीरघुनाथजीके मनके आज्ञानुकूल निजनिज आश्रमको जातेहैं ऐसेही दिनप्रति परमानंद होते हैं आइबे जाइबेको मुनिसामर्थ हैं अरु सबसिद्धि उनके हस्तामलकहै ( ३० ) जातरूप जो सुबर्ण है अरु मणिन करिकै अटारी खचित कही जटित हैं अरु नानारंगकी मणिनते गचढारी हैं ( ३१ ) अरु पुरके चहुंपासविषे कोटबनाहै त्यहिकोटके दशहुंदिशा विषे कंगूरा रंगरंग के रचेहैं ( ३२ ) तहां कोटकंगूरन विषे नवग्रह इत्यादिक नक्षत्रनके चित्र अनीककही अवलीकी अवली बनेहैं मानहुं अमरावती घेरिकै टिकेआइकै किन्तु एकउक्ति लक्षणा करिकै कहते हैं पुरके बाहर दशौं दिशिविषे नवोंखण्डके अरु सातौंद्वीपके राजा श्रीरघुनाथजीके दर्शनहेतु मिलिबेको आये हैं सो पुरबाहर टिके हैं मानहुं संपूर्ण अमरावतीके देवता श्रीरघुनाथजीकी आज्ञाकरिकै आये हैं घेरिकैपुरीमेंटिके हैं ( ३३ ) अरु अंगनाई गली चौहटा इत्यादिक संपूर्णभूमि सीसाकार मणिनकरिकै गचरची है रंगरंग के विलोकिकै मुनिनकै मनराचा कही रचिरहे हैं ( ३४ ) अरु धवल मणिनके धामनपर शृंगबने हैं सो अतिऊंचे मानहुं नभके अंतको चुम्बनकरते हैं अरु तिन शृंगनपर मणिन के कलश अति प्रकाशित शोभित हैं

**नवग्रहनिकरअनीकबनाई मनहुंघेरिअमरावतिआई ३३ महिबहुरंगरुचिरगचकांचा जोबिलोकिमुनिबरमनरांचा ३४ धवलधामऊपरनभचुंबत कलशमनहरबिशशिद्युतिनिन्दत ३५ बहुमणिरचितझरोखाभ्राजहिं गृहगृहप्रतिमणिदीपबिराजहिं ३६ छं०॥ मणिदीपराजहिंभवनभ्राजहिंदेहरीविद्रुमरची मणिखंभभीतिबिरंचिबिरचीकनकमणिमरकतखची ३७ सुंदरमनोहरमंदिरायतअजिरमणिफटिकनरचे प्रतिद्वारद्वारकपाटसुभगबनाइबहुबज्रनखचे ३८ दो०॥ चारुचित्रशालासुगृहगृहप्रतिरचे**

मानहुं रबि शशिकी शोभा द्युति अरु कांतिको निन्दते हैं ( ३५ ) अरुबहु गृहप्रति अनेक झरोखा मणिमय भ्राजते हें मानहुँ मन्दिरनके मंगलमय श्रवण नयन शिखामुख हैं अरु गृहप्रति मणिनके दीपक भ्राजते हैं तहां मंदिरतो सब मणिनमय हैं अरु स्वतः प्रकाश है पर महामणिन के दीपकभाव स्थापन कीन्हे हैं ( ३६ ) छन्दार्थ॥ हे गरुड़ भवननविषेमणिनके दीपक राजते हैं अरु अनेक देहरी बिद्रुमकही मूंगनकी बनी हैं अनेक तरह के सुबर्ण अरु मर्कतमणिन के खंभारचे हैं अरु कंचन अरुस्फटिकमणि की भीति रचित है बिरंचि अपने हाथन रच्यो है ( ३७ ) अरु पुरीके मंदिर सब अतिसुन्दर हैं अरु आयतकही विस्तारित हैं अरु स्फटिकमणिनकी अंगनाई रची है अरु द्वारद्वारप्रति कपाट अतिसुन्दर बज्र जेहैं हीरा त्यहिके बनेहैं ( ३८ ) दोहार्थ॥ अरु चारुकही सुन्दर भिन्नभिन्न चित्रशाला सबही रचना करावते हैं तिनविषे चित्रित रामचरित सातहू काण्डकी लीला विधि विधानते लिखी है जाको देखिकै मुनिन को मन चोराइजात है ( ३९ ) नगरके बाहर अरु गृहगृह प्रति सुमनकी बाटिका सबहिन लगाई है अरु बिविध भांति के यत्न से मालिन बनाइराखे हैं ( ४० ) अरु बहुतजाति के लता बाटिकन विषे बनिरही हैं अरु सर्ब ऋतु में रंग रंगके एकरस फूल फूलिरहे हैं अरु सर्ब ऋतुमें बसन्त हैरह्यो है ( ४१ ) तहां तिन बाटिकनमें मनोहर मधुर मधुर मधुकर गुञ्जार करते हैं अरु एकरस शीतल मन्द सुगन्ध पवन सदा बहती है ( ४२ ) अरु नाना प्रकारके विहङ्ग बालकन जिआये हैं शुकसारव सारस मयूर पारावत इत्यादिक ते अतिमधुर बोलते हैं अरुबहुत उड़ते हैं पुनि बोलते हैं अति शोभाको पावते हें ( ४३ ) अरु मोर हंस सारस पारावत भवननके शृङ्गन कलशनपर नाचते हैं अरु बोलतेहैं अति शोभाको पावते हैं ( ४४ ) ते बिहङ्ग मणिन के भवनन विषे जहां

**बनाइ रामचरितजेनिरखहिंमुनिमनलेहिंचुराइ ३९ चौ०॥ सुमनबाटिकासबहिंलगाई बिबिधभाँतिकरियतनबनाई ४० लताललितबहुजातिसुहाई फूलहिंसदाबसंतकिनाई ४१ गुंजतमधुकरमुखरमनोहर मारुतत्रिबिधसदाबहसुंदर ४२ नानाखगबालकनजिआये बोलतमधुरउड़ातसुहाये ४३**

**मोरहंससारसपारावत भवननपरशोभाअतिपावत ४४ जहँतहँ देखहिंनिजपरछाहीं बहुबिधिकूजहिंनृत्यकराहीं ४५ शुकशारिकापढ़ावहिंबालक कहहुरामरघुपतिजनपालक ४६ राजदुवारसकलबिधिचारू**

तहां अपनी प्रतिछाहीं देखिदेखि बहुप्रकारते नाचते हैं बोलते अति आनन्द करते हैं ( ४५ ) अरु बालक जे हैं ते शुक शारिकनको पढ़ावते हैं हे शुक शारिकहु श्री सीताराम कहहु रघुपति कहहु जनपालक कहहु रघुनन्दन कहहु रघुबीर कहहु भुवनेश्वर कहहु महाराजाधिराज कहहु कोशलेन्द्र कहहु कौशल्यानन्दन कहहु सीतापति कहहु कारुण्यकृपानिधान कहहु भरताग्रज लक्ष्मणाग्रज कहहु श्रीरामायनमः यह कहहु पुनःश्लोक एक अन्यच्च१॥ रामंरामानुजंसातां भरतंभरतानुजं। सुग्रीवंवायुसूनुंचप्रणमामिपुनःपुनः १ हे शुक शारिकहु यह पढ़हु अरु सीतारामाभ्यांनमः यह कहहु इत्यादिक श्रीरघुनाथजीके गुण प्रताप लीला यश कीर्त्ति नामशुक शारिकन को बालक पढ़ावते हैं अहर्निश रामाकार ह्वैरहेहैं ( ४६ ) तहां राजद्वार अति चारु कही सुन्दर विस्तारित अति बनिरह्यो है अरुबीथी चौहट बाजार इत्यादिक सब अति सुन्दर बनिरहे हैं कहिबे योग्य नहीं हैं ( ४७ ) छंदार्थ ॥ अरु बाजार जो है सो अतिरुचिर बर्णन करतनहीं बनैहै काहेते जो बस्तु चाहिये सो बिनादामहीं मिलैहै अरु रमानिवासकही अनेकब्रह्माण्डकी लक्ष्मी त्यहिके पति त्रिपादविभूतिसंयुक्तसदा ऐसे श्रीरामचंद्र जहां नित्यराजा हैं तहां की सम्पदा को कहिसकै है ( ४८ ) तिन बजारन बिषे बजाज सराफ बणिक अनेकन बैठेहैं तिनसबनको कुबेरके सम जानिये अरु सम्पूर्ण पुरके लोग सुखीहैं अरु सब पदार्थते सञ्चरित कही पूर्ण हैं अरु बाल पौगण्ड कुमार किशोर अवस्थामें नर नारि सबहैं अरु दिननके कम अधिक हैं ताते युवा जरठकहीवृद्ध कहिबेमें आवै हैं ( ४९ ) दोहार्थ॥ अरु राजमहल के उत्तर श्री सरयूबहतीहैं अति निर्मल गम्भीर जलहै जहांतहां कमलफूलेहैं भँवर गुञ्जार करत हैं अरु हंसादिक विहङ्ग कूजते हैं अरु सुबर्ण मणिनते मनोहरघाटबँधेहैं तहां पङ्कजो है कीच सो लेशहू नहीं है ( ५० ) अरु घाट जे हैं

**बीथीचौहटरुचिरबजारू ४७ छं०॥बाजाररुचिरनबनैबरणतबस्तुबिनुगथपाइये जहँभूपरमानिवासतहँकीसंपदाकिमिगाइये ४८ बैठेबजाजसराफबणिकअनेकमनहुंकुबेरते सबसुखीसबसंचरितसुंदरनारिनरशिशुजठरते ४९ दो०॥ उत्तरदिशिसरयूबहैनिर्मलजलगंभीर बाँधेघाटमनोहरकल्पपंकनहिंतीर ५० चौ०॥ दूरिफराकरुचिरसोघाटा जहँजलपियहिंबाजिगजठाटा ५१ पनिघटपरममनोहरनाना तहाँनपुरुषकरहिंअस्नाना ५२ राजघाटसबबिधिसुंदरबर मज्जहिंतहाँबर्णचारिउनर ५३ तीरतीरदेवनकेमंदिर चहुँदिशितिनकेउपबनसुंदर ५४ कहुँकहुँसरितातीरउदासी बसहिंज्ञानरतमुनिसंन्यासी ५५ तीरतीरतुलसिकासुहाई वृन्दवृन्द**

अतिरुचिर फराकहैं तहां घोड़े अरु हाथिन के ठाटके ठाट जलपीवते हैं ( ५१ ) अरु पनिघट जे हैं अति मनोहर कुञ्जके कुञ्ज बनेहैं सरयूकी धारा के भीतर ताईं आवरण संयुक्त ऐसे अनेक पनिघट जहां सम्पूर्ण पुरीकीस्त्री स्नान करतीहैं तहां पुरुष नहीं जाय सकते हैं अरु घर घरप्रति अँगनाइन में मणिमय कुंडबने हैं कमलफूले हैं भँवर हंस मधुर बोलते हैं अरु सरयूकीमोरी कुंडनप्रति लगी हैं ( ५२ ) अरु राजघाट जोहै सब प्रकारते अतिसुंदर अरु श्रेष्ठ जहांचारिउबर्ण स्नान करतेहैं ( ५३ ) अरु सरयूके तीरतीर देवतनके मन्दिरबनेहैं अरु तिनके चहुंफेर फूलनके सुन्दर उपवनलगे हैं ( ५४ ) अरु कहूं कहूं सरयूके किनारे मुनिन अरु संन्यासिनकी कुटीबनीहैं तहां मुनिगण संन्यासी बसतेहैं जे ते ज्ञान बैराग्य योगमें रतहैं ( ५५ ) अरु तीरतीर तुलसी वृन्दकेवृन्द मुनिजन लगावतेभये ( ५६ ) अरु पुरकीशोभा कछु बरणी नहींजाइ जै अरु पुरके बाहर परम रुचिराई छाइरही है ( ५७ ) तहां पुरीकीशोभा देखतसंते अखिलकही समूह अघकही पाप भागिजात हैं अरु पुरके बाहर बनकही जामें सबवृक्ष लगेहोहिं पनस तमाल रसाल बड़हर बदरीतरु केदली नारियर सुपारी छोहाराबदाम किसमिसतरु अंगूर अरु सेव शहतूत इत्यादिक अनेकतरु सुन्दर लगे हैं अरु अनेकजाति के फूललगे हैं अरु बिस्तार चहुंफेर हेम

मणिमयचित्र बिचित्र भीतिबनी है तहां चारि चारि मनोहर दरवाजे हैं अरु तिनके बाहर समीपही अनेकप्रकारके तरु फूल मेवा इत्यादिक लगे हैं ताको उपबनकही ऐसेही पुरके चहुंफेर अनेक शोभित हैं अरु तिनके मध्यमें तडाग बावली जहां तहां अनेक बनी हैं अरु मणिन के सोपान बने हैं अरु तिनविषे कमल फूले हैं अरु भंवर गुंजार करते हैं अरु बाटिकनमें

बहुमुनिनलगाई ५६ पुरशोभाकछुबरणिनजाई बाहरनगरपरमरुचिराई ५७ देखतपुरीअखिलअघभागा नवउपबनवापिकातडागा ५८ छं०॥ बापीतड़ागअनेककूपमनोहरायतसोहहीं सोपानसुंदरनीरनिर्मलदेखिसुरमुनिमोहहीं ५९ बहुरंगकंजअनेकखगकूजतमधुरगुंजारहीं आरामरम्यपिकादिखगरवपथिकजातहँकारहीं ६० दो०॥ रमानाथजहँराजासोपुरवरणिनजाइ अणिमादिकसुखसंपदारहींअवधपुरछाइ ६१ चौ०॥ जहँतहँनररघुपतिगुणगावहिं बैठिपरस्परइहैसिखावहिं ६२ भजहुप्रणतप्रतिपालक

मूयर कोकिला इत्यादिक मनोहरबाणी बोलते हैं अरु बाटिकन में मधुरफल खाते हैं अरु बावली तड़ाग में मधुरजल पीवते हैं ( ५८ ) छंदार्थ॥ अरु बापी जोहैं अरु तड़ाग जोहैं अरु कूपजोहैं अनेक अनूप बाटिकन बिषे अरु भिन्नभिन्न अति आयतकही विस्तारपूर्वक बनिरहे हैं अरु सोपान निर्मलनीर जाको देखिकै मुनिनके मन मोहते हैं ( ५९ ) अरु अनेकप्रकार के खग मधुप बोलते हैं गुञ्जारते हैं इहां एकबार बावली अरु तड़ाग बर्णन करिआये हैं अरु पुनि छन्दमें बर्णनकीन तहांपुनरुक्ति न जानब यह सिंहावलोकनपद कहावतहै आरामकही बाटिकाते अति रमणीयकही अति सुन्दर हैं तहां पिकादिक पक्षी बोलते हैं मानहुं पथिकनको बोलायलेते हैं कि आवहु फल खाइलेहु जल पीलेहु ऐसी मधुरबाणी बोलते हैं ( ६० ) दोहार्थ॥ हे गरुड़ रमानाथ कही त्रिपादविभूति परमदिव्य संधिनी संदीपिनी आह्लादिनी अरु एकपाद विभूति गुणमयी तामें विद्याशुद्ध सात्विकमय अरु अविद्या त्रिगुणमय अरु ते सब श्रीराजनकीजी की दिव्यविभूति हैं त्यहि सबके नाथ कही प्रतिपालक ते श्रीरामचन्द्र जहां राजा श्रीराजानकीजी रानी त्यहिपुरीको बर्णन किमि कहिजाइ किसीसे नहीं कहाजाइ अणिमादिक जे अष्टादश सिद्धीहैं अरु पंचसिद्धि औरी हैं ते सब आयोध्या में छाइरही हैं घरघरकीटहल करती हैं अरु नवोनिद्धि इत्यादिक अनेक सुखसम्पदा छाइरह्यो है त्यहि श्रीअयोध्याका वर्णन कोकरिसकै ( ६१ ) अरु जहां तहां सबनर नारि श्रीरघुनाथजीके गुणगावते हैं अरु परस्पर इहै सिखावते हैं ( ६२ ) यह सिखावते हैं कि प्रणतप्रतिपालक श्रीरामचन्द्र तिनको भजहुकैसे हैं श्रीरामचन्द्र शोभाके धाम हैं जो श्रीरामचन्द्रकी शोभाको थिरह्वैकै मनमें बसावहुगे तौ ब्रह्माण्डभरेकीशोभा फीकी परिजाइगी अरु शीलके धाम हैं जहां कोई जीव अनेक अवगुण किहेहोइ अथवा करतहोइ अरु भयकरिकै किंतु कछु स्वार्थकरिकै किंतु कछु प्रीतिकरिकै एकहूबार शरण जाइ तौ ताकोत्याग पुनिकबहूं नहीं होइ निजकरिकै आपन जानतेहैं अरु

रामहिं शोभाशीलरूपगुणधामहिँ ६३ जलजबिलोचनश्यामलगातहिं पलकनयइवसेवकत्रातहिं ६४ धृतशररुचिरचापतूणीरहिं संतकंजवनरविरणधीरहिं ६५ कालकरालब्यालखगराजहिं नमतरामअकाममममताजहिं ६६ लोभमोहमृगयूथकिरातहिं

मनोबांछित दिव्य फलदेते हैं अरु रूपकेधाम हैं रूपकही नखते शिखलौं अंगअंगकी गठनि एकरस सोरूप अखण्ड एकरस नित्य अरु श्यामरूप शृंगारहूकी शृंगारमूर्त्तिसो जो हृदयविषे ल्यावहु तौसंसारके विषयते निर्भयहोहु अरु परमानन्दरसको प्राप्तिहोहुगे अरुपरमदिव्य गुणके धाम हैं सौशील्य भक्तबात्सल्य करुणाउदारदया इत्यादिक अनन्तगुण जो ऐसे श्रीरघुनाथजीके गुण हृदयमें ल्यावोतौ येईगुण तुमको प्राप्तिहोहिंगे ऐसे श्रीरघुनाथजीको भजहु ( ६३ ) अरु कैसे हैं श्रीरामचन्द्र कमलनयन हैं ज्यहिकी दिशि नेक देखते हैं त्यहिकी तीनिहूंताप जातरहती हैं अरु श्यामलगात हैं तमालतरु इव निर्मल जो ऐसीमूर्ति हृदय में आवै तौ बाह्यान्तर इन्द्री परमदिव्यको प्राप्तिहोहिं तिन श्रीरामचन्द्रको

भजहु कैसे हैं सेवक जेहैं तिनको पलक नयनइव त्राताकही सबप्रकारते रक्षकहैं ( ६४ ) अरु धृतकही धारणकिहे हैं धनुषबाणअरु तूणीरकही तरकस पुनि कैसे हैं श्रीरामचन्द्र संतजन जेहैं ते कमलके बनहैं तिनके आनन्ददेबेको रणधीरकही एकरस सूर्य हैं ( ६५ ) फिरि कैसेहैं श्रीरामचन्द्र काल जो महाकराल व्याल है त्यहिके भक्षण करिबेको गरुड़ हैं अरु जो एकहूबेर नमत हैं तिन प्राणिनके ऊपर श्रीरामचन्द्र की अति ममताकही प्रीतिहोती है फिरि कैसे श्रीरामचन्द्र हैं निष्काम ममता करते हैं अरु कछु उनसेचाहते नहीं हैं किन्तु जे नर निष्कामह्वैकै श्रीरामचन्द्र की शरण हैं तिन पर ममता कही अतिप्रीति करते हैं किन्तु जहिकही ममताको नाशकरते हैं ( ६६ ) फिरि कैसे हैं काम क्रोध मद लोभ मोह मद मात्सर्य इत्यादिक मृगनके यूथ हैं तिनके नाशकरिबे को किरात हैं अरु मनसिज जो है कामदेव सो करिकही हाथी है त्यहिके नाशकरिबेको हरिकही सिंह हैं अरु सबजन जेहैं दास तिनके जे वैरीहैं तिनको नाशकरिकै अपने जनको सुखदेतेहैं ( ६७ ) अरु संशय शोक इत्यादिक जेहैं निविड़कही सघन अंधकार त्यहिके नाशकरिबेको श्रीरामचन्द्र तरुण भानुहैं अरु दनुज जे दानव हैं ते सब गहन कही सघन बनहैं तिनके नाशकरिबेको प्रबल पावक हैं ( ६८ ) तहां जनककही जो केवल पिताते उत्पन्नहोय तहांराजानिमि ते उत्पन्न भयेहैं ताते परम्परा नाम है ताते जनककहा जनक

**मनसिजकरिहरिजनसुखदातहिं ६७ संशयशोकनिबिड़तमभानुहिं दनुजगहनबनदहनकृशानुहिं ६८ जनकसुतासमेतरघुबीरहिं कसनभजहुभंजनभवभीरहिं ६९ बहुबासनामशकहिमिराशिहिं सदाएकरसअजअबिनाशिहिं ७० मुनिरंजनभंजनमहिभारहिं तुलसिदासके प्रभुहिंउदारहिं ७१दो०॥ यहिबिधिनगरनारिनरकरहिंरामगुणगान सानुकूलसबपररहहिंसंततकृपानिधान ७२**

सुता समेत रघुबीर भयभीर भंजनहार तिनको कस न भजहु नाम भजहु ( ६९ ) पुनि कैसेहैं श्रीरामचन्द्र अनेक बासना तो मशा डंसादिक हैं तिनके नाश करिबे को हिमकही पालाकी राशि हैं पुनि कैसे हैं श्रीरामचन्द्र नित्य एकरस हैं अजकही अजन्महैं गर्भ में नहीं आवतेहैं अरु अविनाशी हैं तिनको भजहु ( ७० ) पुनि कैसे हैं मुनिनके रञ्जन कही आनन्दकर्ताहैं अरु पृथ्वीके भारके हरैयाहैं तहांगोसाई तजुलसीदासकहते हैं किमेरेप्रभु श्रीरामचन्द्र अतिउदार तिनको सर्बजीव मिलिभजहु ( ७१ ) दोहार्थ॥ हे गरुड़ यहि बिधिसे पुरके नरनारि परस्पर श्रीरामचन्द्र कर गानकरते हैं अरु श्रीरामचन्द्र सानुकूल सबपर रहते हैं सन्तत कही निरन्तर जामें अन्तर नपरै ( ७२ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिक लुषविध्वंसने उत्तरकाण्डेरामराज्यप्रतापगुणपरमदिव्यतरवर्णननामनवमस्तरङ्गः ९॥ :: :: :: :: :: ::

दोहा। दशतरङ्गमहँजानिये रामप्रतापदिनेश॥ रामचरणज्यहिउरबसैं कहेतेहोयविशेष १०॥ हेगरुड़ जब श्रीरामचन्द्र राज्यपरबैठे तबते श्रीरामचन्द्रका प्रताप प्रबल सूर्यरूप एकरस उदयभयो है ( १ ) तहां सूर्यवत् प्रताप त्यहिको प्रकाश शुद्ध निर्मल गुणातीत त्रैलोक्यमें पूरि रह्यो है इहां न्यूनाधिक्य रूपकालंकार जानब तहां बहुतनको सुखभयो है अरु बहुतनको शोकभयो है ( २ ) तहां जिनको शोक भयो है तिनको बखानिकै कहतहौं तहां सूर्यके प्रकाशसे रात्रिको नाशहोत है अरु श्रीरामचन्द्र पताप सूर्यते त्रैलोक्य जीवन की अविद्यारूप निशा प्रथमही नाशहोती भईहै ( ३ ) तहां श्रीरामप्रताप सूर्यके उदयते अघजे हैं सोई उलूकहैं सो जहां तहां लुकाइ रहे हैं अरु काम क्रोध कैरवकही कुमुदिनी हैं ते सम्पुटित होतभये हैं ( ४ ) अरु विविध कही त्रैगुण्य जनित जेकर्म हैं ते अरु तीनि गुण अरु कालभूत भविष्य वर्त्तमान भूतकहीं जो पाछे

**चौ०॥ जबतेरामप्रतापदिनेशा उदितभयो अतिप्रबलखगेशा १ पूरिप्रकाशरहेउत्रैलोका बहुतनसुखबहुतनमनशोका २ जिनहिं शोकतेकहहुंबखानी प्रथमअविद्यानिशासिरानी ३ अघउलूकजहँतहांलुकाने कामक्रोधकैरवसकुचाने ४ विविधकर्मगुणकालस्वभाऊ**

**येचकोरसुखलहहिंनकाऊ ५ मत्सरमानमोहमदचोरा इनकनिबाहुनकवनिउओरा ६ धर्मतड़ागज्ञानबिज्ञाना ये पंकजबिकसैंबिधिनाना ७ सुखसंतोषबिरागबिबेका बिगतशोकयेकोकअनेका ८ दो०॥ यह प्रतापरबिजासुउर जबप्रभुकरैं**

ह्वै आयोहै अरु भविष्य कही जो आगे होनहारहै वर्त्तमान कही जो होतहै सो अरु स्वभाउ कही जो अनेक जन्मकर संचित कर्मन के शेष कछु रहिगयो है शरीरमें सो भोग्य करते हैं अनइच्छित स्वभाउके द्वार ह्वैकैते सब चकोर हैं रामप्रताम सूर्य के उदयभये ते इनको कतहूँ नहीं सुख है जरेजाते हैं ( ५ ) अरु मत्सर मान मोह मद मात्सर्य कही जो परावाऐश्वर्य विभूति यश न देखिसकै अरु मान कही अभिमान अपना को सबते बड़ामानै अरु मोहकही सुत वित दारा नात कुटुम्ब देह इत्यादिक में अपनपौ मानिकै प्रीति करना मद कही अष्ट जातिमद कुलमद रूपमद युवामद धनमद विद्यामद ध्यानमद ज्ञानमद येते सब चोर हैं इनसबकर राम प्रताप सूर्यके उयेते निर्बाह कौनिउँ ओर नहीं है सब चोर ह्वै गये हैं ( ६ ) अरु श्रीरामचन्द्रको प्रताप सूर्यवत् उदय होतसन्ते परमधर्मरूप तड़ाग त्यहिविषे ज्ञान विज्ञानरूप कमल फूलिरहेहैं ( ७ ) अरु परमसुख सन्तोष अरु वैराग्य विवेक ये सब कोक कही चक चकई हैं ते शोकरहित अति आनन्दको प्राप्ति भये हैं ( ८ ) दोहार्थ॥ यह श्रीरामचन्द्रको प्रताप रविरूप अद्यापि रामकृपाते ज्यहिके हृदयमें प्रकाश होइ तौ जो जो पाछेकहे हैं धर्म तड़ाग इत्यादिक तिनहूँकी तौ वृद्धिहोइ अरु जे प्रथम कहे अविद्या निशाके चौर इत्यादिक ते सब नाशको प्राप्तिहोत भये हैं तहां श्रीरामचन्द्र के राज्य विषे सर्बजीवनके रात्रीरूप अविद्याके व्यवहार ते सम्पूर्ण नाशभये हैं अरु श्री रामप्रताप एकरस दिनरूप तहां विद्याके व्यवहार की वृद्धि होतिभई है ताते ब्रह्माण्ड भरेके चराचरजीव शुद्ध श्री रामचन्द्र के राज्यविषे सुलक्षण को प्राप्ति भये हैं हेगरुड़ श्रीरामचन्द्रके राज्य में सर्बजीवनको श्रीरामधामके अधिकारी विशेषजानब ( ९ )

इतिश्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषविध्वंसने उत्तरकाण्डेश्रीरामराज्यप्रतापनिर्मलएकरस सूर्यवत् अखण्डवर्णनन्नामदशमस्तरङ्गः१०॥

दोहा॥ दशअरुएकतरङ्गमें लक्षणगुणगणसन्त॥ रामचरण श्रीमुखकही सुनीअनुजहनुमन्त ११॥ हेपार्वती भ्रातन अरु हनुमन्त संयुक्त एक बार श्रीरामचन्द्र जी एक

**प्रकाश पछिलेवाटहिप्रथमजे कहेते पावहिंनाश १॥** * * * * *

**चौ०॥ भ्रातनसहितरामयकबारा संगपरमप्रियपवनकुमारा १ सुंदरउपवनदेखनगये सबतरुकुसुमितपल्लवनये २ जानिसमय सनकादिकआये तेजपुंजगुणशीलसुहाये ३ ब्रह्मानंदसदालयलीना देखतबालकबहुकालीना ४ रूपधरेजनुचारिउवेदा समदर्शी**

सुन्दर उपबन देखनगयेहैं तहांउपबनके संपूर्णतरु नवीन पल्लव फूल फल करिकै अतिशोभित हैं छहूँ ऋतुमें एकरस हैं तहांउपबन बाटिका फुलवारी बाग एकही जानब भावकरिकै भिन्नभिन्नकहते हैं ( २ ) तहां सनकादिक श्रीरामचन्द्र को यहिसमय में एकान्त बाटिका में दिव्य दृष्टिते देखिकै अरु यह जानिकै कि यहि समयमें श्रीरामचन्द्र के दर्शन अच्छी प्रकार होहिंगे अरु भक्ति बरदान लेहिंगे यह समुझिकै अति आनन्द पूर्वक श्रीरामचन्द्रके समीप आवते भये कैसे हैं सनकादिक तेजके पुञ्ज मानहुँ बारहो कला सूर्य तीनि तीनि कलाकी एकएक मूर्त्ति चारिरूप धरिकै श्रीरामचन्द्र के दर्शन को आवते भये हैं सनकादिक कैसेहैं दिव्यगुण शीलकरिकै अति शोभित हैं ( ३ ) पुनि कैसे हैं ब्रह्मानन्द विषे जिनकै लयलीन ह्वैरही है लयकही तदात्मक ब्रह्माकारवृत्ति एकरस अखण्ड है अरु देखत तौ बालक हैं पांचवर्ष की अवस्था जिनकी सदा अरु बहुकालके हैं जानेनहीं जातहैं ( ४ ) अरु जनु चारिउवेदके वेदान्तसार चारिरूप धरिकै श्रीरामचन्द्रकी स्तुति करिबेको आये हैं कैसेहैं चारिउ मुनि समदर्शी हैं पृथ्वी जल अग्नि पवन नभ तीनिउ गुणइत्यादिक चराचर विषे ब्रह्मदृष्टि है एकरस बाह्यान्तर सदा अरु बिगत बिभेद हैं बिगत कही रहित हैं भेदते अरु भेद कही मैं तैं मोर तोर देहाभिमान

इत्यादिक द्वैत भेदते रहित हैं ( ५ ) आशा जो हैं दशौदिशा सोई हैं बसन जिनके नाम दिगम्बर हैं परमहंसहैं अरु ब्यसन जिनके यहैहैकिजहां श्रीरघुपतिके चरितहोतेहैं तहां सुनतेहैं तहां देखिये तौ जबसनकादिक की दशा को प्राप्ति होइते श्रीरामचरितके तत्वरसको तब प्राप्ति होतहैं ( ६ ) हे पार्वती सनकादिक श्रीरामचन्द्र के समीप कहते आये हैं घट सम्भव कही अगस्त्यमुनिज्ञानी तिनके इहां रहे हैं ( ७ ) तहां का हेतुकरिकै सनकादिक अगस्त्यके इहां रहे हैं तहां अगस्त्यजी श्रीराम तत्व श्रीरामचन्द्र के उपासना अरु चरित्र विषे मुनिन विषे अग्रणीय हैं श्रीरामचन्द्र के चरित्र सदा कहते हैं अरु सुतीक्ष्ण इत्यादिक मुनि श्रवण

**मुनिबिगतबिभेदा ५ आसाबसनब्यसनयहतिनहीं रघुपतिचरितहोहिंतहँसुनहीं ६ तहांरहेसनकादिभवानी जँहघटसंभवमुनिवरज्ञानी ७ रामकथामुनिबहुबिधिबरणी ज्ञानयोनिपावकजिमिअरणी ८ दो०॥ देखिराममुनिआवत हर्षिदंडवत्कीन स्वागत**

करते हैं तहां अगस्त्यजी के इहां सनकादिक चारिउ भाई नित्य जाते हैं तहां ब्रह्मलोकते सनकादिक अगस्त्य जी के इहां प्रातसमय रामचरित श्रवण करिबेको गये हैं तब अपनी दिव्य दृष्टि करिकै श्रीरामचन्द्रको बाटिकामें देखते भये तब अगस्त्य जी से आज्ञा लैकै वह दिनकी कथा उपराम करिकै श्रीरामचन्द्र के समीप सनकादिक चारिउभाई आवतेभयेश्रीराम चरित जोअगस्त्य वर्णन करतेहैं सोरामचरित ज्ञानभक्तिकैखानि उत्पन्न करिबेको महाकारण नित्यहै जैसे अरणीकही काष्ठ अग्नि उत्पन्नकरबेकी खानिहै सो सनकादिक सुनते हैं तहां जो कोईकहै कि सनकादिकन से ज्ञान भक्ति पूर्ण नहीं रह्योहै जो सदा श्रीरामचरित सुनतेरहेहैं तहां दृष्टान्त करिकै बोधकरते हैं जैसे कोई एक बड़ो धनवान् है अरु अनेक पदार्थ चारिप्रकारको भोजन अरु छह्उरस उसके इहां सदापूर्णहै पर एक दिन भोजन करतेहैं अनेक ब्यञ्जन फिरिउहै बिहान में भोजन करते हैं ऐसेही दिनप्रति भोजन करते हैं तृप्त नहीं होतहैं तैसे सनकादिक इत्यादिक जे ज्ञानवान् पुरुषहैं तेश्रीरामचन्द्रके चरित्र अमृतमय नित्यपान करते हैं अरु तृप्तनहींहोते हैं काहेते कि श्रीगोसाई तुलसीदासने कहा है चौपाई॥ रामचरितजेसुनतअघाहीं। रसविशेषतिनजाना नाहीं॥ ताते इहै जानिकै सनकादिक नित्य राम चरित सुनते हैं सुनिकै सब वेद शास्त्रन को परमतत्व श्रीरामचन्द्र तिनके समीप आइकै प्राप्ति होतेहैं ( ८ ) दोहार्थ॥ तहां श्रीरामचन्द्र मुनिन को जब आवतदेखे हैं तब भागे चलिकै श्रीरामचन्द्रहर्षिकै मुनिनके दण्डवत् कीन अरु स्वागत कही श्रीरामचन्द्र यह कहते भये कि हे मुनीशहु आजु स्वेच्छितमोरेऊपर कृपाकीन यह कहिकै अपनो पीताम्बर श्रीरामचन्द्र बिछाइ देते भये अरु यह कहा कि यहिपर बिराजिये ( ९ ) तहां श्रीरामचन्द्रदण्डवत् कीनहै पुनि तीनिउ भाई हनुमान् संयुक्त दण्डवत् कीन परम सुख उत्पन्न होत भयो इहां श्रीरामचन्द्र यह देखावतहैं कि जेमेरेनिजदास हैं तिनको दास मैं हौं ( १० ) तहां जब श्रीरामचन्द्र पीताम्बर बिछाइदीन अरु बैठिबे को कहा तहां मुनि श्रीरामचन्द्रकी अतुलित छबिबिलोकिकै श्रीरामचन्द्र के स्वरूपमें मन मग्नकही डूबिगयो है पीताम्बर

**पूछीपीतपट प्रभुबैठनकहदीन ९ कीनदंडवततीनिउंभाई सहितपवनसुतसुखअधिकाई १० मुनिरघुपतिछबिअतुलबिलोकी भयेमगनमनरुकेनरोकी ११ श्यामलगातसरोरुहलोचन सुंदरतामंदिरभवमोचन १२ यकटकरहेनिमेषनलावहिं प्रभुकरजोरेशीश**

पर ठाढ़े ह्वैरहे हैं देहकी दशा भूलिगई है तहां सेवक स्वामीको भाव बिसरिगयो है पराभक्ति की दशाको प्राप्ति हैं जहां सेवककी सेवकत्व भूलि जाइ अरु स्वामीकी स्वामित्व भूलिजाइ ताको पराभक्ति कही तहां प्रमाण है भगवद्गीतायां १ ब्रह्मभूतप्रसन्नात्मानशोचतिनकांक्षति॥ समः सर्वेषुभूतेषुमद्भक्तिंलभतेपरां १ तहां यह सनकादिकन में देखिलीजियेकाहेते कि सनकादिक ब्रह्मबेत्ता ब्रह्मनेष्ठी ब्रह्मज्ञानी जीवनन्मुक्ति परमहंस तिन सनकादिकनकै श्रीरामचन्द्र की छवि देखिकै चित्तकी वृत्ति डूबिगईहै पराभक्ति की दशाको प्राप्ति भये हैं ताते यह समुझि परत है कि जब ब्रह्मज्ञान तदात्मकहोइ तब श्रीरामचन्द्रकी शोभा छबि रसको अधिकारीहोइहै सो सनकादिक में देखिलीजिये

( ११ ) कैसेहैं श्रीरामचन्द्र जिनकी छबिदेखिकै सनकादिक मग्नभये हैं श्यामगात मर्कतमणिइव निर्मल हैं अरु कमलनयन हैं ज्यहिकीदिशि देखते हैं तिन परमहंसके चित्तको आकर्षण करिलेते हैं अरु सुन्दरताके मन्दिर हैं अरु भवजो है संसार त्यहिते छोड़ाइदेते हैं अपनी कृपाकटाक्षते ( १२ ) तिन श्रीरामचन्द्रकै मनोहर मूर्त्तिदेखिकै एकटक रहिगये निमेष नहीं लागती है जैसे चित्रकीबेलि तैसे श्रीरामचन्द्रको रूपदेखिकै सनकादिक रहिगये हैं यहआश्चर्य देखिये कि सनकादिक शांतरसके पूर्णस्वरूप हैं अरु श्रीरामचन्द्र शृंगाररसके सिंधुस्वरूप हैं तहां सनकादिक डूबिगये तब बिहँसिकै श्रीरामचन्द्र निकासिलियो है तब श्रीरामचन्द्र अपने मनमें अपनी लीलापूर्वक दूनों करजोरिकै शीशनावते हैं ( १३ ) तिन चारिउ मुनिनकीदशा श्रीरामचन्द्र देखते हैं नेत्रनमें जलबहे चलेजाते हैं अरु प्रेमके पुलकते शरीर भरिरह्यो है कछु शरीरकी सुधिनहीं है किंतु तिनकीदशा देखिकै श्रीरामचन्द्र के नेत्रनमें जल श्रवत है अरु शरीर पुलकिआयो काहेते भक्तबत्सल हैं ( १४ ) तहां चारिउमुनि पीताम्बरपर खड़े हैं अति सुंदर श्रीरामचन्द्रकी शोभा देखते हैं जैसे चन्द्रमाको चकोरदेखै तिनकी बिदेहदशा श्रीरघुनाथजी देखिकै अपने हृदयमें आनन्द मानिकै अपने करते चारिउ मुनिन के करगहिकै पीताम्बरपर बैठावतेभये अरु तहां उनकी तौ निर्बिकल्प समाधि रामरूपमें लगीरही है जड़ीभूत ह्वैरहे हैं रामचन्द्रचाहैं सो करैं तब

**नवावहिं १३ तिनकैदशादेखिरघुबीरा श्रवतनयनजलपुलकशरीरा १४ करगहिप्रभुमुनिवरबैठारे परममनोहरबचनउचारे १५ आजधन्यमैंसुनहुंमुनीशा तुम्हरेदरशजाहिंअघखीशा १६ बड़ेभाग्यपाइयसतसंगा बिनहिंप्रयासहोहिंभवभंगा १७ दो०॥ संतसंगअपबर्गकर कामीभवकरपंथ कहहिंसंतकबिकोबिद श्रुतिपुराणसदग्रंथ १८ चौ०॥ सुनिप्रभुवचनहर्षमुनिचारी पुलकित**

उनकी सबकल्प समाधि करिदीनहै मुनिको बैठाइकै परममनोहर बचन बोलतेभये ( १५ ) अरु श्रीरामचन्द्र कहते हैं हे मुनीशहु आज मैं धन्य धन्यतरहौं काहेते कि तुम्हारे दर्शनते संपूर्ण अघनाश ह्वैजाते हैं ( १६ ) हे मुनीशहु सत्संग बड़ी भाग्यते मिलत है तुम्हारे ऐसे सत्संगते बिनाप्रयासहि भवजोहै संसार भंगकही नाशह्वैजात है ( १७ ) दोहार्थ॥ श्रीरामचन्द्र कहते हैं कि हे मुनीशहु संतनकी संगति अपबर्ग जो मोक्ष है तेहि की करकही कर्त्ताहै नाम मोक्षको दाता है सो हमको आजु आपुकी सत्संगतिभई है ताते हम बड़भागी हैं अरु कामी जो पुरुष हैं तिनकी संगति भवजो है संसार तेहिकी कर्त्ता है यह सबसन्त कहते हैं अरु कबीश्वरकहते हैं अरु कोबिदकही पंडित कहते हैं अरु पुरु पुराण श्रुतिस्मृति शास्त्र सत्पुरुष सद्ग्रंथ एतो समस्त इहै सिद्धांत करिकै कहते हैं कि संतनकैसंगति मोक्षदाता है अरु सकामिनकै संगति संसारमें चौरासी की दाता है ताते गृहस्थ जोहै तिनको सब संतनकी संगतिहोइ तब उसको कल्याणहोहि ताते आजु हम बड़भागी हैं यह बचन सनकादिकनते श्रीरामचन्द्र कहाहै सो यामें काहेतु है कि सनकादिकनकी निर्विकल्प समाधि रामाकार ह्वैरही है तहां समाधि छूटिबेकी चारिक्रिया हैं लय बिक्षेप कषाय रसाभास लयकही आलस निद्रा बिक्षेपकही और की बाणी बोल बतलाव श्रवणविषे परे कषायकही जेहि तत्वमें समाधि बांधिरहै सो अवरै रीति चित्तकी वृत्तिमें आवै अरु रसाभासकही चित्तकी वृत्तिविषे कोई अनुसाधन होइहै यहि चारिकरिकै समाधि छूटिजाती है जो कोई कहै कि स्वबिकल्प समाधि छूटि जाती है अरु निर्विकल्प समाधि नहीं छूटतीहै तहां सत्यहै पर इहां श्रीरामचन्द्र श्रीमुखबचनते आपुतौ स्वामी हैं पर सेवकते ऐसो बचन कहते भये हैं तहां सनकादिकन की समाधि कैसेबंधीर है छूटिगई है तहां श्रीरामचन्द्रको बचन सुनिकै निर्बिकल्प समाधि ते सबिकल्प विषे प्राप्तिह्वैकै श्रीरामचन्द्रको यथार्थ आश्रित करतेहैं ( १८ ) हे गरुड़ श्रीरामचन्द्रके बचन प्रेमसंयुक्त सुनिकै चारिउमुनि हर्षिकै अंतर्बाह्य

**तनअस्तुतिअनुसारी १९ जयभगवंतअनंतअनामय अनघअनेकएककरुणामय २० जयनिर्गुणजयजयगुणसागर सुखमंदिर सुंदरअतिनागर २१ जयइंदिरारमणजयभूधर अतिअनुपमअनादिशोभाकर २२ ज्ञाननिधानअमानमानप्रद पावनसुयशपुराणवेद**

पुलकिकै स्तुतिकरते हैं ( १९ ) तहां सनकादिकनकी समाधिविषेजो वृत्तिरही है सोई वृत्ति श्रीरघुनाथजी की प्रेरणाते परावाणी में प्राप्ति होइके यथार्थ स्तुति करते हैं हे भगवन्त तुम्हारी जयहोय सदा जयमानहौ अरु अनन्तहौ तुम्हारी आदि अन्त मध्य किसूके जानबेयोग नहीं है तुम अनामयहौ अनामयकही बिकार सो षट्बिकारते तुमरहितहौ जन्म वृद्धिकही बढ़ब पुनि बिवर्णकही और रंगहोना किन्तु पातरते मोट मोटतेपातर पुनि क्षीयते क्षीयते कही जेते जेते दिनबीते हैं सो क्षीणहोत जाते हैं पुनि जराजरा कही वृद्ध अवस्था पुनि मरण एते षट् आमय कही रोग हैं तहां यहि षट्बर्गते तुमरहितहौ पुनि तुम अनघहौ अनघकही पापरहितहौ उत्पन्न पालन प्रलयते परेहौ अरु तुमअनेकहौ अरु एकहौ यथा सूर्य घटप्रति अनेक है अरु सूर्य निजस्वरूप एकहै तैसही तुमहौ हे करुणामय ( २० ) हे श्रीरामचन्द्र तुम्हारीजय बारम्बार निर्गुण रूप तुमहींहौ अरु दिव्यगुणन के सागरहौ सो गुण अष्टादश षोडश वेदस्तुतिमें कहिआये हैं अरु सुखके मंदिरहौ औ अतिसुन्दरहौ तुम्हारी सुन्दरताकी छटा कामादिकन पायो है अरु अतिनागरकही अतिप्रवीणहौ तुम्हारे बचननकी रचनामें केहिकी समाधि नहीं छूटिजाय है ( २१ ) अरु जयइन्दिराकही लक्ष्मीरमण तहां जहांतक लक्ष्मी अनेकहैं ब्रह्माण्ड में सो तुम्हारी विभूति हैं तिनविषे तुमअन्तर्यामी तुम्हाररूप सो सबमें रमिरह्यो है अरु तुमरूपीहौ अरु भुवि जो पृथिवीहै सो अपने एक अंशभूतकरिकै धारणकिहेहौ अरु अतिअनूपहौ तुम्हारी उपमाको कोई नहीं है अरु अनादिहौ अरु शोभा के आकर कही खानिहौ ( २२ ) अरु तुम ज्ञानके निधानकही स्थानहौ अरु तुम अमानकही मानरहितहौ सबको मानप्रदकही देतेहौ अरु तुम्हार जो सुयश है सो अति पावनहै तेहिको पुराण वेद अहर्निश बदकही गावते हैं ( २३ ) पुनि कैसेहौ परमतत्त्वरूप तुमहींहौ अरु परमतत्त्व वेत्ताहौ अरु कृतज्ञकही सबकी करणीको जानतेहौ अरु अज्ञानके नाशकर्त्ताहौ अरु अनेक तुम्हारे नामहैं अरु अनाम हौ जिनके एकएक नामके अर्थ कोई नहीं जानिसकै है ताते अनामकही अरु जो अनामकही नामरहितहौ तो यह कहना नहीं सम्भव है काहे

**बद २३ तज्ञकृतज्ञअज्ञताभंजन नामअनेकअनामनिरंजन २४ सर्बसर्बगतसर्बउरालय बसहिंसदाहमकहुंप्रतिपालय २५ द्वंदबिपति भवफंदबिभंजय हृदिबसिरामकाममदगंजय २६ दो०॥ परमानन्दकृपायतन ममपरिपूरणकाम प्रेमभक्तिअनपावनी देहुहमहिंश्रीराम २७**

ते कि ब्रह्मकहना यह भी नामही है ताते नामबिना तत्त्वनहीं है अरु निरंजनकही मायाते रहितहौ ( २४ ) अरु सर्बकही संपूर्णहौ अरु सर्बगत हौ सर्बगतकही पृथिवी अप तेज वायु आकाश सात्विक राजस तामस अहंकार महत्तत्त्व सर्बमें गतकही प्राप्तहौ सूक्ष्मरूप अरु सर्ब तुमविषे है सूत्रमणिगणाइव अरु सर्ब उरालयहौ सबके हृदय कमलमें तुम मूर्त्तिमान् बासकियो है किन्तु जेते स्वरूपहो ते तुमकहँ प्रतिपालय ( २५ ) अरु द्वन्दबिपति जो है तैं मैं मोर तोर जन्म मरण यहजो भवकर फन्द है तेहिको बिभंजनकही नाशकर्त्ताहौ अरु हे श्रीरामचन्द्र अपने जनन के हृदयमें बसिकै काम मद इत्यादि बिकार गंजनकही नाशकरतेहौ ( २६ ) दोहार्थ॥ अरु हे श्रीरामचन्द्र परमानन्द अरु कृपा तेहिके स्थानहौ अरु संपूर्ण कामना करिकै तुम्हारमन परिपूर्ण है तुमनिष्कामहौ किन्तु अपने जननके मनको सबकामनाते परिपूर्ण करतेहौ ताते श्रीरामचन्द्र कृपा करिकै अपनी अनपावनी भक्ति हमकोदेहु अनपावनीकही जेहिकेसम अवरपदार्थ पावननहीं है न कोईकर्म न कोईधर्म न योग न वैराग न ज्ञान न विज्ञान न ध्यान न समाधि इत्यादिकनते परमपवित्र पावन ताको अनपावनीकही किन्तु जोभक्ति कोई नहीं पावै जेहिपर श्रीरामचन्द्र अति कृपाकरैं ताकोदेहिं सो अनपावनीकही किन्तु कोटिनबिघ्ननते न चलै सर्वकालमें अचलरहै ताको अनपावनी भक्तिकही सो प्रेमलक्षणाभक्ति सनकादिक श्रीरामचन्द्र से मांगते हैं ( २७ ) हे रघुपति ऐसी जो अनपावनीभक्ति है सो हमको देहु कैसी हे वहभक्ति भवजो है संसार तेहिकर दापजो है दुःख जबरदस्ती देते हैं तीनिउताप करिकै अध्यात्म अधिभूत अधिदैवत अध्यात्मकही जो बाह्यांतर शरीरकरिकै दुःखउत्पन्न होइ अरु अधिभूतकही जो अनेक जीवकरिकै दुःखउत्पन्नहोइ अरु अधिदैवतकही दैवकही कालकरिकै दुःखउत्पन्नहोइ ऐसी जो तीनिउताप हैं भवकीदाप दुःखदायी तिनसबनके नाशकै करनहारी भक्तिसोदेहु ( २८ ) पुनि भक्तिकैसी है प्रणतकही जोतुम्हारी शरण हैं तिनको परमदिव्य कामधेनु कल्पवृक्षहै तहां सर्बकामनादेबेको एकै सामर्थ्य है दुइक्योंकहा है तहां भक्ति कल्पतरु रूपह्वैकै श्रीरामचन्द्रके स्वरूपको देतिहै अरु कामधेनु

चौ०॥ देहुभक्तिरघुपतिअतिपावनि त्रिविधितापभवदापनशावनि २८ प्रणतकामसुरधेनुकल्पतरु ह्वैप्रसन्नदीजैप्रभुयहबरु २९ भवबारिधिकुंभजरघुनायक सेवतसुलभसकलसुखदायक ३० मनसंभवदारुणदुखदारय दीनबंधुसमताबिस्तारय ३१ आशत्रासईर्ष्यादिनिवारक विनयविवेकविरतिबिस्तारक ३२ भूपमौलिमणिमंडनधरणी देहुभक्तिसंसृतिसरितरणी ३३ मुनिमनमानस

रूपह्वैकै स्वरूपविषे अतिप्रीति अनुरागदेति है सो भक्ति प्रसन्नहोइकै वरदान हमकोदेहु ( २९ ) हे रघुनायक भवबारिधि जो है समुद्र तेहि के शोषिबेको तुम अगस्त्यमुनिहौ अरु तुम्हारि सेवासुलभहै काहेते एकबार शरणआयेते तुम आपन करिलेतेहौ फिरिपाछे वहिकर अवगुण नहीं देखतेहौ अरु अमित सुखदेतेहौ ( ३० ) हे दीनबन्धु मनते संभवकही उत्पन्न जो अनेकदुःख हैं तिनको दारयकही नाशकरते हौ अरु बुद्धि में समता बिस्तार करतेहौ ( ३१ ) अरु आशकही बासना जे अनेकहैं अरु त्रासजोहै भय ईर्षा जेहैं इनसबको निवारककही दूरिकरिदेतेहैं अरु विनयजोहै नम्रता अरु विवेक वैराग्य आदिक दिब्यगुणके बिस्तारकर्त्ताहौ ( ३२ ) हे भूपनके माथेकैमणि तुमसम्पूर्ण पृथिवीके मण्डनकही शृंगार हौ हे श्रीरामचन्द्र संसृति जो जन्ममरण है सो नदी है तेहिके परजाबे को तुम्हारीभक्ति तरणीकही नावहै सो भक्ति हमकोदेहु ( ३३ ) अरु मुनिनके मन मानसर हैं तिनके तुमहंसहौ तहां निरन्तर बसतेहौ अरु तुम्हारे चरणकमल को ब्रह्मा शिवादिक अहर्निश बन्दते हैं ( ३४ ) हे रघुकुल के केतु कही पताका अरु श्रुतिसेतु कही मर्याद तेहिके तुमरक्षकहौ अरु कालकर्म स्वभाव गुण तेहिके भक्षकहौ कालकही झरोखा में सूर्य्यकी किरणी जगमगाइ रही हैं तामें एकको तृसरेणु कही अरु सैकरा तृसरेणुकर एकअणुकही अरु सैकरा अणुकर एक परमाणु कही अरु सात परमाणुकर एक लवकही अरु साठि लवकर एक निमेषकही अरु साठि निमेषकर एक पलकही अरु साठिपलकर एकदंड कही अरु साठि दण्डकर दिनराति कही अरु तीसदिन रातिको एकमास कही अरु बारहमासको एक वर्षकही ऐसेही जेते पल घरी दिनवर्षकै उमर ब्रह्मै लिखा है तहां जबते जन्मभयो तेहि साइतिते जेते पलघरी दिनमास वर्षबीतते हैं सो कमी होतजातेहैं अरु तेहिमें अनेक दुःखसुख होतजात हैं तहां उमर पूर्णभये शरीर मृतक होइजातहै अरु तेहि शरीरके कर्मके सम्बन्ध ते जीवनके स्वर्ग मृत्युलोक अरु चौरासीभोगकरते हैं जेहिकाल के विषे ताको कालकही तहां जे जीव तुम्हारी शरण होतेहैं तिनकेकालको तुम भक्षककही कालहुके काल ह्वैकै अपनो पद देतेहौ कर्मजो तीनि

हंसनिरंतर चरणकमलबंदितअजशंकर ३४ रघुकुलकेतुसेतुश्रीरक्षक कालकर्मस्वभावगुणभक्षक ३५ तारणतरणहरणसबदूषण

गुण सम्बन्धी अरु स्वभाव अनेक जन्मके कर्म संस्कार जो सूक्ष्मशेष रहिगयोहै सोजीवन विषे सुभाव करिकै वर्त्तमान होतेहैं ताको स्वभाव कही अरु तीनिगुण तेहिको भक्षककही नाशकरिकै आपनपद देतेहौ ( ३५ ) अरु हे श्रीरामचन्द्र तारण तरणहौ अरु सर्बदूषणके हरैयाहौ तारण कही जो तुम्हारेजनहैं तिनको अनेक दूषणकरिकै संसारते तारिदेते हौ अरु तुमतौ तरणकही संसारके पारहहु शुद्धसच्चिदानन्द विग्रह परब्रह्मरत हौ किन्तु तरणकही ज्ञानीजीवनमुक्त तिनको तुमहीं तारते हौ अपनी शरणकरिकै नतुउनकी सामर्थ्य नहीं है तुम्हारी माया तरिबेको तहां प्रमाण श्लोकएक॥ दैवीह्येषागुणमयीममामायादुरत्यया। मामेवयेप्रपद्यंतेमायामेतांतरंतिते १ किन्तु पुनि उक्ति करिकै कहतेहैं तहां तीनि प्रकारके पुरुषहैं एक तारणहैं एक तरण हैं एक तरणतारण हैं तारणकही वेद शास्त्रपुराण बाँचते हैं वैराग्य ज्ञान भक्तिनिरूपण करतेहैं उनके बचनको ग्रहण करिकै तरिजाते हैं अरु आपु सामान्यहैं अरु एकतरणहैं परमहंस आपुपरेहैंविशेष और किसूसे प्रयोजननहींहै अरु तारणतरणकही सन्तजनआपु तरे हैं अरु अनेकजीवको तारते हैं इनतीनिउपर तुम्हारी कृपाहै अरु तीनिउके अनेक दूषणहरिकै तारण तरण तरणतारण तुमहीं कीन है श्री गोसाईं तुलसीदास कहते हैं कि यह सनकादिक कहते हैं कि हे श्रीरामचन्द्र तीनहूँ लोकके भूषण तुमहौ तेतुम्हारि स्तुति मैं कहांलगिकरौं ( ३६ ) दोहार्थ॥ हेभरद्वाज श्रीरामचन्द्रकी यथार्थ स्तुति करिकै प्रेमसंयुक्त बारबार नमस्कार साष्टांग

दण्डवत् करिकै अति अभीष्ट कही अभिवांछित अचल अनपावनी भक्तिवरपाइकै सनकादिक चारिउ भाई श्रीरामचन्द्रकी शोभास्वरूप हृदयमें राखिकै ब्रह्मलोकको जातेभये ( ३७ ) इतिश्री रामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसनेउत्तरकाण्डेस्तुतिसनकादिकब्रह्मज्ञानरूपपराभक्तिकोप्राप्तिवर्णनन्नामएकादशस्तरंगः११॥

दोहा॥ दशदुइदिव्यतरंगमें लक्षणगुणशुभसन्त॥ रामचरणश्रीमुखकही सारशास्त्रश्रुतिसन्त १२॥ हे पार्वती सनकादिक ब्रह्मलोकको गये उपरान्त तीनिउँ भ्राता श्रीरामचन्द्र के चरणविषे साष्टांग दण्डवत् करतेभये ( १ ) श्रीरामचन्द्रको पूँछतकै भ्राता संकोच करतेहैं अरु श्रीहनुमान्

तुलसिदासप्रभुत्रिभुवनभूषण ३६ दो०॥ बारबारअस्तुतिकरि प्रेमसहितशिरनाइ ब्रह्मभवनसनकादिगे अतिअभीष्टबरपाइ ३७॥

चौ०॥ सनकादिकबिधिलोकसिधाये भ्रातनरामचरणशिरनाये १ पूंछतप्रभुहिसकलसकुचाहीं चितवतसबमारुतसुतपाहीं २ सुनाचहैंप्रभुमुखकैबानी जोसुनिहोयसकलभ्रमहानी ३ अंतर्यामीप्रभुसबजाना बूझतकहाकहहुहनुमाना ४ जोरिपाणिकहतबहनुमंता सुनहुदीनदयालभगवंता ५ नाथभरतकछुपूंछनचहहीं प्रश्नकरतमनसकुचतअहहीं ६ तुमजानहुकपिमोरसुभाऊ

की दिशि देखते हैं ( २ ) तहांका हेतुहै श्रीरामचंद्र के मुखकी बाणी सुनाचाहते हैं जो सुनिकै सम्पूर्ण भ्रम नाशहोइ किन्तु जीवनकी भ्रमनाशकरिबे हेतु श्रीरामचन्द्रसे पूँछते हैं ( ३ ) तब अन्तर्यामी श्रीरामचन्द्रभाइनके मनकी जानिकै हनुमान्ते कहते हैं हेहनुमान् भरतजी का पूँछाचाहते हैं ( ४ ) तबहनुमान् हाथजोरिकै कहतेहैं हेदीनदयाल भगवंतसुनहु ( ५ ) हनुमान्जी कहते हैं हे श्रीरामचन्द्र हमारेनाथ अरु संपूर्ण चराचरके नाथ भरतजी कछु पूंछा चाहते हैं अरु आपुते प्रश्न करतकै संकोच करते हैं ( ६ ) तब श्रीरामचन्द्र कहते हैं हेकपि तुममोर स्वभाव जानतेहौ हमते भरतते कछुअंतर नहीं कबहूं तहां इहांतौ हनुमान्जी मनोहर नर शरीरधरेहैं चौपाई॥ हनुमदादिसबबानरबीरा धरेमनोहरमनुजशरीरा॥तहां अबतौ हनुमान्जीके निजदिव्य नराकार नित्य शरीरहै श्रीरामचन्द्र ने कपि क्यों कहा तहां कंकही जलको इहां ककार पर अनुस्वारको आगमन करिलीन हैं अस होतहै तहां कं नाम जल सुधा पय बारि नीर इत्यादिक औरौ नामहैं तहां कं कही जलकोनाम सुधाहै तहां हनुमान्जी श्रीरामचन्द्रकै भक्ति अहुर्निश सुधारूप पी कही पीवतेहैं ताते कपिकहा ( ७ ) तहां प्रभुके वचनसुनिकै भरतजी चरणगहतेभये हे मेरेनाथ अरु चराचरके नाथ प्रणत जे हैं शरण तिनके आरत के हरैया सुनहु ( ८ ) दोहार्थ॥ हे नाथमोको कछुसंदेह नहीं है स्वपनेहुँ विषे न शोकहै न मोहहै परकेवल तुम्हारी कृपाते कैसेहौ तुम कृपाके आनंदके संदोहकही समूह समुद्रहौ ( ९ ) हे कृपानिधि एक ढिठाई करतहौं काहेते कि मैं आपुकर सेवकहौं अरु तुमसेवकन के सुखदाताहौ ताते ढिठाई करतहौं ( १० ) हे रघुराई संतनकी महिमावेद पुराण बहुतबिधि गावतेहैं ( ११ ) अरु आप श्रीमुखते संतनकै अति बड़ाई कीनहे अरु आपकै प्रीतिसंतनविषे मैं बहुत देखतहौं ( १२ ) हे प्रभु तिनसाधुनके लक्षण आपके मुखते मैं सुनाचाहतहौं काहेते कि आप

भरतमोहिंकछुअंतरकाऊ ७ सुनिप्रभुबचनभरतगहिचरणा सुनहुनाथप्रणतारतहरणा ८ दो०॥ नाथनम्वहिंसंदेहकछुसपनेहुँशोकनमोह केवलकृपातुम्हारिहीकृपानंदसंदोह ९ चौ०॥ करौंकृपानिधिएकढिठाई मैंसेवकतुमजनसुखदाई १० संतनकैमहिमारघुराई बहुविधिवेदपुराणनगाई ११ श्रीमुखपुनितुमकीनबड़ाई तिनपरप्रभुहिप्रीतिअधिकाई १२ सुनाचहौंप्रभुतिनकरलक्षण कृपासिंधुगुणज्ञानबिचक्षण १३ संतअसंतभेदबिलगाई प्रणतपालमोहिंकहहुबुझाई १४ संतनकरलक्षणसुनुभ्राता अगणितश्रुतिपुराणबिख्याता १५ संतअसंतनकैअसिकरणी जिमिकुठारचंदनआचरणी

## १६ काटैपरशुमलयसुनुभाई निजगुणदेइसुगंध

गुणगण के बिचक्षणकही प्रवीणहैं किंतु संतनके अनन्तगुणगण हैं तिनविषे केवल आपही बिचक्षणहौ ( १३ ) ताते हे प्रणतपाल संतनके लक्षण भेदविलगाइकै मोसे समुझाइकै कहहु ( १४ ) तब श्रीरामचन्द्र प्रसन्नह्वइकै कहतेभये हे भरतजी संतनके लक्षण अगणित हैं वेद पुराण वर्णन करते हैं पर पारनहीं पावते हैं हे तात सुनहु ( १५ ) संतनके अरु असंतनके लक्षण अरु करणी जैसे कुठार अरु चंदनके आचरणहैं तैसे हैं ( १६ ) हे भाई फरसा जो कुल्हारीहै सो चंदनको काटत है अरु चंदन निजगुण सुगन्ध त्यहिकेमुखकहँ देतहै तहां खल कुल्हारीकी नाईं संतनकर बिघ्न करते हैं तहां जो संतनकर विघ्नकरै सो खलहै अरु तिनकर विघ्न संतजनमनमें ल्यावते नहीं हैं तेई संतजन हैं अरु चंदनकीनाईं अपने गुणदेते हैं ( १७ ) दोहार्थ॥ ताहीते चंदनको देवता अपने माथेपर चढ़ावते हैं अरुताहीते संतजन देवतनके लोकनके माथेपर चढ़िकै परमधामको जाते हैं संतनको विमानपर चढ़ेजातेदेखिकै ब्रह्मादिक देवता माथ नावते हैं स्तुति करतेहैं अरु चंदन सबजगत् को बल्लभकही प्रियहै अरु संतजन सबजगत् को प्रियहैं अरु सब जगत् उनको प्रियहै चंदन अरु संत ऐसे हैं अरु कुल्हारी को मुख अनल में दाहिकै घननतेपीटते हैं अरु खलनकरमुख यमलोकमें भी पीटाजातहै ( १८ ) हे भरत पुनि संतनके लक्षणकैसे हैं अरु विषयते अलंपटकही रहितहैं अरु शीलगुण इत्यादिक दिव्यगुण त्यहिके आकर कही खानिहैं अरु परावा दुःखदेखेते दुःखित हैं अरु परावासुख देखेते सुखीहोते हैं ( १९ ) अरु समबुद्धिहै जिनकी अरु भूतरिपुकही जिनके रिपुउत्पन्न हईनहीं है अरु विमदकही अष्टमदते रहितहैं सो पाछे कहिआये हैं अरु विरक्तहैं अरु लोभजोहै अरु अमर्ष

### बसाई १७ दो०॥ तातेसुरशीशनचढ़त जगबल्लभश्रीखंड अनलदाहपीटतघनन परशुबदनयहदंड १८ चौ०॥ बिषयअलंपटशीलगुणाकर परदुखदुखसुखसुखदेखेपर १९ समअभूतरिपुबिमदबिरागी लोभामर्षहर्षभयत्यागी २० कोमलचितदीननपरदाया मनबचक्रममममभक्तअमाया २१ सबहिंमानप्रदआपुअमानीभरतप्राणसममतेप्रानी २२ बिगतकाममनामपरायन शान्तिविरतिविनीतुमदितायन २३ शीतलतासरलतामयंत्री द्विजपदप्रीतिधर्मजनजंत्री २४ येसबलक्षणबसहिंजासुउर जानेहुतात

कही जो उनकी कोऊ लघुता कहै तौ उनके मनमें अमर्ष नहीं आवैहै उनसे बैर नहीं मानत हैं सो जो लोभ अमर्ष है सो मेरे संतत्यागे हैं अरु शोक हर्ष भय इनको त्यागे हैं ( २० ) अरु कोमल चित्त है जिनकर अरु दीननपर दायाहै जिनकी अरु मन क्रम बचनते मेरीभक्ति करतेहैं अरु मायाकही निष्काम अर्थ धर्म काम मोक्ष तेहि कामनाते रहितहैं ( २१ ) अरु सबको मानप्रद कही मानतेहैं अरु आप अमानीहैं हे भरत ते प्राणीमोको प्राणकेसमान प्रियहैं ( २२ ) अरु संपूर्ण कामनातेबिगतकही रहितहैं अरु मेरेनामविषे परायणकही लीन है अरु शांतबिपरीत कही बैराग्य अरु विनीतकही प्रवीणता अरु मुदितकही आनंदत्यहिके अयनकही स्थानहैं ( २३ ) शीतलता अरु सरलता यहिते मयंत्रीकही मित्रताहै अरुद्विजनके पद में प्रीतिहै तहां ब्राह्मणनकेपद कैसे हैं धर्मजोहै तेहिको जानैकही उत्पन्न करिबेको मातापिता हैं ( २४ ) हेतात एतेलक्षण जो कहिआयेहैं अरु जो आगे कहते हैं जेहिजीवके हृदयमें बसहिं तेहिकोतुम निरंतर फुरकहीसांचा संतजानब ( २५ ) अरु शम दम नीतिमहं अचल हैं शमकही चित्त बुद्धि मन अहंकार चित्तकी विषय पदार्थ को चिंतवन अरु बुद्धिको विषय पदार्थकी निश्चय करना अरु मनकी विषय पदार्थ में संकल्प बिकल्प अरु अहंकारकी विषय पदार्थको अपनपौ माने इन चारिउकी वृति एककरिकै परमेश्वरके तत्व विषे लगावे ताकोसमकही अरु दमकही पांचज्ञान इन्द्री श्रवण त्वक नयन जिह्वा नासिका तिनकी विषयसुनब स्पर्शरूप रस गंध क्रमते जानब अरु पांचकर्म इन्द्री मुख हाथ पग लिंग गुदा तिनकी विषय भक्षण ब्यवहार गमन मैथुन बिसर्गकही मलकर त्याग इनदशौ इन्द्रीकी विषय को जीतै ताको दमकही अरु नेमजे

हैं दश अहिसा सत्य स्नेह कही निरआलस अरु इन्द्रिनके विषय बैराग्यते चोराइलेय ब्रह्मचर्य दया आर्जव क्षमा धृति अल्पभोजन शौच अरु नीति चारि साम दामदण्ड विभेदतहां मेरे संतनमें चारिउकैसेरतहैं सामकही चराचरमें समबुद्धि अरुदामकही

**संतसंततपुर २५ शमदमनेमनीतिनहिंडोलहिं परुषबचनकबहूंनहिंबोलहिं २६ दो०॥ निंदाअस्तुतिउभयसम ममताममपदकंज तेसज्जनममप्राणप्रियगुणमंदिरसुखपुंज २७ सुनहुअसंतनकेरसुभाऊ भूलेहुसंगतिकरियनकाऊ २८ तिनकरसंगसदादुखदाई**

मेरे सम्बन्ध युक्त कर्म इन्द्रीजेबेमर्याद चलहिं तिनको बिवेकरूप दण्ड सो ध्वन्सकरते हैं ताको दण्डकही अरु बिभेदकही माया ब्रह्म जीव त्रैतत्वमें भेदराखते हैं मायाको मायाजानै है जीवको जीवजानते हैं अरु ब्रह्मको ब्रह्मजानते हैं यहमेरे संतन में बिभेदकही विशेष है तहां समदम नीति इन चारिउमें अबल है अरु पुरुषकही कठोर बचनकहँ नहीं बोलते हैं ( २६ ) अरु निंदा स्तुति मानापमान हानि लाभ मित्र अरि उभयविषे समबुद्धि जिनके अरु ममता ममपद कंजविषे हैं ते सज्जन मोको प्राणहुते प्रियहैं अरु दिव्यगुणके मंदिर हैं सुखके पुंज हैं तहां प्रमाण है। भगवद्गीतायां। श्लोकद्वै॥ समदुःखसुखःस्वस्थःसमलोष्टाश्मकांचन॥ तुल्यप्रियाप्रियोधीरस्तुल्यनिंदात्मसंस्तुतिः १ मानापमानयोस्तुल्योतल्योमित्रारिपक्षयोः॥ सर्वारम्भपरित्यागीगुणातीतःसउच्यते २ ऐसे लक्षण मेरेसाधुनके हैं ते मोको प्राणप्रिय हैं ( २७ ) श्रीरामचन्द्र कहते हैं कि हे भरत जी अब असंतनके लक्षणसुनहु जे कबहू भूलिहूकै सत्संगमें नहीं जाते हैं ( २८ ) तिनखलनकी संगतिसदा दुखदाई है जिमि हरहाई गऊकेसंग कपिलागऊको दण्डहोत है ( २९ ) पुनि खलकैसेहैं जिनके हृदयविषे पराई संपति देखिकै संताप बनारहता है ( ३० ) अरु जो पराई निंदाको सुनते हैं तौ अतिहर्षको प्राप्तिहोते हैं जैसे पराई निधिकही द्रव्यपाइकै हर्षितहोते हैं ( ३१ ) फिरिकैसे हैं असाधु काम क्रोध मदलोभ इनके परायणकही लीनह्वैरहेहैं अरु निर्दयहैं कपटीहैं कुटिलहैं अरु मलजोहै पाप तेहिके अयनहैं ( ३२ ) अरु अकारणहिं सबते बैरकरतेहैं तहां जोकोई उनकरहितकार करत है ताहूकर अनहित करते हैं ( ३३ ) अरु वे असन्त कैसेहैं जिनके झूंठइलेना है अरु झूंठइदेना है अरु झूंठइभोजन है अरु झूंठइचबेना है तहां जगत्विषे लेबदेबव्यवहारहै सो उनकर यहदूनौंवृथाहै काहेते कि भगवत् सम्बन्ध ब्यवहार उनकरनहीं हैं ताते झूंठइ है अरु केवल शरीरकर ब्यवहार भोजन चर्बनादिकहै सो भगवन्त अर्पण नहींहैताते झूँठइहै किन्तु एक लेना स्वार्थिकहै अरु एकपरमार्थिक है स्वार्थिक कही यह कहतेहैं कि हम वहराजाते अथवा कोई महाजनते यतनी द्रव्यलेते हैं अरु यतनाभोजन लेतेहैं अरु यतना वस्त्रलेते हैं अरु पावते कबहूँ

**जिमिकपिलैघालैहरहाई २९ खलनहृदयअतितापविशेखी जरहिंसदापरसम्पतिदेखी ३० जहँकहुंनिन्दासुनहिंपराई हर्षहिंमनहुंपरीनिधिपाई ३१ कामक्रोधमदलोभपरायन निर्दयकपटीकुटिलमलायन ३२ बैरअकारणसबकाहूसो जोकरहितअनहितताहूसों ३३ झूंठइलेनाझूंठइदेना झूंठइभोजनझूंठचबेना ३४ बोलहिंमधुरबचनजिमिमोरा खाहिंमहाअहिहृदयकठोरा ३५**

नहीं ताते झूँठ कहते हैं अरु परमार्थिक लेनो कही यह कहते हैं कि हमपचास हजार नाम लेतेहैं नित्य अरु लेते नहीं झूँठइ कहते हैं अरु देने में दुइभेद एक स्वार्थिक अरु एक परमार्थिक तहां यह कहते हैं कि हमारेकछुकमीहै हम किसूको सौ रुपैया दिये हैं अरु किसूको पांचसै दिये हैं अरु किसूको हजार दियेहैं अरु किसूको लाखन दियेहैं सोसब झूँठइ कहते हैंअरु एकै कहतहैं कि हमतौ केतन्यो गऊदान दिये हैं अरु केते अन्न बस्त्र द्रब्य भोजन दियेहैं सो सब झूँठइदेनाकहतेहैं अरु भोजन चर्बण मिश्रितचारिहैं भोजनभक्ष लेह्य चुह्य भोज्यकही भात पहिती रोटीपूरी हविष्यान्न लड्डू पेड़ा इत्यादिक मिठाई अरु भक्षकही बुँदिया मेवा चिरौंजी इत्यादिक जा चाबने में आवै अरु लेह्यकही मोहनभोग इत्यादिक अरु जो पीवने में आवै चुह्यकही उत्तममृगनको मांस किन्तु कोई तरकारी अरु मेवा इत्यादिक अरु षटरसकही खट्टा मिट्ठा चरफरा बाकट कटुकषाय

तहां खट्टाकही निंबुवा अचार इत्यादिक अरुमीठाकही चीनी कन्द्रमिश्री इत्यादिक का शरबत चरफराकही चटनी इत्यादिक अरु बाकट कही अँबरा हरा इत्यादिक के अचार अरु कटुकही मिर्चा मिर्च सोंठि इत्यादिक अरु कषाय कही लोन इत्यादिक जो सब भोजन व्यञ्जनको भूषित कर्त्ता है तहां असाधु जोहैं ते यहकहतेहैं कि यह भोजन चर्बणादिक हमनित्य खातेहैं सो झूँठइ कहतेहैं ( ३४ ) अरु खलकिनको जानिये बचन तौ मधुर मयूरकी तरह बोलतेहैं अरु मयूर तौ विषधर खातेहैं खल कपटकरिकै पराई विषय खाते हैं पाप अरु अयशको नहीं डरतेहैं ( ३५ ) दोहार्थ॥ पुनि खल किनकोकही जिनकोमन परावा द्रोह अरु पराईस्त्रीमें रतहै अरु अपवाद कही पराये धनके नाश करिबेकी इच्छा है किन्तु परावाधन आपैलेनेकी इच्छाहै हे भरतजी तेप्राणी पांवरकही नर पशुहैंजैसे पशुकही घोड़ा बैल मृगा इत्यादिक तैसे वे नर पशुहैं अरु पापमय हैं नरतन धरेहैं मनुजाद कही राक्षसहैं आदहिंसा धातुहै जो मनुष्यनकी खाइ ताको मनुजाद कही राक्षस तहां राक्षस मनुष्यकोखातेहैं अरु

दो०॥ परद्रोहीपरदाररत परधनपरअपवाद तेनरपांवरपापमयदेहधरेमनुजाद ३६ चौ०॥ लोभइओढ़नलोभइडासन शिष्णोदरपरयमपुरत्रासन ३७ काहूकीजोसुनहिंबड़ाई श्वासलेहिंजनुजूड़ीआई ३८ जबकाहूकीदेखहिंबिपती सुखीभयेमानहुंजग

खल बिनाकारण मनुष्यनको कर्म धर्म धन खाइ लेते हैं नाशकरिदेते हैं तहां प्रमाण भर्तृहरि श्लोक॥ एतेमत्पुरुषाः परार्थघटिकाःस्वार्थापरित्यज्यये सामान्यम्परस्वार्थमुद्यमभृतेस्वार्थाविरोधेनये॥ तेमीमानुषराक्षसाः परहितंस्वार्थापनिघ्नन्तुये येतुघ्नंतुनिरर्थकंपरहितन्तेकेनजानीमहे १ अरु जो पूर्व कहे हैं तेहिलक्षणते सन्त जानब अरु जो अन्त में कहे हैं तेहिलक्षणते असन्त जानब ( ३६ ) पुनि खल कैसे हैं जिनके लोभै ओढ़ना है दिनभर लोभइके व्यवहार में रहते हैं अरु लोभइ डासन है अरु रात्रीमें जबताई जागते हैं तबताई लोभइको मनन करते हैं अरु जब सोइ जाते हैं तब स्वप्न विषे लोभइको ब्यवहार करते हैं किसूसे ब्यवहार उगाहते हैं अरु किसूकी चोरी करते हैं अरुरात्रि दिन बाह्यांतर लोभइमें रहते हैं अरु शिष्णकही लिंग तेहिको ब्यवहार परस्त्रीगमन मेंलीन रहतेहैं अरु निज उदर येनकेन जिस किसी उपाय करिकै पोषण करते हैं हेभरतजी यई प्राणी यमपुरमें यमके दूतनकरिकै त्रासको प्राप्तिहोतेहैं ( ३७ ) अरु जब काहूकी बड़ाई सुनते हैं तो दुखित होते हैं उठि उठि श्वासलेतेहैं मानहुँ जूड़ी आई है ( ३८ ) अरु जब काहुकै बिपति देखते हैं तो सुखीहोते हैं जैसे कोई जगतमें राजगद्दीपर बैठिकै सुख को प्राप्ति होते हैं ( ३९ ) अरु केवल स्वार्थ विषयमें रतहैं अरु परिवारसहित सबके विरोधी हैं अरु काम तथालोभविषे लंपटकही लीनहैं अरु अकारण क्रोधीहैं ( ४० ) तहां खल जे हैं ये माता गुरु ब्राह्मण अरु देवताकाहूको नहीं मानते हैं अरु आपतौ बनाई गयेहैं अपने सङ्गकरिकै आनहूँको घालते हैं ( ४१ ) मोहकेबश होइकै परायेद्रोहको करतेहैं अरु संतनकोसंग अरुहरिकीकथा जिनकोनहीं भावती है ( ४२ ) पुनि कैसेहैं अवगुणके समुद्रहैं अरु मतिके अतिमन्दहैं अरु कामी हैं अरु वेदकरदूषण करतेहैं अरु परायेधनकेस्वामीह्वैरहेहैं यहकहते हैं कि परावाधन हमार है तहां परावाधन जो है ताको चोरीते वा फवरेब करिकै वा जबरदस्ती करिकै लेते हैं ( ४३ ) अरुदेव ब्राह्मण वैष्णवके विशेषि द्रोहीहैं अरु द्रोहीतौ सबके हैं अरु पाषण्डी

नृपती ३९ स्वारथरतपरिवारबिरोधी लम्पटकामलोभअतिक्रोधी ४० मातपितागुरुबिप्रनमानहिं आपुगयेअरुघालहिंआनहिं ४१ करहिंमोहबशद्रोहपरावा सन्तसंगहरिकथानभावा ४२ अवगुणसिंधुमन्दमतिकामी वेदविदूषणपरधनस्वामी ४३ बिप्रद्रोहपरद्रोहविशेषा दम्भकपटजियधरेसुवेषा ४४ दो०॥ ऐसेअधममनुष्यखल कृतयुगत्रेतानाहिं द्वापरकछुकवृन्दबहु होइहैंकलियुगमाहिं ४५ चौ०॥ परहितसरिसधर्मनहिंभाई परपीड़ासमनहिंअधमाई ४६ निर्णयसकलपुराणवेदकर कह्यउंतातजानहिंकोबिदनर ४७ नरशरीरधरिजेपरपीरा करहिंतेसहहिंमहाभवभीरा ४८ करहिंमोहबशनरअघनाना स्वारथरतपरलोकनशाना ४९

हैं अरु वेष सुन्दर बनाये हैं ( ४४ ) दोहार्थ॥ हे भरतजी ऐसे मनुष्य जे खलहैं अरु अधम हैं ते कृतयुगकही सतयुग त्रेतामें नहीं होते हैं अरु द्वापरमें कछुक होहिंगे अरु कलियुगमें तौ चारिउबर्ण वृन्दके वृन्द होहिंगे ( ४५ ) हे भरतभाई पराये हितकारके समान दूसरधर्म नहीं है अरु परपीड़ाके समानदूसरपाप नहीं है ( ४६ ) हे तात यहसंपूर्ण वेदपुराणको निर्णय मैं तुमसेकहा है तहां कोबिदकही जेपंडितनर हैं तेजानतेहैं तहां प्रमाणहै श्लोकएक॥ अष्टादशपुराणानांब्यासस्यवचनद्वयं॥ परोपकार पुण्यायपापायपरपीडनं १॥ ( ४७ ) हे तात नरशरीर धरिकै परजीवनको पीड़ादेते हैं ते महाघोर संसार में चौरासी योनिको भ्रमब तेहि कीभीर सहते हैं ( ४८ ) तहां मोहकेबशते नर नानाप्रकार के अघकरतेहैं अरु अपने स्वार्थमें रतह्वै कै अपने परलोकको नाशकरतेहैं ( ४९ ) हे तात तिनको कालस्वरूप एक मेरइरूपहै शुभाशुभकर्म फलकोदाताहौं ( ५० ) तहां ऐसे बिचारिकै जोपरम सयानेहैं ते संसृतिकही जन्म मरणकोदुःख मरणकोदुःख जानिकै मोको भजते हैं ( ५१ ) अरु शुभाशुभ कर्मको त्यागिकै देवतन में अरु नरनमें मुनिनमें नायक कही श्रेष्ठ हैं ते सब मोहींको भजते हैं ( ५२ ) हे तात सन्तनके अरु असन्तनके गुण हमतुमसे भाषतभयेतहां जिन सन्त असन्तन के गुण अच्छीतरह लखिराखे हैं ते भवसागर में नहीं परैंगे ( ५३ ) दोहार्थ॥ हे तात सुनहु मायाकृतविषे गुण अरुदोष अनेकहैं तहांजीवनविषे गुण यह सात्विक सो न देखिये अरुउभय जोअवगुण सो न देखिये तौ सोई अबिबेकहै किन्तु मायाकृत गुण देखिये

कालरूपतिनकहँमैंभ्राता शुभअरुअशुभकर्म्मफलदाता ५० असबिचारिजेपरमसयाने भजहिंमोहिंसंसृतिदुखजाने ५१ त्यागहिंकर्म्मशुभाशुभदायक भजहिंमोहिंसुरनरमुनिनायक ५२ सन्तअसन्तनकेगुणभाखे तेनपरहिंभवजिनलखिराखे ५३ दो०॥ सुनहुंतातमायाकृत गुणअरुदोषअनेक गुणयहउभयनदेखियेदेखियसोअबिबेक ५४ चौ०॥ श्रीमुखबचनसुनतसबभाई हर्षेप्रेमनहृदयसमाई ५५ करहिंविनयअतिबारहिंबारा हनूमानहियहर्षअपारा ५६ पुनिरघुपतिनिजमन्दिरगये यहिबिधिचरितकरतनितनये ५७ बारबारनारदमुनिआवहिं चरितपुनीतरामकेगावहिं ५८ नितनवचरितदेखिमुनिजाहीं ब्रह्मलोकसबकथाकहाहीं ५९ सुनिबिरञ्चिअतिशयसुखमानहिं पुनिपुनितातकरहुगुणगानहिं ६० सनकादिकनारदहिंसराहहिं यद्यपिब्रह्मनिरतमुनि आहहिं ६१

जो देखिये तौ अविवेकहै किन्तु गुण मायाकृत शुद्ध सात्विक सोसंतन कर कहिआये हैं सो देखिये अरु मायाकृत अविद्याके गुण जो खलनमें कहे हैं सो उभय न देखिये देखिये तौ अविबेक हे ( ५४ ) हे गरुड़ श्रीमुखके बचन सब भाई सुनिकै अति हर्षयुक्त भये प्रेम हृदयमें नहीं समात है ( ५५ ) बारबार सब भाई श्रीरामचन्द्र की बिनय करते हैं अरु हनुमान्जी के हृदयमें हर्ष अपार है नहीं समातहै ( ५६ ) पुनि श्रीरामचन्द्र निजमन्दिर को जातभये यही प्रकारते नवीन नवीन चरित करतसन्ते ( ५७ ) अरु अयोध्याको नारदजी श्रीरामचन्द्र के दर्शन हेतु बारम्बार आवते हैं तहां श्रीरामचन्द्र के आगे श्रीरामचरित अति पुनीत गावते हैं ( ५८ ) अरु श्रीरामचन्द्रको नित्य नवीन चरित देखिजाते हैं सोई ब्रह्मलोकमें जाइकहते हैं ( ५९ ) तहां नारदके मुखते रामचरित सुनिकै विरञ्चि अतिसुख पावतेहैं अरु यहकहतेहैं कि हेतात श्रीरामचरित गुण पुनि पुनि गानकरौ ( ६० ) तहां जब नारदजी ब्रह्मलोकमें रामचरितगान करतेहैं तहां सुनबेको शिवजीजाते हैं अरु सरस्वती सुनती हैं अरु सनकादिक मुनिसुनते हैं श्रीरामचरित सुनिकै सनकादि नारदको सराहते हैं कि हे मुनीश तुमधन्यहौ यद्यपि सनकादि ब्रह्मरतहैं तदपि रामचरित सुनिकैसराहते हैं ऐसेही प्रेमतेमग्न सबसुनते हैं तहां प्रमाणहै श्रीअध्यात्म रामायणे अहिल्यास्तुति श्लोकएक॥ यस्यावतारचरितानिबिरंचिलोकेगायंतिनारदमुखाभवपद्मजाद्याः॥ आनंदजासुपरिसिक्तकुचाग्रसीमा बागीश्वरीचतमहंशरणंप्रपद्ये १॥६१ तहां सनकादिक श्रीरामचन्द्रकर गुणगान सुनतसंते ब्रह्मलीन समाधिको बिसारि देते हैं सादरते परम अधिकारी ह्वैकै सुनते हैं परम

अधिकारी कही षट्संपति बिबेक बैराग्य षट् शरणागत करिकै युक्तहोइ षट् संपतिकही शमदम उपरति तितीक्षा श्रद्धा समाधान समकही चतुष्ट अंतष्करण चित्त बुद्धि मन अहंकार चारिहु वृत्तिको

सुनिगुणगानसमाधिबिसारी सादरसुनहिंपरमअधिकारी ६२ दो०॥ जीवनमुक्तब्रह्मपरचरितसुनहिंतजिध्यान जेहरिकथानकरहिंरतितिनकेहृदयपषान ६३॥ * * * * * * * * *

एककरिकै आत्मा में लगावे ताको समकही अरु दमकही पांच ज्ञानइन्द्री अरु पांच कर्मइन्द्री की विषै तिनको जीतना पुनि उपरति कही बाह्यांतरकी वृत्तिको एककरना ताको उपरतिकही पुनि तितीक्षाकही शीतउष्ण सुखदुख हर्षशोक मान अपमान इत्यादिकनको सहिजाना उद्वेगनहोइ ताको तितीक्षाकही पुनि श्रद्धाकही वेदवाक्य गुरुवाक्य निजअनुभव इनतीनिउमें प्रतीतिकरना तहां वेदवाक्यमें निजमत अनुकूलप्रतीतिकरना ताको श्रद्धा कही पुनि समाधानकही चित्तकी वृत्ति जीव ब्रह्म की एकता विषे सहजानंद समाधि बंधीरही है जैसे मसानी पुरुषकी मसान जागतेमें नहींडिगै है तैसे समाधानहै पुनि बिबेक बैराग्य बिबेककही सारासारको ज्ञान अरु हंसइव बुद्धि आत्मा दुग्धकरग्रहण अरु अनात्मा जलकोत्याग पुनि बैराग्यमें चारिभेद एकहेतु एकस्वरूप अरुएक फल एक अबधि हेतुकही विषयको विषयते अधिकजानै काहेते कि विषखायेते एकहीवार शरीर छूटैहै अरु विषरूपजो विषय है तेहि के खायेते चौरासी लक्षयोनि में भ्रमते हैं जियते हैं मरते हैं ताते विषय बिषहूते अधिकजानै ताको हेतु बैराग्यकही पुनि जो विषय अनायास अपने पास आवै ताको स्वरूप त्यागकरै काहेते कि जो पदार्थ अपने भजन को बाधक है तिसके ग्रहण कियेते कछुप्रयोजन नहीं है ताको स्वरूप बैराग्य कही अरु ज्यहि विषयके स्वरूपकर त्यागकीन हे तेहिकी चाहना पुनि नउठै ताको फल बैराग्य कही पुनि शेषलोक मृत्युलोक स्वर्गलोक तीनिहूँ लोककी विषय सोंठिसमजानै ताहिसो अवधिबैराग्यकही पुनि बैराग्यके चारि अंग हैं बितरेक जितमान् अरु एकइन्द्री अरु बशीकरण पुनि बैराग्यमें चारिभेदहैं उत्तम मध्यम लघु निकृष्ट सो प्रतिलोम करिकै कहते हैं निकृष्ट कही मन्द बैराग्य लघुकही तीव्रबैराग्य मध्यमकही तीव्रतरबैराग्य अरु उत्तमकही तीव्रतम बैराग्य तहां बैराग्य को बर्णन बालकाण्ड में अच्छीतरहसे कहिआये हैं याज्ञवल्क्य अरु भरद्वाजके मिलाप विषे यहि दोहामें॥ ब्रह्मनिरूपणधर्मबिधि बर्णहिंतत्वबिभाग॥ पुनिषट् शरणागत कहते हैं अनुकूल में संकल्प अरु प्रतिकूल में त्याग पुनि आत्म समर्पण पुनि कार्प्पण्य पुनि गोप्तित्व बर्णन पुनि रक्षामें विश्वास तहां जो श्रीरामचन्द्र के अनुकूल होइ कर्म धर्म योग बैराग्य ज्ञान इत्यादिकतामें संकल्पकरै कि मनबचन कर्मते मैंइ है करौंगो ताको अनुकूल कही पुनि गुणकर्म जे प्रभुते प्रतिकूल होहिं ताको त्याग ताको प्रतिकूल कही पुनि मनबचन कर्मधर्म जीवात्मा श्रीरामार्प्पणकरै अरु इनते अपनपौ दूरिकरै ताको आत्म बिक्षेपकही पुनि कार्प्पण्य कही श्रीरामचन्द्रके प्राप्ति हेतु जेते साधन वेदकहतेहैं सो सबकरै अरु श्रीरामचन्द्रते यह प्रार्थना करै कि हे श्रीरामचन्द्र मोसे कछुनहीं बनैहै मैंबड़ो अपराधीहौं ऐसेही मनबचन कर्मतेसदा दीनरहै कार्प्पण्य कही पुनि गोप्तित्व समुझैहैं तहां श्रीरामचन्द्र ऐसे सामर्थ हैं कि जेपदार्थ वेदमें निपेधहैं तिनको श्रीरामचन्द्र सर्वोपरि करिदीनहै तहां वेदमें यहिबिधिकहा है किकाठ कीनाव होइ अरु सुपात्रको सखामन्त्री करिये अरु जिनकर बाह्यांतर शुद्धहोइतेमोक्षके अधिकारीहैं तहां श्रीरामचन्द्रने पत्थरतेसेतु बाँधाहै जे सहजही डूबिजाते हैं अरु कोलभिल्ल बानररीछको सखामंत्री कीनहै जे ऐसेकुबुद्धीचंचल हैं अरु अनेक राक्षसनको परमपद दीन्हें हैं जिनकर पापमय कर्तब्यशरीरहै ते श्रीरामचन्द्र हम ऐसे पापिनको प्रतिपालन करैंगेसो वर्णनकरै पुनिरक्षामें विश्वासजिन श्रीरामचन्द्रने ग्राहतेगजकी रक्षाकीनहै पुनि दुश्शासनतेद्रौपदीकीरक्षाकीन है पुनिपापते अहल्याकी रक्षाकीनहैपुनि बालिते सुग्रीवकी रक्षाकीनहै पुनि रावणते बिभीषणकी रक्षाकीन है ते श्रीरामचन्द्र संसारसागरते हमारीरक्षा अवश्यकरेंगे यहध्रुव विश्वासकरै यह षट्शरणागत कही तहां षट्सम्पति अरु बिवेक बैराग्य अरु षट्शरणागत इनसब करिकै युक्तहोइ ताको रामचरित रसकेपरम अधिकारीकही सो सनकादिक सबकरिकै युक्त हैं ताते सनकादिक रामचरित रसके परम अधिकारीह्वैकै अति आदरते ब्रह्मलीन समाधिको बिसारिकै सुनते हैं ( ६२ ) दोहार्थ॥

तहां सनकादिक ऐसे हैं जीवन्मुक्त हैं अरु ब्रह्मतत्पर हैं सो ब्रह्मलीन ध्यानको तजिकै श्रीरामचरित सुनते हैं ताते जो सम्पूर्ण कार्पण्य छांड़िकै रामचरित नहीं सुनतेहैं तिनकेहृदयपाषाण हैं ( ६३ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसनेउत्तरकाण्डेसाधुअसाधुलक्षण बर्णनन्नामद्वादशस्तरङ्गः१२॥

दोहा॥ दशअरुतृतियतरङ्गमेंरामचन्द्रउपदेश॥ रामचरणपुरजनमुनिन गीतारामविशेष १३॥ हे पार्वती एकबार श्रीरामचन्द्र सभा विषे बैठे हैं अरु पार्षदनको आज्ञाभई कि समस्त पुरबासी हमारेपास आवहिं तहां यहबातसबहींसुना सुनिकै प्रथम ब्राह्मणनकी मण्डलीसंयुक्त बशिष्ठजू आवतेभये पुनिसरयूके तीरतीर जोमुनि संन्यासी रहतेहैं ते सम्पूर्ण अरु सम्पूर्ण पुरबासी चारिउ वर्ण आवते भये दिव्य दृष्टिते देखिकै सुनिकै

चौ०॥ एकबाररघुनाथबोलाये गुरुद्विजपुरबासीसबआये १ बैठेगुरुमुनिअरुद्विजसज्जन बोलेबचनभक्तभयभंजन २ सुनहंस कलपुरजनममबानी कहौंनकछुममताउरआनी ३ नहिंअनीतिनहिंकछुप्रभुताई सुनहुकरहुजोतुमहिंसोहाई ४ सोइसेवकप्रीत

सनकादिक नारद बाल्मीकि अगस्त्य इत्यादिक महामहा मुनि त्यहि क्षण आवतेभये यहजानिकै कि श्रीरघुनाथजीके मुखन ते आजु कछु सुनहिंगे ( १ ) तहां सभा विषे बैठतेभये गुरुकही वशिष्ठ अरु सब मुनीश्वर जो आयेहैं महामहा सज्जन अरु लक्ष्मण भरतशत्रुहन अरु सम्पूर्ण रघुबंशी श्रीरामचंद्र सबको आदर दैकै बैठावतेभये तब श्रीरामचन्द्र सुन्दर वचन बोलतेभये तहां कैसेहैं श्रीरामचन्द्र भक्तभयभञ्जन हैं किन्तु भयभञ्जन बचन बोलते भये तहां यहि प्रकरण में जेते बचन श्रीरामचन्द्र कहहिंगे सो भक्त भयभञ्जन बाणी जानब ताते यहिप्रकरणको श्रीरामगीता जानब ( २ ) हे गरुड़ श्रीरामचन्द्र बोलतेभये हे समस्त पुरजनहु मुनीशहु मोरिबाणी सुनहु मैं उरमें कछु ममता आनिकै नहीं कहतहौं ममताकही अपनपौ मानिकै नहींकहौं यथार्थ कहतहौं ( ३ ) पुनि कछु अनीति नहींकहतहौं अरु कछु प्रभुता आनिकै नहीं कहतहौं तहां अनीति कही जो वेद शास्त्र मर्याद छोड़िकै कहै अरु प्रभुता कही ऐश्वर्यमद लिहे कहे तहां समस्त सद्सभा मेरीबाणी सुनहु जोतो मेरीबाणी में तुम्हारो परम कल्याण समुझिपरै तौ जो मैं कहौं सो करहु अरु जोअनुचित समुझिपरैतो न करहु ( ४ ) तहां सोई तौमोरप्रीतम सेवकहै अरुमैं तेहिकर प्रीतम हौं अनुशासन कही जो मोरि आज्ञा मानै तहां एकै सेवक हैं अरु एकप्रीतम सेवक हैं तहां सर्ब जीव श्रीरामचन्द्रकर सेवक हैं अरु जो रामाज्ञा मानै सो प्रीतम सेवकहै तहां तबतौ श्रीरामचन्द्र साक्षात् आज्ञा देतरहे हैं अरु जो कोई श्रीरामचन्द्रकर प्रीतम सेवकहै वा चहै तो कौनी रीति से श्रीरामचंद्रकी आज्ञा जानै तहां दृष्टान्त करिकै जनावते हैं जो कोई सरदार मालिकहै सो अपनो भाई पुत्र सेवक अरु चाकरहै अरु तिसको अपने हाथ पत्रिकालिखै किन्तु लिखाइ देइ जो वहिपत्रिका की रीति वे सब करहिं तौ प्रीतम सबहैं अरु जो पत्रिकाकी रीति नहींकरैं तौभाई पुत्र सेवक चाकर तौ है पर प्रीतम नहीं है दण्ड देबे योग्य है अब दृष्टांत कहते हैं तैसे वेद शास्त्र पुराण इत्यादिक विषे जहां श्रीभगवानुवाच है सो शास्त्र स्वहस्तपत्रिका जानब अरु जहां मुनिनकी बाक्यग्रन्थ है सो रामचन्द्रकी आज्ञाते मुसाहिबनकी लिखी पत्रिका जानब तहां दूनहुं

ममसोई ममअनुशासनमानैंजोई ५ जोअनीतिकछूभाषौंभाई तौम्वहिंबर्ज्यहुभयबिसराई ६ बड़ेभागमानुषतनपावा सुरदुर्लभसबग्रन्थनगावा ७ साधनधाममोक्षकरद्वारा पाइनजेपरलोकसँवारा ८ दो०॥ सोपरन्तुदुखपावैशिरधुनिधुनिपछिताइ कालहि

रीतिकी पत्रिका एकही जानब तहां चारिबर्ण अरु चारिआश्रम अरु जे बिरक्तहैं तिनसबनको जैसी जैसी वेदशास्त्रकी आज्ञाहै त्यहिरीति चलेते श्रीरामचंद के प्रीतम सेवक हैं अरु जो वेद शास्त्रकी आज्ञामें नहीं चलते हैं तिनको श्रीरामाज्ञाते यमराज दण्डदेते हैं काहेते वेद शास्त्र पुराण श्रीरामचन्द्र की पवित्रिका हैं अरु एक आज्ञा श्रीरामचन्द्र की काल है तहां ज्यहिकाल में हानि लाभ दुखसुख इत्यादिक होते हैं तहां विवेकी पुरुष जेहैं ते ज्यहिकाल में जौन होत हैं त्यहि में हर्ष शोक नहीं ल्यावते हैं श्रीरामरजाय मानते

हैं ते श्रीरामचन्द्र के प्रीतम सेवक हैं ( ५ ) तहां भाई प्रियाबाणी को कही तहां श्रीरामचन्द्र कहते हैं हे भाइहु जो कछु अनीति कहहुं तौ मोकोभय बिसराइकै बर्ज्यहु ( ६ ) संपूर्ण सद्सभा सुनहु यह मनुष्यतन बड़ी भाग्यते मिल्यो है का हे ते मनुष्यतन देवतनको दुर्लभ है यह सद्सद्ग्रन्थ कहते हैं ( ७ ) काहे ते देवतनको दुर्लभकहा है का मनुष्यतन संपूर्ण साधनाकर धाम है त्यहि मनुष्यनकी कर्त्तव्यते नरकहोत हैं अरु स्वर्गहोत है सो मोक्ष होत हैं काहेते कि मोक्षकर द्वारा मनुष्यैतन है पुनि कहते हैं कि परमेश्वरकर ज्ञान मनुष्यैतन में है और तनमें नहीं है देवतनमें मोक्षकर ज्ञाननहीं है अपने ऐश्वर्य में भूलिरहे हैं ताते मनुष्यतन दुर्लभ है सो मनुष्यतन पाइकै जे अपनो परलोक नहीं सुधारिलेते हैं तिनकी हानि सुनहु ( ८ ) दोहार्थ॥ ते प्राणी बर्त्तमानमें तो नहीं समुझिकै करते हैं परन्तु परिणामकही अंत विषे विशेष दुखपावहिंगे अरु माथापीटिपीटि पछिताहिंगे अरुकालकर्म ईश्वरको वृथा दोषलगावते हैं काहेते कि मनुष्यतन काल कर्म ईश्वरको सहजमें जानते हैं तहां काल किसकोकही कुघरी सुघरी कुदिन सुदिन कुमास सुमास कुतिथि सुतिथि कुयोग सुयोग कुलग्न सुलग्न इत्यादिक कालविषे बर्त्तमानहीते हैंसो शास्त्रद्वारह्वैकै सबमनुष्य जानते हैं जिनको शास्त्रकरज्ञान नहीं है सोभी ब्राह्मणन के मुखद्वार ह्वैकै जानते हैं काहेते जब कोई बिवाह यात्रा सुदिन इत्यादिक के कामपरते हैं तब ब्राह्मणते पूंछिलेते हैं अरु केतेकामबिना पूंछे कुयोगमें करते हैं ताहीते बिघ्नहोतहै तहां काल तौ शास्त्रके द्वारह्वैकैनीक औ बेकार जनायदेत हैं ताते सबजानतेभीहैं तहां शास्त्रकी आज्ञाको उल्लंघन करिकै कार्यकरते हैं ताते दुख पावते हैं अपनी मूर्खत्वते ताते कालको वृथा दोषदेतेहैं अरु ऐसेही कर्मकीगति

**कर्म्महिंईश्वरहि मिथ्यादोषलगाइ ९ चौ०॥ यहितनकरफलविषयनभाई स्वर्गौस्वल्पअन्तदुखदाई १० नरतनपायविषयमनदेहीं**

शास्त्रके द्वारह्वैकै सुकर्म कुकर्म जानतेहैं अरु जानिकै कुकर्म करते हैं जाते दुःखको प्राप्तिहोतेहैं तहां एककोई प्राणीसुखी है अरु एककोई दुखी है अरु दूनोंको कोई पूंछै कि तुमक्यों दुखीसुखीहौ तहां वेकहते हैं कि हमारे पूर्बजन्मके ऐसेई कर्म हैं ऐसेही नीच ऊँच सबकहते हैं ताते नीक बेकार सबकर्म जानते हैं अरु बेकार करतेहैं ताते कर्मको हरामजादी अपनीसे वृथादोष देते हैं अरु शास्त्र कीरीतिसे ईश्वरको भी जानते हैं ऊंच नीच सबजानते हैं कैसे जानिये जो सुकालहोइ तौ कहते हैं कि ईश्वर भलाकीन है अरु जो कालपरै तौ ईश्वरको गिल्लाकरते हैं अरु जो कोई के घरमें कोईप्राणी मृत्युबशह्वैहै तौ कहते हैं कि ईश्वर मारिडारयोहै तहां देखिये तौ यहकहते हैं कि ईश्वर मारणहार जिआवनहार ईश्वर ऐसो सामर्थ है तहां तेही ईश्वको आठपहरमें एकघरी नहीं भजनकरते हैं अरु आठौपहर जागत सोवत विषयमें लगेरहते हैं तहां अनेकदुखको प्राप्तिहोते हैं तहां ईश्वरको मिथ्यादोष देतेहैं तहां जो कोईकहै कि नीक बेकार जोकछुहै सो सब काल कर्म ईश्वरकरैहै सो सत्यहै पर जहां वेद ईश्वरकी वाणीहै त्यहिद्वारह्वैकै ईश्वरने सब मनुष्यतनको जनायदियो है ताते ईश्वरको मिथ्यादोष देते हैं ( ९ ) तहां श्रीरामचन्द्र कहतेहैं कि हे समस्तसभा सुनहुं मनुष्यतन धरकर यहफलहै कि विषयमेंन आशक्तहोइ कहांतक विषयकरत्याग मनुष्यतनमें चाहिये स्वर्गादिककी विषय अभावहै त्यागहै काहेते कि स्वर्गौ स्वल्पहै अरु अन्त दुखदाईहै तहां यह शास्त्रनमें कहाहै कि जब यहजीव यज्ञ इत्यादिक करिकै स्वर्गकोजात है तब देवीजेहैं ते आगेह्वैकै अतिआदरते लेतीहैं अरु ताही जीवको देवतन के वर्ष जेतना स्वर्ग में रहबेको शास्त्रकहते हैं ते फलको माला देवी पहिराइदेती हैं अरु त्यहि पुरुषसों कहिदेती हैं कि जब एकफूल यहिमालाको सूखैतब एकवर्ष आयुर्बल तुम्हारी क्षीणहोइगी ऐसेही जब सबमाला सूखिजाइगो तब हम तुमको स्वर्गते गिराइदेहिंगे ताते राति दिन वहि पुरुषको गिरिपरिबेकी चिंतामें बीतत है ताते स्वर्गकोसुख स्वल्पहै जैसेकोई काहूबड़ेआदमीको जन्मपत्र सुनाइदेइ कि तुम छठयेंमहीनामें मरहुगे तब वाको चिंता उत्पन्नहोती है छ:महीना वहिको गनते बीततहैं तहां विषयकोसुख वाकोकहांहै तातेस्वर्गकोविषय अल्पकहाहै जाते अंतदुखदाई है प्रमाणभगवद्गीतायां श्लोकएक॥ छित्रेपुण्येमृत्यु

**पलटिसुधातेशठबिषलेहीं ११ ताहिकबहुंभलकहैनकोई गुंजागहैपरसमणिखोई १२ आकरचारिलक्षचौरासी योनिभ्रम**

लोकेबिसंति एवंत्रयोधर्ममनुप्रपन्नागतागतंकामकामालभंते ( १० ) नरतनपाइकै जो विषय में आशक्त होते हैं ते मनक्रम बचनते बड़ी आपनीहानि करते हैं कैसे सुधाबदलिकै विषलेते हैं बड़े मूर्ख हैं तहां सुधा जो मोरिभक्ति ताको त्यागिकै विषयजो विषरूप ताको ग्रहण करते हैं तहां मेरी भक्ति करिकै परमपदको जाते हैं अरु देवता इंद्रादिक अमृत पान किह्यनि है पर कालपाइकै च्युतह्वै जातेहैं ताते मेरी भक्ति अमृतहू ते अधिकहै अरु विषय विषहूते अधिकहै काहेते विष एकबार मारत है अरु विषय चौरासी लक्षबारमारत है जोमेरी भक्ति करतेहैं अरु पक्वनहीं भये अपक्व हैं किंतु योगभ्रष्टभयेहैं अरु तेहीसमय में उनको शरीरछूटोताहूपर एकदुइ जन्मांतर भेद करिकै मोक्षहोते हैं तहां प्रमाण है श्रीभागवते। त्यक्त्वास्वधर्मचरणाम्बुजंहरेर्भजन्नमकोथपतेततोयदि यत्रक्वबा भद्रमभूदमुष्यकिंकोबार्थआप्तोभजतांस्वधर्मतः १ भगवद्गीतायां प्राप्यपुण्यकृतांलोकान-षित्वासास्वतीसमा ॥ शुचीनांश्रीमतांगेहेयोगभ्रष्टोभिजायते ( ११ ) तहां देखिये तौ त्यहिप्राणीको कोई नहीं भलकहै है जे पारसमणिको डारिकै गुंजा को ग्रहणकरते हैं तहां पारस को अरु भक्तिको दृष्टांतदीन है अरु गुंजाको विषयको दृष्टांतदीनहै तहां जैसे पारस अखण्ड धनहै अरु हाथी घोड़े रथ द्रव्य अन्न बस्त्र इत्यादिक सबको अखंडकारणहै तैसे मेरी भक्ति ज्ञान बैराग्य योगशील संतोष दया ध्यान समाधि मोक्ष सबके अखण्ड कारण हैं तहां मनुष्यहि तनको प्राप्तिहैं अरु त्यहि भक्तिको डारिकही छोरिकै गुंजारूपविषयको ग्रहण करतेहैं यहबड़ीहानिहै अरु गुंजाकही घुंघुची कैसी है आधी श्यामहै आधी लालि है अरु काली लालि दूनौंमें कछुमोलनहीं है तहां विषयमें जो शोकहै अरु दुखहै सो कालारंग है अरु सुख हर्ष जेहैं सो लालरंगहैं तहां यहगुंजारूप विषयमें सुख दुःख हर्ष शोक अहर्निशि बनारहत है सोई काला लालहै ( १२ ) हे भरद्वाज श्रीरामचन्द्र कहते हैं हे पुरबासिहु मुनीश्वरहु सुनहुं जो पारसरूप मोरि भक्तिहै ताको त्यागिकै अरु गुंजारूप विषयको ग्रहणकरतेहैं तहां जबउनको शरीरछूटो तब आकर चारिखानि पुनिचौरासीलक्षयोनि त्यहिमें भ्रमते हैं परजीव सदा अबिनाशीहै अरु एकरसहै तहां चारिखानि कहते हैं जरायुज उद्भिज अण्डज ऊष्मज जरायुज कही जोमाताके उदरते झोरीबँधी उत्पन्न होतेहें मनुष्यपशु इत्यादिक पुनि उद्भिजकहीतृणवृक्षइत्यादिकपुनि अण्डज कही जोअण्डाकरिकै उत्पन्न होतेहैं पुनि ऊष्मजकही मसाडंसादिक तहां मनुष्यतनतौ चारिखानिमेंहै

**तयहजियअबिनासी १३ फिरतसदामायाकेप्रेरे कालकर्म्मस्वभावगुणघेरे १४ कबहूंकरिकरुणानरदेही देइईशबिनुहेतुसनेही**

अरु चौरासीयोनिमें भिन्नहै तहांमनुष्य तनपाइकै श्रीरामचन्द्रके भजनमें चूकिगयो बतवोही जीवकोचौरासी होती है अरु चौरासीकही बीसलाखस्थावरकीयोनिमें भ्रमतेहैं तृण तरुइत्यादिक पुनि नवलाख जलके जीव ह्वैकै भ्रमतहैं कृमि मीनइत्यादिक पुनिग्यारहलक्षकूर्मयोनिमेंभ्रमतेहैं ककुआ अरुमेंढक सर्प्प मूसा चींटी दीमक इत्यादिक जेजीव भूमिखोदिकै रहतेहैं पुनिदशलक्षनभचर बिहंग इत्यादिक पुनि तीसलाख घोड़ा बैल शूकर कूकर इत्यादिकमें भ्रमतेहैं पुनि चारलक्ष बानरकीयोनिमें भ्रमतेहैं तब मनुष्य तनपावतेहैं सो मनुष्य तनपाइकै पुनि विषयमें लाग्यो तव पुनि वोही चौरासी जाइ परते हैं तहां प्रमाण है अन्यच्चश्लोकद्वै॥ स्थावरंविंशतेर्लक्षंजलंचनवलक्षकं कूर्मश्चरुद्रलक्षंचदशलक्षंच पक्षिणः १ त्रिंशलक्षपशूनांचचतुर्लक्षंतुबानरः ततःमनुष्यतांप्राप्यततःकर्माणि साधयेत् ( १३ ) ते प्राणी चौरासी में मायाप्रेरित फिराकरतेहैं कालकर्म स्वभाव गुणकी प्रेरणाते काहेते न कोईकालमें भजन कीन्ह्योहै अरु न कोई कर्मकरिकै भजनकियोहै अरु न स्वभावकरिकै भजनकियो है अरु न कोई गुणन करिकै भजन कियोहै कालको भजनकही प्रातः काल मानसीमें रघुनाथजीको चारिदंड रात्रीरहे किंतु दुइदंड रात्रीरहे जगावै अपनी भावनासंयुक्त जसकछु अगस्त्य संहिता इत्यादिकमें कह्योहै सो बिधिकरैपुनि चारिपांचदंड दिनचढ़ेस्नानकी बिधिकरै पुनिडेढ़पहर दिनचढ़े किंतु दुइपहर में दुइदंड दिनकमरहे ज्यवनारकी बिधिकरै त्यहिके आगे स्वउनारकी बिधिकरै किंतु वाटिका गमनकी बिधिकरै आगे नृत्य गानकी बिधिकरै पुनि पहर किंतु डेढ़पहर रात्रीबीते बिआरी स्वउनार की बिधिकरै ऐसेही मानसी में भजन करै तब काल दण्ड से बचिजाइ किंतु ऐसे ही शालग्राम विषे कर्मकरिकै संपूर्ण विधि करै तब कर्मदण्ड से बचिजाइ किंतु अपने स्वभावहि से रामनाम सदा उच्चारणकरै तब स्वभावदण्डसे

बचिजाइ किंतु सात्त्विक गुणलैकै श्रीरामचंद्रको चरित्रकहै सुनैपुनि राजसगुणलैकै श्रीरघुनाथजीके उत्सव में द्रव्यादिक खर्चकरिकै प्रेमकरै पुनि तामसगुण करिकै अहंकार संयुक्त वैराग्य करै विषयकर त्यागकरै तब तामसगुणके दण्डसेबचै अरु जो ऐसेभजन नहीं करते हैं ते कालकर्म स्वभाव गुणनके बशह्वैकै चौरासीमें फिरते हैं ( १४ ) तहां चौरासी भ्रमतसंते अरु कोई योगते ईश जो परमेश्वर है

१५ नरतनभवबारिधिकहँबेरा सन्मुखमरुतअनुग्रहमेरा १६ कर्णधारसतगुरुदृढ़नावा दुर्लभसाजसुलभकरिपावा १७ दो०॥ जोनतरैभवसागर नरसमाजअसपाइ सोकृतनिन्दकमन्दमति आतमहनगतिजाइ १८॥ * * * * *

सो करुणाकरिकै बीच में नरतन देतभयो काहेते यहजीवपर परमेश्वर बिनाहेतु सनेही है ( १५ ) तहां ईशबड़ी कृपाकरिकै नरतन दीनहै सो नरतन कैसोहै भवजो संसारसमुद्र त्यहिके तरिबेको बेराहै इहां बेराकही जहाजको अरु जहाज बिनापवन नहींचलै है तहां जब यह जीव मेरेसन्मुख शरणागतभयो तब मैं कृपाकीन सोई सन्मुख पवन जैसे पूर्व जहाजचलै तब पछिवा पचनचलै अरु पश्चिमको चलै तब पुरवाईबहै सोई मेरीकृपा है ( १६ ) तहां जहाज अरु पवन अरु कर्णधार तीनिहुं को एकताहोइ तब समुद्रपारहोत है पर जहाज दृढ़कही पोढ़ीहोइ तैसेही नरतन जहाज है अरु जीवजहाजको चढ़ैयाहै अरु रामकृपा पवनहै अरु सद्गुरु कर्णधार है पर सद्गुरुनके बचनको शिष्य दृढ़करिकै ग्रहणकरै तब संसार समुद्रते यह जीव पारह्वैकै परमपदको प्राप्ति होत है ( १७ ) दोहार्थ॥ तहां श्रीरामचन्द्र कहते हैं जे नर अससरंजाम पाइकै कि नरतन जहाज अरु मोरिकृपा पवन है अरु सद्गुरु कर्णधार है भवसागर नहीं तरते हैं ते कृतनिंदक हैं आत्महनगतिको प्राप्तिहोते हैं तहां कृतनिंदक कही जो काहूतेनीकि करणीकरै अरु वह प्राणी न मानै सोई कृतनिंदक है तहां देखिये तौ मैं कृपाकरिकै नरतन दीन है सो मोको नहीं मानते हैं ऐसे कृतनिंदक हैं यह जो श्रीगोसाईं भाषाकीन है श्रीमद्रामायण मानसर श्रीमहादेव कृत ताहीको प्रमाण श्रीवेदव्यासने श्रीभागवतमें कहाहै श्लोकएक॥ गुरुर्नसस्यात्सस्वजनोनसस्यात्पितानसस्याज्जननीनसास्यात् दैवंनसस्यात्नपतिश्चसस्यान्नमोचयेद्यः समुपेतमृत्युं १ पुनि श्रीबाल्मीकीये श्रीलक्ष्मणवाक्यं सुग्रीवंप्रति। गोघ्नेचैवसुरायेचचौरेभग्नब्रतेस्तथा निस्कृताबिहतासद्भिःकृतघ्नेनापिनिस्कृती १ ते कृतनिंदक आत्महनगतिको प्राप्ति होते हैं पुनि आत्महनगति काको कही जे अपनी आत्मा को आपहिते हनते हैं काहेते कि अपनी आत्मै अपनी मित्रहै अरु अपनीआत्मै अपनो अरिहै तहां अपनीआत्मासे मित्रता नहीं करते हैं मित्रताकही आत्मज्ञान करिकै मोको नहीं भजतेहैं ते आत्महनगति कही महाघोर नरकको प्राप्तिहोते हैं अरु तहां बहुतकाल रहते हैं पुनि नरकते निकरिकै चौरासीकोजाते हैं यह आत्महनगतिको फलहै तहां प्रमाण है

चौ०॥ जोपरलोकइहांसुखचहहू सुनिममवचनहृदयदृढ़गहहू १ सुलभसुखदमारगयहभाई भक्तिमोरिपुराणश्रुतिगाई २ ज्ञानअगमप्रत्यूहअनेका साधनकठिननमनकहँटेका ३ करतकष्टबहुपावैकोई भक्तिहीनम्वहिंप्रियनहिंसोई ४ भक्तिस्वतंत्रसकल

भगवद्गीतायां श्लोकएक॥ उद्धरेदात्मनात्माननात्मानकवसादयेत्॥ आत्मैवह्यात्मनोबंधुरात्मैवरिपुरात्मनः १। ( १८ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वंसने-उत्तरकाण्डेश्रीरामगीतायांपुरजनमुनीश्वरन प्रतिवैराग्यज्ञानभक्तिश्रीमुखबर्णनन्नामत्रयोदशस्तरंगः१३॥ :: :: :: ::

दो०॥ दशअरुचारितरंगमेंपुनिउपदेशउदार रामचरणश्रीरामते ल्यइवशिष्ठवरसार १४ तब श्रीरामचन्द्र बोले हे समस्तसभा जो परलोक में अरु इहां सुखचहहु तौ हमारे वचन को दृढ़करिकै सुनिकै ग्रहणकरहु ( १ ) तहां जो मार्ग मैं कहि आयों हौं अरु जो आगे कहत हौं सो अति सुगम अरु सुखद है कछु परिश्रम नहीं है मनमें समुझिबेको है मेरी भक्ति ज्यहिको पुराण श्रुतिगावते हैं ( २ ) त्यहिभक्तिमें यहिजीवको सहजमें कल्याणहै अरु जो कोईकहै कि ज्ञानहूँ में तो कल्याणहै तहां ज्ञानकरमार्ग अगम है अरु कठिन

है अरु ताहूपर प्रत्यूहकही अनेक विघ्न हैं अरु ज्ञान की साधना कठिनहै काहेते कि ज्ञान के मार्ग में कछुमनको आधार नहीं है ( ३ ) अरु जो बहुतकष्ट करिकै ज्ञानमार्ग सिद्धिकरै तौ कैवल्य मुक्तिको प्राप्ति होय पर भक्तिते हीन मोको प्रिय नहीं है ( ४ ) अरु मेरी भक्ति स्वतन्त्र अरु सब गुणकी खानि है स्वतन्त्रकही कोई साधनते नहीं सिद्धिहोती है केवल सत्सङ्गते प्राप्तिहै ( ५ ) सो सब सत्सङ्ग तब मिलै जब पूर्व जन्ममें पुंजकही समूह पुण्यकिह्यो होइ अरु वर्त्तमान पुण्यकरतहोय तब विशुद्धसंतनकै सङ्गति होतिहै सत्सङ्गति कैसीहै संसृत जोहे जन्म त्यहिकी अन्तकर्ताहै ( ६ ) तहां सबपुण्यते एकपुण्य जगत्विषे उत्तमहै दूजानहीं है मन कर्म बचनते ब्राह्मणके पदकी पूजाकरै ( ७ ) तब त्यहि प्राणीके ऊपर मुनि अरु देवता कही समस्त मुनि ब्राह्मण सानुकूल होते हैं ताते सजातीय मानिकै प्रसन्नहोते हैं अपनी भक्ति आशीर्बाद देतेहैं कि तुमकोउत्तम सन्तनकी संगति प्राप्तिहोइ अरु जब ब्राह्मण होमकरतेहैं तब दशौ दिग्पाल इत्यादिक देवता प्रसन्न होतेहैं प्रसन्नह्वैकै जो बाह्यान्तर इन्द्रिनपर देवता हैं भक्तिके विघ्नकर्ता ते शांतिह्वै जाते हैं अरु आशीर्बाद देते हैं कि तुमकी उत्तम सत्सङ्ग होइ कब जब कपट तजिकै बिप्रके चरणनकी पूजाकरै तब सत्सङ्गतिमिलै तब मेरी भक्ति प्राप्तिहोइ ( ८ ) दोहार्थ॥ श्रीरामचन्द्र

**गुणखानी बिनसतसंगनपावहिंप्रानी ५ पुण्यपुंजबिनुमिलहिंनसन्ता सतसंगतिसंसृतिकरअन्ता ६ पुण्यएकजगमहँनहिंदूजा मनक्रमवचनविप्रपदपूजा ७ सानुकूलत्यहिपरमुनिदेवा जोतजिकपटकरैद्विजसेवा ८ दो०॥ औरोएकगुप्तमतसबहिकहौंकरजोरि शंकरभजनबिनानर भक्तिनपावैमोरि ९ चौ०॥ कहहुभक्तिपथकवनप्रयासा योगनमखजपतपउपवासा १० सरलसुभावनमनकुटिलाई**

कहतेहैं हेसम्पूर्ण सभा औरौ एकगुप्तमतमैं करजोरिकै विनयकरिकै कहतहौं यह विशेष उपदेशहै कि शंकरके भजनबिना प्राणी मेरी भक्तिको नहीं प्राप्तिहोतहै तहां हेगरुड़ शंकर श्रीरामचन्द्रके परमानन्य भक्तहैं परमप्रियहैं तहां भजनधातुहै सेवाविषे सिद्धिहोतहैं ताते श्रीरामचन्द्र कहते हैं कि मेरे अनन्यभक्त महादेवहैं ताते ऐसे मेरे भक्तनकी सेवाबिना मेरी भक्ति नहीं प्राप्ति होति है किन्तु शंकर भजन रामनामहै ताते रामनाम प्रेमते रटेबिना मेरी भक्ति नहीं प्राप्तिहोती है तहां वचनमें यह अभिप्रायहै कि मेरे भक्तनकी सेवा बिना मेरी भक्ति नहीं प्राप्ति होतीहै तहां दोहाके पाछे की चौपाई लैकै क्रमते प्रमाण है अध्यात्मरामायणे परशुराम वाक्यं श्रीरामंप्रति श्लोकद्वै॥ यावत्त्वत्पादभक्तानां संगसौख्यंनविन्दति॥ तावत्सं सारदुःखौघान्निवर्त्तेनरःसदा १ पुनि ब्रह्मांडपुराणे श्रीरामचन्द्रवाक्यंवशिष्ठंप्रति॥ मद्भक्तेभ्यः प्रयच्छंति सुवस्तुनिधानान्यति॥ आतिथेयं करिष्यामि तस्याहंसीतयासह ( ९ ) तहां श्रीरामचन्द्र कहते हैं कि भक्तिके पथमें कहौ कौन प्रयास है कछु प्रयास नहीं है काहेते न अष्टांग योग न यज्ञ न तप न ब्रत अरु न कोई कर्म इत्यादिक साधनते मेरी भक्ति रहित है अरु ज्यहि रहस्यसे मेरी भक्ति सिद्धिहोती है सो कहतहौं ( १० ) सरलतौ स्वभाव होइ अरु मनकी कुटिलाई कर त्यागहोइ अरु यथालाभ तथासन्तोषहोइ सरल स्वभावकही दंभ पाखण्ड कपटछलछिद्र ईर्षा यहिषट्ते रहित होइ अरु कहूजीवनकर निरादर न होइ ताको सरलस्वभावकही अरु काम क्रोध लोभ मोह मद मात्सर्य अरु लोक मर्याद इनसातौ संयुक्तको मनकी कुटिलता कही ताते इन सातौकर त्यागकरै तौ मनकी कुटिलताजाइ अरु अखण्ड एकान्त आसन दृढ़करिकै रामचन्द्रकर ह्वैकै स्मरणकरै जो कछु अनायासमें अन्न बस्त्र आवै ताते शरीरकर निर्वाह करै ताको यथालाभ तथा सन्तोषकही किन्तु यही रीति जगत्मेंबिचरैएक रात्रीसे सिवाय आगे कहूँ टिकै नहीं ( ११ ) अरु मोरदास कहाइकैनर जेहैं प्राणी कोईसा राजा इत्यादिक जो कछु तिनकी आशाकरै तौ मेरे

**यथालाभसन्तोषसदाई ११ मोरदासकहाइनरआशा करैतौकहहुकौनविश्वाशा १२ बहुतकहौंकाकथाबढ़ाई यहिआचरणबश्यमैंभाई १३ बैरनबिग्रहआशनत्रासा सुखमयताहिसदासबआसा १४ अनारम्भअनिकेतअमानी अनघअरोषदक्षविज्ञानी १५**

दासत्वको कौन बिश्वास रहा किन्तु आशा कही जैसे सबनर आशा करत हैं विषयकै तैसी आशा येहू करै तौ मोर कौन बिश्वास है अरु मैं विश्वम्भरहौं तहां मोर विश्वास छोंड़िकै औरकर विश्वासकरै तो यह बड़ा आश्चर्य है तहां प्रमाण है महाभारते श्लोकएक॥ भोजनेच्छादने चिंता वृथाकुर्वन्तिवैष्णवा:॥ योसोविश्वम्भरोदेवोसभक्ताकिंउपेच्छति ( १२ ) ताते हेभाई बहुतकथा बढ़ाइकै का कहौं यहि आचरणमें मैं बश्यहौं जो कहि आये हैं अरु आगे कहतहौं ( १३ ) नतौ किसूते बैरराखते हैं न किसूसे बिग्रह करते हैं अरुन किसूकी आशा राखते हैं तहां बैर कही जो मनमें धरे है अरु बिग्रह कही तुरन्त लरिमरे हैं अरु सबआशा कही दशौंदिशा तिनको सुखमय है किंतु दशौंदिशाकही पांच ज्ञानइन्द्री अरु पांच कर्मइन्द्री ये दशौ तिनको सुखमय हैं ( १४ ) पुनि कैसे हैं अनारंभ हैं अनारंभ कही कवन्यहुं पदार्थकर आरंभनहीं करते हैं नेम नहींकरतेहैं सहजानन्द भजन करते हैं सहजानन्द कही सोवत जागत उठत बैठत चलत मेरगुण स्वरूपमें चित्तकै वृत्ति अखण्ड लगी है तहां प्रमाण है अन्यच्चश्लोकएक १ उत्तमासहजावृत्तिर्मध्यमाध्यानधारणा: शास्त्रचिंताधमाप्रोक्ता तीर्थयात्राधमाधमा:॥१ पुनि अनिकेतकही घर कहीं नहीं बनावते हैं काहेते कि घर बनायेते चिंता बहुतहोती है ताते वैसर्प्य की वृत्ति लेते हैं औरहिकी छायामें निर्बाह करते हैं पुनि अमानी मानकवन्यहुं पदार्थ करनहीं राखेहैं पुनि अनघहैं अनघ कही पापरहितहैं मन कर्म बचनते काहूजीवको दु:ख नहीं देतेहैं अरु अरोषहैं काहूते रिसनहीं करते हैं अरु दक्षहैं चारिउवेद अरु छइउशास्त्रके तत्त्व में प्रवीणहैं अरु विज्ञानी हैं ( १५ ) अरु सदा मोरे संतनके प्रीति इहै संसर्गहै जिनके संसर्गकही पूर्बसंस्कार अरु प्रारब्ध क्रियमान तहां संस्कार कही जैसे किसान अपने घरमें अन्नसंचित करिकै धरतहै पुनि प्रारब्ध कहीउहै अन्नकाटिखात है पुनि क्रियमान कही आगे अन्नउत्पन्न करिबे की यत्नकरते हैं तैसे उनके संचितप्रारब्ध क्रियमान प्रीति संयुक्त मेरे संतनकी संगतिमेंहै अरु सातहू स्वर्गकी विषय अरु अपवर्ग कही मोक्षकी विषयको तृणकी समान जानतेहैं ऐसे निष्कामहैं ( १६ ) अरु भक्तिके पक्षविषे जोहठकरैं तौ त्यहिको शठनहीं कही काहेते कि जोभक्ति के पक्षमें हठ न करैतौ उपासनामें दोषआवैहै ताते उपासनामेंहठकरिकै पक्ष

**प्रीतिसदासज्जनसंसर्ग्गा तृणसमबिषयस्वर्ग्गअपबर्ग्गा १६ भक्तिपक्षहठनहिंशठताई दुष्टतर्कसबदूरिबहाई १७ दो०॥ ममगुणग्रामसुनामरतगतममतामदमोह ताकरसुखस्वइजानैपरानन्दसन्दोह १८ चौ०॥ सुनतसुधासमवचनरामके गहेसबनपदकृपाधामके १९**

कियाचाही पर दुष्ट तर्कणा संपूर्ण दूरिकरिकै किंतु भक्तिपक्ष विषे न तौ हठचाही अरु न शठताई चाही काहेते हठता शठताई कियेते मनको उद्वेगहोतहै तहां ज्यहिके संग हठता शठताई कर प्रयोजनपरै त्यहिकी संगति न करिये अपने सजातीय उपासककी संगति करिये ( १७ ) दोहार्थ॥ अरु मेरे गुणनुबादमें अरु मेरे नाममेंरतहै पर ममता मदमोह इत्यादिक गत कहीछूटगई है त्यागिदिहिनि है काहेते भजन के बाधक हैं तहां ममता कही मातु पितु सुत वित्त कलत्र भाई कुटुम्ब जाति इत्यादिक में अपनपौ मानिकै प्रीति करना पुनि मद कही आठजाति कुल रूप यौबन धन बिद्या ज्ञान ध्यान इत्यादिक अष्टमभक्तिके विरोधीहैं तहां प्रमाणहै अन्यश्लोकद्वै २ जातिविद्यामहत्त्वंच रूपयौबनमेवच॥ यत्नेनपरिवर्जेयात्पंचैते भक्तिकंटका: १ मातंगपातंगकुरंगभृंगी मीनाहतापंचभिरेवपंच॥ येष: प्रमादीसकथंनहन्यते ससेवितंपंचभिरेवपंच २ पुनि मोह कही ज्यहि पदार्थ में ममत्वहै अरु त्यहिको कोई योगते विक्षेपपरयो अरु त्यहिकी कल्पना मिलबेकी सो मोह ताते इनसबनको त्यागिकै मेरे गुणग्राम नाममें अहर्निशरहतहैं हे भाइहु यहरहस्य कर सुखसोई जानैगो कौनसुख परमानंदहै परमानंदसंदोह कही समूहऐसे सुखको ओई जानतेहैं जे यहिरहस्यमें चले ( १८ ) हे भरद्वाज संपूर्णपुरबासी जेहैं ते श्रीरामचन्द्रके बचन सुधासम सुनिकै हर्षिकै श्रीरामचन्द्र कृपाके धाम के पद गहतभये ( १९ ) तब दंडवत्करिकै पुरवासी बोलते भये हे कृपानिधान हमारे जननी जनक गुरु बंधु सबआपुहौ अरु प्राणहुते प्यारेहौ ( २० ) हे श्रीरामचन्द्र हमारे तन धन धाम आपहीहौ किंतु तन धन धामके हितकारी आपुहौ सब प्रकारते प्रणतारत कही प्रणत जोशरणहैं त्यहिके आर्त्तके हरैया आपुहौ ( २१ ) ऐसो सिखापन तुम्हें बिना औरकोदेइ कोई न देइ अरु माता पिताजो कही सो स्वार्थ में रतहैं अरु परमार्थ एक तुमहींहौ ( २२ ) हे श्रीरामचन्द्र महाराज हेतु रहित कही कछुचाहते नहीं अरु युगयुग सर्बजीवनको उपकार करतेहौ

जननिजनकगुरुबन्धुहमारे कृपानिधानप्राणतेप्यारे २० तनधनधामरामहितकारी सबबिधितुमप्रणतारतहारी २१ असशिषतुमबिनुदेइनकोऊ मातपितास्वारथरतओऊ २२ हेतुरहितयुगयुगउपकारी तुमतुम्हारसेवकअसुरारी २३ स्वारथमीतसकलजगमाहीं सपन्यहुंप्रभुपरमारथनाहीं २४ सबकेबचनप्रेमरससाने सुनिरघुनाथहृदयहर्षाने २५ निजनिजगृहगयेआयसुपाई वर्णतप्रभुबतकहीसुहाई २६ दो०॥ उमाअवधबासीनर नारिकृतारथरूप ब्रह्मसच्चिदानन्दघन रघुनायकजहँभूप २७॥ * * * * *

परमार्थरूपतुमअरु तुम्हार सेवक काहेते तुम असुरारिहौ तहां असुरजेहैं कामक्रोधलोभ मोह मद इत्यादिकते परमार्थके विरोधीहैं तिनकरनाशकरिकैपरमार्थकोसिद्धि करिदेतेहौ ( २३ ) हे प्रभु सर्ब जीव अपने अपने स्वार्थके मित्रहैं तिनके संगविषेस्वप्नहूं परमार्थ नहींहैतहां परमार्थतुमहौअरुकितौ तुम्हारे सन्तनकी गतिहै ( २४ ) हेपार्वती सम्पूर्ण सभाके प्रेममय बचनते अपने वचनकर ग्रहण सुनिकै श्रीरघुनाथजी हृदयमें अति हर्षते भये तहां यह अभिप्रायहै कि जो बक्ताके बचनको श्रोता ग्रहणकरै तौ बक्ताको बड़ोआनन्द होतहै ( २५ ) तब श्रीरामचन्द्रकी आज्ञा पाइकै अपने अपने गृहकोचलतेभयेतहां श्रीरामचन्द्रके बचन परस्पर कहत सुनतमनन निदिध्यासन करते आगे साक्षात् हैं ऐसीरीति से अपने अपने गृह को सबजातेभये ( २६ ) हेउमा अवधबासीनर नारितौ संपूर्ण कृतार्थरूपहीहैं काहेते जहांसच्चिदानंद परब्रह्म श्रीरामचन्द्र भूपहैंतहां येसब नित्य बिभूतिके पार्षदहैं श्रीरामचन्द्रकी लीलाहेतु आये हैं पुनि श्रीरामचन्द्रके संगही परबिभूतिको जाहिंगे तहां श्रीरामचन्द्रकी एक नित्यऐश्वर्य लीला विभूति है जाकोत्रिपाद बिभूति कही प्रकृति मंडलके परे है प्रमाणश्रुतिः॥ त्रिपादूर्द्ध्वउदैत्पुरुषःपादोस्येहाभवत्पुनः॥ त्रिपादविभूति कवनिहै संधिनो संदीपिनी आह्लादिनी येतीनि परबिभूतिहैं परमानंद रूपही हैं अरु एकपाद विभूतिमें अनेक ब्रह्मांड हैं तहां एकपादमें दुइभेद हैं एक अविद्या एक विद्या तहां अविद्या प्रमाणमें सब जीवहैं अरु विद्यामें मुमुक्षु अरु जीवन्मुक्त जीवहै तहां सर्बजीवनके कल्याणहेतु श्रीरामचन्द्र अपनी त्रिपाद विभूति संयुक्त परम दिव्य सो प्रकृतिमण्डल ब्रह्माण्डकोसबविषय नैमित्य माधुर्यलीला परमदिव्य अखण्ड करतेहैं पुनिउहैनित्यऐश्वर्य लीलादिव्य अपारस्थानमें आवान्तर करिकै प्रजन कहँउपदेशकेद्वारह्वैकै सहित प्रजन परधामको गमनकिया चाहतेहैं यहीरीतिते काहेते श्रीअयोध्याबासी सबनित्य जीवनहैं परमेश्वरकी आज्ञानुकूलपरमेश्वरके संगही आवतेहैं अरुसंगही जातेहैं तहांजोकैलासमें पार्वतीने महादेवसे प्रश्न

चौ०॥एकबारबशिष्ठमुनिआये जहाँरामसुखधामसोहाये १ अतिआदरघुनायककीन्हा पदपखारिपादोदकलीन्हा २ रामसुनहुमुनिकहकरजोरी कृपासिन्धुकछुविनतीमोरी ३ देखिदेखिआचरणतुम्हारा होतमोहममहृदयअपारा ४ महिमाअमितवेद

कीनहैं कि॥प्रजासहित रघुबंशमणि किमिगवनेनिजधाम॥ त्यहिको उत्तरमहादेव यहि प्रसंगमें चतुर्दश तरंगमें लक्षणाकरिकै प्रजा श्रीरामचन्द्रको परधाम गमन पूर्णकरैंगे हे पार्वती श्रीअयोध्याबासिनके श्रीरामरूपही बिशेषिकै जानहुँ तहां प्रमाण पाद्मे श्लोक एक श्रीरामचन्द्र वाक्यं बिभीषण सुग्रीवादि प्रति॥ अयोध्याचपरंब्रह्मसरयूसगुणःपुमान्॥ तन्निवासीजगन्नाथसत्यमेतद्ब्रवीमिते ( २७ ) इति श्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वन्सनेउत्तरकांडेश्रीरामगीतायांप्रजाउपदेशबर्णनन्नामचतुर्दशस्तरङ्गः १४॥ ::

दोहा॥ दशअरुपांचतरंगमें गुरुबशिष्ठबरदान॥ रामचरणश्रीरामकोधामवाटिकाजान १५॥ हेगरुड़ एकबारही एकसमयमें गुरुवशिष्ठ मुनि श्रीरामचन्द्र सुखकेधाम तिनके समीप आवतेभये ( १ ) तहां रघुनाथजी ने बशिष्ठको अति आदर कीन अतिआदरकही चरणधोइकै पादोदक लीनहै तहां जोकोई कहैकि वशिष्ठ जी तौ श्रीरामचन्द्र को परमेश्वर जानते हैं तिन अपनोचरण क्योंधोवने दिया तहांजेश्रीरामके आत्मसमर्पणी भक्त हैं ते स्वामीकी रुचिमाफिक चलते हैं जामें स्वामी प्रसन्न होहिं सोई करते हैं अपने धर्म कर्मको स्वर्ग नकरको मोक्षको बिचार नहींकरते हैं अरु श्रीरामाज्ञानुकूल रहते हैं ( २ ) पुनि वशिष्ठ करजोरिकै श्रीरामचन्द्रसे कहतेहैं हे कृपानिधान मेरी विनती सुनहु ( ३ )

हे श्रीरामचन्द्र तुम परमेश्वर परब्रह्म हौ यह नरकी ऐसी लीला देखि देखि हमको अपारमोह होत है ( ४ ) हे श्रीरामचन्द्र तुम्हारी माया अमित है वेद नहीं जानि सकै हैं हे भगवान् मैं क्यहिप्रकारते कहौं भगवान् शब्दको अर्थ करते हैं जिन श्रीरामन्द्रकर नाम सुमिरेते सम्पूर्ण अज्ञान नाशह्वै जाते हैं काहे ते परमात्मा परब्रह्म परमेश्वर सर्वज्ञ पूर्ण भगवान् हैं भगवान् क्यों कहाताको अर्थभगवान्कही पट्भगयुक्तऐश्वर्य धर्मयश श्रीवैराग्य मोक्षतिनको स्वरूप कहतेहैं ऐश्वर्यजाको अनेक ब्रह्मांड हैं पुनि धर्म काको कही सत्यवाक्य सर्बदाता निष्कपट शुद्धकर्मताको धर्म कही पुनियशकाकोकही उदार अजय जाको कोई जीति नसकै शीलनिधि अत्यन्तसुन्दर जाकोदेखिकै चराचर मोहेहैं ताको यशकही पुनि श्रीकाकोकहीतेज जाकेतेजकेआगेसूर्य चन्द्र अग्नि इत्यादिककी छबिजाहि श्रीकही शोभा स्वरूप करिकैसर्वगुण करिकै शोभितहैं श्रीकही प्रताप जाको सबडरें जाकी आज्ञामें पृथिवीअप तेज वायुआकाश तीनिहुगुण देवदानव मनुष्य इत्यादिक चराचर वर्त्तमान हैं श्रीकही लक्ष्मीजीने जाकी आज्ञानुकूलह्वैकै कोटिन ब्रह्मांडमें सुख

## नहिंजाना मैंक्यहिभांतिकहौंभगवाना ५ उपरोहितीकर्म्मअतिमन्दा वेदपुराणस्मृतिकरनिन्दा ६ जबनलेउंतबविधिकहमोहीं

भोगभरिदियोहै ताको श्रीकही पुनि बैराग्य काकोकही ह्वैकै शब्द स्पर्शरूपरसगन्ध चित्त बुद्धि मन अहंकार सात्विक राजस तामसइन सबनको अपने बश किये हैं अरु इनकेपरे हैं ताको वैराग्य कही पुनि मोक्षकाकोकही सालोक्य भगवान् के लोकमें बसै सामीप्य सदा निकटरहै सारूप्य जैसो भगवान्को रूपहै तैसोरूपहोइ सायुज्य अलंकारहोइरहै अथवाकोई के मनमें जैसे सूर्यको तेज घटफूटे सूर्यहीमें लीनहोइ ताको सायुज्यकही पुनि सारिष्ट मुक्ति सामान्य ऐश्वर्य अपने समान ऐश्वर्य देते हैं ये पांच मुक्तिहैं तामें ऐश्वर्य धर्म यश श्रीवैराग्य मोक्ष येते षट्भग जामें सम्पूर्ण होहिं अरु अपने जनको दाता ताको पूर्ण भगवान् कही जो स्वरूपषट्भगमें कछुकम होइ ताको अंशकला विभूति कही देखिये तौ षट्भग श्रीरामचन्द्रके बामचरणमें षट्कोश अंक है तामें षष्ठभाग शास्त्रकहते हैं ताते श्रीरामचन्द्र पूर्ण स्वयंभगवान् हैं॥ श्रीमन्महारामायणे॥ ऐश्वर्य्येनच धर्मेणयशसाचश्रियैवच॥ वैराग्यमोक्षषट्कोणैः संजातोभगवान्हरिः १ पोषणंभरणाधारंशरण्यंसर्वव्यापकं॥कारुण्यंषड्भिःपूर्णो रामस्तुभगवान्स्वयं २ अनेक ब्रह्मांडको पोषणगुण अरु भरणगुण आधारगुण अरु सर्बशरण्यत्वगुण अरु सर्व व्यापकत्वगुण अरु करुणागुण येते षट्गुण परम दिव्य श्रीरामचन्द्रमें नित्य ताते स्वयं भगवान् हैं ( ५ ) तहां हे श्रीरामचन्द्र मैं तुमको परब्रह्म अखण्डबिग्रह अच्छीप्रकारते जानतहौं तबतौ उपरोहिती कर्ममें लीनहै तहां उपरोहिती कर्म अतिमन्दहै जाकी वेद पुराण स्मृति निन्दाकरत हैं ( ६ ) तहां एक समयमें ब्रह्माकी सभामें हमहूं बैठे रहे तब ब्रह्माबोले हे बशिष्ठ तुम रघुबंश कुलकी उपरोहिती लेहु तब मैं कहा कि हे पिता हम उपरोहिती कर्मनहीं लेहिंगे काहेते उपरोहितीकर्म अति नीचहै तब पुनि ब्रह्माबोले हेपुत्र रघुवंशकुलकी उपरोहिती में आगेतुमको बड़ो लाभ है ( ७ ) काहेते परमात्मा परब्रह्म जाको कही सोनर रूपकही नराकार हैं अखण्ड एकरस परब्रह्म बिग्रह सो रघबंश कुलके भूषण रघुबंश कुलविषे अवतीर्ण होहिंगे अरु ब्रह्मांडभरे के भूषणहोहिंगे राज्यकरहिंगे अरु जन्मते लैकै जबबारह वर्ष होहिंगे तब विश्वामित्र अपने यज्ञकी रक्षाहेतु श्री अयोध्या को आवहिंगे श्रीरामचन्द्र लक्ष्मणको लै जाहिंगे तब राक्षसनको बधिकै यज्ञकी रक्षाकरिकै विश्वामित्र संयुक्तजनकपुर को जाहिंगे जनक योगीश्वरके इहां विवाह करिकै श्रीअवधको आवहिंगे पुनि बारहवर्ष अवध में रहैंगे पचीसयें वर्ष बनको गमन करैंगे अपनी लीला पूर्वक सर्व जीवनको सुखदेतसन्ते सम्पूर्ण प्रजनसंयुक्तपर

## अहैलाभआगेसुततोहीं ७ परमात्माब्रह्मनररूपा होइहिरघुकुलभूषणभूपा ८ दो०॥ तबमैंहृदयबिचारकरि योगयज्ञब्रतदान

विभूतिको गमनकरैंगे हे श्रीरामचन्द्र यह ब्रह्माजी ने मोसे कह्यो तहां प्रमाण है अन्यच्च श्लोक १॥ अनन्दोद्विविधःप्रोक्तः मूर्त्तश्चामूर्त्तएवच॥ अमूर्त्तस्याश्रयोमूर्त्तः परमात्मानराकृतिः ( ८ ) दोहार्थ॥हे श्रीरामचन्द्र ब्रह्मै असकहा तब मैं अपनेहृदयमें बिचारकीन्ह कि जेहि परमेश्वर की प्राप्ति हेतु यज्ञब्रत दानयोग वैराग्य समाधि इत्यादिक जो बहुतकाल करै मन शुद्ध करिकै तब कहूँ परमेश्वरकी प्राप्तिहोइ किन्तु नहोइ अरु तेहि परमेश्वरकी मैं उपरोहिती कर्ममें प्राप्ति होतहौं ताते यहि उपरोहितीके समान दूसर धर्म नहीं है यामें यह

ध्वनिहै कि जोवेद अरु लोककरिकै निंदितकर्मधर्म इत्यादिकहै अरु वहिमें परमेश्वरकी प्राप्तिकर सम्बन्धहै ताते यहसर्वोपरिउत्तमहै यह बिचारिकै मैं रघुबंशकुलकी उपरोहिती ग्रहणकीनहै तहां प्रमाण है वेदविषे॥ अहोयक्षतसूत्रंपरिदधासिवशिष्ठत्वंपुरोधासि सएवब्रह्मोद्भवंपरिपश्यंतुधीराः अनन्यमनसाचिंतयंतुदेवाः स्वर्गेषुयज्ञायाप्यायतांधियः कौशिकेनसमग्रंप्रलीयतांदेवा:विरसि बाहुरसि तूर्यमङ्गलायतांप्रधानानियज्ञासीत् एषः ब्राह्मणः बशिष्ठस्याहप्रयोजनायकेषु भानुवंशस्यकृतोद्भवः आचरणायकर्मसर्वस्य अप्रमेयानिकर्माणि नाहंवभूवऐषस्तुज्ञेयंसनीचैः तन्नोगृह्णाति कालेकाले मंगलायपरिपूर्ण ब्रह्मलोकादिहागताः पूज्यमानस्संतु आपः सुमनस्यमनोभवः देवर्षेः गच्छन्पुरे मंगलमास्तान् चिन्मयो:संमेलनविधिसंगीयतां ( ९ ) जप तप नेम अष्टांगयोग निजधर्मकही निजनिज धर्म कर्ममें दृढ़ता अरु श्रुतिस्मृति करिकै जेते शुभकर्महैं ( १० ) पुनि ज्ञानमें दुइभेद हैं एक शास्त्रजन्यज्ञान अरु एक आत्मज्ञान अरु दयाकही दीनको देखिकै द्रवै ताकी दीनता अपनी सामर्थ्यते मिटाइदेइताको दयाकही अरु दमकही मनसुद्धां इन्द्रिनको जीतना अरु संपूर्ण तीर्थनको मज्जन अरु जहांलगि धर्म श्रुतिसज्जन कहते हैं ( ११ ) अरु शास्त्र वेद पुराण इत्यादिकन के पढ़े सुने समझे गुनेकर एकफल यही है ( १२ ) हे श्रीरघुनन्दनजू तुम्हारे चरणारविन्द विषे निरन्तर प्रीतिहोइसंपूर्ण साधनकरफल एकयही सुन्दर है ( १३ ) हे प्रभु जो साधन कहि आये हैं जो ऐसो साधन कोटिनकरै तहां अन्तष्करणकी क्षीनीबासना अहंमम इत्यादिक नहींमिटे हैं कैसे जैसे कोई बस्त्र कीचमें भरिगयो है अरु

**जाकहँकरियसोपाइहौंधर्म्मनयहिसमआन ९ चौ०॥ जपतपनेमयोगनिजधर्म्मा श्रुतिसम्भवनानाशुभकर्म्मा १० ज्ञानदयादमतीरथमज्जन जहँलगिधर्म्मकहतश्रुतिसज्जन ११ आगमनिगमपुराणअनेका पढ़ेसुनेकरफलप्रभुएका १२ तवपदपङ्कजप्रीतिनिरन्तर सबसाधनकरयहफलसुन्दर १३ छूटहिंमलकिमलहिकेधोये घृतकिपावकोउबारिबिलोये १४ प्रेमभक्तिजलाबनुरघुराई अभ्यन्तरमलकबहुँनजाई १५**

कीचहीसों धोवै सो कैसे साफहोइ तहां अतिमलीन होइजात है इहां यह अभिप्राय है कि जो कोई अनेक सुकर्म कर्म करते हैं ते स्वर्गको प्राप्ति होते हैं तहां अतिविषय ताको प्राप्तिभयो है काहेते कर्म सबसवासिकै हैं अरु ज्ञानयोग जोहैं सोभी सवासिकहै काहेते कि कैवल्यमुक्तिकी बासना है अरु बासना सबमलीनही है कदाचित् ज्ञान योग जो शुद्धहोइ तौ कैवल्यमुक्तिको प्राप्तिहोइ है पर श्रीरामचन्द्र के स्वरूप भक्तिकी प्राप्ति नहींहोइहै ताते उपासनाकांडमें बिनाभुक्ति मुक्ति शुष्क है ताते अनेक साधनाकरै पर अन्तष्करण नहीं शुद्धहोत है कैसे जैसे जलकेमथेते घृतनहीं निकसै है ( १४ ) ताते हे श्रीरामचन्द्रजी तुम्हारे चरणारविंद विषे प्रेमलक्षणा भक्तिरूप जल जबताईं नहींहोइ तबताईं अनेक साधनाकरै परन्तु अभ्यन्तरमल कबहूं नहीं छूटै है अभ्यन्तरकही अन्तष्करणकी झीनीबासना तहां बासनामें द्वैभेद हैं एकस्थूल एकझीनी जो मनमेंउठै सो करि परै उसे स्थूलकही अरु बेचाहे मनमें बासनाउठै उसे झीनीकही कैसे जैसे कोई अतिक्षुधित ब्राह्मण विवेकी है अरु कबहूं काहू नीचजन के इहां अनेक सुन्दरपदार्थ व्यंजनदेख्यो तहां बासना चलिगई है अरु ब्राह्मण वहपदार्थ जो अनायासहू प्राप्तिहोतसंते नहीं ग्रहणकरै ताको झीनी कही तथापि झीनी बाधक नहीं है पर संतजन झीनीहूको नहीं सहिसकैं तहां स्थूल बासना कर्मयोग ज्ञानते वरु मिटिजाइहै पर झीनीबासना नहीं मिटैहै तहां श्रीरामचन्द्र जे प्रेमलक्षणा भक्ति निर्मलजल नदीरूपपूर्णप्रबाह भरी सो धोइडारे हैं ( १५ ) हे श्रीरामचन्द्रजी सोई सर्बज्ञ है सोई तज्ञहै सोई पण्डितहै सर्वज्ञकही तीनिहूं कालकीगति सबके अन्तष्करणकी जानै तज्ञकही तत्त्ववेत्ता पण्डितकही समदर्शी होइ चराचरविषे परमेश्वरको व्याप्त एकभावदेखै श्लोकएक भगवद्गीतायां॥ विद्याविनयसम्पन्ने ब्राह्मणेगविहस्तिनि॥ श्वनिचैवस्वपाकेच पण्डितासमदर्शिनः१ अरु सोई उत्तमगुणके गृह हैं अरु अखण्ड विज्ञानको प्राप्ति हैं विज्ञानकही स्वस्वरूपको प्राप्तिहैकै परस्वरूपविषे आत्माकी वृत्ति लयहोइ

**स्वइसर्बज्ञतज्ञस्वइपण्डित स्वइगुणज्ञहविज्ञानअखण्डित १६ दक्षसकललक्षणयुतसोई जाकेपदसरोजरतिहोई १७ दो० नाथएकबरमाँगौंरामकृपाकरिदेहु जन्मजन्मप्रभुपदकमलकबहुँघटैजनिनेहु १८ चौ० असकहिमुनिवशिष्ठगृह**

अरु सर्बत्र समदर्शीहोइ विज्ञान है ( १६ ) अरु शुभकर्म सर्बलक्षणयुक्तसोई है हे श्रीरामचन्द्रजी जे परमदिव्य गुणके पाछे कहिआये हैं त्यहि गुणन करिकैयुक्त सोई पुरुष हैं जिनके मन वचनकर्म तुम्हारे चरणारविंदविषे अतिप्रीतिहोइ काहेते कि तुम्हारे चरणकमल के आश्रय परम दिब्य गुणसर्ब हैं ( १७ ) दोहार्थ॥ हे भरद्वाज श्रीवशिष्ठजू बोलतेभये हे श्रीरामचन्द्र करुणानिधान मैं एकबरदान मांगतहौं कि तुम्हारीमायाकी प्रबलताते जैजन्म यहिजगत्में मेरेहोयं तहां तहां तुम्हारे चरणारविन्द विषे तैलवत् धार अखंड मोरिप्रीति बनीरहै कबहूं घटै नहीं हे महाराज कृपा करिकै यह बर मोको देहु काहेते कि आपु अन्तर्द्धान होवाचाहते हौ अरु मोको इहां राखिजातेहौ अरु तुम्हारी आज्ञा सर्ब के शीश पर है ताते यह बर मांगतहौं तहां श्रीरामचन्द्र बशिष्ठकी सर्बज्ञता अरु अपनी लीला समुझिकै अति प्रसन्नभये हैं अंतष्करणमें एवमस्तु कहत भये इहां वशिष्ठ जीने परमपदकी प्राप्ति क्यों न मांगी अरु अनेक जन्मताईं श्रीरामचन्द्र जी के चरणकै प्रेमलक्षणा भक्तिमांगते भये तहां यह साधुन कै युक्ति यथार्थ है काहेते कि जो परमपदकी प्राप्तिको बरदानमांगहिं तौ सकामी भक्तहोहिं अरु जो संगजाबेको बरदान मांगहिं तौ श्रीरघुनाथजीकी इच्छाभंग होइ है यह जानिकै निःकामभक्ति मांगी है अरु जहां श्रीरामचन्द्रके पदविषे अखण्ड प्रेमहै ते तौ श्रीरामचन्द्र को प्राप्तिही हैं अरु श्रीवशिष्ठ इत्यादिक जे महान् हैं ते श्रीरामइच्छानुकूल रहते हैं ताहीते जे नित्यपार्षद हैं अपनीलीलाविषे तिनहीको परमेश्वर अपनो मातापिता गुरु कहते हैं ( १८ ) हेपार्बती श्रीवशिष्ठजू असकहिकै भक्तिबरलैकै श्रीरामाज्ञा शीशपरधरिकै श्रीरामचन्द्रकी मूर्त्ति मनोहर हृदयमें राखि अपने गृहकोगये तहां कृपासिंधु जो श्रीरामचन्द्र हैं तिनके मनमें श्रीवशिष्ठजी अति भावत भयेहैं तहां यह ध्वनि है कि जो कोई जीव अद्यापि श्रीरामचन्द्र की आज्ञानुकूल चलै सो श्रीरामचन्द्र को अति प्रिय भावत है अद्यापि श्रीरामचन्द्रकी आज्ञा वेदशास्त्रहैं ताते जो वेद शास्त्रकहैं अपने मत उपासनानुकूल सोकरे अरु एक रामाज्ञा यहहै बर्ष मास दिन पहर घरी पल देशकाल अवसर अरु संग कुसंग कर्म-

**आये कृपासिन्धुकेमनअतिभाये १९ हनूमानभरतादिकभ्राता संगलियेसेवकसुखदाता २० पुनिकृपालुपुरबाहेरगयऊ गजरथतुरंगमँगाबतभयऊ २१ देखिकृपाकरिसकलसराहे दियेउचितनिजनिजजोचाहे २२ हरनसकलश्रमप्रभुश्रमपाई गये जहां शीतल**

स्वभाव इन सबनविषे जो नीक विकार हानि लाभ दुःख सुख मानापमान अति निन्दाइत्यादिक प्राप्ति होइ है सोसब रामरजाय जानै तिनमें अपनपौ नहींमानै अरु जो कछु उत्तमहोइ तामै हर्ष न पावै तहांकेवल श्रीरामचन्द्रजीकी कृपाजानै अरु जोकोई विकार प्राप्तिहोइ तौ रामरजायजानै कि मोसे कछुचूकपरी है सो श्रीरामचन्द्रदण्डदैकै मोको शुद्धकरते हैं काहूमें गुणदोष नहीं रोपणकरै है अरु अपनी प्रारब्धभी नहीं मानते हैं यही रीतिसे केवल श्रीरामाज्ञा जानतेहैं ऐसे आत्मसमर्पणप्रसन्न शरणागत जे हैं ते सब श्रीरामचन्द्र की रजाय मानते हैं निश्चय करिकै आप मनवचन कर्मते अकर्त्ता हैं श्रीरामचन्द्र जी को अति भावतेहैं ( १९ ) तहां हनुमान्जी लक्ष्मणजी भरतजी शत्रुहनजी तिनकोसङ्ग लीन्हे हैं काहेते सेवक के सुखदाताहैं ( २० ) जब वशिष्ठजी बिदाहोइकै अपने गृहगये तब श्रीरामचन्द्र सब सेवकन संयुक्त पुरके बाहेर जातेभये तहां अनेकन गजरथ तुरंग इत्यादिक वाहनादि मंगवाते भये अरु रत्न हेमके आभूषण पट अनेकन मंगावते भये ( २१ ) सब पदार्थनको देखिकै श्रीरामचन्द्र कृपाकरिकै सराहतेभये अरु अपनी रुचि अनुकूल सबको देतेभयेहैं अरु जो यह अर्थकही कि अवधबासिन जो जो चाहिन है सो सोदीनहै तौ यहि अर्थ विषे एकअभाव भासत है काहेते कि श्रीरामचन्द्रजी ने यहि प्रकरण के पूर्ब अपनी पर बिभूति परमदिब्य नित्य ऐश्वर्यलीला अरु नैमित्य माधुर्यलीला दिखाईहै तहां नित्यऐश्वर्य नैमित्य ऐश्वर्यमाधुर्य दूनौ मिलेते एकहीहै अरु भिन्नहै दोतत्वएकहीहैं तहां श्रीरामचन्द्रजी अपनी पर बिभूति परमदिब्यतर द्वौएक कराचाहतेहैं सहित ऐश्वर्य परधामको गमनकिया चाहतेहैं ताते पुरबासिनको वैराग्य ज्ञान अपनी परमभक्ति उपदेश कीनहे अरु पुरबासिन ग्रहणकीनहे तहां पुरबासिनके हाथीघोड़े अनेक रत्नके अलंकार पट इत्यादिकन की कहा चाहना है तहां श्रीरामचन्द्रजी अपने उपदेशकै पुरबासिनते परीक्षालेतेहैं जबपरिपक्व देखे तब जेजस कार्यमेंरहे तिनको तैसे तैसे बाहन अलङ्कार देतेभये काहेते कि जेते सबबाहनहैं तेते सबपर विभूतिहीकेहैं

तातेसंगहीजायँगे अरु मनुष्यनको बाहन संयुक्त लैजाहिंगे अरु श्रीअयोध्या के चर अचर जीवजेहैं तिन सबनको श्रीरामाज्ञाते ब्रह्मा कोटिन बिमान ल्यावैंगेतिनपर चढ़ाइकै परधामको पहुँचावहिंगे तहां बिमान सब रहि जाहिंगे

**अमराई २३ भरतदीननिजबसनडसाई बैठेप्रभुसेवहिंसबभाई २४ मारुतसुततबमारुतकरई पुलकिबपुषलोचनजलभरई २५ हनूमान**

काहेते पुरवासिनके संयोगते ब्रह्माके बिमाननकै मोक्षभई अरु जे जीव अपररहे तेसब आदि अन्त द्विभुज नित्य किशोररूपहैं तहांजोकोईशास्त्र को प्रमाणदैकै कहै कि श्रीअयोध्याबासी चतुर्भुज रूपह्वैकै परधाम कोगये हैं तहां श्रीरामचन्द्र करुणानिधान सत्यब्रती सबकी मर्यादाराखते हैं ताते रमाबैकुण्ठताई मध्यविषे विष्णुस्वरूप चतुर्भुजविष्णुके ऐश्वर्यलीला के मार्यादाराखे हैं अरु आदि अन्त विषे नित्य किशोर द्विभुज जानिये यहि चौपाई में यहै धुनि है जो कहि आये हैं यह भेद बालकाण्ड में ब्रह्मादिक देवतन की स्तुति में भगवद्वरदान प्रसंगे ब्रह्मबाणी चौ०॥ कश्यपअदितिमहातपकीन्हा॥ तहां बालकाण्डमें तिलकदेखब ( २२ ) हे भरद्वाज जन्मरण इत्यादिक जे श्रम हैं तेहि सर्बके हरैया श्रीरामचन्द्रजी अपनीलीला नीतिकरिकै सबको देतेदेते श्रमको ग्रहण करते भये पुनि शृंगारबन शीतल अमराईको जातेभये ( २३ ) तहां भरतजी अपनो पीताम्बर बिछाइ देतेभये तापर श्रीरामचन्द्र बिराजतभये सब भाई भरत लक्ष्मण शत्रुहन किंतु लक्ष्मण भरत शत्रुहन अपनी अपनी सेवाकरते हैं तहां सेवा दुइप्रकारकी एक भगवत्सेवा एक भगवत् दाससेवातहांदूनोंमें तीनिभेद जानिये एकदीप्तप्रपन्नह्वैकै सेवाकरतेहैं एक आरत प्रपन्नह्वैकै सेवाकरते हैं अरु एकदीप्त आरतमिले सेवाकरते हैं तहां दीप्त प्रपन्नकही मनबचन कर्मते स्वामी की आज्ञानुकूल रहते हैं अरु आरत प्रपन्नकही जो श्रीरामचन्द्र श्रीमुखतेकहैं कि इहांरहौ हम पक्षमासको जाते हैं किंतु तुमजाहु पक्षमासको तबवे सेवक श्रीरामचन्द्रकी अवज्ञा करिकै निकटसेवा नहीं छोड़तेहैं ( २४ ) अरु मारुतसुत मारुत करते हैं अतिप्रेमते गातपुलकि पुलकिहोइ हैं नेत्रनमें जलभरतेहैं तहां दीप्तआरत प्रपन्नमिलैहै अरु श्रीभरतजी तुरन्त श्रीराम इच्छानुकूल छत्रलेते भये अरु लक्ष्मणजी तुरन्त चमरलेतेभये हैं अरु शत्रुहनजी श्रीरामचन्द्र के दीप्तप्रपन्नहैं अरु भागवत् भरतके आरत प्रपन्नहै तहां शत्रुहनजी सूर्यमुखीलिहे हैं अरु हनुमानजी व्यजनलिहे हैं अपर पार्षद अपरसेवाकी सामग्रीलिहे हैं ऐसेही सबभाई अरु हनुमान् सेवाकरते हैं समय समयपर सबसेवा करतेहैं तहां तीनिहू भाइनको श्रीरामचन्द्रकर रूपही जानिये ( २५ ) हे पार्बती श्रीहनुमान्के समान बड़भागी कोई नहींहै काहेते कि श्रीरामचन्द्रजीके चरणारबिंदके अनुरागी ऐसे न कोईभयेहैं न कोईहैं न कोईहोहिंगे भूत भविष्य बर्तमान तीनिहूंकालमें नहींहै ( २६ ) हे गिरिजा जिन हनूमानकी प्रीति सेवकाई श्रीरामचन्द्रजी श्रीमुखते बार

**समनहिंबड़भागी नहिंकोउरामचरणअनुरागी २६ गिरिजाजासुप्रीतिसेवकाई बारबारप्रभुनिजमुखगाई २७ दो०॥ तेहिअव-**

बार बखानते हैं काहेते कि जाकी अविद्या मायाकी सहित समाज हनुमान् अच्छीतरह जीतिकै स्वस्वरूपहै प्राप्तिह्वैकै श्रीरामचन्द्रजीकेचरणारबिंदके मकरन्दके लुब्ध मधुपइव वृता ताते बारबार बड़ाई करते हैं तहां अविद्यामाया ताको विशेषणकही गुणनके सेनाकहतेहैं तामायाकी सेनाविषे मन अरु महामान द्वौवजीरहैं पुनि तीनि महासेनापतिहैं काम क्रोध लोभ तामें काम महामुख्यहै तिनके द्वैद्वै उपसेनापति हैं क्रमतेजानब मोहमद अहंकार मात्सर्य्य ममता दम्भ तहां मोह उपसेनापति के सहायक राग अपनपौ दारा बालक बित्त इत्यादिकनके विषे प्रीति तिनके संचारी पैदर पंचविषे शब्दस्पर्शरूप रसगन्ध अरु मद उपसेनापतिके सहायक जातिकुल सुन्दरता युवा धन बिद्या शास्त्रज्ञान अरु तिनके संचारी पैदर अनेकहैं मान परमान निंदा अहंमम इत्यादिक पुनि अहंकार सेनापतिके सहायक पुरुषकही टेढ़े मन बचन कर्मतेहैं पुनि तेहिके संचारी पैदर परधन परनारि इत्यादिक जेहैं तिनमें प्रीति पुनि मात्सर्य के सहायक परऐश्वर्य बड़ाई यशभोग नहीं सहिसकै हैं अरु तिनके संचारी पैदर मिथ्याबचन मनकर्मकी कर्त्तव्य पुनि ममता उपसेनापति के सहायक विषय जो द्रब्य त्यहिको संग्रह पुनि उठावैंनहीं पुनि त्यहिके संचारी पैदर चत्तबुद्धि मनकी विषय कर्मते चिन्तवन निश्चय मनन इत्यादिक पुनि दम्भ उपसेनापतिके सहायक सुंदर वेष सुंदर बचन सुंदर कर्म करते हैं अरु अंतष्करण में परधन मान बड़ाईकीबासना मरी है त्यहिके संचारी पैदर लोककी चातुर्यता पुनि अविद्यामय मायाकेभटकहतेहैं

अविवेक अज्ञान गौरव छलकपट पाषण्ड पुनि आयुध सबनके ईर्षा कटुवचन पराये धन धर्मके विघ्नकर्त्ता अरु इंद्री बाह्यांतर विषयलीन तहां अविद्या माया के महामुख्य वजीर मन अरु महामान सो हनुमान्‌जीके नामहींते जीतागयोहै काहेते नाम हनुमान् नकारकी उकार लोपकरिकै तहां हनशब्द नाशविषे होत है ताते खण्डान्वय करिकै जे सर्बथा मनमानको हनैं तिनको हनुमान् कही काहेते हनुमान् सदा मनमानको तीनिहूंकालमें जीतेहैं अरु हनुमान्‌शब्द बर्त्तमानविषे शिक्षामेंहोतहै तहां श्रीरामचन्द्रजीने किष्किन्धाकाण्डमें हनुमान्‌जीको अपने विषे अनन्यभाव शिक्षाकीनहै तब सर्बथा मनमानको नाशकीनहै ताते हनुमान् क्रियामानहैं अरु हनुमान्‌को श्रीगोसाईंने विनयपत्रिकामें कामजीताग्रणीकहाहै तहां कामकही मदनको पुनि कामकही अनेक त्रैगुण्यजनितकामनाजेहैं सोदूनौंकामको हनुमान्‌जीतेहैं जहांजहांमनमान वजीर अरु काम मुख्य सेनापति को जीतेते अपर सेनापति उपसेनापति अरुसहायकअरु पैदर अरु भटसब परायजाते हैं तहां अविद्या मायाके वजीर महाबीर त्यहिको जितैया शास्त्रको विशेष सतसंग को ग्रहण अरु तिनके आयुध मन जीतबेको त्रैगुण्यजनित विषयते विराग पुनि मान महामान ज्ञान पुनि श्रीरामचन्द्रजीके चरणपङ्कजमें रति पुनि शास्त्रके तत्व श्रीरामरूपमय सर्बभूत गुणतत्वनमें एकबुद्धि पुनि काम क्रोध लोभ सेनापतिके जितैयाक्रमते सबको जानिये शम दम उपरति तितीक्षा श्रद्धा समाधानपुनि शास्त्र अष्टांगयोग पुनिक्रोध जीतैको विचार अरुआयुध क्षमाशांति पुनि लोभ जीतैको उदारचित्त आयुध सन्तोष प्रारब्धिबश निर्बाह पुनिमोह उपसेनापति के जितैया ज्ञान पुनि आयुध नित्यानित्यको बिचार पुनि मदके जितैया देह आदिक बर्णाश्रम संसार अनित्यहै आयुध असंग है पुनि अहंकार उपसेनापति के जितैया शील आयुध निर्बैर पुनि मात्सर्यके जितैया विवेक श्री रामचन्द्रजी की रजायमें सबै बर्तमान हैंपुनि आयुध शुभाशुभ कर्मके आधीन सबै हैं पुनि ममताके जितैया सर्ब जीव परमेश्वरहैं पुनि आयुध कोई किसूको नहीं है पुनि दम्भके जितैयासर्बते अचाह सर्ब बस्तुते पुनि क्रमते उपसेनापति के सहाय कहते हैं रोग को जितैया बिराग अपन्यो को जितैया न कोई मित्र न कोई अरि हैपुनि दारा बल बित्त अपनपौ तेहिके जितैया मुमुक्षु दशा सर्ब जीवनते नीचानुसन्धान सर्ब पुरुषार्थ बिभूति श्रीरामचन्द्र जी की है पुनि तिनकेपैदरके जितैया श्रीरामचन्द्रके चरित्र दण्डवत् प्रतिमाब्यापक नामप्रसादी तुलसी फूलइत्यादिकमें प्रीति पुनि मद उपसेनापति के सहायकके जितैया बर्णाश्रम के धर्म कर्मके फलको त्याग किन्तु स्वरूपही को त्याग तिनके पैदर के जितैया देशकाल अवसर लिहे सुकर्म सर्बजीवको आदर सन्मान दया पुनि अहंकार के सहायकनके जितैया मन क्रम बचनते सुधीर रहस्य पुनि तिनके पैदरके जितैया मन क्रम बचनते सन्तनमें प्रीति पुनि मात्सर्य सहायकके जितैया परमेश्वरसबको भलाकरै यह दृढ़ बुद्धि अरु तिसके पैदरके जितैया सत्यबचन पुनि ममताके सहायकके जितैयाविषयके स्वरूपहीको त्याग पुनि तिनके पैदरके जितैया चित्त बुद्धि मन की वृत्ति विषयते उलटिकै श्रीरामचन्द्र को स्वरूप ताको चिंतवन निश्चयमनन अरु प्रताप क्रियामें बुद्धिकी निश्चय अरु मनमें श्रीरामचरितके

सरमुनिनारद आयेकरतलबीन गावनलागेरामकल कीरतिसदानवीन २८ चौ०॥ मामवलोकयपंकजलोचन कृपाबिलोकनि

मनन पुनि दम्भके सहायकके जितैया सरल स्वभाव सहजानन्द श्रीरामचन्द्रके चरणनमें प्रीति पुनि तेहिके पैदरके जितैया श्रीरामचन्द कै लीला गुणनमें अतिप्रबीणता ग्रहण अविद्याके भटनको कौनजितैया है परम विवेकते अविवेक जीताजाइहै ज्ञानते अज्ञान जीताजाइहै श्रीरामको चराचरमय मानिकै सबको गौरव देना तब अपनो गौरव मिटै है निःछलभयेते छलमिटै निष्कपट भयेते कपट मिटै सरल स्वभावते पाखण्डमिटै इत्यादिक अविद्याके अनेक सेनापरिवार हैं अरु अविद्याके बश सर्बजीव हैं त्रैलोकभरि अरु जेजीवश्रीराम शरणागत हैं तिनपर श्रीरामकृपाते बिद्या प्राप्तिभई है तब ते सम्पूर्ण अविद्याको बिना श्रमहींजीति लेतेहैं तबते श्रीरामचरण के अति अनुरागी होते हैं सर्बोपायशून्य अनुरागी ऐसेहनुमान्‌जीहैं ताते श्रीरामचन्द्र श्रीमुखते हनुमान्‌की प्रीतिसेवकाई बारबार बखानतेहैं ( २७ ) हे पार्वती तेहि अवसर विषे ब्रह्मलोकते नारदमुनि श्रीरामचन्द्र के समीप आवते भये करतल विषे बीणालिहे श्रीरामचन्द्रकर गुण कलकही अति सुन्दर अतिनिर्मल कीर्ति गावने लगे कैसी है कीर्ति नित्य नवीनहै नवीन कही गावत सुनतसंते सुख प्रेम बढ़तजाइ घरी प्रतिदिन प्रतिमास प्रतिवर्ष प्रतियुग कबहूंनहीं उठै नित्यनवीन प्रेमबढ़ै ताको नित्यनवीन कही किंतु नवीन नवीनकीर्तिकरते हैं सो नारद

मुनि गावते हैं ( २८ ) हे पंकजलोचन माम विलोकय हमारी दिशि कृपाकरिकै देखौ तुम्हारी कृपा सर्बशोच को बिमोचनकर्त्री है तहां मामविलोकय क्यों कहा का श्रीरामचन्द्र नारदको देखते नहीं हैं तहां श्रीराम अपनी परमदिव्य बिभूति संयुक्त अंतर्द्धान होवा चाहते हैं ताते नारदजू कहते हैं कि हे रामचन्द्रजी मोको कृपादृष्टि करिकै जो आज्ञाहोइ सोकरौं आज्ञा होइ संगचलौं आज्ञाहोइ ब्रह्मलोकमें रहौं तहां श्रीरामचन्द्रजी शीलके निधान नारदके स्तुतिकरि श्रीरामचन्द्रजी बोले नहीं तब नारदजी यह जाना कि श्रीरामचन्द्र की इच्छा मोको इहां रहिबेकी है यह अर्थ चौपाई के अभिप्राय करिकै है ( २९ ) पुनि नारद कहते हैं कि हे श्रीरामचन्द्रजी तामसकही कमल नील तद्वत् तुमश्यामहौ अरु कामअरि को हृदय कमल तेहिको मकरंद प्रेम-

**शोचबिमोचन २९ नीलतामरसश्यामकामअरि हृदयकंजमकरंदमधुपहरि ३० यातुधानबरूथबलभंजन मुनिसज्जनरंजनअघगंजन ३१ भूसुरशसिनववृन्दबलाहक अशरणशरणदीनजनगाहक ३२ भुजबलबिपुलभारमहिखंडित खरदूषणबिराधबधपंडित ३३**

तुम्हैं बिषै तेहि रसके आप मधुपहौ ( ३० ) पुनि आप कैसेहौ यातुधान जेदानवहैं बरूथ के बरूथ तिनके बलके भंजनहारहौ मुनिन अरु संतनके रंजनकही आनंद कर्त्ता हहु अरु अघकेगंजन कर्त्ता हहु ( ३१ ) पुनिभूसुर जो ब्राह्मणन के वृन्दहहिंते शसि कही कृषीहहिं तिनके पालिबेको आपु बलाहक कही मेघहौ अरु अशरण कही जो कोऊ नहीं शरणराखै ताको आपुशरण राखते हैं अरु जे संसारते डरिकै तुमसे दीन होते हैं तिनकोग्रहण करते हौ ( ३२ ) अरु अपनी भुजनके बलते पृथिवी को भारखंडन करतेहौ अरु खरदूषण बिराधके बधबिषे बड़े पण्डित हौ प्रवीणहौ काहेते खरदूषण को सहित सेना के अपनोरूप देत भयेहहु तब वोई सब परस्पर आपुसमें देखतेहैं कियेई रामहैं अरु आपको रामनररूप नहीं देखते हैं अरु वे उसको रामरूप देखते हैं वे उसको रामरूप देखैं हैं श्रीरामचन्द्र की मायाकरिकै सब व्यामोहित होगये हैं आपुस में संग्राम करिकै लरिमरे परमपद को जातेभये आरण्यकांडे॥ देखहिंपरस्पर रामकरि संग्रामरिपुदललरिमरेउ। अरु बिराधको सहज में आवते बधकीन ( ३३ ) हे रावणारि अरु सुखरूप देवदानव मनुष्य इत्यादिकन विषे जेते राजाहहिं तिनसबके शिरोमणि हौ ते तुम्हारी जय दशरथ कुल कुमुदको बनहै तहां तुमसुधाकरहौ ( ३४ ) हे श्रीरामचन्द्र तुम्हारो सुयश बेदशास्त्र पुराण अरु सुरमुनि संतजन अहर्निशि गावते हैं ( ३५ ) हे श्रीरामचन्द्र कारुणीक एक तुमहींहौ काहेते कि दीननपर करुणाकरत आपुको नीकलागतहै ताते करुणाको विशेष ग्रहणकिहेहौ अरु बालि इत्यादिक जे अभिमानी रहे हैं तिनके मदके खंडनकरिबेको आपुकुशलकही पंडितहौ अरु कोशल जो श्रीआयोध्या मंडलहे तेहिके मंडन कही श्रृंगारहौ किंतु जो कोशलपुरी को राजा संपूर्ण ब्रह्मांड मंडल विषैहै ताते आप ब्रह्मांडभरे के भूषणहौ ( ३६ ) हे श्रीरामचन्द्रजी तुम्हार नामजोहै सो कलिके जेमलहैं अहंमम इत्यादिक तेहिको नाशकर्त्ता गोसाईं श्रीतुलसीदास कहते हैं श्रीनारदजू कहा हे श्रीरामचन्द्रजी मैं तुम्हारो

**रावणारिसुखभूपरूपबर जयदशरथकुलकुमुदसुधाकर ३४ सुयशपुनीतबदतनिगमागम गावतसुरमुनिसंतसमागम ३५ कारुणीकबालीमदखंडन सबबिधिकुशलकोशलामंडन ३६ कलिमलमथननाममगताहन तुलसिदासप्रभुपाहिप्रणतजन ३७ दो०॥ प्रेमसहितमुनिनारद बरणिरामगुणग्राम शोभासिन्धुहृदयधरि गयेजहांविधिधाम ३८॥**

* * * * * *

जनहौं सो पाहि पाहि शरणहौं आपके चरणविषे मेरी प्रेमलक्षणाभक्तिबनी रहै यह बरपावौं तब श्रीरामचन्द्रजी बिहँसिकै कृपादृष्टिकै अवलोकनिके द्वार ह्वैकै एवमस्तु कहा ( ३७ ) दोहार्थ॥ हे पार्वती प्रेमसंयुक्त श्रीरामचन्द्र जी की स्तुति करिकै श्रीनारद जू दण्डवत् करिकै मानसी आज्ञापाइकै ब्रह्मलोकको जातेभये पुनि श्रीरामचन्द्र जी हनुमान्‌जीको आज्ञादीन कि एकस्वरूप तुमइहांरहौ अरुतुमहमारे संगचलौ यह कहिकै श्रीरामचन्द्र जी सहित हनुमान् भ्रातन सहित धनुर्बाणादि किशोरमूर्ति पृथक् पृथक्

अन्तर्द्धानहोतेभये परमदिव्य विमाननपर आरूढ़ ह्वैकै परबिभूति को गमनकीन उपरांत सम्पूर्ण अयोध्याबासी अरुसम्पूर्ण बानर ऋच्छनकी सेना परमदिव्य स्वरूप होइकै परमदिव्य बिमान पर चढ़िकै श्रीराम इच्छाते परत्रिपाद बिभूतिको चलते भये तहांप्रमाण ब्रह्मरामायणे ब्रह्मणोवाक्यं नारदंप्रति॥ यानस्थोरघुनन्दनः परपुरीप्रेम्णागमद्भ्रातृभिर्लोकानां शिरसिस्थितामणिमयीनित्यैकलीलांपदा॥ सौमित्रिश्चतदाकलेनप्रथमंरामाज्ञयावर्तितः॥ तेनैवक्रमकेनबंधुमिलितो रामेनसाकंगतः (३८) इतिश्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषबिध्वंसनेउत्तरकांडे उमामहेश्वरसम्वादे समाजश्रीरामचंद्रपरधामगमनवर्णनन्नामपञ्चदशस्तरंगः१५॥ :: :: ::

दोहा॥ प्रथमशंभुकहिपुनिउमाप्रश्नकीनश्रुतिसार॥ रामचरणसोरहेंलहरिउत्तमपरमउदार १६॥ हे गिरिजा सुनहुँ मैंने अपनी मतिके अनुसार श्रीरामचन्द्रकी कथा अतिपावनि उज्ज्वल कहीहै (१) हे पार्वतीश्रीरामचन्द्रजी के चरित शतकोटि तेहिकेपरे अपार हैं तहां शतकोटि अपर श्रीमद्रामचरितके ग्रन्थ हैं काहेते कि श्रीरामचन्द्रके संगविषे अठारह पद्म सेनापति रहेहैं तेसब वेदवेत्ता रहे हैं तिन सबनने एकएक श्रीमद्रामायण ग्रन्थ कीन है अरु कोजानै केते श्रीमद्रामायण के ग्रन्थ श्रीमहादेवने कीनहै श्रीब्रह्मैंकीनहै श्रीबाल्मीकि कीन है श्रीवेदव्यास कीन हैं श्री अगस्त्यजी इत्यादिक मुनीशनकीनहै सो रामायण तीनिहूँ लोकमें सातौ द्वीपनमें सर्वत्र प्राप्ति है ताते शतकोटि अपार कहे हैं जाको

**चौ०॥ गिरिजासुनहुंबिशदयहकथा मैंसबकहीमोरिमतियथा १ रामचरितशतकोटिअपारा श्रुतिशारदानबरणैपारा २ रामअनन्तअनन्तगुणानी जन्मकर्म्मआनन्तनमानी ३ जलसीकरमहिरजगनिजाहीं रघुपतिचरितनबरणिसिराहीं ४ विमल**

श्रुति शेष शारदा इत्यादि कहिबे को पारनहीं पाइ सकते हैं किन्तु है सामान्य मुझे याको शतकोटि अपर अपार श्लोकही हैं तामें एकएक अक्षर जो उच्चारण करै सो महापाप जो जन्म मरण है सो मिटि जाइहै श्लोक एक॥ चरितंरघुनाथस्यशतकोटिप्रविस्तरं॥ एकैकमक्षरंपुंसां महापातकनाशनं (२) हे पार्वती श्रीरामचन्द्र एक हैं अरु अनंत हैं अरुअनन्तगुण हैं अरु अनन्त जन्म अनन्तकर्म हैं अरु अनन्त चरित हैं नामानी कहे तिन श्रीरामचन्द्रके नमस्कार करत हौं किन्तु नामानी कहे इहां काकोक्तिशब्दहै का नामानी नतु सर्व अनन्त मानिबेयोग्यहैं किंतु अनन्तनाम हैं जिनके (३) हे पार्वती जल सीकर महिकैरज ये दोऊ गनिबे को आश्चर्य हैं अरु ये दोऊ गनेजाहिं पर श्रीरामचन्द्र के चरित नहीं गनेजाइ हैं (४) तहां अनगणित जो श्रीरामचन्द्र के चरितहैं ते सब अति पावन हैं तामें एकएक श्लोक एकएक चरण एकएक पद एकएक अक्षर श्रीरामचन्द्रके पदको प्राप्ति कर्त्ताहै अरु जाके श्रवणकियेते अनपावनी भक्ति प्राप्तिहोतिहै अनपावनी कही ज्यहिते पावन आन पदार्थ नहीं हैं न तीर्थ ब्रत न कर्म योग न ज्ञान न ध्यान न समाधि किंतु अनपावनी कही अचल श्रीरामचन्द्र के स्वरूप विषे अखण्ड सहजानन्द वृत्ति लगीरहै ताको अनपावनी कही (५) हे उमा यह कथाअति पावनि है जो कागभुशुण्डि ने गरुड़को सुनाई है सोहम तुमसेकहा कागभुशुण्डि का साक्षी क्योंदीन है तहां सती तनमें महादेव कर कहासतीजू नहीं माना ताते कागभुशुण्डि की साक्षी दीनि है किन्तु जाते पार्वती पुनि प्रश्न करहिं (६) हे पार्वती कछु श्रीरामचन्द्र के गुण बखानिकै कह्यउँ अब जो तुम्हारी इच्छाहोइ सो कहौं (७) हे भरद्वाज मंगलमय कथा सुनिकै पार्वती अति हर्ष को प्राप्ति भई आरत प्रवीण मृदुबाणी बोलती भई (८) हे पुरारिमैंधन्य धन्यतरहौं भवजो संसार है त्यहिकी भयजोहै जन्म मरणत्यहिके हरणहारी श्रीरघुबीरकीकथा आपुके मुखनते अच्छेप्रकारतेमैंनेसुनी (९) हेकृपायतन तुम्हारीकृपाते अबमैं

**कथाहरिपददायनी भक्तिहोइसुनिअनपायनी ५ उमाकह्यउंसबकथासोहाई जोभुशुण्डिखगपतिहिसुनाई ६ कछुकरामगुणकह्यउंबखानी अबकाकहौंसोकहहुभवानी ७ सुनिशुभकथाउमाहर्षानी बोलींअतिविनीतमृदुबानी ८ धन्यधन्यमैंधन्यपुरारी सुन्यउंरामगुणभवभयहारी ९**

**दो०॥ तुम्हरीकृपाकृपायतन अबकृतकृत्यनमोह जान्यउंरामप्रतापप्रभु चिदानन्दसन्दोह १० नाथतवाननशशिश्रवत कथासुधारघुबीर श्रवणपुटनमनपानकरिनहिंअघातमतिधीर ११ चौ०॥ रामचरितजेसुनतअघाहीं रसविशेषजानातिननाहीं १२ जीवनमुक्तमहामुनिजेऊ हरिगुणसुनहिंनिरंतरतेऊ १३ भवसागरचहपारजोपावा रामकथाताकहं दृढ़नावा १४**

कृतकृत्य कही कृतार्थ भइउँ काहेते कि जो मोरे सती तनमें महामोहभयोरहै सो मिटिगयो अब मैंने श्रीरामचन्द्रको प्रताप स्वरूप सच्चित आनंदघन विग्रह अच्छीप्रकारते जान्योहै ( १० ) हेनाथ तुम्हार आनन पूर्णशशि है रघुवीर कीकथा सुधाहै बचन किरणिहै आपुकेमुखते श्रवत है मैं श्रवनकेपुटनते पानकरतिहौं मेरीमति अतिधीर नहीं अघातीहै पुटकही पात्रको किंतु हे मतिधीर नहीं अघातीहै ( ११ ) काहेते जे रामचरित सुनतकै अघायजातेहैं तिन श्रीरामचन्द्रके चरितकोरस विशेषनहींजान्यो है ( १२ ) काहेते जे महामहा मुनीश्वर सनकादि जीवनमुक्त हैं ते श्रीरामचन्द्र के चरित निरंतर सुनते हैं कहते हैं यामें अंतर नहीं परे हैं ( १३ ) जे भवसागरके पार जावाचाहैं तिनको श्रीरामचन्द्रकै कथा दृढ़ नाव है ( १४ ) हे विश्वनाथ मेरी जान में विषयी जो प्राणी हैं किन्तु विषयशील मुमुक्षू प्राणी हैं तिनकी कथाकर गुणग्राम श्रवण को सुखदाता है अरु मनको अभिरामकरि बांछित फलदाता है किन्तु अभिराम कही आनन्ददाता है ( १५ ) हे नाथ ऐसो अभागी जगतमें कौनजीव है श्रवणपाइकै अरु जाको रामकथा न सुहाइ तात्पर्य यह कि जे श्रीरामचरित सुनिबेकी श्रद्धा नहींकरैं तिनके श्रवण सर्प के बिल हैं ( १६ ) जिनको श्रीरामचन्द्रकै कथा नहीं सोहाइ है ते जीवजड़ हैं जिन आत्माके घातीकही मारनेवाले हैं अपनी आत्मा आपहीते हीन हैं ते चौरासीको जातेहैं ( १७ ) हे नाथ ऐसो श्रीरामचरितमानस तुमगावतेभये सो सुनिकै मैं अमित सुखको प्राप्तिभइउंहौं ( १८ ) हे नाथ आपुकहा कि यह अतिशोभित कथा है सो कागभुशुण्डिने गरुड़प्रति कही है सो यह सुनिकै आपुसे कछु प्रश्नकरिबेकी इच्छाभई है काहे

**विषइनकहँपुनिहरिगुणग्रामा श्रवणसुखदअरुमनअभिरामा १५ श्रवणवन्तअसकोजगमाहीं जिनहिनरघुपति चरितस्वहाहीं १६ तेजड़जीवनिजातमघाती जिनहिनरघुपतिकथास्वहाती १७ रामचरितमानसतुमगावा सुनिमैंनाथअमितसुखपावा १८ तुमजोकहियहकथास्वहाई कागभुशुण्डिगरुड़प्रतिगाई १९ दो०॥ विरतिज्ञानविज्ञानदृढ़रामचरणअतिनेह बायसतनरघुपतिभगतिमोहिंपरमसन्देह २० चौ०॥ नरसहस्त्रमहँसुनहुपुरारी कोउयककहोइधर्म्मब्रतधारी २१ धर्म्मशीलकोटिनमहँ**

ते पूर्बहीं कोई कालमें मोसे आपु कहारहै ( १९ ) हे नाथ आपुके मुखते यह प्रसंग सुनिकै परम संदेह होतभयो यह जो कथा कागभुशुण्डिने गरुड़प्रति कहा है त्यहि कथाविषे कर्म योग बैराग्य ज्ञान विज्ञान भक्ति श्रीरामचन्द्र के चरणारबिंद विषे अति दृढ़प्रीति करनिहारी यहकथा है अरु मोको यह समुझिपरयो है कि जो कह्यउं है तामें आरूढ़ रह्यउं है तहां यह आश्चर्य है कि कागतन विषे वैराग्य ज्ञान विज्ञान संयुक्त श्रीरामचन्द्रकै भक्ति प्राप्तिभई है यह संदेह है ( २० ) हे भरद्वाज इहां पार्वती जी भक्तिकी सप्तभूमिका कहतीहैं त्यहिके द्वारह्वैके संपूर्ण भक्तिके परमदिव्यगुण महादेव के मुखनते सुनाचाहती हैं हे पुरारि हजार मनुष्यन विषे एककोई अपनेधर्ममें आरूढ़होतेहैं ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र अरु अन्त्यज अरु गृहस्थ ब्रह्मचर्य किन्तु ब्रह्मचर्य गृहस्थबाणप्रस्थ संन्यासी चारिहूं बर्णाश्रम विषे एककोई निजधर्म के ब्रतको धारणकिहे हैं तीर्थ ब्रत दान संयम नेम सुकर्म सुधर्म इत्यादिक जो वेद सुष्टु कर्त्तव्य निज निज धर्म बर्णत हैं सो प्रीति संयुक्त करिकै श्रीरामार्पणकरै यह भक्ति की प्रथम भूमिका है ( २१ ) ऐसो जो निजधर्म नेष्ठी कोटिनहोहिं तिनके मध्यमें एककोई सहनशीलमानहोत है शीलकही जो कटुबचनकहै किंतु मान अपमानकरै सो सहिजाइ अरु अन्तष्करण में उसके ऊपरदुख न ल्यावै अरु मनक्रम बचनते कोई जीवको निरादर न करैं अरु इन्द्री विषय में अशक्त न होहिं ताको शीलकही यह द्वितीय भूमिका पुनि ऐसो सहन शीलमान जो कोटिहोइँ तिनकेमध्यमें

एककोइको विषय वैराग्यहोत है वैराग्यकही तीनिहूं लोककी विषय सिटकी समानमाने हैं यह तृतीय भूमिका ( २२ ) पुनि ऐसे बिरक्त कोटिनके मध्यमें एककोई सुकृती सम्यक्ज्ञानको प्राप्तिहोत है सम्यक्ज्ञान कही अपने अनुभवते आत्माको अनात्मा भिन्नदेखे हैं आत्मज्ञान में आरूढ़ है जैसे

**कोई विषयविमुखविरागरतहोई २२ कोटिविरक्तमध्यश्रुतिकहई सम्यक्ज्ञानसुकृतिकोउलहई २३ ज्ञानवन्तकोटिनमहँकोई जीवनमुक्तिसुकृतकोइहोई २४ तिनसहस्त्रमहँसबसुखखानी दुर्लभब्रह्मलीनबिज्ञानी २५ धर्म्मशीलविरक्तअरुज्ञानी जीवनमुक्तब्रह्मपरप्रानी २६ सबतेअतिदुर्लभसुरराया रामभक्तरतगतमदमाया २७ सोहरिभक्तिकागकिमिपाई विश्वनाथमोहिंकहहुबुझाई २८**

अपनी आत्माको देखे है तैसे ही चराचर विषे देखत हैं यह चतुर्थ भूमिका ( २३ ) ऐसो जो ज्ञानवन्त है तिन कोटिनके मध्यमें एककोई जीवनमुक्त होत हैं जीवनमुक्त कही संसार में देहधरे हैं पर संसारते मुक्त हैं जिनके हर्ष शोक दुख सुख हानि लाभ मानापमान मित्र अरि निन्दास्तुति इत्यादिक देहाभिमान नहीं है ताको नीवनमुक्त कही इति पंचभूमिका ( २४ ) ते जीवनमुक्त के हजारन में एककोई ब्रह्ममेंलीन विज्ञान विषे आरूढ़ है ब्रह्मलीन विज्ञान जीव अंतर्यामी ब्रह्मकी एकता है सो सब सुखकी खानि है ( २५ ) काहेते जामें धर्म शील वैराग्य ज्ञान जीवनन्मुक्त संपूर्ण गमनकरिकै ब्रह्ममें लीन है इति षट्भूमिका ( २६ ) पार्वती कहती हैं हे सुरराय यहसबते अतिदुर्लभ श्रीरामभक्ति है कैसी है रामभक्ति मद मायाते गतहै गतकही भिन्न है ऐसी रामभक्ति त्यहि पराभक्तिको जो प्राप्तिहै सो उनकी कैसीदशा है प्रेममें मत्तहैं हर्ष शोक दुख सुख हानि लाभ इत्यादिकते रहित हैं उठत बैठत चलत सोवत जागत रामाकार सहजानंद वृत्ति रामनाम पराबाणी बाह्यांतरते धुनि है तामें मग्न है अरु सर्वत्र चराचरमें रामरूप देखते हैं अरु श्रीरामचंद्र को स्वरूप शोभा सिन्धु तामें मनमीन ह्वैरह्योहै यहसतईं भूमिका ( २७ ) यह श्रीरामचन्द्र की भक्तिकै सप्तभूमिका समाप्त हे नाथ ऐसी जो श्रीरामचन्द्रकै भक्ति सो कागदेहमें कैसे प्राप्ति भई है यह सन्देह है हे विश्वनाथ यह प्रसंग मोसे समुझाइकै कहो यह प्रसंग मोसे तुम पूर्वहींकहा है तहां प्रमाण है श्रीमन्महारामायणे शिववाक्यं पार्वतीं प्रति श्लोक ५॥ मुग्धेश्रृणुष्वमनुजोपिसहस्त्रमध्ये धर्मब्रतीसर्वसमानशीलः॥ तेष्वेवकोटिषुभवेद्विषयेविरक्तः सद्दानकोभवतिकोटिविरक्तमध्ये १ ज्ञानीषुकोटिषुनृजीवनकोपिमुक्तः कश्चित्सहस्त्रनरजीवनमुक्तमध्ये॥ विज्ञानरूपविमलोप्यथब्रह्मलीनस्तेष्वेवकोटिपुसकृतखलुरामभक्तः २ श्रीरामनामरसनाग्रपठन्तिभक्त्या प्रेम्नाचगद्गदगिरेप्यथहृष्टलोमाः ॥ सीतायुतंरघुपतिंचकिशोरमूर्तिपश्यंत्यहर्निशमुदापरमेनरम्यं ३ भूमौजलेनभसि देवनरासुरेषु भूतेषुदेविसकलेषुचराचरेषु ॥ पश्यन्तिशुद्धमनसाखलुरामरूपं रामस्यतेभुवितले-समुपासकस्य ४ शांतास्समानमनसाचसुशीलयुक्ताः

**दो०॥ रामपरायणज्ञानरत गुणागारमतिधीर नाथकहहुक्यहिकारणपायउकागशरीर २९ चौ०॥ यहप्रभुचरितपवित्रस्वहावा कहहुकृपालकागकहँपावा ३० तुमक्यहिभांतिसुनामदनारी कहहुमोहिंअतिकौतुकभारी ३१ गरुड़महाज्ञानीगुणरासी हरिसेवकअतिनिकटनिवासी ३२ त्यइंक्यहिहेतुकागसनजाई सुनीकथामुनिनिकरबिहाई ३३ कहहुकवनविधिभासम्बादा द्वौहरि**

तोषक्षमागुणदयाऋजुबुद्धियुक्ताः॥ विज्ञानज्ञानविरतिःपरमार्थवेत्ता निर्द्धामकोभयमनाःसचरामभक्ताः ५ पुनः भगवद्गीतायां श्लोकसार्द्धद्वयः॥ ब्रह्मभूतःप्रसन्नात्मा नशोचतिनकांक्षति॥ समः सर्वेषुभूतेषुमद्भक्तिंलभतेपराम् १ चतुर्विधाभजन्तेमांजनाःसुकृतिनोर्जुन॥ आर्तोजिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानीचभरतर्षभ २ तेषांज्ञानीनित्यमुक्तएकभक्तिर्विशिष्यते ३ ( २८ ) दोहार्थ॥ ताते हे नाथ कागभुशुण्डि श्रीरामचन्द्र के स्वरूपाकार भक्ति विषे परायण अरु ज्ञानविषे रत अरु उत्तम गुणनके आगार सो ऐसे परमतत्वके परम अधिकारी सो हेनाथ कागशरीर क्यहि करण करिकै पायो है सो कहिये ( २९ ) हे कृपालु यह जो विचित्रपवित्र चरित है काग कहां क्यहि स्थानमें क्यहिते पायोहै सो कहहु कवनि

विधिसे पायउ है ( ३० ) हे मदनारी तुम क्यहि प्रकारते यह भारी कौतुक सुना है सोकहहु ( ३१ ) हे नाथ गरुड़ जो हैं सो महाज्ञानी उत्तम गुणके राशि हैं अरु हरिके नित्य पार्षद नित्य निकट निवासी हैं ( ३२ ) त्यहि गरुड़के कौन सन्देह भयो जाते सम्पूर्ण मुनिनको बिहाइकै कागभुशुण्डि ते श्रीरामचरितसुनिकै तत्व बोधभयो ( ३३ ) अरु कवनी प्रकारतेसम्बादभयो काहेते कि कागभुशुण्डि अरु गरुड़ ते द्वौ हरिके भक्त हैं द्वौ भागवतन ते कैसे सम्बाद भयो है उरगाद कही गरुड़ उरगकही सर्प अदनाम हिंसाधातु है जो उरगको भक्षण करै ताको उरगाद कही ( ३४ ) हे भरद्वाज पार्वतीकर सहज शोभायमान महादेवसुनिकै सादरते बोलतेभये ( ३५ ) इहां पार्बती को सती क्यों कहा तहां पूर्बसतीतनमें सन्देह भयो रहे

भक्तकागउरगादा ३४ गौरिगिरासुनिसरलसुहाई बोलेशिवसादरसुखपाई ३५ धन्यसतीपावनिमतितोरी रघुपतिचरणप्रीति नहिंथोरी ३६ सुनहुपरमपुनीतइतिहाशा जोसुनिसकललोकभ्रमनाशा ३७ उपजैरामचरणविश्वासा भवनिधितरनरबिनहिंप्रयासा ३८ दो०॥ ऐसेप्रश्नबिहंगपति कीनकागसनजाइ सोसबसादरकहबमैं सुनहुंउमामनलाइ ३९॥ * * * * *

चौ०॥ मैंजिमिकथासुनीभवमोचनि सोप्रसंगसुनुसुमुखिसुलोचनि १ प्रथमदक्षगृहजबअवतारा सतीनामतबरहातुम्हारा २ दक्षयज्ञतवभाअपमानातुमअतिक्रोधतजेतबप्राना ३ ममअनुचरनकीनमखभंगा जानहुतुमसोसकलप्रसंगा ४ तबअतिशोचभयउमनमोरे दुखीभयोंबियोगप्रियतोरे ५ सुन्दरबनगिरिसरिततड़ागा कौतुकदेखतफिरौंविभागा ६ गिरिसुमेरुउत्तरदिशिदूरी नीलशैलइकसुन्दरभूरी ७ तासुकनकमयसिखरस्वहाये चारिचारुमोरेमनभाये ८ तिनपरयकयकबिटपविशाला बटपीपरपाकरीरसाला ९

ताते पूर्व सन्देह को नाशभयो ताते धन्य कहा है हे सती तुम्हारी मति धन्य है अतिपावनि है काहेते रघुपतिके चरणमें थोरि प्रीति नहीं है बड़ी प्रीति है ( ३६ ) श्रीमहादेव कहते हैं कि हे पार्वती यह जो रामपुनीतइतिहासहै सो सुनहु जो सुनिकै सम्पूर्ण शोक अरु भ्रमनाशहोइ ( ३७ ) जो इतिहास सुनिकै श्रीरामचन्द्र के चरण मे बिश्वास होइ जो सुनिकै भव जो संसार त्यहिते बिना प्रयासहि नर तरिजाहिं सो सुनहु ( ३८ ) दोहार्थ॥ हे उमा जैसे तुम मोसे प्रश्नकीन है तैसे प्रश्न गरुड़ कीनहै कागभुशुण्डिसे सो मैं सबसादरसे कहतहौं मनलाइकै सुनहु ( ३९ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसने उत्तरकाण्डेउमामहेश्वर सम्बादभक्तिसप्तभूमिकावर्णनन्नामषष्ठदशस्तरंगः१६॥ इतिपूर्वार्द्धस्समाप्तः॥

दोहा॥ दशअरुसप्ततरंगमें कहहिंशंभुहरषाइ रामचरणइतिहासबर सुनहिंउमामनलाइ १७ एक ते ग्यारहकी चौपाईको अर्थ अक्षरार्थै जानब॥ हे पार्वती त्यहि गिरिविषे कागभुशुण्डि बसतहै त्यहिकोनाश कल्पांतमें नहींहोत है ( १२ ) हे पार्वती जो मायाकृत अनेकगुण दोष हैं शुभ अशुभ अरु मोह काम क्रोध लोभ अविवेक इत्यादिक जो हैं सो त्यहिगिरिके निकट नहीं जाते हैं ( १३ ) एते सबत्रैलोक्य में ब्यापिरहे हैं पर कागभुशुण्डिके आश्रमके निकट कबहूं नहीं जाते हैं ( १४ ) हे पार्बति त्यहि गिरिपर बसिकै ज्यहि प्रकारते कागभुशुण्डि श्रीरामचन्द्रकर भजन करत हैं सो भलेप्रकारते मनलाइकै प्रीतिपर्बक सुनहु ( १५ ) हे पार्बती पीपरकेतर ध्यानधरते हैं सतयुगके कृति पीपरकेतर करते हैं सतयुगके धर्म ध्यान अरु पाकरकेतर त्रेताकृति करत हैं त्रेताको धर्म यज्ञ सो जप यज्ञकरत है प्रमाणभगवद्गीतायां यज्ञानांजपयज्ञोस्मि ( १६ ) अरु आम्रकीछाया

शैलोपरसरसुन्दरसोहा मणिसोपानदेखिमनमोहा १० दो०॥ शीतलअमलमधुरजल जलजविपुलबहुरंग कूजतकलरवहंसगण गुंजतमंजुलभृङ्ग ११ चौ० त्यहिगिरिरुचिरबसतखगसोई तासुनाशकल्पांतनहोई १२ मायाकृतगुणदोषअनेका मोहमनोजआदिअबिबेका १३ व्यापिरह्यउसमस्तजगमाहीं त्यहिगिरिनिकटकबहुंनहिंजाहीं १४ तहँबसिहरिहिभजैजिमिकागा सोसुनुउमासहितअनुरागा १५ पीपरतरुतरध्यानसोधरई जापयज्ञपाकरितरकरई १६ आम्रछाहकरमानसपूजा तजिहरिभजनकाजनहिंदूजा १७

विषे मानसीपूजा करत हैं द्वापरको धर्म परिचर्या पूजा है तहां श्रीरामचन्द्रको भजन तजिकै कागभुशुण्डिके दूसर कार्य नहीं है ( १७ ) अरु बटके तरे श्रीरामचन्द्र की कथा कहते हैं अनेक बिहंग सुनते हैं तहां कलियुगके कल्याण कर्त्ता धर्म हरिकीर्तन है तहां यह जानिपरत है कि चारिहू युगको धर्म श्रीरामचन्द्र की भक्तिविषे चारिहू तरुतर करत हैं तहांचारिउ तरु चारिहू युग जानिये प्रमाण श्रीमद्भागवते द्वादशस्कन्धेश्लोक एक॥ कृतेयद्ध्यायतेविष्णुंत्रेतायांयजतामखैः॥ द्वापरोपरिचर्य्यायाकलौतद्धरिकीर्तनात् १। १८ ते कागभुशुण्डि श्रीरामचरित चित्र बिचित्र जो नानाप्रकारके त्यहिको प्रेमसहित सदागानकरते हैं तहां जबचारिदंड प्राप्तःकाल रात्री रहैं तबते अरु चारिदंड दिनचढ़े ताईं यहिब्रह्मबेलामें सतयुग बर्त्तमान होतहै तहां पीपरके तर ध्यान करत हैं पुनि चारिदंड दिनचढ़े ते अरु डेढ़पहर दिनचढ़ेताईं त्रेताकोधर्म बर्तमान होत है तहां पाकरि तर जपयज्ञ करत हैं पुनि डेढ़पहर दिनचढ़ेते अरु दुइपहर चारिदंड बीतेताईं द्वापरकोधर्म बर्त्तमान होतहै तहां आम्रतर मानसीपूजा करत हैं पुनि त्यहिके उपरांत कलिको धर्म बर्त्तमानहोत है तहां बटकेतर श्रीरामचन्द्रकै बिचित्र कथा कीर्त्तन करत हैं ताते उनको सर्बकाल शुद्ध है विद्यामय है ( १९ ) तहां यहिप्रकारते कागभुशुण्डि कथा कहते हैं विमल जो मरालादिक विहंग जे तहां सर्बकाल बसते हैं ते सुनते हैं ( २० ) तहां जब मैं जाइकरि यह कौतुक देखतभयउं तब उरमें अतिआनन्द भयो ( २१ ) दोहार्थ॥ तहां मरालकर तनधरिकै कछुकाल रहिकै श्रीराम चरित्र सबसुनिकै तब कैलासको आवतभयो ( २२ ) हेगिरिजा ज्यहिकालमें मैं खगके पास गयउँ सो संपूर्ण इतिहास कह्यउँ ( २३ ) हे प्रिय

बटतरकहहरिकथाप्रसंगा आवहिंसुनहिंअनेकबिहंगा १८ रामचरितविचित्रविधिनाना प्रेमसहितकरसादरगाना १९ सुनहिंसकलमतिबिमलमराला बसहिंनिरंतरजोत्यहिकाला २० जबमैंजाइसोकौतुकदेखा उरउपजाआनन्दविशेखा २१ दो०॥ तबकछुकालमरालतन धरितहँकीननिवास सादरसुनिरघुपतिचरितपुनिआयोंकैलास २२ चौ०॥ गिरिजाकह्यउँसोसबइतिहासा मैं ज्यहिसमयगयोंखगपासा २३ अबसोकथासुनहुंज्यहिहेतू गयोकागपहँखगकुलकेतू २४ जबरघुनाथकीनरणक्रीड़ा समुझतचरितहोतम्वहिंब्रीड़ा २५ इन्द्रजीतकरआपुबँधाये तबनारदमुनिगरुड़पठाये २६ बन्धनकाटिगयेउरगादा उपजाहृदयप्रचण्डबिषादा २७ प्रभुबन्धनसमुझतबहुभांती करतबिचारउरगआराती २८ ब्यापकब्रह्मविरजबागीशा मायामोहपारपरमीशा २९

अबसो कथा सुनहु ज्यहि प्रकारते कागके इहां बिहंगनको राजागयो है ( २४ ) जब श्रीरामचन्द्र ने रणक्रीड़ा कीन है तहां एक समयकर चरित्र समुझतसंते मोको ब्रीड़ाकही लज्जा आवतिहै ( २५ ) तहां इंद्रजीत जो मेघनाद है तेहिके हाथनते नागफांस करिकै आपनेते आपुको बंधायो है तब नारदमुनि गरुड़को पठावतेभये ( २६ ) तब नागफांसको बंधन काटिकै उरगाद जातेभये उरगादकही गरुड़ अदभक्षणेधातु है उरगकही सर्पको भक्षणकरतेहैं गरुड़ ताते उरगादकही तब गरुड़के प्रचण्ड विषादकही मोह संदेह होतभयो ( २७ ) तिन प्रभु बंधन बहुभांति समुझ के उरगके आरातिकही शत्रुते बिचार करतेभये हैं ( २८ ) कि नारदते मैं पूर्बहीं सुनाहै कैसे हैं श्रीरामचन्द्र सर्वत्र व्यापक ब्रह्म हैं अरु

बिरजकही मायाते परेहैं अरु बागीशकही बाणीके ईश अरु बाणी मनके परेहैं अरु माया मोहकेपरे हैं अरु परमीशकही सब ईशनके ईशहैं ( २९ ) सो जगत्‌विषे अवतार सुन्यउं पर सो प्रभाव कछुनहीं देख्यउँ है ( ३० ) दोहार्थ॥ तहां गरुड़जी अपने मनमें संशय संयुक्त बिचार करते हैं कि देखिये तौ जिन श्रीरामचन्द्रजी कर नाम स्मरण करिकै नर भवबन्धनते छूटिजाते हैं तिन श्रीरामचन्द्रको नागफांसते खर्बकही अल्प निशाचर बांध्यो यह बड़ा आश्चर्य है ( ३१ ) हे पार्बती नानाभांतिते अपने मनको समुझावते हैं परबोध न भयो हृदय में अति भ्रमछाइरह्यो है भ्रमकही अपर पदार्थमें अपर आरोपणकरै तहां परमेश्वरकरि लीला नाजान्यो प्राकृतभाव आरोपण किये हैं ( ३२ ) खेदकरिकै मनखिन्नकही अतिदुखी

सोअवतारसुन्योजगमाहीं देख्यउंसोप्रभावकछुनाहीं ३० दो०॥ भवबन्धनतेछूटहिंनरजपिजाकरनाम खर्बनिशाचरबाँध्यउनागफांससोइराम ३१ चौ०॥ नानाभांतिमनहिंसमुझावा प्रकटनज्ञानहृदयभ्रमछावा ३२ खेदखिन्नमनतर्कबढ़ाई भयेमोहबशतुमरिहिनाई ३३ व्याकुलगयोदेवऋषिपाहीं कह्यसिजोसंशयनिजमनमाहीं ३४ सुनिनारदहिंलागिअतिदाया सुनुखगप्रबलरामकै माया ३५ जोज्ञानिनकरचितअपहरई बरिआईबिमोहमनकरई ३६ ज्यइँबहुबारनचावामोहीं स्वइब्यापीबिहंगपतितोहीं ३७ महामोहउपजामनतोरे मिटीनवेगिकहेखगमोरे ३८ चतुराननपहँजाहुखगेशा सोइकह्यउज्यहिहोइनिदेशा ३९ दो०॥ असकहि

होतभयो है हे पार्बति जैसे तुमको सतीतनमें मोह होत भयो है तैसेही गरुड़को मोह होतभयो ( ३३ ) तब अतिब्याकुलते नारदकेपास जातभयो है अपनो संदेह कहतभयो है ( ३४ ) जब गरुड़जीने नारदसे अपनो संदेहकहा तब नारदजीके दयालागि हे खग श्रीरामचन्द्रकै माया प्रबल है त्यहिने तोको ब्यामोहितकियो है ( ३५ ) कैसी है वहमाया जो ज्ञानिनके चित्तको अपहरतिहै तहां ज्ञानी मायाको त्यागेहैं परवह आपनी बरिआईते बिमोहको करतीहै ( ३६ ) हे गरुड़ ज्यहिमायाने मोको बहुतभांति नचायोहै सोई तोको ब्याप्तभई है ( ३७ ) हे खग महामोह तोरे हृदयमें उत्पन्नहोतभयो मेरे कहेते शीघ्रनहीं मिटैगो मोहकही जो मायाविषे अपनपौमानै अरु महा मोहकही जो परमेश्वर विषे अपने निश्चयते भ्रांतिहोइ ( ३८ ) हे खगेश अबतुम ब्रह्माके पासजाहु सोई किहेहु जामें तुमको निदेशकही उपदेशहोइ जाते तुम्हारो मोहछूटै ( ३९ ) दोहार्थ॥ तब असकहिकै देवऋषि श्रीरामचन्द्रकर गुणानुवाद गावतकैचलतेभये सुजान जो नारद सो हरिकी मायाकरबल बारबार बर्णन करतजातेभये ( ४० ) हे भरद्वाज खगपति बिरंचिकेपास जातेभये आपन संदेह सुनावतेभये ( ४१ ) तब यहसुनिकै बिरंचि श्रीरामचन्द्रके नमस्कार करिकै श्रीरामचन्द्रकी मायाकर प्रताप समुझिकै रामचन्द्र विषे प्रेम उर में छाइरह्यो है ( ४२ ) अपने मनमें ब्रह्मा बिचार करते हैं कि देखिये तौ श्रीरामचन्द्रकी मायाकेबश कवि कोविद अरु अज्ञानी सब हैं ( ४३ ) ब्रह्मा मनमें समुझते हैं कि हरिकी मायाकर प्रभाव अमित है जेइँ बार बार मोको नचावा है ( ४४ ) कि हे खगराज अगजग स्थावर जंगम सब मेरे उपजाये हैं पर हरिकी मायाने मोको बारबार नचायो है ताते तुमको

चलेदेवऋषि करतरामगुणगान हरिमायाबलवर्णत पुनिपुनिपरमसुजान ४० चौ०॥ तबखगपतिबिरंचिपहँगयऊ निजसंदेहसुनावतभयऊ ४१ सुनिबिरंचिरामहिंशिरनावा समुझिप्रतापप्रेमउरछावा ४२ मनमहँकरइँबिचारबिधाता मायाबशकवि कोविदज्ञाता ४३ हरिमायाकरअमितप्रभावा विपुलबारज्यहिंमोहिंनचावा ४४ अगजगमयजगममउपजाया नहिंआचरजमोहिंखगराया ४५ तबबोलेबिधिगिरासुहाई जानमहेशरामप्रभुताई ४६ बैनतेयशंकरपहँजाहू तातअनतपूछहुजनिकाहू ४७ तहांहोइतवसंशयहानी चल्यउबिहंगसुनतबिधिबानी ४८ दो०॥ परमातुरबिहंगपति

आयउतबम्बहिँपास जातरहेउं कुबेरपहँ उमारहिहु कैलास ४९ त्यइंममपदसादरशिरनावा पुनिआपनसन्देहसुनावा ५० सुनिताकरविनीतमृदुवानी प्रेमसहितमैंकह्यउं भवानी ५१ मिल्यहु

जो मोहभयो सो आश्चर्य नहीं है ( ४५ ) तब ब्रह्मा बोले हे गरुड़ श्रीरामचन्द्र की महिमाको महेश नीकीप्रकार जानते हैं ( ४६ ) ताते हे बैनतेय तुम शंकरपहँजाहु अंतकहूं ना पूंछेहु ( ४७ ) तहां तुम्हारे संशयकी हानिहोइगी हे भरद्वाज तब बिधिके वचन सुनिकै तुरंत शिवकेपास जातभयो ( ४८ ) दोहार्थ॥ हे पार्बति तब बिहंगपति परम आतुर मेरेपास आये हे उमा मैं कैलासते कुबेरके इहां जातरहेउँ तुम कैलासपर रहिहु ( ४९ ) हे पार्बती तेइँ मोरेपदविषे माथनाइकै आपन संदेह सुनावतभयो ( ५० ) तेकर विनीत कोमलबाणी सुनिकै प्रेमसहित मैं बोलेउँ हे उमाभवानी ( ५१ ) हे गरुड़ तुममोको राहमें मिलेउ केहिप्रकारसमुझावौं ( ५२ ) हे गरुड़ संशय तब भंगहोइ जब बहुकाल सत्संगहोइ ( ५३ ) त्यहि सत्संग विषे हरिकी कथा सुनहु जो मुनीशन अनेक प्रकारकरिगायो है ( ५४ ) जेहि मुनीशनकी समाजविषे आदि मध्य अवसान कही अंत तीनिहूंकाल विषेप्रभुकी प्रतिपाद्यहोती है प्रतिपाद्य सबग्रंथ है औ प्रतिपाद्य एकप्रभु श्रीरामचंद्र भगवान् हैं ( ५५ ) जहां नित्यही श्रीरामचंद्रकै कथाहोती है तहां मेरे कहेते तुमजाहु कथासुनहु सम्पूर्ण संदेहमिटिजाइहि ( ५६ ) तेहिसमाजमें रामचरित सुनतसंते सबसंशय मिटि जाइहि अरु श्रीरामचंद्र के चरणारविंदविषे अतिनेह होइहि ( ५७ ) दोहार्थ॥ काहेते गरुड़ बिनासत्संग हरिकीकथा नहीं होती है अरु तेहिबिना मोह नहीं जातहै अरु बिनामोहगये श्रीरामचंद्रके चरणारविंदविषेअनुराग दृढ़नहीं होत है ( ५८ ) हे गरुड़ तेहि सत्संगमें श्रीरामचंद्रके चरणारविंद

गरुड़मारगमहँमोहीं कवनिभांतिसमुझावोंतोहीं ५२ तबहिंहोइसबसंशयभंगा जबबहुकालकरियसतसंगा ५३ मुनियतहां हरिकथास्वहाई नानाभांतिमुनिनजोगाई ५४ ज्यहिमहँआदिमध्यअवशाना प्रभुप्रतिपाद्यरामभगवाना ५५ नितहरिकथा होततहँभाई पठवोंतहाँसुनहुंतुमजाई ५६ जाइहिसुनतसकलसन्देहा रामचरणहोइहिअतिनेहा ५७ दो०॥ बिनुसतसंगनहरिकथा त्यहिबिनमोहनभाग मोहगयेबिनुरामपद होइनदृढ़अनुराग ५८ चौ०॥ मिलहिंनरघुपतिबिनुअनुरागा कियेयोगजपज्ञानविरागा ५९ उत्तरदिशिसुन्दरगिरिनीला तहँरहकागभुशुंडिसुशीला ६० रामभक्तिपथपरमप्रवीना ज्ञानीगुणगृहबहुकालीना ६१ रामकथास्वइकहइनिरन्तर सादरसुनहिंबिविधिबिहंगबर ६२ जाइसुनहुंतहँहरिगुणभूरी होइहिमोहजनितदुखदूरी ६३ मैजबत्यइं

विषे अनुरागहोत है अरु बिना अनुराग श्रीरामचंद्र नहीं प्राप्तहोते हैं जो कदाचि केते उपयोग यज्ञज्ञानकरै ( ५९ ) हे गरुड़ उत्तरदिशाविषे सुंदर नीलपर्बत है तेहिपर कागभुशुण्डि रहतेहैं अतिसुशील हैं ( ६० ) अरु श्रीरामचंद्रकी भक्तिविषे अतिप्रबीण हैं अरु ज्ञानके गृहहैं अरु बहुतकालके हैं ( ६१ ) तहां श्रीरामचंद्रकै कथा निरंतर कहते हैं जामें अंतर न परे तहां अनेक बिहंगबरनाम श्रेष्ठहै बुद्धिजिनकी ते श्रवणकरतेहैं ( ६२ ) हे गरुड़ तहां जाइकै श्रीरामचन्द्रकर गुण भूरिकही समूह सो श्रवण करहु मोहते जनितकहे उत्पन्न जो दुख सो दूरिहोइ जाइहि ( ६३ ) हे पार्बती अब मैंने तेहिते बुझाइकै कहेउँ तब मोरेपद विषे नामस्कारकरिकै हर्षित जातभयो ( ६४ ) हे उमाताते मैं न समुझावा काहेते कि रामचन्द्रकी कृपाकर मर्ममैंजानेउँ है ( ६५ ) यह जान्यउँ कि कबहूँ गरुड़ को अभिमानभयोहै सोकृपाकेनिधान श्रीरामचन्द्र खोवा चाहते हैं काहेते कि जो नारद समुझावते ब्रह्मा समुझावते कि मैं समुझावत्यों तौ गरुड़ को अभिमान नहीं जाता तहांगरुड़ पक्षिनकर राजा है अरु कागभुशुण्डि पक्षीजातिन महँ न्यूनहै ताते जब कागभुशुण्डि को यह गुरुकरै

जो तब याको अभिमान छूटैगो तब रामतत्वको प्राप्ति होइगो ( ६६ ) अरुकछु तेहिते नहींराख्यो किखगखगहिकी भाषा अच्छीतरहते समुझतहै ( ६७ ) हे भवानी श्रीरामचन्द्रकी माया बड़ी बली है असकवन ज्ञानी है जाको न मोहै नामसबको मोहै है ( ६८ ) दोहार्थ॥ हे पार्बती देखियेतौ गरुड़ ज्ञानी भक्तनमें शिरोमणि अरु त्रिभुवनपति जो भगवान् तेहिको बाहन

सबकहाबुझाई चल्यउहर्षिममपदशिरनाई ६४ तातेउमानमैंसमुझावा रघुपतिकृपामर्ममैंपावा ६५ होइकीनकबहूंअभिमाना सोखोवाचहकृपानिधाना ६६ कछुत्यहितेपुनिमैंनहिंराखा समुझैखगखगहीकीभाखा ६७ प्रभुमायाबलवंतभवानी जाहिनमोहकवनअसज्ञानी ६८ दो०॥ ज्ञानीभक्तशिरोमणि त्रिभुवनपतिकरजान ताहिमोहमायानर पामरकरहिंगुमान ६९ शिवबिरंचिकहँमोहै कोहैबपुराआन असजियजानिभजहिंमुनि मायापतिभगवान ७०॥ * * * * *

चौ०॥ गयउगरुड़जहंबसैभुशुंडी मतिअकुंठहरिभक्तिअखंडी १ देखिशैलप्रसन्नमनभयऊ मायामोहजनितसबगयऊ २ करि

परमदास समीपी तेहिको मायाने मोह करिकै बिकल करिदियोहै तहां नरजो हैं पामरते गुमान करतेहैं कि हममाया जीति लेहिंगे ( ६९ ) हे भरद्वाज श्रीरामचन्द्रकै माया अतिप्रबलहै जो शिवविरञ्चि कहँ मोहित करैहै और जीवन गरीबनकी काचली है असजानिकै हे मुनि मायापति भगवान् को भजिये (७०) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसनेशिवगरुड़उपदेशवर्णनन्नाम सप्तदशस्तरङ्गः १७॥

दोहा॥ दशअरुअष्टतरंगमेंगरुड़भुशुण्डिमिलाप रामचरणसोकथासुनु मिटतसकलपरिताप १८॥ हेपार्बती गरुड़ भुशुण्डिकेपास जातेभये कैसे हैं भुशुण्डि जिनके मति अकुण्ठकही अवाध्य है काहेते जिनकी मतिविषे श्रीरामचन्द्र की भक्ति अखण्डहै ( १ ) तहां कागभुशुण्डि को आश्रम सोशैल देखतसन्ते गरुड़को मन प्रसन्नहोतभयो अरु माया मोह शोचसबजातभयो है ( २ ) तब गरुड़ने अमृतमय जो तड़ाग त्यहिमें स्नान कीन जलपानकीन अति हर्षसंयुक्त बटतर जातेभये ( ३ ) तहां वृद्धवृद्ध बिहंगआवते भये इहां वृद्धकही बहुकालके अरु बुद्धिके वृद्ध अरु शरीरके वृद्ध नाहीं हैं सम्पूर्ण किशोररूपहैं काहेते शरीरकर बाल वृद्धयुवा अविद्या करिकै होतहै तहांत्यहिस्थानमें योजनपर्यंत अविद्या हईनहीं हैतहां शरीर वृद्धहोतइ नहींहै तहां सनकादिकन को देखिलीजिये जीवही तत्त्वहै तहांविद्यामय शरीरहै ताते नित्य है अरु अहर्निशि श्रीरामचन्द्र कर चरित्र कहतेहैं सुनते हैं तहां शरीर वृद्धकैसे होइँ ( ४ ) हे पार्बती कथाको आरम्भकागभुशुण्डि कीन चाहतहैं तेहीसमय में गरुड़ जातभये ( ५ ) तब कागभुशुण्डि

तड़ागमज्जनजलपाना बटतरगयउहृदयहर्षाना ३ वृद्धवृद्धबिहंगतहँआये सुनहिंरामकेचरितसुहाये ४ कथाअरम्भकरैसोचाहा तेहीसमयगयउखगनाहा ५ आवतदेखिसकलखगराजा हर्षेबायससहितसमाजा ६ अतिआदरखगपतिकरकीना स्वागतपूंछिसुआसनदीना ७ करिपूजासमेतअनुरागा मधुरबचनबोल्यउतबकागा ८ दो०॥ नाथकृतारथभयउँमैं तवदर्शनखगराज आयसुदेउसोकरौंअब प्रभुआयहुक्यहिकाज ९ सदाकृतारथरूपतुमकहमृदुबचनखगेश ज्यहिकीअस्तुतिसादर निजमुखकीनमहेश १० चौ०॥ सुनहुतातज्यहिकारणआयउं सोसबभयउदरशतवपायउं ११ देखिपरमपावनतवआश्रम गयउमोहसंशयनानाभ्रम १२

गरुड़को आवत देखिकै सहित समाज हर्षित भयो ( ६ ) अतिआदरकही अपने आसनते उठिकै स्वागतकही अतिप्रीतिते कुशलपूछेउ पुनि स्व कही आपुतौ आनन्द मङ्गलके रूपहीहौ मैंका पूछौं अरुस्वकहीआपुके आगत कही आगमनते मोको मंगल भयउहै असकहिकै सुन्दर आसन देतभये ( ७ ) तब षोडश प्रकारप्रीति सहित गरुड़की पूजा करिकैमधुरबचन भुशुण्डि बोलतेभये ( ८ ) दोहार्थ॥ हे नाथ मैं कृतार्थ भयउँ तुम्हारे दर्शनकरिकै अरुआयसुदेहु सोअबमैंकरौं जौनेकार्यको आपुको आगमनभयउहै सो मैंकरौं काहेते आपुसब बिहंगन के राजाहौ राजाकी आज्ञा सबको करवेयोग्यहै अरु भगवतके निज पार्षदहौ अरुमेरेइहां आपुआयेताते मैं धन्यहौं ( ९ ) तब गरुड़ बोले हेतात तुम कृतार्थरूपहौ काहेते ज्यहिकी स्तुति महेश सादरते निजमुख कीन है ( १० ) हे तात ज्यहिकार्यको मैंआयों सोकार्य तुम्हारे दर्शनते सब सिद्धिभयउ ( ११ ) तुम्हार जो परमदिव्य आशयहै त्यहिको देखिकै हमारो मोह संशय भ्रम सम्पूर्णजातारहा ( १२ ) अब श्रीरामचन्द्रकी कथा अति पावनि सम्पूर्णदुखन की नशावनिहारि सुखकी दाता सोकहौ ( १३ ) सो अबकहहु आदरतेहे तातमैं तुमसे बारबार कर जोरिकै हे प्रभु बिनती करतहौं ( १४ ) हे पार्बती गरुड़कै बाणी बिनीतकही दीनता अरु नीति संयुक्त अरु सरलप्रेम संयुक्त सुखकैदाता अति पुनीत सुनतभये ( १५ ) तबत्यहिकी बाणी कागभुशुण्डि सुनिकै मनमें परमउत्साहित भयउ तब श्री रामचन्द्र के गुणगाथकहै लागे हैं ( १६ ) हे पार्बती प्रथमहिं अति अनुरागते श्रीरामचन्द्रकर मानसचरित कथा कहतभयो ( १७ ) पुनि नारदकर अपारमोहकह्यो अरु रावणकर अवतार कह्यो ( १८ ) पुनि चैतशुदी नौमीको प्रभुके अवतारकी कथा कहतभयो पुनिबालचरित मानलाइकै कहतभयो ( १९ ) दोहार्थ॥ अरु मनमहँ परमउत्साह करिकै पुनि बालचरित बिबिधप्रकार

अबश्रीरामकथाअतिपावनि सदासुखददुखपुंजनशावनि १३ सादरतातसुनावहुमोहीं बारबारबिनवोंप्रभुतोहीं १४ सुनतगरुड़कैगिराविनीता सरलसप्रेमसुखदसुपुनीता १५ भयउतातमनपरमउछाहा लागकहनरघुपतिगुणगाहा १६ प्रथमहिंअतिअनुरागभवानी रामचरितसरकह्यसिबखानी १७ पुनिनारदकरमोहअपारा कहेसिबहुरिरावणअवतारा १८ प्रभुअवतारकथापुनिगाई पुनिशिशुचरितकहेसिमनलाई १९ दो०॥ बालचरितकहिबिबिधबिधिमनमहँपरमउछाह ऋषिआगमनकहेसिपुनिश्रीरघुवीरबिवाह २०

ते कहतभयो पुनि कुवारबदी छठिको बिश्वामित्रकर आगमन कह्यो पुनि पांचदिन बासकरिकै कुवारबदी द्वादशीको पारण करिकै चारिदंड दिनचढ़े अपने आश्रमको श्रीरामचन्द्र लक्ष्मणको लैकै चलतभये पुनिपांचयें दिन आश्रममें पहुँचे तीनि दिन मुनिके आश्रममें रहे यज्ञ रक्षा करिकै पुनि जनकपुरको चले बीचमें अहल्याको कृतार्थ करिकै जनकपुरको पहुँचे पुनि कुवारशुदी द्वादशीको बिश्वामित्र अरु जनकको मिलाप भयो पुनि वाही द्वादशी को जनकपुरकी शोभादेखनको श्रीरामचन्द्र लक्ष्मण संयुक्त जातभये पुनि त्रयोदशी को फुलवारी देखको गयो पुनि चतुर्दशी को धनुषयज्ञ देखनको गये अरु पूर्णमासीको धनुषतोरतेभये अरु ताहीतिथिको जनककेदूत श्रीअयोध्याकोगये पुनि कार्तिकबदी अष्टमी को बरात चली पुनि त्रयोदशी को जनकपुरमें बरातपहुँची जाइ तहां कार्तिक बदी त्रयोदशी सहित कार्तिक अठारह दिन अरु अगहन उन्नीस दिन द्वौ मिलिकै एकमास सातदिन बरातको मुकामरह्यो आनन्दपूर्वक लग्न साधते रहैं पुनि अगहनशुदी पंचमीको बिवाहभयो अरु बिवाह के उपरान्त एकमास पांचदिन पुनिबरात रही अरु पौषबदी दशमी कोमिलतमिलावत सन्ते पहरदिन बीतिगयो तब जनकपुरसे बरात चलत भई अरु तेही पौषशुदी पौर्णमासी को अवधके समीप बरात प्राप्तभईपुनि माघबदी द्वितीयाको श्रीरघुनाथजीने मन्दिरमें प्रवेशकियो हेपार्बति यह प्रसंग सम्पूर्ण बिधि बिधानते भुशुण्डि कहतभयो ( २० ) बहुरिकहीपुनि श्रीरामचन्द्र बारह वर्षकेभये तब बिवाह भयो पुनि बिवाहउपरांत बारहबर्ष श्रीअयोध्यामें बिलासकीन पुनि चौबिसयेंबर्ष चैत्र शुदीअष्टमीको महाराजदशरथने श्रीरामचन्द्रजी को राज्याभिषेक की तैयारीकीन पुनि नौमीको राजरसभंग होतभयो ( २१ ) यहि रीतिते पचीसवां बर्षलागत भयो तब बनगमनकी तैयारी भई तब श्रीरामने जानकी लक्ष्मण

चौ०॥ बहुरिरामअभिषेकप्रसंगा पुनिनृपबचनराजरसभंगा २१ पुरबासिनकरहविरविषादा कहिसिरामलक्ष्मणसंबादा २२ बिपिनिगवनकेवटअनुरागा सुरसरिउतरिनिवासप्रयागा २३ बालमीकिप्रभुमिलनबखाना चित्रकूटजिमिबसभगवाना २४ सचिवागमननगरनृपमरना भरतागमनप्रेमबहुबरना २५ करिनृपक्रियासंगपुरबासी भरतगयेजहँप्रभुसुखरासी २६ पुनिरघुपति

सहित बनगमनकीन्ह पुरबासिनके विरह होतभयो पुनि ताही तिथिको श्रीरामचन्द्र श्रीकौशल्याजी कर सम्बाद भयउ पुनि श्रीरामलक्ष्मणजी को सम्बादभयो सोकहतभयो ( २२ ) तहां श्रीरामचन्द्र श्रीजानकी जी लक्ष्मणजी के नौबर्षबीते पर सदा मध्यकिशोर अवस्था रहतिहै तहां प्रमाण है बाल्मीकीये आरण्यकाण्डे श्लोकएक॥ ममभर्त्तामहातेजा:वयसापंचविंशका:॥ अष्टादशहिवर्षाणिममजन्मनिगण्यते १ अरु तेही नौमीको बनगमनकीन सोरात्री तमसानदीपर निवासकीनपुनि चैत्र शुक्लदशमीको शृंगबेरपुरमें प्राप्तभये पुनि निषादको अनुराग बर्णन कियो पुनि एकादशी को गंगाउतरिकै टिकेतहां तिथि घटि बढ़िकैदुइ एकादशी भई तब दूसरीको प्रयागमें भरद्वाजके आश्रममें निवास कीन ( २३ ) चैत्रशुदी द्वादशीको प्रयागते चलिकै यमुना उतरिकै सोमबटतररहे पुनि त्रयोदशीको निषादको बिदाकरिकै श्रीरामचन्द्र बाल्मीकिके आश्रममेंरहे पुनि चतुर्दशी को श्रीचित्रकूट को गये टिकतभये ( २४ ) तहांचतुर्दशी को श्रीरामचन्द्रके विरहभरे निषाद शृंगबेरपुरको आयो अरु पौर्णमासीको निषादने सुमंतको बिदाकियो श्रीअयोध्याकोचले दुखभरेसुमंत बैशाखबदी पंचमीको प्राप्तभये पुनि ताहीतिथिको श्रीरामचन्द्र के विरह में श्रीदशरथ महाराजने शरीरको त्यागिदियो अरु बैशाखबदी छठिको भरतकेबोलाइबेको बशिष्ठजू दूतपठायो बैशाखबदीनौमीको भरत के पासको प्राप्तभये अरु दशमीको भरतजू चलतेभये अरु द्वादशीको श्रीअयोध्याविषे प्राप्तभये ताहीदिन मातासंयुक्त अतिप्रेमते विरह होत भयो ( २५ ) अरु त्रयोदशीको श्रीदशरथ महाराजजी की क्रियाकीन पुनि शुक्लपक्ष बैशाखकी तृतीयाको राजाको अतिशुद्धकृत करिकै पुनि तीनि दिन श्रीअयोध्याविषे बासकरिकै वैशाख शुक्लपक्ष सप्तमीको सहितसमाज त्रिकूटको चले ( २६ ) तहां नौमीको शृंगवेरपुर पहुंचे अरु दशमी को प्रयागमें पहुंचे एकादशीको स्नानकरिकै श्रीचित्रकूटको चले द्वादशी को यमुनाउतरिकैसोमबटके दर्शनकरिकै मुकामकीन पुनि द्वादशीको यमुनास्नान करिकै फल कंदमूलाहार करिकै श्रीचित्रकूटकोचले बीचमें मुकामकीन पुनि त्रयोदशीको चित्रकूटमें पहुँचे तहां चित्रकूटमें

बहुबिधिसमुझाये लैपादुकाअबधपुरआये २७ भरतरहनिसुरपतिसुतकरणी प्रभुअरुअत्रिभेंटपुनिबरणी २८ दो०॥ कहिबिराधबधज्यहिबिधि देहतजीसरभंग बरणिसुतीक्षणप्रीतिपुनि प्रभुअगस्त्यसतसंग २९ चौ०॥ करिदंडकबनपावनताई गीधमयत्री

श्रीरामचन्द्रको मिलिकै पन्द्रहदिन मुकामकीन पुनि ज्येष्ठबदीतेरसिको श्रीरामचन्द्रजीसे बिदाह्वैके पादुकालैकै चतुर्दशीको कूचकियो पुनि ज्येष्ठशुदीकी द्वितीयाको श्रीअयोध्याविषे पहुंचे श्रीबशिष्ठजी से आज्ञालैकै पंचमीको नंदीग्राममें बैठे ( २७ ) तहांतहां भरतजूकी रहनिकहा अरु इन्द्रके पुत्रकै करणीकहा पुनि त्रैत्रशुदी पंचमी को अत्रि मुनिके आश्रमको गयेपुनि तीनि रात्री उहांबासकीन ( २८ ) दोहार्थ॥ पुनि अष्टमीको उठिकै बिराधको बधकीन पुनि ताही तिथि को सरभंगके आश्रमगये तहां दुइरात्री निवासकीन पुनि ज्यहि तिथिको श्रीअयोध्यासेचले त्यहि सहित बारह बर्ष चित्रकूट मण्डलमें सरभंगके आश्रमताईं पूर्णभयो अरु कोईमुनिकोमत आठबर्ष श्रीचित्रकूट में रहे अरु पांचबर्ष पञ्चबटीमेंरहे अरु एक बर्ष किष्किन्धा अरु लङ्काजीतिकै श्रीअवधको आये चित्रकूटमें विचित्रलीला करतसन्ते तेरहोंबर्ष लागतउहै चैत्रशुक्ल दशमी को आगे चले जहां पुण्यानदी है तहां मुनिनके समूहहैं मुनिनके दण्डवत् करिकै पूछतेभये तब मुनिन आशीर्बाद दैकै कहा कि हम राक्षसन करिकै पीड़ित हैं तहां मुनिनको आरत देखिकै अभयकीन प्रणकीन कि पृथ्वी निशिचरनते हीन करिडारौंगो एकरात्री तहां रहेहैं एकादशी को सुतीक्षण के आश्रम को गये सुतीक्षणको परमभक्ति दैकै द्वादशीको सहित

सुतीक्ष्ण अगस्त्यजी के आश्रमको गये तीनिदिन मुनिराखा अगस्त्यजी से सत्सङ्गभयो ( २९ ) पुनि चैत्रकी पौर्णमासी को दण्डकारण्यको गये अरु ताको पावन कियो अरु गीधराज सों मित्रता भई ( ३० ) तासों बिदा ह्वैकै वाही पौर्णमासी को पञ्चबटी को गये पुनि ताही पौर्णमासी को पञ्चबटी में बास कियो सम्पूर्ण मुनिनकी त्रासको भञ्जन कियो तहां कोई ज्योतिषको मत यह है कि अमावस अमावस ताईं महीना मानते हैं अरु कोई ज्योतिष में मुनिनकोमत यहहै कि संक्रांति संक्रांति महीना मानते हैं अरु कोई ज्योतिषमें मुनिनको मत यहहै कि पौर्णमासी पौर्णमासीताईं महीना मानते हैं ताते ज्यहि मुनिकोमत अमावस अमावसताईं महीना मानते हैं पहिलेपक्षको शुक्लमानते हैं ताकोमत इहांकहे हैं ताही मतते चैत्रबीतत अमावस लागत त्यही पौर्णमासीको रघुनाथजी पंचबटीको गये तहां देव

पुनित्यहिगाई ३० पुनिप्रभुपंचबटीकृतबासा भंजीसकलमुनिनकीत्रासा ३१ पुनिलक्ष्मणउपदेशअनूपा सूर्प्पनखाजिमिकीनकुरूपा ३२ खरदूषणबधबहुरिबखाना जिमिसबमर्मदशाननजाना ३३ दशकन्धरमारीचबतकही ज्यहिबिधिभईसोसबत्यहिकही ३४ पुनिमायासीताकरहरणा श्रीरघुवीरविरहकछुबरणा ३५ पुनिप्रभुगीधक्रियाजिमिकीन्हा बधिकबन्धशवरिहि

तन आगेही पर्ण तृणको आश्रम बनायराख्यो है तहां श्रीरघुनाथ जी सहित जानकी लक्ष्मणजी बिराजतभये दशमहीना आठदिन पंचबटीमें रहे संपूर्ण मुनिनको सुखदीन ( ३१ ) श्रीलक्ष्मणजीको श्रीरघुनाथजी उपदेशकीन आगे तीनिदिन कमी महीना माघशुक्लपक्ष त्रयोदशीका सूर्पनखा पंचबटीमें आई ताही तिथिको लक्ष्मण ने ताको अंगभंगकीन ( ३२ ) त्यहि तिथिको सूर्पनखा खरदूषण त्रिशिराको खबरिकीन पुनि चतुर्दशी पौणमासी फाल्गुन कृष्णप्रतिपदा तीनिदिनमें सेनासाजा फाल्गुन कृष्ण द्वितीयाको श्रीरघुनाथजी से संग्रामभयो पुनि दुइज तीज चौथिको श्रीरघुनाथजीने सबको संहारकीन सबको परमपददीन ( ३३ ) पुनि पंचमी को सूर्पनखा रावणको खबरिदीन पुनि छठिको रावण बिचारकीन पुनि सप्तमीको रावण मारीचके इहां आयो अनेकबार्त्ता भई सो कागभुशुण्डिकहा ( ३४ ) पुनि फाल्गुन कृष्णपक्ष अष्टमी चारिदण्ड दिनचढ़त मारीच मृगबनिकै श्रीराम जानकीके पासगयो श्रीजानकीजीके हेतु श्रीरघुनाथजी मृगमारिबेकोचले सूर्य मध्याह्न विषे मारीचको बधकरिकै परमपद दीन तेहीकालमें वृन्दानामे मुहूर्त्त में मायाकीसीता रावण हरतभयो तहां जिन मुनिन अमावस्या महीनामान्यो है तिन आधामाघ आधाफाल्गुनकरिकै माघमान्यो है ताते अग्निप्रवेश रामायणमें माघशुक्ल अष्टमीको श्रीजानकीजीको हरणकहा है इहां श्रीरघुनाथजी को बिरह बर्णतभयो ( ३५ ) बहुरिकही पुनि श्रीरघुनाथजी को बिरह बर्णत दुइदण्डके भीतर जटायुते अरु रावणते युद्धभयो तेही तिथिको अशोकबाटिकामें रावणश्रीजानकीजीको राखतभयो तहां श्रीरघुनाथ जी सहित लक्ष्मण बिरह करतसंते जटायुके समीपआये जटायुको चारिदण्ड दिनरहे परमपद दैकै तहां निबासकीन पुनि नौमीको कबन्धको बधिकै परमपददैकै शवरीके आश्रम जातभये नौमी दशमी एकादशीशवरीके आश्रमविषे रहतभये द्वादशीको शवरीको परमपददीन ( ३६ ) बहुरि मुनिनते बिदाह्वैकैबिरह कहतसंते पंपासरकोगये द्वादशी त्रयोदशी चतुर्दशी पंपासरमेंरहे ( ३७ )

गतिदीन्हा ३६ बहुरिबिरहबरणतरघुवीरा ज्यहिबिधिगयेसरोवरतीरा ३७ दो०॥ प्रभुनारदसंबादकहि मारुतमिलनप्रसंग पुनिसुग्रीवमिताई बालिप्राणकरभंग ३८ कपिहितिलककरिराम कृतशैलप्रवर्षनबास वर्णतबर्षाशरदऋतु रामरोषकपित्रास ३९ चौ०॥ ज्यहिबिधिकपिपतिकीशपठाये सीताखोजसकलदिशिधाये ४० बिवरप्रवेसकीनज्यहिभांती कपिनबहोरि

दोहार्थ॥ पुनि तीनिदिनके भीतर नारद अरु श्रीरामचन्द्रकर सम्बादकह्यो पुनि फाल्गुन आधे अमावसको श्रीरघुनाथजी पंपासरतेचले ऋष्यमूकपर्बतके समीप हनुमान्‌जीसे मिले ऋष्यमूकपर्बतपर सुग्रीवसे मित्रताकीन तहां एकरात्रिरहे फाल्गुनशुक्ल परीवाको बालिको मारिकै सारूप्य मुक्तिदीन ( ३८ ) द्वितीयाको सुग्रीवको राज्यदीन तृतीया

चौथिकोपुरके निकट बिराजेरहे आगे देवतन आगेहीते श्रीरघुनाथजीके टिकबेको प्रबर्षण पर्वतपर स्थान बनाइराखे हैं तहां श्रीरघुनाथजी पंचमीको बिराजमानभये जाइ तहां चैत्र शुक्लपक्ष नौमीको तेरहबर्ष पूर्णभये तहां बैशाख जेष्ठबीते बर्षाऋतु बर्णनकीन पुनि शरदऋतु बर्णनकीन पुनि सातमहीना छ:दिन यही रीतिते बीत्यो कार्तिकशुक्ल पूर्णमासीको रघुनाथजीने त्रासकरिकै सुग्रीवको बोलाइकै आज्ञादीन ( ३९ ) तब सुग्रीव बानर ऋच्छनकी सेना बोलावतेभये जहां तहांते दशदिनमें अगहन कृष्णदशमी को अगणित सेनाआइ प्राप्तभई पुनि छ:दिनविषे अगहन शुक्लपक्ष परिवाताईं यूथयूथ सेनापतिकीन द्वितीयाको श्रीरघुनाथजी सुग्रीव मिलिकै संपूर्ण बानरन ऋच्छनको आज्ञादीन किहे बानरहु संपूर्ण दिशि बिदिशिद्वीपद्वीप खण्डखण्ड श्रीजानकीजीको खोजहु तब श्रीरघुनाथजीके दंडवत् करिकै सुग्रीवकी आज्ञा लैकै बानर जातभये ( ४० ) पुनि तेही अगहन शुक्लद्वितीयाको हनुमान् जामवन्त अंगद नल नील मयन्द इत्यादिक सेनापति सहित सहाय तिनको आज्ञा दीन कि तुम दक्षिण दिशाको जाहु पुनि श्रीरघुनाथजी हनुमान्जी को बुलाइकै मुद्रिकादीन तब श्रीरघुनाथ जी के दण्डवत् करिकै दक्षिण दिशाको चलते भये तहां दुइज तीज चौथिपञ्चमी ताई गिरिकन्दर बन हेरते भये छठिको प्रभानामे तपस्विनी कोई गिरि कन्दरामें तपकरै तहां कन्दरामें प्रवेश करिकै त्यहिके पास जातेभयेतपस्विनी ने अति सन्मान करिकै कहा कि श्री जानकी जी को पावहुगे चिन्ता न करहु तासों बिदा ह्वैकै समुद्रके किनारे जातेभये तहां तीनिदिन टिकतभये जबते श्रीजानकी जी पंचबटीते लंकाको गई हैं ताते नौ

**मिलासम्पाती ४१ सुनिसबकथासमीरकुमारा नाँघतभयोपयोधिअपारा ४२ लंकाकपिप्रवेशजिमिकीन्हा पुनिसीतहिधीरजजिमिदीन्हा ४४ बनउजारिरावणहिंप्रबोधी पुरदहिनाँघ्यउबहुरिपयोधी ४४ आयेकपिसबजहँरघुराई बैदेहीकीकुशल**

महीना सोरहदिन ऊपर शुक्लनौमीको सम्पाति गृद्धराज तासों श्रीजानकी जी की खबरि पावतेभये ( ४१ ) दशमीको सम्पूर्ण सेनापतिबानर मन्त्रकरतेभये श्रीहनुमान्जी को लंकाजाबे को मन्त्र भयो तब एकादशीको शतयोजन समुद्र हनुमान्जी नांघतभये ( ४२ ) ताही एकादशी को सन्ध्याकाल विषे लंककिनीको मारतभये पुनि सूक्ष्मरूपह्वैकै लंकामें प्रवेशकीन घरघर जानकी जी कर खोजकीन पुनि भोरही जब पहररात्रि रही तब बिभीषणते भेंट भई पुनि जब चारिदण्ड रात्रि रही तब श्रीजानकीजीके दर्शन कीन द्वादर्शी को अशोकवृक्ष के ऊपर रहिगये तेही द्वादशीकी रात्री को रावण आवतभयो श्रीजनकीजी सों बार्ता करिकै जातभयो तब श्रीहनुमान्जी श्रीरामचन्द्र की मुद्रिका श्रीजानकीजीको दीन पुनि बार्तालाप कीन अरु धीर्यदीन ( ४३ ) पुनि त्रयोदशीको अशोकबाटिका उजार्‌यो है अरु अक्षयकुमार को मार्‌यो है पुनि चतुर्दशी को ब्रह्मास्त्र इन्द्रजीत करिकै हनुमान्जी बन्धनमें आये रावणको प्रबोधकीन ज्यहि दिन हनुमान्जी बन्धनमें आये त्यही दिन हनुमान्जी लंका जराइदीन पुनि पूर्णमासीको श्रीजानकी जीको दण्डवत् करिकै चूड़ामणि भूषण श्रीजानकीजी दीन सो लैकै समुद्रपार ह्वैकै महेंद्राचल पर्वत पर प्राप्तभये ( ४४ ) अरु कोई मुनिके मतमें आधा अगहन आधापूषलैकै अगहन मानते हैं तिनने पूष कृष्णपक्ष परिवाको अगहन कृष्णपक्ष परिवा कहा है अरु हम साधारण अगहनको अगहन पूषको पूष कहा है बस्तुउहै ताते पूषकृष्ण परिवाको सबबानर मिलिकै श्रीरघुनाथ जी के इहां चले पांचदिन राहमें लग्यो छठिको मधुबन के फल सम्पूर्ण भक्षणकीन सप्तमीको पहरदिनचढ़े बड़े हर्ष संयुक्त श्रीरघुनाथजीके समीप प्राप्त भये श्रीरघुनाथजी को हनुमान्जी दण्डवत् करिकै श्रीजानकीजी करचूड़ामणि देतेभये सम्पूर्ण कुशल वृत्तान्त कहते भये ( ४५ ) अष्टमी को उत्तरा फाल्गुणी मुहूर्तमध्याह्न के सूर्य प्राप्ति होतसंते श्रीरघुनाथजी प्रस्थान करतेभये दक्षिण दिशाकोचले अरु यह प्रतिज्ञाकीन कि समुद्र को बांधैंगे रावणको मारैंगे त्यहिके उपरांत सतयेंदिन अमावसको समुद्रकेकिनारे सहितसेना प्राप्तभये पूषशुक्लपक्ष परिवातेलैकै तृतीया पर्यन्तताईं

**सुनाई ४५ सेनसमेतयथारघुबीरा उतरेजाइवारिनिधितीरा ४६ मिलाविभीषणज्यहिविधिआई सागरनिग्रहकथा सुनाई ४७ दो०॥ सेतुबाँधिकपिसेनजिमि उतरेसागरपारगयउबसीठीवीरबर ज्यहिबिधिबालिकुमार ४८ निशिचरकोशलराईवर्णयसिबिविधि**

सेनासहित श्रीरघुनाथजी समुद्रके किनारे बसे ( ४६ ) चतुर्थीको विभीषण श्रीरघुनाथजीके शरणागतभये पंचमीको समुद्र उतरबेकोमंत्र करते भये पुनि श्रीरघुनाथजी सप्तमी अष्टमी पर्यन्त तीनिदिन समुद्रते राहमांगतेभये नौमीकी समुद्रको ताड़नाकीन समुद्र हाथजोरिकै अपनीचूक माफकराइकै यत्नबताइकै जातभयो ( ४७ ) दोहार्थ॥ पुनि दशमीको सेतुबांधबे को प्रारम्भकीन दशमी ते त्रयोदशीताई सेतुबांधिकै तीनिदिनमें तयारभयो दशयोजनलम्बा अरु दशयोजन बिस्तार परम सुंदर पर्बतन करिकै ताके द्वौदिशिपर श्रीराम लक्ष्मण ठाढ़ेभये तिनके प्रतिबिंबकी छबि देखिकै अनेक जलचर प्रगटिआये ते शतयोजनकेलंबे सब अरु योजनकी मोटाईते सब द्वौभाइनकी छबिदेखिकै जड़ीभूतभये हैं ऐसेही सेतु के द्वौदिशिविषे पुनि चतुर्दशीको उतरिबेको सुदिनकीन पुनि पूर्णमासी से संपूर्णसेना उतरनेलगी तहां पूषकी पूर्णमासीलैकै माघकी कृष्णपक्ष परिवा द्वितीयाताई तीनिदिन में सेनाउतरिगई पुनि तृतीयाते दशमीताई सुबेलपर्बतपर मुकामरहा आठदिनताई संपूर्णभेद समुझतेरहे युद्ध कर मंत्रकरतेरहे माघकृष्णपक्ष एकादशीको दुइदिनमें सेनाकीसंख्याभई यूथयूथ पृथक् पृथक्करिकै मुकामकीन पुनि त्रयोदशी चतुर्दशी अमावसताईलंकाविषे रावण अपनीसेनाकी संख्याकरतभयो ताही तीनिदिनकेविषे श्रीरघुनाथजी मंत्रकरिकै माघशुक्लपरिवाको अंगदको दूतपन करिबे कोपठायोहै तहां अंगद संपूर्ण वृत्तांत लैकै श्रीरघुनाथजी सों कहेउ आइ ( ४८ ) दोहार्थ॥ पुनि द्वितीयाते अष्टमीपर्यन्त ताई सातदिन बानर राक्षसनते महायुद्ध भयो पुनि माघशुक्ल नौमी की रात्रिको इन्द्रजीतने श्रीरामचन्द्र लक्ष्मण सम्पूर्ण सेनापति अरु सम्पूर्णसेना नागफाँसतेबंधन कीन पुनि दशमीहीको भोरही गरुड़आये मायारूपी नागसंपूर्ण बिलाइगये पुनि एकादशी दुइदिनमें श्रीहनुमान्‌जी धूम्राक्षको बधकीन पुनि त्रयोदशी को अकंपन राक्षसको मारा पुनि चतुर्दशी को फाल्गुण कृष्णपक्षपरिवा ताई तीनि दिन विषे नल नीलने प्रहस्तको मारा पुनि द्वितीया चतुर्थीताई श्रीरामचन्द्र रावणते तुमुलयुद्धभयो रावण बेहालह्वैकै पंचमीको कुम्भकर्णको जगावत भयो पुनि छठिको कुम्भकर्णको मदिरापान खवावतभयो ताही बीचमें पंचमी छठि दुइदिन संग्राम बन्दरहा तबैरावणकुम्भकर्णते बार्ताभई पुनि सप्तमीको कुम्भकर्ण युद्धकरबेको आवतभयो

## प्रकार कुम्भकरणघननादकर बलपौरुषसंहार ४९ चौ०॥ निशिचरनिकरमरणगविधिनाना रघुपतिरावणसमरबखाना ५०

पुनि अष्टमी नौमी ताई कुम्भकर्णते युद्धभयो तेही नौमीको संध्याकालविषे श्रीरामचन्द्र कुम्भकर्णकोमारिकै परमपददीन पुनि दशमीते द्वादशी ताई तीनि दिनमें नरांतक आदिक पांचराक्षस महाबीर तिनकोबधभयोपुनि त्रयोदशी चतुर्दशी संग्राम बन्दभयो पुनि अमावस फाल्गुण शुक्लपक्ष परिवा सन्ध्या विषे मकराक्षको बधभयो पुनि द्वितीयाको इन्द्रजीतमहायुद्धकरिकै श्रीलक्ष्मणजीको शक्तिमारतभयो तातेश्रीरघुनाथजी विरह करतेभये ताही दिन रात्री को हनुमान्‌जू संजीवनी ल्यावते भये पुनिताही दिन दुइदण्ड रात्रीरहे संजीवनी करिकै लक्ष्मणजू उठतेभये श्रीरामचन्द्र सेना संयुक्त हर्षको प्राप्तभये पुनि तृतीयाते सप्तमीताई पांचदिनइन्द्रजीत अरु लक्ष्मणजी ते महायुद्धभयो पुनि ताही सप्तमीको सन्ध्या काल विषे लक्ष्मणजू इन्द्रजीतको बधकीन परमपददीन देवतनके दुन्दुभी बाजतभई ( ४९ ) रावणके शोकते अष्टमी नौमी दशमी तीनिदिन युद्ध भई एकादशीको रावणने एकांत यज्ञकीन अब अनेक निश्चरन बानरनते युद्धभई अनेक निश्चरमारतभये पुनिद्वादशीको इष्टदेवते शिक्षापाइकै रावण युद्धकरिबेको चल्यो तहां चैत्रकृष्ण परिवाताई पांचदिन श्रीराम रावणते महायुद्ध भई अनेक राक्षस पार्श्वादि महाबीर जूझतभये द्वितीयाको रावणकी शक्ति श्रीलक्ष्मणजूकेलागी ताहीदिन हनूमान् संजीवनीलाये लक्ष्मणजी उठतेभये द्वितीयाते एकादशीताई दशदिन श्रीराम रावणते महायुद्धभई त्रैलोक्यमें पूरिरही ऐसी युद्ध तीनिहूँ लोकमें नतौ कभी भईहै अरु नतौ कभी होइगी तीनिहूँ कालमें ( ५० ) तब वाही एकादशी को पहर दिनरहे रघुनाथजी रावणको बधकीन त्रैलोक्यमें जयजय भयो देवतासम्पूर्ण फूलबर्षत भये श्रीरघुनाथजीकी आज्ञाते ताही दिन विभीषणजू रावणकी क्रियाकीन रावण सारूप्य मुक्तिको प्राप्तभयो श्रीरघुनाथजी को सखा रूपभयो तहां पचास औ पांच पचपन दिन युद्धभई तामें सातदिन युद्धबन्दरही द्वादशीको विभीषण शुद्धभयो त्रयोदशीको श्रीरघुनाथजी की आज्ञाते श्रीलक्ष्मण हनूमान् अंगद जामवन्तसुग्रीव इत्यादिकने राजा सम्पूर्ण

सेनापति संयुक्त बिभीषणको राजगद्दीपर बैठाइकै तिलककीन पुनि चतुर्दशीको आज्ञाभई इन्द्रने अमृतकी वृष्टिकियो सम्पूर्ण बानर श्रीरघुनाथजी की इच्छाते जिये अरु राक्षस परमपदको प्राप्तिभयेताते न जिये सम्पूर्ण बानर श्रीरघुनाथजीके संगही परबिभूतिको जाहिंगे

## रावणबधमन्दोदरिशोका राजविभीषणदेवअशोका ५१ सीतारघुपतिमिलनबहोरी सुरनकीनअस्तुतिकरजोरी ५२ पुनिपुष्पक

अरु अमावसको विभीषणजूने अनेक दिव्यबस्त्र अनेक अलंकार अनेक रत्न श्रीरघुनाथजी को भेंटदीन अरु चैत्रशुक्ल परिवाको उहै सरंजाम श्रीरघुनाथजीकी आज्ञाते विभीषणजू बिमान में भरिकै आकाश में जाइकै बर्षा करत भये तब श्रीरघुनाथजी आज्ञादीन सबबानरनको सो जहां तहां लेतभये कल्लोल संयुक्त कोई मणिको अलंकार बस्त्र पहिरावते हैं कोई अलंकार पहिरते हैं डारिदेते हैं अरु मणिमुखमें मेलिदेते हैं पुनि उगलि डारते हैं अनेक प्रकार के हास्यरस परस्पर होते हैं तहां देवता अशोच भये ( ५१ ) पुनि द्वितीयाको श्रीरघुनाथजी आज्ञादीन विभीषण हनूमान्जीको कि श्रीजानकीजीको लैआवहु तहां विभीषण हनुमान् इत्यादिक मंत्रीजाइकै त्रिजटा इत्यादिक राक्षसी जे भक्तिमान्रहीं तेश्रीजानकीजीको स्नानकरावती भई दिव्यबस्त्र अलंकार पहिरावती भई दिव्यपालकी में चढ़ाइकै श्रीरघुनाथजी के समीप लैआवती भई तृतीयाको श्रीरघुनाथजी की आज्ञाते अग्निप्रवेश कीन्ह अग्निने मूर्त्तिमान् होइकै श्रीजानकीजीको लैकै प्रीतिसे कन्याभावते श्रीरघुनाथजीको समपर्णकीन दण्डवत करिकै अग्नि बिदाभयो ( ५२ ) तहां श्रीरघुनाथजीकी सेनाविषे अठारहपद्म तौ राजारहे हैं तिनके एकएकके संग सेना काहूके संग दुइअक्षोहिणी अरु काहूकेसंग चारिअक्षोहिणी अरु काहूकेसंग छ्ा अक्षोहिणी इत्यादिक अनगणितसेना ते सबसेना संयुक्त अरु विभीषण कै सेनासंयुक्त अरु सब बानर रीच्छ सेनापति सेना संयुक्त श्रीरामचन्द्र की आज्ञाते पुष्पकबिमानपर चढ़तेभये पुष्पकबिमान जेहैं तेहिको लघु दीर्घको प्रमाणनहीं है मालिककी जैसी इच्छाहोइ तैसे ही होइजाइ है आपु श्रीरघुनाथजी सहित श्रीजानकी सहित लक्ष्मणजू पुष्पकबिमान के मध्य परमदिब्य सिंहासन तेहिपरचढ़तभये श्रीअयोध्याकोचले ( ५३ ) तब श्रीरघुनाथजी की आज्ञापाइकै पुष्पकबिमान आकाशमार्गह्वैकै श्रीअयोध्याको चलतभयो पुनि ताहीदिन श्रीजानकीजीको रणभूमिअरु सेना देखावत सेतुकीरचना देखावत चलेजातेहैं अरु अगस्त्यजूके आश्रम में जाइकै बिमान उतरतभयो तहां सो रात्रीरहे पुनि चतुर्थीको प्रातसमय अगस्त्यजूसे बिदाहोइकै श्रीचित्रकूट बिमान उतरेउआइ चतुर्थीकी रात्री चित्रकूटमेंरहे पुनि पंचमीको प्रातही बिमानचल्यो प्रयागमें पहुंचे श्रीभरद्वाजके आश्रममें बिमान उतरतभयो पंचमीकीरात्री अरु छठि सप्तमी

## चढ़िकपिनसमेता अवधचलेप्रभुकृपानिकेता ५३ ज्यहिविधिरामनगरनियराये बायसविशदचरितसबगाये ५४ कहिसिबहोरि

तीनिरात्री प्रयागमें रहे अष्टमीको बड़ेप्रात स्नानकरिकै भरद्वाजसे बिदाभये वोहीसाइति हनूमान्जीको बिदाकीन भरतकेपास खबरिदेबे को आपु श्रीरामचन्द्र गंगाउतरिकै शृंगबेरपुरमें निषादके आश्रममें बिमानउतरेउ निषाद महाआनन्दको प्राप्तिभयो अरु बड़ीसेवकाईकीन तहां हनूमान्जी श्रीजानकीजी श्रीलक्ष्मणजी श्रीरघुनाथजीकी आनन्दकी खबरि भरतजूकोदैकै आनन्दमें दुइपहरबीते ताही अष्टमीको तीसरेपहर हनूमान्जी शृंगबेरपुर लौटिकै प्राप्तिभये श्रीराचन्द्रजी के दण्डवत्कीन भरतजीकै कुशल आनन्दकी खबरिकही रघुनाथजी बहुतप्रसन्नभये प्रसादी मालादीन पुनि शुक्ल श्रीरामनौमीको प्रातही श्रीगंगास्नान करिकै श्रीगंगाजीको श्रीजानकीजी पूजनकीन श्रीरघुनाथजी नमस्कारकीन निषादको बिमानपर चढ़ाइकै श्रीअयोध्याकोचले श्रीरघुनाथजी विभीषण सुग्रीवादिकनको श्रीअयोध्याकी शोभा माहात्म्य श्रीमुख बर्णन करत संते डेढ़पहर दिनचढ़े श्रीअयोध्याके समीप बिमान पहुंच्यो यह बिशद चरित कागभुशुण्डि कहतभये ( ५४ ) तब श्रीरामचन्द्रकी प्रेरणाते भूमि मेंबिमानउतरयो दुइपहरमें दुइघरी ऊन भरतजीसे मिलाप होतभयो इहां मलमासको प्रयोजननहींलीन जौनीसाइति श्रीरामचन्द्र श्रीअयोध्या ते श्रीचित्रकूटको चले हैं वोहीसाइति श्रीअयोध्या विषे प्राप्तिभये अतिआनन्दभयो संपूर्ण अयोध्याबासिनते मिलत मिलावतसंते चारि दण्ड बाकीरह्यो ताही नौमीको श्रीरामचन्द्रको राज्याभिषेकभयो पुनि पुरको बर्णन अरु राज्यनीतिका

बर्णनकहा यह जो मासतिथि हमबर्णन कीनहै सो अग्निबेश रामायणे अरु पद्मपुराणको सम्मतकहा है ( ५५ ) हेपार्बती जो मैं तुमसन कहिआयउं सो समस्तकथा कागभुशुण्डिने गरुड़ तेकही ( ५६ ) सुनिकै परमआनन्दसे बोलतेभये ( ५७ ) सोरठार्थ॥ हे बायसनके तिलककही शिरोमणि तुम्हारे मुखते श्रीरामचरित सुनतसंते मोरसकल संदेहगयो और रामचन्द्र के पदमें नेहभयो ( ५८ ) हे तात मोको अतिमोहभई अतिमोहकही जो अपने इष्टविषे भ्रमहोइ तहां श्रीरामचन्द्र विषे भ्रमभई रणमें बंधन देखिकै कि श्रीरामचन्द्र परब्रह्म सच्चिदानंद यह का करते हैं ( ५९ ) इतिश्री रामचरितमानसे सकलकलिकलुषबिध्वंसने उत्तरकांडेगरुड़भुशुण्डि मिलापरामचरितश्रवणसंदेह निवृत्तिबर्णनंनाम अष्टादशस्तरंगः १८॥ :: :: :: :: :: :: :: :: :: ::

रामअभिषेका पुरबर्णतनृपनीतिअनेका ५५ कथा भुशुंडिसमस्तबखानी जोमैंतुमसनकहेउ भवानी ५६ सुनिसबरामकथागुणगाहा कहतबचनमनपरमउछाहा ५७ सो०॥ गयउमोरसन्देह सुन्यउंसकलरघुपतिचरित भयउरामपदनेह तवप्रसादबायस तिलक ५८ मोहिंभयउअतिमोह प्रभुबन्धनरणमहँनिरखि चिदानन्दसन्दोह रामविकलकारणकवन ५९ * * * *

चौ०॥ देखिचरितअतिनरअनुहारी भयउहृदयममसंशयभारी १ स्वइभ्रममैंअबहितकरिमाना कीनअनुग्रहकृपानिधाना २ जोअतिआतपब्याकुलहोई तरुछायासुखजानैसोई ३ जोनहिंहोतमोहअतिमोहीं मिलत्यउं तातकवनिविधितोहीं ४

दोहा॥ दशअरुनवमतरङ्गमें वाक्यपरस्परप्रीति॥ रामचरणसम्बादबर युक्तिउक्तियुतनीति १९॥ हे तात श्रीरामचन्द्र विषे नर अनुहारि चरित देखिकै मोको भारीभ्रम ह्वैगयो है ( १ ) तहां हेतात सो भ्रम अबमैं हितकारी मान्यो है काहेते कि भ्रमके द्वार ह्वैकै श्रीरघुनाथजी मोपर कृपाकीन ( २ ) काहेते जो अति आतपते व्याकुल होतेहैं तरुकीछायाको सुख सोई जानते हैं ( ३ ) हे तात जो मोकहँ अतिशयमोह नहोतो तौ तुमकहँ कैसे मिलत्यउँ तुम कैसेहौ कि ज्यहिके स्थानमें आवतसंतेमोह जातीरहीतहां भ्रमरूपी तापते मैं तप्त ह्वैरह्यों तुम्हारस्थान कल्पतरु है अरु तुम त्यहिकी छाया रूपहौ ताते तुमको मिलेते मैं शीतल भयों ( ४ ) अरु जो तुम नहीं मिलत्यहु तौ श्रीरामचन्द्रकै अतिविचित्र कथा कहां सुनत्यउँ अरु जो कहौ कि का कोई मुनीश्वर सुनावत्यो तहांमुनीश्वरनके अपनी जातित्वको क्रियाको विद्याको तपको वैराग्यको योगज्ञानको अभिमान है ताते जैसी रीतितुम कहेहौ तैसी रीतिते बैनकहतेहैं ( ५ ) ताते मोको अससमुझिपरतहै कि वेदशास्त्र पुराण मुनिन यह निःसन्देह सिद्धांत कीनहै ( ६ ) तहां बिशुद्ध कही विशेष शुद्ध योगवैराग्य ज्ञान इत्यादिक संयुक्त श्रीरामानन्य तहां ऐसेसन्तमिलैं जब श्रीराम कृपाकरहिं ( ७ ) काहेते वे सन्त श्रीरामचन्द्रकी कृपाते तुम्हार दरशमोको भयोहै तुम्हारे प्रतापते सम्पूर्ण संशय नाशभयउ ( ८ ) दोहार्थ॥ हे पार्वती बिहंगपतिकै बाणी अति विनय आरत प्रेमभरी सुनिकै कागभुशुण्डिको आनन्दते तन पुलकि आयोहै अरु नेत्रनमें जल भरिआयोहै मनमें अतिहर्षको प्राप्तभयो ( ९ ) तहां हेपार्बती जो श्रोता सुमतिमानहोइ सुशीलहोइ सुशील सहनशीलनिन्दाअपमान इत्यादिकसहिजाइ किसू जीवको

सुनत्यउं किमिहरिकथासुहाई अतिबिचित्रतुमबहुविधिगाई ५ निगमागमपुराणमतयेहा कहहिंसिद्धमुनिनहिंसन्देहा ६ सन्तविशुद्धमिलहिंपरतेही चितवहिंरामकृपाकरिजेही ७ रामकृपातवदरशनभयऊ तवप्रसादसबसंशयगयऊ ८ दो०॥ सुनिबिहंगपतिबाणीसहितविनयअनुराग पुलकगातलोचनसजल मनहर्ष्यउअतिकाग ९ श्रोतासुमतिसुशीलशुचिकथारसिकहरिदास पाइउमायह

निरादर न करै अरु शुचिकही पवित्र काम क्रोध लोभ मोह इत्यादिक ते रहित होइ रसिक कही श्रीरामचन्द्र के चरित रसको पानकरै अपर साधनकेरसते अनइच्छितहोइ अरु भगवतदासहोइ ऐसे श्रोताकोपाइकै तब गुप्तमत सज्जन जे सत्गुरुहैं ते प्रकाशतेहैं किंतु यहि अर्थविषे सत्गुरुनकी उदारता दयालुताकी समानहोती है काहेते कि काहेको कोई

ऐसो श्रोता होइगो अरु काहेको गुप्तसत्गुरु मतकरहिं अरु सत्गुरु तौ मेघबुद्धी हैं तहां दूसरार्थ श्रोताकही सुष्टुमतिते श्रवणकरै जैसे मृगारागसुनैहै पुनि शील शुचिह्वैके मननकरै पुनि रसिक भगवद्दासह्वैके निदिध्यासनकही अभ्यासकरै तब सत्गुरु जो कहते हैं सो तत्ववेत्तन श्रोतनको साक्षात्होइ तहां सज्जन तौ समाज में सब पदार्थ कहते हैं पर उनकी बाणीमें जो गुप्तमतहै तेई श्रोता पावतेहैं जो कहिआयेहैं अरु सज्जनतौ सब प्रकाशकरते हैं जैसे स्वातीके नक्षत्र विषे मेघ सर्बत्र बर्षते हैं पर वृक्षनविषे केवल कदलीहीमें कपूर फरत है अरु समुद्रके अनेक जन्तु हैं पर सीपहि विषे मोतीफरती है अरु बिहंगनमें चातकै संतुष्टहोतहैं तैसे सज्जनकी बाणी स्वाती को जलहै विवेकी श्रोता कदली सीप चातक हैं तहां दोहा शतपञ्चासिकायां॥ कदलिकपूरजसीपमणि चातककीगति सोइ ॥ युतविबेकबैठ्योसुजन स्वातिवृष्टिकुलहोइ॥ हे पार्वती तैसेही गरुड़को पाइकै कागभुशुण्डि सबकहते हैं तहां श्रोता सब रामतत्त्वके अधिकारीहैं ( १० ) तब कागभुशुण्डि गरुड़कै बाणी सुनिकै बहोरिकै नभगनाथपर बड़ी प्रीति करिकै बोलते भये ( ११ ) पुनि कागभुशुण्डि कहते हैं कि हे नाथ तुम मेरे सब प्रकारते पूज्यहौ काहेते एकतौ पक्षिनके राजाहौ दूसरे परम वैष्णवहौ अरु मेरे इहां कृपाकरिकै आयेहौ तापरमोको आप अति आदरदीन अरु आप श्रीरघुनाथजीके पात्रहौ ताते तुममेरे पूज्यमान्हौ अब जो कछु मेरी बुद्धिमें श्रीरामचन्द्र कर पदार्थहै सो मैं

**गोप्यमतसज्जनकरहिंप्रकाश १० चौ०॥ बोलेकागभुशुण्डिबहोरीनभगनाथपरप्रीतिनथोरी ११ सबविधिनाथपूज्यतुममेरे कृपापात्ररघुनायककेरे १२ तुमहिंनसंशयमोहनमाया मोपरनाथकीनितुमदाया १३ पठैमोहमिसखगपतितोहीं रघुपतिदीनिबड़ाईमोहीं १४ तुमनिजमोहकहाखगसाईं सोनहिंकछुआश्चर्यगोसाईं १५ नारदभवबिरंचिसनकादी जेमुनिनायकआतमबादी १६ मोहनअन्धकीनक्यहिकेहीं कोजगकामनचावनजेहीं १७ तृष्णाकेहिनकीनबौराहा केहिकरहृदयक्रोधनहिंदाहा १८ दो०॥ ज्ञानीतापसशूर**

तुमको सबपूजा चढ़ावतहौं जाते श्रीरामचन्द्रकै कृपा कछु मोहूँपर होइ हे नाथ मेरी समुझ में नतौ तुम्हारे संशय है न मोह है अरु न माया है आपको जो आगमन है सो मेरे ऊपर केवल कृपाकीनि ( १२ ) अरु जोयहआपकहो कि तुमबड़ाई करतेहौ जो हमारे मोहनहीं होता तौ हम आपके पास काहेको आवते सो सत्य है ( १३ ) तहां हे तात मोको अस समुझि परत है कि मोहके मिसु करिकै श्रीरामचन्द्र पठावा है मेरे पासको बड़ाई देबेको कि हे गरुड़ तुम पक्षिन के राजाहौ कागभुशुण्डि को मेरेभक्तन विषे स्थापन करिआवो ( १४ ) अरु हे खगनाह जो तुम विशेष कहतहौ कि हमको मोह भयोहै सो यहिको आश्चर्य नहीं है काहेते किप्रभुकी माया बड़ी प्रबलहै ( १५ ) काहेते नारदजोहैं अरुभवकही शिवजो हैं बिरंचि जोहैं सनकादिक जेहैं इत्यादिक अपरमुनिजेहैं ब्रह्मबादी ( १६ ) तहांहेतात यह श्रीरामचन्द्रकी मायाने क्यहिको नहीं मोहकरिकै अन्ध करिदियोहै अपने प्रबल गुणकरिकै अरु त्यहिके जो अनेकहैं कामकही कामना तिन जगतमें क्यहिको नहीं नचायो सबको नचायो है ( १७ ) हे तात यहि तृष्णा क्यहिको नहीं बौराहाकीन तृष्णाके वशह्वइकै बौरहाकी नाईं सबमांगत फिरते हैं देशकाल अवसरनहीं विचारते हैं अरु यह क्रोध केहिके हृदयको नहीं दाहत है सबके हृदयको दाहतहै ( १८ ) हेतात ज्ञानीजेहैं तपस्वीजेहैं अरु शूरजेहैं कविजेहैं कोविदकही पंडितजे हैं अपर जेकोई गुणनके आगार हैं अरु उनके हृदयमें लोभ बसीहै त्यहि करिकै जगत्में विडम्बना कही निन्दाहोती है सोकेहिके हृदयमें लोभने बिडंबना नहींकरी ( १९ ) हे तात श्रीकही लक्ष्मी धन जाति कुल युवाविद्या ज्ञान ध्यान येते आठौमदहैं इनमें अपनपौ मानिकै कोनहीं बक्र कही टेढ़ ह्वइगयो है अरु प्रभुताकही ऐश्वर्य्यमान् त्यहिकरिकै को नहीं बधिर ह्वइगयोहै अरु मृगलोचनी जो स्त्री त्यहिके नेत्रके बाण क्यहिके

**कबि कोबिदगुणआगार केहिकैलोभबिडंबना कीननयहिसंसार १९ श्रीमदबक्रनकीनकेहि प्रभुताबधिरनकाहि मृगलोचनिकेनयनशर कोअसलागनजाहि २० चौ०॥ गुणकृतसन्निपातनहिंकेही कोनमोहमदतजेउनवेही २१ यौवनज्वरकेहिनहिंबलकावा ममताकेहिकरयशननशावा**

२२ मत्सरकाहिकलंकनलावा काहिनशोकसमीरनशावा २३ चिंतासाँपिनिकाहिनखाया कोजगजाहिनब्यापीमाया २४ कीटमनोरथदारुशरीरा जेहिनलागघुनकोअसधीरा २५ सुतबितलोगइर्षनातीनी केहि

नाहीं लागे हैं जगत्में सबके लाग्योहै ( २० ) अपने गुणकै कृतमानिकै काको नहीं सन्निपात ह्वइगयोहै काहेते अपने गुणके आगे काहूको नहीं मानेहैं मोहमद तजिकै यहि जगत्मेंको निबहाहै ( २१ ) अरु युवावस्था कर ज्वर बढ़ेते कोनहीं बलकै नामबौराइहै अरु ममताकही धन धाम सुत कलत्र इत्यादिकमें अपनपौ मानिकै क्यहिकर यश नहीं नाशभयो है ( २२ ) अरु मत्सर कही परावा ऐश्वर्य नहीं देखिसकते हैं सो कौन नहीं कलंकी भयो है अरु शोककही जोबस्तुकी हानि होइजाइहै ताकी कल्पना पावन करिकै क्यहिको शरीर नहींडोलैहै ( २३ ) हेतात चिन्ता कही यह होइहि कि न होइहि यह अहर्निशि चिन्ता करते हैं सो सांपिनिरूपी ने क्यहिको नहींडस्योहै अरु यहिजगत् बिषे ऐसो कवनहै जाकोमायानहीं व्यापीहै ( २४ ) हे तात यह बिषयको मनोरथजो है सोईकीटहै अरु शरीर दारुहै तहां मनोरथ घुनलागिकै शरीर को खाइडारै है ऐसो कौनधीर है जो याते बचिजाइ है ( २५ ) अरु सुतजेहैं अरु बितजेहैं अरु लोककी मर्यादजेहैं ये तीनिउँको इक्षणाकही इच्छा है जाके एकई एक है सो माया लीनकरिदेते हैं अरु जाके तीनिउँ हैं ताकी का कहिये ( २६ ) हे तात ये सबमायाके परिवार हैं पर अमित हैं अरु एकप्रबलहै को बरणिसकै है ( २७ ) हे गरुड़ तहां यहि मायाको शिव चतुरानन डेराते हैं अरु अपरजीवको का लेखाहै ( २८ ) दोहार्थ॥ तहां यहि मायाके प्रचण्ड कटक हैं संसारमें व्यापिरहे हैं त्यहि मायाके सेनापतिकाम क्रोध लोभ मोह मद कपट दम्भ पाषण्ड इत्यादिक अनेक सेनापति हैं अरु मैंतें मोर तोर अरु मम इत्यादिक अनेक सेना है ( २९ ) हेगरुड़ सो माया श्रीरामचन्द्रकै एकदासी है पर समुझबेते मिथ्या है तहां रघुनाथजीकी दासी कहना अरु मिथ्या कहना यह आश्चर्य है तहां रघुनाथजीकी दासी कहना सो सत्यहै अरु जीव कल्याणकारी नहीं है ताते

कैमतिइनकृतनमलीनी २६ यहसबमायाकरपरिवारा प्रबलअमितकोबरणैपारा २७ शिवचतुराननजाहिडेराहीं अपरजीवकेहिलेखेमाहीं २८ दो०॥ ब्यापिरहेउसंसारमहँमायाकटकप्रचंड सेनापतिकामादिभट दंभकपटपाखंड २९ सोदासीरघुनाथकैसमुझैमिथ्यासोपि छूटनरामकृपाबिन नाथकहौंपदरोपि ३०॥ * * * * * * *

चौ०॥ जोमायासबजगहिंनचावा जासुचरितलखिकाहुनपावा १ सोइप्रभुभ्रूबिलासखगराजा नाचनटीइवसहितसमाजा २ सोइसच्चिदानंदघनरामा अजबिज्ञानरूपबलधामा ३ ब्यापकव्यापिअखंडअनंता अखिलअमोघशक्तिभगवंता ४ अगुण

मिथ्याकहा पर यहि जीवको बंधनकिहे है छोड़ेनहीं है जब श्रीरामचन्द्र कृपाकरैं तबछोड़ै है यह प्रण करिकै कहतहौं ( ३० ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वंसने उत्तरकाण्डेगरुड़प्रतिकागभुशुण्डिउत्तर वर्णनंनामएकोनबिंशतिस्तरंगः१९॥

दोहा॥ बिशईसुभगतरंगमें रामप्रतापअखण्ड रामचरणकहिकागबर बाणीसुभगप्रचण्ड २० हे गरुड़ श्रीरामचन्द्रकी जो माया है सो संपूर्ण जगत्को नचावती है त्यहिको चरित्र सबदेखते हैं पर जानिबेमें काहूके नहींआवै है ( १ ) सो माया श्रीरामचन्द्रकी भृकुटी के बिलासविषे नटीइव सहितसमाज नाचती है सबचरित्र करती है ( २ ) सोई श्रीरामचन्द्र सच्चिदानन्द घनहैं अरु अजकही अजन्मा हैं अरु बिज्ञानरूप बल के धाम हैं ( ३ ) अरु ब्यापि जो संसार है किंतु ब्यापि जो जीव है त्यहि विषे अपनेतेज चैतन्यस्वरूप परमदिव्य गुणकरिकै ब्याप्तहैं अरु अखण्ड हैं अनन्त हैं जाकोअन्त वेदहू नहींपावैं ताते अनन्त हैं अरु जाकीशक्ति अखिलकही अनन्त ब्रह्मांडहै अमोघकही

जाकीथाह कोईनहीं पावै है अरु अब्याहतगति है जाकी अब्याहतकही अव्यय अबिनाशी गतिकही जाके चरित्र हैं सो श्रीरामचन्द्रकी दिब्यशक्तिहै ऐसे स्वयंभगवान् श्री रामचन्द्रहैं ( ४ ) पुनि अगुणहैं तीनिगुणकेपरेहैं अरु अदभ्रकही जिनको आदि अन्त मध्य अनादिअपार जाकोपार कोईनहींपावैहै अरु गिराकही बाणी गोकही मनादिक अंतर्बाह्य इन्द्री ताते अतीतकहीपरेहैं पुनि कैसेहैं समदर्शीकही सर्बजीवनके साक्षी हैं अरु नियंताहैं प्रेरकहैं अरु अनवद्यकही निर्दोषहैं सर्बते भिन्नहैं अरु अजितहैं काहूके जीतबेयोग्य नहींहैं ( ५ ) पुनि कैसेहैं श्रीरामचन्द्र निर्ममकही अहंममते रहितहैं काहूपर ममत्वनहीं है पुनि कैसेहैं निराकारकही पांचतत्त्व तीनिउँगुण केआकार करिकै रहितहैं पुनि सर्बते निर्मोह हैं नित्य हैं निरंजनकही मायारहितहैं

**अदभ्रगिरागोतीता समदरशीअनवद्यअजीता ५ निर्ममनिराकारनिर्मोहा नित्यनिरंजनसुखसंदोहा ६ प्रकृतिपारप्रभुसबउरवासी ब्रह्म निरीहबिरजअबिनासी ७ इहाँमोहकरकारणनाहीं बिनरबिमुखतमकबहुँनजाहीं ८ दो०॥ भक्तहेतुभगवानप्रभु रामधरेतनभूप**

अरु सुखके संदोहकही समुद्र हैं ( ६ ) पुनि प्रकृतिकही मूल प्रकृति अब्याकृत आद्याशक्ति महामाया मूलकारण त्यहिकेपरे हैं अरु सबके उरअंतर बासी हैं अरु परब्रह्म हैं निरीहकही ईहानाम चेष्टाकही षड्व्यकार जन्मकही बढ़ब बृद्धि बिबरण छोट बड़ मोटदूबररंग बदलब सो बिबर्णकही पुनि क्षीयतेकही आयुर्बल घटतजाइ पुनि वृद्धि पुनिमरण येते षड्व्यकार ईहानाम चेष्टा त्यहिसबते रहित हैं श्रीरामचन्द्र बिरजकही रजजो हैं मायाके ब्यकार त्यहिते रहित हैं पुनि अविनाशी हैं ( ७ ) हे गरुड़ इहां मोहकर कारण नहीं है कैसे जैसे रबिके सम्मुख अंधकारको भाववृथा है ( ८ ) दोहार्थ ॥ तहां अपने भक्तनके हेतु प्रभुजो भगवान् हैं श्रीरामचन्द्र तिनभूपतनुधरेउ भूपतनुधरेउ कही जैसे कोई समर्थ उत्तमभूप के सर्बजीवन के हित अनेक क्रियाको धारण किहे है तैसे श्रीरामचन्द्र अपने तनविषे नरभूप की ऐसीक्रिया धारण करिकै सो क्रियाकैसी है परमदिब्य ऐसो चरित्रकरतभये प्राकृत नरइव अपने भक्तनके हेतु ताते भूपतनु धरबकहेउ ( ९ ) हे गरुड़ श्रीरामचन्द्रकीबिचित्रलीला सुनहु यथाकही जैसेकोई नट नटवा अनेकबेष धरिकै नृत्यकरते हैं कबहूं योगी संन्यासी बैरागी ब्रह्मचारी इत्यादिकनके बेषबनाइकै नकल करते हैं पुनि कबहूं स्त्रीकर बेषबनाइ कै नृत्यकरत हैं पर जैसो जैसोबेषबनावत तैसो तैसो भावदेखावत हैं तहां नटवा आपही है अरु जो बेषबनायो है त्यहिको स्वरूप नहीं है तहां जो बेषकियो है सो सबबेष सत्य है अरु उसकी नकल नृत्य सत्य है अरु योगी संन्यासी बैरागी ब्रह्मचारी स्त्री इनको स्वरूप होना नटके बिषेकियो है सो सबबेष सत्यहै नटवा केवल आपुहीहै यह दृष्टान्त है अबदार्ष्टांत कहते हैं तैसे श्रीरामजी नरलीला कीन है सोलीला नित्य है तहां श्रीरामचन्द्र विषे नरभाव ल्यावना अनित्य है श्रीरामचन्द्र पर बिग्रह सच्चिदानंद एकरस आपुहीहैं तहां तिनकी लीलामें भूलिगये हैं काहेते उनकी माया आश्चर्य है तुम काकरहु ( १० ) हे गरुड़ रघुपति कै लीला

**कियेचरितपावनपरम प्राकृतनरअनुरूप ९ यथाअनेकवेषधरिनृत्यकरैनटकोइ सोइसोइभावदेखावइआपुनहोइनसोइ १० चौ०॥ असरघुपतिलीलाउरगारी दनुजबिमोहनिजनसुखकारी ११ जोमतिमलिनविषयरसकामी प्रभुपरमोहधरहिंइमिस्वामी १२ नयनदोषजाकहँजबहोई पीतबरनशशिकहँकहसोई १३ जबजेहिदिशिभ्रमहोइखगेशा सोकहपश्चिमउयउदिनेशा १४ नौकारूढ़चलतजगदेखा अचलमोहबशआपुहिलेखा १५ बालकभ्रमहिंनभ्रमहिंगृहादी कहहिंपरस्परमिथ्यावादी १६ हरिविषयक**

ऐसी है जस कहिआये हैं सो आसुरी बुद्धि जिनकी है तिनको तो व्यामोहित करै है वे यह जानते हैं कि श्रीरामचन्द्र केवल राजपुत्र हैं अरु जिन जननकी दैवीबुद्धि है ते जानते हैं कि श्रीरामचन्द्र परमेश्वर भक्तनके कल्याण हेतु नरइव लीला करते हैं तिनको सुखकारी लीलाहै ( ११ ) अरु हेस्वामी जेमतिके मलिनहैं विषयके बशहैं अरु सकामीहैं ते

प्रभुबिषे इमि मोहकरतेहैं ( १२ ) किमि जिमि नयनदोष काहूको हो इहै चन्द्रमा सर्बथा उज्ज्वल है सो चन्द्रमाको पीतबर्ण कहैहै ( १३ ) हे खगेश जब ज्यहिको दिशाभ्रम होतहैं सोसूर्यको उदय पश्चिमदिशा जनावतहै ( १४ ) पुनि जैसेकोई नावमेंआरूढ़है अरु नावचलीजातीहै तबवै अपने भ्रमते तरु तृण ग्राम चलत देखते हैं अरुअपनाको अचलदेखतेहैं मोहके बशहैं ( १५ ) अरु बालक जो घूमते हैं सो परस्पर मिथ्याबाद करते हैं कि घर घूमते हैं ( १६ ) तहां हरिबिषयक कही अनेक प्रकार के विषयक प्राणीजे हैं ते हरिविषे असमोह करते हैं ताते तिनको हरि कैसे जानिये काहेते जिनको ज्ञानकर प्रसंग सपनेहु नहींहै ते हरिविषे अपनो भ्रम रोपण करतेहैं जस पाछे कहिआयेहैं अरु जे और पाठकरिकै और अर्थ करतेहैं तहां पूर्बापर चौपाई के संबंधमें बिरोधहै ( १७ ) वै प्राणी मायाके बश हैं अरु मतिकेमन्द हैं उनकेहृदयविषे जमनिका कही मोहरूपीकाई लगिरहीहै ( १८ ) तेशठ हठके बशते अनेक संशय करतेहैं अपनी अज्ञानता श्रीरामचंद्र विषे रोपणकरते हैं ( १९ ) दोहार्थ॥ हे गरुड़ जेप्राणी काम क्रोध लोभ मोह मद गृहादिक तेसंपूर्ण दुखरूप तेहिविषे आसक्त हैं तेमूढ़ रघुपतिको किमि जानहिं काहेते तामसगुण जो मोह अन्धकूप है तेहिमें परे हैं ( २० ) हे तात प्रभुके दुइ स्वरूप हैं एक निर्गुणब्रह्म एक सगुणब्रह्म पर विचार कियेते एकै हैं तहांनिर्गुणब्रह्म जानिबेको सुलभ है काहेते निगुर्णब्रह्मको वेद कहते हैं कि सर्बत्र एकरस परिपूर्ण ब्याप्त है अरु सबकहते हैं ताते तिनकर जानबसुलभ है अरु अनुभवते जाना जातहै अरु सगुणब्रह्म जानिबै को अति

**असमोहबिहगा सपनेहुनहिंअज्ञानप्रसंगा १७ मायाबशमतिअंदअभागी हृदयजमनिकाबहुबिधिलागी १८ तेशठहठबशसंशयकरहीं निजअज्ञानरामपरधरहीं १९ दो०॥ कामक्रोधमदलोभरत गृहासक्तदुखरूप तेकिमिजानहिंरघुपतिहिं मूढ़परेतमकूप २० निर्गुणरूपसुलभअति सगुणनजानैकोइ सुगमअगमनानाचरित सुनिमुनिभ्रमबशहोइ २१ चौ०॥ सुनुखगपतिरघुपतिप्रभुताई कहौं**

दुर्लभ है काहेते कि भले भले बिबेकी यह कहते हैं कि श्रीरामचन्द्र निर्गुणब्रह्म हैं अपने भक्तनके हेतु अपनी मायाको आरोपण करिकै देह को धारते हैं ताते सगुण कही अरु कोई असकहते हैं कि श्रीरामचन्द्र ईश्वर हैं अपनी मायाकरिकै देहको धारते हैं ताते सगुणकही अरु कोई असकहतेहैं कि श्रीरामचन्द्र ईश्वर हैं अपनी मायाकरिकै सदा सगुण रूपहैं तहां यहि बाणीके कहनेवाले सगुण ब्रह्मको स्वरूप यथार्थ नहीं जान्यो है काहेते कि सगुणकही जो तीनि गुणते संयुक्त होइ तहां विराट्रूपजोईश्वर है तिनको सगुण कही किंतु विष्णु भगवान्को सगुणकही काहेते कि सात्विक गुणको ग्रहण किहे हैं ताते सगुणकही अरु श्रीरामचन्द्र तौनिर्गुण सगुण के आधार हैं काहेते केवल परब्रह्म विग्रह हैं सगुण ईश्वर जाको अंशहै अरु निर्गुण ब्रह्मजाको घनस्तेज है अरु परमदिब्यगुण जिनकाविशेषण है ताते श्रीरामचन्द्रको स्वरूप ज्ञानदुर्लभ है जो जानहु काहेते किसुगम अगम श्रीरामचन्द्र अगमते सुगमभये हैं तिनको नानाचरित है जो सुनिकै मुनिनके मनमें भ्रमहोत है किन्तु अगुण सगुणकै नानाचरित हैं किसूके जानिबे योग्य नहीं हैं तहां प्रमाण है सदाशिव संहितायांश्लोक एक॥ सगुणंनिर्गुणंचैवपरमात्मातथैवच॥ ऐतेचांशाहिरामस्यपूर्वचांतेचमध्यतः ( २१ ) हे गरुड़ श्रीरामचन्द्रकै प्रभुता सुनहु मैं अपनीयथामति कथा कहतहौं ( २२ ) ज्यहि प्रकारते मोको मोहभयउ है सो सम्पूर्णकथा मैं तुमको सुनावतहौं ( २३ ) हे तात श्रीरामचन्द्रकी कृपाके तुम भाजनहौ अरुहरिके गुणमें तुमको प्रीतिहै अरु मोको सुखदाता हौ ( २४ ) हे तात ताते तुमसे दुरावनहीं करतहौं श्रीरघुनाथ जीको परमजो रहस्य है मनोहर कही मनको हरिलेतहै सो मैं तुमको सुनावत हौं ( २५ ) हेतात श्रीरामचन्द्रकर सुभाव सहजही असहै सोतुम सुनहु अपने जनजेहैं ताकर अभिमानजो है त्यहिको कबहूं नहीं राखतेहैं ( २६ )

**यथामतिकथासुहाई २२ जेहिबिधिमोहभयउप्रभुमोहीं सोसबकथासुनावौंतोहीं २३ रामकृपाभाजनतुमताता हरिगुणप्रीतिमोहिंसुखदाता २४ तातेनहिकछुतुमहिंदुरावौं परमरहस्यमनोहरगावौं २५ सुनहुरामकरसहजसुभाऊ जनअभिमाननराखहिंकाऊ २६ संसृतशूलमूलप्रदनाना**

सकलशोकदायकअभिमाना २७ तातेकरहिंकृपानिधिदूरी सेवकपरममताअतिभूरी २८ जिमिशिशुतनब्रणहोइगोसाईं मातुचिरावैकठिनकिनाईं २९ दो०॥ यदपिप्रथमदुखपावै रोवैबालअधीर ब्याधिनाशहितजननी गनैनसोशिशुपीर ३० तिमिरघुपतिनिजदासकर हरहिंमानहितलागि तुलसिदासऐसेप्रभुहिं कसनभजौभ्रमत्यागि ३१॥ * * * * * *

काहेते संसृतकही जन्ममरण त्यहिकर जो है मूलकारण अविद्या अरुशूलकही नानाप्रकारके दुख अनेक शोक तेहि सबकर दाता अभिमान है ( २७ ) ताते ज्यहि सेवकके कौनौ अभिमानहोत है त्यहि अभिमानको श्रीरामचन्द्र दूरिकरतेहैं काहेते अपने सेवकपर बड़ी ममताहै ( २८ ) कैसे दूरिकरते हैं जैसे कोई बालकके ब्रणकही बरतोर होइ तब माताकठिनमन करिकै बालकको फोरा चिराइ डारती है ( २९ ) दोहार्थ॥ यद्यपि वह बालक प्रथम दुखपावतहै अधीर ह्वैकै रोवत है तदपि मातावहिकी ब्याधिके नाशहेतु वहिकी पीरको नहीं गनति है ( ३० ) तिमि त्यहीप्रकारते रघुपति अपने दासको मानहरते हैं दासके हितहेतु गोसाईं तुलसीदास कहते हैं कि हेप्राणिहु यहि संसाररूप भ्रमको यागिकै ऐसे प्रभुको कसनहीं भजतेहौ ( ३१ ) इतिश्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषविध्वन्सने उत्तरकाण्डेगरुड़भुशुण्डिसम्बादे श्रीरामस्वरूपपरात्परबर्णनन्नाम विंशतिस्तरंगः २०॥ :: :: :: :: :: :: :: :: :: :: ::

दोहा॥ बात्सल्यअद्भुतरसहिएकसुबीशतरङ्ग॥ मोहभुशुण्डियमोहगतरामचरणरतिरंग २१ हे खगेश रामचन्द्रकै कृपा अरु आपनि जड़ताई कहतहौं मनलगाइकै सुनहु ( १ ) जबजब श्रीरामचन्द्र अपने भक्तके निमित्तकमनुजतनधारी कही किशोरते बालरूप किंतु मनुज तनुधारीइव लीला करते हैं ( २ ) तबतब श्रीअयोध्याको मैं जाउं बालचरित बिलोकिकै हर्षकोप्राप्तिहोउँ ( ३ ) तहां श्रीरामचन्द्रकर जन्मउत्सव देखौं पांचबर्षलोभिरहौं ( ४ )

चौ०॥ रामकृपाआपनिजड़ताई कहौंखगेशसुनहुमनलाई १ जबजबराममनुजतनुधरहीं भक्तहेतुलीलाबहुकरहीं २ तबतबअवधपुरीमैंजाऊं बालचरितबिलोकिहरषाऊं ३ जन्ममहोत्सवदेखौंजाई बर्षपाँचतहँरहौंलोभाई ४ इष्टदेवममबालकरामा शोभाबपुषकोटिशतकामा ५ निजप्रभुबदननिहारिनिहारी लोचनसुफलकरौंउरगारी ६ लघुबायसबपुधरिहरिसंगा देखौंबालचरितबहुरंगा ७ दो०॥ लरिकाईंजहँजहँफिरहिं तहँतहँसंगउड़ाउं जूठनिपरैअजिरमहँ सोउठाइकरिखाउं ८ एकबारअतिशयप्रबल चरितकियेरघुबीर सुमिरतप्रभुलीलासोई पुलकितभयोशरीर ९ चौ०॥ कहैभुशुण्डिसुनहुखगनायक रामचरितसेवकसुखदायक १० नृप

मेरे इष्टदेव बालकरूप श्रीरामचन्द्रहैं जिनकी शतकोटि कामकै शोभाहै ( ५ ) हे उरगारिनित्यनित्य अपने प्रभुकी शोभा देखि देखि नेत्रनको सफल करौं ( ६ ) अरु तहां लघुबायसकर रूपधरिकै बालचरित बहु देखौंजाई ( ७ ) दोहार्थ॥ लरिकाईं में जहांजहां श्रीरामचन्द्र फिरहिं तहांतहां संगविषेमहूं उड़ा उड़ाफिरौं अरु जो जूठनि आंगनमें गिरहि उसेउठाइकै खाइलेउं जिसमें एकमात्रा कमतीहै प्रथमचरण बिषे सो दोहराछंदन ( ८ ) हे भरद्वाज एकबार श्रीरामलालजी बालअबस्थामें अतिशय चरितकीन तब सोई चरितसुमिरतसंते कागभुशुंडिको शरीर पुलकि आयोहै ( ९ ) हे भरद्वाज भुशुण्डि कहतेहैं हे गरुड़ श्रीरामचन्द्रकर चरित सेवकको सुखदायकहै ( १० ) तहां नृपजो दशरथ महाराजहैं तिनको मंदिर सबप्रकारते अति सुंदरहै अरु नानाजाति के कनक मणिनते खचितहैं ( ११ ) हे गरुड़ रुचिर अँगनाई बर्णिबेयोग्य नहीं है जहांनित्य चारिउभाई खेलते हैं ( १२ ) त्यहि अजिरमें श्रीरघुनाथजी बिचरते हैं बालबिनोद करते हैं अरु जननीको बहुप्रकारके सुखदेतेहैं ( १३ ) मर्कतकही श्यामणि मृदुकही कोमल ऐसी श्यामकलेवर

अरु अंग अंग प्रति कोटिन कामकी शोभाहै ( १४ ) नवीन राजीव अरुण तद्वतमृदु चरणहैं अरु पदकंज अरुअंगुली अति रुचिर हैं अरु नखनकी ज्यति सो चन्द्रमाकी द्युति हरतहै ( १५ ) अरुअतिललित चरण विषे कुलिश आदिक चिह्नहैं द्वौचरणविषे कहूं शास्त्रन विषे अठारह कहेहैं कहूँ बाइस कहे हैं कहूँ चौबीश कहे हैं कहूँ बत्तीसकहूँ अरतालिस कहेहैं यह मुनिनको मतहै चारीकही चरगमनविषे होत

मंदिरसुंदरसबभांती खचितकनकमणिनानाजाती ११ बरणिनजाइरुचिरअँगनाई जहँखेलहिंनितचारिउभाई १२ बालबिनोदकरतरघुराई बिचरतअजिरजननिसुखदाई १३ मरकतमृदुलकलेवरश्यामा अंगअंगप्रतिछबिबहुकामा १४ नवराजीवअरुणमृदुचरणा पदजरुचिरनखशशिद्युतिहरणा १५ ललितअंगकुलिशादिकचारी नूपुरचारुमधुररवकारी १६ चारुपुरटमणिरुचिरबनाई कटिकिंकिणिकलमुखरसोहाई १७ दो०॥ रेखात्रयसुंदरउदर नाभिरुचिरगंभीर उरआयतभ्राजतबिबिध बालबिभूषणचीर १८ चौ०॥ अरुणपाननखकरजमनोहरबाहुबिशालविभूषणसोहर १९ कंधबालकेहरिदरग्रीवा चारुचिबुकआननछबि सीवा २० कलबलबचनअधरअरुणारे दुइदुइदशनबिशदबरबारे २१ ललितकपोलमनोहरनासा सकलसुखदशशिकरसमहासा २२

है त्यहि चरणते अँगनाईविषे बिचरतेहैं अरु नूपुर चारु तिनको रवकहीशब्द अति मधुर है ( १६ ) चारुकही सुन्दरपुरटकही सुवर्णविषे मणिन की कणिनते जटित किंकिणी बनी हैं त्यहिकी मुखरकही शब्द कलनामशोभित है ( १७ ) हे गरुड़ उदरमें अति सुन्दर तीनिरेखाहैं नाभी गंभीर दाहिनावर्त अति रुचिर आयत कही चौंड़ी अरु बाल अवस्थाके बिभूषणअरु चीर अति सुन्दर हैं ( १८ ) अरुण हाथ हैं करज जे अँगुली हैं तिनके नख सबमनोहर हैं अरु विशाल भुजहैं भूषण संयुक्त अति सुन्दरहैं ( १९ ) अरु कन्ध कैसे हैं केहरि जो सिंहहै त्यहिको बालक त्यहिको ऐसो कन्ध उच्च पुष्ट अरु दरजो शंख त्यहिके तद्वत् ग्रीवा विषे तीनिरेखाहैं चिबुक नीलमणि इव गोल चारुकही सुन्दर हैं आनन जो है मुख सो त्रैलोक्य विषे जेती शोभा है त्यहिकी सीवकही मर्य्याद है ( २० ) कलबलकही तोतरे बचन हैं अधर अरुण हैं बिंबकी उपमाको हरत हैं अरु अति बिशद बारे कही बालअवस्था के दुइदुइ दशन हैं चन्द्रमाकी किरिणि को निन्दत हैं ( २१ ) अरु दोउकपोल नीलमणिको आदर्शवत् ललित हैं अरुमनोहरकही रुचिर नासिकाहै अरु सर्ब दुखदायक शशिकरइव हास है ( २२ ) अरु नीलकंज इव नेत्रहैं मातैं कज्जल दीनहै जाकी दिशि चितवत हैं त्यहिको संसार छूटि जात है अरु भालविषे गोरोचनको तिलक अति भ्राजत कही सुन्दर लागत है ( २३ ) बिकट कही टेढ़ी भृकुटी हैं मनोहर श्रवण समताई किन्तु श्रवण समकही बरोबरि हैं अरुशीशविषे केशश्याम सचिक्कण घुँघुवारे तिनकी छबि छाइरही है ( २४ ) हे गरुड़ अतिपीत झीनकही मिहीं झंगुली तनविषे शोभित है हे तातकिलकिकै चितवनि मोको अति भावत है ( २५ ) हे गरुड़ रूपके राशि

नीलकंजलोचनभवमोचन भ्राजतभालतिलकगोरोचन २३ बिकटभृकुटिसमश्रवणसोहाये कुंचितकचमेचकछबिछाये २४ पीतझीनझंगुलीतनसोही किलकनिचितवनिभावतमोही २५ रूपराशिनृपअजिरबिहारी नाचहिंनिजप्रतिबिंबनिहारी २६ मोसनकरहिंबिबिधबिधिक्रीड़ा समुझतचरितहोतमोहिंब्रीड़ा २७ किलकतमोहिंधरनजबधावहिं चलौंभागितबपूपदेखावहिं २८ दो०॥ आवतनिकटहँसहिंप्रभु भाजतरुदनकराहिं

**जाउंसमीपगहनपद फिरिफिरिचितयपराहिं २९ प्राकृतशिशुइवलीलादेखिभयउमोहिंमोह कौनचरित्रकरतप्रभु चिदानंदसंदोह ३० चौ०॥ यतनामनआनतखगराया रघुपतिप्रेरिततब्यापीमाया ३१ सोमाया**

श्रीरामचन्द्र नृपके अजिर बिहारी तहां खम्भा मणिनमय तेहि विषे अपनो प्रतिबिम्ब देखि देखि नाचते हैं यह जो शोभा बरणि आये हैं सो अनूपम है कहिबे योग्य नहीं है ताते इहां पदार्थे शोभा सिद्धि है ( २६ ) अरु मोसन बिबिध प्रकारते बालक्रीड़ा करहिं हे गरुड़ सोचरित समुझत सन्ते मोको ब्रीड़ाकही लज्जा लागतिहै ( २७ ) हे तात मोको किलकिकै धरैं धावहिं तब मैं भागिजाउँ तब मोको पुआ देखावहिं बोलावहिं ( २८ ) दोहार्थ॥ तहां जबमैं निकटको जाउँ तबवै हँसहिं अरु जबभागिजाउँ तब रुदन करहिं अरु जब समीप पदगहनको जाउँ तबडरिकै फिरि फिरि हेरि हेरि भागि जाहिं ( २९ ) हे तात प्राकृत शिशुइवलीला देखिकै मोको मोह भयउ प्रभुजी कवन चरित्र करतहहिं मैं तौ इनको सच्चिदानन्द सन्दोह जानतहौं सन्दोह कही सत्‌चित् आनन्द केसमूह तेप्रभु यह कौन चरित्र करतहहिं ( ३० ) यतना मन विषे आवत सन्ते श्रीरामचन्द्र की प्रेरणाते मोको माया व्यापतभई ( ३१ ) सोमाया मोको दुखदाई नहींभई जैसे आनजीव को होतिहै संसृत जन्म मरण करति हैं तसमोको नहीं ब्यापी है ( ३२ ) हे तात मोको जोमाया ब्यापी है सो इहां आनै कारण हैं सो हेहरियान तुम सावधान ह्वैकै सुनहु ( ३३ ) हे नाथ अखण्ड ज्ञान एकरस सीताबर हैं अरु मायाबश चराचर जीव हैं ( ३४ ) हे तात जो कोई जीवकर ज्ञान एकरसहै तौ जीवसे ईश्वरते कहौ कैसे भेदहै तहां जो कोई कहै कि जीवको एकरसज्ञानरहै ते जीवईश्वरते अभेद हैं तहां यह अर्थ नहीं बनै है काहेते जीव ईश्वरते कसभेदहै कि जीवको एकरस ज्ञानरहेते नहीं है ताते ईश्वरते अरु जीवते सदाभेदहै किन्तु जीवकर एकरस ज्ञानरहेते असभेद है

**नदुखदमोहिंकाहीं आनजीवइवसंसृतनाहीं ३२ नाथइहांकछुकारणआना सुनहुसोसावधानहरियाना ३३ ज्ञानअखंडएकसीताबर मायाबश्यजीवसचराचर ३४ जोसबकेरहज्ञानएकरस ईश्वरजीवहिभेदकहहुकस ३५ मायाबश्यजीवअभिमानी ईशबश्यमायागुणखानी ३६ परबशजीवस्वबशभगवंता जीवअनेकएकश्रीकंता ३७ मुधाभेदयद्यपिकृतमाया बिनुहरिजायनकोटिउपाया ३८**

जैसे भरत शत्रुहन लक्ष्मण हनूमान् इत्यादिक जे नित्य पार्षदहैं अरु ज्ञानकही अपने स्वस्वरूपमें नित्यहैं अरु अपरस्वरूप श्रीरामचन्द्र तिनके सेवक हैं ( ३५ ) हे तात काहेते कि मायाके बशते जीव अभिमानीह्वैरह्योहै अरु माया जो गुणकी खानि सो ईशके बश्यहै ( ३६ ) ताते जीवपरबश है अरु भगवान्स्वबशकही अपने बश्यहैं स्वतंत्रहैं अरुजीवपरतंत्र है अनेकहैं परमेश्वरकर अंशहैं तत्वएकहै व्यक्तिअनेक हैं तहां अनादिहीते माया जीवको संबंधहै तहां मायामें तीनिभेद हैं अविद्या विद्या आह्लादिनी तहां अविद्या के संबंधते जीवबद्ध है अरु विद्या के संबंधतः मुमुक्षु जीवन्मुक्तिहै अरु आह्लादिनीमय त्रिपादबिभूतिहै नित्य है अरु शुद्धजीव आह्लादिनी एकही तत्वहै अरुविद्या जीवको विशेषण ज्ञानविज्ञान इत्यादिक शुद्धगुणहै अरु कैसे जीवअनेकहैं जैसे अन्ततत्व एकहै व्यक्ति अनेक तैसे जीवअनेकहैं श्रीकंत परमेश्वरएकहै ऐसो अनादि हीतेहै तहां प्रमाण श्लोकार्द्ध गीतायां। ममैवांशोजीवलोकेजीवभूतसनातनः मकारंव्यञ्जनंचैवत्रिधाशक्तिस्वरूपिणी १ शक्तिराह्लादिनीविद्या सूत्रात्मकः स्वयं॥ पुनिरामायणे॥ रामरूपस्यतेजोयंजीवोवेदःप्रभाषितभेदोमतस्यसर्वेषामाचार्य्याणांवदामिते २। ( ३७ ) मायाकृतभेदमुधाकही मिथ्या हैतदपिश्रीरामचन्द्रकी कृपाबिना नहीं छूटिजाइ कोटि उपायकरै ( ३८ ) दोहार्थ॥ ताते श्रीरामचन्द्रके भजनबिना जोनिर्बाणपदचाहै तौनहींप्रीति होइ अपिकही निश्चय करिकै यद्यपि ज्ञानमान्है तदपि अज्ञान है जैसे बिनासींग पूंछकोपशुहै किंतु निश्चय ज्ञानीहै अरुश्रीरामचन्द्रके भजनबिना कैवल्यमुक्तिको चाहते हैं सो मुक्तिको प्राप्तिहोते हैं पर बिनाभजन कैवल्यमुक्ति कैसीहै जैसे बिनाश्रृंग पूंछको पशुअशोभित है तैसे ज्ञानकै मुक्ति अशोभित है ( ३९ ) हे तात देखिये तौ षोड़शउ कलायुक्त पूर्णमासीको चन्द्रमा उदयहोइ अरु अनेक नक्षत्र अपने तेजसंयुक्त उदयहोहिं अरु सुमेरुआदिक पर्वतनमें प्रचण्ड दावालागै पर रबिबिना रात्रीकोनाश नहीं होइ है ( ४० ) हे तात ऐसेही रामचन्द्रके भजनबिना जीवनको

दो०॥ रामचन्द्रकेभजनबिनु जोचहैपदनिर्बान ज्ञानवंतअपिसोपिनरपशुबिनुपूंछविषान ३९ राकापतिषोड़शउगै तारागणसमुदाइ सकलगिरिनदवलागैरबिबिनुरातिनजाइ ४० चौ०॥ ऐसेहिबिनुहरिभजनखगेशा मिटइनजीवनकेरकलेशा ४१ हरिसेवकहिं नब्यापअविद्या प्रभुप्रेरितब्यापैतेहिविद्या ४२ तातेनाशनहोइदासकर भेदभक्तिबाढ़ैबिहंगबर ४३ भ्रमतेचकितरामम्वहिंदेखा बिहँसेसोसुनुचरितबिशेखा ४४ त्यहिकौतुककरमरमनकाहू जानअनुजनमातपिताहू ४५ जानुपानिधायेम्वहिंधरना श्यामलगात अरुणकरचरना ४६

क्लेश नहींमिटै है कदाचित् जो ज्ञान करिकै कैवल्यप्राप्तिहोहि तौ सामीप्यमुक्तिको नहींप्राप्ति है जैसे कोई कंगाल है अरु भाजी मोटा अन्नखाइकै पेटभरे तैसे ज्ञानकी मुक्तिनिराशहै ( ४१ ) हे तात तहां हरिके सेवकनको अविद्या मायानहीं ब्यापती है काहेते हरिके सेवक अविद्या विद्या ते परेहैं जो कदापि कबहूं जीव धर्मकरिकै कौनौ अभिमानभयो किन्तु हरिविषे भ्रमभई तब किंचित् अविद्या कारण कहूंआइजाइ तौ हरिकी प्रेरणातें विद्या मायाब्यापती है काहेते कि जब छोट कांटागड़त है तब बड़ेकांटाते निकसत है तैसे प्रभु अपने दासनको विद्यामाया करिकै अविद्या निकासिडारते हैं उपरांत दोऊ जातरहत हैं तैसे मोको श्रीरामचन्द्र की प्रेरणाते विद्यामाया प्राप्तभई ( ४२ ) ताते हे गरुड़ रामभक्तनकर नाशकही जन्म मरण नहींहोइ गीतायां॥ कौंतेयप्रतिजानीहिनमेभक्तःप्रणश्यति॥ भेदकही सेवक सेव्य जीवविषे भावभक्तिकी अधिक वृद्धिहोती है ( ४३ ) तहां हे तात भ्रमते मोको श्रीरामचन्द्र चक्रितदेखा तब हँसतभये सो बिहँसिबेको चरित सुनहु ( ४४ ) तेहि बिहँसिबेके कौतुककर मर्म माता पिता अनुज काहूनहीं जाना है हे पार्वती काहेते कि एक स्वरूप कागभुशुण्डिको श्रीरामचन्द्रके समीप वैसैबना रहाहै बैसही लीला करतरहे हैं अरु एकस्वरूप उड़िगयो है सब लोकनविषे गयो ताते पिता अनुज नहीं जान्यो है ( ४५ ) तब जानुकही जांघ अरु पाणिकही हाथ ते जानु पाणिकरिकै घुटुरुवाचलि अतिशीघ्र मोको धरैचले श्यामल गात हैं अरुण करचरण हैं ( ४६ ) तब हे उरगारि मैं भागिचलेउँ तब श्रीरामचन्द्र मोरे धरिबेको भुजापसारते भये ( ४७ ) जिमि जिमि आकाशविषे दूरिदूरि उड़ाजातहौं तिमि तिमि हरिको भुज अपने पासहि देखतहौं ( ४८ ) दोहार्थ॥ हे तात तब मैं उड़त भूलोकजो है तेहिते उड़िकै भुवलोक कही मध्यस्थस्वर्गको गयउँ पुनि स्वःकही स्वर्ग इन्द्रलोक तहां गयउँ पुनि तहांते उड़िकै महर्लोकको गयउँ पुनि महर्लोकते जनलोकको गयउँ पुनि जनलोकते तपलोकको गयउँ पुनि तपलोकते सत्यलोक

तबमैं भागिचल्यउंउरगारी रामगहनकोभुजापसारी ४७ जिमिजिमिदूरिउड़ाउँअकासा तहँहरिभुजदेखौंनिजपासा ४८ दो०॥ ब्रह्मलोकलगिगयउंमैं चितवतपाछउड़ात युगअंगुलकरबीचसबरामभुजहिंममतात ४९ सप्ताबरणभेदकरि जहँलगिरहिगतिमोरि गयउंतहांप्रभुभुजनिरखि ब्याकुलभयउंबहोरि ५० मूंद्यउंनयनतृसितजबभयऊं पुनिचितवत

कोगयउँ हे तात छाआवरण भेदिकै सातवां आवरण सत्यलोकको गयउँतहउँ मैं प्रभुकर भुजा देखेउँ मोसे अरु श्रीरामचन्द्रके भुजाते दुइ अंगुल कर बीचरहा दुइअंगुलकही द्वैत मैं श्रीरामचन्द्र विषे आपन अज्ञान आरोपणकिहेउँ सोई दुइअंगुल ( ४९ ) पुनि हे तात सातआवरण ब्रह्मांडके भेदिगयउँ तहां सत्यलोकते अरु ब्रह्मांडके आवरणताईं एकसैबासठि कोटि योजनके अंतरायहै अरु ताबीचमें तीनिलोक आवरणहै सत्यलोक के उर्द्ध सोरहकोटियोजनको महर्लोक है जहां सनकादिक रहतेहैं ताके उर्द्ध बत्तिसकोटि योजन उमालोकहै पुनि तेहिकेउर्द्ध चौंसठि कोटियोजन शिवलोकहै पुनि शिवलोकते अरुब्रह्मांडके आवरणताईं पचासकोटिको अंतरायहैतहांसात आवरणकरिकै जो ब्रह्मांडहै सोकहतहौं भूमिजल अग्नि आकाश अहंकारतीनिउं गुणनकी एकताहै पुनि तेहिके ऊपर महत्तत्त्वहै तहांनीचेसे प्रमाणदेते हैं प्रथम पृथ्वीको आवरण पचासकोटि योजनकै मोटाई पीतरंगहै पुनिताके ऊपर जलको आवरण पांचसैकोटि योजनकीमोटाई जलको आवरण जैसे पालाजमै है तैसेई है ताको श्वेतरंग है पुनिताके ऊपर

अग्नितत्त्वको आवरणहै पांचहजारकोटि योजन कैमोटाई अंगारसरीखे जमिरह्यो है तेजोमय ताको लालरंगहै पुनिताके ऊपर पवनतत्त्वको आवरण पचासहजार कोटि योजनकैमोटाई पवनभरिरह्यो है जैसेबवंडर पवनकीराशि ताकोहरितरंगहै पुनिताकेऊपर आकाशतत्त्वकी आवरण सो पांचलाखकोटि योजनकी मोटाई महा अंधकाररूपभरिरह्योहै ताकोनीलरंग पुनिताकेऊपर अहंकारतत्त्वको आवरण पचासलक्षकोटि योजन की मोटाई परिपूर्ण ह्वैरह्यौ है ताको श्वेत पीतकालामिश्रित संकररंग है पुनि ताकेऊपर अहंकारतत्त्व को आवरण पांचसैल क्षकोटि योजनकी मोटाई है सो सबरंग करिकै युक्त येते सातआवरणकरिकै ब्रह्मांडगोला है तहां सातौ आवरण मिलेहैं इनमें अंतराय नहीं है तहां हे तात जो यह सातौ तत्त्वको भेदहै सो ब्रह्मांडके पारहोइ है तहां हेतात श्रीरामचन्द्रकी कृपासे महादेवकी अनुग्रह से मोको येती

कोशलपुरगयऊं ५१ मोहिंविलोकिराममुसुकाहीं बिहंसततुरतगयउं मुखमाहीं ५२ उदरमाँझसुनुअंडजराया देखेउं बहुब्रह्माण्डनिकाया ५३ अतिबिचित्रतहँलोकअनेका रचनाअधिकएकतेएका ५४ कोटिनचतुराननगौरीशा अगणितउड़गणरबि

शक्तिरहै तहां मैंसातौ आवरण भेदिगयउं पुनि तेहिके ऊपर जहांतक मोरिगतिरही तहांताई गयउं महाविष्णु को लोकजो ब्रह्मांडको कारण तेहि लोकको मैं भेदिगयउं पुनि महाशंभुको लोक जाको आदिज्योति कहतेहैं सो भेदिगयउं पुनि बासुदेवलोक जाको महाबैकुण्ठ कहतेहैं जहां वासुदेव संकर्षण अनरुद्ध प्रद्युम्न चतुर्ब्यूह रहतेहैं सो भेदि गयउं पुनिगोलोक एकलोकहै तेहिके मध्यपर श्रीअयोध्या इहां ताईं मोरिगतिरहै तहांप्राप्ति भयउं यहप्रसंग सदाशिव संहितामें प्रथम अध्यायमें प्रसिद्धहै तहांबालकांडमें यहचौपाई तिलकमें सबकहाहै चौपाई॥ रामधामदापुरीसोहावनि लोकसमस्त विदित जगपावनि॥ तहउं प्रभुकर भुज युगअंगुलकर बीचमोंसेरहै तबमैं देखिकै अकुलाइउठ्यों काहेते कि ऐसे श्रीरामचन्द्र विषे मोको भ्रमभयउ ( ५० ) हेतात तबमैं विकलह्वैकै नेत्रमूंदिलिहेउं पुनि तुरंत पलक खोलतभयउं पलक खोलत संते ओही कोशलपुर विषे प्राप्ति भयउं ( ५१ ) तब मोकहं बिलोकिकै श्रीरामचन्द्रमुसकात भये तहां बिहँसतसंते श्रीरामचन्द्रकी प्रेरणाते मुखके द्वार श्रीरामचन्द्रके हृदयमें प्राप्तिभयउं ( ५२ ) तहां हे गरुड़ श्रीरामचन्द्रके उदरविषे निकायकही अनेक ब्रह्मांड देखेउं ( ५३ ) तहां अनेकचित्र विचित्रलोक देखतभयउं अरु लोक प्रति भिन्नभिन्न कही अधिक अधिक रचना देखत भयउं ( ५४ ) तहां कोटिनब्रह्मा शिव अरु अगणित कही बहुत उड़गण सूर्य चन्द्रमा ( ५५ ) पुनि अगणित लोकपाल यमकालअरुपर्वत भूमि बिलास बिशाल ( ५६ ) पुनि अनेकसमुद्र अनेकनदी अनेकसर अनेकबिपिन अरु अनेक प्रकारकी सृष्टि ( ५७ ) सुर मुनिकिन्नरचारिखानि जीवचराचर जेकहिआये चौपाई॥आकर चारिलक्ष चौरासी। योनि भ्रमत यहजीवअविनासी ( ५८ ) दोहार्थ॥ हेतातजो कबहूं देखबेसुनवेमें न आयो अरु मनहूंमें नहीं समाइ सो समस्त अद्‌भुत देखेउंकवनिउं

रजनीशा ५५ अगणितलोकपालयमकाला अगणितभूधरभूमिबिशाला ५६ सागरसरिसरबिपिनअपारा नानाभांतिसृष्टिबिस्तारा ५७ सुरमुनिसिद्धनागनरकिन्नर चारिप्रकारजीवसचराचर ५८ दो०॥ जोनहिंदेखानहिंसुना जोमनहूंनसमाइ सोसबअद्‌भुतदेख्यउं बरणिकवनिबिधिजाइ ५९ एकएककब्रह्मांडमहँ रहेउंवर्षशतएक यहिबिधिदेखतफिरौंमैंअंडकटाहअनेक ६० चौ०॥ लोकलोकप्रतिभिन्नबिधाता भिन्नविष्णुशिवमुनिदिशित्राता ६१ नरगंधर्बभूतबैताला किन्नरनिशिचरपशुखगब्याला ६२ देवदनुजगणनानाजाती सकलजीवतहँआनहिंभांती ६३ महिसरसागरसरिगिरिनाना सबप्रपंचतहँआनैआना ६४ अंडकोशप्रतिप्रतिनिजरूपा देख्यउंजिनिसिअनेकअनूपा ६५ अवधपुरीप्रतिभुवननिहारी सरयूभिन्नभिन्ननरनारी ६६ दशरथकौशल्यासुनुताता

प्रकारते बरणी नहीं जाइहै ( ५९ ) हे गरुड़ श्रीरामचन्द्रके उदरके उदरमेंअनन्तब्रह्मांड देखेउं तहां एक एक ब्रह्मांडविषे सौसौ बर्षरहेउं ( ६० ) तहां ब्रह्मांडलोक जेहैं तेहिलोकलोक प्रति एकएक ब्रह्मांड देखेउं अरुब्रह्मांड प्रतिविष्णु शिवमनु अरु दशौदिग्पाल इन्द्रवरुण कुबेर यमराज इत्यादिक सो ब्रह्मांडप्रति जैसे अनंतब्रह्मांड हैं तैसे अनंतइनको स्वरूपमें देखेउं है ( ६१ ) अरु नर गंधर्ब भूत बैताल किन्नर निशिचर पशु खग ब्याल कही सर्पदेखेउँ ( ६२ ) देवता दानव इनके गणकही समूह नानाजाति के नानारूपके मैं देखा तहां सर्बजीवकी आकृतिआनै आनभांति देखेउँ ( ६३ ) महि सरसागर कहे समुद्र सरकहे तलाव गिरिकहे पर्वतनानाप्रकार के हे तात तहां सबप्रपंच आनै आनभांति देख्यउँ ( ६४ ) अरु अण्डकोश प्रति आपन स्वरूप देखेउँ अरु स्थान देखेउँ अरु अनेकजिनिसि अनूप अनूप देखेउँ ( ६५ ) अरु प्रतिब्रह्माण्ड श्रीअयोध्या देखेउँ अरु सरयूतथानरनारि भिन्नभिन्न देखेउँ ( ६६ ) अरु दशरथ कौशल्या अरु भरत लक्ष्मण शत्रुहन हेतात विविधरूपते सबप्रकार देखेउँ हेतात तहां अयोध्या अरु अयोध्याबासिनको नित्य बिभूति केनित्यजीव देखेउँ परि जीव धर्मते आकृत भिन्नभिन्न देखेउँ अपर प्रकृतिमय जीवदेखेउँ ( ६७ ) अरु प्रतिब्रह्मांड श्रीरामचन्द्रकर अवतार बाललीला अपार अनूप देखेउँ ( ६८ ) दोहार्थ॥ हे हरियान भिन्नभिन्न मैं सबदेखेउँ अगणित ब्रह्मांड मैं फिरेउँ पर रामचन्द्रकर स्वरूप आन न देखेउँ एकैस्वरूप आकृत देखेउँ अरु अपर जो देखेउँ सो सब भिन्न भिन्न स्वरूप अतिविचित्र आकृति देखेउँ ( ६९ ) हे गरुड़ जो पाछे कहिआयेहैं सो शिशुपन अरु सोईशोभा सोई कृपाल रघुवीर हे तात जो कहिआये हैं

**बिबिधरूपभरतादिकभ्राता ६७ प्रतिब्रह्मांडरामअवतारा देख्यउंबालबिनोदअपारा ६८ दो०॥ भिन्नभिन्नमैंदीखसबअतिबिचित्रहरियान अगणितभुवनफिरेउंमैं रामनदेखेउंआन ६९ सोइशिशुपनसोइशोभासोइकृपालुरघुबीर भुवनभुवनदेखतफिरौं प्रेरितमोहसमीर ७० चौ०॥ भ्रमतमोहिंब्रह्मांडअनेका बीतेमनहुंकल्पशतएका ७१ फिरतफिरतनिजआश्रमआयउं तहंरहिपुनिकछुकालगंवायउं ७२ निजप्रभुजन्मअवधसुनिपायउं निरभरप्रेमहरषिउठिधायउं ७३ देख्योंजन्ममहोत्सवजाई ज्यहिबिधिप्रथमकहामैंगाई ७४ रामउदरदेखेउंजगनाना देखतबनैनजाइबखाना ७५ तहँपुनिदेखेउंरामसुजाना मायापतिकृपाल**

तेहीरीतिते भुवन भुवन अनेक अनेक मोहरूपी पवन तेहिकी प्रेरणाते मैं देखतफिरौं ( ७० ) हेतात येहीरीतिते अनेक ब्रह्मांडविषे भ्रमत संते मोको मानहु शतकल्पबीते हैं ( ७१ ) तहां फिरत फिरत सबै अपने आश्रमको आवतभयउँ तहां रहिकै कछुकाल ब्यतीतकिहेउँ ( ७२ ) पुनि अपने प्रभुको जन्म श्रीअयोध्यामें सुनेउँ निर्भरकही शरीरकी सुधिनहींरहै ऐसे प्रेमते हर्षिकै उठिधावत भयउँ ( ७३ ) तहां जन्ममहोत्सव देख्योंजाइ जेहिप्रकारते मैं तुमसे प्रथमगाइकै कहाहै ( ७४ ) तहां श्रीरामचन्द्रके हृदयविषे नानाप्रकारके जगत् देखत भयउँ समुझबेमें आवतहै बखानिकै नहीं कहा जाइ है ( ७५ ) तहां पुनि श्रीरामचन्द्र जो सुजान हैं तिनको देखेउँ कैसे श्रीरामचन्द्र हैं मायापति हैं कृपालहैं भगवान् हैं ( ७६ ) तबमैं बहोरि बहोरिकही बारबार बिचार करतहौं मोहते कलित मोरिमतिभोरीकही बौरही होइगईहै ( ७७ ) हेतात उभयकही दुइदण्ड मेंसंपूर्ण देखा तहां मनमें विशेष मोहको प्राप्तिहोइकै श्रमितभयउँ ( ७८ ) दोहार्थ॥ तब कृपाल श्रीरामचन्द्रने अपने अंतष्करणमें मोको बिकल देखा तब बिहँसतभये तब बिहँसतसंते मैं मुखके बाहर आवतभयउँ हे मतिकेधीर सुनहु ( ७९ ) हे तात सोई लरिकाई मोसे श्रीरामचन्द्र करनेलगे मैं अपने मनको कोटिप्रकारते समुझावों परन्तुमन विश्रामको नहीं प्राप्तिहोय ( ८० ) तहां यह बालचरित्रदेखे अरु वह प्रभुता समुझेउँ तब बिकलह्वैकै देहकीदशा भूलिगई ( ८१ ) ताते वोही अँगनाई में मैंगिरिपरेउँ बोल नहीं फूटै है त्राहि त्राहि हे आरत जन त्राता त्राहि मोको

भगवाना ७६ करौंबिचारबहोरिबहोरी मोहकलितब्यापितमतिभोरी ७७ उभयघरीमहँमैंसबदेखा भयउंभ्रमितमनमोह विशेखा ७८ दो०॥ देखिकृपालबिकलमोहिंबिहँसेतबरघुबीर बिहँसतहीमुखबाहेर आयउंसुनुमतिधीर ७९ सोइलरिकाईमोहिंसनकरनलगेपुनिराम कोटिभांतिसमुझावौंमननलहैबिश्राम ८० चौ०॥ देखिचरितयहसोप्रभुताई समुझतदेहदशाबिसराई ८१ धरणिपरेउंमुखआवनबाता त्राहित्राहिआरतजनत्राता ८२ प्रेमाकुलमोप्रभुहिबिलोकी निजमायाप्रभुतातबरोकी ८३ करसरोजप्रभुममशिरधरेऊ दीनदयालसकलदुखहरेऊ ८४ कीनराममोहिंबिगतबिमोहा सेवकसुखदकृपासंदोहा ८५ प्रभुताप्रथमबिचारिबिचारी मनमहँहोइहर्षअतिभारी ८६ भक्तवत्सलताप्रभुकैदेखी उपजीममउरप्रीतिविशेखी ८७ सजलनयनपुलकितकरजोरी कीन्ह्योबहुविधिविनयबहोरी ८८ दो०॥ सुनिसप्रेमममबाणी देखिदीननिजदास बचनसुखदगम्भीरमृदु बोले रमानिवास ८९

त्राहि ( ८२ ) तब प्रेमते ब्याकुल मोहकरिकै मोको श्रीरामचन्द्रदेख्यो तब अपनी मायाकी प्रभुताको रोकतभये ( ८३ ) तब कृपालु श्रीरामचन्द्रने कमलकर मोरे शीश परधरेउ सम्पूर्ण क्लेश दीनदयाल हरिलीनहै ( ८४ ) तब मोको श्रीरामचन्द्र मोहते बिगतकीन काहेते कि सेवक के सुखदाता कृपाके समुद्रहैं ( ८५ ) प्रथम प्रभुता बिचारिकै मोरे मनमें अति आनन्द होत है ( ८६ ) प्रभुके भक्तवात्सल्य गुणको देखिकै तबमोरे मनमें विशेष प्रीति भई ( ८७ ) तब शरीर पुलकिकै नेत्रमें जलभरिकैकर कही द्वौपंख जोरिकै बहुबिनती बारम्बार करतभयो ( ८८ ) दोहार्थ॥ तब प्रेमसंयुक्त मेरी बाणी सुनिकै आपन निजदास जानिकै सुखदाई बचन अतिगंभीर बोलतेभये रमानिवास अनेक ब्रह्माण्ड में रमिकै माकाशकर्ता अन्तर्य्यामी रूप श्रीरामचन्द्र हैं ताते रमानिवासकहा किंतुसंपूर्णरमालक्ष्मी विषे निवास किंतु लक्ष्मीका जिनविषे निवासहै ( ८९ ) तब श्रीरामचन्द्र बोले हे कागभुशुण्डि बरमांगु मोको अति प्रसन्नजानिकै अणिमादिक अष्ट सिद्धी अरु गुणसम्बन्धी दशसिद्धी अरु पांच अल्प सिद्धी अरु अपर नवौनिधि इत्यादिक जोचाहै सोमांगु सिद्धिन निद्धिनके नामआगे ज्ञानदीपके प्रसङ्ग में कहैंगे किन्तु चारिप्रकारकी मोक्ष सुखकी खानि सोमांगु ( ९० ) वैराग्य ज्ञान विज्ञान जो मुनिनको दुर्लभ गुणहै अनेकसो लेहु आजुमैं सब देउँगो यहिमें संशय नाहीं है जो तेरे मन में

कागभुशुण्डिमाँगुबर अतिप्रसन्नम्वहिंजान अणिमादिकसिधिअपरनिधि मोक्षसकलसुखखानि ९० चौ०॥ ज्ञानबिबेकबिरतिबिज्ञाना मुनिदुर्ल्लभगुणजेजगजाना ९१ आजुदेउंसबसंशयनाहीं माँगुजोतोहिंभावमनमाहीं ९२ सुनिप्रभुबचनअधिकअनुराग्यउं मनअनुमानकरनअसलाग्यउं ९३ प्रभुकहदेनसकलमुखसही भक्तिआपनीदेननकही ९४ भक्तिहीनगुणसबसुखकैसे लवणबिनाबहुब्यंजनजैसे ९५ भजनहीनसुखकवनेकाजा असविचारिबोल्योंखगराजा ९६ जोप्रभुह्वैप्रसन्नबरदेहू मोपरकरहुकृपाअरुनेहू ९७ मनभावतबरमागौंस्वामी तुमउदारउरअन्तरयामी ९८ दो०॥ अविरलभक्तिविशुद्धतव श्रुतिपुराण जोगाव ज्यहिखोजतयोगीशमुनि प्रभुप्रसादकोउपाव ९९ भक्तिकल्पतरुप्रणतहित कृपासिंधुसुखधाम स्वइनिजभक्तिमोहिंप्रभु

भावै सो मांगु ( ९२ ) हे गरुड़ प्रभुके बचन सुनिकै अति प्रीतिपूर्वक अपने मनमें अपमान करै लागेउँ ( ९३ ) यहबिचार मोरे मनमेंआयो कि श्रीरामचन्द्र सम्पूर्ण गुण देनकह्यो अरुअपनी भक्तिको नामलैकैनहीं देनकह्यो ( ९४ ) तबमैं विचार किहेउँ कि हेतात भक्ति बिना सगुणकैसे हैं जैसे बिनालोनकर व्यञ्जन फीक होत है ( ९५ ) काहेते भजनते

हीनहै ते अनेक गुण कौने काजकेहैं हे खगराज इहै बिचारि करिकै बोलेउँ ( ९६ ) हे प्रभु जो प्रसन्नह्वैकै बरदेहु औ मोपर कृपा अरु स्नेह करहु ( ९७ ) तौअबमैं अपने मनभावत बरमांगतहौं काहेते तुम उदार अरु अन्तर्य्यामी हौ सबके अन्तष्करण की जानतेहौ ( ९८ ) दोहार्थ॥ ताते अबिरलभक्तिकही सघनको श्वासाश्वासाप्रति प्रेमसहित श्रीरामचन्द्रको सुमिरण अन्तष्कराय नपरै चित्तकै वृत्ति अखण्ड तैलवत्धार श्वासा रूपमें लगीरहै सो अति बिशुद्ध है वेदपुराण जिसे कहतेहैं अरु ताही भक्तिको योगी मुनीश परमहंस खोजते हैं परतुम्हारी कृपाते कोई कोई पावते हैं ( ९९ ) हे श्रीरामचन्द्र तुम्हारी भक्ति भक्तन को कल्पतरु है हे कृपासिन्धु सुखके धाम सोभक्ति हमको देहु ( १०० ) हे पार्वति रघुकुलके नायकने एवमस्तु कहा पुनि परम सुखदायक बचन बोलते भये ( १०१ ) हे बायस तैं परम सयानहसि अब बरदान कस न मांगसि ( १०२ ) हे बायसतैं तोरे समान जगत्में बड़भागी कोई नहीं है काहेते सबसुखकै खानिभक्ति सो तैं माँगि लीनहै ( १०३ ) जो भक्तितैं मांगी है सो कोटिनयतनते मुनिनको दुर्लभ है जे जपयोगरूप जो अनलतामें तनको दाहि-

**देहुदयाकरिराम १०० चौ०॥ एवमस्तुकहिरघुकुलनायक बोलेबचनपरमसुखदायक १०१ सुनुबायसतैंपरमसयाना काहेनमाँगसिअसबरदाना १०२ सबसुखखानिभक्तितैंमाँगी नहिंजगकोउत्वहिंसमबड़भागी १०३॥ जोमुनिकोटियतननहिंलहहीं जेजपयोगअनलतनदहहीं १०४ रीझेउंदेखितोरिचतुराई माँग्यहुभक्तिमोहिंअतिभाई १०५ सुनुबिहङ्गप्रसादअबमोरे सबशुभगुणबसिहहिंउरतोरे १०६ भक्तिज्ञानबिज्ञानबिरागा योगचरित्ररहस्यबिभागा १०७ जानबतैंसबहीकरभेदा ममप्रसादनहिंसाधनखेदा १०८ दो०॥ मायासम्भवसकलभ्रमअबनहिंब्यापिहितोहिं जान्यसुब्रह्मअनादिअज अगुणगुणाकरमोहिं १०९ मोहिंभक्ति प्रियसन्तत असबिचारिसुनुकाग कायबचनमनममपद करिसुअचलअनुराग ११० चौ०॥ अबसुनुपरमविमलममबानी सत्य**

डारतेहैं तिनको अतिदुर्लभ है ( १०४ ) ताते तोरि चतुराई देखिकै मैं रीझेउं काहेते मोरेमनभावती भक्तिमांगेहुहै ( १०५ ) हे बिहंग अबमोरे प्रसादते संपूर्णगुण सुख रूप तोरे हृदयमें बसहिंगे ( १०६ ) हे कागभुशुण्डि ज्ञानबैराग्य योग अरु अनेक प्रकारके मेरेशुभ चरितकै रहस्य बिभागकही भिन्नभिन्न जानैगो ( १०७ ) मेरे प्रसादते तैं इनसबहीको भेदजानैंगो अरु मेरे प्रसादते कौनिउँसाधनाकर खेदनहीं होइगो ( १०८ ) दोहार्थ॥ हे भुशुण्डि मायाते संभव जो अनेक भ्रमहैं सो तोको अब नहींब्यापिहि पर अनादिब्रह्म अजन्मा अरु अगुण जो निर्गुण तत्त्व अरु सगुणतत्त्व जो दूनौंके आकारकहे खानि सो मोको जानहुं ( १०९ ) पुनिसामान्यअर्थ किंतु निर्गुण मोहींको जानु अरु गुणनकी खानि जानु हे भुशुण्डि भक्ति मोको बहुतप्रिय है इहै जानिकै मेरे चरणारबिंद बिषेमन बचन कर्म करिकै अनुराग किहेरहेहु ( ११० ) हे भुशुण्डि अब परम बिमलबाणी मोरिसुनु सत्य है अरु सुगम है जाको निगमआदिक बखानते हैं ( १११ ) अब मैं आपन सिद्धान्त तोको सुनावतहौं ताहि सुनिकै मनमें धारण करिकै सबतजिकै मोकोभजु ( ११२ ) हे भुशुण्डि सुनमोरी मायाते संसारकी संभव उत्पत्ति है तेहि संसारविषे चराचरजीव नाना प्रकारके हैं ( ११३ ) तहां सर्बजीव मेरे उपजाये हैं अरु सबमोको प्रियहैं पर तिनमें मनुष्यतन मोको विशेषप्रिय है ( ११४ ) पुनि तिन मनुष्यन विषे ब्राह्मण अधिकप्रिय है अरु तिनमहँ जो निगमकी रीतिचलते हैं ते बहुतप्रियहैं अरु तिनमें जो वेदवेत्ताहैं सोअधिकप्रिय हैं ( ११५ ) पुनितिनमें जो विरक्त हैं विषयत्यागे हैं ते अधिकप्रिय हैं पुनि तिनमें ज्ञानी जाको अपनी आत्मामें जानते हैं सो अधिक प्रिय हैं तिनमें विज्ञानी कही

**सुगमनिगमादिबखानी १११ निजसिद्धान्तसुनावोंतोहीं सुनिमनधरुसबतजिभजुमोहीं ११२ ममसायासम्भवसंसारा जीवचराचरविविधप्रकारा ११३ सबममप्रियसबममउपजाये सबतेअधिकमनुजम्वहिंभाये ११४ तिनमहँद्विजद्विजमहँश्रुतिधारी तिनमहँनिगमधर्म्मअनुसारी ११५**

तिनमहँपुनिविरक्तपुनिज्ञानी ज्ञानिहुंतेअतिप्रियबिज्ञानी ११६ तिनतेपुनिम्वहिंप्रियनिजदासा ज्यहिगतिमोरिनदूसरिआसा ११७ पुनिपुनिसत्यकहौंत्वहिंपाहीं म्वहिंसेवकसमप्रियकोउनाहीं ११८ भक्तिहीनबिरञ्चिकिनहोई सबजीवनसमप्रियम्वहिंसोई ११९ भक्तिवन्तअतिनीचहुप्राणी मोहिप्राणप्रियअसममबाणी १२० दो०॥ शुचिसुशील

विशेषज्ञान कही ब्रह्मज्ञान सो अतिप्रिय है ( ११६ ) तिनहूंमें मेरेनिजदास प्रियहैं जिनको एकमेरीगति है दूसरेकी आशनहीं है कर्मकाण्ड ज्ञानकाण्ड चारिउफल इत्यादिक एकौकी आशनहीं है ( ११७ ) पुनि पुनि मैं तोसे सत्यप्रण करिकै कहतहौं मोको अपने सेवकके समान दूसर प्रिय नहीं है ( ११८ ) पुनि मेरी भक्तिते हीन जो कदाचि ब्रह्माहोइ तौ जैसेसर्वजीव मोको प्रिय हैं तहां अभिप्राय है कि जो कदाचित् ब्रह्मके समान सामर्थ कोई जीवहोइ सृष्टिकर्त्ता बेदकर्त्ता वक्ता अरु महाकल्पभरि जीवनहोइ अरु मेरीभक्तिते हीनहोइ तौ जैसे सर्वजीव मेरी विभूतिमें कार्यकर्त्ताप्रियहैं तैसे वहभीहै ( ११९ ) अरु हे भुशुण्डि अतिनीच जो प्राणी होइ अरु बर्णाश्रमहीनहोइ अरु मोरनिजदास भक्तिवंतहोइ सो मोको प्राणसमप्रियहै यहमेरी सत्यबाणीहै ( १२० ) दोहार्थ॥ हेतात शुचिकहीपवित्र सुशील कही सहनशील अरु सुमति ऐसो जो सेवकहै कहु काको नहीं प्रियलागत है सब स्वामिन को प्रियलागत है यह नीति पुराण श्रुतिकहते हैं सो सावधान होइकै सुनहु ( १२१ ) हेभुशुण्डि जैसे एक पिता के बिपुल कही बहुत पुत्र हैं तिनके भिन्न भिन्न गुण हैं भिन्न गुण शीलआचरण हैं ( १२२ ) तिनमें कोई पण्डित है कोई तपस्वी है कोई ज्ञानी है अरु कोई धनवन्त है कोई शूरहै कोई दाता है ( १२३ ) कोई सर्वज्ञहै कोई धर्मरत है पर सबके ऊपर पिताकै सम प्रीति है ( १२४ ) अरु कोई मन बचन कर्म करिकै पिताको भक्त है सपनेहुँ विषे दूसर धर्म कोनहीं जानत है ( १२५ ) अरु सो सुत जो पितृभक्तहै सो पिताके प्राणसम प्रियहै यद्यपि सब गुण करिकै अज्ञान है पर पिताको अनन्य भक्तहैदृष्टांत है ( १२६ ) हेभुशुण्डि यहि प्रकारते यहि संसारमें जेते चरअचर

सेवकसुमति प्रियकहुकाहिनलाग श्रुतिपुराणकहनीतिअसिसावधानसुनुकाग १२१ चौ०॥ एकपिताकेबिपुलकुमारा होहिंपृथक्गुणशीलअचारा १२२ कोउपण्डितकोउतापसज्ञाता कोउधनवन्तशूरकोउदाता १२३ कोउसर्ब्बज्ञधर्म्मरतकोई सबपरप्रीतिपितहिसमहोई १२४ कोउपितुभक्तबचनमनकर्म्मा सपन्यहुंजाननदूसरधर्म्मा १२५ सोसुतप्रियपितुप्राणसमाना यद्यपिसोसबभाँतिअयाना १२६ यहिविधिजीवचराचरजेते त्रिजगदेवनरअसुरसमेते १२७ अखिलबिश्वयहमोरिउपाया सबपरमोरिबराबरिदाया १२८ तिनमहँजोपरिहरिमदमाया भजहिंमोहिंमनबचअरुकाया १२९ दो०॥ पुरुषनपुंसकनारिनर जीव

जीवहैं त्रिजग देवता नर असुर इत्यादिक तहां देव नर असुर छोड़िकैअपर सब जीवन की त्रिजग संज्ञाहै अरु त्रिजगको अर्थ कोई और रीति सों कहते हैं सो जहां होइ तहां होइ इहां जो हमकहा सोई अर्थ सिद्धहै ( १२७ ) हे काग अखिल कही समूह यह सम्पूर्ण विश्व मेराही उप राजा है अरु सबपर मेरी बराबरि दाया है ( १२८ ) तिनमें जो मोहमद मायाको परिहरिकै त्यागिकै मन बचन कर्मते मोको भजतेहैं ( १२९ ) दोहार्थ॥ हे भुशुण्डि नपुंसक जो पुरुष हैं और सर्ब नरजेहैं अरु नारिजेहैं अरु चराचर कोई जीवहोहिं सम्पूर्ण कपटतजिकै सर्वभावते मोको भजै सो मोको परमप्रिय है सर्वभाव कही सर्वजीवन विषे मोको व्याप्तदेखै तिनमें गऊ ब्राह्मण तीर्थ विषे मेरी प्रसन्नता अधिकमानै अरु सम्पूर्ण देवतन को सामान्य विशेष मेरी विभूति मानै अरु मेरी प्रतिमामेरी लीला अरु जहाँ कहूँ मेरे सम्बन्धते कहूँ पावै अरु सन्तन को मेरो स्वरूप मानै ताको सर्वभाव कही पुनि कपटकही देव दानव मनुष्य पशुपक्षी बर्णाश्रम अन्त्यजजाति बर्णाश्रमके अभिमान मानै है सो त्यागिदेइ अन्यच्च श्लोक॥ श्रीमद्रामस्वरूपतोजनबपुर्भिन्नंनजातंक्वचित्

मीनाद्यारघुनाथयादवपतिस्सर्वेवतारायथा॥ इत्थंयेप्रतिबोधयन्ति स्वजनान्रामः प्रसन्नस्सदा नित्यञ्चैवनमामिरामचरणस्तेभ्योपि सद्भ्योनमः ( १३० ) सोरठार्थ॥ हे खगमैं तोसे सत्यकहतहौं शुचि सेवक जेहैं तेमेरे प्राणप्रिय हैं अस बिचारिकै मोको भजु सम्पूर्ण आश भरोस त्यागिकै ( १३१ ) इतिश्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषविध्वंसने उत्तरकांडेकागभुशुण्डिगरुड़संबादेबाललीलाकागभुशुण्डि बर्णनन्नामएकविंशस्तरंगः२१॥ :: :: :: :: ::

चराचरकोइ सर्वभावभजिकपटतजिमोहिंपरमप्रियसोइ १३० सो०॥ सत्यकहौंखगतोहिंशुचिसेवकममप्राणप्रिय असबिचारिभजुमोहिं परिहरिआशभरोससब १३१॥ * * * * * * *

चौ०॥ कबहुंकालनहिंब्यापिहितोहीं सुमिरेसुभजेसुनिरंतरमोहीं १ प्रभुबचनामृतसुनिनअघाऊं तनपुलकितमनअतिहर्षाऊं २ सोसुखजानैमनअरुकाना नहिंरसनापहँजाइबखाना ३ प्रभुशोभासुखजानहिंनयना कहिकिमिसकहिंतिनहिंनहिंबयना ४ बहु

दोहा॥ दुइअरुबीसतरंग में तत्वनकोदृष्टान्त॥ रामचरणश्रीरामकी प्रभुताअतिरसशांत २२॥ अब तोको काल कबहूं न ब्यापिहि पर मोरसुमिरण भजन निरन्तर न छूटै सुमिरण कही चित्तकै वृत्ति अखण्ड एकरस सर्वकाल में लगीरहै पुनि भजनकही भजसेवा विषे होतहै ताते बाह्यांतर भगवत् भागवतकै कैंकर्य प्रतिमा में अरु मानसीमें मन कर्म बचनते लगारहै परदूनौंको एकही जानै ( १ ) हेगरुड़ प्रभुके अमृतमय बचन सुनिकै मैं नहीं अघाउँ तन पुलकित भयोहै अरु मनविषे बारबारअति हर्षाउँ ( २ ) हे गरुड़जी श्रीरामचन्द्रके बचनको सुख कान अरु मनजानै है रसनाते नहीं बखानिकै कहा जात है ( ३ ) हे गरुड़ श्रीरामचन्द्रकी शोभाकर सुख नेत्र जानतेहैं पर तिनके रसना नहीं है ताते वे नहीं कहि सकतेहैं तहां मन श्रवण नेत्र तीनिहूँके रसना नहींहै ताते श्रीरघुनाथजी की बाणीकर सुख अरु तनकी शोभा कहि नहीं सकतेहैं ( ४ ) बहुत प्रकारते मोको प्रबोधिकै बरदान सुखदैकै फेरिशिशु कौतुककरने लगे ( ५ ) तब सजल नयन करिकै भूख संयुक्त मुख रूख करिकै माता की दिशि देखते भये ( ६ ) तब माताने देखिकै आतुरउठि दौरिकै मृदुबचन लाललाड़िले कहिकै गोदमें उठाइलीन ( ७ ) तब गोद में राखिकै पयपान करावती भई पुनि श्रीरघुनाथजी कर चरित्र ललितताको गानकरती भई किन्तु हे गरुड़ रघुनाथकर चरित अति ललित हम तुमसे गानकीन ( ८ ) सोरठार्थ॥ हे गरुड़ जेहि बाल लीला सुख के हेतु पुरारिअशुभवेष धरे हैं तेहि सुख विषे अवधपुरी के नरनारि सन्तत कही निरन्तर मगन हैं तहां अशुभ वेष क्योंकियो तहां जब अशुभ वेषकरिकै योगी बनिकै श्रीमहादेव श्रीरघुनाथजीके समीप अवधमें जाते हैं तब देखिकै किलकि किलकि हँसतेहैं अरु समीपते भिन्न भिन्न नहीं जाइदेते हैं तातै तेहि सुख निमित्त अशुभ वेष किहे हैं किन्तु वैराग्य देखावते

विधिम्वहिप्रबोधिसुखदेई लगेकरनशिशुकौतुकतेई ५ सजलनयनकछुमनकरिरूखा चितैमातुलागीअतिभूखा ६ देखिमातुआतुरउठिधाई कहिमृदुबचनलियेउरलाई ७ गोदराखिकराइपयपाना रघुपतिचरितललितकरिगाना ८ सो०॥ ज्यहिसुखलागिपुरारि अशुभवेषकृतशिवसुखद अवधपुरीनरनारि त्यहिसुखमहँसन्ततमगन ९ स्वइसुखकोलवलेश जिनबारकसपनेलह्यउ तेनहिंगनहिंखगेश ब्रह्मसुखहिंसज्जनसुमति १० चौ०॥ मैंपुनिअवधरह्यउं कछुकाला देख्यउबालबिनोदरसाला ११ रामप्रसादभक्तिबरपायउं प्रभुपदबन्दिनिजाश्रमआयउं १२ तबतेमोहिंनब्यापीमाया जबतेरघुनायकअपनाया १३ यहसबगुप्तचरितमैंगावा

हैं अरु जो पदार्थ संसारमें कोई नहीं ग्रहणकरैहै सो महादेव ग्रहणकिहेहैं कि जो ऐसी वैराग्य संयुक्तरहै सो श्रीरामचन्द्रके सुखको प्राप्तिहोइ ( ९ ) सोई बाललीला के चरित कर सुख तेहिके एक लवकरलेश को जिन बारककही एक दुइबार सपनेहुँ में प्राप्तिभये तेसज्जन सुमतिमान् ब्रह्मसुखको नहीं गनैहैं लवकही जो पलककी बरौनी डोलती हैं तेहिकरलेश कही षोड़शभाग ( १० ) हे गरुड़ तहां मैं कछुकाल श्रीअयोध्यामें रहेउं श्रीरामचन्द्रकर बालबिनोदरसको आलयकही स्थान सो आनन्दपूर्वक देखेउं ( ११ ) पुनि श्रीरामचन्द्रकर प्रसादकही प्रसन्नताते भक्ति बरदान पाइकै प्रभुके पद बंदिकै आज्ञा पाइकै अपने आश्रमको आवतभयउं ( १२ ) हे तात तबते फिरि मोको मायानहीं ब्यापी जबते श्रीरघुनाथजी ने मोको अपनायो है ( १३ ) हे तात यह सब चरित गुप्तमैंहीं जानतहौं जेहिप्रकारते हरिकी मायाने मोकोनचायो है सो सबमैं तुमसे कहेउं ( १४ ) हे खगेश अबमैं आपन अनुभव कहतहौं बिनारामचन्द्रके भजन जोकोटि उपायकरै तौ जीवकरकलेश नहीं मिटैहै ( १५ ) हेखगराय श्रीरामचन्द्रकी कृपाबिना रामचन्द्रकी प्रभुता नहीं जानी जाइहै श्रीरामचन्द्रकी कृपा तब जानिये जबबिशुद्ध संतनकी संगतिहोइ चौपाई॥ संतबिशुद्ध मिलहिंपरतेहीं। चितवहिं रामकृपाकरिजेहीं ( १६ ) अरु श्रीरामचन्द्रके प्रभुता जानेबिना श्रीरामचन्द्रविषे प्रतीति नहीं होइहै अरु बिना प्रतीति प्रीतिनहीं होइहै ( १७ ) अरु बिनाप्रीति भक्ति नहीं दृढ़होइ कैसे जैसे जलकी चिकनाई जबताईं जल के भीतररह्यो तबताईं शरीरमें चिकनाई बनीरहै है अरु जबजलसे निकस्यो तब जल की चिकनाई जातीरही तैसेबिना प्रीति श्रीरामचन्द्रकी भक्ति नहीं दृढ़

**हरिमायाजिमिमोहिंनचावा १४ निजअनुभवअबकहौंखगेशाबिनुहरिभजननजाहिंकलेशा १५ रामकृपाबिनुसुनुखगराई जानिनजाइरामप्रभुताई १६ जानेबिनाहोइनहिंप्रीती बिनुपरतीतिहोइनहिंप्रीती १७ प्रीतिबिनानहिंभक्तिदृढ़ाई जिमिखगेशजलकैचिकनाई १८ सो०॥ बिनुगुरुहोइकिज्ञान ज्ञानकिहोइविरागबिनु गावहिंवेदपुराण सुखकिलहियहरिभक्तिबिनु १९ कोउबिश्रामकिपाव तातसहजसन्तोषबिनु चलैकिजलबिनुनाव कोटिभांतिपचिपचिमरिय २० चौ०॥ बिनुसन्तोषनकामनशाहीं**

होइहै कैसे जैसे जबताईं संयोगसे संतनकी संगतिमें कथा बार्त्ता सुनतसंते भक्तिबनीरही जबसंगति छूटी तब भक्ति जातीरही ( १८ ) सोरठार्थ॥ हे गरुड़ जैसे बिना गुरु ज्ञान नहीं अरु बिना वैराग्य ज्ञाननहीं तैसे वेदपुराण गावते हैं श्रीरामचन्द्रकी भक्ति बिना यहि जीवको कबहूं सुख नहीं है तहां गुरु वैराग्य दुइकरिकै ज्ञानकी उत्पत्तिकहाहै जैसे सूर्य अरुदर्पण जब दोऊको संयोग होइ तब अपनो मुख देखिपरैहै पुनिजब पति पत्नीहोइ तबपुत्रकी उत्पत्तिहोइ काहेते कि गुरुअनेक उपदेशकरते हैं अरु शिष्यके वैराग्य नहीं है तब ज्ञाननहीं उत्पन्नहोइ अरु कोई सास्त्र सुनिकैवैराग्य आई अरु गुरु न कियो तबहूं नहीं ज्ञानउत्पन्न होइ तैसे बिना सेवक सेव्यभाव भक्ति बिना यहि जीवकर कल्याण नहीं है ( १९ ) हे तात सहजसंतोष बिनायह मनको बिश्राम नहीं है कैसेजैसे बिनाजलनावनहीं चलै कोटिभांतिते पचिपचिमरै तैसे श्रीरामचन्द्रकी भक्तिबिना यहि जीवको कल्याणनहीं है सहजसंतोष कही न आये को हर्ष अरु न गयेको शोच ( २० ) हे तात बिना संतोष मनविषे कामकही कामना नहीं नाशहोइ अब जबताईं कामनाहै तबलगे स्वपनेहुं सुखनहीं है ( २१ ) हेतात श्रीरामचन्द्रके भजनविना कामकी नाश नहीं होती है कैसे जैसे थलते बिहीन नभहै जो कोई नभविषे बीजबोवै तो कैसेबोवै अरु कैसेजामैं काहेते ठहरतैनहीं तैसेबिना भजन अपरउपायते कामना की नाश नहीं होइहै ( २२ ) हे गरुड़बिना विज्ञान सर्ब जीवनविषे समता नहीं आवैहै कैसे जैसे बिनानभ आकाश कहीं सावकास नहीं होइहै तैसे श्रीरामचन्द्रकी भक्ति बिनायहि जीवको अवकास जो मोक्ष सोनहीं होइहै ( २३ ) हे तात जैसे श्रद्धाबिना धर्म नहीं होतहै अरु जैसे बिनामहि गन्ध नहीं होतहै तैसे श्रीरामचन्द्रके भजनबिना जीवकरकल्याण नहीं होतहै ( २४ ) पुनि जैसेबिना तप तेजको बिस्तारनहीं होतहै

कामअछतसुखसपन्यहुनाहीं २१ रामभजनबिनुमिटहिंकिकामा थलबिहीनतरुकबहुंकिजामा २२ बिनुबिज्ञानकिसमताआवै कोउअवकाशकिनभबिनुपावै २३ श्रद्धाबिनाधर्म्मनहिंहोई बिनुमहिगन्धकिपावैकोई २४ बिनुतपतेजकिकरविस्तारा जलबिनुरसकिहोइसंसारा २५ शीलकिमिलबिनुबुधसेवकाई जिमिबिनुतेजनरूपगोसाई २६ निजसुखबिनुमनहोइकिथीरा परसकिहोइबिहीनसमीरा २७ कवनिउंसिद्धिकिबिनुविश्वासा बिनुहरिभजननभवभयनासा २८ दो०॥ बिनुबिश्वासभक्तिनहिं त्यहि

अरु जैसे जल तत्वबिनारस की उत्पत्ति नहीं होतहै तैसे श्रीरामचन्द्रके भजनबिना जीवकरकल्याण नहीं होतहै ( २५ ) पुनि जैसे बुध जन जो पंडितजन हैं तेहिकी सेवकाई बिना शीलनहीं प्राप्तिहोता है पुनितेज जोहै अग्नितत्वतेहि बिनारूपविषे नहीं उत्पन्न होतहै तैसे श्रीरामचन्द्रके भजनबिना जीवकरकल्याण नहीं होतहै ( २६ ) अरु जबताईं निजसुख कही आत्मकसुख नहीं होइ तबताईं मननहीं थिरहोइ अरु जैसे बिना पवन तत्व स्पर्श विषे नहीं प्राप्ति होइ तैसे श्रीरामचन्द्रके भजनबिना जीवको कल्याण नहीं होइहै ( २७ ) हे तात विश्वास बिना कवनिउँ सिद्धि नहीं है तैसे श्रीरामचन्द्र के भजन बिना भवजो है संसारतेहिके भयजो हैं जन्ममरण सो नहीं नाशहोत हैं तहां पाछेजो चौपाइन के अर्थ कहि आये हैं तेहिमें यह अभिप्राय है कि श्रवण इन्द्री जो हैतेहिकर देवता आकाश है तेहिकी विषय शब्दहै तहां श्रवण अपनेदेवता की विषय ताहीको ग्रहण करैहै अरुत्वक् इन्द्रीको देवता पवनहै तेहिकीविषय स्पर्श है सोत्वक्इन्द्री अपने देवताकी विषय स्पर्श ताही को ग्रहण करै है अपर त्वकनकी विषयको नहीं ग्रहण करैहै पुनि नेत्र इन्द्री करदेवता सूर्यहै तिनकी विषय रूप है तहां नेत्र रूपहीको ग्रहण करैहै पुनि रसना इन्द्रीकर देवता वरुण हे तिनको विषय रसहै तहां जिह्वा रसैकोग्रहण करैहै अपर विषय को नहीं ग्रहण करैहै अरु नासिकाकर देवता अश्विनी कुमार है महि संयुक्त तेहिकी विषय गन्धि सुगन्धि सो नासिकाअपने देवताकी विषयको ग्रहण करैहै जैसे ये पांचौ इन्द्री अपने इष्टदेवता की विषयको ग्रहण करते हैं अवर अवरेकी विषयको लेशहू नहीं ग्रहण करैहै ऐसो पतिब्रत धर्म इनपांचहू में है तैसेही यहिजीवकर देवता श्रीरामचन्द्र है तिनकी विषय भक्ति है तेहि भक्ति बिना यहि जीवको तीनिहूँ काल में सुख नहीं है अरु यह जीव ब्यभिचार करिकै अपने इष्ट की विषयको छोंड़िकै यह पाँचौ विषयको ग्रहण करते हैं ताते संसार में अनेक योनिनमें भ्रमते हैं ( २८ ) दोहार्थ॥ हे तात बिना विश्वास भक्ति

बिनुद्रवहिंनराम रामकृपाबिनुसपनेहुँ जीवनलहबिश्राम २९ सो०॥ असबिचारिमतिधीरतजिकुतर्कसंशयसकल भजहुरामरघुवीर करुणाकरसुन्दरसुखद ३०॥ * * * * * * *

चौ०॥ निजमतिसरिसनाथमैंगाई प्रभुप्रतापमहिमाखगराई १ कह्यउंनकछुकरियुक्तिविशेखी यहसबमैंनिजनयननदेखी २ महिमानामरूपगुणगाथा सकलअमितअनन्तरघुनाथा ३ निजनिजमतिमुनिहरिगुणगावहिं निगमशेषशिवपारनपावहिं ४ तुमहिं

नहींहोतीहै अरु तेहि भक्ति बिना श्रीरामचन्द्र नहीं कृपाकरते हैं अरु बिना श्रीरामचन्द्रकी कृपा जीवको विश्वास सपनेहुं नहीं है ( २९ ) सोरठार्थ॥ हेगरुड़मतिधीर असबिचारिकै संपूर्णसंशय कुतर्क त्यगिकै श्रीरामचन्द्रको भजहु करुणाकेखानिहैं अतिसुन्दरहैं अतिसुखदाता हैं ( ३० ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वंसनेउत्तरकाण्डे-कागभुशुण्डिगरुड़सम्बादेश्रीरामप्रतापभक्तिअनन्यशरणागतवर्णनंनामद्वाविंशतिस्तरंगः २२॥ :: :: :: :: ::

दोहा॥ तेइससुभगतरंगमें रामप्रतापबखान रामचरणदृष्टांतदइन्यूनअधिकअतिजान २३ हे तात अपनी मतिकेसरिस श्रीरामचन्द्रको प्रताप महिमा मैं कहेउँ ( १ ) यह मैं युक्ति करिकै नहीं कहेउँ अपने नयननकीदेखी कहेउँ है कहतहौं ( २ ) हेगरुड़ श्रीरामचन्द्रकी महिमानाम रूप गुण गाथकही समूह येते सकल अमित हैं अरु रघुनाथजी अनन्त हैं जाको आदि अन्त मध्य नहीं जानाजाइ है ( ३ ) अपनी अपनी मति करिकै मुनि श्रीरामचन्द्रके गुणगावते हैं पर निगम शेष शिवादिक पारनहीं पावतेहैं ( ४ ) कैसे नहीं पारपावते हैं जैसे तुमहिं आदिक तौ बिहंगनके राजा अरु मसापर्यंत लघुते सबउड़िकै आकाशको अन्तनहीं पावते हैं ( ५ ) हे तात तिमि रघुपतिकै महिमा है कोऊ कैसे पारपावै ( ६ ) हे तात श्रीरामचन्द्र कैसे हैं कोटिकामते सुभगसुन्दर हैं देखिये तो प्रथमहिं शृंगाररस कहा है अब आगे शांतरस कहते हैं कैसे हैं श्रीरामचन्द्र कोटि दुर्गासम अरिमर्दन हैं ( ७ ) अरु कोटि शक्रसम भोग विलास कर्त्ताहैं अरु कोटिनभसम अमित अवकाशकही बिस्तार है ( ८ ) दोहार्थ॥ शतकोटि पवनसम बलवान हैं अरु रवि शतकोटिसम प्रकाशमान हैं अरु शतकोटि शशिसम शीतल हैं भवजो है संसार तेहिकी

आदिखगमसकप्रयन्ता नभउड़ाहिंनहिंपावहिंअन्ता ५ तिमिरघुपतिमहिमाअवगाहा तातकबहुंकोउपावहिथाहा ६ रामकामशकोटिसुभगतन दुर्ग्गाकोटिअमितअरिमर्दन ७ शक्रकोटिशतसरिसविलासा नभशतकोटिअमितअवकासा ८ दो०॥ मरुतकोटिशतविपुलबल रविशतकोटिप्रकाश शशिशतकोटिसुशीतलशमनसकलभवत्रास ९ कालकोटिसमसरसअति दुस्तरदुर्ग्गदुरंत धर्म्मकेतुशतकोटिसमदुराधर्षभगवंत १० चौ०॥ प्रभुअगाधशतकोटिपताला शमनकोटिशतसरिसकराला ११ तीरथअमितकोटिशतपावन नामअखिलअघपुंजनशावन १२ हिमिगिरिकोटिअचलरघुवीरा सिन्धुकोटिशतसमगम्भीरा १३ कामधेनु

त्रास जन्म मरण तेहितापको शमनकर्त्ता हैं ( ९ ) अरु शतकोटि कालके समदुस्तरहैं दुर्गहैं दुरन्तहैं दुस्तरकही तरिबेयोग्य नहीं हैं अरु दुर्गकही दूरि गम्यकही प्राप्ति जिनकी अरु दुरन्तकही जेकरअन्त पावनादूरि हैअरु धूमकेतुकही अग्नि तेहिके शतकोटिसम दुराधर्म भगवंत दुराधर्षकही दूरि है धर्षणाकही धारणाजिनकै ( १० ) अरु शतकोटि पाताल के समान अगाध हैं अरु शमनकही यमराज शतकोटिते कराल हैं ( ११ ) अरु शतकोटि तीर्थके सरिस रामनाम पावनकर्त्ता है अरुअखिल कही संपूर्ण अघको नाशकर्त्ता है ( १२ ) पुनि रघुवीर कैसेहैं शतकोटिहिमाचलपर्वत के समान अचल हैं किंतु हिम गिरि सुमेरु अरु शतकोटि समुद्रके सम गम्भीर हैं ( १३ ) अरु शतकोटि कामधेनु सम है तहां शतकोटि कामधेनु तीनिहूं फलकैदाता हैं श्रीरामचन्द्र अर्थ धर्म काम मोक्ष सकलकेदाता हैं शतकोटि कामधेनु क्योंकहा जो फलदेइगी एककामधेनु वहीफलदेइगी शतकोटिकामधेनु तहां एकअसत्यद है नाशनाम अरुएकशतपद है नित्य अखण्ड तहां श्रीरामचन्द्र कोटिन प्रकारते शतकाम धेनुते सरिस हैं ताते सबकामदायक हैं ( १४ ) शारदजोहै शारदा तेहिकीसम अमितकोटि चतुराई है बिधिजोहै ब्रह्मा तेहिसम शतकोटि सृष्टिकी निपुणता है ( १५ ) अरु अमित शतकोटि रुद्रकेसम संहारकर्त्ताहैं ( १६ ) अरु शतकोटि कुबेरकेसम धनवान् हैं अरु शतकोटिमायाके सम मायाके प्रपंचके निधानकही स्वस्थान हैं प्रवीणता के ( १७ ) पुनि शतकोटि अहीश कही शेष सम धराकही भूमि भार धरबे को हैं पुनि निरवधि हैं निरूपम हैं ऐसे प्रभु जगदीश श्रीरामचन्द्र हैं निरवधि कही जिनकी मर्य्याद आदि मध्य अन्त किसूकेजानबे योग्य नहीं

शतकोटिसमाना सकलकामदायकभगवाना १४ शारदकोटिअमितचतुराई बिधिशतकोटिसृष्टिनिपुणाई १५ विष्णुकोटिशतपालनकर्त्ता रुद्रकोटिशतसमसंहर्त्ता १६ धनदकोटिशतसमधनवाना मायाकोटिप्रपञ्चनिधाना १७ धराधरनशतकोटिअहीशा निरवधिनिरुपमप्रभुजगदीशा

१८ छं०॥ निरुपमनउपमाआनरामसमाननिगमागमकहै जिमिकोटिशतखद्योतरविसमकहतअतिलघुतालहै १९ यहिभांतिनिजनिज-मतिविलासमुनीशहरिहिबखानहीं प्रभुभावगाहकअतिकृपालसुप्रेमतेसुखमानहीं २० दो०॥

है पुनि निरूपम हैं जिनकी उपमा को कोई नहीं है श्री सदाशिव संहितायां॥ भानुकोटिप्रतीकाशं चन्द्रकोटिप्रमोदकं॥ इंद्रकोटिसदामोदं वसुकोटिवसुप्रदं १ विष्णुकोटिप्रतीपालं ब्रह्मकोटिविसर्जनं रुद्रकोटिप्रमर्दम्वैमातृकोटिविनाशनं २ भैरवकोटिसंहारं मृत्युकोटिविभक्षणं यमकोटिदुराधर्षं कालकोटिप्रधावकं ३ गन्धर्वकोटिसंगीतगणकोटिगणेश्वरं कामकोटिकलानाथं दुर्गाकोटिबिमोहनं ४ सर्वसौभाग्यनिलयं सर्वानन्दैकनायकं कौशल्यानन्दनंरामं केवलंभवखण्डनं ५। १८ छन्दार्थ॥ हे गरुड़ श्रीरामचन्द्र निरूपम हैं इनकी उपमाको आन कोई नहीं है रामसमान रामही हैं यह निगम कहते हैं इहां अन्वय अलंकार जानब अरु जो कोई कहै कि तुम अनेक उपमा कहि आये हौ तहां जो उपमा कहि आये हैं सो सब याही रीति जानब जैसे शतकोटिखद्योतको प्रकाश तेहिको रबि सम प्रकाश कहत सन्ते लघुता आवत है ( १९ ) हे तात जेहि भांतिते श्रीरामचन्द्र को हम बर्णन करिआये हैं तैसेही अपनी अपनी मतिके बिलास सर्ब मुनि बखानते हैं तहां ऐसे प्रभु श्रीरामचन्द्र ते जीवन के भावके गाहक हैं अरु प्रेमते सब मानतेहैं ( २० ) दोहार्थ॥ हे गरुड़ श्रीरामचन्द्र के अमित गुण हैं ते एक एक गुण समुद्र इव हैं ताको को पारपाइ सकै है जस कछु मैं सन्तनते सुनेउँ है तस अपनी मतिके अनुसार तुमको सुनावत भयेउँ हैं ( २१ ) सोरठार्थ॥ हे तात कैसेहैं श्रीरामचन्द्र भावके वश्य हैं सुख के निधानकही स्थान हैं करुणा के भवन हैं ताते ममतामद मान इत्यादिक सर्ब कर्म धर्म शुभाशुभ तजिकै सीतापति श्रीरामचन्द्र को सदा भजी तहांश्रुति स्मृति पुराण इत्यादिक सबको सिद्धांत है कि सीतापति को भजो ( २२ ) इतिश्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषविध्वन्सनेउत्तरकांडेकागभुशुण्डि गरुड़सम्बादे श्रीप्रतापप्रचण्ड अतिन्यूनाधिक्यरूपकालंकार वर्णनन्नामत्रयविंशतिस्तरंगः२३॥ :: ::

रामअमितगुणसागर थाहकिपावइकोइ सन्तनसनजसकछुसुन्यउं तुमहिंसुनायउंसोइ २१ सो०॥ भावबश्यभगवान सुखनिधानकरुणाभवन तजिममतामदमान भजियसदासीतारमन २२॥ * * * * * *

चौ०॥ मुनिभुशुण्डिकेबचनसुहाये हर्षितखगपतिपंखफुलाये १ नयननीरमनअतिहर्षाना श्रीरघुपतिप्रतापउरआना २ पाछिल मोहसमुझिपछिताना ब्रह्मअनादिमनुजकरिजाना ३ पुनिपुनिकागचरणशिरनावा जानिरामसमप्रेमबढ़ावा ४ गुरुबिनभवनिधितरैनकोई जोबिरञ्चिशङ्करसमहोई ५ संशयसर्पग्रस्यउम्वहिंताता दुखदलहरिकुतर्कबहुबाता ६ तवस्वरुपगारुड़िरघुनायक

दोहा॥ बीसैंचौथतरंगमें खगपतिबोधविशेखि॥ रामचरणआरतसुखीकहतधन्य निजलेखि ( २४ ) हे पार्वती भुशुण्डि के सुंदर बचन सुनिकै खगपतिकै रोमांच जो पंखके प्रेमते प्रफुल्लितह्वै आयोहैं १ हर्षतेनेत्रनमेंजलभरिआयो है अतिप्रसन्नभये हैं जो भुशुण्डि श्रीरामप्रतापकहा है सो हृदयमें छाइरह्यो है ( २ ) पाछिलमोह समुझिकै गरुड़ पछितात भयोदेखिये तो मैं अनादिब्रह्म को मनुष्यभाव रोपणकीन अपनी अज्ञानता ते ( ३ ) बारबार भुशुण्डिके चरणमें गरुड़ माथनावते हैं श्रीरामचन्द्रकी बराबरिजानिकै अतिप्रीति बढ़ावत भयो है ( ४ ) हे भरद्वाज कागभुशुण्डि करिकै गरुड़की मति महामोहगई ताते भुशुण्डि को गुरुकीन तहां बिनागुरुनके उपदेश संसारसागर कोई न तरिसकै जोकदाचित् ब्रह्मा शिव सारिखे होइ जाइ तौ भी नहीं भवसागरतरैं ( ५ ) गरुड़ कहते हैं कि हे तात संशय सर्परूप मोको ग्रस्यो तहां संशयकरिकै मोको दुःखभयो सोईलहरि आवतभई है अरु मनकी कुतर्कनाकी बातकही पंक्तिलहरि आवतीभई ( ६ ) तहां मोको असससमुझिपरयो कि तुम्हारस्वरूप गारुड़ी भयो गारुड़ी कही जो गरुड़के मंत्रतेझारै सर्पकोविष तहां तुम्हारेपासमोको पठैकै रघुनायकमोहिंजिआयो काहेते जनसुखदायकहैं किन्तु तवस्वरूपमें रघुनायकने गारुड़ी रूपह्वैकै मोको जिवायो मोहविषरूप उतरिगयो

गारुड़ीकही हमजो हैं गरुड़ तेहिकेमंत्रते सर्पको विषझारै सो उतरि जाइ किंतु गारुड़ी मयूरीकही ( ७ ) हेतात तुम्हारेप्रसादते मेरो मोहनाशभयो श्रीरामचन्द्रको अनूपस्वरूप दशरथनन्द सोमोको अच्छीतरह

मोहिंजिआयउजनसुखदायक ७ तवप्रसादममोहनशानारामरहस्यअनूपमजाना ८ दो०॥ ताहिप्रशंसिबिविधविधिशीशनाइकरजोरि बचनबिनीतसप्रेममृदुबोलेगरुड़बहोरि ९ प्रभुअपनेअविवेकतेबूझौंस्वामीतोहिं कृपासिन्धुसादरकहहु जानिदासनिजमोहिं १० चौ०॥ तुमसर्ब्बज्ञतज्ञतमपारा सुमतिसुशीलसरलआचारा ११ ज्ञानविरतिबिज्ञाननिवासा रघुनायककेतुमप्रियदासा १२ कारणकवनदेहयहपाई तातसकलमोहिंकहहुबुझाई १३ रामचरितसरसुंदरस्वामी पायउकहाँकहहुनभगामी १४ नाथ

जानिपर्यो ( ८ ) दोहार्थ॥ हे पार्वती बड़ी प्रीतिसे भुशुण्डिकै प्रशंसा बारबारकरिकै दोऊकरजोरिकै शीशनाइकै प्रेमसंयुक्त बिनीतकही कोमलबचन गरुड़ बोलतेभये ( ९ ) तब गरुड़बोल हे प्रभु स्वामी मैं अपने अविवेकते तुमसे पूछतहौं हे कृपासिंधु सादरकहहु अपनोदास जानिकै ( १० ) तुम सर्वज्ञहौ तज्ञकही परम तत्ववेत्ताहौ अरु तम जोहै अविद्या तेहिकेपरेहौ अरु सुमति सुशीलकेसदनहौ सुमति सुशील आचरण ये सबतुम्हारे सरल हैं सरलकही स्वाभाविक हैं किंतु सुमति सुशीलरूप तुम्हारे आचरण हैं ( ११ ) अरु ज्ञान वैराग्य विज्ञान तेहिके तुमसदनहौ अरु श्री रघुनायकके अत्यन्त प्रियदासहौ ( १२ ) जो मैं कहाहै तैसे तुम यथार्थ हौ तहां यह मैं बूझतहौं कि यह कागदेह कौनेकारण करिकै पाईहै हेतात यह सकल समुझाइकै कहहु ( १३ ) पुनि दूसरप्रश्न हे नभगामी स्वामी श्रीरामचन्द्रकर मानसचरित अतिसुन्दर सो कहां आपुको प्राप्तिभयउ ( १४ ) पुनि तीसरप्रश्न हे नाथ मैं शिवकेमुखते सुनेउंहै कि महाप्रलयहूमें भी तुम्हारोनाश नहीं होत है ( १५ ) काहेते कि शिव ईश्वर हैं ते मुधा कही वृथाबचन नहीं कहते हैं ताते मोरेमनमें संशय है सो कहहु ( १६ ) हे नाथ तीनिहूलोक विषे अगजेस्थावर हैं जगजेजंगम हैं नाग नर देव तेसब कालकेकलेवा हैं इनको खातइरहतहैं अरु संपूर्ण नहीं होतहैं ( १७ ) हे तात अनेक ब्रह्मांड जो हैं कटाहकही विस्तार कोश अमितनकी लयकारीकही असंख्यनजीवनको लयकरलेत हैं तिनको भक्षणकरिकै नाशकरिदेत हैं पचाइडारत हैं अरु दुरतिक्रमकही दुस्तर तीव्रकर्तब्यहै ऐसो जो काल है ( १८ ) सोरठार्थ ॥ ऐसोकराल काल तुमको नहीं ब्यापत है सो कवन कारणकरिकै हे कृपाल कर्मके प्रभावते किंतु योगके प्रभाव

सुनामैंअसशिवपाहीं महाप्रलयहुनाशतवनाहीं १५ मुधाबचननहिंईश्वरकहही सोमोरेमनसंशयअहही १६ अगजगजीवनागनरदेवा नाथसकलजगकालकलेवा १७ अण्डकटाहअमितलयकारी कालमहादुरतिक्रमभारी १८ सो०॥ तुमहिंब्यापतकाल अतिकरालकारणकठिन-मोहिंसोकहहुकृपालज्ञानप्रभावकियोगबल १९ प्रभुतवआश्रमआयउं मोरमोहभ्रमभाग कारणकवनसोनाथअब कहहुसहितअनुराग २०॥

चौ०॥ गरुड़गिरासुनिहर्ष्यउकागा बोल्यउउमासहितअनुरागा १ धन्यधन्यतवमतिउरगारी प्रश्नतुम्हारिमोहिंअतिप्यारी २ सुनितवप्रश्नसप्रेमसुहाई बहुत जन्मकैसुधिम्वहिंआई ३ सबनिजकथाकहौंमैंगाई तातसुनहुंसादरमनलाई ४ जपतपमखसमदम

ते किंतु ज्ञानके प्रभावते सो संपूर्ण कहहु ( १९ ) दोहार्थ॥ पुनि चतुर्थप्रश्न हे तात तुम्हारे आश्रमको देखतसंते मोरे महामोह करिकै जो मोहमहोह भ्रमभयो सो जातरहा सो यह सब विशेषकारणहै हे नाथ सो कहहु मोपर अनुराग करिकै ( २० ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसनेउत्तरकाण्डेगरुड़आरतविनयप्रश्नबर्णनंनामचतुर्विंशतिस्तरंगः २४॥

दोहा॥ विंशतिपंचतरंगमें उत्तरकागभुशुण्ड॥ रामचरणसबते अधिकबर्णतभक्तिप्रचंड २५ हे पार्बती गरुड़के बचन सुनिकै कागभुशुण्डि हर्षिकै अनुरागसंयुक्त बोलतभयो ( १ ) हे उरगारि तुम धन्यधन्यतरहौ तुम्हारी प्रश्न मोको बहुतप्रिय है ( २ ) हे तात प्रेमसंयुक्त तुम्हार प्रश्न सुनिकै मोकोवहुत जन्मकै सुधिआई है ( ३ ) हे तात जो तुम प्रश्नकीन है सो तुम्हारे प्रश्नको उत्तर मैं सब कहतहौं आदरपूर्बक मनलाइ कै सुनहु ( ४ ) जप तप मख सम दम ब्रतदान अरु बिरति बिवेक योग बिज्ञान ( ५ ) हे तात इत्यादिक जे उत्तम साधन मोक्षके हैं तिन सबकर फल रसमय श्रीरामचन्द्रके पद पंकजविषे प्रेम तेहिकेबिनाकोई सुख अरु क्षेमकही कुशलको नहीं प्राप्तिहोतेहैं ( ६ ) हेतात श्रीरामचन्द्रके पद पंकजविषे प्रेम लक्षणाभक्तिसोयहितनमें मोकोप्राप्तिभई है तातेयहतन मोको परमप्रिय है ( ७ ) हेतातजेहि को जिस पदार्थ ते आपनस्वार्थहोतहै तेहिपर ममता सबकोई करतहै ( ८ ) सोरठार्थ॥ हेपन्नगारियहनीतिहै श्रुतिपुराण सज्जन कहतेहैं किजो अतिनीचौहोइ ताहू सों अति प्रीतिकरिबेको होतहै काहेते जहां आपनपरमहितकारहोतहोइ ( ९ ) हे तात देखिये तो पाटजोहै सो कीटतेहोत है ताते मनोहर पाटम्बरबनत है

**ब्रतदाना विरतिबिवेकयोगबिज्ञाना ५ सबकरफलरघुपतिपदप्रेमा त्यहिबिनुकोउनपावसुखक्षेमा ६ यहितनरामभक्तिमैंपाई ताते मोहिंपरमप्रियभाई ७ ज्यहितेकछुनिजस्वारथहोई त्यहिपरममताकरसबकोई ८ सो०॥ पन्नगारिसुनुनीति श्रुतिसम्मतसज्जनकहहिं अतिनीचहुसनप्रीतिकरियजानिनिजपरमहित ९ पाटकीटतेहोइ त्यहितेपाटम्बररुचिर कृमिपालैसबकोइपरमअपावनप्राणसम १० चौ०॥ स्वारथसर्ब्बजीबकहँएहा मनक्रमबचनरामपदनेहा ११ स्वइपावनस्वइसुभगशरीरा जोतनपाइभजैरघुबीरा १२ रामबिमुखलहिबिधिसमदेही कबिकोविदनप्रशंसहिंतेही १३ रामभक्तियहितनउरजामी तातेमोहिंपरमप्रियस्वामी १४ तजौं**

सो कृमि अति अपावन है तेहिको सबकोई पाटम्बरहेतुप्राणके समान पालत है ( १० ) हे तात जीवकर सांचास्वार्थ यहीहै कि श्रीरामचन्द्रजीके चरणारविन्दते मनक्रम बचनकरिकै स्नेहकरै ( ११ ) हे खगेश जो तनपाइकै श्रीरामचन्द्रको भजै सोई पावन है सोई सुन्दर है अरु सोई उत्तम है ( १२ ) अरु जो श्रीरामचन्द्रते बिमुखहोइ अरुब्रह्माके समान सबगुणन करिकै युक्तदेहपावै तेहिको कबिकोबिद नहीं प्रशंसा करतहैं तहांप्रमाण है श्रीभागवते श्लोकद्वौ॥ विप्राद्द्विषट्गुणयुतादरविंदनाभ पादारविंदविमुखाःस्वपंचवरिष्टं ॥ मन्येतदर्पितमनोवचनेहितार्थान् प्राणंपुनातुसकुलंनतुभूरिमानः १ अन्यच्च॥ येशूद्राः भगवद्भक्तः विप्राभागवतास्मृताः॥ सर्ववर्णेषुतेशूद्रायेनभक्ताजनार्द्दनः २ ( १३ ) हे स्वामी यहितनविषे श्रीरामचन्द्रकै भक्तिजामी है ताते मोको परमप्रियहै ( १४ ) अरु महादेवकी कृपाते मोको इतनी सामर्थ्य है कि अपनी इच्छाते जबचाहौं तब शरीरको त्यागिदेउं अरु परमशरीरको धारण करिलेउँ अरु हे तात नीचतनमें भजन भलबनत है अभिमान नहींहोत है अरु वेदवर्णते हैं कि बिना तनभजन नहींहोइ है जो कोई संदेहकरैहै कि बिनातन जीवकस है कहां है कहांजात है सोसुनहु तहां ज्ञानकरिकै कैवल्यको प्राप्तिहोत है तहां भजन कहांहोत है नाहींहोत है अरु बिनाश्रीरामचन्द्रके भजन जो कदाचि मुक्तहोइ तौ कवनेकामको अरु देहको तजत अरु देहको धरत अज्ञानदशा होतीहै ताते भजनमें अन्तराइ परतीहै अरु देवतन के लिंगशरीर है तहां लिंगशरीरमें श्रीरामचन्द्रको भजन वेदनहीं वर्णत हैं अरु भजनते जीवकर परम दिव्यतन वेदवर्णतहैं ( १५ ) हे तात प्रथममोह मोको बहुत बिगोयोरहै काहेते श्रीरामचन्द्र

**नतननिजइच्छामरणा तनबिनवेदभजननहिंबरणा १५ प्रथममोहम्वहिंबहुतबिगोवा रामविमुखसुखकबहुंनसोवा १६ नानाजन्मकर्मपुनिनाना कियेयोगजपतपमखदाना १७ कवनियोनिजन्म्यउंजहँनाहीं मैंखगपतिभ्रमिभ्रमिजगमाहीं १८ देख्यउंकरि सबकर्म्मगोसाईं सुखीनभयउंअबहिंकीनाईं**

१९ सुधिम्वहिंनाथजन्मबहुकेरी शिवप्रसादमतिमोहनघेरी २० दो०॥ प्रथमजन्मकेचरितअब कहौंसुनहुबिहँगेश सुनिप्रभुपदरतिउपजै जातेमिटहिकलेश २१ पूर्ब्बकल्पतेएकप्रभु युगकलियुगमलमूल नरअरुनारि अधर्म्मरति सकलनिगमप्रतिकूल २२॥ * *

बिमुखरहैं ताते सपनेहु नहीं सुखसोयों ( १६ ) हेतात मैं अनेकजन्मधरेउँ है अरु तहांतहां अनेक कर्म किहेउँ है अरु तहां तहां अनेकयोग जप तप मख दान किहेउँ है यह अनेक जन्मकी कर्तब्य संपूर्ण मोकोस्मरणहै ( १७ ) हे खगपति असकवनि योनिहै जहां संसारविषे जन्मे जन्मि नहीं भ्रमेउँ है ( १८ ) हे गोसाईं तिन जन्मनविषे बहुत कर्मकरिदेखेउँ पर अब जसयह कागतन में सुखीभयउँ है तस कबहूं नहीं सुखी भयउं ( १९ ) हे नाथ मोको बहुतजन्मकै सुधिहै पर महादेवकी कृपाते मति मोहमें नहीं घेरी ( २० ) दोहार्थ॥ हे खगेश प्रथमजन्मकर चरित कहतहौं सोसुनहु जो सुनिकै श्रीरामचन्द्रके पदविषे रति उपजै संपूर्ण क्लेशमिटिजाइ ( २१ ) हेतात पूर्बकल्पविषे एककलियुग प्राप्तभयो सो कलियुग मलकरमूल जहां नर अरुनारि अधर्महिंविषे रतहोतभये तहां सर्बजीव वेदतें प्रतिकूलहोत भये ( २२ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकल कलिकलुषविध्वंसनेउत्तरकांडेगरुड़प्रतिभुशुण्डि निजदशावर्णनंनामपञ्चबिंशतिस्तरंगः २५॥ :: :: :: :: :: :: ::

दोहा॥ षटअरुबिंशतरंगमें कहिकलियुगकोधर्म॥ रामचरणआपनिदशाकहिभुशुण्डिकछुकर्म २६ हेतात त्यहिकल्पमें कलियुगविषे श्रीअयोध्या में मेरोजन्म शूद्रतनविषे भयो ( १ ) तहां शिवकर उपासकरहौं अरु अपने अभिमानते आनदेवकी निंदाकरौं ( २ ) अरु धनबहुतरहै त्यहिके मदते मैं मत्तरहौं ताते परमबाचाल कही बक्ताकहावों पुनि बाचालकही सबकोई मेरेबचनको खुशामदिते शोभितकहै अरु उग्रकही वड़ीतीक्ष्ण तामस राजस मिलित मेरीबुद्धिरहै अरु उरविषे बिशाल दम्भते परिरहेउँहै दम्भकही शास्त्रके पदार्थ सबको देखावतरहौं अरु त्यहिकी कर्त्तव्य

चौ०॥ त्यहिकलियुगकोशलपुरजाई जन्मतभयउंशूद्रतनपाई १ शिवसेवकमनक्रमअरुबानी आनदेवनिन्दकअभिमानी २ धनमदमत्तपरमबाचाला उग्रबुद्धिउरदम्भविशाला ३ यदपिरह्यउंरघुपतिरजधानी तदपिनकछुमहिमाउरआनी ४ अबजानामैं अवधप्रभावा निगमागमपुराणअसगावा ५ कवन्यहुंजन्मअवधबसजोई रामपरायणसोपरिहोई ६ अवधप्रभावजानतबप्राणी जबउरबसहिरामधनुपाणी ७ सोकलिकालकठिनउरगारी पापपरायणसबनरनारी ८ दो०॥ कलिमलग्रसेधर्म्मसब गुप्तभयेसदग्रन्थ दम्भिननिजमतकल्पिकरि प्रगटकियेबहुपन्थ ९ भयेलोगसबमोहवश लोभग्रसेशुभकर्म्म सुनुहरियानसुज्ञाननिधि कहौंकछुक

ते प्रतिकूलरहौं ( ३ ) हे तात यद्यपि रघुपतिकी राजधानीविषे रहेउँ तदपि धनमद दम्भकरिकै अयोध्याकी महिमा नहींजान्यों ( ४ ) हेगरुड़ अबमैं श्रीअयोध्याको प्रभाव जानेउँ हैं वेद शास्त्र पुराण असगावतेहैं ( ५ ) श्रीअयोध्याविषे कौनेहुजन्म कौनिहु योनिविषे कौनेहु कालविषे बसै सो श्रीरामचन्द्रको निश्चय करिकै प्राप्तिहोई ( ६ ) हे तात अवधको प्रभाव प्राणी तबजानै जब धनुषबाण संयुक्त श्रीरामचन्द्र हृदयमें बसैं ( ७ ) हे उरगारि सो कलिकाल अति कठिनरहै संपूर्ण नर नारि पाप परायण होतभये ( ८ ) दोहार्थ॥ हे तात कलि अपने मलकरिकै संपूर्ण शुभकर्म धर्मको ग्रसिलिहेसि अरु सद्ग्रंथ शास्त्ररीति गुप्तह्वइगये अरु दम्भिन अपनीमतिके कल्पित ग्रंथकिहेनि अनेकपंथ चलावतेभये ( ९ ) हे ज्ञाननिधि हरियान त्यहिकलिविषे संपूर्णलोग मोहकेबश्य होइगये काहेते लोभने शुभकर्मको ग्रसिलियो है अब मैं कलिकरधर्म कछुकहतहौं सो सुनहु ( १० ) चारिबर्णजो हैं अरु चारिआश्रमजो हैं सो बर्णाश्रमकेधर्म पाछेंकहिआये हैं सो कलिकालमें काहूके धर्म न रहै अरु संपूर्ण नर नारि वेदबिरोधी धर्म कर्म करतभये ( ११ ) अरु ब्राह्मण श्रुतिबंचकहैं आपन प्रजाकहते हैं अरु तिनकाधन हरिलेते हैं किंतु प्रजाशनकही प्रजाको अशनकही खाइजाते हैं अरु वेदशास्त्रकी आज्ञा कोईनहीं मानै है ( १२ ) अरु

जिसको जौनमार्ग भावतहै सो तौने मार्ग चलते हैं अरु कलियुगमें जो कोई गालाढाढ़ीकरै सोई पण्डित है ( १३ ) अरुजोमिथ्या आरम्भ है अरु दम्भ संयुक्त हैं तिनको सब कोई संत कहते हैं मिथ्या कही मायाके हेतु बल स्वांग करतेहैं अरु दम्भकही सब जगत मेंबुझाइबे हेतु अनेक मुद्रा साधते हैं ( १४ ) अरु कलियुगमें जो यनकेन

कलिधर्म्म १० चौ०॥ बर्णधर्म्मनहिआश्रमचारी श्रुतिविरोधरतसबनरनारी ११ द्विजश्रुतिबञ्चकभूपप्रजाशन कोउनहिंमान निगमअनुशाशन १२ मारगस्वइजाकहँज्वइभावा पण्डितस्वइजोगालबजावा १३ मिथ्यारम्भदम्भरतजोई ताकहँसन्तकहैंसबकोई १४ स्वइसयानजोपरधनहारी जोकरदम्भसोबड़आचारी १५ जोबहुझूठमसखरीजाना कलियुगस्वइगुणवन्तबखाना १६ निराचारजोश्रुतिपथत्यागी कलियुगसोइज्ञानीबैरागी १७ जाकेनखअरुजटाविशाला स्वइतापसप्रसिद्धकलिकाला १८ दो०॥ अशुभवेषभूषणधरे भक्ष्यअभक्ष्यजोखाहिं त्यइयोगीत्यइसिद्धनरपूजितकलियुगमाहिं १९ सो०॥ जेअपकारीचारि तिनकहँगौरव

करिकै परधन हरै सोई सयान कहावते हैं अरु जे दम्भ करते हैं सो बड़ेआचारी कहावतेहैं ( १५ ) अरु जो बहुत झूँठी बातनमें मसखरी कही तर्ककरिकै हँसते हैं कलियुगमें सोई गुणवान् बखाने जातेहैं ( १६ ) अरुवेदकर पथ छाड़िकै जो निराचार करते हैं ते कलियुग में ज्ञानी बिरक्त कहावतेहैं ( १७ ) अरु जाके नख अरुजटा बढ़िरहीहैं तेई तपस्वी बाजतेहैं अरु तिनके तापकी क्रिया एकउ नहीं है ( १८ ) दोहार्थ॥ अरु जेअशुभवेष धरेहैं अरु भक्ष्याभक्ष्य खाते हैं तेई कलियुगमें योगी सिद्धकहावतेहैं अरु कलियुगमें वेही पूजित हैं ( १९ ) सोरठार्थ॥ अरु जिन प्राणिन के पर अपकारही आचरणहै तिनहींकर कलियुग विषे गौरवकही आदरमानतेहैं अरु जे मन क्रम बचनते लबार कही झूँठेहैं ते कलिकाल में वक्ता कहावते हैं ( २० ) अरु हे गोसाईं नारिके बशह्वैकै सम्पूर्ण नरनाचते हैं जैसे नटके बश्य मर्कट नाचते हैं ( २१ ) अरु शूद्रजे हैं सो द्विजनको ज्ञान उपदेश करते हैं गरेमें जनेऊ डारिकै कुदान लेतेहैं ( २२ ) हे तात त्यहियुगविषे सर्बनर कामक्रोध लोभ मोहमें लीन ह्वैरहे हैं अरु देव बिप्र श्रुतिसन्तके बिरोधी हैं ( २३ ) अरु गुणकर मन्दिर सुन्दरपतिहैं तिनको त्यागिकै पर स्त्री पर पुरुष को भजती हैं ( २४ ) अरु सौभागिनी जोहैं पति संयुक्त ते बिभूषणकरिकै हीनहैं अरु बिधवा नवीन शृंगारकरतीहैं ( २५ ) अरु गुरु शिष्यको अँधरे बहरेको लेखा होतभयो गुरु देखै नहीं शिष्य सुनैनहीं गुरुतौ शिष्यको गुण औगुण देख नहीं लोभके निमित्तक शिष्य करिलियो है अरु शिष्य गुरुनको कहा सुनैनहीं करै नहीं

मानतेमनक्रमबचनलवार त्यइबक्ताकलिकालमहँ २० चौ०॥ नारिविवशनरसकलगोसाईं नाचहिंनटमर्कटकीनाईं २१ शूद्रद्विजनउपदेशहिंज्ञाना मेलिजनेऊलेहिंकुदाना २२ सबनरकामलोभरतक्रोधी देवबिप्रश्रुतिसन्तबिरोधी २३ गुणमन्दिरसुन्दरपतित्यागी भजहिंनारिपरपुरुषअभागी २४ सौभागिनीविभूषणहीना विधवनकेशृङ्गारनवीना २५ गुरुशिषअन्धबधिरकरलेखा एकनसुनहिंएकनहिंदेखा २६ हरैशिष्यधनशोकनहरई सोगुरुघोरनरकमहँपरई २७ मातपिताबालकनबोलावहिं उदरभरैस्वइधर्म्मसिखावहिं २८ दो०॥ ब्रह्मज्ञानबिनुनारिनर करहिंनदूसरिबातकौड़ीकारणमोहबश करहिंविप्रगुरुघात २९ बादहिंशूद्रद्विजनसन हमतुमतेकछुघाटि जानैंब्रह्मसोबिप्रबर आँखिदेखावहिडाटि ३० चौ०॥ परत्रियलम्पटकपटसयाने मोहद्रोहममतालपटाने ३१

गुरुनेवाको अच्छी तरह देखि नहीं लियो ( २६ ) ताते हेतात जे शिष्यके धन हरिबेकी इच्छा करते हैं अरु उसके शोक हरिबेकी इच्छा उपदेश नहीं है ते गुरु घोरनरकमें परतेहैं ( २७ ) अरु मातापिता अपने बालकनको बुलावतेहैं जाते उदरभरै सोई यत्न सिखावतेहैं परमार्थ उपदेशनहीं करते हैं ( २८ ) दोहार्थ॥ अरु कलिविषे सम्पूर्ण नरनारि ब्रह्मज्ञान कथन करहिं दूसरि बात करैं नहीं अरु हैं कैसै कौड़ीके हेतु पावहिं तौ ब्राह्मण गुरुकौ मोहबश घातकरिडारैं ( २९ ) अरु शूद्रजोहैं ते ब्राह्मणतेबादकरते हैं अरु इहां उहांकी बातैं सिखिकै कहते हैं का हम तुमते कछु घाटि हैं काहेते हम ब्रह्मज्ञान जानते हैं अरु ब्रह्मज्ञान तुमको उचित है सोतुमको आवतैनहींहै॥ ब्रह्मजानातिब्राह्मणः॥ इत्यादिक बचनकहि कहि डाटि डाटि आंखि देखावतेहैं ( ३० ) अरु सम्पूर्ण परत्रिय लम्पटहोइगये अरु कपटकी सयानी होतभई अरु मोह द्रोह ममतामें लपटि रहेहैं ( ३१ ) ऐसे विषयमें लपटिरहे हैं अरु कहते हैं कि हम अभेद ज्ञानी हैं जीव ईश्वर एकही है ऐसो कलियुगकर चरित्रमैं देखा है ( ३२ ) अरु जो कोऊ यही दैवयोगते सतमार्ग प्रतिपालते हैं तिनको एकै कहतेहैं कियेई बनाइ गये हैं भ्रष्टहैं औरहुको भ्रष्टकरहिंगे ( ३३ ) हे तात जे तर्कना करिकै वेदकर दूषणकरते हैं ते अट्ठाईस नरक हैं एकएक नरकनमें कल्पकल्प रहतेहैं तहांयमलोकमें अट्ठाईस नरकर्कानेहैं तामिस्र १ अन्धतामिस्र २ रौरव ३ महारौरव ४ कुम्भीपाक ५ कालसूत्र ६ असिपत्र ७ शूकरमुख ८ अन्धकूप ९ कृमिभोजन १० सन्दंशन ११ तप्तभूमि १२ बज्रकण्टक १३ शाल्मली १४ बैतरणी १५ सूपोदन १६ प्राणरोधन १७ बिससन १८ लालभक्षण १९ सारमेवादन २० अबीचिरय २१ पानकर्दम २२ रक्षोगनभोजन २३ शूलपीत २४ द्वन्द्वसुक २५ कूपारोधन २६ बर्जाबर्त्तन २७ सूचीमुख २८ इति अट्ठाईसनरक २८ तामिस्रजो वेदकेवाक्यमें अंधहैं अरु अपनी कल्पितबाणी को सिद्धमानते हैं ते तामिस्रनरकमें जाते हैं १ पुनि जे केवल अपनी इन्द्री शिष्णोदर इत्यादिक पालतेहैं और कछुसमझे नहीं

त्यइअभेदबादीज्ञानीनर देखामैंचरित्रकलियुगकर ३२ आपुगयेअरुआनहुघालहिं जेकहुंसतमारगप्रतिपालहिं ३३ कल्प

हैं ते अंधतामिस्र नरकको प्राप्तिहोते हैं अरु जे सबकी निंदाकरते हैं सोरौरवनरकमें परते हैं ३ अरु जे अनेक अप्रमाद करिकै परावाहितकार नाशकरते हैं निरर्थक उसमें कछु अपनाकार्य नहीं सधैहै ते महारौरवनरकको जातेहैं ४ अरु जे मनमें और को बिघ्नता करते हैं अरु बिघ्नभयेते प्रसन्न होते हैं ते कुम्भीनरकको जाते हैं ५ अरु किसूसे छलकरते हैं ते कालसूत्र नरकको जाते हैं ६ अरु जो कोई जीव को हिंसा करते हैं ते असिपत्र नरकको जाइकै प्राप्तिहोते हैं ७ पुनि भक्ष्याभक्ष्यखाते हैं अरु मलीनरहते हैं ते शूकरमुख नरक में परते हैं ८ अरु जे कपट छलछिद्र करिकै परावाधन हरते हैं केवल अपनोतन कुटुंबगृह पालनकरते हैं सो अंधकूप नरकमें परते हैं ९ अरु जो अपने संगते छपाइकै मीठपदार्थ इत्यादिक खाते हैं ते कृमिभक्षण नरकको प्राप्तिहोते हैं १० अरु जे जीवते ईर्षाकरते हैं ते संदंशननरकको प्राप्तिहोते हैं ११ अरु जे बिनाकारण क्रोधकरते हैं ते तप्तभूमिनरक में परते हैं १२ अरु जे व्यंग अरु कुतर्क करिकै जीवनको कटुबचन कहते हैं ते बज्रकंटक नरकको प्राप्तिहोते हैं १३ अरु जोलोभी हैं अनेक द्रव्यकी संग्रहकरते हैं उसद्रव्यमें परमार्थ नहीं करते हैं ते शाल्मली नरकमें परते हैं १४ अरु जे दानपुण्य करतसंते बाधा करते हैं ते बैतरणी नरकमें प्राप्तहोते हैं १५ अरु जेचोरीकरते हैं तेसूपोदन नरकमें परते हैं १६ अरु जे छलकरिकै किसूको बिषदेते हैं ते प्राणरोधन नरकमें परते हैं १७ अरु जे पर स्त्री गमनकरते हैं ते बिससन नरकमें प्राप्तहोते हैं १८ अरु जे रातिदिन अनेक तृष्णाविषे ग्रसितहैं ते लालभक्षण नरकमें प्राप्तहोते हैं १९ अरु जे सत्यदार्थ को त्यागकरते हैं असत्यको ग्रहणकरते हैं ते सारमेवादन नरकमें परते हैं २० अरु जे किसूको बिघ्नकरिबेको हृदयमेंधरि राखते हैं अवसरपाइकै अनेक विघ्न करते हैं ते अबीचिरय नरकमें परते हैं २१ पुनिजे मदिरा पानकरते हैं ते पानकर्दम नरकमें परतेहैं २२ अरु जे कांईयत्नते पराये धनको आपन मानेहैं लेते हैं खाइ जाते हैं ते रक्षोगनभोजन नरक में परतेहैं २३ अरुजे अहर्निशि मोहमें परेहैं ते शूलपीत नरकमें परते हैं २४ अरु जे तैं

कल्पभरियकयकनर्क्का परहिंतेदूषहिंश्रुतिकरितर्क्का ३४ जेबर्णाधमतेलिकुम्हारा स्वपचकिरातकोलकलवारा ३५ नारिमुईगृहसम्पतिनासी मूड़मुड़ाइभयेसन्यासी ३६ सेविप्रनसनपाउंपुजावहिं उभयलोकनिजहाथनशावहिं ३७ विप्रनिरक्षरलोलुप

मैं मोर तोर हर्ष शोक हानिलाभ सुख दुःख इत्यादिक अहर्निशि यहिमेंपरे हैं धर्मते बिमुखहैं ते द्वंद्वसुकन नरकमें परते हैं २५ अरु बाह्यांतर गृहाशक्त हैं ते कूपारोधन नरक में परते हैं २६ अरु जे दम्भ पाषंडकरिकै संसारको ब्यामोहित करते हैं ते पर्यावर्तन नरक में परते हैं २७ अरु सुन्दर बचनन करिकै किसूको कोई पदार्थकी आश्रय देतेहैं अरुफिरिवहकाम नहीं करते हैं ते सूचीमुख नरक में परते हैं २८ हेतात यह कर्तब्य अरु यहप्राप्ति जो कहिआये हैं त्यहिके अधिकारी कलियुगमें सर्बजीव होतभये ( ३४ ) हे तात जे चारिबर्णके बाह्य अधमहैं तेली कुम्हार स्वपचकही चाण्डाल अरु किरातकही जे जीवहिंसा करते हैं अरुअहर्निशि कोलभिल्ल जे बनमें रहते हैं अरु कलवार ( ३५ ) इत्यादिक जे वर्णबाह्य हैं तिनकै जबनारि मरी किंतु घरकै सम्पति नाशभई तबमूड़मुड़ाइकै संन्यासी होतभये ( ३६ ) ते ब्राह्मणनते पायं पुजावतेहैं उभयलोककही लोक परलोक अपने हाथ नाशकरते हैं ( ३७ ) हेतात ब्राह्मण निरक्षर होतभये अरु गायत्री रहित होतभये अरु लोलुपकही झूंठे होतभये अरु कामी होतभये अरु निराचार शठहठ धर्मी होतभये अरुवृषली जोहैं दासीतेहिके स्वामी होतभये ( ३८ ) अरु त्यहि कलिकालमें शूद्रजप तपब्रत मखदान इत्यादिक करहिंअरु बरासनकही ऊँचाआसनबिछाइकै पुराण बांचहिं ( ३९ ) अरु संपूर्णनर कल्पितआचार करहिं वेदकै मर्यादछोड़िकै अपार अनीति बर्णिबेयोग्य नहीं है ( ४० ) दोहार्थ॥ सबलोग बर्णसंकर होतभये औरै माता औरै पिता हेतात त्यहि कलियुगविषे भिन्नभिन्न मार्ग सबचलतेभये अरु अनेक पापकरै हैं अरु भयरोगकरिकै ग्रसिरहेहैं ( २१ ) वेद के सम्मतते वैराग्य बिबेक करिकै भक्ति नहीं करै मोहकेबशते ते जड़ कल्पि कल्पि अनेकपंथ ठाढ़ करतभये ( ४२ ) इतिश्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषविध्वंसेनउत्तरकाण्डेकलिधर्मबर्णनन्नामषट्बिंशतिस्तरंगः २६॥

कामी निराचारशठवृषलीस्वामी ३८ शूद्रकरहिंजपतपमखदाना बैठिबरासनकहहिंपुराना ३९ सबनरकल्पितकरहिंअचारा जाइनबरणिअनीतिअपारा ४० दो०॥ भयेबर्णसंकरकलिहिभिन्नसेतुसबलोग करहिंपापपावहिंतेदुखभवरुजशोकवियोग ४१ श्रुतिसम्मतिहरिभक्तिपथ संयुतविरतिबिवेक तेनरचलहिंनमोहबश कल्पहिपंथअनेक ४२॥ * * * * * *

त्रोटकछंद॥ बहुदामसँवारहिंधामयती विषयाहरिलीनगईबिरती १ तपसीधनवन्तदरिद्रगृही कलिकौतुकताातनजातकही २ कुलवन्तिनिकारहिंनारिसती गृहआनहिंचेरिनिवेरिगती ३ सुतमानहिंमातपितातौलौं अबलाननदीखनहींजौलौं ४ ससुरारि

दोहा॥ सप्तमबीसतरंगमें पुनिकलिधर्मबखानि॥ रामचरणजगजीवसब भये अधर्मकेखानि २७ त्रोटकछन्दार्थ॥ हेतात त्यहि कलिकाल विषे जिन यतिनको वृक्षनतर रहिवेको वेदकहते हैं तेसब बहुदाम संचित करिकै धाम सँवारि सँवारि बनावतभये काहेते विषय उनकी मति को हरिलीन है ताते बैराग्य जातरही ( १ ) हेतात कलिकौतुक कछु कहा नहीं जात है तपस्वी धनवन्त अरु गृहस्थ दरिद्री हैं ( २ ) अरु पुरुष जे हैं ते अपनी नारिजेहैं सती कुलवन्ती कहूं कहूं त्यहिको निकासिदेतेहैं अरु गृहविषे चेरीजे टहलुई हैं व्यभिचारिणी शूद्रिणी त्यहिको निबेरिकही जबरदस्ती धरिकै किंतु कुछदैकै तिनको राखते हैं यहगति कलियुगविषे ह्वैरही है ( ३ ) पुत्र माता पिताको तबलग मानहिं जबलग अपनी स्त्रीको मुखनहीं देख्योहै ( ४ ) अरु जबते ससुरारि पियारिलगीहै तबते कुटुम्ब रिपुरूप ह्वैगयेहैं ( ५ ) अरु कलिमें राजा पापपरायणहोतभये हैं ताते प्रजनते नित्यदण्डलेते हैं अरु बिडम्बनकही मारतेहैं ( ६ ) अरु जाहीके धनहै सोई कलीन है अरु अपिनाम निश्चयते कुलक्रिया करिकै मलीन हैं अरु ब्राह्मण के धर्म जातरहेहैं यज्ञोपबीतमात्र चिह्नरहिगयो है ( ७ ) अरु जे वेद पुराणको नहींमानैं सोई हरिकेसेवक कहावैहैं ( ८ ) अरु कलियुगविषे कविवृन्दभये हैं अरु उदारतौ दुनियामें कहूं सुनिबमें नहीं आवै अरु जे औरनके गुणको दूषणकरैं सो निश्चयकरिकै गुणवान् कहावै हैं ( ९ ) हेतात कलियुगविषे बारम्बार दुकालपरैबिनाअन्न सबलोग दुखकरिकै मरिजाहिं ( १० ) दोहार्थ॥ हेखगेश त्यहि

पियारिलगीजबते रिपुरूपकुटुम्बभयेतबते ५ नृपपापपरायणधर्मनहीं करिदंडबिदंडप्रजानितहीं ६ धनवन्तकुलीनमलीनअपी द्विजचिह्नजनेउउघारतपी ७ नहिंमानपुराणनवेदहिजो हरिसेवकसत्यमहीकलिसो ८ कविवृन्दउदारदुनीनसुनी गुणदूषकबातनकोपिगुनी ९ कलिबारहिंबारदुकालपरै बिनअन्नदुखीसबलोगमरै १० दो०॥ सुनुखगेशकलिकपटहठ दम्भदोषपाखण्ड मानमोहमारादिमद ब्यापिरह्यउब्रह्मण्ड ११ तामसधर्मकरहिंनर जपतपमखब्रतदान देवनबर्षै धरणिमहँबयेनजामहिंधान १२ त्रोटकछंद॥ अबलाकचभूषणभूरिक्षुधा धनहीनदुखीममताबहुधा १३ सुखचाहहिंमूढ़नधर्मरता मतिथोरिकठोरिनकोमलता १४ नरपीड़ितरोगनभोगकही अभिमानबिरोधअकारणही १५ लघुजीवनसंबतपंचदसा कल्पांतननाशगुमानअसा १६ कलिकालबिहालकियेमनुजा

कलिकालविषे कपट हठ द्वेषकही ईर्षा अरु मान मोह मारादिक मद सो संपूर्ण ब्रह्मांडविषे इत्यादिक व्यापिरहेउ है ( ११ ) हे तात त्यहि घोर कलियुगविषे जेनर कछु धर्मकर्म करहिं जप तप यज्ञ दान सो संपूर्ण तामसमय अरु दैव जलनहीं बरषैं अन्न पृथिवी में नहीं उत्पन्नहोइ सबलोग पीड़ितरहैं ( १२ ) त्रोटकछन्दार्थ॥ हेतात स्त्रिनके बारमात्रभूषण रहिगये हैं अरु क्षुधा बहुतभई है त्यहिकरिकै संपूर्णलोग पीड़ित भये हैं अरु धनकरिकै सबलोग हीनह्वैगये हैं अरु धनके प्राप्तिकै ममताबहुत है ( १३ ) अरु ऐसेमूढ़ हैं सुखको चाहतेहैं अरु धर्मविषेरत लेशहूनहीं हैं जाते सुखहोइ ताते दुखीहैं अरु सबकीमति थोरिह्वैरही है ताहू में कठोरमति है कोमलता लेशहूनहीं है ( १४ ) नरजे हैं ते संपूर्ण पीड़ित हैं अरु रोगनके बशहैं भोगकी नास्तिहै अरु बिनाकारणहीं अभिमानभरे हैं ( १५ ) अरु जीवनलघुहै दश पांचबर्षको अरु गुमानअस है कि कल्पांतउमें नाशनहीं होइगा ( १६ ) हे तात कलिकाल करिकै संपूर्ण बेहालह्वइगये हैं अरु अनुज जो भाईकी स्त्री है अरु तनुजा जो आपनी कन्या तिनको कोईनहीं मानतेहैं ( १७ ) न केहूके शीलरहा न संतोषरहा अरु न बिचाररहा अरु संपूर्ण जाति औ कुजाति मँगताहोत भये हैं ( १८ ) ईर्षा परुषाकही अहंकार क्षरकही मिथ्या कर्तव्य मिथ्याआलाप संचार संयुक्त अरु लोलुपताकही चंचलता चुगुलखोर इहांकी उहां करतफिरैं अरु पराईबस्तुको तकतफिरैं इत्यादिक जीवनमें भरिपूरिरहे हैं सर्बमें समता सो बिगतकही जातरही है ( १९ ) सबलोग अति

नहिंमानतकोउअनुजातनुजा १७ नहिंतोषबिचारनशीतलता सबजातिकुजातिभयेमँगता १८ इरषापरुषाक्षरलोलुपता भरिपूरिरहीसमताबिगता १९ सबलोगवियोगबिशोकहिये बर्णाश्रमधर्मअचारगये २० दमदानदयानहिंजानपनी जड़तापरपंचनतातघनी २१ तनपोषकनारिनरासगरे परनिंदकजेजगमेंबगरे २२ दो०॥ सुनुब्यालारिकरालकलि मलअवगुणआगार गुणौबहुतकलियुगकर बिनुप्रयासनिस्तार २३ कृतयुगत्रेताद्वापरौपूजामखअरुयोग जोगतिहोइसोकलिहरि नामतेपावहिंलोग २४ चौ०॥ कृतयुगसबयोगीविज्ञानी करिहरिध्यानतरहिंभवप्रानी २५ त्रेताबिबिधयज्ञनरकरहीं प्रभुहिसमर्पिकर्मभवतरहीं २६ द्वापरकरिरघुपतिपदपूजा नरभवतरहिंउपायनदूजा २७ कलियुगकेवलहरिगुणगाहा गावतनरपावहिंभवथाहा २८

शोककरिकै बियोगकही लीनह्वैगये हैं विशोक कोई न रहा अरु बर्णाश्रमके धर्म आचार संयुक्त जातरहे हैं ( २० ) इंद्रिनको जीतब अरु दान अरु ज्ञान इनबस्तुनकर पनीकही प्रणकरिकै धारणकर करैया कोई रहबै नहींभयो हेतात जड़ता अरु प्रपंच अतिघनी ह्वैरहीहै ( २१ ) अरु सब नारिनर तनपोषक ह्वैरहे हैं अरु परनिन्दक संपूर्ण जगत्में बगरिकही

फैलिरहेहैं ( २२ ) दोहार्थ॥ हे ब्यालारि कलियुग मलकर आगारहै अरु बहुतगुणौ हैं कलियुग विषे बिनाप्रयासहि निस्तारहै ( २३ ) कृतयुगकही सतयुग त्रेता द्वापर कृतयुगविषे ध्यानयोग त्रेतामें यज्ञ अरु द्वापरमें पूजा एतेसंपूर्ण युगके धर्मकरिकै भगवत् अर्पणकरै जवनीगतिको प्राप्तहोहि सो गति कलियुग विषे रामनामते होतिहै ( २४ ) सतयुगविषे सबयोग बिज्ञान ध्यानकरिकै हरिको समर्पण करिकै तब जीवतरैहै ( २५ ) अरु त्रेतामें यज्ञकरै प्रभुको समर्पणकरिकै जीवतरै हैं ( २६ ) अरु द्वापरमें श्रीरघुनाथजी के चरणपूजिकै भवतरहिं दूसरउपाय नहीं है ( २७ ) कलियुगमें केवल श्रीरामचन्द्र के गुणानुबाद गाइकै संसार तरिजाते हैं ( २८ ) कलियुग में योगहै न यज्ञहै अरु न ज्ञानहै न ध्यान है एक श्रीरामचन्द्रकर गुणगान जो है सोई आधारहै ( २९ ) सब भरोसतजिकै श्रीरामचन्द्रको भजतेहैं अरु प्रेमसमेत गुणानुबाद गावतेहैं गीतायांश्लोकार्द्ध॥ सर्वधर्म्मान्परित्यज्य मामेकंशरणंव्रज ( ३० ) सोई संसारको तरहिं जो नामको भजहिं काहेते नामको प्रताप कलियुगमें प्रकटहै ( ३१ ) हेतात कलिकर एकपुनीत प्रतापहै कि मानसी पुण्यहोत है अरु पापनहीं है काहेते जो आपने पासहोइ सो तौ पुण्यकरिदेइ अरु और पुण्यकरनेकी इच्छाकरते हैं सो मानसी पुण्यहोती है अरु पापनहीं होइहै काहे

**कलियुगयोगयज्ञनहिंज्ञाना एक अधाररामगुणगाना २९ सबभरोसतजिजोभजुरामहिं प्रेमसमेतगावगुणग्रामहिं ३० स्वइभवतरकछुसंशयनाहीं नामप्रतापप्रकटकलिमाहीं ३१ कलिकाएकपुनीतप्रतापामानसपुण्यहोइनहिंपापा ३२ दो०॥ कलियुगसमयुगआननहिं जोनरकरबिश्वास गाइरामगुणगणबिमलभवतरबिनहिंप्रयास ३३ प्रकटचारिपदधर्म्मकेकलिमहँएकप्रधान येनकेनबिधिदीन्हेदानकरैकल्यान ३४ चौ०॥ नितयुगधर्महोहिंसबकेरे हृदयराममायाकेप्रेरे ३५ शुद्धसत्वसमताविज्ञाना कृत**

ते कलिमेंमन अहर्निशि पापहीमें रहतहै श्लोकएक श्रीमद्भगवते॥ कृतेयद्ध्यायतेबिष्णुंत्रेतायांयजतोमखैः॥ द्वापरेपरिचर्यायांकलौतद्धरिकीर्तनात् ( ३२ ) दोहार्थ॥ हे तात कलियुगके समान और युगनहीं है जेनर बिश्वासकरिकै श्रीरामचन्द्रको बिमलगुण गाइकै भवसागर बिनहिंप्रयास तरिजाते हैं ( ३३ ) हे तात धर्मके चारिपद प्रकटहैं सत्य शौच तप दान त्यहिकलिमें एकप्रधान है येनकेन बिधिते दानकिये कल्याणहै ( ३४ ) हे तात सबके युगयुगके धर्म नित्यबर्तमान होतेहैं श्रीरामचन्द्रकी मायाकी प्रेरणाते तहां सतयुगको धर्म सतयुगहि में है अरु त्रेताको धर्म त्रेता हीमेंहै अरुद्वापरको धर्म द्वापरमें अरु कलियुगको धर्म कलियुगमेंहैं ताते‌नित्ययुगधर्म कहाहै किंतु तीनिहूं युगकोधर्म कलियुगविषे सूक्ष्मसूक्ष्मबर्तमान होतहै तामें कलियुगको अतिआधिक्यहै यहीरीतिसबयुगमें जानियेकिंतु कोई पुरुषएकहीदिनमेंचारिपहरमें चारिहु युगको धर्मबर्तमान करतेहैं ( ३५ ) शुद्ध सात्विक गुण तेहीते मनमें समताअरुविशेष आत्मज्ञानताते‌मनप्रसन्नहै सबके यह सतयुगको धर्महै ( ३६ ) अरु सात्विकगुण तौ पूर्णअरु राजसगुण के चारि भागमें एकभाग त्रेतामें प्राप्तिभयोत्यहि गुणनके अनुभूत सब नरनारि कर्मकरतेहैं ताते त्रेताके कर्मधर्ममें सब सुखैहै काहेते कि सात्विक करिकै केवल बैराग्य योग ध्यान अरु राजस करिकैयज्ञ इत्यादिक सुन्दरभोग श्रीरामप्रसादी दूनौंमिले त्रेतामें परम सुखै है ( ३७ ) अरु द्वापरमें आधा राजस गुण अरु एक भाग सात्विक एक भाग तामस ताते द्वापर विषे हर्षजोहै भयजोहै शोक इत्यादिक मिलिकै ब्याप्तहै ( ३८ ) अरु कलिमें तामस गुण पूर्ण अरु राजस एकभाग अरुसात्विक जहांतहां भगवत्की कृपाते तातेसम्पूर्ण विरोध ह्वइरहाहै ( ३९ ) ताते बुधजे हैं पण्डित विवेकी सो युगको धर्म जानते हैं ताते अधर्म कोत्यागिकै धर्मकरते हैं तहां एकही दिनमें चारिहू युगके धर्म करते हैं प्रात

**प्रभावप्रसन्नमनजाना ३६ सत्वबहुतरजकछुरतिकर्मा सबबिधिसुखत्रेताकरधर्मा ३७ बहुरजस्वल्पसत्यकछुतामस द्वापरधर्महर्षभयमानस ३८ तामसबहुतरजोगुणथोरा कलिप्रभावविरोधचहुंओरा ३९ बुधयुगधर्मजानिमनमाहीं तजिअधर्मरतधर्मकराहीं ४० कालकर्मनहिंब्यापिहिताही रघुपतिचरणप्रीतिअतिजाही ४१ नटकृतबिकटकपटखगराया नटसेवकहिनब्यापैमाया ४२**

समय जब चारिदण्ड रात्रीरहती है अरु चारिदण्ड दिनचढ़े ताईं सतयुगको धर्म ज्ञान ध्यान करतेहैं उपरांत डेढ़पहर दिन चढ़ेताईं त्रेताको धर्म करते हैं होमयज्ञ किन्तु जप यज्ञ उपरांत अढ़ाईपहर दिन चढ़ेताईं द्वापरको धर्म करतेहैं पूजा स्नान शृङ्गार भोगराग किंतु मानसी पूजा उपरांत कलियुगको धर्म श्रीरामचरित कीर्तन करतेहैं किंतु रामनामै स्मरणकरतेहैं अरुनाम स्मरणतौसदाऐसेही आठौयाम भगवत् धर्मकरतेहैं बुधजनजे हैं ( ४० ) हे तात कलिके कर्म धर्म त्यहि पुरुष को नहीं व्यापतहैं जिनके श्रीरामचन्द्रके चरण विषे भलभावहै ( ४१ ) हे खगराय जैसे नटकै कृतवेष अति बिकट है नहीं जानाजाइ है किससे तहां नटकी माया नटके सेवकको नहीं व्यापत है हेतात तैसेही हरिकी प्रेरणाते हरिकी माया अनेक गुण दोष युक्त कलाकरतीहै पर जे हरिके सेवक हैं तिनको नहीं व्यापती है किन्तु हरि अपनी माया करिकै गुण दोष युक्त अनेक कला करते हैं सो हरिके सेवक हैं तिनको नहीं व्यापती है किन्तु हरि अपनी मायाकरिकै गुण दोषयुक्त अनेक कला करतेहैं सोहरिके सेवकनको नहीं व्यापती है ( ४२ ) दोहार्थ॥ हे गरुड़ हरिकी मायाकर दोष गुण जो हैंशुभअशुभ दूनों मायाकृत हैं अरु दूनों के गये बिना जीवकर कल्याण नहीं है सो दूनौं बिना रामचन्द्रके भजन अनेक उपायकरै नहीं जातेहैं तातेसबकामना तजिकै श्रीरामचन्द्र को भजो मनमें बिचारलेव यह सिद्धांत है ( ४३ ) त्यहि कलिकाल विषे श्रीअयोध्यामें मैं कोई समयमें बहुत काल तक बासकीन्ह हे विहँगेश गरुड़ कोई समय में दुकाल परयो तब क्लेशपाइकै मैं विदेशको दक्षिण दिशाको जातरह्यों ( ४४ ) इतिश्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषविध्वन्सने उत्तरकाण्डे कलिकालमहाघोरकर्मबर्णनन्नाम सप्तविंशतिस्तरङ्गः २७॥ :: :: :: :: :: :: ::

**दो०॥ हरिमायाकृतदोषगुणबिनुहरिभजननजाहिं भजियरामसबकामतजि असबिचारिमनमाहिं ४३ त्यहिकलिकाल वर्षबहु बसेउंअवधबिहँगेश परयोदुकालबिपत्तिबश तबमैंगयोंबिदेश ४४॥ * * * * * ***

**चौ०॥ गयउंउजैनसुनहुंउरगारी दीनमलीनदरिद्रदुखारी १ गयेकालकछुसंपतिपाई तहँपुनिकरयोंशम्भुसेवकाई २ विप्रएकवैदिकशिवपूजा करैसदात्यहिकाजनदूजा ३ परमसाधुपरमारथविंदक शम्भुउपासकनहिंहरिनिंदक ४ त्यहिसेवोंमैंकपटसमेता द्विजदयालअतिनीतिनिकेता ५ बाहिजधर्मदेखिम्वहिंसाईं बिप्रपढ़ावैंपुत्रकिनाईं ६ शम्भुमन्त्रम्वहिंद्विजवरदीन्हा शुभ**

दोहा॥ विंशतिआठतरंगमें द्विजगुरुकृपाबखानि॥ रामचरणशिवकोपगुरु कृपासिंधुबरदान २८॥ हे उरगारि त्यहिकलिकालमें मैंउज्जैन नगरको जातभयउँ दरिद्रकरिकै दीन मलीन दुखीरहौं ( १ ) कछुकालगये कोई यत्नते प्रारब्धिके बश कछुसम्पतिको प्राप्तभयउँ तहांमहाकालेश्वर महादेवकी मैं सेवकाईकरौं ( २ ) तिनहीं महादेवकी पूजाकरौंएक ब्राह्मण वैदिक वेदवेत्ता मन क्रम बचनते दूसर कार्य नहींकरै ( ३ ) ब्राह्मण परमसाधु परमारथविषे बिंदककही प्राप्तरहैं अरु शंभुको उपासकरहैं अरु हरिकी निंदानहीं करहिं ( ४ ) अरु तिन ब्राह्मणकी मैं कपटसमेत सेवाकरौंऊपरतेसेवाकराभीतरतेनहीं मानौं अरु ब्राह्मणबड़ेदयालुरहैंअरुनीतिके निकेतरहैं ( ५ ) तहां वे ब्राह्मण मेरोबाहिजकही ऊपरकेशुभकर्म देखहिं अरुभीतर कपटीजानिकै मोको पुत्रकीनाईं पढ़ावहिं काहेते जातेमैं शुद्धह्वैजाउं ( ६ ) तब द्विजबर मोकोशम्भुकरउपदेशकीन अरु बिबिधप्रकार ते मोको उत्तम उपदेश करतभये ( ७ ) तबमैं महादेवके मन्दिरमें शिवकरमंत्र जपौं पर दंभसमेत अरु अहमितकही अहंकार बहुतरहै जाते मोको कोई महानुभावकहै ( ८ ) दोहार्थ॥ ताही दंभते मोरिमति खलह्वैगई अरु मलिन ह्वैगई काहेते मैं नीचजाति अभिमान मोहकेबश ब्राह्मण बैष्णवको देखिकै जरिजाउं अरु विष्णुकर द्रोहकरौं शिवउपासनामेंअभिमानकरौं ( ९ ) सोरठार्थ॥ तहां गुरुमोको नित्य उपदेशकरैं मंदआचरण देखिकै अरु मोको क्रोधउपजै काहेते दंभिनको कहूं नीतिभावतहै ( १० ) तब एकबार गुरुमोको बुलावतेभये मोको बहुतप्रकारते नीति सिखावतभये ( ११ ) यह सिखावतभये कि हे पुत्र शिवकी सेवाकरफलश्रीरामचन्द्रके चरणनविषे अबिरलकही सघनजामें एकश्वासाकर बिक्षेपनपरै

उपदेशबिबिधबिधकीन्हा ७ जपौंमंत्रशिवमन्दिरजाई हृदयदम्भअहमितअधिकाई ८ दो०॥ मैखलमलसंकुलमति नीच जातिबशमोह हरिजनद्विजदेखेजरौंकरौंबिष्णुकरद्रोह ९ सो०॥ गुरुनितमोहिंप्रबोध देखिदेखिआचरणमम म्वहिंउपजैअतिक्रोध दम्भिहिनीतिकिभावई १० चौ०॥ एकबारगुरुलीन्हबोलाईमोहिंनीतिबहुभांतिसिखाई ११ शिवसेवाकरफलसुतसोई अबिरलभक्तिरामपदहोई १२ रामहिंभजहिंतातशिवधाता नरपामरकैकेतिकबाता १३ जासुचरणअजशिवअनुरागी तासुद्रोहसुखचहसिअभागी १४ हरकहँहरिसेवकगुरुकह्यऊ सुनिखगनाथहृदयममदह्यऊ १५ अधमजातिमैंविद्यापाई भयउयथाअहिदूधपियाई १६ मानीकुटिलकुभाग्यकुजातीगुरुकरद्रोहकरौंदिनराती १७ अतिदयालगुरुस्वल्पनक्रोधा पुनिपुनिमोहिंसिखावसुबोधा १८

सो भक्तिहोती है ( १२ ) हेतात श्रीरामचन्द्रको शिव अरु धाताकहे बिधाता इत्यादिक भजतेहैं नरजे पामरहैं पशुज्ञान तिनकी कौनि बातहै ( १३ ) जिन श्रीरामचन्द्रके चरणानुरागी शिव ब्रह्माहैं हे अभागीतिन श्रीरामचन्द्रते बिमुख ह्वैकैतैं आपनभला चाहतहै ( १४ ) हेगरुड़ जब गुरुन हरको हरिकर सेवककहा तब सुनिकै मेराहृदय दहिउठेउ ( १५ ) हेतात मैं अधमजाति अरु विद्यापायउं सो विद्याम्वहिंविषे कैसी ह्वइगई जैसे सर्पको दूधपियाये विष ह्वैजात है जैसे स्वातीकोजल सर्पकेमुखविषे परतसंते बिष बिशेषह्वै जातहै तेसे मोको विद्याभई ( १६ ) हे तातमोकोमान बहुत ह्वैगयो काहेते कि मैं कुटिल कुजाती कुभागी ताते गुरुकरद्रोह रातिदिन करौं ( १७ ) अरु गुरुदयाल जिनके स्वल्पौ क्रोध न होइ कबहूं गुरु तिनको कही पुनिपुनि मोको बारबार सुष्ठुज्ञान उपदेशकरैं ( १८ ) हेतात नीचनकी यहरीतिहै कि ज्यहिकरिकै बड़प्पनपावैं त्यहिको हठकरिकै नशावते हैं मोहीं में देखिलेव ( १९ ) हेभाई धूम अग्नितै उत्पन्नहोतहै सो यज्ञके संयोगकरिकै घनपदवीको प्राप्तहोतहै तब जल बर्षिकै अग्निको बुझाइदेत है ( २० ) हेतात देखिये तौ रज मगविषे निरादर परीरहतहै अरु सबके पदको प्रहारकही चोट सहतहै ( २१ ) सोरज पवनके प्रसंग करिकै नभको उड़तहै अरु ऊंचपदबीको प्राप्तिहोतहै सोरज प्रथमपवनहिंको मलीनकरतहै पुनि राजनकेनेत्रन किरीटनमेंपरत है ( २२ ) हेखगपति ऐसे अनेक प्रसंग समुझिकै बुधकहीपण्डित बिबेकीजेहैं ते अधम अधम अज्ञातिनकै संगति नहीं करतेहैं ( २३ ) हे तात कबि कोबिद

ज्यहितेनीचबड़ाईपावा सोप्रथमहिंहठिताहिनशावा १९ धूमअनलसंभवसुनुभाई त्यहिबुझावघनपदवीपाई २० रजमगपरीनिरादररहई सबकरपदप्रहारनितसहई २१ मरुतउड़ावप्रथमत्यहिभरई पुनिनृपनयनकिरीटनपरई २२ सुनुखगपति अससमुझिप्रसंगा बुधनकरहिंअधमनकरसंगा २३ कबिकोबिदगावहिंअसनीती खलसनकलहनभलसनप्रीती २४ उदासीनबरुरहियगोसाईं खलपरिहरियश्वानकीनाईं २५ मैंखलहृदयपटकुटिलाई गुरुहितकहैंनमोहिंसोहाई २६ दो०॥ एकबारहरमंदिरैजपतरह्यउंशिवनाम गुरुआयेअभिमानते उठिनहिंकीनप्रणाम २७ सोदयालनहिंकह्यउकछु उरनरोषलवलेश अतिअघगुरुअपमानते सहिनहिंसकेमहेश २८ चौ०॥ मन्दिरमांझभईनभबानी रेहतभाग्यअधमअभिमानी २९ यद्यपितवगुरुकेनहिंक्रोधा

यहकहते हैं कि खलनसन न कलहकरी अरु न भलाई प्रीतिकरी किंतु भलेउसों न प्रीतिकरी ( २४ ) हे गोसाईं बरु उदासीनह्वैकै एकान्तमें रहिये अरु खलनकी संगति श्वानकीनाईं त्यागकरी ( २५ ) अरु मैं खल हृदयमें कपट कुटिलाई भरिपूर्णरहो अरु गुरु मोरेहितकैकहैं मोकोनहीं सुहाइ ( २६ ) दोहार्थ॥ हे तातएकबारकही एकसमयविषे

महादेवके मंदिरमें बैठिकै शिवमंत्र जपतरहौं ताहीसमयमें गुरुआये तबमैं अभिमान ते उठिकै प्रणाम नहीं कीन ( २७ ) तहां गुरुदयालहैं कछु नहीं कह्यउ तहां गुरुनकर अपमान अति अघहै ताते महेश न सहिसके ( २८ ) तब मन्दिरमध्यमें महादेवकी बाणीहोतभई कोपसंयुक्त हेरेहतभाग्य अभिमानी ( २९ ) गुरुनकर अपमान तैं किहेहै तातेमैं नहीं सहिसकौं अरुजो हमार अपमान तैं करतिसि तौ सहिजातेउं यद्यपितोरे गुरुन क्रोधनहीं कीन काहेते अतिकृपालुहैं अरु बोधकहीसम्यक्प्रकार अंतष्करणमें ज्ञानहै ( ३० ) हे शठयद्यपि तेरे गुरु नहीं बोले तदपिहम तोको शापदेहिंगेकाहेते नीतिविषे बिरोध हमको नहीं स्वहाइहै ( ३१ ) हेखल जोतोकोयह दण्ड नकरौं तौ श्रुतिकर मार्ग जो हमारहै सो भ्रष्टह्वैजाय ( ३२ ) जे खलकोई मनते बचनते वा कर्म करिकै गुरुनते ईर्षा करहिं ते शतकल्प रौरव नरकविषे प्राप्तहोहिं ( ३३ ) पुनि जब कोई कालमें नरकते निकसैं तबत्रिजग योनिको प्राप्तहोते हैं त्रिजगयोनि कही देव दानव मनुष्य छोड़िकै अपरकी त्रिजग संज्ञाहै अयुत कही दशहजार जन्मताईं पीड़ाको प्राप्तहोते हैं ( ३४ ) ताते तेरे गुरुआये अरुतैं उठेसि नहीं अजगर सर्पइव बैठ

अतिकृपालुचितसम्यकबोधा ३० तदपिशापशठदेहौंतोहीं नीतिबिरोधसोहाइनमोहीं ३१ जोनहिंदण्डकरौंखलतोरा भ्रष्टहोइश्रुतिमारगमोरा ३२ जेशठगुरुसनईर्षाकरईं रौरवनरककल्पशतपरईं ३३ त्रिगजगयोनिपुरधरहिंशरीरा अयुतजन्मभरिपावहिंपीरा ३४ बैठरह्यसिअजगरइवपापी सर्पहोसिखलमलअतिब्यापी ३५ महाबिटपषोडरमहँजाई रहअधमाधमअधगतिपाई ३६ दो०॥ कीन्हेहाहाकारगुरु दारुणसुनिशिवशाप कम्पितमोहिंबिलोकिअति उरउपजापरिताप ३७ करिदंडवतप्रेमहिय शिवसन्मुखकरजोरि विनयकरतगद्गदगिरा समुझिघोरगतिमोरि ३८ भुजंगप्रयातछंद॥ नमामीशमीशाननिर्बाणरूपं बिभुंब्यापकंब्रह्मवेदस्स्वरूपं ३९ अजंनिर्गुणंनिर्ब्बिकल्पंनिरीहं चिदाकाशमाकाशबासंभजेहं ४० निराकारमोंकारमूलंतुरीयं गिराज्ञानगोतीतमीशं

रह्यसि ताते हेखल तैं सर्पयोनि विषे प्राप्त होसि ( ३५ ) महाबिटप जोकोई होइ त्यहिके खोड़र में सर्पयोनि ह्वैकै रहुजाइ हे अधमहुँ ते अधम अधोगति को प्राप्तहोसि जाइ अधोगति कही नीचगति शिरनीचे पूँछ ऊपर ( ३६ ) दोहार्थ॥ तब महादेव के महाघोर शापहमारे सुनिकै कांपि उठे हाहाकार कीन्ह तब मोको कंपित देखिकै गुरुनके हृदयमें सन्तापहोत भयो ( ३७ ) तब शिवकै दण्डवत् करिकै सन्मुख ह्वैकै दूनों करजोरिकै गद्गदवाणीते शिवकी विनयकरतभये मोरिघोरिगति समुझिकै ( ३८ ) छन्दार्थ॥ हे गरुड़ हमारेगुरु शिवकी स्तुति करतभये हैं ईशान कोण के ईश निर्बाण कही मोक्षस्वरूपहौ मैं नमस्कार करतहौं पुनि कैसेहौ बिभुकही सामर्थ हौ अरु सर्व व्यापकहौ पुनि वेदतत्व ब्रह्मस्वरूपहीहौ ( ३९ ) निजकही स्वतन्त्रहौ पुनि निर्गुणहौ निर्विकल्प कही मन बाणीकी कल्पनाते रहितहौ पुनि निरीह कही चेष्टा रहितहौ बाल जुवा वृद्ध श्वेत पीत इत्यादिक रंग लघु दीर्घ इत्यादिक ते रहितहौ पुनि चित्स्वरूपहौ नित्यचैतन्य ब्रह्महौ आकाशवत्हौ पुनि आकाशबासी कही अन्तरिक्षबासीहौ तंअहंभजे ( ४० ) पुनः निराकारहौ प्रकृतिके आकारते रहितहौ परमदिव्य आकारहै तुम्हारा पुनि ॐकारके मूलहौ पुनितुरीय अवस्थारूपहौपुनि गिराजोहै बाणी अरुज्ञान अरु गोकही इंद्री इनते अतीतकही परेहौ हेईश हेगिरीशअहंभजे ( ४१ ) अरु हे महेश तुम करालहौ किंतु करालमहाकाल ताहूके करालकालहौ अरु गुणागारकही गुणनके स्थानहौ किंतु तीनिगुणकर आगार संसार जोस्थान है त्यहिके तुमपरेहो किंतु त्रैगुण्यमयजो संसार त्यहिके जीवजेहैं ते तुम्हार पारनहीं पावत हैं ते तुभ्यं नतकही नमस्कार करतहौं किंतु नतकही शरणहौं ( ४२ ) पुनि कैसेहौ तुषाराद्रि कही हिमाचलपर्बत तद्वत् गौरगंभीरहौ पुनि मनोभूत जो कामहै सो कोटिन कामकीप्रभा तुम्हारे शरीरमें हैं ( ४३ ) अरु तुम्हारे मौलिकही शीशजटाविषे

**गिरीशं ४१ करालंमहाकालकालंकृपालं गुणागारसंसारपारंनतोहं ४२ तुषाराद्रिसंकाशगौरंगँभीरं मनोभूतकोटिप्रभासीशरीरं ४३ स्फुरन्मौलिकल्लोलिनीचारुगंगा लसद्भालबालेन्दुकंठेभुजंगा ४४ चलत्कुंडलंशुभ्रनेत्रंबिशालं प्रसन्नाननंनीलकंठंदयालं ४५ मृगाधीशचर्म्माम्बरंमुंडमालं शिवंशंकरंसर्बनाथंभजामि ४६ प्रचंडंप्रकृष्टंप्रगल्भंपरेशं अखडंअजंभानुकोटिप्रकाशं ४७**

स्फुरितकही दीप्तिमान चारुकही सुन्दर श्रीगंगाजी कल्लोलकरतीहैं अरु भालविषे इंदुकही बाल चन्द्रमा शोभितहै अरु कंठविषे भुजंग शोभित हैं ( ४४ ) अरु चलत्कही चंचलकुण्डल हैं सर्पके बच्चनकेश्रवणविषे अरु सुष्ठु भृकुटी हैं अरु बिशालनेत्र हैं अरु सदाप्रसन्न आननकही मुख है अरु आपु नीलकण्ठहौ अरु सर्बथा दयालहौ ( ४५ ) अरुमृगनको अधीशकही राजा सिंह त्यहिकर चर्म बरकही श्रेष्ठ त्यहिके अंबरकही बस्त्र धारणकिहेहौ अरु नरके मुण्डनके माला पहिरेहौ अरु हे शंकर तुमसबके प्रियहौ अरु सर्बके नाथहौ ते अहंभजामि ( ४६ ) पुनि कैसेहौ प्रचण्डहौ प्रकृष्टकही उत्कृष्ट उत्तमहौ गरिष्टहौ गंभीरहौ किन्तु संपूर्ण क्लिष्टकही क्लेशतेपरेहौ पुनि प्रगल्भकही सबके अंतष्करणकी जानतेहौ अरु तुम्हारीजाति कोई नहींजानै है अरु अथाह गम्भीरहौ किन्तु प्रगल्भकही अजन्माहौ जन्म ते रहितहौ स्वतन्त्रहौ अरु सबकेपरे ईशहौ अरु अखण्डहौ अजहौ अरु कोटिभानुसम तनको प्रकाशहै ( ४७ ) अरुत्रिधाशूलकही तीनिताप अधिभूत अध्यात्म अधिदैवत त्यहिके निर्मूल करिबेको तुम त्रिशूललिहेहौ हाथविषेते हे भवानीपति तुमभाव करिकै गम्यकही प्राप्तिहौ तंअहंभजे ( ४८ ) क अरु कलातीत कही षोडशौ कलातेपरेहौ किंतु कलाकही मायाकेपरेहौ अरु सर्बकल्याणके कर्त्ताहौ अरुकल्पके अंतकर्त्ता तुमहींहौ अरु सदा सज्जन जोहैं तिनके आनन्ददाता हौ ( ४९ ) अरु सच्चित् आनन्द त्यहिके संदोहकही समूह समुद्रहहु मोहके अपहारीकही हरैयाहहु हे मन्मथारि हे प्रभो प्रसीदकही यहि पर रक्षाकरहु बारम्बार मोपर प्रसन्नहोहु ( ५० ) हे उमानाथ जबताईं तुम्हार चरणारबिंद नहींभजैं तेनर यहिलोक में सदापरे हैं बाकही बिकल्पे नरक चौरासी मृत्युलोकमें परेहैं ( ५१ ) जबताईं तुम्हार चरणनहीं भजैंतावत्कही तबताईं सुखकहूं नहींहै अरु न शांतिहै अरु न संतापको नाशहै

**त्रिधाशूलनिर्मूलनंशूलपाणी भजेहंभावानीपतिंभावगम्यं ४८ कलातीतकल्याणकल्पांतकारी सदासज्जनानन्ददातापुरारी ४९ चिदानंदसंदोहमोहापहारी प्रसीदप्रसीदप्रभोमन्मथारी ५० नयावदुमानाथपादारबिंदं भजन्तीहलोकेपरेबानराणां ५१ नतावत्सुखंशांतिसंतापनासं प्रसीदप्रभोसर्वभूताधिबासं ५२ नजानामियोगंजपंनैवपूजा नतोहंसदासर्बदाशंभुतुभ्यं ५३ जराजन्मदुःखौघतातप्यमानं प्रभोपाहिआपन्नमामीशशंभो ५४ रुद्राष्टकमिदंप्रोक्तंविप्रेणहरतुष्टये येपठंतिनराभक्त्यातेषांशंभुप्रसीदति ५५ दो०॥ सुनिबिनतीसर्बज्ञशिव देखिबिप्रअनुराग पुनिमंदिरनभबाणी भइद्विजबरबरमाँगु ५६ जोप्रसन्नप्रभुमोहिंपर जानिदीनपर**

हे प्रभो तुम सर्बभूतके अधिपतिहौ अरु तिनबिषे बसेहौ प्रसन्नहोहु ( ५२ ) हे शंभु मैं योगनहीं जानौं अरु मैं जपनहींजानौं अरु पूजानहीं जानौं हे शंभु नतोहंकही तुम्हारी शरणहौं सदासर्बदा नमस्कार करतहौं ( ५३ ) हे शंभु जराकही वृद्ध पुनि मरण पुनि जन्मशोक दुखकर ओघ कही समूहहै त्यहि करिकैमैं तप्तमानहौं हे प्रभु आपन्नकही शरणहौंपाहि पाहि करिकै नमस्कार करतहौं ( ५४ ) यह रुद्राष्टक है बिप्रकरिकैकथित त्यहि करिकै महादेवको परितोषभयो त्यहिको जोकोई नर भक्तिसंयुक्त पाठकरै त्यहिपर शिव प्रसन्नहोतेहैं ( ५५ ) दोहार्थ॥ पुनिबिप्रकै बिनती सुनिकै शिवसर्बज्ञ बिप्रको अनुराग देखिकै प्रसन्नभये अरु बोले कि हेबिप्र बरमांगु ( ५६ ) हेप्रभु जोमोपर प्रसन्नहोहु आपन दीनजन जानिकै नेहकरत होहुतौ आपने चरणारबिन्दविषे अचल प्रीति भक्तिदेहु पुनि दूसर बरदेहु ( ५७ ) हे प्रभु तुम्हारी मायाके बश सबै जीव निरन्तर भूलिरहे हैं तिनजीवन

पर क्रोधनकरहु काहेते कितुम कृपालुहौ दीनदयालहौ भगवानहौ ( ५८ ) हेश्रीशङ्कर दीनदयालअब यहिदीनपर कृपाकरहुहे नाथशाप अनुग्रहकरहु जाते थोरेकालमें यहिकर कल्याण होइ ( ५९ ) जामें यहिकर परमकल्याण कही श्रीरामभक्ति होइ हे कृपानिधान सोई करहु ( ६० ) हे भरद्वाज बिप्रकै बाणीपरमहित सानी सुनिकै महादेव कृपाल बाणीबोलतभये हे बिप्र एवमस्तु हम दूनोंबरदीन ( ६१ ) यद्यपिमैं दारुण पाप कीन है तबमैं क्रोधकरिकै शापदीनहै ( ६२ ) तदपि तुम्हारी साधुता दीनता देखिकै यहिपर कृपामैंबिशेषि करब ( ६३ ) हे द्विज जे पुरुष क्षमा

नेहु निजपदभक्तिदेइप्रभु पुनिदूसरबरदेहु ५७ तबमायाबशजीवजड़संततफिरैंभुलान त्यहिपरक्रोधनकरियप्रभुकृपासिंधुभगवान ५८ शंकरदीनदयालअब यहिपरहोहुकृपाल शापअनुग्रहहोइज्यहि नाथथोरहीकाल ५९ चौ०॥ यहिकरहोइपरमकल्याना सोइकरहुअबकृपानिधाना ६० बिप्रगिरासुनिपरहितसानीएवमस्तुइतिभैनभबानी ६१ यदपिकीनयहिंदारुणपापा मैंपुनिदीनक्रोधकरिशापा ६२ तदपितुम्हारिसाधुतादेखी करिहौंयहिपरकृपाबिशेखी ६३ क्षमाशीलजेपरउपकारी तेद्विजप्रियम्वहिं यथाखरारी ६४ मोरशापद्विजवृथानहोइहि जन्मसहस्त्रअवशियहपाइहि ६५ जन्मतमरतदुसहदुखहोई यहिस्वल्पौनहिंब्यापीसोई ६६ कवन्यहुंजन्ममिटिहिनहिंज्ञाना सुनहुशूद्रममबचनप्रमाना ६७ रघुपतिपुरीजन्मतवभयऊ पुनित्यइँ ममसेवामनदयऊ ६८ पुरीप्रभावअनुग्रहमेरे रामभक्तिउपजिहिहियतेरे ६९ सुनुममबचनसत्यअबभाई हरितोषनब्रतद्विजसेवकाई ७० अबजनि

शील परउपकारमें निरंतरहहिं ते मोको बहुत प्रियहैं जैसे खरारिप्रिय हैं ( ६४ ) हे द्विज मोर शाप वृथा नहीं है तहां हजारजन्म यह अवशिकै पाइहि ( ६५ ) पर जन्मत मरत दुसहदुख होतहै अरुसो दुख यहिको स्वल्पौ न होइहि ( ६६ ) अरु जै जन्म तैं धरिहै तहां तहां तोर ज्ञान बनारहि है हे शूद्र मोरे बचनका यह प्रमाण मान्यसु ( ६७ ) पुनि सुनु रघुपतिकै पुरी श्रीअयोध्या तहां तोर जन्म भयउ है पुनि तुममेरी सेवा विषे मनदीन है ( ६८ ) श्रीअयोध्या पुरीके प्रभावते अरु मेरी अनुग्रह ते श्रीरामचन्द्रकै भक्ति तोरे हृदयमें उत्पन्न होइहि ( ६९ ) अब मोर बचन तू सत्यसुनु भावते हरिके तोषकर ब्रत ब्राह्मणकी सेवकाईहै ( ७० ) अबतैं बिप्रकर अपमान कबहूं न करयसु अरु हरिकेदासन को हरि जो अनन्त हैं तिनके समान मान्यहु ( ७१ ) इन्द्रको कुलिशअरु मोर बिशाल त्रिशूल अरु कालकर दण्ड अरु हरिकर महाकराल चक्र ( ७२ ) जहां छूटहिं तहां कोई नहीं बचै है बरु हरि इच्छाते बचिउजाइ पर बिप्रकर द्रोह महापावक है तामें भस्म होइ जाइ नहीं बचै काहेते बिप्रके द्रोहमें हरि अधिक कोपमान होतहैं ( ७३ ) अरु बिबेकहृदय में राखहु तुमको जगमें कछु दुर्लभ न होइहि ( ७४ ) एक आशिष मैं औरदेतहौं अप्रतिहतगति कही गमन जहांचाहसि तहांतैं जासिजलपवन पर्वत आकाश अग्नि इत्यादिक जहां चाहसि तहां जासितोरी गति को कोईरोंकि न सकै ताको अप्रतिहत गतिकही ( ७५ ) दोहार्थ॥ तबहेतात शिवके बचन सुनिकै एवमस्तु कहिकै अरु मोहिं प्रबोधिकै गुरु

करयसुबिप्रअपमाना जानिसुसंतअनंतसमाना ७१ इंद्रकुलिशममशूलबिशाला कालदंडहरिचक्रकराला ७२ जोइनकरमारानहिंमरई बिप्रद्रोहपावकसोजरई ७३ असबिवेकराख्यहुमनमाहीं तुकहँजगदुर्लभकछुनाहीं ७४ औरौएकआशिषामोरी अप्रतिहतगतिहोइहितोरी ७५ दो०॥ सुनिशिवबचनहर्षिगुरु एवमस्तुइतिभाखि मोहिंप्रबोधिगयउगृह शंभुचरणउरराखि ७६॥ * * *

चौ०॥ त्रिजगदेवनरजोतनुधरयऊं तहँतहँरामभजनअनुसरयऊं १ एकशूलम्वहिंबिसरनकाऊ गुरुकेकेवलशीलसुभाऊ २ चर्मदेहद्विजकैमैंपाई सुरदुर्लभपुराणश्रुतिगाई ३ खेलौंतहाँबालकनमीला करौंसकलरघुनायकलीला ४ प्रौढ़भयेम्वहिपितिपढ़ावा

अपने गृहको शंभु चरण उरराखिकै जात भये ( ७६ ) इतिश्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषबिध्वन्सने उत्तरकांडेशिवशापानुग्रहगुरुकृपा बर्णनन्नाम अष्टबिंशतिस्तरंगः २८॥ :: :: :: :: :: :: :: :: :: :: ::

दोहा॥ नवअरुबीसतरंगमें द्विजतनलहिबैराग॥ रामचरणसतसंगकरि मुनिगणसमतबिभाग २९॥ हे तात त्रिजग देवमनुष्यइत्यादिक जोई तनुधरौं तहां तहां श्रीरामचन्द्रके भक्तिके अनुसार सब प्रकारते भजन करौं ( १ ) हे तात एकशूल कही दुःख जो मोते चूक परी है गुरुन विषे अरु गुरुकरिकै बल शील सुभाउ यह दूनौं नहीं बिसरैं हैं ( २ ) पुनि चर्मकही अन्त विषे ब्राह्मणकै देह पावत भयों कैसी ब्राह्मणकी देह है ज्यहिको उत्तम करिकै वेद पुराण गावते हैं ( ३ ) तहां बाल अवस्थाविषे बालकनके संगमें खेलौं तहां खेलमें श्रीरामचन्द्रकै लीलाकरौं ( ४ ) जब मैं प्रौढ़कही सयान भयों तब पितामोको पढ़ावने लगे तब सुनौं समुझौं गुनौं श्रवण मनन निदध्यासन करौं पर मोरे मनमें नभावै ( ५ ) हे तात मनते सम्पूर्ण बासना भागिगई केवल श्रीरामचंद्र के चरण विषेलयलागिरही श्लोक एक॥ पूजाकोटिसमन्स्तोत्रंस्तोत्रकोटिसमंजपः॥ जपकोटिसमंध्यानंध्यानकोटिसमोलयः १ ( ६ ) हे खगेश श्रीरामचन्द्रकैभक्तिछोड़िकै पढ़ब गुनब अपर करतब्य सब कैसेहैं जैसेकोई कामधेनु छोड़िकैगदहीकै सेवन करैंतातेऐसो कवन अभागी है जो श्रीरामचन्द्र को छोड़िकै औरकहै सुनै करै ( ७ ) तब मैं श्रीरामचंद्र के प्रेम विषेमग्नरहौंमोको कछु सोहाइ नहीं पिता पढ़ाइ पढ़ाइ हारिगये हैं ( ८ ) हेतात जब मातापिता कालबश भये तब जनत्राता जो श्रीरामचन्द्र हैं तिनके भजन हेतु

समुझौंसुनौंगुनौंनहिंभावा ५ मनतेसकलबासनाभागी केवलरामचरणलयलागी ६ कहुखगेशअसकौनअभागी खरीसेवैसुरधेनुहित्यागी ७ प्रेममगनम्वहिंकछुनस्वहाई हारेउपितापढ़ाइपढ़ाई ८ भयेकालबशजबपितुमाता मैंबनगयोंभजनजनत्राता ९ जहँतहँबिपिनमुनीश्वरपावौं आश्रमजाइजाइशिरनावौं १० बूझौंतिनहिंरामगुणगाहा कहहिंसुनौहर्षितखगनाहा ११ सुनतफिरौंहरिगुणअनुबादा अब्याहतगतिशंभुप्रसादा १२ छूटीत्रिबिधिईक्षणागाढ़ी एकलालसाउरअतिबाढ़ी १३ रामचरणबारिजजबदेखौं तबनिजजन्मसुफलकरिलेखौं १४ ज्यहिपूंछौंसोमुनिअसकहई ईश्वरसर्बभूतमयअहई १५ निर्गुणमतनहिंमोहिंसुहाई सगुणब्रह्मरतिउरअधिकाई १६

मैं बनको गयउं ( ९ ) जहां तहां बिपिन विषे मुनीश्वरनको पावों तहां तहां आश्रमनमें जाइजाइकै नमस्कार करौं ( १० ) तिन मुनिनते श्रीरामचन्द्र कर गुणगाह पूँछौं ते अनुराग समेत कहैं अरु मैं हर्ष संयुक्तसुनौं ( ११ ) हरिकर गुणानुबाद मुनिन के मुखते सुनत फिरौं काहेते मोरि अब्याहत गति रहै अब्याहत गतिकही अब्यय अबिनाशी अरुब्याके आगे जो अकार है त्यहिकरिकै शम्भु के प्रसादते मोरि अहतगति रहै मेरी गतिको कोई हतनहीं करिसकै है जहां चहूँ तहां जाऊँ कोऊमेरीगति को रोंकि न सकै ( १२ ) हे तात तीनि प्रकार की ईक्षणागाढ़ी तौनि छूटि गई ईक्षणा कही सुत बित अरु लोक मर्यादपै गाढ़ी जो ईक्षणासोछूटिगई एक लालसा अतिशय करिकै उरमें बाढ़त भई ( १३ ) कवनि लालसा बाढ़ी श्रीरामचन्द्र कर चरण पंकज देखौं तब निज जन्म सुफलकरिलेखौं ( १४ ) ज्यहि मुनिको पूँछों सो मुनि ऐसे कहहिं कि ईश्वर सर्ब भूतमय है ( १५ ) तब मुनि जो निर्गुणमत रोपणकरैं सो मोरे हृदय में नहीं भावै काहेते सगुण ब्रह्म जो अति सुन्दर तिनविषे मेरेहृदय में अति प्रीति अधिकाइरही है काहेते निर्गुणको अच्छी तरह जानै उपरान्त जो सतगुरु कृपाकरहिं अरु श्री रामचन्द्र कृपाकरहिं तब सगुण ब्रह्म विषे प्रीतिहोइ ( १६ ) दोहार्थ ॥ हेतात गुरुके बचन सुरतिकरिकैश्रीरामचन्द्रके चरणारविंद विषे

अति प्रीति लगी है अरु रघुपतिकर यश गावत फिरौं क्षण क्षण अति अनुराग संयुक्त ( १७ ) पुनि आगे सुमेरुके शृंगपर बटकी छाया तहां लोमस मुनि को स्थान रहै फिरत फिरत तहां जातभयउँ मुनिको देखिकै चरण गहत भयों अरु दीन बचन कहतभयों ( १८ ) तब मोर बचन अति बिनीत कही दीन प्रवीण आरतयुक्त

दो०॥ गुरुकेबचनसुरतिकरि रामचरणमनलाग रघुपतियशगावतफिरौं क्षणक्षणनवअनुराग १७ मेरुशिखरबटछाया मुनिलोमसआसीनदेखि-चरणशिरनायउँबचनकहेउँअतिदीन १८ सुनिममबचनबिनीतमृदु मुनिकृपालुखगराज म्वहिंसादरपूंछतभयेद्विजआयेक्यहिकाज १९ तबमैंकहाकृपानिधि तुमसर्बज्ञसुजान सगुणब्रह्मआराधना मोहिंकहहुभगवान २० चौ०॥ तबमुनीशरघुपतिगुणगाथा कहेउकछुकसादरखगनाथा २१ ब्रह्मज्ञानरतमुनिबिज्ञानी मोहिंपरमअधिकारीजानी २२

मुनिसुनिकै बड़ेकृपाल मोको आदरते बूझतभये हेद्विज केहिकार्यको तुमयहां आयहु सो कहहु ( १९ ) तबमैं कहा कि हेकृपानिधि तुमसर्वज्ञहौ सुजानहौ सगुणब्रह्मको आराधन मोसे कहहु हेभगवन् किंतु सगुणब्रह्मजोभगवान् हैं तिनको आराधन मोसे कहहु तहां जो मुनिको भगवान्कहा तहां भगवान्कही षड्भागयुक्त ऐश्वर्यधर्म यश श्री बैराग्य मोक्षतहां यहिषड्विषे जामें एकदुइ तीनि इत्यादिकहोइं तिनकी भगवान् संज्ञा है ताते मुनिको भगवान्कहा ( २० ) तब मुनीश श्री रघुनाथजीके गुणगाथ कछुसादरते कहेहु ( २१ ) हे गरुड़ मुनि ब्रह्मज्ञान में रत हैं अरु मोकोपरम अधिकारी जाना काहेते मुनि यहसमझा कि सगुणब्रह्ममें यहिकै बड़ीप्रीति है अरु संसार में बिरक्त है अरु वेद गुरुबाक्य में प्रतीतिहै तातेमोको परम अधिकारी जाना तब मुनीशआपन सिद्धांतसुख कहनेलगे परम अधिकारी के लक्षण उत्तरकांडके अंतमेंकहा है यहदोहामें॥ कामिहिनारिपियारिजिमि लोभिहि प्रियजिमिदाम ( २२ ) हे गरुड़ तबमोको मुनि ब्रह्मउपदेश करनेलगे हेद्विज ब्रह्मअज हैं अद्वैत हैं अरु निर्गुण हैं अरु हृदयकही सब चराचरके हृदय के ईश हैं अरु अंतर्यामी हैं सबके प्रेरक हैं ( २३ ) अकलकही कलारहित हैं अरु अनामकही नामरहित हैं अनीहकही चेष्टारहित अरु एकही रूपरहित हैं ऐसो ब्रह्म अनुभवगम्य कही अनुभव करिकैप्राप्त हैं अरु अखण्ड हैं अनूप हैं ( २४ ) मनते इन्द्रिनते अतीतकही परे हैं अमलहैं अबिनाशी हैं निर्विकारकही षड्बिकार जन्म वृद्धि विवर्ण क्षीण जरामरण षड्बिकार रहित हैं अरु निरवधिकही जाकी मर्याद नहीं है कि कहांते है अरु कहांताई है कसहै असुखकी राशि है ( २५ ) सोतैं जवन सगुणब्रह्म पूछत है अरु ताहिकही जेहिब्रह्मको भयकरतहै सो तोहिं कही तोको भेद करबेयोग्य नहीं है मोरेतोरे कहेविषे कछुभेद नहीं है कैसे जैसे बारिवीच एकही तत्व है यहभेद कहते हैं मैं जल कहत हौं तैं तरंग कहतहै जेहिब्रह्मको मैं बर्णन करिगयों हैं सोई ब्रह्म आपने भक्तनके निमित्त आपने रूपको धारण करते हैं पुनिभक्तनको कार्यकरिकै फिरि सोई

लागेकरनब्रह्मउपदेशा अजअद्वैतअगुणहृदयेशा २३ अकलअनीहअनामअरूपा अनुभवगम्यअखण्डअनूपा २४ मनगोतीतअमलअबिनाशी निर्विकारनिरवधिसुखराशी २५ सोतैंताहितोहिंनहिंभेदा बारिबीचइमिगावहिंवेदा २६ बिबिधभांतिमोहिंमुनिसमुझावा निर्गुणमतममहृदयनआवा २७ पुनिमैं कहेउंनाइपदशीशा सगुणउपासनकहौमुनीशा २८ रामभक्तिजलममनमीना

ब्रह्मको ब्रह्म है जैसे जलमें पवन की उपाधिते तरंग उठती हैं पवनबंदभयेजलकोजल है तैसे जो ब्राह्मणगऊ देव संतजन तिनकी उपाधिकही रक्षा हेतु करिकै निर्गुणते सगुणहोत है पुनिदूसर अर्थ करते हैं सो तैंताहि जेहिब्रह्मकोमैं कहतहौं सोतैंहीं हसितेहिते अरु तोसे भेदनहीं है तैं आपने अंतष्करणमें बिचारो तौ अंतष्करणमें उहैब्रह्म है अभिप्राय यह कि जीवब्रह्म एकही है जैसे उपाधिते जलमें तरंग है उपाधिमिटे केवलजल है तैसेबासना उपाधिते जीवकही बासनाध्वंस ते केवलब्रह्म है हेतात मोसेमुनि असकहा ( २६ ) हेगरुड़ बिबिध भांतिते मोकोमुनि समुझावतेभये परनिर्गुणमत मेरेहृदयविषे नहीं सिद्धांतभयो ( २७ ) पुनि मैं पदमें शीशनाइके कहेउं किहेमुनीशमैं

सगुणब्रह्मको उपासकहौं सोमोसन कहहु ( २८ ) हे मुनीश प्रवीण श्रीरामचन्द्रकै भक्तिजल है अरु मोर मनमीनहैसोकैसे बिलगाइसकै यहि चौपाई में यह अभिप्राय है कि मुनीशकर कहा सूखी भूमि है जैसे जलते निकारिकै मीनको सूखे में डारिदेइ तैसे हेमुनिमोको भक्ति से छुड़ाइके ज्ञान में डारते हौ यहसमुझिकै मुनिकर कहामोरे मनमें न भायो ( २९ ) हे मुनीश सो उपदेशकरो दयाकरिकै जाते इननयननते श्रीरघुनाथजीको देखौं दरशहोइ ( ३० ) हे मुनिनेत्रन भरिकै अवधेशको बिलोकिलेउं उपरांत निर्गुणको उपदेश सुनौंगो ( ३१ ) हे गरुड़ पुनिहरिकै कथाअनूपसोमुनिकहतभये पर सगुणमतको खंडनकरिकैनिर्गुण मत सिद्धांत उपदेशकरहिं ( ३२ ) तब मैं निर्गुण अद्वैत मतको श्रुतिस्मृतिप्रमाणकरिकै दूरिकिहेउँ यह करिकै कि हे मुनीश यह जो तुम ब्रह्मउपदेश सिद्धांतकीन्ह है सोतो आपनो स्वस्वरूप है जबतेहि ब्रह्मको ज्ञानहोइ तबपरब्रह्म जो श्रीरामचन्द्र स्वरूपमान तबताहिकी पराभक्ति को अधिकारी होइ यह सर्ब वेदशास्त्र को सिद्धांतसार है श्रीमद्भगवद्गीतायां श्लोक ॥ ब्रह्मभूतःप्रसन्नात्मानशोचतिनकांक्षति ॥ समःसर्वेषुभूतेषुमद्भक्तिंलभतेपरां॥

किमिबिलगाइमुनीशप्रबीना २९ सोउपदेशकरहुकरिदायानिजनयननदेखौंरघुराया ३० भरिलोचनबिलोकिअवधेशा तबसुनिहौंनिर्गुणउपदेशा ३१ सुनिमुनिकहिहरिकथाअनूपा खंडिसगुणमतनिगुणनिरूपा ३२ तबमैंनिर्गुणमतकरिदूरी सगुणनिरूपौंकरिहठभूरी ३३ उत्तरप्रतिउत्तरमैंकीन्हा मुनितनभयेक्रोधकेचीन्हा ३४ सुनुप्रभुबहुतअवज्ञाकीये उपजैक्रोधज्ञानकेहीये ३५ अतिसंघर्षणजोकरैकोई अनलप्रकटचन्दनतेहोई ३६ दो०॥ बारंबारसकोपमुनि करैनिरूपमज्ञान मैंअपनेमनबैठितब करौंबिबिधअनुमान ३७

पुनिसगुणब्रह्मविशिष्टाद्वैतमत सेवकसेव्यभाव तेहिकरनिरूपण सिद्धान्तकरतभयो हठकरिकै ( ३३ ) तब उत्तरप्रति उत्तर मैं किहेजाउँ तबमुनि के मनमें क्रोधकेचिह्न परतभये नेत्रअरुणह्वैआये हैं अरु शरीर में ललामीछाइरही है अधर फरकनेलगे ( ३४ ) हेप्रभु बहुत अवज्ञाकियेते ज्ञानी के हृदय में क्रोधउपजत है ( ३५ ) काहेते अतिशय संघर्षण जो कोऊकरै तौचंदनहुंविषे अग्नि उत्पन्नहोइ है यहिदृष्टान्त में ध्वनि है कि चंदन लकड़ी की जातिबनाहै जैसेकोई मनुष्यनमें राजाहै सो सबमनुष्यनते श्रेष्ठहै पर जैसे सबमनुष्यन को भावहै क्षुधा तृषा शीत उष्ण सुख दुख हानि लाभ हर्ष शोक जन्म मरण इत्यादिक तैसे राजहुमें है राजाविषे विषयभोग अधिकहै तैसे सबलकरिनविषे चन्दनराजा स्थाने है शीतल सुगन्ध ऐश्वर्य है जहां अति संघर्षणकहा है तहां अतिसंघर्षणको अभिप्राय है अब लकरिनके सहज संघर्षणते अग्नि उत्पन्नहोती है अरु चन्दनमें अति संघर्षण कहा है तहां चन्दन आपनी शीतलता सुगन्धता करिकै अग्निको मन्दकरि दियो है तामें अतिसूक्ष्म अग्निव्याप्त है ताते अतिसंर्घणते प्रकटत है तैसे सर्बजीवन में ज्ञानी श्रेष्ठ है आपने बैराग्य बिबेक ज्ञानकरिकै लोभ कामक्रोध मद इत्यादिक मंदकरिदियो है पर अतिसूक्ष्मबने हैं जब अतिविषय ऋद्धीप्राप्तिभई तबलोभ लागिआवत है अरु जो भगवत् की प्रेमीमाया जैसे नारदकोभईहै अरु जैसे अप्सराको देखिकै बिश्वामित्रकोभई तैसे संयोगप्राप्तभयेते ज्ञानिहुको कामजागत है अरु जबकोई बिधिते बहुबाद प्राप्तभयो तबक्रोध उत्पन्न होत है काहेते यह जीवकोधर्म है परज्ञानीजे हैं तिनके जो तीनिउँ में कोई उत्पन्नभये तौ ज्ञान को बाधकनहीं है ज्ञानी शुद्ध जीव हैं पर कारणपाइकै होत हैं ताते यह जीव ईशनहींहोत हैं ( ३६ ) दोहार्थ ॥ तब हेगरुड़ सकोपह्वैकै बारम्बार मुनि ब्रह्मनिरूपण करते हैं तबमैं आपनेमन में बिचारेउँ कि अबमुनि कोपमेंहैं मोको उत्तरदेना उचितनहीं है तब मैं मौनह्वैकै आपने मनमें बिचार करनेलगेउँ है कि जो मुनिकहते हैं सोकैसीबात है ( ३७ ) हे तात बिना द्वैतकबुद्धि कबहूं काम क्रोधहोत है अरु बिना

क्रोधकिद्वैतकबुद्धिबिनुद्वैतकबिनुअज्ञान मायाबशपरिछिन्नजड़ जीवकिईशसमान ३८ चौ०॥ कबहुंकिदुखसबकरहितकाके त्यहिकिदरिद्रपरसमणिजाके ३९ परद्रोहीकिहोइनिःशंका कामीपुनिकिरहहिनिकलंका ४० बंशकिरहद्विज

अज्ञान द्वैतनहींहोत है सो मायासम्बन्ध अज्ञानमें द्वैत है मैंअस तैंअसऐसेद्वैतते क्रोध होत है अरु द्वैतकहांतेहोतहै अज्ञानसे तामसगुणयुक्त है ताते बिनाअज्ञान द्वैतनहीं है अरु बिनाद्वैत क्रोधनहीं होत है ताते जोलोमसकेसम बिज्ञान चिरंजीवहोइ तौ जीवकेविषे अज्ञान कारण सूक्ष्मरहैहै ताते कालपाइकै जागिआवैहै आपनेबलते ताते मायाकेबश जीव परिछिन्नह्वैरहाहै परिछिन्नकही मायाकेबश दीनह्वैरहाहै छिन्नह्वैरहाहै सो जीवईशकैसेहोइ जो मुनिकहा कि सोतैं ताहितोहिं न भेदा सो यह नहीं कहतबन्यो पुनि दूसरार्थ क्रोधकिद्वैतकबुद्धिबिनु इहांकेपदजो हैं सो क्रियाविषे होत है ताते क्रोध जो कीन है सो द्वैतबुद्धिबिना सेवक सेव्यभावबिना ज्ञान सो अज्ञान है ताते जीवजीवै है ईशईशै है यहजीव ईशनहींहोत है देखिये तौ लोमसऐसेज्ञानी तिनकेक्रोधहोतभयो जोजीव ईशहोइ तौ क्रोध नहीं संभवै है जोकोई कहै कि लोमस शिक्षाभागविषे क्रोधकीन है तहां अज्ञानी शिष्यविषे क्रोधकीन है तहां अज्ञानी शिष्यविषे क्रोधकरिकै शिक्षा सम्भवत है अरु ब्राह्मण तौ ज्ञानवान है अरु मतबादी है ताते जीव ईशनहीं होत है ताते कितनौ ज्ञानवानहोइ मायाकोकारण सूक्ष्म बनारहत है ( ३८ ) हे गरुड़ मैं यह बिचार करत भयों जो सर्व जीवन को हितकार ताकै तौ ताको कबहूं दुःखनहोइ अरु जाकेपारसहोइ ताको दरिद्र होइ न होइ जैसे जो ज्ञानकेभयेते जीव ईशह्वैजाइ तौ क्रोधनहीं सम्भवै है ताते यह जीव ईशताको नहीं प्राप्तहोत हैं ( ३९ ) अरु जो परावाद्रोह करते हैं ते निश्शंक नहीं होते हैं अरु जे कामी हैं ते निष्कलंक नहीं होत हैं लोकवेद में वे सकलंकी बनेहैं ( ४० ) अरु जो ब्राह्मणकर अनहितकरै तौ बंशरहै नरहै किंतु बंशकही सुकर्मरूपबंश सुधर्मबंश ऐश्वर्यबंश सुयशबंश कुलबंश जातिवंश किंतु पुत्रवंश द्विजकर अनहित कियेते नहींरहते हैं अरु जो अपने स्वस्वरूपको चीन्हैं तौ वहिसे शुभाशुभकर्म नहीं कै सकते हैं किंतु स्वस्वरूपके चीन्हेते शुभाशुभकर्म किंचित्कालके बशते होत हैं तहां त्यहिपुरुषको परिणाम में दूनौंकाम नहीं उगैहैं जैसे भूजान्न॥

**अनहितकीन्हे कर्मकिहोहिस्वरूपहिचीन्हे ४१ काहुहिसुमतिकिखलसँगजामी शुभगतिपावकिपरत्रियगामी ४२ भवकिपर-हिपरमारथविंदकसुखीकिहोहिंकबहुंपरनिंदक ४३ राजकिरहैनीतिबिनुजाने अघकिरहहिंहरिचरितबखाने ४४ पावनयशकिपुण्यबिनुहोई बिनुअघअयशकिपावैकोई ४५ लाभकिकछुहरिभक्तिसमाना ज्यहिगावहिंश्रुतिसंतपुराना ४६ हानिकिजगयहिसमकछुभाई भजियनरामहिंनरतनुपाई ४७ अघकिबिनातामसकछुआना धर्मकिदयासरिसहरियाना ४८ यहिबिधिअमित**

ज्ञानाग्निदग्धकर्माणंतमाहुर्पण्डितंबुधाः ( ४१ ) अरु खलनकी संगति करिकै काहूको सुमतिजामी है नहीं जामी है अरु परस्त्री गमनकियेते काहूको सुगति होति है नहींहोति है ( ४२ ) अरु परमारथबिंद कही जिनको परमार्थ बिंदककही प्राप्त है तेनर भवमेंपरहिं न परहिं अरु जोपराई निंदाकरहिं तेका कबहूं सुखीरहहिं न सुखीरहहिं ( ४३ ) अरु राजनीति न जानै तौ काराज्यरहै नरहै अरु श्रीरामचन्द्रकर चरित बखानतसंते का अधर है नरहै ( ४४ ) अरु बिनाधर्म जो पावनयशचहै तौ काहोइ न होइ अरु बिनापापकिहे जो कोई अयश अघ लगावै तौ न लागै ( ४५ ) अरु यह जगतविषे हरि की भक्तिकेसमान लाभ और कछु है नहीं है ज्यहिभक्तिको वेदपुराण संत गावते हैं ( ४६ ) अरु नरतन पाइकै श्रीरामचन्द्रको न भजै तौ यहिजगत विषे यहिकेसमान हानि कछुनहीं है ( ४७ ) अरु हे हरियान तामसकही क्रोधके समान औरौपापहै नहीं है यहमहापाप है अरु दयाके समान दूसरधर्म नहीं है यह महाधर्म है जैसे यहसबमें कहि आयउं हैं बिशेषिबिशेषि तैसे बिशेषिकै यहजीव ईशनहीं होत है अरु न ईशकी समता को प्राप्त होत हैं ( ४८ ) हे तात यहिबिधि अनेक बिचार युक्तिसमेत मनमें गुन्यउं तहां मुनिकर उपदेश मेरेहृदय में विशेषिसिद्धांत न आयो ताते मुनिको उपदेश बचन सादरते मैं नहीं सुन्यउं ( ४९ ) तब पुनिपुनि सगुणपक्षमैं रोपणकीन तब मुनि कोप करिकै बचन बोलतभये ( ५० ) हेमूढ़मैं तोको परमशिष परमतत्वदेतहौं तौन तैं नहीं मानसि उत्तर प्रतिउत्तर देतहसि ( ५१ ) सत्यबचनकर बिश्वास नहीं करै अरु बायसकी नाईं सबते डरै है ( ५२ ) ताते हेशठ तोरे हृदय में बिशालपक्ष है अरु बारबार जो तैंपक्षरोपण करत है सो पक्ष कहे पखनाहैं ताते मैं तोकोशाप देतहौं सपदि कही शीघ्र पक्षिनमें चण्डालरूपी कागतैं हो तहां मुनिके शापविषे एकआशीर्बाद करिकै युक्त है काहेते जो कागभुशुण्डि सगुणब्रह्म को पक्षकीन

युक्तिमैंगुन्यऊं मुनिउपदेशनसादरसुन्यऊं ४९ पुनिपुनिसगुणपक्षमैंरोपा तबमुनिबोल्यउबचनसकोपा ५० मूढ़परमशिषदेउंन मानसि उत्तर-प्रतिउत्तरबहुआनसि ५१ सत्यबचनबिश्वासनकरई बायसइवसबहीसनडरई ५२ शठसपक्षतवहृदयबिशाला सपदिहोहुपक्षीचंडाला ५३ लीन्हशापमैंशीशचढ़ाई नहिकछुभयनदीनताआई ५४ दो०॥ तुरतभयोंमैंकागतब पुनिपुनिपदशिरनाइ सुमिरिरामरघुबंशमणि हरषितचल्योंउड़ाइ ५५ उमाजेरामचरणरत बिगतकाममदक्रोध निजप्रभुमयदेखहिंजगत क्यहिसन करहिंबिरोध ५६ * * *

है बारबार सोई कागको पखना करिकै कहा कि यहीपक्षरूपी पखनातेउड़िकै बिहंग मार्गते रामधामको प्राप्तहोइगो तहां परमपदकी प्राप्ति के दुइ मार्ग हैं एक बिहंगमार्ग अरु एक पिपीलिकामार्ग तहां कर्मकांड अरु अष्टांगयोग अरु ज्ञानकाण्ड तिनकी मोक्ष पिपीलिकामार्ग जानब अरुउपासनाकांड बिहंगमार्ग जानब ( ५३ ) तब मुनिकाशाप मैं शीशपर चढ़ाइ लीन भय दीनता एकौनहीं आई ( ५४ ) दोहार्थ ॥ हे तात महादेवकीकृपाते जो तन चाहौं सोईतन धरिलेउं ताते तुरंत मैं कागहोतभयउं पुनिमुनिके चरणारबिंदमें नमस्कार करिकै श्रीरामचन्द्रको सुमिरिकै जयति रघुबंशमणिकहिकै अतिहर्ष संयुक्त उड़िचल्यउं ( ५५ ) तब पार्वती बोलीं हे महेश लोमस जो क्रोधकरिकै शापदीन अरु ब्राह्मणके क्रोध न भयो सो का कारण है हे पार्वती जेउपासना करिकै श्रीरामचन्द्र के चरणारविंद विषे रत हैं ताते बिगत कही छूटिगयो है काम मद क्रोध अरु ज्ञानस्वाभाविकै भयोह काहेते ज्ञानबैराग्य भक्तिके पुत्र हैं ताते ज्ञानबैराग्य भक्तिकेआधीन हैं ताते जेरामउपासक हैं स्वाभाविकै अपने प्रभुमें जगतको देखते हैं मयकही जैसेसूर्य प्रकाशमय है ताते सूर्यस्थाने श्रीरामचन्द्रप्रकाशस्थाने ब्रह्म सो ज्ञानिनको सिद्धांत है वे कासे बिरोधकरैं सबमें स्वामीको रूपदेखते हैं अरु रामचन्द्र को रूपी देखते हैं अरु ज्ञानीजीवहिको ब्रह्ममानते हैं जैसे अपनाको ब्रह्ममानते हैं तैसेई सर्बचराचर में मानतेहैं अरुजीवकैसहू शुद्धहोइ तहूं मायाको कारण सूक्ष्मबनै है ताते ज्ञानिनको कालपाइकै क्रोध होत है अरु जो कोई कहै कि कैसहूशुद्ध भक्तहोइ सो भी तौ जीवईहै तौ इनहूंमें मायाको सूक्ष्मकारण है सो सत्य है तहां भक्तजीवजेहैं ते अपने स्वामीकोरूप चराचरमय मानते हैं तिनके कैसे माया को विकारउठै अरु ज्ञानीजीवहि को ब्रह्म मानते हैं ताते बिकारउठै है ( ५६ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वंसनेउत्तरकांडेद्विजलोमस सम्बादेपरस्पर उत्कर्षमतबर्णनन्नामएकोनत्रिंशतिस्तरंगः २९॥ :: :: :: :: :: :: :: ::

चौ०॥ सुनुखगेशनहिंकछुऋषिदूषण उरप्रेरकरघुबंशबिभूषण १ कृपासिन्धुमुनिमतिकरिभोरी लीन्हीप्रेमपरीक्षामोरी २ मनबचकर्ममोहिंनिजजाना मुनिमतिपुनिफेरीभगवाना ३ ऋषिममसहजशीलतादेखी रामचरणविश्वासबिशेखी ४ अतिबिस्मय

दोहा ॥ दशअरुबीशतरंगमें शापअनुग्रहकीन ॥ रामचरणरघुवीरकीपरमभक्तिबरदीन ( ३० ) हे पार्वती मुनितौ केवल ज्ञानीरहे हैं अरु भुशुण्डि आदिकजे श्रीरामचन्द्रके निजभक्त हैं तौ उनके ऊपर जो कुछ होइ है सो केवल रामरजाय मानते हैं अरु किसूपर दूषणनहीं रोपणकरते हैं ताते कागभुशुण्डि गरुड़ते बोलतेभये हे खगेश ऋषिकर दूषण कछुनहीं है सबके अन्तरप्रेरक रघुबंश बिभूषण हैं ( १ ) किंतु हे गरुड़ मेरेजान मुनि तौ श्रीरामचन्द्र के अनन्य उपासकरहे हैं पर इहां मोको यहसमुझि परत है बिशेषिकै कि कृपासिंधु जो श्रीरामचन्द्र हैं तिन मुनिकैमति भोरीकरि दीन ताते मुनि सगुणमतको खण्डनकरिकै शुष्कज्ञानमें आरूढ़ह्वइकै मो को ज्ञानउपदेश करनेलगे ( २ ) हे तात श्रीरामचन्द्रजी मनबचन कर्म ते मोको निज जानतेभये तब मुनिकी मतिको फेरिदीन ( ३ ) तबऋषि मोरि सहज शीलता देखिकै अरु श्रीरामचन्द्र के चरणारबिंद विषे दृढ़ विश्वास जानतेभये ( ४ ) तब अतिबिस्मयतेमुनि पुनि पुनि पछिताइकै सादरते मोको बुलाइ लेते भये ( ५ ) तब बिबिधप्रकारते मोर परितोष कीन अरु सब मन्त्रनकरराजा श्रीरामचन्द्र षडक्षर मोको हर्षिकै उपदेशकीन ( ६ ) पुनि श्रीरामचन्द्रकर बालस्वरूपको ध्यान उपदेशकीन कृपा केनिधान मुनि यह मोसे कहतभये

जोमैं तुमसे कहिआयउँ है इहां तिलककर्त्ताकै ब्यंग्योक्ति जानब यहप्रसंग में यह अभिप्राय समुझिपरत है कि मुनिके हृदयविषे श्रीरामस्वरूपै उपासना आइगई है काहेते मुनि आपने स्वस्वरूप के ज्ञान में पूरणरहे हैं अरु इहां ब्राह्मण के बचन शुद्धविशिष्टाद्वैतमत अरु मुनिकेबचन शुद्धाद्वैतमत निर्मल बादाबिवाद होतसंते मुनिके हृदय में श्रीरामस्वरूप आइगयोहै कैसे जैसे पवन के संग सुगन्ध नासिका ग्रहणकरतहै तैसे सत्संगविषे परस्पर बाणीकेप्रसंगते बुद्धितत्वकोग्रहणकरै है पुनि कैसे जैसे सूर्यहिके प्रकाशते सूर्य देखिपरत हैं ( ७ ) हे तात जब मुनीश्वर श्रीरामचन्द्र के बालस्वरूप को ध्यान बतावतेभये सोअतिसुन्दर सुखद मोको अतिभावतभयो जो बालस्वरूप प्रथमहिं मैं कहि

पुनिपुनिपछिताई सादरमुनिम्वहिंलीनबोलाई ५ ममपरितोषबिबिधबिधिकीन्हा हर्षितराममंत्रम्वहिंदीन्हा ६ बालकरूपरामकरध्याना मोहिकह्यउमुनिकृपानिधाना ७ सुंदरसुखदमोहिंअतिभावा जोप्रथमहिंमैंतुमहिंसुनावा ८ मुनिमोहिंकछुककालतहँराखा रामचरितमानससबभाखा ९ सादरमुनियहकथासुनाई पुनिबोलेमुनिगिरास्वहाई १० रामचरितसरगुप्तस्वहावा शंभु

आयोंहौं तुमसुनेउ है ( ८ ) तहां कछुकाल मुनिमोको राखतभये श्रीरामचन्द्रको मानसचरित सातौकाण्ड मुनिमोसे कहतभये इहांयह ऐसे समुझिपरत है बहिर्लापिका करिकै वहिचौपाईसे ॥ पुनिशिवकागभुशुण्डिहिदीन्हा रामभक्तिअधिकारीचीन्हा॥ तहां यह समुझिपरत है कि प्रथम महादेव लोमसरूपह्वैकै आपने आशीर्बादकी परीक्षालीनिहै जब अतिदृढ़जान्योतब श्रीरामचन्द्र उपदेशकीन आशीर्बाद दीन श्रीरामचरित मानस सुनावते भये ( ९ ) यह अनूप कथासो सादर ते सुनावतेभयेपुनि मुनीश सुन्दरि बाणीबोले ( १० ) यह कहा मुनि हेभुशुण्डि यह जो श्रीरामचरित मानसरअति गुप्त है सोशिवके प्रसादते मैं पायउँहै यह अभिप्राय है कि इहां शंभुलोमसरूप हैं ताते शम्भुको अध्यारोपणकरिकै शम्भु कहत हैं किन्तु लोमसै मुनि हैं शम्भु नहीं हैं शिवके प्रसादते कोई काल में पायो है हे भरद्वाज सो कागभुशुण्डिको देतभये ताते भुशुण्डिको जनु शिवहिको दीन ठहरेउ है जैसे कोई किसूको कोई बस्तुदेइ औरके हाथकरिकै ( ११ ) मुनि बोले हे काग तोको श्रीरामकर निज भक्त जानिकै ताते सब बखानिकै कह्यउँ है ( १२ ) हे तात यह रामचरित अतिगोप्यतर गोप्यहै तातेजिनके उरमें श्रीरामभक्ति न होइ तिनते यह कबहूँ न कही ( १३ ) हे गरुड़ मुनि मोको बिबिध प्रकारते उपदेश कीन्ह तब मैं प्रेमसंयुक्त मुनिके चरणारविन्द विषे शीश नावत भयउँ ( १४ ) तब मुनीश निजकर कमल मोरे शीशपर परसतभये पुनि हर्षिकै आशीर्बाद देतभये ( १५ ) हे भुशुण्डि अब मोरे प्रसादते श्रीरामचन्द्रकै भक्ति अबिरल तोरे हृदय में उपजिहि ( १६ ) दोहार्थ ॥ पुनि तुमसदा श्रीरामचन्द्रके प्रियहोहुगे अरुशुभगुण कही अहिंसित गुणनके भवनहोहुगे अरु अमान होहु मान तुमको कबहूं नहीं होइगो अरु कामरूपकही कामना जो तुम करहुगे सोसिद्धिहोइगी अरु इच्छा जन्ममरणकही आपनी इच्छाते जब चाहौ शरीर

प्रसादतातमैंपावा ११ त्यहिनिजभक्तिरामकरजानी तातेमैंसबकह्यउंबखानी १२ रामभक्तिजिनकेउरनाहीं कबहुंनतातकहिय तिनपाहीं १३ मुनिम्वहिबिबिधभांतिसमुझावा मैंसप्रेममुनिपदशिरनावा १४ निजकरकमलपरसिममशीशा हर्षितआशिषदीन्हमुनीशा १५ रामभक्तिअबिरलउरतोरे बसिहिसदाप्रसादअबमोरे १६ दो०॥ सदारामप्रियहोहुतुम शुभगुणभवनअमानकामरूपइच्छामरण ज्ञानबिरागनिधान १७ ज्यहिआश्रमतुमबसब- पुनिसुमिरबश्रीभगवन्त ब्यापिहितहँनअविद्या योजनएकप्रयन्त १८ चौ०॥ कालकर्मगुणदोषस्वभाऊ कछुदुखतुमहिंनव्यापिहिकाऊ १९ रामरहस्यललितबिधिनाना गुप्तप्रकटइतिहासपुराना २०

छोड़िदेहु अरु जबचाहौ तब धरिलेहु अरु योगवैराग्य ज्ञान विज्ञानध्यान समाधि इत्यादिके निधानकही स्थानहोहु ( १७ ) अरु जेहि आश्रम विषे तुमबसिहौ श्रीरामचन्द्र कर सुमिरण करिहौ तहांएक योजनपर्यन्त अविद्या न ब्यापिहि ( १८ ) तबमुनि कह्यउ हेकाग कालकैगतिकर्मकैगति तीनिहूँ गुणकै गतिअरु स्वभावकी गति इत्यादिकन के दोष तोको न लागिहि तोरेस्थान में न ब्यापिहि ( १९ ) श्रीरामचन्द्रकर रहस्य जे हैं ललित नानाप्रकार के गुप्तप्रकट गुप्तकही जो श्रीरामचन्द्र अन्तर्यामीरूप प्रेरक त्रैगुण्यविषे रहस्य करते हैं अथवा जो गुप्त बालरहस्य श्रीकौशल्या कागभुशुण्डि को दिखायाहै अरु श्रीजानकी जीको अग्निप्रवेश इत्यादिक गुप्त रहस्य है प्रकट प्रत्यक्ष लीला किन्तु श्रीरामरहस्य सब गुप्तही है सो तुम प्रकट जानहुंगे अरु जो इतिहास वेदपुराण करिकै है ( २० ) यह जो सम्पूर्णपदार्थ है सो सब बिनाश्रमहिं तुमजानब अरु श्रीरामचन्द्रके चरणारबिंद विषे नित्य नवीन नेहहोत जाइहि ( २१ ) अरु जो इच्छा तुम मन में करिहौ सो सम्पूर्ण श्रीरामचन्द्र के प्रसादते सिद्धि होइहि कछुदुर्लभ न रहिहि ( २२ ) हे गरुड़ मतिधीर मुनिको आशीर्वाद सुनिकै आकाशबाणी गंभीर होती भई ( २३ ) हे मुनीश जो तुम यहिको आशीर्बाद दीन है सो हमरिहुओरते एवमस्तु काहेते यह मन बचन कर्मते मोर भक्त है ( २४ ) तौ नभबाणी सुनिकै मोको अति हर्ष भयो प्रेमते मग्न भयउँ है सब संशय जातरहेउ ( २५ ) तब मुनिसे अनेक बिनय करिकै मुनि के चरणपंकज बारबार गहिकै आयसु पाइकै ( २६ ) तब अति हर्ष से यहि आश्रम को आवत भयउँ ( २७ ) श्रीराम जबते इहां बसेउँ तबते आजुताईं मोको सत्ताइस कल्पबीते हैं कल्पकही प्रलयको

**बिनुश्रमतुमजानबसबसोऊ नितनवनेहरामपदहोऊ २१ जोइच्छाकरिहौमनमाहीं हरिप्रसादकछुदुर्लभनाहीं २२ सुनिमुनिआशिषसुनुमतिधीरा ब्रह्मगिराभइगगनगँभीरा २३ एवमस्तुतवबचमुनिज्ञानी यहममभक्तकर्ममनबानी २४ सुनिनभगिराहर्षम्वहिँभयऊ प्रेममगनसबसंशयगयऊ २५ करिबिनतीमुनिआयसुपाई पदसरोजपुनिपुनिशिरनाई २६ हर्षसहितयहिआश्रमआयउं प्रभुप्रसाददुर्लभबरपायउं २७ इहांबसतम्वहिँसुनुखगईशा बीतेकल्पसातअरुबीशा २८ करौंसदारघुपतिगुणगाना सादरसुनहुबिहंग**

सो प्रलय पांचप्रकार की है नित्यप्रलय कहूं एहीको कालप्रलय कहा है नित्यप्रलयकही सर्बकाल में मरत हैं उत्पन्न होत हैं सदा ताको नित्यप्रलयकही पुनि युगान्त प्रलयकही सतयुग त्रेता द्वापर कलियुग तहां सतयुग को प्रमाण सत्रहलाख अट्ठाइस हजार १७२८००० पुनि त्रेताको प्रमाण बारहलाख छानबेहजार १२९६००० पुनि द्वापर को प्रमाण आठलाखचौसठिहजार ८६४००० पुनि कलियुग को प्रमाण चारिलाख बत्तिससहजार ४३२००० तहां सतयुग के अंतविषे तेरहहजार आठसै सोरहबर्ष १३८१६ बाकी रहते हैं अरु त्रेताको आगमन १००० सतयुग त्रेता द्वौकी संधि में २३८१६ वर्ष सन्ध्या कहावति है तहां जे जीव सन्ध्याकरैं भूतशुद्धी करिकै २३८१६ वर्ष गायत्री जपिकै तब उतनै श्रीराममन्त्र जपिकै पुनि ध्यान करै ऐसेही दिनप्रतिकरै तहां त्यहि युगांत की संधिमें त्रेताके धर्मकै वृद्धि है सतयुगकी घटती है जब २३८१६ बर्षबीततभये तब केवल त्रेताको प्रभावहोतभयो सतयुग को प्रभाव त्रेताको आवांतर होत भयो ताते ताको युगांतप्रलयकही पुनि त्रेताके अंतविषे जब दशहजारबर्ष बाकी रहिगये अरुद्वापर के आगमन में ६६६६ बर्ष अरु आठमहीनाताईं तहां दूनौमिलिकै सोरहहजार छ:सैछासठिबर्ष आठमास इतनेदिन कै त्रेता द्वापर की संधिमिले सन्ध्या कहावति है तहां जे कोऊ सन्ध्याकरहिं सो त्रेताधर्म लिहेकरहिं भूतशुद्धिकरिकै उपरांत १६६६६ दिनप्रति गायत्री जपिकै उतने राममन्त्र जपै किंतु २४००० गायत्रीजपै अरु १२००० राममन्त्र जपै उपरांत होमकरै रामार्पण करहि तहां द्वापरके धर्म की वृद्धिहोइ त्रेताको सामान्यता द्वापर के आवांतर है ताते ताको युगांतप्रलय कही पुनि द्वापर के अन्तविषे छ: हजार छ: सै छासठि बर्ष आठमहीना अरु कलियुग को आगमन तीनि हजार तीनिसै तैंतिस बर्षचारिमास ३३३३। ४ ताईं द्वौमिलिकै दशहजार बर्षके द्वौयुगके सन्धि की सन्ध्या कहावति है तहां जो कोई जीव भूतशुद्धि करिकै सन्ध्याकरैबारह हजार गायत्री जपिकै किंतु दुइहजार चारिसौ गायत्री जपै अरु छ: हजार राममन्त्र जाप्यकरिकै उपरांत शालग्रामकी पूजा धूप दीप नैवेद्य आरती उपरांत नृत्यगान इत्यादिक पुनिभगवत् कथा दिनप्रतिकरै अरुतेहि सन्ध्या विषे जोपापकरै तौ हजारन बढ़ै पुण्यकरै तौहजारन बढ़ैऐसे सबयुग की सन्ध्या जानब

तहां कलियुग की वृद्धि होत है अरु द्वापर की सामान्यता कलियुग के आवान्तर होत है ताते ताको युगान्तप्रलयकही जब ६६६६ बर्ष ८ महीना बीते तब केवल कलियुग रहि गयो तहां केवल श्रीरामनाम कल्याणकारी पुनि कलियुग के अन्त विषेजब ३३३३ बर्ष ४ मासताईं सतयुग को आगमन १३८१६ वर्ष मास ४ द्वौयुग को मिलिकै १७०४९ वर्ष ४ महीनाकी सन्धि मिले सन्ध्या कहावति है तहां त्यहियुग में जो सन्ध्या करते हैं केवल रामनामको जाप्य अरु सतयुग के संयोगते रामस्वरूप को ध्यान तहां सतयुगकी वृद्धि होती है कलियुग की हानि होती है जब ३६६४ बर्ष अरु ८ महीना कलियुग के बीतिगये तब केवल सतयुग शुद्धसात्विक गुण रामनाम रामध्यान बिज्ञान साधन जीवन विषे बर्तमान होते हैं ताते युगांतप्रलयकही जैसे सूर्य उदयभये दिनअस्त भयो राति पुनि दिन प्रतिकी सन्ध्या कहते हैं सतयुग विषे जब प्रातःकाल आठदण्ड रात्रीरहै अरु छःदंड दिन चढ़ैताईं प्रातःकाल सन्ध्याकही अरु डेढ़ पहरदिन चढ़ेते अरु डेढ़पहर दिन रहेताईं पहरभरि मध्याह्न सन्ध्या कही अरु छःदंड दिन रहेते छःदंड रात्री ताईं सायंकाल संध्याकही पुनि त्रेतायुग विषे छः दण्डरात्री रहेते चारिदण्ड दिन चढ़े ताईं प्रातःकाल सन्ध्या अरु तीनि दण्ड दुइपहर में ऊन अरु तीनि दंड परे मध्याह्न सन्ध्या पुनि सायंकाल चारिदंड दिन रहेतेचारिदंड रात्री बीतेताईं सायंकाल सन्ध्या पुनिद्वापर विषे चारिदंडरात्री भोरके तीनि दंड दिनचढ़े ताईं प्रातःकाल सन्ध्या अरु चारिदंड मध्याह्नसन्ध्या अरु छः दंड सायंकाल सन्ध्या अरु कलियुग में चारिदंड प्रातःकाल सन्ध्या दुइदण्ड मध्याह्नकाल तीनिदण्ड सायंकाल जौनी रीति कहिआये हैं हे तात अब नैमित्यप्रलय कहते हैं तहां ब्रह्माकेदिन प्रलयसों नैमित्यकप्रलय है तहां हजार चौकरी युग के ब्रह्मा को एक दिन होत है हजार सतयुग हजार त्रेता हजार द्वापर हजार कलियुग तब ब्रह्माको एकदिन तामें चौदह मन्वन्तर होते हैं साढ़े एकहत्तरि चौकरी सतयुग त्रेता द्वापरकलियुग बीतै तब एक मन्वन्तर होत है त्यहि मन्वन्तर प्रति एक इंद्र होते हैं अरु एक हरिको अवतार होत है अरु सप्तऋषि होते हैं अरु एकमनुहोत है अरु मनुके पुत्र होत हैं अरु देवता एते षट्मन्वंतर प्रति भिन्न भिन्न होते हैं इन्द्रस्वर्गकी राज्य हेतु हरि जगत की रक्षाहेतु सप्तऋषिधर्मपालन मर्याद हेतु मनु प्रजनकी राज्यहेतु मनुकेपुत्र प्रजनके पालन हेतु अरु देवता यज्ञ के भागलेनहेतु तहां ब्रह्माको एकदिन बीत्यो तब प्रलयहोत है पुनि हजार चौकरी रात्रीताईं प्रलय बनीरहै है पुनि जब हजार चौकरी बीत्यौ तब तबदिनभयो कार्यरूपसृष्टिभई जैसे पसारी आपनीथैलीखोलिकै दिनभरिबेंचै सांझकोसकेलिधरै पुनि भोरभयेखोलत है ऐसे नैमित्य प्रलय होत है तब जलार्णव करिकै लोकन की प्रलय ह्वै जातिहै तीनि लोक बचिजाते हैं जनलोक तपलोक सत्यलोक अरु हे तात मेरेस्थानमें योजनपर्यंत वह प्रलय नहीं आवै है ऐसी जो नैमित्यप्रलयहैताहीको कल्पकही सो जबते मैं लोमशके इहांतेआयों तबते यहि आश्रमबिषे येई सत्ताइसकल्प बीततभये ताहीको नैमित्यप्रलयकही पुनि हेतात दुइप्रलय औरौहैं अत्यन्तकप्रलय महाप्रलय अत्यन्तककही योग ज्ञान भक्तिकरिकै जीव परमेश्वर को प्राप्तिहोते हैं सो अत्यन्तककही पुनि जोब्रह्माकेदिन कहिआये हैं सोईदिन जब ३६० होते हैं तब ब्रह्माको एकबर्ष होत है ऐसे बर्ष एकसौकरिकै ब्रह्माकी उमिरिहोती है जब ब्रह्माके सौबर्ष बीतते हैं तब महाप्रलय होती है तब पृथ्वी तत्त्व जल में लय हो जाती है जलतत्त्व अग्नि में लयह्वैजाती है अरु अग्नितत्त्व पवन में लयहोइजाती है पवनतत्त्व आकाश में लयहोत है आकाशतत्त्व तामसगुणमें लय होत है तामस राजसमें राजस सात्विकमें सात्विक प्रणव में प्रणव महदमें महद महत्तत्त्व में महत्तत्त्वपुरुष की साम्यताको प्राप्तहोत है पुनि जब कबहूं पुरुष की ईक्षणाभई तौ जैसे प्रतिलोम करिकै प्रलय कहिआये हैं तैसे अनुलोम करिकै उत्पन्नहोत है ऐसही पांचहू प्रलय हैं वाहीको पांच कल्पकही नित्य युगांत नैमित्य अत्यन्तक महाकल्प तहां मोको यहस्थान में बैठे नैमित्यकल्प सत्ताईस बीते हैं हेतात जबते मोर औ तुम्हार मिलापभयो तबताईं अरु हेतात पांचहू प्रलय में मेरेस्थानको अरु मेरी कालकीबासना नहींहोति है काहेते कि नाश तौ अबिद्याकरे है सो इहां नहीं है श्रीरामकृपाते अरु महादेव श्रीरामभक्त तिनकी कृपाते ( २८ ) जबते यहि आश्रम में बिराजेउँ है तबते श्रीरघुपतिके गुणानुवाद निरन्तर करत हौं तहां सादरते सुजान बिहंग सुनते हैं ( २९ ) जब जब श्रीअवधपुरीमें श्रीरघुबीर मनुजशरीर धरहिं इहां जो कहा कि श्रीरघुबीर मनुज शरीरधरहिं सो किशोरबालह्वैकै मनुज के बालककीनाई लीलाकरनेलगे सोईलीलामात्र मनुजशरीर धरबकहा है अरु लीला परमदिव्य है अरु औरेके देखत मनुजइव लीला सो भक्तन के निमित्य ताते मनुज शरीर धरबकहा है काहेते अपने शरीर में मनुजइवलीला धारणकीन ताते

**सुजाना २९ जबजबअवधपुरीरघुबीरा धरहिंभक्तहितमनुजशरीरा ३० तबतबजाइरामपुररहऊं शिशुलीलाबिलोकिसुखलहऊं ३१ पुनिउरराखिरामशिशुरूपा निजआश्रमआयउंखगभूपा ३२ कथासकलमैंतिन्हहिंसुनाई कागदेहज्यहिकारणपाई ३३ कह्यउंतातसबप्रश्नतुम्हारी रामभक्तमहिमाअधिकारी ३४ दो०॥ तातेयहतनमोहिंप्रियभयोरामपदनेह निजप्रभुदर्शनपायउं गयउसकलसंदेह ३५ भक्तिपक्षहठ करिरह्यउंदीन्हमहाऋषिशाप मुनिदुर्लभबरपायउं देखहुभजनप्रताप ३६॥** * * * *

कहाहै ( ३० ) तबतब मैं श्रीअयोध्यामें जाउँ शिशुलीला बिलोकि बिलोकि अतिआनन्द को प्राप्तहोउँ ( ३१ ) पुनि श्रीरामचन्द्रको शिशुरूप हृदय में राखिकै हे खगेश निजआश्रमको आवतरहौं ( ३२ ) हेतात ज्यहिकारण करिकै मैं कागशरीरपायउँ है सो तुमसे सबकह्यउँ ( ३३ ) हे तात तुम्हारोप्रश्न मैं सबकह्यउँ अरु श्रीरामचन्द्र कै अपारमहिमा भक्ति सो कह्यउँ ( ३४ ) दोहार्थ॥ हेतात ताते यह कागतन मोको प्रिय है काहेते कि यहीतनविषे अखण्ड आशीर्बाद पायउँ है मोको श्रीरामचन्द्रकैभक्ति प्राप्तिभई है अरु श्रीरामचन्द्र के दर्शन होत भये अरु संपूर्ण संदेह जातरह्यउ ताते यहतन प्रिय है ( ३५ ) हे तात मैं मुनिसे भक्तिपक्ष करिकै अतिहठकीन तब कोपकरिकै महामुनि मोको शापदीन पुनि उलटिकै मोको आशीर्वाददीन हे तात देखौतौ भजन के प्रतापते शापउलटिकै आशीर्बादभयो है पर कैसो आशीर्बाद जो मुनिनन को अतिदुर्लभ है ( ३६ ) इति श्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषबिध्वंसनेउत्तरकाण्डेकागभुशुण्डिगरुड़प्रश्नोत्तरबर्णनन्नामत्रिंसतिस्तरंगः३०॥

दोहा ॥ त्रिंशतिएकतरंग में भक्तिविशेषबखानि ॥ रामचरणपुनिगरुड़ को प्रष्णोत्तरसुखदानि ३१॥ हे गरुड़ जे ऐसीभक्तिको जानिकै परिहरते हैं अरु केवल ज्ञानै करते हैं त्यहिकर फल केवल श्रम है ( १ ) ते जोभक्तिको छोड़िकै केवल ज्ञानै निरूपण करते हैं कामधेनु को त्यागिकै दूध के हेतु आककही मदार खोजत फिरते हैं तहां प्रमाण है श्रीमन्महारामायणेशिवबाक्यं पार्वतींप्रति श्लोक एक॥ येरामभक्तिममलांसुबिहायरम्यां ज्ञानेरताःप्रतिदिनंपरिक्लिष्टमार्गे । आरान्महेन्द्रसुरभींपरिहत्यमूर्खा अर्कंभजंतिसुभगेसुखदुग्ध हेतुं ( २ ) हेखगेश श्रीरामचन्द्रकै भक्ति बिहायकै और कवनेउँ उपायते सुखचहहिं तौ नहीं होत है ( ३ ) ते जड़ संसार समुद्र को बिनानाव पैरिकै पारजावा चाहत हैं तहां प्रमाण है श्रीमन्महारामायणे शिवबाक्यं पार्बतींप्रति श्लोक पांच॥ पंचाशत्तमः सर्गः श्रीरामंयेचहित्वाखलमतिनिरताब्रह्मजीवंबदन्ति तेमूढ़ानास्तिकास्तेशुभगुणरहिताःसर्ब बुद्ध्यातिरिक्ताः पापिष्ठाधर्महीनागुरुजनबिमुखाःवेदशास्त्रेविरुद्धाः तेहित्वागांगमंभोरबिकिरणिजलंपातुमिच्छन्तितृष्णाः १ येमर्त्यारामपादौकुससुत

**चौ०॥ जेअसभक्तिजानिपरिहरहीं केवलज्ञानहेतुश्रमकरहीं १ तेजड़कामधेनुगृहत्यागी खोजतआकफिरहिंपयलागी २ सुनुखगेशहरिभक्तिबिहाई तेसुखचाहहिंआनउपाई ३ तेजड़महासिंधुबिनुतरणी पैरिपारचाहहिंजड़करणी ४ सुनिभुशुण्डिकेबचनभवानी बोल्यउगरुड़हर्षिमृदुबानी ५ तवप्रसादप्रभुममउरमाहीं संशयशोकमोहभ्रमनाहीं ६ सुन्यउंपुनीतरामगुणग्रामा**

बिमलौसंविहायार्तबन्धोः तेमूढ़ाबोधहेतुंधृतपरिघटनेबारिमंथानुयुक्ताः येब्रह्मास्मीतिनित्यंबदतिचहृदिमंरामचंद्रांघ्रिपद्मं तेबुद्धास्त्यक्तयोक्तास्तृण परिनिचयेसिंधुमुग्रंतरंति २ येकेवलाद्वैतमतानुरक्ताःश्रीराममूर्त्तिविमलांविहाय तेषामदृश्यांहरिदश्वमूर्त्तिपश्यंतिमूढ़ाप्रतिबिंबकुम्भे ३ त्यक्त्वाश्रीरघुनन्दनंपरपरंनामंनरूपंतथा ब्राह्मण्येव बदन्तिखेसत्सतेपूर्णोयथाकाशवत् तेवैतण्डुलहेतवेतुषमहोसंघ्नंतिदुर्बुद्धयः मूलंछिंधिसमाश्रयंतिचदलतैः सद्गुरोर्नकृतः ४ किंबर्णयामिबिमलेबहुभिःप्रकारैः सीतापतेबिगतज्ञानविशेषसर्ब ज्ञानंतदेवकुसुमंचयथानभोगं सत्यंबदामितदज्ञानसुखंचस्वप्ने ५ हे भवानि भुशुण्डि के बचन सुनिकै मृदुबाणी ते गरुड़ बोलते भये ( ५ ) हे गरुड़ तुम्हारे प्रसादते अब मोरे हृदयविषे संशय शोक मोह भ्रम नहीं है जातरही संशय कही पूर्वहीं मुनीशनते सुन्यउँरहै कि श्रीरामचन्द्रपरब्रह्म हैं पुनि नारदकहा हे गरुड़ श्रीरामचन्द्र रणविषे नागफांसते बँधे

हैं यह सुनिकै संशयभई पुनि मुनीशन को कहा मेरे हृदय ते जातरह्यो है ताकी कल्पना सों शोक भयो है पुनि मुनीशनके कहने में दृढ़ता नहीं रही अरु बन्धन देखिकै आपनी बुद्धिमें निश्चय किहेउँहै सो मोह भई है अरुपरमेश्वर विषे प्राकृत भावरोपण किहेउँ है सो भ्रम भई है सो सब जात रही नाश ह्वैगई है ( ६ ) हे तात श्रीरामचन्द्रकर पुनीत गुणग्राम सुनेउँतुम्हारी कृपाते बिश्रामको प्राप्तिभयउँ ( ७ ) हे कृपानिधि एकबात आपुते पूँछतहौं सोसमुझायकै कहहु ( ८ ) हे प्रभु यह सन्त पुराण वेदमुनिकहते हैं कि ज्ञान के समान और कछुदुर्लभ नहीं है ऋतेज्ञानान्नमुक्तिःइतिश्रुतेः ( ९ ) हे गोसाईं सोज्ञानतुमसे लोमशमुनि कह्यउ है तहांब्रह्मज्ञान को भक्तिकी नाईं तुमने आदर कीन्ह ( १० ) ताते हे कृपाल हेप्रभुकृपानिकेत ज्ञान ते अरु भक्तिते केतिक अन्तर है सो सब अच्छीतरह से कहहु ( ११ ) हे पार्वती उरगारिके बचन सुनिकैकागभुशुण्डिसुखमानिकै सादर बोलते

**तुम्हरीकृपालह्यउंबिश्रामा ७ एकबातप्रभुपूंछौंतोहीं कहहुबुझाइकृपानिधिमोहीं ८ कहहिंसंतमुनिवेदपुराना नहिंकछुदुर्लभज्ञानसमाना ९ स्वइमुनितुमसनकह्यउगोसाईं नहिंआदरेउभक्तिकीनाईं १० ज्ञानिहिंभक्तिहिअंतरकेता सकलकहौप्रभुकृपानिकेता ११ सुनिउरगारिवचनसुखमाना सादरबोल्यउकागसुजाना १२ भक्तिहिज्ञानिहिंनहिंकछुभेदा उभयहरिहिभवसंभवखेदा १३ नाथमुनीशकहहिंकछुअंतर सावधानह्वैसुनुबिहंगबर १४ ज्ञानबिरागयोगविज्ञाना येसबपुरुषसुनहुंहरियाना १५ पुरुष**

भये ( १२ ) हेतात भक्तिते अरु ज्ञानते कछुअन्तर नहीं है उभय कही दूनौंभवतेसम्भव खेद जो है जन्ममरण सो ज्ञानभक्ति दूनौ हरते हैं ( १३ ) हे नाथ पर मुनीश कछुअन्तर कहते हैं सो तुम सावधान ह्वैकै सुनहु हे बिहंगबरतुम्हारी बुद्धिबरकही श्रेष्ठ है सो कौन भेद मुनीश्वर कहते हैं सबाध्य अबाध्य ज्ञान सबाध्य है भक्ति अबाध्य है पुनि कौन भेद है काठिन्य सरलज्ञानको मार्ग कठिन है भक्ति को मार्ग सरल है पुनि कौन भेद है निरस सरस ज्ञानकी मुक्ति निरस है भक्तिकी मुक्ति सरस है यह तीनि भेद मुनीश्वर कहते हैं सो यह तीनिउँ भेद ज्ञान दीपकके प्रसंग भरे में कहैंगे सो तुम सावधानते चित्तकै वृत्ति एकाग्र करिकै सुनहुँ ( १४ ) हे हरियान ज्ञान वैराग्य योग बिज्ञान ये चारिउ पुरुष बर्ग हैं औ चारिहूके स्वरूप कहिकै विशेषण कहते हैं ज्ञान में दुइभेद हैं एकशास्त्रजन्यज्ञान संधि विभक्ति पदपदांत धातु क्रिया कर्म्म कर्त्ता इत्यादिकनको समुझिकै भले प्रकारते लगावना अरु एक अनुभवज्ञानकही आपनी जो आत्मा ताकोस्वस्वरूप ज्ञान कही सो जानना अरु अनात्मा जो शरीर त्यहिते आत्मा को भिन्न देखैआत्माको नित्यजानै अरु अनात्माको अनित्य जानै काहेतेकि हर्ष शोक हानि लाभ सुख दुख पाप पुण्य निन्दा स्तुति मानापमान इत्यादिक अनात्माको धर्महै अरु इनते रहित आत्मा को धर्म है पुनिआपनो स्वरूप आपने शरीरहीमें है कैसे है जैसे फूल में सुगन्ध जैसे पदार्थ में स्वाद जैसे दूध में घृत जैसे दारु पाषाण में अग्नि जैसे तिल में तेल जैसे मृगमें कस्तूरी है पर बिनाजाने बाहेर न रहै जैसे आपनो स्वरूप माया के आवर्ण विक्षेपकरिकै ढँपिरहेउहै तहांनित्यानित्य को बिबेक करिकैआवर्णविक्षेपको दूरिकरिकै आपनो स्वस्वरूप आपहीमेंदेखै आवर्णकही अपने अज्ञानते अपनो स्वरूप ढँपिरह्यउहै विक्षेपकही शरीर इन्द्री मनइनकीब्याधि आधिकी उपाधि हरिकै स्वस्वरूप भूलिगयो है ताको बिक्षेपकही बुद्धि के अनुभव विचारकरिकै आपनोस्वरूप शरीरते भिन्नकरिकैदेखैकि मेरोस्वरूप नतौ चारिवर्ण है नतौ चारिआश्रम है नतौ देवता है न दानवहै नतौ मनुष्य है नतौ चरहै न अचर है यहतौ सब अनित्य है अरुमेरोशरीर नित्य है अखण्ड एकरस है शुद्धचैतन्य निर्मल है चौबीसतत्त्वमा याके हैं जड़ हैं अरु पचीसवां तत्त्व आत्मा है चौबीसते भिन्न है चौबीसौआत्माकरिकै सत्य चैतन्य ह्वैरहे हैं चौबीसौ तत्त्वते आत्माको भिन्नकरि लेइ ज्ञानकी यत्नते जैसे फूल में अतर चोवा फुलेल काढ़िलेते हैं जैसे दूध में घृत व्याप्त है यत्नते काढ़ि लेते हैं इत्यादिक अनेक दृष्टांत हैं ऐसेही जब आपने अनुभवते आपने स्वरूपकी प्राप्तिभई तब उसको न सुख न दुख न पाप न पुण्य न निंद्या न स्तुति तबयह आनंदमय होत है जबस्व स्वरूप की प्राप्ति भई ताको ज्ञानस्वरूपकही ज्ञानतीनिप्रकारको एकबर्णाश्रमको ज्ञान एकशास्त्रजन्यज्ञान अरु एकबिशेष अनुभव स्वरूपाकारज्ञान अबजाते ऐसे ज्ञानहोइ सो बैराग्य कहते हैं बैराग्य में चारिभेद हेतु स्वरूप फल अवधि विषय जो हैं ताको विषहूते अधिक जानै काहेते कि जो कोई विषखात है तौ शरीर

छूटिजाती है पुनि जो कहूँ कर्मानुसारशरीरको धारण कियो तहां वह विषनहीं अमलकरै अरु जो मनुष्यतन पाइकै विषय जो है महाविषरूप ताही भोगमें आसक्तभयो तब शरीरछूटि गयो तब विषय विषे जोहै सो चौरासीलक्ष योनि में अमल करत है जियत है मरत है को जानै केते युग बीतैंगे यही हालमें ताते विषयविषहूते अधिकाधिक जानै ताको हेतु वैराग्यकही पुनि स्वरूप वैराग्य में दुइ भेद हैं एक फलको त्याग एक स्वरूप को त्याग एक विषय को व्यवहार करिकै कर्म करते हैं पुनि ताको फल भोग्य त्याग करत हैं यह कहते हैं कि वेद की आज्ञा करते हैं फल भगवत् समर्पण करते हैं अरुएकै जब विषय प्राप्तिभई ऋद्धी सिद्धी मान बड़ाई इत्यादिक त्यहि विषय को स्वरूपै त्यागकरते हैं यह कहते हैं कि ज्यहिको फलै नहीं खाना ताको उपाय क्यों करना ताको स्वरूप वैराग्य कही पुनि जो विषय प्राप्ति भई है अरु ताको त्यागदियो पुनि उसमें वासना नचलै दीनाधीनको त्यागकरै दीनकहीजो पदार्थमय त्यागकीन है सो मेरे पास फिरि आवैतौ कछुउसमेंसेलैकै आपनो निर्बाह करौं यह दीनताकी बासना न उठने पावै आधीन यहजो पदार्थ मेरेइहांआयोरहैसोमैं पुण्यकरिदेत्यों तौ भलीहोती जाते कोई काल में मोको फिरि प्राप्तहोती यह बासना न उठने पावै पुनि अहंपदन आवै मन बचन कर्मते कि मैं बड़ो त्यागीहौं यह बासना कबहूंन उठै ताको फल वैराग्यकही पुनि जोविषय जानिकै त्याग कियो है तैसेईविषय इहांताईंजानैसातलोक नीचे हैं अतल १ बितल २ सुतल ३ रसातल ४ तलातल ५ महातल ६ पाताल ७ तहां छः लोक में दानवनकोबास है अरु सतयेंमें नागन को बास है पुनि सातलोक ऊपर हैं भूर्ल्लोक १ भुवःलोक २ स्वर्गलोक ३ महर्लोक ४ जनलोक ५ तपलोक ६ सत्यलोक ७ इतिसात इहांताईं उत्तर पितृदेवता कश्यप मुनितपी ब्रह्माको बासहै पुनिशेषलोक ऐश्वर्य मृत्युलोक ऐश्वर्य ब्रह्मलोक ऐश्वर्यएते समस्त महाविश्वरूप जानै ताको अवधि वैराग्य कही एक वैराग्यचारि प्रकार के हैं जितमान बितरेक एकइन्द्रीबशीकरण जितमानासारसारको बिचार अहर्निशिकरनानीकीप्रकारतेयहसंसार असारहै संसारकहे आपनीदेह अरु देह के सनेही माता पिता स्त्री पुत्र भाई नात कुटुम्ब अरु देव दानव पशु पक्षी इत्यादिक समस्त न काहूकेभये हैं न काहूके होहिंगे अरु न कोई संगजाइगो न कोईसंगआयो है मैंतौ सदा एकहीहौं देखिये तौ बड़ो आश्चर्य है मेरोशरीर अनित्य है अरु शरीरकेहेतु जिनमें स्नेहमान्यो है सोभी अनित्य है अरुतिन दूनौं में अहंमम मानिरह्योहै सर्बभूत में मित्र अरि मानापमानक इत्यादिक अनेकन विकार ग्रहण करिरह्यो है मेरेबिचारमें त्रैगुण्यजनित व्यवहारजो है सो सब अनित्य है अरु आत्मा नित्य है सोई मेरो स्वस्वरूप है सोई सारहै नित्यानित्य दूनों कैसे मिलिरहे हैं जैसे दूध अरु जल तहां हंसवत् बुद्धिकरिकै सारको ग्रहण असारको त्याग ताको जितमान वैराग्यकही पुनि बितरेक काम क्रोध लोभ मोह मद इत्यादिकनको स्वरूप सोधनकरै अरु ज्ञान वैराग्य विज्ञान शांति संतोष शील इत्यादिक इनदूनौंको स्वरूपसोधै कौन परिपक्वहै कौन अपक्वहै जो परिपक्वहोइ तामें चित्तलगावै अरु जो अपक्वहोइ ताको कोईयोग से मिटाइडारै अरु संसारजालजो है सो सर्प है सबको डसै है तहां आपनी बुद्धिको नेउररूपकरै जब नेउरको सर्पकाटैहै तब नेउरभी सर्प को काटिडारत है तैसे गुरुमंत्र बूटीसे कालकी बिषयनिवृत्तिकरै जेते विषयभाव हैं तेते सर्ब अभाव करि देइ ताको बितिरेक वैराग्यकही पुनि एकइन्द्री जो मनमें विषय भोग की इच्छाहोइ तौ विषयको अनित्यजानिकै अरु अपने धर्मको बाधक जानिकै इंद्रिनसंयुक्त बिचारिकै मनको रोंकिदेइ चतुष्ट अन्तष्करण अरु वाह्यइंद्रिन संयुक्त ताके अभिमानको त्यागकरै अरु सब इंद्रिन में व्याप्त श्रीरामचन्द्रकोदेखै जैसे एकघटमें अनेकछिद्र हैं ताके भीतर दीपक बारिदेइदीपक सबछिद्रनको प्रकाशकरत है तैसे श्रीरामचन्द्र सबको प्रकाश करतहैं यह अचलदृष्टिहोइ ताको एकइन्द्री वैराग्यकही पुनि बशीकरण नरलोक विषय भोग्य देवलोक विषयभोग्य नागलोक विषयभोग्य तीनिहूं लोक विषय महारोग समजानिकै अरु नाशमान जानिकै ताको स्वरूपही त्यागकरै ताको बशीकार वैराग्यकही पुनि वैराग्य चारिभेद हैं मन्द तीब्र तीब्रतर तीब्रतम मृतकको देखिकै किंतु कोई योगते बिषय नष्टह्वैगई है अथवा गृहकेलोगन आपनेको त्यागिदियो है तब आपको धिक्मानिकै वैराग्यआई है ताको मन्दवैराग्यकही पुनि तीब्र श्रुतिस्मृति पुराण इत्यादिक श्रवणकरिकै संसार को अनित्यजानिकै सुत दारा धन धाम इत्यादिक त्यागिदियो है ईश्वर के भजन कै लालसा उठी है जो कछु प्राप्त होइ ताहूको अभाव अरु प्राप्ति में बासना नास्ति मुमुक्षरूप हैं ताको तीब्र वैराग्यकही तीब्रतर जाको आपनी देते वैराग्य है शीत उष्ण दुख सुख मानापमान इत्यादिक शरीरमें चेष्टानहीं आवै अरु किसूको गुण औगुण दृष्टिमें न आवै अरु चौदहभुव अरु तीनिलोककी विषय

मनते भूलिजाइ अर्थ धर्म काम इनकी गंधि दूरिह्वैगई है जीवनमुक्त हैं केवल मोक्षदशा में आरूढ़ हैं सर्बत्र ब्रह्मदृष्टिहैं ताको तीब्रतर वैराग्यकही पुनि तीब्रतमजोतीब्रतरके लक्षण हैं सोलक्षणतौ साधारणैहैं पर जिनके मोक्षहूको त्याग है अरु जिन्हैं नित्यनित्यको अभाव है अरु श्रीरामचन्द्र के स्वरूप के बिरहमेंअरु पराभक्तिमें आरूढ़ हैं एकरस जिनकीदशा अलक्षिहै ताको तीब्रतम वैराग्यकही पुनि योगकहते हैं अष्टांगयोग नेम जन्म आसन प्रत्याहार प्राणायाम ध्यान समाधि दशनेम शौच होम तप दान विद्या अध्ययन इंद्री निग्रह व्रतचान्द्रायण इत्यादिक किंतु ब्रतकहे प्रणउपवास एकादश्यादिक मौनरहना त्रिकाल स्नान संध्याकरना येते दशनेम हैं पुनि दशसंयम अहिंसा सत्यबचन अस्तेय अस्तेयकही शक्तिमान किंतु ध्रुवविश्वास किंतु इन्द्रिन के विषय चोराइलेना ब्रह्मचर्य दया नम्रता क्षमा धृति अल्पभोजन शौच येते दशसंयमकही पुनि आसन कमलासनादिक चौरास्थासन हैं तिनमें जोहोइ पुनि प्रत्याहार प्रत्याहारकही अल्पभोजन तिसको भी गिराइदेना प्राणायाम पूरक कुंभक रेचक अंगुष्ठ से दहिना स्वर दाबिकै प्राणचढ़ावना अपने अनुकूलमंत्र संयुक्त सोरहबार पुनि कुम्भक दूनों स्वर दाबिकै प्राणकोथांभना चौंसठिबारमन्त्र संयुक्त पुनि रेचक बामस्वरबन्दकरिकै दाहिने स्वरमें उतारना बत्तीसबार मंत्रसंयुक्त याको नित्यनेम प्राणायामकही तत्रप्रमाण इड़यापिवषोड़शभिः पवनंचतुरुत्तरषष्टिकमौदरिकंत्यजपिंगलयाशनकैः शनकैर्दशभिर्दशभिद्व्र्यधिकैरिति तंत्रोक्तिः पुनि ध्यान योगबिषे स्वस्वरूपकै चितवनि एकाग्र चित्तकरिकै पुनि समाधि तामें दुइभेद एकसबिकल्प एकनिर्बिकल्प सबिकल्पकही लय बिक्षेप कषाय रसाभासकरिकै समाधि छूटिजाइ है लय आलस विक्षेप कछु श्रवणसुनिकै दृष्टिकरिकै कषाय आनकर आनै समाधि में आवै पुनि रसाभ्यासकही बिषयमें चित्तकैबृत्तिजाइ यहवारिते धंधाहोइजाय सो सबिकल्पकही अरु निर्बिकल्पकही जड़ीभूत जैसे चित्रकैवेलियह अष्टांगकरिकै योगकही पुनि बिज्ञानकहते हैं जीव ब्रह्म की एकता शांतिरस रूप समतादृष्टि ब्रह्मानन्दएकरस अखण्ड वृत्ति सोई भोग ताको बिज्ञान कही तहां

**प्रतापप्रबलसबभांती अबलाअबलसहजजड़जाती १६ दो०॥ पुरुषत्यागिसकनारिकह जोबिरक्तमतिधीर नतुकामीबिषयाविवश बिमुखजोपदरघुबीर १७ सो० ॥ सोमुनिज्ञाननिधान मृगनयनीबिधुमुखनिरखि बिकलहोहिंहरियान नारिबिश्वमायाप्रकट १८**

ज्ञान वैराग्य योगबिज्ञान ये चारिपुरुष बर्ग हैं ( १५ ) हेतात पुरुष को प्रताप बल है अरुअबला अबलहै अबलकहीपुरुषते अबल है तुरंत आपनबल नहींकरिसकैहैघातपाइकैबलहैसोकरै है सहजहीजड़जाति है ( १६ ) दोहार्थ ॥ पुनिचारिहूके एकएक विशेषणकहतेहैं पुरुष नारिकोत्यागिसकै है तहांवैराग्यमान जोबिरक्तहोइ तौ मायारूपीनारिकोत्यागिसकैहैं अरु योगी जोधरिमानहोइसोमायारूपी नारिकोत्यागिसकैहै अरुनतुकामीतुपुनः नकामी जिन ज्ञानिन को कामना नहीं है ते मायारूपी नारिको त्यागिसकैहैं अरु विषया बिबश जे बिज्ञानी विषयते अबिबश हैं विषयके बश नहीं हैं ते विज्ञानी मायारूपी नारिकोत्यागिसकैं हैं तहां इनचारिउ तौमायाको त्यागिदीन है परमायाने इनको नहींत्यागेउ है तहां ज्ञानवैराग्य योग विज्ञान येचारिउ अपनीसामर्थ्यते मायाको त्यागिदियो है अरु श्रीरामचन्द्रके पदतेबिमुख हैं येचारिउकेवल आपनेबलतेमोक्षचाहत हैं ( १७ ) हेगरुड़येचारिउमननशीलमुनि हैं अरु ज्ञानकेनिधानहैं परमृगलोचनीबिधुकहीचंद्रबदनी जोमाया है त्यहिकोदेखिकै बिकलह्वैजाते हैं काहेते यह बिश्व नारिरूपही प्रकट है ताते कहां जाहिं तहां जहां दृष्टि जाइहै तहां उड़ेहैं तहां कर्म मन बचन करिकै मायामें तनिकौ चित्तजाइ सोईमृगलोचनी कहा है उन ज्ञानिन के बचन सुनिकै आपु चितैकै ज्ञानिनको चित्तहरिलेत है अरु माया में दृष्टि जाइ ऋद्धि सिद्धि इत्यादिकमें सो चन्द्रबदन देखिकै चित्तहरिजातु है तौ ज्ञान बिज्ञानते च्युतहोइ जाते हैं काहेतेश्रीरामचन्द्रकी भक्तिके निरादर तें ( १८ ) हे तात इहां पक्षपात कही आपन पक्षकरिकै मैं नहीं कहत्यउँ कछु यह वेद पुराण संतनकर सम्मत कहतहौं ( १९ ) हे पन्नगारि यह अनूपनीति मैं कहतहौं देखिये तौ स्त्री स्त्रीके स्वरूप में नहीं मोहित होइ है ( २० ) हे तात सुनहुँ काहेतेन मोहित होइ कि माया अरु भक्ति दूनौं स्त्रीबर्ग हैं यह सब जानते हैं हे तात माया भक्ति दूनौं श्रीरामचन्द्र की हैं पर भक्ति रघुबीर को अतिपियारी है अरु खलुकही निश्चय करिकै माया नर्तकी है जैसे कोई एक राजा है उसके पाटबन्धनी रानी हैं अरु तिनमें एक नटी है किन्तु टहलुई हैं तहांजो नटी टहलुई पाटबन्धनी ते विरोध करै तौ राजादण्डकरिकै

**चौ० इहांनपक्षपातकछुराखौं वेदपुराणसंतमतभाखौं १९ मोहननारिनारिकररूपा पन्नगारियहनीतिअनूपा २० मायाभक्ति सुनहुंतुमदोऊ नारिबर्गजानैसबकोऊ २१ पुनिरघुबीरहिभक्तिपियारी मायाखलुनृत्यकीबिचारी २२ भक्तिहिसानुकूलरघुराया तातेत्यहिडरपतिअतिमाया २३ रामभक्तिनिरुपमनिरुपाधी बसैजासुउरसदाअबाधी २४ त्यहिबिलोकिमायासकुचाई करिन**

दूनो को निकासिदेइ दूरिकरै है तैसे श्रीरामचन्द्रकै भक्ति पाटबन्धनीअरुमाया नटी टहलुई है श्रीरामचन्द्रके उरमें मायाभक्ति को बाधक नहीं करिसकै है ( २२ ) हेतात श्रीरामचन्द्र भक्तिपर सानुकूल हैं ताते मायाडरिकै भक्तिपर कछुउपाधि नहीं करती है ( २३ ) हेतात श्रीरामचंद्रकै भक्ति निरूपमकही उपमारहित है अति सुन्दरिहै ताको देखिकै मायालज्जित ह्वैजाती है अरु श्रीरामचन्द्रकै भक्ति निरुपाधिहै अस जानिकैहरि कीमाया भागि जाती है हेतात ऐसी अवाध्यज्यहिके हृदय में बसी है ( २४ ) हे गरुड़ ज्यहि के उरमें भक्तिबसी है त्यहिको बिलोकिकै मायाभय खाती है अरु आपनी प्रभुता कछुनहीं करसक्ती है तहां चारिप्रकारते माया भक्तिकोनहीं मोहिसकैहै एकतौ स्त्रीस्त्री को नहीं मोहैदूजे भक्तिश्रीरामचन्द्रको पियारी है अरु श्रीरामचन्द्र भक्तिपर अनुकूल हैं ताते स्वामी के भयकरिकैनगीचे नहीं जाइसकैहै अरु श्रीरामचन्द्र कै भक्ति अनूपम है ताते ताकोदेखिकै लज्जितह्वै जाती है पुनि श्रीरामचन्द्रकैभक्तिनिरुपाधिहैसो समुझिकैचुपसाधिकै बैठिरहती है ( २५ ) तहां असबिचारिकैजेबिज्ञानीमुनिहैं तेभक्तिहिकी याचना करते हैं काहेते निरुपाधि जानिकै अरु श्रीरामचन्द्रको प्रियजानिकै अरु दिव्यगुणकी खानि जानिकै दिव्यगुणकौनहैं भगवत् सम्बन्धी कर्म योग वैराग्य ज्ञान ध्यान समाधि दया करुणा क्षमा शील उदारइत्यादिक जेतेभगवत् सम्बन्धी गुण हैं तिनकी भक्तिखानि है ताते मुनीश्वर भक्तिहि को यांचत हैं हे गरुड़ ज्ञान वैराग्ययोगविज्ञान ये चारिउपुरुष बर्गकहे हैं अरु ये चारिउ आपने बलतेमायाको तराचाहते हैं ताते माया इनके ऊपर बाधाकरती है ताते ज्ञानको मार्ग मोक्षको संबाध्य है अरु भक्तिकर मार्ग अवाध्य है अरु मोक्षदाय ज्ञानभक्तिदोनों हैं ताते मुनीश्वर ज्ञान को संवाध्य अवाध्य भेदकहते हैं ( २६ ) दोहार्थ ॥ हे तात यह ज्ञान भक्तिरघुनाथजीकी रहस्य है श्रीरघुनाथजी के अन्तर्यामी ब्रह्मरूपमें ज्ञानरहस्य है अरु किशोरमूर्ति परब्रह्म में भक्तिरहस्य है येदूनौं रघुनाथजीकी रहस्य हैं परमदिव्य गुण परमलीला सो किसूके जानबे योग्यनहीं है अरु

**सकैकछुनिजप्रभुताई २५ असबिचारिजोमुनिबिज्ञानी यांचहिंभक्तिसकलगुणखानी २६ दो०॥ यहरहस्यरघुनाथकर वेगिनजानैकोइ जोजानैरघुपतिकृपा सपन्यहुंमोहनहोइ २७ औरोज्ञानभक्तिकर भेदसुनहुंपरवीन जोसुनिहोइरामपद प्रीतिसदाअवछीन २८**

**चौ०॥ सुनहुंतातयहअकथकहानी समुझतबनैनजाइबखानी १ ईश्वरअंशजीवअविनाशी चेतनअमलसहजसुखराशी २ सोमाया-**

दूनौं को स्वरूप जानै अरु दूनौं करभेदजानै सोरामचन्द्रकी कृपा बिनानहीं जानाजाइ है जब श्रीरामचन्द्रकी कृपाते जानै तौ सपनेहुं मोहनहोइ ( २७ ) हे तात ज्ञानभक्तिकर एकभेद हमकहिआये हैं अब दूसरसुनहुं जोसुनिकै श्रीरामचन्द्र के चरणारविंदविषे अबिच्छन्न प्रीतिहोइ ( २८ ) इति श्रीरामचरितमानसे सकलकलिकलुषविध्वंसने उत्तरकाण्डेज्ञानभक्तिसबाधिअबाधिभेद बर्णनन्नामएकत्रिंशतितस्तरंगः ३१॥

दोहा॥ दुइ अरु तीसतरंग में जीवईश आभेद॥ सप्तभूमिकाज्ञान की रामचरणकहिवेद ( ३२ ) हे तात यह कहानी सुनहुं समुझत तौ कछुकछु बनै है परबखानिकै नहीं कहा जात है जो कोई कहै कि कहा तौ नहीं जात है पर कहते क्योंहौ तहांजो नहीं कहाजाइ सोई कहते हैं ( १ ) हे तात यह जीव ईश्वर को अंश है अबिनाशी है अरु अमल

है अज है सहजहीसुखकीराशि है तहां सच्चिदानन्द रूप हैं चेत कहे चित चैतन्य रूप अरु अमल कही सतरूप सुखकी राशिकही आनन्द रूप हैं ताते सत्‌चित् आनन्द सच्चिदानन्द हैं कैसे जैसे गंगा सरयू को जलहै कोई घटमेंभरा जाता है परवह सरयुहि गंगाको जल कहावत है निर्मल शुद्ध है जबताईकछु मिलै नहीं जब कोई योगते घटके जलमें कछु मिलिगयो तथापि सरयुहि गंगाको परकछु मलीन मिलते मलीन ह्वैगयो है तब सामान्यह्वैगयो है श्लोकार्द्ध गीतायां। ममैवांशोजीवलोके जीवभूतः सनातनः ॥ सनातन कहा है तहां सच्चिदानन्द जानब ( २ ) हे गोसाईं सोजीवमाया केबशभयो है कैसे जैसे करि मर्कटकीनाईं कीरकही जहांसुआ चुनबेकोजात है तहां ब्याधा यत्नकरिकै फँदावते हैं कैसीयत्न करते हैं बहुत अड्डा बनावते हैं बीता बीता भरेके बीच दुइदुइ लकड़ी गाड़ते हैं दुनहूंके बीच में लकड़ी डारते हैं तिसमें पूँगली डारते हैं नीचे कछु अन्न धरिदेते हैं त्यहि आशाकरिकै सुआ पूँगलीपर बैठत हैं जाइ तब सुआ चुंगलसे पकरयो पूँगली घूमिगई माथानीचे ह्वै गयो है अन्न नेकहू नहीं पावते हैं सुआकी चोंचते अरु वहि अन्नते अंगुल आधको बीच रहिगयो है सुआकी दृष्टि में अन्न समीपही आइ गयो है तहां नतौ अन्नको पाइसकै है अरु न दूरिहैतब सुआके चित्तकी वृत्ति अन्न में ह्वैरही है चुंगलते पूँगली पकर्‌यो है सो

**बशभयोगोसाईं बँध्योकीरमर्कटकीनाईं ३ जड़चेतनहिंग्रन्थिपरिगई यदपिमृषाछूटतकठिनई ४ तबतेजीवभयोसंसारी छूटन**

भूलिगयो है ब्याधा आइकै सहज में धरिलियोहै अन्न नेकहू नहीं पायो है यह दृष्टांत है अब वृत्तांत कहते हैं शुभाशुभ कर्म दोऊ किनारेकी लकड़ी हैं चित्तकै वृत्ति विषयमय सो बीचकी लकड़ी है अरु बासना बीचकी पूँगली है अरु सुत वित दारा इत्यादिकनमें स्नेह सोई अन्न है अरु जीव सुआ भयो है अरु तृष्णा क्षुधाभई सोबासना रूपपूँगलीपर बैठ्योहैसो बासना परमार्थसे उलटि गई है तब अर्द्ध ह्वैकैटंगिरह्यो है तहांक्षुधारूप तृष्णा की प्रबलताते सुत वित दाराको यह कहते हैं कि ये मेरे हैं अरु समीपही हैं तिनमें मोहकरिकै अपनपौ अच्छी तरह मानिलियो है तिनमें चित्त कै वृत्ति अच्छी प्रकारते आसक्त भई है अरु वहपदार्थकिंचित् प्राप्त नहीं हैतीनिहुँ कालमें अरु कालबधिक पकरिकै चौरासीरूप पींजरामेंडारिदियो है अनेकयोनिनमें भ्रमत है पुनिमर्कटकीनाईंबँध्योहै कैसेबँध्यो है तहां बांदर के फँदाइबे को किसानखेत के किनारेपर संकीर्णमुंह की कुल्हियागाड़िदेते हैं अरु उसमें अन्नडारिदेते हैं जो बानर आये कुल्हियामें हाथडारिकै अन्नमूठीमें बांधतभये हैं तबमूठी नहीं निकरैहै काहेते चित्तकीवृत्ति अन्नमय ह्वैरही है अरु मूठीको निकासना भूलिगयो है तब किसान बानरनको मारिकै अंगभंग करिडारते हैं तैसे कालकिसान है अरु संसार खेत है गृहसंकेत मुखकी कुल्हियाहै सुतवित कलत्र अन्न हैं जीवबानरहै बासनारूप मूठीमें तिनकोपकरयो है छूटिनहींसकै है अरु अन्नरूप सुतवितते जीवकोस्वार्थ नहींसधै तीनिहूंकालमें तहां कालकिसान दण्डदेकै योनिनको भ्रमब सोई अंगभंग करिकै जन्म मरण में जेवरीमें बांधिराख्यो है हेतात यह जीव माया में अपनपौ मानिकै कीर मर्कटकीनाईं बंधिरह्यो है ( ३ ) तहां हेतात जड़जो है माया अरु चेतन जो जीव ते द्वौते परस्पर अपनपौते ग्रन्थि परि गई है यद्यपि जीव के विषे मायाकी ग्रंथि वृथा है तदपि छूटिबे को कठिन हैं ( ४ ) तबते जीव संसारीभयो है न वहग्रन्थिछूटै न सुखीहोइ पर यह ग्रन्थि अनादिहै को जानै कबते परी है तहां शास्त्र गुरु बाक्य निज अनुभव करिकै छूटि जाती है तहां प्रमाण है अन्यच्च श्लोकएक॥ शास्त्रदृष्टंगुरोर्बाक्यं तृतीयंचात्मनिश्चयं ॥ त्रिबिधंयोभिजानाति समुक्तोजन्मबन्धनात् ( ५ ) हेताातयह ग्रन्थि छोरबे को श्रुतिपुराण उपाय कर्मकांड बहुत कह्यो है पर त्यहिते अधिकाधिक अरुझत है छूटतनहीं है काहेते कर्मकांड को फल स्वर्ग नरक मृत्युलोक है अरु ज्ञान को निरुपाय कहते हैं

**ग्रन्थिनहोइसुखारी ५ श्रुतिपुराणबहुकह्यउउपाई छूटनअधिकअधिकअरुझाई ६ जीवहृदयतममोहबिशेखी ग्रन्थिनछूटिपरैनहिंदेखी ७ अससंयोगईशजबकरई तबहुंकदाचितसोनिरुअरई ८ सात्विकश्रद्धाधेनुसुहाई जोहरिकृपाहृदयबसआई ९ जपतपब्रत**

वेद पुराण काहेते कि ज्ञान में कछु उपाय नहीं है अंतःकरण में आपनेस्वस्वरूप के समुझिबे की बात है किंतु श्रुति पुराण बहुत उपाय कहा है ग्रन्थि छूटिबे की पर जवनी उपायते छूटै सो किसूको समुझि नहीं परै है अरु जो किसूको समुझि परैहै सोसधै नहीं है अरुजो साधना करैलागै तौ बिघ्न ह्वैजाइहै ताते छूटैनहीं अधिक अधिक अरुज्ञात है अरु जोकदाचित् कोई योगते छूटिबे को उपाय साधै सो आगे कहते हैं ( ६ ) हेगरुड़ जीवके हृदय विषे विषय बासना मोह अंधकार छाइ रह्यो है तहां देखितौ परतै नहीं ग्रन्थि कैसे छूटै जीव के अंतर्भूत मोह अंधकार छाइरह्यो है जड़चेतन की ग्रंथि कैसे छूटै है ( ७ ) हे तात ऐसे संयोग जब ईशकरै तबहूं कदाचित् निरुअरै ( ८ ) हे तात अबज्ञानकी सप्तभूमिका सुनहुं ज्यहि करिकै जड़चेतन की ग्रंथिछूटै है परज्ञान जो निर्विघ्न निबहै तब छूटैतहां हेतात सात्विकी श्रद्धा सोई धेनुहोइ परजब हरिकी कृपाहोइ तब सात्विकी श्रद्धाकही वेदगुरु वाक्य में प्रतीति सो सात्विकी श्रद्धा प्रथमभूमिका कहते हैं ( ९ ) हे तात पुनि जप तप ब्रत नेम इत्यादिक अपार जे हैं जपकही जै अक्षरकर मन्त्रहोइ तै हजार नित्य जपै भूतशुद्धि प्राणायाम करिकै पुनि तपकही येनकेन इंद्रिन को दमन करै पुनि ब्रतकही एकादशी चान्द्रायण इत्यादिक यमकही सूक्ष्मसात्विकी भोजनकरै यमनेम दशपाछे समीपही कहिआये हैं इत्यादिक धर्मके शुभाशुभ आचरण जो वेद कहते हैं ( १० ) एते शुभआचरणते हरित तृणहोइ जैसे हरिततृण गऊ प्रीतिसों भक्षण करै है तैसे सात्विकी श्रद्धाजो है सो जप तप संयम नेम तीर्थ ब्रत इत्यादिक शुभकर्म प्रीतिसों करै सोई गऊको चरबहै तब जैसे गऊहरित तृण पेटभरिखाइकै बछरा को पाइकै पन्हाव है तैसे श्रद्धारूप गऊके भाव बछराहै तहां जोकरै सो प्रीतिभाव प्रेम समेत करै सोई शिशु है तब सुख जो है सोई पन्हाव है ( ११ ) तब अहीर गऊ को रज्जुते नोइकै तब पात्र में दुहत हैं तहां निर्म्मल मन निजदासकही आपने बशहोइ सोई अहीर है अरु मनकी वृत्ति धर्ममय सोई नोइनिहै अरु बिश्वास कही सहजौ मैं शुभकर्म करतहौं सो अवश्य मोकोफलैगो सोई विश्वास पात्र है तहां शुभआचरण अरु भाव अरु वृत्तिते

**यमनेमअपारा जोश्रुतिकहशुभधर्म्मअचारा १० सोइतृणहरितचरैजबगाई भावबच्छशिशुपाइपन्हाई ११ नोइनिवृत्तिपात्रविश्वासा निर्म्मलमनअहीरनिजदासा १२ परमधर्म्ममयपयदुहिभाई औटैअनलअकामबनाई १३ तोषमरुततबक्षमाजुड़ावै घृत**

अरु विश्वास अरु अमल मन एते पांच अंग संयुक्त श्रद्धा सो ज्ञानकीप्रथम भूमिका भई ( १२ ) अरु दूसरिभूमिकाकहते हैं तहां घासमेंदुग्ध अतिसूक्ष्म त्यहि को जो कोटिनउपायकरै तौ दूधनहीं निकसत है अरु जोगऊ घासखाति है तौ गऊकेद्वारह्वैकै घासते दुग्ध निकसत है तैसे श्रद्धा में शुभकर्मकरै तौ परमधर्ममय पयकही दूध निकसत है बिश्वासरूप पात्रमें स्थितहोत है पर गऊ घास मिलिकै प्रयोजन दूधहीतें है परमधर्मकही अहिंसाको काहेते जहांतक शुभकर्म यज्ञ इत्यादिक हैं तिनमें थोर बहुत हिंसा होतई है ताते वाहीको धर्मकही अरु जब यहबिचार आयो कि कर्ममें तौ हिंसाहोती है यहबिचार करतसंते कर्मबिषे हिंसा छूटिगई है अहिंसितभयोहै सो परमधर्म है तहां प्रमाण है अन्यच्चश्लोकएक॥ अहिंसापरमोधर्मः अहिंसापरमोतपः अहिंसापरमोयज्ञः अहिंसापरमोजपः १ पुनिगऊकर दूध तौ औटाजात है इहां परमधर्म में निःकामता अमल है ताही ते औटबकही दृढ़ता ( १३ ) तब संतोषरूपबनते उड़ावै अहंपद उष्णतामिटिजाइ क्षमारूप शीतलता प्राप्तहोइ संतोषकही आपने शरीर के निर्बाहमात्र रस अनरस अनायास यथालाभ तथा संतोष श्लोकार्द्ध॥ असंतोषोदरिद्रस्यात्सन्तोषोपरमोधनं ॥ पुनि क्षमाकही निंदास्तुति में उद्वेग हर्षहोइ तहां अहिंसा निष्काम संतोष क्षमा चारिउ अंग एक रूपह्वैकै सो परमधर्म सो ज्ञानकी दूसरी भूमिकाभई पुनि धृतिसम जीवनदेइ धृतिकही धीर्यपर समधीर्यहोइ हानि लाभ सुख दुखमें बुद्धिसमर है सोई जावनदइ भगवद्गीतायांश्लोकत्रय ॥ श्रीभगवानुवाच॥ प्रजहातियदाकामान् सर्बान्पार्थमनोगतान् ॥ आत्मन्येवात्मनातुष्टः स्थितप्रज्ञस्तदुच्यते १ दुःखेष्वनुद्विग्नमनाः सुखेषुविगतस्पृहः वीतरागभयंक्रोधः स्थितधीर्मुनि रुच्यते २ यःसर्वत्रानभिस्नेहस्तत्तत्प्राप्यशुभाशुभं ॥ नाभिनन्दतिनद्वेष्टि तस्यप्रज्ञाप्रतिष्ठिता ३ तहां वही दूध को दहीभयउ है इहां समधीरज सोई दहीभयउहै सोई समधृति समबुद्धि ज्ञान की तीसरी भूमिकाभई ( १४ ) पुनि चौथीभूमिका कहते हैं तब त्यहि दधिकोमथिकै माखन निकासाचाहतुहै तहां दही ज्यहिपात्र में जमायो त्यहिते पलटिकै माथकही बड़ेपात्रमें करिसकै तब मथानी डारिकै खम्भामें रसरील्याइकै दधिकोमथिकै माखन

**समजावनदेइजमावै १४ मुदितामाथबिचारिमथानी दमअधाररजुसत्यसुबानी १५ तबमथिकाढ़िलेइनवनीता बिमलबिरागसुपरमपुनीता १६ दो०॥ योगअग्निकरिप्रकटतबकर्मशुभाशुभलाइबुद्धिसिरावैज्ञानघृत ममतामलजरिजाइ १७ तबबिज्ञाननिरूप**

निकारतु यहदृष्टांत है अब और दृष्टांत कहते हैं तहां परमधर्मरूपदूध स्वरूप पात्रमें जमायो है सो मुदिताकही आनन्द बड़ेपात्र में पलटिकै बिचाररूप मथानी डारिकै दमको खम्भबनाइकै सप्तबाणी रज्जुमें बांधिकै मथतु है बिचारकही सारासारको निर्णय अरु दमकही इन्द्रिनको दमनकरना सत्यबाणीकही सत्यबोलना किंतु सत्यबाणीकही सत्यरहस्य ( १५ ) जब ज्यहिप्रकारते कहिआये हैं सो दहीमथिकै माखन निकासि लेइ पुनि जो बिचारकहा है त्यहितेमथिकै माखन वैराग्यरूप निकारिलेइ कैसी वैराग्य है अवधिवैराग्य विमल शुभसुन्दरि परमपुनीत कही परम पवित्र है तहां मुदिता अरु बिचार अरु दम अरु सत्याबाणी यहचारिसंयुक्त वैराग्य जोहै सो ज्ञानकी चौथीभूमिकाभई ( १६ ) अब पंचमभूमिका कहते हैं दोहार्थ॥ हेतात अष्टांगयोग जो कहिआये हैं ताहीको अग्निकरै अरु शुभाशुभ कर्मकी लकड़ीकरिकै बारिदेइ शुभकर्म कही सात्विकगुणमय अशुभकही राजस तामसमय तब माखनरूप वैराग्य मैंछांछममताकही अहं राज्यमान सो छांछमल जरिगयो तब वही बुद्धि ज्ञान रूप घृतको सेरावति है सेराउब कही घृतरूप ज्ञानको भिन्नकरति है अरुशीतल करति है यहां ज्ञानकही आत्मा अनात्माको जानना अनात्मा को मिथ्याजानिकै बैराग्य करिकैत्याग अरु आपने स्वस्वरूप को ग्रहणसो ज्ञान की पंचम भूमिकाभई ( १७ ) अब छठई भूमिका कहते हैं आपने स्वस्वरूपको अरु ब्रह्म की एकता करिबेको अनुसंधान है सो विशेषिबिज्ञान है तबजब घिउ जमिकै बिशद भयउ सो घिउरूप विज्ञान निरूपण करनेलगी बुद्धि तहां बिज्ञान विशदभयो अनात्माके सम्बन्धते आत्माभिन्नदेखिपरेउ अनुभवते तब बुद्धि बिज्ञानरूप घिउतहां बिज्ञान बिशदभयो अनात्माके सम्बन्धते आत्मा भिन्न देखिपरेउ अनुभवते तब बुद्धि बिज्ञानरूप घिउ निरूपण करिकै चित्तरूप दिया में भरिकै समतारूप दीवटि पर धरतभई तहां बिज्ञानकही आपनो स्वस्वरूप जीव अरूप स्वरूप ब्रह्म द्वौकी एकताको निरूपण सो बिज्ञानकही ( १८ ) तबबाती बनाइकै बुद्धिबाती बाराचाहती है तहां तीनिअवस्था अरु तीनिगुण सोईकपास है अरु तामें तुरीय अवस्था रुई है अरु तीनिअवस्था तीनिउँगुण बेनवर हैं तूल तुरीयअवस्था त्यहिकीबाती गाढ़िकरिकै तहां गाढ़िकहीदृढ़करिकै जामें दीपककी ज्योतिरूपवृत्ति शुद्धबरैकहीलगै तहां तीनिअवस्था

**णीबुद्धिबिशदघृतपाइ चित्तदियाभरिधरैदृढ़समतादिवटिबनाइ १८ तीनिअवस्थातीनिगुण त्यहिकपासतेकाढ़ि तूलतुरीयसवाँरि**

अरु तीनिउँगुण अरु तुरीय अवस्थाके स्वरूप कहते हैं अवस्था जाग्रत स्वप्न सुपुप्ति तुरीय तहां जाग्रतअवस्था चौबीस तत्त्वकरिकै बर्त्तमान है पांचतत्त्व पृथ्वी अप तेज बायु आकाश पुनि पांच तत्त्व के गुण शब्द स्पर्श रूप रस गन्ध पुनि पांच ज्ञानइन्द्री श्रवण त्वक् चक्षु रसना नासिका पुनि पांचकर्म इन्द्री पग कर मुख लिंग गुदा अरु चित्तबुद्धि मन अहंकार एते चौबिसतत्त्व स्थूलशरीर अरु पचीसवांतत्त्व जीवात्मा है ज्यहि करिकै तीनिउँ अवस्था स्फुरित हैं तहां स्थूलशरीर जाग्रत अवस्था को देवता विश्वहै उहै जीवस्वरूप है अरु स्थूलशरीर को भोगप्रत्यक्ष है तहां चौबिसतत्त्व विश्वदेवता स्थूलशरीर प्रत्यक्षभोग अरु सात्विकगुण येपांचमिलिकै जाग्रत अवस्थाकही पुनि स्वप्नअवस्था सत्रह तत्त्वकरिकै पांचज्ञान इंद्रीकी विषय शब्द स्पर्शरूप रस गन्ध पुनि पांच कर्मइन्द्रीकी विषय चलन व्यवहार भक्षण मैथुन बिसर्ग पुनि पांच प्राण अपान समान ब्यान उदान मन बुद्धि यहसत्रह तत्त्वकरिकै स्वप्न अवस्था है अरु तैजसदेवता है अरु वहै जीव जाग्रत अवस्था में विश्वरूप है अरु स्वप्न अवस्था में तैजस रूपउहै है तैजस कही अतिसूक्ष्म प्रकाश रूपअरु लिंगशरीर अरु सूक्ष्म भोग अरु पवनइव बेग तहां सत्रह तत्त्वलिंग शरीर सूक्ष्मभोग तैजस देवता राजसगुण एते पांचकरिकै स्वप्न अवस्था जानिये पुनि सुषोप्ति अवस्था जहां जाग्रतकी चौबीसौ तत्त्व स्वप्नकी सत्रहौतत्त्व दूनौ एकह्वैकै समरहती हैं सो सुषोप्ति है अरु प्राज्ञदेवता है कोईके मनमें प्राउत्कर्ष ज्ञानाम ज्ञानधातु है तहां प्राज्ञकही ज्ञानको तहां जीव ज्ञानस्वरूप है अरु कोई कहते हैं प्रकही उत्कर्ष को अरु प्राकेआगे अकार है ताको लैकै अज्ञहोत है ताते यहजीव अज्ञानरूप है सुषोप्ति अवस्था में अज्ञानै भोग है पर

यह अर्थ सामान्य है जहां जाग्रत स्वप्न की साम्यता सुषोप्ति अवस्था प्राज्ञदेवता शुद्धतामसगुण आनन्दभोग एते पांचौयुक्त सुषोप्ति अवस्थाकही पुनि तीनिउँगुण सात्विकगुण सत्यशौच तप दान इत्यादिक हर्षसंयुक्त करना पुनि राजस यज्ञ आदिक करिकै अहंकर्त्ता संयुक्त पुनि तामसकही जे कुछ शुभकर्म करहिं सो अश्रद्धासे अरु क्रोधसंयुक्त अरु अशुभकर्म तौ करतै रहते हैं तहां तीनिउँअवस्था तीनिउँगुण आत्माकरिकै स्फुरित हैं अनादिहीते जैसे रुई अरुबेनवर एकहीसंग बिधाताने उत्पन्नकियो है परजब यलते कपासकोबीज निकासिडारै तब केवल रुई रहिजाती है तैसे जब आत्मज्ञानभयोताको तुरीय अवस्था कही तहां तीनिअवस्था तीनिगुण तेहिमें अहंमम

पुनि बातीकरैसुगाढ़ि १९ सो०॥ यहिबिधिलेसैदीप तेजराशिबिज्ञानमय जातहितासुसमीप जरहिंमदादिकशलभसब २० चौ०॥ सोहमस्मिइतिवृत्तिअखंडा दीपशिखासोइपरमप्रचंडा २१ आतमअनुभवसुखसुप्रकाशा तबभवमूलभेदभ्रमनाशा २२ प्रबल

बेनवररूप सो छुटिगये तब तेहि आत्मज्ञानको दृढ़करिकै ग्रहणकियो है पर तहां जड़ चैतन्यकी जो ग्रंथि है सोसूक्ष्मकरिकै बुद्धिजीव के अन्तरभूत भेषादिबनी है तहां बुद्धि आत्माकी शुभाशुभ शक्ति है ताते बुद्धिकरिकै आत्मा मलिन है अरु बुद्धिहि करिकै आत्मा के आपने स्वस्वरूप को ज्ञान है ( १९ ) सोरठार्थ ॥ हे तात वोहीयोग अग्नि करिकै येहीरीतितेबुद्धि बिज्ञानरूप दीप लेसतभई सो तेजकीराशि बिज्ञानमय तेहि समीपहि जातही मदादिक शलभ जरिजाते हैं विज्ञान छठई भूमिकाभई पुनि सतई भूमिका कहते हैं ( २० ) सोहंअस्मि जो ब्रह्म है सो अहंअस्मि सो ब्रह्ममेरो स्वरूप है यहवृत्ति अखण्ड लागतभई सो अखण्ड दीप की शिखा है तहां जीव ब्रह्म की एकता मानते हैं कैसे जैसे सोना है अरु सोनाते कंकन कुण्डल इत्यादिक अरु महदाकाश है अरु घटाकाशहै पुनि जैसे समुद्र को जल है अरु मेघ नदीको जल है पर एते सबतत्व एकहीहैं ऐसेही जानिके जीव ब्रह्म एकता करते हैं सोई दीपकैशिखा है देखिये तौ यहां अखण्ड वृत्तिकहा है अरु आगे माया के पवन ते खण्डन करैंगे यह संदेह है तहां यहबुद्धि आपने अनुभव बलते आत्माविषे पतिब्रत ग्रहणकियो ताते अपनी बूतभरि आत्महिंविषे आत्माकै अखण्ड वृत्ति लगायो है पर श्रीराम शरणबिना ताते माया परमेश्वर की अतिप्रबल है तेई ज्ञानकी वृत्तिको खण्डन कीन्ह ताते सत्य है ( २१ ) तहां आत्मक अनुभव सुखजो है ब्रह्मानन्द सोई दीपको प्रकाश है तहां इन्द्रीजनित अहंकार अनुभव है तामस गुणमय है अरु एकमनको अनुभव है सो राजस गुणमय है अरु एक चित्तको अनुभव है सो सात्विक गुणमय है अरु एक आत्मक अनुभव है सो गुणातीत ब्रह्ममय है सोई दीपको प्रकाश है तेहि प्रकाश भयेते भवजो संसार है तेहि विषे जन्म मरणकोकारण भेद भ्रम सो आपुहीमें है सो नाश होइजात है भेद कही सजातीय बिजातीय स्वगतभेद सजातीयकही मनुष्य सबएक हैं पुनि ब्राह्मणब्राह्मण सबसजातीय हैं क्षत्रीक्षत्री एक जाति वैश्य वैश्य सब एकजाति

अबिद्याकरपरिवारा मोहआदितममिट्यउअपारा २३ तबसोइबुद्धिपाइउजियारा उरगृहबैठिग्रन्थिनिरुआरा २४ छोरनग्रन्थि पाइजोइसोई तबयहजीवकृतारथहोई २५॥

* * * * * * *

शूद्रशूद्र सब एक जाति पशुसंज्ञा एकहै पुनि गऊगऊ एक जाति बिजातीय कही ब्राह्मण भिन्न क्षत्रीभिन्न वैश्य भिन्न शूद्रभिन्न गऊ भिन्न भैंसि भिन्न पुनिस्वगतभेदकही ब्राह्मणब्राह्मणमेंभेद गऊगऊमेंभेद भैंसिभैंसिमेंभेदबर्णाश्रमइत्यादिकभेदभवकोमूलभ्रमरूप सोमिटिगयोभ्रमकही औरैपदार्थ में औरैपदार्थकैनिश्चय तैसोभेदनहीं है यद्यपिजीव अनेक हैं तदपिएकतत्त्व हैं अभेद हैं पुनिदूसर अर्थकरते हैं शुष्काद्वैत मतबादी यहभेदकहते हैं किदेखिये तौ बालबुद्धी प्राणीजे हैं ते आपनी आत्माको जीवमाने हैं अरु ब्रह्मको ईश्वर माने हैं अरु अपनाको सेवक मानेहैं ईश्वरको स्वामी माने हैं यहभेद भ्रम है सोई भवको मूल है सो नाश को प्राप्त भयो काहेते जीवब्रह्म विषे उपाधि करिकै भेद है उपाधिमिटे जीव ब्रह्म एकही है किंतु यह भेद तैं मैं इत्यादिक सो मिटि गयो ( २२ ) तहां सो अनुभव के प्रकाशते तब अतिप्रबल अविद्याके परिवार मोह आदिक मिटिगये

तहां अविद्याके चारिगुण हैं असत्य संसार ताको सत्यमानना अरु सुत दारा बित्तदेह गेह इत्यादिक दुःख रूप ताको सुखरूप मानना अशुचिको शुचि मानना अशुचिकही यह शरीर जो है हाड़ मांस रक्त इत्यादिकमय अरुतेहिकी कर्तव्य अशुचिमय तामें शुचि बुद्धि करना पुनि अनात्मा जो है देहतामें आत्मकबुद्धि करना पुनिअविद्याके परिवार काम क्रोध लोभ मोह मद मात्सर्य इत्यादिक अनेक सोई अन्धकार है सो मिटिगयो बिज्ञानदीपकके बरेते ( २३ ) तब हेतात सोई बुद्धि अपने उर अन्तर विषेबिज्ञान दीपक को प्रकाश पाइकै जड़ चेतन की झीनी बासना ग्रन्थि ताको निरुवारती है निरुवारबकही जोआत्मा चैतन्यरूप त्यहि बुद्धिकरिकैजड़ जो माया है त्यहिं में अपनपौ मान्यो है सोई जड़ चैतन्यते ग्रन्थि परिगई है सो छठईं भूमिका करिकै तौ स्थूल ग्रन्थि छूटि गई है परसूक्ष्म निरुवारैको रहिगयो है सूक्ष्मकौन है जब चित्तकी वृत्तिमें बाह्यांतर देहादिक संसार स्थूल सूक्ष्मके त्यागकी ग्रन्थि कछु सूक्ष्मतर है सो जामेंत्यागभयो है त्यहित्यागकी सुधि जाते चित्तकी वृत्ति में बनाइ बिस्मरण ह्वै जाइ सो बुद्धि निरुवारती है ( २४ ) हे गरुड़ जब वह झीनी ग्रन्थि बुद्धिकरिकै छूटिजाइ तब अखण्ड निर्बिकल्प समाधिभई अरु ताहीदशाविषे शरीर छूटिगयो तब यह जीव कृतार्थ होत है अरु जब ताईं शरीर बनो है तब तहां मन बुद्धि चित्त अहङ्कार आत्मा में लय ह्वै जाते हैं काहेते अहङ्कार मनबुद्धि चित्त येचतुष्ट अन्तष्करण बुद्धिकी किरणिहैं इनहीं चारिकरिकै जीव शुभाशुभ विषयकर भोक्ता है जबजीवके आपने स्वस्वरूप को ज्ञानभयो तब इन चारिउ करिकै शुभाशुभ विषयकर त्यागभयो तब येचारि शुद्धसात्विक रूप ह्वैकै आत्मामें लय ह्वैकै आत्मारूपही हैं आत्मा प्रकाशी हैं अरु ये चारिउ किरणिरूप प्रकाश हैं जैसे सूर्य आपनी किरणिकरिकै रस अनरस आकर्षण करते हैं जब सूर्य अस्ताचल को गये तब संपूर्ण किरणी सूर्य के संगही रहती हैं तहां हेतात यहि चौपाई लैकै सात्विक श्रद्धाधेनु अरु इहां ताईं जो कहा है अरु मध्य में जो चौपाई है सोहमस्मि इतिवृत्ति अखण्डा। यह परम बिज्ञानजीव ब्रह्म की एकता वृत्तिसो सप्तभूमिका जानब सात्विकी श्रद्धा प्रथम भूमिका १ पुनि परम धर्म दूसरी भूमिका २ पुनि समधृति तीसरी भूमिका ३ पुनि बिमल वैराग्य चतुर्थभूमिका ४ पुनि स्वस्वरूप ज्ञान पञ्चमभूमिका ५ पुनि विशेष ज्ञान कही बिज्ञान षट्भूमिका ६ पुनि ब्रह्मास्मीति परम बिज्ञान सप्तमभूमिका ७ पुनि कोई २ ग्रंथविषे ज्ञानकी सप्तभूमिका यही रीति कहते हैं कि प्रथम शुभ इच्छा १ सुबिचार २ तनमानसा ३ सत्त्वायति ४ असंसक्ति ५ पदार्थाभावनी ६ तुरीया ७ क्रमते जानब सात्विक गुणके कर्म में प्रीति करना ताको शुभइच्छा कही १ पुनि एकांत विषे सारासार कोबिचारकरना ताको सुबिचार कही २ पुनिजो सारासारको बिचार कियो है तहां असार संसारको असत्य जान्योहै तहांते मनकी वृत्ति खैंचिआईअरु सार जोआत्माताको सत्यजानो तहांमनकी वृत्तिलगीहै ताको तव मनसा कही ३ पुनि निज अनुभव में सत्पदार्थकी प्राप्ति अभंग आत्मादर्शित ताको सत्त्वायति कही ४ पुनि विषयते सर्बथा अनाशक्त ताको असंशक्तिकही ५ पुनि संपूर्ण जगतके पदार्थजे हैं दृश्यमान ताकोअभाव कही बिसरिजाना सोपदार्थ भावनी कही ६ पुनि भावाभाव रहित ब्रह्माकार अखंडवृत्तिताको तुरीया कही ७ हे तातयह कठिन अरु निरसमुक्ति भेद हमकहिआयेहैं ज्ञानकी सप्तभूमिका कैवल्यमुक्तिसो निरस करिकै मुनीश कहते हैं ( २५ ) इतिश्रीरामचरितमानससे सकलकलिकलुषबिध्वंसनेउत्तरकाण्डे ज्ञानदीपककठिननिरसबर्णनंनामद्वितीय त्रिंशतिस्तरंगः ३२॥ :: :: :: :: :: :: :: :: :: ::

दो०॥ बिघ्नबहुरिनिर्बिघ्नकहि तीसैतीनितरंग॥ कठिनसरलयहभेदलघु रामचरणसतसंग ३३ हे खगराय सर्बत्यागिकै जो झीनी सुधि झीनी ग्रन्थि छोरतकही बिसरावतसंते माया अनेक विघ्नकरतु है यहसमुझिकै कि मोको त्यागिकै मोसे भिन्नहोतहै तबमाया अनेक बिघ्नकरती

**चौ०॥ छोरतग्रन्थिजानिखगराया विघ्नअनेककटैतबमाया १ ऋद्धिसिद्धिप्रेरैबहुभाई बुद्धिहिलोभदिखावैजाई २ कलबल**

है ( १ ) हे भाई तब ऋद्धिन सिद्धिनकी प्रेरणा करती है बुद्धिको लोभदेखावती है तहां सिद्धिनके नाम क्रियागुणफल बालकाण्ड में कहिआये हैं यहिचौपाईमें॥ साधकनामजपैंलयलाये होहिंसिद्धिअणिमादिकपाये॥ पुनि नवनिद्धिजानब अरु आठ सिद्धी भगवत सम्बन्धी अरु दश सिद्धी गुणसम्बन्धी हैं अरु पांच सिद्धीक्षुद्र हैं सोसब

करिकै बुद्धि को लोभ दिखावतीहैं जब ऋद्धि सिद्धि बुद्धि के समीप प्राप्तिभई तब मृत्तिका मृत्तिकनके पात्र इत्यादिक समोल अमोल देखिपरतेहैं तब चित्तकै वृत्ति समाधिते छूटि जाती है काहेते कि जबताईं देहहै तबताई आत्माकर अरुशरीरकर सम्बन्ध नहीं भिन्न ह्वैइसकैहैअरु सिद्धिन करिकै स्वर्गलोकमें जोचरित्रहोते हैं सोसम्पूण्र देखिपरतेहैं अरु दीपदीप खण्डखण्ड में पर्बतनमेंनदिन में थलमें भूमितलमें जोजो चरित्र होते हैं सो सम्पूर्ण देखिपरते हैं अरु यह चाहैतौ जलमें जल होइ जाइ अग्निमें अग्नि होइकै प्रवेशजाइ अरु जो मनमें इच्छा करै सो सब प्राप्तहोई है सिद्धिन के नाममात्र कहते हैं गुण क्रिया युक्त बालकांडमें कहेहैं अणिमा १ मुनि महिमा २ लघिमा ३ प्राप्ति ४ प्रकाम्य ५ इशिता ६ बसिता ७ आवस्यति ८ इत्यष्ट पुनि अनूर्मिमत्व १ दूरेश्रवण २ दूरेदर्शनं ३ मनोजव ४ कामरूप ५ परकाय प्रवेश ६ स्वच्छन्दमृत्यु ७ देवक्रीड़ानुदर्शनं ८ यथासंकल्पसंसिद्धि ९ अज्ञाप्रतिहतागति १० पुनि त्रिकालज्ञत्त्व १ अद्वंदभाव २ परिचिताद्यभिज्ञता ३ अग्निर्काम्बुबिषादीनां प्रतिष्ठंभ ४ अपराजय ५ पुनि नौ निद्धि अर्थको गनती पद्म १ त्यहिकर दशगुण महापद्म २ पुनिसंख ३ मकर ४ कच्छप ५ मुकुन्द ६ कुन्द ७ नील ८ खर्ब ९ इतिनव ( २ ) हे तातजबऋद्धिनसिद्धिनकेगुण कलकही अतिसुन्दर हृदयमें प्रवेश भये अरु उसकी चाहना उठी तबमायाकोबलभयो पुनि छलकही झूठी बस्तुको सांचीसीदेखावती है ताको छलकही अरु जो अन्तष्करण सांची मानिकै अपने सुखकी इच्छा किया सोई अंचल है अरु त्यहिसुखमें जो आनन्द मान्योहै सोई पवन है त्यहि अंचलके पवनते बिज्ञानरूप दीपकको बुझावती भई काहते स्त्री जो है सो अंचलहि के पवनते दीपकको बुझावतीहै यहउनको धर्म है यद्यपि ज्ञानी ज्ञानमें पूरणहैं तदपि जबताईं शरीर धारण

**छलकरिजाइसमीपा अंचलबातबुझावैदीपा ३ होइबुद्धिजोपरमसयानी तिनतनचितवनअनहितजानी ४ जोत्यहिबिघ्नबुद्धिनहिं ब्याधी तौबहोरिसुरकरहिंउपाधी ५ इन्द्रीद्वारझरोखानाना तहँतहँसुरबैठेकरिथाना ६ आवतदेखहिंबिषयबयारी तेहठिदेहिं**

किहे हैं तबताईंशरीरके सम्बन्धको व्यवहार सूक्ष्मबनाहै तातेअवसरपाइकैज्ञानिनको मायाबिघ्नकरतीहै काहेते ज्ञानीपुरुषबर्गहैं मायास्त्रीबर्गहै ( ३ ) हे तात जो परमसयानी बुद्धिहोइतौ बुद्धिहोइतौ ऋद्धिनसिद्धिनकी ओर बाह्यांतर दृष्टिमें देखाइ नहीं काहेते निजअनहितजानिकै ( ४ ) जोतेहिऋद्धिन सिद्धिनते बुद्धिकोबाधानभयो तब इन्द्रिनकेदेवता उपाधिकरतेहैं ( ५ ) हे तातजैसे एककोटहै तामेंबहुत दरवाजेहैं तिनपरबड़ेबड़ेभटरक्षकहैं अरुकोटमें रंदाअनेक हैं तिनपररक्षक सिपाहीहैं तैसेशरीर कोटरूपहै तामें दशइन्द्री दशदरवाजेहैं श्रवण त्वक नेत्र जीभ नासिका पगहाथ मुख लिंग गुदा तिनपर दशदेवतनके थानबैठेहैं क्रमते जानब दिशादेवता पवनसूर्यबरुण अश्विनीकुमार पुनि या बिष्णुइन्द्र अग्नि दक्षप्रजापति अरुयमराज एते देवता इन्द्रिनपरथानाकिहेहैं अरु रोमरोमप्रति छिद्रसोई झरोखाहैं झरोखनप्रति देवताबिराजेहैंताहांपुनि कोटको दृष्टांतदेतेहैं कोटको राजा रक्षकनकी चाकरीनहींदियो है अरुतहांकोऊबैरीकोटपरचढ़िआयोहैरक्षकनकी चाकरी दूनीचुकाइदयोहै तबउनदरवाजन के कपाटखोलिदियो है बैरी थानकरिलियोहै तैसे शरीरको राजा जीवहै रक्षक देवता हैं तहांजब जीवके ज्ञानभयो तब इंद्रिनके देवतनके चाकरी बंदहोइगईहै तब झीनी कामना बैरीरूपआइकै रक्षकनको बोधकरिदियोहै ( ६ ) तहां माया की बसीठी दूत विषयरूप बासनाबयारि त्यहिको आवत देखिकै इंद्रिनके देवतनद्वैतरूप कपाट हठिकै उघारिदियो है ( ७ ) इहां पवनको प्रभंजननाम जो बैरीको परास्तकरै ताको प्रभंजनकहीसो विषयरूप बासना झीनी प्रभंजनजब ज्ञानिनके हृदयमें प्रवेशकियो तब बिज्ञानरूपदीपकबुझाइजातहै ( ८ ) जबविषयकी बयारि सूक्ष्महृदयमें प्रवेशकियो तबवह ब्रह्मास्मि वृत्तिदीपक रूपरही सो छूटिगई सोई बुझावकही अरुग्रन्थिनछूटी विषयकी बयारिते बुद्धिबिकलह्वैगई ( ९ ) काहेते इन्द्रिनके देवतनको ज्ञाननहीं सोहातहै काहेते उनके विषय भोगपरप्रीति सदारहतीहै ( १० ) विषयके समीर करिकै बुद्धि भोरी ह्वैगईहै त्यहिबिनु दीपक को कोबारै नामकोईनहीं बारिसकैहै ( ११ ) दोहार्थ॥ तबवह जीवबिबिधप्रकारते संसृतिकर क्लेश पावतहै संसृतिकही जन्ममरण ताते हेतातहरि-

कपाटउघारी ७ जबसोप्रभंजनउरगृहजाई तबहिंदीपबिज्ञानबुझाई ८ ग्रन्थिनछूटिमिटासोप्रकाशा बुद्धिबिकलभइविषयबताशा ९ इन्द्रीसुरननज्ञानसोहाई विषयभोगपरप्रीतिसदाई १० विषयसमीरबुद्धिकृतभोरी त्यहिबिनदीपकोबारबहोरी ११ दो०॥ तबफिरिजीवबिबिधबिधिपावैसंसृतिक्लेश हरिमायाअतिदुस्तरतरिनजाइबिहँगेश १२ कहतकठिनसमुझतकठिन साधनकठिनबिवेक

कै माया अतिदुस्तरहै ताते ज्ञानके मार्ग्गमेंसे संसार सागरनहीं तरिजातहै ( १२ ) हेतात ज्ञानकर मार्ग्गजोहै सोकहतकै कठिनअसमुझतसंते कठिन अरुउसकी साधनाकठिन उसकी बिवेकता कठिनहै जोकदाचित् ज्ञानके मार्ग्गमें घुनाक्षर न्यायहोइ तौ जीव कृतारथहोइ तहां घुनाक्षर न्याय विषे अनेक प्रत्यूह कही बिघ्न हैं घुनाक्षर न्यायकही जैसे घुनलकरी कोचालत है अरु कबहूं दैवयोगते कहूँरकार बनिगयो मकार बनिगयो अरु तेही समयमें कोई योगते वहकृमिको पातभयो तब वह कृमि कृतार्थ ह्वैगयो काहेते कि अन्तकालमें कैसहू रामनाम आवै जानिकै वा अजानि कै तौ कोई जीवहोइ सोकृतार्थ ह्वैजाइ तहां प्रमाणहै बाराह पुराणेश्लोकएक॥ दैवाच्छूकरशावकेननिहतोम्लेच्छोजराजर्जरो हारामेतिहतोस्मि भूमिपतितोजल्पंस्तनुंत्यक्तवान् तीर्णोगोपदवद्भवार्णवमहोनाम्नःप्रभावात्पुनः किंचित्रंयदिरामनामरसिकास्तेयान्तिरामास्पदं १ अरु जो कृमिते चालत सन्ते रकारबनि गयो अरु ताके आगे अपरचिह्न बनिगयो तौप्रत्यूह कही बिघ्नहोत भयो तैसे ज्ञानी जो हैं सो एते साधन षटभूमिका की करिआये अरुसतई भूमिकामें ब्रह्मास्मीतिवृत्ति अखण्डप्राप्तिभई अरुतेही दशामें शरीरपात ह्वैगयो तबयह जीवकैवल्य कही सायुज्यमुक्तिको अद्वैत मतको प्राप्ति भयो अरु ताहीदशा में लयबिक्षेप कषायरसाभासअनेक प्रत्यूह कही बिघ्नहोते हैं ( १३ ) हे खगेश ज्ञानकोपन्थ कृपाणकी धारा है कृपाणकही दुधारा त्यहिके चलाइबे को बड़ी खबरदारी चाहीकाहेते कृपाणको पट परतदेरी नहीं लागति है अरु जो पटपरी तो बैरी ने मारिलियो तैसे ज्ञानमें बड़ी खबरदारी चाही ( १४ ) अरु हेतात ज्ञानकरपंथ निर्बिघ्न निबहिगयो तौ कैवल्य परमपदको प्राप्ति भयो जो कोई कहै कि तुरीया अवस्था कैवल्य रूपही है अरु तुम तुरीया अवस्था को बातीकरिकै वर्णन कीनहै सोऐसीकौन पदार्थहै ज्यहिबिषे जड़की ग्रन्थि परिगईहै अरु तुरीयाके प्राकशते छूटैहै तहांसोहमकहतेहैं किजीवहि विषेचारिउ अवस्था प्राप्ति होती हैं जाग्रत अवस्था में जीव विश्वरूपही है स्वप्न में तेजस्वरूप है सुषोप्तिमें प्राज्ञरूपहै तुरीयामें शुद्धस्वस्वरूपहै पर जाग्रत अवस्थामें समय समयपर तीनिउँ अवस्था वर्तमान होती हैं सूक्ष्म

होइघुनाक्षरन्यायजोपुनिप्रत्यूहअनेक १३ चौ०॥ ज्ञानकिपंथकृपाणकिधारा परतखगेशहोइनहिंबारा १४ जोनिर्बिघ्नपंथनिर्बहई तौकैवल्यपरमपदलहई १५ अतिदुर्लभकैवल्यपरमपद संतपुराणनिगमआगमबद १६॥ * * *

रूप अरु स्वप्न में जाग्रत सूक्ष्म रूप बर्तमान हैं अरु सुषोप्ति में स्वप्न सूक्ष्म रूपहै अरु तुरीया में सुषोप्ति सूक्ष्म रूपहैं काहेते कि तुरीया केवल ब्रह्म स्वरूप है अरु शुद्ध जीव में तुरीया वर्तमान होती है तामें सुषोप्ति जो कारण रूप है सो सूक्ष्म रूप तुरीया में बर्तमान है कुछ सम्बन्ध मानिकै अरु जीवकोधर्म मानिकै ताते जबजीव बिज्ञानको प्राप्तभयो तबतुरीयाअवस्थाकी पूर्णदशा प्राप्तिभई तहां जब संपूर्ण देहादिक संसारकी गन्धिको त्यागभयो परत्यागका किंचित् सुधिवबनीहै सो तुरीयाविषे सूक्ष्मकारण जानब सो कारणबाधकनहीं है जैसे भूजान्नबोयेते उगैनहीं जैसे जरापटवस्त्र जरीजेवरी कागदकी तरवारि ऐसेही वहकारण जीवमेंहै जबताईं यहिशरीरमें आत्माहै तहां सोई त्यागिदियो है त्यहिकी जो सूक्ष्म बुद्धि है सोई आत्माविषे जड़कीग्रन्थि है सूक्ष्मरूप ताहूको आत्मासंगीहैजो शुद्धिहबुद्धिहै सो नहीं सहिसकै ताको निरुवारिकै छोंड़ावा चाहती है वह जो त्याग की सुधिताको बिसरावा चाहती है संसारकी त्यागकीसुधिबिसरिजाना सोईग्रन्थिको छूटबहै तहां तुरीयाअवस्थाको आगमन सोई बाती है बिज्ञान निरूपनघृत है अरु परमयोग अग्निकरिकै लेसिदेना अरुआत्मकअनुभव बिज्ञान सोईप्रकाशहै इहां ईश्वर तौ तुरीयास्वरूपहै अरु ईश्वरकीकृपाते जीवविषे तुरीयाअवस्था बर्तमानहोती है सोई

अवस्थाके प्रकाशमें तीनिअवस्थाकी सूक्ष्मशुद्धि ताको बुद्धिछोंड़ावतिहै जबछूटि जाइ तौ यहजीव तुरीयास्वरूप ह्वैजाइ तब कैवल्य परम्पदकी प्राप्तिहोइ तब तुरीयाजीव आत्माशुद्ध बुद्धिएकही है नाममात्र भिन्नहै ( १५ ) हेतात कैवल्यपरम्पद अतिदुर्लभहै जाको वेदपुराण संतवर्णन करतेहैं ( १६ ) इतिश्रीरामचरितमानसेसकलकलिकलुषविध्वंसने उत्तरकाण्डेज्ञानदीपक निरसमुक्तिभेदवर्णनंनामतृतियत्रिंशतिस्तरंगः३३॥ :: :: :: :: :: ::

दोहा॥ चौथीतीसतरंगमेंबरणिभक्तिमणिरूप सरलसरसयहभक्तिबर रामचरणसुअनूप ३४ हेतात रामचन्द्रकर भजनकरतसंते सोई कैवल्यमुक्ति अनइच्छित आवतिहै बरियाईकहे बिनाचाहे ( १ ) कैसे अनइच्छितआवतिहै जैसे थलबिना जलनहीं रहिसकैहै कोटिभांति करिकै कोईउपायकरै

**चौ०॥ रामभजतसोइमुक्तिगोसाईं अनइच्छितआवतबरिआईं १ जिमिथलबिनुजलरहिनसकाई कोटिभांतिकोउकरौउपाई २ तथामोक्षसुखमुनुखगराई रहिनसकैहरिभक्तिबिहाई ३ असबिचारिहरिभक्तसयाने मुक्तिनरादरभक्तिलोभाने ४ भक्तिकरत**

थलमें अनायास अलआवत है ( २ ) हे खगराय तथा तेहीप्रकारते मोक्ष सुखरूप अरु परमसुखरूप रामभक्ति त्यहिके आधीन मोक्षसुख है भक्तिको छोड़िके मोक्ष सुखरूप नहीं रहिसकैहै ( ३ ) ऐसे बिचारिकैहरिकेभक्त जे सयानेहैं ते मुक्तिकर निरादर करतेहैं अरु भक्तिमें लोभानेहैं काहेते हेतात मुक्ति पांचप्रकारकी है कैवल्य जाको सायुज्यकही पुनि सारूप्यमुक्ति पुनि सामीप्यमुक्ति पुनि साढ्यमुक्ति प्रभु आपनो सामान्य ऐश्वर्यादिहेहैं पुनि सालोक्यमुक्ति तहां कैवल्यमुक्तिकही आपने स्वस्वरूपकीप्राप्ति जीव अंतर्यामी ब्रह्मकी एकता तहां आपने शुद्धस्वरूपकी प्राप्तिभये बिना न ज्ञानै सिद्धिहोइ न भक्ति सिद्धिहोइ तहां बिज्ञान तुरीयाअवस्थाप्राप्तिहेतु जीवात्माकी शुद्धता सो ज्ञानदीपकमें कहिआये हैं अतिकठिन ते स्वस्वरूप कैवल्यकी प्राप्ति कहा है सो सिद्धिभयेते जीव शुष्क मुक्ति सायुज्यको प्राप्तिहोत है जैसे महदाकाश मठाकाश घटाकाश तहां मठ घट भंगभयेते आकाश एकही है पुनि जैसे बूंदबूंदजल समुद्रमें मिलेते एकही है पुनि जैसे दर्पणहै ताकी उपाधिते मुख दूसर देखिपरत है जब ऐनाउपाधि दूरिभई तबमुख एकहीहै ऐसेजीव ब्रह्मकी एकता ज्ञानीमानत हैं जीवकी बासना ध्वंसभयेते एकमानते हैं अरु उहै स्वस्वरूपकी शुद्धता कैवल्यरूप जीव ब्रह्मके एकता ज्ञानके मार्गते अतिकठिनते भईहै सोई आपनो शुद्धस्वस्वरूपसोश्रीरामचन्द्रकै साधनभक्ति करतसंतेस्वाभाविकै प्राप्तिहोत है तब उसको पराभक्ति प्राप्तिहोत है तबवह श्रीरामचन्द्रके सामीप्य सारूप्यको प्राप्तिहोत है तहां पूर्बाचार्यनकहाहै कि जबजीव भक्तिकरिकै परबिभूतिको प्राप्तिहोत है तब परमेश्वर जीवकी शुद्धतादेखिकै पूंछत हैं कोभवान तबजीव हर्षिकैबोल्यो ब्रह्मास्मि तवदासोस्मि यह आर्चराजमार्ग ग्रंथहै तामें यहप्रमाणहै तहां कोई यहकहते हैं कि मुक्तिनिरादर भक्तिलोभाने। मुक्तिकही श्रीरामचन्द्रकी मानसीसेवा में है अरु कहूंस्वरूपाकार वृत्तिभई त्यहिको कैवल्यमुक्ति कहते हैं त्यहिमुक्तिको निरादर कहतेहैं भक्ति भजन काहेते वैसेवाको प्रधान करते हैं काहेते स्वरूपाकार वृत्तिमें सेवाछूटिजात है ताते श्रीरामचन्द्रके स्वरूपाकार वृत्तिको कैवल्य कहतेहैं सोयहनहीं कहतबनै है काहेते श्रीरामचन्द्र

**बिनुयतनप्रयाशा संसृतिमूलअविद्यानाशा ५ भोजनकरियतृप्तहितलागी जिमिसुअन्नपचवैजठरागी ६ असहरिभक्तिसुगमसुख**

के स्वरूपाकार वृत्ति को कबहूं कैवल्यमुक्ति नहीं सुनिबे मेंआई याकोशास्त्रमें पराभक्तिकहतेहैं अरुकाहूको यहमत होइ सो होइजाइ हमारे सुनबेजानबेमें नहींआयोहै अरु गोसाईं श्रीतुलसीदासके सम्मतमेंयहआवतहै कि नवधाभक्ति करतसंते सहजमें शुद्धस्वस्वरूपकी प्राप्तिहोतीहै तब प्रेमापराभक्ति होती है ( ४ ) अरु हेतात श्रीरामचन्द्रकै भक्तिकरतसंते बिनायत्नप्रयास संसृतकही जन्मरणत्यहिको कारणअविद्यासो नाशह्वैजातीहै अरु ज्ञानकरिकै कठिनते अविद्या नाशहोती है ( ५ ) अरु भक्तिकरतकैअविद्या कैसे नाशहोती है जैसे शुष्टअन्न बनावबेमें भोजनकरनेको आपनैतेकरिकै होतहै अरु पचावनेहार जठराग्निहै तैसे आपनाते ज्यहिकरभजन करतेहैंसोई संसृतकरमूल अविद्याबिनाश्रमहीं

नाशकरतहै ( ६ ) हेतात ऐसी श्रीरामचन्द्रकै भक्ति सुगमहै कैसाभक्तिकोपंथ अखंडसुगमहैयहजो त्रैगुण्यसहित बिकारहै त्यहिको बाह्यांतर त्याग अरु सर्बभूतते निर्बैर अरु अनन्यउपाय शून्यशरणागत अरुपरस्वरूपमें सहजानंद वृत्तिनामकैधुनि श्वासप्रतिकिंतु आधिक्य त्यहिभक्तिके आधीन सर्बदिव्य गुणहैं तहां कर्मधर्मजपतप विद्याध्ययन ज्ञानवैराग्य योगइत्यादिक एकौनचाहीताकेआधीनसब हैं केवलसत्संगचाही अरु अति सुखदाईहै ऐसो कौन मूढ़है जाकोऐसीभक्ति न सोहाइ ( ७ ) दोहार्थ॥ हेउरगारि सेवकसेव्य भावबिना यहजीव संसार न तरै ऐसेसिद्धान्त बिचारिकै श्रीरामचन्द्रके पद पंकजभजहु तहां सेवक जीवसेव्यकही स्वामी श्रीरामचन्द्रहैं ( ८ ) हेगरुड़श्रीरघुनाथजी ऐसे सामर्थहहिं किएकपलभरेमें जड़को चैतन्यकरहिं, अरु चैतन्यको जड़करहिं ऐसे श्रीरामचन्द्रको जो भजनकरैं तेजीवधन्य हैं ( ९ ) हेतात ज्ञानकर सिद्धान्त मैंतुमसे बुझाइकही समुझाइकैकह्यउं किंतु ज्ञानकर सिद्धान्तकह्यउं अरु ज्यहि प्रकारते ज्ञान बूझागयो है सो कह्यउँऔ भक्ति जो मणिरूप है त्यहिकी प्रभुता सुनहुँ ( १० ) हेगरुड़ श्रीरामचन्द्रकैभक्ति चिंतामणिरूपअतिसुन्दरि ज्यहिकेउरबिषेबसैसोसुनहुँ ( ११ ) ज्यहिके हृदयमें भक्ति चिन्मामणि बसै त्यहिके हृदयमें राति दिन परम प्रकाश बनारहत है तहां न घृतचाही न दिया चाही अरु न बाती चाहीतहां बिज्ञानरूप घिउ समतारूप दीवटि अरु चित्तरूप दिया तुरीया

दाई कोअसमूढ़नजाहिसोहाई ७ दो०॥ सेवकसेब्यभावबिनुभवनतरियउरगारि भजहुरामपदपंकजहि अससिद्धांतबिचारि ८ जोचेतनकहँजड़करै जड़हिकरैचैतन्य अससमर्थरघुनायकहिभजहिंजीवतेधन्य ९ चौ० ॥ कह्यउज्ञानसिद्धांतबुझाई सुनहुंभक्तिमणिकीप्रभुताई १० रामभक्तिचिन्तामणिसुन्दर बसहिँगरुड़जाकेउरअन्तर ११ परमप्रकाशरूपदिनराती नहिं कछुचहियदियाघृतबाती १२ मोहदरिद्रनिकटनहिंआवा लोभबातनहिँताहिबुझावा १३ प्रबलअविद्यातममिटिजाई हारहिसकल सलभसमुदाई १४ खलकामादिनिकटनहिँजाहीं बसैभक्तिजाकेउरमाहीं १५ गरलसुधासमअरिहितहोई त्यहिमणिबिनुसुख

अवस्थारूपबाती तहांभक्ति मणिरूपमें एकौनहींचाही काहेतेज्ञानको दीपकबाह्यान्तरके उपायते सिद्धि भयोहै प्रथम श्रद्धा गऊ शुभकर्म युक्त कहे हैं अरु मणिरूप भक्ति निरुपाइ सिद्धिहै केवल उपाय शून्य शरणागत तातेभक्तिमें परमेश्वरकी कृपाते स्वयंप्रकाश निरूपाधि है ( १२ ) तहां ज्ञान जो पुरुषरूप अरु माया स्त्रीरूप दूनहुँते मोहरूप दरिद्रते सम्बन्ध रह्योहैअरु ज्ञान विषे झीनी लोभ बासनारूप पवनअरुझिगयो है अरु भक्ति चिन्तामणि विषे मोहको कारणै नहीं है अरु लोभरूप पवन बुझाइ नहींसकै है काहेते जो कछु आवै सो भक्तिविषे रामार्पण है ताते निर्विघ्न है ( १३ ) अरु भक्ति मणिके प्रकाशते तमरूप प्रबल अविद्या सो मिटिजाती है अरु काम क्रोध लोभ मोह मद मात्सर्य इत्यादिक समूह सुलभ करिकै नहीं बाधा कैसकैं हारिजाते हैं ( १४ ) हे गरुड़ ज्यहिके उर विषेचिन्तामणि भक्तिबसै त्यहिके निकट कामादिक केवल नहीं जाते ( १५ ) हे तात कोई सुयोगते काहूको विषको अमृत ह्वै जाइ अरु अरि मित्रहितकारी ह्वैजाइ पर त्यहि भक्ति मणि बिना कोई सुखको नहीं प्राप्ति होते हैं ( १६ ) अरु ज्यहिके उरविषे भक्तिचिन्तामणिबसै त्यहिको मानसरोग नहीं व्यापतहै ज्यहिकेबश संपूर्णजीव दुखीहैं ( १७ ) हेतात श्रीरामचन्द्रकैभक्ति ज्यहिके उरमेंबसी है त्यहिको सपन्यहुंबिषे दुखको लवलेशनहींहै ( १८ ) हे तात यहिजगतमें चतुरन विषे शिरोमणितेईहैं जेभक्ति मणिकेहेतु यत्नकरते हैं ( १९ ) तहां सो मणियद्यपि यहिजगतमें प्रकटहैतदपिबिना श्रीरामचन्द्रकी कृपा नहीं मिलै ( २० ) तहां त्यहिभक्ति पाइबेको सहजउपाय है पर जे नर भाग्यहतहैं उहै अभाग्य भटभेरि करिदेतहैं भटभेरे कही जब कौन्योंसुयोगते सत्संग भजनकै साइति प्राप्तिभई तब अभाग्यते कोई बिघ्न प्राप्तिभयो ताको भटभेर कही ( २१ ) हे खगेश वेदपुराण बावन पर्बतहैं अरु वेदपुराणमें जहां श्रीरामचन्द्रकी

पावनकोई १६ व्यापहिँमानसरोगनभारी जिनकेबशसबजीवदुखारी १७ रामभक्तिमणिबसउरजाके दुखलवलेशनस्वपन्यहुँताके १८ चतुरशिरोमणितेजगमाहीं जेमणिलागिसुयतनकराहीं १९ सोमणियदपिप्रकटजगअहई रामकृपाबिनुनहिंकोउपहई २० सुगमउपाइपाइबेकेरे नरहतभाग्यदेहिंभटभेरे २१ पावनपर्बतवेदपुराना रामकथारुचिराकरनाना २२ मर्मीसज्जनकुमतिकुदारी ज्ञानबिरागनयनउरगारी २३ भावसहितखोदैजोप्रानी पावभक्तिमणिसबसुखखानी २४ मोरेमनप्रभुअसविश्वासा रामतेअधिक

